Bemire-बि-मायर्'- *v. t.* to stain with mud. कीचड़ पोतना, कीचड़ से गन्दा करना।

Bemoan-बि - मोन्' - *v. t.* & *i.* to lament, bewail, to express sorrow. विलाप करना, दुःख प्रकट करना।

Bemuse-बि-म्यूज़्'-*v.t.* to stupefy, to confuse. बुद्धिहीन करना, व्यग्र करना।

Bench-बेन्च्-*n.* a seat of wood or stone, a judge's seat, persons who sit in court, a law-court, a carpenter's working table. बेंच (चौकी), न्यायालय का स्थान, न्यायाधीश लोग, धर्मासन, बढ़ई का ठीहा; **Bencher** (-अर्) -*n.* a senior member. बड़ा या ज्येष्ठ सभासद्।

Bend-बेन्ड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Bent.**) to give a curved shape, to incline, to turn in a new direction, to stoop, to submit. ऐंठना (मोड़ना), झुकाना, घूमना, झुकना, नम्र होना;-*n.* curvature. झुकाव, मोड़; **To bend the brow** (to knit eyebrow.) भृकुटी बदलना; **To bend one's mind** (to be engrossed in a subject.) लीन होना; **Bendable** (-ऐ-बल्)-*adj.* झुकाने या मोड़ने योग्य; **Bender** (-अर्)-*n.* an instrument for bending. मोड़ने का औजार।

Beneaped-बि-नीप्ड्'-*adj.* left on the ground by the ebb of a tide. भाटा से भूमि पर छोड़ा हुआ।

Beneath-बि-नीथ्'-*adv.* & *prep.* under, below. नीचे, नीचे की ओर; **Beneath contempt** (extremely contemptible.) अति घृणित या घृणा के योग्य।

Benedick-बे-नि-डिक्-*n.* a man newly married. नवविवाहित, जिस पुरुष का विवाह तुरत हुआ हो।

Benediction-बे-नि - डिक् - शन् -*n.* act of blessing, thanks, invocation of happiness. आशीर्वाद (नाटक में 'स्वस्तयन'), धन्यवाद, कल्याण; **Benedictive** (-टिव्) - *adj.* expressing benediction. आशीर्वाद प्रकट करनेवाला; **Benedictory** (-टॅ-रि) -*adj.* expressing benediction. मांगलिक, आशीर्वाद सूचक।

Benefaction-बेनि-इ-फ़ैक्'-शन् -*n.* gift for a good cause, charitable donation. धर्मदान, उपकार, दान-दक्षिणा।

Benefactor-बेनि-इ-फ़ैक्'-टर्-*n.* (*fem.* **Benefactress.** - ट्रेस्) a giver, a patron, a donor. दाता, उपकारी, हितकारी।

Benefice-बे निफ़िस्-*n.* a church living. पादरी की वृत्ति; **Beneficed** (-इ)-*adj.* पादरी की वृत्तिवाला।

Beneficence-बे-निफ़ि-सेन्स्-*n.* the practice of doing good, kindness. परोपकार, हित, दया, कृपा।

Beneficent-बे-निफ़ि - सेन्ट् - *adj.* bountiful. परोपकारी, दानशील; **Beneficently** (-लि)*adv.* in a beneficent manner. परोपकारिता से।

Beneficial-बेनि'-इ-फ़िश्' - अल् - *adj.* advant-

ageous, useful, helpful, profitable. उपकारक, लाभजनक, कल्याणकारक, सहायक।

Beneficiary-बेन्-इ-फिश्'-अ-रि-*n.* one who receives anything as a free gift. माफ़ीदार असामी आदि, धर्मस्व प्राप्तकर्ता, वह व्यक्ति जो कोई वस्तु दान या पुरस्कार के रूप में पाता है।

Benefit-बॅन्'-इ-फिट्-*n.* advantage, favour. लाभ, सुविधा, उपकार;-*v.t.&i.* to do good to, to profit, to gain advantage. अनुग्रह करना, उपकार करना, लाभ उठाना; **Benefit night** (a performance the proceeds of which are given to a society &c.) किसी सभा इत्यादि को दान देने के लिये नाटक इत्यादि का अभिनय; **Benefit of doubt** (assuming innocence rather than guilt.) अपराध न करने का सन्देह; **For public benefit** (for the good or advantage of the people at large.) सर्व-सामान्य के हित के लिये।

Benevolence-बि-नें-व्'-लेंन्स्-*n.* desire to do good, goodwill. परोपकारिता, दया, कृपा, गुजनता।

Benevolent-बि-नें-व्'-लेन्ट् -*adj.* charitable, kind. हितैषी, परोपकारी, उदार, शुभचिन्तक; **Benevolently** (-लि)-*adv.* kindly. दयापूर्वक।

Benight-बि'-नाइट्'-*v.t.* to cover with darkness. अँधेरा करना।

Benighted-बि-नाइट्'-टेड्-*adj.* overtaken by darkness. अन्धकार से आच्छादित।

Benign-बि-नाइन्' -*adj.* gentle, fortunate, kind. कृपालु, सुखप्रद, दयालु; **Benignly** -लि) -*adv.* kindly. दयालुता से।

Benignant-बि-निग्'-नेन्ट्-*adj.* kind, favourable, gracious. दयालु, कृपालु।

Benignity-बि-निग्'-नि-टि-*n.* kindliness, graciousness. कृपालुता, दया।

Benison-बॅन्'-इ-ज़न्-*n.* a blessing, benediction. वरदान, आशीर्वाद।

Benjamin-बॅन्'-जॉ-मिन्-*n.* the youngest child or son, an old fashioned chester, a kind of fig tree and its gum. सबसे छोटा बालक या कनिष्ठ पुत्र, पुराने ढंग का ओवरकोट, एक प्रकार का अंजीर का वृक्ष तथा इसका गोंद।

Bent-बॅन्ट्-*n.* inclination, tendency, reedy grass. झुकाव, रुचि, बड़े रेशे की घास;-*adj.* inclined. झुका हुआ।

Bent-बॅन्ट्-*p. t.* & *p. p.* of **Bend.**

Benumb-बि-नम्'-*v. t.* to make powerless or insensible, to stupefy. सुन्न करना, शक्तिहीन करना, ठिठुराना।

Benzene-बॅन्-ज़ीन्-*n.* a mixture of mineral oils &c. used for removing stains. दाग छुड़ाने का तेल।

Benzoin-बॅन्'-ज़ोइन्-*n.* a kind of fragrant aromatic resin. लोहबान।

Bepowder-बि-पाउ'-डर्-*v. t.* to sprinkle power. बुकनी छिड़कना।

Bepraise-बि-प्रेज़्'-*v. t.* to extol, to praise very much. अति प्रशंसा करना।

Bequeath-बि-क्वीद्'-*v. t.* to leave by will. इच्छापत्र या वसीयत द्वारा सम्पत्ति छोड़ जाना।

Bequest-बि-क्वेस्ट्-*n.* property left by will, a legacy. इच्छापत्र द्वारा छोड़ी हुई सम्पत्ति, मरते समय इच्छापत्र द्वारा रिक्थदान, वसीयतनामा।

Bere-बिअर्-*n.* barley. जौ।

Bereave-बि-रीव्'-*v. t.* (*p. t.&p.p.* **Bereft.**) to deprive, to rob, to dispossess. अलग करना, विनाश करना, वियोग करना, छीन लेना; **Bereavement** (-मेन्ट्) -*n.* deprivation of a relative (by death.) प्रियजन का (मृत्यु से) वियोग, विछोह. **Bereft** (-रॅफ्ट्) -*adj.* bereaved. वियोग में पड़ा हुआ।

Bergamot-बर्'-गॉ मॉट्-*n.* a tree of orange or lemon kind. नारंगी या नीबू की जाति का एक वृक्ष।

Berhyme-बि-राइम्'-*v. t.* to celebrate n verse. (उत्सव के लिये) कविता बनाना।

Beri-beri-बेॅर्'-रि-बेॅर्-रि-*n.* a disease like dropsy. जलन्धर के प्रकार का एक रोग।

Berry-बॅर्'-रि-*n. pl.* (**Berries**) any small juicy round fruit. कोई छोटा रसदार गोल फल, एक प्रकार का बेर।

Berth-बर्थ्-*n.* a sleeping place in a ship, a proper place. जहाज में सोने की कोठरी, उचित स्थान;-*v. t.* to moor a ship, to provide sleeping place.जहाज को सुरक्षित स्थान में रखना, सोने के लिए स्थान का प्रबन्ध करना; **Berthage** (-एज्)-*n.* money paid for the accommodation of a ship in a dock. बन्दरगाह में जहाज रखने का कर।

Beryl-बॅर्'-रिल्-*n.* a pale-green precious stone. हरितमणि, बिल्लौर।

Beseech-बि-सीच्'-*v.t.*(*p.t.&p.p.* **Besought**). to ask earnestly, to entreat. प्रार्थना करना, विनती करना; **Beseecher** (-अर्)-*n.* a suppliant. प्रार्थी; **Beseeching** (-इङ्ग्)-*adj.* suppliant. प्रार्थना करनेवाला; **Beseechingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with entreaty. विनीत भाव से; **Beseechment** (-मेन्ट्)-*n.* entreaty. प्रार्थना।

Beseem-बि-सीम्'-*v.t.* to suit or to be befitting to. योग्य होना, शोभा देना;**Beseemingly**

(-इस्ली-लि)-*adv.* in a beseeming manner. दिखावट से; **Beseemly** (-लि)-*adj.* becoming fit, suitable. योग्य, उचित।

Beset-बि-सेट्'-*v. t.* to surround, to encompass, to perplex, to hem in, to set upon. घेर लेना, व्याकुल करना, मगजी लगाना, आक्रमण करना; **Besetment** (-मेन्ट्)-*n.* a besetting sin, a failing. पाप से घिर जाने की अवस्था, दोष।

Beshame-बि-शेम्'-*v. t.* to make ashamed. लज्जित करना।

Beshrew-बि-श्रू'--*v. t.* to think evil of, to curse. बुरा सोचना, शाप देना, कोसना।

Beside-बि-साइड्'-*prep.* at the side of, near, over and above, distinct from, out of. निकट, पास, समीप, अधिक, भिन्न, बाहर; **Beside one's self** (out of one's wit.) आपे से बाहर।

Besides-बि-साइड्स्'-*adv.& prep.* in addition to, else, otherwise. और भी (अधिक), सिवाय, अतिरिक्त।

Besiege-बि-सीज्'-*v. t.* to assail, to lay siege to. आक्रमण करना, घेर लेना; **Besieger** (-अर्)-*n.* one who lays a siege. घेरा डालनेवाला।

Beslaver-बि-स्लेवर्-*v.t.* to flatter very much. बड़ी चापलूसी करना, चाटुकारी करना।

Beslobber-बि-स्लॉब्'-अर्-*v.t.* to besmear with spittle, to kiss badly. लार पोतना, ऐसा चुम्बन करना कि थूक लिपट जाय।

Btesmear-बि-स्मिअर्'-*v. t.* to smear over, to bebaub. लेप करना, पोतना।

Besmirch-बि-स्मर्च्'-*v. t.* to soil, to pollute, to make dim. मलिन करना, गन्दा करना, अन्धकार करना।

Besom--(-zom)-बी-ज़म्'-*n.* a kind of broom. एक प्रकार की बढ़नी, झाड़ू।

Besought-*p.t.* & *p. p.* of **Beseech.**

Bespatter-बि-स्पैट्'-टर्-*v. t.* to spatter all over, to abuse, to defame. छितराना, गाली देना, अपमानित करना।

Bespeak-बि-स्पीक्'-*v. t.* (*p. t.* **Bespoke,** *p.p.* **Bespoken**) to engage beforehand. पहिले से स्थिर कर लेना।

Bespeed-बि-स्पीड्'-*v. t.* to hurry up. शीघ्रता करना, जल्दी करना।

Bespice-बि-स्पाइस्'-*v. t.* to season with spice. मसालेदार बनाना।

Besprinkle-बि-स्प्रिङ्क्'-कल्-*v. t.* to strew or scatter over. छिड़कना।

Best-बेस्ट्-*adj.* & *adv.* (*super.* of **Good** or **Well**) of the most excellent kind, in the most excellent way. सर्वोत्तम, सबसे अच्छी तरह या प्रकार;-*n.* hightest endeavour. अधिकतम प्रयत्न; **At best** (to the utmost degree of extent) पराकाष्ठा में, अत्युत्तम रूप से; **To be at one's best** (in the best state) सर्वोत्तम अवस्था में; **Did it for the best** (with best intentions.) अच्छे अभिप्राय से; **To do one's best** (to do all which one can do.) जितना हो सके उतना करना; **To do for the best** (to do with good intention.) अच्छे अभिप्राय से करना; **To make the best of things** (to be contented.) सन्तुष्ट होना; **To make the best of one's way** (to go as fast as possible.) जहाँ तक सम्भव हो तेज़ जाना; **To the best of one's power** (as far as one can do.) यथाशक्ति प्रयत्न; **The best is the enemy of the good** (to ohigh standard obstructs progress.) बहुत ऊँचा आदर्श उन्नति में विघ्न डालता है।

Bestain-बि-स्टेन्'-*v. t.* to mark with spots or stains. धब्बा लगाना।

Bestead-बि-स्टेड्'-*v.t.&i.* to avail, to help, to assist. काम में लाना, उपयोग में लाना, सहायता देना।

Bestial-बेस्ट्'-इ-अल्*adj.* brutish, rude, barbarous. जंगली, गँवार, रूखा, अशिष्ट; **Bestiality** (-आल्'-इ-टि)-*n.* rudeness. अशिष्टता, असभ्यता, गँवारपन।

Bestill-बि-स्टिल्'-*v.t.* to make still or quiet. शान्त करना।

Bestir-बि-स्टर्'-*v. t.* (*p. t.* **Bestirred.**) to exert, to rouse into vigorous action. उद्यम करना, चेष्टा करना, व्यवहार करना, उसकाना।

Bestow-बि-स्टो'-*v. t.* to deposit, to confer upon. प्रतिपादन करना, देना; **Bestowal** (-अल्-*n.* disposal. प्रतिपादन, दान; **Bestower** (-अर्)-*n.* one who bestows. दाता, दान देनेवाला।

Bestrew-बि-स्ट्रू'-*v.t.* to scatter about. छितराना, फैलाना, छींटना।

Bestride-बि-स्ट्राइड्' - *v. i.* to sit with legs astride, to get or sit upon. पैर फैलाकर बैठना, (घोड़े पर) सवार होना।

Bestud-बि-स्टड्'-*v. t.* to adorn with studs. नग जड़ना, नगीना बैठाना।

Bet-बेट्-*n.* stake, wager. पण, दाँव, बाजी;-*v.t.* (*p. t.* & *p. p.* **Bet.**) to stake, to wage on. दाँव लगाना, बाजी लगाना।

Beta-बी-टा-*n.* the second letter of the **Greek** alphabet. (B, β) ग्रीक वर्णमाला का दूसरा अक्षर।

Betake-बि-टेक्-*v. t.* (*p. t.* **Betook,** *p. p.* **Be-**

taken) to commit oneself to, to convey oneself to. आश्रय लेना (अंगीकार करना), लगाना (लीन होना) ।

Beteem-बि-टीम्′-*v. t.* to bring forth, to shed. उत्पन्न करना, बहाना ।

Betel-बी-ट्ल्′-*n.* a climbing plant the leaves of which are chewed in India. ताम्बूल, पान, **Betel-nut** (the nut of areca palm.) पुँगीफल, सुपारी ।

Bethink-बि-थिङ्क्′-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Bethought**) to recollect, to remind oneself, to consider. याद करना, विचारना, सोचना ।

Bethrall-बि-थ्रॉल्′-*v.t.* to enslave. दास बनाना ।

Bethrow-बि-थ्रो′-*v. t.* to twist. ऐंठना ।

Bethump-बि-थम्प्′-*v. t.* to thrash. मारना, पीटना ।

Betide-बि-टाइड्′-*v. t.* to happen, to befall. आ पड़ना, होना ।

Betimes-बि-टाइम्स्-*adv.* early, in good time. प्रातःकाल, यथासमय ।

Betise-बि-टीज़्′-*n.* a foolish remark or action. कुसमय का चर्चा, मूर्खता की बात या काम ।

Betoken-बि-टोकन्-*v. t.* to suggest, to indicate ,to foreshadow. दरसाना, प्रस्ताव करना, सूचना देना ।

Betook-बि-टुक्′-*p. t.* of **Betake.**

Betray-बि-ट्रे′-*v. t.* (*p. t.* **Betrayed**) to give up treacherously, to be disloyal, to lead astray. धोखे से शत्रु को पकड़ा देना, विश्वासघात करना, भण्डाफोड़ करना, भेद देना; **Betrayal** (-अल्) -*n.* breach of trust. विश्वासघात; **Betrayer** (-अर्) -*n.* a traitor. विश्वासघाती ।

Betroth-बि-ट्रोद्′-*v. t.* to make a pledge for marrying. विवाह के लिये वचन देना, सगाई करना;**Betrothal** (-अल्)-*n.* an engagement to marry. सगाई; **Betrothment** (-मेन्ट्)-*n.* mutual contract for marriage. वाग्दान, सगाई; **Betrothed** (-ड्)-*adj. & n.* engaged for marriage. विवाह के लिये स्थिर, मँगेतर ।

Better-बेट्′-टर्-*adj.* (*comp.* of **Good** or **Well**) more excellent, more desirable. उच्चतर, बेहतर;-*adv.* to a higher degree, with more profit. अधिक लाभ से;-*v. t.* to amend, to improve, to surpass.सुधारना,उन्नति करना,बढ़ाना; **Betters**-*n. pl.* superiors. बड़े लोग, वृद्ध लोग; **Better half** (one's wife.) पत्नी; **Betterment** (-मेन्ट्)-*n.* improvement. उन्नति, सुधार; **Better part** (greater part.) अधिकांश; **Better than** (surpassing.) बढ़कर; **Hadbetter**(would find wiser.) अच्छा होगा कि; **No better than** (practically.) प्रायः, वस्तुतः; **To be better off** (to be very rich.) अधिक धनी होना ; **To bette oneself** (to improve.) उन्नति करना; **To get the better of** (to gain advantage or victory over.) विजय प्राप्त करना ।

Better(-or)-बेट्′-टर् (-टॉर्)-*n.* one who bets. दाँव लगानेवाला (जुआरी) ।


Betting-बेट्′-टिङ्ग्-*n.* proposing a wager. पण लगाना, पण क्रिया, दाँव लगाना, बाजी लगाना ।

Between-बि-ट्वीन्′ -*prep. & adv.* in, along, across, reciprocally, on the part of. मध्य में, बीच में, अन्तर में, परस्पर ; **Between devil and deep sea** (with no hope of life.) बचने की कोई आशा न रखते हुए; **Far between** (at a great distance.) बड़ी दूर का अन्तर ; **To stand between** (to be mediatory, to stand as arbitrator.) मध्यस्थ होना, पञ्च बनना ।

Betwixt-बि-ट्विक्स्ट्′-*prep. & adv.* between. अन्तर में, बीच में ।

Bevel-बेव्′- अल् - *n.* a tool for setting off angles. कोना बनाने का औज़ार;-*v. t.* to make a slope. तिरछा बनाना ।

Bevel-gear- बेव्′ - अल् - गिअर्-*n.* cogged wheels revolving in different directions. भिन्न दिशा में घूमनेवाला पहिया ।


Bevel-gear.

Beverage-बेव्′- रिज् - *n.* a drink, an agreeable liquor. मदिरा, शराब ।

Bevy-बेव्′-इ-*n.* (*pl.* **Bevies**) a company of ladies, a flock of larks, roes and quails. स्त्रियों का समुदाय, लवा, हरिन और बटेर का झुण्ड ।

Bewail-बि-वेल्′ - *v. t. & i.* to mourn, to express grief. विलाप करना; शोक करना; **Bewailable** (-एँ-बल्)-*adj.* lamentable. विलाप करने योग्य ; **Bewailing** (-इङ्ग्) -*n.* lamentation. विलाप, शोक ।

Beware-बि-वेअर्′-*v. i.* to take heed, to be cautious. सावधान होना, सचेत होना ।

Bewet-बि - वेट्′-*v. t.* to wet, to moisten. भिगोना, तर करना ।

Bewilder-बिविल्डर्-*v. t.* to perplex, to confuse. व्याकुल करना, घबड़ा देना (भ्रम में डालना); **Bewildered** (-ड्) -*adj.* perplexed. व्यग्र, घबड़ाया हुआ;**Bewilderness** (-नेस्) -*n.* perplexity. व्याकुलता; **Bewilderingly** (-इङ्ग्′-लि)-*adv.* confusedly. भ्रम से, व्याकुलता से ।

Bewitch-बि-विच्′-*v. t.* to put a spell on, to enchant, to delight exceedingly. जादू डालना,

लुभाना, अति प्रसन्न करना ; **Bewitching** (-इङ्ग्)-*adj.* fascinating, alluring. मोहिनी, लुभानेवाली; **Bewitchingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in an alluring manner. मोहित करके; **Bewitchment**(-मेन्ट्) -*n.* fascination, allurement. मोहन, वशीकरण।

Bewray-बि-रे - *v. t.* to reveal, to disclose. स्पष्ट करना, खोल देना।

Beyond-बि-यॉन्ड्'-*prep.* at the farthest side, outside, besides, above. दूर (पार), बाहर, अतिरिक्त, ऊपर (बढ़कर); -*adv.* at a distance, yonder. दूर पर, पार ; **Beyond his means** (exceeding his income.) आय से अधिक व्यय करनेवाला; **Beyond measure** (exceeding limit.) अतिमात्र, सीमा से बाहर ; **To go beyond** (to exceed in anything.) सीमा से बाहर जाना, बढ़कर होना।

Bezel-बेज़्'-ज़ल्-*n.* the sloped edge of a chisel, upper part of the collet of a ring. रुखानी की तिरछी धार, अँगूठी के नग जड़ने का ऊपरी भाग।

Bezique-बि-ज़ीक्'-*n.* a game at cards. ताश का एक प्रकार का खेल।

Bi-बाइ-*pref.* in the sense of, "twice, doubly, twofold". "दोहरा, दुबारा, दुगुना" अर्थ का उपसर्ग।

Biangular-बाइ-ऐंङ्ग्'- ग्यु- लर् -*adj.* having two angles. दो कोण का।

Bias-बायस् -*n.* weight kept on one side of the bowl, prejudice, inclination. भार, पसँगा, पक्षपात, प्रवृत्ति, झुकाव ;-*v.t.* to incline. प्रोत्साहन देना, प्रवृत्त करना; **Biased** (-ड्) -*adj.* partial, unfair. पक्षपाती।

Biaxial-बाइ'-ऐक्स् - इ - अल् - *adj.* with two axes. दो धुरा (या अक्ष) वाला।

Bib-बिब्-*v. i.* to drink frequently. बार बार मदिरा पीना; - *n.* a child's chincloth. बच्चे के गले में बाँधने की कपड़े की गद्दी।

Bibber-बिब्'-बर्-*n.* one given to drinking. पियक्कड़।

Bible-बाइ'-बल्-*n.* the sacred book of the Christian Church. ईसाइयों की धर्म-पुस्तक, इन्जील;**Biblical** (बिब्'-लिक्-अल्)-*adj.* of the Bible. इन्जील-सम्बन्धी।

Bibliographer-बिब्-लिऑ-ग्रॅफर्-*n.* a compiler of a history of literary books. साहित्यिक ग्रन्थों का इतिहास-लेखक।

Bibliography-बिब्-लि-ऑ-ग्रॅफि - *n.* a history or list of books.पुस्तक विद्या, ग्रन्थ-सूची।

Bibliolatry-बिब्-लि-ऑल्'-अॅ-ट्रि-*n.* worship of books. ग्रन्थ-पूजन; **Bibliomania** (-ओ-मे'-नि-आ)-*n.* earnest desire to collect books. पुस्तक संग्रह करने की तीव्र इच्छा; **Bibliophile** (-ओ-फ़ाइल्)-*n.* a book-lover. पुस्तक का प्रेमी; **Bibliopole** (-ओ-पोल्)-*n.* a seller of rare books. अलभ्य पुस्तकों को बेचनेवाला।

Biblist-बिब्'-लिस्ट्-*n.* one who is conversant with the Bible. इन्जील में निपुण।

Bibulous-बिब्'-यू-लस्-*adj.* absorbent, spongy. जल सोखनेवाला।

Bicameral-बाइ-कैम्' - अर् - अल्-*adj.* having two chambers (of a legislative body.) द्विगृही, दोघरा।

Bicentenary-बाइ-सेन्'-टि-न्-अ-रि-*adj.* occurring after two hundred years. दो सौ वर्ष पर होनेवाला; **Bicentennial** (- टेन्' - इ - अल्) -*adj.* occurring every two hundred years. प्रति दो सौ वर्ष पर होनेवाला (उत्सव इत्यादि)।

Bicephalous-बाइ-सेफ़्' -अ - लस् - *adj.* two-headed. दो सिरवाला।

Biceps-बाइ'-सेप्स्- *n.* a muscle having two heads. द्विशिरस्का पेशी, दो माथे का पुट्ठा।

Bicker-बिक्'-अर् - *v. i.* to quarrel, to run quickly. कलह करना (विवाद करना), वेग से बहना; **Bickering** (-इङ्ग्) -*n.* a quarrel, a fight. कलह, युद्ध।

Bicuspid-बाइ-कस्'-पिड्-*n.* a tooth with two cusps. दो नोकवाला दाँत।

Bicycle-बाइ'-सि-कल्-*n.* a two-wheeled vehicle propelled by feet. पैरों से चलाई जानेवाली दो पहियों की गाड़ी, पैर गाड़ी; **Bicyclist** (or **Cyclist**) -*n.* one skilled in bicycle-riding. बाइसिकिल चलानेवाला।

Bid-बिड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Bade** - बेड्, *p. p.* **Bidden, Bid**) to command, to offer, to proclaim, to invite. आज्ञा देना, नीलाम में बोली बोलना, घोषणा करना, निमन्त्रित करना ; **To bid goodbye** (to salute.) नमस्कार करना; **To bid welcome.** स्वागत करना।

Biddable-बिड्'-ऐ-बल् -*adj.* ready to obey. आज्ञा माननेवाला।

Bidder-बिड्'-अर्-*n.* one who bids. दाँव या बाजी लगानेवाला।

Bidding-बिड्-डिङ्ग् - *n.* command, order. आज्ञा, आदेश।

Bide-बाइड्-*v. i.* (*p. t.* **Bided**) to dwell, to remain, to await, to endure. रहना, ठहरना, प्रतीक्षा करना, सहना।

Bidental-बाइ-डेन्ट्'- अल् - *adj.* having two teeth. दो दाँतवाला।

Biennial-बाइ - ऐनिअल् - *adj.* recurring or happening every two years. दो-दो साल में होनेवाला।

Bier-बायर्-*n.* a movable frame to carry the dead to the grave. मुर्दा ले जाने की टिकठी, अरथी।

Bifacial-बाइ-फेश्यल्-*adj.* having two opposite faces alike. आमने-सामने के समान मुख या भागवाला।

Bifid-बाइ'-फिड्-*adj.* divided into two parts. दो भागों में विभक्त।

Bifold-बाइ'-फ़ोल्ड्-*adj.* folded into two. दो परत (तह) किया हुआ।

Bifurcate-बाइ'-फ़र्-केट्-*v. t.* to divide into two forks. दो फांक करना; **Bifurcated** (-केट्'-ऐड्)-*adj.* divided into two prongs. दो फांक किया हुआ; **Bifurcation** (-के'-शन्) -*n.* a division into two parts or branches. दो फांक या खण्ड करने की क्रिया, द्विभाजन।

Big-बिग्-*adj.* (*comp.* **Bigger**, *sup.* **Biggest**) large, lofty, grown up, proud, full, pregnant, important. बड़ा, फूला हुआ, अभिमानी, महत्वपूर्ण, स्थूल, गर्भवती, गौरवपूर्ण।

Bigamist-बाइग्-ओ-मिस्ट्-*n.* one who has committed bigamy. दो पत्नीवाला मनुष्य या दो पतिवाली स्त्री; **Bigamous** (-अस्)-*adj.* इस दोष का अपराधी।

Bigamy-बाइग्'-ओ-मि-*n.* the crime of having two wives or husbands at once. द्विपत्नी-वरण, एक पत्नी या पति रहते दूसरा विवाह करने का अपराध।

Bigeminal-बाइ-जेम्'-इ-नल्-*adj.* arranged in two pairs. दो जोड़े के क्रम में प्रस्तुत किया हुआ।

Bigential-बाइ-जेन्'-शल-*adj.* of two tribes. द्विजातीय, दो जाति का।

Bight-बाइट्-*n.* a loop, a curve or recess, a small bay. झूलन, घुमाव, छोटी खाड़ी।

Bigness-बिग्-नेस्-*n.* the quality of being big. बड़ापन, विपुलता।

Bigot-बिग्-ऑट्-*n.* a blind adherent of one's creed. अपने धर्म में हठधर्मी (कट्टर); **Bigoted** (-ऐड्)-*adj.* हठधर्मी; **Bigotry** (-ऑ-ट्रि)-*n.* narrow-minded zeal for one's creed or party. अपने मत का आग्रह, धर्मान्धता।

Bike-बाइक्-*abbr.* for **Bicycle.** बाइसिकिल शब्द का छोटा रूप।

Bilateral-बाइ-लैट्'-अर्-अल्-*adj.* having two sides. दो छोर का।

Bilbo-बिल्'-बो-*n.* a sword. तलवार।

Bilboes-बिल्'-बोज़्-*n. pl.* long bars of iron for binding the feet of prisoners. कैदियों के पैर में बांधने का लम्बा डंडा।

Bile-बाइल्-*n.* a bitter fluid secreted by the liver. पित्त।

Bilge-बिल्ज्-*n.* the bulging horizontal part of a ship's bottom or dust collecting there. जहाज की पेंदी का फूला हुआ चौड़ा भाग या वहाँ जमी हुई मिट्टी।

Biliary-बिलिअरि-*adj.* belonging to bile. पित्त सम्बन्धी।

Billingual-बाइ-लिङ्ग्यु-अल् -*adj.* spoken or written in two languages. दो भाषाओं में बोला या लिखा हुआ।

Bilious-बिलि - अस् - *adj.* pertaining to or affected with excess of bile, melancholic. पैत्तिक, चिड़चिड़ा।

Biliteral-बाइ-लिट्'-अर्-अल्-*adj.* consisting of two letters. दो अक्षरों का।

Bilk-बिल्क्-*v. t.* to cheat, to elude. धोखा देना, छलना।

Bill-बिल्-*n.* a bird's beak, draft of a proposed act, note of charge for goods, a placard, a kind of long-handled axe. चोंच, प्रस्ताव रूप में क़ानून, पुरज़ा (लेखा), इश्तिहार या विज्ञापन, एक प्रकार की लम्बे डंडेवाली कुल्हाड़ी; -*v. t.* to strike with bill. चोंच मारना; *v. i.* to announce. सूचना देना; **Bill of exchange** (a business document for settlement of dues of parties concerned.) विनिमयपत्र; **Bill of fare** (a menu, list of food provided.) भोजन-सामग्री की सूची; **Bill of indemnity** (bill for security from loss or compensation for loss or damage.) परिहार-विधेयक, क्षतिपूर्ति बिल; **Bill of lading** (receipt to consignor by the shipmaster making himself responsible for the safe delivery of goods.) वहन पत्र; **Bill-poster** (one who sticks posters.) नोटिस, इश्तिहार या विज्ञापन चिपकानेवाला।

Billet-बिल्'-लिट्-*n.* a thick piece of wood, a small bar of metal, soldier's quarters. लकड़ी का कुन्दा, धातु का छोटा डंडा, सिपाहियों के ठहरने का स्थान; -*v. t.* to quarter or lodge soldiers. सिपाहियों को ठहराना।

Billiards-बिल्'-यर्ड्ज़्-*n. pl.* a game played on a table with ivory balls. हाथीदांत के अण्टे का एक प्रकार का खेल जो मेज पर मुड़ी हुई बेंतों से खेला जाता है।

Billingsgate-बिल्'-इङ्ग्ज़्-गेट्-*n.* abuse, foul language. गाली, अपशब्द।

Billion-बिलि'-अन्-*n.* a million millions. दस खरब की संख्या।

Billow-बिल्-लो-*n.* a great wave of the sea. तरंग, बड़ी लहर;-*v. i.* to rise in big waves. तरंग उठना, लहराना; **Billowy** (-इ)-*adj.* of billows. तरंग सम्बन्धी।

Billy-cock-बिल्'-इ-कॉक्-*n.* a kind of felt hat, a bowler. एक प्रकार की अंग्रेजी टोपी, क्रिकेट के खेल में गेंद फेंकनेवाला।

Billy-goat-बिल्'-इ-गोट्-*n.* (*fem.* **Nanny-goat**) a male-goat. बकरा।

Bimensal-बाइ-मेन्-सल्-*adj.* occurring once in two months. दो महीने में एक बार होनेवाला।

Bimetallic-बाइ-मे-टल्'-इक् - *adj.* consisting or composed of two metals, of two metals. दो धातुओं से निर्मित, दो धातुओंवाला।

Bimonthly-बाइ-मन्थ्'-लि-*adj.* once in two months, also twice a month. दो महीने में एक बार, महीने में दो बार।

Bin-बिन्-*n.* receptacle for corn, a place for storing coal or dust. खत्ती, मिट्टी कोयला आदि रखने का स्थान।

Binary-बाइ'-न-रि-*adj.* double, involving pairs. दोहरा (द्विगुण), जोड़ा।

Binate-बाइ'-नेट्-*adj.* in pairs. जोड़ेदार।

Bind-बाइन्ड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Bound**) to fasten, to attach, to restrain, to subject to legal obligation, to be obligatory, to impose restraint. बाँधना (गूँथना), सम्बन्ध करना, रोकना, प्रतिज्ञा करना, अनुगृहीत होना, हथकड़ी बेड़ी डालना; **To bind a book.** जिल्द बाँधना ; **Binder** (-अर्) -*n.* बाँधनेवाला, जिल्दसाज।

Binding-बाइन्ड्'-इङ्ग्-*n.* & *adj.* fastening, covering, obligatory. बन्धन (आवरण), बाध्य करनेवाला।

Binnacle-बिन्'-अ-कुल्-*n.* the compass box of a ship. जहाज पर कुतुबनुमा रखने का सन्दूक।

Binocular-बिन्-ऑक्-यु - लर् - *adj.* suited to both eyes. दोनों आँखों से देखने योग्य।

Binomial-बाइ-नो'-मि-अल्-*adj.* consisting of two terms, of two names. (बीजगणित के) द्विपद, दो नाम का।

Biogenesis-बायो-जेन्'-ए-सिस्-*n.* the doctrine that life is derived from life. जीव की जीव से उत्पत्ति का सिद्धान्त।

Biograph-बायो-ग्रैफ्-*n.* continuous photographic representation. फोटो के चित्र की पंक्ति; see **Bioscope.**

Biographer-बायो-ग्रा-फर्-*n.* writer of a biography. जीवनी लिखनेवाला; **Biographical** (-ग्रैफ्'-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to biography. जीवनी सम्बन्धी; **Bioaphically** (-इक्-अल्-लि)-*adv.* like biography. जीवनी की रीति से।

Biography-बायो-ग्रैफि-*n.* written account or life of a person. किसी व्यक्ति का जीवन-वृत्तान्त।

Biological-बायो-लॉज्'-इकल्-*adj.* relating to biology. जीवविद्या सम्बन्धी।

Biologist-बायोल्-ऑ-जिस्ट्-*n.* one skilled in biology. जीवविद्या में निपुण।

Biology-बायोल्-ऑ-जि-*n.* the science of life in its various forms. जीव (प्राणि) विद्या।

Bioscope-बायो-स्कोप्-*n.* (same as **Biograph.**) a cinematograph. चलते-फिरते कार्य का चित्र लेना और इसी को परदे पर चलते-फिरते दिखलाना।

Biparous-बाइ-पे-रस्-*adj.* bringing two at a birth. (युग्म सन्तति) दो बच्चे एक साथ जननेवाली।

Biped-बाइ-पेड्-*n.* a two-footed animal. दो पैरवाला पशु।

Bipedal-बाइ-पेडल्-*adj.* having two feet. द्विपद, दो पैरवाला।

Biplane-बाइ'-प्लेन्-*n.* a two-planed airship. दो तल्लेवाला वायुयान।

Bipolar-बाइ-पो-लर्-*adj.* with two poles. दो ध्रुववाला।

Biquadratic-बाइ-क्वाड्-रॅट्'-इक्-*n.* the square of a square. द्विवर्गात्मक, चतुर्घातात्मक संख्या, यथा (a⁴)।

Birch-बर्च्-*n.* a kind of smooth-barked tree, a bundle of its twigs used for flogging. भोजपत्र, बालकों को मारने का कोड़ा। -*v. t.* to flog. कोड़े से पीटना; **Birchen** (-ऐन्)-*adj.* pertaining to birch. भोजपत्र का।

Bird-बर्ड्-*n.* a feathered vertebrate. पक्षी, खग, चिड़िया;-*v. t.* to snare birds. चिड़िया फँसाना या पकड़ना; **Bird of Jove** (the eagle.) गरुड़; **Bird of Juno** (the peacock.) मयूर; **Bird of night** (the owl.) उल्लू; **Bird of peace** (the dove.) पेंडुकी; **Birds of a feather** (people of similar tastes.) एक विचार के मनुष्य; **Birds of prey** (birds that hunt.) शिकारी चिड़ियाँ; **Little bird** (anonymous informant.) सूचना देनेवाला गुमनाम मनुष्य; **Old bird** (quarrelsome person.) लड़ाका; **To kill two birds with one stone** (to obtain tow objects by one attempt.) एक पन्थ दो काज।

Birdlime-बर्ड्'-लाइम्-*n.* a viscous stuff which is used in catching birds. चिड़िया पकड़ने का लासा।

Bird's eye - बर्ड्ज़्' - आइ - *adj.* seen from above, as by a flying bird. ऊँचे स्थान से देखा हुआ (दृश्य)।

Biretta-बि-रें'-टा-*n.* a kind of square cap. एक प्रकार की चौकोर टोपी।

Birth-बर्थ्-*n.* coming into the world, origin, beginning, inherited rank. जन्म, उदय, उत्पत्ति, आरंभ, उपाधि; **Birth control** (method of preventing undesired conception.) उत्पत्ति-अवरोध (जन्म-निरोध) की विधि; **Birthday** (the day on which one is born.) जन्म-दिवस, वर्षगाँठ; **Birthday honours** (titles conferred on king's birthday.) सम्राट के जन्म-दिवस पर बाँटी जानेवाली उपाधियाँ; **Birthmark** (congenital mark on a person' body.) चिह्न जो जन्म से ही शरीर में रहता है; **Birthplace** (the place of one's birth.) जन्मस्थान; **Birthrate** (the ratio of births to the population of a country.) जनसंख्या के अनुसार बच्चों की उत्पत्ति का अनुपात; **Birthright** (right acquired by birth). जन्मसिद्ध अधिकार।

Biscuit-बिस्'-किट्-*n.* a small thin hard cake or bread. बिस्कुट।

Bisect-बाइ-सेक्ट्-*v.t.* to divide into two equal parts. समद्विभाग करना; **Bisection** (- सेक्'-शन्)-*n.* a division into two equal parts. समद्विभाग; **Bisector** (-अर्)-*n.* the line which divides a thing into two equal parts. समद्विभाग करनेवाली रेखा (द्विभाजक)।

Bisexual-बाइ-सेक्स्-यु-अल्-*adj.* having both sexes in one. स्त्री तथा पुरुष जाति के अङ्गों का एक ही व्यक्ति में होना, द्विलिङ्गीय।

Bishop-बिश्-ऑप्-*n.* a consecrated clergyman, one of the pieces or men in chess, a tasteful hot drink mixed with red wine. बड़ा पादरी, शतरंज के मुहरों में से एक मुहरा या खेलाड़ियों में से एक खेलाड़ी, लाल शराब से मिला हुआ स्वादिष्ट गरम पेय; **Bishopric** (-रिक्)-*n.* the office of a bishop. पादरी का पद, इसका अधिकार।

Bismuth-बिस्' (ज़्')-मथ्-*n.* a white brittle metal. काँसा, जसद, फूल, (धातु)।

Bison-बाइ'-सन् (-ज़न्) - *n.* a large wild animal like ox. जङ्गली साँड़।

Bisque-बिस्क्-*n.* unglazed white porcelain, a rich meat or fish soup. बिना पालिश की हुई चीनी मिट्टी, मांस या मछली का स्वादिष्ट शोल या रसा या जायकेदार शोरबा।

Bistoury-बिस्'-टु - अर् - इ - *n.* a surgeon's narrow knife. जर्राह की पतली छुरी।

Bit-बिट् - *n.* a small piece, mouthpiece of bridle, morsel of food. खण्ड (टुकड़ा), लगाम, ग्रास (कवर);-*v. t.* to put the bit into the mouth of a horse, to restrain. लगाम लगाना, रोकना; **A bit of** (a little part.) लेश, थोड़ा अंश; **A bit rather** (not all.) थोड़ा-सा; **Bit by bit** (by degrees.) धीरे-धीरे; **Wait a bit** (wait for a short time.) थोड़ी देर ठहर जाइये।

Bitch-बिच्-*n.* female of a dog, fox or wolf. कुतिया, सियारिन, मादा भेड़िया।

Bite-बाइट्-*v. t.* (*p. t.* **Bit**, *p. p.* **Bitten** or **Bit**) to cut with teeth, to sting, to penetrate, to give pain to, to take a bait, to grip कुतरना, दाँत से काटना, डङ्क मारना, घुसना, पीड़ा देना, लगाम लेना, चारा काटना, पकड़ लेना; -*n.* wound made by biting. दाँत काटने का चिह्न; **Bitten with** (infected with a disease) संक्रामक रोग से ग्रस्त; **To bite the ground** (to fall down and die.) गिरना और मर जाना।

Biter-बाइट्'-अर्-*n.* one who bites, a thief. काटनेवाला, ठग।

Biting-बाइट्'-टिङ्ग्-*adj.* pungent, stinging, severe, sarcastic. चरपरा, काटता हुआ, तीखा, ताना मारता हुआ; **Bitingly** (-लि)-*adv.* in a biting manner. काटते हुए, चुभते हुए।

Bitless-बिट्-लेस-*adj.* बिना लगाम का।

Bitter-बिट्'-टर्-*adj.* tasting hot and acrid, full of affliction, relentless, touching. कड़ुआ, तीता, कठोर, तीक्ष्ण, मर्मभेदी; **Bitter cold** (*i. e.* piercing.) तीखा जाड़ा; **To the bitter end** (finally.) अन्तिम सीमा तक; **To weep bitterly** (*i. e.* without a break.) फूट-फूटकर रोना; **Bitterness** (-नेस्)-*n.* the quality of being bitter, a kind of bitter ale. कड़ुआहट, तीखापन, कठोरता, एक प्रकार की कड़ुवी शराब।

Bitterish-बिट्'-टर्-इश्-*adj.* somewhat bitter. कुछ कड़ुवा।

Bittern-बिट्'-टर्न्-*n* a kind of marsh bird like heron. सारस या बगुला जैसा दलदली पक्षी।

Bitts-बिट्स्-*n. pl.* pair of posts for fastening cables. लोहे का रस्सा बाँधने के लिए जहाज का खूँटा।

Bitumen-बि-ट्यू'-मेन्-*n.* mineral pitch. शिलाजीत (राल); **Bituminize** (-मिन्-आइज़्)-*v. t.* to impregnate with bitumen. वार्निश में राल मिलाना; **Bituminous** (-ट्यू-मिन्-अस्)

-*adj.* like bitumen, mixed with bitumen. राल के समान, रालमिश्रित ।

Bivalve-बाइ'-वॉल्व्-*adj.* with two valves. दो कपाटवाला, दो कोषवाला ।

Bivouac-बिव्'-औक्-*v. i.* & *n.* to remain in encampment, additional guard at night. पड़ाव में ठहरना, रात्रि में रक्षा के लिए नियुक्त विशेष सैन्य ।

Bi-weekly-बाइ-वीक्'-लि-*adj.* twice in every week. सप्ताह में दो बार, अर्ध-साप्ताहिक ।

Bizarre-बि-ज़ार् - *adj.* odd, fantastic. झक्की, पागल ।

Blab-ब्लैब्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Blabbed**) to talk foolishly, to reveal secrets. बड़बड़ करना, भेद खोल देना; **Blabber** (-बर्)-*n.* one who blabs, a tell-tale. गप्प हाँकनेवाला, छिछोर ।

Black - ब्लैक् - *adj.* dark-coloured, dirty, gloomy, wicked, dismal. काला (अँधेरा), गन्दा, मटमैला, दुष्ट, दुःखदायी;-*v. t.* to make black. काला करना (काली पालिश करना); **Black and blue** (livid.) पीटने से नीला-काला पड़ा हुआ; **Black and white** (written on paper.) पेंसिल या रोशनाई से लिखा हुआ या बना हुआ चित्र; **Black art** (magic.) जादू; **Blackbear** (object of fear.) भयप्रद पदार्थ; **Black board** (a board painted black, used to write on with chalk.) स्कूल के दर्जे का काला पट; **Black book** (list of suspicious persons.) शङ्कास्पद पुरुषों की सूची; **Black death** (plague) प्लेग; **Black Maria.** कैदियों की गाड़ी; **Black mark** (mark of discredit.) धब्बा, कलंक; **Black market.** गुप्त रीति से सामग्री का बाजार, चोर बाजार; **Black marketeer.** चोर बाजारी से माल बेचनेवाला; **Black marketing.** चोर बाजारी; **Blackout.** हिफाज़त के लिए शहर में अँधेरा करना; **Black sheep** (a person of bad character.) दुश्चरित्र मनुष्य, बदचलन आदमी, दुष्ट; **Blacksmith** (ironsmith.) लुहार ।

Blacken-ब्लैक्-एन्-*v. t.* to make black, to darken. काला करना ।

Black-guard-ब्लैक्'-गार्ड् - *n.* a scoundrel. दुराचारी, अधम; **Black looks** (hateful looks.) तिरस्कार की दृष्टि ।

Blacking-ब्लैक्'-इङ्ग्-*n.* a paste used for blacking shoes. जूता काला करने का लेप या मसाला ।

Blackish-ब्लैक्'-इश्-*adj.* somewhat dark or black. धुँधला, काला ।

Blackmail-ब्लैक्-मेल्-*n.* tribute paid to robbers for securing protection, hush-money. रक्षा के लिये डाकुओं को दिया हुआ उपहार, डरा धमका कर अवैध रूप से लिया गया पैसा ।

Blackness-ब्लैक्-नेस्-*n.* the quality of being black, darkness. कालापन ।

Bladder-ब्लैड्-डर्-*n.* membraneous bag containing urine, anything inflated, wind-bag, मूत्राशय (वस्ति), फूली हुई कोई वस्तु, हवा भरा हुआ पोला थैला ।

Blade-ब्लेड्-*n.* leaf of grass, cutting part of a tool, flat part of an oar. घास की पत्ती, हथियारों का फ़ल, नाव के डाँड़े का चिपटा भाग ।

Blain-ब्लेन्-*n.* an inflamed boil, a blister. व्रण, फफोला, छाला, फोड़ा ।

Blamable-ब्ले-मे - बल् - *adj.* deserving of blame. निन्दनीय; **Blamably** (-एब्-लि)-*adv.* in a blamable manner. निन्दनीय ढंग से ।

Blame-ब्लेम्-*v. t.* & *i.* to find fault with, to censure, to accuse. निन्दा करना, दोष लगाना, अपराधी ठहराना;-*n.* censure, fault. कलंक, दोष (अपराध); **Blameful** (-फुल्)-*adj.* deserving of blame. दोषयुक्त, अपराधी ।

Blameless-ब्लेम्'-लेस् - *n.* innocent. निर्दोष, निष्कलंक; **Blamelessly** (-लेस्-लि)-*adv.* innocently. निष्कलंक रूप में; **Blamelessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* innocence. अनिन्द्यता, दोष का अभाव, निर्दोषता ।

Blameworthy-ब्लेम्'-वर्दि - *adj.* deserving censure. निन्दा के योग्य ।

Blanch-ब्लांश्-*v. t.* & *i.* to make white by peeling, to grow pale with fear. छिलका उतारकर सफेद करना, भय से पीला पड़ जाना ।

Bland-ब्लैन्ड्-*adj.* gentle, polite, mild. नम्र, विनीत, मृदु (कोमल); **Bland in speech** (of gentle speech.) प्रियवादी; **Blandly** (-लि)-*adv.* in a gentle manner. विनीत भाव से; **Blandness** (-नेस्)-*n.* mildness. कोमलता ।

Blandish-ब्लैन्ड्'-इश्-*v.t.* to flatter. मिथ्या प्रशंसा करना; **Blandishment** (-मेन्ट्) - *n.* flattery, soft speech. चाटूक्ति, चापलूसी, मीठे वचन ।

Blandly-*adv.* see **Bland.**

Blandness-*n.* see **Bland.**

Blank-ब्लैङ्क्-*adj.* not written upon, empty, void, white. लेख-रहित, रिक्त (छूँछा), सफेद (कोरा);-*n.* an empty space, a ticket that wins no prize-*adj.* without meaning. रिक्त स्थान, बिना इनाम पाया हुआ टिकट, अर्थरहित; **Blank despair** (utter helplessness.) पूरी निराशा; **Blank verse** (rhymeless verse.) बिना अनुप्रास का छन्द; **To look blank** (to look

perplexed.) घबराया हुआ देख पड़ना; **Blankly** (-लि) *-adv.* in a blank manner. शून्यता से।

Blanket-ब्लैंक्'-इट्-*n.* a woollen sheet used for covering. कम्बल, धुस्सा, लोई; *-v. t.* to cover with a blanket. कम्बल से ढाँकना; **Wet blanket** (one who puts an end to conversation.) जो बात करना बन्द कर देता है।

Blare-ब्लेअर् *-v. i.* to utter loudly. चिल्लाकर बोलना;*-n.* roar, a bellowing noise. चिल्लाहट, चिंघाड़।

Blaspheme-ब्लस्'-फीम् *-v. t.* to talk impiously. ईश्वर-निन्दा करना; **Blasphemer** (-अर्)-*n.* an impious person; **Blasphemous** (-फी-मस्)-*adj.* containing profaneners. ईश्वर-निन्दक, पाखण्डी; **Blasphemously** (-अस्-लि) *-adv.* profanely. ईश्वर-निन्दारूप में; **Blasphemy** (-फे-मि)-*n.* profane speaking, impious speech. ईश्वर-निन्दा।

Blast-ब्लास्ट्-*n.* a strong wind, sound of a wind instrument, explosive used in blasting, explosion. आँधी, बाजे का शब्द, बारूद, भभकन;*-v. t.* to blow up, to blight, to ruin. उड़ा देना, झुलसना, नाश करना।

Blatant-ब्ले'-टेन्ट्-*adj.* vulgarly loud. जंगली की तरह कोलाहल करनेवाला।

Blatter-ब्लैट्-टर्-*v. t.* to patter to talk over much. बकझक करना।

Blaze-ब्लेज़्-*n.* bright flame or fire, glow, white mark on cow's head, mark made on the bark of trees. प्रभा, चमक, गाय या घोड़े के माथे पर का टीका, वृक्ष की छाल पर खोदा हुआ चिह्न;*-v. t.* to burn with flame, to emit light, to proclaim. प्रज्वलित करना, भभकाना, घोषित करना; **Blaze of light** (glow of light.) किरणजाल; **Blazing** (-इङ्ग्) *-adj.* flaming. देदीप्यमान; **Blazing scent** (strong smell.) उग्र गन्ध; **To blaze abroad** (to spread news.) समाचार फैलाना।

Blazon-ब्ले'-ज़न्-*n.* coat of arms. कुल चिह्न युक्त ढाल या कवच या झंडा; *-v. t.* to display, to inscribe with arms. फैलाना, चिह्नों से विभूषित (अलंकृत) करना; **Blazonry** (-रि) *-n.* armorial bearing. युद्ध-चिह्न, कुल-चिह्न।

Bleach-ब्लीच् *- v. t.* to whiten. धोना, सफेद करना; **Bleacher** (-अर्)-*n.* धोबी, सफ़ेद करनेवाला।

Bleaching-ब्लीच्-इङ्ग्-*n.* the art of whitening cloth &c. वस्त्र इत्यादि सफेद करने की कला।

Bleak-ब्लीक्-*adj. & n.* bare, chilly, dreary, dull and cheerless, a small white river fish. खुला हुआ, अति शीत, रूखा, आनन्द-रहित, नदी की एक छोटी सफेद मछली।

Blear-ब्लिअर्-*v. t.* to make dull, to make dim sighted. मन्द करना, चौंधा देना।

Bleat-ब्लीट्-*v. i. & n.* to cry like a sheep, the cry of a sheep. मिमियाना, भेड़ी या बकरी का शब्द।

Bleb-ब्लेब्-*n.* small blister or bubble on skin. फफोला।

Bleed-ब्लीड्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Bled.**) to emit blood, to draw blood, to die by slaughter, to feel pity for. रक्त निकालना, रक्त बहाना, हत्या द्वारा मरना, तरस खाना; **Bleeding** (-इङ्ग्)-*n.* running of blood, haemorrhage. रुधिरस्राव।

Blemish-ब्लेम्'-इश्-*n.* stain, flaw. दोष, कलंक; *-v. t.* to stain, to tarnish. मलिन करना, दूषित करना।

Blench-ब्लेन्श्-*v. i.* to shrink or start aside, to flinch. चौंक उठना (आँखें बन्द करना), पराङ्मुख होना।

Blend-ब्लेन्ड्-*v. t. & i.* to mix together, to mingle, to confound. मिलाना, मिलना;*-n.* a mixture. मिलावट।

Blent-ब्लेन्ट्-*p. t. & p. p.* of **Blend**;*-adj.* mixed. मिश्रित।

Bless-ब्लेस्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Blessed** ब्लेस्ड्, or **Blest**-ब्लेस्ट्) to attribute blessings or good fortune to, to invoke God's favour upon. आशीर्वाद देना (मंगल करना), गुणगान करना; **God bless me!** (exclamation of surprise.) आश्चर्यसूचक अव्यय, या ईश्वर!

Blessed-ब्लेस्'-एड्-*adj.* fortunate, prosperous, holy, happy. धन्य, भाग्यवान्, पवित्र, सुखी; **Blessedness** (-नेस्) -*n.* happiness, enjoyment of God's favour. परम आनन्द, ईश्वर की कृपा।

Blessing-ब्लेस्'-इङ्ग्-*n.* divine favour, gift of God. आशीर्वाद, ईश्वर की कृपा।

Blest-ब्लेस्ट्-same as **Blessed.**

Blether (-**Blather**) ब्लेद् (ब्लैद्)-अर्-*v. i.* to talk nonsense. बड़बड़ (बकवाद) करना।

Blew-ब्लू-*p. t.* of **Blow.** बहा, उड़ा।

Blight-ब्लाइट्-*n.* a disease of plants, mildew, rust. वनस्पति रोग, पाला, गेरुई; *-v. t.* make vain, to blast. विफल करना, पाला मारना।

Blimp-ब्लिम्प्-*n.* a kind of small airship. एक प्रकार का छोटा हवाई जहाज या वायुयान।

Blind-ब्लाइन्ड्-*adj.* without sight, without intelligence, heedless, inconsiderate, dark,

obscure. अन्धा (नेत्रहीन), अज्ञान, लापरवाह, विचारहीन, अन्धकारमय, धोखे की टट्टी ; *-n.* a window screen. झिलमिली (पर्दा); *-v. t.* to deprive of sight, to deceive, to darken. अन्धा करना, धोखा देना, अँधेरा करना; **Blind alley** (a lane unconnected with any road or street.) बन्द गली; **Blindborn** (born blind.) जन्मान्ध; **Blind door** (walled up door.) चुना हुआ दर्वाजा या द्वार; **Blind man's buff** (a kind of game.) आँखमुँदौवल का खेल; **Blind of one eye** (having one eye.) काना; **Blinded by rage** (deprived of judgement by anger.) क्रोधान्ध।

Blindage-ब्लाइन्ड्'-एज् - *n.* screen for troops. फौज के लिए आच्छादन।

Blindfold-ब्लाइन्ड्' - फ़ोल्ड्'-*v. t.* to cover eyes with bandage so as not to see. आँखों पर पट्टी बाँधना।

Blindly-ब्लाइन्ड्'-लि-*adv.* in a manner as if blind, gropingly. टटोलते हुए।

Blindness-ब्लाइन्ड्' - नेस्-*n.* state of being blind, ignorance, a shade. अन्धता, अज्ञान, पर्दा।

Blinds-ब्लाइन्ड्स्-*n. pl.* a screen used in trenches for sheltering men. खाई में प्रयुक्त होनेवाला पर्दा।

Blink-ब्लिङ्क्-*v. t. & i.* to wink, to ignore. पलक मारना (आँखें छिपाना), तुच्छ समझना; *-n.* glance, glimmer, wink. झलक, टिमटिमाहट, निमीलन।

Bliss-ब्लिस्-*n.* highest happiness or blessedness. परम सुख, धन्यता, मोक्ष; **Blissful** (full of bliss.) धन्य; **Blissfully** (-फुल्-लि) *-adv.* in a state of bliss. परम आनन्दपूर्वक।

Blister-ब्लिस्'-टर् -*n.* swelling on skin filled with serum. छाला, फफोला; *-v. t.* to raise a blister. फफोला पैदा करना।

Blithe-ब्लाइद्-*adj.* gay, joyous. प्रमुदित, प्रसन्नबदन; **Blithely** (-लि) *-adv.* in a blithe manner, merrily. प्रसन्नतापूर्वक; **Blithesome** (-सम्) *-adj.* merry, cheerful. प्रफुल्लित, आनन्दमय।

Blizzard-ब्लिज़र्ड्-*n.* a blinding snow-storm. चौंधानेवाली बर्फ़ की आँधी।

Bloat-ब्लोट्-*v. t. & i.* to inflate or swell, to puff out, to grow turgid. फुलाना, सूजना।

Blob-ब्लोब्-*n.* a small round mass of wood or stone. काठ या पत्थर का गोल फूला हुआ भाग।

Blobber-lipped-ब्लॉब्-बर्-लिप्ड्-*adj.* having thick lips. मोटे लटकते ओठोंवाला।

Block-ब्लॉक्-*n.* a large piece of wood, solid piece of wood on which figures are cut or engraved, a continuous row of buildings, mould, a bulky piece, a pulley, an obstruction. लकड़ी का कुन्दा (कुंड़ा), ठप्पा, घरों की पंक्ति, साँचा, भारी पदार्थ, घिरनी, अवरोध, रुकावट ; *-v. t.* to obstruct, to enclose or shut up. प्रतिबन्ध या अवरोध करना, बन्द करना ; **The block** (death by beheading.) सिर काटकर मृत्यु।


Block-pulley.

Blockade-ब्लॉक्-एड्-'*v. t.* to obstruct. रोकना; *-n.* blocking up of a place by troops. सेना से घिराव।

Blockhead - ब्लॉक्' - हेड् - *n.* a dull stupid person. मूर्ख, बुद्धिहीन मनुष्य।

Blockish-ब्लॉक्'-इश्-*adj.* dull, stupid like a block. मूर्ख, मतिहीन।

Blond-ब्लॉन्ड्-*n.* (*fem.* **Blonde**) a person of fair complexion having light coloured hairs. गोरा मनुष्य जिसके बाल हलके रङ्ग के हों।

Blood-ब्लड्-*n.* the red liquid which circulates in the veins and arteries of men and animals, offspring, murder, temperament, family. रक्त, रुधिर, लोहू, सन्तति, हत्या, प्रकृति, वंश;*-v.t.* to remove blood. जर्राही द्वारा रक्त निकालना; **Blue-blood** (high birth.) उच्च कुल में उत्पत्ति; **Blood-red** (of deep red colour.) गहरे लाल रंग का; **Blood royal** (royal family.) राजकीय वंश; **Flesh and blood** (animal nature.) पशु प्रकृति; **Half blood** (connection through one parent only.) सौतेला; **Hot blooded** (angry, irritable.) अति क्रोधी; **In cold blood** (intentionally.) जान-बूझकर; **Of noble blood** (-birth) कुलीन ; **Blood guilty** (responsible for murder.) हत्या करने का दोषी; **Blood hot** (of the same heat as blood.) रुधिर के समान गरम; **Bloodless** (-लेस) - *adj.* without blood, spiritless. रक्तहीन, निस्तेज; **Bloodshed** (slaughter.) हत्या ; **Bloodshot** (red and inflamed.) रक्तपूर्ण; **Blood sucker** (animal that sucks the blood) जोंक; **Blood thirst** (having a desire to shed blood.) हत्या करने की अभिलाषा; **Blood vessel** *-n.* (an artery of the body.) रक्तवाहिनी नाड़ी; **Blood is up** (is ready to quarrel.) लड़ने को तैयार है।

Bloody-ब्लड्' - इ - *adj.* cruel, murderous. निर्दयी, हत्यारा; **Bloody flux** (dysentery with blood.) आँव के साथ खून या रक्त पड़ना।

Bloody nose (bleeding from nose.) नाक से खून या रक्त बहना ।

Bloom-ब्लूम्-*n.* a bud, flower, freshness, prime, perfection. कली, फूल, विकास, युवावस्था, पूर्णता; -*v. i.* to bear flowers, to be in full beauty. खिलना, विकसित होना, पूर्ण यौवन में होना; **Blooming** (-इङ्ग्), **Bloomy** (-ई)-*adjs.* flourishing. खिलता हुआ ।

Blore-ब्लोर्-*n.* a violent gust of wind. आँधी ।

Blossom-ब्लॉस्-सम्-*n.* flower, early growth. फूल, प्रारंभिक बाढ़;-*v. i.* to put forth flowers. फूलना, विकसित होना ।

Blot-ब्लॉट्-*n.* a stain, blemish. धब्बा, कलंक; -*v. t.* (*p. t.* **Blotted**) to stain, to smudge. कलंकित करना, धब्बा लगाना; **To blot out** (to efface, to destroy.) मिटा देना, नष्ट करना; **Blotting paper** (absorbent paper for drying up wet ink-marks.) सोख्ता, मसिशोषक ।

Blotch-ब्लॉच्-*n.* an eruption upon the skin. चकत्ता, ददोरा; **Blotched** (-ड्)-*adj.* inflamed. फूला हुआ ।

Blouse-ब्लाउज़्-*n.* a kind of woman's loose bodice. एक प्रकार की ढीलीढाली जनानी कुरती ।

Blow-ब्लो-*n.* blowing of flute &c., blossoming, a hard stroke, shock, calamity. बाजा बजाना, फूलना, मुक्का (चोट), धक्का, आपत्ति; -*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Blew**, *p. p.* **Blown**) to move along, to send strong current, to puff, to sound, to fill with air, to drive, to kindle. बहना, उड़ना, फूँकना, फुलाना, बजाना, हवा से भरना, हाँकना, जलाना, फूलना, फट जाना; **To blow one's own trumpet** (to praise oneself.) आत्मश्लाघा करना, शेखी मारना; **To blow out** (to extinguish.) आग बुझाना; **To blow upon** (to speak ill of.) निन्दा करना; **Blower** (-अर्)-*n.* a contrivance for producing current of air into a furnace. आग सुलगाने की धौंकनी ।

Blow-pipe-ब्लो'-पाइप्-*n.* an instrument by which a current of air is driven through a flame. सुनार की फुंकनी, बंकनाल ।



Blow-pipe.

Blowy-ब्लो-इ-*adj.* windy. हवादार ।

Blowzed-ब्लाउज़्ड्, **Blowzy** (ब्लाउज़्'-इ)-*adj.* red-faced. लाल चेहरे का ।

Blubber-ब्लब्-बर्-*n.* fat of a whale. ह्वेल मछली की चर्बी;-*adj.* swollen. फूला हुआ; -*v. i.* to weep noisily. चिल्लाकर रोना, सिसकते हुए रोना ।

Bludgeon-ब्लज्'-न् -*v. t.* to strike with heavy stick. लाठी या सोंटे से मारना; -*n.* a short heavy stick. सोंटा, गदका ।

Blue-ब्लू-*n.* sky colour. नीला रंग; -*adj.* coloured like the sky. नीला, आसमानी;-*v. t.* to make blue, to temper steel. नीला करना, लोहे पर पानी चढ़ाना; **Blue book** (a book containing parliamentary report.) संसद के गुप्त विवरण की पुस्तक; **Blue jacket** (a seaman.) मल्लाह, नाविक; **Blue stocking** (a literary woman.) विदुषी; **Blue water** (open sea.) विस्तृत समुद्र; **The blue** (sky, ocean.) आकाश, समुद्र; **To look blue** (to look depressed.) धैर्यहीन देख पड़ना; **Blueness** (-नेस्)-*n.* quality of being blue. नीलापन ।

Blue-beard-ब्लू'-बेअर्ड्-*n.* husband of many wives. अनेक पत्नियों का पति ।

Blue-blood-ब्लू-ब्लड्-*n.* aristocratic descent. उच्च कुल की संतति, कुलीन व्यक्ति ।

Blueing-ब्लू-इङ्ग्- *n.* giving blue tint to clothes. वस्त्र को नीला करना ।

Blue-stone-ब्लू'-स्टोन्-*n.* sulphate of copper. तुत्थ, तूतिया ।

Bluff-ब्लफ़्-*adj.* abrupt, blunt, outspoken, frank. खड़ा, रूखा, ढीठ (अक्खड़, स्पष्टवादी); -*v. t.* to deceive by boasting. डींग मारकर धौंस या धोखा देना ।

Bluish-ब्लू'-इश् - *adj.* slightly (somewhat) blue. कुछ कुछ नीला, हलका नीला ।

Blunder-ब्लन्'-डर्-*n.* a gross or stupid mistake. बड़ी भूल, प्रमाद;-*v. i.* to make a gross mistake, to flounder about. गहरी भूल करना, भटकना; **To blunder away** (to waste.) कुप्रबन्ध से नष्ट करना; **To blunder out** (to speak out heedlessly.) बिना विचारे बोल उठना; **Blunderhead** (-हेड्)-*n.* a stupid fellow. मूर्ख (बुद्धिहीन) मनुष्य; **Blunderer** (-अर्)-*n.* गहरी भूल करनेवाला; **Blunderingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* mistakenly. भ्रम से ।

Blunt-ब्लन्ट्-*adj.* dull, without edge or point, plain spoken. मन्द, धारहीन (भुथरा), सरल (सादा);-*n.* a thick needle. भुथरी सूई; -*v. t.* to make less sharp. भुथरा करना; **Bluntly** (-लि)-*adv.* rudely. रूखता से; **Bluntness** (-नेस्)-*n.* dullness of point. रूखापन, अतीक्ष्णता ।

Blur-ब्लर्-*n.* a stain, a spot, a blemish. धब्बा, कलंक;-*v. t.* (*p. t.* **Blurred**) to smear, to disfigure, to blemish. मलिन करना, रूप बिगाड़ना, धब्बा लगाना ।

Blurt-ब्लर्ट्-*v. t.* to utter abruptly or unadvisedly. बिना समझे बोल उठना।

Blush-ब्लश्-*v. i.* to become red with shame, joy &c., to be ashamed. लज्जा, आनन्द आदि से मुख लाल होना, लज्जित होना;-*n.* glance, reddening of face. झलक, चेहरा लाल होना; **Blushing** (-इङ्ग्)-*adj.* blooming. प्रफुल्ल, शरमीला; **Blushingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a blushing manner. लज्जा से।

Bluster-ब्लस्'-टर्-*v.i.* to storm, to bully, to boast, to swagger. गरजना, कोलाहल करना, आत्मश्लाघा करना;-*n.* boasting, loud noise. शेखी, शोर-गुल; **Blusterer** (-अर्)-*n.* a noisy swaggerer. शेखीबाज; **Blusteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* boastfully. शेखी मारते हुए; **Blusterous** (-अस्)-*adj.* noisy, tumultuous. कोलाहली, गरजनेवाला।

Bo-बो-*interj.* a word used to startle children. लड़कों को चौंका देनेवाला शब्द।

Boa-बो-आ-*n.* a large non-poisonous snake. बिना जहर का भारी सर्प या अजगर।

Boar-बोर्-*n.* a male pig (*fem.* **Sow.**) सुअर; **Boarish** (-इश्)-*adj.* brutal, cruel. असभ्य, निर्दय।

Board-बोर्ड्-*n.* a narrow thin piece of timber, stiff paper, table, food served, committee, deck of a ship. तख्ता (पटरा), दफ्ती, मेज, भोजन (आहार), परिषद्, सभा, जहाज की छत;-*v. t.* & *i.* to cover with board, to receive. तख्ते से ढाँकना, पाना; **Above board** (honestly.) ईमानदारी से; **Board money** (servant's wages.) नौकर का वेतन; **On board a ship** (on the deck of a ship.) जहाज पर।

Boarder-बोर्डर्-*n.* one who lives in another's house, one who boards with another. धर्मशाला में रहनेवाला, दूसरे के साथ भोजन करनेवाला।

Boarding-बोर्ड्-इङ्ग्-*n.* food and lodging. भोजन और रहने का स्थान; same as **Boarding house.**

Boast-बोस्ट्-*n.* self-exaltation. अहंकार, गर्व, आत्मश्लाघा, अपनी बड़ाई;-*v. i.* to brag, to be proud of. गर्व करना, शेखी करना; **Boastful** (-फुल्)-*adj.* घमंडी; **Boastfulness** (-नेस्)-*n.* शेखी; **Boasting** (-इङ्ग्)-*n.* शेखी; **Boastfully** (-फुल्-लि)-*adv.* शेखी से।

Boat-बोट्-*n.* a small craft moved by oars. नाव, नौका;-*v. i.* to go in a boat. नाव में जाना; **In the same boat** (in the same category.) एक ही स्थिति में; **To take boat** (to embark on a boat.) नाव पर सवार होना।

Boatfly-बोट्-फ्लाइ-*n.* a kind of water insect. एक प्रकार का पानी का कीड़ा।

Boating-बोट्-इङ्ग्-*n.* rowing or sailing in boats. नौ चालन, नौका विहार।

Boatman-बोट्'-मैन्-*n.* one who manages a boat. नाविक, मल्लाह।

Boatswain-बोसन्-*n.* an officer who looks after a ship's boats, flags etc. जहाज की नावों, झंडों आदि की देखरेख करनेवाला एक अफ़सर।

Bob-बॉब्-*n.* weight on pendulum, knot of hair, short jerking motion, worm-bait for fish. लङ्गर में का बोझ, बालों का झब्बा, झटका, मछली फँसाने का कीड़ा;-*v. t.* & *i.* to move up and down, to dance, to che at, to fish with a bob. ऊपर-नीचे हिलाना, नाचना, ठगना, कीड़े का चारा देकर मछली पकड़ना।

Bobbery-बाब्-अर्-रि-*n.* disturbance, a noisy row. कोलाहल, उपद्रव, शोरगुल।

Bobbin-बाब्-बिन्-*n.* a spool for holding thread. तागे की गड़ारी, अंटी।

Bobbish-बॉब्'-बिश्-*adj.* brisk, well, hearty. चंचल, अच्छा, आनन्दित, मस्त।

Bobby-बाब्-इ-*n.* a policeman (used in slang.) पुलिस का सिपाही।

Bobtail-बाब्'-टेल्-*n.* tail cut short, the rabble. कतरी हुई पूँछ, उपद्रवी जन।

Bode-बोड्-*v. t.* to foresee, to prophesy, to portend. शकुन कहना, भविष्य बतलाना, पहिले से सूचित करना; **Bodeful** (-फुल्)-*adj.* boding, ominous, of evil. अशुभ-सूचक; **Bodingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a portentious manner. शकुन से; **Bodement** (-मेन्ट्)-*n.* a presentiment, prophecy. शकुन, भविष्य-कथन।

Bodice-बाड्'-इस्-*n.* a woman's (close fitting) garment, corset. चोली, अँगिया।

Compulsory-कम्पल्सरि - *adj.* enforced, compelling. बाध्यकारी, अनिवार्य।

Compunction-कम्पङ्क्शन्-*n.* the pricking of conscience, regret. मनोव्यथा, पश्चात्ताप (खेद) ; **Compunctious** (-शस्) - *adj.* remorseful, repentant. अनुतापी, पश्चात्ताप करनेवाला।

Compurgation-कॉम्-पर्-गे'-शन्-*n.* the clearing from a charge, vindication. किसी दोष से मुक्त होना।

Computable-कम्प्यूटेबल् - *adj* that may be calculated or reckoned. गणना करने योग्य।

Computation-कम्प्यूटेशन्-*n.*estimate, reckoning. गणना, गिनती।

Computative-कम्-प्यु - टेट् - इव्-*adj.* capable

of being reckoned or numbered. गणना करने योग्य ।

Compute-कम्-प्यूट्'-*v.t.* to reckon, to number, to calculate. गणना करना, गिनना, लेखा करना ।

Comrade-कॉम्रेड् - *n.* a companion, an intimate associate. मित्र, साथी (सङ्गी); **Comradeship** (-शिप्) -*n.* friendship. मैत्री, दोस्ती ।

Con-कॉन्-*v. t.* (*p. t.* **Conned**) to study carefully, to learn by heart. अच्छी तरह अध्ययन करना, कण्ठस्थ करना ।

Conation-कोने'-शन्-*n.* the effort of willpower. इच्छाशक्ति का प्रयत्न ।

Concatenate-कन्'-कॅट्-इन्'-एट्-*v. t.* to link together. संयुक्त करना, जोड़ना; **Concatenation** (-ए'-शन्)-*n.* series of links which are united together. जुड़ी हुई कड़ियों की जंजीर।

Concave-कॉन्'-केव् - *adj.* curved, hollow, vaulted or arched. नतोदर, खोखला; **Concavely** (-केव्-लि)-*adv.* in a concave manner. नतोदर रूप में; **Concavity** (- कॅव्-इट-इ) -*n.* hollowness. खोखलापन, नतोदरता ।

Concavo-कॉन्-के-वो-*adv. in comb.* concavely. नतोदर रूप में; **Concavo-concave** (what is concave on both sides) दोनों ओर नतोदर; **Concavo-convex** (concave on one side and convex on the other.) एक ओर उन्नतोदर तथा दूसरी ओर नतोदर ।

Conceal-कन्सील्'-*v. t.* to keep secret, to hide. छिपाना, गुप्त रखना; **Concealed** (-ड्) -*adj.* kept secret. गुप्त, गूढ़; **Concealment** (-मेन्ट्)-*n.* secrecy, disguise. गोपन, छिपाव ।

Concede-कन्सीड्-*v. t.* to allow, to admit. स्वीकार करना, अङ्गीकार करना ।

Conceit-कन्सीट्-*n.* personal vanity, fanciful notion. अहङ्कार (घमण्ड), मिथ्या विचार; -*v. t.* to imagine. अनुमान करना; **Conceited** (-ऍड्)-*adj.* vain, proud. घमण्डी, अभिमानी; **Conceitedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* in a conceited manner. अभिमान से, अहङ्कार से ।

Conceivable-कन्सीवेब्ल् - *adj.* imaginable. विचारणीय ।

Conceive-कन्सीव्'-*v. t.* & *i.* to become pregnant, to imagine, to fancy, to think. गर्भ धारण करना, विचारना, अनुमान करना, ध्यान में लाना ।

Concent-कन्सन्ट्-*n.* harmony. समन्वय ।

Concentrate-कॉन्-सेन्-ट्रेट-*v. t.* & *i.* to bring to a common point or centre, to think intensely. एक केन्द्र में लाना, चित्त में एकाग्र करना; **Concentration** (-ट्रे'-शन्)-*n.* act of concentrating. चित्त की एकाग्रता, समाधि; **Concentrative** (-इव्) -*adj.* tending to concentrate. एकाग्रचित्त होनेवाला ।

Concentre-कन्सेंण्टर् -*v. t.* & *i.* to come or bring to a common centre, to coincide. एक केन्द्र में होना या करना, ठीक बैठना ।

Concentric-कन्सेण्ट्रिक-*adj.* having a common centre. एक केन्द्र का; **Concentrically** (-ट्रिक-अल्-लि)-*adv.* एक केन्द्रीभूत होकर ।

Concept-कॉन्' - सेप्ट् -*n.* general notion. सामान्य विचार; **Conception** (-सेप्-शन्)-*n.* formation of foetus, act of conceiving, idea. गर्भधारण (गर्भाधान), विचार, धारणा; **Conceptive** (-इव्)-*adj.* mentally conceiving. मन में धारण करनेवाला; **Conceptual** (-यू-अल्)-*adj.* pertaining to mental conception. मन की भावना सम्बन्धी ।

Concern - कन्सर्न्' - *n.* business, interest, anxiety, an object. व्यापार, अभिरुचि, चिन्ता, विषय;-*v. t.* to relate to, to affect, to interest oneself with. सम्बन्ध रखना, प्रभाव होना, रुचि होना; **Concerned** (-ड्)-*adj.* anxious. चिन्तित; **Concerning** (इङ्ग्) - *prep.* about, in regard to. लिये, विषय में; **Concernment** (-मेन्ट्) -*n.* affair, interest, importance. विषय, रुचि, महत्त्व ।

Concert-कॉन्सर्ट् -*n.* agreement, union, combination of sounds, musical entertainment. मेल, योग, एक ताल, संगीत; -*v. t* (-सर्ट्') to arrange together, to adjust क्रम में रखना; **Concert hall** (a hall for musical entertainment.) सङ्गीतशाला ।

Concession-कन्सेशन् - *n.* act of conceding, a grant. सुविधा प्रदान, छूट, रियायत, अनुदान।

Concessive-कन्सेसिव्-*adj.* expressing or implying concession. अनुमोदन-सूचक, रियायती ।

Conch-कॉङ्क्-*n.* the shell-fish, shell-trumpet, external ear. शंख (घोंघा, कौड़ी), कान का बाहरी भाग ।

Conciliate-कन्सिलिएट-*v. t.* to pacify, to win over, to reconcile. शान्त करना, सान्त्वना देना, मनाना; **Conciliation** (-ए'-शन्)-*n.* act of conciliating. सान्त्वना, अनुरंजन; **Conciliative** (-इव्) -*adj.* reconciling. आराधना करने या मनाने योग्य; **Conciliatory** (-टरि)-*adj.* tending to conciliate. आराधक; **Conciliator** (-ए'-टर्)-सान्त्वना देनेवाला, अनुरंजक ।

Concinnity-कन्सिनिटि-*n.* elegance, neatness. सुन्दरता, स्वच्छता, सफाई ।

Concise-कन्साइज़्-*adj*. brief or cut short in speech or style, संक्षिप्त, अल्प; **Concisely** (-लि)- *adv*. in a brief manner. संक्षेप में; **Conciseness** (-नेस्)-*n*. quality of being brief, terseness. अविस्तार, संक्षेप ।

Concision-कन्सिजन्-*n*. same as Circumcision. मुसल्मानी, खतना ।

Conclamation-कॉन्-क्लीम्-ए'-शन्-*n*. shouting of several persons together. एक साथ बहुत से मनुष्यों का चिल्लाना ।

Conclave-कॉन्'-क्लेव्-*n*. meeting place, a private meeting or assembly. सभा-स्थान या भवन, गुप्त बैठक या सभा ।

Conclude-कन्-क्लूड् -*v. t. & i*. to bring to an end, to infer, to arrange, to resolve, to determine. समाप्त करना, अनुमान करना, क्रम में करना, निर्णय करना ।

Concluding-कन्क्लूडिंग् - *adj*. final. अन्तिम, आखिरी ।

Conclusion-कन्-क्लू' - जन् -*n*. termination, final result. समाप्ति (सिद्धि), परिणाम (अन्त); **In conclusion** (finally, in the end.) अन्ततोगत्वा, अन्त में ।

Conclusive-कन्-क्लू'-सिव्-*adj*. decisive, convincing. निश्चित्, समर्थक; **Conclusively** (-सिव्-लि) -*adv*. in a convincing manner. निश्चय के साथ ।

Concoct-कन्-कॉक्ट्'-*v. t*. to devise, to plot, to plan, to make up of mixed ingredients. रचना करना, षड्यंत्र रचना, काढ़ा (क्वाथ) बनाना; **Concoction** (-कॉक्'-शन्) -*n*. devising. रचना. पाक, काढ़ा ।

Concolorous-कन् - कलरस् -*adj*. of uniform colour. समान (एकसा) रङ्ग का ।

Concomitance (-cy) - कन्-कॉम्' - इट् - ऑन्स् (-सि)-*ns*. co-existence. समन्वय, समयोग; **Concomitant**(-ऑन्ट्)-*adj*. going together. सहगामी; **Concomitantly** (-ऑन्ट्-लि) -*adv*. in a co-existing manner. एक साथ ।

Concord-कॉन्'-कॉर्ड्-*n*. agreement, harmony, treaty. एकता, संयोग, मेल; **Concordance** (-ऑन्स्)-*n*. agreement. एकता, सादृश्य; **Concordant** (-ऑन्ट्) -*adj*. suitable, harmonious. अनुरूप (सदृश), सुरीला; **Concordantly** (-ऑन्ट्-लि) -*adv*. harmoniously. एक सुर में ।

Concourse-कॉन्'-कोर्स -*n*. a confluence, a crowd, an assembly. सङ्गम (समूह), भीड़-भाड़, मण्डली, संघ ।

Concrescence-कन्-क्रे-सन्स् - *n*. a growing together. एक साथ उगना या बढ़ना, सह वृद्धि ।

Concrete-कन्-क्रीट्'-*adj*. existing in material form, real. राशिभूत, साकार (इन्द्रियों से जानने योग्य); - *n*. a composition of gravel, cement &c. बरी चूने से बना हुआ मसाला;-*v. i. & t*. to unite into a mass, to solidify. राशिभूत होना, ठोस करना; **Concretely** (-लि)-*adv*. in a concrete manner. पदार्थरूप में, साकार ।

Concretion-कॉन्-क्री'-शन्-*n*. a mass of solid particles. ठोस पदार्थ ।

Concubinage-कॉन्-क्यु-बिन्-एज् -*n*. the state of being a concubine. वेश्यापन;**Concubinary** (-अ-रि) -*adj*. living in concubinage. वेश्या-गमन करनेवाला ।

Concubine-कॉन्' - क्यु - बाइन्-*n*. a woman living with a man without marriage, a woman who cohabits without marriage. बिना विवाह के ही दूसरे पुरुष के साथ रहने तथा मैथुन करनेवाली स्त्री ।

Conculcate-कॉन्-कल्' -केट्' -*v. t*. to trample under feet. पैरों से कुचलना ।

Concur-कॉन्-कर्'-*v. i*. (*p. t*. **Concurred**) to coincide, to meet at a point, to agree. एकत्र होना, समागम करना, मिलना; **Concurrence** (-ऍन्स्) -*n*. joint action, union, assent. संयुक्त कार्य, मेल, सहमति; **Concurrent** (-रॅन्ट्) -*adj*. existing together, agreeing. एकीभूत, सहमत; **Concurrent list** समवर्ती सूची; **Concurrently** (-रॅन्ट्-लि) -*adv*. with concurrence. संयुक्त रूप में, एक साथ ।

Concuss-कॉन्-कस्'-*v. t*. to shake violently. वेग से हिलाना; **Concussion** (-कशन्) -*n*. effect of a shock, agitation. धक्का, संक्षोभ (झटका) ।

Condemn-कण्डेम्-*v. t*. to blame, to give judgement against, to doom. निन्दा करना, विरुद्ध निर्णय देना, अपराधी ठहराना; **To condemn to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड देना; **Condemnable** (-नें-बल्)-*adj*. blamable. दोषी ठहराने योग्य, दण्डनीय; **Condemnation** (-नें-शन्)-*n*. judicial conviction, the state of being condemned. अपराध का अदालती निर्णय, दण्ड; **Condemnatory** (-नें-टर्-इ)-*adj*. expressing condemnation. (वध योग्य), अपवादजनक; **Condemned** (ड्) -*adj*. guilty. अपराधी ।

Condensation-कण्डेन्सेशन्-*n*. concentration. जमाव, गाढ़ापन ।

Condense-कण्डेन्स्-*v. t*. to compress, to con-

centrate, to reduce into a denser form. घना करना, गाढ़ा करना, जमाना; *-v. i.* to become dense. गाढा होना; **Condensed** (-ड्) *-adj.* close, compressed. घना, संक्षिप्त; **Condenser** (-अर्)*-n.* an apparatus to condense vapour into liquid. भाप को द्रवमें बदलने का यन्त्र, संघनक।

Condescend-कॉन्-डिसें-न्ड्'*-v. i.* to be kind, to stoop, to waive one's rank. कृपा करना, झुकना, पद कम करना; **Condescending** (-इङ्ग्) *-adj.* marked by condescension. अभिमान त्यागे हुए (विनीत); **Condescension**-(-सॅन्'-शन्)*-n.* patronizing manner. परिपोषकता, कृपा; **Condescendingly** (-इ-ङ्ग्-लि) *-adv.* in a condescending manner. कृपापूर्वक।

Condign-कण्डाइन्- *adj.* adequate, merited, deserved. उचित (अनुरूप), योग्य ; **Condignly** (-लि) *-adv.* according to desert. योग्यतानुसार ; **Condignness** (-नेंस्) *-n.* agreeableness, fitness. अनुरूपता, योग्यता ।

Condiment-कॉन्'-डि-मेंन्ट्-*n.* seasoning used to give flavour to food, sauce. मसाला, छौंकनी, चटनी।

Condite-कॉन्'-डाइट्'*-v. t.* to preserve, to pickle. अचार, मुरब्बा इत्यादि बनाना।

Condition-कण्डिशन्-*n.* state, position, attribute. अवस्था, स्थिति, गुण ; *-v. t.* to make terms, to stipulate. शर्त लगाना ; **Conditional** (-अल्) - *adj.* dependent. अधीन (आश्रित); **Conditionally** (-अलि) *-adv.* with certain limitations. कुछ शर्तों के अन्तर्गत;**Conditioned** (-ड्)*-adj.* having specified disposition, circumstanced. स्थिर अवस्था का, घटित; **Conditions of service** (conditions on which a man is employed.) सेवा की शर्तें।

Condolatory - कण्डोलॅटरि - *adj.* expressing grief for others. समवेदना प्रकट करनेवाला।

Condole-कण्डोल्-*v. i.* to express sympathy for. दुःख में सहानुभूति प्रकट करना ; **Condolence** (-ऍन्स्)*-n.* expression of grief. शोक-प्रकाश, विलाप ।

Condonation-कॉन् - डोन् - ए'-शन्-*n.* act of forgiving, forgiveness. अपराध क्षमा करने का कार्य, क्षमा-प्रदान ।

Condone - कण्डोन् - *v. t.* to forgive, to pardon, to overlook. क्षमा करना।

Conduce-कण्ड्यूस्-*v. i.* to lead, to contribute. प्रवृत्त करना, उत्पादन करना; **Conducible,** (-इ-ब्ल्), **Conducive** (-इयूस्-इव्) *-adjs.* promoting बढ़ानेवाला (सहायक, उत्पादक);

Conduciveness (-इव्-नेंस्) *-n.* the quality of conducing. उत्पादन, बढ़ती, प्रेरणा।

Conduct-कॉण्डक्ट्-*n.* guidance, behaviour, mode of action. निर्वाह, व्यवहार, चरित्र, आचरण; *-v. t.* (कण्डक्ट्) to lead, to guide, to direct, to manage, to govern, to behave. मार्ग दिखाना, आचरण करना, प्रबन्ध करना, शासन करना, व्यवहार करना; **Conductibility** (-इब्-इल्-इट्-इ) - *n.* capability of being conducted. प्रवाहकत्व, संचरणीयता।

Conductible-कण्डक्टिब्ल्-*adj.* what may be conducted. प्रवाह के योग्य;**Conduction**(-डक्'-शन्) *-n.* transmission. प्रवाहकत्व, संचालन; **Conductive** (-इव्)*-adj.* having transmitting power. प्रवाहक शक्ति का;**Conductivity** (-इव्-इट्-इ)*-n.* power of conducting. प्रवाहक या संचालक शक्ति।

Conductor-कण्डक्टर् - (*fem.* **Conductress**-ट्रेस्)*-n.* one who guides, medium for the transmission of electricity. नायक, नेता, प्रबन्धकर्त्ता, बिजली का संचालक; **Conductor of heat** (that which transmits heat.) उष्णता का प्रवाहक या संचालक।

Conduit-कान्'-डिट्-*n.* a pipe or channel for conveying liquids. जल-प्रणाली, पानी की मोरी।

Cone-कोन्-*n.* a solid circular figure tapering to a point. शंकु, नोकदार आकृति।



Cone.

Coney-कोनी - *n.* a kind of hare. एक प्रकार का खरगोश।

Confabulate-कान् - फ़ैब्-यु - लेट्' - *v. i.* to chat. बकबक करना; **Confabulation** (-ले'-शन्)*-n.* a familiar talk. सामान्य बातचीत।

Confection-कॉन् - फ़ेक्' - शन् *-n.* preserved sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा ; **Confectioner** (-अर्) *-n.* one who makes or sells sweetmeats. हलवाई, मुरब्बा बनानेवाला; **Confectionery** (-अ-रि)*-n.* sweetmeats in general. मिठाइयाँ।

Confederacy-कन्फ़ेडॅरॅ-सि-*n.* alliance, conspiracy, a league. सन्धि, षड्यंत्र, मेल।

Confederate-कन्फ़ेडॅरेट्-*n.* & *adj.* an ally, allied. मित्र (सहायक, सहकारी), संयुक्त;*-v. t.* to bring into alliance. एकत्र करना, संघटन करना, संयुक्त करना; **Confederation** (-ए'-शन्)*-n.* an alliance, a league or compact संघटन, मण्डल।

Confer-कॅन्-फर्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Conferred**) to grant, to bestow, to converse. देना (प्रतिपादन करना), सलाह करना, बात करना; **Conferrable** (-ऐं-बुल)-*adj*. able to be conferred. देने योग्य; **Conferment** (-मेन्ट्)-*n*. bestowal. प्रतिपादन।

Conference-कॉन्-फर् - ऐंन्स्-*n*. consultation, assembly. संवाद (सम्भाषण, बातचीत), सम्मेलन; **Conferential** (-ऐंन्-शूल), **Conferrable** (-ऐं-बुल) -*adjs*. relating to a conference. सम्मेलन सम्बन्धी।

Conferring-कॉन्-फर्'-रिङ्ग्-*n*. consultation, bestowal. विचार, प्रतिपादन।

Confess-कन्-फ़ेस्-*v. t. & i.* to acknowledge, to declare one's sins. स्वीकार (अंगीकार) करना, पापों को कह देना; **Confessedly** (-स्इड-लि)-*adv*. admittedly. स्वीकार करते हुए; **Confession** (-फ़ेशन्) - *n*. acknowledgement. स्वीकार (अंगीकार, प्रकाशन); **Confessor** (-सर्) -*n*. one who confesses. दोष स्वीकार करनेवाला।

Confetto-कॉन्-फ़ॅट्'-ओ-*n*. (*pl*. **Confetti**-टि) coloured paper thrown at wedding. विवाह के समय फेंके हुए रङ्गीन कागज के छोटे-छोटे टुकड़े।

Confidant-कॉन्फ़िडॅण्ट्-*n*. one who is entrusted with secrets. विश्वासपात्र, विश्वासी पुरुष।

Confide-कॉन्-फ़ाइड्-*v. i. & t.* to trust, to impart secret to. विश्वास करना, श्रद्धा करना, प्रतीति करना, रहस्य कहना।

Confidence-कॉन्'-फ़िड् - ऐंन्स्-*n*. firm belief, faith, expectation, boldness. दृढ़ विश्वास (निश्चय), आशा, साहस; **Want of confidence**. विश्वास का अभाव।

Confident-कॉन्-फ़िड्-ऐंन्ट्-*adj*. fully trusting, positive, bold. पूरा विश्वस्त, स्थिर, साहसी; **Confidently** (-लि)-*adv*. in a confident manner. निश्चय करके, निश्चित ढंग से।

Confiding-कन्फ़ाइडिङ्ग-*adj*. credulous. विश्वस्त।

Confidential - कॉन् - फ़िड्' - ऐंन् - शल् -*adj*. private, trustworthy. गुप्त, विश्वस्त; **Confidentially** (-लि)-*adv*. privately. गुप्तरूप से; **Confidently** (-लि) -*adv*. in a confident manner. निश्चय या विश्वासपूर्वक।

Configuration-कॅन्-फ़िग्-अ-रे'-शन्-*n*. mode of arrangement, outline. आकार, रूप, मूर्ति, खाका, ढाँचा।

Configure-कॉन्-फ़ि-गर् -*v. t.* to give shape to. रूप या आकृति देना।

Confine-कॅन् - फ़ाइन्-*n*. border-land. सीमा-प्रान्त; -*v.t. & i.* (-कॉन्-फ़ाइन्') to keep within limits, to imprison, to be in child-bed. सीमा प्रान्त में रहना, बन्द करना, क़ैद करना, सौरी में होना; **Confinement** (-मेंन्ट्)-*n*. imprisonment, restraint. बन्दी करन, रोक।

Confirm - कन्फ़र्म्' - *v. t.* to ratify, to corroborate, to establish. दृढ़ करना (स्थिर करना), प्रमाणित करना, स्थापित करना; **Confirmation** (-ऐ-शन्)-*n*. corroboration, rite administered to a baptized person. प्रमाणीकरण, नामकरण संस्कार; **Confirmative** (-ऐट्-इव्)-*adj*. serving to confirm. दृढ़ करनेवाला; **Confirmatively** (-लि) -*adv*. in a confirming manner. दृढ़तापूर्वक; **Confirmatory** (-ऐटरि)-*adj*. confirming, serving to confirm. स्थिर करनेवाला; **Confirmed** (-ड्) -*adj*. established, fixed. स्थिर।

Confiscable-कॉन्-फ़िस्-के-बल्-*adj*. liable to forfeiture. अपहरण के योग्य।

Confiscate-कॉन्-फ़िस्-केट्'-*v. t.* to seize by authority. ज़ब्त करना, राज्याधिकार में करना; **Confiscation** (-के-शन्)-*n*. forfeiture. सर्वस्व अपहरण।

Conflagration-कॉन्-फ़्ल-ग्रे-शन् - *n*. a great burning or destructive fire. बड़ी (प्रचण्ड) आग; **Forest conflagration** (burning of forest.) दावानल।

Conflation - कन्फ़्लेशन्-*n*. fusing together of two different readings or metals. भिन्न पाठान्तरों को मिलाना या धातुओं को एक साथ गलाना, सम्मिश्रण, संयोजन।

Conflict-कॉन्'-फ़्लिक्ट्-*n*. fight, struggle, contest. युद्ध, विरोध (कलह), झगड़ा; -*v. i.* (-फ़्लिक्ट्') to struggle. युद्ध करना, झगड़ना; **Conflicting** (-इङ्ग) -*adj*. contradictory. विरुद्ध, परस्पर विरोधी; **Confliction** (-फ़्लिक्-शन्) -*n*. struggle. विवाद, कलह।

Confluence-कॉन्' - फ़्लू - अन्स् - *n*. a stream uniting with another, concourse. नदी का संगम।

Confluent-कॉन्'-फ़्लू-अन्ट् - *adj*. flowing together. एक साथ बहता हुआ।

Conflux-कॉन्' - फ़्लक्स्-*n*. a confluence, a crowd. सङ्गम, भीड़।

Conform-कन्फ़ॉर्म्'-*v.t. & i.* to make similar, to adapt, to comply with, to obey. अनुरूप करना, समान करना, सहमत होना, आज्ञा मानना; **Conformability** (-ऐबिलिटि) *n*. condition of being adapted. समानता।

Conformable - कन्-फ़ार्-मेंबल्-*adj*. agreeable; similar to, adopted. अनुरूप, समान, सदृश; **Conformably** (-एब्-लि) -*adv*. in a con-

formable manner. अनुसार, अनुरूपता से; **Conformation** (-ए'-शन्)-*n.* form, structure. आकार, रचना, बनावट।

Conformist-कॉन्-फॉर्म्-इस्ट्-*n.* one who conforms or complies with usages of the Church of England. इङ्गलैण्ड के गिरजाघर का अनुयायी।

Conformity-कॉन्-फॉर्म्'-इट्-इ-*n.* likeness, congruity, compliance. अनुरूपता, समानता, आज्ञा पालन; **In conformity with** (according to.) अनुसार, अनुरूप।

Confound-कन्फाउन्ड'--*v. t.* to defeat, to put to perplexity, to mix up, to confuse, to throw into disorder. हराना, व्याकुल करना, मिलाना, घबड़ाना; **To confound by argument** (to put to silence in argument.) वाद-विवाद में मुँह बन्द कर देना; **Confounded** (-एड्) -*adj.* astonished. व्याकुल, चकित; **Confounding** (-इङ्ग्)-*adj.* सन्देहजनक।

Confraternity-कॉन्-फ्र-टर्'-निट्-इ-*n.* brotherhood. बन्धुत्व, भाईचारा।

Confront-कन्फ्रन्ट्'-*v. t.* to meet face to face, to oppose, to compare. सम्मुख होना, सामना करना, मिलाना; **Confrontation** (-ए'शन्) -*n.* act of bringing face to face. सम्मुख आगमन।

Confusable-कन्फ्यूज़ेब्ल्-*adj.* able to be confused. व्यग्र करने योग्य।

Confuse-कन्फ्यूज़्'-*v. t.* to throw into disorder, to disconcert, to abash, to perplex. व्याकुल करना (घबड़ाना), लज्जित करना, गड़बड़ करना।

Confused-कन्फ्यूज़्ड्'-*adj.* perplexed. सम्भ्रान्त, व्याकुल; **Confusedly** (-लि)-*adv.* भ्रमपूर्वक, व्याकुलता से; **Confusedness** (-नेस्)-*n.* perplexity. व्याकुलता, घबड़ाहट।

Confusion-कन्फ्यूज़न्-*n.* disorder, tumult. व्याकुलता, व्यग्रता (गड़बड़ी)।

Confutation-कॉन्फ्यूटेशन्'-*n.* act of confusing, refutation. खण्डन।

Confute-कन्फ्यूट्-*v. t.* to prove to be false, to disprove. झूठा सिद्ध करना, असिद्ध करना।

Conge-कॉन्-जे-*n.* farewell. विदाई।

Congeal-कन्जील्-*v. t.* to freeze, to coagulate, to solidify. गाढ़ा करना, जमाना; **Congealable** (-ऐ-बल्)-*adj.* able to be congealed. जमाने योग्य; **Congealment** (-मेन्ट्)-*n.* quality of being congealed. जमाने की क्रिया।

Congelation-कॉन्जिलेशन्-*n.* congealed state. जमी हुई स्थिति।

Congener-कॉन्जिनर्-*adj.* akin, allied. सजाति, समान।

Congeneric-कॉन्जिनरिक्--*adj.* of the same genus, origin or kind. एक ही जाति या प्रकार का।

Congenerous-कॉन्-जेन्'-अर्-अस्-*adj.* of the same genus, kind or family. एक ही जाति या वंश का।

Congenial-कन्-जीन्'-इ-अल्-*adj.* of the same nature, kindred, sympathetic. समान प्रकृति का, सधर्मी (सदृश), सहानुभूति रखनेवाला; **Congenial to health** (agreeable to health.) स्वास्थ्यकर; **Congeniality** (-अल्-इट्-इ)-*n.* the state of being congenial. सधर्मता, अनुरूपता।

Congenital-कन्-जेन्'-इट्-अल्-*adj.* existing from birth. साथ उत्पन्न हुआ, जन्मजात।

Congest-कन्जेस्ट-*v. i.* to accumulate to excess. अधिक परिमाण में सञ्चित (इकट्ठा) होना; **Congestion** (-जेशन्)-*n.* abnormal accumulation of blood in any part of body. किसी अंग में रुधिर का अधिक सञ्चय।

Conglobate-कॉन्-ग्लोब्-एट्-*v. t.* to collect or form into a ball. गोली बनाना, एक पिण्ड करना।

Conglomerate-कन्-ग्लॉम्'-अर्-एट्-*adj.* gathered into a ball or mass. एक पिण्ड; **Conglomeration** (-ए'-शन्)-*n.* accumulation. पिण्ड भवन, एकीकरण।

Conglutinate-कॅन्-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to stick together with glue. सरेस से चिपकाना या बैठाना; **Conglutination** (-ए-शन्)-*n.* union. संयोग, संधि।

Congratulate-कॅन्-ग्रैट्'-यू-लेट्-*v. t.* to address with sympathetic joy. अभिनन्दन करना, धन्यवाद देना, बधाई देना; **Congratulation** (-ले'-शन्)-*n.* the act of rejoicing. अभिनन्दन, बधाई; **Congratulatory** (-लेटरि)-*adj.* concerning congratulation. बधाई सूचक; **Congratulator** (-ले'-टर्)-*n.* one who expresses congratulation. बधाई देनेवाला।

Congregate-कॉङ्ग्-ग्रि-गेट्-*v. t.* & *i.* to collect or gather together, to come together, to assemble. इकट्ठा करना, एकत्रित होना; **Congregation** (-गे-शन्)-*n.* a general assembly, an assemblage, a body assembled for religious worship. सभा (समाज), समुदाय, धार्मिक परिषद्; **Congregational** (-अल्)

-*adj.* pertaining to an assembly. समुदाय-सम्बन्धी ।

Congress-कॉङ्ग्'-ग्रेस्-*n.* assembly, national council. सभा (समाज), राजनीतिक संघ; **Congressite, Congressman**-*ns.* member of a congress. कांग्रेस का सभासद् ।

Congruence-काङ्ग्रूएँन्स्-*n.* agreement. अनुरूपता, सादृश्य ।

Congruent-काङ्ग्रूएँन्ट्-*adj.* suitable, fit, agreeing. योग्य, अनुरूप ।

Congruity-कॉङ्ग्-ग्रू-इट्-इ-*n.* fitness, agreement. अनुकूलता, सादृश्य, अनुरूपता ।

Congruous-कॉङ्ग्-ग्रू-अस्-*adj.* suitable, fitting. अनुरूप, सदृश, योग्य; **Congruously** (-लि) -*adv.* in a consistent manner. अनुरूपता से ।

Conic-कॉन्'-इक्, **Conical**-कॉन्-इक्-अल् - *adjs.* of the shape of a cone. सूच्याकार, गावदुम; **Conically** (-अल्-लि) -*adv.* like a cone. गावदुम की तरह, शंक्वाकार ।

Conjecturable-कन्जेंक्चरेंबल् - *adj.* that may be guessed. कल्पनीय, तर्क के योग्य ।

Conjectural - कन्जेंक्चरल् -*adj.* imaginary. अनुमान योग्य; **Conjecturally**(-लि) - *adv.* in a conjectural manner. अनुमान से ।

Conjecture-कन्जेंक्चर्-*n.* a guess, a surmise. तर्क, अनुमान (कल्पना), अटकल; - *v. i.* to surmise, to guess. तर्क से विचार करना, अनुमान करना, अटकल लगाना ।

Conjoin-कन्-जॉइन्'-*v. t. & i.* to join together, to combine, to unite. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Conjoint** (-जॉइन्ट्) -*adj.* united, associated. जुटा हुआ; **Conjointly** (-लि)-*adv.* in a conjoint manner. परस्पर मिलकर, संयुक्त रूप में ।

Conjugal-कॉन्-जू-गल् - *adj.* pertaining to marriage. विवाह-सम्बन्धी; **Conjugal love** (affection of husband and wife.) दाम्पत्य प्रेम; **Conjugal fidelity**. सतीत्व, पतिव्रत-धर्म ।

Conjugate-कॉन्'-जू-गेट्-*v. t. & i.* to inflect verbs, to marry, to unite sexually. क्रियापद के रूप चलाना, विवाह करना, संभोग करना; -*adj.* joined together, derived from the same root. जुटा हुआ, एक ही क्रियापद से निकला हुआ; **Conjugation**(-गें-शन्)-*n.* joining together, a verbal inflexion. परस्पर मिलन, संयोग, क्रियापद के रूप; **Conjugational** (-गे'-शनल्) - *adj.* relating to conjugation. क्रियापद के रूप से सम्बन्धित ।

Conjunct-कॉन्'-जङ्क्ट्-*adj.* joined together, associated. संयुक्त, मिला हुआ; **Conjunctly** (-लि)-*adv.* in a conjunct manner. मिलाव से

Conjunction-कन्-जङ्क्-शन्-*n.* union, connection, assembly, (*gram.*) a joining word. योग, संसग (सङ्गम,) सभा,(व्या०)समुच्चय-बोधक अव्यय; **Conjunctional** (-अल्)-*adj.* relating to a conjunction. समुच्चय-बोधक अव्यय-सम्बन्धी ।

Conjunctiva-कॉन्-जङ्क्-टाइवा-*n.* the membrane which connects the inner eyeball with the eyelid. आँख के भीतरी भाग की झिल्ली ।

Conjunctive-कन्-जङ्क्ट्-इव्'-*adj.* serving to join. जोड़नेवाला; **Conjunctively**(-लि) -*adv.* in a conjunctive manner. जोड़ते हुए ।

Conjuncture-कन्-जङ्क्ट्'-चर्-*n.* a combination of events, occasion, a crisis. संयोग, घटना, अवसर ।

Conjuration-कन्-जूर्'ऍ-शन् - *n.* incantation, solemn appeal, magic spell. मन्त्र, शपथपूर्वक वचन, इन्द्रजाल ।

Conjure-कन्जूर्'-*v. t.* to appeal solemnly. निष्ठापूर्वक अनुरोध करना ।

Conjure-कञ्जर्'-*v. i.* to act by magical influence. जादू करना, मन्त्रवश करना; **Conjurer, Conjuror** (-अर्) -*ns.* a juggler, a magician. जादूगर, ओझा, मदारी, इन्द्रजाली ।

Connate-कॉन्'-नेट्-*adj.* innate, born together. स्वाभाविक, एक साथ उत्पन्न, सहजात ।

Connatural-कान्-नैट्-चुर्-अल्-*adj.* innate, of like nature, inherent. सहज, एक स्वभाव का, वंशगत ।

Connect - कनेक्ट्-*v. i. & t.* to join, to unite, to fasten together. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Connected**(-ऍड्)-*adj.* joined together. संबद्ध, जुटा हुआ; **Connectedly**(-ऍड्-लि) -*adv.* in a connected manner. जुटे हुए ढंग से; **Connectedness** (-ऍड्-नेस्)-*n.* unity. जुटाव, मेल; **Connecter, Connector** (-अर्)-*ns.* that which connects. जोड़नेवाला; **Connectible** (-इ-बल्)-*adj.* able to be united. जोड़ने योग्य; **Connecting** (-इङ्ग्), **Connective** (-इव्) -*adjs.* tending to connect. जोड़नेवाला ।

Connection, Connexion - कनेक्शन् - *ns.* relation, union, intimacy. मेल, मिलाप; **To cut the connexion** (to separate.) पृथक् करना; **Hot water connexions** (personal connexions of someone.) व्यक्तिगत सम्बन्ध ।

Connivance - कनाइवॅन्स्-*n.* act of winking at a fault, collusion. उपेक्षा, आनाकानी ।

Connive-कनाइव्' - *v. t.* to wink at. आँख मारना, आनाकानी करना ।

Connotate-कॉन्-नो-टेट्-*v. t.* to include in the meaning, to imply as a consequence. अर्थ सूचित करना, विशेषण को ध्यान में लाना; **Connotation** (-टे'-शन्) -*n.* inference. अनुमान; **Connotative** (-टेटिव्)-*adj.* implying an addition. आधिक्य-सूचक; **Connotatively**(-लि) -*adv.* by way of connotation. अनुमान से।

Connote-कॉ - नोट् - *v. t.* to connotate, to imply. अर्थ सूचित करना।

Connubial-कन्यू'-बि-अल्-*adj.* of marriage, conjugal. वैवाहिक, दम्पति-संबंधी; **Connubially** (-लि)-*adv.* conjugally. वैवाहिक रीति से।

Conquer-कॉङ्-कर् -*v. t. & i.* to gain by conquest, to overcome, to subjugate. विजय करना, जीतना, पराजित करना, वश में करना; **Conquerable** (-ऍ-बुल्) -*adj.* that may be overcome. जीतने योग्य; **Conqueror** (-अर्) -*n.* (*fem.* **Conqueress**) one who conquers, a victor. विजेता, विजयी, जीतनेवाला।

Conquest-कॉङ्'-क्वेस्ट्-*n.* subjugation of a country by arms, victory. बलपूर्वक किसी देश को अधीन करना, विजय।

Consanguine-कॉन्-सैंग्-विन्' -*adj.* of the same blood. सगोत्र,सपिण्ड; **Consanguinity** (-इट्-इ)-*n.* relationship by blood. सगोत्रता।

Conscience-कॉन्-शन्स् - *n.* moral sense of right and wrong. सद्विचार, बुद्धि, अन्तःकरण, सद्विवेक।

Conscientious-कॉन्श्यन्शस् - *adj.* obedient to conscience, scrupulous. अन्तरात्मा के आदर्शों को माननेवाला, शुद्धमति (न्यायवर्ती), पुण्यात्मा; **Conscientiously** (-लि) -*adv.* according to the dictates of conscience; शुद्ध अन्तःकरण से; **Conscientiousness** (-नेस्) -*n.* scrupulous with regard to the dictates of conscience. पुण्यशीलता, अन्तःकरण की शुद्धता।

Conscious-कॉन्-शस्-*adj.* aware, knowing. अभिज्ञ, सचेत; **Consciously** (-लि)-*adv.* in a sensible manner. ज्ञानपूर्वक; **Consciousness** (-नेस्) -*n.* awareness. ज्ञान, चेतना, बोध।

Conscribe-कन्स्क्राइब्' -*v. t.* to enlist for naval or military service by force. बलपूर्वक सेना में भरती करना।

Conscript-कन्स्क्रिप्ट - *n.* enrolled by conscription. सेना में भरती किया हुआ मनुष्य, नई भरती; **Conscription** (-स्क्रिप्' -शन्) - *n.* compulsory enrolment for naval or military service. फ़ौज में जबरदस्ती भरती करना।

Consecrate-कॉन्सि-क्रेट् -*v. t.* to set apart as sacred, to hallow, to sanctify. धार्मिक कार्य के लिए उत्सर्ग कर देना, पवित्र करना (संस्कार करना), प्रतिष्ठा करना; **Consecration** (-क्रे'-शन्)-*n.* dedication, sanctification. उत्सर्ग, पवित्रीकरण संस्कार; **Consecrator**(-अर्) -*n.* one who dedicates, one who sanctifies. उत्सर्ग करनेवाला, पवित्र करनेवाला।

Consecution-कॉन्सिक्यूशन् -*n.* sequence of events. परम्परा, घटनाक्रम।

Consecutive-कन्सिक्यूटिव् - *adj.* following in order. निरन्तर (लगातार), क्रमागत; **Consecutively** (-टिव्-लि) -*adv.* in a consecutive manner. यथाक्रम, क्रम से; **Consecutiveness** (-नेस्) -*n.* the state of being consecutive. अनुपूर्वता।

Consensus-कन्सेन्सस्-*n.* agreement, unanimity. अनुकूलता, एकमत।

Consent-कन्सेन्ट्-*v. i.* to agree, to yield, to comply. सहमत होना, मान लेना, स्वीकार करना; -*n.* (कॉन्' -सेन्ट) compliance, permission. सम्मति, इच्छा; **Previous consent.** पूर्वसम्मति; **Silence gives consent.** चुप रहना स्वीकृति का चिह्न होता है; **With one consent** (unanimously.) एकमत होकर।

Consentient-कन्सेन्श्यण्ट्-*adj.* agreeing, concurrent. एकमत, एकचित्त।

Consentingly-कन्सेण्टिङ्गलि-*adv.* with consent. सम्मतिपूर्वक।

Consequence-कॉन्सि-क्वेन्स्-*n.* result, importance, rank. फल, परिणाम, महिमा, प्रभाव; **In consequence of** (as a result of.) इस कारण से, इस हेतु से; **Of no consequence** (useless, of no avail.) निष्फल, निरर्थक, व्यर्थ।

Consequent-कॉन्'-सि-क्वन्ट्-*n. & adj.* event that follows another, following as a natural effect. घटना-फल, अनुवर्ती, आनुषंगिक, अनुगामी; **Consequential** (-क्वेन्' -श्यल्)-*adj.* following as the effect. आनुषंगिक, अनुवर्ती; **Consequentiality** (-श्यलिटि) -*n.* inference. अनुगमन; **Consequently** (-लि) -*adv.* as a result, in consequence. इस हेतु से, तदनुसार, अतः।

Conservancy-कन्सर्वेन्सि - *n.* official preservation. अधिकारिक संरक्षण, पालन।

Conservation - कन्सर्वेशन् -*n.* preservation. सुरक्षित रखने का कार्य।

Conservative-कन्सर्वेटिव्-*adj. & n.* preservative, moderate, disposed to maintain existing institutions. स्थितिपालक, परिवर्तन का विरोधी (नवविद्वेषी, सनातनी), लकीर का फकीर, नियम के बदलने का विरोध करनेवाला।

Conservator-कन्-सर्-वेटर् *-n.* one who preserves from injury. रक्षक, पालक; **Conservatory** (-वेटरि)*-n.* a green-house. कोमल वनस्पतियों के रखने का रक्षागृह ।

Conserve-कन्सर्व् *-n.* a preserve of fruits, a jam. अचार, मुरब्बा; *-v. t.* to preserve. सुरक्षित रखना ।

Consider-कन्सिडर्-*v. t.* to contemplate, to reflect, to reckon, to be of opinion, to regard. समझना, तर्क करना, निरूपण करना, विचार करना, जानना; **Considerable** (-एँ-बल) *-adj.* notable, important, great. मान्य, अधिक, पूज्य, बड़ा; **Considerably** (-एँब्'-लि)*-adv.* to a great extent. अति, अत्यन्त, बहुत, विशेष रूप से; **Considerate** (-एट्) *-adj.* thoughtful, regardful. विचारवान्, दूरदर्शी ।

Considerately-कन्सिडरेट्लि-*adv.* with consideration, thoughtfully, seriously. दूरदर्शिता से, विचारपूर्वक, गम्भीरता से; **Considerateness** (-एट्-नेस्) *-n.* thoughtfulness. दूरदर्शिता ।

Consideration-कन्सिडर्-रे'शन्-*n.*deliberation, meditation, compensation, reward, thoughtfulness for others. विचार-विमर्श, ध्यान, क्षति-पूर्ति, पुरस्कार, दूसरों के लिये विचार; **In consideration of** (in return of.) बदले में; **To take into consideration** (to consider.) विचार करना ।

Considering-कन्सिडरिंग् *-prep.* in view of. विचार करते हुए, समझते हुए ।

Consign-कन्साइन् - *v. t.* to hand over, to deliver, to transmit. सौंपना, देना (अर्पण करना), भेजना; **Consignable** (-एँ-बल्) *-adj.* capable of being consigned भेजने योग्य; **Consignation** (-सिग्-ने-शन्)*-n.* payment of money to authorized person. नियुक्त मनुष्य को रुपया देना; **Consignee** (कन्साइनी) *-n.* one to whom goods are sent. जिसके पास माल भेजा जाता है; **Consigner** (-साइन-अर्) (also **Consignor.**)*-n.* sender. माल भेजनेवाला; **Consignment** (-मेन्ट्) - *n.* goods consigned. भेजा हुआ माल ।

Consilient-कन्सिलिअण्ट्-*adj.* accordant, agreeing. अनुरूप ।

Consist-कन्सिस्ट् *-v. t.* to be composed of, to be comprised in. रहना, होना, मिलना; **Consistence**(-एँन्स्),**Consistency** (-एँन्'-सि) *-ns.* firmness, uniformity, solidity. दृढ़ता, अनुकूलता, घनता (गाढ़ापन, स्थिरता);**Consistent** (-एँन्ट्)*-adj.* compatible, firm. योग्य (अनुरूप), दृढ़; **Consistently** (-एँन्ट्-लि)*-adv.* in a consistent manner. स्थिरता से, योग्यतानुसार ।

Consociate-कॉन्-सो-शि-एट्-*v. t.* to associate together. परस्पर मिलना; *-adj.* associated. मिला हुआ; **Consociation** (-ए'-शन्)*-n.* fellowship. मिलाप, मित्रता ।

Consolable-कन्सोलेबल्-*adj.* capable of being consoled. ढाढ़स देने योग्य ।

Consolation-कन्सोलेशन्-*n.* act of consoling, comfort, solace. आश्वासन, धीरज, ढाढ़स ।

Consolatory-कन्सोलेटरि-*adj.* tending to console. सान्त्वना देने की प्रवृत्ति वाला ।

Console-कन्सोल्-*v. t.* to comfort, to soothe, to cheer in distress. आश्वासन देना, ढाढ़स देना, शान्ति देना ।

Consolidate-कन्सॉलिडेट् *-v. i.* & *t.* (*p. t.* **Consolidated**) to solidify, to strengthen, to combine into one. ठोस होना या करना, पुष्ट करना या होना, एक करना; **Consolidation** (-ए'-शन्)*-n.* uniting of several things into one. एकीकरण, चकबन्दी; **Consolidator**(-टर्) *-n.* one who consolidates. एकीकरण करनेवाला; **Consolidated Fund** (all revenue collected in one place.) संचित कोष ।

Consonance - कॉन्सोनन्स् - *n.* agreement, harmony, concord. अविरोध, अनुरूपता, एकलय, मेल ।

Consonant - कॉन्सोनण्ट् - *adj.* harmonious, agreeing in sound. अनुरूप, एक सुरवाला;*-n.* a letter which cannot be sounded without the help of a vowel. व्यंजन अक्षर; **Consonantal** (-अल्) *-adj.* of a consonant. व्यंजन अक्षर सम्बन्धी ।

Consort-कॉन्सॉर्ट्-*n.* husband or wife, companion. पति या पत्नी, संगी, साथी; - *v. t.* & *i.* to bring together, to associate, to join, to agree, to harmonize. संयुक्त करना, संगम करना, एकमत होना, एकलय में करना; **Prince-Consort** (husband of a reigning queen.) राज्य करनेवाली रानी का पति; **Queen-Consort** (king's wife.) रानी ।

Conspecific-कॉन्-स्पेसि-फि'-इक् *-adj.* of the same species. एक जाति का ।

Conspectus-कन्-स्पेक्ट्'-अस्-*n.* general view, synopsis. सामान्य दृश्य, सारांश, रूपरेखा ।

Conspicuity-कॉन्-स्पिक्-यू'-इट्-इ-*n.* clearness, prominence. स्पष्टता, विशिष्टता ।

Conspicuous-कन् -स्पिक्-यु -अस् *-adj.* clearly visible, remarkable. प्रत्यक्ष (स्पष्ट), उत्कृष्ट; **Conspicuously**(-लि)*-adv.* in a conspicuous manner. विशिष्ट रूप से, उत्कृष्टता से; **Cons-**

picuousness (-नेस्) -n. the state of being conspicuous. स्पष्टता, उत्कृष्टता ।

Conspiracy-कन्स्पिरैसि-*n.* a plot. कपट-प्रबन्ध, षड्यन्त्र, बलवाइयों का गुट्ट ।

Conspirator-कन्स्पिरेटर्-*n.* (*fem.* **Conspiratress.**) one who conspires. राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी ।

Conspire - कन्स्पायर् - *v. t. & i.* to plot, to devise. कपट-प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना, योजना बनाना ।

Conspue-कॉन्-स्प्यू'-*v. i.* to express hatred. घृणा दिखलाना ।

Constable-कॉन्'-स्टे-बुल्-*n.* a police officer, a policeman. पुलिस का सिपाही; **To outrun the constable** (to run into debt.) ऋणी होना।

Constabulary-कॉन्-स्टैब्' - यु - लॅ-रि-*n.* the organized body of constables. पुलिस के सिपाहियों का व्यवस्थित समूह ।

Constancy-कॉन्-स्टैन्-सि-*n.* firmness, endurance, unchangingness, faithfulness. दृढ़ता, सहिष्णुता, निश्चलता, निष्ठा ।

Constant-कॉन् - स्टैन्ट - *adj.* firm, resolute, faithful, permanent. स्थिर, अचल, दृढ़, निश्चल (नित्य, निरन्तर) ।

Constellate - कॉन्स्टलेट-*v. t.* to form stars into fixed groups, to cluster together. तारा-समूह रचना, झुण्ड बनाना ।

Constellation - कॉन्स्टलेशन-*n.* a number of fixed stars grouped together. नक्षत्रों का समूह, नक्षत्रमण्डल ।

Consternate-कॉन्-स्टर्-नेट्'-*v. t.* to dismay. घबरा देना, विस्मित करना; **Consternation** (-ने'-शन्)-*n.* terror, astonishment. भय, व्याकुलता ।

Constipate-कॉन् - स्टिप्-एट् - *v. t.* to confine bowels, to make costive. अवरोध करना, कोष्ठबद्ध करना; **Constipation** (-ए-शन्)-*n.* costiveness. मल का अवरोध, कोष्ठबद्धता (कब्ज) ।

Constituency-कॉन्-स्टिट्-यू-ऐन्-सि-*n.* a body of voters who elect a representative, an electorate. चुननेवालों का संघ, निर्वाचन-क्षेत्र; **Territorial Constituency** (regional electorate.) प्रादेशिक निर्वाचन-क्षेत्र ।

Constituent-कॉन् - स्टिट्' - यू-ऐन्ट्-*adj. & n.* composing, appointing, a component part, a **voter.** रचनेवाला, नियुक्त करनेवाला, मौलिक अंश, निर्वाचक; **Constituent Assembly.** संविधान-सभा ।

Constitute-कॉन्'-स्टिट्-यूट्'-*v. t.* to appoint, to establish, to make up. नियुक्त करना, स्थापित करना, निर्माण करना ।

Constituted-कॉन् - स्टिट्- यूट्'-ऐड्-*adj.* appointed, intended. नियुक्त किया हुआ, वाञ्छित ।

Constitution-कॉन्' - स्टिट्-यू - शन्-*n*, act of constituting, mental character, character of body, established form of government in a state, body of fundamental principles according to which a state is government. रचना (निर्माण, व्यवस्था), मानसिक अथवा शारीरिक प्रकृति, शासनक्रम; **Constitutional** (-शनल्) -*adj.* essential, of bodily or mental constitution. आवश्यक, प्रकृति या स्वभाव-सम्बन्धी ; **Constitutionalism** (-इज़्म्) -*n.* व्यवस्थित शासन-पद्धति; **Constitutionalist** (-अल् - इस्ट्) -*n.* व्यवस्थित शासन-पद्धति का अनुयायी ; **Constitutionally** (-अल्-लि)-*adv.* according to the constitution. व्यवस्थित शासनक्रम के अनुसार ; **Constitutionalize** (-अल्-आइज़्) -*v. t.* to make constitutional व्यवस्थित बनाना ।

Constitutive-कॉन्'-स्टिट्-यूट्-इव्-*adj.* essenti formative. आवश्यक, संगठन सम्बन्धी; **Constitutively** (-लि) -*adv.* in a constitutive manner. संगठित रूप से; **Constitutor** (-टर्) -*n.* person who constitutes. व्यवस्थापक ।

Constrain-कन्स्ट्रेन-*v. t.* to compel, to imprison. परवश करना, क़ैद करना; **Constrained** (-ड्)-*adj.* restrained, compelled. विवश, दबाया हुआ; **Constraint** (-ट्) -*n.* restraint, compulsion. रुकावट, विवशता ।

Constrict - कन्स्ट्रिक्ट् -*v. t.* to compress, to contract. दबाना, सिकोड़ना ; **Constriction** (-स्ट्रिक्'-शन्)-*n.* contraction. संकुचन, खिंचाव (दबाव); **Constrictive** (-इव्)-*adj.* tending to constrict. सिकोड़ने योग्य; **Constrictor** (-अर्) -*n.* a muscle that contracts. शरीर की वह पेशी जो किसी भाग को सिकोड़ती है ।

Constringe-कन्स्ट्रिन्ज्' -*v. t.* to draw together, to contract, to constrict. खींचना, सिकोड़ना; **Constringency** (-ऐन्'-सि)-*n.* contraction. सिकुड़न; **Constringent** (-ऐन्ट्) -*adj.* contractive. सिकोड़ने योग्य ।

Construct-कन्स्ट्रक्ट्-*v. t.* to frame, to build, to draw. निर्माण करना, रचना करना (बनाना), खींचना; **Construction** (-स्ट्रक्'-शन्)-*n.* act of constructing, thing constructed. रचना (निर्माण, विधान), बनावट; **Constructional** (-अल्)-*adj.* structural. रचना सम्बन्धी; **Constructive** (-इव्)—*adj.* formative, belonging to a building, virtual. बनानेवाली, बनावट

इमारत) सम्बन्धी, आवश्यक; **Constructively** (-इव्-लि)-*adv*. in a constructive manner. रचना-क्रम से; **Constructor** (-अर्) -*n*. one who constructs. बनानेवाला।

Construe-कन्स्ट्रू-*v. t.* to analyse, to translate, to explain, to interpret. परिच्छेद करना, व्याख्या करना, अर्थ करना, आशय कहना, अन्वय करना।

Consubstantial-कॉन्-सब्-स्टैन्शूल्-*adj*. of the same substance or essence. एक ही पदार्थ का एक मूर्ति (शरीर) ; **Consubstantiality** (-इट्-इ)-*n*. sameness of nature. प्रकृति की समानता; **Consubstantiate** (-शि-एट्)-*v. t.* to unite in one. एक मेल करना।

Consul-कॉन्-सल्-*n*.the title of magistrates in Roman Republic, a state agent. रोम देश का मजिस्ट्रेट, एलची, वाणिज्य-दूत।

Consular-कॉन् - स्यूल' - अर्-*adj*. relating to consuls. एलची सम्बन्धी; **Consulate** (-एट्) -*n*. the office of a Consul. एलची का दफ्तर।

Consult-कन्सल्ट्-*v. t. & i.* to seek information, to take into consideration, to ask advice of. सूचना प्राप्त करना, विचार करना, सम्मति लेना; **To consult one's pillow** (to reflect throughout the night.) रातभर विचार करना; **Consultable** (-ऍ-बुल्) -*adj*. that may be consulted. विचारणीय; **Consultant** (-ऑन्ट्) -*n*. one who consults. सम्मति देनेवाला; **Consulting** (-इङ्ग्) -*adj*. giving advice. सलाह देनेवाला; **Consultation** (-ए'-शन्) -*n*. act of consulting, conference. परामर्श, विचार, पञ्चायत; **Consultative** (-ऍट्-इव्) -*adj*. deliberative. चिन्तन योग्य।

Consume-कन्स्यूम्-*v. t. & i.* to make away with, to spend, to waste away. हटाना, व्यय करना, नष्ट करना; **Consumedly** (-ऍड्-लि)-*adv*. excessively. बहुतायत से; **Consumer** (-अर्)-*n*. one who consumes, a user. नियोजक, उपभोग करनेवाला, उपभोक्ता।

Consummate-कॉन्' - सम् - मेट्-*adj*. perfect, complete. पूर्ण, परम (उत्कृष्ट); -*v. t.* to perfect, to finish. पूर्ण करना, समाप्त करना ; **Consummately** (-मेट्-लि)-*adv*. perfectly. पूर्ण रीति से; **Consummation** (-मे'-शन्)-*n*. perfection, goal, end. (सिद्धि, समाप्ति, पूर्णता), लक्ष्य, अन्त; **Consummative** (-इव्) -*adj*. completing. पूर्ण करनेवाला।

Consumption-कन्-सम्प्'-शन्-*n*. act of using up, destruction, waste, a wasting disease. उपभोग, क्षय, नाश, यक्ष्मा (क्षय रोग); **Consumptive** (-सम्प्'-इव्)-*adj*. affected with consumption, wasting. क्षय रोग से ग्रस्त, नाश करनेवाला।

Contact-कॉन्'-टैक्ट्-*n*. condition of touching, close union. सम्पर्क, संयोग, लगाव; **To come into contact with** (to meet.) मिलना, टकराना; **To break contact** (to interrupt the current of electricity.) बिजली की धारा में रुकावट डालना।

Contagion-कण्टेजन्-*n*. communication of a disease from one body to another. छूत का रोग, स्पर्श-संचारक व्याधि।

Contagious-कण्टेजस्-*adj*. infectious. स्पर्श से रोग फैलानेवाली; **Contagiously** (-लि)-*adv*. in an infectious manner. स्पर्श से रोग फैलाते हुए; **Contagiousness** (-नेस्)-*n*. the state of being infectious. स्पर्श से रोग का फैलाव।

Contain-कण्टेन्-*v. t.* to comprise, to include, to be equal to, to enclose, to keep from moving. रखना, धरना, बराबर होना, लपेटना, गति रोकना; **Containable** (-ऍ-बुल्) -*adj*. that may be contained. धरने योग्य।

Contaminate- कण्टैमिनेट् - *v. t.* to pollute, to corrupt. दूषित करना (भ्रष्ट करना), अपवित्र या कलङ्कित करना ; **Contamination** (-ए-शन्) -*n*. pollution, defilement. भ्रष्टता, अपवित्रता।

Contemn-कण्टेम्-*v. t.* to despise, to disregard. घृणा करना, अनादर करना (उपेक्षा करना); **Contemner** (-नर्)-*n*. a despiser. घृणा या तिरस्कार करनेवाला।

Contemplate-कॉन्' - टेम् - प्लेट्-*v. t. & i.* to anticipate, to intend, to meditate. मनन करना, चिन्तन करना, विचार करना; **Contemplation** (-प्ले'-शन्) -*n*. meditation. ध्यान, चिन्ता, भावना, आलोचना; **Contemplative** (-टिव्)-*adj*. thoughtful, meditative. ध्यान में लीन, चिन्ता में लगा हुआ; **Contemplatively** (-टिव्-लि) - *adv*. meditatively. ध्यानपूर्वक; **Contemplativeness** (टिव्-नेस्)-*n*. ध्यानावस्था; **Contemplator** (-प्ले-टर्) -*n*. one who contemplates or meditates. विचार या चिन्ता करनेवाला।

Contemporaneity-कण्टेम्परेनीइटि-*n*. contemporariness. समकालीनता, एक ही समय का होना, समसामयिकता।

Contemporaneous - कण्टेम्परेनिअस् - *adj*. existing, happening or being at the same time. समकालीन,एक ही समय का; **Contemporaneously** (-लि) -*adv*. at the same time with other events. एक ही समय में होते हुए; **Contemporaneousness** (-एन्'-इ-

नस्-नेस्) *n.* state of being contemporary. समकालीनता

Contemporary -कण्टेम्परिरि-*adj. & n.* belonging to or living at the same time, equal in age. समकालिक (एक काल का), समवयस्क; **Contemporize** (-आइज़्) -*v. t.* to cause to agree in time. समकालीन बनाना ।

Contempt- कण्टेम्प्ट् - *n.* act of despising, disdain, scorn. तिरस्कार, अनादर, अपमान, घृणा, उपेक्षा; **Contemptibility** (-इबू-इल्-इट्-इ) -*n.* state of being contemptible. अनादरत्व; **Contemptible** (-इ-बूल) -*adj.* worthy of contempt, despicable. घृणा के योग्य; **Contemptibleness** (-इ-बूल्-नेस्)-*n.* तिरस्कार; **Contemptibly** (-इबू-लि)-*adv.* in a contemptible manner. तिरस्कार से; **Contempt of Court.** न्यायालय का अपमान ।

Contemptuous-कन्-टेम्प्ट्'-यू-अस्-*adj.* scornful, insolent. घृणित, तिरस्कार-युक्त; **Contemptuously** (-लि) -*adv.* with contempt. तिरस्कार या घृणा से; **Contemptuousness** (-नेस्)-*n.* scornfulness. तिरस्कार, घृणा ।

Contend- कण्टेण्ड् -*v. i. & t.* to strive, to compete, to argue, to maintain. विवाद करना, स्पर्धा करना, तर्क करना, हठ करना; **Contender** (-अर्) - *n.* a combatant, a champion. विवाद करनेवाला, योद्धा ; **Contending** (-इङ्ग्) -*adj.* opposing, struggling. विरोध करनेवाला, संघर्ष करनेवाला ।

Content-कण्टेण्ट्-*adj.* satisfied. सन्तुष्ट, प्रसन्न; -*v. t. & i.* to satisfy, to be satisfied. सन्तुष्ट करना, सन्तुष्ट या प्रसन्न होना; (कॉन्'-टेन्ट्)-*n.* satisfaction, capacity or volume. सन्तोष, तृप्ति, समाई, घन परिमाण;-*n. pl.* the summary or subject matter of a book. किसी पुस्तक की विषय सूची; **Contentation** (-ए'-शन्) satisfaction. सन्तोष; **Contented** (-ऍड्)-*adj.* satisfied. सन्तुष्ट; **Contentedly** (-ऍड्-लि) *adv.* in a contented manner. सन्तोष से; **Contentedness** (- ऍड्- नेस्) - *n.* satisfaction. सन्तोष; **Contentment** (-मेन्ट्) -*n.* gratification, acquiescence. सन्तोष, तृप्ति ।

Contention - कण्टेन्शन् - *n.* dispute, strife, quarrel, controversy. विवाद, कलह,वाग्युद्ध; **Bone of contention** (object of quarrel.) विवाद का विषय, विवाद की वस्तु ।

Contentious- कण्टेन्शस् - *adj.* quarrelsome, given to strife. विरोधी, कलहप्रिय; **Contentiously** (-लि)-*adv.* विरोध से; **Contentiousness** (-नेस्) - *n.* quarrelsomeness. विरोध, झगड़ा ।

Conterminal - कण्टर्मिनल्, **Conterminous** (-अस्) (also **conterminate.**) -*adjs.* having a common boundary. एक ही सीमावाला ।

Contest-कॉण्टेस्ट्-*n.* debate, strife, controversy. कलह, विवाद, वाग्युद्ध; -*v. t. & i.* (कण्टेस्ट्) to debate, to dispute. विवाद करना, झगड़ना; **Contestable** (-ऍ-बूल) -*adj.* controversial. विवाद योग्य; **Contestant** (-ऑन्ट्) -*n.* one who debates or contests. विवाद करनेवाला; **Contestation** (-ए'-शन्) -*n.* strife, dispute. विवाद, झगड़ा ।

Context - कॉन्' - टेक्स्ट् - *n.* the parts that precede or follow a passage and fix its meaning. सन्दर्भ, प्रकरण, प्रसङ्ग; **Contexture** (-टेक्स्ट्'-यूर्) -*n.* structure, composition. रचना, बनावट ।

Contiguity- कन् -टिग् -यू'- इट्- इ-*n.* contact, nearness. सम्पर्क, समीपता; **Contiguous** (-अस्) - *adj.* neighbouring, adjoining. पास या पड़ोस का, मिला हुआ; **Contiguously** (-अस्-लि)-*adv.* in a manner so as to adjoin. समीप रहते या मिलाते हुए ।

Continence- कॉन्'- टिन्- ऍन्स्-*n.* restraint of passions, self-command, temperateness, chastity. संयम, आत्मनियंत्रण, इन्द्रिय-दमन, अव्यभिचार ।

Continency- कॉन्'- टिन्-ऍन्स् - इ-*n.* restraint upon desires. आत्मसंयम ।

Continent- कॉन्'- टिन्- ऍन्ट् -*n.* a mainland, main continuous body of land. महाद्वीप; -*adj.* temperate, chaste. जितेन्द्रिय, संयमी; **Continental** (-अल्) -*adj.* pertaining to a continent. महाद्वीप सम्बन्धी ।

Continently-कॉन्'-टिन्-ऍन्ट्'- लि -*adv.* moderately, temperately, chastely. संयम से, नियम से ।

Contingency-कन्-टिन्'- जेंन्-सि -*n.* a fortuitous event. आकस्मिक घटना; **Contingency Fund.** आकस्मिकता-निधि ।

Contingent-कन्-टिन्'- जेन्ट्-*adj.* accidental, non-essential. संदिग्ध, अनिश्चित; - *n.* force contributed to form part of army. सेना-दल; **Contingently** (-लि) -*adv.* in a contingent manner. अनिश्चित रूप से ।

Continual-कण्टिन्युअल्-*adj.* without interruption, incessant. सतत, निरन्तर; **Continually** (-लि)-*adv.* without cessation, uninterruptedly. निरन्तर ।

Continuance - कण्टिन्युअन्स् -*n.* persistence, duration, continuity. स्थिरता, नित्यता, निरन्तरता ।

Continuation- कण्टिन्युएशन् -*n.* carrying on, extension. क्रम, विस्तार।

Continuator - कण्टिन्युएटर् - *adj.* one who writes in continuation of another's work. दूसरे की लिखी किसी अपूर्ण पुस्तक को समाप्त करनेवाला।

Continue-कन् - टिन्' -यू-*v. i. & t.* to last, to persevere, to prolong, to let remain. ठहरना, दृढ होना, जारी करना, प्रवृत्त होना; **Continued** (-ड्) extended. विस्तृत; **Continuing** (-इङ्ग्)-*adj.* permanent. स्थायी।

Continuity - कण्टिन्यूइटि - *n.* state of being continuous, cohesion. निरन्तर होने की अवस्था, निरन्तरता, अविच्छिन्नता।

Continuous - कण्टिन्यूअस् - *adj.* frequent, uninterrupted. प्रायः, सतत (निरन्तर), अप्रतिहत, लगातार ; **Continuously** (-अस्-लि) - *adv.* incessantly, in a continuous way or manner. नित्य, सर्वदा, अनवरत, निरन्तर।

Contort- कण्टॉर्ट् -*v. t.* to twist, to distort. ऐंठना, टेढ़ा करना; **Contortion** (-टॉर्शन्)-*n.* distortion. ऐंठन, मरोड़।

Contour- कॉन्- टूर् -*n.* an outline of coast, mountain &c. पर्वत, समुद्र-तट इत्यादि की परिधि की रेखा।

Contra - कॉन्' - ट्रा - *pref.* in the sense of 'against'. 'विमुख, विपरीत' अर्थ का उपसर्ग।

Contraband - कॉण्ट्रबैण्ड् - *adj.* prohibited, smuggled, forbidden to be exported or imported. प्रतिषिद्ध, देश से बाहर भेजने या देश में मँगाने का निषेध, प्रतिषिद्ध वस्तु।

Contraception - कॉण्ट्रसेप्शन् - *n.* prevention of conception. गर्भ धारण न करना, गर्भ अवरोध।

Contraceptive-कॉण्ट्रसेप्टिव् - *adj.* preventive of or hindering conception. गर्भ न धारण करने का, गर्भनिरोधी।

Contract- कॉण्ट्राक्ट् - *n.* agreement between parties. संविदा, सट्टा, पट्टा, सगाई; (कण्ट्रैक्ट्') -*v. t. & i.* to enter into business, to form friendship, to draw together, to make smaller, to catch a disease. व्यवहार करना, मैत्री या विवाह का वचन देना, सिकुड़ना, छोटा करना, रोग ग्रहण कर लेना; **Contracted** (-ऍड्)-*adj.* narrow, drawn together, selfish. संक्षिप्त, सिकुड़ा हुआ, स्वार्थी; **Contractibility** (-इब्-इल्'-इट्-इ) -*n.* quality of suffering contraction. सिकुड़ने का गुण; **Contractible** (-इ-बल्)-*adj.* capable of contraction. सिकुड़ने योग्य; **Contractile** (-आइल्)-*adj.* tending to contract. सिकुड़नेवाला ; **Contraction** (-ट्रैक्'-शन्)-*n.* shrinking, confinement. सङ्कोच, सिकुड़न, ऐंठन; **Contractor** (-अर्) -*n.* one who undertakes a contract for completing the work at a fixed rate in a stipulated time. ठीकेदार।

Contradict-कॉण्ट्रडिक्ट्-*v. t.* to oppose, to say contrary to. विरोध करना, विरुद्ध कहना; **Contradictable**(-ऍ-बल्) -*adj.* deniable. निषेध के योग्य; **Contradiction**(-डिक्'-शन्)-*n.* denial, opposition, inconsistency, repugnancy. प्रतिकूलता, विरोध, विपरीत वचन; **Contradictory**(-अरि)-*adj.* mutually opposed or inconsistent. विपरीत, परस्पर विरुद्ध।

Contradistinction - कॉण्ट्र - डिस्टिंक्शन् - *n.* distinction by opposite qualities. विपरीतता, विपक्षता।

Contradistinguish- कॉण्ट्र -डिस्टिंग्विश् -*v. t.* to distinguish by opposite qualities. विरुद्ध गुणों से विशिष्ट करना या अलगाना।

Contrapose- कॉण्ट्रपोज़ -*v. t.* to place over against a thing. विपरीत स्थिति या अवस्था में रखना।

Contraposition-कॉण्ट्र-पोजिशन् -*n.* opposite position, contrast. विपरीत भाव, भेदभाव।

Contrapositive- कॉण्ट्र-पॉज़िटिव् - *adj.* oppositional. विरुद्ध भाव का।

Contrariety-कॉन्-ट्री -राइ'-ई-टि-*n.* opposition in nature, disagreement, inconsistency. प्रतिकूलता, व्यतिक्रम।

Contrariwise-कॉन्'-ट्री'- रि-वाइज़् -*adv.* on the other hand, in the opposite way. विपरीत, दूसरी ओर।

Contrary-कॉण्ट्रारि-*adj.* opposite, impending, unfavourable, perverse. विरुद्ध, विपरीत, प्रतिकूल ; **On the contrary** (as against, otherwise.); इसके विपरीत, अन्यथा; **To the contrary**. विपरीत भाव से; **Contrary to usage.** आचार-विरुद्ध।

Contrast - कॉण्ट्रास्ट् -*n.* opposition, juxtaposition. अन्तर, भेद; -*v. t. & i.* (कण्ट्रास्ट्) to set in opposition, to show striking difference. भेद दिखलाना, अन्तर बतलाना; **Contrasted** (-ऍड्)-*adj.* examined in opposition. अन्तर किया हुआ।

Contrate-कॉन्'-ट्रेट्-*adj.* having teeth at right angles to a wheel's plane. बेड़े बल के दाँतवाला (पहिया)।

Contravene - कॉण्ट्रवीन्-*v. t.* to oppose, to infringe (a law), to dispute, to conflict with. (नियम का) विरोध करना, झगड़ना, कलह करना; **Contravention** (-वेन्' -शन्) -*n.* infringement. प्रतिकूलता, उल्लंघन, निषेध, विरोध।

Contribute-कण्ट्रिब्यूट्-*v. t. & i.* to pay a share, to help or bring about. अपना-अपना अंश देना, सहायता देना; **Contribution** (-यू'-शन्)-*n.* collection, a literary article. अंशदान,भागदान, साहित्यिक लेख, सेना के लिये चन्दा; **Contributor** (-अर्)-*n.* one who contributes. सहायता देनेवाला, पत्रों में लेख लिखनेवाला; **Contributory**(-अरि)- *adj.* contributing to the same purpose. सहायक।

Contrite-कॉन्' - ट्राइट् - *adj.* broken-hearted, perfectly penitent. शोकार्त, दु:खाकुल, पूर्ण पश्चात्तापी;**Contrition** (-ट्रिशन्)-*n.* penitence. पश्चात्ताप, पछतावा।

Contrivable- कण्ट्राइवेबल् - *adj.* what may be contrived. निर्माण योग्य, उपाय-साध्य।

Contrivance - कण्ट्राइवेन्स् - *n.* a deceitful practice, an invention, a desire. कपट-योजना, आविष्कार, इच्छा।

Contrive-कण्ट्राइव्' - *v. t. & i.* to invent, to manage, to devise, to plan. आविष्कार करना, प्रबन्ध करना, उपाय करना; **Contriver** (-अर्) -*n.* an inventor, a schemer. आविष्कार करनेवाला, कल्पनाकारी।

Control-कण्ट्रोल्-*n.* command, check, device to bring under restraint. अधिकार, नियंत्रण, निग्रह, वश में रखने का उपाय;-*v. t.* (*p. t.* **Controlled.**) to restrain, to hold in check, to govern, to dominate. वश में करना, नियंत्रण करना, शासन करना, जीतना।

Controllable-कण्ट्रोलेबल् - *adj.* subject to control. वश में करने योग्य।

Controller - कण्ट्रोलर् - *n.* one who has authority to control, one who checks expenditure. अध्यक्ष,हिसाब-किताब जाँचनेवाला; **Controllership** (-अर्-शिप्)-*n.* the office of a controller. हिसाब जाँचनेवाले का पद।

Controversial- कॉण्ट्रवर्श्यल् - *n.* pertaining to points in dispute.विवाद-सम्बन्धी, तार्किक।

Controversy- कॉण्ट्रवर्सि - *n.* disputation, contest. प्रतिवाद,विवाद, वादानुवाद; **Beyond controversy** (certain) नि:सन्देह, अवश्य।

Controvert-कॉण्ट्रवर्ट् - *v. t.* to deny, to dispute, to discuss. अस्वीकार करना, विवाद करना,झगड़ना;**Controvertist** (-इस्ट्)- *n.* one skilled in debate. विवादी (नैयायिक)।

Contumacious-कॉन्- ट्यू- मे' - शस्-*adj.* disobedient, insubordinate. अवज्ञाकारी, धृष्ट (प्रतिकूल), दुर्विनीत; **Contumaciously** (- लि) -*adv.* in a disobedient manner. अवज्ञा से ; **Contumaciousness** (-नेस्)-*n.* insubordination. धृष्टता, ढिठाई।

Contumacy-कन्-ट्यू-मीं'-सि- *n.* perverseness. हठ, आग्रह, धृष्टता।

Contumelious-कॉन्-ट्यू-मी- लि-अस्-*adj.* insolent. ढीठ, धृष्ट; **Contumeliously** (-लि) -*adv.* in a haughty manner. घमण्ड से।

Contumely-काण्ट्यूमिलि - *n.* insolent language or treatment, disgrace. उद्धत (ढीठ) भाषा या व्यवहार, अपमान।

Contuse-कण्ट्यूज़्-*v. t.* to injure without breaking skin, to beat and bruise. कुचलना, भीतरी घाव करना; **Contusion** (-ट्यू-ज़न्) -*n.* a bruise. घाव, भीतरी चोट।

Conundrum-कनण्ड्रम् -*n.* a riddle, a puzzle. प्रहेलिका, पहेली।

Convalesce-कॉन्-वॅल्-ऍस्' - *v. t.* to regain health. पुन: स्वस्थ होना, रोग का अपशमन होना; **Convalescence**(-सेन्स्)-*n.*gradual recovery of strength. क्रमश:बल की पुनर्प्राप्ति; **Convalescent** (-ऍन्ट्)-*adj.*recovering from sickness. पुन: स्वास्थ्यलाभोन्मुख।

Convection-कन्वेक्शन्-*n.* act of conveying heat or electricity.उष्णता या बिजली की शक्ति का एक स्थान से दूसरे स्थान को संवाहन; **Convective** (-टिव्)-*adj.* conveying. संवाहक।

Convenable-see **Convene.**

Convene-कन्वीन्-*v. t. & i.* to come together, to assemble, to summon.इकट्ठा होना,बटोरना, बुलाना;**Convenable**(-ऍ-बल्)-*adj.* able to be assembled.एकत्र होने योग्य; **Convener** (-अर्) -*n.* one who calls a meeting. सभा बुलानेवाला।

Convenience-कन्-वीन्'-इ -ऍन्स् -*n.* suitableness, comfort, advantage. योग्यता, आराम, सुविधा;-*v. t.* to accommodate. मदद करना, सुविधा देना; **At your convenience.** अपने सुविधानुसार, यथावसर।

Convenient-कन्-वीन्'-इ- ऍन्ट्- *adj.* suitable, commodious. उपयुक्त, सुविधायुक्त; **Conveniently** (-लि) - *adv.* in a suitable manner. सुविधा से।

Convent-कॉन्'-वेन्ट्-*n.*a religious community, a nunnery, a monastery. मठ (विहार), धार्मिक संस्था।

Conventicle-कॉन्-वेन्ट्'-इ- कुल्-*n.* a religious assembly, a secret meeting. धर्मसभा (समाज), गूढ़ सभा।

Convention-कन्-वेन्'-शन्-*n.* a formal assembly, union, general consent, coalition or agreement. सभा, लोकसम्मति, प्रतिज्ञा; **Conventional** (-अल्)-*adj.* not natural. लौकिक, रूढ़; **Conventionalism** (-नलिज़्म्) -*n.* that which is established by tacit agreement.

आचारविधि; **Conventionally** (-अलि)-*adv*. by tacit agreement. लौकिक रीति से; **Conventionary** (-अरि)-*adj*. acting according to convention. लौकिक रीति के अनुसार कार्य करनेवाला ।

Conventual-कॉन्'-व्रेन्ट्'-यु-अल-*adj*. belonging to a convent. मठ-सम्बन्धी ।

Converge-कन्वर्ज्-*v. i.* to tend to meet in a point. एक केन्द्र में मिलना; **Convergence** (-ऍन्स्)-*n*. tendency to meet at a point. एक केन्द्राभिमुखता; **Convergent** (-ऍन्ट्)-*adj*. tending to meet at a point. एक केन्द्र अथवा बिन्दु पर मिलनेवाला; **Converging** (-इङ्ग्)-*adj*. meeting in a point. एक केन्द्र पर मिलता हुआ।

Conversable-कन्वर्सेबल्-*adj* easy in conversation, fit for social intercourse. वार्ता करने योग्य, सम्भाषणप्रिय; **Conversableness** (-नेस्)-*n*. sociability. समाजप्रियता ।

Conversance (-cy)-कन्वर्सेन्स (-सि)-*ns*. acquaintance, familiarity. परिचय, जान-पहचान, सुजनता ।

Conversant-कन्वर्सेन्ट्-*adj*. well-acquainted, versed, proficient. परिचित, निपुण (कुशल) ।

Conversation-कन्वर्सेशन्-*n*. a familiar talk. सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत; **Conversational** (-अल्)-*adj*. pertaining to conversation. सम्भाषण-सम्बन्धी; **Conversationist** (-इस्ट्)-*n*. one who exceeds in conversation, a talker. अधिक वाचाल, बहुत बोलनेवाला ।

Converse-कन्वर्स्-*v.t.* to talk, to hold intercourse with. सम्भाषण करना, बोलना, वार्तालाप करना;-*adj*. & *n*. (कॉन्'-वर्स्) opposite, contrary, inverted proposition. व्यतिक्रम, विपर्यय, विलोम; **Conversely** (-लि)-*adv*. in an inverted order. विपरीत रूप से, उलटी तरह से।

Conversion-कन्वर्शन्-*n*. change of one state to another, change of religion. रूपान्तर, धर्म-परिवर्तन ।

Convert - कन्वर्ट्' - *v. t.* to change one's religion, to cause to turn. बदलना, धर्म पलटना;-*n*.(कॉन्-वर्ट्) one who has changed his religion. अपना धर्म छोड़नेवाला (परधर्म ग्रहण करनेवाला); **Convertible** (-इ-बल्)-*adj*. exchangeable. बदलने योग्य; **Convertibility** (-इब्-इल्'-इट्-इ)-*n*. capability of being converted. परिवर्तनीयता; **Convertibly** (-इब्-लि) -*adv*. reciprocally. बदलने के रूप में ।

Convex-कॉन्'-व्रेक्स्-*adj*. curved like the outer part of circle or sphere. कछुवे की पीठ के आकार का, उन्नतोदर; **Convexity** (-इट्-इ)-*n*. roundness. उभाड़, गोलाई ।

Convey-कन्वे-*v. t.* to carry, to impart, to communicate. पहुँचाना, ले जाना, देना, प्रतिपादन करना; **Conveyable** (-ऍ-बल्)-*adj*. able to be conveyed. ले जाने योग्य; **Conveyance** (-अॅन्स्)-*n*. act of carrying, transference of property, carriage or vehicles. ले जाने की क्रिया, संपत्ति-समर्पण, यान, गाड़ी; **Conveyer** (-अर्)-*n*. he who or that which conveys. ले जानेवाला ।

Convict-कॉन्'-विक्ट्-*n*. a condemned criminal. अपराधी, जिस पर दोष निर्धारित हो चुका हो; -*v. t.* to declare guilty. to impress with error. अपराधी स्थिर करना, दोषी ठहराना; **Convicted** (-ऍड्)-*adj*. proved guilty. दोष-सिद्ध, अभिशस्त, अपराधी प्रमाणित ।

Conviction-कन्-विक्'-शन्-*n*. proving guilty, act of convincing. दोषसिद्धि, अभिशस्ति, दोष-निश्चय (अपराध-निर्णय), दृढ़ विश्वास ।

Convince-कन्विन्स्-*v. t.* to assure firmly. प्रतीति कराना, निश्चय कराना; **Convincible** (-इ-बल्)-*adj*. capable of assurance. विश्वास योग्य; **Convincing** (-इङ्ग्)-*adj*. satisfying. निश्चय करनेवाला (निर्णयात्मक); **Convincingly** (-लि)-*adv*. in a convincing manner. दृढ़ता से, निश्चय से ।

Convivial-कन्विवियल्-*adj*. befitting a feast, jovial. उत्सव-सम्बन्धी, प्रफुल्ल; **Convivialist** (-इस्ट्)-*n*. one of convivial habits. उत्सव मनानेवाला; **Convivially** (-लि)-*adv*. in a jovial manner. आनन्दपूर्वक ।

Convocation-कान्-वो-के-शन् - *n*. a calling together, an assembly of clergy or members of a university. समागम, सभा (समाज), पादरियों का संघ, विश्वविद्यालय के सदस्यों की सभा, दीक्षान्त समारोह; **Convocational**-*adj*. pertaining to convocation. समागम-सम्बन्धी ।

Convoke-कन्वोक्-*v. t.* to call together, to assemble. पुकारना, बुलाना, इकट्ठा करना ।

Convolute-कॉन्वल्यूट्-*adj*. rolled together, coiled up लपेटा हुआ, चक्कर दिया हुआ; **Convoluted** (-ल्यूट्'-ऍड्) -*adj*. twisted. ऐंठा हुआ ।

Convolution-कॉन्वल्यूशन्-*n*. a fold, coiling. तह, लपेट (ऐंठन) ।

Convolve-कन्वॉल्व्-*v. t.* to roll or wind together. लपेटना ।

Convoy-कॉन्-वाय्-*v. t.* to escort, to conduct. रक्षा के लिये साथ जाना, सुरक्षित ले जाना; -*n*. (कॉन्'-वॉय्) protection, escort, a fleet of ships for defence. रक्षा, पथरक्षक (सहचर), रक्षक जहाजी बेड़ा ।

Convulse-कन्-वल्स्'-*v. t.* to shake violently, to draw or contract. वेग से हिलाना, संक्षुब्ध करना, सिकोड़ना, ऐंठना, खींचना; **Convulsion** (-वल्-शन्) - *n.* violent involuntary contraction of muscles, (*pl.*) fit of laughter, social or political agitation. चिहुँक, (ब०व०) हँसते-हँसते लोट जाना, सामाजिक अथवा राजनैतिक विप्लव; **Convulsive** (-इव्)-*adj.* producing spasms. ऐंठन उत्पन्न करनेवाला।

Cony-को'-नि-*n.* the rabbit or rabbit-skin. शशक, खरहा, खरहे की खाल; **Cony-catcher**-*n.* thief, a cheat. चोर, ठग, धोखेबाज।

Coo-कू - *v. t.* to make a soft murmuring sound like pigeons or doves. पेंडुकी या कबूतर की तरह गुटकना;-*n.* the sound of a dove or pigeon. पेंडुकी या कबूतर का कूजन या गुटरगूँ शब्द।

Cook-कुक् - *n.* one who prepares food for eating. पाचक, रसोईदार; - *v. t.* to prepare food, to utter the note of the cuckoo. भोजन पकाना, कोयल की बोली बोलना; **Too many cooks spoil the broth** (one director is better than many). अनेक की अपेक्षा एक ही प्रबन्धकर्ता अच्छा होता है, बहुतै योगी मठ उजाड़।

Cooker-कुकर् - *n.* a vessel in which food is cooked, a stove &c. भोजन बनाने का पात्र, चूल्हा; **Cookery** (-इ)-*n.* the art of cooking. पाकविद्या।

Cook-house-कुक्' - हाउस् - *n.* an outdoor kitchen. घर के बाहर की पाकशाला।

Cool-कूल्-*adj.* moderately cold, calm, unexcited, dispassionate, indifferent, wanting cordiality. शीतल, शान्त, उत्तेजनाहीन, शून्यहृदय, उदासीन;-*v. t. & i.* to become or make cool. शीतल करना, ठण्डा होना; **Cool-headed** (not easily excited.) स्थिरचित्त-वाला (मनुष्य); **To cool** (to pacify.) शीतल या शान्त करना, ठण्डा करना; **To cool one's heels** (to keep waiting.) राह देखना; **Coolly** (-लि)-*adv.* in an indifferent manner. उदासीनता से।

Coolie (**Cooly**)-कू'-लि-*ns.* a hired labourer, a carrier. मजदूर, मोटिया, कुली।

Coomb, Combe-कूम् - *ns.* a short valley. (पहाड़ पर की) छोटी घाटी।

Coop-कूप्-*n.* a basket placed over fowls, a fishing-basket. मुर्गों के ढाँकने की टोकरी, मछली फसाने की टोकरी;-*v. t.* to confine in a coop. दरबे में रखना, पिंजड़े में बन्द करना।

Cooper-कूप'-अर् - *n.* a maker or repairer of casks or tubs. पीपा या नाद बनानेवाला या मरम्मत करनेवाला ; **Cooperage** (-एज्)-*n.* a cooper's workshop or charges. पीपा बनानेवाले की दूकान या उसकी बनवाई।

Co-operant-को-ऑप्-अर्-ऑन्ट्-*adj.* co-operating. मिलकर काम करनेवाला।

Co-operate-को-ऑप्'-अर्- एट् - *v. t.* to work together. साथ-साथ काम करना; **Co-operation** (-ए-शन्) -*n.* working together to a common end. एक ही लक्ष्य पर काम करना (सहयोग, सहोद्योग); **Co-operative** (-एटिव्) -*adj.* tending to co-operation. सहकारी, मिलकर काम करनेवाला ; **Co-operative society** (a society for production of goods and distribution of profits among the members.) सहकारी संस्था, समवाय संस्था, साझे की पूँजी से व्यापार करनेवाली संस्था ; **Co-operator** (-अर्)-*n.* one who co-operates. सहयोगी, मिलकर काम करनेवाला।

Co-opt-को-ऑप्ट्'-*v. t.* to elect to membership by the votes of existing members. नियुक्त सदस्यों के मत से सदस्य चुनना।

Co-ordinate-को-ऑर्डिनेट्-*adj.* equal in rank, of the same order. समान पद का, एक से क्रम का;-*v. t.* to bring parts into proper relation. भागों को उचित सम्बन्ध में लाना;-*n.* each of a system of magnitudes used to fix position of a point, line or plane. नियामक; **Co-ordinateness** (-नेस्) or **Co-ordination** (-ए'-शन्)-*ns.* the state or act of being co-ordinate. समपदस्थता या समपदीकरण; **Coordinative** (-इव्)-*adj.* indicating co-ordination. समपदस्थता सूचक।

Coot-कूट्-*n.* a water fowl, a stupid fellow जल-पक्षी, मूर्ख व्यक्ति।

Cop-कॉप् - *n.* a conical ball of thread. तागा लपेटा हुआ चोंगा।

Copal-को'-पॅल्-*n.* a kind of resin which is used in varnishes. वार्निश में प्रयोग की जानेवाली राल।

Coparcenary-कोपार्सनरि, **Co-parcener** (-अर्) -*n.* joint heir to an undivided property. अविभक्त जायदाद का संयुक्त उत्तराधिकारी।

Co-partner-को-पार्ट्-नर्-*n.* a partner, a sharer. अंशभागी, साझीदार ; **Copartnership** (-शिप्) -*n.* a joint concern in a business. पट्टीदारी, साझेदारी।

Cope-कोप्-*n.* a long cloak with hood worn by priests. पादरियों का लम्बा चोंगा;-*v. t. &*

i. to furnish with a cope, to contend evenly with, to encounter. चोंगा पहिनाना, स्पर्धा करना, झगड़ना या सामना करना ।

Coper-कोप्-अर्-*n.* a horse-dealer. घोड़े का सौदागर, घोड़े का व्यापारी ।

Copier-कॉप्'-इ-अर्-*n.* one who copies. नक़ल करनेवाला, प्रतिलिपि लिखनेवाला ।

Coping-कोप्'-इङ्ग्-*n.* the top course of a wall. मुँडेरा; **Coping-stone** (the summit of a building, top stone) घर का शिखर, चोटी का पत्थर ।

Copious-को'-पि-अस् - *adj.* plentiful, profuse, prolific. प्रचुर, विपुल, बहुफलप्रद; **Copiously** (-लि)-*adv.* profusely. बहुतायत से; **Copiousness** (-नेस्)-*n.* abundance. प्रचुरता ।

Copper-कॉप्' - पर् - *n.* a reddish malleable metal, coin, cooking boiler. (ताम्र) ताँबा, ताँबे का सिक्का, डेग; **Copper plate** (a polished plate of copper.) पालिश किया हुआ ताँबे का पत्तर; **Copper-smith** (one who makes copper utensils.) ठठेरा, कसेरा; **Coppery** (-इ)-*adj.* mixed with copper. ताम्रमय, ताँबे के रंग का ।

Copperas-कॉपरीस्-*n.* blue vitriol. तूतिया ।

Coppice-कॉप्-पिस्-*n.* small trees grown for periodical cutting, a thicket. जंगल, झाड़ी (टट्टी) ।

Copra-को'-प्रा-*n.* dried kernels of coconut. नारियल की गरी या गोला ।

Coprology-कॉप्-रॉल्'-ऑ - जि - *n.* moral impurity in art and literature. कला-कौशल या साहित्य की अश्लीलता ।

Copse-कॉप्स्-*n.* same as **Coppice**.

Copula-कॉप्'-यू'-ली-*n.* a word of predication in logic, a connecting part. न्याय में क्रियापद का चिह्न, संयोजक अवयव, बन्धनी ।

Copulate-कॉप्'-यू-लेट्-*v. i.* to unite sexually. मैथुन करना; **Copulation** (-ले'-शन्)-*n.* act of copulating. मैथुन ।

Copulative-कॉप्'-यु-लेट्-इव्-*adj.* & *n.* serving to connect, that which connects. संयोगकारी, संयोजक अव्यय ।

Copy-कॉप्'-पि-*n.* (*pl.***Copies**.) reproduction, imitation, transcript. प्रतिलेख, प्रतिलिपि, प्रतिकृति, अनुकरण, हस्तलिपि;-*v. t.* to transcribe from original. मूल की प्रतिलिपि लिखना (नकल करना) ; **Copy-book** (a book in which copies are written.) लिपि-पुस्तक; **Copy-book maxims** (trite maxims.) सामान्य उपदेश ।

Copyhold-कॉप्' - पि-होल्ड् - *n.* a tenure by copy. पट्टा लिखाई हुई ज़मीन ।

Copying-press-कॉप्'-इङ्ग्-प्रेस्-*n.* a machine for taking an exact copy of a manuscript. प्रतिलिपि छापने का यन्त्र ।

Copyist-कॉप्' - इ - इस्ट्-*n.* one who copies. लेखक, प्रतिलिपि करनेवाला ।

Copyright-कॉप्'-पि - राइट् - *n.* the exclusive legal right to author or publisher for a book. प्रतिलिप्यधिकार, कृतिस्वाम्य, किसी पुस्तक के मुद्रण का लेखक या मुद्रक को पूर्ण अधिकार ।

Coquet-कॉ-केट्'-*adj.* coquettish. विलासवती, चोचला दिखानेवाली ।

Coquet, Coquette-कॉ-केट्'-*v. i.* to flirt, to trifle. हावभाव दिखलाना, चोचला करना; -*n.* a woman who trifles with a man's affections. कामिनी, विलासवती स्त्री ; **Coquetry** (-रि) -*n.* attractive prettiness, trifling in love. नखरा, चोचला ।

Coquettish-का - केट्' - इश् - *adj.* practising coquetry. हावभाव या चोचला दिखलानेवाली; **Coquettishly** (-इश्-लि)-*adv.* in a coquettish manner. हावभाव से, चोचले से ।

Coracle-कॉर्'-अ-क्ल्-*n.* a water-tight boat made of wicker-work. बाँस की बिनी हुई पनसुइया (छोटी नाव) ।

Coral-कॉरल्-*n.* a hard submarine substance secreted by many species of polyps. प्रवाल, मूँगा; -*adj.* like coral. मूँगे के सदृश ; **Coral-island** (an island formed of coral reefs.) मूँगे का टापू ; **Coral-reef** (a ridge of coral.) मूँगे की चट्टान ।

Corbel-कॉर्'-बेल् - *n.* a projection of stone, timber or iron in a building, a niche. घोड़िया, ताखा ।

Cord-कॉर्ड्-*n.* a thin rope, thick string, a cord-like structure in animal body. डोरी रस्सी, जन्तु शरीर के महीन तन्तु; - *v. t.* to bind with cord. रस्सी से बाँधना; **Cordage**-(कॉर्डेज्)-*n.* cords or ropes in the rigging for a ship taken collectively. जहाज के रस्से इत्यादि; **Corded** (-एड्) -*adj.* bound with cords. रस्सी से बँधा हुआ ।

Cordate-कॉर्डेट्-*adj.* heart-shaped. हृदय (पान) के आकार का ।

Cordial-कॉर्डिअल् - *n.* & *adj.* hearty, stimulating, sincere, warm, friendly, an exhilarating medicine. हार्दिक, दीपक (अग्निवर्धक), सुशील, उष्ण, पुष्टिदायक पदार्थ ; **Cordiality** (-अल्'-इट्-इ)-*n.* hearty goodwill. सुशीलता, सौजन्य, मित्रभाव, सचाई ; **Cordially** (-लि)

-*adv.* sincerely, heartily. सौहार्द से; **Cordial-hearted**-*adj.* affectionate. प्रेमी।

Cordite-कॉर्डाइट्-*n.* a smokeless explosive. बिना धुवें की बारूद।

Cordon-कॉर्डान् - *n.* a chain of military posts. स्थान-स्थान पर नियुक्त सैनिकों की पंक्ति।

Core-कोर्-*n.* a horny capsule, the central part of anything, the heart. अन्तर्भाग, भीतरी हिस्सा (गुद्दा), हृदय।

Co-regent-को-री-जेन्ट्-*n.* a joint ruler. संयुक्त शासक।

Co-relation-को-रि-लें'शन्-*n.* corresponding connection. परस्पर सम्बन्ध।

Co-relative-को-रि-लेटिव्-*adj.* mutually united. परस्पर सम्बन्धी।

Co-religionist-को-रिलिजनिस्ट-*n.* an adherent of the same religion. एक ही धर्म का अनुयायी।

Co-respondent-को-रेस्-पॉन्ड्'-ऐन्ट्-*n.* a joint respondent in a suit (*law.*) किसी मुकदमे में सहकारी मुद्दालेह।

Corf-कार्फ्-*n.* a basket in which fishes are kept alive, a coal-miner's basket. जीती हुई मछली रखने की टोकरी, कोयले के खानवाले की टोकरी।

Coriander-कॉर्-रि-ऐन्'-डर् - *n.* an annual plant whose fruits are aromatic and carminative. धनियाँ।

Corinth-कॉर्' - रिन्थ - *n.* a small fruit, currant, a fine city of Greece, a prostitute house. किसमिस, मुनक्का, यूनान का सुन्दर नगर, वेश्यालय।

Co-rival-को-राइ'-वल्-*n.* a fellow rival. संयुक्त प्रतिस्पर्धी; **Co-rivalry**(-रि)-*n.* संयुक्त प्रतिस्पर्धा।

Cork-कार्क्-*n.* bark of cork-oak, a bottle-stopper. काग, बोतल का डट्टा-*v. t.* to stop with cork. डट्टा लगाकर बन्द करना; -*adj.* made of cork. काग का बना हुआ; **Corkage** (-ज्)-*n.* the corking or uncorking of bottles. बोतलों में डट्टा लगाना या बोतलों में से डट्टा हटाना; **Corked** (-ड्)-*adj.* fitted with a cork. डट्टा लगा हुआ; **Corky** (-इ)-*adj.* resembling cork in appearance. काग के सदृश।

Cork-screw-कार्क्' - स्क्रू - *n.* a steel screw for drawing cork from bottle. बोतल का काग निकालने की पेंच।



Cork-screw

Cormorant - कॉर्मरण्ट् - *n.* a voracious sea-bird, a rapacious man. एक प्रकार की बड़ी समुद्री चिड़िया, पेटू मनुष्य, मुक्खड़ आदमी।

Corn-कॉर्न्-*n.* grain, seed, a thorny tumour on feet. दाना, अन्न (धान्य), पैर पर का गोखरू; -*v. t.* preserve with salt. नमक डालकर अन्न को रक्षित करना; **Corn-flour** (flour of maize.) मकई का आटा; **Corn-flower** (plants which grow among corn.) अन्न के साथ उगनेवाले अनेक पौधे।

Cornea-कॉर्निआ-*n.* the interior transparent membrane of the eye-ball. कनीनिका, आँखों की पुतली।

Corneous-कार्न्'-इ-अस्-*adj.* horny, like horn, hard. सींगदार, कड़ा।

Corner-कॉर्न्'-अर्-*n.* a place where two sides or edges meet, a projecting angle, a difficult position, a secret place. कोना, कोण, निकला हुआ भाग, कठिन स्थिति, गुप्त स्थान; -*v. t.* to set or drive in a corner. कोने में रखना।

Cornet-कॉर्निट् - *n.* a brass wind musical instrument like trumpet, an ice-cream cone, a lady's head dress, a troop of cavalry, a cavalry officer. तुरही के प्रकार का एक बाजा, मलाई की कुल्फी, औरतों की कुल्फीनुमा टोपी, घुड़सवार पल्टन, ऐसी पल्टन का अफसर।

Cornice-कॉर्'-निस्-*n.* an ornamental moulding of a wall below the ceiling. कारनिस, दीवार का साज, छज्जा।

Cornicle-कॉर्'-नि-कल्-*n.* a little horn. छोटा सींग।

Cornuted-कॉर्-न्यूट्'-ऐड्-*adj.* having horn-like projections, horn-shaped, a cuckold. सींग की तरह के उभाड़वाला, सींग के आकार का, लम्पट, पर स्त्री गामी, व्यभिचारी।

Corny-कॉर्न्-इ-*adj.* pertaining to corn, producing corn, hard as horn, having corns on the feet or relating to such corns. अन्न-सम्बन्धी, अन्न-उत्पादक, सींग के समान कड़ा, पैरों के घट्ठोंवाला, ऐसे घट्ठों से सम्बन्धित।

Corolla-कॅरॅला-*n.* the inner envelope of a flower composed of petals. फूल का भीतरी घेरा, दलपत्र चक्र।

Corollary-कॅ-रॅ-ल-'-अरि-*n.* (*pl.* **Corollaries**) immediate deduction, conclusion. अनुमान, उपसिद्धान्त, परिणाम।

Corona-कॉ-रो'-ना-*n.* (*pl.* **Coronae**) a small disk of light round the sun, moon or stars, round chandelier hung from the roof of a church, the stalk of a daffadil. सूर्य, चन्द्रमा या नक्षत्र के चारों ओर का प्रभामण्डल,

गिरजाघर की छत से लटकता हुआ गोल झाड़ या फानूस, नर्गिस के फूल का डंठल।

Coronal-कॉर्-रॉ-नल्-*n.* a circlet for the head, a crown. किरीट, मुकुट;-*adj.* pertaining to the crown of head. कपाल-सम्बन्धी।

Coronated-कॉर्-रॉन्-एट्'-एड् - *adj.* furnished with a crown-shaped ornament. मुकुट से सजा हुआ।

Coronation-कॉर्'-रॉन्-ए'-शन् - *n.* the ceremony of crowning a king. राज्याभिषेक, राजगद्दी, राजतिलक।

Coroner-कॉर्'-रॉन् - अर्-*n.* an officer who enquires into the causes of accidental or suspicious deaths. अपमृत्यु या सन्देह युक्त मृत्यु के कारण का अन्वेषण करनेवाला अफ़सर।

Coronet-कॉर्'-अ-निट् - *n.* a small crown, a garland. छोटा मुकुट, माला; **Coroneted** (-एड्) -*adj.* wearing a coronet. छोटा मुकुट पहिने हुए।

Coronoid-कॉर्-रो-नॉ-इड् - *adj.* curved like the beak of a crow. कौवे की चोंच के सदृश टेढ़ा।

Corporal-कॉर्'-पॅ-रल्-*adj.* pertaining to the body, material. कायिक, शारीरिक, देह सम्बन्धी;-*n.* an officer in an army below a sergeant. फौज का एक छोटा अफसर, नायक; **Corporality**-(-इट्-इ)-*n.* material existence. देहत्व, शरीरत्व।

Corporate-कॉर्-पॅ-रेट्-*adj.* forming a body, united. मिला हुआ, संयुक्त; **Corporately** (-लि) *adv.* in a corporate capacity. सामाजिक रूप में।

Corporation-कॉर्-पॅर्'-ए-शन् - *n.* a united body of persons. समाज, मण्डली; **Corporative** (-ए-टिव्)*adj.* of a corporation. समाज-सम्बन्धी।

Corporeal-कॉर्-पोर्' -इ - अल् - *adj.* bodily, material. शारीरिक, शरीर सम्बन्धी (आत्मा से भिन्न); **Corporeally** (-लि)-*adv.* in a bodily form. शारीरिक रूप में।

Corporeity-कॉर्'-पर्-इ-इट्-इ-*n.* the quality of being a material body, a bodily substance. शरीरत्व।

Corps-कोर्-*n.* (*pl.* **Corps**-कोर्ज़) a division of an army, a body of troops. सेना का भाग, पलटन।

Corpse-कॉर्प्स्-*n.* a dead body. (*usu.* of human being.) शव, मृतक शरीर, लोथ।

Corpulence- कॉर्' - प्यू - लॅन्स्, **Corpulency** (-लॅन्-सि)-*ns.* obesity. मोटापन।

Corpulent-कॉर्-प्यु-लॅन्ट्-*adj.* bulky of body, fat. स्थूलकाय, मांसल, मोटा।

Corpuscle-कॉर्-पस्'-सल्-*n.* a minute body forming part of an organism. शरीर का जीवाणु; **Corpuscular** (-क्यु-लर्)-*adj.* pertaining to corpuscles. जीवाणु सम्बन्धी।

Corral-कॉर्-रॉल्'-*n.* an enclosure in which wild animals are captured. जंगली पशुओं के पकड़ने का बाड़ा।

Correct-करॅक्ट् - *v. t.* to set right, to amend, to mark errors, to remove faults, to admonish, to punish. ठीक करना, सुधारना, शुद्ध करना, झिड़कना, दण्ड देना;-*adj.* true, right, accurate, proper. सत्य, शुद्ध, निर्दोष, यथार्थ ; **Correction** (-रॅक्'-शन्)-*n.* amendment, punishment. शोधन, सुधार, दण्ड; **Correctitude** (इट्-यूड्)-*n.* correctness of conduct. चरित्र की शुद्धता; **Corrective** (-इव्) - *adj.* having the power to correct. शोधक; **Correctly** (-लि)-*adv.* in a correct manner. शुद्ध ढंग से; **Correctness** (-नॅस्)-*n.* the state of being correct. शुद्धता; **Corrector**-(-अर्)-*n.* a censor, a critic, one who gives punishment. शोधक, समालोचक, दण्ड देनेवाला।

Correlate-कॉ-रिलेट् - *n.* things related to each other. परस्पर सम्बन्धी वस्तुएँ;-*v. i.* to have mutual relation. परस्पर सम्बन्ध होना; **Correlation** (-लॅ-शन्)-*n.* a reciprocal relation. परस्पर सम्बन्ध; **Correlative** (-कॉ-रिलॅ-टिव्) -*n. & adj.* analogous. परस्पर सम्बन्ध, परस्पर सम्बन्धी ; **Correlatively** (-इव्-लि)-*adv.* in a correlative manner. परस्पर सम्बन्ध से।

Correspond-कॉर्-रॅस्-पॉन्ड् - *v. i.* to be in harmony with, to suit or agree, to be similar, to communicate by interchange of letters. अनुरूप होना, सदृश होना, परस्पर पत्र व्यवहार करना; **Correspondence** (-एन्स्) -*n.* an agreement, a communication by letters. अनुरूपता (सादृश्य), पत्र-व्यवहार; **Correspondent** (-एन्ट्)-*n.* one who writes letters to a person or newspapers. समाचार-लेखक, संवाददाता; **Corresponding** (-इङ्ग्) - *adj.* suiting, correspondent. तुल्य, युक्त, अनुरूप।

Corridor-कॉर्-रिड्-ऑर्-*n.* the main passage in large buildings, an open gallery. बरामदा, दहलीज।

Corrigendum-कॉर्-रि -जेन्' - डम् -(*pl.* **corrigenda**.)-*n.* a thing to be corrected (*esp.* in print.) शुद्धिपत्र।

Corrigible-कॉर्-रिज्'-इ-बल् -*adj*. capable of being corrected, open to correction. शुद्ध करने या सुधारने योग्य।

Corrival-कॉराइवल्-*n*. a co-rival, a competitor. प्रतिपक्षी, प्रतिस्पर्धी।

Corroborant-करॉबॅरण्ट् - *adj*. strengthening. शक्तिवर्धक (औषध)।

Corroborate- करॉबॅरेट् -*v*. *t*. to confirm by evidence, to strengthen. प्रमाणित करना, पुष्ट करना; -*adj*. tending to confirm. समर्थक; **Corroboration** (-ए'-शन्) - *n*. confirmation by evidence. प्रमाण द्वारा समर्थन; **Corroborative** (-ए-टिव्) - *adj*. tending to confirm. प्रमाणित करनेवाला; **Corroborator** (-ए-टर्) - *n*. one who corroborates. प्रमाणित करनेवाला व्यक्ति।

Corrode-करोड्-*v*. *i*. to wear away gradually, to rust. धीरे-धीरे क्षय होना, मुर्चा खा जाना।

Corrosion-करोज़न् -*n*. the act of eating or wasting away. क्रम से क्षय, क्षय करण।

Corrosive-करोज़िव्-*adj*. tending to corrode. (तीव्र नाशक) खानेवाला; **Corrosively** (-लि) *adv*. in a corrosive manner. क्षय या नष्ट करते हुए; **Corrosiveness** (-नेस्)-*n*. quality of corroding. क्षयत्व।

Corrugate-कार्-रुग्-एट्-*v*. *t*. & *i*. to contract into folds. सिकोड़ना, झुर्री पड़ना (तह बन जाना);**Corrugation** (-ए'-शन्)-*n*. the act of corrugating. त्वचा का सिकुड़ना; **Corrugated** (-एड्)-*adj*. wrinkled, folded. झुर्रीदार, ऐंठा हुआ, पनारीदार; **Corrugator** (-ए'-टर्) -*n*. the muscle which contracts in frowning. पेशी जो भौंह चढ़ाने में सिकुड़ती है।

Corrupt-करप्ट्-*adj*. wicked, depraved, rotten, bribed. दुष्ट (भ्रष्ट), सड़ा हुआ, घूस दिया हुआ;-*v*. *t*. to defile, to debase, to bribe, to destroy purity of language. दूषित करना, भ्रष्ट करना, घूस देना, भाषा की शुद्धता नष्ट करना; **Corruptibility** (-इब्-इल्'-इट्-इ) - *n*. possibility of being corrupted. भ्रष्ट होने की संभावना; **Corruptible** (-इ-बल्) - *adj*. perishable. दूषित होने योग्य, नश्वर; **Corruptibly** (-इब्-लि)-*adv*. in a corrupt manner. दूषित प्रकार से; **Corruption** (-रप्'-शन्) -*n*. moral deterioration, decomposition. नैतिक भ्रष्टाचार, दुर्जनता (खोटापन), सड़ना; **Corruptive** (-इव्)-*adj*. having the quality of corrupting. दूषित या विकृतिकर बनानेवाला; **Corruptly** (-लि) - *adv*. in a debased manner. दूषित रीति से; **Corruptness** (-नेस्) -*n*. the state of being corrupt. भ्रष्टता।

Corsage-कॉर्सिज-*n*. a woman's bust-dress, a bodice. चोली।

Corsair-कॉर्'-सेअर्'-*n*. the vessel of a pirate, a pirate. समुद्री डाकू का जहाज, समुद्री डाकू।

Corset-कॉर्सिट् -*n*. a woman's inner close-fitting bodice. चोली, कंचुकी, अँगिया।

Corslet, Corselet-कॉर्स्'-लिट् -*ns*. a piece of armour coverning the breast. वक्षत्राण, कवच।

Cortage- कॉर्-टेज्'-*n*. a train of attendants. नौकर-चाकरों की श्रेणी।

Cortex-कॉर्-टेक्स्-*n*. (*pl*. **Cortices**-कॉर्टिसीज़) the bark of a plant, the outer grey matter of brain. वृक्ष की छाल, मस्तिष्क (दिमाग) का बाहरी भाग।

Cortical-कॉर्टिकल् - *adj*. pertaining to the outer part of animal body. प्राणियों की बाह्य त्वचा-सम्बन्धी।

Corticate (-d) कॉर्टिकेट् (-एड्) -*adjs*. bark-like. छाल के सदृश।

Corvine-कॉर्वाइन्-*adj*. of the raven or crow. कौवा-सम्बन्धी।

Corydon-कॉरिडॉन् - *n*. the rustic, pastoral poetry. ग्रामीण, ग्रामीण गीत।

Coryza-कॉ-राइ'-ज़ा-*n*. catarrh, cold in the head. जुकाम, सर्दी।

Cosier-कोज़िअर्-*n*. a cobbler. मोची।

Cosignatory-को-सिग्नेटॅरि-*adj*. & *n*. signing jointly with other persons. दूसरों के साथ हस्ताक्षर करनेवाला (व्यक्ति)।

Cosily, Cosiness-see **Cosy**.

Cosine-को'-साइन्-*n*. the sine of the complement of a given angle. कोटिज्या।

Cosmetic-कॉज़्-मेट्'-इक् - *n*. a preparation used for beautifying the hair, skin or complexion. कान्तिवर्धक औषध, अंगराग, उबटन; - *adj*. beautifying the skin or hair. चमड़े या बाल को सुन्दर करनेवाला।

Cosmic-कॉज़्'-मिक् - *adj*. of the universe, rising or setting with the sun. जगत्-सम्बन्धी, सूर्य के साथ उदय या अस्त होनेवाकी, ऐहिक; **Cosmical** (-अल्)- *adj*. cosmic. लौकिक; **Cosmically** (-अलि) - *adv*. in a cosmic manner. जागतिक या ऐहिक ढंग से।

Cosmogony-कॉज़्-मॉग्'-अॅन्-इ - *n*. the theory of the origin or creation of the universe. विश्व की उत्पत्ति का सिद्धान्त, जगत् की सृष्टि का सिद्धान्त।

Cosmography-कॉस्मॉग्राफ़ि-*n*. a description of the general features of the universe

or earth. विश्व की रचना का वर्णन।

Cosmolatry-कॉज़्-मॉल्'-अॅट्-रि *-n.* the worship of the universe. विश्व-पूजन।

Cosmology-कॉज़्-मॉल्'-ॲ-जि-*n.* the science of the universe. विश्वविद्या।

Cosmopolitan-कॉज़्-मॉ-पॅल्'-इट्-अन्-*n. & adj.* a citizen of all the parts of the world. unprejudiced, free from national limitations. सारे विश्व का नागरिक, जातीय पक्षपात से रहित; **Cosmopolitanism** (-इज़्म्) *-n.* citizenship of the world. विश्वमित्रत्व सिद्धान्त; **Cosmopolite** (-मॉप्-ओ -लाइट्)-*adj.* free from national prejudices. जातीयता के पक्षपात से विमुख, विश्ववासी, विश्वगृही।

Cosmos-कॉज़्'-मॉस् *-n.* the universe as an ordered or systematic whole. क्रम (नियम)-बद्ध संसार।

Cossack-कॉस्'-सॅक् *- n.* a Russian soldier. रूसी सिपाही।

Cosset-कॉसिट्-*n.* a pet lamb, a pet. पाला हुआ भेंड़ या बकरी का बच्चा, पालतू।

Cost-कॉस्ट्-*n.* the price paid for a thing, expense. मूल्य, दाम, व्यय;-*v. i.* to involve expenditure of, to result in the loss of, to fix prices. व्यय होना, हानि होना, दाम लगाना; (*pl.*) legal expenses. (क़ानूनी का) न्यायालय व्यय; **Cost price, prime cost** (price at which a thing is bought.) लागत या क्रय मूल्य, असली कीमत; **At the cost of** (involving a loss.) खोने (नाश होने) पर; **Cost him dear** (involving a heavy penalty for him.) बड़े कष्ट से प्राप्त हुआ, प्राप्त करने में दण्ड सहना पड़ा; **To a person's cost** (to his loss.) किसी व्यक्ति की हानि होने पर।

Costal-कॉस्ट्'-अल्-*adj.* pertaining to ribs or side of body. पसली सम्बन्धी।

Costard-कास्'-टर्ड्-*n.* a kind of large apple. एक प्रकार का बड़ा सेब।

Costate- कॉस् - टेट् - *adj.* (*also* **Costated.**) ribbed, having ribs. पसलीवाला।

Coster-कॉस्'-टर्-*n.* (*also* **Coster-monger.**) a man who sells fruits &c. in wheeled barrows. ठेले पर लादकर घूम-घूमकर फल बेचनेवाला।

Costive-कॉस्ट्' -इव् - *adj.* constipated, with confined bowels. बद्धकोष्ठ, मल रोकनेवाला; **Costiveness** (-नेस्) - *n.* constipation. मल का अवरोध, कब्ज़।

Costliness-कॉस्ट्'-लि-नेस्-*n.* dearness, expensiveness. महंगी, महँगाई।

Costly-कॉस्ट्' - लि - *adj.* of great value, expensive. बहुमूल्य (क़ीमती), महँगा।

Costume-कॉस्' - ट्यूम् - *n.* style, fashion of dress, fancy dress, complete set of outer garments. वेश, सुन्दर पहिनावा, पहिनने के वस्त्र;-*v. t.* to provide with costume. कपड़ा पहिनना या पहिनाना।

Costumier (**Costumer**)-कॉस्-ट्यूम्' - इ-अर् (-अर्)-*ns.* a maker or dealer in costumes, a dress-maker. पहिनने के वस्त्र बनाने अथवा बेचनेवाला।

Cosy (Cozy)-को-ज़ि-*adj.* snug, comfortable. आराम देनेवाला, सुखकर; **Cosily** (-ज़ि-लि)*adj.* comfortably. सुखपूर्वक, आराम से; **Cosiness** (-नेस्)-*n.* the state of being comfortable. आराम, सुख।

Cot-कॉट्-*n.* a small erection for shelter, a cottage, a bed for children, a hospital bed, a small boat. झोपड़ी, खटोला, पालना, अस्पताली चारपाई, एक छोटी नाव।

Co-tangent-को-टैन्'-जेन्ट् - *n.* the tangent of the complement of an arc or angle. कोटि-स्पर्श रेखा।

Cote-कोट्-*n.* a shed, a shelter for animals. झोपड़ी, पशुओं के लिये घेरा, बाड़ा;-*v. i.* to pass by, to outstrip. गुज़र जाना, आगे बढ़ जाना।

Co-temporary-see **Contemporary**.

Co-tenant-को-टेन्'-अॅन्ट् - *n.* a joint tenant, साझीदार काश्तकार।

Coterie-को'-टर् - ई - *n.* a social or literary gathering. सामाजिक संघ।

Cottage-कॉट्-टिज्-*n.* a villager's or labourer's small dwelling, a small country house, a hut. पर्णशाला, झोपड़ी, कुटी; **Cottager** (-अर्) *-n.* an inhabitant of a cottage. झोपड़ी में रहनेवाला।

Cotter-कॉ' - टर्, **Cotter-pin** (- पिन्)-*ns.* a bolt or wedge for fastening and tightening parts of machinery. यन्त्र के भागों को कसकर बाँधने के लिये लगी हुई फन्नी या बोल्टू।

Cotton-कॉट्न्-*n.* a vegetable fibrous substance used for clothing, cloth made of cotton. कपास रुई, सूती कपड़ा; **Cotton-plant** (the plant that yields cotton.) कपास का पौधा; **Cotton-seed** (the seed of the cotton-plant.) बिनौला; **Cottony** (इ) *-adj.* of cotton. कपास का।

Cotyloid-कॉटि -लॉइड् *-adj.* of the shape of a cup. प्याले के आकार का।

Couch-काउच्-*n.* bed, a lounge. खटिया, चार-

पाई (पलंग);-*v. i. & t.* to lie down, to bend, to remove cataract, to express, to conceal. लेटना, झुकना, मोतिया बिन्द निकालना, प्रगट करना, छिपाना; -*v. i.* to cause to lie down. लिटाना।

Couching-काउच्'-इङ्ग्-*n.* the act of stooping. झुकने का कार्य।

Cough-कॉफ़् -*n.* a diseased condition of respiratory organs. कास, खाँसी; -*v. i.* to expel air with violent effort and noise. खाँसना, खखारना; **To cough down** (to silence a speaker by coughing.) खाँसकर वक्ता को बोलने न देना; **To cough out, to cough up** (to speak by coughing.) खाँसकर बोलना।

Could-कुड्-*p. t.* of **Can.**

Couldst-कुड्स्ट्-second person singular of 'could'. 'कुड्' के मध्यम पुरुष का एकवचन।

Coulomb-कुलॉम्-*n.* an electrical unit, the quantity of electricity conveyed in one second by a current of one ampere. विद्युत् शक्ति की इकाई, बिजली का परिमाण जो एक सेकेन्ड में एक एम्पियर धारा ले जाता है।

Coulter-कोल्'-टर्-*n.* the iron blade of a plough. हल का फार।

Council-काउन्'-सिल्-*n.* advisory or deliberative assembly, a body of men to assist a governor. सभा, परिषद्, विचार सभा; **Council Chamber** council house. विचारसभा की बैठक का स्थान; **Council of State**.राज्यपरिषद्; **Executive Council**, कार्यसम्पादनी सभा; **Legislative Council**.व्यवस्थापक सभा; **Privy Council** (a select council for advising a king in the administration of government.) इँगलैंड की प्रबन्धकारिणी सभा।

Councillor-काउन्-सिलर्-*n.* a member of a council. सभासद; **Councillorship** (-शिप्) -*n.* the post of a councillor. सभासद का पद।

Counsel-काउन्-सेल्-*v.t.* (*p. t.* **Counselled**) to give advice. सम्मति देना;-*n.* consultation, advice, plan, design, purpose, a barrister. विचार, उपदेश, अनुशासन, लक्ष्य, वकील या बैरिस्टर; **Counsel to the crown** (government pleader.) सरकारी वकील; **To keep one's own counsel** (to keep secrets.) रहस्य को गुप्त रखना; **To take counsel** (to seek advice.) सम्मति लेना।

Counsellor-काउन्'-सेलर् -*n.* an advising barrister. उपदेशक, बुद्धि-सहायक, मन्त्री, वकील।

Count-काउन्ट्-*n.*(*fem.* **Countess.**) reckoning, sum total, an English title. गणना, पूर्ण संख्या, एक अंग्रेजी पदवी; -*v. t. & i.* to sum up, to enumerate, to reckon up, to consider. जोड़ना, गणना करना, गिनना, विचारना; **Countable** (-एबल्) -*adj.* able to be numbered. जोड़ने योग्य; **To count for** (to be fit for.) योग्य होना; **To count up** (to find the sum of.) जोड़ना; **To count upon**(to hope earnestly.) दृढ़तापूर्वक आशा करना।

Countenance - काउण्टेनन्स् - *n.* aspect, expression of face, the face, composure. आकृति, आकार, मुख, मुखड़ा;-*v. t.* to encourage, to favour, to support, to sanction. साहस देना; अनुग्रह करना, सहारा देना, स्वीकृति देना; **To keep one's countenance** (to maintain composure.)हँसी रोकना, गम्भीर भाव दिखलाना; **To be put out of countenance** (to be perplexed.) व्यग्र होना, घबड़ाना।

Counter-काउन्ट्'-अर् -*n.* a small piece of metal used for keeping accounts, a banker's table, the part of a horse's breast between shoulders and neck, curved part of stern, back part of shoe. गिनने का सिक्का, लेन-देन करने का टेबुल, घोड़े की छाती का भाग, जहाज़ का पिछला घूमा हुआ भाग, जूते का पिछला भाग;-*adj.* opposite, opposed. विपरीत, उल्टा; -*v. t.* to oppose, to contradict. विरोध करना, विरुद्ध बोलना; -*adv.* in the opposite direction. विपरीत दिशा में;-*pref.* in the sense, of 'opposition,match or substitute,' 'विपरीत' 'बराबर' अथवा 'स्थानापन्न' अर्थ में प्रयुक्त उपसर्ग।

Counteract-काउन्ट्-अर्-ऐक्ट्'-*v. t.* to hinder, to defeat, to neutralize. रोकना, हराना, निष्फल करना (विरोध करना); **Counteraction** (-ऐक्-शन्)-*n.* hindrance. प्रतिक्रिया, प्रतिकार; **Counteractive** (-इव्)-*adj.* opposing. विरोध करनेवाला, रोकनेवाला।

Counter-agent-काउन्ट्'-अर् - एज्' - एन्ट् -*n.* a counteracting force or agent. प्रतिकार करनेवाली शक्ति या करनेवाला व्यक्ति।

Counter-attraction-काउन्ट्'-अर्-ऑट्-ट्रैक्'-शन् -*n.* attraction in an apposite direction. विपरीत आकर्षण।

Counterbalance-काउन्ट्'-अर्-बैल्' - लैन्स् -*n.* an equal weight balancing another. समतोलन, पसँगा;-*v. t.* to weigh against with an equal weight. तुल्य भार करना, धड़ा बाँधना।

Counterblast-काउन्ट्'-अर् -ब्लास्ट्-*n.* anything done or written in opposition to something else. किसी के विरुद्ध कार्य या लेख।

Counterchange - काउन्ट्' - अर्-चेन्ज्-*v. t.* to

exchange, to change places or parts. अदला बदली करना, स्थान या भागों को बदलना।

Countercharge-काउन्ट्'-अर्-चार्ज्-*n.* a charge brought against an accuser. अभियोक्ता (फ़रियादी) के विरुद्ध अभियोग या नालिश।

Countercheck-काउन्ट्'-अर्-चेॅक्'-*n.* a check, that opposes a thing, a rebuke. प्रतिबन्ध, प्रतिरोध, फटकार, तिरस्कार।

Counter-claim-काउन्ट्'-अर्-क्लेम्-*n.* a claim set up by a defendant in case. मुकदमे में प्रतिवादी की माँग।

Counterfeit-काउन्ट्'-अर्-फ़ीट्-*n.* & *adj.* anything made in imitation, not genuine, forged. नकली वस्तु, कृत्रिम (बनावटी), खोटा (जाली); -*v. i.* to imitate, to forge, to simulate. अनुकरण करना, जाल करना, कपट करना।

Counterfeiter-काउन्ट्'-अर-फ़ीटर्-*n.* a forger, a cheat. जालसाज, नकली सिक्का बनानेवाला, ठग।

Counterfoil-काउन्ट्'-अर्-फॉइल्-*n.* the corresponding part of a bank cheque, receipt &c. retained by a drawer. चेक या रसीद का प्रतिरूप, नक़ल, मुसन्ना।

Countermand-काउन्ट्' - अर् - मॅन्ड् -*v. t.* to revoke, to cancel a previous order. प्रतिकूल आदेश देना, पहिली आज्ञा को काट देना; -*n.* revocation of a former command. प्रथम आज्ञा के विरुद्ध आदेश।

Countermark-काउन्ट्'अर्-मार्क् -*n.* an additional mark made on goods fixed for greater security. अधिक सुरक्षित करने के लिये माल पर विशेष प्रकार का चिह्न।

Countermine-काउन्ट्'-अर्-माइन् -*n.* a mine dug to destroy that of an enemy. शत्रु के खान को नष्ट करने वाली खान।

Counterpane-काउन्ट्'-अर्-पेन् -*n.* the outer covering of a bed, coverlet. बिछावन पर का चदरा, चाँदनी।

Counterpart-काउन्ट्'-अर्-पार्ट् -*n.* duplicate, the complementary part. प्रतिरूप (प्रतिमूर्ति), सहायक अङ्ग।


Counterplot-काउन्ट्' - अर् - प्लॉट् -*n.* a plot devised to defeat another. एक षड्यन्त्र को नष्ट करने के लिये दूसरा षड्यन्त्र।

Counterpoise-काउन्ट्' - अर्-पॉइज़् -*n.* equilibrium. पसँघा, समतोलन;- *v. t.* to compensate. बराबर करना।

Countersign-काउन्ट्'-अर्-साइन्-*v. t.* to add signature to a document which has been already signed. हस्ताक्षर किये हुए पत्र पर अपना प्रति-हस्ताक्षर करना;-*n.* a watch-word. सांकेतिक शब्द।

Countersink-काउन्ट्-अर्-सिङ्क्'-*v. t.* to sink the head of a screw in a hole which is bevelled off. फरक्का करना; -*n.* a drill for this purpose. फरक्का।





Countersink.

Countervail - काउन्ट्'-अर्-वेल्'-*v. t.* to be of equal value, to compensate. सम करना, क्षतिपूर्ति करना।

Counterwork-काउन्ट्'-अर्-वर्क्-*n.* an opposing work. शत्रु के विपरीत कार्य।

Countess-काउन्ट्-ऍस्-*n.* the wife of a Count or Earl. इँगलैंड के काउन्ट या अर्ल (उपाधिधारियों) की स्त्री, बेगम।

Counting-house-काउन्ट्'-इङ्ग्-हाउस् -*n.* the business office. कार्यालय, दफ़्तर।

Countless-काउन्ट्'-लॅस्-*adj.* numberless, innumerable, too many to count. असंख्य, अनगिनती।

Country-कन्'-ट्रि-*n.* (*pl.* **Countries**) a region, rural districts. देश (गाँव), देहात; **Native country** (birth-place.) जन्मभूमि; **Countryman** (a rustic, an inhabitant of a village.) ग्रामीण, देहाती; **Countryside** -*n.* a rural district. देहात या ज़िला।

County-काउन्ट्-इ-*n.* a territorial division in Great Britain and Ireland. विलायत के देश का भाग या सूबा।

Coup-कू - *n.* a blow, a successful stroke. चोट, सच्चा आघात; **Coup'd'etat** (-डे-ऍटा)-*n.* an illegal change in a government. राज्य-शासन में नियमविरुद्ध विप्लव; **Coup-de-grace** (डे-ग्रेस)-*n.* a finishing stroke. अन्तिम आघात; **Coup-de-main** (-डे-मेन्) -*n.* a vigorous attack. तीव्र आघात; **Coup-de-theatre** (डे-थि-ऍ-टर्) -*n.* a dramatically sudden action. नाटक के सदृश आकस्मिक कार्य।

Coupe-कू-पे' -*n.* a kind of four-wheeled carriage for two persons. दो मनुष्यों के बैठने की एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी।

Couple-कप्'-प्ल् -*n.* a pair, a man and wife. जोड़ा, युगल; -*v. t.* & *i.* to fasten or link together, to connect, to unite, to marry, to copulate, to associate together. बाँधना, मिलाना, जोड़ना, विवाह करना, मैथुन करना, सम्बद्ध करना; **A married couple** (a bride-groom and his bride.) वर-वधू, दुलहा-दुलहिन।

Couplet-कप्'-लॅट्-*n.* two lines of a verse that

rhyme with each other. पद्य की दो पंक्तियाँ, श्लोक, सोरठा, दोहा।

Coupling-कप्'-लिङ्ग्-*n.* joining in couples, sexual union, a contrivance for coupling or connecting the parts of a machine. जोड़ों में संयोग, मैथुन-क्रिया, किसी यन्त्र के भागों को जोड़ने का साधन; **Coupling-pin**-*n.* a pin or bolt used for joining railway carriages. रेल की गाड़ियों को जोड़ने का साधन (फन्नी, ढिबरी आदि।

Coupon-कू' -पन् - *n.* a detachable ticket entitling the holder to periodical payments. सामयिक भुगतान का पुर्जा, रसीद, चिट्ठी।

Courage-कर्' - रिज् -*n.* bravery, boldness. पराक्रम,साहस, वीरता; **Courageous**(-अस्)-*adj.* brave, fearless, bold. शूरवीर, निडर, साहसी; **Courageously** (-लि)-*adv.* with courage. शूरता से, साहस के सहित; **Courageousness** (अस्-नेस्) -*n.* the quality of being courageous. पराक्रम, साहसिकता।

Courier-कूर्'-इ-अर्-*n.* a servant employed to make arrangements for travelling, a messenger. यात्रा का प्रबन्ध करनेवाला नौकर, हरकारा, दूत।

Course-कोर्स्-*v. t. & i.* to hunt, to pursue, to cause to run about, to run quickly. शिकार करना, पीछा करना, पीछे दौड़ना;-*n.* a movement onward, pursuit of a game. voyage, conduct, direction. अग्रगति, शिकार का अनुसरण, यात्रा, आचरण, प्रगति;(*pl.*) behaviour, ground for race, a water-channel, career, series. व्यवहार, घुड़दौड़ का स्थान, जल-मार्ग, चरित्र, जीवनवृत्ति, श्रेणी;**Course of action** (line of work.) क्रियाविधि; **Course of study**. अध्ययन-क्रम; **In due course** (in proper time.) नियम से, समय पर; **In the course of** (during.) मध्य में, प्रसङ्ग में; **Matter of course** (natural happening.) स्वाभाविक घटना; **Of course** (certainly.) अवश्य।

Courser-कोर्स्'-अर्-*n.* a swift horse, a runner, a chasing dog, a stone used in forming a course, a swift-running bird. तेज घोड़ा, दौड़नेवाला, पीछा करनेवाला कुत्ता, मार्ग बनाने का पत्थर, तेज दौड़नेवाला पक्षी।

Court- कोर्ट्-*n.* a space enclosed by walls, a sovereign's residence, his retinue, state assembly, assembly of judges, a place of justice. आँगन, राजगृह, राजा के परिचारक, राजसभा, विचारपतियों का मण्डल, न्यायालय (कचहरी);-*v. t.* to solicit, to woo, to pay attention to, to make love to, to seek, to entice. आराधना करना, विवाह की प्रार्थना करना, ध्यान देना, प्रेम करना, खोज करना; ललचाना; **Court-card** (king, queen and knave.) ताश में राजा, रानी और गुलाम; **Court-guide** (a list of courtiers.) दरबारियों की सूची; **Court-house**-*n.*the room in which court is held. अदालत का कमरा; **Courtier** (-इयर्)-*n.* attendant of a court.दरबारी;**Courting**(-इङ्ग्) -*n.* act of wooing. विवाह के लिए आराधना करना; **Court-martial** (-मार्'- शॅल्)-*n.* a court of military officers. फ़ौजी अफ़सरों की अदालत।

Courteous-कर्टिअस्-(कोर्टिअस्)-*adj.* kind, well-bred, civil, polite. दयालु, विनीत(सभ्य), नम्र; **Courteously**(-इ-अस्-लि)-*adv.* in a courteous manner. विनय सहित ; **Courteousness** (-इ-अस्-नेस्) -*n.* politeness. शिष्टाचार।

Courtesan (**Courtezan**) - कोर्टिजन् - *n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी।

Courtesy - कर्टिसि - *n.* (*pl.* **Courtesies**) favourable disposition, civility. विनय, नम्रता; **Courtesy-title** (a title given by social custom.) सामाजिक उपाधि।

Courtly-कोर्ट्लि -*adj.* polished in manners, flattering. सुशील, चापलूस।

Courtship-कोर्ट्'-शिप्-*n.* the act of wooing with a view to marriage. विवाह के निमित्त आराधना।

Courtyard - कोर्ट् - यार्ड् - *n.* an enclosure before a house. घर के बाहर का सहन।

Cousin-कज़्' - इन् - *n.* (*common gender*) a child of one's uncle or aunt. चचेरा, ममेरा, मौसेरा अथवा फुफेरा भाई या बहिन; a title used by sovereigns in addressing another sovereign or nobleman. इस शब्द का प्रयोग एक राजा दूसरे के लिए अथवा नवाब आदि के लिए करता है; **Cousinhood** (-हुड) -*n.* relationship. सम्बन्ध, रिश्तेदारी।

Cove-कोव् -*n.* a small inlet of the sea, a bay or creek, a sheltered recess. छोटी खाड़ी या दर्रा, छायादार दर्रा।

Covenant-कवुनण्ट्-*n.* a compact, a bargain, a mutual agreement or contract. पारस्परिक स्वीकृति, पण, सौदा, सट्टा, ठीका;-*v. t. & i.* to agree. सहमत होना, राजी होना।

Cover-कव्'-अर्-*v.t.* to overspread,to overlay, to shelter, to extend over, to protect, to include, to comprise, to suffice, to conceal. ऊपर डालना, ढाँकना, शरण देना, फैलाना, बचाना, अन्तर्गत करना, पर्याप्त होना छिपाना;-*n.* a lid, binding, shelter, a hiding place, pretence, envelope, a napkin for table. ढकना, जिल्द, आश्रय, छिपने की जगह, बहाना (माया, कपट),

लिफाफा, टेबुल पर फैलाने की चादर ।

Covering-कव्'-अर्-इङ्ग्-*n.* anything which covers, a cover. ढकना, ओढ़ना, चादरा ।

Coverlet-कव् - अर् - लिट् - *n.* a covering, a bedcover. ओढ़ना, चदरा ।

Covert-कवर्ट-*adj.* covered, secret, disguised. ढँका हुआ, गूढ़, गुप्त (प्रच्छन्न);-*n.* a shelter, a thicket, a hiding-place. आश्रयस्थान, झाड़ी, छिपने का स्थान; **Coverture** (-अर्-चर्)-*n.* a cover, a shelter, a defence. आच्छादन, शरणस्थान ।

Covet-क-व्रि-ट्'-*v. t.* to desire eagerly. लोभ करना, लालच करना; **Covetable** (-ऍ-बुल्) -*adj.* that may be coveted. लालच के योग्य; **Coveted** (-ऍड्)-*adj.* earnestly desired. अति उत्सुक; **Covetous** (-अस्) - *adj.* very desirous, greedy. लोलुप, लालची; **Covetously** (- अस् - लि) - *adv.* greedily. लालच से; **Covetousness** (-अस् - नॅस्) - *n.* greed, cupidity. लालच (लोभ), लालसा, कामुकता ।

Covey-कवि-*n.* a brood or hatch of partridges. तीतरों का झुण्ड ।

Cow-काउ-*n.* (*mas.* **Bull**, *pl.* **Cows** or **Kine.**) the female of bull. गाय, धेनु, गौ; **Cow-dung**. गोमय, गोबर; **Cow-herd** (one who tends cows.) अहीर, चरवाहा; **Cow-pen.** गोशाला ।

Cow-काउ-*v. t.* to subdue, to impress with fear. त्रस्त करना, डराना ।

Coward-काउअर्ड् - *adj.* timid, faint-hearted. भीरु (कातर), डरपोक; **Cowardice** (-इस) -*n.* want of courage, भीरुता, कातरता; **Cowardliness** (-लि-नॅस्)-*n.* the state of being cowardly. भीरुता;**Cowardly**(-लि)-*adj.& adv.* without courage, timidly. कातर, भीरुता से ।

Cow-catcher-काउ'-कॅच्'-अर् -*n.* a triangular grating fitted in front of a locomotive to preventan object passing under the wheels. रेल के इंजिन के आगे लगा हुआ साधन जो किसी वस्तु को उसके पहियों के नीचे जाने से रोकता है ।

Cowed-काउ-ड्-*adj.* intimidated. त्रस्त ।

Cower-काउ'-अर् - *v. i.* to stand in a bent position, to crouch from fear. दबकना, भय से सिकुड़ना ।

Cowl-काउल् - *n.* a monk's hooded garment, hood-shaped covering, a tub for water. वैरागी का टोप, फन की आकृति का ढपना, पानी की कठवत; **Cowled** (-ड्) - *adj.* hooded. ढकनेदार ।

Cow-pox-काउ'-पॉक्स् - *n.* a disease which appears on the udder of cows. गौ के थन पर निकलनेवाली शीतला ।

Co-worker-को-वर्क्'-अर् - *n.* one who works with another. दूसरे के साथ काम करनेवाला ।

Cowrie-काउ-रि - *n.* a shell used as money. कपर्दिका, कौड़ी ।

Cowslip-काउ-स्लिप् - *n.* a wild plant which bears fragrant yellow flowers. पीले सुगन्धित पुष्प का पौधा, सेवती ।

Coxcomb-कॉक्स्'-कोम्-*n.* a conceited showy person, a fop. दम्भी, आत्माभिमानी मनुष्य; **Coxcombry** (-रि) -*n.* vain show. दर्प, गर्व, घमण्ड ।

Coy-कॉय्-*adj.* modest, bashful, shy, retiring. विनीत, लज्जावान् (संकोची),अल्पभाषी;-*v. t. & i.* to caress, to disdain, to affect coyness. लाड़ प्यार करना, घृणा करना, लज्जा का बहाना करना या लज्जा दिखाना; **Coyly** (-लि) - *adv.* in a shy manner. लज्जासहित; **Coyness** (-नॅस्)-modesty. लज्जा ।

Coze-कोज़्-*v. i.* to have a chat. बकबक करना, बकवाद करना ।

Cozen-कज़्'-न् - *v. i.* to cheat, to defraud. धोखा देना (छलना), ठगना ।

Cozy-को-ज़ि-comfortable. सुखकर ।

Crab-क्रैब् -*n.* a kind of ten-footed crustacean, a zodiacal constellation, a machine for hoisting heavy weights, a wild bitter apple. (कर्कट) केकड़ा, कर्क राशि, भारी बोझ उठाने का यन्त्र, कड़आ जंगली सेब; **Crabbed** (-ड्)-*adj.* perverse, irritable, difficult, intricate. निष्ठुर (दुःशील), चिड़चिड़ा, कठिन, गूढ़ार्थ (दुर्ज्ञेय); **Crabbedly** (-बिड्'-लि) -*adv.* perversely. निष्ठुरता से; **Crabbedness**(-बिड्'-नॅस्)-*n.* perversity. निष्ठुरता,दुःशीलता; **Crabby** (-बि)-*adj.* peevish, perplexing. निष्ठुर, घबड़ानेवाला ।

Crack-क्रैक्-*n.* a sharp sudden noise, a sharp blow, a partial fracture; (*pl.*) news. कड़क, तेज धक्का, दरा या दरार, (ब० व०) समाचार; -*v. t.* to make a sharp noise, to split. कड़ाके का शब्द करना, फाड़ना; **To crack a bottle** (to drink out a bottle.) पीकर बोतल खाली करना; **To crack a joke** (to make a joke.) परिहास करना, दिल्लगी करना; **To crack up** (to go to pieces, to praise.) चूर-चूर हो जाना; प्रशंसा करना; **Cracked** (- ड्) - *adj.* rent, damaged, insane. नष्ट, फटा हुआ, पागल, झक्की; **Cracked sound.** कर्कश शब्द ; **Cracker** (-क्री-कर्)-*n.* a firework, exploding with a sharp sound. पटाखा;**Cracky** (-इ)-*adj.* having cracks. दरारदार ।

Crackle-क्रैक्'-कुल्-*v. t.* to make a cracking

sound. कड़ाके का शब्द करना; -*n.* cracking sound. कड़ाके का शब्द ।

Cracknel-क्रैक्'-नेल्-*n.* a kind of crisp biscuit. कुरकुरा बिसकुट ।

Cracksman-क्रैक्स्'-मैन्-*n.* a thief, a burglar. चोर, ठग, सेंध लगानेवाला ।

Cradle-क्रे-ड्ल्-*n.* a rocking bed or cot for infants. हिंडोला, झूला, पालना;-*v. t.* to rock in a cradle. झूला में झुलाना; **Cradled** (-ड्ल्ड्')-*adj.* पालने पर झूलता हुआ; **From the cradle** (from childhood.) बचपन से; **A child in cradle.** दूध पीता हुआ बच्चा ।

Cradling-क्रे'-ड्लिङ्ग् -*n.* a framework of wood or iron. लकड़ी या लोहे का ढाँचा ।

Craft-क्राफ्ट्-*n.* skill, cunning, art, trade, a boat, vessel. कौशल, धूर्तता, कला (शिल्प), व्यापार, नाव, जहाज; **Craftily** (-इल्'-इ)-*adv.* in a crafty manner. कपट से; **Craftiness** (-इ-नेस्) -*n.* cunning. धूर्तता; **Craftsman** (an artisan.) कारीगर; **Craftsmanship** (-शिप्)-*n.* finished art of a craftsman. दस्तकारी ।

Crafty-क्राफ्'-टि-*adj.* cunning, artful, deceitful. धूर्त, कपटी ।

Displace-डिस्-प्लेस्'-*v. t.* to shift from its place, to oust, to replace. स्थान बदलना; **Displaceable** (-ऍ-बूल्)*-adj.* removable. हटाने योग्य; **Displacement** (-मेंन्ट्)*-n.* ousting, act of displacing. अपने स्थान से हटाने का कार्य ।

Displant- डिस्-प्लान्ट्-*v. t.* to remove a plant from its place. (वृक्ष को) जड़ से उखाड़ना या स्थान से हटाना ।

Display-डिस्-प्ले'-*n.* exhibition, show, ostentation. प्रदर्शन, दिखाव, प्रकाशन;*-v. t.* to exhibit, to show, to reveal. प्रकाशित करना, दिखाना, प्रकट करना; **Displayed** (-इ)*-adj.* printed conspicuously. भड़कीले अक्षरों में छपा हुआ; **Displayer** (-अर्) *-n.* he who displays. प्रकाशित या प्रदर्शित करनेवाला ।

Displease-डिस् प्लीज़्'-*v. t.* to offend or make angry, to annoy. क्रुद्ध करना, अप्रसन्न करना; **Displeased** (-ड्)*-adj.* offended. रुष्ट, अप्रसन्न; **Displeasing** (- इङ्ग्) *- adj.* distasteful. अरुचिकर, अप्रिय; **Displeasingly** (-इङ्ग्'-लि) *-adv.* in a distasteful manner. अप्रसन्नता से ।

Displeasure-डिस् - प्लेंज़र् *-n.* dissatisfaction, anger. असन्तोष, क्रोध ।

Displume-डिस्-प्लूम्'-*v. t.* to strip off feathers or plumes. पर उखाड़ देना ।

Disport-डिस् पोर्ट् - *v. t.* to amuse oneself. आनन्द मनाना;*-n.* a pastime, an amusement. खेल, तमाशा, मनोरंजन ।

Disposable-डिस्-पोज़्'-ऍ-बूल्-*adj.* at disposal. सौंपने या देने योग्य; **Disposal** (-अल्)*-n.* regulation, arrangement. रचना, परिपाटी; **Divine disposal** (God's will.) ईश्वरेच्छा; **At one's disposal** (as one pleases.) अपनी इच्छा पर निर्भर या अपने इच्छानुसार ।

Dispose-डिस्-पोज़्'-*v.t.* & *i.* to place, to bestow, to arrange, to settle, to finish, to distribute, to give mind to. रखना, देना, सरियाना, स्थिर करना, समाप्त करना, बाँटना, मन लगाना; **To dispose of** (to sell, to get rid of.) बेचना, छुट्टी पाना।

Disposed-डिस्-पोज़्ड्' - *adj.* inclined. प्रवृत्त; **Well-disposed** (of good nature.) अच्छे स्वभाव का; **Disposer** (-अर्)-*n.* a regulator, he who disposes. प्रबन्ध करनेवाला।

Disposition - डिस्-पोज़्' - इशन् -*n.* arrangement, preparation, temper, nature प्रबन्ध, तैयारी, स्वभाव, प्रकृति।

Dispossess-डिस्-प-ज़ेस्'-*v. t.* to put out of possession. अधिकार छीन लेना, स्वत्व हरण करना; **Dispossession** (-ज़ेशन्)-*n.* the act or state of being dispossessed. अधिकार-च्युति, स्वत्वहरण।

Dispraise-डिस्-प्रेज़्-*v. t.* to blame or censure. निन्दा करना;-*n.* a reproach. निन्दा;**Dispraiser** (-अर्)-*n.* one who dispraises. निन्दक।

Disproof-डिस्-प्रूफ़्-*n.* refutation, proving of an error. प्रमाण, खण्डन, भूल प्रतिपादन।

Disproportion-डिस्प्रपोर्शन् -*n.* want of proportion. विषमता,अयोग्यता;**Disproportionate** (-ऐट्) - *adj.* unsystematical, unsuitable. बेडौल, विषम, असंगत; **Disproportionately** (-ऐट्'-लि) - *adv.* in a disproportionate manner. अयुक्ति से; **Disproportionateness** (-ऐट्-नेस्)-*n.* the state of being disproportionate. विषमता, अनुपयोगिता।

Disprove-डिस्-प्रूव्' -*v. t.* to refute, to prove to be false or wrong, to disapprove. खण्डन करना, झूठा या अशुद्ध सिद्ध करना, अस्वीकार करना।

Disputable-डिस्-प्यूट्'-ऍ-बल् -*adj.* controvertible, uncertain. विवाद करने या झगड़ने योग्य, अनिश्चित; **Disputableness** (-ऍबल्-नेस्)-*n.* state of being disputable. झगड़ालूपन; **Disputably** (-ऍब्-लि) -*adv.* in a disputable manner. विवाद करते हुए, झगड़ालूपन से।

Disputant - डिस् - प्यूट्' - ऍन्ट् -*n.* one who disputes. विवाद करनेवाला, तार्किक।

Disputation-डिस्-प्यूट्-ए'-शन्-*n.* controversy, argument. वाद-विवाद, तर्क।

Disputatious-डिस्-प्यु-टे'-शस् - *adj.* inclined to dispute. कलह या विवादप्रिय; **Disputatiously** (-टे'-शस्-लि)-*adv.* in a disputatious manner. तर्क या कलह या वाद-विवाद करते हुए।

Dispute-डिस्-प्यूट्'-*v. t.* & *i.* to contend for, to argue, to discuss. कलह करना, वाद-विवाद करना, शास्त्रार्थ करना; **Disputer** (-अर्) -*n.* one who disputes. झगड़ालू, तार्किक, विवादी।

Disqualification-डिस्-क्वॉल्'-इफ़-इक्-ए-शन् -*n* state of being disabled or unfit. अयोग्यता।

Disqualify-डिस्-क्वाल्'-इ-फ़-आइ - *v. t.* (*p. t.* **Disqualified.**) to disable or to make unfit. अयोग्य या अक्षम करना।

Disquiet-डिस्क्वायट्-*v.t.* to deprive of peace, to worry. शान्तिभङ्ग करना, व्याकुल करना; **Disquietness**(-नेस्)-*n.* uneasiness, anxiety. व्याकुलता, चिन्ता; **Disquietude** (-यूड्) -*n.* anxiety, restlessness. चिन्ता, अस्थिरता।

Disrank-डिस्-रैङ्क्-*v.t.* to degrade, to throw into confusion. नीचे पद पर पहुँचना, पदावनति करना, घबड़ाहट में डालना।

Disregard-डिस्-रिगार्ड्-*v. t.* to pay no attention to. उपेक्षा करना (तिरस्कार करना); -*n.* indifference, neglect. उदासीनता, उपेक्षा, निरादर; **Disregardful** (-फ़ुल्)-*adj.* neglectful. निरपेक्ष; **Disregardfully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* in a heedless manner. तिरस्कार से, उपेक्षा करते हुए।

Disrelish-डिस्-रेल्-इश् -*v. t.* to dislike the taste of. अरुचि करना;-*n.* distaste, dislike. अरुचि।

Disreputable-डिस्-रिप्'-यूट्-ऍ-बल् - *adj.* dishonourable, disgraceful. अपमान या लज्जाजनक; **Disreputableness** (- नेस्) - *n.* the state of being disgraceful. अपमानता, लज्जा।

Disreputation-डिस्-रिप्'-यूट्-ए' - शन् -*n.* disrepute, disgrace. अपयश, लज्जा, निन्दा।

Disrepute-डिस्-रि-प्यूट्' -*n.* ill-fame, discredit, dishonour. अपकीर्ति, अपयश, अपमान; -*v. t.* to dishonour. अपमानित करना।

Disrespect - डिस् - रें - स्पेक्ट्' - *n.* rudeness, want of respect. अशिष्टता, अनादर (तिरस्कार); **Disrespectable** (-ऍ-बल्) -*adj.* not respectable. अनादरणीय; **Disrespectful** (-फ़ुल) - *adj.* rude, uncivil. अशिष्ट, असभ्य; **Disrespectfully** (-फ़ुल् -लि) -*adv.* in a disrespectful manner. अशिष्टता से; **Disrespectfulness** (-फ़ुल्-नेस्) -*n.* want of respect. अनादर।

Disrobe- डिस् - रोब्' - *v. t.* to deprive of garment. वस्त्र उतारना, नंगा करना।

Disroot-डिस्-रूट्' -*v. t.* to tear up by roots. जड़ से उखाड़ना।

Disrupt-डिस्-रप्ट्'-*v. t.* to shatter. तितर-बितर करना; **Disruption** (-रप्'-शन्) -*n.* a breach, a rent. दरार, फटन।

Dissatisfaction- डिस्-सैट्' -इस्-फ़ैक्' शन्-*n.*

state of being dissatisfied, discontent. असन्तोष, अतृप्ति ।

Dissatisfied-डिस्-सैट्'-इस्-फाइड्-*adj.* discontented. अतृप्त (असंतुष्ट) ।

Dissatisfy-डिस् - सैट् - इस् - फाइ - *v. t.* (*p. t.* **Dissatisfied.**) not to gratify, to fail to satisfy, to displease. असन्तुष्ट करना, अप्रसन्न करना ।

Dissect-डिस्-सेक्ट्'-*v. t.* to cut into pieces, to anatomize, to examine in detail. खण्ड-खण्ड करना, चीरफाड़ करना, सूक्ष्म परीक्षा करना; **Dissecting**(-इङ्ग्) -*adj.* used in dissection. चीरफाड़ करने की; **Dissection** (-सेक्-शन्)-*n.* act of dissecting, a critical analysis. अङ्ग-विच्छेद, सूक्ष्म परीक्षा; **Dissective** (-इव्) -*adj.* pertaining to dissection. चीरफाड़से सम्बन्धित; **Dissector** (-अर्)-*n.* an anatomist. चीरफाड़ (जर्राही) करनेवाला, जर्राह ।

Disseise, Disseize -डिस्-सीज़्'-*vs. t.* to dispossess wrongfully. किसी को हटाकर उसके स्वत्व पर अवैध अधिकार करना ।

Dissemble-डि-सेम्-ब्ल् -*v. t. & i.* to disguise, to conceal, to be hypocritical. कपट-वेष धारण करना, छिपाना, छल करना; **Dissembler** (-ब्लर्)-*n.* a hypocrite. कपटी, छल करनेवाला व्यक्ति ; **Dissembling** (-इङ्ग्) -*adj.* deceiving. छली ।

Disseminate-डि-सेम्'-इन्-एट्-*v. t.* to scatter abroad, to sow in different places. छितराना, भिन्न-भिन्न स्थानों में बोना ; **Dissemination** (-एँ-शन्) -*n.* diffusion. विस्तार, फैलाव; **Disseminator** (- अर्)- one who scatters. फैलानेवाला व्यक्ति, विस्तारक ।

Dissension-डि-सेन्'-शन्-*n.* discord, contention, difference of opinion. विरोध, कलह, मतभेद ।

Dissent-डि-सेन्ट्'-*v. t.* to disagree, to think or express in a different manner. मतभेद करना (विरोध करना), अन्यथा विचारना; **Dissenter**(-अर्) - *n.* one who dissents. भिन्न मतावलम्बी; **Dissentient** (-इ-एन्ट्) - *adj.* disagreeing. भिन्न मत का; **Dissentingly** (-सेन् - टिङ्ग् - लि) - *adv.* in a dissenting manner. मतभेद से, मतभेद रखते हुए ।

Dissert-डि-सर्ट्', **Dissertate**-डिसर्टेट्-*vs. i.* to discourse or dispute. वार्तालाप या विवाद करना; **Dissertation** (-ए'-शन्)-*n.* a formal discourse. औपचारिक वार्त्तालाप ।

Disserve-डिस्-सर्व्'-*v. t.* to injure, to do an ill-turn to. हानि पहुँचाना, अपकार करना; **Disservice** (-इस्) -*n.* injury, harm. अपकार, हानि, क्षति ।

Dissight-डिस्'-साइट् -*n.* an eye-sore. आँखों का एक रोग ।

Dissimilar-डिस्-सिम्-इल्-अर्-*adj.* unlike. भिन्न (असदृश);**Dissimilarity**(-ऑरि-टि)-*n.* unlikeness. भेद (अन्तर); **Dissimilarly** (-लि)-*adv.* in an unlike manner. विषमता से ।

Dissimulate-डिस् - सिम्' - यु - लेट्-*v. t. & i.* to pretend, to be hypocritical. बहाना करना, छल-कपट करना, कपटवेश धारण करना; **Dissimulation**(-ले'-शन्)-*n.* a hiding under a false appearance. छल, माया ।

Dissipate-डि-सिप्-एट्-*v. t. & i.* to dispel, to squander, to engage in frivolous pleasures. हटाना, व्यय करना, बुरे आचरण में लगना;**Dissipated** (-एड्)-*adj.* loose, vicious. दुराचारी, नष्टचरित्र; **Dissipation** (-ए'-शन्) - *n.* the state of being dissipated. अपव्यय, लम्पटता; **Dissipative** (-इव्) -*adj.* tending to dissipate. दुराचारी, व्यसनी, लम्पट ।

Dissociate-डि-सो'-शि'-एट्-*v. t.* to disconnect, to separate. पृथक् करना, अलगाना; **Dissociation** (-ए'-शन्) -*n.* act of disuniting. पृथक्-करण; **Dissociative** (-इव्)-*adj.* tending to separate. अलग करनेवाला, पृथक्-कारी ।

Dissolubility-डि-सॉल्-यू-इल् - इट् - इ -*n.* the quality of being dissoluble. विलयन या घुलनशीलता ।

Dissoluble - डिसॉल्युब्ल्' - *adj.* that can be disintegrated. घुलने या विलयनशील; **Dissolving**(-इङ्ग्)-*adj.*decomposing. घुलता हुआ ।

Dissolute- डिसॉल्यूट् -*adj.* loose in morals, licentious. दुराचारी, व्यसनी, कामुक; **Dissolutely** (-लि)-*adv.* in a dissolute manner. कामुक की तरह से; **Dissoluteness** (-नेस्) -*n.* dissipation. विषयासक्ति; **Dissolution** (-ल्यू-शन्) - *n.* the dismissal of an assembly, death. सभा-विसर्जन, मृत्यु ।

Dissolvable-डि-ज़ॉल्व्'- ए-ब्ल् -*adj.* that may be dissolved. गलाने योग्य, विसर्जन करने योग्य ।

Dissolve-डिज़ॉल्व्'-*v.t.* to decompose, to break to vanish, to disperse, to loosen. गलाना, भंग करना, लुप्त करना, सभा विसर्जन करना, ढीला करना; **Dissolvent** (-एन्ट्) -*adj.* able to melt. पिघलाने योग्य, द्रावक, घोलक ।

Dissonance-डि-सॉ-नन्स्-*n.* want of harmony discord. बेसुरापन ।

Dissonant-डि-सॉ-नन्ट्-*adj.* discordant,jarring to the ear, incongruous. विभिन्न, बेसुरा, कर्कश, अमिल ।

Dissuade-डि-स्वेड्' - *v. t.* to advise against doing, to divert. विरुद्ध सलाह करना, हटाना;

Dissuasion (-स्वे'-शन्)-*n.* act of dissuading. निषेध, निवारण; **Dissuasive** (-स्वेझ्'-इव्) -*adj.* tending to dissuade. निषेध करनेवाला।

Dissyllabic-डिस्-सि-लैं-बिक् - *adj.* of two syllables. दो अक्षरों का, द्विमात्रिक।

Dissyllable-डिस्-सिलेंबल् -*n.* a word which consists of two syllables. द्विमात्रिक शब्द।

Distaff-डिस्टॉफ्-*n* a cleft stick which holds the bunch of flax in spinning. कताई में सन की पेंबनी थामने की फटी हुई लकड़ी।

Distain-डिस्' -टेन् -*v. t.* to stain, to sully. मैला करना, धब्बा डालना।

Distal-डिस्ट्'-अल्-*adj.* farthest or away from the axis. धुरे से दूरवाला।

Distance-डिस्टॅन्स्-*n.* extent of space between two objects, remoteness, contrariety, space of time. अन्तर, दूरी, भेद, समय का अन्तर;-*v. t.* to leave far behind, to place far off. बहुत पीछे छोड़ देना, दूर रखना, हटाना।

Distant-डिस्टॅन्ट्-*adj.* remote, far off. दूरस्थ, अलग; **Distantly** (-लि) -*adv.* at a distance, reservedly. दूर पर, पृथक् ढङ्ग से।

Distaste-डिस्'टेस्ट्-*n.* dislike, disrelish. अरुचि, स्वादहीनता; -*v. t.* to disrelish. बेस्वाद करना; **Distasteful** (-फुल्) -*adj.* unpleasant, disgusting. अरुचिकर, बेस्वाद; **Distastefulness** (-फुल्-नेंस्) -*n.* disagreeableness. अरुचि, अप्रियता।

Distemper-डिस्-टेंम्प्'-अर्-*n.* derangement of mind or body, ailment, a kind of colour. व्यथा, पीड़ा, रोग, एक प्रकार का रंग; -*v. t.* to derange in health. स्वास्थ्य बिगाड़ना; **Distemperate** (-रेट्) -*adj.* immoderate. अमिताचारी; **Distempered** (-ड्)-*adj.* diseased in body. व्याधिग्रस्त, रोग से पीड़ित।

Distend-डिस्-टेंन्ड्-*v. t.* to swell out, to extend. फुलाना, फैलाना।

Distensible-डिस्-टेंन्स्'-इ-बल्-*adj.* able to be distended. फुलाने योग्य; **Distension** (-टेंन्'-शन्)-*n.* act of distending. फैलावट; **Distensive** (-इव्)-*adj.* distensible. फैलानेवाला।

Distich-डिस्'-टिक् -*n.* a couplet, a pair of verses. द्विचरण, श्लोक, दोहा।

Distil(l)-डिस्'-टिल्-*v. t.* (*p. t.* **Distilled**) to trickle down in drops, to condense by cold. टपकना, अर्क खींचना; **Distillable** (-लेबल्) -*adj.* that may be distilled. टपकाने योग्य; **Distillate** (-लेट्)-*n.* product obtained by distillation. खींचा हुआ अर्क (या शराब); **Distillation** (-ले'शन्)- *n.*act of distilling. शराब उतारने या अर्क खींचने की क्रिया; **Distillatory** (-लेंटरि) -*adj.* distilling. अर्क खींचने से संबंधित; **Distiller** (-लर्) -*n.* he who distils. शराब खींचनेवाला व्यक्ति; **Distillery** (-लरि) -*n.* a place where distilling is carried on. मद्यशाला, शराब बनाने का स्थान।

Distinct-डिस्-टिङ्क्ट्'-*adj.* different, separate, clearly perceptible, definite. भिन्न, पृथक्, स्पष्ट रूप से दृश्य, निश्चित; **Distinction** (-टिङ्क्-शन्)-*n.* difference, excellence. भेद, श्रेष्ठता, महत्त्व; **Distinctive** (-इव्)-*adj.* having power to distinguish. अलगानेवाली, विशेष; **Distinctively** (-इव्-लि) -*adv.* with distinction. पृथक् रूप में; **Distinctiveness** (-इव्-नेंस्)-*n.* the state of being distinctive. पृथक्त्व; **Distinctly** (-लि)-*adv.* clearly. स्पष्ट रूप से; **Distinctness** (-नेंस्)-*n.* the state of being distinct, clearness, precision. भिन्नता, स्पष्टता।

Distinguish-डिस्-टिङ्ग्'-विश्-*v. t.* & *i.* to draw distinction, to recognise, to make oneself prominent. भेद करना (पृथक् करना), पहिचानना, अपने को प्रसिद्ध करना; **Distinguishable** (-ऍ-बल्) -*adj.* capable of being distinguished. अलगाने योग्य; **Distinguishableness** (-नेंस्) -*n.* the state of being distinguishable. विशिष्ट भाव; **Distinguishably** (-ऍब्-लि)-*adv.* विशिष्ट भाव से; **Distinguished** (-ड्)-*adj.* remarkable, eminent. विशिष्ट, प्रसिद्ध; **Distinguishingly** (-लि) -*adv.* with mark of preference. विशिष्टता से।

Distitle-डिस्-टाइ'-टल्-*v. t.* to deprive of a right. अधिकार ले लेना।

Distort-डिस्-टॉर्ट्'-*v. t.* to deform, to misrepresent. रूप बिगाड़ना, अशुद्ध दरसाना; **Distorted** (-ऍड्)-*adj.* deformed. रूप बिगाड़ा हुआ; **Distortedly** (-लि)-*adv.* in a distorted manner. ऐंठते हुए; **Distortion** (-टॉर्'-शन्) -*n.* act of distorting. वक्रता (कुरूपता); **Distortionist**(-शन्'-इस्ट्)-*n.* an acrobat. नट।

Distract-डिस्-ट्रैक्ट्-*v. t.* to draw in different directions, to perplex, to drive mad. विचलित करना, व्याकुल करना, पागल करना; **Distracted** (-ऍड्) -*adj.* harassed, driven mad. विक्षिप्त, व्यग्र (उन्मत्त); **Distractedly** (-ऍड् लि) -*adv.* in a distracted manner. व्यग्रता से; **Distractedness** (-ऍड्'-नेंस्)-*n.* perplexity. व्याकुलता; **Distractible** (-इ-बल्) -*adj.* able to be drawn aside. अलगाने योग्य; **Distraction** (-ट्रैक्'-शन्)-*n.* interruption, confusion, diversion. विघ्न, व्याकुलता, विनोद;

Distractive (-इव्)-*adj.* causing distraction. व्याकुलता उत्पन्न करनेवाला।

Distrain-डिस्-ट्रेन्-*v. t.* to seize the chattels of a debtor in payment of dues. ऋण चुकती में सामग्री रोकना, कुर्क करना; **Distrainable** (-एँ-ब्ल्) -*adj.* liable to be taken for distress. कुर्की करने योग्य; **Distrainer** (-अर्), **Distrainor** (-ऑर्) -*ns.* one who distrains. कुर्क करनेवाला व्यक्ति; **Distrainment** (-मेन्ट्) -*n.* seizure of goods. कुर्की; **Distraint** (-ट्) -*n.* a levy of distress. कुर्की।

Distraught-डिस्-ट्रॉट् - *adj.* distracted, perplexed, व्याकुल, घबड़ाया हुआ।

Distress-डिस्-ट्रेस् -*n.* severe pain,anguish, distraint, acute poverty, difficulty. अति क्लेश, पीड़ा (दुर्गति), कुर्की, घोर दरिद्रता, कठिनाई;-*v. t.* to vex, to make unhappy. पीड़ित करना, दुःख देना; **Distressed** (-ड्)-*adj.* troubled, afflicted, harassed. दुःखित, पीड़ित; **Distressful** (- फुल्), **Distressing** (-इङ्ग्) -*adjs.* indicating anguish. पीड़ाकर ; **Distressingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a painful manner. दुःख से; **Distress-warrant** (an order for distraint.) कुर्की का हुक्म।

Distributable- डिस्-ट्रिब्'-यू-टे-ब्ल् - *adj.* that may be distributed or assigned in portions. बाँटने योग्य।

Distribute-डिस्-ट्रिब्'-यूट् - *v. t.* to divide the share to each of a number, to scatter, to arrange. विभाग करना, बाँटना, अलग अलग करना, क्रम में करना; **Distributed** (-एँड्)-*adj.* भाग किया हुआ, बाँटा हुआ; **Distributer** (-or) (-अर्) -*ns.* one who distributes. बाँटनेवाला व्यक्ति; **Distribution** (-यू-शन्) - *n.* apportionment. बाँट; **Distributive** (-इव्) - *adj.* tending to distribute. विभाजक; **Distributively** (-इव्-लि) -*adv.* singly. विभाजक रीति से, पृथक्-पृथक्, अलग-अलग।

District-डिस्' - ट्रिक्ट् - *n.* the portion of a territory marked off for special administrative purposes, a definite region. प्रदेश या राज्य का विभाग, जिला, जनपद।

Distrust-डिस्'-ट्रस्ट्-*n.* doubt, suspicion. अविश्वास, सन्देह; -*v. t.* (- ट्रस्ट्') to have no confidence in. विश्वास न करना, शङ्का करना; **Distrustful**(-फुल्)-*adj.* doubting, suspicious. सन्दिग्ध, शङ्काशील; **Distrustfully** (-फुल्-लि) -*adv.* in a suspicious manner. अविश्वासपूर्वक; **Distrustfulness** (-फुल्-नेस्) - *n.* want of confidence. अविश्वास; **Distrustless** (-लेस्) -*adj.* free from suspicion. शंकारहित; **Distrustlessly** (-लि)-*adv.* without suspicion. बिना शंका के।

Distune-डिस्-ट्यून्'-*v. t.* to put out of tune. बेसुरा बनाना या करना।

Disturb-डिस्-टर्ब् -*v. t.* to agitate, to trouble. व्याकुल करना, क्षुब्ध करना (छेड़ना); **Disturbance** (ऑन्स्) - *n.* interruption of peace, tumult. अशांति, विघ्न (बाधा), उपद्रव; **Disturbed**(-ड्)-*adj.* excited. व्याकुल; **Disturber** (-अर्) -*n.* one who disturbs. व्याकुल करनेवाला व्यक्ति; **Disturbant** (- ऑन्ट्) - *adj.* disturbing. विघ्नकारक, उपद्रवी।

Disunion-डिस्-यू-नि-अन् - *n.* want of union, separation. एकता का अभाव, वियोग, फूट; **Disunite** (-नाइट्') - *v. t.* to sever, to separate. पृथक् करना, अलगाना; **Disunity** (-निट्-इ) -*n.* want of concord, disunion. झगड़ा, फूट।

Disusage-डिस्-यूज़िज् - *n.* gradual cessation of custom. आचार का लोप, अव्यवहार।

Disuse-डिस्' - यूस् -*n.* neglect of use. अव्यवहार, अप्रचार; -*v. t.* (-डिस्-यूज़्') to cease to use. व्यवहार से हटाना; **Disused** (-ड्) -*adj.* obsolete. व्यवहार से हटाया हुआ, अप्रचलित।

Disvalue-डिस्-वॅल्'-यू - *v. t.* to undervalue, to disesteem. कम दाम आँकना।

Disyllable-डिस्-इल्'-एँ-ब्ल्-see **Dissyllable.**

Disyoked-डिस्-योक्ड्' -*adv.* unyoked, untrammelled. जुआ हटाया हुआ।

Ditch-डिच् - *n.* a trench, a water course. खाई, नाला; - *v. i.* to dig a trench. खाई खोदना; **Ditcher** (-अर्)-*n.* one who digs ditches. खाई खोदनेवाला।

Dither-डि-दर् -*v. t.* to shiver with cold. ठंढ के कारण काँपना।

Ditto-डिट्'-टो-*adj.* & *n.* (*pl.* **Dittos**) the same, the aforesaid. वैसा ही, पूर्वोक्त, पूर्वलिखित, देखन।

Dittology-डिटॉ-लॅजि - *n.* a double reading. दुबारा पाठ, पुनर्पठन, पुनर्वचन।

Ditty-डिट्'-टि-*n.* (*pl.* **Ditties**) a short simple song. छोटा गीत, खण्डगान; **Ditty bag** (**box**) -*n.* a caddy or small box in which a sailor keeps his valuables. मल्लाह का सामान रखने की थैली या छोटा बक्स।

Diuretic-डाइ-यू-रे-ट - इक् - *adj.* promoting discharge of urine. मूत्रवर्धक।

Diurnal-डाइ-यूर्न-ल्-*adj.* of each day, daily. दैनिक, प्रतिदिन का।

Divagate-डाइव़-गेट्-*v. i.* to stray, to wander about. इधर-उधर भटकना।

Dive-डाइव्-*v. t.* to plunge into water, to sink. जलमग्न होना, गोता मारना;-*n.* a plunge into water. डुबकी, गोता; **Diver** (-अर्)-*n.* one who dives. गोताखोर, डुबकी लगानेवाला; **Diving-dress**-डाइव्'-इङ्ग्-ड्रेस्-*n.* dress worn by divers. गोताखोर की पोशाक।

Divellicate-डाइ-वल्'-इ-केट् -*v. t.* to pul in pieces.-टुकड़े-टुकड़े करना।

Diverge-डाइ-वर्ज् -*v. i.* to proceed in different directions from one point, to differ, to deviate. एक केन्द्र से विस्तृत होना, भिन्न होना, तितर-बितर होना; **Divergence** (-ऐन्स्), **Divergency** (-ऐन्सि)-*ns.* a receding from main point. विस्तार, विचलन; **Divergent** (-ऐन्ट्)-*adj.* different. विभिन्न; **Divergently** (-ऐन्ट्-लि)-*adv.* in a diverging manner. विभिन्नता से।

Diving-dress.

Diverse-डाइ'-वर्स्-*adj.* different, various. भिन्न प्रकार का, अनेक, विविध; **Diversely** (-लि)-*adv.* variously. भिन्न प्रकार से; **Diversiform** (-इ-फ़ॉर्म्)-*adj.* of various forms. भिन्न प्रकार का।

Diversification-see **Diversify.**

Diversify-डाइ-वर्स्-इ-फ़ाइ-*v.t.* (*p. t.* **Diversified**) to variegate, to modify. रङ्ग-बिरङ्गा बनाना, चित्रित करना; **Diversification** (-इफ़्-इक्-ए-शन्)-*n.* modification, change, alteration. विचित्रता, परिवर्तन, उलट-पलट।

Diversion-डाइ-वर्शन्-*n.* a turning aside from any course, recreation, pastime. परिवर्तन, विनोद, क्रीड़ा, खेल; **Diversity** (-वर्स्'-इट्-इ)-*n.* unlikeness, variety. भिन्नता, विषमता।

Divert-डाइ-वर्ट्'-*v. t.* to turn aside, to distract, to amuse. हटाना, विनोद करना, क्रीड़ा करना; **Diverter** (-अर्)-*n.* one who diverts. विनोदी; **Diverting** (-इङ्ग्)-*adj.* amusing. रञ्जक (मनबहलाऊ); **Divertingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a diverting manner. मन बहलाते हुए; **Divertive** (-इव्)-*adj.* amusing. मन बहलाव करनेवाला।

Dives-डाइ'-वीज़्-*n.* a rich and luxurious person. रईस एवं धनी मनुष्य।

Divest-डाइ-वेस्ट्'-*v. t.* to unclothe, to deprive or strip off. वस्त्रहीन करना, छीनना; **Divestible** (-इ-बल्)-*adj.* that can be divested. उतारने योग्य; **Divestment** (-मेन्ट्)-*n.* act of divesting. वस्त्र का अपहरण (उघाड़)।

Divide-डि-वाइड्'-*v. t. & i.* to separate or split into parts, to cut off, to distribute, to see how many times one number contains another, to share. विभेद या खण्ड करना, बाँटना, भाग देना, हिस्सा लगाना; **Divided** (-ऐड्)-*adj.* distributed. भाग किया हुआ; **Dividedly** (-लि)-*adv.* separately. पृथक् रूप में या ढंग से।

Dividend-डिव्'-इड्'-ऐन्ड्-*n.* a share, the number to be divided by a divisor. भाग, अंश, भाज्य।

Dividers-डि-वाइड्'-अर्स्-*n. pl.* measuring compasses. नापने का परकाल।

Dividing-डि-वाइड्'-इङ्ग्-*n.* separation. भाग, अलगाव।

Divination-डिव्'-इन्-ए'-शन्-*n.* foretelling of future events. भविष्य-कथन।

Divinator-डिव्'-इन्-ए'-टर्-*n.* one who divines or pretends divination. भविष्य-सूचक; **Divinatory** (-इ)-*adj.* pertaining to divination. भविष्य कथन-सम्बन्धी

Divine-डि-वाइन्'-*adj.* belonging to or proceeding from God, sacred, excellent, beautiful. दैवी (दिव्य), पवित्र, अपूर्व, सुन्दर; -*v. t.* to predict, to conjecture. शकुन कहना, अनुमान करना; -*n.* a theologian. धर्मोपदेशक; **Diviner** (-अर्)-*n.* one who guesses. अनुमान करनेवाला व्यक्ति; **Divine Right of kings** (*i. e.* independent of their subject's will.) राजा का स्वतन्त्र अधिकार; **Divine service** (God's worship according to established forms.) प्रचलित रीति के अनुसार ईश्वर-पूजन; **Divinely** (-लि)-*adv.* in a divine manner. दिव्य रूप से।

Diving-डाइव्'-इङ्ग्-*n.* see **Dive.**

Diving- bell-डाइव्'-इङ्ग्-बेल्-*n.* a hollow chamber in which a diver descends into and works under water. बक्स के आकार का एक यन्त्र जिसमें बैठकर पनडुब्बा पानी के भीतर काम करता है।

Divinity-डि-विन्'-इट्-इ-*n.* (*pl.* **Divinities**) the deity, a celestial being. दैवत्व (दिव्यता), देवता; **Divinization** (डिव्'-इन्-आइज़्-ए'-शन्)-*n.* act of deifying. देवता बनाने की क्रिया; **Divinize** (-आइज़्)-*v. t.* to deify. देवता बनाना।

Divisibility-डि-विज़्-इ-बिल्'-इट्-इ-*n.* the quality of being divisible. भाजकत्व; **Divisible** (-विज़्'-इ-बल्)-*adj.* capable of division. भाग करने योग्य।

Division-डि-विज़न्-*n.* the act of dividing, distribution, separation, a class or section,

खण्ड, पृथक्करण, विभाजन, विभेद, विभाग; **Division of labour** (specialization in industry.) व्यापार में समय का लाघव करने की विधि, श्रम-विभाजन; **Divisional** (-अल्)-*adj.* belonging to a division. विभाजन-सम्बन्धी ।

Divisor-डि-व्राइज़्'-अर्-*n.* the number by which another is divided. भाजक, भाग देने-वाली संख्या ।

Divorce-डि-व्रोर्स्-*n.* the legal dissolution of a marriage contract. विवाह-विच्छेद, तलाक़; -*v.t.* to dissolve a union of marriage. विवाह का बन्धन तोड़ना; **Divorceable** (-एँ-बुल्)-*adj.* that can be divorced. तलाक़ देने लायक; **Divorcee** (-सी)-*n.* a divorced person. त्याग (तलाक़) किया हुआ पुरुष या स्त्री; **Divorcement** (-मेंन्ट्) -*n.* the dissolution of a marriage tie. त्याग (तलाक़); **Divorcer** (-अर्) -*n.* one who divorces. तलाक़ देनेवाला व्यक्ति ।

Divulgate-डि-वल्ग्'-एट्-*adj.* see **Divulge.**

Divulge-डाइ-वल्ज्'-*v. t.* to proclaim, to reveal. प्रकाशित करना, घोषणा करना, भेद खोलना; **Divulgate** (-वल्ग्'-एट्)-*adj.* published. प्रकाशित किया हुआ ।

Divulger-डाइ-वल्ज्'-अर्-*n.* one who divulges. प्रकाशक; **Divulging** (-इङ्ग्)-*n.* act of revealing. प्रकाशन ।

Divulsion-डाइ-वल्'-शन्-*n.* a rending asunder. विदारण, उत्पाटन; **Divulsive** (-वल्स्'-इव्) -*adj.* that which rends. विदारक ।

Dizzard-डिज़र्ड्-*n.* a blockhead, a foolish person. मूर्ख मनुष्य ।

Dizzily-डिज़्'-ज़ि-लि-*adv.* in a dizzy manner. भ्रमपूर्वक; **Dizziness** (-इ-नेस्)-*n.* giddiness. भ्रम, चक्कर ।

Dizzy-डिज़्'-ज़ि-*adj.* giddy, causing giddiness, unsteady, confused. भ्रमकारक, चपल, प्रमत्त ।

Do-डो-*n.* the first note in music. गायन में पहिला स्वर ('सा' स्वर का नाम) ।

Do-डू-*v. t., i & aux.* (*p.t.* **Did**, *p.p.* **Done**) to impart, to perform, to give, to finish. देना, सम्पादन करना, करना (बनाना), साधना, समाप्त करना; **This will not do** (it is not sufficient.) इससे काम न चलेगा; **How do you do?** (how do you get on ?) आप अच्छे तो है, आप कैसे हैं ? **To do away with** (to destroy, to remove.) विनाश करना, हटाना; **To do by** (to behave.) व्यवहार करना; **To do for** (to ruin.) नाश करना; **To do justice to** (to perform.) सम्पादन करना; **To do one's best** (to exert fully.) यथाशक्ति कार्य करना; **To do over** (to perform again.) दुबारा करना; **To do with** (to have business with.) व्यापार करना; **To do unto others.** (to deal with others.) दूसरे के प्रति व्यवहार करना; **To do up** (to mend.) मरम्मत करना; **Have to do with** (to be concerned with.) सम्बन्ध रखना; **Well-to-do** (rich, wealthy.) धनी, अमीर ।

Doab-दोआब्-*n.* a patch of country which lies between two rivers. दो नदियों के बीच का प्रदेश, दोआब ।

Dobbin-डॉबिन्-*n.* a work horse. गाड़ी खींचने या खेत में काम करने का घोड़ा ।

Docile-डो-साइल्'-*adj.* teachable, submissive. सीखने योग्य, वश्य (अधीन); **Docility** (डो-सिल्'-इट्-इ)-*n.* the quality of being docile. वश्यता, अधीनता ।

Dock-डॉक्-*n.* the fleshy part of an animal's tail, the basin in which ships are loaded and unloaded, an enclosure for prisoners in court. छिन्नपुच्छ, जहाज़ से माल चढ़ाने और उतारने का स्थान, अदालत में क़ैदी के खड़े होने का स्थान; -*v. t.* to cut hair short. बाल छोटा करना; **Docked** (-ड्)-*adj.* with hairs cut short. बाल छँटा हुआ; **Dry-docks** (docks which are kept dry for the repair of ships.) जहाज़ की मरम्मत के लिए पानी निकाला हुआ डॉक; **Wet-dock** (a dock which is full of water and is used for loading and unloading vessels.) पानी भरा हुआ डॉक ।

Docker-डॉक्'-अर्-*n.* one who works in a dock, a dock-labourer. डॉक में काम करने-वाला मज़दूर ।

Docket-डॉक्'-इट्-*n.* a register of judgments, a document. फ़ैसलों की सूची, प्रमाण, दलील; -*v. t.* to summarize the heads of a writing. किसी लेख के विषयों का सारांश लिखना ।

Dock-master-डॉक्-मास्ट्'-अर्-*n.* the superintendent of a dock. डॉक का संरक्षक या निरीक्षक ।

Dockyard-डॉक्'-यार्ड्-*n.* an establishment in which ships are built and repaired. जहाज़ बनाने, मरम्मत करने या सामान रखने का स्थान ।

Doctor-डॉक्'-टर्-*n.* (*fem.* **Doctoress, Doctress**) a teacher or learned man, the highest university degree, a physician. पण्डित (शास्त्रज्ञ), विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ उपाधि, वैद्य, डाक्टर; -*v. t.* to confer the degree of a doctor, to practise as a physician. डाक्टर की पदवी प्रदान करना, वैद्य का व्यवसाय करना; **Doctorate** (-एट्), **Doctorship** (-शिप्)-*ns.* the post of degree of a doctor. डाक्टर का पद

या उपाधि; **Doctoring** (-इङ्ग्)-*n.* adulteration of articles used for consumption. खाने-पीने के पदार्थों में मिलावट करने का कार्य।

Doctrinaire-डॉक्'-ट्रिन्-ऐअर्-*n.* an unpractical theoriser. व्यवहार में न आनेवाली कल्पना करने वाला मनुष्य।

Doctrinal-डॉक्'-ट्रिन्-अल् - *adj.* pertaining to a doctrine. मत-सम्बन्धी।

Doctrine-डॉक्'-ट्रिन्-*n.* teaching, a thing taught, a principle of belief. शिक्षा, मत, सिद्धान्त; **Doctrinist** (-इस्ट्) - *n.* one who follows a doctrine. सिद्धान्तवादी; **Doctrinize** (-आइज़्)-*v. i.* to lay down a principle or dogma. सिद्धान्त प्रदर्शन करना।

Document-डॉक्'-यु-मेन्ट्-*n.* a deed, writing or inscription. लेख, पत्र या प्रमाण, दलील; **Documental** (-अल्), **Documentary** (-मेन्ट्'-अर् - इ) -*adjs.* relating to a document. लेख या प्रमाण-विषयक; **Documentation** (-ए-शन्) - *n.* production of records, use of documents. अभिलेखकों का प्रस्तुत करण, प्रमाणों का प्रयोग।

Dodd- डॉड् -*v. t.* to cut off wool from sheep's tail. भेड़ की दुम के बाल काटना।

Dodder-डॉड्'-इर्-*v. i.* to tremble, to totter, to shake. काँपना, हिलना; **Doddered** (-इ)-*adj.* having lost branches. बिना शाखा का; **Doddering** (-इङ्ग्)-*adj.* shaking. हिलता हुआ।

Dodge-डॉज्-*v.i.& t.* to start aside and evade, to shuffle, to trick. चौंक पड़ना तथा भागना, फेंटना, धोखा देना;-*n.* a trick, an artifice. छल, कपट; **Dodger** (-अर्) - *n.* a trickster. छली मनुष्य; **Dodgery** (-अर्-इ)-*n.* trickery. धोखेबाजी; **Dodgy** (-इ) - *adj.* ingenious, slim. कुशल, कपटी, छली।

Doe-डो-*n.* (*mas.* **Buck.**) a female of deer or buck. मृगी, हरिणी।

Doer-डू'-अर्-*n.* one who performs. (कार्य) सम्पादन करनेवाला मनुष्य।

Does-डज़्-*3rd. pers. sing.* of **Do.**

Doest-डू'-ऍस्ट्-*2nd. pers. sing.* of **Do.**

Doff-डॉफ्-*v. t.* to take off, to abandon. उतारना, त्यागना; **Doffer** (-अर्) - *n.* a cylinder which is used in a carding machine. धुनने के यन्त्र का पीपा।

Dog-डॉग्-*n.* (*fem.* **Bitch**) a domestic quadruped. कुक्कुर, कुत्ता; -*v. t.* to follow as a dog. कुत्ते की तरह अनुसरण करना; **A dead dog** (a thing of no value.) तुच्छ पदार्थ; **Dogcheap** (very cheap.) बड़ा सस्ता; **Dog-days** (hottest period of the year.) वर्ष का अत्युष्ण काल; **Dogged** (-ऍड्) -*adj.* obstinate. रूखा, हठी; **Doggedly**(-लि)-*adv.* obstinately. हठ से; **Doggishness** (-इश्'-नेस्) -*n.* obstinacy. हठता; **Doggerel** (-ऍर्-ऍल्)-*adj. & n.* mean, worthless verse. क्षुद्र, निकम्मा काव्य; **Doggish** (-इश्)-*adj.* like a dog, brutal. कुत्ते के समान, पाशविक; **Dog-head** (the hammer of a gun.) बन्दूक का कुत्ता; **Dog-hearted**-*adj.* cruel. क्रूर, निर्दयी; **Dog in manger** (one who unnecessarily troubles others.) दूसरों को वृथा कष्ट देनेवाला; **Dog-leech**-*n.* a veterinary doctor. पशु-चिकित्सक; **Dog-like** (-लाइक्)-*adj.* कुत्ते के समान; **Dog's death** (shameful death.) लज्जायुक्त मृत्यु; **Dog's ear** (the corner of the pages of a book turned by long use.) पुस्तक के पृष्ठों के मुड़े हुए कोने; **Dog-trick** (brutal treatment.) क्रूर व्यवहार; **To go to the dogs** (to go to ruin.) नष्ट होना; **To rain cats and dogs** (to rain in torents.) मूसलाधार वृष्टि होना; **To throw to the dogs** (to throw away.) फेंक देना।

Dogma-डॉग्मा-*n.* a principle, a tenet, a doctrine. सिद्धान्त, धर्ममत, नीति, प्रमाण।

Dogmatic-डॉग्' मैट्-इक्, **Dogmatical**(-अल्) -*adjs.* dictatorial, authoritative. स्वमताभिमानी, निर्देशक (कट्टर); **Dogmatics** (-इक्स्) -*n.* a doctrinal theory. सिद्धान्त विषय; **Dogmatically** (-अल्-लि) -*adv.* positively. दृढ़तापूर्वक।

Dogmatism- डॉग्'-मॅ - टिज़्म्-*n.* a positive opinion. स्वमताभिमान, दृढ़ोक्ति।

Dogmatize-डॉग्'-मॅ - टाइज़् -*v. t.* to assert positively. हठधर्म करना।

Doily-डॉइ'-लि-*n.* a small ornamental napkin. छोटा सुन्दर गमछा।

Doings-डू'-इङ्ग्ज़्-*n. pl.* actions, behaviour. करनी, व्यवहार, चरित्र।

Doit--डॉइट्-*n.* a small Dutch coin. हालैंड देश का एक छोटा सिक्का।

Dole-डोल्-*n.* destiny, charitable distribution, grief. भाग्य, अंशदान, दुःख; - *v. t.* to deal out in small portions. थोड़ा-थोड़ा बाँटना।

Doleful-डोल्-फुल् - *adj.* dreary, sad. उदास, सविषाद, दुःखी; **Dolefully** (-लि) - *adv.* sadly. दुःख से।

Dolesome-डोल्'-सम्-*adj.* dismal. उदास, दुःखी; **Dolesomely** (-लि)-*adv.* dolefully. दुःख से; **Dolesomeness** (-नेस्) dismay, gloom. विषाद; **Dolefulness** (-फुल-नेस्)-*n.* gloominess, sadness. दुःख, उद्वेग।

Doll-डॉल्-*n.* a toy baby, a puppet. गुड़िया, पुतली; **Dollish** (-इश्)-*adj.* innocent. नादान;

Dollishly (- इश्' - लि) *-adv.* like a baby. नादानी से; **Dollishness** (-इश्'-नेस्)*-n.* the quality of being foolish. मूर्खता, अज्ञानता ।

Dollar-डॉ'-लर्*-n.*(symbol-$) a coin of United States worth 4s. 1½d. ४शि० १½पेंस के मूल्य का अमेरिका का सिक्का; **The almighty dollar** (wealth, riches.) धन, सम्पत्ति ।

Dolly-डॉल्'-लि*-n.* a wooden shaft used in washing. धोबी की मुँगरी ।

Dolor-डो'-लर्-(also **Dolour**)*-n.* sorrow, distress, anguish. शोक, क्लेश, दुःख ।

Dolorific-डॉल्-ऑर्'- इफ्' -इक्, **Doloriferous** (-इ-फरस्) - *adjs.* that which causes pain or grief. पीड़ाकर, कष्ट देनेवाला ।

Dolorous-डो'-लरस् - *adj.* painful, distressing. दुःखदायी, कष्टकारक; **Dolorously** (-लि) *-adv.* with anguish. कष्ट से ।

Dolour-डोलर्*-n.* pain. कष्ट ।

Dolphin-डॉल्'- फिन् - *n.* a fish of the whale kind. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Dolt-डोल्ट्*-n.* a dull fellow, a blockhead. मन्द-बुद्धि, मूर्ख मनुष्य; **Doltish** (-इश्)*-adj.* stupid. मूर्ख; **Doltishness** (-इश्-नेस्)*-n.* stupidity. मूर्खता; **Doltishly** (-इश्' - लि)*-adv.* in a stupid manner. मूर्खवत् ।

dom-डम् -a suffix denoting condition or quality. गुणवाचक प्रत्यय, यथा- **kingdom, freedom** &c.

Domain-डो मेन्'*-n.* estate dominion, scope or province, field of work. भूसम्पत्ति, राष्ट्र, प्रदेश, कार्यक्रम ।

Dome-डोम् - *n.* a rounded roof, a cupola, a stately building. गुम्बद, हवेली; **Domed** (-ड्) *-adj.* furnished with a dome or stately building. गुम्बददार ।

Domestic-डो मेस्ट्-इक्*-adj.* belonging to the household, native, tame. गृहस्थी सम्बन्धी, घरेलू, पालतू - *n.* a servant residing with a family. परिवार में रहने वाला नौकर; **Domestic Duties** (household duties.) कुलाचार; **Domestic Economy** (household management.) गृहस्थी का मितव्यय से प्रबन्ध; **Domestic quarrels** (household quarrels.) गृहकलह, घरेलू झगड़े; **Domestically** (-अलि)*-adj.* in a domestic manner. गृहस्थीभाव से ।

Domesticate - डो - मेस्ट्-इक् - एट् - *v. t.* to make domestic or familiar, to tame. पालतू बनाना, परचाना; **Domesticated** (-एट्-एड्)*-adj.* tamed. पला हुआ; **Domestication** (-ए-शन्)*-n.* the act of taming. पालतू बनाने का कार्य ।

Domesticity-डो-मेस्ट्-इस्'-इट्-इ- *n.* domestic interest, domestic character. पारिवारिक या घरेलू अभिरुचि या चरित्र ।

Domical-डॉमिकल्*-adj.* shaped like a dome. गुम्बद के आकार का ।

Domicile-डॉम्' - इस्-आइल - *n.* a dwelling place, a place of permanent residence. गृह, घर सर्वदा रहने का स्थान; - *v. i.* to establish a permanent abode or residence. घर बनाकर निवास करना; **Domiciled** (-ड्) - *adj.* having a permanent residence. स्थायी निवासवाला ।

Domiciliary-डॉम्'-इस्-इल्'-इ-अर्-रि*-adj.* of a dwelling place. निवास अथवा गृह-सम्बन्धी ।

Dominance-डॉम्'-इन्-अन्स् *-n.* ascendancy. प्रधानता, महत्व ।

Dominant-डॉम्'-इन्- अन्ट् *-adj.* prevailing, ruling, very influential. प्रबल, प्रधान, श्रेष्ठ, अति प्रभावशाली; **Dominantly** (-लि)*-adv.* in a predominant manner. प्रधानता से ।

Dominate-डॉम्'-इन्-एट्*-v. t.* to rule, to predominate over. राज्य करना, शासन करना; **Domination** (-ए'-शन्) - *n.* authority, government, tyranny. प्रभुत्व(अधिकार), शासन, निर्दयता; **Dominator**(-अर्)*-n.* a ruler. शासक।

Domineer-डॉम्-इन्-इअर्' - *v. i.* to rule with violence, to tyrannize, to bluster. क्रूरता से शासन करना, अत्याचार करना; **Domineering** (-इङ्ग्)- *adj.* overbearing. अहंकारी, घमंडी; **Domineeringly** (-इङ्ग् लि) - *adv.* in an overbearing manner. ढिठाई से ।

Dominical-डॉ-मिन्-इक्-अल - *adj.* relating to the Lord. प्रभु ईसा मसीह का या संबंधी ।

Dominicide-डॉ-मिन्'-इ-साइड्*-n.* the murder of a master. स्वामी की हत्या ।

Dominion-डो-मिनि'-यन् - *n.* a sovereignty, supreme authority, government, colony. अधिकार, राज्य, प्रभुत्व, उपनिवेश ।

Domino-डॉम्'-इन् ओ *-n.* (*pl.* **Dominoes**) a hooded cap worn by priests, a game played with dice. पादरी का टोप, पासे से खेलने का एक खेल ।

Dominus-डॉम्'-इ-नस्*-n.* sir. महाशय ।

Don-डॉन्*-n.* (*fem.* **Donna**-डॉन्'-ना) a Spanish title. स्पेन देश की एक उपाधि (महाशय);-*v. t.* (*p. t.* **Donned**) to put on. पहिनना ।

Donate-डोन्-एट्' - *v. t.* to present a gift, to subscribe. उपहार देना, किसी विशिष्ट कार्य के लिये चन्दा देना; **Donator** (-अर्)*-n.* a giver. दान देनेवाला ; **Donatory** (-अर्-इ) - *n.* one who receives a present. भेंट पानेवाला ।

Donation-डोन्-ए' -शन्' -*n.* a gift, bestowal, present. दान, उपहार, भेंट ।

Donative- डोनें टिव् -*adj.* vested or vesting by gift. उपहार रीति से प्राप्त ।

Done-डन् *p. p.* of **Do.** किया गया ।

Donee-डो-नी'-*n.* the person to whom a gift is made. जिस व्यक्ति को उपहार या दान दिया जाता है ।

Donkey-डङ्'-की-*n.* an ass, a stupid person. गदहा, मूर्ख मनुष्य; **Donkey-engine** (a small engine used for hoisting on board a ship.) जहाज पर माल चढ़ाने उतारने का छोटा इञ्जन ।

Donor- डो'- नर्-*n.* the giver of a gift. उपहार या दान देनेवाला मनुष्य, दाता ।

Do-nothing- डु'-नथ्-इङ्ग् -*n.* an idler. काल-क्षेपक, काहिल आदमी ।

Don't-'do not' का संक्षिप्त रूप ।

Doodle-डू'-ड्ल-*n.* a simple fellow, a trifler. सीधा-सादा मनुष्य ।

Doom- डूम् - *n.* condemnation, sentence, unhappy fate. अदृष्ट, दण्ड, अभाग्य ; -*v. t.* to pronounce sentence against. दण्ड की आज्ञा देना ।

Doomsday-डूम्ज्'-डे-*n.* the day of the Last Judgment. प्रलय का दिन ।

Door-डोर्-*n.* a barrier for closing the entrance of a building, room &c., entrance, access. कपाट, द्वार, प्रवेश-मार्ग ; **Doorcase** (the frame which encloses a door.) दरवाजे का चौखट; **Door-keeper** (a watch, a porter.) द्वारपाल; **Door-plate** (a metal plate bearing the name of the occupant.) मकान मालिक के नाम की दरवाजे पर लगी हुई तख्ती; **Door-sill** (the sill of a door.) देहली; **Doorway** (-वे)-*n.* entrance. द्वार, मार्ग; **Next door (to)** (being in the next house, very near.) पास वाला; **Out of doors** (out of the house.) घर के बाहर, खुले में; **To open a door to** (to receive a guest &c.) पाहुन आदि का स्वागत करना; **To show one the door** (to turn one out, to expel.) घर के बाहर निकालना; **Within doors** (in the house.) घर के भीतर ।


Dope-डोप्-*n.* a thick kind of varnish. एक प्रकार की गाढ़ी वार्निश ।

Doric- डॉर्'- इक् -*adj.* rustic, belonging to Doris in Greece or its native. देहाती, यूनानी नगर डोरिस या उसके निवासी का ।

Dormancy-डॉर्म्-ऑन्-सि-see **Dormant.**

Dormant- डॉर्म्-ऑन्ट् - *adj.* lying inactive, sleeping. शिथिल, निद्रित; **Dormancy** (-ऑन्-सि) -*n.* quiescence. निद्रितावस्था ।

Dormer- डॉर्'-मर्-*n.* a bedroom. शयनागार; **Dormer-window** -*n.* a projecting window in a sloping roof. ढालुआँ छत में बाहर निकली हुई खिड़की ।



Dormer-window.

Dormitive - डॉर्मि'-इट्- इव् - *adj.* & *n.* promoting sleep, a soporific (medicine.) नींद लानेवाली (दवा) ।

Dormitory-डॉर्मिटरि-*n.* a large sleeping room or chamber. विशाल शयनागार, सोने का बड़ा कमरा ।

Dormouse-डॉर्'-माउस्-*n.* (*pl.* **Dormice**) a squirrel-like small rodent quadruped. गिलहरी की तरह का एक छोटा कुतरनेवाला जानवर ।

Dorsal-डॉर्स्-अल्-*adj.* pertaining to the back. पृष्ठ (पीठ) सम्बन्धी, ऊर्ध्वतलीय, पृष्ठीय ।

Dorsum-डॉर्'-सम् -*n.* ridge of a hill, back of the body. पहाड़ी का किनारा, पीठ ।

Dosage-डोज्'-एज्-*n.* see **Dose.**

Dose-डोज्-*n.* the amount of medicine to be taken by a patient at one time. औषधि की मात्रा, खुराक;-*v. t.* to give in doses. मात्रा में देना; **Dosage** (-एज्)-*n.* method of dosing. मात्रा बनाने की विधि; **Dosology** (-ओल्'-ऑज्-इ)-*n.* औषधियों की मात्रा का शास्त्र या ज्ञान ।

Dost-डस्ट्-2*nd. pers. sing.*of **Do.**

Dot- डॉट् -*n.* a mark made with a sharp pointed pen or pencil. बिन्दु, सूक्ष्म चिह्न; -*v. t.* to mark with dots. बिन्दुओं से अङ्कित करना; **Dotted** (-टेड्)-*adj.* marked with dots. बिन्दुओं से चिन्हित; **Dot-wheel** (a wheel used for marking with dots.) बिन्दुपूर्ण रेखा खींचने का पहिया ।

Dotage - डोट्- एज्' -*n.* excessive fondness, senility. अत्यन्त अनुराग, मतिक्षीणता ।

Dotard - डोटर्ड - *n.* a man in his dotage. अति वृद्ध या क्षीण मनुष्य ।

Dote- डोट्-*v. i.* to be silly or feebleminded. मूर्ख होना, सठियाना ।

Doting-डोट्' इङ्ग्-*adj.* regarding with extreme fondness. अति अनुरक्त ; **Dotingly** (- लि) -*adj.* in a doting manner, with excessive fondness. अति अनुराग या स्नेह से ।

Doth-डथ्-2*nd. pers. sing.* of **Do.**

Dotterel, Dottrel-डोट्'- ए- रल, डोट्-रेल्*ns.* a silly fellow, a dupe. मूर्ख मनुष्य, धोखेबाज़ आदमी ।

Double-डब्'-ब्ल्-*adj.*& *adv.* consisting of two,

forming a pair, two-fold, deceitful. दोहरा, जोड़े का, दूना, कपटी; - *v. t.* to multiply by twice the quantity. दूना करना, दोहराना, द्विगुणित करना; -*n.* twice as much. द्विगुणित; **Double-axe** (one having keen edges on both sides of the blade.) दोनों ओर धारवाली कुल्हाड़ी ; **Double-acting** (acting in two directions.) दो प्रकार से कार्य करना; **Double-barrelled** (having two barrels.) दोनली (बन्दूक); **Double-dealing** (duplicity.) कपट-व्यवहार ; **Double-first** (first in two subjects.) विश्वविद्यालय के दो विषयों में उच्च श्रेणी की उपाधिप्राप्त ; **Doubleness** (-नेस्)-*n.* the quality of being double, duplicity. दोहरापन; **Double-tongued** -*adj.* deceitful. छली, कपटी; **Doubly** (-इ)-*adv.* twice. दोबारा; **To double up** (to fold.) मोड़ना, तह करना; **To double the fist** (to clench the fist.) मुट्ठी बाँधना ।

Doublet- डब्' - लिट् -*n.* a close-fitting upper garment. उरोवस्त्र, शरीर के ऊपरी भाग में पहनने का कसा हुआ वस्त्र ।

Doubling - डब्' -लिङ्ग् -*n.* act of making double, an artifice, a fold. एक का दो बनाने की विधि, छल, तह ।

Doubt- डाउट् -*n.* feeling of uncertainty, suspense, hesitation. संशय, सन्देह, द्विविधा; -*v. i.* to be uncertain, to distrust. आशङ्का करना, सन्देह करना; **Doubtable** (-ऍ-बल्) -*adj.* that may be doubted, questionable. सन्देह योग्य; **Doubter** (-अर्)-*n.* one who doubts. सन्देह करनेवाला व्यक्ति ; **Doubtful** (- फुल्) -*adj.* ambiguous, uncertain. सन्दिग्ध, अनिश्चित ; **Doubtfully** (-फुल्-लि)-*adv.* in a doubtful way. ससन्देह ; **Doubtfulness** (- फुल्- नेस्) -*n.* ambiguity, the state of being doubtful. संशयात्मक स्थिति, संशयत्व; **Doubtless** (-लेस्) -*adj.* without doubt. निस्सन्देह ; **Doubtlessly** (-लेस्-लि)-*adv.* confidently. बिना संशय के, निस्सन्देह ।

Douceur -डू-सर् -*n.* a gratuity, a present, a bribe. नज़राना, घूस, रिश्वत ।

Douche-डूश् -*n.* a jet of water directed on some part of the body internally or externally. नली द्वारा शरीर के भीतर या बाहर जल की धारा देने का यन्त्र ।

Dough-डो-*n.* kneaded and moistened flour. साना हुआ गीला आटा ।


Doughtily-डाउट्' - इ-लि -*adv.* bravely. वीरता से ; **Doughtiness** (- नेस्) - *n.* bravery, strength. शूरत्व, बहादुरी, शक्ति ।

Doughty- डाउट्' -इ-*adj.* valiant, brave, able, strong. शूरवीर, योग्य, पुष्ट ।

Douse (Douze)-डाउस् (-ज़्)-*vt. i.* to plunge or fall into water, to strike a blow, to lower a sail. पानी में गोता लगाना या कूदना, घूसा मारना, पाल उतारना ; - *v. t.* to put out, to extinguish. दीपक बुझाना; -*n.* a heavy blow. गहरा घूँसा ।

Dove- डव्-*n.* a kind of pigeon, a word of endearment. पेंडुकी, कबूतर, प्यार का शब्द ; **Dovecot** (a box in which pigeons breed.) कबूतर का दरबा ; **Dovelike** (like a dove.) कबूतर की तरह का ।

Dovetail-डव्' -टेल्-*n.* & *v. t.* a tenon having the shape of a dove's spread tail; to unite with such tenons. कबूतर की खुली पूँछ के समान (डमरुआ) चूल, ऐसा (डमरुआ) चूल बनाना या बैठाना ।



Dovetail.

Dowager-डा-उअ' -जर् -*n.* a widow (*esp.* of a noble) having property derived from her late husband. मरे हुए (धनिक) पति की सम्पत्ति पानेवाली विधवा स्त्री ।

Dowdily - डाउ - डि' -लि -*adv.* in a shabby manner. गंदे ढंग से; **Dowdiness** (-नेस्)-*n.* untidiness. गन्दगी ।

Dowdy - डाउ' - डि - *adj.* awkward, untidy, shabby. गन्दा, कुरूप, भद्दा ।

Dowel- डॉवेल् -*n.* a piece of wood or iron used for joining two pieces of board. डमरुआ फन्नी; **Dowelling** (-इङ्ग्) -*n.* फन्नी का जोड़ ।

Dower -डाउ' -अर् -*n.* a widow's share of her husband's estate, dowry, endowment, gift. स्त्रीधन, दहेज, प्राभृत, उपहार; - *v. t.* to give dowry to. दहेज देना; **Dowerless** (-लस्) -*adj.* destitute of dowry. बिना दहेज की ।

Dowery-डाउ' -अर्-इ-*n.* same as **Dowry**.

Down-डाउन्-*n.* soft feathers of birds, short tender hair, high open land. कोमल पर या रोआँ, कछार; - *adv.* from above, in fallen posture, dejected. नीचे, तले, खिन्न; -*prep.* downwards, along, from a higher to a lower level. नीचे की ओर, आगे को, नीचे तल में; **Bent down** (inclined.) झुका हुआ; **Down to the ground** (completely.) पूर्ण रूप से; **Down to the present day** (upto this day.)आज तक; **The sun goes down** (the sun sets.) सूर्य अस्त होता है ; **To be down on**

(to attack.) आक्रमण करना; **To get down** (to descend.) उतरना ; **To hiss down** (to silence.) चुप करना; **Up and down** (here and there.) इधर-उधर; **Ups and downs** (prosperity and calamity.) अमीरी-गरीबी ।

Downcast-डाउन्'-कास्ट् - *adj.* dejected, cast down. म्लान, खिन्न; -*n.* a melancholy look. खिन्न मुख ।

Downfall-डाउन्' - फ़ॉल्-*n.* falling down of flood, ruin. बाढ़ का उतार, नाश ।

Down-hearted-डाउन्'-हार्टेड्-*adj.* dejected in spirits. उदासीन ।

Downpour-डाउन्'-पोर्-*n.* a heavy continuous pour of rain. मूसलाधार या बड़े वेग की वृष्टि ।

Downright-डाउन्'-राइट्-*adj.* plain, artless. स्पष्ट, निष्कपट; -*adv.* completely, at once, in plain terms, outspoken. पूर्ण रूप से, तुरंत, स्पष्ट शब्दों में, स्पष्टवादी ।

Downstairs-डाउन्'-स्टेअर्स् - *adv.* on a lower floor of a house. सीढ़ी के नीचे, घर के नीचे के खण्ड में ।

Down-train-डाउन्'-ट्रेन्-*n.* an outward bound train. प्रधान स्थान या स्टेशन से निम्न तल की ओर जानेवाली रेलगाड़ी ।

Down-trodden-डाउन्'-ट्रॉड्-इन्-*adj.* trampled down. पैर से कुचला हुआ ।

Downward(-s)-डाउन्'-वर्ड् (-स्)-*advs.* at the lower extremities. नीचे की सीमा पर; -*adj.* dejected. खिन्न ।

Downy-डाउन्'-इ-*adj.* covered with down, soft. रोएँ से ढँका हुआ, कोमल ।

Dowry-डाउ'- रि -*n.* the property which a woman brings to her husband in marriage. स्त्रीधन, दहेज ।

Dowse-डाउस्-*v. t.* to strike a blow on the face, to use the divining-rod. मुँह पर मुक्का मारना, पानी के तल का पता लगानेवाली छड़ी का इस्तेमाल करना ।

Doxy-डाक्'-सि -*n.* opinion on theological subject. धार्मिक विषय पर विचार ।

Doze-डोज्-*v. i.* to sleep lightly or drowsily. झपकी लेना, तन्द्रा लेना; -*n.* a slumber, झपकी, अल्प निद्रा ।

Dozen-डज़्'-न्-*n. pl.* twelve things of one kind. दर्जन, बारह; **To talk nineteen to the dozen** (to talk uselessly.) वृथा बकवाद करना ।

Dozer-डोज़्'-अर्-*n.* one who slumbers. निद्रा लेनेवाला ।

Drab-ड्रैब्- *n.* a woman of bad character, a whore, a strumpet. कुलटा, व्यभिचारिणी, वेश्या; -*adj.* of light brown colour. हलके भूरे रङ्ग की; -*v. t.* to associate with bad women. व्यभिचारिणी स्त्रियों की संगति में रहना ।

Drabble-ड्रैब् - बल्-*v. t.* to make dirty with mud and water, to draggle. कीचड़ और पानी से मलिन करना ।

Drachm-ड्रैम्-*n.* a small quantity, a weight of sixty grains. छोटा परिमाण, साठ ग्रेन की तौल ।

Draconian- ड्रै-कोन्'-इ-अन्, **Draconic** (-इक्) -*adjs.* of great severity, rigorous. निर्दय, क्रूर ।

Draff-ड्राफ़ -*n.* dregs, refuse of malt after brewing. शराब आदि का तलछट, खूद ।

Draft-ड्राफ़्ट् -*n.* drawing of money by written order, a bill of exchange, a summary. हुण्डी, पुरजा, संक्षेप; - *v. t.* to draw off, to prepare. चित्र खींचना, खाका बनाना ।

Draftsman-ड्रैफ़्ट्स्'-मैन्-*n.* one who drafts a document, a designer. मसविदा बनानेवाला, चित्र या नक्शा बनानेवाला ।

Drag-ड्रैग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Dragged.**) to pull with force, to trail on the ground. शक्ति लगाकर खींचना, सरकना ; -*n.* a four-wheeled carriage. एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी; **To drag in** (to introduce a new subject unnecessarily.) वृथा नया विषय उठाना; **To drag on** (to continue tediously.) शिथिलतापूर्वक जारी रखना; **To drag out** (to protract.) हटाना, खिसकाना ।

Draggle-ड्रैग्'- गल् -*v. t.* to make wet and dirty, to soil, to drabble. मैला करना, गन्दा करना ।

Dragnet-ड्रैग्'-नेट्-*n.* a net drawn on the bottom of a river or pond to catch fishes. मछली पकड़ने का नदी-नाले के तल में फेंकने का जाल ।

Dragon-ड्रैग्'- अन् - *n.* a mythical winged reptile. पंख वाला नाग या अजगर; **Dragon's blood** (a kind of red gum obtained from certain plants.) एक प्रकार की लाल गोंद ।

Dragoon- ड्र गून्'-*n.* a cavalryman, a rough fierce fellow. घुड़सवार, भयंकर रूक्ष मनुष्य; -*v.t.* to harass, to persecute. कष्ट देना, दिक करना ।

Drail-ड्रेल्-*n.* a weighed fishing line for dragging through water. पानी में से मछली खींचने की भार लगी हुई डोरी; -*v. t.* to trail. पानी में खींचना ।

Drain-ड्रेन्-*n.* a ditch, a sewer. परनाला, मोरी; -*v. t.* to draw off gradually, to filter, to dry. बहाना (खाली करना), छानना, सुखाना; **Drainable** (-ऐ-बल्)-*adj.* capable of being drained. बहाने योग्य; **Drainage** (-एज्) -*n.* system of sewerage. पानी और मैले का निकास,

मोरी; **Drainer** (-अर्) *-n.* a vessel in which things are put for being drained. बहाने का पात्र।

Drake-ड्रेक्-*n.* the male of the duck. नर हंस, बत्तख।

Dram-ड्रैम्-*n.* contraction of **Drachm.** ड्राम् शब्द का छोटा रूप।

Drama-ड्रा-मा-*n.* a stage play, a theatrical entertainment, dramatic literature. अभिनय, नाटक।

Dramatic-ड्रैम्-ऑट्'-इक्, **Dramatical** (-अल) *-adjs.* theatrical. नाटकसम्बन्धी; **Dramatically** (-अलि) *-adv.* in the manner of a drama. नाटक रूप से; **Dramatist** (-इस्ट्) *-n.* a play-wright. नाटककार, नाटक लिखनेवाला; **Dramatis personae** (-ऑं-टिस्-पर्-सों'-नी) *-n. pl.* characters in a play. किसी नाटक के पात्र; **Dramatize** (-आइज़्) *-v. t.* to convert into a play. नाटक रूप में (उपन्यास, कथा इत्यादि) बदलना; **Dramatization** (-एँ-शन्) *-n.* the act of dramatizing. नाटक रूप में परिवर्तन; **Dramaturgy** (-अर्जे-इ)-*n.* theatrical art. नाटक-कला; **Dramaturgist** (-टर्जे'-इस्ट्) *-n.* a playwright. नाटक लिखनेवाला।

Drank-ड्रैङ्क्-*p. t.* of **Drink.** पीआ।

Drape-ड्रेप्-*v. t.* to cover, to adorn, to dress. ढाँकना, सजाना, वस्त्र पहनाना।

Draper-ड्रेप्'-अर्-*n.* a dealer in cloth or drapery. वस्त्र बेचनेवाला, बजाज।

Drapery-ड्रेप्'-अर्-इ-*n.* the occupation of a draper. बजाज का व्यवसाय।

Drastic-ड्रैस्ट्'-इक्-*adj.* vigorous, powerful, strongly purgative. तीव्र, तीक्ष्ण, तेज दस्तावर; **Drastically**(-अलि)-*adv.* strongly. तीक्ष्णता से।

Draught-ड्राफ्ट्-*n.* the act of drawing, dose of a liquid medicine, the quantity of liquor drunk at once, current of air in a room, a sketch or outline. खिंचाव, तरल औषधि की मात्रा, घूँट, वायु का झोंका, ढाँचा, खाका; *-v. t.* to make a plan. ढाँचा बनाना।

Draughtsman-ड्राफ़्ट्स्'-मॅन्-*n.* one who makes or designs drawings. चित्र बनानेवाला; **Draughtsmanship** (-शिप्) *-n.* the work of a draughtsman. चित्र बनाने का कार्य।

Draughty-ड्राफ़्ट्'-इ-*adj.* full of currents of air. वायु के झोंकों से पूर्ण।

Draw-ड्रॉ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Drew**, *p.p.* **Drawn**) to pull out or drag, to contract, to distort, to bend, to extract, to lengthen, to write, to suck, to receive, to get. खींचना, सिकोड़ना, मोड़ना, तत्त्व निकालना, लंबा करना, लिखना, चूसना, पाना, लेना, बढ़ाना, फैलाना;-*n.* act of drawing, strain. खिंचाव, तनाव; **Drawn by merits** (attracted by merits.) गुणों से मुग्ध; **To draw back** (to receive back.) वापस लेना; **To draw a deep breath** (to inhale deeply.) गहरी साँस लेना; **To draw cloth** (to remove cloth from table after dinner.) भोजन के बाद टेबुल पर से कपड़ा हटाना; **To draw game** (to part without deciding a game.) जीत हार बिना हुए खेल रोक देना; **To draw in** (to entice.) ललचाना; **To draw lots** (to obtain by lots.) चिट्ठी डालना; **To draw off** (to withdraw.) हटाना; **To draw one's salary** (to receive one's pay.) तनख्वाह लेना; **To draw one's sword against** (to make an assault.) आक्रमण करना; **To draw out** (to direct, to lengthen.) मार्ग दिखलाना, बढ़ाना; **To draw the line at** (to fix limits of.) सीमा परिमित करना; **To draw up (to draw out) a scheme** (to prepare a scheme.) खाका तैयार करना।

Drawback-ड्रॉ'-बैक्-*n.* a deduction, a dis-advantage. कमी, असुविधा।

Draw-bridge-ड्रॉ'-ब्रिज्-*n.* a bridge which may be raised up or drawn aside. उठाने या एक ओर हटा लिये जानेवाला पुल।



Draw-bridge.

Drawee-ड्रॉ'-ई-*n.* he who draws an order for payment of money. हुण्डी की रकम लेनेवाला।

Drawer-ड्रॉ'-अर्-*n.* one who draws, a sliding box in a case. निकालनेवाला, टेबुल की दराज; **Drawers** (-अर्स्) *-n. pl.* an undergarment. नीचे के अंग का वस्त्र, जाँघिया, कछ।

Drawing-ड्रॉ'-इङ्ग्-*n.* the art of representation in lines. चित्रकला, चित्र खींचना; **Drawing-board** *-n.* a board on which paper is fixed to make drawings on. लकड़ी का चिकना तख्ता जिस पर कागज़ रखकर चित्र खींचा जाता है; **Drawing-paper**-*n.* a stout paper on which drawings are made. चित्र बनाने का मोटा कागज़; **Drawing-room** (a room of the reception of company.) दर्शक-गृह, बैठका।

Drawl-ड्रॉल् -*v. i.* to speak in a low tone. धीरे-धीरे बोलना, भुनभुनाना; **Drawler** (-अर्) -*n.* one who mutters. भुनभुनानेवाला; **Drawlingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a low or slow tone. मन्द उच्चारण से, भुनभुनाते हुए।

Drawn-ड्रॉन्- *p. p.* of **Draw**; -*adj.* equal on both sides. दोनों पक्ष में समान।

Draw-plate-ड्रॉ'-प्लेट्-*n.* a steel plate through which wires or tubings are drawn. तारों या नलिकाओं के खींचने की जन्ती।

Dray-ड्रे-*n.* a low-wheeled cart. नीची ठेला-गाड़ी; **Drayman** (-मैन्)-*n.* one who drives a dray. ठेला हाँकनेवाला।

Dread-ड्रेड्-*n. & adj.* awe, cause of fear, awful, fearful. भय, त्रास, भयंकर, डरावना; -*v. t. & i.* to fear with awe, to shrink from fear. भय करना, डरना; **Dreadable** (-एं-बुल्') -*adj.* able to be feared. डरने योग्य; **Dreadful** (-फुल्) -*adj.* terrible, frightful. भयानक, डरावना; **Dreadfully** (-फुल्-लि) -*adv.* in a manner to be dreaded. भयंकर ढंग से; **Dreadfulness** (-फुल्-नेस्) -*n.* the quality of being dreadful, great fear. भय, त्रास; **Dreadless** (-लेस्)-*adj.* fearless. निर्भय।

Dreadnought-ड्रेड्' -नॉट् -*n.* (*also* **Dreadnaught.**) one who dreads nothing, a kind of thick cloth, a kind of battleship. किसी से न डरनेवाला व्यक्ति, एक प्रकार का मोटा वस्त्र, एक प्रकार का लड़ाई का जहाज।

Dream-ड्रीम् *n.* fancies during sleep, vision, something imaginary. स्वप्न, मिथ्या वासना, मन की तरंग; -*v.i.*(*p. t.* **Dreamed, dreamt.**) to have vision in sleep, to think idly. स्वप्न देखना, व्यर्थ की बातें सोचना; **Dreamer** (-अर्)-*n.* one who dreams. स्वप्न देखनेवाला; **Dreamful** (-फुल्) - *adj.* full of dreams. स्वप्नपूर्ण; **Dreamily**(-इ-लि)-*adv.* in a dreamy manner. स्वप्न के रूप में या ढङ्ग से; **Dreamland** (imaginary fancies.) मन की तरंग; **Dreamless** (-लेस्)-*adj.* without dreams. स्वप्नरहित; **Dream-reader** (one who signifies the meaning of a dream.) स्वप्न का अर्थ बतलाने-वाला व्यक्ति; **Dreamy** (-इ) -*adj.* like a dream. स्वप्नवत्।

Drear-ड्रीअर, **Dreary**-ड्रीअर'-इ-*adjs.* gloomy, dull, dismal. विषण्ण, मन्द, उदास, भीषण; **Drearily** (-इ-लि) -*adv.* in a dreary manner. उदासी या भीषणता से; **Dreariness** (-इ-नेस्)-*n.* the state of being dreary. भीषणता, विषण्णता।

Dredge-ड्रेज्-*n.* a drag-net to catch oysters. सीप फँसाने का तल खिंचुआ जाल; -*v.t.* to clean out with a drag-net, to sprinkle. उक्त जाल से फँसाना, छितराना; **Dredger** (-अर्) -*n.* one who fishes with a dredge, a box for spreading powder. उक्त जाल से मछली फँसानेवाला, बुकनी छितराने की डिबिया।

Dree-ड्री-*v. t.* to endure. सहन करना।

Dreggy-ड्रेग्'-गि-*adj.* muddy. मलपूर्ण।

Dregs-ड्रेग्ज़् -*n. pl.* sediment, refuse. मल, किट्ट, तलछट।

Drench-ड्रेन्च् -*v. t.* to wet, to soak, to imbue. भिंगाना, गीला करना, डुबाना; **Drencher** (-अर्)-*n.* a shower for drenching. नहलाने का फ़ौवारा।

Dress-ड्रेस्-*v. t. & i.* to array, to provide oneself with clothes, to apply dressing to (wound &c.) to cleanse, to prune. अलंकृत करना (सजाना), कपड़ा पहिनना, घाव पर पट्टी बाँधना, साफ करना, छाँटना; -*n.* clothing, apparel. वेश, वस्त्र, पहिनावा; **Dressed** (-इ) -*adj* adorned. आभूषित, अलंकृत; **Dresser** (-अर्) - *n.* one who dresses, a kitchen sideboard. मलहम-पट्टी करनेवाला, कपड़ा पहिनानेवाला, भोजन पकाने की चौकी; **Dressing** (-इङ्ग्)-*n.* a bandage, ointment, manure, scolding or thrashing. पट्टी, मलहम, खाद, झिड़की या मारपीट; **Dressing-room** (a room for dressing in.) नेपथ्य,शृंगार करने का स्थान; **Dress-maker** (one who makes dresses for ladies.) स्त्रियों का वस्त्र बनानेवाला दर्जी; **Dressy** (-इ) -*adj.* stylish. आडम्बरी; **To dress food** (to cook.) भोजन पकाना या राँधना; **To dress hair** (to put hairs in order.) बालों को सँवारना।

Drew-ड्रू-*p. t.* of **Draw.** खींचा।

Drib-ड्रिब्-*v. i. & t.* to trickle, to make trickle. टपकना, टपकाना।

Dribble-ड्रिब-ब्ल्-*v. t.* to flow or fall in drops, to trickle, to run in mouth. बूँद-बूँद कर टपकना, चूना, लार बहाना; **Dribbler** (-अर्) -*n.* one who dribbles. टपकानेवाला।


Dribblet, Driblet-ड्रिब्-लिट् -*ns.* a drop, a small quantity. बूँद, थोड़ी मात्रा।

Dried-ड्राइड्, **Drier**- ड्रायर्; see **Dry.**

Drift-ड्रिफ्ट्-*n.* a slow current, tendency, purpose, accumulation. मन्द धारा, स्रोत, भाव, अभिप्राय (उद्देश्य), संचय; -*v. t. & i.* to be carried by a current, to pile or be piled. स्रोत से बहाकर ले जाया जाना, ढेर लगाना या लगना।

Drifter-ड्रिफ्ट्'-अर्-*n.* a boat which is used for catching fish. मछली फँसाने की नाव।

Drill-ड्रिल्-*n.* a boring tool, a kind of thick cloth, military exercise, a small furrow for sowing seeds. छेदने का बरमा, ड्रील (कपड़ा), क़वायद, खेत में बीज बोने की नाली; -*v.t.* to bore, to train soldiers for military discipline. छेद करना, सैनिकों को सेना-अनुशासन की शिक्षा देना।


Drills.

Drily-ड्राइ' -लि -*adv.* in a dry manner. सूखे ढंग से।

Drink-ड्रिङ्क्-*v.t.* & *i.* (*p. t.* **Drank**, *p. p.* **Drunk**) to swallow a liquid, to absorb, to listen, to empty. पीना, चूसना, सुनना, खाली करना (शराब पीना);-*n.* beverage. शराब (पेय, शर्बत); **To drink in** (to meditate.) गहरा विचार करना; **To drink off** (to drink the entire contents.) सब पी जाना; **To drink to** (to drink wine with good wishes for one's health.) किसी के हित के लिए मदिरा पीना।

Drinkable-ड्रिङ्क्' -ऍ-बल् -*adj.* able to be drunk. पीने योग्य, पेय।

Drinker-ड्रिङ्क्'-अर्-*n.* one who drinks. पीनेवाला, पियक्कड़।

Drinking-ड्रिङ्क्'-इङ्ग्-*n.* the practice of drinking. पीना, मदिरा-पान; **Drinking bout** -*n.* a carnival, revelry. पियक्कड़ों की मण्डली; **Drinking-house**-*n.* an ale-house. कलवरिया।

Drip-ड्रिप्-*v. i.* & *t.* (*p.t.* **Dripped**) to fall or let fall in drops. रसना, बूँद-बूँद करके चूना या चुआना; **Dripping** (-पिङ्ग्) -*n.* that which falls in drops. टपकाव, रसाव।

Drive-ड्राइव् -*v. i.* & *t.* (*p. t.* **drove**, *p. p.* **Driven** ड्रिवन्) to urge with violence, to convey in a vehicle, to throw, to conclude ढकेलना, गाड़ी पर सवार होकर चलना, फेंकना, समाप्त करना; **Drivable**(-ऍ-बल्)-*adj.* able to be driven. हाँकने योग्य; **To drive a nail** (to press a nail.) काँटी गाड़ना; **To drive at** (to aim.) लक्ष्य करना; **To drive away** (to scatter.) छितराना; **To drive into ground** (to penetrate into ground.) ज़मीन में गाड़ना; **To drive mad** (to turn mad.) पागल करना; **To drive out** (to expel.) बाहर निकाल देना।

Drivel-ड्रिवल्-*n.* a silly senseless talk, slaver. मूर्ख की बकवाद, लार, थूक; -*v. i.* to let spittle flow from the mouth, to speak like an idiot. मुँह से लार बहना, मूर्ख की भाँति बात करना।

Driver-ड्राइव्'-अर्-*n.* he who drives a carriage. गाड़ी हाँकनेवाला।

Driving-ड्राइव्'-इङ्ग्-*n.* impetus. प्रेरणा; **Driving-wheel** (the wheel communicating motion to other parts of a machine.) अन्य भागों में गति उत्पन्न करनेवाला पहिया।

Drizzle-ड्रिज़्-ज़्ल्-*v. i.* to fall in fine dense drops. मन्द मन्द वर्षा होना, फूही पड़ना; **Drizzly** (-इ)-*adj.* covered with small drops. तुषार से आवृत।

Droil-ड्रॉइल् -*v. i.* to work slowly. धीरे-धीरे काम करना।

Droit-ड्रॉ'-इट् -*n.* right, duty, legal claim. अधिकार, कर्तव्य, धर्म, वैध अधिकार।

Droll-ड्रोल्-*adj.* amusing, surprising. मनोरंजक, विचित्र;-*n.* a jester. मसखरा; **Droller** (-अर्) -*n.* a buffoon. विदूषक, भाँड़; **Drolling** (-इङ्ग्) -*n.* buffoonery. मसखरापन; **Drollingly**(-लि) -*adv.* in a jesting manner. मसखरेपन से; **Drollery** (-अर्-इ) -*n.* fun, buffoonery, a comic entertainment. मज़ाक, भँडई, प्रहसन; **Drollness** (-नेस्)-*n.* jest, joke. हँसी, ठट्टा।

Dromedary-ड्रमिडरि-*n.* a one-humped camel used for riding. सवारी का एक ककुद या कूबड़ का ऊँट, साँड़िनी।

Dromond-ड्र'-मन्ड्-*n.* a fast-sailing mediaeval ship of war. मध्यकालीन समय का द्रुतवाही युद्धपोत या लड़ाई का जहाज।

Drone-ड्रोन्-*n.* (*fem.* **Bee**) the male of the honey bee, an idler, the base-pipe of a bag pipe. नर मधुमक्खी, आलसी मनुष्य, मसक बाजे की निचली नली।

Dronish-ड्रोन्'-इश्-*adj.* lazy, idle. सुस्त, मन्द; **Dronishly** (-लि) -*adv.* in an idle manner. सुस्ती से; **Dronishness** (-नेस्)-*n.* the state of being lazy. सुस्ती; **Drony** (-इ)-*adj.* sluggish, सुस्त।

Droop-ड्रूप्-*v. i.* to hang down, to incline, to grow weak. लटकना, झुकना, दुर्बल होना; **Drooping**-*adj.* declining, languishing. शिथिल; **Droopingly** (-लि)-*adv.* in a drooping manner. मुरझाते हुए।

Drop-ड्रॉप्-*n.* a globule of water or other liquid, the smallest quantity of a liquid, a hanging ornament, act of dropping. बिन्दु, कण, सूक्ष्मपरिमाण, लटकन, लोलक, टपकान।

Drop-ड्रॉप्-*v. i.* & *t.* (*p.t.* **Dropped**.) to let fall in drops, to disappear, to sink. बूँद-बूँद गिरना या गिराना, लुप्त होना, डूबना; **Correspondence drops** (*i. e.* ceases.) पत्र-व्यवहार

सकता है; **Drop it** (finish it.) बस करो; **Prices drop** (*i. e.* go down.) भाव मंदा होता है; **To drop a letter** (to send a letter by post.) डाक द्वारा चिट्ठी भेजना; **To drop voice** (to lessen voice.) बोली धीमी करना।

Dropping-ड्रॉप्'-पिङ्ग्-*adj.* falling in drops. टपक-टपककर चूता हुआ, टपकनेवाला।

Drop-scene-ड्रॉप् - सीन् - *n.* the curtain in front of a stage which descends. रंगभूमि का अगला पर्दा।

Dropsy-ड्रॉप्स्'-इ-*n.* a disease in which watery fluid collects in the tissues of the body. जलोदर, जलन्धर; **Dropsical** (-इक्-अल्) -*adj.* pertaining to dropsy. जलोदर-सम्बन्धी; **Dropsied** (-ड्राप्स्'-ईड्) - *adj.* afflicted with dropsy. जलोदर रोग से ग्रस्त।

Dross-ड्रॉस्-*n.* scum thrown from metals in melting refuse. मण्डूर, तलछट, मल, कीट; **Drossiness** (-इ - नेस्) -*n.* state of being drossy. मैलापन; **Drossless** (-लेस्)-*adj.* free from dross. बिना तलछट का; **Drossy** (-इ) -*adj.* impure. मलयुक्त, अशुद्ध।

Drought-ड्राउट्-*n.* dryness, thirst. अनावृष्टि, प्यास; **Droughty** (-इ) -*adj.* wanting rain, thirsty. वर्षा-जलशून्य, प्यासा।

Drove-ड्रोव्-*p. t.* of **Drive.** हाँका।

Drove-ड्रोव्-*n.* a herd, a flock, a crowd. समुदाय, झुण्ड, भीड़; **Drover** (-अर्) a cattle-dealer. चौपायों को बेचनेवाला।

Drown-ड्राउन्-*v. t. & i.* to submerge in water, to overpower, to perish in water. डुबाना या डूबना, दबाना, डुबाकर मारना; **Drowner** (-अर्)-*n.* he, who or that which drowns. डूबने या डुबानेवाला।

Drowse-ड्राउज़्-*v. i.* to be dull and sleepy, to doze. मन्द होना, झपकी लेना, ऊँघना ; **Drowsily** (-लि)-*adv.* in a drowsy manner. तन्द्रा में; **Drowsiness** (-नेस्)-*n.* the state of being drowsy. तन्द्रा, झपकी, आलस्य।

Drowsy-ड्राउज़्'-इ-*adj.* sleepy, dull, sluggish. निद्रालु, मन्द, आलसी।


Drub-ड्रब्-*v. t.* (*p. t.* **Drubbed**) to beat, to thrash. बेंत से मारना, पीटना; **Drubber** (-अर्) -*n.* one who drubs. बेंत से मारनेवाला; **Drubbing** (-बिङ्ग्)-*n.* cudgelling. पीटपाट।

Drudge-ड्रज् -*n.* a servile worker, a menial. दासवृत्ति करनेवाला मनुष्य;-*v. i.* to work hard. परिश्रम से काम करना; **Drudgery** (-अर्-इ) -*n.* hard labour. कठिन श्रम; **Drudgingly** (-इङ्ग् -लि)-*adv.* with hard labour. बड़े परिश्रम से।

Drug-ड्रग्-*v. t.* (*p. t.* **Drugged**) to mix with drugs. दवा मिलाना; -*n.* anything used as a medicine. औषधि, दवा; **Druggist** (-गिस्ट) -*n.* a dealer in drugs. औषधि बेचनेवाला, अत्तार।

Druid-ड्रू' - इड्-*n.* a priest among ancient Celts of Britain. इंगलैंड की प्राचीन केल्ट जाति का पुरोहित।

Drum-ड्रम्-*n.* a musical instrument of percussion, the hollow part of the middle ear. दुन्दुभी, नगाड़ा, ढोल, कान के भीतर का परदा ; -*v. i.* to play at a drum. ढोल बजाना (थपथपाना); **Beat of drum** ढिंढोरा; **Drummer** (-मर्) -*n.* one who beats a drum. नगाड़ा बजाने या पीटनेवाला व्यक्ति; **Drumhead** (the skin stretched at the top of a drum.) ढोल (मृदङ्ग) पर चढ़ा हुआ चमड़ा; **Drumstick** (the stick with which a drum is beaten.) नगाड़ा बजाने की लकड़ी।


Drum.

Drunk-ड्रङ्क्, **Drunken**-एन् - *v.* (*p. p.* of **Drink.**) -*adjs.* intoxicated. शराब पिये हुए (मतवाला); **Drunkenness** (-एन्-नेस्) -*n.* the habit of drinking. शराब पीने का अभ्यास, मदिरापान; **Drunkard** (-अर्ड्)-*n.* one who drinks to excess. पियक्कड़, मतवाला।

Dry-ड्राइ-*adj.* (*comp.* **Drier**, *sup.* **Driest.**) without moisture, not rainy, not giving milk, parched, dried up, thirsty, sarcastic. सूखा, निर्जल, शुष्क, नीरस, दूध न देती हुई, प्यासा, अप्रिय;-*v. t.* to make dry by wiping. पोंछकर सुखाना; **Dry soil.** मरुभूमि; **Dryer, drier** (-अर्)-*n.* one who dries. सुखानेवाला; **Drying** (-इङ्ग्)-*adj.* depriving of moisture. सुखानेवाला; **Dryly** (-लि) -*adv.* in a dry manner. सूखे ढंग से; **Dryness** (-नेस्)-*n.* the quality of being dry. सूखापन; **Dry-nurse** (a nurse who brings up a child without milk from the breast.) धाय जो अपना दूध न पिलाकर बच्चे को पालती है; **Dry-shod** (without wetting the feet.) बिना पैर भिगाये हुए ; **Dry as dust** (uninteresting.) अरोचक।

Dryad-ड्राइ'-ऑड्-*n.* a female nymph of wood and groves. जंगल तथा झाड़ियों की परी।

Duad-ड्यु-अड्-*n.* a union of two. युग्म, जोड़ा।

Dual-ड्यु-अल्-*adj. & n.* consisting of two, twofold, double. द्विसंख्य (द्विवाचक), द्विवचन; **Dualism** (-इज़्म्)-*n.* the theory of recogniz-

ing matter and mind as two independent principles. माया और ब्रह्म को पृथक्-पृथक् मानने का सिद्धान्त; **Dualist**(-इस्ट्)-*n.* one who holds the doctrine of dualism. ऐसा सिद्धांत मानने-वाला; **Duality**(-अलिटि)-*n.* the state of being double. द्वैध अवस्था; **Dualize** (-आइज़्) -*v. t.* to divide into two. दो भागों में विभक्त करना; **Dually** (-लि) -*adv.* in a twofold way. दो-दो करके, युग्म रीति से।

Dub-डब्-*v. t.* (*p. t.* **Dubbed**) to confer the title of knight, striking the shoulder with a sword, to smooth or dress, to smear. 'सर' की उपाधि प्रदान करना, सँवारना, चिकना करना, पोतना; **Dubbing**(-बिङ्ग्)-*n.* prepared grease for leather. चमड़े में लगाने की तैयार की हुई चरबी।

Dubiety-ड्यूबी-इट्-इ - *n.* feeling of doubt, suspicion. संदेह की भावना।

Dubious-ड्यूब्'-इ-अस्-*adj.* vague, doubtful. अस्पष्ट (अनिश्चित), सन्दिग्ध; **Dubiously** (-लि) -*adv.* in a dubious manner. सन्देह से; **Dubiousness** (-नेंस्)-*n.* uncertainty. सन्देह; **Dubitable**-ड्यू'-बि-टेबॅल् - *adj.* uncertain. सन्दिग्ध।

Dubitation-ड्यूब्-इट् - ए' - शन्-*n.* the act of doubting. हिचक, सन्देह।

Dubitative-ड्यूब्'-इट्-एट्-इव्-*adj.* inclined to doubt. सन्देह की प्रवृत्ति वाला।

Ducal-ड्यूक्'-अल्-*adj.* pertaining to a Duke. नवाब का।

Ducat-ड्यूक्'-अट्-*n.* an old European gold coin. यूरोप का एक प्राचीन सोने का सिक्का।

Duchess-डच्'-ऍस्-*n.* the wife or widow of a Duke. ड्यूक की सुहागिन या विधवा स्त्री।

Duchy-डच्'-इ-*n.* the territory of a Duke or Duchess, a Dukedom. ड्यूक या ड्यूक की स्त्री की रियासत।

Duck-डक्-*n.* (*mas.* Drake.) a waterfowl. कलहंस, बत्तख;-*v. i.* to plunge into water. पानी में गोता लगाना; **Duck and drake** (the game of making a flat stone skip along the surface of water.) पानी पर दूर तक चिपटा पत्थर फिसलाने का खेल, तितलैया; **Like duck in thunderstorm** (perplexed.) व्यग्र, घबड़ाया हुआ।

Ducker-डक्'-अर्-*n.* a plunger, a breeder of ducks. गोता लगानेवाला, बत्तख पालनेवाला मनुष्य।

Ducking-डक्'-इङ्ग्-*n.* a thorough wetting, act of plunging, duck-hunting. पूर्ण रूप से भींगना, गोता लगाना, बत्तख का शिकार; -*n.* strong linen used in clothing. मोटा कपड़ा, परमटा।

Duckling-डक्' - लिङ्ग्-*n.* a small young duck. छोटा बत्तख, बत्तख का बच्चा।

Duct-डक्ट्-*n.* a tube or pipe in body. शरीर की नली या प्रणाली ; **Ductless** (-लॅस्)-*adj.* without a duct. अप्रणाल, नलीहीन, निस्रोत।

Ductile-डक्ट्'-आ-इल्-*adj.* able to be drawn out into wire, plastic, pliable, flexible, tractable. तार खींचने योग्य, गठनीय, नमनीय, कोमल।

Ductility-डक्ट्-इल्'-इट्-इ-*n.* flexibility. लचीलापन।

Dud-डड्-*n. pl.* ragged clothes. फटे वस्त्र, चिथड़े;-*adj.* useless. व्यर्थ।

Dudder-डड्'-डर्-*v. t.* to deafen with noise, to shake. शब्द से कान बहिरा कर देना, हिलाना।

Duddery-डड्-अर्' इ-*n.* a shop where old clothes are sold. पुराने वस्त्र की दूकान।

Dude-ड्यूड्-*n.* a fop, a dandy. छैला।

Dudgeon-डज्'-जन्-*n.* resentment, sullenness; क्रोध (रोष), ईर्ष्या।

Due-ड्यू-*adj. & adv.* payable, appropriate, proper, calculated, exactly, directly. देय, योग्य, उचित, युक्त, ठीक हिसाब से, यथाविधि;-*n.* what one owes. ऋण, कर।

Duel-ड्यू'-ऍल्-*n.* a fight between two persons. द्वन्द्वयुद्ध, मल्लयुद्ध, कुश्ती; **Dueller** (-अर्), **Duellist** (-इस्ट्)-*ns.* a combatant in single fight. कुश्तीबाज, द्वन्द्व योद्धा, पहलवान।

Duelling-ड्यू'-ऍल्-इङ्ग्-*n.* the act or practice of fighting in a single combat. द्वन्द्वयुद्ध, कुश्ती।

Duet-ड्यू'-ऍट् -*n.* a musical composition meant for two voices. दो आदमियों के मिलकर गाने का गीत।

Duff-डफ्-*n.* dough. गूँथा हुआ आटा।

Dug-डग्-*p. t. & p. p.* of **Dig.** खोदना ;-*n.* nipple of a cow or other beast, teat. गाय या अन्य पशु की चूचुक, चूँची।

Duke-ड्यूक्-*n.* a person holding the highest order of nobility in England. इंगलैंड का नवाब; **Dukedom** (-डम्) -*n.* the dignity of a Duke, the territory, rank or title of a Duke. नवाबी, ड्यूक की रियासत, ड्यूक का पद।

Dulcet-डल्'-सिट्-*adj.* sweet to the taste, soothing. मीठा, आनन्दकर; **Dulcet to the ear** (sonorous.) सुरीला।

Dulcify-डल्'-सि-फाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Dulcified**) to sweeten. सुरीला बनाना, मधुर करना, मीठा करना।


Dulcimer-डल्'-सि-मर्-*n.* a musical instrument with strings of wire played by striking the wires. पियानो के प्रकार का छोटा बक्स बाजा।

Dull-डल्-*adj.* slow of learning or understanding, drowsy, sad, dreary, dim, stupid, blunt. मन्द, जड़, मूढ़, भुथरा; **Dullard** (-लर्ड्) -*n.* a stupid person. मन्दबुद्धि, मूर्ख मनुष्य; **Dullish** (-इश्)-*adj.* somewhat dull. कुछ मूर्ख; **Dullness** (-नेस्)-*n.* stupidity. मूढ़ता, मूर्खता; **Dull-sighted** -*adj.* (with imperfect sight.) मन्द दृष्टिवाला; **Dully**(-इ)-*adj.* & *adv.* dull, in a dull manner. मन्द, मन्दता से।

Duly-ड्यू'-लि-*adv.* rightly, properly, timely. यथायोग्य, उचित रीति से, उचित समय पर।

Dumb-डम्-*adj.* unable to speak, silent, mute. गूँगा (मूक), वाक्शक्तिहीन; -*v. t.* to silence, to make dumb. मूक करना ; **Dumbfound** (-फाउन्ड्)-*v. t.* to confuse. घबड़ाकर चुप करना; **Dumbfounded** (-ऍड्)-*adj.* confused. घबड़ाया हुआ; **Dumbness** (-नेस्)-*n.* state of being dumb. गूँगापन ; **Dumbshow**-*n.* (gesture without words, pantomime.) कठपुतली का खेल।

Dumb-bells-डम्' - बॅल्ज् -*n* a short iron bar with weight on both sides used for exercising muscles. छोटा मुद्गर



Dumb-bells.

Dum-dum-डम्' -डम्-*n.* a kind of soft-nosed bullet which was first made at Dum Dum arsenal near Calcutta. मुलायम नोक की बन्दूक की गोली।

Dummy-डम्'-मि -*n.* a man of straw, a blockhead, a lay figure. फूस का बना पुतला, मूढ़मति, मूर्ख।

Dump-डम्प्-*v. t.* to throw down, to sell at a low price. फेंकना, सस्ते दाम पर बेचना;-*n.* dullness of mind, ill-humour. उदासीनता।

Dumpish-डम्प्'-इश्-*adj.* depressed in spirits, dull. उदासीन, मन्द; **Dumpishly** (-लि) -*adv.* in a moping manner. उदासीनता से; **Dumpishness** (-नेस्) - *n.* the quality of being dull or heavy. उदासीनता, उद्विग्नता, भारीपन।

Dumpling-डम्प्'-लिङ्ग्-*n.* a small boiled or baked dough. पकायी या उबाली हुई पकौड़ी।

Dumps-डम्प्स्-*n. pl.* depression, low spirits. म्लानता, उदासीनता, उदासी।

Dumpy-डम्प्'-इ-*adj.* short and thick. नाटा-मोटा; **Dumpy-level** (a spirit-level used in surveying.) पैमाइश करने का एक प्रकार का यंत्र।

Dun-डन्-*adj.* of a dark grey colour. श्याम वर्ण का, धुँधला काले रंग का; -*v. t.* (*p. t.* **Dunned**) to demand a debt. रुपये का तकाजा करना;-*n.* a debt collector. तकाज़ा करनेवाला, फेरीदार।

Dunce-डन्स्-*n.* a dullard, a stupid person. स्थूलबुद्धि, मूढ़मति, मूर्ख मनुष्य।

Dunderhead-डन्'-डर्-हॅड्-*n.* a dunce, a blockhead. मूर्ख, मन्दबुद्धि।

Dune-ड्यून्-*n.* a mound of sand on a coast. किनारे पर बालू का टीला।

Dung-डङ्ग्-*n.* the excrement of animals, manure. विष्ठा, खाद;-*v. t.* to manure. खाद देना; **Dunghill** (a heap of dung.) गोबर का ढेर, घूर।

Dungeon-डन्'-जन्-*n.* a dark underground cell for prisoners. कालकोठरी; - *v. t.* to imprison in a dungeon. कालकोठरी में बन्द करना।

Duodecimal-ड्यू-ओ-डॅस्'-इ-मल्-*adj.* of twelve or twelfth. बारह या बारहवें अंश का; **Duodecimo** (-सि-मो)-*n.* a form folded to make twelve leaves. बारह तह का मोड़ा हुआ पुस्तक का फार्म।

Duodenum-ड्यू'-ओ-डीन्'-अम्-*n.* the small intestine below the stomach. आंत का उदर के नीचे का पतला भाग, पक्वाशय।

Dupable-ड्यूप्'-ऍ-बल्-*adj.* that can be duped or deceived. छलने योग्य।

Dupe-ड्यूप्-*n.* a victim of deception. छला हुआ मनुष्य;-*v. t.* to cheat, to deceive, to trick. छलना, धोखा देना; **Duper** (-अर्) - *n.* one who dupes. छलनेवाला व्यक्ति; **Dupery** (-अर्-इ)-*n.* the practice of cheating. छल, कपट।

Duplex-ड्यू'-प्लॅक्स्-*adj.* & *n.* twofold, double, a second copy. द्विगुणित, दोहरा, दूना, दूसरी प्रतिलिपि।

Duplicate-डुप्लिकिट्-*adj.* double, twofold. द्विगुणित, दूना, दोहरा;-*n.* a copy or transcript. नकल, मुसन्ना;-*v. t.* (-केट्) to double, to multiply by two. दोहराना, दूना करना; **Duplication** (-ऍ'-शन्)-*n.* the process of duplicating. दोहराने की प्रणाली; **Duplicative** (-ऍट्-इव्)-*adj.* having the quality of dividing. भाग देनेवाला; **Duplicator** (-अर्)-*n.* a duplicating machine. अनेक प्रतिलिपि छापने का यन्त्र।

Duplicity-डुप्लिसिटि - *n.* double - dealing, deceit. द्विधाभाव, कपट, छल।

Durability-ड्यूरॅबिलिटि-*n.* permanence. स्थिरता।

Durable-ड्यूर्'-एँ-बल्-*adj.* able to last, permanent. टिकने योग्य, स्थिर, टिकाऊ, स्थायी; **Durableness** (-नेस्) - *n.* continuance, the quality of being durable. स्थिरता, टिकाऊपन, चिरस्थायित्व; **Durably** (-ब्लि)-*adv.* in a durable or lasting manner. टिकाऊ रूप में या स्थिरता से।

Duramater-ड्यू'-रा-में-टर्-*n.* the outer membrane of the brain. मस्तिष्क (दिमाग) की बाहरी झिल्ली. दृढ़तानिका।

Duration-ड्यूर् - ए'-शन् - *n.* continuance of time, power of continuance. स्थिरता, ध्रुवता; **Of long duration** (of long standing.) दीर्घस्थायी; **Of short duration** (transitory, lasting for a short time.) क्षणिक।

Duress, Duresse-ड्यू'रेस्-*ns.* restraint of liberty, imprisonment. प्रतिबन्ध, अवरोध, कारागृह में बन्धन।

During-ड्यूर्'-इङ्ग्-*prep.* continuing in the course of, throughout. यावत्, जब तक बीच में।

Durst-डर्स्ट्-*p. t.* of **Dare.** साहस किया।

Dusk-डस्क्-*n.* shade, gloom, twilight. सन्ध्या, प्रदोष समय, गोधूलि बेला; **Duskily** (-इ-लि)-*adv.* not clearly. अस्पष्ट रूप में; **Duskiness** (-इ-नेस्) -*n.* the state of being dusky. किंचित् अन्धकार; **Dusky** (-इ)-*adj.* obscure, gloomy, sad. कुछ धुँधला, काला, उदासीन, दुःखी।

Dust-डस्ट्-*n.* fine particles of matter, powder, the grave. धूलि, चूर्ण, बुकनी, समाधि; -*v. t.* to sprinkle with dust, to sweep away dust. धूल फेंकना, धूल हटाना या झाड़ना; **Dust of flowers.** पराग; **Dust of gold.** सोने के महीन रवे; **The dust** (the human body.) मर्त्य शरीर; **To bite the dust** (to be thrown in a contest.) घायल होकर पृथ्वी पर गिर जाना; **To throw dust in one's eyes** (to confuse and deceive.) घबड़ा देना और धोखा देना; **To dust one's jacket** (to beat.) पीटना।

Duster-डस्ट्'-अर्-*n.* a cloth or brush to clear off dust. झाड़न।

Dusty-डस्ट्'-इ-*adj.* filled with dust, like dust. धूलिपूर्ण, धूलिवत्।

Dutch-डच्-*n.* the people of Holland, the name of their language. हॉलैंड देश के निवासी, इनकी भाषा।

Duteous-ड्यूटि'-यस्-*adj.* obedient. भक्त, आज्ञापालक; **Duteously** (-लि)-*adv.* in a duteous manner. भक्तिभाव से।

Dutiable-ड्यू'-टि-एँ-बल्-*adj.* subject to imposition of duty or customs. चुङ्गी लगने योग्य।

Dutiful-ड्यू'-टि-फुल्-*adj.* obedient, submissive. आज्ञाकारी, भक्तिमान्; **Dutifully** (-फुल्-लि) -*adv.* obediently. आज्ञा पालन करते हुए, भक्ति से।

Duty-ड्यू'-टि-*n.* (*pl.* **Duties**) expression of respect, behaviour due to a superior, payment of public revenue, moral obligation. धर्म, कर्त्तव्य, कर, चुङ्गी, टिकट; **Duty free** (on which no duty or tax is imposed.) जिस पर चुङ्गी न लगती हो, कर मुक्त।

Dux-डक्स्-*n.* the top boy in a class. कक्षा में सबसे प्रथम बालक।

Dwarf-ड्वार्फ्-*n.* (*pl.* **Dwarfs**) one much below the ordinary size of species. वामन, बौना; **Dwarfish**-(-इश्)-*adj.* very small. ठिगना, बौना (नाटा); **Dwarfishly** (-इश्'-लि) - *adv.* in a dwarfish manner. नाटेपन से; **Dwarfishness** (- इश्-नेस्)-*n.* smallness of stature. नाटापन, ठिगनापन।

Dwell-ड्वेल्-*v. i.* (*p. t* **Dwelt**) to inhabit, to keep one's attention fixed on, to write or speak at length, to spend one's time. निवास करना, चित्त स्थिर करना, देर तक लिखना या बोलना, समय बिताना; **Dweller** (-अर्)-*n.* an inhabitant. निवासी; **Dwelling** (-इङ्ग्) -*n.* a place of residence. निवासस्थान, रहने का घर।

Dwindle-ड्विन्'-ड्ल-*v. i.* to shrink, to lose importance, to decline, to grow weak. सूखना, महत्त्व खोना, कम होना, दुर्बल होना; **Dwindlement** (- मेन्ट्) - *n.* decline. अवनति।

Dyad-डाइ'-ऐड्-*n.* a group of two, a couple. दो का समूह, युग्म, जोड़ा।

Dye-डाइ-*n* colour, hue, material used for dyeing. वर्ण, रंग, रँगने का द्रव्य; -*v.t.* to impregnate with colour. रँगना; **Dye-stuff** (substances used for dyeing.) रँगने का मसाला।

Dyer-डाइ'-अर्-*n.* one who dyes cloth. कपड़ा रँगनेवाला, रँगरेज।


Dying-डाइ'-इङ्ग्-*adj. pr. p.* of **Die.** mortal, declining at the time of death. मर्त्य, नष्ट होनेवाला, मरते समय का।

Dyke-डाइक्-same as **Dike.**

Dynamic-डिनैमिक् - *adj.* of motive force, active, energetic. संचालक शक्ति का, शक्तियुक्त, शक्तिमान्; **Dynamical** (-अल्)-*adj.* pertaining to dynamics. गतिविद्या सम्बन्धी; **Dynamically** (-अल्-लि)-*adv.* in an active manner. संचालक शक्ति से; **Dynamics** (-इक्स्)-*n. pl.* the science of mechanical force. गतिविद्या।

Dynamite-डाइनमाइट्-*n.* a powerful explosive agent. एक तेज बारूद (जो पहाड़ इत्यादि फोड़ने में काम आती है)।

Dynamo-डाइ'-न-मो-*n.* (*pl.* **Dynamos**) a machine for converting mechanical into electrical energy. बिजली पैदा करने का यन्त्र ; **Dynamometer**(-मामिटर्)-*n.* an instrument for measuring force. शक्ति नापने का यंत्र ।


Dynamo.

Dynastic-डाइ-नैस्ट्'-इक् **Dynastical**(-अल्)-*adjs.* belonging to a line of kings. राजवंश-सम्बन्धी ।

Dynasty-डाइ'नैस्टि-*n.* a line or succession of kings of the same family. राजकुल, राजवंश ।

Dysenteric-डिस्'-ऐन्टरिक्-*adj.* pertaining to or accompanied by dysentery. आमातिसार-सम्बन्धी ।

Dysentery-डिस्'-ऐन्-टर्'इ (-ट्रि)-*n.* a disorder of the bowels accompanied by mucus or bloody evacuations. आमातिसार, रक्तातिसार, आँव ।

Dyspepsia-डिस्-पेप्'-सि-आ, **Dyspepsy** (-सि) -*ns.* indigestion. अजीर्ण, मन्दाग्नि ; **Dyspeptic** (-पेप्ट्'-इक्)-*adj.* afflicted with dyspepsia. मन्दाग्नि रोग से ग्रस्त ।

Dysphagia-डिस्-फेज्'-इ-आ-*n.* difficulty in swallowing. निगलने में कष्ट ।

Dysphonia-डिस्-फो'-नि-आ-*n.* difficulty in producing sounds. मुख से शब्द निकालने में कष्ट ।

Dyspnoea-डिस्-नी'-आ-*n.* difficulty of breathing. साँस लेने में कष्ट होना, श्वासकृच्छ्र ।

Dysuria-डिस्'-यूर्'-इ-आ-*n.* difficulty in passing urine. मूत्रत्याग करने में कष्ट, मूत्र कृच्छ्र ।

E-ई-the fifth letter of the English alphabet, the third note of the natural diatonic scale. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पाँचवाँ अक्षर, गायन में तृतीय स्वर।

Each-ईच-*adj.* one of the two considered separately. प्रत्येक; **Each one** (every one separately.) एक-एक, पृथक्-पृथक्; **Each-other** (mutually.) अन्योन्य, परस्पर।

Eager-ई'-गर्-*adj.* strongly desirous, earnest, keen, severe, ardent, vehement. उत्सुक, उत्कट, तीक्ष्ण, प्रचण्ड, प्रबल, तीव्र; **Eagerly** (-लि)-*adv.* with ardent desire. उत्कण्ठा से; **Eagerness** (-नेस्)-*n.* ardent desire, zeal, avidity. लालसा, वाञ्छा, उत्साह।

Eagle-ई'-गल्-*n.* a large bird of prey, an ensign of French army. गरुड़, बाज, फ्रान्स देश की पताका; **Eagle-eyed** (sharp-sighted.) सूक्ष्मदर्शी; **Eagle-flighted** (soaring high in heaven.) आकाश में बहुत ऊपर उड़नेवाला; **Eagle-sighted** -*adj.* having acute sight. तीक्ष्ण दृष्टिवाला।

Eaglet-ईग्'-लेट्-*n.* the young of an eagle. छोटा गरुड़, गरुड़ का बच्चा, बाज का बच्चा।

Eagre-ई-गर्-*n.* a rise of tide in a river. नदी की बाढ़।

Ean-ईन्-*v. i.* to bring forth young, to yean. बच्चा जनना; **Eanling** (-लिङ्ग्)-*n.* a lamb which is just born. भेड़ या बकरी का तुरत पैदा हुआ बच्चा।

Ear-इअर्-*n.* the organ of hearing, an ear-shaped thing, attention, a spike of corn. कान (श्रवणेन्द्रिय), कान के आकार की वस्तु, ध्यान, अन्न की बाल; **Earless**-(-लेस्)-*adj.* without ears, not inclined to hear. बिना कान का, न सुननेवाला; **A word in your ear** (secretly.) गुप्त रूप से; **Be all ears** (be eagerly attentive.) ध्यानावस्थित होना; **Going in one ear and coming out of another** (to have no influence on.) प्रभाव न पड़ना; **Over head and ears** (deeply engrossed.) अत्यन्त लीन; **Outer ear** (outer part of the ear.) श्रुति-मण्डल; **Root of ear.** कर्णमूल; **To give ear to** (to hear.) सुनना; **To pick up one's ear** (to attend to a thing.) किसी विषय पर ध्यान देना।

Ear.

Earache-इअर्'-एक्-*n.* pain in ears. कर्णशूल, कान का दर्द; **Ear-cap** -*n.* a cover for the ears. कनटोप; **Eardrop** (-ड्रॉप्)-*n.* a kind of ornament for ears. कर्णफूल; **Earmark**-*n.* any mark for identification. पहचानने के लिये बनाया हुआ चिन्ह;-*v. t.* to put an earmark on, to set aside for a particular purpose, पहचानने का चिन्ह बनाना, विशेष कार्य के लिए अलग सुरक्षित रख देना; **Ear-prick** (-प्रिक्)-*n.* an instrument for cleansing the ear. कनखोदनी; **Ear-ring** (-रिङ्ग्)-*n.* a jewel hanging from the ear. कान की बाली; **Ear-shot** (-शॉट्)-*n.* hearing distance. कर्णगोचर होनेकी दूरी; **Ear trumpet** (-ट्रम्'-पेट्)-*n.* tube which is applied to the ear to help hearing. सिंधी; **Earwax** (-वैक्स्)-*n.* cerumen. कान का खूँट; **Ear witness** (-विट्-नेस्)-*n.* one who gives testimony from his own hearing. सुनी हुई बात की गवाही देनेवाला।

Eared-इअर्ड-*adj.* having ears, pointed. कानदार, नोकदार।

Earl-अर्ल्-*n.* (*fem.* **Countess** काउन्ट्'-एस्) a nobleman ranking between Marquis and Viscount. इङ्गलैण्ड के सर्दारों की एक पदवी; **Earldom** (-डम्) the dominion or dignity of an Earl. उक्त सर्दार की रियासत या इनका पद।

Earliness-अर्लि-नेस्-*n.* a state of advance. शीघ्रता, जल्दी।

Early-अर्लि-*adv. & adj.* in the beginning of the day, happening in near future, soon. प्रातःकाल, प्रातःकालीन, शीघ्र होनेवाली, शीघ्र (पहिले); **To keep early hours** (to go to bed early and rise early in the morning.) जल्दी सोना और जल्दी उठना।

Earn-अर्न्-*v. t.* to gain as a reward of labour or merit, to acquire. उपार्जन करना, प्राप्त करना; **Earnings** (-इङ्ग्ज़्)-*n. pl.* that which is earned, wages. उपार्जित धन, कमाई।

Earnest-अर्न'-एस्ट्-*adj.* serious, ardent, eager, intent, zealous. उद्यत, तत्पर, उत्सुक; -*n.* money given in token of a bargain, seriousness. बयाना, गंभीरता; **Earnestly** (-लि) -*adv.* in an earnest manner. यत्नपूर्वक, उत्साह सहित; **Earnest money** -*n.* (money paid to close a bargain.) बयाना; **Earnestness** (-नेस्) the state of being in earnest. उत्साह, उद्योग।

Earth-अर्थ्-*n.* the planet we live on, ground, the world. पृथ्वी, संसार, मिट्टी, भूमि;-*v. t.* to cover with earth, to run into the earth. मिट्टी से ढाँकना, पृथ्वी में चले जाना; **Earth-born** (born on the earth.) पार्थिव, पृथ्वीजात।

Earthen-अर्थ'-एन्-*adj.* made of clay or earth. मिट्टी का बना हुआ; **Earthen ware** (-एन्-वेअर्)

-*n.* vessels made of baked clay. पकी हुई मिट्टी के बर्तन।

Earthling-अर्थ्'-लिङ्ग्-*n.* a mortal, a worldly person. मर्त्य, सांसारिक व्यक्ति।

Earthly-अर्थ्'-लि -*adj.* terrestrial. सांसारिक, मिट्टी का।

Earthquake-अर्थ्'-क्वेक्-*n.* trembling of the earth, disturbance. भूकम्प (भूडोल), जलजला, विप्लव।

Earthwards - अर्थ् - वर्ड्स् -*adv.* towards the earth. पृथ्वी की ओर।

Earthwork-अर्थ्'-वर्क् - *n.* an embankment of earth. नींव, टीला।

Earthworm-अर्थ्'-वर्म्-*n.* a worm that lives in the ground, a mean wretch. केंचुआ, नीच मनुष्य।

Earthy-अर्थि-*adj.* resembling or relating to the earth. पार्थिव, मिट्टी का।

Ease-ईज़् -*n.* freedom from difficulty or pain, rest, quiet, undisturbed state. सुख, विश्राम, स्वस्थता;-*v.t.* to relieve from trouble, to relax. शान्त करना, कम करना; **At one's ease** (in an informal attitude.) यथेच्छ, सुख से; **To ease off** (to slacken weight.) भार कम करना।

Easeful-ईज़्'-फुल् - *adj.* comfortable, quiet. शान्त, स्वस्थ; **Easefully** (-फुल् लि)-*adv.* with ease. आराम से; **Easefulness** (-फुल्-नेस्) -*n.* state of being easeful. स्वस्थता; **Easeless** (-लेस) -*adj.* wanting ease. विश्रामरहित।

Easement-ईज्'-मेन्ट् -*n.* relief from pain, legal right over another's house, ground &c. सुख, दूसरे की सम्पत्ति पर अधिकार, हक़शफ़ा का कानून।

Easel - ई' - ज़ल् -*n.* a wooden frame used to support a picture, black board &c. तस्वीर, तख्ता इत्यादि रखने का ढाँचा।



Easel.

Easily-ईज़्'-इ-लि-*adv.* in an easy manner, without annoyance. सरलता से, सुख साध्य ढंग से।

Easiness-ईज़्'-इ-नेस् - *n.* the state of being easy. विश्रामावस्था।

East-ईस्ट्-*n.* & *adj.* the part of horizon where the sun rises. पूरब, सूर्योदय की दिशा, पूरब का; **East wind** (a wind blowing from the east.) पूरब से बहनेवाली वायु।

Easter--ईस्ट्'-अर्-*n.* a Christian festival celebrated on the first Sunday after calendar full moon occurring on or after the 31st March. ईसा मसीह के पुनरुत्थान के स्मरणार्थ उत्सव जो ३१ मार्च या अनुगामी पूर्ण चन्द्र के बाद रविवार को मनाया जाता है।

Easterly-ईस्टर्लि-*adv.* in or from the direction of the east. पूर्व दिशा में या से।

Eastern-ईस्टर्न्-*adj.* dwelling in the east. पूर्व में रहनेवाले, पूर्वी।

Easternmost-ईस्टर्न्-मोस्ट्-*adj.* most easternly. सबसे पूर्व दिशा का।

Eastward-ईस्ट्'-वर्ड - *adv.* towards the east. पूर्व दिशा की ओर।

Easy-ईज़्'-इ-*adj.* (*comp.* **Easier,** *sup.* **Easiest**) free from annoyance or embarrassment, not difficult, moderate. सुखसाध्य, सुगम, सहज; **Easychair** (an armed chair for rest.) आराम-कुर्सी; **Easy circumstances** (affluence.) द्रव्य की पूर्णता; **Easy going** (good-natured, taking things easily.) सरल प्रकृति का;**Easy of access** (easily got.) सहज में प्राप्त; **Easy style** (mode of expression not difficult to understand.) सुगम भाषा।

Eat-ईट् (*p. t.* **Ate,** *p. p.* **Eaten**) -*v. t.* & *i.* to masticate and swallow solid food, to consume, to take food. चबाकर निगल जाना, खाना, खा जाना, भोजन करना; **To eat away** (to destroy gradually.) धीरे-धीरे नाश करना; **To eat one's heart out** (to suffer in a silent manner.) शान्तिपूर्वक सहन करना; **To eat one's words** (to take back what has been uttered.) अपने कहे शब्दों को फेर लेना; **To eat up** (to consume completely.) पूर्ण रूप से नष्ट करना, खा जाना।

Eatable-ईट्'-ए-ब्ल्-*adj.* & *n.* fit to be eaten, a thing which is fit to be eaten. भक्ष्य, भोजन योग्य पदार्थ।

Eater-ईट्'-अर्-*n.* one who eats. भक्षक।

Eating-house-ईट्' इङ्ग् हाउस्-*n.* a restaurant, भोजनालय।

Eau-ओ-*n.* a French word for water. फ्रांसीसी भाषा में पानी के लिये एक शब्द; **Eau de Cologne** (a perfume distilled from certain essential oils.) कोलोन का इत्र; **Eau de vie** (brandy or whisky.) एक प्रकार की फ्रांसीसी मदिरा।

Eaves-ई-व्-ज़्-*n. pl.* overhanging edge of tile or thatching. ओरी; **Eavesdrip** (-ड्रिप) -*n.* the dripping of water from the eaves. ओरी से पानी चूना; **Eavesdrop** (ड्रॉप्) - *v. i.* to

stand under the eaves, to listen to what is said within. ओरी के नीचे खड़े होना, गुप्त वार्ता को सुनना; **Eavesdropper** (-ड्रॉप्'-पर्) *-n.* one who hears the private conversation of others. छिपकर भेद की बातों को सुननेवाला व्यक्ति।

Ebb-ऍब्-*n.* reflux of tide, decline, decay. भाटा, घटाव, क्षय ; *-v. i.* to flow back, to recede. बह जाना, घट जाना; **Ebb and flow** (rise and fall.) उत्थान और पतन; **Ebb-tide** (the ebbing tide.) बहाव की धारा।

Ebon-ऍबन् *-adj.* black as ebony. आबनूस के समान काला; **Ebonist** (-इस्ट्)*-n.* a worker in ebony. आबनूस की वस्तु बनानेवाला; **Ebonite** (-आइट्)*-n.* vulcanite. कचकड़ा; **Ebonize** (आइज़्) *-v. t.* to make black. काला करना; **Ebony** (-इ) *-n.* a kind of black hard wood. कोविदार, आबनूस।

Ebriated-ई'-ब्रि-ऍट्'इड् - *adj.* drunk. मदिरा पिये हुए।

Ebriety-ई-ब्राइ'-इ-टि - *n.* drunkenness. उन्मत्तता, मतवालापन।

Ebrious-ई'-ब्रि-अस्-*adj.*addicted to drunkenness, drunk. मतवाला, शराब पिये हुए।

Ebullience-अ-बुल्'-येन्स्-*n.* a boiling over of something. उबाल।

Ebullient-अ-बुल्'-येन्ट्-*adj.* boiling, agitated. खौलता हुआ, उद्विग्न।

Ebullition- ऍबुलिशन् - *n.* action of boiling, effervescence. उबाल, फेनोद्गम, उफान।

Eburnean- ऍ-बर्'-नि अन्-*adj.* made of ivory. हाथीदाँत का बना हुआ।

Eburnine-ऍब्'-अर् निन्-*adj.* like ivory. हाथीदाँत के तुल्य (सदृश)।

Ecaudate-ई-कॉड् - ऍट् - *adj.* without a tail. पुच्छहीन, बिना पूँछ का।

Eccaleobion-ऍ-कॅलि-इओ बाइ-ऑन्-*n.* a kind of hatching machine. एक प्रकार का अंडा सेने का यन्त्र।

Eccentric-ऍक्-सेन्'-ट्रिक्-*adj.* & *n.* departing from the centre, irregular, whimsical, a contrivance for changing circular into backward and forward motions. केन्द्रभ्रष्ट, विषम, विलक्षण, चक्रवत् गति को आगे पीछे चलाने का यन्त्र; **Eccentrically** (-अलि) *-adv.* in an eccentric manner. ऐसी गति से; **Eccentricity** (-ट्रिसिटि) *-n.* deviation from the centre, singularity of conduct. विषमता, विरोध, झक, सनक।

Ecclesiast-इ-क्ली'-जि-ऑस्ट्-*n.* the preacher, a clergyman, an author of one of the old testaments. धर्मोपदेशक, पादरी, प्राचीन ईसाई धर्म की पुस्तकों में एक के रचयिता; **Ecclesiastic** (-ऑस्ट्'-इक्)*-n.* a clergyman. धर्मोपदेशक, पादरी; **Ecclesiastical** (-इक् अल्) *-adj.* of the church or clergy. गिरजाघर के पुरोहित (पादरी)-सम्बन्धी; **Ecclesiastically** (-अलि) *-adv.* in an ecclesiastical manner. धर्मोपदेशक रूप में या ढंग से।

Ecdemic- ऍक् - डेम्' - इक् - *adj.* of foreign origin. परदेशी या विदेशी (मूल) का।

Echo-ऍक्'-ओ (*pl.* **Echoes**) *-n.* the repetition of sound caused by reflection of sound waves. प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि, गूँज;*-v. i.* & *t.* to resound with an echo, to imitate. प्रतिध्वनि करना, अनुकरण करना; **Echoism** (-इज़्म्)*-n.* formation of words from sounds associated with the object indicated. ध्वनि के अनुसार शब्दों की योजना; **Echoist** (-इस्ट्) *-n.* one who echoes. प्रतिध्वनि करने या गूँजनेवाला।

Eclat - ऍ' - क्ला - *n.* applause, splendour, striking effect, social eminence. जय-जयकार, शोभा, विशिष्ट प्रभाव, सामाजिक ख्याति; **With great eclat** (with social honour.) सामाजिक गौरव से।

Eclectic-ऍ-क्लेक्'-टिक्-*adj.* selecting, choosing and adopting the best out of everything. चुननेवाला, सब पदार्थों का सर्वोत्तम भाग ग्रहण करनेवाला; **Eclectically** (-अलि) - *adv.* in the manner of the eclectic philosophers. सब पदार्थों का सर्वोत्तम भाग ग्रहण करनेवाले दार्शनिकों की भाँति।

Eclipse-इ' - क्लिप्स - *n.* interception of the light of a heavenly body by the intervention of an opaque body as of the sun or moon, loss of light. ग्रहण, अन्धकार;*-v.t.* to intercept, to darken. ढाँकना, अन्धकारमय करना; **Eclipsed** (-ड्) *-adj.* hidden from view. प्रच्छन्न, छिपा हुआ; **Ecliptic** (-क्लिप्'-टिक्)*-adj.* & *n.* of eclipse, the sun's orbit, the apparent path of the sun round the earth. ग्रहण सम्बन्धी, रविमार्ग, क्रान्तिवृत्त।

Eclogue-ऍक्'-लॉग्-*n.* a short pastoral poem. ग्रामीण गायन, देहाती गीत।

Economic-ई-कॉन्' - ऑ -मिक्, **Economical** (-इक् अल) *-adjs.* pertaining to economy, frugal. अल्प व्यय-सम्बन्धी; **Economically** (-अल् लि)*-adv.* with economy. मितव्यय से।

Economics-ई कॅ-नॉम्'-इक्स् *-n.* the science of economy. अर्थशास्त्र।

Economist-ई - कॅ - नॉम्' - इस्ट् *-n.* a thrifty person. मितव्ययी, अर्थशास्त्री।

Economization-ई-कॉन्'-अ-माइ-ज़ेशन् -*n.* the act of economizing. अल्प व्यय (किफ़ायत) करने की विधि।

Economize-ई-कॉन्'-अ-माइ-ज़्-*v. t.* to expend sparingly. अल्प व्यय करना।

Economy-ई-कॉन्'-अ-मइ - *n.* administration and management of household matters, frugality. गार्हस्थ्य प्रबन्ध, मितव्यय, कमखर्ची; **Political Economy** (judicious and frugal management of public affairs.) राजनैतिक अर्थशास्त्र।

Ecstasy-ऍक्स्'-ट-सि-*n.* (*pl.* **Ecstasies.**) excessive joy, rapture, exaltation, trance. हर्षोन्माद, अति आनन्द।

Ecstatic-ऍक्स्-टीट्'-इक्-*adj.* proceeding from ecstasy, rapturous. मोहक, परमानन्ददायक।

Ecstatic-ऍक्-स्टीट्'-इक्-*adj.* very delightful. अति प्रसन्न; **Ecstatically** (-अलि)-*adv.* in an ecstatic manner, delightfully. आनन्द से।

Eczema-ऍक्'-ज़ि - मा -*n.* an inflammatory disease of the skin. खाज, खुजली, उकवत।

Edacious-ऍ-डे'-शस् -*adj.* gluttonous, greedy. पेटू, मरभुख, खाऊ ; **Edaciousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being greedy. पेटूपन।

Edacity-इ-डॅ'-सि-टि-*n.* gluttony, greediness, voracity. पेटूपन, भुक्खड़पन।

Eddy-ऍड्'-डि - *n.* (*pl.* **Eddies**) a small whirlpool. आवर्त, भँवर;-*v. i.* to move like a whirlpool. भँवर की भाँति घूमना।

Eden-ई'-डन्-*n.* the garden of Adam & Eve, paradise. आदम और ईव का बाग, देवलोक, स्वर्ग; **Edenic** (-डॅन्-इक्)-*adj.* pertaining to Eden. स्वर्ग-सम्बन्धी।

Edentate-ई-डॅन्ट्'-एट्-*n.* a toothless animal. बिना दाँत का पशु; **Edentated** (-टे'-ट्इड्)-*adj.* deprived of teeth. बिना दाँत का।

Edge-ऍज्-*n.* the blade of a weapon, ridge, boundary, keenness. शस्त्र की धार, किनारा, छोर, तीक्ष्णता;-*v. t.* to sharpen a tool, to push. धार रखना, चोखा करना, ढकेलना; **Edged** (-ड्)-*adj.* furnished with a border. किनारदार; **Edgeless** (-लॅस्) -*adj.* not sharp. भुथरा ; **Edgeways** (-वेज़्), **Edgewise** (-वाइज़्)-*advs.* with the edge turned towards a point, sideways. धार आगे या ऊपर की ओर करके, किनारे की ओर; **Edging** (-इङ्ग्) -*n.* border or fringe. किनारा, झालर; **Edgy** (-इ) -*adj.* with an edge. धारदार।

Edible-ऍड्'-इ-ब्ल्-*adj.* fit to be eaten. भक्षणीय, खाने योग्य; **Edibleness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being edible. खाने योग्य होने का गुण।

Edict-ई'-डिक्ट्- *n.* an order proclaimed by authority. राजा की घोषणा।

Edification-ऍडिफ़िकेशन्-*n.* improvement of the mind. मानसिक उन्नति।

Edifice-ऍडिफ़िस्-*n.* a large building, a structure. भवन, महल।

Edify-ऍड्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Edified**) to build, to benefit spiritually. निर्माण करना, आध्यात्मिक उपदेश देना, सुधारना ; **Edifying** (-फ़ाइ'-इङ्ग्)-*adj.* able to instruct. उपदेशक, शिक्षा के योग्य।

Edit-ऍड्'-इट्-*v. t.* (*p. t.* **Edited**) to prepare another's work for publication, to act as an editor of a newspaper. किसी के लेख को शोधकर प्रकाशित करना, पत्र का सम्पादन करना।

Edition-ऍ-डिशन्-*n.* the form in which a literary work is published. प्रकाशन, आवृत्ति, संस्करण।

Editor-ऍडिटर् (*fem.* **Editress**) -*n.* one who conducts a newspaper. किसी पत्र का संपादक; **Editorship** (-अर्'-शिप्)-*n.* the business of an editor. सम्पादन-कार्य; **Editorial** (-टोरिअल) -*adj.* & *n.* pertaining to editing, article written by an editor in a newspaper. सम्पादक-सम्बन्धी, समाचार पत्र में सम्पादक का अग्रलेख।

Educate-ऍड्'-यू-केट्-*v. t.* to give moral and intellectual training to, to train. पढ़ाना-लिखाना, शिक्षा प्रदान करना, शिक्षित करना, सिखलाना।

Education-ऍड्-यू-के' - शन् - *n.* systematic instruction. शिक्षा, अध्यापन ; **Educational** (-शनल)-*adj.* pertaining to education. शिक्षा सम्बन्धी **Education-(al)-ist** (-इस्ट्)-*n.* one skilled in educational methods. शिक्षा-विधि में निपुण; **Educated** (-ऍड्)-*adj.* learned. शिक्षित, व्युत्पन्न।

Educative-ऍड्'-यु-केट्-इव्-*adj.* pertaining to or giving education. शिक्षा-सम्बन्धी या शिक्षाप्रद।

Educator-ऍड्'-यू-के'-टर्-*n.* one who gives education. शिक्षक, पढ़ानेवाला।

Educe-ई-ड्यूस्'-*v. t.* to draw out, to develop, to extract. सार निकालना, उन्नति करना, खींचना ; **Educible** (-इ-ब्ल्)-*adj.* that may be educed or extracted. सार निकालने योग्य

Educt-ई-डक्ट् - *n.* a body separated from another. पृथक् किया हुआ पदार्थ; **Eduction** (-डक्'-शन्)-*n.* a drawing out. पृथक्करण।

Eel-ईल्-*n.* a snake-like fish. सर्प के आकार की मछली।

E'en-ईन्-*contr.* for **Even.**

E'er-ऐअर्-*contr.* for **Ever.**

Eerie, Eery- ई'-रि-*adjs* strange, wonderful, exciting fear, weird. अद्भुत, डरानेवाली, पैशाचिक।

Eel.

Effable-ऐफ़बल्-*adj.* capable of being expressed, utterable, explicable. कथनीय, वाच्य।

Efface-इ-फ़ेस्'-*v. t.* to rub out, to destroy, to erase or expunge. मिटाना, नष्ट करना, पोछना; **Effaceable** (-ऐ-बल्)-*adj.* that may be effaced. मिटाने योग्य; **Effacement** (-मेन्ट) -*n.* the act of effacing. लोप, नाश।

Effect-इ-फ़ेक्ट्-*n.* result, intent, force, impression, consequence. परिणाम, सिद्धि, प्रभाव (फल), प्रयोजन, अभिप्राय; (*pl.*) property. सम्पत्ति; - *v. t.* to accomplish, to bring about. पूरा करना, सिद्ध करना; **In effect** (for practical purposes.) वस्तुतः; **Of no effect** (useless, of no avail.) निष्फल, बिना प्रयोजन का; **Of what effect**? (of what consequence?) किस हेतु से; **To carry into effect** (to complete.) पूर्ण करना; **To take effect** (to accomplish a work.) कार्य सम्पादन करना।

Effective-इफ़ेक्टिव्-*adj.* powerful in effect. क्षमताशाली, फलोत्पादक; **Effectively** (-इव्-लि) -*adv.* with effort. कार्य-साधन रीति से; **Effectiveness** (-इव्-नेस्) - *n.* the quality of being effective. फल साधना; **Effectless** (-लेस्)-*adj.* without effect, useless. प्रभावहीन, निष्प्रयोजन।

Effectual-इफ़ेक्चुअल् - *adj.* producing the desired effect, decisive. इष्ट फलप्रद, निश्चित; **Effectually** (-लि)-*adv.* with effect. अव्यर्थ, इष्ट फलप्रद रूप में।

Effectuate-इफ़ेक्चुएट् - *v. t.* to accomplish, to achieve. पूर्ण करना।

Effeminacy-ऐफ्-फ़ेम्'-इन्-ऐसि-सि-*n.* unmanliness, delicacy. क्लीवता, जनानापन, मृदुता, कोमलता, मुलायमियत।

Effeminate-इफ्-फ़ेम्'-इन्-ऐट्-*adj.* womanish, cowardly. स्त्री स्वभाववाला, भीरु, डरपोक; **Effeminately** (-लि)-*adv.* in an effeminate manner. नारीवत्, जनाने ढंग से, क्लीबवत्।

Efferent-ऐफ्'-फ़र् - रेन्ट - *adj.* conveying or carrying outwards. बाहर की ओर ले जानेवाली, बहिःसंचालक।

Effervesce-ऐफ़र्-वेस्' - *v. t.* to bubble, to forth up. फेन निकलना, उबलना; **Effervescence** (-ऐन्स्)-*n.* the rising of bubbles from a liquid. उबाल; **Effervescent** (-ऐन्ट्) - *adj.* gently boiling. खुदबुदानेवाला, उबलनेवाला **Effervescible**(इ-बल्)-*adj.* having the quality of boiling. उबलने की शक्ति वाला।

Effete-ऐ-फ़ीट्-*adj.* worn out, feeble, vigourless, incapable. थका हुआ, दुर्बल, अयोग्य; **Effeteness** (-नेस्)-*n.* the quality of being feeble. दुर्बलता, थकावट।

Efficacious- ऐ-फ़िक्-ऐ'-शस्-*adj.* producing the desired effect. समर्थ, इष्ट फलोत्पादक; **Efficaciously** (-लि) -*adv.* in an efficacious manner. इष्ट फलप्रद ढंग से; **Efficaciousness** (-नेस्)-*n.* the power of being efficacious. सामर्थ्य, इष्ट फलोत्पादन की शक्ति, कार्यकारिता।

Efficacy-ऐफ़िकसि -*n.* virtue, energy. गुण, सामर्थ्य, शक्ति, क्षमता।

Efficiency-*n.* see **Efficient.**

Efficient-इफ़िशेण्ट-*adj.* producing the desired effect, effective, competent. फलसाधक, कार्यक्षम, पूर्ण गुणशाली; **Efficiency** (-ऐन्-सि) -*n.* power to produce the intended effect, fitness. कार्यक्षमता, योग्यता; **Efficiently** (-लि) -*adv.* effectively. सिद्धिपूर्वक।

Effigy-ऐ-फ़िज-इ-*n.* (*pl.* **Effigies**) a portrait or image of a person or thing. प्रतिमा, किसी की प्रतिमूर्ति, पुतला।

Effloresce-ऐ-फ्लोर्'- ऐस्'-*v. i.* to burst into a flower. पुष्पित होना, फूलना; **Efflorescence** (-ऐन्स्)-*n.* production of flowers, time of flowering, redness of skin. फूल फूलना, पुष्पन, फूलने का समय, चकत्ता; **Efflorescent** (-ऐन्ट्)- *n.* covering of the surface with white crust. ऊपर से सफ़ेद परत जमना।

Effluence-ऐफ्'-फ्लु-ऐन्स्-*n.* a flowing out. प्रवाह, बहाव; **Effluent** (-ऐन्ट्) - *adj.* & *n.* flowing or coming out, a stream. बहानेवाली, धारा।

Effluvial-*adj.* see **Effluvium.**

Effluvium-ऐफ्'-फ्लु-वि-अम् -*n.* (*pl.* **Effluvia** -वि-आ) disagreeable vapours rising from putrefying matter. सड़नेवाले पदार्थ से निकलनेवाली बदबूदार गैस, दुर्गन्ध, बदबू; **Effluvial**- (-वि-अल्)-*adj.* pertaining to or consisting of effluvia. दुर्गन्ध-सम्बन्धी।

Efflux-ऐ-फ्लक्स्-*n.* that which flows out, effusion. प्रवाह, बहाव; **Effluxion** (-अन्)-*n.* the act of flowing out, emanation. निःस्राव।

Effodient-ऍफ़-फो'-डि- ऍन्ट्-*adj*. accustomed to dig. खोदने की प्रकृतिवाला।

Effort-ऍफ़र्ट् - *n*. an attempt, exertion of strength. प्रयत्न, व्यवसाय, कोशिश; **Effortless** (-लेस्)-*adj*. without effort, passive. निरुद्योग।

Effrontery-ऍफ़्रण्टरि - *n*. shamelessness, impudence, audacity. निर्लज्जता, धृष्टता, ढिठाई।

Effulgence-ऍ-फ़ल्ज्'-ऍन्स् -*n*. great lustre, a flood of light. कान्ति, तेज, तीव्र प्रकाश।

Effulgent-ऍ-फ़ल्ज्-ऍन्ट्-*adj*. radiant, brightly shining. तेजस्वी, देदीप्यमान, चमकता हुआ; **Effulgently** (-लि) - *adv*. with effulgence. चमक से, चमकते हुए ढंग से।

Effuse-ऍफ़-फ्यूज़्'- *v. t*. to pour forth as a fluid. बहाना;-*adj*. poured out freely. स्वतंत्रतापूर्वक उड़ेला या बहाया गया ; **Effusion** (-अन्)-*n*. the act of pouring out. बहाव, बहने का कार्य।

Effusive-ऍफ़्यूज़्' - इव् - *adj*. pouring abundantly, spreading widely. अधिक परिमाण में बहानेवाला;**Effusively** (इव् -लि) -*adv*. in an effusive manner. बहाते हुए ढंग से; **Effusiveness** (-नेस्)-*n*. the state of being effusive. बहाव, निगमनशीलता।

Eftsoon-ऍफ्ट्-सून्'-*adv*. soon afterwards, in a short time. अविलम्ब, थोड़ी देर बाद।

Egad-इ-गैड्'-*interj*. ah God, good luck. हा: ईश्वर, सौभाग्य।

Egest-ई-जेस्ट्'-*v. t*. to pass off excreta from the bowels. पेट में से मल निकालना; **Egesta** (-आ)-*n. pl*. excrements मल; **Egestion** (-शन्)-*n*. the act of excreting. मल त्याग।

Evolution-ईव़-ल्यू'-शन्-*n.* the act or process of opening out, appearance in succession, development. विवरण, विस्तार, क्रमिक आविर्भाव, विकास; **Theory of evolution** (*sing.* that species are not created severally but that they originate by a series of development.) क्रम-विकासवाद; **Evolutional** (-अल्), **Evolutionary**, (-अ-रि) -*adjs.* pertaining to evolution. क्रम-विकासवाद-सम्बन्धी; **Evolutionism** (-इज़्म्) -*n.* theory of evolution. विकास का सिद्धांत ।

Evolve-इ-व़ॉल्व़्'-*v. t. & i.* to unfold, to open out and expand, to develop. खोलना, फैलाना, प्रकट करना, विकसित करना; **Evolvement** (-मेन्ट्)-*n.* act of evolving, development. विकास, विस्तार, फैलाव ।

Evulsion-इव़ल्शन्-*n.* extraction by force. आकर्षण, बलपूर्वक खींचना ।

Ewe-यू-*n.* (*mas.* **Ram**-रॅम्) female of a sheep. भेड़ी ।

Ewer-यू'-अर्-*n.* a pitcher, a water jug. जलपात्र (सुराही, कमण्डलु), लोटा ।

Ex-ऍक्स्-*pref.* in sense of "out, thoroughly, separate, formerly". उपसर्ग जिसका "बाहर, पूर्ण रूप से, पृथक्, पूर्व" इत्यादि अर्थ में प्रयोग किया जाता है ।

Exact - ऍग्ज़ैक्ट्' - *adj.* precise, accurate, strictly correct. ठीक-ठीक, यथार्थ, परम शुद्ध; -*v. t.* to demand and enforce payment of. बलपूर्वक माँगना (छीन लेना): **Exactable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be exacted. छीनने योग्य; **Exactitude** (-इ-ट्यूड्), **Exactness** (-नॅस्)-*ns.* correctness. यथार्थता; **Exacting** (-इङ्ग्) -*adj.* unreasonable in making demands. अनुचित माँग करनेवाला; **Exaction** (-शन्)-*n.* extortion. न्याय-विरुद्ध माँग; **Exactly** (-लि) -*adj.* accurately, quite so, just so. यथावत्, ठीक-ठीक, बहुत ठीक ।

Exaggerate-ऍग्ज़जरेट्-*v. t.* to intensify, to aggravate, to overstate. विस्तृत रूप से वर्णन करना, बढ़ाना, बढ़ाकर कहना; **Exaggeration** (-ऍ'-शन्) -*n.* amplification, extravagant statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति; **Exaggerative** (-इव्)-*adj.* amplificative, having tendency to exaggerate. असत्य अथवा बढ़ाकर कहनेवाला; **Exaggerator** (-टर्)-*n.* one who exaggerates. लम्बी-चौड़ी बात कहनेवाला व्यक्ति ।

Exalt-ऍग्ज़ॉल्ट्-*v. t.* to raise to a high rank, to praise, to extol. ऊँचे पद पर उठाना, प्रशंसा करना, बढ़ाना: **Exaltation** (-ल्'-शन्)-*n.* elevation. उन्नति, प्रशंसा; **Exalted** (-ऍड्)-*adj.* elevated, raised to a height. ऊँचा किया हुआ ।

Examination-ऍग्ज़ैमिनेशन्-*n.* testing of knowledge, investigation. परीक्षा अनुसन्धान, निरीक्षण ।

Examine-ऍग्ज़ैमिन्-*v. t. & i.* to investigate, to scrutinize, to enquire into. परीक्षा करना, (अनुसन्धान करना), विचार करना, जाँचना; **Examinee** (-ई)-*n.* one who is examined. परीक्षा देनेवाला, परीक्षार्थी; **Examiner** (-अर्) -*n.* one who examines. परीक्षक ।

Example-ऍग्ज़ाम्पल् - *n.* fact, instance, a

pattern, warning. उदाहरण, दृष्टान्त, चेतावनी; -v. t. to exemplify. दृष्टान्त देना, सचेत करना; **Examplar** (-प्लर्)-n. a pattern. आदर्श, नमूना; **Examplary** (-प्लरि)-adj. serving as an example. आदर्शभूत, अनुकरणीय ।

Exanimate- ऍ-ग्ज़ॅनिमेट् -adj. dead, lifeless, spiritless. निर्जीव, निरुत्साह; -v. t. to kill. मार डालना ; **Exanimation** (-ऍ-शन्) -n. death. मृत्यु ।

Exasperate-ऍग्-ज़ॅस्'-पर्-ऍट्-v. t. to irritate, to provoke. क्रुद्ध करना, उत्तेजित करना, भड़काना;-adj. provoked. उत्तेजित; **Exasperation** (-ऍ'-शन्)-n. rage, provocation. क्रोधोद्दीपन, उत्तेजना; **Exasperating** (-टिङ्ग्), **Exasperative** (-टिव्) -adj. irritating. उत्तेजक ।

Excarnate-ऍक्स्-कार्'-नेट्-v. i. to deprive of flesh. मांस हटाना; **Excarnation** (-ने-शन्)-n. removing of flesh. मांस हटाने का कार्य ।

Excavate-ऍक्स्-कीवेट्-v. t. to dig out, to make hollow. खोदना, पोला करना, खनना; **Excavation** (-ऍ-शन्)-n. the act of excavating, a cutting. खुदाई, कटाव; **Excavator** (-ऍ'-टर्)-n. one who excavates. खोदनेवाला ।

Exceed-ऍक्-सीड्'-v. t. & i. to go beyond limit, to surpass or excel. सीमा से बाहर जाना; अधिक होना, बढ़ना; **Exceeder** (-अर्) -n. one who exceeds. बढ़नेवाला, बढ़ानेवाला; **Exceeding** (-इङ्ग्)-adj. too much. अधिक, बहुत; **Exceedingly** (-इङ्ग्-लि)-adv. in a great degree. अति, अत्यन्त ।

Excel-ऍक्-सॅल्'-v. t. & i. (p. t. **Excelled**) to surpass, to be superior. विशिष्ट करना, बढ़ना, श्रेष्ठ होना; **Excellence** (-लॅन्स्)-n. superiority, greatness, dignity. विशिष्टता, श्रेष्ठता, महत्त्व ।

Excellency-ऍक्सलन्सि-n. (pl. **Excellencies**) a title of honour. महाराज, प्रभु ।

Excellent-एक्सलॅन्ट्-adj. pre-eminent. श्रेष्ठ, उत्तम; **Excellently** (-लि)-adv. exceedingly, in an excellent manner. विशिष्ट प्रकार (उत्तम रूप) में ।

Excelsior-ऍक्सॅल्सिअर्-adj. still higher. और भी उत्तम या श्रेष्ठपद का ।

Except-ऍक्-सॅप्ट्'-v. t. & i. to exclude, to make objection against. अलग करना, एतराज करना; -prep. not including, but. सिवाय, अतिरिक्त, बिना ।

Exception-ऍक्-सॅप्'-शन्-n. not according to rule, exclusion. त्याग, अपवाद; **Exceptionable** (-ऍ-बल्)-adj. objectionable. आक्षेप करने योग्य; **Exceptional** (-अल्)-adj. unusual, peculiar. अपवादभूत, अलौकिक; **Exceptionally** (-अल्-लि) -adv. specially, in an exceptional way. अलौकिक रूप में या ढंग से ।

Excess-ऍक्-सॅस्'-n. intemperance, superfluity. असंयम, अधिकता; **Excessive** (-इ-व्)-adj. extravagant, vehement. अधिक, अत्यन्त; **Excessively** (-इव्-लि)-adv. in an extreme degree. विशेष करके; **Excessiveness** (-नॅस्) -n. superfluity. अत्यन्त अधिकता ।

Exchange-ऍक्स् - चेन्ज्' - n. barter, money changer's trade, standard value of coinage. अदला-बदला, सर्राफ का व्यापार, मुद्रा का विनिमय (मूल्य);-v. t. to barter, to give in place of, to interchange. बदलना, बदले में देना; **In exchange for** (in lieu of.) बदले में ।

Exchangeable-ऍक्स्-चेन्जेबल्-adj. fit to be exchanged, that may be exchanged. बदलने योग्य; **Exchangeability** (-बिल्'-इ-टि)-n. the quality of being exchangeable. विनिमयता ; **Exchanger** (-अर्)-n. one who makes an exchange. बदलनेवाला ।

Exchequer-ऍक्स्-चेक्-अर्-n. the department of public service empowered for issuing receipts and to deposit revenue. राजकोष, वह विभाग जिसमें राजकर जमा होता है; **Chancellor of the Exchequer** (the Finance Minister.) अर्थ-सचिव ।

Excide-ऍक्साइड्'-v. t. to separate by cutting off. काटकर पृथक् करना ।

Excisable-ऍक्-साइज़े-बल्-adj. see **Excise**.

Excise-ऍक्साइज़्-n. duty on commodities produced and consumed in a country, department of inland revenue. देश में बने तथा खर्च होनेवाले पदार्थों पर का कर, ऐसा कर-सम्बन्धी या आबकारी विभाग; -v. t. to force a person to pay excise, to cut off and remove. कर देने के लिए बाध्य करना, पृथक् करना, अलगाना; **Excisable** (-ऍ-बल्)-adj. subject to excise. कर लगने योग्य; **Exciseman** (a collector of excise.) ऐसा कर इकट्ठा करनेवाला अधिकारी ।

Excision-ऍक्-सिज़न्-n.a cutting out of a part of the body. शरीर के किसी भाग का कटाव, नाश ।

Excitable-ऍक्-साइटे-बल्-adj. able to be excited or irritated. उत्तेजित करने योग्य; **Excitation** (-ऍ'-शन्) -n. the act of exciting. उत्तेजना, उद्दीपन ।

Excitant-ऍक् - साइट्'-ॲन्ट्-adj. tending to stimulate. उत्तेजक; -n. that which produces increased action in the body. शरीर में उत्तेजना उत्पन्न करनेवाली औषधि ।

Excite-ऐक्-साइट्-*v. t.* to set in motion, to provoke, to rouse, to stir up, to irritate. उत्तेजित करना, गतियुक्त बनाना, उभाड़ना; **Excitedly** (-ऐड्-लि)-*adv.* with excitement. उत्तेजना से; **Excitement** (-मेन्ट्)-*n.* stimulation. प्रकोप, उत्तेजना।

Exciter-ऐक्-साइट्'-अर्-*n.* a stimulant, one who or that which excites. उत्तेजित करने-वाला व्यक्ति या पदार्थ।

Exciting-ऐक्-साइट्'-इङ्ग्-*adj.* thrilling. प्रोत्साहक, उत्तेजक; **Excitingly** (-लि); -*adv.* by way of excitement. उत्तेजित करते हुए ढंग से।

Excitive-ऐक्-साइट्-इव्-*adj.* tending to excite. उत्तेजक।

Exclaim-ऐक्स्-क्लेम्'-*v.t.&i.* to utter abruptly or vehemently, to cry out. चिल्लाना, पुकारना।

Exclamation-ऐक्स्-क्लैम् ऐ'-शन्-*n.* outcry, clamour. आर्त्तनाद, चिल्लाहट; **Mark of Exclamation**-interjection mark (!). विस्मयादि-बोधक चिह्न (!)।

Exclamative-ऐक्स्-क्लैमें टिव्, **Exclamatory** (-अरि) - *adjs.* expressing exclamation. विस्मय-सूचक।

Exclude-ऐक्स्-क्लूड्'- *v. t.* to hinder from entrance, to obstruct, to shut out, to debar. अवरोध करना, रोकना, अलग करना, अलगाना।

Exclusion-ऐक्स्-क्लू'-ज़न्-*n.* ejection, exception. निषेध।

Exclusive-ऐक्स्-क्लू'-सिव्-*adj.* having power to exclude, not including. निषेधक, निवारक; **Exclusively** (-लि)-*adv.* with the exclusion of all others. केवल, अनन्य; **Exclusiveness** (-नेस)-*n.* the quality or state of being exclusive. निषेधता, पृथकत्व।

Excogitate-ऐक्स् - कॉजिटेट् - *v. t.* to think out, to contrive carefully. चिन्तन करना, विचारना; **Excogitation** (-ए'शन्)-*n.* contrivance, invention. चिन्तन, विचार, आविष्कार।

Excommunicate-ऐक्स्-कम्यूनिकेट् - *v. t.* to expel from the communion of a church. धर्मसंस्था से बहिष्कार करना; **Excommunication** (-ए'-शन्)-*n.* exclusion from the church. ऐसा बहिष्कार; **Excommunicative** (-ऐ-टिव्) -*adj.* tending to excommunicate. बहिष्कार करने की प्रवृत्तिवाला।

Excoriate-ऐक्स्-कोरि-ऐट्-*v. t.* to remove the skin or bark from. निरत्वचा करना, खाल निकालना; **Excoriation** (-ए' शन्)-*n.* the act of removing skin or bark. त्वचा-विदारण।

Excorticate-ऐक्स्-कॉर्-टिक्-ऐट्-*v. t.* to strip the bark or rind from. वृक्ष की छाल को छील-कर अलगाना।

Excrement-ऐक्स् - क्रिमेंन्ट्-*n.* useless matter discharged from animal body, dung. मलोत्सर्ग, विष्ठा; **Excremental** (-अल्)-*adj.* pertaining to dung. विष्ठा-सम्बन्धी।

Excrescence-इक्सक्रें-सेन्स्-*n.* an abnormal or unnatural outgrowth, a tumour. गुल्म, मस्सा, ग्रन्थि; **Excrescent** (-सेन्ट्)-*adj.* superfluous. बढ़ा हुआ।

Excreta-ऐक्स् क्रीटा-*n.* (*pl.*) the waste matter expelled from animal body. मल-मूत्र आदि पदार्थ।

Excrete-ऐक्स् क्रीट्'-*v.t.* to expel or discharge waste matter from the body. शरीर से मल निकालना; **Excretion** (-क्री-शन्)-*n.* the act of excreting, that which is excreted. मल-त्याग, मल; **Excretive** (-टिव्), **Excretory** (-अरि)-*adjs.* able to excrete. मल त्यागने योग्य।

Excruciate-ऐक्स्-क्रू'-शि-ऐट्-*v.t.* to torment or torture, to give pain to. अत्यन्त कष्ट देना, सन्ताप देना; **Excruciating** (-इङ्ग्)-*adj.* distressing, painful. यंत्रणादायक, दुःखकारक; **Excruciation** (-ए' - शन्)-*n.* vexation, torture. व्यग्रता, यातना।

Exculpate-ऐक्स्-कल्-पेट्-*v. t.* to remove from charge of crime, to free from blame. निर्दोष करना, अपराध से निर्मुक्त करना; **Exculpated** (-ऐड्)-*adj.* cleared from blame. निर्दोष, दोषमुक्त; **Exculpation** (-पे'-शन्)-*n.* act of freeing from fault or crime. दोष-मुक्तकरण, दोषमोचन; **Exculpatory** (-अरि) -*adj.* excusing. क्षमा करनेवाला, दोष-मोचक।

Excursion-ऐक्स्-कर्शन्-*n.* an expedition, a ramble, a trip for pleasure or health. साहसिक यात्रा, पर्यटन, स्वास्थ्य या मनोरञ्जन के लिए भ्रमण; **Excursionist** (-इस्ट्)-*n.* one who goes on an excursion. साहसिक यात्रा करनेवाला व्यक्ति, आमोदार्थ भ्रमणकारी।

Excursive-ऐक्स्-कर्सिव्-*adj.* deviating, rambling. भ्रमणशील।

Excusable-see **Excuse.**

Excuse-ऐक्स्-क्यूज़्'-*v. t.* to free from guilt, to forgive, to make an apology for, to pardon. दोषमुक्त करना, क्षमा करना, अपराध के लिए क्षमा माँगना;-*n.* apology, pretext. क्षमा-प्रार्थना, बहाना; **Excusable** (-ऐ-बल्)-*adj.* that may be excused. क्षमायोग्य; **Excusably** (-ऐब्-लि)-*adv.* with excuse. क्षमा प्रार्थना करते

हुए; **Excuseless** (-लैस्) *-adj.* having no excuse. अक्षन्तव्य, निरुत्तर।

Execrable-ऐक्सिक्रे - बुल् - *adj.* abominable, hateful. घृणा के योग्य, घृणित; **Execrably** (-ऐक्सिक्रे ब्लि)*-adv.* hatefully, scornfully. घृणा से।

Execrate-ऐक्स्'-इ-क्रेट्-*v. t. & i.* to express abhorrence for, to curse. घृणा करना, शाप देना; **Execrative** (-इव्)*-adj.* hateful. घृणित; **Execration** (-क्रे'-शन्)*-n.* a curse. शाप।

Executable-ऐग्ज़ि-क्यूटे-बुल्*-adj.* that may be executed or seized in default of payment. सम्पादनीय, कुर्क (कुर्की) करने योग्य।

Executant-ऐग्ज़ि'- क्यूट्'- ऑन्ट्-*n.* performer. सम्पादक, कोई कार्य करनेवाला।

Execute-ऐग्ज़ि-क्यूट्'-*v. t.* to carry into effect, to perform, to complete, to make valid by signing, to put to death. सम्पादन करना, कार्य करना, पूरा करना, हस्ताक्षर करके प्रमाणित करना, फाँसी देना; **Execution** (-क्यू'-शन्)*-n.* carrying out, seizure of a debtor's property in default of payment, capital punishment. निर्वाह, सम्पादन, कुर्की, फाँसी; **Executioner** (-अर्)*-n.* a hangman. जल्लाद, फाँसी देनेवाला।

Executive - ऐग्ज़िक्यूटिव् - *adj.* pertaining to the execution of law. विधान के सम्पादन से सम्बन्धित, शासन-सम्बन्धी;*-n.* the administrative branch of government. सरकार का शासन विभाग; **Executively** (-लि) *-adv.* administratively. प्रबन्ध रूप से, शासन करते हुए।

Executor-ऐग्ज़िक्यूटर्*-n. mas.* a man appointed to carry out the provisions of one's will. मृतक के इच्छापत्र का उत्तरसाधक; **Executress** (- रैस्), **Executrix** (- रिक्स्) *-ns. fem.* a female executor. उत्तरसाधिका।

Exegesis-ऐक्स्-इ-जी'-सिस्*-n.* exposition or interpretation of the Scriptures. श्रुतिभाष्य (टीका); **Exegetical** (-जेट्'-इ-कल्) - *adj.* expository. ऐसा भाष्य या टीका करनेवाला।

Exemplar-ऐग् - ज़ेम्' - प्लर् - *n.* an ideal, a model, a pattern. आदर्श, नमूना; **Exemplary** (प्ल-रि)*-adj.* typical, illustrative. आदर्श, दृष्टान्त योग्य।

Exemplification-ऐग्ज़्-ऐम्'- प्लिफ़्-इक्-ए'-शन् *-n.* see **Exemplify.**

Exemplify-ऐग् - ज़ेम्' - प्लि - फ़ाइ*-v. t.* (*p. t.* **Exemplified.**) to illustrate by example. उदाहरण देना; **Exemplification** (-प्लिफ़्'-इक्-ए'-शन्)*-n.* the act of exemplifying, a copy. दृष्टान्त या उदाहरण, प्रदर्शन, नमूना।

Exempt-ऐग्-ज़ेम्ट्'*-v. t.* to free from control. नियंत्रण-मुक्त करना, त्यागना; **Exempted** (-टेड्) *-adj.* not included. मुक्त, वर्जित; **Exemption** (-ज़ेम्'-शन्)*-n.* the act of exempting, immunity. मोक्ष, मोचन, छुटकारा।

Exequies-ऐक्सि-क्वीज़्*-n. pl.* funeral rites. अन्त्येष्टिक्रिया।

Exercisable-ऐक्स्'-अर्-साइज़्'-ऐ-बुल्*-adj.* that may be exercised. अभ्यास करने योग्य, प्रयोग में लाने योग्य।

Exercise-ऐक्स्'-अर्-साइज़्*-n.* putting in practice, bodily exertion, discipline, employment, a lesson for practice. प्रयोग, व्यायाम, अनुशासन, नियोग, अभ्यास;*-v. t. & i.* to employ, to perform the duties of, to train, to perplex. प्रयोग करना, कर्त्तव्य करना, शिक्षा देना, कष्ट देना; **Bodily exercise** (exertion of body for health.) शारीरिक व्यायाम; **Military exercise** (drill &c.) सैनिकों की क़वायद।

Exert-ऐग्ज़र्ट्*-v. t.* to do or perform, to bring into operation. प्रयत्न करना, उद्योग करना, सम्पादन करना; **Exertion** (-ज़र्शन्)*-n.* the act of exercising with effort. उद्योग, उद्यम, परिश्रम; **Exertive** (-इव्)*-adj.* exerting. (परिश्रम की) चेष्टा करता हुआ।

Exeunt-ऐक्सि-अन्ट्*-v. i.* (*sing.* **Exit** ऐक्स्'-इट्) they leave the stage. वे पात्र रङ्गभूमि से जाते हैं; **Exeunt omnes** (-ऑम्-नीज़) all leave the stage. सब पात्र रङ्गभूमि से बाहर चले जाते हैं।

Exhalation-ऐग्ज़्-हे-लेशन्*-n.* see Exhale.

Exhale-ऐग्ज़् - हेल्'- *v. t. & i.* to emit as vapour, to pass off in vapour. साँस निकालना, साँस निकलना; **Exhalable** (-ऐ-बुल्) *-adj.* able to be exhaled. श्वास निकालने योग्य; **Exhalation** (-ऐ-शन्) *-n.* puffing off of breath. उच्छ्वसन, मुख द्वारा वायु निर्गमन।

Exhaust-ऐग्-ज़ॉस्ट्'*-v. t.* to draw off air, to empty of contents, to tire out. वायु निकाल लेना, खाली करना, थकाना;*-n.* the waste that comes out of an engine. यन्त्र (इन्जन) से निकलता हुआ मलबा; **Exhausted** (-टेड्)*-adj.* tired out, wholly used. निधारा हुआ, श्रान्त, थका हुआ; **Exhaustion** (-शन्)*-n.* the state of being exhausted. थकावट; **Exhaustive** (-इव्)*-adj.* tending to exhaust. थकानेवाला; **Exhaustiveness** (-इव्-नेस्) - *n.* power of exhausting. थकाने की शक्ति; **Exhaustless** (-लैस्) *-adj.* without fatigue. अक्षय, अश्रान्त।

Exhibit-ऐग्-ज़िब्'-इट्*-v. t.* to hold to view.

to display, to manifest, to present formally, to show publicly. प्रकट करना, दिखलाना, स्पष्ट करना, प्रदर्शन करना; -*n*. anything exhibited, a paper presented to a court. प्रदर्शित पदार्थ, अदालत में पेश किये हुए कागजात ।

Exhibiter, Exhibitor-ऍग्-ज़िब्'-इट्-अर्-*ns*. one who exhibits. प्रदर्शक, प्रकाशक ।

Exhibition-ऍग्-ज़िबिशन्-*n*. act of exhibiting, display, a public show. प्रदर्शनी, कौतुक; **Exhibitioner** (-अर्)-*n*. one who receives an allowance at an English university. किसी अँगरेजी विश्वविद्यालय से अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता पानेवाला विद्यार्थी ।

Exhilarate-इग्ज़िलरेट्-*v. t. & i*. to cheer up, to gladden, to enliven, to become joyous. प्रमुदित करना, प्रफुल्ल करना, प्रसन्न होना; **Exhilarant**-(ऑन्ट्)-*n*. exciting mirth. आनन्ददायक; **Exhilarating** (-इङ्ग्)-*adj*. gladdening. आनन्ददायक; **Exhilarative** (-इव्)-*adj*. tending to gladden. आनन्दकर; **Exhilaration** (-ए'-शन्)-*n*. cheerfulness. आनन्द ।

Exhort-ऍग्ज़ॉर्ट्-*v. t*. to urge to good deeds, to advise, to warn, to caution. सदुपदेश देना, सलाह देना, सावधान करना; **Exhortation** (-एशन्)-*n*. the act of exhorting. उपदेश, प्रोत्साहन; **Exhortative** (-ऍटिव्), **Exhortatory** (-अरि)-*adjs*. containing exhortations. प्रबोधक, उपदेशक; **Exhorter** (-अर्)-*n*. one who exhorts another. प्रबोधक ।

Exhumation-ऍक्स्-ह्यूमेशन्-*n*. see **Exhume**.

Exhume-ऍक्स्-ह्यूम्'-*v. t*. to dig out, to unearth. खोदकर भूमि से बाहर निकालना; **Exhumation** (-ए'-शन्)-*n*. the act of exhuming. उत्खनन ।

Exigence, (**Exigency**)-ऍक्'-सि-जेन्स्,(-सि)-*ns*. emergency, urgent necessity. सङ्कट समय, आवश्यकता ।

Exigent-ऍक्सिजेन्ट्-*adj*. urgent, pressing. अति आवश्यक ।

Exile-ऍग्ज़ाइल्'-*v. t*. to expel from one's country, to banish. देश से निकालना, बहिष्कार करना; -*n*. banishment, a banished person. देशनिकाला, निर्वासित व्यक्ति; **Exilement**(-मेन्ट्)-*n*. banishment. देश-बहिष्कार, निर्वासन ।

Exility-ऍक्स-इल-इट्-इ-*n*. thinness, slenderness. पतलापन, क्षीणता, दुर्बलता ।

Exist-ऍग्-ज़िस्ट्'-*v. t*. to have a reality, to continue to be, to live, to endure. अस्तित्व होना, जीवित रहना, जीना, स्थायी होना; **Existence** (-ऍन्स्)-*n*. continued being, all that lives. सत्ता, जीवन, स्थिति; **Existent** (-ऍन्ट्)-*adj*. actual, existing. वर्तमान, विद्यमान ।

Exit-ऍक्'-सिट्-*n*.(*pl*. **Exeunt**) departure of a player from the stage, a passage to go out, death. रंगमंच से पात्र का निष्क्रमण, निर्गम, बाहर जाने का मार्ग, मृत्यु ।

Exodus-ऍक्सॅ-डस्-*n*. a going out or departure. बिदाई, प्रस्थान ।

Ex-officio-ऍक्स्-ऑफ़िशि-ओ-*adj*. in virtue of one's office. पदाधिकारेण ।

Exogamy-ऍक्स्'-ऑग्-ऑ-मि-*n*. marriage outside the tribe. जाति (बिरादरी) के बाहर विवाह-सम्बन्ध ।

Exonerate-इग्ज़ॉनरेट्-*v. t*. to free from blame &c., to acquit. पाप इत्यादि से मुक्त करना, छोड़ना; **Exoneration** (-ए'-शन्)-*n*. the act of freeing from imputation. पाप से मुक्ति ।

Exorable-ऍक्सरॅ-बल्-*adj*. capable of being moved by prayers. प्रार्थना से प्रभावित होनेवाला या प्रभावशील ।

Exorbitance-इग्ज़ॉर्बिटॅन्स्, **Exorbitancy** (-ऑन्-सि)-*ns*. excess, extravagance. आधिक्य ।

Exorbitant-इग्ज़ॉर्बिटॅण्ट्-*adj*. beyond limit, excessive. अपरिमित, अत्यधिक; **Exorbitantly** (-ऑन्ट्-लि)-*adv*. in an excessive manner, extravagantly. अधिकता से, महर्घता से ।

Exorcism-ऍक्सॉर्सिज़्म्-*n*. expelling of evil spirits. भूत-प्रेत का अपसरण ।

Exorcist-ऍक्सॉर्सिस्ट्-*n*. one who drives away evil spirits. ओझा ।

Exorcize-ऍक्सॉर्साइज़्'-*v. t*. to expel evil spirits by calling forth holy names. झाड़-फूँककर प्रेत हटाना ।

Exordium-ऍग्ज़ॉर्डि-अम्-*n*. introductory part, the beginning. प्रस्तावना, भूमिका, मुखबन्ध ।

Exoteric-ऍक्सॉटॅरिक्-*adj*. common place, ordinary. साधारण, सामान्य ।

Exotic-ऍग्ज़ॉटिक्-*n. & adj*. anything of foreign origin, extraneous. विदेशी वस्तु, परदेश से लाई हुई ।

Expand-ऍक्स्-पैन्ड्'-*v. t. & i*. to spread out, to develop, to enlarge. बढ़ाना, फैलाना, बढ़ना, उन्नति करना, विस्तृत करना ।

Expanse-ऍक्स्'-पैन्स्-*n*. wide extent, expansion. विस्तार, फैलाव ।

Expansion-ऍक्स्-पैन्शन्-*n*. enlargement, extension. वृद्धि, विस्तार ।

Expansive-ऍक्स-पैन्सिव्-*adj*. extending widely. विस्तृत, व्यापक; **Expansively** (-इव्-

-लि)-*adv.* in an expansive way. फैलावट से, **Expansiveness** (- नेस्) -*n.* expansion. विस्तार, फैलाव ।

Exparte-ऍक्स्-पार्टि-*adv.* in the interest of one side only. एक ही पक्ष के हित में, एक तरफ़ा ।

Expatiate-एक्स्-पे-शि-ऐट्-*v. t.* to enlarge in writing or argument. विस्तारपूर्वक लिखना या विवाद करना; **Expatiation** (-ए'-शन्)-*n.* detailed account. विस्तृत वर्णन ।

Expatriate-ऍक्स्-पट्रि-ऐट्-*v. t.* to banish from one's home. घर से बाहर निकाल देना ।

Expect-ऍक्स्-पेक्ट्'-*v. t.* to wait for, to hope to. प्रतीक्षा करना, आशा करना; **Expectancy** (-ऍन्-सि)-*n.* hope. आशा; **Expectant** (-ऍन्ट्)-*adj.* waiting, looking for. प्रतीक्षा करनेवाला, आकांक्षी; **Expectation** (-ए'-शन्)-*n.* prospect of future good, promise. आकांक्षा, भविष्य में भलाई की आशा; **Expectative** (-ऍट्-इव्)-*adj.* reversionary. उत्तराधिकार प्राप्त करने की आकांक्षावाला ।

Expectorate-ऍक्स्-पेक्ट-रेट्-*v.i.* to eject phlegm from the chest. खखारना, कफ निकालना, थूकना; **Expectorant** (-ऍन्ट्)-*n. & adj.* a medicine that promotes expectoration. कफ निकालनेवाली औषधि; **Expectoration** (-ए'-शन्)-*n.* the act of expectorating, spittle. कफ का निकलना, श्लेष्मा; **Expectorative** (-इव्)-*adj.* expectorant. कफ निकालनेवाला ।

Expedience-ऍक्स्-पी'-डि - ऍन्स् , **Expediency** (-सि)-*ns.* fitness, suitableness. योग्यता, उपयोग, औचित्य ।

Expedient-ऍक्स्-पी'-डि - ऍन्ट् - *adj.* fit, advantageous, suitable, serviceable. योग्य, हितकर, उचित, लाभकर;-*n.* a device, a contrivance. उपाय, साधन, उपकरण; **Expediently** (-लि)-*adv.* in a suitable manner, suitably. यथोचित रूप में, उपयुक्त ढंग से ।

Expedite-ऍक्स् पिडाइट्-*v. t.* to free from obstacles, to dispatch. विघ्न हटाना, शीघ्र भेजना;-*adj.* speedy. शीघ्र साधन करने का; **Expeditely** (-लि) - *adv.* in an expedite manner. शीघ्रता से ।

Expedition-ऍक्स्-पिडिशन्-*n.* haste, speed, dispatch, a voyage of enterprise. शीघ्रता, शीघ्र यात्रा, प्रस्थान, साहसिक यात्रा; **Expeditionary** (-अरि)-*adj.* suitable for an expedition. साहसिक यात्रा के योग्य; **Expeditionist** (-इस्ट्) -*n.* one who makes an expedition. साहसिक यात्रा करनेवाला व्यक्ति ।

Expeditious-ऍक्स्-पिडिशस् - *adj.* promptly done, speedy, prompt. शीघ्रकृत, सत्वर, तत्पर ।

Expel-ऍक्स्-पेल्-*v. t.* (*p. t.* **Expelled.**) to drive or force out, to banish. बाहर निकाल देना, बाहर करना, फेंकना; **Expellable** (-लॅ-बल्)-*adj.* able to be expelled. फेंकने योग्य; **Expellent** (-लॅन्ट्)-*adj.* able to expel. बाहर करने योग्य, निष्कासित ।

Expend-ऍक्स्-पेन्ड्'-*v. t.* to spend, to consume, to use up. व्यय करना, समाप्त करना, खतमकर डालना; **Expenditure** (-चर्)-*n.* act of expending, amount which is expended. व्यय, खर्च ।

Expense-ऍक्स्'-पेन्स् - *n.* expenditure, cost, outlay. व्यय, मूल्य, खर्चा, लागत ।

Expensive-ऍक्स्'-पेन्स्-इव्-*adj.* costly, valuable, lavish in expending. बहुमूल्य, बड़ी लागत का, अधिक खर्चीला; **Expensively** (-इव्-लि)-*adv.* in an expensive manner. अपव्ययिता से; **Expensiveness** (-इव्-नेस्)-*n.* quality of being expensive. महार्घता, खर्चीलापन ।

Experience-ऍक्स्-पीरि अन्स्-*n.* practical acquaintance with a matter, knowledge resulting from actual observation. अनुभव, परीक्षाज्ञान, बहुदर्शिता;-*v. t.* to feel, to learn. अनुभव करना, ज्ञान प्राप्त करना; **Experienced** (-ड्) -*adj.* skilful by experience. अनुभवी, बहुदृष्ट; **Experiential** (-ऍन्शल्)-*adj.* of or pertaining to experience. अनुभवी, अनुभव-संबंधी ।

Experiment-ऍक्स्-पे-रि-मेन्ट्-*n.* a trial or test adopted for testing a hypothesis. प्रयोग, परीक्षा (अनुभव);-*v. t.* to know by practice or by trial. परीक्षा करना, अनुभव करना; **Experimental** (-मेन्ट्'-अल्),**Experimentative** (-टॅ-टिव्)-*adjs.* based on experience. अनुभवप्राप्त; **Experimentally** (- अल्-लि)-*adv.* in an experimental manner. परीक्षा रूप में; **Experimentalize** (-मेंटलाइज़्) - *v. t.* to make experiments. प्रयोग करना ।

Expert-ऍक्स् '-पर्ट्-*adj. & n.* skilful, adroit dexterous, trained by practice, a specialist. दक्ष, निपुण चतुर, किसी विषय का विशेष ज्ञान रखनेवाला; **Expertly** (-लि)-*adj.* in an expert manner. कुशलता सहित; **Expertness** (-नेस्) - *n.* the quality of being expert. निपुणता ।

Expiate-ऍक्स्'-पि-ऐट्-*v. t.* to atone for, to make amends or reparation for sin. प्रायश्चित्त से पवित्र करना, पापों से निवृत्त करना; **Expiable** (-ऍ-बल्)-*adj.* able to be expiated. इस प्रकार से पवित्र करने योग्य; **Expiation** (-ऐ-शन्)-*n.* act of expiating crime. शोधन, प्रायश्चित्त; **Expiatory** (-अरि)-*adj.* hav-

ing power to atone for sins. पाप नाशक।

Expirable-ऐक्स्-पायरॅबल्-*adj.* that may come to an end. मिटने योग्य, विध्वंसी।

Expirant-ऐक्स्-पायर्'-अॅन्ट् - *n.* one who is expiring. मरनेवाला, दम तोड़नेवाला।

Expiration-ऐक्स्-पिरेशन्-*n.* death, the end. प्राणत्याग, मृत्यु

Expire-ऐक्स्-पायर्' - *v. t.* & *i.* to breathe out of lungs, to emit, to die out, to come to an end. श्वास निकालना, बाहर फेंकना, मरना, समाप्त होना; **Expiry** (-रि) - *n.* termination. अन्त।

Explain-ऐक्स् प्लेन्' - *v. t.* to make plain or intelligible, to clear the meaning of. व्याख्या करना, अर्थ स्पष्ट करना, समझाना; **To explain away** (to explain so as to show that there is nothing in it.) इस प्रकार व्याख्या करना मानों कुछ सार ही न हो।

Explainable-ऐक्स् प्लेनेबल्-*adj.* that may be explained. व्याख्या करने योग्य।

Explainer-ऐक्स्-प्लेनर् - *n.* one who makes an explanation. व्याख्या करनेवाला।

Explanation-ऐक्स्-प्लैनेशन्-*n.* act of explaining. व्याख्या, भाष्य, टीका।

Explanatory-ऐक्स् - प्लैनें-टरि- *adj.* containing explanations, serving to explain. व्याख्यात्मक।

Expletive-ऐक्स्'-प्लि-टिव्-*adj.* & *n.* serving to fill up, a filling word, oath. पूरक, पूर्ण करनेवाला शब्द, शपथ; **Expletory** (-ट-रि)-*adj.* serving to fill up. पादपूरक, पूर्ण करनेवाला।

Explicable-ऐक्स्-प्लिकेबल - *adj.* admitting explanation. व्याख्याके योग्य; **Explicableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being explicable. व्याख्या करने की योग्यता।

Explicate-ऐक्स्-प्लिक्-एट्-*v. t.* to unfold, to explain, to interpret. व्याख्या करना, स्पष्ट करना।

Explicit-ऐक्स्-प्लि-सिट्-*adj.* plain in language, clear, express. स्पष्ट, व्यक्त, स्फुट; **Explicitly** (-लि)-*adv.* clearly. स्पष्ट रूप से; **Explicitness** (-नेस्)-*n.* the quality of being explicit, clearness of expression. स्पष्टता।

Explode-ऐक्स्-प्लोड्'-*v. t.* & *i.* to cause to blow up, to bring into disrepute, to burst with a loud report. उड़ा देना, निन्दा करना, धड़ाके से फटना।

Exploit-ऐक्स्-प्लॉ - इट् - *n.* a heroic achievement, a feat. पराक्रम, अद्भुत कार्य; - *v. t.* to turn to use, to work up, to make gain at the cost of others. व्यवहार में लाना, काम उठाना; **Exploitation** (-ए'-शन्)-*n.* act of using for selfish purpose. स्वार्थ के लिये प्रयोग।

Exploration-ऐक्स्-प्लोर्-ए'-शन् - *n.* a thorough research. अन्वेषण, जिज्ञासा।

Explore-ऐक्स्-प्लोर् - *v. t.* to search or examine thoroughly, to enquire into. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूँढ़ना; **Explorer** (-अर्)-*n.* one who or that which explores. ढूँढ़नेवाला, अन्वेषण करनेवाला।

Explosion-ऐक्स्-प्लो'-ज़न्-*n.* a violent outburst. विस्फोट, धड़ाका।

Explosive-ऐक्स्-प्लोस्'-इव्'-*adj.* tending to cause explosion. शीघ्रदाह्य, शीघ्र उड़नेवाला; -*n.* anything liable to explode. धड़ाके से फटनेवाला पदार्थ; **Explosively** (-लि)- *adv.* in an explosive manner. धड़ाके के साथ; **Explosiveness** (-नेस्) -*n.* having the quality to explode. विदारणशीलता, विस्फोटकता।

Exponent-ऐक्स्-पो'-नेन्ट्-*n.* one who explains or points out, an expounder, an index in Algebra. व्याख्या करनेवाला, अर्थ-प्रदर्शक, बीजगणित का अंक।

Export-ऐक्स् - पोर्ट' - *v. t.* to carry or send goods to another country. परदेश में माल ले जाना या भेजना; - *n.* exported article. बाहर भेजा हुआ माल; **Exportable** (-ऐ-बल)-*adj.* that may be exported. बाहर भेजने योग्य; **Exportation** (-ऐ-शन्)-*n.* the act of exporting. विदेश में माल भेजने की क्रिया, निर्यात।

Exporter-ऐक्स्-पोर्टर्-*n.* one who exports. परदेश में माल भेजनेवाला।

Expose-ऐक्स् - पोज़् - *v. t.* to lay open, to deprive of cover, to explain, to put into danger, to subject a photographic plate to light. वस्त्रहीन करना, खोलना, उघाड़ना, व्याख्या करना, आपत्ति में डालना, फोटो के प्लेट पर प्रकाश डालना; **Exposed** (-ड्) - *adj.* unprotected, shelterless. अरक्षित, आश्रयहीन, खुला हुआ।

Exposition-ऐक्स्-पॅ - ज़िशन् - *n.* description, commentary, interpretation, explanation. विवरण, स्पष्टीकरण, व्याख्या।

Expositor--ऐक्स्-पॅ'ज़िटर्-*n.* one who explains. अर्थ-प्रकाशक।

Expostulate-ऐक्स्-पास्-ट्यु-लेट्-*v.i.* to remonstrate, to discuss. भर्त्सना करना, झिड़कना, तर्क करना; **Expostulation** (-ले'-शन्)-*n.* remonstrance. भर्त्सना, प्रतिवाद; **Expostulatory** (-अरि)-*adj.* containing remonstrance. भर्त्सना या प्रतिवाद पूर्ण।

Exposure-ऍक्स्-पोशर् - *n.* act of exposing, subjection to sun or wind, openness to danger. प्रकाशकरण, धूप-या वायु के प्रभाव में अवस्थान, विपद्ग्रस्तता ।

Expound-ऍक्स्-पाउन्ड्'-*v. t.* to explain, to interpret. व्याख्या करना, समझाना; **Expounder** (-अर्) - *n.* one who explains. व्याख्या करनेवाला ।

Express-ऍक्स्-प्रेस्-*adj.* exact, definite, clear. ठीक, स्पष्ट, निश्चित;-*v. t.* to squeeze out, to utter, to write, to state one's opinion. निचोड़ना, व्यक्त करना, लिखना, मत प्रकट करना; -*n.* a messenger, a fast train. दूत, द्रुतगामी रेलगाड़ी; -*adv.* directly, with speed. तेजी के साथ;**Expressed** (-ड्)-*adj.* squeezed, related. निचोड़ा हुआ, सूचित; **Expressible** (-सि-बल्) -*adj.* able to be expressed. निचोड़ने योग्य, वर्णन करने योग्य ।

Expression-ऍक्स्- प्रेशन् - *n.* the act of representing, declaration, look, peculiar manner of utterance. वर्णन, कथन, आकृति, वाक्यशैली; **Beyond expression** (not describable.) अकथनीय ।

Expressive-ऍक्स्-प्रेस्' - इव् - *adj.* serving to express, significant. सूचक, दर्शक; **Expressively** (-इव्-लि)-*adv.* in an expressive manner. स्पष्ट रूप से; **Expressiveness** (-इव्-नेस) -*n.* the quality of being expressive. स्पष्टता; **Expressly** (-लि)-*adv.* in an expressive manner. स्पष्ट रूप से ।

Exprobration-ऍक्स्-प्रो-ब्रे-शन्-*n.* reproachful language. गाली के वाक्य ।

Expugn-ऍक्स्-प्यून्'-*v. t.* to conquer. जीतना; **Expugnable** (-ऍ-बल) - *adj.* that may be conquered. जीतने योग्य ।

Expulsion-ऍक्स्-पल्शन्-*n.* act of expelling, banishment. बहिष्कार, निर्वासन, निष्कासन; **Expulsive** (-सिव्)-*adj.* serving to expel. निकालनेवाला, निकालने योग्य ।

Expunction-ऍक्स्-पङ्क्'-शन्- *n.* the act of expunging, erasure. विलोपन, मिटाव ।

Expunge-ऍक्स्-पन्ज्' - *v. t.* to wipe out, to blot out, to efface, to omit. मिटाना, पोंछना, हटाना, छोड़ना ।

Expurgate-ऍक्स्-पर्-गेट् - *v. t.* to cleanse, to purify by removing away objectionable matter. परिष्कार करना, मैल हटाकर शुद्ध करना; **Expurgation** (-गे-शन्)-*n.* act of expurgating. पवित्रीकरण; **Expurgator** (-गे-टर्)-*n.* one who expurgates. पवित्र करनेवाला ।

Exquisite-ऍक्स्-क्वि-ज़िट् - *adj.* of great excellence, select, acute, keen, fastidious, delicate. अत्युत्तम, विशिष्ट, उत्कृष्ट, सुन्दर, कोमल; **Exquisitely**(-लि)-*adv.* in an exquisite manner. सुन्दरता या उत्तमता से; **Exquisiteness** (-नेस्) - *n.* the quality of being exquisite, acuteness. उत्तमता, विशिष्टता, सुन्दरता ।

Exsanguine-ऍक्स्-सॉङ्ग्-ग्विन् - *adj.* lacking blood. रक्तहीन ।

Exscind-ऍक्सिन्ड्-*v. t.* to cut off. काट डालना या काटकर अलग करना ।

Exsect-ऍक्-सेक्ट्-*v. t.* to cut out, to cut away. काट डालना ।

Extant-ऍक्स्' - टॅन्ट् - *adj.* existing. विद्यमान, वर्तमान ।

Extemporaneous-ऍक्स्-टॅम्प-रे - नि - अस्-*adj.* hastily done. तत्क्षण कृत, तुरत किया हुआ; **Extemporaneousness** -रे'-नि-अस्-नेस्-*n.* the quality of being extemporaneous. शीघ्रता ।

Extemporary-ऍक्स्- टॅम्पर' - रि - *adj.* done extempore. सहसा किया हुआ ।

Extempore-ऍक्स्' - टॅम्प - रि - *adv.* without previous preparation, suddenly. पूर्व कल्पना बिना, एकाएक;-*adj.* (ऍक्स्-टॅम्पोर) - offhand. तात्कालिक; **Extemporize** (-प-राइज़्)-*v. t.* to compose extempore. तत्काल लिखना ।

Extend-ऍक्स्-टॅन्ड्'-*v. t. & i.* to enlarge, to expand or dilate, to prolong, to spread out, to stretch.विस्तृत करना, बढ़ाना, फैलाना, फैलना।

Extensile-ऍक्स्-टॅन्' - साइल् -*adj.* capable of being stretched. फैलाने योग्य ।

Extension-ऍक्स्-टॅन्शन् - *n.* extent, enlargement. विस्तार, वृद्धि, व्याप्ति, विपुलता ।

Extensive-ऍक्स्-टॅन्सिव्-*adj.* of great extent, comprehensive. विस्तृत, चौड़ा, बड़ा; **Extensively** (-सिव्-लि)-*adv.* to a great extent, widely. विस्तृत रूप में, **Extensiveness**(-सिव्-नेस्) -*n.* the quality of being extensive. फैलाव, विस्तार ।

Extensor-ऍक्स्-टॅन्सर् - *n.* a muscle which serves to extend a part of body. शरीर के किसी अंग को फैलानेवाली पेशी ।

Extent-ऍक्स्-टॅन्ट्'-*n.* space, range, scope. विस्तार, पहुँच, प्रसार, अवसर; **To a great extent** (much, greatly.)अति बहुत; **To some extent** (somewhat.) कुछ, थोड़ा; **To such extent** (somuch.) इतना; **To the fullest extent** (always.) सर्वदा ; **To what extent** (how much ?) कितना ?

Extenuate-ऍक्स्-टेॅन्'-यु-एट्'-*v. t.* to diminish, to lessen, to weaken the force of. अल्प करना, शक्ति कम करना; **Extenuation** (-ए'-शन्)-*n.* the act of growing thin. लघुकरण, घटाव ।

Exterior- ऍक्स् -टीरिअर्-*adj.* outer, external. बाह्य, बाहरी;-*n.* outward aspect. बाह्य रूप, बाहरी भाग; **Exteriority** (-आरिटि)-*n.* externality, superficies. बाहरीपन ।

Exterminate-ऍक्स् टर्' मिन्- एट् -*v. t.* to root out. जड़ से उखाड़ देना (सर्वनाश करना); **Extermination** (-ए'-शन्)-*n.* total destruction. उजाड़, नाश; **Exterminator** (-ए-टर्)-*n.* one who exterminates. नाश करनेवाला ।

External-ऍक्स्- टर्नल् -*adj.* exterior, situated outside, outward, accidental. बहिःस्थित, बाहरी,अचानक;**Externality**(-इटि)-*n.* the state of being external. बहिर्भाव : **Externalize** (-आइज़्)-*v. t.* to show outward aspect. बाहरी आकृति दिखलाना; **Externally** (-लि)-*adv.* outwardly, visibly. बाहर से, दिखावट में; **Externals** (-अल्ज़्)-*n.* the outward parts. बाहरी भाग ।

Extersion-ऍक्स् टर्' शन्-*n.* act of wiping or rubbing. पोंछने या रगड़ने का कार्य ।

Extinct-ऍक्स् टिङ्क्ट्'-*adj.* no longer existing, extinguished,quenched, obsolete. अप्रचलित, बुझा हुआ, लुप्त; **Extinction** (-टिङ्क्'-शन्)-*n.* the act of extinguishing, suppression. बुझाना, नाश, अन्त; **Extinctive**(-इव्)-*adj.* able to extinguish. बुझने योग्य ।

Extinguish-ऍक्स् टिङ्ग् ग्विश्-*v. t.* to put out, to suppress, to annihilate, to wipe out. बुझाना, दबाना, नष्ट करना, पोंछना; **Extinguished** (-ड्) - *adj.* destroyed, suppressed. नष्ट, क्षीण; **Extinguisher** (-अर्) -*n.* one who extinguishes. बुझानेवाला; **Extinguishment** (- मन्ट्) -*n.* the act of extinguishing. नाश, संहार, क्षय ।

Extirpate-ऍक्स्'-टर्पं एट् -*v. t.* to root out, to destroy totally. जड़ से उखाड़ना, नाश करना; **Extirpation** (-ए'-शन्)-*n.* the act of rooting out, excision. नाश; **Extirpator** (-ए'-टर्) -*n.* one who roots out. उखाड़नेवाला ।

Extol- ऍक्सटोल् -*v. t.* (*p. t.* **Extolled.**) to praise highly, to magnify. प्रशंसा करना, बढ़ाकर कहना; **Extoller** (-अर्)-*n.* one who praises or magnifies. प्रशंसा करनेवाला, बढ़ानेवाला ।

Extort-ऍक्स् टॉर्ट्'-*v.t.* to obtain by violence. बलपूर्वक लेना, छीनना ; **Extortion** (-टॉर्शन्) -*n.* illegal exaction. लूट, बलात्कार ; **Extortioner** (-अर्)-*n.* one who practises extortion. खींचने या लूटनेवाला ।

Extra- ऍक्स्-ट्रा -*adv., adj. & n.* additional, more than usual, in addition to fixed charge. अधिक, भिन्न, अतिरिक्त; in *comb.* situated on the outside of a thing. 'उपसर्ग की तरह प्रयुक्त होने पर इसका अर्थ "किसी पदार्थ के बाहर" होता है; **Extra cosmical** (outside the universe.) विश्वमण्डल के बाहर; **Extra official** (not within official limits.) अतिरिक्त अधिकारवाला ।

Extract- ऍक्स् ट्रैक्ट्' -*v. t.* to draw out, to take by force, to deduce, to distil. खींचना, हठपूर्वक लेना, अर्क खींचना, सार निकालना; -*n.* (ऍक्स्' ट्रैक्ट्) essence, quotation. सत्त्व, संग्रह, संक्षेप; **Extractible** (-इ-बल्) -*n.* that may be extracted. सार या सत्त्व निकालने योग्य;**Extraction** (-ट्रैक्शन्) -*n.* the act of extracting, descent. निस्सारण, वंश, कुल; **Extractive** (-इव्)-*adj.* serving to extract. निकालनेवाला; **Extractor** (-टर्)-*n.* he who or that which extracts. खींचने या निकालनेवाला ।

Extraneous-ऍक्स्-ट्रे नि' अस्-*adj.* of external origin, not essential, foreign. विदेशी, असम्बद्ध, भिन्न ; **Extraneously** (-लि) -*adv.* in an external manner. बहिर्भाव से,बाह्यता से; **Extraneousness** (-नस्) -*n.* the quality of being external or foreign. परायापन ।

Extraordinarily-ऍक्स्'-ट्रा- ऑर्डिन रिलि-*adv.* in a manner beyond ordinary. अपूर्वता से, विचित्रता से ; **Extraordinariness** (-रि-नेस्) -*n.* uncommonness. विलक्षणता, विचित्रता ।

Extraordinary- ऍक्स्'- ट्रा-ऑर्डिनरि -*adj.* unusual, wonderful, exceptional, surprising, remarkable, rare. असाधारण, असामान्य, अद्भुत, विलक्षण ।

Extravagance-ऍक्स्- ट्रैव्'- अॅ-गन्स्-*n.* excess, irregularity. अतिशय, अति व्यय ।

Extravagant- ऍक्स्- ट्रैव्' -अॅ-गॅन्ट् -*adj.* immoderate, excessive, exorbitant, profuse, wasteful. अमितव्ययी, लुटाऊ, मुक्तहस्त; **Extravagantly** (-लि) -*adv.* in an extravagant manner.अतिव्यय से,**Extravagantness** (-नेस्) -*n.* extravagance. अमितव्यय, अमिताचार ।

Extreme-ऍक्स् ट्रीम्' -*adj.* outermost, remote, last, most pressing, excessive. सबसे बाहरी, सबसे दूर का, अन्तिम, अति, अत्यावश्यक; **Extremely** (-लि)-*adv.* in the utmost degree. अत्यन्त, बहुत ; **Extremeness** (-नेस्) -*n.*

violent nature. कर्कश प्रकृति; **In the extreme** (fully.) पूर्ण रूप से।

Extremism-ऍक्स्- ट्रीम्'- इज़्म् -*n.* revolution. विप्लव; **Extremist** (-इस्ट्)-*n.* a revolutionist. विप्लववादी।

Extremity -ऍक्स्-ट्रीमिटि-*n.* the utmost limit, the end. छोर, परम अवधि, सीमा; (*pl.* **-ies.**) thing as remote as possible. बहुत ही दूर की वस्तु।

Extricable- ऍक्स्'-ट्रिकें-बल्-*adj.* that may be extricated or disentangled. विमुक्त करने योग्य।

Extricate- ऍक्स्'- ट्रिकेट्' -*v. t.* to release, to disentangle, to set free, to send out. विमुक्त करना, निस्तार करना, निकालना, भेजना; **Extrication** (-ऍ-शन्) -*n.* act of extricating. निस्तार, मुक्ति, उद्धार।

Extrinsic-ऍक्स्-ट्रिन्'-सिक्-*adj.* lying outside, not essential. बाहरी, अनावश्यक; **Extrinsically** (-अल्-लि) -*adv.* in an extrinsic manner. अनावश्यक रूप में, बाहर से।

Extrude-ऍक्स्- ट्रूड्'-*v. t.* to expel, to thrust out. बाहर निकालना, ढकेलना ; **Extrusion** (-ट्रू'-ज़न्) - *n.* the act of extruding or thrusting out. निष्कासन।

Exuberance - ऍक्स् - यू' - बर् - ऍन्स् - *n.* overgrowth. प्रचुरता, आधिक्य।

Exuberant- ऍक्स्- यू'- बर्- ऍन्ट् -*adj.* overflowing, abounding, growing luxuriantly abundant. समृद्ध, परिपूर्ण, हरा-भरा; **Exuberantly** (-लि)-*adv.* in great plenty. प्रचुरता से।

Exuberate-ऍक्स्'-यू-बर्-एट्'-*v. t.* to abound. प्रचुर होना, बढ़ना।

Exudation-ऍक्स्-युडेशन्' -*n.* the act of exuding. स्वेदस्राव, उद्गमन।


Exude- ऍक्स्- यूड्'-*v. t.* to ooze out as sweat. पसीने की तरह रसकर बहना।

Exult- ऍग्ज़ल्ट्' -*v. t.* to rejoice exceedingly, to triumph. अत्यन्त आनन्दित होना, अति प्रसन्न होना; **Exultant** (-ऍन्ट्)-*adj.* triumphantly rejoicing. प्रमुदित, परम प्रसन्न ; **Exultation** (-ऍ-शन्) -*n.* rapturous delight, triumph. परम आनन्द, परम हर्ष (हुलास) ; **Exultingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in an exulting manner. आनन्द सहित।

Exuviae- ऍ-ग्ज़्-यू'-वि- ई-*n. pl.* animal's cast off skins. केंचुल, पशु के शरीर की झरनेवाली झिल्ली ; **Exuvial** (-अल्) -*adj.* containing exuviae. केंचुल-युक्त ; **Exuviate** (-एट्')-*v. i.* to shed slough. केंचुली निकालना या फेंकना।

Eyas- आइ' - अस् -*n.* an untrained young hawk. बाज़ का अशिक्षित बच्चा।

Eye-आइ-*n.* the organ of sight, power of seeing, presence, a small hole, anything like an eye, sprout of a plant. चक्षु, दृष्टि की क्षमता, छोटा छिद्र, नेत्र के सदृश पदार्थ, अँखुआ ;-*v.t.* to look on, to observe keenly. देखना, निरीक्षण करना ; **Eyeball** (the apple of the eye.) आँख की पुतली; **Eyebeam** (glance of eye.) दृष्टिपात; **Eyebrow** -*n.* the hairy arch above the eye. भ्रू, भौंह ; **Eye-drop**(tears.)आँसू; **Eye for eye**(retaliation.) बदला; **Eyeglass** (glass for assisting sight.) उपनेत्र, चश्मा; **Eyelash** (the line of hair on the edge of the eyelid.) बरौनी ; **Eyeless** (without eyes.) नेत्रहीन; **Eyelet** (loophole.) वस्त्र इत्यादि में लगाने की धातु की छुच्छी ; **Eyelid** (cover of the eye.) पलक ; **Eye of day** (the sun.) सूर्य, **Eye of needle** (hole of the needle.) सुई का छेद; **Eye-pupil** (pupil of eye.) आँख का तारा; **Eye-reach** (glance of eye.) दृष्टिपथ; **Eye-salve** (ointment for eyes.)सुरमा, अञ्जन; **Eyeshot** (range of vision.) जहाँ आँख से देख पड़े तक की दूरी; **Eyesight**-*n.* vision. दृष्टि; **Eyesore** (something offensive to the eye.) आँख का काँटा, चक्षुरोग; **Eye-tooth** (canine tooth.) नुकीला दाँत ; **Eye-wash** (lotion for eyes.) आँख धोने की औषधि; **Eye-wink**(winking of eyes.) कटाक्ष; **Eye-witness** (one who has seen a thing being done.) प्रत्यक्ष साक्षी; **In the eyes of** (in the presence of.) समक्ष, सामने ; **In the mind's eye** (in an imaginary way.) ज्ञानचक्षु द्वारा; **In the wind's eye** (against the wind.) वायु के विपरीत ; **Mind your eye** (be careful.)सावधान रहो; **To cry one's eyes out** (to weep bitterly.) फूट-फूटकर रोना; **To keep eye on** (to watch.) सतर्क होकरदेखना; **To set the eyes on** (to see.) दृष्टि डालना, देखना।



Eye.

Eyot-ऐट्-*n.* a small island. छोटा टापू।

Eyre - ऍयर् - *n.* a journey, a circuit court. यात्रा, दौरे की अदालत।

Eyrie-आइरि-*n.* the nest of a bird of prey. शिकारी चिड़िया का घोंसला।

F -ऐफ्- the sixth letter of the English and Latin alphabet, the fourth note of the natural diatonic scale. अँगरेजी या रोम की वर्णमाला का छठा अक्षर, गायन में चौथा सुर।

Fa-फा-*n.* the fourth note of an octave. सप्तक का चतुर्थ स्वर (अर्थात् मध्यम)।

Fabaceous-फ़-बे'-शस्-*adj.* like a bean. सेम की तरह की।

Fabian-फ़े'-बि-अन्-*adj.* practising dilatory policy, awaiting opportunity. टालटूल का आदतवाला, दीर्घसूत्री, अवसरकी प्रतीक्षा करनेवाला।

Fable-फ़े'-बल्-*n.* a fictitious or narrative story. कल्पित कथा, कहानी (झूठी कथा);-*v. t.* & *i.* to tell fictitious tales, to tell falsehoods, to feign. झूठी बात कहना, झूठ बोलना, बहाना करना; **Fabled**(-ड्-)*adj.* celebrated in fables.कथा में वर्णन किया हुआ, झूठा; **Fabler** (-ब्लर्)-*n.* writer of fables. कथा-लेखक, कहानी लिखनेवाला।

Fabric-फ़ाब्रिक्--*n.* a structure, an edifice, construction, woven material or structure, tissue. रचना, भवन, गृह, निर्माण, बुना हुआ वस्त्र, कपड़ा।

Fabricate-फ़ाब्रिकेट्-*v. t.* to construct, to manufacture, to devise falsely. निर्माण करना, बनाना, जाल रचना; **Fabrication** (-ऐ-शन्) -*n.* construction, manufacture, falsehood, forgery. गठन, रचना, झूठी बात, जालसाजी; **Fabricator** (-ऐ-टर्)-*n.* an inventor of false stories. झूठी कहानी गढ़नेवाला।

Fabulist-फ़ैब्'-यु-लिस्ट् - *n.* a composer of fables, a liar. कहानी लिखनेवाला, मिथ्यावादी मनुष्य।

Fabulous-फ़ैब्'-यु-लस्-*adj.* fictitious, false. कृत्रिम, काल्पनिक, झूठा; **Fabulously** (-लि) -*adv.* in a fabulous manner, fictitiously. कल्पना के रूप में; **Fabulousness**(-नेस्)-*n.* the quality of being fabulous, fictitious nature. मिथ्या कल्पना, झूठापन।

Facade-फ़साड्'-*n.* the exterior or frontpart of a building. महल का (सड़क की ओर का) बाहरी भाग।

Face-फ़ेस्-*n.* the front part of head, outside appearance, aspect, look. मुख, बाह्य आकृति, दृष्टि; -*v. t.* to meet in front, to resist, to smooth the surface of. सम्मुख होना, विरोध करना, सामना करना, समतल करना; **Face value** (nominal value.) नाममात्र का मूल्य; **In face of** (against.) विपरीत; **In one's face** (in front of.) सम्मुख; **In the face of** (in defiance of.) अवज्ञा-पूर्वक; **To accept one's face** (to show favour.) कृपा दिखलाना ; **To face down** (to oppose impudently.) धृष्टता से विरोध करना; **To fly in the face of** (to set oneself directly against.) प्रत्यक्ष रूप में विरोध करना; **To know one's face** (to come in front.) प्रादुर्भूत होना, सामने आना; **To look in the face** (to perplex.) घबड़ा देना; **To make faces** (to distort face.) मुँह बिराना।

Facet-फ़ैसिट्-*n.* the plane surface of a crystal, a little face. नगीने का पहल, छोटा चेहरा।

Facetious- फ़-सी' शस् - *adj.* witty, jocose, humorous. ठिठोलिया, मसखरा; **Facetiously** (-लि)-*adv.* in a humorous way. मसखरेपन से; **Facetiousness** (-नेस्)- *n.* humour, witticism. हँसी, विनोद।

Facial-फ़े'-शल्-*adj.* relating or pertaining to the face. मुख सम्बन्धी; **Facially** (-लि) -*adv.* face to face. आमने सामने।

Facile-फ़ै साइल्-*adj.* affable, yielding, pliant, easily persuaded. सुगम, सहज, अनुकूल (सरल); **Facileness**(- नेस्) -*n.* easiness. सरलता।

Facilitate-फ़ै-सिलिटेट्-*v.t.* to lessen difficulty, to make easy or less difficult. निर्विघ्न करना, सुगम बनाना; **Facilitated** (-ऐड्)-*adj.* made less difficult. निर्विघ्न, सहज; **Facilitation** (-ऐ-शन्) -*n.* the act of facilitating, making easy. निर्विघ्नता, सुगमता।

Facility-फ़ै-सिलि'- टि - *n.* (*pl.* **Facilities**) ease, dexterity, aptitude, affability. सरलता, दक्षता, अनुकूलता, मिलनसारी।

Facing-फ़े सिङ्ग्-*n.* a coating, fronting. अस्तर, आवरण, किसी वस्तु का अग्रभाग।

Facsimile-फ़ैक्-सिमिलि -*n.* an exact copy or representation of writing, picture &c. प्रतिलिपि, ठीक नमूना या नकल; **Facsimilist** (-इस्ट्)-*n.* one who makes an exact copy. प्रतिलिपि (ठीक नमूना) बनानेवाला।

Fact-फ़ैक्ट्-*n.* anything done, deed, assertion, truth, reality. कार्य, कृति, दृढ़ कथन, सच्चाई, यथार्थता; **As a matter of fact** (in reality.) सचमुच; **In fact** (really, truly.) वस्तुतः।

Faction-फ़ैक्शन्-*n.* an association of persons acting together (in bad sense), tumult, clique, dissension. दल (पक्ष, विरोध), हलचल, बलवा; **Factional** (-अल्) -*adj.* of a member of a faction. विरोध पक्ष का।

Factionary-फ़ैक्शन -रि - *n.* member of a faction. बलवाई ।

Factious-फ़ैक्शस्-*adj.* turbulent, disloyal. कलहप्रिय, अराजक, बलवाई ; **Factiousness** (-नेस्)-*n.* tendency to oppose. विरोधी प्रकृति, कलहप्रियता ।

Factitious--फ़ैक्-टिश्'-अस्-*adj.* conventional, artificial. प्रचलित, कृत्रिम; **Factitiously** (-लि) *adv.* in a conventional manner. बनावटी रूप में या ढंग से ; **Factitiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being artificial. कृत्रिमता ।

Factitive-फ़ैक्टिटिव्-*adj.* of a verb which takes an object and a complement, causative. एक कर्म तथा एक पूरक लेनेवाले धातु से सम्बंधित ।

Factor-फ़ैक्टर्-*n.* a commercial agent, a deputy, a component part of a number. नियोगी, प्रतिनिधि, अढ़तिया, भाज्य (खण्ड); **Factorial** (-टोरिअल्) -*n.* pertaining to a factor. भाज्य-सम्बन्धी; **Factorize** (-आइज़्)-*v. t.* to reduce into factors. खण्ड करना ।

Factory-फ़ैक्टरि-*n.* (*pl.* **Factories**) a manufactory, a workshop. शिल्पशाला, कारखाना; **Factory hand** (a worker in a factory.) कारखाने में काम करनेवाला मनुष्य ।

Factotum-फ़ैक्-टो'-टम् -*n.* one who is employed to do all sorts of work for another, a confidential servant. सब प्रकार का काम करनेवाला नौकर, विश्वस्त अनुचर या सेवक ।

Facula-फ़ैक्-यू-ला-*n.* (*pl.* **Faculae**-लि) a bright spot on the surface of the sun. सूर्य पर का चमकता चिह्न (धब्बा) ।

Faculty-फ़ैकल्टि - *n.* (*pl.* **Faculties.**) inherent power in a body or organ, power to act, power of the mind, department of a University, special power, privilege, licence. आन्तरिक शक्ति (प्रभाव), सामर्थ्य (अधिकार), मन की शक्ति, विश्वविद्यालय का विभाग, विशेषाधिकार, सुविधा, अनुज्ञा ।

Facundity-फ़ै-कन्'-डि-टि-*n.* eloquence, ready speech. वक्तृत्व शक्ति, प्रस्तुत भाषण ।

Fad-फ़ैड्-*n.* hobby, craze. धुन, झक; **Faddish** (-डिश्),**Faddy** (-डि) -*adjs.* prone to be crazy. धुनवाला, झक्की; **Faddishness**(-डिश्'-नेस्)-*n.* the act of being crazy. झक्कीपन ।

Fade-फ़ेड्-*v. i.* to droop, to wither, to lose freshness, to perish gradually, to vanish, to disappear gradually. मुरझाना, धीरे-धीरे लुप्त होना, क्षीण होना, फीका पड़ना; **Faded**(- ऐड्) -*adj.* insipid, weak. फीका, दुर्बल; **Fadingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a fading manner. मुरझाते हुए; **To fade from memory** (to disappear from memory.) स्मृति से निकल जाना, भूल जाना ।

Fadge--फ़ैज्-*n.* a bundle of leather or sticks or wool. चमड़े या लकड़ियों या ऊन की गठरी; -*v. i.* to fit, to agree. योग्य होना, अनुकूल होना; -*v. t.* to turn out. निकाल देना ।

Fading-फ़ेड्'-इङ्ग्-*n.* loss of freshness. म्लानता; -*adj.* losing freshness. मुरझाता हुआ ।

Faecal-फ़ीकल्-*adj.* pertaining to faeces. मल या विष्ठा सम्बन्धी

Faeces-फ़ी-सीज़्--*n. pl.* the excrements of the bowels. विष्ठा, मल ।

Faffle--फ़ै'-फ़ल्-*v. i.* to stammer. हकलाकर बोलना, हकलाना ।

Fag-फ़ैग्-*v. i. & t.* to feel or make weary, to work hard. थकना या थकाना, परिश्रम करना; -*n.* a slave. दास; **Faggery** (-गर्-इ) -*n.* drudgery थकानेका कार्य; **The fag end** (the latter part of any thing.) शेष भाग, अन्तिम भाग ।

Faggot, Fagot -फ़ैगट् - *ns.* bundle of sticks used for fuel. ईंधन के उपयोग की लकड़ी का गट्ठा; -*v. t.* to bind in faggots. ऐसा गट्ठा बाँधना ।

Fahrenheit-फ़ारन्-हाइट्-*n.* the name used for a thermometer in which the freezing point is represented by 32° and boiling point by 212°. एक प्रकार का गर्मी-सर्दी नापने का यन्त्र (थर्मामिटर) ।

Fail-फ़ेल्--*n.* failure, hindrance. अवरोध, असफलता, रुकावट;-*v. i. & t.* to die, to decay, to be unsuccessful, to disappoint. कम होना, नष्ट होना, असफल होना, हताश करना; **He failed to come** (he did not come.) वह आया नहीं; **His heart failed him** (he lost his courage.) उसका धैर्य छूट गया; **Without fail** (certainly.) अवश्य; **Words fail me** (I am unable to describe.) मैं ठीक-ठीक वर्णन नहीं कर सकता ।

Failing-फ़ेल्-इङ्ग्-*n.* failure, weakness, fault, defect. असफलता, दुर्बलता, अवगुण, न्यूनता; **Failingly** (-लि)-*adv.* in a failing way. चूकते हुए, असफल रूप में या ढंग से ।

Failure-फ़े'-ल्योर्-*n.* non-performance, omission, want of success, bankruptcy. कार्य का न होना, न्यूनता, असफलता, दिवालियापन ।

Fain-फ़ेन्-*adj. & adv.* with pleasure, gladly. आनन्द-सहित, प्रसन्नतापूर्वक ।

Faint-फ़ेन्ट्-*adj.* wanting in strength, fading, not bright, exhausted, hardly able to be heard. शक्तिहीन, मुरझाया हुआ, धुन्ध (निस्तेज),

शिथिल, कठिनता से सुनने योग्य; *-v. i.* to lose courage, to swoon. शिथिल होना, मूर्छित होना; **Faint-hearted** (easily yielding to fear.) कायर, डरपोक।

Fainting-फेन्ट्-इङ्ग्-*n.* falling into a swoon. मूर्छा;-*adj.* swooning. मूर्छित।

Faintish-फेन्टिश् - *adj.* somewhat faint. कुछ धूमिल रङ्ग का।

Faintly-फेन्ट्'-लि-*adv.* in a feeble manner. थोड़े बल से; **Faintness** (-नेंस्)-*n.* feebleness. दुर्बलता, फीकापन।

Fair-फ़ेअर्-*adj.* bright and clear, pure, beautiful, handsome, satisfactory, abundant, moderately good, equitable, candid, favourable, gentle, prosperous, frank, honest. चमकीला और स्वच्छ, शुद्ध, सुन्दर, सन्तोषजनक, प्रचुर, साधारण रूप में अच्छा, न्याययुक्त, स्पष्ट, अनुकूल, नम्र, सुखी, सच्चा, ईमानदार;-*n.* periodical market for sale of goods. मेला (हाट); -*adv.* gently, frankly, courteously. नम्रता से; सच्चाई से, शिष्टता से; **A fair fight** (just encounter.) धर्मयुद्ध; **By fair means** (honestly.) ईमानदारी के साथ; **Fair and square** (honest.) ईमानदार; **Fair day** (bright day.) सुदिन; **Fair-minded** (impartial.) अपक्षपाती; **Fair-play** (even-handed justice.) सब के लिए बराबरी का व्यवहार; **Fair-spoken** (using gentle speech.) मीठा बोलनेवाला; **The fair sex** (female sex.) स्त्री जाति; **To bid fair** (to be likely.) सम्भव होना।

Hassock-हैसॅक्-*n.* a cushion for kneeling, tuft of matted grass. घुटना टेकने का गद्देदार आसन, घनी घास का शिखर।

Hastate-हैस्'-टेट् -*adj.* spear-shaped. बर्छी के आकार का।

Haste-हेस्ट्-*n.* urgency, quickness, rapidity, hurry. वेग, शीघ्रता, जल्दी -*v. t.* to hasten. जल्दी करना; **Make haste** (be quick.) शीघ्रता करो।

Hasten-हेस्'-न्-*v. i. & t.* to make or cause to make haste, to accelerate. जल्दी करना या कराना।

Hastily-हेस्ट्'-इ-लि-*adv.* in a hasty manner. तुरन्त, शीघ्र, वेग से।

Hastiness-हेस्ट्'-इ-नेस्-*n.* the state of being hasty. जल्दबाजी।

Hat-हैट्-*n.*a covering for the head.टोपी, टोप; -*v. i.* to put hat on.टोप पहिनना; **Hatter**(-टर्) -*n.* one who prepares hats. टोप बनानेवाला दर्जी; **Hat in hand** (in a respectful attitude.) विनीत भाव से।

Hatch-हैच्-*v. t.* to engrave lines on a surface, to bring forth young ones from egg, to develop. नक्काशी करना, अण्डे से बच्चा निकालना, उन्नति करना;-*n.* the young ones of birds. पक्षियों के बच्चे।

Hatchet-हैच्-एट्-*n.* a short-handled light axe. कुल्हाड़ी, बसूला; **To bury the hatchet** (to end ware.) युद्ध की समाप्ति करना।

Hatching-हैच्-इङ्ग-*n.* shading by means of coarse lines. चित्र में मोटी रेखाओं से छाया दिखलाना।

Hate-हेट्'-*n.* great dislike. घृणा, द्रोह; -*v. t.* to bear malice to, to have dislike for. द्वेष करना, घृणा करना।

Hateable-हेट्'-ऍ-बुल्-*adj.* able to be hated. घृणा के योग्य।

Hateful-हेट्'-फुल्-*adj.* exciting hatred. घृणा उत्पन्न करनेवाला; **Hatefully** (-फुल्-लि)-*adv.* in a hateful manner. घृणा या ईर्ष्या से; **Hatefulness** (-नेस्) -*n.* the quality of being hateful. घृणा।

Hater-हेट्'-अर् *n.* one who hates. घृणा करनेवाला पुरुष।

Hatred-हेट्'-रेड्-*n.* dislike, ill-will, enmity. द्वेष, घृणा, शत्रुता।

Haughtily-हॉट्' - इ-लि-*adv.* in a haughty manner. गर्व से, ढिठाई से; **Haughtiness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being haughty. अहङ्कार, घमण्ड।

Haughty-हॉट्'-टि-*adj.* proud, arrogant, insolent. अभिमानी (अहङ्कारी), घमण्डी, ढीठ।

Haul-हॉल्-*v. t.& i.* to pull or drag forcibly, to turn a ship's course. झटके से खींचना,जहाज को फेरकर चलाना; -*n.* a pull with force. झटके का खिंचाव; **To haul upon the wind** (to turn the head of a ship in the direction of the wind.) हवा के साथ जहाज चलाना।

Hauler-हॉल्'-अर्-*n.* one who hauls. जहाज को हवा के रुख पर चलानेवाला।

Haunch-हॉन्च्-*n.* the fleshy part of the hip and buttocks. नितम्ब (चूतड़), कूल्हा।

Haunt-हॉन्ट्-*v. t. & i.* to frequent company

of, to visit frequently. सदा साथ रहना, बारम्बार भेंट करना; *-n.* a place of frequent resort. आश्रय, अड्डा, अखाड़ा; **Haunted** (-टेड्) *-adj.* frequently visited by ghosts. प्रेतग्रस्त।

Hautboy-हो'-बॉय्-*n.* a kind of wooden wind instrument, a kind of straw-berry. शहनाई बाजा, एक प्रकार की झरबैर।

Have-हैव्-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Had**) to hold in possession, to contain, to permit, to know, to be obliged, to carry on, to cause to be. पास में रखना, होने देना, जानना, लाचार होना, करना, कराना; **To have at** (to assail.) आक्रमण करना; **To have after** (to pursue.) पीछा करना; **To have away** (to remove.) हटाना; **To have done** (to obstruct.) रोक देना; **To have it out** (to settle.) स्थिर करना, निकालना; **To have on** (to put on.) पहिनना; **To have up** (to produce before court.) अदालत में उपस्थित करना।

Haven-हेव्'-वन्-*n.* a port or harbour, a place of refuge. जहाज़ों के रहने या ठहरने का स्थान (बन्दरगाह), शरण-स्थान, आश्रय लेने का स्थान।

Haversack-हैव्' - अर् - सैक्-*n.* a soldier's canvas bag for provisions. सिपाहियों का सामान रखने का किर्मिच का झोला।

Havoc-हॅ'व्-ऑक्-*n.* waste, destruction, devastation. विनाश, विध्वंस, विप्लव (प्रलय); *-v. t.* to lay waste. विध्वंस करना; **To cry havoc** (to order for plunder.) सेना को लूटने की आज्ञा देना।

Hawhaw-हॉ'-हॉ-*interj.* ha ! ha ! हा ! हा !

Hawk-हॉक्-*n.* a bird of prey similar to falcon. श्येन पक्षी, बाज़;-*v. t.* to catch birds by means of hawks, to clear the throat with a noise. बाज़ से शिकार कराना, खाँसकर गला साफ़ करना; *-v. t.* to carry goods for sale. फेरी करके माल बेचना।

Hawker-हॉक्'-अर्-*n.* a pedlar. फेरी करके माल बेचनेवाला व्यापारी।

Hawk-eyed-हॉक्'-आइड्-*adj.* having a keen eye. सूक्ष्म दृष्टिवाला।

Hawkish-हॉकिश् - *adj.* similar to a hawk. बाज़ के सदृश

Hawse-हॉज़्-*n.* the part of a ship's bow in which holes are bored for cables. जहाज़ का अगला भाग जिसमें रस्सा बाँधने के लिये छेद होते हैं।

Hawser-हॉ'-ज़र्-*n.* the large rope of a ship जहाज़ का बड़ा रस्सा।

Hawthorn-हॉ'-थॉर्न् - *n.* a kind of thorny shrub. एक काँटेदार झाड़ी, नागफनी।

Hay-हे - *n.* grass mown and dried for fodder. चौपायों को खिलाने के लिये सूखी घास, चारा; **Hay-fever** (a summer ailment.) एक प्रकार का गरमी के दिन का ज्वर; **Hay-rick** (pile of dry grass.) सूखी घास का ढेर; **To make hay of** (to create troubles.) उपद्रव खड़ा करना; **To make hay while the sun shines** (to accomplish a work at the proper time.) उचित समय पर कार्य-सिद्धि करना।

Hazard-हैज़र्ड - *n.* chance, risk, accident, danger. दैव संयोग, संकट, शङ्का, आकस्मिक घटना; *-v. t.* & *i.* to expose to danger, to run the risk. संकट या आपत्ति में डालना या पड़ना।

Hazardous-हैज़र्डस् - *adj.* risky, dangerous. संकटमय, विपत्तिजनक; **Hazardously** (-लि) *-adv.* in a risky manner. खतरे से; **Hazardousness** (- नेस्) *-n.* the state of being risky. संकट, शंका।

Haze-हेज़् - *n.* thin film of mist or fog, mistiness, mental confusion. धुन्ध, कुहरा, चित्त की विह्वलता।

Hazel- हे'-ज़ल्-*n.* a tree of the oak family. जैतून के प्रकार का एक वृक्ष *-adj.* of the colour of hazel. तामड़े रङ्ग का।

Hazily-हेज़्'-इ-लि-*adv.* obscurely. अस्पष्टता से; **Haziness** (-इ-नेस्)-*n.* the state of being hazy, mistiness. धुँधलापन।

Hazy-हेज़्-इ-*adj.* misty, obscure, indistinct. धुँधला, अस्पष्ट।

He - ही - *pron.* (*pl.* **They**) third person singular, the male person. वह (मनुष्य); interjection expressing surprise. आश्चर्य-सूचक अव्यय।

Head-हेड्-*n.* the upper part of any thing, an individual, a chief or leader, brain, intelligence, top, source, height, topic. शिखर, मस्तक, व्यक्ति, अध्यक्ष या नेता, मस्तिष्क, बुद्धि चोटी, उद्गम, ऊँचाई, विषय; *- v. t.* & *i.* to act as a leader, to lead, to excel, to form a head. नेतृत्व करना, मार्ग दिखलाना, बढ़ाना, प्रधान बनाना;*-adj.* principal. प्रधान; **By the Head and ears** (forcibly.) जबरदस्ती;**Head quarter, Head office** (the chief office.) प्रधान कार्यालय; **Over head and ears** (very much.) अति अधिक; **To keep one's head** (to remain quiet.) शान्त रहना; **To lose one's head** (to be perplexed.) व्यग्र होना,

घबड़ा जाना; **To make head against** (to oppose.) विरोध करना।

Head-ache-हेड् - एक् -*n.* pain in the head. सिर की पीड़ा।

Head-dress-हेड्'-ड्रेस्-*n.* a covering for the head. मुरेठा, साफ़ा।

Heading-हेड्'-इङ्ग्-*n.* a headline. किसी लेख का विषय सूचक शब्द, शीर्षक।

Headless-हेड्'-लेस्- *adj.* & *n.* without head, without a leader, promontory. बिना मस्तक का, बिना नेता का, अन्तरीप।

Headlong-हेड्'-लॉङ्ग्-*adv.* hastily, without thinking. जल्दी से, बिना विचारे।

Headmaster-हेड्'-मास्टर्-*n.* (*fem.* **Headmistress.**) किसी पाठशाला का प्रधान अध्यापक।

Headmost-हेड्'-मोस्ट्-*adj.* furthest, forward. सबसे आगे का, अगला।

Headstrong-हेड्'-स्ट्रॉङ्ग् -*adj.* obstinate. हठी।

Headway-हेड्'-वे-*n.* motion ahead. आगे की ओर बढ़ाव।

Headwork-हेड्'-वर्क्-*n.* mental or intellectual labour. मानसिक कार्य।

Heady-हेड्'-इ-*adj.* intoxicating. नशालानेवाली।

Heal-हील्-*v. t.* to restore to health, to cure. व्याधि से मुक्त करना, चङ्गा करना (घाव भरना)।

Healer-हील्'-अर् -*n.* he who or that which heals. आरोग्य (चङ्गा) करनेवाला व्यक्ति या पदार्थ।

Healing-हील्'-इङ्ग् - *adj.* tending to heal. आरोग्यकर।

Health-हेल्थ्-*n.* soundness of body or mind, good condition of body, toast drunk in some one's honour. शारीरिक या मानसिक पुष्टता, आरोग्य, स्वास्थ्य, किसी का आदर करने के लिये मदिरा पान।

Healthful-हेल्थ् - फुल् - *adj.* in sound health, wholesome. स्वस्थ, तन्दुरुस्त, स्वास्थ्यकर; **Healthfully** (- फुल्-लि)- *adv.* in a healthful manner. स्वस्थ रूप में ; **Healthfulness** (-नेस्) -*n.* wholesomeness. स्वास्थ्य-पूर्णता।

Healthily-हेल्थ् (- ल्द्) - इ - लि - *adv.* in a healthy manner. आरोग्य से।

Healthiness-हेल्थ् (-ल्द्)-इ-नेस्-*n.* the state of being healthy. स्वस्थता, आरोग्य, तन्दुरुस्ती।

Healthy-हेल्थ्' (-ल्द्)-इ - *adj.* in a sound state, conducive to health. स्वस्थ, तन्दुरुस्त, आरोग्यकर।

Heap-हीप्-*n.* a group or mass of things, collection, a pile. गण, समुदाय, ढेर;-*v. t.* to accumulate, to lay in a heap ढेर लगाना, इकट्ठा करना।

Hear-हिअर् - *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Heard**) to perceive by the ear, to listen, to give audience to, to attend & obey, to be informed. कान लगाना, सुनना, ध्यान देकर कहना, मानना, सूचित होना।

Hearer-हिअर्'-अर् -*n.* one who hears, one of an audience. श्रोतागण, सुननेवाला।

Hearing-हिअर्'-इङ्ग्-*n.*a judicial trial.सुनवाई, पेशी; **Hard of hearing** (somewhat deaf.) कुछ बहिरा; **To give one a fair hearing** (to attend to without prejudice.) बिना पक्षपात के सुनना।

Hearken-हार्कन् *v. i.* to listen, to hark. कान लगाकर सुनना, ध्यान देना।

Hearsay-हिअर्'-से-*n.* a rumour, gossip. जनश्रुति, चर्चा, गप्प, सुनी बात।

Hearse-हर्स - *n.* a car or frame to carry a coffin to the grave. मुर्दा ले जाने की गाड़ी या टिकठी।

Heart-हार्ट्-*n.* the hollow organ in the body which keeps up circulation of blood, inner part of anything, breast, mind, soul, courage, central part, essence. हृदय, कलेजा, किसी वस्तु का भीतरी भाग, छाती, सीना, चित्त, आत्मा, साहस, मध्यभाग, सत्त्व; **With all one's heart** (most willingly.) अधिकतम इच्छा से।

Heartache-हार्ट्-एक्-*n.* mental anguish. मानसिक व्यथा; **Heart and soul** (with all one's energy.) अपनी पूरी शक्ति द्वारा; **Heart-breaking** (overwhelming.) मर्मभेदी; **Heartbroken** (deeply grieved.) भग्न-हृदय, उदास।

Heartburn-हार्ट्'-बर्न्-*n.*cardialgia. हृदय-वेदना; **Heart's blood.** (life, essence.) जीवन, रुधिर, जीवन-तत्त्व; **Heart's-ease** (a reddish blue flower.) बैंगनी फूल; **Out of hear** (weak-mindedness.) दुर्बलता, दीनता; **To learn by heart** (to commit to memory. कण्ठस्थ करना (रटना)।

Heartless-हार्ट्'-लेस्-*adj.* without courage or feeling, cruel. भीरु, साहसरहित, हृदयहीन, क्रूर; **Heartlessly** (-लि)- *adv.* in a heartless manner. निर्दयता से ; **Heartlessness** (-नेस्) -*n.* the quality of being heartless, cruelty. हृदयहीनता, निर्दयता, कठोरता, क्रूरता।

Hearth-हार्थ्-*n.* the floor of a fire-place. अग्निकुण्ड, अँगीठी।

Hearty-हार्टि - *adj.* (*comp.* **Heartier** ; *sup*

Heartiest) genial, sincere, vigorous, open and free, abundant. स्नेहपूर्ण, निष्कपट, तीव्र, मुक्त, प्रचुर ।

Heat-हीट्-*n.* hotness, energy, inflamed state of body, anger, sexual excitement. ताप, वेग, गरमी, शरीर का तापमान, क्रोध, सम्भोग की इच्छा; -*v. t. & i.* to make hot, to agitate, to excite, to grow hot. गरम करना या होना, उत्तेजित करना, भड़काना, भड़कना; **Heater** (-अर्)-*n.* one who or that which heats. गरम करनेवाला; **Heating** (-इङ्ग्)-*n. & adj.* hot. गरम, तपन; **Heat of youth** (ardour of youth.) यौवन का उन्माद ।

Heath-हीथ्-*n.* a waste plot of land which is covered with shrubs. वनभूमि, झाड़ीदार मैदान।

Heathen-ही'-दन्-*n.* a pagan, an unenlightened or barbarous person. मूर्तिपूजक, विकासहीन या अशिष्ट मनुष्य ।

Heathenish-ही'-दन्-इश्-*adj.* rude, barbarous. रूक्ष, जंगली ।

Heathenism-ही'-दन्-इज़्म्-*n.* idolatry. मूर्ति-पूजा ।

Heather-हेद्' - अर् - *n.* a kind of bush. एक प्रकार की झाड़ी ।

Heave-हीव् - *v. t. & i.* to lift, to throw, to rise, to sigh, to pant. उठाना, फेंकना, उठना, ठण्डी साँस लेना, आह खींचना;-*n.* an upward effort, a swelling. निःश्वास, उभाड़, सूजन; **To heave in sight** (to become visible.) सामने आ जाना, दिखाई देना ।

Heaven-हेव़न्-*n.* sky, the habitation of God and His angels, God. आकाश, स्वर्ग, परमेश्वर; **Heavenborn** (born of heaven.) स्वर्गीय ।

Heavenly-हेव़्' - न् - लि - *adj.* pertaining to heaven, supremely excellent. स्वर्गीय, दिव्य; **Heavenly bodies** (the sun, moon and stars etc.) सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्र इत्यादि; **Heavenly voice** (voice from Heaven.) आकाशवाणी ।

Heavily-हेव़्'-इ-लि-*adv.* weightily, violently, sorrowfully. भार से, तीव्रता से, दुःख से ।

Heaviness-हेव़्'-इ-नेस् - *n.* weight, sorrow. भारीपन, दुःख ।

Heavy-हेव़्' - इ - *adj.* (*comp.* **Heavier**, *sup.* **Heaviest**.) weighty, ponderous, abundant, striking with force, dull, sad, gloomy, tedious. भारी, अधिक, प्रचण्ड, मन्द, दुःखी, अन्धकारमय, क्लिष्ट; **Heavy-hearted** (sorrowful.) दुःखी ।

Hebetate-हे बिटेट्'-*v. t. & i.* to make or become dull. मन्द करना या होना ।

Hebraic-ही-ब्रे'-इक्-*adj.* pertaining to a Jew. यहूदी सम्बन्धी ।

Hebraism-ही-ब्रे'-इज़्म्-*n.* the conceptions or idioms of a Hebrew. यहूदियों की विचार-शैली ।

Hebraist-ही-ब्रे'-इस्ट्-*n.* one who is versed in the Hebrew language. यहूदी भाषा का विद्वान् ।

Hebrew-ही'-ब्रू-*n.* a Jew, the language of the ancient Hebrews. यहूदी, प्राचीन यहूदी भाषा ।

Hectic-हेक्'-टिक्-*adj.* pertaining to hectic fever, consumptive. क्षय-ज्वर -सम्बन्धी, क्षय रोग का ।

Hecto-हेक्'-टो-*pref.* in the sense of 'hundred'. 'सौ' का अर्थ सूचक उपसर्ग; यथा **Hectograph** इत्यादि ।

Hector-हेक्'-टर्-*n.* a bully, a blusterer. बक-वादी, शेखीबाज़;-*v. t.* to bully, to torment. शेखी मारना या बघारना, कष्ट देना ।

Hedge-हेज्-*n.* a fence of bushes or shrubs, a barrier. झाड़ियों की टट्टी, मेड़;-*v. t.* to fence with a hedge. टट्टी से घेरना ।

Hedge-born-हेज्'-बॉर्न्-*adj.* of low birth. हीन जाति का ।

Hedgehog-हेज्- हॉग्-*n.* a kind of wild rat, a prickly fruit or its plant, a scornful or offensive person, a fortified defensive position. एक प्रकार का जंगली चूहा, काँटेदार फल या ऐसे फल का पौधा, घृणास्पद मनुष्य, किलेबन्द सुरक्षित स्थान ।

Hedonic-हीडनिक्-*adj.* pertaining to pleasure. आनन्द सम्बन्धी ।

Hedonism-ही-डन्-इज़्म्-*n.* the doctrine that happiness is the chief end of man. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार आनन्द ही मनुष्य के सब कार्यों का अन्तिम लक्ष्य माना जाता है ।

Hedonist-ही-डन्'-इस्ट् - *n.* one who lives a life of pleasure. आनन्दजीवी ।

Heed-हीड्-*v. t.* to take notice of, to attend to. ध्यान देना, मन लगाना (सावधान होना); -*n.* careful attention. सावधानी ।

Heedful-हीड्'-फुल्-*adj.* cautious. सचेत, सावधान; **Heedfully** (-फुल्-लि)-*adv.* carefully. सावधानी से; **Heedfulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the state of being heedful, caution. सावधानी ।

Heedless-हीड्'-लेस्-*adj.* inattentive, thoughtless. असावधान; **Heedlessly** (-लेस्- लि)-*adv.* carelessly. असावधानी से ; **Heedlessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the state of being heedless, carelessness, inattention. असावधानी ।

Heehaw-ही'-हॉ-*v. i.* to bray like an ass. गदहे की तरह रेंकना ।

Heel-हील्-*n.* the hinder part of foot (ankle.), hind part, spur. ऍड़ी, पिछला भाग, ऍड़;-*v. t.* to dance, to furnish with a heel, to follow at the heels, to kick backwards, to lean over to one side. नाचना, ऍड़ी लगाना, पीछा करना, ऍड़ी से पीछे की ओर ठोकर मारना, एक ओर झुकना; **To be at one's heels** (to pursue closely.) पीछे-पीछे जाना; **To kick one's heels** (to lie in wait for.) आसरे में बैठना; **To take to one's heels** (to flee, to escape handle) चम्पत हो जाना, भाग जाना ।

Heft-हॅफ्ट्-*n.* the handle of a tool, an effort. औजार की मूठ, प्रयत्न ।

Hefty-हॅफ्ट्'-इ-*adj.* sturdy. पुष्ट, बलवान् ।

Heifer-हॅफ्'-अर्-*n.* (*mas.* **Bullock, Ox.**) a young cow. बछिया ।

Heigh-हे or हाइ-*inter.* expressing encouragement. उत्साह-सूचक अव्यय, ललकार का शब्द ।

Heigh-ho-हे'-हो *-interj.* of surprise or weariness. आश्चर्य या थकावट सूचक अव्यय ।

Height-हाइट्-*n.* the top, elevation, high point. चोटी, ऊँचाई, शिखर ।

Heighten-हाइट्'-ट्न्-*v. t.* to make higher. ऊँचा करना ।

Heinous-हीन्'-अस् *-adj.* extremely wicked, atrocious, hateful. अति दुष्ट, अति निन्द्य, घृणित; **Heinously** (-लि)-*adv.* in a wicked manner. अति नीचता से; **Heinousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being wicked. दुष्टता, नीचता ।

Heir-ऍअर्-*n.* a person who inherits a successor. उत्तराधिकारी, वारिस, अंशभागी; **Heir-apparent** (one who is certain to succeed to an estate.) निश्चित उत्तराधिकारी, युवराज ।

Heiress-ऍअर्' - ऍस् - *n. fem.* female heir. उत्तराधिकारिणी, राजपुत्री ।

Heirloom-ऍअर्'-लूम्-*n.* furniture, movable chattel which descends to the heir. जंगम द्रव्य, उत्तराधिकारी को मिलनेवाली चल सम्पत्ति।

Heirless-ऍअर् लॅस्-*adj.* destitute of an heir. बिना उत्तराधिकारी का, लावारिस ।

Heirship-ऍअर्'-शिप्-*n.* the rights of an heir. धनाधिकारित्व, उत्तराधिकार, विरासत ।

Held- हॅल्ड् *-p. t. & p. p.* of **Hold.** kept in, restrained. रोक लिया गया ।

Helianthus-ही'-लि-ॲन्-थस्-*n.* the sunflower. सूरजमुखी का फूल ।

Helical-हॅल्'-इ-कल्-*adj.* spiral. घुमौवा ।

Helio-ही'-लि'-ओ-*pref.* in the sense of 'concentric', 'with the sun as centre'. 'सूर्य को केन्द्र में रखकर या (सौर)' अर्थ का उपसर्ग ।

Heliosis-ही'-लि-ओ'-सिस्-*n.* exposure to the sun. धूप से प्रभावित होने की क्रिया ।

Heliotrope-ही'-लि - ओ - ट्रोप् *-n.* a kind of flower. सूर्य-कमल ।

Helix-ही'-लिक्स्-*n.* a spiral. (घड़ी की कमानी के सदृश) घुमौवा पदार्थ ।

Hell-हॅल्-*n.* the abode of condemned spirits. यमलोक, नरक, पाताल ।

Hell-cat-हॅल्'-कॅट्-*n.* hell-hag. कर्कशा स्त्री ।

Hellish- हॅ-लिश् *-adj.* pertaining to hell, extremely wicked. नरक-सम्बन्धी, उत्पाती; **Hellishly** (-लि)-*adv.* in a hellish manner. नीचता से; **Hellishness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being hellish. अति नीचता ।

Helm-हॅल्म्-*n.* cloud over mountain during storm, the wheel by which a rudder is manipulated. आँधी के समय पहाड़ पर के बादल, पतवार; **Helmsman** (-हॅल्म्ज़्'-मॅन्)-*n.* a steersman. कर्णधार (मल्लाह जो पतवार पर बैठता है), पतवरिया ।

Helmet - हॅल्' - मॅट् - *n.* a defensive covering for the head. शिरस्त्राण, लोहे का टोप, कवच; **Helmeted** (-ऍड्)-*adj.* furnished with a helmet. ऐसा टोप धारण किये हुए ।



Helmet.

Helot-हॅ-लट्-*n.* a serf of ancient Sparta. प्राचीन स्पार्टा का दास ।

Help-हॅल्प्-*n.* assistance, aid, remedy, support. सहायता, उपकार, उपचार, उपाय, आश्रय; -*v. t.* to aid, to assist, to remedy. सहायता देना, अनुग्रह करना, बचाना ।

Helper-हॅल्प्'-अर्-*n.* one who helps. सहायक (उपचारक), सहायता देनेवाला ।

Helpful-हॅल्प्'-फुल्-*adj.* useful, serviceable. उपयोगी, उपकारक ।

Helpless-हॅल्प्'-लॅस्-*adj.* wanting help. अनाथ, निराश्रय, असहाय; **Helplessly** (-लि) *adv.* without assistance. असहायता से; **Helplessness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being helpless. असहायता ।

Helpmate-हॅल्प्'-मेट्-*n.* a wife, a helpful companion. पत्नी, बीबी, सहायक, साथी ।

Helter-skelter-हॅल्'-टर्-स्कॅल्' -टर् - *adv.* in a

disordered state, in a hurry. अव्यवस्थित अवस्था में, जल्दी में ।

Helve-हॅल्व्-*n.* the handle of a cutting tool. किसी हथियार की मूठ ।

Hem-हॅम्-*n.* the edge of a garment, the border of a garment made by turning in edge and sewing. कपड़े का किनारा (अञ्चल), मगजी (गोट); -*v. t.* (*p. t.* **Hemmed.**) to form an edge on. मगजी या गोट लगाना ।

Hemi-हॅम्'-इ-*pref.* in the sense of 'half'. 'अर्ध' या 'आधा' अर्थ का उपसर्ग, यथा Hemisphere. अर्धगोल या गोलार्द्ध ।

Hemicrania-हॅमिक्रेनिआ-*n.* headache confined to one part of the head. अधकपारी, आधासीसी ।

Hemicycle-हॅम्'-इ-साइ-कुल्-*n.* a semi-circle. अर्धवृत्त ।

Hemiopia-हॅमिओपिआ-*n.* blindness of half the field of vision. आँख का रोग जिसमें किसी पदार्थ का आधा ही भाग देख पड़ता है ।

Hemiplegia - हॅमिप्लीजिआ - *n.* paralysis of one side of the face or body. पक्षाघात, आधे शरीर या मुख का लकवा ।

Hemisphere-हॅमि-स्फि - अर् - *n.* half of the globe. गोलार्ध, अर्धगोल ।

Hemispheric-हॅमि-स्फॅ-रिक्, **Hemispherical** (-रि-कल्)-*adjs.* pertaining to or resembling half a sphere. गोलार्ध सम्बन्धी या गोलार्ध के समान ।

Hemistich-हॅम्'-इ-स्टिक्-*n.* half the line of a verse. आधा श्लोक ।

Hemlock-हॅम्'-लॉक्-*n.* a poisonous plant. एक विषैली बनस्पति, धतूरा ।

Hemmer-हॅम्'-मर्-*n.* one who hems, an appliance for hemming attached to a sewing machine. गोट लगानेवाला, सिलाई की मशीन में किनारा मोड़ने का साधन ।

Hemorrhage-हॅम'-रिज्-see **Haemorrhage.**

Hemp-हॅम्प्-*n.* a plant of India whose fibres are used for rope-making &c. पटुआ ।

Hempen-हॅम्प्'-ऍन्-*adj.* made of hemp. पटुवे का बना हुआ ।

Hem-stitch-हॅम्'-स्टिच्-*v. t.* to form an edge on. सञ्जाफ या मगजी या गोट लगाना ।

Hen- हॅन् -*n.* (*mas.* **Cock.**) the female of cock. मुर्गी ।

Henbane-हॅन्'-बेन्-*n.* a poisonous plant. एक जहरीला पौधा ।

Hence-हॅन्स्-*adv.* from here, from this time, therefore. यहाँ से, अब से, इसलिये;-*interj.* go away ! हट जाओ !, चले जाओ !; **Go hence** (die.) मर जाओ !; **Henceforth** (from this time onward.) अब से, इसके बाद; **Henceforward** (henceforth.) इस समय से, आगे; **Two years hence** (in two year's time from now.) आज से दो बरस बाद ।

Henchman-हॅन्च्'-मॅन्-*n.* a boy-servant, a chief attendant, a reliable follower. बालक-भृत्य, प्रधान सेवक, विश्वस्त अनुचर ।

Hendecagon-हॅन्-डॅक्'-ॲ-गॅन्-*n.* a plane figure of eleven sides. ग्यारह भुज की आकृति ।

Henpecked-हॅन्'-पॅक्ड्-*adj.* governed by one's wife. भार्या-शासित ।

Hepatic-हि-पॅट्'-इक्-*adj.* pertaining to liver, liver-coloured, good for liver. यकृत् सम्बन्धी, यकृत् के रंग का, यकृत् के लिये हितकर; -*n.* a medicine useful for liver. यकृत् के लिये हितकर दवा ।

Hepta-हॅप्टा-*pref.* meaning 'seven', उपसर्ग जिसका अर्थ 'सात' होता है ।

Heptad-हॅप्'-टॅड्-*n.* a group of seven. सात का समुदाय ।

Her-हर्-*pron.* objective or possessive case of 'She'. उस स्त्री का, उस स्त्री को

Herald-हॅरल्ड्-*n.* a state-officer who makes proclamations and bears messages, a proclaimer, a messenger, a forerunner. राजदूत, एलची, अग्रदूत;-*v. t.* to proclaim. घोषणा करना ।

Heraldry-हॅरल्ड्रि-*n.* the art or office of a herald, armorial bearings. राजदूत विद्या, वंशावली-चिह्न ।

Herb-हर्ब्-*n.* a plant with slender stems whose leaves &c. are used as food or for medicine. भोजन या औषध की जड़ी-बूटी ।

Herbaceous-हर्-बे'-शस्-*adj.* pertaining to herbs. जड़ी बूटी-सम्बन्धी ।

Herbage-हर्ब्'-ऍज्-*n.* herbs collectively. घास-पात, जड़ी-बूटी का समुदाय ।

Herbal-हर्ब्'-अल्-*adj.* pertaining to herbs. जड़ी-बूटी सम्बन्धी ।

Herbalist-हर्बलिस्ट्-*n.* one who is versed in the science of plants. बनस्पति-विज्ञान में निपुण ।

Herbarium - हर्-बेरिअम् - *n.* a collection of specimens of plants. बनस्पतियों का संग्रह ।

Herbivorous - हर्बिवॅरस - *adj.* subsisting on plants. शाकाहारी ।

Herby-हर्ब्-इ-*adj.* herbous. जड़ी-बूटी से परिपूर्ण ।

Herculean-हर्-क्यू'-लि-अन्-*adj.* strong, very difficult, of extraordinary strength. पुष्ट, कठिन, अत्यन्त बलवान्; **Herculean task** (a work of extraordinary strength.) भगीरथ प्रयत्न, असाधारण बल का कार्य ।

Herd-हर्ड्-*n.* a company of cattle assembled together, a large number of people, a keeper of herds. पशु-समूह, झुण्ड, पशु-रक्षक; -*v. i.* to form into a herd. समूह में एकत्रित होना ।

Herdsman-हर्ड्ज़्'-मैन्-*n.* one who tends herds of cattle. चरवाहा, गड़ेरिया ।

Here-हिअर्-*adv.* in this place, in this life, at this point, in this matter. इस स्थान में, इस जीवन में, इस सम्बन्ध में, इस विषय में, यहाँ; **Here and there** (in different places.) भिन्न-भिन्न स्थानों में, इधर-उधर, यहाँ-वहाँ ।

Hereabouts-हिअर्'-अ-बाउट्स्-*adv.* near here. यहाँ पास में ।

Hereafter-हिअर्-आफ़्ट्'-अर्-*adv.* after this, in some future time or state. इसके बाद, किसी भविष्य काल या दशा में ।

Hereat-हिअर्'-ऐट्-*adv.* at this place. इस स्थान पर ।

Hereby-हिअर्'-बाइ-*adv.* not far off, by this. निकट ही, इस रीति से ।

Hereditable- हिरेंड्'-इटेबुल्-*adj.* that may be inherited. वंशपरम्परा से प्राप्त होने योग्य

Hereditary-हिरेंड्'-इटरि-*adj.* transmitted from one generation to another. परम्परा द्वारा-प्राप्त, पैतृक; **Hereditary disease** (disease which is transmitted from parents to offspring.) संचारी (पैतृक) रोग, पुश्तैनी या खान्दानी बीमारी; **Hereditary succession** (ancestral transmission.) वंशगत उत्तराधिकार, खान्दानी विरासत ।

Heredity-हिर्-रेंड्'-इट्-इ-*n.* the tendency of transmitting qualities from parents to offsprings. वंशपरम्परा-गत गुण, खान्दानी या पुश्तैनी गुण ।

Heresy-हेंर्'-इसि-*n.* an opinion contrary to the orthodox doctrine of a subject. पाखण्ड धर्म, नास्तिकता ।

Heretic-हें-रें-टिक्-*n.* a person who holds an unorthodox opinion. पाखण्डी, नास्तिक; **Heretical** (-अल्)-*adj.* contrary to orthodox belief. धर्म-विरुद्ध; **Heretically** (-अलि)-*adv.* in a heretic manner. नास्तिकता से ।

Heritable-हेंरिटेबुल्-*adj.* capable of being inherited. वंशपरम्परा से प्राप्त होने योग्य ।

Heritage-हें-रिट्-ऐज्-*n.* that which is inherited. बपौती, विरासत ।

Heritor-हेंरिटर्-*n.* one who inherits. पूर्वजों की सम्पत्ति पानेवाला ।

Hermaphrodite-हर्-मैफ़्'-रॅ-डाइट्-*n.* a being in which characteristics of both the sexes are combined. स्त्री तथा पुरुष दोनों के लक्षणों से युक्त प्राणी, उभयलिङ्गी ।

Hermetic, Hermetical-हर्-मेंट्'-इक्, (-अल्) -*adjs.* belonging to alchemy, magical, perfectly closed. कीमियागिरी-सम्बन्धी, जादू का, भली भाँति बन्द किया हुआ; **Hermetically sealed** (perfectly closed and airtight.) दृढ़ता से बन्द किया हुआ जिसमें वायु प्रवेश न कर सके ।

Hermit-हर् - मिट् -*n.* a person living in solitude, a recluse. तपस्वी, संन्यासी, फ़कीर ।

Hermitage-हर्-मिट्'-ऐज्-*n.* a hermit's dwelling or cell, a solitary abode. आश्रय, कुटी ।

Hernia-हर्'-नि-आ-*n.* rupture. अण्डकोष में आँत उतरने का रोग; **Hernial** (-अल्)-*adj.* pertaining to hernia. इस रोग से सम्बन्धित ।

Hero-ही'-रो-*n.* (*pl.* **Heroes.**) a man of superhuman power, a demi-god, a very brave man, the chief person in a play. पराक्रमी पुरुष, अर्ध देवता, महावीर, नाटक का नायक (कथापुरुष); **Hero-worship** (worship of heroes.) महात्माओं का पूजन ।

Heroic-ही'-रो-इक्-*adj.* worthy of a hero. वीरता का (पराक्रम-युक्त); **Heroically** (-अलि) -*adv.* in the manner of a hero. वीरता से ।

Heroify-ही-रों'-इ-फ़ाइ, **Heroize** (-आइज़्)-*v. i.* to make a hero of. वीर बनाना ।

Heroine-ही'-रो-इन्-*n. fem.* a female hero, principal female actor. वीराङ्गना, नायिका, अभिनेत्री ।

Heroism-ही'-रो-इज़्म्-*n.* the qualities of a hero. शूरत्व, पराक्रम ।

Heron-हेंरन्-*n.* a long-legged wading bird. सारस, बगुला; **Heronry** (-रि)-*n.* a place where herons breed. सारसों के बच्चा देने का स्थान ।

Herpes-हर्'-पीज़्-*n.* a disease of the skin characterised by patches, nettlerash. जुलपित्ती नामक रोग ।

Herring-हें'-रिङ्ग्-*n.* a small sea-fish much used for food. एक प्रकार की खाई जानेवाली समुद्री मछली; **Herringbone stitch** (a kind of cross-stitching.) नीचे-ऊपर की सिलाई ।

Hers-हर्ज़्-*pron.* possessive case of 'she' used

after auxiliary verbs; *-adj.* उस स्त्री का, इसका प्रयोग क्रिया इत्यादि के बाद में किया जाता है; यथा—It is hers. इत्यादि ।

Herself-हर्'-सेल्फ़-*pron.* reflexive form of **she** and **her.** स्वयं स्त्री का, स्वयं स्त्री ने; **She is not herself** (she is not in her normal state of body or mind.) वह स्त्री आपे में नहीं है ।

Hesitant-हेज़्-इट्'-ऑन्ट्-*adj.* hesitating. हिच-किचाता हुआ, हिचकनेवाला ।

Hesitate-हेज़्'-इट्-एट्-*v. i.* to speak or act with indecision, to waver, to be doubtful. हिचकिचाना, आगा-पीछा करना ।

Hesitating-हेज़्'-इट्-एट्'-इङ्ग्-*adj.* irresolute. द्विविधा का, अनिश्चित, सन्देह-पूर्ण; **Hesitatingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a hestitating manner. आगा-पीछा करते हुए (सन्देह में) ।

Hesitation-हेज़्'-इट्-ए-शन्-*n.* the act of hesitating. सन्देह, संशय, द्विविधा ।

Hesitative-हेजिटे टिव्-*adj.*showing hesitation. सन्देह दिखलाता हुआ या दिखलानेवाला ।

Hesitator-हेजिटेटर्-*n.* one who hesitates. आगा-पीछा करनेवाला मनुष्य ।

Hesperian-हेस्पीरिअन्-*adj.* western. पाश्चात्य ।

Hesperus-हेस्परस्-*n.* the Evening Star. सन्ध्या का तारा ।

Hessian-हे-सि-अन्-*n.* a strong coarse cloth of hemp or jute. सन या पटुवे का बना हुआ टाट ।

Hest-हेस्ट्-*n.* a behest or command. आज्ञा, हुक्म ।

Hetero-हेटरो-*pref.* in the sense of other, different. 'विपरीत या भिन्न' अर्थ सूचक उपसर्ग;

Heterodox-हेटरो-डॉक्स्'-*adj.* not orthodox. धर्म-विरुद्ध, नास्तिक ।

Heterodoxy-हेट'-अर्-ओ-डॉक्-सि-*n.* a doctrine contrary to orthodox. नास्तिकता ।

Heterogeneous-हेट्-टर्-ओ-जीन्'-इ-अस्-*adj.* of diverse character. भिन्न अथवा विरुद्ध जाति का (बेमेल); **Heterogeneity** (-इट-इ),**Heterogeneousness,** (-नेस्)-*ns.* the state of being heterogeneous.भिन्नता, विपर्यय; **Heterogeneously**-हट-टर्-ओ-जीन्'-नि-अस्-लि-*adv.* in a heterogeneous manner. भिन्नता से ।

Heterogenesis-हेट - टर् - ओ - जेन्'-इस्-इस-*n.* production of offspring different from the parents. माता-पिता से भिन्न संतति की उत्पत्ति ।

Heteronym-हेटरो-निम्-*n.* a word spelt like another but with a different sound and meaning. एक ही अक्षर-विन्यास का परन्तु भिन्न उच्चारण व अर्थ का शब्द ।

Heugh-ह्यू-*n.* a ravine. दर्रा ।

Heuristic-ह्यू-रिस्ट्'-इक्-*adj.* serving to find out. अन्वेषण करनेवाला, पता लगानेवाला ।

Hew-ह्यू-*v. t. & i.* (*p. t.* **Hewed,** *p. p.* **Hewn**) to cut or chop with an axe or sword, to deal cuts. काटना, गढ़ना, टुकड़े करना; **Hewer** (-अर्)-*n.* one who hews. काटनेवाला ।

Hexa-हेक्सा'-*pref.* in sense of 'six'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'छः' होता है ।

Hexagon - हेक्सा-गॉ-न्-*n.* a figure of six angles and sides. षट्कोण, षड्भुज ; **Hexagonal** (-अल्)-*adj.* having six sides. छः पहल का ।

Hexameter-हेक्सामिटर्-*n.* a verse which consists of six metrical feet. षट्पदी श्लोक या कविता ।

Hey-हे-*interj.* expressive of joy. आनन्द-सूचक, अव्यय अहाहा !

Heyday-हे'-डे-*interj.* of frolic or wonder. हर्ष या आश्चर्य-सूचक अव्यय; **Heyday of youth** (vigour of youth.) नवयौवन; **Heydey** (-डे)-*n.* full bloom or vigour. पूर्ण विकसित अवस्था ।

Hi-हाइ -*interj.* used to call attention. ध्यान आकृष्ट करने के लिये प्रयुक्त अव्यय ।

Hiatus-हाइ-एट्'-अस्-*n.* a break in continuity, an opening, a gap or chasm. भङ्ग (फटन, भेद), छेद, दरार ।

Hiccup-हिक्'-अप्-*n.* an involuntary contraction of diaphragm with sudden closure of glottis. हिक्का, हिचकी; **Hiccough** (-अप्) -*n.* a hiccup. हिचकी ।

Hickory-हिकरि-*n.* an American tree allied to walnut. अखरोट की जाति का अमेरिका का एक वृक्ष ।

Hid-हिड्-*p. t. & p. p.* of **Hide.**

Hidden-हिड्'-इन्-*p. p.* of **Hide**; *-adj.* concealed. छिपा हुआ ।

Hide-हाइड्-*n.* the skin of an animal. पशु का चमड़ा, खाल ।

Hide-हाइड्-*v. t.* (*p. t.* **Hid,** *p. p.* **Hidden, Hid**) to keep out of sight, to conceal, to keep secret. गुप्त रखना, छिपाना; **Hide and seek** (a kind of children's game.) बच्चों का आँखमुँदौवल का खेल; **Hidebound** (preventing movement.) गति रोकनेवाला; **Hider** (-अर्) -*n.* one who conceals. छिपानेवाला; **Hiding** (-इङ्ग्) -*n.* act of concealing. छिपाने का कार्य ।

Hideous-हिड्'-इ-अस्-*adj.* repulsive, frightful. भयंकर, डरावना; **Hideously** (-लि) *-adv.* in a frightful manner. विकराल रूप से; **Hideousness** (-नेस्) *-n.* the quality of being frightful. उग्रता, करालता ।

Hie-हाइ-*v. i.* to go quickly, to hasten. जल्दी से भागना ।

Hiemal-हाइ' -ऐमल् - *adj.* wintry, pertaining to winter. शीत ऋतु-सम्बन्धी ।

Hierarch-हाइ'-अरार्क्-*n.* a chief priest, a ruler in holy matters. प्रधान पुरोहित, धर्म-शासक ।

Hierarchical-हाइ'-अरार्किकल्-*adj.* pertaining to hierarch. प्रधान पुरोहित-सम्बन्धी ।

Hierarchy-हायर्' -आर्क् - इ *-n.* the order of angels, priestly government. देवदूतों का समूह, पुरोहितों का शासन ।

Hiero-हाइ'-अर्-ओ-*pref.* in sense of priestly. 'पुरोहित-सम्बन्धी' अर्थ का उपसर्ग ।

Hieroglyph-हाइ-अर् -ओ -ग्लिफ़ - *n.* a sacred symbol, a picture-writing. बीजाक्षरों के लिये चित्र की लिखावट; **Hieroglyphic** (-ग्लिफ़्'-इक्)-*adj. & n.* written in such symbols. गूढ़ाक्षरों में लिखित, बीजाक्षर-सम्बन्धी ।

Higgle- हिग्' - गल् -*v. i.* to dispute about terms, to chaffer. सौदे के विषय में झगड़ना, फेरी करके बेचना ।

Higgledy-piggledy- हिगल्डि- पिगल्डि-*n.* an utter confusion. गोलमाल, गड़बड़ी; *-adv.* in confusion. व्यग्रता में ।

High-हाइ-*adj.* (*comp.* **Higher**, *sup.* **Highest.**) *-n.* an elevated place. ऊँचा स्थान ; *-adj.* powerful, strong, intense, lofty, tall, loud, honourable, dear in price, elevated in rank, arrogant. शक्तिमान्, पुष्ट, तीव्र, ऊँचा, लम्बा, तेज, प्रतिष्ठित, श्रेष्ठ, महँगा, उच्च कोटि का, धृष्ट, ढीठ; *-adv.* far up, eminently. बहुत ऊपर से, उच्चता से; **Of high family** (of noble birth.) उच्च कुल का, कुलीन; **Highnoon** (mid-day.) ठीक दोपहर; **High and low** (people of all ranks.) सब जाति के लोग; **From on high** (from the sky.) आकाश से ।

High-born-हाइ'-बॉर्न् - *adj.* of noble birth. उच्च कुल का ।

High-bred-हाइ'-ब्रेड्-*adj.* refined. कुलीन, शिष्ट ।

High-coloured - हाइ' - कलर्ड् - *adj.* with a glaring colour. तेज रंग का ।

High-day-हाइ' -डे-*n.* a holiday. उत्सव का दिन ।

High-fed-हाइ' - फ़ेड् -*adj.* fed luxuriously. उत्तम भोजन से पोषित ।

High-flier-हाइ'-फ्लाइ-अर्-*n.* an adventurous person. साहसी पुरुष ।

High-flown-हाइ'-फ़्लोन्-*adj.* proud, turgid. गर्वी, उन्नत ।

High-handed-हाइ'- हैण्ड् -ऍड्- *adj.* violent. उच्छृङ्खल, उद्धत ।

High-hearted-हाइ'-हार्टेड्-*adj.* courageous. साहसी ।

Highland- हाइ- लैन्ड् -*n.* a hilly country. पहाड़ी प्रदेश; **Highlander** (-अर्) *-n.* पर्वती प्रदेश का निवासी ।

Highly-हाइ'- लि-*adv.* in a high manner. बहुत, अति, परम ।

High-minded-हाइ'-माइन्ड्-ऍड् - *adj.* magnanimous. उदारचित्त, महात्मा ।

Highness- हाइ'- नेस् *-n.* loftiness, a title of honour given to princes and kings. ऊँचाई, राजपुत्रों तथा राजाओं की उपाधि, महाराज ।

High-priest- हाइ- प्रीस्ट् - *n.* a chief priest. प्रधान पुरोहित ।

High-sounding - हाइ'- साउण्ड्' - इङ्ग् *-adj.* pompous. आडम्बरी, दिखावा ।

High-spirited-हाइ'- स्पिर् रिट- ऍड्-*adj.* rash, adventurous. उद्दण्ड, वीर, साहसी ।

High-time-हाइ'- टाइम्-*n.* a full time, proper time. पूर्ण काल या समय, उचित समय ।

High-water-हाइ'-वॉ-टर्-*n.* high tide. बाढ़ में जहाँ तक जल ऊपर होता है ।

Highway- हाइ'- वे-*n.* a public (much frequented) road. सर्वसामान्य के आने-जाने का मार्ग, प्रधान सड़क; **Highwayman** (-मैन्)-*n.* one who robs on the public road. दिन दहाड़े डाका डालनेवाला ठग, डाकू, लुटेरा ।

Hilarious- हिल् - ले - रि - अस् *-adj.* merry, mirthful. आनन्दमय, आनन्दपूर्ण, खुशदिल; **Hilariously** (-लि)-*adv.* joyfully. आनन्द से, प्रसन्नता से, खुशी से ।

Hilarity-हि-लैर्-इट्- इ-*n.* merriment, mirthfulness. आनन्द, प्रसन्नता, खुशी

Hill-हिल्-*n.* an elevation of the earth's surface, a small mountain, a mound. उच्च भूमि, पहाड़ी, टीला ।

Hillock-हिल्'-लॉक्-*n.* a small hill. छोटी पहाड़ी ।

Hilly- हिल्' - लि-*adj.* abounding with hills. पहाड़ियों से पूर्ण ।

Hilt-हिल्ट् *-n.* the handle of a sword or dagger. तलवार या कटार की मुठिया, मूठ ।

Him- हिम्- *pron.* objective case of 'He'.

उस (पुरुष) को; **Himself** (-सेल्फ्)- *pron.* reflexive form of **'He'.** वह स्वयं, वह आपही; **By himself** (alone.) एकाकी, अकेला ।

Hind-हाइन्-ड्-*n.* a steward, a rustic fellow, female of stag. दास, देहाती, हिरनी; -*adj.* situated at the back. पिछला; **Hinder** (-अर्) -*comp. deg.*, **Hindmost** (-मोस्ट्), **Hindermost** (-अर्-मोस्ट्)-*sup. deg.* furthest behind. सबसे पिछला ।

Hinder- हिन्′ - डर् - *v. t.* to obstruct, to prevent, to retard. रोकना, अटकाना, विघ्न डालना; **Hinderer** (-अर्) -*n.* he who or that which hinders. प्रतिबन्धक, रोकनेवाला ।

Hindmost- हाइन्ड्′- मोस्ट् - *adj. -sup. deg.* of **Hind.** सबसे पिछला ।

Hindrance-हिन्′-ड्रैन्स्-*n.* obstruction. बाधा, विघ्न, अवरोध, रुकावट ।

Hindu- हिन्डू′ - *n.* a member or race of Hindustan. हिन्दू ।

Hinge-हिन्ज् -*n.* the movable joint of a door, a main principle. कब्जा (चूल), सिद्धान्त; -*v. t. & i.* to furnish with hinges, to turn on hinge. चूल या कब्जा लगाना, चूल पर घूमना; **Off the hinges** (to be in a state of disorder.) मानसिक तथा शारीरिक घबड़ाहट में ।

Hinny-हिन्′- नि -*n.* an offspring of she-ass by a horse. खच्चर ।

Hint-हिन्ट्-*n.* a slight indication, suggestion. सूचना, संकेत; -*v. t.* to bring to mind, to imply, to allude to. याद दिलाना, इशारा करना, संकेत करना ।

Hip-हिप्-*n.* the thigh-joint. चूतर, कूल्हा;-*v. t.* (*p t.* **Hipped.**) to make low-spirited. उत्साहहीन बनाना ; **Hipbath** (a bath by dipping up to hip only.) केवल कमर डुबाकर जल में स्नान; **To have a person on the hip** (to have advantage over a person.) किसी मनुष्य पर अधिकार पाना ।

Hip-hip-hurrah-हिप्′ - हिप्-हूर्-रा′-*interj.* an exclamation of joy. एक साथ मिलकर आनन्द का यह शब्द बोलना, हर्ष, हर्ष, हर्ष; जय, जय, जय ।

Hippiatric-हिप्-पि-ऐट्- रिक् -*adj.* pertaining to the treatment of the diseases of horses. घोड़ों की चिकित्सा सम्बन्धी ।

Hippodrome- हिप्′-पें-ड्रोम् -*n.* a race course for chariots and horses. रथ या घोड़ों की दौड़ का मैदान ।

Hippology- हि- पॅ- लॅ- जि-*n.* knowledge or science of horses. अश्वविद्या, शालिहोत्र ।

Hippopotamus - हि-पॅ′-पॅ-टॅ - मस्-*n.* the riverhorse. दरियायी घोड़ा, करियाद ।



Hippopotamus.

Hircine-हर्′-साइन् -*adj.* goatlike. अजवत्, बकरे के समान ।

Hire-हायर्-*n.* payment for use of a thing, wages. किराया भाड़ा; - *v. t.* to employ for wages. भाड़े पर रखना ।

Hireable-हायर्′-ऍ - बल्-*adj.* that may be hired. किराया के योग्य ।

Hireling-हायर्′ -लिङ्ग् -*n.* one engaged on hire. भाड़े का आदमी ।

Hirer-हायर्-अर्-*n.* one who hires or lets on hire. किराये पर देने या लेनेवाला ।

Hirsute-हर्′-स्यूट्-*adj.* hairy, rough with hair. रोवें से भरा हुआ, रूखा ।

His-हिज़्-*pron.* possessive case of **'He'.** उस (मनुष्य) का

Hisk-हिस्क्-*v. i.* to breathe with difficulty. कठिनता से साँस लेना ।

Hiss-हिस्-*v. i.* to make a sharp hissing sound. फुफकारना सिसकारना - *n.* a hissing noise. फूत्कार; **To hiss off** (to condemn by hissing.) सी-सी करके असन्तोष प्रकट करना ।

Hist- हिस्ट् -*interj.* demanding silence and attention. चुप कराकर ध्यान आकृष्ट करने का अव्यय, शान्त होकर सुनो ।

Historian- हिस्- टोर्- इ - अन्-*n.* a writer of history. इतिहास लिखनेवाला ।

Historic-हिस्-टॉर्′-इक्, **Historical** (-रिक् अल्) -*adjs.* pertaining to history. इतिहास-सम्बन्धी, ऐतिहासिक; **Historically**(-लि)-*adv.* according to history. ऐतिहासिक रीति से ।

Historicity-हिस्′-टॉ - रि-सि - टि-*n.* inclination towards history. ऐतिहासिक प्रवृत्ति ।

Historiographer - हिस्टोरिऑ′ - ग्रैफ़र् - *n.* an official historian. सरकारी इतिहास-लेखक

History- हिस्टरि -*n.* (*pl.* **Histories.**) a continuous narrative of public events, events connected with persons or things, past events, narration of facts. इतिहास, चरित्र-वर्णन, प्राचीन कथा ।

Histrion- हिस्′ - ट्रि - ऑ न्-*n.* a stage-player.

नाटक-पात्र ; **Histrionic** (- ऑन् - इक्)-*adj.* pertaining to theatre or actors. नाटक-सम्बन्धी, नाटक के पात्र का।

Hit-हिट्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Hit.**) to strike, to deliver a blow at, to get at, to fall in with. मारना, पीटना, पहुँचना, भिड़ जाना ; -*n.* a blow, a stroke of good luck, chance. प्रहार, टक्कर, संयोग, घटना; **Hitter** (-टर्) -*n.* one who hits. मारनेवाला।

Hitch-हिच्-*v. t. & i.* to move with jerk, to fasten with a loop, to become fastened. झटके से हटाना, फन्दा बाँधना, इस प्रकार बँध जाना; -*n.* an impediment. बन्धन, रुकावट ; **To hitch up** (to fasten horses in carriage.) गाड़ी में घोड़ा जोतना।

Hither-हिद्'-अर्-*adv.* towards this place. इधर, इस ओर; **Hither and thither** (to this place and that, in all directions.) सर्वत्र, सब दिशाओं में।

Hithermost-हिद्'-अर्'-मोस्ट्--*adj.* on this side, nearest. इस ओर, सब से समीप।

Hitherto- हिद्'- अर्-टु-*adv.* till now. अब तक, यहाँ तक।

Hive-हाइव्-*n.* the habitation of bees. मधुकोष, मधुमक्खी का छत्ता;-*v. t.* to reside in a body (collectively.) मधुमक्खी की तरह झुककर रहना।

Ho-हो-*interj.* expressing surprise, admiration. &c. अरे ! अहा।

Hoar-होर्-*adj. & n.* grey-haired, white with age, hoariness. सफेद बालोंवाला, बुड्ढा, सफेदी; **Hoar-frost** (white particles of dew.) तुषार; **Hoariness**(-इ-नेस्) -*n.* greyness of hair. बालों की सफेदी ; **Hoary** (-इ) -*adj.* white with age.बुढ़ाती से श्वेत, वयोवृद्ध, जईफ़।

Hoard-होर्ड्-*n.* a store, a treasure. संग्रह (ढेर), खजाना;-*v. t.* to amass, to treasure up.संचय करना, इकट्ठा करना।

Hoarse-होर्स् - *adj.* rough, having a harsh sound. रूक्ष, कर्कश शब्द का; **Hoarsely** (-लि) -*adv.* in a hoarse manner. रूक्ष स्वर से; **Hoarseness** (-नेस्)-*n.* the state of being hoarse, harshness. रूक्षता, स्वरभंग।

Hoax-होक्स्-*v. t.* to deceive in joke. हँसी में छलना; -*n.* a deceptive trick. हँसी का धोखा, दिल्लगी।

Hob-हॉब्-*n.* a projection on the side of a fireplace, a rustic. अँगीठी का उभाड़, देहाती; **Hobnail**(-नेल्) -*n.* a nail used in heavy boots. जूते की एँड़ी में ठोंकने की काँटी।

Hobble-हॉब्'-अल् -*v. i.* to walk limpingly, to tie the legs of animals so that they may not run away. लँगड़ाकर चलना, पशुओं का भागना रोकने के लिये टाँग बाँधना; -*n.* an awkward situation, difficulty. भद्दी अवस्था, कठिनाई।

Hobbledehoy-हॉब्ल्'-डि-हॉय्-*n.* an awkward youth. भद्दा युवा पुरुष।

Hobby-हॉब्'-बि-*n.*(*pl.* **Hobbies.**) a favourite occupation apart from one's main business, a small, active horse, an early form of bicycle, a small falcon. प्रिय व्यापार, छोटा, फुर्तीला या तेज घोड़ा, प्राचीन काल की पैरगाड़ी, एक छोटा बाज पक्षी; **Hobbyhorse** (a wooden horse used by children to ride on.) बच्चों के खेल में सवारी करने का लकड़ी का घोड़ा।

Hobgoblin-हॉब्-गॉब्'-लिन्-*n.* a bugbear, an apparition. भूत, राक्षस।

Hobnob-हॉब्-नॉब्-*v. i.* to drink together, to have familiar intercourse. एक साथ मदिरा पीना, संग-साथ करना; -*n.* a friendly conversation. मित्रों की तरह बातचीत।

Hock-हॉक्-*n.* joint of a quadruped's hinder leg.चौपाये या चतुष्पद जन्तु के पिछले पैर का जोड़।

Hockey-हॉक्' कि-*n.* a game played with a ball and sticks curved at one end. एक सिरे पर टेढ़े डण्डे से खेला जानेवाला गेंद का एक प्रसिद्ध खेल।

Hocus-हो'-कस्-*v. t.* (*p. t.* **Hocussed.**) to stupefy a man with drugs. दवा देकर किसी को बेहोश करना।

Hocus-pocus-हो'-कस्-पो'-कस्-*n.* a deception, a jugglery. मन्त्र-तन्त्र, इन्द्रजाल; - *v. t.* to cheat. धोखा देना।

Hod-हॉड्-*n.* a trough for carrying mortar &c. मसाला ढोने की कड़ाही।

Hodman-हॉड्-मैन्-*n.* a man who carries a hod. सुरखी चूना ढोनेवाला आदमी।

Hodge-podge-हाज्'-पॉज्-*n.* a confused mass. अनेक द्रव्यों का मिश्रण, खिचड़ी।

Hoe-हो-*n.* a tool for loosening soil. कुदाली, फावड़ा; -*v. t.* to dig with a hoe. कुदाली से खोदना।

Hog-हॉग्-*n.* a swine, a castrated boar. शूकर, (सुअर), बधिया किया हुआ सुअर; -*v. t.* (*p. t.* **Hogged.**) to cut hair short, to bend. बाल छोटा करना, घुमाना।

Hoggish-हॉग्'-गिश् -*adj.* like a hog, filthy. सुअर के समान, गन्दा।

Hogshead-हॉग्ज्'-हेड्-*n.* a liquid measure of

52 gallons, a large cask. ५२।। गैलन तरल वस्तु की नाप, एक बड़ा पीपा।

Hoick, Hoik-हॉ'-इक्-*vs. t. & i.* to turn an aeroplane upwards. हवाई जहाज को ऊपर की ओर उठाना।

Hoiden-हॉय्'-डन्-*n.* a rude bold girl, romp. धृष्ट कन्या।

Hoist-हॉ-इस्ट्'-*v. t.* to lift, to raise aloft, to elevate, to heave. ऊपर को उठाना, उभाड़ना।

Hoky-poky, Hokey-pokey-होक्'-इ - पोक्-इ-*n.* cheap icecream sold by street-vendors. सस्ती बरफ की कुल्फी जो फेरीवाले बेचते हैं।

Hold-होल्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Held.**) to keep fast, to grasp, to contain, to occupy, to engross, to consider, to celebrate, to believe, to convene. पकड़ना, थामना, रखना, धरना, ग्रस्त होना, विचारना, उत्सव मनाना, विश्वास करना (प्रचलित करना), सभा करना या बुलाना;-*n.* a grasp, custody, interior cavity of a ship. पकड़, बन्धन, जहाज का भीतरी भाग; **Hold** -*interj.* (stop !) ठहरो ! **Hold your tongue** (stop talking.) चुप रहो; **To hold back** (to stop.) ठमकना, रुकना; **To hold by** (to accept.) स्वीकार करना, मानना; **To hold dear** (to regard with affection.) प्रेम से मानना; **To hold forth** (to offer, to speak publicly.) समर्पण करना, सबके सामने बोलना; **To hold him of no value** (to think him worthless.) उसको निकम्मा समझना; **To hold in** (to restrain.) रोकना ; **To hold in esteem** (to respect.) आदर करना; **To hold it good** (to think advisable.) उचित विचारना; **To hold one's head high** (to show pride.) गर्व दिखलाना; **To hold out** (to stretch.) फैलाना; **To hold over** (to postpone.) टालना, स्थगित करना; **To hold up** (to sustain.) सहारा देना।

Hold-all-होल्ड्'-ऑल्-*n.* a canvas bag with pockets to hold bedding &c. बिस्तरा आदि बाँधने का किर्मिच का बस्ता।

Holder-होल्ड्' -अर् - *n.* one who holds, a tenant, a pen with contrivance to hold a nib. पकड़नेवाला, असामी, काश्तकार, निब लगा कर लिखने की कलम।

Holding-होल्ड्'-इङ्ग् -*n.* a tenure of land. खेतीबारी, ठीके की जमीन।

Holdback-होल्ड्-बैक्-*n.* hindrance, check. अवरोध, रुकावट।

Holdfast-होल्ड्'-फास्ट्-*n.* a contrivance for securing nail &c. काँटी, बोल्टू इत्यादि कसने का साधन।

Hole-होल्-*n.* a hollow place, an excavation, an animal's burrow, a pit, a mean abode. गर्त, गुहा, बिल, जानवर की माँद, गड्ढा, तुच्छ गृह; -*v.t.* to make holes in. छेद करना; **To pick holes in** (to find fault with.) दोष खोजना; **Hole and corner** (secret.) रहस्य, गुप्त बात।

Holiday-हॉ-लि-डे-*n.* (*pl.* **Holidays.**) a day of recreation or festival, vacation. उत्सव, त्योहार, अनध्याय का दिन, छुट्टी का दिन।

Holily, Holiness-see **Holy.**

Holla-हॉल्'-ला-*interj.* same as **Hollo.** अरे !

Holland-हॉल्'-लन्ड्-*n.* a kind of linen. एक प्रकार का मलमल।

Hollo-हॉल्-लॉ-*v. t. & i.* to shout, to call. चिल्लाना, पुकारना, ललकारना।

Hollow-हॉ-लो-*adj.* excavated, empty, vacant, false, insincere. पोला, खोखला, छूछा (निःसार), खाली, झूठा, बेईमान; -*n.* a cavity or depression, hole or den. पोला स्थान, पेड़ का खोड़र, गड्ढा;-*v. t.* to excavate. खोदना, गड्ढा करना; -*adv.* completely. पूर्ण रूप से; **Hollow-hearted** (insincere.) बेईमान; **Hollowness** (-नेस्) -*n.* insincerity. शून्यता, असत्यता, बेईमानी; **Hollow-ware**(- वेयर्) -*n.* cooking pots &c. पकाने के पात्र।

Holly-हॉल्-लि-*n.* an evergreen shrub with prickly leaves. सर्वदा हरी रहनेवाली एक काँटेदार झाड़ी।

Hom-होम्-*n.* an inlet in a river. नदी के बीच का टापू।

Holocaust-हॉलो-कॉस्ट् - *n.* a wholly burnt sacrifice, a disastrous fire. पूर्ण आहुति, प्रचण्ड अग्नि।

Holster-होल्'-स्टर्-*n.* a leather case for pistol fixed to saddle. पिस्तौल रखने की चमड़े की जेब जो घोड़े की काठी में लगी होती है।

Holt-होल्ट्-*n.* a wood, a wooded hill. जङ्गल, जङ्गल लगी हुई पहाड़ी।

Holy-हो'-लि-*adj.* (*comp.* **Holier,** *sup.* **Holiest,**) sacred, pious, free from sin, perfect, devoted to God. पवित्र, धार्मिक, पापरहित, शुद्ध; **Holily**(-इ-लि)-*adv.* in a holy manner. पवित्रता से; **Holiness** (-नेस्) -*n.* piety, devotedness. पवित्रता, धार्मिकता; **Holy Land** (a sacred place.) पुण्यभूमि ; **Holy place** (a place of pilgrimage.) तीर्थस्थान; **Holy study** (a study of sacred texts.) वेदों का

अध्ययन; **Holy wisdom** (a knowledge about self.) ब्रह्मज्ञान; **Holy writings** (sacred writings.) वेद, श्रुति।

Homage-होम्'-एज्-*n.* acknowledgement of allegiance, dutiful reverence. पूजा, उपासना (सेवा), प्रभुभक्ति।

Home-होम्' - *n.* a dwelling-place, a fixed residence or household, a native land, a place of rest. घर, वासस्थान, जन्मभूमि,आश्रय-स्थान; -*v. t. & i.* to come home. घर आना; -*adv.* closely. पूर्ण रूप से; **Home Charges** (expenses defrayed in Great Britain from India's income.) भारत के रुपये से इँगलैंड में होनेवाला खर्च; **Home industry** (industry carried on in one's own country.) देश का व्यापार; **Homeless** (-लेस्) -*adj.* without a home. गृहहीन, बिनाघर का, निराश्रय; **Homely** (-लि) - *adj.* domestic. गृहस्थी-सम्बन्धी; **Home Member** (Home Secretary.) गृह-सचिव; **Home office** (department of the Secretary of State for home affairs.) गृह-सचिव का घरेलू कार्य के विषय का कार्यालय; **Home Rule** (self- government.) प्रजातन्त्र राज्य, स्वराज्य; **Homesick** (sorry for being absent from home.) घर से बाहर रहने से खिन्न; **Homespun** (cloth spun at home.) खद्दर, घर का बना वस्त्र; **Homestead** (a building with outhouses.) बड़ी इमारत; **Homeward** (-s) (towards home.) घर की ओर, घर की तरफ; **At home** (free as at one's own home.) अपने घर की भाँति स्वतंत्र; **The thrust went home** (*i. e.* exactly to the point aimed at.) निशाना ठीक लगा; **Words went home to his heart** (*i. e.* were piercing.) बातें उसके दिल में बैठ गईं

Homeopath (also **Hemoeopath**) होमिओ-पाथ्-*n.* one who practises homeopathy. होमियोपैथी चिकित्सक : **Homeopathically** (-इक-लि)-*adv.* in a homeopathic manner. होमियोपैथिक रीति से; **Homeopathist** (-इस्ट्) -*n.* one who practises homeopathy. इस विधि का चिकित्सक; **Homeopathy** (-इ)-*n.* Hahnemann's system of curing diseases by minute doses of drugs. होमियोपैथिक चिकित्सा।

Homicidal-*adj.* see **Homicide.**

Homicide-हॉम्'-इस्-साइड्-*n.* man slaughter, one who kills a human being. मनुष्य की हत्या, मनुष्य-घातक; **Homicidal** (-सिडल्)-*adj.* pertaining to homicide. मनुष्य-वध-सम्बन्धी।

Homily-हॉम्'-इल्-इ-*n.* a sermon, a moralising discourse. धार्मिक उपदेश, धर्मवाक्य।

Hominy-हॉम्'-इन् - इ-*n.* maize hulled and boiled in water. दलिया, महेरा।

Homo-हॉ-मो-*pref.* in the sense of, the same, common. 'सदृश अथवा सामान्य' अर्थ का उपसर्ग।

Homogeneal-हॉ-मो-जीन्'-इ-अल्, **Homogeneous**-हॉ-मो-जीन्'-इ-अस्-*adjs.* of the same kind. समान जाति का, एक ही प्रकार का।

Homologous-हॉ-मोल्'-ओ - गस् - *adj.* having the same relation or relative position. तुल्य परिमाण का।

Homonym-हॉ-मो-निम्-*n.* words of the same form but differing in sense. एक ही रूप किन्तु भिन्न अर्थवाले शब्द।

Homonymic-हॉ-मो-निम्'-इक्,**Homonymous** (-अस्)-*adjs.* equivocal. अनेकार्थ शब्द-सम्बन्धी।

Homy-होम्'-इ-*adj.* home-like. गृहवत्, घर के समान।

Hone-होन्-*n.* a whetstone. सान, सिल्ली;-*v. t.* to sharpen on a hone. सिल्ली पर हथियार तेज करना।

Honest-ऑन्'-ऍस्ट्-*adj.* fair and upright in dealings, sincere, faithful. निष्कपट, ईमानदार, सच्चरित्र, सच्चा; **Honestly** (-लि) -*adv.* in an honest manner. ईमानदारी से, सचाई से।

Honesty-ऑन्'-ऍस्ट्'-इ-*n.* uprightness, integrity. सत्यता, खरापन, ईमानदारी; **Honesty is the best policy** (maxim of self-interested morality.) सत्यता या ईमानदारी ही सबसे उत्तम मार्ग है।

Honey-हन्'-इ-*n.* the sweet fluid collected by bees, sweetness. मधु (शहद), मधुरता; **Honey-bee** (a bee that gathers honey.) मधुमक्खी।

Honeycomb-हन्'-इ-कोम्-*n.* the hexagonal cells of wax in which bees collect honey and lay eggs. मधुकोष, शहद की मक्खी का छत्ता।



Honeycomb.

Honeymoon-हन्' - इ-मून् - *n.* a month's holiday spent by newly married couple after marriage. विवाह के बाद दम्पति का आनन्द पूर्णमिलन-मास।

Honeysuckle-हन्'-इ-सक् - कल्-*n.* name of sweet-scented flower of clover. तिनपतिया के सुगन्धित फूल का नाम।

Honk-हॉङ्क्-*n.* the cry of a wild goose, sound of a motor-horn. जंगली बतख का शब्द, मोटर के भोंपे का शब्द।

Honorarium-ऑनरेरिअम्-*n.* the fee paid for professional services. किसी व्यवसाय का शुल्क या पारिश्रमिक, शुकराना।

Honorary - ऑनररि - *adj.* conferred as an honour, serving without pay, holding a title without performing any services. सम्मानार्थ प्रदत्त, अवैतनिक, बिना तनख्वाह का, बिना किसी सेवा के ही पदवी धारण करनेवाला।

Honorific- ऑनरिफ़िक् - *adj.* implying or conferring respect. मान या प्रतिष्ठा सूचक।

Honour-ऑन्'-अर्- *n.* dignity, high respect, good name, reverence, nobleness of mind, chastity. सम्मान, आदर, प्रतिष्ठा (सत्कार), कीर्ति, उदारता, सच्चरित्रता;-*v. t.* to venerate, to respect, to accept and pay (draft &c.) when due, to confer honour. प्रतिष्ठा करना, हुन्डी आदि सकारना, उपाधि देना; **Your honour, His honour.** श्रीमान्।

Honourable-ऑनरेबल्-*adj.* worthy of honour, illustrious, upright. माननीय, आदरणीय, सच्चरित्र ; **Honourably** (-ऍब्-लि)-*adv.* in an honourable manner. मानपूर्वक, न्यायपूर्वक, इज्जत के साथ।

Inn- इन् -*n.* a tavern, a hotel, a lodging-place for travellers. पथ का आवास, सराय, पथिकों के लिये आश्रम ; **Innkeeper** - *n.* (a tavern-keeper.) भठियारा; **Inns of Court** (incorporate) societies of lawyers in London.) लंदन के वकीलों का समाज या संघ।

Innate - इन्-नेट्' -*adj.* inborn, natural. सहज, स्वाभाविक; **Innately** (-लि)-*adv.* in an innate manner. स्वभाव से; **Innateness** (-नेस्) -*n.* the quality of being innate. स्वाभाविकता।

Innavigable- इन्- नैं- व्हिगेबल् -*adj.* not navigable. नाव के लिए अगम्य, जिस नदी, झील इत्यादि में नाव न चल सके।

Inner-इ-नर्-*adj.* internal, interior, at bottom, obscure. अन्तरस्थ, सबसे भीतर का, गुप्त; **Inner apartments** (the apartments within a house.) अन्तर्गृह, जनानखाना; **The inner**

man (the soul in man, knowledge. मनुष्य की अन्तरात्मा, बुद्धि, ज्ञान।

Innermost, Inmost- इ-नर्- मोस्ट्, इन्' -मोस्ट् *-adjs. sup. deg.* farthest inward. सबसे भीतर का।

Innervate - इनर्'-व्रे-ट्-*v. t.* to supplant with nerve force, to stimulate. स्नायु-शक्ति उत्पन्न करना, उत्तेजित करना।

Innervation-इनर्'-व्रे-शन् *-n.* a nervous influence. स्नायु-शक्ति का प्रभाव।

Inning-इ-निङ्ग् *-n.* a team's turn of batting (by either party) in a cricket match, in gathering of grains. क्रिकेट में किसी ओर का एक बारी का खेल, शस्य-संग्रह; *-n. pl.* land reclaimed from the sea. सागर से प्राप्त भूमि।

Innocence- इ- नो-सन्स्, **Innocency** (-सि) *-ns.* harmlessness, perfect moral, purity. निर्दोषता, पवित्रता।

Innocent- इ- नो- सेन्ट् *-adj.* free from guilt, sinless, guiltless, harmless. निष्कलङ्क, निर्दोष, निरपराध, निष्कपट; **Innocently** (-लि) *-adv.* in an innocent manner. निरपराध ढंग से।

Innocuity-इ-नॉ-क्यु-इटि-*n.* the quality of being harmless or sinless. साधुता, सज्जनता, अद्रोह।

Innocuous- इ -नॉ-क्यु- अस् *-adj.* harmless in effect. अनुपद्रवी, सीधा।

Innominate- इ- नॉ- मि- नेट् *- adj.* without a name. बिना नाम का।

Innovate- इ-नो- वेट् '*-v. i.* to make a change by introducing a novelty. नया सम्प्रदाय स्थापित करना।

Innovation -इ- नो- वे'-शन *-n.* a change in established methods. नवीन प्रवर्तन, नई पद्धति।

Innovator-इ-नो वे'-टर्-*n.* one who introduces a new change. नई रीति चलानेवाला।

Innoxious- इन् ऑक्शस् *-adj.* pure, harmless. शुद्ध, निर्दोष ; **Innoxiously** (-लि) *- adv.* harmlessly. बिना द्रोह या उपद्रव के; **Innoxiousness** (-नेस्)*-n.* harmlessness. अनुपकारिता।

Innuendo- इन्यु-ऍन्डो-*n.* (*pl.* **Innuendoes.**) a side-hint, allusive remark, indirect intimation or reference. वक्रोक्ति, व्यङ्ग, अप्रत्यक्ष सूचना या सन्दर्भ।

Innumerable- इन्-न्यू- म-रे- बल्-*adj.* countless, numberless. असंख्य, अनन्त, अनगिनती।

Innutrition-इन्-न्यु-ट्रिशन्-*n.* lack of nutrition. पोषण का अभाव; **Innutritious** (-ट्रि-शस) *adj.* not nutritious. पोषण करने में असमर्थ।

Inobservance- इन्'- ऑब्-ज़-र्व'-एन्स् *-n.* want of observance. ध्यान हीनता, उपेक्षा।

Inoculate-इ-नॉ- क्यु'-ल्-लेट्-*v. t.* to impregnate germs of disease in a person, to implant. किसी रोग का टीका लगाना, बैठाना; **Inoculation** (-ले- '-शन्) *-n.* सञ्चारण, किसी रोग का टीका; **Inoculative** (-इव्) *-adj.* टीका लगाने के सम्बन्ध का; **Inoculator** (-ले '-टर्) *-n.* one who inoculates. टीका लगानेवाला।

Inodorous- इन् - ओ'- डर्-स्- *adj.* having no odour, scentless. निर्गन्ध, गन्धहीन, बिना गन्ध का।

Inoffensive- इन् - ऑफेन्सिव् *-adj.* not offending or objectionable, harmless. अबाधक, निरपराध (निर्दोष), पीड़ा न देनेवाला; **Inoffensively** (-लि)*-adv.* in an inoffensive way. पीड़ा न देनेवाले ढंग से; **Inoffensiveness** (-नेस्) *-n.* harmlessness. निर्दोषता।

Inofficial- इन्'- ऑ-फ़िशल्-*adj.* without usual forms of authority. बिना अधिकार का; अनधिकारिक ; **Inofficially** (- लि) *- adv.* unofficially. बिना अधिकार के।

Inofficious- इन्- ऑफ़िशस् *-adj.* not officious, contrary to moral duty. अनैतिक, नीति-विरुद्ध।

Inoperative-इन्-ऑ-परे '-टिव्-*adj.* not operative, producing no effect. अकार्य-साधक।

Inopportune- इन्-ऑ- पर्चू - न्- *adj.* inconvenient, unseasonable. असामयिक, अकालिक, कुसमय का; **Inopportunely** (- लि) *-adv.* untimely, unseasonably. अकाल में, कुसमय में;

Inopportuneness (-नेस्) *-n.* untimeliness. असमय, अनवसर।

Inopulent-इन्-ऑप्यु-लेन्ट् *-adj.* unwealthy, not rich. धनहीन, दरिद्र।

Inordinate- इन् - ऑर्डिनेट्- *adj.* immoderate, excessive, disorderly. अमर्यादित, अपरिमित (बेहद), अस्त-व्यस्त; **Inordinately** (-लि) *-adv.* in an excessive manner. अत्यधिक रूप में; **Inordination** (-ने '-शन्), **Inordinateness** (-नस्) *-ns.* excessiveness. अत्यधिकता।

Inorganic- इन्- ऑर्- गन्'-इक्-*adj.* having no organic structure. निर्जीव, अप्राणी; **Inorganic Chemistry** (Chemistry of mineral substances.) धातु इत्यादि सम्बन्धी रसायन शास्त्र; **Inorganically** (-इ- क- लि) *- adv.* without organs. बिना अङ्ग के।

Inorganization- इन्-ऑर्गनाइज़ेशन् *-n.* lack of organization. संविधान (रचना) हीनता।

Inornate- इन्- ऑर्न्- एट् - *adj.* not elaborate अविस्तृत।

Inosculate-इन्‌-ऑस्‌'-क्यू - लेट्‌'-*v. t. & i.* to join or unite closely, to be interwoven. जोड़ना (मिलाना), गुथा होना; **Inosculation** (-लेशन्‌) *-n.* union. जोड़, मिलाव ।

Inpouring-इन्‌'-पो - रिङ्ग्‌ - *adj.* pouring in. भीतर की ओर गिरता हुआ ।

Inquest-इन्‌' - क्वेस्ट्‌'-*n.* a legal or judicial inquiry into a matter. अन्वेषण, देखभाल (तहक़ीक़ात) ।

Inquietude-इन्‌ - क्वाइ - ऐ - ट्यूड्‌-*n.* want of mental or bodily rest. मानसिक या शारीरिक शान्ति का अभाव ।

Inquire, Enquire-इन्‌-क्वायर्‌', ऍन्‌-क्वायर्‌-*v. t. & i.* to make a search into, to ask for, to examine. अन्वेषण करना, पूछना, जाँचना ।

Inquirer-इन्‌-क्वायरर्‌-*n.* one who makes an inquiry. पूछने या जाँचनेवाला ।

Inquiringly-इन्‌-क्वायरिङ्ग्‌-लि-*adv.* by way of inquiry. पूछते या जाँचते हुए ।

Inquiry, Enquiry-इन्‌ -क्वाइ'-रि, ऍन्‌-क्वाइ'-रि *-ns.* asking, investigation, research. पूछ-ताछ, देखरेख, जाँच-पड़ताल, अन्वेषण ।

Inquisition - इन्‌' - क्वि - ज़िशन्‌ *-n.* a search, an inquiry, inquest, an investigation. खोज, अन्वेषण, जाँच, तहक़ीक़ात; **Inquisitional**(-अल्‌) *-adj.* pertaining to inquiry. जाँच सम्बन्धी ।

Inquisitive-इन्‌-क्विज़ि - टिव्‌ - *adj.* inquiring, curious. जिज्ञासु (जानने की इच्छा करनेवाला), कुतूहली; **Inquisitively** (-लि) *-adv.* in an inquisitive manner. कुतूहल से, जिज्ञासापूर्वक; **Inquisitiveness** (-नेस्‌) *-n.* the quality of being inquisitive. जिज्ञासा, कुतूहल ।

Inquisitor-इन्‌ - क्विज़िटर्‌-*n.* an investigator. जाँच करनेवाला ।

Inquisitorial-इन्‌-क्विज़ि - टोरिअल्‌-*adj.* pertaining to inquiry. जाँच या तहक़ीक़ात सम्बन्धी; **Inquisitorially** (-लि) *-adv.* in the manner of an inquisitor. तहक़ीक़ात करते हुए ढंग से ।

Inrail-इन्‌ - रेल्‌' - *v. t.* to enclose with rails. रेलिंग लगाकर बन्द करना ।

Inroad - इन्‌ - रोड्‌ - *n.* an encroachment, a raid, an attack. अतिक्रमण, धावा, आक्रमण ।

Inrush-इन्‌' - रश्‌-*n.* a rushing in or inflow. भीतर की ओर तीव्र बहाव ।

Insalivate- न्‌ - सैलिवेट्‌ - *v. t.* to mix food with saliva. भोजन को लार (थूक) से मिलाना; **Insalivation** (-वे-शन्‌) *-n.* the mixing of saliva with food. लार से मिलाने की क्रिया ।

Insalubrious-इन्‌'-सी - ल्यू' - ब्रि-अस्‌-*adj.* unwholesome, unhealthy. अस्वास्थ्यकर, अस्वस्थ।

Insalubrity-इन्‌-साल्‌' - यू - ब्रि-टि-*n.* want of salubrity. अस्वास्थ्य, अनारोग्य ।

Insane-इन्‌ - सेन्‌' - *adj.* deranged in mind. भ्रान्तचित्त, विह्वल, पागल; **Insanely** (-लि) *-adv.* in an insane manner. पागलपन से; **Insaneness** (-नेस्‌) *-n.* insanity. उन्माद, पागलपन ।

Insanitary - इन्‌ - सी - निट-रि-*adj.* unhealthy. अस्वास्थ्यकर, आरोग्य के लिये हानिकर ।

Insanity-इन्‌-सी - नि-टि - *n.* derangement of mind. उन्माद, पागलपन ।

Insatiability-इन्‌-से'-श्य-बिलिटि-*n.*the quality of being greedy. अति लोलुपता; **Insatiably** (-ऍब्‌-लि) *-adv.* with greediness. असन्तोष से ।

Insatiable-इन्‌-से'-श्य-ब्ल-*adj.* not to be satisfied, very greedy. न सन्तुष्ट करने योग्य, अति लोलुप (लालची) ।

Insatiate-इन्‌-से' - शि - एट्‌-*adj.* never satisfied. असन्तुष्ट, अतृप्त ।

Inscribable-इन्‌-स्क्राइ-बे - ब्ल्‌ *-adj.* that may be inscribed. लिखने योग्य ।

Inscribe-इन्‌-स्क्राइब्‌'-*v. t.* to write, to enter in a list, to engrave, to make, to draw a figure within another. लिखना, सूची में भरना, नक़ाशी बनाना, रेखागणित में एक आकृति के भीतर दूसरी बनाना; **Inscribed** (-ड्‌) - *adj.* imprinted, engraved, drawn inside. अंकित किया हुआ, खोदा हुआ, अन्तर्गताङ्कित ।

Inscription-इन्‌ - स्क्रिप्शन्‌ - *n.* something inscribed or engraved. लेख, शिलालेख; **Inscriptional** (-अल्‌), **Inscriptive** (-स्क्रिप्‌-टिव्‌) *-adjs.* pertaining to inscription. शिलालेख-सम्बन्धी ।

Inscrutability-see **Inscrutable.**

Inscrutable-इन्‌ -स्क्रू'-टे-ब्ल्‌-*adj.* that cannot be penetrated, mysterious. अप्रवेश्य, अगाध, दुर्बोध; **Inscrutability** (-बिलि-टि), **Inscrutableness** (-नेस्‌)*-ns.* the quality of being inscrutable. दुर्ज्ञेयता, अगाधता; **Inscrutably** (-टेब्‌-लि)*-adv.* in an inscrutable or mysterious manner. परम गहनता से ।

Insect-इन्सेक्ट्‌-*n.* a small invertebrate creeping or flying animal, an insignificant creature. कृमि, कीड़ा-मकोड़ा, तुच्छ प्राणी; **Insect powder** (a dry powder which is used for killing fleas and other insects.) कीड़े-मकोड़ों को मारने की बुकनी ।

Insectarium-इन्-सें - क्टेरिअम् -*n.* a place for keeping insects. कीड़े-मकोड़ों को पालने का स्थान।

Insecticide-इन्-सेंक्टि - साइड् -*n.* killing of insects. कृमिहत्या।

Insectivorous-इन्सेंक्टिवॅरस् -*adj.* insect eating. कीट-भोजी।

Insectology-इन्-सेंक्टॅलॅजि-*n.* the science of insects. कृमिशास्त्र।

Insecure-इन्सिक्योर्-*adj.* not secure, unsafe, liable to give way. असुरक्षित, नमनशील।

Insecurity-इन्सिक्योरिटि-*n.* fear, danger, uncertainty. भय, संकट, विपत्ति, संशय, अनिश्चितता।

Inseminate-इन्-सेंमि नेट्-*v. t.* to sow seeds. बीज बोना; **Insemination** (-नें'-शन्)-*n.* the act of sowing seeds. बुवाई, बीज बोने का कार्य।

Insensate-इन् - सेंन् - सेंट् - *adj.* destitute of sense. ज्ञानशून्य, ज्ञानरहित।

Insensibility-इन् - सेंन्सिबिलिटि - *n.* lack of feeling, stupidity, inconsciousness. अचेतनता, अज्ञानता, जड़ता, मूर्छा।

Insensible-इन्-सें न्सि-बूल्-*adj.* without sense or feeling. चेतनाहीन (मूर्छित), अचेत।

Insensibly-इन् - सें न्सिब्-लि - *adv.* imperceptibly. अलक्ष्य रूप में।

Insensitive-इन्-सें-न्सि - टिव् - *adj.* not sensitive. अचेतन, स्पर्श का अनुभव न रखनेवाला; **Insensitiveness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being insensitive. चेतना-शून्यता।

Insentient - इन् - सेंन्श्यन्ट्-*adj.* lifeless. प्राणहीन, जीवरहित।

Inseparability-see **Inseparable.**

Inseparable-इन्-सेंपरे - बूल् -*adj.* that cannot be separated. अविभेद्य, पृथक् न करने योग्य; **Inseparability** (-बिलि टि), **Inseparableness** (-नेंस्)-*ns.* the quality of being inseparable. अपृथक्त्व; **Inseparably** (-रॅब्-लि) -*adv.* in an inseparable manner. अपृथक् रूप में या ढंग से।

Insert-इन्सर्ट्-*v. t.* to place or fit one thing into another, to introduce into, to thrust in. एक पदार्थ में दूसरा बैठाना, भरना।

Insertion-इन्-सर्शन्-*n.* a thing inserted, an ornamental needle work inserted into another material. प्रवेशन, जोड़, गोटा-किनारी इत्यादि लगाना।

Inset - इन्' - सेंट्-*n.* the extra pages or a map inserted in a book. अधिक पृष्ठ अथवा नक्शा जो पुस्तक में जुड़े हों; -*v. t.* (*p. t.* **Insetted.**) to infix or implant. इस प्रकार पृष्ठ लगाना।

Inseverable-इन्- सेंव़रे -बूल्-*adj.* unable to be separated. न अलगाने योग्य।

Insheathe-इन्-शीद्' - *v. t.* to cover with a sheath. मियान लगाना।

Inshore-इन्'-शोर् -*adv.* close to shore. समुद्र के समीप।

Inside-इन्'-साइड्-*n., adj. & adv.* inner portion, interior, situated within. भीतरी भाग, भीतरी, भीतर की ओर स्थित; **Insider** (-अर्)-*n.* the member of a society. किसी सभा का सदस्य।

Insidious-इन्-सिडि-अस्-*adj.* crafty, treacherous. कपटी (छली), धूर्त; **Insidiously** (-लि) -*adv.* in a treacherous manner. छल (कपट) से; **Insidiousness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being treacherous. कपट।

Insight-इन्'-साइट् -*n.* a clear perception into the true nature of a thing. परिज्ञान, निरीक्षण।

Insignia-इन्-सिग्निआ-*n. pl.* badges or distinguishing marks of an office or honour. अधिकार-चिह्न, परतला, तमगा इत्यादि।

Insignificance-इन्'-सिग्निफ़िकॅन्स्-*n.* want of significance or importance. महत्त्व-हीनता, तुच्छता।

Insignificant-इन्-सिग्निफ़िकॅन्ट् - *adj.* unimportant, meaningless, trifling. महत्त्वहीन, निरर्थक, तुच्छ, सत्वहीन; **Insignificantly** (-लि)-*adv.* without importance. महत्त्वहीन रूप में या ढंग से।

Insincere-इन् - सिन् - सिअर्'-*adj.* not sincere, deceitful, hypocritical, false. असत्य, कपटी, कुटिल, झूठा; **Insincerely** (-लि) -*adv.* without sincerity. कपट से।

Insincerity-इन्-सिन्सें रिटि - *n.* deceitfulness, hypocrisy. कपट, असत्यता।

Insinuate-इन् - सिन्यु - एट् -*v. t.* to introduce gradually, to instil, to hint indirectly. धीरे-धीरे उसकाना, हृदय में बैठाना, इशारा करना।

Insinuatingly-इन्-सिन्यु एटिङ्ग्-लि-*adv.* in an insinuating manner. उसकाते हुए।

Insinuation-इन् - सिन्यु - ए' - शन् -*n.* act of insinuating. फुसलाव, भेद।

Insinuator-इन्-सिन्यु - एटर् - *n.* he who insinuates. उसकानेवाला, भड़कानेवाला।

Insinuative-इन् - सिन्यु - एटिव् - *adj.* tending to insinuate. उत्तेजित करनेवाला।

Insipid-इन्-सिपिड्-*adj.* tasteless, lifeless, spiritless, dull, not interesting. बेस्वाद, निर्जीव, निःसत्व, निस्तेज, अरोचक; **Insipidly** (-लि) -*adv.* tastelessly. असारता से, अरोचकता से **Insipidness** (-नेंस्) -*n.* want of taste or spirit. अस्वादुता या असारता।

Insipient-इन्-सिपि-ऐन्ट् *adj.* wanting in sense or wisdom. बुद्धिहीन ।

Insist-इन्-सिस्ट्'-*v. i. & t.* to dwell long upon, to maintain positively, to urge as a command. आग्रह करना, देर तक झगड़ना, हठ करना ।

Insistence, Insistency-इन्-सिस्ट्'-ऐन्स्, (-सि) -*ns.* act of insisting. हठ ।

Insistent-इन्-सिस्ट्'-ऐन्ट् -*adj.* dwelling on. हठी; **Insistently** (-ऐन्ट्-लि) -*adv.* हठपूर्वक ।

Insobriety-इन्-सो-ब्राइ' - अ -टि-*n.* intemperance, want of sobriety, drunkenness. असंयम, पियक्कड़पन ।

Insolate-इन्-सोलेट् -*v. t.* to dry in the sun. धूप में सुखाना ।

Insolation-इन्-सो-ले'-शन् - *n.* the act or process of exposing to the sun's rays for bleaching &c. भानुपाक, शुद्ध करने के लिये सूर्य की किरणों के सामने रखने की क्रिया ।

Insolence-इन्'सॅ-लॅन्स्-*n.* impudence, haughtiness. धृष्टता, अविनय ।

Insolent-इन्'-सॅ-लॅन्ट्-*adj.* insulting, haughty. उद्धत (धृष्ट), ढीठ; **Insolently** (-लि)*adv.* in an insolent manner. धृष्टता से, ढीठपन से ।

Insolubility-see **Insoluble.**

Insoluble-इन्-सॉ-ल्यू-ब्ल् - *adj.* that cannot be dissolved in a fluid. न घुलने योग्य, अघुलनशील; **Insolubility** (-बिलि टि), **Insolubleness** (-नॅस्) -*ns.* the quality of being insoluble. न घुलने का गुण, अघुलनशीलता; **Insolubly** (-ब्लि)-*adv.* in an insoluble manner. न घुलते हुए ।

Insolvable-इन्-सॉ'-ल्वॅ-ब्ल् -*adj.* that cannot be solved or explained. हल या व्याख्या न करने योग्य ।

Insolvency-इन्-सॉल्वॅ न्सि-*n.* inability to pay debt. दिवाला ।

Insolvent-इन्-सॉल्'-वॅन्ट्-*n. & adj.* a debtor who is unable to pay off his debts. निर्धन, दिवालिया ।

Insomnia-इन्-सॉम्'-नि - आ-*n.* sleeplessness. निद्रा का अभाव, अनिद्रा, निद्रा न आने का रोग; **Insomnious** (-नि-अस)-*adj.* sleepless. नींद न आनेवाली, निद्राहीन ।

Insomuch-इन्'-सो-मच् -*adj.* to such an extent, so that. यहाँ तक, इसलिये कि ।

Insouciance-इन्' - सू'-सि-अन्स्-*n.* unconcern. असावधानी ।

Insouciant-इन्-सू' - सि - अन्ट्, ऑन्-सू-सी - ऑन् -*adj.* careless. सावधान, प्रमत्त ।

Inspan-इन्-स्पॅन्-*v. t.* to yoke oxen to a cart. गाड़ी में बैलों को जोतना ।

Inspect-इन्-स्पॅक्ट्-*v. t.* to superintend, to examine in an official manner. निरीक्षण करना परीक्षा करना, जाँचना; **Inspective** (-इव्)-*adj.* pertaining to inspection. निरीक्षण संबन्धी ।

Inspection-इन्-स्पॅक्शन्-*n.* the act of inspecting. निरीक्षण, परीक्षा ।

Inspector-इन्-स्पॅक्टर् -*n.* (*fem.* **Inspectress** -ट्रॅस्) one who inspects, a superintendent. निरीक्षक, कार्याध्यक्ष; **Inspectorship** (-अर-शिप्) -*n.* the office of an inspector. निरीक्षक का पद, अध्यक्षता ।

Inspectorial-इन्-स्पॅक्टोरिअल् -*adj.* pertaining to an inspector. निरीक्षक या अध्यक्ष-सम्बन्धी ।

Inspiration-इन्-स्पि-रे'-शन्-*n.* the inhaling of air, divine influence. उच्छ्वास (भीतर को साँस खींचना), ईश्वर-प्रेरणा (दैवज्ञान); **Inspirational** (-अल्)-*adj.* pertaining to inspiration. दैवज्ञान सम्बन्धी ।

Inspirator-इन् -स्पिरेटर् -*n.* an apparatus for inspiration. श्वास लेने का यन्त्र ।

Inspire-इन्-स्पायर्'-*v. t.* to inhale, to animate, to infuse supernatural element into. श्वास लेना, उत्तेजित करना, दैवी भावना उत्पन्न करना

Inspiring-इन्-स्पायरिङ्ग्-*adj.* infusing spirit, animating. उत्तेजक, प्रेरक, स्फूर्तिवर्धक ।

Inspirit-इन्-स्पिरिट् -*v. t.* to put life into, to invigorate, to encourage. जीवन या तेज लाना, उत्साहित करना, साहस देना; **Inspiriting** (-इङ्ग्)-*adj.* encouraging. उत्तेजक, उत्साहक, साहस देनेवाला ।

Inspissate-इन्-स्पि-सेट् -*v. t.* to make thick, to condense. गाढ़ा करना, थक्का बनाना; -*adj.* thick. गाढ़ा; **Inspissated** (-ऐड्)-*adj.* thickened. गाढ़ा किया हुआ; **Inspissation** (-सें-शन्) -*n.* the operation of thickening. गाढ़ा करने की क्रिया ।

Instability-इन्-स्टॅ-बिल्'-इ-टि-*n.* want of stability or firmness, fickleness. चंचलता, अस्थिरता ।

Instable-इन्-स्टे'-ब्ल्-*adj.* fickle. चंचल ।

Install-इन्-स्टॉल् -*v. t.* to place in an office, to invest with customary ceremonies. अधिकार पर नियुक्त करना, संस्कार करना, राजगद्दी पर बैठाना ।

Installation-इन्-स्टॉ'-लेशन् -*n.* the act of installing, induction to office. राज्याभिषेक, राजगद्दी पर बैठाने का कार्य ।

Installed-इन्-स्टॉल्' -ड् *adj.* invested with authority. अधिकार प्राप्त, अभिषिक्त ।

Instalment-इन्-स्टॉल्'-मेन्ट्-*n.* part payment of a sum of money due. ऋणभाग (अंश), किस्त ; **By instalments** (in parts.) टुकड़े-टुकड़े करके ।

Instance-इन्'-स्टेन्स्-*n.* an example, a law suit, an occurrence. उदाहरण (दृष्टान्त), मुकदमा, घटना ; -*v. t.* to exemplify. दृष्टान्त देना ;**At the instance of** (being solicited or urged by.) प्रेरित होकर, प्रार्थना किये जाने पर; **For instance** (for example.) यथा, उदाहरणत: या उदाहरण के रूप में; **In the first instance** (for the first time.) पहली बार ।

Instancy-इन्'स्टेन्सि-*n.* urgency. आवश्यकता, जरूरत ।

Instant-इन्'-स्टेन्ट् -*n.* precise moment, a day of the current month. क्षण, वर्तमान मास की एक तिथि; - *adj.* present, current. वर्तमान, आधुनिक; **At that very instant** (at the very moment.) तत्काल ही; **For an instant** (for a moment.) क्षणभर के लिये; **In an instant** (immediately.) क्षणमात्र में, तत्काल ।

Instantaneous-इन्-स्टन्टे-नि-अस् -*adj.* done in an instant. तुरन्त; **Instantaneously** (-लि) -*adv.* in a moment. उसी क्षण (पल भर) में; **Instantaneousness** (- नेस्)-*n.* the quality of being instantaneous. क्षणमात्रता ।

Instantly-इन्-स्टेन्ट्'-लि-*adv.* at once. तुरन्त, झटपट ।

Instar-इन्-स्टार्' *v. t.* (*p. t.* **Instarred.**) to adorn with stars. तारों से सजाना ।

Instate-इन्-स्टेट्-*v. t.* to put in possess ion, to install, to set or place. अधिकार देना, पद पर बिठाना, रखना ।

Instead-इन्-स्टेड्' -*adv.* in place of, as a substitute of. स्थान में, बदले में ।

Instep-इन्-स्टेप्-*n.* the upper or fore part of the human foot. मनुष्य के पैर का ऊपरी भाग।

Instigate-इन्'-स्टि-गेट्-*v. t.* to urge, to incite, to provoke for a crime. उत्तेजित करना, उसकाना, अपराध करने के लिये उभाड़ना ।

Instigation-इन्-स्टि-गे'- शन्-*n.* incitement, impulse to do an evil act. प्रोत्साहन, कुकर्म कराने के लिये उसकाव या भड़काव ।

Instigator-इन्-स्टि-गे'-टर्-*n.* one who instigates. उत्तेजक, कुकर्म कराने के लिये उभाड़नेवाला ।

Instil-इन्-स्टिल्'-*v. t.*(*p. t.* **Instilled.**) to pour in by drops, to infuse gradually. बूँद-बूँद करके टपकाना, धीरे धीरे प्रवेश करना ।

Instinct-इन्'-स्टिङ्क्ट्-*n.* the innate propensity in animals, intuition, innate impulse, involuntary promptings for action. प्राणियों की स्वाभाविक प्रवृत्ति, सहज ज्ञान, अन्त:प्रेरणा, अन्तर्जात प्रवृत्ति ।

Instinctive-इन्-स्टिङ्क्ट्'-इव्-*adj.* prompted by instinct or natural impulse. स्वाभाविक, स्वभाव से प्रेरित; **Instinctively** (-लि)-*adv.* by force of instinct. स्वभाव से, अन्त:प्रवृत्ति द्वारा ।

Institute-इन्'-स्टिट्-यूट् -*n.* a society, body or organization. (बा.व.) -(*pl.*) elements of law. संस्था, सभा, नियम, विधि;-*v. t.* to establish, to ordain, to found, to set up. स्थापित करना, आरंभ करना, नींव डालना, प्रचलित करना ।

Institution-इन्-स्टिट्-यू'-शन्-*n.* establishment, law, foundation, society. संस्था, विधि, व्यवस्था, सभा (समाज) ; **Institutional** (-अल्)-*adj.* pertaining to an institution. संस्था-सम्बन्धी ।

Institutor-इन्-स्टिट्-यू'-टर्-*n.* one who founds an order. किसी संस्था का प्रवर्तक या आरम्भ करनेवाला ।

Instruct-इन्-स्ट्रक्ट्'-*v. t.* to teach, to impart knowledge, to enjoin, to inform, to command, to direct. शिक्षा देना (पढ़ाना), आज्ञा देना, सूचना करना, समझाना ।

Instruction-इन्-स्ट्रक्शन्-*n.* teaching, direction, orders. उपदेश (शिक्षा), आज्ञा ; **Instructions**-(*pl.*) a client's directions to a counsel. वकील को मुकदमे के विषय में निर्देश; **Instructional** (-अल्) -*adj.* pertaining to instructions. शिक्षा-सम्बन्धी ।

Instructive-इन्-स्ट्रक्टिव्-*adj.* serving to instruct or inform. शिक्षाप्रद, सूचक; **Instructively** (-इव्-लि) -*adv.* so as to afford instruction. शिक्षा देते हुए; **Instructiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being instructive. शिक्षाप्रद होने का गुण ।

Instructor-इन् स्ट्रक्टर्-*n.* teacher. शिक्षक, उपदेशक, अध्यापक, गुरु; **Instructress** (-ट्रेस्) -*n. fem.* a female teacher. अध्यापिका, गुरुआइन ।

Instrument-इन्'-स्ट्रु-मेन्ट्-*n.* a tool or implement, means for a purpose, an agent, a written deed. यन्त्र, औजार, निमित्त, साधक, लिखित बन्ध-पत्र ;**Musical instrument** (a contrivance for producing musical sounds.) वाद्य, बाजा; **Stringed instrument** (one producing musical sound by the vibration of strings.) ताँत या तार का बाजा; **Wind instrument** (producing musical sound by blowing air into the pipe &c.) हवा फूँककर बजाया जानेवाला बाजा ।

Instrumental-इन्-स्ट्रु मेन्टल् -*adj.* as a means

to, performed with or pertaining to musical instruments, pertaining to the case denoting instrument. कारण (सहायक), निमित्त, बाजे से उत्पन्न या सम्बन्धित, तृतीया विभक्तिका; **Instrumentalist** (-इस्ट्)-*n.* one who plays on a musical instrument. बाजा बजानेवाला ।

Instrumentality-इन्'-स्ट्-मेन्टैलि-टि-*n.*usefulness, conductivity. कारणत्व, साधनत्व ।

Instrumentally -इन्'- स्ट्रु - मेन्ट् -अलि-*adv.* by means of an instrument. वाद्ययन्त्र या विधि द्वारा ।

Instrumentation-इन्-स्ट्रु-मेन्टेशन्-*n.* arranging of music for playing on musical instruments. बाजे पर गाने के लिये गीत का प्रबन्ध ।

Insubordinate- इन्- सबॉर्डिनेट् -*adj.* disobedient, unsubmissive. अविनीत, अवज्ञाकारी; **Insubordination** (-ए'-शन्)-*n.* disobedience to lawful authority. आज्ञाभङ्ग, अवज्ञा ।

Insubstantial-इन्'-सब् स्टैन्शल्-*adj.* lacking in reality, unreal. निःसार (निःसत्त्व), अवास्तविक ।

Insufferable-इन्-स-फ़र्-ऍ-बल्-*adj.* intolerable, greatly arrogant, conceited. असह्य, अति धृष्ट, दम्भी, घमंडी ।

Insufficiency-इन्'-स-फ़ि-शॅ-न्सि-*n.*inadequateness, want of sufficiency. अपर्याप्तता, न्यूनता (हीनता), कमी ।

Insufficient-इन्'-स-फ़ि-श्यन्ट्-*adj.* not sufficient, inadequate, incompetent. अपर्याप्त, अयोग्य, अनुचित; **Insufficiently** (-लि) -*adv.* in an insufficient manner. अपूर्णता से ।

Insufflate-इन्-स-फ़्लेट्-*v. t.* to blow air into. हवा भरना; **Insufflation** (-फ़्लें- शन्)-*n.* the act of breathing upon. वायु भरने की क्रिया ।

Insular-इन्स्युलर्-*adj.* pertaining to an island surrounded by water. द्वीप (टापू) सम्बन्धी, जल से घिरा हुआ; **Insularity** (-रि-टि) -*n.* the state of being insular. जल से घिरावट ; **Insularly** (-लि) *adv.* in an insular state. जल से घिरी अवस्था में ।

Insulate-इन्स्यू-लेट्-*v. t.* to make into an island, to isolate, to keep apart, to separate by a non-conducting substance. टापू बनाना, पृथक् करना, अलग करना, बिजली की धारा को अप्रवेश्य बनाना; **Insulated** (-ऍड्) -*adj.* separated by a non-conductor. पृथक् स्थिति का, बिजली की धारा का अवरोधक;**Insulation** (-लें-शन्)-*n.* the act of insulating, state of being insulated. पृथक्करण, बिजली की धारा का अवरोधन ; **Insulator** (-ले'-टर्)-*n.* that which insulates, a non-conductor. अलगानेवाला, ऐसा साधन जिसमें बिजली की धारा का संचालन न हो सके ।

Insult- इन्'- सल्ट् -*n.* an insulting speech, affront, abuse in words or action, indignity. अपमान, मानभंग, तिरस्कार, गाली-गलौज, अनादर;-*v. t.* (इन्-सल्ट्') to treat with insult, to abuse. अनादर (तिरस्कार) करना, गाली देना; **Insulter** (-अर्) -*n.* one who insults. अपमान करनेवाला; **To add insult to injury.** कटे पर नमक छिड़कना ।

Insulting-इन् -सल्ट्'-इङ्ग्-*adj.* expressing insult.अपमानकारी; **Insultingly**(-इङ्ग्-लि)-*adv.* in an insulting manner. अपमान करते हुए ।

Insuperability-see **Insuperable.**

Insuperable-इन्-सुपॅरॅ-बल्-*adj.* unsurpassable, invincible. दुस्तर (अलभ्य), अजेय; **Insuperably** (-ऍब् लि) - *adv.* दुस्तरता से; **Insuperability** (-ऍ-बिलि-टि), **Insuperableness** (-नॅस्)-*ns.* insurmountableness. अजेयता, दुस्तरता ।

Insupportable - इन्- सपोर्ट्'-ऍ-बल् - *adj.* unbearable. असह्य, न सहने योग्य; **Insupportably** (-ऍब्-लि) -*adv.* to an unbearable degree. असह्यता से ।

Insuppressible- इन्-स- प्रॅ- सि'-बल्, **Insuppressive** (-इव्)-*adjs.* that cannot be suppressed. न दबाने योग्य ।

Insurable- इन्- श्यो रॅ '-बल् - *adj.* fit to be insured. बीमा करने योग्य ।

Insurance-इन्- श्यो-रॅन्स्-*n.* insuring, security against loss by the payment of a certain periodical amount. रक्षा, बीमा; **Life insurance** (the contract for payment of a certain sum of money on a person's death.) जीवनबीमा ।

Insurant- इन्-श्यो - रॅन्ट् - *n.* a policy-holder. जीवन बीमा करानेवाला ।

Insure- इन्-श्योर्- *v. t.* to secure against loss by the payment of insurance money. नाश के निवारण के लिये बीमा करना; **Insurer** (-अर्) -*n.* one who insures. बीमा करनेवाला ।

Insurgency-इन्- सर्'-जॅन्-सि-*n.* insurrection. राजद्रोह, बलवा ।

Insurgent- इन्- सर्'-जॅन्ट् -*adj. & n.* rising in revolt, a rebel. राजद्रोही, क्षोभकारी, बलवाई ।

Insurmountable-इन्- सर्-माउन्ट्'- ऍ-बल्-*adj.* unable to be overcome, insuperable. अलंघनीय, अविजेय (न जीतने या दबाने के योग्य); **Insurmountably** (-ऍब-लि) -*adv.* in an insuperable manner. अविजित रूप में या ढंग से ।

Insurrection-इन्-सरॅक्शन्-*n.* a revolt, an open rebellion. राजविद्रोह (विप्लव), बलवा; In-

surrectional(-अल्), **Insurrectionary** (-अरि) *-adjs.* pertaining to rebellion. बलवाई; **Insurrectionist** (-इस्ट्)*-n.* one who revolts. राजविद्रोही।

Insusceptibility - इन्'-स - सॅप्टि - बिलिटि *-n.* absence of susceptibility. प्रभाव न पड़ने की योग्यता।

Insusceptible-इन् - स - सॅप्टि- बुल् - *adj.* not susceptible, not able to be moved or affected. विकारहीन, प्रभाव न पड़ने योग्य।

Intact- इन्'-टॅक्ट्-*adj.* uninjured, unharmed, entire, unimpaired. अखण्ड (अभेद्य), बिना टूटा-फूटा।

Intactable-इन्-टॅक्ट्'-ए-बुल्-*adj.* not perceptible by touch. स्पर्श से न जानने योग्य।

Intaglio - इन्टॅल्यो *-n.* an engraved design. नकाशी का काम।

Intake-इन्'-टेक्-*n.* the inlet of a pipe. नली का प्रवेश-मार्ग।

Intangibility-इन्-टॅन्'-जि- बिल्'-इ-टि, **Intangibleness** (-नेस्)*-ns.* the quality of being intangible. अस्पृश्यता।

Intangible-इन्-टॅन्'-जि-बुल्-*adj.* that cannot be touched, that cannot be grasped by the mind. अस्पृश्य, अविचारणीय; **Intangibly** (-जिब्'-लि) *-adv.* स्पर्श न करते हुए।

Integer- इन्टि-जर् *-n.* a whole or undivided number (*Arith.*), a thing complete in itself. गणित में पूर्णाङ्क (अभिन्न अङ्क), पूर्ण संख्या।

Integral- इन्टि - ग्रल् *-adj.* complete, whole, entire. सम्पूर्ण,समस्त, पूरा; **Integrally** (-ग्र-लि) *-adv.* completely, entirely. पूर्ण संख्या में।

Integrant- इन्टि-ग्रॅन्ट् *-adj.* making part of a whole. पूर्ण संख्या का अंश बनाता हुआ।

Integrate- इन्टि - ग्रे ट्- *adj.* made up of parts. अंशों (टुकड़ों) का बना हुआ: *-v. t.* (ग्रे ट्') to make entire. पूर्ण संख्या बनाना।

Integration-इन्-टि-ग्रे'-शन्-*n.* the act of integrating or joining. जोड़ने का कार्य, युग्मन।

Integrator-इन्टि- ग्रे -टर् - *n.* that which completes. पूर्ण करनेवाला, पूरक।

Integrity- इन्टि - ग्रि- टि - *n.* wholesomeness, honesty, soundness, purity. पूर्णता, सचाई, ईमानदारी, स्थिरता, पवित्रता।

Integument-इन् -टेग्'-यु-मॅन्ट्-*n.* skin, husk, outer-covering. छाल, छिलका, आवरण।

Integumentary-इन्-टेग्-यु-मॅन्ट-रि-*adj.* belonging to outer covering. आवरण (ऊपरी भाग) सम्बन्धी।

Intellect-इन्ट्'-अ-लॅक्ट्-*n.* the faculty of thinking, understanding. बुद्धि, ज्ञान (समझ)।

Intellection-इन्ट्'-अलॅक्शन्-*n.* the process of understanding. समझने की विधि या क्रिया।

Intellective-इन्ट्'-अलॅक्टिव्-*adj.* perceptible by intellect. बुद्धि द्वारा ज्ञात; **Intellectively**(-लि) *-adv.* बुद्धिमानी से।

Intellectual-इन्ट्'-अलॅक्चुअल्-*adj.* relating to intellect. मानसिक बुद्धि सम्बन्धी।

Intellectuality-इन्ट्'-अलॅक्चुअलिटि-*n.* intellectual power. बुद्धिमानी।

Intellectually-इन्ट्'-अलॅक्चुअलि-*adv.* by means of understanding. बुद्धिमानी से।

Intelligence-इन्-टॅ-लि-जॅन्स्-*n.* intellect, sagacity, information, notice, news. बुद्धि, ज्ञान, चतुराई, वृत्तान्त, वार्ता, सूचना, खबर, समाचार।

Intelligent- इन् -टॅ- लि - जॅन्ट् - *adj.* quick to learn, skilled, well-informed. बुद्धिमान, चतुर (निपुण), सुबोध; **Intelligently** (-लि) *-adv.* बुद्धिमानी से।

Intelligibility-इन्- टॅ- लि- जि-बिलि-टि *-n.* the quality of being intelligible. बुद्धिमानी, निपुणता, चतुराई।

Intelligible-इन्- टॅ-लि -जि-बुल् *-adj.* comprehensible, that can be apprehended by the intellect. सुबोध, समझने योग्य; **Intelligibly** (-जिब्'-लि)*-adv.* with intelligence. बुद्धिमानी से, स्पष्ट रूप से; **Intelligibleness** (-नेस्)*-n.* intelligence. बोधगम्यता।

Intemperance - इन् - टॅम्परॅन्स् - *n.* want of moderation. असंयम, मद्यपान।

Intemperate- इन्- टॅम्परेट्'*-adj.* immoderate, excessive in appetite, addicted to drinking. असंयमी, अतिभोगी, पियक्कड़; **Intemperately.** (-लि) *-adv.* immoderately. असंयम से।

Intend-इन्-टॅन्ड्'*-v. t.* to purpose, to desire, to mean. अभिप्राय होना, उद्देश्य रखना, अर्थ रखना, इरादा करना।

Intendment-इन्-टॅन्ड्'-मॅन्ट्-*n.* the true meaning of a legal instrument. विधि या नियम का शास्त्रानुसार शुद्ध अर्थ।

Intense-इन्-टॅन्स्-*adj.* of a high degree, eager, keen, very great, very strong, very dense, very serious, violent, emotional. बहुत ऊँचे दर्जे का, उत्सुक, तीव्र, बहुत बड़ा, बहुत मजबूत, बहुत गाढ़ा, बहुत गंभीर, प्रचण्ड, उग्र, भावना-युक्त ; **Intensely** (-लि)*-adv.* to an intense degree. तीव्रता से, उत्तेजना से; **Intenseness** (-नेस्)*-n.* the state of being intense. तीव्रता।

Intensify-इन्-टेॅन्'-सि-फ़ाइ'-*v.t.* (*p. t.* **Intensified.**) to make more intense. अधिक गाढ़ा या तीव्र करना, बढ़ाना; **Intensifier** (-अर्)-*n.* that which intensifies. बढ़ानेवाला, तीव्र करनेवाला।

Intensity-इन्-टेॅन्'-सि-टि-*n.* the state of being intense. अत्यन्तता, तीव्रता।

Intensive-इन्-टेॅन्'-सिव्-*adj.* increasing produce; producing intensity, giving force. उपजवर्धक, गहन, वृद्धि करनेवाला, बलदायक; **Intensively** (-लि) *-adv.* in an intensive manner. बलपूर्वक, अधिकता से।

Intent-इन्-टेॅन्ट्'-*n.* intention, aim, purpose. अभिलाषा, इच्छा, उद्देश्य, निमित्त;-*adj.* earnest, eager, resolved. उत्सुक, तत्पर, दृढ़, व्याप्त, व्यग्र (लवलीन); **To all intents and purposes** (in all senses.) सर्वथा।

Intention-इन् - टेॅन्शन् - *n.* design, purpose, aim. अभिप्राय, आशय, इच्छा, उद्देश्य।

Intentional-इन् - टेॅन्शनल् - *adj.* done with some purpose. इच्छानुरूप; **Intentionally** (-लि) *-adv.* by design or intention. इच्छापूर्वक।

Intently-इन् टेॅन्ट्' - लि - *adv.* earnestly. निष्ठापूर्वक, एकाग्रचित्त होकर।

Inter-इन्'-टर्-*v. t.* (*p. t.* **Interred.**) to deposit in earth, to entomb. गाड़ना, दफनाना; *-prep.* between. बीच में।

Inter-इन्'-टर् - *pref.* expressing mutual relation. परस्पर सम्बन्ध-सूचक उपसर्ग; यथा **Interconnect, Intertwist.** इत्यादि।

Interact-इन्'-टर्-ऐक्ट्-*n.* interlude of a play. नाटक के अंकों के बीच का अवकाश।

Interaction-इन् - टर् - ऐक्शन् - *n.* reciprocal action. परस्पर सम्बन्ध का कार्य।

Interactive-इन्-टर्-ऐक्ट्'-इव्-*adj.* interacting. नाटक के अंकों के बीच के अवकाश में काम करनेवाला।

Interblend-इन्-टर्-ब्लेॅन्ड्-*v. t.* to blend with each other. परस्पर मिलाना।

Interbreed-इन्'-टर्-ब्रीड्'-*v. t.* to crossbreed different species of animals. भिन्न जाति के पशुओं का जोड़ा मिलाना।

Intercalary-इन् टर्'-की-ल-रि *-adj.* interpolated. अन्तरीय; **Intercalary month** (the extra month in an year.) अधिक मास, मलमास।

Intercalate-इन्-टर्'-कलेॅट्-*v. t.* to insert a day in calendar. महीने में एक दिन बढ़ाना; **Intercalation** (-ले'-शन्) *-n.* act of intercalating. महीने में एक दिन बढ़ाने की क्रिया।

Intercede-इन्-टर्-सीड्'-*v. t. & i.* to act for another, to plead. मध्यस्थ (बिचवई) होना, दूसरे के लिये प्रार्थना करना; **Interceder** (-अर्) *-n.* one who intercedes. मध्यस्थ, बिचवई, पंच।

Intercept-इन्-टर्-सेॅप्ट्'-*v. t.* to check, to stop, to cut off. अवरोध करना, रोकना, काटकर अलग करना।

Interceptor-इन् - टर् - सेॅप्ट्'-अर्-*n.* one who checks. विघ्न करनेवाला।

Interception-इन्-टर्-सेॅप्'-शन्-*n.* obtsruction, hindrance. अवरोध (विघ्न), रुकावट।

Interceptive-इन्-टर्-सेॅप्टिव्-*adj.* obstructing. विघ्नकारक।

Intercession- इन्' - टर्-सेॅ-शन् *-n.* mediation for reconciliation. मेल कराने के लिये मध्यस्थता; **Intercessor** (-सेॅ-सर्) *-n.* one who goes between. मध्यस्थ, पंच।

Interchange-इन्'-टर्-चेन्ज्-*v. t.* to exchange with each other, to alternate. परस्पर बदलना, लेन देन करना; **Interchangeability** (-ऍ-बिलिटि)-*n.* विनिमयशीलता; **Interchangeable** (-ऍ-बल्) *-adj.* परस्पर बदलने योग्य, विनिमयशील; **Interchangeableness** (-ऍब्ल्-नेॅस्)-*n.* the state of being interchangeable. फेराफेरी, परस्पर बदलने योग्य या विनिमयशील स्थिति।

Intercolonial-इन्' - टर्-कॅ - लो'-नि- अल् *-adj.* existing between different colonies. भिन्न प्रदेशों में रहनेवाला।

Intercommunicate-इन्'-टर् - क - म्यू-नि-केट्-*v. i.* to have mutual communication or intercourse. आपस में पत्रव्यवहार रखना; **Intercommunication** (-के'-शन्) *-n.* reciprocal communication. आपस का पत्र व्यवहार।

Intercommunion-इन्'-टर्-क-म्यू-नि-अन् *n.* a mutual communion or relation. पारस्परिक सम्बन्ध, आपस का मेल; **Intercommunity** (-म्यू'-नि-टि)-*n.* state of having in common. अन्तःसहचारिता, अन्तः संघात।

Intercostal-इन्-टर्-कॉस्ट - ल्-*adj.* between the ribs. पसलियों के बीच का; -*n.* the part lying between the ribs. पसलियों के बीच का भाग।

Intercourse - इन्' - टर् - कोर्स् - *n.* a social communion, commercial communication, familiarity. अन्योन्य संसर्ग, समागम, व्यावहारिक लेन-देन, मेलजोल; **Sexual intercourse** (sexual connection) मैथुन; **Social intercourse.** लौकिक व्यवहार, सामाजिक सम्बन्ध।

Intercurrence-इन्'-टर्-क - रेॅन्स्-*n.* an intervening event. बीच में होनेवाली घटना।

Intercurrent-इन्'-टर्-क रेंन्ट्-*adj.* recurring at intervals. ठहर-ठहर (रुक-रुक) कर होनेवाली।

Intercutaneous-इन्'-टर्-क्यू-टे'-नि-अस्-*adj.* within or under the skin. चमड़े के भीतर या नीचे का।

Interdepend-इन्'-टर्-डि-पेन्ड्'-*v. t.* to depend on each other. परस्पर आश्रयभूत होना या सहारा रखना।

Interdependence-इन्'-टर्-डि-पेन्'-डेन्स्-*n.* mutual dependence. अन्योन्य या पारस्परिक आश्रय।

Interdependent-इन्'-टर्-डि-पेन्ड्'-एन्ट्-*adj.* mutually dependent. परस्पर भरोसा रखनेवाला; **Interdependently** (-लि)-*adv.* depending mutually. आपसी आश्रय से।

Interdict-इन्'-टर्डिक्ट्-*n.* injunction, prohibition. निषेध, रुकावट;-*v.t.* (-क्ट्') to prohibit, to forbid. निषेध करना, रोकना।

Interdiction-इन्टर्डिक्'-शन्-*n.* prohibition, obstruction. अवरोध (निषेध), रुकावट।

Interdictory-इन्टर्डिक्'-ट-रि-*n.* prohibitory. निषेध करनेवाला।

Interest-इन्ट्'-अरेस्ट्-*n.*profit, advantage, concern, welfare, money paid for a sum lent, excitement of feeling. लाभ, कौतुक, सुविधा, हित, कल्याण, सूद, उत्तेजना; -*v. t.* to awaken concern in, to excite emotion. कौतुक उत्पन्न करना, चित्त आकर्षित करना; **Compound interest** (interest added to the principal at the end of each year.) चक्रवृद्धि ब्याज, दर-सूद; **One's own interest** (selfish concern.) आत्म-स्वार्थ, स्वार्थदृष्टि; **Simple interest** (interest on the principal only.) साधारण ब्याज।

Interested-इन्टरेस्टेड-*adj.* having interest, excited. पक्षपाती, स्वार्थी, रुचि रखनेवाला।

Interesting-इन्'-टर्-एस्ट्'-इङ्ग्-*adj.* exciting emotions, engaging interest. चित्तरंजक (रोचक), रुचिकर; **Interestingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in an interesting manner. रोचकता से।

Interfere-इन्-टर्-फ़िअर्'-*v. t.* to come into collision, to meddle, to intervene. टकराना, विरोध करना, विघ्न डालना, बीच में आ जाना।

Interference-इन्-टर्-फ़ियर्'-एन्स्-*n.* interposition. विघ्न, बाधा, दखल।

Interferer-इन्-टर्-फ़ियर्'-अर्-*n.*one who interferes. विघ्न करने या डालनेवाला व्यक्ति।

Interfering-इन्-टर्-फ़िअर्'-इङ्ग्-*adj.* meddling. विघ्न डालनेवाला।

Interfluent-इन्-टर्'-फ्लु-एन्ट्-*adj.* flowing into each other. मध्यस्रावी, एक में एक बहनेवाला।

Interfuse-इन्-टर्-फ़्यूज़्-*v. t.* to blend or mix together. परस्पर मिलाना।

Interfusion-इन्-टर्-फ़्यू-ज़न्-*n.* interfused condition. आपस की मिलावट।

Intergrowth-इन्'-टर्-ग्रोथ्-*n.* growing together. एक साथ उत्पत्ति (उपज)।

Interim-इन्टरिम्-*n.* intervening moment. मध्यकाल, बीच का समय; -*adv.* meanwhile. बीच में।

Interior-इन्टीरिअर्-*adj.* internal, inward. अन्तःस्थ, भीतरी;-*n.* the inner part. मध्य भाग।

Interjacent-इन्-टर्-जें'-सेन्ट् -*adj.* intervening. मध्य का, बिचला, अन्तर्वर्ती।

Interject-इन्-टर्-जेक्ट्'-*v. t.* to throw between. बीच में फेंकना।

Interjection-इन्-टर्-जेक्'-शन्-*n.* exclamation. विस्मयादिबोधक शब्द।

Interjectional-इन्-टर्-जेक्शनल्-*adj.* pertaining to an interjection. उद्गार-सम्बन्धी; **Interjectionally** (-अ-लि) उद्गार से।

Interlace-इन्-टर्-लेस्'-*v. t.* to entangle, to interweave, to mingle together. फँसाना, गूँथना, मिलाना; **Interlacement** (-मेन्ट्)-*n.* an intermixture. मिलावट।

Interlard-इन्-टर्-लार्ड्-*v. t.* to mix fat with lean & thin. दुबले पतले से मोटे को मिलाना।

Interlay-इन्-टर्-ले'-*v. t.* (*p. t.* **Interlaid.**) to place between. बीच में रखना।

Interleaf-इन्'-टर्-लीफ़्-*n.* (*pl.* **Interleaves.**) an extra leaf inserted between two leaves of a book. पुस्तक के दो पत्रों के बीच में भरा हुआ नया पत्र।

Interleave-इन्-टर्-लीव्'-*v. t.* to insert a blank leaf in a book. पुस्तक के पत्रों के बीच में नया पत्र भरना।

Interline-इन्'-टर्-लाइन्'-*v. t.* to write between two lines. दो पंक्तियों के बीच में लिखना।

Interlinear-इन्-टर्-लि-निअर्-*adj.* written between lines. पंक्तियों के बीच में लिखा हुआ।

Interlink-इन्'-टर्-लिङ्क्-*v. t.* to connect with links. कड़ियों से जोड़ना।

Interlock-इन्-टर्-लॉक्'-*v. t. & i.* to engage or clasp with each other. एक दूसरे में गुथना, आपस में गुथ जाना, आलिङ्गन करना।

Interlocution-इन्'-टर्-लॅक्यू'-शन्-*n.* the act of taking part in a conversation. सम्भाषण, परस्पर वार्तालाप

Interlocutor- इन्-टर्-लॅ- क्यू'-टर्-*n* one who speaks in a dialogue. सम्भाषण करनेवाला, कथोपकथनकारी; **Interlocutress** (-ट्रेस्), **Interlocutrix** (-ट्रिक्स्) -*ns fem.* a woman interlocutor. सम्भाषण करनेवाली स्त्री।

Interlocutory- इन्'टर्-लॅ-क्यू'-टरि - *adj.* consisting of dialogues,spoken intermediately. कथोपकथन-पूर्ण, बीच बीच में बोला गया।

Interlope- इन्- टर् - लोप्' -*v. i.* to intrude, to traffic without licence. बिना अधिकार के प्रवेश करना, बिना अधिकार पत्र के व्यापार करना; **Interloper** (-अर्)-*n.* an intruder, unlicenced trader. बिना अधिकार प्रवेश या व्यापार करनेवाला।

Interlude-इन्'- टर्-ल्यूड्-*n.* a pause or farce between the acts of a play. नाटक के अङ्कों के बीच का अवकाश या हास्याभिनय।

Intermarriage- इन्-टर्- मॅरेज् -*n.* reciprocal marriage between members of different families. अन्तर्जातीय या असवर्ण विवाह।

Intermarry- इन्- टर्-मॅरि-*v. i.* (*p. t.* **Intermarried.**) to become connected by marriage with other tribes etc. अन्तर्जातीय या असवर्ण विवाह करना

Intermeddle- इन्-टर्-मॅ-ड्ल् -*v. t.* to interfere in the affairs of others. दूसरे के कार्य में विघ्न डालना या हस्तक्षेप करना; **Intermeddler** (-अर्) -*n.* one who intermeddles. दूसरे के कार्य में विघ्न डालने या हस्तक्षेप करनेवाला।

Intermediary-इन्'-टर्-मी'-डि-अरि-*adj.* & *n.* mediatory, intermediate, one who acts between two parties. मध्यवर्ती, पन्च, मध्यस्थ।

Intermediate- इन्- टर्-मी' डि-यट् -*adj.* & *n.* coming between, intervening. मध्यस्थित, बिचवई, बीच का; **Intermediately** (-लि) -*adv.* in an intermediate manner. बीच-बीच में।

Intermediation- इन्- टर्- मी'- डि- ए- शन् -*n.* intervention. मध्यस्थता।

Intermediator-इन्- टर्- मी- डि-ए'- टर्-*n.* one who intermediates. मध्यस्थ, बिचवई।

Intermedium - इन् - टर्-मी'- डि- अम् -*n.* (*pl.* **Intermedia, Intermediums.**) an intermediate space. दो वस्तुओं के बीच का स्थान।

Interment-इन् टर्-मॅन्ट्-*n.* burial, act of interring. मुर्दा गाड़ना (दफ़न करना)।

Intermigration- इन्टर्माइग्रेशन् -*n.* reciprocal migration दो प्रदेश के निवासियों का परस्पर स्थान परिवर्तन।

Interminable-इन्टर्मिनेब्ल्-*adj.* endless, infinite, extremely long. अनन्त, अनवरत, सुदीर्घ (बहुत लंबा); **Interminableness**(-नॅस्)-*n.* the state of being infinite. सुदीर्घता; **Interminably**(-ऐब्-लि)-*adv.* without limit. अनन्तता से।

Intermingle-इन्'-टर्- मिङ्ग्'-ल् -*v. t.* & *i.* to mix together, to mingle. सम्मिलित करना, मिलाना, मिलना।

Intermission-इन्टर्मिशन्-*n.* a temporary pause or cessation, interval. क्षणिक विराम, रुकावट।

Intermit- इन्टर्मिट् -*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Intermitted.**) to cease for a time, to suspend, to discontinue. कुछ काल के लिये स्थगित करना, छोड़ना या रुकना, ठमकना।

Intermittence- इन्टर्मिटॅन्स्-*n.* discontinuation for a time. क्षणिक रुकावट।

Intermittent-इन्टर्मिन्टेट् -*adj.* ceasing at intervals. पारी से आनेवाला या सविराम या अँतरिया (ज्वर); **Intermittently** (-लि) -*adv.* in an intermittent manner. पारी-पारी से।

Intermix- इन्'- टर्-मिक्स्' - *v. t.* & *i.* to mix together, to intermingle. मिलना, मिलाना; **Intermixture**(-चर्)-*n.* admixture. मिश्रण, मिलावट।

Intern-इन्टर्न् -*v. t.* to oblige to reside within fixed limits. नियमित या सीमित स्थान में रहने के लिये बाध्य करना।

Internee- इन् - टर्नी'-ई-*n.* an interned person. नियमित या सीमित स्थान में रहने के लिये बाध्य किया गया व्यक्ति।

Internment- इन्-टर्न्'- मॅन्ट् -*n.* a confinement within fixed limits. सीमित स्थान में नज़रबन्दी।

Internal-इन्टर्नल् -*adj.* situated in the inside, intrinsic, inward, interior. अभ्यन्तरस्थित, आन्तरिक, गर्भस्थ, भीतरी; **Internality**(-नलि-टि) -*n.* internal condition. अन्तरस्थता, मध्यस्थ अवस्था; **Internally** (-लि) -*adv.* inwardly. भीतरी ओर।

International- इन्टर्नीशनल् -*adj.* relating to the relations existing between two or more nations. अन्तर्राष्ट्रीय।

Internationalist-इन्टर्नीश्नलिस्ट् -*n.* a supporter of the principle of internationalism. अन्तर्राष्ट्रीय सिद्धान्त का समर्थक।

Internationalize - इन्टर्नीश्नलाइज़् - *v. t.* to make international. अन्तर्राष्ट्रीय बनाना या ऐसी सत्ता के अधीन करना।

Internecine- इन् टर्-नी'-साइन् -*adj.* mutually destructive, deadly. परस्पर विनाशकारी।

Interosculate- इन्- टर्- ऑस्'- क्यू-लेट्-*v.t.* to intermingle. परस्पर मेल करना या मिलाना।

Interpage- इन्'-टर् पेज्' *v. t.* to insert leaf

between the pages of a book. किसी पुस्तक के पृष्ठों के बीच में पत्र जोड़ना।

Interpenetrate-इन्टरपेनिट्रेट्-*v. t.* to penetrate reciprocally. एक दूसरे के भीतर घुसाना; **Interpentration** (-ट्रे'-शन्) -*n.* mutual penetration. पारस्परिक अन्तर प्रवेश।

Interplace- इन्'-टर्-प्लेस् -*v. t.* to place between. बीच में रखना।

Interplay- इन्'-टर्-प्ले -*n.* the operation of two things on one another. दो पदार्थों की पारस्परिक क्रिया।

Interplead - इन्' - टर्-प्लीड्' -*v. i.* to litigate between two parties for settling a point concerning a third party. दो मनुष्यों का परस्पर ऐसी मुकदमेबाज़ी करना जिसमें तृतीय व्यक्तिका कोई विषय स्थिर होता हो; **Interpleader** (-अर्) -*n.* one who interpleads. अन्तर विवादी वकील।

Interpolate - इन्टर्पोलेट् -*v. t.* to introduce a spurious matter in a book. किसी पुस्तक में कपट से क्षेपक भर देना ; **Interpolation** (-ले'-शन्) - *n.* the act of interpolating. क्षेपक भरने का कार्य; **Interpolator** (-टर्) -*n.* one who interpolates. क्षेपक भरनेवाला मनुष्य।

Interpose-इन्-टर्-पोज़्'-*v. t. & i.* to intervene, to insert, to make interruption. व्यवधान करना, बीच में डालना, विघ्न करना; **Interposer** (-अर्) -*n.* one who interposes. मध्यस्थायी, बिचवई।

Interposition- इन्टर्पोज़िशन् - *n.* intervention, mediation. व्यवधान, मध्यस्थता।

Interpret-इन्-टर्'-प्रेट्-*v. t.* (*p. t.* **Interpreted.**) to translate or explain the meanings of. भाषान्तर में वर्णन (उल्था) करना, व्याख्या करना, मतलब बताना।

Interpretable- इन्टर्-प्रे-टेबल्, **Interpretative**- इन्टर्-प्रे-टे टिव्-*adjs.* that may be interpreted. व्याख्या करने योग्य।

Interpretation-इन्टर्- प्रे-टेशन् -*n.* the act of interpreting. व्याख्या, अर्थ, मतलब।

Interpreter-इन्टर्-प्रेटर् -*n.* one who interprets. व्याख्या करनेवाला।

Interpretress- इन्टर्- प्र-ट्रेस्-*n. fem.* a female interpreter. व्याख्या करनेवाली स्त्री।

Interregnum- इन्टरेग्नम -*n.* (*pl.* **Interregnums, Interregna.**) the time during which a state has no normal sovereign. राज्य का राजा से खाली रहने का काल।

nterrelation-इन्'- टर्- रि-ले'- शन्-*n.* mutual relation. परस्पर सम्बन्ध; **Interrelationship** (-शिप्)-*n.* the state of being interrelated. परस्पर सम्बन्ध की अवस्था, अन्तर-सम्बन्ध।

Interrogate- इन्टरोगेट् -*v. t.* to ask questions. प्रश्न करना (पूछना)।

Interrogation-इन्टरॅगेशन्-*n.* a question put. प्रश्न, पूछताछ; **Note of interrogation** (a note that marks a question—?) प्रश्न-वाचक चिह्न (?)

Interrogative- इन्टरॅगे टिव् -*adj.* denoting a question. प्रश्नार्थक, प्रश्नवाचक; - *n.* प्रश्नार्थक शब्द; **Interrogatively** (-टिव्-लि) -*adv.* in the form of a question. प्रश्नरूप में।

Interrogator-इन्टरॅगेटर्--*n.* a questioner. प्रश्न पूछनेवाला; **Interrogatory** (-इ)-*adj.* denoting a question. प्रश्नार्थक।

Interrupt-इन्'- ट- रप्ट्' -*v. t.* to break continuity, to obstruct, to hinder, to block. विघ्न करना, रोकना, छेंकना।

Interrupted-इन्टरप्टेड् - *adj.* intermitted. रुका हुआ, विघ्न किया हुआ; **interruptedly** (-ऍड् (लि) -*adv.* with interruptions. विघ्नरूप में।

Interrupter- इन्टरप्टर्-*n.* one who interrupts. विघ्न डालनेवाला।

Interruption-इन्टरप्शन्-*n.* hindrance, intermission. अवरोध, विघ्न, रुकावट।

Interruptive- इन्टरप्टिव् -*adj.* tending to interrupt. विघ्नकारक; **Interruptively** (-लि) - *adv.* with interruptions. विघ्न सहित।

Intersect- इन्टर्सेक्ट्- *v. t. & i.* to divide into parts, to cut or cross each other. दो टुकड़े करना, एक दूसरे को काटना।

Intersection- इन्टर्सेक्शन्-*n.* the act of intersecting. कटाव, छेदन;**Intersectional** (-अल) -*adj.* pertaining to intersection. कटाव सम्बन्धी।

Intersperse- इन्-टर्-स्पर्स्' -*v. t.* to scatter, to place from one place to the other. इधर-उधर फेंकना, छितराना।

Interspersion- इन्- टर्- स्पर्शन् -*n.* the act of interspersing or scattering. छितराने का कार्य।

Interstice-इन्टर्स्टिस् -*n.* an intervening space, a crevice. बीच का स्थान, छिद्र।

Interstitial-इन्टर्स्टिशल्-*adj.* occurring in interstices. मध्य का, बीच का।

Intertwine-इन्टर्ट्वाइन्'-*v. t. & i.* to entwine or become twisted. गूँथना, बटना, उलझना; **Intertwinement** (- मेन्ट्) - *n.* the act of twisting. गूँथने या लपेटने का कार्य।

Interval-इन्टर्वल्-*n.* intervening space or time, pause, a gap. अन्तर, व्यवधान, अवकाश;

Without intervals (continually.) निरन्तर, लगातार।

Intervene-इन्टर्वीन्-*v. t.* to come in between, to interfere. बीच में आना, विघ्न करना।

Intervener-इन्-टर्-वीन्-अर्-*n.* one who intervenes. बाधा डालनेवाला।

Intervening-इन्-टर्-वीन्'-इङ्ग्-*adj.* lying between. मध्यस्थित, मध्यवर्ती।

Intervention-इन्टर्-वेन्'-शन्-*n.* mediation, an interposition. व्यवधान, मध्यस्थता, बिचवई।

Interview-इन्टर्व्यू - *n.* a formal meeting, conference. साक्षात्कार, भेंट, समागम।

Interviewer-इन्टर्व्यू'-अर्-*n.* one who interviews. साक्षात्कारी, भेंट करनेवाला।

Intervolve-इन्'-टर्-वॉल्व्'-*v. t.* to roll up with each other. एक में दूसरा लपेटना।

Interweave-इन्-टर् - वीव्'-*v. t.* interlace, to set together. मिलाकर जोड़ना, आपस में गूँथना।

Intestable-इन्-टेस्टे-बल् - *adj.* not able to make a will. इच्छापत्र न लिखने योग्य।

Intestate-इन्-टे-स्टेट्-*adj. & n.* one who has not made a will. जिसने इच्छापत्र (वसीयतनामा) न लिखा हो।

Intestinal-see **Intestine.**

Intestine - इन्टेस्टाइन्-*n.* the lower part of alimentary canal. अन्त्र, अँतड़ी;-*adj.*domestic, internal. घरेलू, भीतरी, आन्तरिक; **Intestinal** (-अल्) -*adj.* pertaining to the intestines. छोटी आँत-सम्बन्धी।

Intimacy-इन्टिमी - सि-*n.* friendship, close familiarity. मैत्री, घनिष्ठ परिचय।

Intimate-इन्'-टि-मेट्-*adj.* closely acquainted, familiar, essential. आत्मीय, अन्तरङ्ग, सुपरिचित, आवश्यक; -*n.* an associate. मित्र।

Intimate-इन्-टि-मेट्-*v. t.* to make known, to hint. सूचना देना, सन्देश पहुँचाना; **Intimately** (-लि)-*adv.* in an intimate manner. मित्रभाव से।

Intimation-इन्टिमेशन्-*n.* a hint, an announcement. सूचना, सन्देश।

Intimidate-इन्टिमिडेट्-*v. t.* to create fear, to frighten, to dishearten. डराना, डपटना (धमकाना); **Intimidation** (-डे'-शन्) -*n.* the act of intimidating. धमकी, डाँट-डपट; **Intimidator** (-टर्) -*n.* one who frightens. डरानेवाला।

Intimity-इन्टिमिटि-*n.* inwardness. भीतरीपन।

Into-इन्'-टू - *prep.* expressing entrance or passage within a thing. भीतर, अंदर, में।

Intolerable-इन्-टॉलरे-बल् - *adj.* unbearable, insufferable. असह्य, न सहने योग्य; **Intolerably** (-ब्लि)-*adv.* in an intolerable manner, unbearably. असहनीयता से; **Intolerableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being intolerable. असह्यता।

Intolerance-इन्-टॉलरेन्स्-*n.* want of toleration. अक्षमा, असहन।

Intolerant-इन् - टॉलरेन्ट्-*adj.* not able to bear. असहनशील, न सहन करनेवाला; **Intolerantly** (-लि) -*adv.* in an unbearable manner. न सहन करते हुए ढंग से।

Intoleration-इन् - टॉलरेशन् - *n.* intolerance. असहनशीलता।

Intomb-इन्टूम्'-*v. t.* to deposit in a tomb. क़ब्र में गाड़ना।

Intonate-इन्-टो-नेट्-*v. i.* to sound musical notes. गायन में सुर लगाना।

Intonation-इन्-टो-ने'-शन्-*n.* act of sounding of musical notes. गायन में सुर लगाने का कार्य।

Intone-इन्-टोन्'-*v. t. & i.* to chant, to utter a deep sound, to read recitingly. गाना, सुर में बोलना, गाकर पढ़ना।

Intort-इन्-टॉर्ट्-*v. i.* to twist. ऐंठना, मोड़ना

Intortion-इन् टॉर्शन्-*n.* a winding or twisting. ऐंठन, मोड़ान।

Intoxicant-इन्-टॉक्स्'-इ - केन्ट्'-*adj.* intoxicating. मादक, नशा लानेवाला।

Intoxicate-इन्-टॉक्स्' - इ-केट्'-*v. t.* to make drunk, to exhilarate. मदोन्मत्त करना (मदिरा इ० से), मतवाला करना; **Intoxicated** (-ऐड्) -*adj.* drunk. उन्मत्त (मदोन्मत्त); **Intoxicating**(-केट्'-इङ्ग्)-*adj.* उन्मादक; **Intoxication** (-के'-शन्)-*n.* the act of intoxicating. उन्माद, नशा।

Intra-इन्'-ट्रा-*pref.* in the sense of "within" "भीतरी ओर" अर्थ-सूचक उपसर्ग।

Intractability-*n.* see **Intractable.**

Intractable-इन् - ट्रैक्टे - बल् -*adj.* stubborn, unmanageable, refractory, unruly. दुराराध्य, हठी, न दबाने योग्य; **Intractability** (-बिलिटि), **Intractableness** (-नेस्) -*ns.* the quality of being unruly. हठ, अड़ियलपन; **Intractably** (-टेब्-लि)-*adv.* in an unruly manner. हठ से।

Lid-लिड्-*n.* the cover for the top of something. आच्छादन, ढकना; **Eye-lid** (cover of the eye.) पलक; **With the lid off**(bringing all the horrors before view.) आपत्ति के सब दृश्य सामने लाते हुए।

Lie-लाइ-*n.* an untrue statement, a fiction, falsehood. मिथ्या वचन, असत्य, (झूठी) कथा, झूठ; *-v. i.* (*p. t.* **Lied.**) to utter falsehood, to deceive. झूठ बोलना, धोखा देना; **White lie** (a lie which is justified by motives.) सफ़ेद झूठ; **Lier** (लाइ'-अर्)*-n.* one who tells a lie. मिथ्यावादी, झूठ बोलनेवाला।

Lie-लाइ-*v. i.* (*p. t.* **Lay,** *p. p.* **Lain.**) to remain in a prostrate position, to rest, to abide, to consist, to be prostrate, to be at rest, to be spread out, to view, to be in grave. लेटना, विश्राम करना, फैलना, पड़े रहना, दृष्टिगोचर होना, कब्र में रहना; **As far as in me lies** (as far as lies in my power.) जहाँ तक मेरी शक्ति में है; **Lying-in-chamber or hospital** (a room for those about to become mothers.) सूतिका-गृह, सौरी का घर; **To lie by** (to rest.) आराम करना; **To lie down** (to lay the body on the ground.) लेट जाना; **To lie hard upon** (to oppress.) कष्ट देना; **To lie in** (to be in childbed.) बच्चा देना; **To lie in wait** (**in ambush.**) (to wait for in concealment). छिपकर घात में रहना; **To lie on** (to be dependent.) आश्रित होना।

Lief-लीफ्-*adv.* gladly, willingly. प्रसन्नतापूर्वक, इच्छा से।

Liege-लीज्-*adj.* faithful. स्वामिभक्त;*-n.* a lord or superior. स्वामी, प्रभु।

Lien-ली-अन्-*n.* right to retain possession of a property until debt is paid off. रेहन की हुई वस्तु को रुपया न अदा होने तक रखने का अधिकार।

Lieu-ल्यू-*n.* room. स्थान; **In lieu of** (in place of.) स्थान में, बदले में।

Lieutenant-लॅफ्-टॅ-नन्ट्-*n.* a deputy acting for a superior, an officer in the army. प्रतिनिधि, सेनाध्यक्ष का प्रतिपुरुष; **Lieutenant-governor.** छोटा लाट; **Lieutenantship** (-शिप्)*-n.* the post of a lieutenant. उप-सेनाध्यक्ष का पद।

Life-लाइफ्-*n.* (*pl.* **Lives.**) conscious existence, vitality, manner of living, period from birth to death, manner of living, narration of past life. जीवन (प्राणधारण), उत्साह, चेतना, आयुष्य, चरित्र-वर्णन; **Cat has nine lives** (is hard to kill.) बिल्ली जल्दी नहीं मरती; **Life and soul** (everything.) सर्वस्व; **Life assurance** (insuring one's life.) जीवनबीमा; **Life-blood** (blood necessary for life.) जीवन शक्ति देनेवाला रक्त या खून; **Life-boat** (a boat that saves life in shipwreck.) डूबनेवालों को बचानेवाली जहाज़ पर की नाव; **Life-breath** (inspiring influence.) उत्साह देनेवाला प्रभाव; **Life-guard** (body-guard.) शरीर-रक्षक; **Life-interest** (interest which lasts during one's life.) केवल जीवन भर के लिये रहनेवाला स्वत्व या अधिकार; **Life-like** *-adj.* resembling a living person. जीवित के समान; **Life-size** (as large as one living.) पूरे आकार का; **Low life** (worthless existence.) घृणित जीवन; **To bring to life** (to remove unconsciousness.) मूर्छा हटाना; **Upon my**

life (a solemn assertion.) मेरे प्राणों की शपथ ।

Life-belt- लाइफ़्' - बेल्ट् -*n.* a belt made of pith, cork &c. to float the body on water. जल में तैरने की पेटी ।



Life-belt.

Lifeless-लाइफ़्'-लेस्-*adj.* devoid of life. निर्जीव, निःसत्व; **Life-lessly** (-लि)-*adv.* in a lifeless manner. निरुत्साह से ।

Lifelong-लाइफ़्' - लॉङ्ग्-*adv.* throughout life. जीवनपर्यन्त ।

Life-time-लाइफ़्-टाइम्-*n.* duration of life. जीवनकाल ।

Lift-लिफ़्ट्-*v. t. & i.* to raise, to elevate, to exalt, to hoist, to rise, to disperse. उठाना, उभाड़ना, उठना, हट जाना ; -*n.* an apparatus for raising and lowering, an elevator or hoist. (इमारत में लगा हुआ) ऊपर उठाने या नीचे करने का झूला; **To lift one's hand** (to swear.) क़सम खाना ।

Liftable-लिफ़्टे'-बल् -*adj.* that can be lifted. उठाने योग्य ।

Lifter-लिफ़्टर्-*n.* he who or that which lifts a thing. उठानेवाला यन्त्र या पुरुष ।

Ligament-लिग-मेन्ट्-*n.*a fibrous tissue which binds together bones. अस्थि-बन्धक-तन्तु ।

Ligamental or **Ligamentary** -लिगी-मेन्टल्, (-अरि), **Ligamentous** - लिगी- मेन्टस्-*adjs.* binding. अस्थि-बन्धन करनेवाला ।

Ligate-लाइ-गेट्-*v. t.* to tie up a bleeding artery. बहते रक्त को रोकने के लिये धमनी (रक्तवाहिनी नाली) को बाँधना ।

Ligation - लाइ - गे' - शन्-*n.* the act of binding. बन्धन ।

Ligature-लिगे-चर् -*n.* a bandage, a band used for tying a bleeding artery, two or more letters cast into one. बन्धन, पट्टी, छापे के एक में ढले हुए (जुड़वाँ) टाइप, यथा—*fl, ffl.* इत्यादि ।

Light-लाइट्-*n.* the natural agent by which objects are rendered visible to the eye, brightness, daylight, candle, any object which emits light, knowledge, eminent person. प्रकाश, प्रभा, रोशनी, दीपक, प्रकाश देनेवाला पदार्थ, ज्ञान, प्रसिद्ध मनुष्य; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Lit** *or* **Lighted.**) to give light to, to attend with a light, to set fire to, to become light or bright. प्रकाशित करना, प्रकाशित होना, जलाना, चमकीला या प्रकाशित होना; **In the light of this** (with the help of this.) इसकी सहायता से; **Light of one's eyes** (lovers.) प्रेमीजन; **To bring to light** (to publish, to reveal.) प्रकाशित करना; **To light up** (to lighten.) प्रज्वलित करना; **To come to light** (to be detected.) प्रकाशित होना; **To see the light** (to be born.) उत्पन्न होना; **To shed light upon** (to explain.) व्याख्या करना, समझाना ।

Light-लाइट् -*adj. & adv.* not heavy, of little weight, elegant, graceful, easily digestible, trivial, light-coloured. हलका, अल्प परिमाण या भार का, सुन्दर, ललित, सहज में पचने योग्य, तुच्छ, शोभायुक्त, हलके रंग का; **Light-armed** (armed with light weapons.) हलका शस्त्र धारण किये हुए; **Light-fingered** (thievish.) चोर, ठग; **Light food** (easily digestible food.) सहज में पचनेवाला भोजन; **Light-footed** (nimble in walking.) तेज़ चलनेवाला; **Light-handed**(working with ease.)आसानी से काम करनेवाला; **Light-headed** (unsteady, thoughtless.) चपल बुद्धिवाला, विक्षिप्त; **Light-headedness** (state of being thoughtless.) मति-विभ्रम; **Light-hearted** (cheerful, merry.) प्रसन्नचित्त, आनन्दी; **Light literature** (interesting literature in easy language.) सरल आनन्ददायक साहित्य; **Light-minded** (unsteadv.)अस्थिर; **Light-o'-love** (a prostitute.) वेश्या; **Light railway** (a railway for carrying light weights.) हलका बोझ ले जानेवाली रेल; **Light-spirited** (cheerful.) प्रसन्नचित्त; **Of light fingers** (clever in thieving.) चोरी करने में निपुण ।

Lighten-लाइट्'-ट्न्-*v. t.* to reduce weight, to mitigate, to emit or shed light upon. भार कम करना, न्यून करना, हलका करना, प्रकाशित करना ।

Lighter-लाइट्-अर् , **Lightisth** (-इश्) -*adjs.* somewhat light. कुछ हलका ।

Lightly-लाइट्'-लि-*adv.* in a light manner, carelessly. हलकेपन से, चपलता से ।

Lightness-लाइट्'-नेस्-*n.* want of weight. हलकापन, चपलता ।

Lightning-लाइट्'-निङ्ग्-*n.* an electric flash in the clouds. बिजली, विद्युत् ; **Like lightning** (very quickly.) अति शीघ्रता से, बहुत जल्दी ।

Ligneous-लिग्नि-अस्-*adj*. like wood, woody. लकड़ी के आकार का, लकड़ी का बना हुआ।

Ligniform-लिग्'-नि-फ़ॉर्म् - *adj*. like wood. लकड़ी के रूप का।

Like-लाइक्-*adj*. similar, equal, resembling. सदृश, तुल्य, समान (बराबर); - *adv*. in the same manner, likely. सम्भवत:, उसी प्रकार से;-*n*. something resembling, a copy. समान पदार्थ, प्रतिलिपि; -*v. t. & i*. to be pleasing, to be agreeable. चाहना, पसंद करना (इच्छा करना); **In like manner** (in a similar way.) उसी प्रकार से; **Like a shot** (with desire.) इच्छापूर्वक; **Like form** (similar form.) तुल्यरूप।

Likeable-लाइक्'-ऐ-ब्ल्-*adj*. that one can love. पसन्द के लायक; **Likeableness** (-नेस्)-*n*. the quality of being likeable. पसन्दगी।

Likelihood-लाइक्' - लि - हुड्-*n*. probability. सम्भावना।

Liken-लाइक्'-कन्-*v. t*. to compare, to find similarity in, to make like. उपमा देना, सदृश करना (मिलाना)।

Likeness-लाइक्-नेस्-*n*. resemblance, similarity, copy or portrait. समानता, उपमा, चित्र।

Likewise-लाइक-वाइज्-*adv. & conj*. in like manner, also, moreover. इसी रीति से, भी, और भी।

Liking-लाइक्' -इङ्ग् - *n*. inclination, taste, fondness. रुचि, इच्छा, अनुराग।

Lilac-लाइ-लैक्-*n*. a plant with fragrant flowers. बकायन।

Liliaceous-लिल्-इ-ऐ'-शस्-*adj*. of the kind of a lily. कुमुदिनी (कोई) के सदृश।

Lilliputian-लि-लि-प्यू'-श्यन्-*n*. a very small person or thing. बहुत छोटे क़द का (बौना) मनुष्य या पदार्थ।

Lilt-लिल्ट्-*v. i*. to sing melodiously. लय या सुर में गाना।

Lily-लि-लि-*n*. (*pl*. **Lilies**.) a plant with beautiful flowers. कुमुदिनी, कोई; **Lily-livered** (cowardly.) डरपोक; **Lily-white** (white as a lily.) कुमुदिनी के समान श्वेत; **Water-lily** (the lotus.) कमल का फूल।

Limation- लि - मे - शन्-*n*. act of filing or polishing. रेतने या चमकाने का कार्य।

Limb-लिम्-*n*. leg, arm or wing, branch of a tree, edge. अङ्ग, अवयव, शाखा, डाली, किनारा; **Limbed** (-ड्) -*adj*. having limbs. अङ्गवाला; **Limbless** (- लेस्) -*adj*. without limbs. अनङ्ग, बिना अङ्ग का; **To escape with life and limb** (to escape without being hurt.) बिना चोट लगे बचकर भाग जाना।

Limbate-लिम्बे - ट्-*adj*. having different borders. भिन्न-भिन्न किनारे का।

Limber-लिम्'-बर्-*n*. the front part of a gun-cart. तोप गाड़ी का अगला भाग; -*adj*. flexible, nimble. लचीला, चञ्चल।

Lime-लाइम्-*n*. a sticky substance, white alkaline earth, a kind of lemon. लासा, चूना, जंभीरी नीबू; -*v. t*. to smear with viscous substance for catching birds, to cover with lime. लासा लगाकर चिड़िया पकड़ना, चूना लगाना; **Lime-kiln** (a furnace for preparing lime.) चूना फूँकने की भट्ठी; **Quicklime** (unslaked lime.) बिना बुझाया हुआ चूना; **Slaked lime** (lime mixed with water.) बुझाया हुआ चूना।

Limeless-लाइम्'-लेस्-*adj*. destitute of lime. बिना चूने का।

Limerick-लिम-रिक्-*n*. a meaningless verse. निरथक कविता।

Limit-लि-मिट्-*n*. a boundary line, border, restriction. अवधि, सीमा, किनारा, हद्द; -*v. t*. to set bounds to, to restrict, to confine with boundaries. सीमा बाँधना, सीमा में बाँधना, परिमित करना, घेरना।

Limitable-लि-मि- टे - बल्-*adj*. that may be limited or bounded. सीमाबद्ध।

Limitary-लि-मि-ट-रि-*adj*. placed at the limit. सीमा पर रक्खा हुआ।

Limitation-लि - मि-टे' - शन्-*n*. restriction, extent. परिमितता, हद्द, मियाद।

Limitative-लि - मि-टे - टिव्-*adj*. restricting. हद्द बाँधनेवाला।

Limited-लि-मि-टेड्-*adj*. narrow, restricted. संकुचित, परिमित, सीमित; **Limited meaning** (narrow sense.) सङ्कुचित अर्थ; **Limited knowledge** (knowledge only of a few subjects.) अल्प विषयक ज्ञान; **Limited monarchy** (monarchy which is subject to constitutional restrictions.) नियन्त्रित राज्य।

Limitless-लि - मिट्' - लेस्-*adj*. having no limits, boundless. बिना सीमा का, असीम, बेहद्द; **Without limit** (unlimited.) बिना सीमा अथवा किनारे का, अनन्त।

Limn - लिम्-*v. t.* to paint a picture. चित्र रँगना।

Limner - लिम'-नर् *n.* artist, a painter. चित्र रँगनेवाला।

Limnology-लिम्नॅ-लॉजि-*n.* study of lakes. सरोवर-अध्ययन।

Limous-लाइ'-मस्-*adj.* muddy, slimy. कीचड़ से युक्त, कँकड़ीला।

Limp-लिम्प्-*v. i.* to walk lamely, to halt. लँगड़ाकर चलना, ठमकना; -*n.* the act of limping. लँगड़ाहट;-*adj.* flexible. मुलायम, लचीला।

Limper-लिम्पर्-*n.* one who walks lamely. लँगड़ाकर चलनेवाला।

Limpid-लिम्पिड्-*adj.* pure, clear. शुद्ध, स्वच्छ; **Limpidity** (-इटि)-*n.* purity. शुद्धता।

Limpingly-लिम्प्-इङ्ग्-लि-*adv.* in a limping manner. लँगड़ाते हुए।

Limpness-लिम्प्-नॅस्-*n.* the quality of being limp. मृदुता, मुलायमियत।

Limpkin-लिम्प् - किन्-*n.* a kind of crane. एक प्रकार का सारस।

Limy-लाइमि-*adj.* viscous. चिपचिपा।

Linament-लिन-मॅन्ट्-*n.* a lint for a wound. घाव पर बाँधने की पट्टी।

Linchpin-लिन्श्-पिन्-*n.* a pin fixed on the end of the axle to keep wheel on. धुरे पर लगी हुई कील जो पहिये को गिरने से रोके रहती है।

Linden-लिन्-डॅन्-*n.* the lime-tree. जंभीरी नीबू का वृक्ष।

Line-लाइन् - *n.* a fine cord, a series of points joined together, series, outline, a row, railroad, direction, wire, lineage, a verse, twelfth part of an inch. रस्सी, पतली रेखा, पंक्ति (श्रेणी), आकार, दिशा, तार, वंश, रेल की पटरी, कविता की पंक्ति, इन्च का बारहवाँ भाग;-*v. t. & i.* to apply something inside. परत लगाना (अस्तर लगाना), पंक्ति में रखना; **All along the line** (in all directions.) सब दिशाओं में; **By rule and line** (according to rule.) नियमानुसार ; **Fishing-line** (a cord used in fishing). बंसी की डोरी; **Hard lines** (hardship.) अभाग्य; **In regular line** (in regular order.) क्रम से; **Line-drawing** (a drawing with pen or pencil.) पेन्सिल या निब से चित्र बनाना; **Line of a stanza** (a piece of poetry.) पद्य का चरण; **Line of conduct** (form of character.) चरित्ररीति; **Line of family** (lineage.) वंशक्रम; **Line of study** (method of study.) अध्ययन-क्रम; **Line of troops** (regular regiment.) पंक्तिबद्ध नियमित सेना; **Railway line** (a single track of rails.) रेल की किसी कम्पनी की लाइनों का क्रम; **Out of line** (out of subject.) विषय के बाहर।

Lineage-लिनि - ऍज्-*n.* ancestry, race, pedigree. वंश, कुल (सन्तति), वंशपरम्परा; **Of royal lineage** (of royal descent.) राजकुल में उत्पन्न।

Lineal-लि-नि - अल्-*adj.* hereditary. परम्परा-प्राप्त, पैतृक; **Lineally** (-अ-लि) -*adv.* in a direct line. परम्परा या वंश-क्रम से।

Lineament-लिनिअमॅन्ट्-*n.* characteristic mark, feature. मुख की आकृति, चिह्न, (रूप, आकार)।

Linear - लिनि - अर् - *adj.* of lines, narrow, रेखा-सम्बन्धी, सीधी लकीर का (सङ्कुचित) ; **Linearly** (-लि)-*adv.* in a linear manner. एक रेखा में; **Lineation** (-ए'-शन्)-*n.* arrangement of lines. रेखा-क्रम, लकीरों से बना हुआ चित्र।

Linen-लि-नॅन्-*n.* cloth made of flax. सन का बना हुआ वस्त्र; **Linen-draper** (the person who deals in linen &c.) बजाज।

Liner-लाइ'-नर्-*n.* a ship belonging to a line. जहाजों की पंक्ति में का एक जहाज।

-ling-लिङ्ग्-*suf.* a suffix in sense of 'connection with', a diminutive. 'सम्बन्ध' अर्थ का तथा 'अल्पार्थक' प्रत्यय, यथा-sapling, duckling. इत्यादि।

Linger-लिङ्ग्-गर्-*v. i & t.* to delay, to stay about, to loiter, to stop departure. विलम्ब करना, कालक्षेप करना, देर तक ठहरना।

Lingerer-लिङ्ग - रर्-*n.* one who lingers. विलम्बकारी, दीर्घसूत्री।

Lingering-लिङ्ग-रिङ्ग-*adj.* slow in motion. विलम्बकारी, चिरकाल का; **Lingering disease** (a disease that stays for a long time.) शीघ्र न अच्छा होनेवाला रोग।

Lingeringly-लिङ्ग-रिङ्ग-लि-*adv.* in a lingering manner. ठमककर, विलम्ब करते हुए।

Lingo-लिङ्गो-*n.* contempt for everything foreign. परदेशी भाषा तथा मनुष्य से घृणा।

Lingua franca-लिङ्ग्'-वा-फ्रैंङ्का-*n.* a mixture of several languages, an international jargon. अनेक भाषाओं की खिचड़ी, अन्तर्राष्ट्रीय खिचड़ी भाषा।

Lingual-लिंग्वल्-*adj.* of the tongue. मूर्धन्य, जीभ से उच्चरित होनेवाला (शब्द)।

Linguiform-लिंग्वि - फॉर्म्-*adj.* of the shape of a tongue. जिह्वा के आकार का।

Linguist-लिङ्ग्'-विस्ट्-*n.* a person who is skilled in many languages. भाषाप्रवीण, अनेक भाषाएँ जाननेवाला।

Linguistic-लिङ्ग्'-वि-स्टिक्-*adj.* pertaining to linguistics. बहुभाषी-सम्बन्धी; **Linguistically** (-अलि) -*adv.* in a linguistic manner. भाषा-प्रवीणता से।

Liniment-लिनि-मेन्ट्-*n.* an embrocation or ointment. पीड़ा के स्थान में मलने की औषध, लेप।

Lining-लाइन्'-इङ्ग्-*n.* the inner surface of anything. किसी पदार्थ का भीतरी आवरण, अस्तर; **Every cloud has a silver lining** (there is good in every evil.) सभी बुराई में कुछ न कुछ भलाई रहती है।

Link-लिङ्क्-*n.* one ring of a chain, bend in a river, 1/100 of a surveying chain (about 3 *in.*), connecting part, a torch. कड़ी, सन्धि, नदी का मोड़, उल्का, मशाल; -*v. t.* to join, to connect. जोड़ना, मिलाना, संयुक्त करना।

Link-boy-लिङ्क्'-बॉय्-*n.* (also **Link-man.**) a boy or man who carries a torch. मशालची।

Linked-लिङ्क्'-ड्-*adj.* joined. सम्बद्ध।

Linn-लिन्-*n.* a waterfall, a ravine. जलप्रपात, कन्दरा।

Linnet-लि-नेट्-*n.* a kind of song-bird. एक प्रकार की गानेवाली चिड़िया।

Linoleum - लिनोलिअम्-*n.* a floor-cloth of canvas coated with linseed oil. अलसी का तेल पोता हुआ फ़र्श पर बिछाने का टाट।

Linotype-लाइन्'-ओ-टाइप्-*n.* a machine for producing stereotyped lines of types. छापे की लाइन की लाइन टाइप ढालने का यन्त्र।

Linseed-लिन् -सीड्-*n.* seed of flax. अलसी, तीसी; **Linseed-cake** (mass left after extracting oil from flax seed.) तीसी की खली।

Linsey woolsey-लिन्'-जि-वूल्'-जि-*n.* a coarse cloth made of linen and wool. सूत और ऊन की मिलावट का बिना हुआ कपड़ा।

Linstock-लिन्' - स्टॉक्-*n.* a staff to hold a lighted match for firing cannon. तोप का पलीता लगाने का डण्डा।

Lint-लिन्ट्-*n.* a soft flax material used for dressing wounds. घाव पर पट्टी बाँधने का मुलायम वस्त्र।

Lintel-लिन्ट्'-ऍल्-*n.* horizontal timber over a door. दरवाज़े के ऊपर का भरेठा या डाट, करगहना; **Lintelled** (-ड्) -*adj.* fitted with lintels. करगहना लगा हुआ।

Liny-लाइनि-*adj.* marked with wrinkles or lines. झुर्री पड़ा हुआ, रेखायुक्त।

Lion-लाइ'-अन्-*n* a large powerful fierce beast of prey. सिंह, शेर; **Lioness** (-ऍस्) -*n. fem.* the female of a lion. सिंहिनी, शेरनी; **Lion-hearted** (courageous.) साहसी हृदय का, शूरवीर; **Lion in the path** (obstacle, interruption.) विघ्न, बाधा; **Lionlike** (-लाइक्) -*adj.* like a lion. सिंह के समान; **Lion's mouth** (perilous condition.) कठिन अवस्था; **Lion's share** (best part.) सर्वोत्तम भाग।

Lionet-लाइ-अनेट्-*n.* a small lion. छोटा शेर।

Lionize-लाइ - अनाइज़्-*v. t.* to treat as an object of curiosity, to show the sights of a lion. विलक्षण पदार्थ बतलाना, शेर का दृश्य दिखाना।

Lip-लिप्-*n.* one of the fleshy edges of the mouth, edge of anything. ओठ, किनारा; -*v. t.* (*p. t.* **Lipped.**) to utter, to kiss. बरबराना, चूमना; **Lip-labour** -*n.* words without deeds. केवल बकवाद; **Lip language** (interpreting by motion of lips.) ओठ के स्फुरण से अर्थ समझना; **Lip-slave** (a cosmetic for lips.) ओठ में लगाने का मोम-रोगन; **Lip-wisdom**-*n.* (wisdom only in words.) बातचीत की चतुराई; **To hang on one's lips** (to show servility.) विनीत भाव दिखलाना।

Lipper-लि-पर्-*n.* a ripple. छोटी लहर।

Lipless-लिप्'-लेस्-*adj.* destitute of lips. बिना ओठ या किनारे का।

Liquate-लि-क्वेट्-*v. t.* to purify by melting. गलाकर किसी धातु को शुद्ध करना; **Liquation** (-क्वे-शन्) -*n.* the process of separating metals by melting. इस प्रकार धातु गलाकर अलगाना।

Liquefaction-लि-क्वि-फ़ैक्शन्-*n.* the act of melting. गलाने का कार्य।

Liquefactive-लिक्वि-फ़ैक्टिव्, **Liquefiable**-लिक्वि-फ़ाइ-ऍबूल्-*adjs.* that may be liquefied. गलाने योग्य।

Liquefier-लिक्वि - फ़ायर् - *adj.* that which liquefies. गलानेवाला।

Liquefy-लिक्वि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Liquefied.**) to bring to a liquid condition. द्रवीभूत करना, पिघलाना।

Liquescent-लि - क्वे - सेन्ट - *adj.* melting. गलाने योग्य।

Liqueur-ली-कर्-*n.* sweetened and flavoured

alcoholic liquor. मीठी सुगन्धित मदिरा; -*v. t.* to sweeten liquor. मदिरा को मीठी करना।

Liquid-लिक्विड्-*n. & adj.* a substance resembling water or oil, watery, unstable, vowel sound. जल या तेल के समान तरल द्रव्य, जलवत्, जलमय, अस्थिर, स्वर का उच्चारण; **Liquidness** (-नेस्)-*n.* nature of a liquid. तरलता।

Liquidity-लिक्वि-डिटि-*n.* the quality of being liquid. तरलता।

Liquidize-लिक्वि-डाइज़्-*v. t.* to make liquid. जलवत् करना।

Liquidly-लिक्विड्'-लि-*adv.* in a liquid manner. तरलता से।

Liquidate-लि-क्वि-डेट्-*v. t.* to clear off a debt, to settle accounts. हिसाब साफ़ करना, ऋणमुक्त करना, बेबाकी करना।

Liquidation-लिक्वि-डे-शन्-*n.* the act of liquidating. ऋण निस्तार, हिसाब-किताब की चुकती।

Liquidator-लिक्वि-डे-टर्-*n.* he who liquidates. ऋण निश्चित करनेवाला अफ़सर।

Liquidity, Liquidness-see **Liquid.**

Liquor-लि-कर्-*n.* a liquid, fermented drink. तरल-पदार्थ, सुरा, मदिरा; **Liquorshop** (an ale-house.) कलवरिया, शराब की दूकान।

Liquorice-लिकरिस् - *n.* a kind of sweet medicinal plant. मुलेठी।

Liquorish - लिकरिश् - *adj.* fond of drink. मदिरा-प्रिय; **Liquorishness** (-नेस्)-*n.* fondness for liquor. सुराप्रियता।

Lisp-लिस्प्-*v. t.* to speak imperfectly, to speak with a lisp. अस्पष्ट बोलना, तुतलाना;-*n.*imperfect pronunciation, rippling sound. तुतलाहट, जल का मन्द शब्द; **Lisper** (-अर्)-*n.* one who lisps. तुतलानेवाला; **Lisping** (-इङ्ग्) -*n.* pronouncing with a lisp. गद्गद वाणी।

Lissom, Lissome-लि-सम्-*adjs.* nimble, agile. अस्थिर, चंचल; **Lissom(e)ness** (-नेस्)-*n.* the state of being lissom. चंचलता।

List-लिस्ट्-*n.* the strip or edge of cloth, enclosing ground, scene of contest, catalogue. वस्त्र का किनारा, बाड़ा, अखाड़ा, सूची;-*v. i. & t.* to enlist, to desire, to listen, to lean to one side. अखाड़े में घुसना, इच्छा करना, सुनना, जहाज़ का एक ओर झुकना; **To enter the lists** (to engage in a contest.) युद्ध में प्रवृत्त होना।

Listen-लिसन्-*v. i.* to hear with attention, to hearken. ध्यान देना, ध्यान से सुनना।

Listener-लिस्नर्-*n.* one who listens. सुननेवाला; **Good listener** (one who listens with attention.) ध्यानपूर्वक सुननेवाला।

Listerine-लिस्टरिन्-*n.* a kind of antiseptic solution. शुद्ध करनेवाली एक प्रकार की औषध।

Listless-लिस्ट्'-लेस्-*adj.* careless, indifferent, uninterested. असावधान, लापरवाह, उदासीन; **Listlessly** (-लि)-*adv.* in a listless manner. असावधानी से; **Listlessness** (-नेस्)-*n.* the state of being listless. असावधानी, उदासीनता।

Lit-लिट्-*p. t.* of **Light.**

Litany-लिटनि-*n.* supplications for use in a church. गिरजाघर में प्रयोग की जानेवाली धार्मिक प्रार्थना।

Literacy-लिटरसि-*n.* ability to read and write. लिखने-पढ़ने की योग्यता, साक्षरता।

Literal-लिटरल्-*adj.* expressed by letters, according to the letters of the text, real, exact. शब्दानुसार, मूलार्थक; **Literal meaning.** मूलार्थ, शब्दानुसार अर्थ।

Literality - लिटरलिटि - *n.* literal meaning. मूलार्थ अनुवाद।

Literally-लिटरलि-*adv.* in a literal manner. यथाशब्द, अक्षरशः।

Literalize-लिटरलाइज़्-*v. t.* to make literal. शब्द के अर्थानुसार अनुवाद करना।

Literary-लिटररि-*adj.* pertaining to literature. शास्त्रीय, साहित्य सम्बन्धी; **Literary man** (a learned man.) विद्वान् पुरुष।

Literate-लिटरेट्-*adj.* acquainted with literature. पढ़ा-लिखा, पण्डित।

Literati-लिट-रे-टाइ-*n. pl.* the learned people. विद्वान् लोग।

Literatim-लिटरेटिम्-*adv.* letter for letter. अक्षरशः।

Literator-लिटरेटर्-*n.* a learned man. विद्वान् मनुष्य।

Literature-लिटरेचर्-*n.* learning, literary production, writings of a country. ज्ञान, साहित्य, शास्त्र-समूह; **Light literature** (books treating on interesting subjects.) मनोविनोद का साहित्य, उपन्यास आदि।

Litharge-लिथ्'-आर्ज्-*n.* monoxide of lead. मुर्दाशङ्ख।

Lithe-लाइद्-*adj.* flexible, pliant, supple. मृदु, लचीला, मुलायम; **Lithesome** (-सम्)-*adj.* nimble. मृदु।

Lithic-लिथ्-इक्-*adj.* pertaining to stone, (*esp.* in bladder.) अश्मरी या पथरी से संबंधित।

Lithium-लिथि - अम् - *n.* a metallic element. एक प्रकार की धातु ।

Lithoglyph-लि- थॅ- गिलफ़् - *n.* an engraving on a gem. नगीने पर की नकाशी ।

Lithograph-लि- थॅ- ग्राफ़् - *n.* a lithographic print. पत्थर के छापे की प्रति; **Lithographer** (-अर्)-*n.* one who practises lithography. पत्थर पर छापा बनानेवाला; **Lithographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to lithography. पत्थर के छापे से संबंधित; **Lithography** (-इ) -*n.* art of drawing and writing on stone for printing work. पत्थर का छापा, लीथो ।

Lithological-see **Lithology.**

Lithology-लिथॅ-लॅ - जि - *n.* the science of stones and rock. शिलाविद्या; **Lithological** (-लॅ-जि-कल्)-*adj.* pertaining to lithology. शिलाविद्या से सम्बन्ध रखनेवाला ।

Lithontriptic-लिथ्'-ऑन्-ट्रिप्'-टिक् *adj.* having the property of dissolving stone in bladder. अश्मरी-हर, पथरी गलाने की (दवा) ।

Lithotomist-see **Lithotomy.**

Lithotomy-लिथ्-ऑ-ट्'-ॲ-मि-*n.* operation for removing stone from the bladder. मूत्राशय में से पथरी निकालने के लिये चीरफाड़; **Lithotomist** (-टॅम्-इस्ट्)-*n.* a doctor who removes stone from the bladder. पथरी निकालनेवाला डाक्टर ।

Lithy-लाइ'-दि-*adj.* pliant. लचीला ।

Litigable-लिटि-गॅ-बल्-*adj.* contestable in law. मुकदमा करने योग्य ।

Litigant-लिटि-गन्ट्-*n.* one who contends in law, one engaged in law suit. विवादी, मुकदमा लड़नेवाला ।

Litigate-लिटि-गेट्-*v. i. & t.* to go to law, to contest at law. मुक़दमा करना (लड़ना), अदालत करना ।

Litigation-लिटि-गे'-शन्-*n.* a judicial contest. विवाद, मुकदमेबाज़ी ।

Litigious-लि-टि-जस्-*adj.* fond of litigation. (विवादी) अदालती, मुक़दमेबाज़; **Litigiously** (-लि)-*adv.* in a litigious manner. विवाद से; **Litigiousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being litigious. विवादप्रियता ।

Litmus-लिट्'-मस्-*n.* a blue vegetable colour which turns red by the action of acid and resumes its natural colour by the action of alkali, a colouring matter. एक प्रकार की वनस्पति का रंग जो अम्ल के संसर्ग से लाल हो जाता है तथा क्षार से फिर ज्यों का त्यों नीला हो जाता है, रँगने की वस्तु ।

Litre-लि'-टर्-*n.* a unit of capacity in the metric system (about 35 ounces.) प्रायः ३५ आउन्स की तौल ।

Litter-लि-टर्-*n.* a carriage or framework for carrying the sick or wounded, bedding for quadrupeds, filthy accumulation, young of some animals. डोली, पालकी, टिखटी, पशुओं का घास-फूस का बिछौना (पुआली), कूड़ा-करकट, पशु के बच्चे;-*v. t.* to supply with straw, to bring forth young. पशु का बिछावन बनाना, बच्चा पैदा करना ।

Little-लि-ट्ल्-*n. adj. & adv.* (*comp.* **Less, Lesser,** *sup.* **Least**) small, of small size, brief, short, trivial, mean. अल्प, अल्पमात्र (कुछ), छोटा, थोड़ा, तुच्छ; **A little** (a small quantity.) बहुत थोड़ा सा; **A little rather** (somewhat.) थोड़ा-बहुत; **A little while** (for a short time.) थोड़ी देर; **Little finger** (the smallest finger.) कानी अँगुली; **Little-known** (not famed.) अप्रसिद्ध; **Littleness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being little. छोटापन; **Little people** (fairies.) परियाँ ।

Liturgical-लिट-र्जि-कल्-*adj.* pertaining to liturgy. कर्मकाण्ड सम्बन्धी; **Liturgically** (-लि) -*adv.* according to liturgy. पूजन-विधि के अनुसार ।

Liturgics-लि-टर्'-जिक्स्-*n.* the theory of ritulas. कर्मकाण्ड विषय ।

Livable-लि-वॅ-बल्-*adj.* habitable. बसने योग्य; **Livableness** (-नॅस्) -*n.* habitableness. रहन सहन ।

Live-लिव्-*v. i. & i.* to have life, to be alive, to subsist on, to enjoy life, to get livelihood, to conduct. जीना, निर्वाह करना, जीविका प्राप्त करना, दिन बिताना; **To live close** (to live in a stingy manner.) किफ़ायत से रहना; **To live from hand to mouth** (sustaining on small means.) रोज़ कुआँ खोदना रोज़ पानी पीना; **To live on air** (to take no food.) हवा पीकर जीना; **To live to oneself** (to live in isolation.) अकेले रहना ।

Live-लाइव्-*adv.* alive, living, actual, energetic, ignited, vivid, glowing. सजीव, जीव-

धारी, प्रत्यक्ष (स्पष्ट), फुर्तीला, चमकीला (सुलगता हुआ); **Live-stock** (collection of animals.) पशुओं का समुदाय।

Livelihood-लाइव्'-लि-हुड्-*n.* means of living. जीवनवृत्ति, जीविका।

Liveliness-लाइव्'-लि-नेस्-*n.* the quality of being lively, cheerfulness. उत्साह, आनन्द।

Livelong-लिव्'-लॉङ्ग्-*adj.* lasting, complete. सम्पूर्ण, सारा।

Lively-लाइव्'-लि-*adj.* gay, vigorous, energetic. तीव्र, उत्साही, तीक्ष्ण।

Liven-लाइ-वन्-*v. t.* to brighten, to cheer up. प्रसन्न करना।

Liver-लिवर्-*n.* the organ of the body which secretes the bile. यकृत, जिगर; **Hot liver** (amorous.) उत्साही, प्रेमी; **Liver-colour** (brown colour.) भूरा रङ्ग।

Liveried-लिवरिड् - *adj.* wearing a livery. वर्दी पहने हुए।

Liverless-लिवर' - लेस्-*adj.* devoid of liver. यकृतहीन।

Livery-लिवरि-*n.* provision of food, provender for horses, distinctive dress for servants, legal delivery of property. भोजन-व्यवस्था, घोड़ों को रसद, पोशाक (वर्दी), सम्पत्ति पर वैध अधिकार अर्पण, दखलदेहानी ;-*v. t.* to clothe in livery. वर्दी पहनाना; **Out of livery** (wearing ordinary clothes.) सामान्य वस्त्र पहिने हुए।

Liveryman-लिवरि-मैन्-*n.* a liveried servant, a freeman of London. वर्दीधारी नौकर, लन्दन का स्वतंत्र व्यक्ति।

Livery-stable-लिवरि-स्टेब्ल्-*n.* a stable where horses are kept in livery. घोड़ों के पालने का अस्तबल।

Livid-लिविड्-*adj.* of bluish colour. नीले रङ्ग का, (चोट से) नीला पड़ा हुआ; **Lividity** (-इ-टि) -*n.* lividness. नीलापन; **Lividly** (-लि) -*adv.* in a livid manner. नीलता से; **Lividness** (-नेस)-*n.* the quality of being livid. नीलिमा, नीलवर्ण।

Living-लिविङ्-*n.* livelihood, maintenance. जीवन, जीविकावृत्ति;-*adj.* having life, active. जीवित; **Good living** (luxurious feeding.) बहुमूल्य भोजन; **Living death** (life full of misery.) कष्टपूर्ण जीवन ; **Living language** (language which is in vernacular use.) बोली जानेवाली प्रचलित भाषा;**Living water** (water which is always flowing.) सर्वदा बहनेवाला जल ; **Within living memory** (memory of those persons still living.) ऐसे मनुष्यों की यादगार जो अब भी जीवित है।

Lizard-लिज़र्ड्-*n.* a kind of reptile, बम्हनी; **House-lizard** छिपकली, बिसतुइया।

Llama-ला'-मा - *n.* an American ruminant used for carrying burden. बोझा ढोने का अमेरिका का ऊँट की तरह का एक पशु।

Lo-लो-*interj.* look! behold! see! देखो! अहा! अरे!

Loach-लोच्-*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी में रहनेवाली मछली।

Load-लोड् - *n.* burden, cargo or freight, weight, resistance of machinery. भार, बोझ, दबाव;-(*pl.*) plenty (बहु व०) अधिकता;-*v. t. & i.* to oppress, to lay burden on, to encumber, to charge a gun. कष्ट देना, बोझना, भार देना, बन्दूक में बारूद भरना।

Loader - लोडर् - *n.* one who puts on a load. बोझनेवाला।

Loading-लोड्-इङ्ग्-*n.* cargo,burden.बोझ,भार।

Loadstar-लोड्'-स्टार्-*n.*the Pole Star. ध्रुव तारा।

Loadstone-लोड्'-स्टोन्-*n.* iron ore having power of attraction. चुम्बक पत्थर।

Loaf-लोफ्-*n.* (*pl.* **Loaves.**) a piece of baked bread, conical mass of sugar. पावरोटी, कन्द का पिण्ड;-*v. i.* to spend time idly. व्यर्थ समय नष्ट करना; **Half a loaf is better than no bread** (better to lose half than all.) सर्वनाश की अपेक्षा आधा नाश अच्छा है; **Loaf-sugar**--*n.* sugar refined and formed into a mass. मिश्री, कन्द।

Loafer-लोफ़्'-अर्-*n.* an idle person. समय को वृथा नष्ट करनेवाला मनुष्य।

Loam-लोम्-*n.* a composition used in brick-making, fertile soil. ईंट बनाने की मिट्टी, चिकनी उपजाऊ मिट्टी;**Loamy**(-इ)-*adj.* चिकनी उपजाऊ मिट्टी का।

Loan-लोन्-*n.* a sum of money lent, anything borrowed. ऋण, उधार ली हुई वस्तु; **Loanable** (-ऐ-बल्)-*adj.* that may be lent. कर्ज देने के योग्य;**Loanholder** (a mortgagee.) रेहनदार।

Loath -लोथ् - *adj.* disinclined, unwilling, reluctant. अनिच्छुक, विमुख; **Nothing loath** (willingly.) इच्छापूर्वक।

Loathe-लोद्-*v.i.* to hate, to detest. घृणा करना, निन्दा करना; **Loather** (-अर्)-*n.* hater. घृणा करनेवाला।

Loathing-लोद्'-इङ्ग्-*n.*extreme disgust. अति घृणा; **Loathingly** (-लि) - *adv.* with disgust. घृणा से।

Loathsome-लोथ्' (-द्')-सम्-*adj.* detestable, abhorring. घृणाजनक, घृणित; **Loathsomely** (-लि) *-adv.* in a disgusting manner. घृणा से; **Loathsomeness** (-नेस्) - *n.* disgust. घिनौनापन ।

Loaves-लोव्ज़्-*n. pl.* of **Loaf.**

Lob-लॉब्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Lobbed.**) to move clumsily, to run lazily, to bowl underhand. भद्दी तरह हिलाना, धीरे-धीरे दौड़ना, नीचे की ओर से गेंद फेंकना;-*n.* a dull or sluggish person. आलसी पुरुष ।

Lobate-लोबेट्-*adj.* pertaining to a lobe. फूले हुए भाग का।

Lobby-लॉ'-बि-*n.*(*pl.* **Lobbies.**) antechamber, an entrance-hall, corridor. दालान, सभा-मण्डप का आँगन; **Lobbyist** (-इस्ट्)-*n.* a member of a lobby. विशिष्ट मत वाला सभासद ।

Lobe-लोब्-*n.* the round fatty projecting part of an organ. किसी अङ्ग का गोल फूला हुआ भाग; **Lobe of the ear** (soft hanging part of the ear.) कान का लटकता हुआ भाग ।

Lobelia-लो-बी'-लि-आ-*n.* a kind of flowering plant. एक फूल का पौधा ।

Lobster-लॉब्-स्टर्-*n.* a ten-footed marine fish. एक प्रकार का केकड़ा ।

Local-लो'-कल्-*adj.* pertaining to a specified place. स्थानिक, किसी विशिष्ट स्थान का; **Local government** (administration of a town by its inhabitants.) स्थानीय शासन; **Local news** (the news of a place.) एकदेशीय वृत्तान्त; **Local usage** (special usage of a place.) देशाचार ।

Locality-लो-कॅल्'-इ-टि-*n.* situation, position. स्थान, प्रदेश, जगह ।

Localization-लो-क-लाइ-जेशन्-*n.* the act of localizing. एक देश में स्थिर करने का कार्य ।

Localize-लो-क-लाइज़्-*v. t.* to make local. किसी मुख्य स्थान में स्थिर करना ।

Locally-लो - क - लि-*adv.* with respect to a particular place. किसी मुख्य स्थान में ।

Locate-लो-केट्-*v. t.* to settle or establish in a place. स्थापन करना, निर्धारित करना ।

Location-लो-के'-शन्-*n.* that which is located, relative position. स्थापन ।

Locative-लॉक्'-ऍटिव्-*adj.&n.* a case denoting place (*gram.*). अधिकरण कारक, सप्तमी विभक्ति ।

Loch-लॉह्-*n.* a lake, a narrow arm of the sea. झील, समुद्र का सँकरा भाग ।

Lock-लॉक्-*n.* an appliance for fastening doors &c., part of a gun by which it is discharged, an enlcosure in a canal, a tuft of hair. ताला, बन्दूक का घोड़ा, बाँध, बालों की लट; -*v. t.* to close fast, to provide with locks, to embrace closely. ताला लगाना, बन्द करना, आलिङ्गन करना ।

Lockage-लॉकेज्-*n.* canal-locking. नहर का बाँध ।

Lock-chain-लॉक्' - चेन् - *n.* a chain for locking a wheel. पहिये में ताला बन्द करने की जंजीर ।

Locker-लॉकर्-*n.* a drawer. टेबुल इत्यादि की दराज जिसमें ताला बन्द होता है ।

Locket-लॉकेट्-*n.* a small lock, a metal plate worn as an ornament. छोटा ताला, लोलक (तावीज) ।

Lock-hospital-लॉक् - हॉस्पिटल्-*n.* a hospital for patients of venereal diseases. सुजाक के रोगियों का अस्पताल ।

Lock-jaw-लॉक्'-जॉ-*n.* a contraction of the muscles of jaw. हनुस्तंभ रोग जिसमें जबड़ा जकड़ जाता है ।

Lock-smith - लॉक्' - स्मिथ्-*n.* a blacksmith who makes locks. ताला बनानेवाला लुहार ।

Lock-stitch-लॉक्'-स्टिच्-*n.* a stitch that locks two threads together. दुहरी सियन ।

Lock-up-लॉकप् - *n.* a place of temporary confinement of an arrested person. बन्दी-गृह, हवालात ।

Locomotion-लो-कॅ-मो' - शन् - *n.* the power for motion from place to place. स्थानान्तर चलन, एक स्थान से दूसरे स्थान को जाने की शक्ति ।

Locomotive-लो-कॅ-मो-टिव्-*adj.* having motion. चलनशील, चलनेवाला ; **Locomotive engine** (the engine of a railway train.) रेलगाड़ी का इञ्जन ।

Locomotor-लो-कॅ - मो' - टर्-*adj.* pertaining to movement. गति-सम्बन्धी; **Locomotory** (-ट-रि) -*adj.* pertaining to locomotion. स्थानान्तर चलन संबंधी ।

Locular-लॉक्' - यू - लर् - *adj.* pertaining to small recess. छोटे कोष्ठक सम्बन्धी ।

Loculus-लॉक्यु - लस्-*n.* (*pl.* **Loculi.**) a small separate cavity. एक पृथक् कोष्ठक ।

Locus-लो'-कस्-*n.* (*pl.* **Loci.**) a line or a curve formed by points satisfying given con-

ditions.) बिन्दुपथ; **Locus in quo** (place of occurrence.) घटना-स्थल; **Locus standi** (recognised position.) स्वीकृत स्थिति।

Locust-लोकस्ट् -*n.* a migratory winged insect. शलभी, टिड्डी।

Locust.

Locution-लॉ - क्यू'-शन् - *n.* style of speech. बोलने का ढंग, वाक् शैली।

Locutory-लॉ-क्यू-टरि-*n.* a place of conversation. वार्तालाप करने का स्थान।

Lode-लोड् -*n.* a watercourse. जलमार्ग; **Lode-star** (the pole-star.) ध्रुव तारा।

Lodge-लॉज् -*n.* a small house, an outhouse in a garden, a place where Freemasons meet. छोटा घर, नौकरों के रहने की कुटी, विशेष सम्प्रदाय के लोगों का मिलन या सभास्थल ;-*v. t. & i.* to harbour, to settle, to provide with habitation. टिकाना, बसना, ठहराना।

Lodger-लॉजर् -*n.* one who lodges. ठहरनेवाला।

Lodging-लॉजिङ्ग् -*n.* a temporary habitation. अस्थायी वासस्थान।

Lodgment-लॉज्'-मेन्ट्-*n.* the act of lodging. वासकरण, टिकान।

Loft-लॉफ्ट्-*n.* an attic, a pigeon-house. अटारी (मचान), कबूतर का दर्बा;-*v. t.* to throw a ball upwards. गेंद को ऊपर की ओर फेंकना।

Loftily-लॉफ्टि-लि-*adv.* in an exalted manner. गर्व के साथ।

Loftiness-लॉफ्टि-नेस् -*n.* the state of being lofty. उन्नति, गर्व, अभिमान।

Lofty-लॉ-फ्टि-*adj.* (*comp.* **Loftier**, *sup.* **Loftiest.**) high, exalted, elevated, dignified, distinguished, majestic, proud. ऊँचा, उन्नत, विभवयुक्त, श्रेष्ठ, प्रसिद्ध, गर्वपूर्ण।

Log-लॉग्-*n.* unhewn bulky timber. लकड़ी का कुन्दा, लट्ठा ;-*v. t.* (*p. t.* **Logged.**) to gather together pieces of wood. लट्ठों के टुकड़े इकट्ठा करना; **To fall like a log** (to fall in a helpless condition.) निराश होकर पड़ जाना।

Logarithm-लॉग-रिथ्म् -*n.* a simplified way of arithmetical calculation. घातप्रमापक लघुगणक ; **Logarithmic** (-थ्'-मिक्) -*adj.* pertaining to logarithm. लघुगणकविधि-संबंधी; **Logarithmically** (-अ-लि)-*adv.* in the manner of a logarithm. लघुगणकविधि से।

Log-book-लॉग्-बुक् -*n.* an official record of daily events in the voyage of a ship, a headmaster's or principal's private record book containing remarks about the teachers. जहाज का रोजनामचा, अध्यापकों के विषय में टिप्पणी लिखने की प्रधानाध्यापक की गुप्त पुस्तक।

Logger-head-लॉग-र्हेड्-*n.* a block-head, a fool. जड़ बुद्धि, मूर्ख; **Logger-headed** (-ऍड्) -*adj.* stupid, dull. स्थूल बुद्धिवाला, मन्द; **To be at logger-heads** (to come to quarrel.) कलह करना, झगड़ना।

Logic-लॉजिक् - *n.* the science of reasoning, the process of argument. तर्कशास्त्र, न्याय शास्त्र; **Logical** (-इ-कल)-*adj.* according to the rules of logic. तर्कशास्त्र-सम्बन्धी, तर्कानुसार; **Logically** (-क-लि) -*adv.* according to the rules of logic. तर्क के अनुसार।

Logician-लॉ-जि-श्यन्-*n.* one who is versed in logic. नैयायिक, तार्किक।

Logistics-लॉ-जिस्ट्'-इक्स् - *n.* the art of stationing or moving troops. सेना को टिकाने या हटाने की विधा।

Logogram-लॉ-गॉ-ग्राम्-*n.* a sign representing a word. किसी शब्द के लिये सुलभ संकेत।

Logomachy-लॉ-गॉ-मी-कि-*n.* a controversy about words. शब्द-विवाद (वाग्युद्ध)।

Logomania-लॉ-गॉ - मे नि - आ - *n.* craze for speaking. बोलते रहने की सनक।

Logotype-लागॉ-टाइप् - *n.* words or several letters cast into one piece. एक साथ ढले हुए कई अक्षर या शब्द, यथा ff, fil.।

Logwood-लॉग्'-वुड्-*n.* a kind of deep coloured wood. एक प्रकार का गहरे रंग का बबूल।

Loin-लॉइन् - *n.* part of the body on both-sides of the lower half of the trunk. कूल्हा, कमर; **Born from one's loins** (one's begotten progeny.) अपनी जनमी सन्तति ; **Loin cloth** (a piece of cloth for wearing round the loins.) लुङ्गी, कौपीन; **To gird up one's loins** (to prepare for effort.) कमर कसना, कटिबद्ध (उद्यत) होना।

Loiter-लॉय्-टर्-*v. i.* to linger, to saunter, to hang about. सुस्ती से धीरे-धीरे चलना, देर करना, टालमटोल करना; **To loiter about** (to pass away time loiteringly.) मारे-मारे फिरना, मटरगश्ती करना।

Loiterer-लॉय्'-टरर्-*n.* an idler. आलसी, कालक्षेप करनेवाला।

Loitering-लॉय्'-टर्-इङ्ग्-*adj.* idling. विलम्ब ; **Loiteringly** (-लि)-*adv.* in a loitering manner. कालक्षेप करते हुए।

Loll-लॉल्-*v. t. & i.* to hang out the tongue, to sit or stand in a lazy attitude. जीभ निकालना (लपलपाना), सुस्ती में पड़े रहना।

Lollingly-लॉलिङ्गलि - *adv.* with moving tongue. जीभ लपलपाते हुए।

Lollop-लॉ-लॉप् - *v. i.* to stir in a lounging way. सुस्ती से घूमना।

Lone-लोन्-*adj.* solitary, unfrequented, uninhabited. निर्जन, अकेला।

Loneliness-लोन्'-लि-नेस् - *n.* the state of being lonely or isolated. निर्जनता, असहायता।

Lonesome-लोन्'-सम् - *adj.* solitary. निर्जन; **Lonesomely** (-लि) - *adv.* in a lonesome manner. निर्जनता से; **Lonesomeness** (-नेस्) -*n.* the quality of being lonesome. निर्जनता।

Lonely-लोन्-लि-*adj.* companionless, isolated, helpless. अकेला, निर्जन, सहायहीन।

Long-लॉङ्ग्-*adj.* extended in length or time, protracted, lingering, slow in coming, far-reaching, lengthy. विस्तीर्ण या दीर्घकालव्यापी विलम्बित, दीर्घसूत्री, दूर का, लम्बा ;-*n.* a long time or period. दीर्घकाल; **A long period** (a long duration of time.) चिरकाल; **A long way off** (at a long distance.) बहुत दूर; **For a long time** (for long.) बहुत दिनों तक; **Has a long arm** (can make his power reach far.) दूर तक प्रभाव डाल सकता है ; **In the long run** (finally.) अन्त में; **Long cloth** (a kind of calico.) लङ्किलाट; **Long date** (a distant date.) दूर की तारीख; **Long dozen** (thirteen.) तेरह; **Long ears** (stupidity.) मूर्खता; **Long face** (dismal.) दु:खी; **Long family** (family of several children.) बड़ा परिवार; **Long hand** (ordinary writing.) पूरे अक्षरों में (सांकेतिक भिन्न) लिखावट ; **Long home** (the grave.) क़ब्र; **Long sight** (that sees distant objects.) दूरदृष्टि; **Long-sighted** (one able to see far but not close at hand.) वह मनुष्य जो दूर के पदार्थ स्पष्ट देख सके—समीप के नहीं; **Longsightedness** (the faculty of being long sighted.) दूरदर्शिता; **Long-tongued** (loquacious.) वाचाल, बकवादी।

Long-लॉङ्ग्-*adv.* (*comp.* **Longer**, *sup.* **Longest.**) a great extent (in time of space.) at a point of duration, far, distant. चिरकाल तक, दूर तक; **All day long** (throughout the day.) सारा दिन, दिन भर; **As long as** (if only.) जब तक कि; **Ere long** (soon.) थोड़े ही काल में ; **For long** (for a long time.) बहुत दिन तक ; **How long** ? (up to what length of time. ?) कितने दिनों तक; **Living long** (living for a long time.) चिरजीवी ; **Long ago** (in the distant past.) प्राचीन समय में; **Long after** (after a long time.) बहुत दिनों बाद; **Long before** (before a long time.) बहुत पहिले ; **Long sick** (sick since long.) पुराना रोगी; **So long as** (provided that.) यहाँ तक, जब तक कि।

Long-लॉङ्ग्-*v.t.* to desire vehemently, to have a craving desire. अत्यन्त अभिलाषा करना, बड़ी लालसा करना, अधिक लोभ करना या चाहना।

Longeval-लॉन्'-जि-वल्-*adj.* long-lived. दीर्घजीवी, अधिक काल तक जीनेवाला।

Longevity-लॉन्'-जेव्'-इ-टि-*n.* great length of life. दीर्घायु, बड़ी आयुष्य।

Longevous-लॉञ्जिवस - *adj.* living long. चिरजीवी, अधिक वय का।

Longing-लॉङ्गिङ्ग्-*n.* a vehement desire. उत्कण्ठा, लालसा, अभिलाषा; **Longingly** (-लि) -*adv.* with eager desire. उत्सुकता से।

Longish-लॉङ्गिश्-*adj.* somewhat long. कुछ लम्बा।

Longitude-लॉन्' - जि-ट्यूड्-*n.* length, the angular distance, east or west from a meridian. लम्बाई, भूमध्यरेखा से पूरब या पश्चिम की दूरी, देशान्तर।

Longitudinal-लॉञ्ज - ट्यू'-डि-नल्-*adj.* pertaining to longitude. (अनुदैर्घ्य), लम्बान बल का, देशान्तर सम्बन्धी ; **Longitudinally** (-न-लि) -*adv.* lengthwise. लम्बान में।

Longsome-लॉङ्ग्-सम्-*adj.* tiresome. थकानेवाला।

Longways-लॉङ्ग्'-वेज़् , **Longwise** (वाइज़्) -*adjs.* lengthwise. लम्बेबल।

Loo-लू-*n.* a kind of card-game. एक प्रकार का ताश का खेल।

Looby-लू'-बि-*n.* a silly awkward person. मूर्ख, भद्दा मनुष्य।

Look-लुक्-*v. i. & t.* to use one's sight, to show surprise, to consider, to examine,

to ascertain by sight. देखना, आश्चर्य दिखलाना, विचारना, परीक्षा करना, आँख फेरकर खोजना; *-n.* glance at a thing, appearance, aspect. दृष्टि (दर्शन), रूप, आकार, आभा; **A look-out** (*pl.* **Lookouts**) a careful watching. चौकसी; **It is his look-out** (it is his duty.) यह उसका कर्तव्य है; **Look here !** (observe !) ध्यान दो ! **Look sharp** (lose no time !) सावधान हो ! **Look you !** (mind!) खबरदार !; **Side-look** (oblique look.) कटाक्ष; **To be on the look-out** (to be careful.) सावधान रहना; **To look after** (to search.) अन्वेषण करना, खोजना ; **To look back** (to be half-hearted.) हताश होना; **To look down at** (to regard with displeasure.) तिरस्कार से देखना; **To look for** (to search for, to expect.) तलाश करना, आशा करना; **To look ill** (to seem to be ill.) रोगी या बीमार मालूम होना; **To look into** (to inspect closely.) परीक्षा करना, अनुसन्धान करना ; **To look on** (to see for a short time.) क्षण भर के लिये देखना; **To look over** (to overlook.) बहटियाना ; **To look through** (to penetrate.) आँख गड़ाकर देखना; **To look to** (to consider.) विचारना; **To look down upon** (to regard with disfavour.) तिरस्कार करना; **To look up to** (to count.) गणना करना, मानना ।

Looker-on-लुकर्-ऑन् (*pl.* **Lookers-on**)-*n.* a spectator. दर्शक ।

Looking-लुक्'-इङ्ग्-*n.* search. दिखावट ।

Looking-glass-लुक्'-इङ्ग्-ग्लास्-*n.* a mirror. दर्पण, शीशा, आईना ।

Lookout-लुक्'-आउट्-*n.* a careful watching for an object. किसी पदार्थ का सावधानी से निरीक्षण ।

Loom-लूम्-*n.* a machine for weaving, inner part of an oar, a haze. करघा, डाँड़े का भीतरी भाग, अस्पष्ट दर्शन;*-v. i.* to appear vague and indistinct. अस्पष्ट रूप से देख पड़ना ।

Loon-लून्-*n.* an idler, a rascal. दुर्जन, दुष्ट, पाजी; **Loony** (-इ)-*n.* a lunatic. पागल मनुष्य ।

Loop-लूप्-*n.* a noose, a loop-hole, a curve, bent string or wire. फन्दा, दरार, चक्कर, गाँठ; *-v. t.* to fasten with a loop. फन्दे में बाँधना ।

Looper-लूपर्-*n.* a kind of creeping insect. एक प्रकार का रेंगनेवाला कीड़ा ।

Loophole - लूप्' - होल्-*n.* an aperture, an outlet, secret means of escape. छिद्र, निकास, भागने का गुप्त मार्ग ।

Loopline-लूप्'-लाइन्-*n.* a branch railway line attached to the main line. मुख्य रेल-पथ से संयुक्त शाखा रेल-पथ ।

Loose-लूस्-*adj.* released from restraint, free, not tight, inexact, vague, lax, unconnected, incorrect, dissolute. बन्धन-मुक्त, स्वतन्त्र, ढीला, अशुद्ध, अनिश्चित, अव्यवस्थित, अबद्ध, दुराचारी; *-v. t.* to free from restraint, to discharge gun. छुटकारा देना, गाँठ खोलना, बन्दूक छोड़ना; **A loose woman** (immoral woman.) कुलटा स्त्री; **At a loose end** (without a definite aim.) बिना लक्ष्य के; **Loose bowels** (diarrhoea.) अतिसार रोग; **Loose conduct** (bad habit.) दुर्व्यसन ; **Loose tongue** (a prattler.) बड़बड़िया; **To break loose** (to run away from bondage.) बन्धन तोड़कर भाग जाना ।

Loosely- लूस्'- लि-*adv.* in a loose manner. शिथिलता से, अस्पष्टता से ।

Looseness-लूस्'-नेस्-*n.* slackness. ढीलापन ।

Loosen-लूसन्-*v. t.* to relax, to separate, to free from tightness. शिथिल करना, ढीला करना, पृथक् करना ।

Loot - लूट् - *n.* goods snatched from the enemy, booty. लूट का माल, लूट;*-v. t.* to plunder. लूटना; **Looter** (-अर्) -*n.* one who plunders. लूटनेवाला, डाकू ।

Lop-लॉप्-*v.t. & i.* (*p. t.* **Lopped**) to cut off twigs or branches, to hang down loosely. डाल काटना (कलम करना), लटकना या लटकाना ।

Lop-eared-लॉप्' - इअर्ड-*adj.* with hanging ears. लटकते हुए कानवाला ।

Lope-लोप्-*v. i.* to run with a long bouncing stride. लम्बे-लम्बे डग मारते हुए दौड़ना ।

Lopper-लॉपर्-*n.* a trimmer of trees. पेड़ काटनेवाला मनुष्य ।

Loppings-लॉपिङ्गज्-*n.* that which is cut off. कटाव, कतरन ।

Loppy-लॉप्' - पि - *adj.* hanging. झूलनेवाला, लटकता हुआ ।

Lopsided-लॉप्-साइ'-डेड्-*adj.* with one side lighter than the other. एक ओर दूसरी ओर से हलका, उलार; **Lopsidedly** (-लि) *-adv.* in a lopsided manner. उलार दशा में; **Lopsidedness** (-नेस्) -*n.* the state of being lopsided. असंतुलित या उलार अवस्था ।

Loquacious-लो - क्वे' - शस् *-adj.* talkative, chattering, noisy. वाचाल, बकवादी, बक्की ; **Loquaciously** (-लि)*-adv.* in a talkative

manner. वाचालता से ; **Loquaciousness** (-नेस्) -*n.* the habit of being talkative. बातूनीपन।

Loquacity-लो-क्वी-सिटि-*n*. loquaciousness. वाचालता, बकवाद ।

Lorcha-लॉर्का-*n.* a kind of ship. एक प्रकार का जहाज।

Lord-लॉर्ड्-*n.* (*fem.* **Lady**) master, ruler, sovereign, husband, God, a baron, a nobleman. (प्रभु) स्वामी, राजा, महाराज, पति, ईश्वर, नवाब, रईस;-*v. i.* to rule despotically. प्रभुत्व दिखलाना, अनियन्त्रित शासन करना।

Lord-like-लार्ड - लाइक्-*adj.* grand, magnificent. राजा सदृश, तेजस्वी (रोबदार) ।

Lordliness-लॉर्ड्-लि-नेस् -*n.* dignity, pride. तेज, प्रभुत्व ।

Lordling-लॉर्ड्-लिङ्ग्-*n.* a little lord. छोटा नवाब ।

Lordly-लॉर्ड् - लि -*adj.* Lord-like, grand, imperious. राजा सदृश, शानदार, रोबीला।

Lordship-लॉर्ड् - शिप्-*n.* a domain, lord's personality, dignity, power. अधिकार-क्षेत्र, प्रभुत्व, गौरव, शोभा, शक्ति ।

Lore-लोर्-*n.* learning, wisdom, scholarship. विद्या, ज्ञान, शिक्षा।

Loricate-लॉ-रि - केट्-*adj.* having defensive parts. कवचयुक्त।

Loris-लॉरिस्-*n.* a kind of lemur. एक प्रकार की छिपकली।

Lorn-लॉर्न्-*adj.* same as **Forlorn**.

Lorry-लॉ-रि-*n.* (*pl.* **Lorries.**) a long heavy four-wheeled wagon or truck. अनेक मनुष्यों के सवार होने की चौपहिया (मोटर या रेल) गाड़ी।

Lory-लो'-रि-*n.* a bird of the parrot kind. तोते की जाति का एक पक्षी।

Lose-लूज़्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Lost**) to be deprived of, to suffer loss, to waste, to spend, to fail, to carry, to squander, to disappear, to perish, to ruin, to decline. वंचित होना, क्षति उठाना, नष्ट करना, खर्च करना, चूकना, ले जाना, उड़ाना, गायब होना, नष्ट होना, गिरना; **Lost his way** (*i. e.* missed his path.) भटक गया; **To lose consciousness** (to become insensible.) मूर्छित होना; **To lose patience** (to be impatient.) अधीर होना; **To lose one's wits** (to lose knowledge.) बुद्धिहीन होना; **To lose time** (to waste time.) कालक्षेप करना, समय नष्ट करना।

Loser-लूज़र्-*n.* one who loses. खोनेवाला, हारनेवाला।

Loss-लॉस्-*n.* disadvantage, waste, damage, ruin. हानि, नाश, घाटा ; **To be at a loss** (to be puzzled.) व्यग्र होना, घबड़ाना।

Lost-लॉस्ट्-*p. t.* & *p. p.* of **Lose**.

Lot-लॉट्-*n.* selected batch of goods, choice, share, chance, destiny. किसी माल का अलगाया हुआ थोक, भाग्य, भाग (अंश), दैवगति ; -*v. t.* to allot. अनेक भागों में बाँटना ; **A lot** (a large number.) बहुत-सा; **To cast or draw lots** (to decide by throw of dice or some similar way.) चिट्ठी डालकर निर्णय करना ; **To lot with** (to be a helper.) सहायक होना।

Loth-लोथ्-*adj.* unwilling. अनिच्छुक।

Lotion-लो-शन्-*n.* a liquid medical preparation which is used as a wash. धोने की दवा।

Lottery - लॉटरि - *n.* arrangement for distributing prizes by lot, a game of chance. चिट्ठी डालकर इनाम बाँटने की रीति, भाग्य का खेल।

Lotto-लॉटो-*n.* a game of chance. एक प्रकार का जुआ।

Lotus-लो'-टस्-*n.* the water-lily. कमल, पद्म; **Lotus stalk**-*n.* (the stalk of a lotus.) कमल नाल; **White lotus.** पुन्डरीक, सफेद कमल।

Loud-लाउड्-*adj.* & *adv.* noisy, clamorous. तीव्र, बड़ी ध्वनि का; **Loudly** (-लि) -*adv.* in a loud manner. ऊँचे स्वर से; **Loudness** (-नेस) -*n.* the quality of being loud. ऊँचा स्वर।

Loud-speaker-लाउड-स्पीक्'-अर्-*n.* an instrument which is used for magnifying sound. ऐसा यन्त्र जिसके द्वारा गाना इत्यादि शोर से दूर तक सुन पड़ता है, ध्वनिविस्तारक यंत्र।

Lough-लॉ'-ह-*n.* a lake, arm of the sea. सरोवर, झील, समुद्र का भाग।

Lounge-लाउन्ज्-*v. i.* & *t.* to spend time lazily, to recline idly. आलस्य से कालक्षेप करना, व्यर्थ पड़े रहना; -*n.* a place of lounging. पड़े रहने का स्थान।

Lounger-लाउन्ज्'-अर्-*n.* one who lounges, an idler. आलसी, कालक्षेपक।

Lounging-लाउन्ज्-इङ्ग्-*n.* idleness. आलस्य; **Loungingly** (-लि)-*adv.* in an idle manner आलस्य से।

Lour, Lower-लाउर, लाउ'-अर्-*v. i.* to look gloomy, to frown, to be angry. भौंह चढ़ाना, त्यौरी चढ़ाना, क्रोध करना;-*n.* gloomy, threatening look. विषण्ण, भयकारी आकृति; **Louringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a frowning manner. भौंह चढ़ाते हुए।

Loury-लाउरि-*adj.* gloomy, dull, threatening. विषण्ण, मलिन, मन्द, भयकारी।

Louse-लाउस्-*n.* (*pl.* **Lice**) a parasitic insect. जुआँ (चीलर); **Louse egg.** लीख।

Lout-लाउट्-*n.* an awkward mean fellow, a clown, a bumpkin. ग्रामीण मनुष्य, भद्दा आदमी।

Loutish-लाउ - टिश् - *adj.* clumsy. अनाड़ी; **Loutishly** (-लि)-*adv.* in a clumsy manner. ग्रामीणता से; **Loutishness** (-नेस्)-*n.* the quality of being awkward. भद्दापन।

Louver-लू'-वर्-*n.* an erection in a building to let smoke out. धूम्ररन्ध्र, धुवाँकश, धुवाँखा; **Louvered** (-ड्)-*adj.* having a louver. धुवाँखा लगा हुआ।

Lovable ल-वे-बल्-*adj.* deserving love. प्रेम करने योग्य; **Lovableness** (-नेस्)-*n.* the state or quality of being lovable. प्रेम की योग्यता, प्यारापन।

Lovage-लवेज्-*n.* a kind of herb. एक प्रकार की वनस्पति।

Modern-मॉडर्न्'-*adj.* of the present times, not ancient. आधुनिक (अर्वाचीन), नवीन (नया); -*n. pl.* people of modern times. आजकल के लोग; **Modernity** (-इट्-इ), **Modernness** (-नस्)-*ns.* newness. नवीनता।

Modernism-मॉडर्निज़्म्-*n.* something of modern manner. आधुनिक प्रथा या व्यवहार या ढङ्ग।

Modernist-मॉ-डर्न्'-इस्ट्-*n.* a supporter of modernism. आधुनिक रीति का समर्थक।

Modernization-मॉड्-अर्न्-आइज़्-ए-शन्-*n.* act of modernizing. नवीनीकरण; **Modernize** (-आइज़्)-*v. t.* to make modern. आधुनिक समय के अनुसार बनाना, नवीनीकरण करना।

Modernly-मॉडर्न्-लि-*adv.* according to modern times. आधुनिक समय (आजकल) के अनुसार।

Modest-मॉ-डेस्ट्-*adj.* bashful, humble, not excessive, chaste, unstylish. लज्जावान्, विनीत, परिमित, साध्वी, शुद्ध, आडम्बरहीन; **Modestly** (-लि)-*adv.* in a modest manner. विनय से, लज्जा या संकोच से, नम्रता से।

Modesty-मॉडे-स्टि-*n.* chastity, moderation. विशुद्धता, विनय, नम्रता, मर्यादा, परिमितता।

Modicum-मॉडिकम्-*n.* a small quantity of food. भोजन की थोड़ी मात्रा।

Modifiable-मॉड्-इ-फाइ-ए-बल्-*adj.* able to be modified. रूप बदलने योग्य, परिवर्तनीय।

Modificatory-मॉडिफ़िकेटरि-*adj.* modifying. रूपान्तर करनेवाला।

Modification-मॉडिफ़िकेशन्-*n.* the act of modifying, the state of being modified. रूप-भेद, रूपान्तरण, परिवर्तनीय सुधार।

Modify-मॉडि-फाइ-*v. t.* (*p.t.* **Modified.**) to make less severe, to qualify, to moderate. रूप बदलना, सुधारना, परिमित बनाना।

Modish-मोडिश्-*adj.* fashionable. शिष्ट रीति के अनुकूल; **Modishly** (-लि)-*adv.* in a modish manner. चलने के अनुसार; **Modishness** (-नेस्) -*n.* the state of being modish. प्रचलित रीति।

Modulate-मॉड्युलेट्-*v. t.* to regulate, to adjust, to vary the tone of voice. आवश्यकतानुसार घटाना-बढ़ाना, स्वर ऊँचा-नीचा करना; **Modulation** (-यु-ले-शन्)-*n.* the act of modulating, melody. आवश्यकतानुसार परिवर्तन, लय, उतार-चढ़ाव।

Modulator-मॉड्'-यु-ले-टर्-*n.* one who modulates. न्यूनाधिक करनेवाला।

Modulus-मोड्'-यु-लस्-*n.* a constant multiplier. गुणा करने की स्थिर संख्या, मापांक।

Modus-मोड्'-अस्-*pref.* in sense of 'method, way.' 'प्रकार' अर्थ का उपसर्ग; **Modus oper-**

andi (the way of working.) मनुष्य में कार्य करने का ढंग; **Modus vivendi** (manner of living.) जीवन का ढंग।

Mohair-मो'-हेअर्-*n.* fine wool. महीन चिकना ऊन।

Mohammedan-मो-हॅम्'-ऍ-डन् -*n.* & *adj.* a follower of Mohammed, pertaining to Mohammed or his religion. मुसलमान, मुहम्मद या उनके धर्म से सम्बन्धित; **Mohammedanism** (-इज़्म्) -*n.* the religion of Mohammed. मुसलमानी धर्म; **Mohammedanize** (-आइज़्) -*v. t.* to convert into Mohammedanism. मुसलमान बनाना।

Moider-मॉइ'-डर्-*v. t.* to confuse. व्यग्र करना, घबड़ाना।

Moiety-मॉइ'-ऍ-टि-*n.* the half, a half share. अर्धांश, आधा भाग।

Moil-मॉइल्-*v. t.* & *i.* to drudge. परिश्रम से कार्य करना, थकाना या थकना।

Moist-मॉइस्ट्-*adj.* damp, slightly wet. कुछ भीगा हुआ, नम, तर।

Moisten-मॉइस'-न् -*v. t.* to make damp or moist. तर करना, भिगोना।

Moistness-मॉइस्ट्'-नॅस्-*n.* dampness. नमी, तरी।

Moisture-मॉइस्चर्-*n.* moistness, slight wetness. आर्द्रता, गीलापन; **Moistureless** (-लॅस्) -*adj.* devoid of moisture. बिना तरी का, सूखा।

Moko-मो'-को -*n.* a method of tattooing. गोदना-गोदने की एक विधि।

Molar-मो'-लर्-*adj.* grinding. पीसनेवाला; **Molar teeth** (grinding teeth.) चबाने के दाँत, चव।

Molasses-मो-लॅसॅज़् -*n.* the thick syrup drained from sugar in the process of refining, treacle. खाँड़, गुड़, जूसी।

Mole-मोल्-*n.* a small burrowing animal, an artificial harbour, a spot on human skin. छछूँदर, कृत्रिम बन्दरगाह, तिल, मस्सा; **Blind as a mole** (almost blind.) अन्धप्राय; **Mole-eyed** (having small eyes.) छोटे नेत्रोंवाला; **Mole-hill** (a little hillock made by moles.) वल्मीक, छछूँदर की लगाई हुई मिट्टी का ढेर, बाँबी; **To make a mountain out of a mole-hill** (to make exaggerations.) राई का पर्वत बनाना।

Molecular-मॉलिक्युलर् - *adj.* pertaining to molecules. परमाणु सम्बन्धी; **Molecularity** (-लरि-टि) -*n.* the state of being molecular. कणत्व, परमाणु होने की अवस्था।

Molecule-मॉलि-क्यूल्-*n.* a minute particle. परमाणु, कण।

Molest-मॅ-लॅस्ट्'-*v. t.* to annoy, to tease, to trouble. कष्ट देना, सताना, छेड़ना, पीड़ा देना, दिक करना; **Molestation** (-ए'-शन्)-*n.* the act of molesting, annoyance. बाधा, पीड़ा; **Molester** (-अर्)-*n.* one who molests. पीड़ा देनेवाला व्यक्ति।

Mollification-मॉ-लि-फ़ि-के-शन्-*n.* mitigation. शमन, सान्त्वना।

Mollifier-मॉ-लि-फ़ाइअर्-*n.* a mitigator. शमन करनेवाला व्यक्ति।

Mollify-मॉ-लि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Mollified.**) to appease, to soften. शमन (शान्त) करना, मुलायम करना।

Molly-मॉ-लि-*n.* an effeminate man, a prostitute. नपुंसक, जनखा, वेश्या, रण्डी।

Molten-मोल्ट्न्-*adj.* melted. पिघला हुआ, गला हुआ।

Moly-मो'-लि-*n.* a magic herb. एक प्रकार की जादू की बनस्पति।

Moment-मो'-मॅन्ट्-*n.* a very short time, an instant, importance. क्षण, पल, आवश्यकता; **Auspicious moment** (lucky time.) शुभ लग्न; **Go there this moment** (*i. e.* instantly.) अभी तुरन्त वहाँ जाओ; **Men of the moment** (famous men.) प्रसिद्ध लोग; **Of the little moment** (base.) क्षुद्र, नीच।

Momentarily-मो'-मॅन्ट-रि-लि-*adv.* for a moment. क्षण भर के लिए।

Momentariness-मो-मॅन्ट-रि-नॅस्-*n.* instantaneousness. क्षणिकता।

Momentary-मो-मॅन्टरि - *adj.* instantaneous. क्षणिक, अस्थायी।

Momently-मो-मॅन्ट-लि-*adv.* momentarily, in a moment. क्षण भर में।

Momentous-मो-मॅन्' - टस् -*adj.* important. महत्त्व का; **Momentously** (-लि)-*adv.* with importance. महत्त्व से; **Momentousness** (-नॅस्)-*n.* weightiness. महत्त्व।

Momentum-मो-मॅन्'-टम् -*n.*(*pl.* **Momenta.**) impetus gained by a body in motion. वेग, गति, चाल।

Momus-मो'-मस्-*n.* a fault-finder. दोष खोजनेवाला।

Monachal-मॉनकल् -*adj.* of a monastery. मठ-सम्बन्धी।

Monachism-मॉनकिज़्म्-*n.* a monastic living. मठावास।

Monad-मॅ-नॅड्-*n.* an indivisible or ultimate atom, the number one. अभेद्य वस्तु, इकाई।

Monandry-मॅनॅन्'-ड्रि-*n.* the custom of having

one husband. एक ही पति करने की रीति।

Monarch-मॉनर्क् -*n.* sovereign, supreme ruler. सम्राट्, राजा; **Monarchal** (-अल्), **Monarchic** (-इक्), **Monarchical** (-इकल्) -*adjs.* pertaining to a monarch or monarchy. राजकीय, सम्राट् के अधीन; **Monarchally**(-अ-लि) -*adv.* by way of a monarch. राज्य-क्रम से।

Monarchist-मॉनर्किस्ट् - *n.* an advocate of monarchy. राजा के शासन का पक्षपाती।

Monarchy-मॉनर्कि-*n.* a kingdom, an empire. राजतन्त्र देश, राज्य, साम्राज्य।

Monastery-मॉनस्टरि (-स्ट्रि)-*n.* (*pl.* **Monasteries.**) residence for men who lead a retired life, an abbey, a convent. मठ, आश्रम।

Monastic-मॉनस्टिक्-*adj.* of monastery or monks. आश्रमसम्बन्धी, वैरागियों का; **Monasticism** (-टिसइज़्म्)-*n.* monastic life. वैराग्य।

Monday-मन्'-डे-*n.* the second day of the week. सोमवार, चन्द्रवार।

Monde-मों'-न्ड् -*n.* the fashionable society. शिष्ट समाज।

Monetary-मॉनिटरि-*adj.* pertaining to coinage or money. द्रव्य अथवा मुद्रा-सम्बन्धी।

Monetization - मॉनिटिज़ेशन् - *n.* the act of monetizing. मुद्रा-निर्माण-विधि।

Monetize-मॉनिटाइज़्-*v. t.* to prepare coins. धातु के सिक्के बनाना।

Money-मनि-*n.* wealth, current coin, bank or government notes, (*pl.*) coins. धन, द्रव्य, मुद्रा, सरकारी या बैंक के नोट, (ब० व०) सक्के; **Moneylender** (one who lends money. साहूकार, महाजन ; **Moneyless** (-लेस्)-*adj.* devoid of moeny. धनहीन; **Money-making** (realizing money or large profits.) धन-सञ्चय; **Moneymarket** (the market or field for the investment of money.) सर्राफा; **Money-order** (an order for money deposited at one post-office and payable at another.) डाक द्वारा रुपया भेजने का चालान; **To make money** (to acquire wealth.) धन कमाना।

Mongoose, Mungoose-मॉन्' (-मन्)-गूस्-*ns.* the Indian ichneumon. नकुल, नेवला।

Mongrel-मङ्ग्रल्-*n.* & *adj.* a hybriddog, not of pure breed. दोगला कुत्ता, सङ्कर जाति का (पशु); **Mongrelize** (-आइज़्) -*v. t.* to render mongrel. सङ्कर जाति का बनाना।

Monism-मॉनिज़्म्-*n.* the doctrine that only one being exists. ब्रह्मवाद, वेदान्त।

Monist-मॉनिस्ट्-*n.* one who believes in the identity of mind and matter वेदान्ती ब्रह्मवादी; **Monistic** (-इस्ट्'-इक्)-*adj.* pertaining to monism. ब्रह्मवाद-सम्बन्धी

Monition-मॉनिशन् -*n.* a warning of danger, an instruction. भय-सूचना, चेतावनी, निर्देश।

Monitor-मॉनिटर्-*n.* (*fem.* **Monitress.**) a senior pupil in a school or class, an instructor, a lizard. विद्यालय या कक्षा का श्रेष्ठ छात्र या सर्दार, उपगुरु, निर्देशक, छिपकली, गिरगिट; **Monitorial** (-टोरिअल्)-*adj.* relating to monitor. उपगुरु-सम्बन्धी; **Monitory** (-इ) -*adj.* giving admonition. प्रबोधक, निर्देशक।

Monk-मङ्क्-*n. mas.* (*fem.* **Nun.**) a recluse. संन्यासी, योगी, मुनि, उदासी; **Monkery** (-अरि) -*n.* monastic life. मठजीवन, संन्यासी का जीवन; **Monkhood** (-हुड्), **Monkship** (-शिप्)-*ns.* the character of a monk. योगीत्व; **Monkish** (-इश्) -*adj.* like a monk. मुनि के समान।

Monkey-मङ्कि-*n.* (*pl.* **Monkeys.**) an ape. वानर, बन्दर; **Monkey-jacket** (close fitting dress of sailors.) मल्लाहों का चुस्त कुर्ता; **To put his monkey up** (to make him angry.) क्रुद्ध करना।

Mono, Mon - मॉ'-नॉ, (-मॉन्) -*prefs.* in the sense of 'alone, single.' 'अकेले' अर्थ के उपसर्ग; **Monocardian** (-कार्डिअन्) -*adj.* having a single heart. केवल एक हृदयवाला; **Monocarpous** (-कार्पस्)-*adj.* bearing only one fruit from one flower. एक फूल से एक ही फल पैदा करनेवाला ; **Monocephalous** (-सेफ़लस्)-*adj.* with only one head. केवल एक मस्तकवाला; **Monoceros** (-स्-ए-रॅस्)-*n.* a one-horned animal. एक सींगवाला पशु ; **Monochord** (-कॉर्ड्)-*n.* a musical instrument with one string. एकतारा बाजा।

Monochromatic-मॅ-नॅ-क्रॅ -मैट्'-इक्-*adj.* presenting one colour only, completely colour-blind. एकरंगा, जिसमें केवल एक ही रंग हो, पूर्ण रूप से रंग-ज्ञान की दृष्टि से रहित।

Monochrome-मॅ-नॅ-ॲ-क्रोम्-*n.* a painting in one colour only. (हलके तथा गहरे) एक ही रंग में छपा हुआ चित्र।

Monocle-मॅ-नॅ-कुल्-*n.* a single eye-glass. एक ताल का चश्मा ; **Monocular** (-क्युलर्) or **Monoculous** (-क्युलस्)-*adj.* with one eye only. एक आँख का।

Monocracy -मॅ-नॅ-क्री-सि-*n.* government by a single person. एक व्यक्ति से शासित राज्य।

Monocrat-मॅ-नॅ-ॲ-क्रैट्-*n.* one who governs alone. अनन्य शासक।

Monodic-मॉ-नॅ-डिक्-*adj.* pertaining to monody. एक मनुष्य से गाये हुए गीत का।

Monodist-मॅनॅडिस्ट्-*n.* one who writes a monody. एक ही मनुष्य से गाये जाने योग्य गीत बनानेवाला मनुष्य।

Monodrama-मॅनॅड्रामा-*n.* a dramatic performance by one person. एक मनुष्य द्वारा खेला हुआ नाटक।

Monody-मॅनॅ'-अ-डि-*n.* (*pl.* **Monodies.**) an ode sung by a single person. एक मनुष्य द्वारा गाया हुआ गीत।

Monogamist-मॅनॅ'-गॅ'-मिस्ट्-*n.* a man who has only one wife. एक पत्नीवाला मनुष्य।

Monogamy-मॅनॅगॅमि-*n.* the practice of marrying once only. एक ही बार विवाह करने की प्रथा।

Monogram-मॅनॅ'-ग्रॅम्-*n.* a cypher of two or more letters interwoven into one. दो या अधिक अक्षरों के मेल से बना हुआ एक संयुक्त अक्षर; **Monogrammatic** (-मॅ-टिक्)-*adj.* pertaining to a monogram. ऐसे संयुक्त अक्षर से सम्बन्धित।



Monogram.

Monograph-मॅनॅ'-ग्राफ्-*n.* a treatise written on a single subject. किसी एक विषय पर लेख; -*v. t.* to write a monograph on. ऐसा लेख लिखना; **Monographer** (-अर्), **Monographist** (-इस्ट्)-*ns.* the writer of a monograph. एक विषय पर लेख लिखनेवाला; **Monographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a monograph. ऐसे लेख से सम्बन्धित; **Monographically** (-इक्-अल्-लि)-*adv.* in a monographic manner. एक विषय पर लेख लिखते हुए।

Monolith-मॅनॅलिथ्-*n.* a single block of stone shaped into a pillar. एक ही ठोस पत्थर का बना हुआ खम्भा; **Monolithic** (-इक्)-*adj.* of a pillar of one single stone. इस प्रकार के खम्भे का।

Monological-मॅनॅ'-लॅ-जिकल्-*adj.* pertaining to soliloquy. स्वगत भाषण-सम्बन्धी; **Monologist** (-जिस्ट्)-*n.* one who soliloquizes. स्वगत-भाषण करनेवाला; **Monologize** (-आइज़्)-*v. i.* to soliloquize. स्वगत भाषण करना।

Monologue-मॅनॅ'-लॉग्-*n.* a soliloquy. स्वगत भाषण, नाटक में किसी पात्र का आपही आप कथन।

Monomania-मॅनॅमेनिआ-*n.* derangement with reference to a particular subject. किसी विशेष बात की झक; **Monomaniac** (-ॲक्)-*adj.* affected by monomania. ऐसे रोग से ग्रस्त, एकोन्मादी; -*n.* an insane person. झक्की मनुष्य।

Monomial-मॉनोमिअल् - *adj.* consisting of only one term in Algebra. बीजगणित में एक ही संख्या का अंक रखनेवाला।

Monopathy-मॅनॅ-पॅथि-*n.* derangement of only one organ of the body. शरीर के किसी एक अंग का रोग।

Monophobia-मॅनॅफोबिआ-*n.* morbid dread of being left alone. अकेले रहने का भय।

Monoplane-मॅनप्लेन्-*n.* an aeroplane with only one plane or wing. एक पंख का हवाई जहाज़।

Monopolist-मॅनॅ'-पॅ-लिस्ट्-*n.* one who has a monopoly. एकाधिकार रखनेवाला मनुष्य।

Monopolization-मॅनॅ'-पॅ-लाइज़ेशन्-*n.* the act of monopolizing. स्वायत्तीकरण; **Monopolize** (-लाइज़्)-*v. t.* to obtain monopoly of. सब अधिकार अपना करना; **Monopolizer** (-अर्)-*n.* one who monopolizes. एकाधिकार रखनेवाला पुरुष।

Monopoly-मॅनॅ'-ऑ-पॅ-लि-*n.* (*pl.* **Monopolies.**) exclusive or sole possession of some commodity or the exclusive right of selling it. एकाधिकार, किसी वस्तु के क्रय-विक्रय का अकेला (स्वतन्त्र) अधिकार।

Monorail-मॅनॅ'-रेल्-*n.* a railway of one rail. एक ही पटरी का रेलमार्ग।

Monosyllabic-मॅनॅ'-सिलॅबिक्-*adj.* of one syllable. एक पदांश का; **Monosyllabic roots** (roots of one syllable only.) एक पदांश की धातु।

Monosyllable-मॅनॅ'-सिलेबल्-*n.* a word of one syllable. एक पदांश का शब्द।

Monotheism-मॅनॅ'-थि'-इज़्म्-*n.* the belief that there is only one God. अद्वैतवाद, एक ही ईश्वर में विश्वास; **Monotheist** (-इस्ट्)-*n.* a believer in one God. अद्वैतवादी; **Monotheistic** (-इस्ट्-इक्)-*adj.* pertaining to monotheism. अद्वैतवाद (एक ही ईश्वर में विश्वास) सम्बन्धी।

Monotone-मॅनॅ'-टोन्-*n.* an utterance in the same tone of voice. एक ही लय में उच्चारण; **Monotonic** (-टॅन्-इक्)-*adj.* monotonous. एकतुरा।

Monotonous-मॅ-नॅ'-टॅ-नस्-*adj.* in the same tone, without variation, wearisome. अभिन्न स्वर का, एक लय का, थकानेवाला; **Monotonously** (-लि)-*adv.* with one uniform tone. एक स्वर या लय में; **Monotonousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being monotonous. एकस्वरता।

Monotony-मॅनॅ'-टॅनि-*n.* uniformity of tone. एकस्वरता।

Monotype-मॉ - नॅं' - टाइप् - *n.* a type casting and setting machine. टाइप (छापे के अक्षर) ढालने के साथ-साथ कम्पोज़ करने (बिठाने) का एक प्रकार का यन्त्र।

Monsieur-मँ-सु-यो (में-सु-यें)-*n.* Sir, Mr., a Frenchman. महाशय, फ्रांसीसी।

Monsoon-मॉन्-सून्' - *n.* a seasonal wind which blows before the rainy season. वर्षाकालिक पवन, ऋतु-पवन।

Monster-मॉन्'-स्टर्-*n.* a mal-formed plant or animal, an inhuman animal, an animal of huge size. विकटाकार वनस्पति या प्राणी, राक्षस, दानव, बहुत बड़े आकार का अद्भुत पशु।

Monstrosity-मॉन्-स्ट्रॉस्'-इ-टि-*n.*an outrageous object. राक्षसपन, भयंकरता।

Monstrous-मॉन्'-स्ट्रस्-*adj.* huge, enormous, atrocious, horrible. अद्भुत, विलक्षण, राक्षसी, विकट; **Monstrously** (-लि)- *adv.* horribly. अति विकट रूप में ; **Monstrousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being monstrous. घोरता, भयंकरता।

Montane-मॉन्-टेन्'-*adj.* inhabiting a mountainous country. पहाड़ी देश-निवासी।

Montanic-मॉन्टे निक्-*adj.*pertaining to or consisting of mountains. पर्वत-सम्बन्धी, पर्वतपूर्ण।

Montessori-मॉन्-टेसरि-*n.* a form of infant education. बच्चों को सहज में पढ़ना - लिखना सिखलाने की एक शैली; **Montessorian** (-सोरि -अन्)-*adj.* pertaining to this system of education. इस विधि से पढ़ाने की शैली से सम्बन्धित।

Month-मन्थ्-*n.* any of the twelve portions of a year. मास, महीना; **Bright half of the month** (the second half of a month.) शुक्ल-पक्ष; **Dark half of the month** (the first half of a month.) कृष्णपक्ष; **Half month** (a fortnight.) पक्ष, पाख; **Lunar month** (the time in which the moon completes a revolution round the earth.) चान्द्रमास ; **This day month** (exactly a month after this day.) आज दिन से ठीक एक महीने बाद।

Monthly-मन्थ्' - लि - *adj. & n.* recurring once a month, a magazine published each month. मासिक (प्रतिमास), मासिक पत्रिका ; **Monthly allowance** (an allowance paid every month.) माहवारी तनखाह।

Monticle-मॉन्ट्' - इ - कुल् - *n.* a small hill, hillock. छोटी पहाड़ी।

Monument-मॉन्'-यु-मेन्ट् - *n.* a memorial, a written record. स्मारक चिह्न (कीर्ति-स्तम्भ, समाधि), यादगार; **Monumental** (-मेन्ट्'-अल) -*adj.* serving as a memorial. स्मरणार्थ, याद दिलानेवाला; **Monumentalize** (-आइज़्)-*v. t.* to commemorate as with a monument. स्मरण दिलाने के लिए कोई स्मारक बनाना।

Moo-मू-*v. i.* to make a cry like an ox or cow. गाय या बैल की तरह शब्द करना।

Mood-मूड्-*n.* disposition of mind, state of feeling, variations in the inflexions of a verb, mode. चित्तवृत्ति, भाव, क्रियापद की अवस्था बतलानेवाले रूप ; **Moodily** (-इ-लि) -*adv.* in a moody manner. चित्तवृत्ति से।

Moody-मूडि-*adj.* angry, sullen, gloomy, fretful. क्रुद्ध, उदासीन, चिड़चिड़ा।

Moon-मून्-*n.*the satellite of the earth revolving round it. शशि, चन्द्रमा:-*v. t.* to look listlessly. विक्षिप्त की तरह देखना; **Full moon** (*i. e.* when the disk of the moon is entirely illuminated.) पूर्णिमा का चन्द्रमा; **Moon-beam**-*n.* light from the moon. चन्द्रिका, चाँदनी; **Moonet** (मून्'-ऍट्)-*n.* a small moon. छोटा चन्द्रमा; **Moonface** (full round face.) फूला हुआ मुखड़ा; **Moonlight** (light of the moon.) चाँदनी, ज्योत्स्ना; **Moonlighting** -*n.* performance of an attack or illicit action by night.रात में किया गया आक्रमण या अवैध कार्य; **Moonshine** (visionary ideas.) मनगढ़न्त; **Moon-stone** (felspar.) चन्द्रकान्तमणि; **Moon struck** (deranged in mind.) विक्षिप्त, पागल; **Moony** (-इ)-*adj.* dreamy, listless. काल्पनिक, विक्षिप्त; **Orb of the moon** (a lighted disk about the moon.) चन्द्रबिम्ब।

Moonling- मून् ' - लिङ्ग् - *n.* a simpleton, a foolish person. मूर्ख मनुष्य।

Moor-मूर्-*n.* an open waste ground, a heath, a negro. कच्छ देश, दलदल, हब्शी; - *v. t.* to secure a boat on the coast. घाट पर नाव बाँधना; **Moorage**(-एज्)-*n.* a place for mooring. घाट; **Mooring** (-इङ्ग्)-*n* fastening a ship to keep it in a given position. निर्धारित स्थान में जहाज़ रखने के लिये बाँधना; **Moorish** (-इश्),**Moory** (-इ) - *adjs.* boggy. दलदलवाला; **Moorland** (heath land.) कच्छ प्रदेश, दलदली भूमि।

Moose-मूस्-*n.* an American elk. एक प्रकार का अमरीकी बारहसिंगा।

Moot-मूट्-*n.* an assembly of law students. कानून के छात्रों की मण्डली; - *adj.* debatable. शास्त्रार्थ के योग्य ; -*v. t.* to debate, to raise discussions. तर्क या शास्त्रार्थ करना।

Mop-मॉप्-*n.*an implement for cleaning floors &c. कूँची, झाड़ू ; - *v. t.* (*p. t.* **Mopped**)

to wipe or rub with a mop. झाड़ू से साफ करना;-*v. i.* to make grimaces. मुँह बनाना, चिढ़ाना; **Mop-head** (a person having thick hairs on the head like a mop.) घने बालों की खोपड़ीवाला मनुष्य।

Mope-मोप्-*v. t.* to be listless, to be drowsy. उद्विग्न (उदास) होना, औंघाना;-*n.* one who mopes, a stupid person. ऊँघनेवाला, मूर्ख मनुष्य; **Mope-eyed**-*adj.* short-sighted. अल्प दृष्टिवाला।

Mopish-मोपिश्-*adj.* gloomy, spiritless. तेजहीन, उत्साहहीन; **Mopishly** (-लि)-*adv.* in a dull manner. सुस्ती या मन्दता से; **Mopishness**(-नेस्) -*n.* dullness. मन्दता, उत्साहहीनता।

Moppet-मॉ-पेट् - puppet made of cloth. कपड़े की गुड़िया।

Moquette-मॅ-केट्'-*n.* wool, hemp &c. for making carpets. गलीचा बनाने का ऊन, सन इत्यादि।

Moraine-मॅ-रेन्'-*n.* debris carried down by glaciers. बरफ़ की नदियों या हिमसरिताओं से लाया हुआ कतवार (कूड़ा-करकट)।

Moral-मॉरल्-*n. & adj.* relating to the distinction between right and wrong, ethical, virtuous, just, conformity with moral rules, lesson taught by a fable. गुण - दोष-भेद-ज्ञान-सम्बन्धी, नैतिक, धर्मानुरूप, पुण्यात्मा, न्यायानुसारी, नीतिमान्, उपदेश (शिक्षा); (*pl.*) moral habits, duties of life. (ब० व०) नैतिक आचरण, जीवन के कर्तव्य; **Good morals** (moral conduct.) सदाचार; **Moral courage** (courage to encounter odium &c.) आन्तरिक बल; **Moral duties** (duties in regard to virtue.) सदाचार; **Moral freedom** (freedom of will.) चित्त की स्वतन्त्रता; **Moral instructions** (ethical instruction.) धार्मिक उपदेश; **Moral science** (philosophy.) नीतिशास्त्र; **Moral sense** (sense of distinguishing between right and wrong.) गुण-दोष पहिचानने की आन्तरिक शक्ति।

Morale-मॅरेल्-*n.* mental or moral condition. मानसिक या नैतिक अवस्था।

Moralist-मॉरलिस्ट्-*n.* one versed in ethics. नीतिज्ञ, नीति-उपदेशक।

Morality-मॅ-रॅलि'-इट्-इ-*n.* practice of moral duties. नीति विद्या, सद्व्यवहार, पुण्यशीलता।

Moralization-मॉरलाइज़ेशन् -*n.* moral reflection. नीति उपदेश।

Moralize-मॉरलाइज़् -*v. t.* to explain moral duties. धर्मोपदेश करना।

Morally-मॉ-रलि-*adv.* ethically, in a moral manner. धर्म से, न्याय से, नैतिकता से।

Morass-मॅ-रॅस्' *n.* a marsh, bog, a swamp. दलदल, कीचड़।

Morbid-मॉर्'-बिड्-*adj.* sickly, unwholesome, unhealthy, diseased. अस्वस्थ, रोगी, दूषित, विकृत; **Morbidly** (-लि)-*adv.* in an unhealthy manner. अस्वस्थता से; **Morbidness** (-नेस्) -*n.* state of being morbid. अस्वस्थता।

Morbific-मॉर्बिफ़िक्-*adj.* producing disease. रोग उत्पन्न करनेवाला।

Morbose-मॉर्बोस्-*adj.* unsound. अस्वस्थ।

Mordacious - मार् - डे' - शस् -*adj.* biting, sarcastic. काटनेवाला, तीव्र; **Mordacity** (-डॅसिटि) -*n.* a biting state, pungency. तीव्रता, कटुता; **Mordancy** (-डॅन्-सि) -*n.* pungency. चरपरापन, तीखापन।

Mordant-मॉर्डन्ट्-*adj.* biting, caustic. चुभनेवाला, चरपरा।

Mordicant-मॉर्डिकेन्ट्-*adj.* biting, acid. तीखा, चरपरा।

More-मोर् *adj.* (*comp.* of **Much**) of greater quantity or amount, additional. अपेक्षाकृत अधिक मात्रा का; -*adv.* in greater degree. अधिकता से; **More and more** (with continued increase.) निरन्तर बढ़कर; **More or less** (in greater or less degree, about.) न्यूनाधिक, प्राय: ; **No more** (nothing in addition.) बस; **Something more.** और कुछ; **To be no more** (to die.) मर जाना।

Moreen-मॅ-रीन्-*n.* a coarse stuff for making curtains. पर्दा बनाने का मोटा टाट या कपड़ा।

Morel-मॉर्-ऍल्'-*n.* a kind of edible fungus. एक प्रकार की खाने की गुच्छी।

Moreover-मोर्-ओ-व़र्-*adv.* besides, in addition to. इससे अधिक, सिवाय।

Morgue-मॉर्ग्-*n.* haughty temper or demeanour. क्रोधी प्रकृति।

Moribund-मॉर्'-इ-बन्ड्-*adj.* in a dying condition. मरणासन्न।

Morion-मॉरिअन्-*n.* a helmet without visor. बिना छज्जे का शिरस्त्राण।

Morn-मॉर्न्-*n.* poetical form of the word '*morning.*' प्रात:काल (यह शब्द कविता में प्रयुक्त होता है)।

Morning-मॉर्निङ्ग्-*n.* the first part of the day, forenoon. प्रात:काल, सबेरा; **Good morning** (a form of salutation.) आपका प्रात:काल शुभ हो, प्रात:काल का नमस्कार; **Morning devotion** (the prayer of the morning.) प्रात:काल की उपासना; **Morning-star** (a planet which precedes sunrise.) प्रात:काल उगनेवाला (प्रभात का)

तारा; **Morning-twilight.** प्रातःकाल की सन्धि का समय, अरुणोदय।

Morocco-मॅ-रॅ-कृ-को'-*n.*leather prepared from goatskin. बकरी की खाल से बनाया हुआ चमड़ा।

Morone-मॅ-रोन्' -*n.* a deep crimson colour. गहरा लाल रङ्ग।

Morose-म-रोस्'-*adj.* sullen, gloomy, austere, of a sour temper, ill-humoured. विषाद-ग्रस्त, विषण्ण, कठोर, रूक्ष, चिड़चिड़ा; **Morosely** (-लि) - *adv.* in a sullen manner. रूक्षता से; **Moroseness** (-नॅस्) - *n.* the quality of being sullen. रूक्षता, चिड़चिड़ापन।

Morpheus-मॉर्फ्यूस्-*n.* Greek god of dreams or sleep. यूनान के निद्रा-देवता।

Morphia-मॉर्फ़िआ - *n.* an extract of opium. अफीम का सत्त्व; **Morphine** (-फ़ीन्)-*n.* same as morphia. अफ़ीम का सत्त्व।

Morphological-मॉर्-फ़-लॅ-जिकल-*adj.* belonging to morphology. जन्तु-शरीर रचना-शास्त्र सम्बन्धी; **Morphologically** (-लि)-*adv.* in a morphological manner. शरीर-रचना शास्त्रानुसार; **Morphologist** (-जिस्ट्)-*n.* one versed in morphology. शरीर-गठन-शास्त्र तत्त्व-वेत्ता।

Morphology-मॉर्-फ़ॅ - लॅ - जि - *n.* the study of the organic form of animals, the study of the form of words. पशुओं का आकार अध्ययन करने का शास्त्र, शब्दों का आकार अध्ययन करने की विद्या।

Morris-मॉ-रिस्-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का (रंग-बिरंगे वस्त्र पहिनकर) नाच।

Morrow-मॅ-र्'-ओ-*n.* the following day. उत्तर दिवस, आनेवाला दिन; **on the morrow** (on the following day.) अगले आनेवाले दिन।

Morse-मॉर्स् - *n.* the sea-horse, walrus. समुद्री घोड़ा, दरियाई घोड़ा; - *n.* a code in telegraphy in which letters are represented by dots and dashes. तार देने का एक प्रकार का संकेत।

Morsel-मॉर्सल् - *n.* a small piece, mouthful. खण्ड (टुकड़ा), कौर (ग्रास)।

Mortal-मॉर्टल्-*adj.* subject to death, fatal, deadly. मर्त्य (मरनेवाला, अनित्य), विनाशी, प्राणघातक; **A mortal** (a human being.) मर्त्य, मनुष्य।

Mortality-मॉर-टल्' - इ-टि-*n.* death, destruction. मरण, मृत्यु, नाश।

Mortalize-मॉर्टल्-आइज़्-*v. t.* to make mortal. मर्त्य बनाना।

Mortally-मॉर्टलि-*adv.* causing death.प्राणघातक।

Mortar-मॉर्टर्-*n.* a mixture of lime, sand, water &c. for joining stones or bricks, a strong vessel in which substances are pounded with a pestle. गारा, चूना, ओखली (खरल)।

Mortgage-मॉर् - गेज् - *n.* property laid by a debtor as security. बन्धक, गिरवी; - *v. t.* to pledge. बन्धक रखना, रेहन करना; **Mortgagee** (-ई) - *n.* a person to whom an estate is mortgaged.जिसके पास संपत्ति गिरवी रक्खीजाय; **Mortgagor**(-अर्), **Mortgager** (-अर्)-*ns.* one who mortgages. बंधक (रेहन) रखनेवाला।

Mortification-मॉर्टिफ़िकेशन् - *n.* the act of humiliating, penance, the death of one part of an animal body, gangrene. मानहानि, संयम (तपस्या, वैराग्य), चेतनता का नाश, हड्डी, मांस आदि का सड़ना।

Mortified-मॉर्टिफ़ाइड् - *adj.* brought under subjection, humiliated. संयमित, अवनमित।

Mortify-मॉर्टिफ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Mortified**) to humble, to bring into subjection by self-denial or discipline, to feel humiliated, to destroy the vital functions of. अवनमित करना, वश में करना (दबाना), इन्द्रियों को वश में करना, अपमानित होना, किसी अंग को निर्जीव कर देना; **Mortifying** (-इङ्ग्)-*adj.* humiliating. अवनमनकारी, अपमानकारी।

Mortise, Mortice-मॉर्टिस् - *ns.* a hole fitting in a tenon. लकड़ी में का छेद जिसमें चूल पहनाई जाती है; -*v. t.* to cut holes in, to join by a tenon and mortise. छेद करना, सालना; **Mortise-chisel** (a chisel for making holes.) छेद करने की रुखानी।

Mortuary-मॉर्स्यु अरि-*n. & adj.* a burial-place, belonging to burial. मरघट, क़ब्रिस्तान, श्मशान-सम्बन्धी।

Mosaic-मॅ-ज़े'-इक्-*n. & adj.* an artistic work in which small pieces of stone, glass &c. of various colours are joined together to form a picture. पच्चीकारी का काम;-*v. t.* to adorn with mosaic. जड़ाव या पच्चीकारी करना। **Mosaic gold** (artificial gold.) बनावटी (कृत्रिम) सोना।

Mosaicist-मॅ-ज़े'-इसिस्ट्-*n.* one who makes mosaic work. पच्चीकारी का काम बनानेवाला कारीगर।

Moslem, Muslim-मॉज़्'-लॅम् , (मुस्'-लिम्)-*n. & adj.* Mohammedan. मुसलमान, मुसलमानी; **Moslemism** (-इज़्म्)-*n.* Mohammedanism. मुसलमानी धर्म।

Mosque-मॉस्क़ - *n.* a Mohammedan place of worship. मस्जिद।

Mosquito-मॉस्-की'-टो-*n.* (*pl.* **Mosquitoes**,

a stinging gnat. मच्छर, मशक, मसा; Mosquitocraft (small vessels of war.) लड़ाई के छोटे जहाज; Mosquito-net (a fine gauze hanging round a bed.) मशहरी।

Moss-मॉस्-*n.* wet soil, bog, an aquatic plant. कीचड़, दलदल, काई, सेवार; -*v. t.* to cover with moss. काई से ढाँपना; **A rolling stone gathers no moss** (one who constantly changes his employment does not grow rich.) सर्वदा व्यवसाय बदलनेवाला कभी धनी नहीं होता; **Mossiness**-*n.* (the state of being mossy.) काईपन; **Mossy** (-सि)-*adj.* full of moss. काईदार।

Most-मोस्ट्-*adj. & adv.* (*sup.* of **Much.**) existing in the greatest degree. अधिकतम, सबसे अधिक; **At the most** (to the utmost extent.) अधिकतम; **For the most part**(almost.) अधिकतर, प्राय: ; **To make the most of** (to reap the highest advantage.) सबसे अधिक सुविधा का प्रयोग करना।

-most-मोस्ट् - used as suffix. प्रत्यय की तरह प्रयुक्त होता है, यथा-**Foremost, Inmost, Uppermost.** इत्यादि।

Mostly-मोस्ट्'-लि-*adv.* (also **Mostwhat.**) for the greatest part, अत्यन्त, बहुधा, विशेष करके; also used as suffix in this sense. इन अर्थों का प्रत्यय।

Mot-मॉट् (*pl.* **Mots**-मॉट्स्)-*n.* a witty saying. कहावत, चुटकुला।

Mote-मोट्-*n.* a speck, a small particle of dust. धूलि का कण।

Moth-मॉथ् - *n.* a winged insect. कीट, पतंग, फतिङ्गा; **Mothy** (-इ) - *adj.* full of moths. फतिङ्गों से पूर्ण।

Mother-मदर्-*n. fem.* (*mas.* **Father.**) a female parent, producer, source. जननी, माता, उत्पादक, उद्गमस्थान; - *v. t.* to beget. उत्पन्न करना; **Mother-country** (the country by which a colony is founded.) मातृभूमि; **Motherhood** (-हुड्)-*n.* मातृभाव, मातापन; **Mothering**-*n.* the state of being a mother, acting as a mother. मातृवत् आचरण; **Mother-in-law** (*pl.* **Mothers-in-law.**) mother of husband or wife. सास; **Mother-land** (native land.) मातृभूमि; **Motherless** (-लेस्) -*adj.* without a mother. बिना माता का; **Motherlike** (-लाइक्), **Motherly** (-लि) -*adjs.* like a mother, tender. माता-सदृश, दयावान्; **Mother of pearl** (hard shell of oysters.) मोती का सीप; **Mother-tongue** (one's native tongue.) मनुष्य की मातृभाषा।

Mother-wit-मदर्-विट्' -*n.* common sense. सामान्य बुद्धि।

Motif-मो'-टीफ़-*n.* predominating feature or idea. प्रधान चेष्टा या विचार।

Motile-मो'-टाइ (-टि) ल् - *adj.* capable of motion. गतियोग्य (वनस्पति)।

Motion-मो'-शन्-*n.*change of place, tendency, impulse, gesture, proposal, legal application in court, movement, evacuation of bowels. गति, चेष्टा, आकृति, व्यापार, अदालत की आज्ञा के लिए प्रार्थना, मलत्याग; - *v. t.* to make proposals, to direct by sign or gesture संकेत करना, इशारा करना; **To set in motion.** गतियुक्त करना; **Motion pictures** (cinema films.) चलती फिरती तस्वीरें।

Motional-मो'-शनल् - *adj.* characterised by motions. गति युक्त।

Motionless-मो-शन्-लेस् - *adj.* being at rest, stagnant. गतिहीन।

Motive-मो-टिव्-*adj.* causing movement, that which moves the will. कारणभूत, प्रेरक, निमित्त, कारण;-*n.* that which incites प्रवृत्ति, -*v. t.* to supply motive to. कारण होना; **Motiveless** (-लेस्)-*adj.* aimless. बिना निमित्त का।

Motley-मॉट्'-लि - *adj. & n.* speckled, variegated in colours, an incongruous mixture. विचित्र रंग का, रंग-बिरंगा, मिश्रण (खिचड़ी)।

Motor-मो' - टर् - *n. & adj.* a machine that gives motion. anything which imparts motion. गति देनेवाला यन्त्र, मोटरगाड़ी; - *v. t.* to travel by a motor-car. मोटरगाड़ी द्वारा यात्रा करना; **Motor-bicycle** (a mechanically propelled bicycle.) यन्त्र से चलनेवाली बाइसिकिल; **Motor-boat**-*n.* मोटर (शक्ति) से चलनेवाली नाव; **Motor-car** (a carriage propelled by gas steam or petrol.) मोटर गाड़ी; **Motorist** (-इस्ट्) - *n.* habitual user of a motor-car. मोटरगाड़ीवाला; **Motory** (-इ)-*adj.* causing motion. गति देनेवाला।

Mottle-मॉ-ट्ल - *n.* the arrangement of coloured spots. धब्बों का क्रम में होना; - *v. t.* to variegate with spots. धब्बेदार बनाना; **Mottled** (-ड्)-*adj.* marked with spots of different colours. चितकबरा, रंग-बिरंगा।

Motto-मो-टो-*n.* (*pl.* **Mottoes.**) maxim, a quotation, a suggestive sentence, phrase or word. आदर्श वाक्य, कहावत, मसला।

Moujik, Muzhik-मू' - ज़िक् - *ns.* a Russian peasant. रूसी किसान।

Mould-मोल्ड् - *n.* loose earth, a pattern, a case or matrix. चूर की हुई मिट्टी, आकृति (रूप

नमूना), साँचा; -*v. t.* to form into shape, to cover with mould. रचना करना, साँचा बनाना, ढालना; **Moulder** (-अर्)-*n.* one who moulds or casts. साँचा बनानेवाला, ढालनेवाला; **Moulding** (-इङ्ग्) -*n.* something cast in a mould. साँचे में ढालकर बनाई हुई वस्तु, सजावट, कारनिस इत्यादि ; **Mouldy** (-इ)-*adj.* overgrown with moulds. कीचड़दार, मलिन, गन्दा।

Moulder- मोल्ड्'- अर् -*v. i.* to rot, to crumble, to waste. राड़ना, भ्रष्ट होना, नष्ट होना।

Moult- मोल्ट्' -*v. t. & i.* to shed feathers, hair &c. पर या रोआँ गिरना; **Moulting** (-इङ्ग्) -*n.* a shedding of feathers, hair &c. पर्णपतन, रोआँ गिरना।

Mound - माउन्ड् -*n.* an elevation of earth, a hillock. मिट्टी का टीला, ढूहा, छोटी पहाड़ी।

Mount- माउन्ट् -*n.* a mountain, a hill, border of a picture, a board on which pictures are mounted, a horse for personal riding. पर्वत, पहाड़ी, तस्वीर का चौखटा, चित्र चिपकाने की दफ्ती, व्यक्तिगत सवारी का घोड़ा;-*v. t.* to ascend, to climb, to get on a horse for the purpose of riding, to raise guns to position, to set gem &c. ऊपर उठना, चढ़ना, घुड़सवारी करना, तोप लगाना, रत्न जड़ना।

Mountable- माउन्टेबुल् - *adj.* able to be ascended. चढ़ने योग्य।

Mountain-माउन्टेन्-*n.* a very high hill. पर्वत, पहाड़;-*adj.* pertaining to a mountain, vast. पर्वतीय, पहाड़ी, बृहत् ; **Mountain-chain** (a series of mountains.) पर्वतों की पंक्ति; **Mountaineer** (-इअर्)-*n.* an inhabitant of a mountainous region. पर्वत निवासी; **Mountaineering** (-इङ्ग्) -*n.* mountain climbing. पर्वत पर चढ़ाई; **Mountainhigh** (very high.) बहुत ही ऊँचा ; **Mountainous** (-अस्) -*adj.* huge, full of mountains, inhabiting mountains. बड़ा, पहाड़ों से पूर्ण, पर्वत-निवासी।

Mountebank-माउन्टि-बैङ्क्-*n.* a quack doctor, a charlatan, a pretender. ढोंगी वैद्य, बहानेबाज, नीमहकीम; **Mountebankery** (-अर् -इ) -*n.* quackery. ढोंगीपन, नीमहकीमी

Mounted-माउन्ट्'-ऍड्-*adj.* riding on horseback, raised upon a support. घुड़सवार, बैठकी पर जड़ा हुआ।

Mourn-मोर्न्'-*v. i. & t.* to regret, to be sorrowful, to lament, to show signs of grief विलाप करना, रोना, दुःख के चिह्न दिखाना; **Mourner** (- अर्) -*n.* one who mourns. विलाप करनेवाला।

Mournful- मोर्न्'- फुल् -*adj.* sad, sorrowful. शोकाकुल, दुःखी, **Mournfully** (-लि) -*adv.* sorrowfully. शोक-सहित ; **Mournfulness** (-नेस्)-*n.* the act of mourning. शोक।

Mourning- मोर्निङ्ग् -*n.* lamentation, wearing black dress of sorrow. शोक (विलाप), मातम का काला वस्त्र पहनना ; **Mourning-dress** (black clothes as sign of mourning.) अमंगल-सूचक काला वस्त्र।

Mouse- माउस् - *n.* (*pl.* **Mice**) a small rodent animal. चूहा, मूस ; -*v. i.* to catch mice. चूहे पकड़ना।

Mouser- माउज़र् -*n.* a cat good at catching mouse, one who makes an industrious search. चूहा पकड़ने में चालाक बिल्ली, परिश्रम से खोज करनेवाला।

Mouse-trap - माउस्-ट्रैप् -*n.* an appliance for catching mice. मुसदानी, चूहे पकड़ने का पिंजड़ा।

Moustache-मुस्-टॅाश्'-*n.* (also **Mustachio**) hair on both sides of a man's upper lip. श्मश्रु, मूँछ।

Mouth- माउथ् -*n.* the opening in the front part of the head of an animal for eating and vocal utterance, entrance to something. मुख, छिद्र, मुहाना, मार्ग;-*v. t.* to utter, to chew, to devour, to seize with the mouth. स्पष्ट बोलना, मुँह से पकड़ना या खाना; **Horse of hard mouth** (a horse which is not ready to obey.) जोरावर मुँह का घोड़ा ; **Put words in his mouth** (tell him what to say.) उसको बताओ वह क्या कहे; **To make a wry mouth** (to make grimaces.) मुँह चिढ़ाना।

Mouthful- माउथ्' -फुल् -*n.* as much as the mouth contains at once. मुख में रखने भर भोजन, कौर, ग्रास।

Mouthless- माउथ्' - लेस् - *adj.* destitute of mouth. मुखहीन।

Mouthy- माउथि -*adj* bombastic. बड़े बड़े शब्दों का।

Mouth-organ - माउथ्' - ऑर्गन् - *n.* a musical instrument played with lips. मुँह से बजाने का बाजा।

Mouthpiece-माउथ्'-पीस् -*n.* the mouth of a wind instrument, one who delivers the opinions of others. बाजे (या हुक्के) की मुँहनाल, दूसरे की ओर से बातें करनेवाला।

Movability-मूवॅबिलिटि--*n.* the state of being movable. चलायमान अवस्था, हिलने-डोलने की स्थिति, चलनशीलता,

Movable-मूव्' -ए-बल्-*adj*. that can be moved. चलायमान, हटाने या चलाने-फिराने योग्य, चलनशील; (*pl.*) personal property. मनुष्य की सम्पत्ति, माल-असबाब ; **Movableness** (-नेस्) -*n*. mobility. गमनशीलता; **Movable property** (property not fixed.) अस्थावर या चल सम्पत्ति।

Move-मूव् -*n*. changing of the position of a piece in chess, the act of moving, movement, step. शतरंज में किसी मोहरे की चाल, गति, पग, कदम ; -*v. t. & i.* to change position, to put in motion, to stir, to excite into action, to provoke, to go, to pass, to make formal application to a court. स्थान बदलना, चलाना, चेष्टा करना, चलना, कार्य के लिए प्रेरित करना, भड़काना, जाना, गुज़रना, अदालत में बाकायदे अर्ज़ी या दर्खास्त देना; **On the move** (in motion.) हिलता-डोलता; **To be moved** (to be provoked to pity.) दया से प्रेरित होना; **To move about** (to loiter.) इधर-उधर चक्कर लगाना; **To move heaven and earth** (to make attempts in all possible ways.) सब प्रकार से प्रयत्न करना; **To move off** (to remove oneself.) हट जाना; **To move on** (to proceed.) आगे की ओर बढ़ना।

Movement-मूव्' - मेन्ट्-*n*. motion, excitement, agitation, wheel-work of a clock or watch. व्यापार, चाल, चेष्टा, घड़ी के पहिया की गति।

Mover- मूवर् - *n*. he who or that which moves or impels to action. चलानेवाला, प्रस्ताव करनेवाला ।

Movies-मूवीज़्-*n. pl.* cinematograph pictures. सिनेमा की चलती-फिरती तस्वीरें ।

Moving-मूविङ्ग्-*n. & adj.* urging motion, pathetic. गतियुक्त, करुणामय; **Movingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv*. in a moving manner. मर्मस्पर्शी करते हुए ।

Mow- माउ- *n*. a pile of hay. सूखी घास का ढेर; (-मो)-*v. t.* (*p. t.* **Mowed**, *p. p.* **Mown**.) to cut grass with a scythe. हँसुए से घास काटना।

Mower-मो'- अर्-*n*. a mowing-machine. घास काटने का यन्त्र ।

Mowing-मो'- इङ्ग् -*n*. act of cutting with a scythe. हँसुए से (खेत की) कटाई या लवाई ।

Moya- मो - या -*n*. volcanic mud. ज्वालामुखी पर्वत से निकला हुआ कीचड़ ।

Mr., Mrs.-*abbrs*. of **Mister** and **Mistress.**

Much- मच्- *adj. & adv.* (*comp.***More**, *sup.* **Most.**) great in quantity or amount, existing in great quantity. प्रचुर, बहुत, अत्यन्त; **As much as** (an equal quantity.) उतना ही; **How much ?** कितना ! **Much of a size** (about the same size.) प्रायः एक ही परिमाण का; **Talking much** (prattling.) बकवादी; **This much** (so much.) इतना; **Too much** (an excessive quantity.) अत्यधिक,बहुत ज्यादा।

Muchness-मच् - नेस् -*n*. the state of being much. बहुतायत, अधिकता ।

Mucid-म्यू- सिड् -*adj*. musty, slimy. चिपचिपा; **Mucidness** (- नेस)-*n*. the state of being mucid. चिपचिपाहट ।

Mucilage-म्यू' -सि-लेज्-*n*. a slimy fluid, mucus, gum. लसदार पदार्थ (लासा), कफ, गोंद **Mucilaginous** (-लेजिनस्) -*adj*. pertaining to mucilage, slimy. श्लेष्मपूर्ण, चिपचिपा।

Muck-मक्-*n*. farm-yard manure, dirt. खेत के लिये गोबर की खाद, कूड़ा-करकट;-*v. t.* to make a mess of, to make filthy. भ्रष्ट करना, गन्दा करना ; **Muck-rake** (a rake for collecting muck.) कूड़ा-करकट बटोरने की ठेलागाड़ी; **Mucky** (-इ) -*adj*. nasty, filthy. गन्दा, भ्रष्ट।

Mucous- म्यू'-कस्- *adj*. covered with mucus. श्लेष्मा (कफ इत्यादि से) युक्त।

Mucus-म्यू'-कस्-*n*. a slimy substance secreted by an organ of the body. इन्द्रिय का मल,श्लेष्मा।

Mud-मड्-*n*. wet earth, mire. कीचड़, गीलीमिट्टी; -*v. t.* to bury under mud, to besmear with mud. मिट्टी में गाड़ना, मिट्टी पोतना; **Mud-guard** (a shield above wheels to prevent the throwing up of mud.) बाइसिकिल, गाड़ी इत्यादि में कीचड़ रोकने की पंखी; **Muddily** (-डि-लि) -*adv*. turbidly. कीचड़ से; **Muddiness** (-डि-नेस्)-*n*. turbidness. कीचड़पन ; **Muddy** (-डि) -*adj*. turbid, impure. पङ्किल, गँदला, कीचड़दार।

Muddle-म-ड्ल्-*v. t.* to bewilder, to stupefy, to confuse, to mix disorderly. गड़बड़ करना, व्याकुल करना, बिना क्रम से मिलाना ; -*n*. confusion. गड़बड़ी; **Muddle-headed** (stupid.) जड़ बुद्धिवाला।

Muff-मफ्-*n*. a fur-cover to warm hands, an awkward person. रोयें का दस्ताना या मोज़ा, भद्दा मनुष्य; **Foot-muff** (a kind of socks.) एक प्रकार का पर का मोज़ा (पायताबा) ।

Muffin- म -फ़िन् -*n*. a kind of light cake. हलकी रोटी या टिकिया।

Muffle- म - फ़ल् - *n*. the upper thick lip of animals, a plate placed within a furnace. पशुओं का ऊपरी ओंठ, तन्दूर के भीतर की चद्दर ; -*v. t.* to wrap for warmth to deaden sound. गरम रखने के लिये या शब्द कम करने के लिये (ढोल इत्यादि को) ढाँकना।

Muffler-मफ्लर् -*n.* a cover for the neck, a wrapper. गुलूबन्द, ओढ़ना।

Mug-मग्-*n.* a drinking vessel. जलपात्र (लोटा, गडुआ)।

Mugginess-म- गि- नेस् - *n.* dampness. तरी, गीलापन।

Muggins-म-गिन्स्-*n.* a simpleton. सीधा-सादा मनुष्य।

Muggy-म-गि-*adj.* damp. सूखा तथा तर।

Mulatto-म्यु-लै-टो-*n.* offspring of black and white parents. काले तथा गोरे माता-पिता की सन्तति;-*adj.* tawny. चितकबरे रंग का।

Mulberry- मल्बरि-*n.* a tropical fruit-tree whose leaves are used for feeding silk-worms. शहतूत।

Mulch-मल्श्-*n.* wet straw, leaves &c. used to protect roots of newly planted trees. गीली घास, पत्ती इत्यादि का ढेर जो नये लगाये हुए पौधों की रक्षार्थ काम में लाया जाता है;-*v. t.* to cover with mulch. उक्त वस्तुओं से पौधों को ढाँकना।

Mulct-मल्क्ट्-*n.* a fine. अर्थदंड, जुर्माना;-*v. t.* to fine. दण्ड देना, जुर्माना करना।

Mule-म्यूल्-*n.* the offspring of a horse and a she-ass, a stupid obstinate person. खच्चर, मूर्ख हठी मनुष्य।

Muleteer-म्यू-ले-टिअर्'-*n.* a mule driver. खच्चर हाँकनेवाला।

Mulish-म्यूलिश्-*adj.* sullen, stubborn. मूर्ख, हठी; **Mulishly** (-इश्'-लि)-*adv.* in a mulish manner. मूर्खता से; **Mulishness** (-इश्'-नेस्) -*n.* the state of being mulish. मूर्खता।

Mull-मल्-*v. t.* to make hot with spices. मसालेदार बनाना।

Muller-म-लर्-*n.* a flat-bottomed stone used for grinding. पीसने का लोढ़ा, बट्टा।

Mullion-म-ल्यन्-*n.* the vertical bar of a window. खिड़की का डेंड़हरा (उतरन); **Mullioned** (-ड्)-*adj.* fitted with mullions. डेंड़हरा लगी हुई।

Mullock-मलक्-*n.* refuse, dirt, rubbish. कूड़ा, खूद, गर्दा।

Multangular-मल्टैंग्युलर्-*adj.* having several angles. अनेक कोणों का।

Multeity-मल्टी-इटि-*n.* manifoldness. अनेक तहों से युक्त अवस्था।

Multi-मल्-टि-*pref.*in sense of 'having several'. 'अनेक' अर्थ का उपसर्ग; **Multicavous** (-केंव्'-अस्)-*adj.* having many cavities. अनेक गर्तों-वाला; **Multicipital** (-सिपिटल्)-*adj.* having several heads. अनेक सिरोंवाला।

Multifarious-मल्टिफेरिअस्-*adj.* of great variety. अनेक रूप-रंग का, रंगबिरंगा; **Multifariously** (-लि)-*adv.* with great variety. अनेक रूप में; **Multifariousness**(-नेस्)-*n.*multiplied diversity. बहुरूपता।

Multifold-मल्टि-फोल्ड्-*adj.* many times doubled. अनेक गुना, बहुगुना।

Multiform-मल्टि-फ़ॉर्म्-*adj.* of many shapes. नाना रूप का, अनेक आकार का; **Multiformity** (-फ़ॉर्मिटि)-*n.* diversity of forms. अनेकरूपता।

Multilateral-मल्टिलैटरल्-*adj.* having many sides. अनेक भुजाओं वाला, बहुभुजी।

Multilineal-मल्टि-लि-निअल्-*adj.*(also **Multilinear.**) having many lines. अनेक रेखाओं का।

Multimillionaire-मल्टि -मिल्यनेअर् - *n.* one having ten millions. करोड़पति।

Multinomial-मल्टि-नो - मिअल् - *adj.* having many names. अनेक नामों वाला।

Multiple-मल्टि-पल्-*adj.* & *n.* several parts or components, a number that divides another without a remainder. अपवर्त्य, ऐसी संख्या जो बिना शेष छोड़े दूसरी संख्या द्वारा भाग दी जा सकती है; **Lowest common multiple** (the lowest multiple that will contain two or more numbers exactly.) लघुत्तम समापवर्त्य।

Multiplex-मल्टि-प्लेक्स्-*adj.* of several elements. अनेक तत्त्वों का।

Multipliable-मल्'-टि-प्लायेबल्-*adj.* that may be multiplied. गुणन करने योग्य।

Multiplicable-मल्टि-प्लिक - बल्-*adj.* multipliable. गुणन करने योग्य।

Multiplicand-मल्टि-प्लिकन्ड् -*n.* a quantity to be multiplied. गुण्य, जिसको किसी संख्या से गुणा किया जाय।

Multiplication-मल्टि-प्लि-केशन्-*n.* the act or process of multiplying. गुणन-क्रिया; **Cross-multiplication.** वज्रगुणन; **Sign of multiplication** ('×' called 'into') गुणन-चिह्न।

Multiplicity-मल्टि-प्लिसिटि - *n.* many of the same kind. बहुतायत।

Multiplier-मल्टि-प्लायर्-*n.* the number that multiplies. गुणक, गुणा करनेवाली संख्या।

Multiply-मल्टि-प्लाइ-*v. t.* (*p. t.* **Multiplied.**) to increase in number, to propagate, to add a given number to itself several times. गुणा करना, बढ़ाना।

Multipresence-मल्टि-प्रे-ज़न्स्-*n.* the spiritual power of being present at several places simultaneously. एक ही समय अनेक स्थानों में उपस्थित होने की आध्यात्मिक शक्ति।

Multitude-मल्टि-ट्यूड्-*n.* a great number, a

large gathering, a crowd. समूह (समुदाय), समाज, झुण्ड, भीड़ ।

Multitudinism-मल्टिट्यूडिनिज़्म्-*n.* the principle of preference for the interests of the multitude to those of individuals. व्यक्तिगत कल्याण की अपेक्षा समाज का कल्याण अधिक मानने का सिद्धान्त ; **Multitudinist** (-निस्ट्)-*n.* one who holds this theory. बहुजन कल्याणवादी ।

Multure-मल्चर्-*n.* the toll of grain or flour given to a mill-owner. पीसनेवाले को दी जानेवाली अनाज या आटे की झरी ।

Mum-मम्-*interj.* silence ! चुप ! खामोश !;-*n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा ;-*v. t.* (*p. t.* **Mummed.**) to act in dumb show. मुँह बन्द करके तमाशा करना ।

Mumble-मम्'-ब्ल् - *v. i. & t.* to mutter, to speak indistinctly, to bite, to chew. अस्पष्ट बोलना, दाँत से चबाना या कुतरना;-*n.* an indistinct utterance. अस्पष्ट बोली ।

Mumm-मम्-*v. t.* to mask, to make diversion with a mask on. चेहरा लगाना, चेहरा लगाकर खेल करना; **Mummer** (-मर्) - *n.* an actor who wears a mask. चेहरा लगाकर तमाशा करनेवाला ।

Mummery-ममरि-*n.* a performance of mummers, masquerading. छद्मवेष, स्वाँग ।

Mummification-ममिफ़िकेशन् - *n.* the act of making into a mummy. मृतक शरीर रक्षाकरण ; **Mummify** (-फ़ाइ)-*v. t.* to make into a mummy. मृत शरीर रक्षित करना ।

Mummy-ममि-*n.* (*pl.* **Mummies.**) an embalmed human body for burial. रक्षित मृतक शरीर, मसाला लगाकर सुरक्षित किया हुआ मृतक शरीर

Mump-मम्प्-*v. i.* to utter indistinctly, to be silent, to go about begging. अस्पष्ट बोलना, चुप रहना, भीख माँगते फिरना; **Mumps** (*n. pl.*) a contagious disease of the salivary glands. कण्ठमाला का रोग ।

Munch-मन्श्-*v. t. & i.* to eat food with much chewing and making sound with the mouth. चपर-चपर शब्द करते हुए खाना ।

Mundane-मन्'-डेन् - *adj.* earthly, worldly. संसारी, इस लोक का; **Mundane existence** (wordly existence.) सांसारिक जीवन; **Mundanely** (-लि)-*adv.* in a worldly manner. सांसारिक गति से; **Mundaneness** (-नेस्) or **Mundanity** (-अनिटि)-*n.* worldliness. संसारी जीवन ।

Mundatory-मन्डेटरि - *adj.* cleansing. साफ करनेवाला ।

Municipal-म्यूनिसिपल्-*adj.* pertaining to the local self-government of a town. नगर के स्थानीय स्वायत्त-शासन से सम्बन्धित; **Municipality** (-ऑ-लिटि)-*n.* a district with municipal rights. नगर पालिका सभा (ऐसी संस्था का नगर); **Municipally** (-लि) -*adv.* with regard to municipal affairs. नगर पालिका के कार्यों के सम्बन्ध में ।

Munificence-म्यू - निफि - सेन्स्-*n.* liberality, bounty, generosity. दानशीलता, उदारता ।

Munificent-म्यूनिफ़िसेन्ट्-*adj.* bountiful, generous. उदार, दानी, दाता ; **Munificently** (-लि)-*adv.* liberally. उदारता से ।

Muniment-म्यू'-नि-मेन्ट्-*n.* a document of rights. अधिकार-पत्र ।

Munition-म्यू-निशन्-*n.* military weapons, implements of war. युद्ध-सामग्री, लड़ाई के सामान ; **Munitioner** (-अर्) -*n.* one who works in munition factory. युद्ध-सामग्री बनाने के कार्यालय में काम-करनेवाला ।

Murage-म्यूरेज्-*n.* a tax levied for building the walls of a town. नगर की दीवार बनाने के लिए कर ।

Mural-म्यू-रल्-*adj.* of or on a wall. भीत-सम्बन्धी, भीत पर का ।

Murder-मर्डर्-*n.* unlawfully killing a human being with malice. वध, हत्या, हिंसा;-*v. t.* to kill unlawfully, to spoil. हत्या करना (मार डालना), नष्ट करना ; **Murder will out** (murder will be disclosed.) हत्या प्रकट हो जायगी; **The murder is out** (the secret has been disclosed.) रहस्य खुल गया ।

Murderer-मर्डरर् - *n.* one who commits a murder. हत्यारा, घातक; **Murderess** (-ऍस्)-*n.* *fem.* a female murderer. हत्यारिन ।

Murderous-मर्डरस्-*adj.* guilty of murder. घातक, हत्यारा; **Murderously** (-लि)-*adv.* in a murderous manner. घातकरूप से, हत्यारेपन से ।

Mure-म्योर्-*v. t.* to confine or shut up in a prison. बन्द करना, कैद करना ;-*n.* wall. दीवाल ।

Muriatic-म्यू-रि-ऑट्-इक् - *adj.* hydrochloric. नमक के तेजाब या लवणाम्ल का ।

Murk-मर्क्-*adj.* dark, misty, gloomy. अँधेरा धुँधला; **Murkily** (-इ-लि)-*adv.* in a murky manner. धुँधलेपन से; **Murkiness** (-इ-नस्) -*n.* the state of being murky. अन्धकार, धुँधलापन; **Murky** (-इ)-*adj.* dark, misty, gloomy. अन्धकारपूर्ण ।

Murmur-मर्'-मर्-*n.* a low indistinct sound, suppressed sound. मन्द ध्वनि (कलकल

शब्द), बड़बड़ाहट;-*v. t.* to complain in low tones. असन्तोष प्रकट करना, कुड़कुड़ाना; **Murmurer** (-अर्)-*n.* one who grumbles. असन्तोष प्रकट करनेवाला मनुष्य; **Murmuring** (इ-इग्)-*adj.* complaining. गुर्राते हुए, शिकायत करते हुए ; **Murmurous** (-अस्)-*adj.* murmuring. बड़बड़ाहट का ; **Murmurously** (-लि)-*adv.* असन्तोष की ध्वनि से।

Murrain-मरेन् -*n.* an infectious disease in cattle. पशुओं की महामारी।

Murrey-मरि - *adj.* of purple-red colour. शहतूत के रंग का।

Murrhine-म-रिन् -*n.* a delicate ware. चीनी मिट्टी का कमजोर पात्र।

Muscadine-मस्क-डिन् (-डाइन्)-*n.* a kind of grape. कस्तूरी की गंध का अंगूर।

Muscle-म-सल्-*n.* the fleshy fibre that produces movement in a body. मांसपेशी, पुट्ठा।

Muscovite-मस्'-कॅ-वाइट्-*n.* common mica. सामान्य अभ्रक।

Muscular-मस्'-क्यु-लर्-*adj.* of the muscles, well developed. स्नायु सम्बन्धी, (मांसल) पुष्ट; **Muscularity** (-ऑरिटि) - *n.* the state of being muscular. मांसलता, पुष्टता; **Musculature** (-ऐचर्)-*n.* formation of muscles. शरीर की मांसल रचना।

Muse-म्यूज़्-*n.* one of the nine goddesses of poetry, music and other liberal arts, a deep thought, a poet's genius. काव्य, संगीत इत्यादि कलाओं की देवी, गंभीर विचार, कवित्व-शक्ति ;-*v. t.* to reflect, to ponder. चिन्ता करना, विचार करना; **Museful** (-फ़ुल्) -*adj.* thoughtful. विचारवान्; **Museless** (-लॅस्)-*adj.* not appreciative of poetry. कविता के सौन्दर्य का गुण न समझनेवाला; **Muser** (-अर्)-*n.* one given to musing. ध्यान करनेवाला।

Musette-म्युज़्'-ऍट्-*n.* a kind of bagpipe. एक प्रकार का मसक बाजा।

Museum-म्यु-ज़ि-अम्-*n.* a building used for storing curiosities in nature or art. कौतुक-भण्डार, अजायबघर।

Mush-मश्-*n.* a soft pulp. मुलायम पदार्थ, गूदा; **Mushiness**(-इ'-नॅस्)-*n.* sponginess. गूदापन।

Mushroom-मश्'-रूम्-*n.* a kind of plant, fungus. छत्रक, गगन-धूलि, कुकुरमुत्ता।


Mushroom.

Mushy-मशि-*adj.*pulpy. गूदेदार।

Music-म्यू'-ज़िक् -*n.* the art and science of harmonious sounds, rhythmic order, pleasant sound. सङ्गीत, गानविद्या, राग, सुर, सुरीला शब्द; **Instrumental music** (music arising from instruments.) वाद्य संगीत; **Music-hall** (a hall in which variety shows are given.) सङ्गीतशाला; **Rough music** (noisy uproar.) शोरगुल ; **To set to music** (to provide with music.) ताल-सुर में लाना; **Vocal music** (music made by the voice.) सङ्गीत गायन।

Musical-म्यूज़िकल्-*adj.* harmonious, melodious. सुरीला; **Musical-box** (a box in which tunes are mechanically played.) यन्त्र से बजानेवाले बाजे का बक्स ; **Musical entertainment** (an entertainment accompanied by music.) गानोत्सव; **Musical instruments** (instruments for music.) अनेक प्रकार के बाजे।

Musically-म्यूज़िकलि - *adv.* in a musical manner. संगीतशास्त्र के अनुसार, सुर से।

Musician-म्यू-ज़ि-शन्-*n.* one who sings or plays on musical instrument. गाने-बजानेवाला, संगीतज्ञ।

Musk-मस्क् - *n.* the strong scented substance which is secreted by male musk-deer. मृगमद, कस्तूरी; **Musk-deer** (the deer that yields musk.) कस्तूरी मृग; **Musk-melon** (a kind of sweet melon.) खरबूज़,सरदा; **Musk-rat** (musquash.) छछूँदर ; **Musky** (-इ) -*adj.* having the odour of musk. कस्तूरी की गन्ध की।

Musket - मस्' - कॅट् - *n.* a hand-gun. फ़ौजी सिपाही की बन्दूक; **Musketeer** (-इअर्')-*n.* a soldier armed with a musket. ऐसी बन्दूक लिए हुए सिपाही; **Musketry** (-रि) - *n.* the theory and practice of rifle-shooting. बन्दूक चलाने की विद्या और कला।

Muslim-मुस्'-लिम्-*adj. & n.* same as **Moslem.** मुसल्मानी, मुसल्मान।

Oscillation-ऑसिलेशन्-*n.* vibration. आन्दोलन, कम्पन (हलकोरा)।

Oscillating-ऑसिलेटिङ्ग्-*n.* moving to and fro. इधर-उधर हिलता हुआ।

Oscillator-ऑसिलेटर्-*n.* a machine that produces oscillation. स्फुरण उत्पन्न करनेवाला यन्त्र।

Oscillatory-ऑसिलेटरि-*adj.* vibrating. झकोरा करनेवाला, झूलता हुआ।

Oscitant-ऑसिटण्ट्-*adj.* yawning, sleeping. जँभाई लेता हुआ, निद्रालु।

Oscitate-ऑ-सिट्-टेट्-*v. i.* to yawn. जँभाई लेना।

Oscitation-ऑ-सि-टे'-शन्-*n.* yawning. जँभाई, तन्द्रा, सुस्ती।

Oscular-ऑस्-क्युलर्'-*adj.* of the mouth, of kissing. मुख का, चुम्बन का।

Osculate-ऑस्'-क्युलेट् - *v. t. & i.* to salute with a kiss. चुम्बन से अभिवादन करना।

Osculation-ऑस-क्यु-लेशन्-*n.* a kiss. चुम्बन।

Osier-ओ'-ज़िअर्-*n.* a kind of water-willow whose twigs are used in basket-making. जलबेंत जो टोकरी बनाने के काम आती है।

-osis-अ-सिस्-*suf.* used in names of disease &c. प्रत्यय जो रोगों के नाम में लगाया जाता है।

Osmic--*adj.* see **Osmium.**

Osmium-ऑज़्-मि-अम्-*n.* a kind of metal. (प्लैटिनम जाति की) एक धातु; **Osmic** (-मिक्) -*adj.* pertaining to osmium. प्लैटिनम धातु-सम्बन्धी।

Osmose, Osmosis-ऑस्'-मोस् (-इस्)-*ns.* an intermixture of fluids separated by a porous wall. सछिद्र पट द्वारा पृथक् दो तरल पदार्थों का रसकर सम्मिश्रण, रसाकर्षण।

Osprey-ऑस्-प्रे-*n.* (*pl.* **Ospreys.**) the fishing eagle. कुररी, एक प्रकार का मछली खानेवाला पक्षी।

Osseous-ऑसिअस् **Ossiferous** (-सिफ्' - अर्-अस्) -*adjs.* consisting of bones. अस्थिमय, हड्डी-सम्बन्धी।

Ossicle-ऑस्-सि-कुल्-*n.* a small bone. अस्थिक, छोटी हड्डी।

Ossific-ऑ-सिफ्'-इक्-*adj.* having power to ossify. हड्डी बनाने की शक्तिवाला।

Ossification-ऑसिफिकेशन्-*n.* the process of being changed into bones. हड्डी बनने की क्रिया।

Ossify-ऑ-सि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Ossified.**) to turn to bone, to make rigid. हड्डी बनाना या बन जाना, कड़ा हो जाना।

Ossuary-ऑ-स्'-यु-अ-रि-*n.* a place for keeping the bones of the dead. मुर्दे की हड्डी रखने का स्थान।

Ostensible-ऑस्-टेन्' - सि - बल् - *adj.* showy, manifest, not concealed. प्रकट, प्रत्यक्ष, प्रसिद्ध, सुप्रकाशित; **Ostensibly** (-सिब्-लि)-*adv.* in a professed manner. प्रकट रूप से।

Ostensive-ऑस्-टेन्'-सिव्-*adj.* showy. स्पष्ट, दिखाऊ।

Ostentation-ऑस्-टेन्-टे-शन्-*n.* a pretentious show, display. आडम्बर, दिखाव।

Ostentatious-ऑस्-टेन्-टे-शस्-*adj.* fond of show. आडम्बरी; **Ostentatiously** (-लि)-*adv.* with vain display. व्यर्थ दिखावे के साथ, आडंबर से।

Osteography - ऑस्टिऑग्रैफि - *n.* scientific description of the bones. हड्डियों का वैज्ञानिक वर्णन।

Osteology-ऑस्टिऑलॅ-जि -*n.* anatomy of the bones. हड्डियों की रचना इत्यादि का वर्णन।

Osteopathist-ऑस्टिऑपॅथिस्ट्-*n.* a bone-setter. हड्डी बैठानेवाला।

Osteotomy-ऑस्टिऑ-टॅ-मि-*n.* a disection of bones. हड्डियों की चीर-फाड़।

Ostitis-ऑस्-टाइ'-टिस्-*n.* inflammation of the bones. हड्डियों की सूजन।

Ostler-ऑस्लर्-*n.* a stableman. सईस।

Ostracism-ऑस्'-ट्र - सिज़्म् - *n.* banishment,

expulsion from society. देशनिकाला, जाति-बहिष्कार ।

Ostracize-ऑस्-ट्र-साइज़-*v. t.* to expel from society, to banish by a popular vote. जाति से बाहर करना, बहिष्कृत करना ।

Ostrich-ऑस्-ट्रिच्-*n.* a large swift-running bird whose tail and feathers are valued as ornaments. शुतुरमुर्ग ; **Ostrich policy** (self-deluding method.) आत्मवञ्चना करनेवाली नीति ।

Ostrich.

Otalgia-ऑ-टैल्'- जि-ऑं -*n.* earache. कर्णशूल, कान का दर्द ।

Other-अद्'-अर्-*adj. & pron.* not the same, distinct in kind, different from, opposite. अन्य, दूसरा, भिन्न, विपरीत; **Every other day** (on alternate days.) एक-एक दिन का अंतरा देकर; **On the other hand** (in addition to this.) इसके अतिरिक्त; **One or the other** (one of the two.) एक न एक; **Some one or other** (some individual.) कोई न कोई; **Some time or other** (some day.)कभी-कभी; **The other world** (the world after death.) परलोक ।

Otherness-अद्'-अर्-नेस्-*n.* the state of being other. परायापन ।

Otherwise-अद्'- अर्- वाइज़्-*adv.* in another manner. दूसरे प्रकार से, अन्यथा, नहीं तो ।

Otiose-ओ'-शि-ओस्-*adj.* impractical, lazy, futile. अव्यावहारिक, निरर्थक, सुस्त ।

Otiosely-ओ'-शि-ओस्-लि-*adv.* lazily, in an idle manner. सुस्ती से ।

Otitis-ऑ-टाइ-टिस् - *n.* inflammation of the ear. कान की सूजन ।

Otology-ऑ-टॅ-लॅ'-जि -*n.* the science of the ear. कान (के रोगों) का शास्त्र ।

Otoscope-ओ'-टॉ-स्कोप्-*n.* an instrument for examining the ear. कान के भीतरी भाग की परीक्षा करने का यन्त्र ।

Otter-ऑ-टर् - *n.* a fish-eating mammal. जलमार्जार, ऊदबिलाव ।

Otto-ऑ-टॅ-*n.* perfume. इत्र; **Otto of roses.** (rose-scent.) गुलाब का इत्र ।

Ottoman-ऑ-टॅ-मन् -*adj.* pertaining to the Turkish Empire. तुर्की साम्राज्य से सम्बन्धित; -*n.* a Turk of Turkey, a low cushioned bench without a back. टर्की का तुर्क, चीनी गद्दीदार बेञ्च जिसमें पीठ का सहारा देने का प्रबन्ध नहीं रहता ।

Oubliette-ऊब्'-लि-ऍट्-*n.* a secret dungeon. गुप्त गुफा, गुप्त बन्दीगृह (जिसमें ऊपर से आने-जाने का मार्ग हो)।

Ouch-आउच्-*n.* a socket for the setting of gems. नगीने के जड़ाव का छिद्र ।

Ought-ऑट्-*v.aux.* used in the force of expressing duty, to be morally necessary, should. चाहिये, योग्य है, उचित होना ।

Ounce-आउन्स्-*n.* a weight 1/12th of a pound in Troy weight and 1/16th in Avoirdupois, a mountain panther. आधी छटाँक के लगभग की अंग्रेजी तौल, पहाड़ी तेंदुआ ।

Our-अवर्-*adj.* belonging to us. हम लोगों का; **Ours** (अवर्ज़्)-*pron.* हम लोगों का; **Ourself** (-सेल्फ़्)-*pron.*(*pl.* **Ourselves.**) हम लोग स्वयं।

-ous-अस् - a *suf.* for forming adjectives. विशेषण के रूप बनाने का प्रत्यय ।

Ousel-ऊ'-ज़्ल्-*n.* a black bird. भुजंगा ।

Oust-आउस्ट्-*v. t.* to eject, to deprive of possession, to drive out. निकालना (हटाना), अधिकार छीन लेना, बाहर करना ।

Ouster-आउस्ट्'-अर्-*n.* dispossession. बहिष्कार, बेदखली ।

Out-आउट्-*adv. & prep.* without, away from, not at home,at a distance,not in fashion, in a state of disclosure, no longer in possession, to the end, loudly, in an error. बाहर, दूर, घर में नहीं, दूरी पर, अप्रचलित, प्रकट, अब अधिकार में नहीं, जोर से, अशुद्धि में; **Hear me out** (hear me up to the end.) अन्त तक मेरी बात सुनिये; **Murder will out** (murder will be exposed.) हत्या का पता चल जायगा; **Out and out** (completely, thoroughly.) पूर्णरूप से; **Out of breath** (panting.) हाँफता हुआ; **Out of curiosity** (with astonishment.) आश्चर्य से; **Out of doors** (in an open place.) खुले मैदान में; **Out of doubt** (certainly.) निःसन्देह; **Out of fashion** (against current usage.) लोकाचार के विरुद्ध ; **Out of hand** (immediately.) तुरन्त; **Out of order**(against the rule.)विधि-विरुद्ध; **Out of hope**(hopeless. निराश;**Out of place** (improper.) अनुचित;) **Out of reach** (unattainable.) पहुँच के बाहर; **Out of the road** (leaving off the right path.) ठीक मार्ग त्यागते हुए; **Out of the way** -*adj.*uncommon, unusual. असामान्य; **Out of tune** (not in harmony.) बेसुरा; **Out upon the thief**(remove the thief.) चोर को दूर करो; **Out with** (not in terms of intimacy.) मित्र-

भाव न रखता हुआ; **Out with him** (turn him out.) उसको निकाल दो; **The fire is out** (the fire is extinguished.) आग बुझ गई; **The miners are out** (the miners are not doing their work.) खानवाले काम नहीं करते हैं; **The secret is out** (the secret is exposed.) रहस्य खुल गया; **To be out** (to be published.) प्रकाशित होना; **To outnumber** (to exceed in number.) संख्या में अधिक होना।

Outask-आउट्'-आस्क्'-*v. t.* to ask or to proclaim, to be married in church for the last time. गिरिजाघर में विवाह होने की आखिरी घोषणा करना।

Outbalance-आउट्-बैल्'ऑन्स्-*v. t.* to exceed in effect, to outweigh. प्रभाव में अधिक होना, तौल में चढ़ना।

Outbargain-आउट्'-बार्'-गेन-*v.t.*to get better in bargain. बेचा-बिक्री (व्यवसाय) में लाभ उठाना।

Outbid-आउट्-बिड्'-*v. t.* (*p.t.* **Outbid**, *p. p.* **Outbidden.**)to offer a higher price. अधिक मूल्य लगाना।

Outbluster-आउट्-ब्लस्'-टर्-*v.t.* to exceed in blustering. अधिक श्लाघा करना, बड़ी शेखी करना।

Outboard-आउट्'-बोर्ड्-*adj* beyond the side of a ship. जहाज़ के किनारे से दूर पर का।

Outbound-आउट्'-बाउन्ड्-*adj.* proceeding to a distant port. विदेश जानेवाला।

Outbrag-आउट्-ब्रैग्'-*v.t.*(*p.t.* **Outbragged.**) to exceed in bragging,to surpass in beauty. अधिक श्लाघा (शेखी) करना, सुन्दरता में बढ़ना।

Outbreak-आउट्-ब्रेक्-*n.* an eruption, a disturbance of peace. उद्वेग, विस्फोट, हुल्लड़, बलवा।

Outbreaker-आउट्' - ब्रेक् - अर् - *n.* a wave dashing against the shore. किनारे पर टकरानेवाली लहर।

Outbuilding-आउट्'-बिल्ड्-इङ्ग् -*n.* an outhouse. बाहरी घर या मकान।

Outburn-आउट्-बर्न्-*v. t.* to burn with excess. तीव्रता से जलना।

Outburst-आउट्'-बर्स्ट्-*n.* a bursting forth, explosion. धड़ाका, विस्फोट।

Outcast-आउट्'-कास्ट्-*adj.* exiled, rejected. निर्वासित, परित्यक्त; -*n.* a vagabond, an exile. बहेतुआ, निकलुआ, निर्वासित व्यक्ति।

Outcaste-आउट्'-कास्ट् - *adj.* expelled from caste. जाति से बाहर निकाला हुआ, अजाती।

Outclass-आउट्-क्लास्'-*v. t.* to excel. बढ़कर होना, बढ़ जाना

Outcome-आउट्'-कम्-*n.* consequence, result. परिणाम, फल।

Outcrop-आउट्'-क्रॉप्-*n.* the part of a layer which comes at the surface of the ground. भूमि की वह तह जो ऊपर की ओर से निकल आती है।

Outcry-आउट्'-क्राइ-*n.* a cry of distress, a confused din. कोलाहल, पीड़ा का शब्द।

Outdare-आउट्-डेअर्'-*v. t.* to surpass in daring, to defy. साहस में बढ़ जाना, ललकारना।

Outdistance-आउट्-डिस्-टन्स्' - *v. t.* to get ahead of. आगे बढ़ जाना।

Outdo-आउट्-डू' -*v. t.* (*p. t.* **Outdid,** *p. p.* **Outdone.**) excel, to surpass. अतिक्रम करना, बढ़ना।

Outdoor-आउट्'-डोर्-*adj.* done in the open air, outside the house. घर के बाहर किया हुआ, खुले मैदान का।

Outer-आउट्'-अर्-*adj.*(*comp.* of **Out.**)exterior. बाहरी।

Outermost-आउट्' - अर् - मोस्ट्-*adj.* (*sup.* of **Out.**) farthest out. सबसे बाहरी।

Outface-आउट्-फेस्'-*v. i.* to stare down, to confront boldly. आँखें गड़ाकर नीचा दिखाना, साहस से मुकाबला करना।

Outfall-आउट्-फ़ॉल्-*n.* the mouth of a river नदी का मुहाना।

Outfit-आउट्'फ़िट्-*n.* things required for a journey, equipment. यात्रा-सामग्री, (उपकरण) सामान; -*v. t.* (*p. t.* **Outfitted.**) to equip. तैयारी करना, सजाना।

Outfitter-आउट्-फ़िट्' - अर्-*n.* one who provides outfits. सामग्री इकट्ठा करनेवाला मनुष्य।

Outflow-आउट्-फ्लो'-*v. i.* to flow out. बाहर को बहना;-*n.* a flowing out, outlet, efflux, issue. बाहर की ओर बहाव, परिणाम।

Outfly-आउट्-फ्लाइ'-*v. t.* (*p.t.* **Outflew,** *p.p.* **Outflown.**) to surpass in flying. उड़ने में बढ़ जाना।

Outfool-आउट्-फ़ूल्'-*v. t.* to exceed in foolishness. मूर्खता में बढ़ना।

Outgate-आउट्'-गेट्-*n.* a passage for going out. बाहर जाने का मार्ग।

Outgaze-आउट्'-गेज़्-*v. t.* to gaze farther. अधिक दूर तक देखना।

Outgeneral-आउट्-जेनरल्-*v. t.* to excel in generalship. सेनापति के कार्य में अधिक कुशल होना।

Outgive-आउट्-गिव्'-*v.t.*(*p.t.* **Outgave,** *p. p.* **Outgiven.**) to excel in liberality. उदारता में बढ़ जाना।

Outgo-आउट्-गो'-*v. i. & t.* *p. t.* **Outwent**, *p. p.* **Outgone.**) to advance before, to surpass. आगे को बढ़ना, उच्च होना, मात करना;-*n* expenditure. व्यय।

Outgoing-आउट्-गो'-इङ्ग्-*n.* a going out, an expenditure, extreme limit. बाहर जाना, व्यय, अन्तिम सीमा।

Outgrow-आउट्-ग्रो'-*v. t.* (*p. t.* **Outgrew**, *p. p.* **Outgrown.**) to surpass in growing. अधिक बढ़ जाना, फूट पड़ना।

Outgrowth-आउट्'-ग्रोथ्-*n.* that which springs out of some other thing. अतिवृद्धि।

Outguard-आउट्'-गार्ड् - *n.* guarding at a distance. दूर से रक्षा कार्य।

Out-Herod-आउट्'-हे-रड्-*v.t.* to excel (Herod) in cruelty. निर्दयता में (हेरड से) बढ़ जाना।

Outhouse-आउट्'-हाउस्-*n.* a building outside the main house. घर के बाहर का छोटा मकान।

Outing-आउट्'-इङ्ग्-*n.* an excursion. (वायु-सेवन के लिये) घर के बाहर सैर या पर्यटन।

Outland-आउट्'लैन्ड् - *n.* land beyond the limits of cultivation. खेती के बाहर की भूमि।

Outlander-आउट्-लैन्ड्' - अर् - *n.* an alien. परदेशी मनुष्य।

Outlandish-आउट्-लैन्ड् - इश् *-adj.* foreign, strange, rustic, rude, vulgar. विदेशी, देहाती, विलक्षण, अशिष्ट, असभ्य।

Outlast-आउट्-लास्ट्'-*v. t.* to last longer than. अधिक काल तक ठहरना या टिकना या चलना।

Outlaw-आउट्'-लॉ-*n.* a person deprived of the protection of law, a bandit. न्याय की रक्षा से बहिष्कृत या वंचित मनुष्य, दस्यु, डाकू; -*v. t.* to deprive of legal benefits. न्यायरक्षा से रहित करना;**Outlawry** (-रि)- *n.* the state of being an outlaw. न्यायविरुद्ध आचरण, कानून की रक्षा से बाहर रहने की स्थिति।

Outlay-आउट्'-ले-*n.* expenditure. व्यय, खर्च।

Outleap-आउट्'-लीप्'-*v. t.* (*p. t.* **Outleaped**, *p. p.* **Outleapt.**) to leap beyond. आगे को कूदना।

Outlet-आउट्'-लेट्-*n.* a passage outward, exit. द्वार, निर्गमस्थान, निकास।

Outlie-आउट्-लाइ'-*v. i.* (*p. t.* **Outlay**, *p. p.* **Outlain.**) to live in the open air. खुले मैदान में रहना।

Outline-आउट्'-लाइन्-*n.* the outer line of any figure, a draft, general sketch. बाहरी रूप-रेखा, आकारमात्र, (स्थूल वर्णन) रेखाचित्र, खाका; -*v. t.* to make a sketch. खाका या रेखाचित्र बनाना।

Outlive-आउट्-लिव्'-*v. t.* to survive, to live longer than. अधिक जीना या ठहरना; **Outliver** (-अर्)-*n.* a survivor. अधिक काल तक जीनेवाला।

Outlook-आउट्'-लुक्-*n.* a vigilant watch, a prospect, view-point. सावधानी के साथ निरीक्षण, विचार, दृष्टिकोण, चौकसी, रक्षा;-*v. t.* (-लुक्') to face down. वीरता से सामना करना।

Outlustre-आउट्-लस्'-टर्-*v. t.* to exceed in brightness. चमक में बढ़ना।

Outlying-आउट्'-ला - इङ्ग्- *adj.* lying at a distance, remote. सीमा के बाहर का, दूर का।

Outmen-आउट्-मेन्'-*v. t.* to outnumber in men. मनुष्य-संख्या में बढ़ना।

Outmarch-आउट्-मार्च्'-*v.t.* to march further. आगे बढ़ना।

Outmeasure-आउट्'-मेझर्-*v. t.* to excel or exceed in extent. विस्तार (फैलावट) में बढ़ना।

Outmost-आउट्' - मोस्ट् - *adj.* utmost. सबसे बढ़कर।

Outmove-आउट्-मूव्' - *v. t.* to move faster than. अधिक तेजी से चलना।

Outname-आउट्-नेम्'-*v. t.* to surpass in reputation. यश में बढ़ जाना।

Outness-आउट्'-नेस्-*n.* the state of being outside. बाहरीपन।

Outnumber-आउट्-नम्'-बर्-*v. t.* to exceed in number. संख्या में बढ़ना।

Outpace-आउट्-पेस्-*v. t.* to walk faster than. तेज दौड़ना।

Outpart-आउट्'-पार्ट्-*n.* a part remote from the centre. केन्द्र (मध्यभाग) से दूर पर का हिस्सा।

Out-patient-आउट्'-पे-शेन्ट्-*n.* the patient of hospital who lives outside it. अस्पताल से बाहर रहनेवाला रोगी।

Outplay-आउट्-प्ले'-*v. t.* (*p. t.* **Outplayed**) to beat at a game. खेल में हराना।

Outpost-आउट्'-पोस्ट्-*n.* a post away from the main body of an army. सेना से दूर पर की चौकी।

Outpour-आउट्-पोर्'-*v. t.* to pour in a stream. धारा में बहना, बरसना;- *n.* pouring out, a passionate or fluent utterance. उबाल, कामुकता-द्योतक या तीव्र बोली;**Outpourer** (-अर्)-*n.* one who outpours. बहानेवाला; **Outpouring** (-इङ्ग्)-*n.* an abundant effusion. गहरी वर्षा, अधिक बहाव।

Outpower-आउट्-पॉवर्-*v. t.* to excel in power. शक्ति में बढ़ना।

Output-आउट्'-पुट्-*n.* the quantity prepared

at a time, production. जितना माल एक साथ तैयार हो, घानी।

Outrage-आउट्‌' -रेज्‌-*n.* excessive violence, waton, mischief, indignity, excessive abuse. बलात्कार, अत्याचार, उपद्रव, धिक्कार; -*v. t.* (आउट्‌-रेज्‌') to treat with violence, to rape. कलंकित करना, सतीत्व नष्ट करना।

Outrageous-आउट्‌- रेज्‌'- अस्‌-*adj.* furious, violent. निर्लज्ज, उपद्रवी ;**Outrageously**(-लि) -*adv.* in an outrageous manner. अत्याचार-पूर्वक;**Outrageousness**(-नेस्‌)-*n.* the quality of being outrageous. दारुणता, अत्याचार।

Outreach-आउट्‌-रीच्‌'-*v. t.* to reach beyond limit, to cheat. हद्द से बाहर जाना, छलना (धोखा देना)।

Outride-आउट्‌-राइड्‌'-*v. t.* to ride beyond. घुड़सवारी में आगे जाना; **Outrider** (-अर्‌)-*n.* a servant on horseback. आगे चलनेवाला घुड़सवार।

Outright-आउट्‌'-राइट्‌-*adv.* immediately,completely, at once. तत्क्षण,पूर्ण रूप से, सर्वथा,तुरत।

Outrival-आउट्‌-राइ'-वल्‌-*v. t.* to surpass, to excel. श्रेठ होना, बढ़ जाना।

Outroot-आउट्‌-रूट्‌'-*v. t.* to root out. जड़ से निकाल देना।

Outrun-आउट्‌-रन्‌'-*v. t.* (*p. t.* **Outran.**) to exceed in running, to escape by running. दौड़ने में बढ़ जाना, दौड़कर भाग जाना, निकल भागना।

Outsail-आउट्‌-सेल्‌-*v. t.* to leave behind in sailing. नाव चलाने में आगे बढ़ जाना।

Outscorn-आउट्‌-स्कॉर्न्‌'-*v. t.* to disregard, to despise. घृणा करना, तिरस्कार करना।

Outsell-आउट्‌-सेल्‌'- *v. t.* (*p. t.* **Outsold.**) to sell at a higher price, to exceed in the amount of sales. अधिक मूल्य पर बेचना, बिक्री में बढ़ जाना।

Outset-आउट्‌'-सेट्‌-*n.* the beginning. आरम्भ (उपक्रम)।

Outshine-आउट्‌-शाइन्‌'-*v. i.* to shine forth. चमकना;-*v. t.* to excel in shining. प्रकाश में बढ़ जाना।

Outside-आउट्‌-साइड्‌-*n.* the outer part, external part, the farthest limit. बाहरी भाग, बाह्य प्रदेश, सीमा;-*adj.* exterior. बाहरी सीमा पर का;-*adv.* on the outside. बाहर की ओर।

Outsider-आउट्‌-साइड्‌'-अर्‌ -*n.* an uninitiated person. परदेशी, किसी व्यवसाय या समाज में अप्रविष्ट मनुष्य।

Outsit-आउट्‌-सिट्‌'-*v. t.* to sit beyond time. समय के बाद ठहरना।

Outsize-आउट्‌'- साइज़्‌ - *n.* beyond normal size. सामान्य नाप से बढ़कर।

Outskirt-आउट्‌'-स्कर्ट्‌ - *n.* border, suburb. सीमाप्रान्त, सरहद।

Outspan-आउट्‌-स्पॅन्‌'-*v. t.* to unyoke oxen. बैलों को जुए से निकालना।

Outspeak-आउट्‌-स्पीक्‌'-*v. i.* (*p. t.* **Outspoke,** *p. p.* **Outspoken.**) to speak boldly, to say aloud, to speak more than. सही बात कहने का साहस रखना, जोर से बोलना, अधिक बोलना।

Outspoken-आउट्‌-स्पोक्‌'-कन्‌-*adj.* frankly or boldly spoken, frank & bold in speech. स्पष्ट कहा हुआ, साहस के साथ स्पष्ट बोलनेवाला।

Outspent-आउट्‌'-स्पॅन्ट्‌- *adj.* extremely tired. बहुत थका हुआ।

Outspread-आउट्‌-स्प्रॅड्‌'-*v. t.* to spread out, to extend. छितराना, फैलाना।

Outstand-आउट्‌-स्टॅन्ड्‌'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Outstood.**) to withstand, to remain unpaid. प्रतिरोध करना, बाकी छोड़ रखना।

Outstanding-आउट्‌-स्टॅन्ड्‌'-इङ्ग्‌-*adj.* unpaid, prominent. न चुकाया हुआ, विशिष्ट।

Outstep-आउट्‌-स्टॅप्‌'-*v. i.*(*p. t.* **Outstepped.**) to step beyond. आगे को बढ़ना।

Outstretch-आउट्‌-स्ट्रॅच्‌'-*v. t.* to spread out, to extend. फैलाना, बढ़ाना (पसारना)।

Outstrike-आउट्‌-स्ट्राइक्‌'-*v. t.* (*p. t.* **Outstruck.**) to overpower by excessive beating. अधिक पीटकर अधीन करना।

Outstrip-आउट्‌-स्ट्रिप्‌'-*v. t.* (*p. t.* **Outstripped.**) to leave behind, to outrun. अतिक्रम करना (उल्लंघन करना), आगे बढ़ जाना।

Outswear-आउट्‌-स्वॅअर्‌'-*v. t.*(*p. t.* **Outswore,** *p. p.* **Outsworn.**) to excel in swearing. शपथ लेने में बढ़ना।

Outtalk-आउट्‌-टॉक्‌'-*v. t.* to reduce to silence by talking. बातें करके चुप करा देना।

Outtop-आउट्‌-टॉप्‌'-*v. t.* (*p. t.* **Outtopped.**) to reach higher than, to excel. शिखर पर पहुँचना, श्रेष्ठता प्राप्त करना।

Outturn-आउट्‌' - टर्न्‌ - *n.* output. (घानी) तैयार माल।

Outvalue-आउट्‌-वॅल्‌'यु - *v. t.* to exceed in value. मूल्य में बढ़ना।

Outvie-आउट्‌-वाइ'-*v. t.* to exceed, to surpass. बढ़ना, श्रेष्ठ होना।

Outvote-आउट्‌-वोट्‌'-*v. t.* to defeat by a great number of votes. अधिक वोट(राय) से हराना।

Outwalk-आउट्-वॉक्'-*v. i.* to walk faster than. अधिक तेज़ चलना।

Outwall-आउट्'-वॉल्-*n.* the exterior wall of a building. घर की बाहरी दीवार।

Outward-आउट्-वर्ड्-*adj.* external, exterior. बाहरी; -*adv.* towards the exterior, superficially. बाहरी ओर, अधिकतर; **Outwardly** (-लि)-*adv.* in appearance, externally. केवल आकृति में, बाहरी रूप में; **Outwardness** (-नॅस्) -*n.* externality. बाहरीपन।

Outwatch-आउट्-वॉच्'-*v. t.* to watch longer than. अधिक पहरा देना।

Outwear-आउट्-वेॲर्'-*v. t.* (*p. t.* **Outwore,** *p. p.* **Outworn.**) to last longer than, to spend tediously. अधिक समय तक पहिनना, कष्ट से व्यय करना।

Outweary-आउट्-वेॲर्'-इ-*v. t.* to wear out completely. पूर्ण रूप से थका देना।

Outweigh-आउट् - वे' - *v. t.* to exceed in weight or importance. भार या महत्त्व में बढ़ना।

Outwind-आउट्-वाइन्ड्'-*v.t.*(*p.t.* **Outwond.**) to unclose. बन्धन ढीला करना (लपेटना, हटाना)।

Outwit-आउट्-विट्'-*v. t.* (*p. t.* **Outwitted.**) to surpass in wit, to defeat by ingenuity. बुद्धि या चतुराई में बढ़ जाना, बुद्धि द्वारा पराजित करना।

Outwork-आउट्-वर्क्-*n.* work done out of doors. घर के बाहर किया हुआ कार्य;-*v. t.* to excel in doing work. काम करने में बढ़ जाना।

Ouzel-ऊज़्ल्-*n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

Ova-ओ'-व्रा-*n. pl.* of **Ovum.** eggs. अण्डे।

Oval-ओ'-व्रल्-*adj.* egg-shaped. अण्डाकार, अण्डे की आकृति का; **Ovally** (-लि)-*adv.* so as to be oval. अण्डाकार रूप में; **Ovalness** (-नॅस्)-*n.* oval shape. अण्डाकार आकृति।

Ovarian-ॲ-व्रे-रिअन्-*adj.* belonging to ovary. अण्डाशय का या सम्बन्धी।

Ovarious-ॲ-व्रे-रि - अस् - *adj.* consisting of eggs. अण्डा धारण करनेवाला, अण्ड-धारी।

Ovary-ओ'-व्ररि-*n.* (*pl.* **Ovaries.**) the reproductive organ in female bodies. अण्डाशय।

Ovate-ओ'-व्रेट्-*adj.*egg-shaped, oval. अण्डाकार।

Ovation-ओ'-व्रे'-शन् - *n.* demonstration of popular applause. जयध्वनि, जयजयकार।

Oevn-अव्न् - *n.* a receptacle for baking bread. चूल्हा, तन्दूर, भट्ठी।

Over-ओ'-व्रर्-*prep. & adv.* above, across, outward from brink, beyond, upside down, throughout, in excess, finished. ऊपर, आर-पार, किनारे से बाहर, आगे की ओर, उलटा हुआ, परिपूर्ण, अतिरिक्त, शेष, समाप्त; **All over India** (throughout India.) भारतवर्ष में सर्वत्र; **Over against** (in the opposite situation.) सम्मुख; **Over and above** (moreover, in addition to, besides.) अधिक, और भी, अतिरिक्त; **Over and over again** (repeatedly.) बारम्बार; **Over hand and ears** (completely.) पूर्ण रूप से; **Over our heads** (beyond our conception.) हम लोगों के विचार के बाहर; **The work is over** (the work is finished.) कार्य समाप्त हो गया।

Overact-ओ-व्रर्-ॲक्ट्'-*v. t.* to act more than necessary. आवश्यकता से अधिक काम करना।

Overalls-ओ'-व्रर्-ऑलज़्-*n. pl.* a protective garment worn over ordinary clothes. (कपड़े को मलिनता से बचानेवाला) ऊपरी ओढ़ना या वस्त्र।

Over-anxiety-see **Over-anxious.**

Over-anxious-ओ-व्रर्-ॲङ्क्'-शस्-*adj.* anxious beyond limits. आवश्यकता से अधिक चिन्तित; **Over-anxiety**-ओ-व्रर्-ॲङ्-ज़ाँ-ऍ-टि- -*n.* anxiety beyond limits. असीम चिन्ता; **Over-anxiously** (- लि) - *adv.* very anxiously. बड़ी चिन्ता से।

Overarch-ओ-व्रर्-आर्च्'-*v. t.* to arch over. ऊपर की ओर मेहराब बनाना (मेहराब से ढाँकना); -*v. i.* to hang over like an arch. मेहराब की तरह लटके रहना।

Overawe-ओ-व्रर्-ऑ-*v. t. & i.* to terrify, to restrain by fear. डर दिखाना, डराना।

Overbalance-ओ-व्रर्-बॅल'-ॲन्स्-*v. t.* to exceed in value, to weigh down. मूल्य में अधिक होना, अधिक भारी होना।

Overbear-ओ-व्रर्-बेॲर्'-*v. t.* (*p. t.* **Overbore,** *p. p.* **Overborne.**) to subdue, to overwhelm. वश में करना, दबाना।

Overbearing-ओ-व्रर्-बेॲर्-इङ्ग्-*adj.* haughty. अहंकारी, ढीठ; **Overbearingly** (-लि)-*adv.* in a haughty manner. धृष्टता से; **Overbearingness** (-नॅस्)-*n.* the state of being haughty. उद्धतता, धृष्टता।

Overbid-ओ-व्रर्-बिड्'-*v. t.* (*p. t.* **Overbade,** *p. p.* **Overbidden.**) to offer more than the value of. अधिक दाम लगाना।

Overblow-ओ-व्रर्-ब्लो'-*v.t.* (*p. t.* **Overblew.**) to cover with flowers. फूलों से भरना;

Overblown (-न्)-*adj.* fading or withered. मुरझाया हुआ।

Overboard-ओ'-व़र्-बोर्ड्-*adj.* out of a ship, over the board of a ship. जहाज़ के बाहर; जहाज़ की छत पर; **Thrown overboard** (separated.) बिछुड़ा हुआ।

Overbridge-ओ'-व़र्-ब्रिज्-*n.* a bridge over a road. सड़क के ऊपर का पुल।

Overbuild-ओ-व़र्-बिल्ड्'-*v.t.* to build beyond the demand. आवश्यकता से अधिक निर्माण करना।

Overburden-ओ-व़र्-बर्ड्न्-*v. t.* to burden to excess. अधिक लाद देना।

Overbusy-ओ'-व़र्-बि-ज़ि-*adj.* too officious. कार्य में अति लीन।

Over-capitalize-ओ-व़र्-कैपि'-इट्-टल् - आइज़् -*v. t.* to increase the capital of company too much. किसी व्यावसायिक संघ का मूलधन बहुत अधिक बढ़ा देना।

Overcareful-ओ-व़र्-केअर्' - फुल्-*adj.* exceedingly careful. आवश्यकता से अधिक सावधान।

Overcast-ओ-व़र्-कास्ट्'-*v. t. & i.* to cloud, to become dull. मेघ से आच्छादित करना, सुस्त होना; - *adj.* cloudy, dull. अन्धकारयुक्त, सुस्त।

Overcharge-ओ'-व़र्-चार्ज्-*v. t.* to load to excess, to charge a higher price. अधिक बोझ लादना, अधिक मूल्य लेना;-*n.* an excessive load, too great a charge. अधिक भार या महसूल

Overcloud-ओ-व़र्-क्लाउड्'-*v. t.* to cause gloom or sorrow. अन्धकार या दुःख से आच्छादित करना।

Overcoat-ओ'-व़र्-कोट्-*n.* a coat worn on ordinary dress. वस्त्र के ऊपर पहिनने का बड़ा कोट या लबादा।

Overcold-ओ-व़र्-कोल्ड्-*adj.* cold to excess. बहुत ही ठण्ढा।

Overcome-ओ-व़र्-कम्'-*v.t. & i.* (*p. t.* **Overcame,** *p. p.* **Overcome.**) to be victorious. विजय प्राप्त करना, जीतना।

Overcostly-ओ-व़र्-कॉस्ट्'-लि-*adj.* very costly. बहुत महँगा।

Overcover-ओ-व़र्-कव्'-अर्-*v. t.* to cover completely. भली भाँति ढाँकना।

Overcredulous-ओ-व़र्-क्रेड्'-यु-लस्-*adj.* too easily apt to believe. शीघ्र विश्वास करनेवाला।

Overcrowd-ओ-व़र्-क्राउड्'-*v. t.* to crowd to excess. बड़ी भीड़ मचाना।

Overdate-ओ-व़र्-डेट्-*v. t.* to postdate. बाद की तारीख डालना।

Overdated-ओ-व़र्-डेट्'-एँड्-*adj.* postdated. बाद की मिति या तारीख डाला हुआ।

Overdo-ओ-व़र्-डू'-*v.t.* (*p. t.* **Overdid,** *p. p.* **Overdone.**) to overact, to do much, to carry too far, to harass, to fatigue, to excel. अधिक करना, अधिक दूर ले जाना, कष्ट देना, थका देना, बढ़ जाना।

Overdone-ओ-व़र्-डन्'-*adj.* cooked to excess, overcooked. आवश्यकता से अधिक पकाया हुआ।

Overdose-ओ'-व़र्-डोज़्-*n.* an excessive dose. (औषधि की) अधिक मात्रा;-*v. t.* to administer too big a dose. अधिक मात्रा में औषधि देना।

Overdraft-ओ'-व़र्-ड्राफ़्ट्-*n.* overdrawing a sum of money from the amount at a bank. बैंक में से जमा से अधिक रुपया निकालना।

Overdraw-ओ-व़र्-ड्रॉ'-*v. t.* (*p. t.* **Overdrew,** *p. p.* **Overdrawn.**) to draw beyond one's credit, to exaggerate. जमा से अधिक माँग करना, अतिशयोक्ति करना।

Overdrive-ओ-व़र्-ड्राइव़्-*v.t.* (*p.t.* **Overdrove,** *p. p.* **Overdriven**) to drive too hard. बड़ी तेज़ी से हाँकना।

Overdue-ओ'-व़र्-ड्यू-*adj.* not paid at the right time. ठीक समय पर अदा न किया हुआ (मिति बिताया हुआ)।

Overeat-ओ-व़र्-ईट्'-*v.t.* (*p. t.* **Overate,** *p. p.* **Overeaten.**) to eat too much. परिमाण से अधिक भोजन करना।

Overestimate-ओ-व़र्-ऍस्' - टि - मेट्-*v. t.* to estimate highly. अधिक आँकना।

Overestimation-ओ - व़र् - ऍस् - टि- मे'-शन्-*n.* higher estimation. अधिक मूल्य निरूपण।

Overfeed-ओ-व़र्-फ़ीड्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Overfed.**) to feed immoderately. परिमाण से अधिक खिलाना।

Overfill-ओ-व़र्-फ़िल्'-*v. t.* to fill to excess. परिमाण से अधिक भरना।

Overflow-ओ'-व़र्-फ़्लो-*v. i. & t.* (*p. t.* **Overflew** *p. p.* **Overflown.**) to flood, to flow over, उमड़ उठना, बह निकलना;-*n.* inundation. बाढ़; **Overflowing** (-इङ्ग्) -*adj.* excessive. अति अधिक।

Overfreight-ओ-व़र्-फ़्रेट्-*v. t.* to load too heavily. अधिक बोझ लादना।

Overglance-ओ'-व़र्-ग्लैन्स्-*v. t.* to look hastily over. शीघ्रता से देखना।

Overgo-ओ-व़र्-गो'-*v. t.* (*p. t.* **Overwent,** *p. p.* **Overgone.**) to exceed, to cover. बढ़ना, ढाँकना।

Overground-ओ'-वर् - ग्राउन्ड् - *adj.* above ground. भूमि के ऊपर का।

Overgrow-ओ-वर्-ग्रो-*v. t.* (*p. t.* **Overgrew,** *p. p.* **Overgrown.**) to rise above, to cover with growth. ऊपर को उठना (फैल जाना), अधिक बढ़ना।

Overgrown-ओ-वर्-ग्रोन् - *adj.* grown over. अधिक बढ़ा हुआ।

Overgrowth-ओ- वर् - ग्रोथ् - *n.* immoderate growth. अधिक उपज।

Overhand-ओ-वर्-हैन्ड्-*adj.* with hand raised over the elbow. केहुनी के ऊपर हाथ उठा हुआ।

Overhang-ओ-वर्-हैङ्ग्'-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Overhung.**) to hang over, to project over. ऊपर लटकना (सिर पर झूलना), आगे निकल आना।

Overhappy-ओ'-वर्-हैं-पि- *adj.* too happy. बहुत ही प्रसन्न।

Overhardy-ओ-वर्-हार्डि-*adj.* unduly daring. अत्यधिक साहसी।

Overhasty-ओ-वर्-हेस्ट्'-इ-*adj.* unduly hasty. अधिक शीघ्रता करनेवाला।

Overhaul-ओ-वर्-हॉल-*v. t.* to draw over, to examine. जाँचना, परीक्षा करना; **Overhauling** (-इङ्ग्)-*n.* a cleaning or repairing of machines. यन्त्र इत्यादि की सफाई या मरम्मत।

Overhead-ओ-वर्-हेड्'-*adv.* over the head. मस्तक के ऊपर, सिर पर।

Overhear-ओ-वर् - हिअर्' - *v. t.* (*p. t.* **Overheard.**) to hear by accident or stealthily. अकस्मात्, चोरी से या छिपकर सुनना।

Overheat-ओ-वर्-हीट्'-*v. t.* to heat to excess. अधिक गरम करना।

Overissue-ओ-वर्'इश्'-श्यु - *v. t.* to issue in excess as bank notes or bills of exchange. चुकाने की शक्ति से अधिक हुण्डी जारी करना।

Overjoy-ओ-वर्-जॉय्'-*v. t.* (*p.t.* **Overjoyed.**) to fill with great joy. अति आमोदित करना, अति प्रसन्न करना; **Overjoyed** (-ड्) - *adj.* extremely pleased. अति प्रसन्न।

Overkind-ओ'-वर्-काइन्ड्-*adj.* kind to excess. अति दयालु।

Overlabour-ओ-वर्-ले'-बर्-*v.t.* to over-work. आवश्यकता से अधिक काम करना।

Overlade-ओ-वर्-लेड्'-*v. t.* to burden a ship too much. जहाज पर बहुत अधिक बोझ लादना।

Overland-ओ'-वर्-लैन्ड्-*adj.* passing entirely by land. स्थल मार्ग से ही विशेषकर जानेवाला।

Overlap-ओ-वर्-लैप्'-*v.t.* (*p.t.* **Overlapped.**) to lap over. एक के ऊपर दूसरे का किनारा रखना।

Overlavish-ओ-वर्-लैव्'-इश् - *adj.* lavish to excess. बहुत ही अधिक उदार या व्ययशील।

Overlay-ओ'-वर्-ले-*v. t.* (*p. t.* **Overlaid,** *p.p.* **Overlain.**) to cover completely. पूरी तरह से ढाँकना।

Overlaying-ओ-वर्-ले'-इङ्ग्-*n.* an artificial covering. कृत्रिम ढक्कन।

Overleaf-ओ-वर्-लीफ्-*adv.* on the other side of the leaf. पृष्ठ की दूसरी ओर।

Overleap-ओ'-वर्-लीप्-*v. t.* (*p. t.* **Overleapt.**) to leap over, to pass unnoticed. उल्लङ्घन करना (फाँदना), निकल भागना।

Overleather-ओ'-वर्-लेद् - अर् - *n.* the upper leather of shoes. जूते का ऊपरी चमड़ा।

Overlie-ओ-वर्-लाइ'-*v.t.* (*p. t.* **Overlay,** *p.p.* **Overlain.**) to lie upon. ऊपर पड़ना।

Overlive-ओ-वर्-लिव्' - *v. i.* to live longer than. अधिक समय तक जीवित रहना।

Overload-ओ-वर्-लोड्'-*v. t.* to load to excess. अधिक भार रखना, बहुत लादना।

Overlong-ओ'-वर्-लॉङ्ग्-*adj.* too long. बहुत अधिक लम्बा।

Overlook-ओ-वर्-लुक्'-*v. t.* to look over, to fail to notice, to view carefully, to pardon. उपेक्षा करना, देखने में चूक जाना, जाँचना, क्षमा करना।

Overlooker-ओ'-वर्-लुक्'-अर् - *n.* a superintendent. चौकसी रखनेवाला, अधीक्षक।

Overlord-ओ-वर्-लॉर्ड् - *n.* a lord over other lords. राजाधिराज।

Overmaster-ओ-वर्-मास्टर्-*v. t.* to govern, to subdue, to overpower. शासन करना, अधीन करना।

Overmatch-ओ-वर्-मैच्' - *v. t.* to be more than a match, to subdue, to conquer. बराबरी से अधिक होना, अधीन करना, जीतना;-*n.* one who is superior in power, one who cannot be overcome. अधिक बलवान्, अजेय मनुष्य, जो मनुष्य जीता नहीं जा सकता।

Overmeasure-ओ'-वर् - मेज़र् - *n.* excess of measure. अत्यधिक परिमाण;-*v. t.* to estimate too largely. अधिक (परिमाण या मूल्य) आँकना।

Overmodest-ओ'-वर्-मॉड्'-एस्ट् - *adj.* excessively modest. अत्यधिक विनीत।

Overmuch-ओ'-वर् - मच् - *adj.* & *adv.* too much. अत्यन्त, बहुत ज्यादा।

Overnice-ओ'-व़र्-नाइस्-*adj.* too fastidious. अधिक नकसुँघा, नकचढ़ा।

Overnight-ओ'-व़र्-नाइट्-*adj.* on the previous night. अतीत (बीती हुई) रात्रि में।

Overpass-ओ-व़र्-पास्'-*v. t.* to cross, to pass unnoticed. पार करना, आँख छिपाकर निकल जाना।

Overpay-ओ-व़र्-पे' - *v.t.* (*p. t.* **Overpaid.**) to pay too much. अधिक मूल्य देना, परिश्रम से अधिक देना।

Overpeople-ओ'-व़र्-पी'-पुल्-*v. t.* to fill with too many inhabitants. अधिक जनसंख्या से भरना।

Overpersuade-ओ'-व़र्-पर्-स्वेड्'-*v. t.* to persuade against inclination. इच्छा के विरुद्ध प्रेरित करना।

Overplus-ओ'-व़र्-प्लस्-*n.* surplus. आवश्यकता से अधिक, बेशी।

Overply-ओ-व़र्-प्लाइ' - *v. t.* to exert too much force. अत्यधिक शक्ति लगाना।

Overpoise-ओ'-व़र्-पॉ - इज़्-*n.* preponderant weight. समतोलन से अधिक भार।

Overpost-ओ-व़र्-पोस्ट्' - *v. t.* to hasten too much. अति शीघ्रता करना।

Overpower-ओ'-व़र्-पॉ-वर्-*v. t.* to subdue, to defeat. पराजित करना, हराना; **Overpowering** (-इङ्ग्) -*adj.* excessive. अत्यधिक।

Overpraise-ओ'-व़र्-प्रेज़्-*v. t.* to praise too highly. अधिक प्रशंसा करना; - *n.* excessive praise. अतिप्रशंसा।

Overprize-ओ'-व़र्-प्राइज़् - *v. t.* to surpass in value. मूल्य में बढ़ जाना।

Overproduce-ओ' - व़र्-प्रॅ-ड्यूस्' - *v. t.* to produce more goods than necessary. आवश्यकता से अधिक माल तैयार करना।

Overproduction-ओ'-व़र्-प्रॅ-डक्' - शन् -*n.* a supply in excess of demand. सामग्री की माँग से अधिक पूर्ति।

Overproof-ओ'-व़र्-प्रूफ़्-*adj.* containing more than a certain amount of alcohol. (मदिरा का) नियमित परिमाण से अधिक तीव्र होना।

Overrate-ओ-व़र्-रेट्' - *v. t.* to value excessively. अधिक मूल्य लगाना।

Overreach-ओ-व़र्-रीच्'-*v. t.* to reach beyond limit, to cheat. सीमा से आगे बढ़ जाना, धोखा देना।

Overrent-ओ-व़र्-रेन्ट्'-*v. t.* to exact excessive rent. बहुत ज्यादा किराया लेना।

Override-ओ-व़र्-राइड्'-*v. t.* (*p. t.* **Overrode,** *p. p.* **Overridden.**) to ride over, to trample down. चढ़ जाना, कुचलना।

Overrule-ओ-व़र्-रूल्'-*v. t.* to rule over, to set aside by higher verdict. पराजित करना, (अधिकारी की आज्ञा को) रद्द करना।

Overrun-ओ-व़र्-रन्'-*v.t. & i.* (*p. t.* **Overran,** *p. p.* **Overrun.**) to run over, to spread over, to ravage, to extend beyond limit. आक्रमण करना, फैलना, लूट करना, सीमा से अधिक बढ़ना।

Oversea-ओ'-व़र्-सी - *adj.* beyond the sea. समुद्रपार।

Oversee-ओ-व़र्-सी-*v. t.* (*p. t.* **Oversaw.**) to look over, to superintend. निरीक्षण करना, चौकसी करना।

Overseer-ओ-व़र्-सिअर्'-*n.* a superintendent. अध्यक्ष, निरीक्षण करनेवाला।

Oversell-ओ-व़र्-सेल्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Oversold.**) to sell too dear. बहुत महँगा बेचना।

Overset-ओ-व़र्-सेट्'-*v. t.* to turn over, to overthrow. उलटना, नीचे गिराना।

Overshade-ओ-व़र्-शेड्-*v. t.* to throw shade over. छाया डालना, ढाँकना।

Overshadow-ओ-व़र्-शैड्'-ओ-*v. t.* to throw shadow over. छाया करना, ढाँकना।

Overshoe-ओ - व़र् - शू - *n.* a waterproof shoe worn over another. एक जूते के ऊपर पहिनने का (रबड़ इत्यादि का) दूसरा जूता।

Overshoot-ओ-व़र्-शूट्'-*v. t.* to shoot beyond a mark. लक्ष्य (निशाने) के बाहर मारना।

Oversight-ओ'-व़र्-साइट्-*n.* an error, a mistake, an omission. भ्रम, दृष्टिदोष।

Overskip-ओ'-व़र् - स्किप् - *v. t.* (*p. t.* **Overskipped.**) to leap over. लाँघना।

Oversleep-ओ - व़र् - स्लीप्' - *v. t.* (*p. t.* **Overslept.**) to sleep too long. अधिक काल तक सोना।

Overslip-ओ-व़र्-स्लिप्'-*v. t.* to pass without notice. बिना जताये हटा देना या चला जाना।

Oversow-ओ-व़र्-सो'-*v. t.* to sow too much. परिमाण से अधिक बोना।

Overspent-ओ'-व़र्-स्पेन्ट्-*adj.* much fatigued. बहुत थका हुआ।

Overspread-ओ-व़र्'-स्प्रेड्' - *v. t.* to spread over, to scatter over. अधिक फैलना या फैलाना, छितराना।

Overstate-ओ-व़र्-स्टेट्'-*v. t.* to exaggerate. बहुत बढ़ाकर कहना।

Overstay-ओ-व़र्-स्टे'-*v. t.* (*p.t.* **Overstayed.**)

to stay too long. अधिक काल तक ठहरना ।

Overstep-ओ-व़र्-स्टॅप्-*v. t.* to exceed. किसी कार्य में आगे बढ़ जाना ।

Overstock-ओ'-व़र्-स्टॉक्-*v. t.* to stock over much. अति संग्रह करना;-*n.* superabundance. सामग्री की अधिकता ।

Overstrain-ओ-व़र्-स्ट्रेन्'-*v. t.* to strain too much. अत्यन्त प्रयत्न करना, बहुत दबाव पड़ना, बहुत तानना, बहुत श्रम करना ।

Overstream-ओ-व़र्-स्ट्रीम्'-*v. t.* to flow over. बह निकलना ।

Oversupply-ओ'-व़र्-स-प्लाइ-*n.* an excessive supply. माँग से अधिक पूर्ति ।

Overt-ओ'-व़र्ट्-*adj.* open to view, apparent, public. (अगूढ़) प्रत्यक्ष, प्रकट, सार्वजनिक ।

Overtake-ओ-व़र्-टेक्'-*v. t.* (*p. t.* **Overtook.** *p. p.* **Overtaken.**) to come up, to catch up in pursuit, to discover, to take by surprise. पहुँच जाना, पीछे से दौड़कर पकड़ लेना, पता लगाना, अकस्मात् आ पहुँचना ।

Overtask-ओ-व़र्-टास्क्'-*v. t.* to place a very heavy task upon. अधिक परिश्रम का काम सौंपना ।

Overtax-ओ-व़र्-टॅक्स्'-*v. t.* to tax too much. बहुत अधिक कर लगाना ।

Overthrow-ओ-व़र्-थ्रो'-*v. t.*(*p. t.* **Overthrew,** *p. p.* **Overthrown.**) to throw down, to upset, to defeat completely. पटक देना (हराना), उलट देना, पूर्ण रूप से हरा देना;-*n.* a defeat, disaster, ruin. पराजय, क्षय, नाश; **Overthrower** (-अर्)-*n.* one who overthrows. हरानेवाला ।

Overtime-ओ'-व़र्-टाइम्-*n.* time at work beyond the regular hours, work done in such time, pay for such work. निश्चित समय से अधिक कार्य करना, निश्चित समय के बाद का किया हुआ काम, ऐसे काम के लिये पारिश्रमिक ।

Overtly-ओ'-व़र्ट-लि-*adv.* apparently. प्रत्यक्ष रूप से ।

Overtone-ओ'-व़र्-टोन्'-*v. t.* to give a deep tone to a photographic print. फ़ोटो के चित्र में गहरा रङ्ग डालना ।

Overtop-ओ-व़र्-टॉप्'-*v. t.*(*p.t.* **Overtopped.**) to rise over the top of, to surpass. शिखर के ऊपर चढ़ जाना, सीमा के ऊपर चला जाना ।

Overtrade-ओ-व़र्-ट्रेड्'-*v. t.* to trade beyond capital. पूँजी से अधिक व्यापार करना ।

Overture-ओ-व़र्-चर्-*n.* a proposal, an offer. प्रस्ताव, निवेदन ।

Overturn-ओ-व़र्-टर्न्-*v. t.* to throw over, to conquer, to ruin. उलट देना, जीतना, नष्ट करना;-*n.* the state of being overturned, upsetting.पराजय, पराभव, परिवर्तन, उलट-फेर ।

Overvaluation-ओ'-व़र्-व़ॅल्-यु-ए'-शन्-*n.* setting a higher price. अधिक मूल्याङ्कन ।

Overvalue-ओ'-व़र्-व़ॅल्'-यू-*v. t.* to set too high a price. बहुत अधिक दाम लगाना ।

Overwatch-ओ' - व़र् वॉच्'-*v. t.* to watch exceedingly. अधिक चौकसी करना ।

Overween-ओ'-व़र्-वीन्-*v. t.* to think too highly of. बहुत बढ़कर सोचना; **Overweening** (-इङ्ग्)-*adj.* conceited, vain अति अहङ्कारी, घमण्डी ।

Overweigh-ओ-व़र्-वे'-*v. t.* to be heavier than, to overbalance. भार में अधिक होना या बढ़ना ।

Overweight-ओ'-व़र्-वेट्-*n.* an excess weight. अधिक भार ।

Overwhelm-ओ'-व़र्-ह्वेल्म्'-*v. t.* to crush, to bear down, to overcome. कुचल डालना, व्याकुल करना, घबड़ाना; **Overwhelmed** (-ड्) -*adj.* agitated. व्यग्र, व्याकुल, घबड़ाया हुआ; **Overwhelming**-*adj.* overpowering. अति प्रबल ।

Overwise-ओ'-व़र्-वाइज़्-*adj.* extremely wise. अत्यधिक बुद्धिमान ।

Overwork-ओ'-व़र्-वर्क्'-*v. t.* & *i.* to work beyond strength. शक्ति से बाहर काम करना, अत्यन्त परिश्रम करना ।

Overworn-ओ'-व़र्-वोर्न्-*adj.* worn out. बहुत थका हुआ ।

Overwrought-ओ'-व़र्-रॉट्-*adj.* too much laboured. अधिक परिश्रम किया हुआ ।

Overzeal-ओ'-व़र्-ज़ील्-*n.* more ardour. बहुत अधिक जोश; **Overzealous** (-ज़ेल'-अस्)-*adj.* much ardent. बहुत अधिक उत्साही ।

Ovicular-ओ - विक्' - यु-लर्-*adj.* pertaining to an egg. अण्डे का या अण्डे से सम्बन्धित ।

Oviferous-ओ-विफ़्'-अर्-अस्-*adj.*bearing eggs. अंडा देनेवाला ।

Oviform-ओ'-वि-फ़ॉर्म्'-*adj.* egg-shaped. अंडाकृति, अण्डे की आकृति या शकलवाला ।

Ovine-ओ'-व़ाइन्-*adj.* of sheep, like sheep. भेड़ का, भेड़ के समान ।

Oviparous-ओविपरस्-*adj.* producing young ones from eggs. अण्डों से बच्चे पैदा करनेवाला ।

Oviposit-ओ-वि-पॉज़्'-इट्-*v. t.* to lay eggs. अंडा देना ।

Ovoid-ओ-व़ॉइड्-*adj.* also **Ovoidal** (-अल्) an egg-shaped solid tapering at one end. अण्डाकृति पदार्थ जो एक छोर पर नुकीला हो ।

Ovum-ओ'-वम्-*n.* (*pl.* **Ova.**) female germ of animals, an egg. स्त्रियों का रज, अंडा।

Owe-ओ-*v. t. & i.* to be under obligation, to be in debt, to be indebted to. अनुगृहीत, ऋणबद्ध या ऋणी होना।

Owing-ओ'-इङ्ग्-*adj.* imputable to. दातव्य, जिसकी अदायगी बाकी हो; **Owing to** (on account of.) कारण से, वास्ते।

Owl - आउल् - *n.* a nocturnal bird of prey. उलूक, उल्लू।

Owler - आउल्' - अर्-*n.* one who conveys contraband goods. चोरी से माल ले जानेवाला।

Owlery-आउलरि-*n.* quality of an owl. उल्लू के गुण।

Owlet-आउल्'-ऍट्-*n.* a young owl. उल्लू का बच्चा।

Owlish-आउल्'-इश्-*adj.* foolish, like an owl. मूर्ख, उल्लू के समान; **Owlishly** (-लि)-*adv.* in the manner of an owl, foolishly. उल्लू की तरह से, मूर्खता से।

Owl-light-आउल्'-लाइट्-*n.* flickering light. हिलता हुआ प्रकाश।

Own-ओन्-*adj.* belonging to oneself. स्वकीय, निज, निजी, अपना;-*v. t.&i.* to acknowledge, to possess. अङ्गीकार करना, अपनाना, स्वीकार करना, स्वामी होना; **Of my own** (belonging to myself.) अपना, निज का; **Of one's own accord** (according to one's own sweet-will.) अपनी इच्छा से, अपने आप; **One's own brother** (born of the same father and mother.) सगा भाई; **To hold one's own** (to maintain one's position.) अपना अधिकार या सर्वस्व बनाये रखना; **To make one's own** (to bring under one's possession.) अपनाना।

Owned-ओ-न्ड्-*adj.* accepted. स्वीकृत।

Owner-ओन्'-अर्-*n.* possessor, proprietor. स्वामी, अधिकारी, प्रभु; **Ownership** (-शिप्)-*n.* proprietorship, right of possession. प्रभुत्व, अधिकार।

Ox-ऑक्स्-*n.* (*pl.* **Oxen.**) the male of bovine quadrupeds. वृषभ, बलीवर्द, बल

Oxford-आक्स्'फ़र्ड-*n.* the famous university town in England. इँग्लैंड के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय का नगर।

Oxgate-ऑक्स्' - गेट् - *n.* a land measure averaging about 13 acres. प्रायः तेरह एकड़ भूमि।

Oxide-ऑक्स्'-आइड्-*n.* a compound of oxygen with other elements. वह द्रव्य जो उद्जन या प्राणवायु तथा अन्य तत्त्वों के योग से बनता है।

Oxidizable, Oxidization-see **Oxidize.**

Oxidize-ऑक्सिडाइज़्-*v. t. & i.* to cause to combine with oxygen, to rust. प्राणवायु से संयुक्त करना, मुर्चा उत्पन्न होना; **Oxidizable** (-ऍ-बल्)-*adj.* capable of being converted into an oxide. प्राणवायु के साथ तत्त्वों का यौगिक बनने योग्य; **Oxidization** (-ज़'-शन्)-*n.* the act of oxidizing. प्राणवायु के साथ तत्वों के यौगिक बनने की क्रिया, ऑक्सिकरण, जारण; **Oxidizer** (-अर्)-*n.* that which oxidizes. ऐसी क्रिया उत्पन्न करनेवाला, जारक।

Oxonian-ऑक्सोनिअन्-*n.* a student of the Oxford university. ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय का छात्र।

Oxygen-ऑक्सिजन् - *n.* a colourless and scentless gas which is essential for animal and plant life. प्राणवायु।

Oxygenate-ऑक्सिजनेट्-*v. t.* to oxygenize. प्राणवायु से पूर्ण करना।

Oxygenous-ऑक्स्-इज़्'ऍन्-अस्- *adj.* pertaining to oxygen. प्राणवायु-सम्बन्धी।

Oxygon-ऑक्स्'-इ-गॅन्-*n.* a triangle having two acute angles. दो न्यून-कोण का त्रिभुज।

Oxymel-ऑक्सिमॅल्-*n.* a syrup of honey and vinegar. सिरका और शहद का शर्बत।

Oxymoron-ऑक्स्-इ-मोर्'-ऑन्-*n.* a figure of speech with seeming contradiction. विपरीत लक्षणा अलङ्कार।

Oxyopia-ऑक्सि-ओ'-पि-आ-*n.* acute vision. तीक्ष्ण दृष्टि।

Oxyphonia-ऑक्स्-इ-फ़ोन्-इ-आ- *n.* harshness of voice. कर्कश उच्चारण।

Oxytone-ऑक्स्-इ-टोन्-*adj.* having an acute accent on the last syllable. अन्तिम अक्षर पर ज़ोर देनेवाला।

Oyster-ऑइस्टर्-*n.* a kind of shellfish. शुक्ति, सीप, घोंघा।

Ozena-ओ-ज़ी'ना *n.* a kind of ulcer in the nostril. नाकड़ा।

Ozone-ओ'ज़ोन्-*n.* condensed form of oxygen with pungent smell artificially produced by the working of a dynamo. बिजली पैदा करनेवाले यन्त्र से उत्पन्न हुई ठोस प्राणवायु; **Ozonic** (-इक्)-*adj.* pertaining to ozone. ऐसी प्राणवायु-सम्बन्धी; **Ozonizer** (-आइज़्'-अर्)-*adj.* an appliance for ozonizing. ठोस प्राणवायु उत्पन्न करने का साधन।

P-पी-the sixteenth letter of the English alphabet, chemical symbol for phosphorus. अंग्रेजी वर्णमाला का सोलहवाँ अक्षर, फ़ासफ़ोरस (स्फुर्) नामक तत्त्व के लिये रासायनिक संकेत।

Pa-पा-*n. colloq.* for **Papa.** अब्बा, बाबा।

Pabular-पैब्'-युलर्-*adj.* pertaining to food. भोजन-सम्बन्धी।

Pabulum-पैब्'-युल् - अम् -*n.* food. भोजन, आहार।

Paca-पैका-*n.* an American rodent. अमेरिका देश का एक पशु।

Pace-पेस्-*n.* a single step, mode of walking, gait. पग, कदम, गतिक्रम, चाल, गति ; *-v. i. & t.* to walk, to move slowly, to set steps. क्रम से चलना, धीरे-धीरे चलना, कदम रखना; **Pace-maker** (one employed to go forward.) आगे चलनेवाला; **To keep pace with** (to go with uniform speed.) एक चाल से चलना; **To pace up and down** (to go hither and thither.) इधर-उधर चलना।

Pacer-पेस्'-अर्-*n.* one who paces, a horse that paces. धीरे-धीरे चलनेवाला, कदम चलनेवाला घोड़ा।

Pacifiable-पैसिफ़ाइ-ऍबुल् - *adj.* able to be appeased or reconciled. सान्त्वना करने योग्य।

Pacific-पैस् - इफ़् - इक् -*adj.* peace-making, mild, calm. शान्ति लानेवाला, शान्त, स्थिर; **Pacifically** (-अलि) - *adj.* in a mild manner. शान्तिपूर्वक।

Pacification - पैसिफ़िकेशन् - *n*. the act of pacifying. शान्ति (सन्धि) करण।

Pacificatory-पैसिफ़िकेटरि -*adj.* tending to make peace. शान्तिकर; **Pacificism** (-ज़्म) *-n.* theory of peaceful settlements of disputes. यह सिद्धान्त कि संसार में बिना युद्ध के झगड़ा तय हो सकता है।

Pacifier-पैसिफ़ायर् -*n.* one who pacifies. शान्त करनेवाला।

Pacify-पैस्'-इ-फ़ाइ - (*v. t.* **Pacified.**) to appease, to tranquillize. शान्त करना, सन्तुष्ट करना; **Pacified** (-इ) - *adj.* appeased. शान्त।

Pack-पैक्-*n.* a bundle, a bale, parcel, party, set of playing cards, number of hounds kept together. गठरी, मोटरी, मण्डली, ताश की गड्डी, शिकारी कुत्तों का झुण्ड; *-v. t. & i.* to put and bind together, to load, to send in haste, to make into bundles, to crowd together. लपेटना, लादना, शीघ्रता में भेजना, गठरी बनाना, भीड़ लगाना।

Package-पैक्'-ऍज् -*n.* a bundle or bale, a parcel. गठरी, मोटरी, पुलिन्दा, पार्सल।

Packer-पैक्'-अर् -*n.* one who packs. माल-असबाब की गठरी बाँधनेवाला।

Packet-पैक्'-ऍट्-*n.* a small bundle, a small package, mailboat. छोटी गठरी, पोटली, डाक की नाव।

Pack-horse-पैक्'-हॉर्स्-*n.* a horse employed in carrying packs. लद्दू घोड़ा।

Packman-पैक्'-मैन्-*n.* a pedlar. बिसाती।

Pack-saddle-पैक्'-सैड्-इल् -*n.* a saddle on which packs are laid. बोझा लादने की काठी, खोगीर।

Packthread-पैक्'-थ्रेड् -*n.* twine for packing goods. बाँधने का मोटा डोरा; **To pack off** (to start.) रवाना करना।

Packing-पैक्'-इङ्ग्-*n.* something used for tying. बन्धन के लिये प्रयुक्त पदार्थ; **Packing-needle** (needle for sewing packages.) गठरी सीने का सूजा; **Packing-sheet** (coarse cloth for packing goods.) सामान बाँधने का मोटा कपड़ा।

Pact-पैक्ट् -*n.* agreement, contract. एकरारनामा, ठीका।

Pad-पैड् -*n.* a highwayman, an easy paced horse, cushion, sheets of blotting or writing paper tied together. पथिक, धीरे-धीरे चलनेवाला घोड़ा, गद्दी, कागज या सोखते की गड्डी; *-v. t. & i.* (*p. t.* **Padded.**) to travel slowly, to furnish with a pad, to fill out; मन्द गति से चलना, गद्दी लगाना, भर देना; **Padding** (-डिङ्ग्) -*n.* cushion. गद्दी।

Paddle-पैड्' - इल् -*v. t. & i.* to move on water, to toddle, to walk unsteadily with short steps, to propel a canoe. पानी में चलना या क्रीड़ा करना, छोटे-छोटे कदम डालते हुए लड़खड़ाकर चलना, नाव चलाना; - *n.* a short oar. छोटा डाँड़ा; **Paddler** (-अर्)-*n.* one who paddles. पैर से चलानेवाला; **Paddle-wheel** (a wheel with paddles used for propelling ships.) जहाज चलाने का पहिया ; **Paddle your own canoe** (depend on your own strength.) अपनी ही शक्ति पर भरोसा करो।

Paddock-पै'-डक् -*n.* a small field, a frog. छोटा खेत, मेढक।

Paddy-पैड्'-डि -*n.* rice in the husk. छिलका-सहित चावल, धान।

Padlock-पैड्'-लॉक्-*n.* a detachable lock for a staple. कुलुफ़, ताला; *-v. t.* to fasten with a padlock. कुलुफ़ लगाना।

Padre-पा'-ड्रे-*n.* a clergyman or chaplain. पादरी।

Paean-पी'-अन्-*n.* song of praise or triumph. जयध्वनि, विजय का गीत।

Pagan-पे'-गन्-*n.* a heathen, an idolater. मूर्तिपूजक, प्रतिमापूजक; **Paganism** (-इज़्म्)-*n.* heathenism. मूर्तिपूजा, प्रतिमापूजन; **Paganize** (-आइज़्) -*v. t.* to convert to paganism, to behave like pagans. मूर्तिपूजक बनाना, मूर्तिपूजकों के सदृश व्यवहार करना।

Page- पेज्-*n.*a boy servant attending a lord, one side of the leaf of a book. सर्दारों की सेवा करनेवाला छोकरा, पृष्ठ, पुस्तक के पन्ने के एक ओर का भाग;-*v. t.* to number the pages of a book. पुस्तक इत्यादि के पन्नों में अंक डालना।

Pageant-पेजन्ट्-*n.*a brilliant spectacle, empty show. भव्य दृश्य, कौतुक, तमाशा (लीला), दिखाव; **Pageantry** (-रि)-*n.* empty show. आडम्बर, तड़क-भड़क, जलूस।

Pagehood-पेज्'-हुड्-*n.* the state of being a page. छोकरे का पद।

Paginal-पीज्'-इनल्-*adj.* pertaining to pages. पृष्ठ अथवा सेवक-सम्बन्धी।

Paging-पेजिङ्ग्-*n.* the marking of pages. पुस्तक आदि में पृष्ठ लगाना।

Pagoda-पगोडा -*n.* a sacred building in pyramidal form. शिवालय, मन्दिर, धौरहरा।


Pagoda.

Pah-पा-*interj.* expressing disgust. घृणा-सूचक अव्यय।

Paid-पेड्-*p. t. & p. p.* of Pay.

Pail-पेल्-*n* a vessel for carrying liquids, a bucket. पात्र, घड़ा, बाल्टी; **Pailful** (-फुल्) -*n.* the quantity which a pail can hold. बाल्टी या घड़ा भर।

Paillasse, Palliasse-पेलॅस्', पॅल्यॅस्' -*ns.* a straw mattress. फूस की चटाई।

Paillette-पॅल्'-येट्-*n.* bright metal used in enamelling. रँगने की चमकदार धातु।

Pain-पेन्-*n.* bodily distress, suffering, penalty. शारीरिक पीड़ा, क्लेश, खेद (सन्ताप), दण्ड; -*pl.* punishment, the throes of childbirth. दण्ड, प्रसव-वेदना;-*v. t.* to cause uneasiness, to distress, to torment. पीड़ा देना, दुःख देना; यातना करना; **Bodily pain** (disease.) व्याधि; **Mental pain** (mental trouble.) मनोव्यथा; **Sharp pain** (acute pain.) तीव्र वेदना, शूल; **To take pains** (to suffer trouble.) कष्ट सहना।

Painful-पेन्'-फुल्-*adj.* full of pain. दुःखदायी, दुःखी; **Painfully** (-फुलि) -*adv.* in a painful manner. पीड़ा से, दुःख से।

Painless-पेन्'-लॅस्-*adj.* devoid of pain. दुःखहीन; **Painlessness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being pain-less. पीड़ा का अभाव।

Painstaking-पेन्म्-टेकिङ्ग्-*adj.* taking pains. परिश्रमी, सावधान।

Paint-पेन्ट्-*n.* solid colouring matter. रङ्ग, लेप; -*v. t.* to portray in colours, to cover with colour. चित्रकारी करना, रँगना; **Painted** (-टॅड्)-*adj.* covered with paint. रँगा हुआ; **Painted lady** (a butterfly.) तितली; **To paint out** (to cover with paint.) रंग से ढाँकना।

Painter-पेन्टर्-*n.* (*fem.* **Paintress**-ट्रॅस्) one whose occupation is painting. चित्रकार।

Painting-पेन्टिङ्ग्-*n.* the act of laying on colours, the art of representing objects or scenes in colours. चित्रविद्या (रंगसाज़ी), चित्र-लेखन।

Painty-पेन्टि-*adj.* concerning painting, smeared with paint. चित्रविद्या-सम्बन्धी, रंग से रँगा हुआ।

Pair-पेअर्-*n.* set of two, couple, two of a kind. युगल, पति-पत्नी, जोड़ा; -*v. t. & i.* to unite in couples, to be joined in pairs. जोड़ा लगाना, जोड़ा मिलाना; **A married pair** (husband and wife.) पति और पत्नी; **To pair off** (to separate in pairs.) दो-दो करके अलगाना; **Well paired** (joined together suitably.) उचित या ठीक जोड़ मिलाया हुआ।

Pal-पॅल्-*n.* a friend, a companion, a partner. मित्र, सहचर, साझीदार।

Palace-पॅ-लॅस्-*n.* a stately building, the residence of a king. राजभवन, महल।

Palaeo-पॅल्'-इ-ॲ-*pref.* in sense of "ancient." "प्राचीन" अर्थ का उपसर्ग।

Palaeographer-पॅल्-इ-ऑ-ग्राफ़र् -*n.* one who studies palaeography. प्राचीन शिलालेख का अध्ययन करनेवाला।

Palaeographic-पॅल्-इ-ऑ - ग्रॅफिक - *adj.* pertaining to palaeography. प्राचीन शिलालेख-सम्बन्धी।

Palaeography-पॅल्-इ-ऑ-ग्रॅफि -*n.* the study of the ancient inscriptions. प्राचीन शिलालेखों का अध्ययन।

Palankeen, (Palanquin) पॅलन्कीन्-*n.* **a cov-**

ered litter carried by four men. शिविका, पालकी।

Palatable-पीलॅ टेबुल्-*adj.* pleasant to the taste, savoury. स्वादु, स्वादिष्ट; **Palatably** (-एबु-लि) -*adv.* in a palatable manner. स्वाद से, रुचि से।

Palatal-पीलॅटल्-*adj.* & *n.* pertaining to palate, a letter pronounced by the palate. तालव्य, तालु-सम्बन्धी, तालव्य शब्द।

Palate-पी-लॅ-ट्-*n.* the roof of the mouth, sense of taste, relish. तालु, स्वाद की इन्द्रिय, (रुचि) स्वाद।

Palatial-पीलॅशल् - *adj.* of or like a palace. महल का या महल के सदृश।

Palatine-पीलॅ टिन् (-टाइन्)-*adj.* & *n.* pertaining to the palate, one who is invested with royal privileges. तालु-सम्बन्धी, राज्याधिकार रखनेवाला।

Palaver-पलावर् - *n.* idle talk, flattery. वृथा भाषण (बकवाद), मिथ्या- प्रशंसा, चापलूसी; -*v.i.* & *t.* to talk idly, to deceive by words, to flatter. बड़बड़ करना, चापलूसी करना।

Pale-पे ल्-*n.* a boundary, a fence. सीमा, कटघरा; -*adj.* of whitish appearance, dim, wan. (फीका) धुँधला, मन्द कान्ति का, पीला; -*v. i.* & *t.* to turn pale, to make pale. पीला पड़ना, पीला करना; **Pale-faced** (with wan face.) *adj.* पीत मुखवाला; **Palehearted**-*adj.* dispirited. उत्साहहीन।

Paleness-पे ल्'-नेस्-*n.* the quality of being pale. पीलापन, फीकापन।

Paleous-पे'-लि-अस् - *adj.* like chaff. भूसे के समान।

Person-पर्'-सन्-*n.* a human being, character in a story, the living body, character represented. मनुष्य, जन, पात्र, शरीर, देह, मूर्ति (रूप), (*in gram.* व्याकरण में) First person. उत्तम पुरुष; **Second person.** मध्यम पुरुष; **Third person.** अन्य पुरुष।

Personable-पर्'-स्-नेबल्-*adj.*handsome. सुन्दर स्वरूपवान्।

Personage-पर्'-स्-नेज्-*n.* a person of rank. श्रेष्ठ पुरुष।

Personal-पर्'-स्-नल् - *adj.* belonging to a person. व्यक्तिगत, शारीरिक, निजी, अपना; (*in gram.*) personal. पुरुष-सम्बन्धी।

Personality-पर्'-स्-नैलिटि-*n.*distinctive character. व्यक्तित्व।

Personalize-पर्'-स्-नलाइज़्-*v.t.*to make personal. व्यक्तित्व भाव उत्पन्न करना।

Personally-पर्'-स्-नलि-*adv.* in person. स्वयं, साक्षात्।

Personate-पर्'-सॅ-नेट्-*v.t.*to play the character of, to pretend to be. वेष बदलना, रूप बनाना।

Personation-पर्'-सॅ-नेशन्-*n.* counterfeiting a person. वेष धारण, पर रूप धारण।

Personator-पर्'-सॅ-नेटर्-*n.* one who personates. पर रूप धारण करनेवाला (बहुरूपिया)।

Personification-पर्'-सॅ-निफ़िकेशन्-*n.* a figure of speech in which inanimate objects are conceived as endowed with personal qualities. जड़ पदार्थों में मनुष्य के गुण आरोपण करने वाला अलंकार।

Personify-पर्-सॅ-निफ़ाइ-*v.t.*(*p.t.* **Personified**) to attribute personal nature, to treat

as a person. निर्जीव पदार्थ में चेतन धर्म का आरोपण करना, जीवधारी ठहराना ।

Personnel-पर्'-सॅनॅल्-*n.* the body of persons engaged in public service. सार्वजनिक सेवा के कार्यकर्ता लोग ।

Perspective-पर्-स्पॅक्ट्' - इव् - *n.* the art of drawing solid objects on a plane surface, actual objects as they appear to the eye when viewed from a particular point, view, prospects. ठोस पदार्थों का कागज़ इत्यादि पर चित्र बनाने की कला, किसी मुख्य स्थान से देखे जानेवाले पदार्थ, दृश्य, स्वरूप ; **Perspectively** (-लि)-*adv.* in a perspective manner. प्रत्यक्ष, दृश्य रूप में ।

Perspicacious-पर्-स्पिक्-ऍ'शस् - *adj.* having mental penetration, quick-sighted. तीक्ष्ण-बुद्धि, सूक्ष्म दृष्टि का; **Perspicaciously** (-लि) -*adv.* in a perspicacious manner. सूक्ष्म दृष्टि से ।

Perspicacity-पर्स्पिकॅसिटि-*n.* keeness of sight or of understanding. दृष्टि अथवा बुद्धि की सूक्ष्मता ।

Perspicuity-पर् - स्पिक् - यु'-इ-टि-*n.* freedom from obscurity. अन्धकार से छुटकारा, स्पष्टता ।

Perspicuous-पर्-स्पिक्'-यु-अस्-*adj.* clear, plain, easily understood. स्पष्ट, व्यक्त, सुबोध; **Perspicuously** (-लि) -*adv.* in a perspicuous manner. स्पष्ट रूप से; **Perspicuousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being perspicuous. स्पष्टता ।

Perspirable-पर्-स्पायर'-ऍ-ब्ल् - *adj.* capable of perspiring or being perspired. पसीना निकलने योग्य ।

Perspiration-पर्स्पिरेशन्- *n.* the act of perspiring, sweat. स्वेद का स्राव, पसीने का निकलना ।

Perspiratory-पर्स्पिरेटरि-*adj.* causing perspiration. पसीना उत्पन्न करनेवाला ।

Perspire-पर्स्पायर्' - *v. i.* to sweat through the pores of the body. पसीना निकलना ।

Perspiring-पर्स्पायरिङ्ग्-*adj.* sweating. पसीना निकलता हुआ ।

Persuadable-पर्-स्वेड्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* that may be persuaded. उसकाने योग्य ।

Persuade-पर् - स्वेड्' -*v. t.* to convince, to induce, to influence by advice or entreaty or argument. विश्वास दिलाना, उसकाना, उभाड़ना; **Persuaded** (-ऍड्)-*adj.* convinced. प्रतीति दिलाया हुआ ।

Persuader-पर्स्वेडर्-*n.* one who or that which persuades. प्रोत्साहक, बहकानेवाला ।

Persuasibility-पर्स्वे-सि-बिल्'-इ-टि-*n.* persuasibleness, act of being persuaded. उसकाने की योग्यता ।

Persuasible-पर्स्वेस्-इ-ब्ल्-*adj.* capable of being persuaded. उभाड़ने योग्य ।

Persuasion-पर्स्वे'-ज़न्-*n.* the act of persuading, conviction, creed. प्रोत्साहन, शंका की निवृत्ति, धार्मिक विश्वास ।

Persuasive-पर्-स्वे'-सिव् - *adj.* having the power to persuade, influencing the mind of persons. हृदयग्राही, चित्ताकर्षक, प्रेरकवाला; **Persuasively** (-लि) - *adv.* with persuasion अनुरोध से; **Persuasiveness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being persuasive. हृदयग्राहिता, चित्त आकर्षित करने का गुण ।

Pert-पर्ट्-*adj.* forward, saucy, smart. अविनीत, चपल, ढीठ; **Pertly** (-लि) -*adv.* in a pert manner. ढिठाई से; **Pertness** (-नॅस्) -*n.* impertinence. ढिठाई ।

Pertain-पर्-टेन्'-*v. t.* to belong to, to have reference to. सम्बन्ध रखना, सम्बन्धी होना ।

Pertinacious-पर्टिनेशस्-*adj.* stubborn, obstinate. आग्रही, हठी; **Pertinaciously** (-लि) -*adv.* in an obstinate manner. आग्रह से, हठ से; **Pertinaciousness** (-नस्)-*n.* obstinacy आग्रह, हठ ।

Pertinacity-पर्टिनॅसिटि-*n.* the quality of being stubborn. आग्रह, हठ ।

Pertinence-पर्टि-नॅन्स, **Pertinency** (-सि)-*ns.* suitableness, appositeness. योग्यता, यथार्थता ।

Pertinent-पर्टिनॅन्ट्-*adj.* relevant, appropriate. युक्त, योग्य, ठीक; **Pertinently** (-लि)-*adv.* in a pertinent manner. प्रसंग के अनुकूल ।

Pertly, Pertness-see under **Pert.**

Perturb-पर्-टर्ब्-*v.t.* to throw into confusion, to disturb, to agitate. व्याकुल करना, व्यग्र करना, घबड़ा देना, उपद्रव करना ।

Perturbation-पर्टर्बे'शन्-*n.* disturbance. गड़बड़ी ।

Perturbative-पर्टर्' बे टिव् - *adj.* capable of disturbing. गड़बड़ी मचानेवाला ।

Perturbed-पर्-टर्ब्'-ड्-*adj.* agitated. व्यग्र ।

Perturber-पर्टर्बर्-*n.* one who disturbs. उपद्रवी, विप्लवी ।

Pertuse-पर्-ट्यूस्-*adj.* pierced with holes. छेद किया हुआ ।

Pertusion- पर्-ट्यू'-ज़न्-*n.* act of piercing. छेदने का कार्य, छेदन ।

Peruke-पॅरूक्'-*n.* a periwig. रोवें की टोपी ।

Perusal-पॅरूज़्'-अल्-*n.* careful reading. पठन, अध्ययन ।

Peruse-पेरूज़्-*v.t.* to read very carefully or with attention. सावधानी से अर्थात् चित्त लगाकर पढ़ना ।

Peruser-पेरूज़र्-*n.* one who reads carefully. सावधानी से पढ़नेवाला ।

Pervade-पर्-वेड्'-*v. t.* to spread thoroughly, to permeate, to saturate. व्याप्त करना (पैठना), फैलाना, तर करना ।

Pervasion-पर्'-वेज़न्-*n.* the act of pervading. आक्रमण, व्याप्ति ।

Pervading-पर्-वे डिङ्ग, **Pervasive**(-वे '-सिव्) -*adjs.* tending to pervade. व्यापक; **Pervasively** (-वे-सिव्-लि)-*adv.* in a pervasive manner. व्यापकता से, व्यापक रूप में

Perverse-पर्-वर्स्' - *adj.* obstinate, peevish, vexatious, wicked. हठी, चिड़चिड़ा, विपरीत, दुष्ट; **Perversely** (-लि)-*adv.* in a peevish manner. कुटिलता से; **Perverseness** (-नेस्) -*n.* the state of being perverse. हठ, दुष्टता ।

Perversion-पर्वर्शन्-*n.* the act of perverting. दोष, बिगाड़, उलट फेर ।

Perversity-पर्वर्सिटि - *n.* perverseness. प्रतिकूलता, हठ ।

Perversive-पर्वर्सिव्-*adj.* tending to pervert. बिगाड़नेवाला, उलटनेवाला ।

Pervert-पर्-वर्ट्'-*v. t.* to turn from the right course, to misapply, to lead astray. सन्मार्ग से हटाना, दूषित करना, उलटना; -*n.* one who is perverted. विकृत पुरुष; **Pervertible** (-इ-बल्)-*adj.* that may be perverted. दूषित करने योग्य, उलटने योग्य ।

Pervious-पर्'-वि-अस्-*adj.* penetrable, affording passage, accessible. प्रवेशनीय, प्रवेशक, घुसने योग्य; **Perviousness** (-नेस्)-*n.* the state of being accessible. प्रवेश्यता, प्रवेश की योग्यता ।

Pessary-पे-स-रि-*n.* a rubber sheath worn in the vagina. गर्भाशय पर पहिनने की रबड़ की खोली ।

Pessimism-पे सिमिज़्म् - *n.* looking at the worst side of a thing, the doctrine that on the whole the world is bad rather than good. किसी वस्तु के बुरे प्रभाव का ही अवलोकन, यह सिद्धान्त कि संसार केवल बुराइयों से ही परिपूर्ण है, निराशावाद ।

Pessimist-पे सिमिस्ट्-*n.* one who follows the theory of pessimism. निराशावादी ।

Pessimistic - पेसिमिस्टिक्- *adj.* relating to pessimism. निराशावाद-सम्बन्धी; **Pessimistically** (-अ-लि)-*adv.* in a pessimistic manner. निराशावाद के सिद्धान्त से ।

Pest-पेस्ट्-*n.* a destructive thing, a fatal disease. नाशकारक वस्तु, महामारी; **Pest-house** (a hospital for persons infected with a contagious disease.) संक्रामक रोगियों का अस्पताल; **Pest of the people.** लोक-कण्टक ।

Pester-पेस्'-टर्-*v. t.* to trouble, to annoy. पीड़ा देना, कष्ट देना ।

Pestiferous-पे स्टिफ़रस्-*adj.* malignant, pestilential, noxious. विनाशक, अपकारी, अनिष्टकारक ।

Pestilence-पे स्टिलेन्स्-*n.* a contagious epidemic disease, plague. महामारी, प्लेग ।

Pestilent-पे स्टिलेन्ट्-*adj.* deadly. विनाशक (अपकारी); **Pestilently** (-लि) -*adv.* in a pestilent manner. विनाश से, अनिष्ट से ।

Pestilential-पे स्टिलेन्शल् - *adj.* relating to pestilence. महामारी-सम्बन्धी ।

Pestillation-पे स्टिलेशन्-*n.* the act of pounding. लोढ़े से कुचलने का कार्य ।

Pestle-पेस्'-सल्-*n.* an instrument for pounding substances in a mortar. मूसल, लोढ़ा;-*v. t.* & *i.* to pound with a pestle. कूटना, पीसना ।

Pet-पेट्-*n.* an animal tamed and kept as a favourite, a darling, ill-humour. पलुआ पशु या पक्षी, प्रेमपात्र, चिड़चिड़ाहट; -*v. t.* (*p. t.* **Petted**) to fondle. लाड़ (प्यार) करना, पोसना; **Pet name** (a name expressing fondness.) लाड़ या दुलार का (पुकारने का) नाम ।

Petal-पेट्'-ल्-*n.* a single leaflet of a corolla of a flower. फूल की पँखड़ी (पत्ती); **Petaline** (-आइन्) - *adj.* pertaining to a petal. पँखड़ी का; **Petalled**(-ड्)-*adj.* having petals. पँखड़ीदार ।

Petard-पे-टर्ड्-*n.* a small engine of war for breaking barriers &c., a kind of firework. किले का फाटक इत्यादि तोड़ने का यन्त्र, एक प्रकार की आतिशबाजी ।

Petasus-पे-टी-सस्-*n.* a kind of broad-brimmed hat. एक प्रकार की चौड़े किनारे की अंग्रेज़ी टोपी ।

Peterman-पी'-टर्-मॅन्-*n.* a fisherman. मत्स्यजीवी, मछुआ ।

Petersham-पी'-टर्शम्-*n.* a kind of thick silk ribbon. एक प्रकार का मोटा रेशमी फ़ीता ।

Petiolar-पेट्-इ-ऑ-लर् - *adj.* pertaining to a leaf-stalk. डण्ठल सम्बन्धी ।

Petiole-पेट्'-इ-ऑ-ल-*n.* a leaf-stalk. पत्ती का डण्ठल ।

Petit-पेट्'-इट्-*adj.* petty. क्षुद्र, छोटा ।

Petitio-principii-पेटिशि'-ॲ-प्रि-न्'-सिपि-आइ *n.* begging the question. तर्क में हेत्वाभास की एक विधि ।

Petition-पिटिशन् - *n.* a request, a prayer, a formal supplication. प्रार्थना, निवेदन, प्रार्थना-पत्र;-*v. t.* to make a request to. प्रार्थना करना, निवेदन करना ।

Petitionary- पिटिशनरि - *adj.* supplicatory. निवेदन-सम्बन्धी ।

Petitioner-पिटिशनर् -*n.* one who petitions. प्रार्थी, निवेदक ।

Petrean-पे-ट्रि'-अन्-*adj.* pertaining to stone. शिला-सम्बन्धी, पत्थर का ।

Petrel-पेट्रेल् - *n.* a small sea-bird. एक प्रकार की छोटी समुद्री चिड़िया ।

Petrescence-पेट्रे-सेन्स् - *n.* changing into stone. शिलारूप हो जाने का कार्य, प्रस्तरी भवन ।

Petrifaction-पेट्रिफ़ैक्शन् - *n.* a substance converted into stone. पत्थर बन जानेवाला पदार्थ ।

Petrify-पेट्रिफ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Petrified.**) to convert into stone, to become stone, to stiffen or deprive of vitality. पत्थर बनाना या होना, कड़ा बनाना, निर्जीव करना ।

Petro-पेट्रॅ - *pref.* in sense of 'rock'. 'चट्टान' अर्थ का उपसर्ग ।

Petroglyph-पेट्रॅ-ग्लिफ़् - *n.* engravings on rocks. चट्टानों पर के चित्र ।

Petroglyphy-पे - ट्रॅ - ग्लि - फ़ि - *n.* act of writing or carving on stone. शिलालेख, पत्थर पर की नक्काशी ।

Petrograph-पेट्रॅग्राफ़् - *n.* an inscription on rock. शिलालेख ।

Petrol-पेट्रॅल्-*n.* refined petroleum used in oil-engines. साफ़ किया हुआ मिट्टी का तेल; -*v. t.* to fill motor &c. with petrol. मोटर इत्यादि में यह तेल भरना; **Petrolic** (पेट्रॅलिक्) -*n.* pertaining to petrol. पेट्रोल या मिट्टी के तेल का ।

Petroleum-पेट्रोलिअम्-*n.* mineral oil. शिला-रस, मिट्टी का तेल ।

Petroolic-पिट्रॉलिक् *adj.* of petrol. पेट्रोल का ।

Petrology-पि-ट्रॅ-लॅ-जि - *n.* study of rocks. शिला-उत्पत्ति विद्या ।

Petronel-पेटॅनेल् - *n.* a kind of big pistol. एक प्रकार की (घुड़सवारों की) बड़ी पिस्तौल ।

Petrous-पेट्रस् - *adj.* pertaining to rocks. शिला-सम्बन्धी, चट्टान का ।

Petticoat-पे-टि-कोट् - *n.* a woman's under-garment. लहँगा, घाघरा;-*pl.* the female sex. स्त्री जाति;**Petticoat government** (government by women.) स्त्री-शासन, स्त्री-राज्य; **Under petticoat government** (swayed by women.) स्त्री के वश में ।

Petticoated-पेटिकोटेड्-*adj.* wearing a petticoat. लहँगा पहिने हुए ।

Petticoatless-पे-टि-कोट्'-लेस्-*adj.* devoid of petticoats. बिना घाघरे की ।

Pettifog-पे-टि-फ़ॉग्-*v. t.* (*p. t.* **Pettifogged.**) to practise legal trickery in small matters. छोटे-छोटे विषय में कानूनी छल करना ।

Pettifogger-पे-टि-फ़ॉग्-गर्-*n.* a contemptible solicitor. क्षुद्र वकील या मुख्तार ।

Pettifoggery - पेटिफ़ॉगरि, **Pettifogging** (-गिङ्ग्) -*ns.* quibbling. कानूनी छल ।

Pettily-पे-टि-लि - *adv.* in a petty manner. क्षुद्रता से ।

Pettiness-पे - टि - नेस् - *n.* the quality of being petty. अल्पता, छोटापन ।

Pettish-पे-टिश् - *adj.* fretful, peevish, petulant. कर्कश, तीखे स्वभाव का, चिड़चिड़ा; **Pettishly** (-लि) -*adv.* petulantly. कर्कशता से; **Pettishness** (-नेस्) - *n.* fretfulness. चिड़चिड़ापन ।

Petty-पे - टि-*adj.* (*comp.* **Pettier,** *sup.* **Pettiest**) of small importance, trivial, inferior. क्षुद्र (अल्प), छोटे पद का; **Petty cash** (miscellaneous payments of small amounts.) फुटकर अदायगी।

Petulance-पेट्यूलन्स्-*n.* peevishness. दुःशीलता, ढिठाई ।

Petulant-पेट्यूलन्ट् - *adj.* peevish, irritable, perverse. दुःशील, चिड़चिड़ा, अविनीत (ढीठ); **Petulantly** (- लि) - *adv.* in a peevish manner. धृष्टता से ।

Petunia-पीट्यूनिआ - *n.* a garden flowering plant. तुरही के आकार का रङ्ग-बिरंगे फूलों का एक पौधा ।

Pew-प्यू-*n.* an enclosed place in a church. गिरजाघर में बैठने का घिरा हुआ स्थान-*v. t.* to furnish with pews. ऐसा आसन लगाना ।

Pew-fellow-प्यू'-फ़े-लो-*n.* a fellow-worshipper. साथ पूजन करनेवाला ।

Pewit, Peewit-पी'-विट् - *ns.* a lapwing, its cry. समुद्री कौवा, इसका शब्द ।

Pewter-प्यू'-टर्-*n.* an alloy of tin and lead in various proportions. कांस्य, काँसा ।

Phaeton-फ़े इ-ट्न्-*n.* an open fourwheeled carriage. खुली हुई चौपहिया गाड़ी, फिटिन ।

Phagous-फ़ें' - गस् - *suf.* in the sense of "eating." "खादक" अर्थ का प्रत्यय ।

Phalange-फ़ैल्'ऑन्ज्-*n.* a bone of a finger-digit. अँगुली की पोर ।

Phalangeal-फ़ी-लैन्'-जि-अल्-*adj.* pertaining to phalanges. अँगुली की पोर का ।

Phalanger-फ़ी-लैन्'-जर्-*n.* a kind of Australian bird. आस्ट्रेलिया का एक पक्षी ।

Phalanx-फ़ैलङ्क्स् - *n.* (*pl.* **Phalanxes, Phalanges.**) array of troops, persons handed together with a common purpose. व्यूह (पंक्ति), झुण्ड, जत्था ।

Phallic-फ़ै-लिक् - *adj.* pertaining to the worship of phallus. लिङ्ग-पूजन-सम्बन्धी ।

Phallicism-फ़ैलिसिज़्म् - *n.* worship of phallus. लिङ्ग-पूजन-पद्धति ।

Phallus-फ़ै-लस् - *n.* worship of the image of male generative organ. लिङ्ग-पूजन ।

Phantascope-फ़ैन्ट्-अस्कोप् -*n.* an optical instrument through which fixed objects appear as if in motion. एक प्रकार की दूरबीन जिसमें से देखने पर स्थिर पदार्थ गतियुक्त देख पड़ते हैं ।

Phantasm-फ़ैन्'-टैज़्म् - *n.* illusion, apparition, phantom. आभास, माया, प्रेत-छाया ।

Phantasmagoria-फ़ैन्टैज़्मगोरिआ - *n.* optical illusion. छायाचित्र ।

Phantasmal-फ़ैन्टैज़्मल्, **Phantasmic** (-इक्) -*adjs.* like a phantasm. मायावी के आभास का; **Phantasmally** (-अलि) - *adv.* in an illusory manner. मायावी ढंग से ।

Phantastic-same as **Fantastic.**

Phantasy-फ़ैन्'-टी - सि - *n.* whim, fancy, caprice. झक, कल्पना, चाल ।

Phantom-फ़ैन्टम्-*n.* an un real appearance, a ghost. आभास, छाया, प्रेत; - *adj.* unreal. असत्य, छायामात्र ।

Pharaoh-फ़ेर्'-ओ-*n.* a title of the ancient Egyptian kings. मिस्र देश के प्राचीन राजा की उपाधि; **Pharaoh's serpent** (a chemical toy which when fused takes the form of a serpent.) एक रासायनिक खिलौना जो जलाने पर सर्प के आकार का हो जाता है ।

Pharmaceutical-फ़ार्मस्यू' (क्यू') टिकल्-*adj.* of pharmacy, pertaining to the art of preparing medicines. औषध बनाने के सम्बन्ध का; **Pharmaceutically** (-अलि) - *adv.* ऐसे सम्बन्ध में; **Pharmaceutist** (-इस्ट्) - *n.* one who prepares medicines. औषध बनानेवाला ।

Pharmaceutics-फ़ार्मस्यूटिक्स् - *n.* the science of preparing medicines. औषध बनाने की विद्या ।

Pharmacist-फ़ार्'-मीं - सिस्ट् - *n.* one who prepares medicines. औषध बनानेवाला ।

Pharmacologist-see **Pharmacology.**

Pharmacology-फ़ार्मकॉ-लॅ - जि-*n.* the study of drugs, the theory of pharmacy. औषध बनाने का सिद्धान्त; **Pharmacologist** (-ऑ-जिस्ट्)-*n.* औषध-विज्ञान का जाननेवाला ।

Pharmacopoeia -फ़ार्मकोपिआ - *n.* an official book containing a list of drugs with directions for their use .औषध-संस्कार ग्रन्थ; **Pharmacopoeial** (-अल्)-*adj.* इस ग्रन्थ से संबंधित ।

Pharmacy-फ़ार्'-में सि-*n.* preparation and dispensing of medicines, a drugstore. औषधालय, औषध तैयार करने की विद्या ।

Pharology - फ़ें रॅलॅजि - *n.* the science of signalling by light from shore. समुद्र के तट से प्रकाश द्वारा संकेत करने की विद्या ।

Pharos-फ़े-रॅ-स्-*n.* a lighthouse to guide mariners. मल्लाहों को मार्ग दिखलाने के लिये बुर्जी पर का प्रकाश-गृह ।

Pharyngal-फ़ॅर्'-इन्-गल्, **Pharyngeal** (-जि-अल्) - *adjs.* pertaining to the pharynx. अन्नप्रणाली-सम्बन्धी ।

Pharyngitis-फ़ॅ रिङ्-जा-इटिस्-*n.* a disease of pharynx. अन्न-नलिका का रोग ।

Pharynx-फ़ॅर्'-इङ्क्स्-*n.* the cavity forming the upper part of the gullet. उदर में भोजन, जल इत्यादि के जाने की नलिका ।

Phase-फ़ेज़्-*n.* aspect, appearance, state of change, aspect of moon or planet. रूप, परिवर्त्तन की स्थिति, गति, चन्द्रमा या अन्य ग्रह की कला; **Phasic** (-इक्)-*adj.* कला-सम्बन्धी ।

Pheasant-फ़ॅज़न्ट्-*n.* a game-bird. तीतर पक्षी ।

Phen, Pheno-फ़ॅ न् (-ऑ)-*pref.* pertaining to substances derived from coaltar. उपसर्ग जो 'अलकतरे से निकले हुए पदार्थों, के अर्थ में प्रयुक्त होता है ।

Phenol-फ़ी'-नॅल्-*n.* carbolic acid. कार्बोलिक एसिड् ।

Phenological-see **Phenology.**

Phenology-फ़ीनॅ-लॅ-जि-*n.* the science of the development of animal or plant-life as affected by climate. जलवायु के प्रभाव से प्राणियों तथा वनस्पतियों का उन्नति-सम्बन्धी शास्त्र; **Phenological** (-कल्) - *adj* pertaining to phenology. इस शास्त्र से सम्बन्धित ।

Phenomenal-फ़िनॉमिनल्-*adj.* pertaining to phenomena. दृष्टि या घटना या रूप विषयक; **Phenomenally** (-अलि)-*adv.* in a phenomenal manner. दृष्टि-विषयता से; **Phenomenalism** (-इज़्म्)-*n.* philosophy which recognises only phenomena and their cause. यह सिद्धान्त की दृष्टि-विषयक पदार्थों का ही ज्ञान होता है; **Phenomenalize** (-आइज़्) -*v. t.* to make phenomenal. दृष्टि-विषयक या गोचर बनाना।

Phenomenon-फ़िनॉमिनन्-*n.* (*pl.* **Phenomena.**) thing perceived, occurrence, anything remarkable, immediate object of perception. देखी गई वस्तु या विषय, घटना, अद्‌भुत पदार्थ, गोचर पदार्थ।

Phew-फ्यू-*interj.* expressing disgust. घृणा-सूचक अव्यय, छिः।

Phial-फ़ाइ'-अल्--*n.* a small glass bottle. छोटी कुप्पी, शीशी; -*v. t.* (*p. t.* **Phialled**) to keep in a phial. शीशी में भरना या रखना।

Philander-फ़ि-लैन्'-डर्-*v.i.* to make love, to flirt, to dangle after a woman. प्रेमालाप करना, छिनारा करना, स्त्री के पीछे-पीछे रहना।

Philanthrope-फ़िलन्थ्रोप्-*n.* a lover of mankind. जन-हितैषी, मनुष्यमात्र से स्नेह करनेवाला।

Philanthropic-फ़िलन्थ्रॅपिक्-*adj.* loving mankind. लोक-हितैषी, सर्वजन-उपकारी; **Philanthropically** (-अलि)-*adj.* in a philanthropic manner. परोपकार से।

Philanthropist-फ़िलन्थ्रॅपिस्ट्-*n.* a benevolent person. सबसे प्रेम करनेवाला मनुष्य।

Philanthropize-फ़िलन्थ्रॅपाइज़् -*v. i. & t.* to practise philanthropy. मनुष्यों के कल्याण के लिये सर्वदा चेष्टा करना।

Philanthropy-फ़िलन्थ्रॅपि-*n.* practical benevolence towards mankind. विश्वप्रेम, मानव समाज के प्रति उपकार की भावना।

Philatelic-फ़िलैटॅलिक् - *adj.* pertaining to stamp collecting. टिकट इकट्ठा करने का।

Philatelist-फ़िलॅटॅलिस्ट्-*n.* one who collects postage stamps. डाक के टिकट इकट्ठा करनेवाला।

Philately-फ़िलैटिलि-*n.* stamp collecting. (डाक के) टिकट एकत्रित करने का काम।

Philharmonic-फ़िल्-हार्'-मॅ-निक् - *adj.* of person who is very fond of music. गाने-बजाने का अत्यन्त प्रेम करनेवाले मनुष्य का।

Philippic-फ़िलि-पिक् -*n.* a bitter invective. निन्दापूर्ण वाक्य, शाप।

Philistine-फ़िलिस्टाइन् -*n.* an outsider, an uncultured person. बाहरी मनुष्य, अशिक्षित मनुष्य; -*adj.* uncultured, prosaic अशिक्षित, सामान्य (सादा)।

Philo-फ़िल्-ॲ-*pref.* in the sense of 'lover'. 'प्रेमी' अर्थ-सूचक उपसर्ग।

Philobiblic-फ़िल्-ॲ-बिब्'-लिक्-*n.* a lover of books. पुस्तकों का प्रेमी।

Philogynist-फ़िल्'-ॲ-जिन्-इस्ट्-*n.* a lover of women. स्त्रियों का प्रेमी

Philogyny-फ़िल् - ऑज्' - इन्-नि -*n.* love of women. नारी-प्रेम।

Philologer-फ़िल्-अ-लॅ-जर् - *n.* a student of language. भाषातत्वज्ञ, शब्दशास्त्रज्ञ।

Philological-फ़िल्-ॲ-लॅ-जिकल्-*adj.* pertaining to philology. भाषाविज्ञान-सम्बन्धी; **Philologically** (-लि) -*adv.* भाषाविज्ञान रीति से।

Philologist-फ़िल्-ॲ-लॅ-जिस्ट् -*n.* a student of language. शब्दशास्त्रज्ञ।

Philology-फ़िल्-ॲ-लॅ-जि -*n.* the science of language. भाषाविज्ञान, शब्दव्युत्पत्ति शास्त्र।

Philomath-फ़िल्-ॲ-मैथ्-*n.* a lover of learning. विद्या का प्रेमी; **Philomathy** (-इ) -*n.* love of learning. विद्यानुराग।

Philomel-फ़िल्-ॲ-मॅल् -*n.* the nightingale. बुलबुल पक्षी।

Philosopher-फ़िलॉसॅ-फर् -*n.* one versed in philosophy. तत्त्वज्ञानी, दार्शनिक; **Philosopher's stone** (a substance which is believed by alchemists to turn baser metals into gold.) पारस पत्थर।

Philosophic-फ़िलॉ-सॅ - फ़िक्, **Philosophical** (-इकल्) -*adjs.* pertaining to philosophy. दार्शनिक, तत्त्वज्ञान-सम्बन्धी; **Philosophically** (-लि) -*adv.* in a philosophical manner. दर्शन के अनुसार।

Philosophize-फ़ि-लॉसॅ-फ़ाइज़्-*v. t.* to reason like a philosopher. तत्त्वनिरूपण करना, तत्त्व खोजना।

Philosophy-फ़िलॉ-सॅ-फ़ि-*n.* love of wisdom, the science which deals with the ultimate reality, cause and principles of things. विद्या का प्रेम, दर्शन, तत्त्वज्ञान; **Logical philosophy** (science of logic.) तर्कशास्त्र; **Moral philosophy** (ethics.) तर्कशास्त्र; **Natural philosophy** (physics.) पदार्थ-विज्ञानशास्त्र।

Philotechnic-फ़िल्-ॲ-टॅक्'-निक्-*n.* a lover of arts. कला का प्रेमी।

Philozoic-फ़िल् - ॲ - ज़ो' - इक्-*n.* fond of animals. पशुओं का प्रेमी।

Philter, Philtre-फ़िल्'-टर्-*ns.* a love-exciting

drink or charm प्रेम-उत्पादक रस, वशीकरण या मोहन मन्त्र।

Phiz-फ़िज़्-*n.* expression of the face. मुख की आकृति।

Phlebitis-फ़्लि-बाइ-टिस् -*n.* inflammation of the walls of a vein. किसी शिरा की दीवार में सूजन।

Phlebotomist-फ़्लिबॉ-टॅ-मिस्ट् -*n.* one who opens a vein to let blood. फ़स्त खोलने-वाला डाक्टर।

Phlebotomize-फ़्लिबॉ-टॅ-माइज़्-*v.t.* to let blood from a vein. फ़स्त खोलकर रक्त बहाना।

Phlebotomy-फ़्लिबॉ-टॅ-मि-*n.* act of blood-letting as a medical operation. फ़स्त खोलना।

Phlegm-फ़्लॅम्-*n.* a viscid fluid secreted by mucous membrane, cold. कफ़ (बलगम), सर्दी; **Phlegmy** (-इ) -*adj.* pertaining to phlegm. कफ़-सम्बन्धी।

Phlegmatic-फ़्लॅ-मॅटिक्-*adj.* abounding in phlegm, sluggish. कफ़मय, मन्द; **Phlegmatically** (-अलि) -*adv.* with excess of phlegm. कफ़ वृद्धि से।

Phlegmy-फ़्लॅ-मि-*adj.* pertaining to phlegm. कफ़-सम्बन्धी।

Phlogistic-फ़्लॉ-जिस्ट्'-इक्-*adj.* inflammatory. शोथ (सूजन) सम्बन्धी।

Phlox-फ़्लॉक्स्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा (पटुआ)।

Phoebus-फ़ी-बस् - *n.* the Greek sun-god. यूनानियों के सूर्य देवता।

Phoenix-फ़ी-निक्स्-*n.* a mythical bird, paragon. एक पौराणिक पक्षी, अपूर्व व्यक्ति।

Phonate-फ़ोन्'एट्-*v. i.* to utter inarticulate sound. अव्यक्त शब्द उच्चारण करना।

Phonation-फ़ो-ने'-शन्-*n.* inarticulate utterance. अव्यक्त उच्चारण।

Phonatory-फ़ो-नेटरि-*adj.* pertaining to inarticulate sound. अव्यक्त उच्चारण-सम्बन्धी।

Phonautograph-फ़ॅनॉ-टॅ-ग्राफ़् -*n.* an instrument for recording vibrations of sound. शब्दों में स्फुरण को अंकित करने का यन्त्र।

Phone-फ़ोन्-*n.* short for 'telephone'. 'टेलिफ़ोन' के लिये बोलचाल में प्रत्युक्त होता है;-*n.* a simple sound. एक स्वर या व्यञ्जन का उच्चारण।

Phonetic-फ़ॅ-नॅट्'-इक्-*adj. & n.* representing vocal sounds. मौखिक स्वर-सूचक, स्वर-विद्या, स्वरध्वनि; **Phonetically** (-अलि) -*adv.* in a phonetic manner. स्वरध्वनि से।

Phonetician-फ़ो-नॅ-टिशन्-*n.* one versed in phonetics. स्वरविद्या में निपुण।

Phonetics-फ़ॅ-नॅटिक्स्- *n.* the science of sounds. स्वर-शास्त्र।

Phonic-फ़ो-निक् -*adj.* pertaining to sound, acoustic. शब्द या स्वर-सम्बन्धी।

Phono-फ़ो-नॅ-*pref.* meaning 'sound'. 'शब्द' के अर्थ में प्रयुक्त उपसर्ग।

Phonological-फ़ोनॅ-लॉजिकल्-*adj.* pertaining to phonology. व्यक्त शब्द-सम्बन्धी।

Phonology-फ़ोनॅ-लॅ-जि-*n.* the study of voice sounds. मुख से उच्चारण किये हुये शब्दों की विद्या।

Phonogram-फ़ो'-नॅ-ग्राम्-*n.* a symbol representing sound. शब्दों के लिये चिह्न या संकेत।

Phonograph-फ़ो'-नॅ-ग्राफ़्-*n.* an instrument for automatically recording and reproducing sound. फ़ोनोग्राफ़, बोलनेवाला बाजा।

Phonographer - फ़ो - नॅ - ग्राफ़र्, **Phonographist** (-इस्ट्) -*ns.* one who is versed in phonography. सांकेतिक चिह्नों द्वारा व्याख्यान लिखने में निपुण मनुष्य।

Phonographic-फ़ो-नॅ-ग्राफ़िक्-*adj.* pertaining to phonography. सांकेतिक चिह्न-कला-सम्बन्धी; **Phonographically** (-अलि)-*adv.* in a phonographical manner. इस रीति की लिखावट से।

Phonography-फ़ो-नॅ-ग्राफ़ि-*n.* representation of sounds by distinct characters. शब्द-बोधक चिह्न की विद्या।

Phonoscope-फ़ो'-नॅ-स्कोप्-*n.* an instrument for testing musical strings. बाजे के तार के सुर की परीक्षा करने का यन्त्र।

Phosgene-फ़ॉस्-जीन्-*n.* a poisonous gas. एक विषैली गैस।

Phosphate-फ़ॉस्'-फ़ेट् - *n.* a salt prepared from phosphoric acid. स्फुर अम्ल (फ़ॉसफ़ोरिक एसिड) से बना हुआ क्षार।

Phosphene-फ़ॉस्' - फ़ीन् -*n.* appearance of luminous rings when the eye-ball is pressed. आँख की पुतली दबाने पर प्रकाश-मण्डल के दिखाई देने की क्रिया।

Phosphide-फ़ॉस्'-फ़ाइड्- *n.* a compound of phosphorus with other elements. फ़ासफ़ोरस तथा अन्य तत्त्वों का यौगिक।

Phosphite-फ़ॉस्-फ़ाइट्-*n.* a salt of phosphorous acid. फ़ासफ़ोरस एसिड से बना हुआ लवण।

Phosphorate-फ़ॉस्फ़रेट्-*v. t.* to combine with phosphorus. फ़ॉसफोरस मिलाना।

Phosphorescent-फ़ॉस्फ़रॅसॅन्ट् -*adj.* shining with a faint light. धीमी रोशनी देनेवाला।

Phosphoric-फ़ॉस्फ़ॉरिक, **Phosphorous** (-अस्)

-adjs. pertaining to phosphorus. फासफ़ोरस तत्त्व-सम्बन्धी ।

Phosphorus-फ़ॉस्फ़ॅरस्-*n.* a non-metallic substance which appears luminous in the dark. एक जलनेवाला तत्त्व जो अँधेरे में चमकता है ।

Photo-फ़ो'-टू'ॲ-*n.* (*pl.* **Photos**) a photograph. फ़ोटो, अक्स से उतारा हुआ चित्र;*-suf.* in the sense of "light." प्रत्यय जिसका अर्थ "प्रकाश" सम्बन्धी होता है ।

Photochromy-फ़ो-टू'-ॲ-क्रॅमि-*n.* the art of photographing in colours. रंगीन फ़ोटो उतारना ।

Photo-engraving-फ़ो'-टू'-ॲ-ऍन्-ग्रे'व्-इङ्ग्-*n.* photographic process of making printing blocks. फ़ोटो द्वारा छापने के ब्लाक बनाने की विधि ।

Photogenic-फ़ो-टू'-ॲ-जॅन्-इक्-*adj.* producing light. प्रकाश उत्पन्न करनेवाला ।

Photograph-फ़ो'-टू'-ॲ-ग्राफ़्-*n.* a picture or portrait taken by means of chemical action on sensitized plate of film. फ़ोटो, आलोक-चित्र;*-v. t.* to take a photo. फ़ोटो उतारना ।

Photographer-फ़ो-टू'-ॲ - ग्राफ़र्-*n.* one who photographs. फ़ोटो द्वारा चित्र खींचनेवाला ।

Photographic-फ़ो-टू'-ॲ-ग्रॅफ़िक्-*adj.* pertaining to photography. फ़ोटो उतारने की क्रिया सम्बन्धी; **Photographically** (-अलि)*-adv.* in a photographical manner. फ़ोटो उतारने की रीति से ।

Photography-फ़ो'टू'-ॲ-ग्रफ़ि-*n.*the art of producing pictures on a chemically prepared surface by the aid of light. फ़ोटो द्वारा चित्र खींचने की क्रिया ।

Photogravure-फ़ो'-टू'-ॲ-ग्रव्यूर्-*n.*a photographic negative transferred to metal and etched. फ़ोटो के चित्र को धातु की चद्दर पर उतारकर खोदना ।

Photo-lithography-फ़ो'-टू' -ॲ -लिथॉग्राफ़ि -*n.* the process of printing from photographs transferred to stone. पत्थर पर फ़ोटो उतारकर उससे छापने की विधि ।

Photology-फ़ो'-टू'-ॲ-लॅ-जि-*n.* the science of light. प्रकाश-सम्बन्धी विज्ञान ।

Photometer-फ़ो'-टू'-ॲ-मि-टर्-*n.* an instrument for measuring intensity of light. प्रकाश की तीव्रता नापने का यन्त्र ।

Photometry-फ़ोटू'-ॲ-मॅट्रि-*n.* measurement of light. प्रकाश मापन, भामिति ।

Photophobia-फ़ो-टू'-ॲ-फ़ो'-बि-आ-*n.* intolerancy of light. प्रकाश की असहनीयता ।

Photophone-फ़ो'-टू-ॲ-फ़ोन्-*n.* an apparatus for reproducing sound by light waves. प्रकाश द्वारा शब्द अंकित करने का यन्त्र ।

Phototelegraphy-फ़ो'-टू'ॲ-टॅल्-इग्'-रॅ-फ़ि-*n.* transmission of photographs, drawings &c. through telegraph. तार द्वारा फ़ोटो, नक़शे इत्यादि को दूर भेजने की विधि ।

Phototype-फ़ो'-टू'-ॲ-टाइप्-*n.* photographic impression of an engraving on a metallic plate from which copies can be printed. धातुपट पर फ़ोटोग्राफ़ की सहायता से चित्र खोदने, छापने की विधि ।

Photozincography-फ़ो'-टू'-ॲ-ज़िङ्क्-ॲग्-रॅ-फ़ि-*n.* the process of printing from photographs transferred on zinc plates. जस्ते के प्लेट पर चित्र उतारकर छापने की विधि।

Phrase-फ़्रे'ज़्-*n.*a group of words, part of a sentence, an idiomatic expression, a short pithy expression, mode of speech. शब्द-समुदाय, वाक्यखण्ड, वाक्शैली (मुहावरा), संक्षिप्त वचन, बोलने का ढंग;*-v.t.*to express in words. शब्दों में प्रकाशित करना।

Phraseogram-फ़्रे'ज़्-इ-ॲ - ग्राम्-*n.* a symbol for a phrase. वाक्यखण्ड के लिए संकेत ।

Phraseological-फ़्रेज़ि-ॲ-लॉजिकल् - *adj.* pertaining to phraseology.वाक्य-रचना-सम्बन्धी; **Phraseologically** (-अलि)*-adv.* in a phraseological manner. वाग्व्यवहार की रीति से ।

Phraseology-फ़्रे'ज़िॲलॅ-जि-*n.* style of expression, choice of words, diction. वाक्य-रचना, वाग्व्यवहार, भाषा-सारिणी ।

Phratry-फ़्रॅ'ट्रि-*n.* a sub-division of a tribe. जाति-भेद ।

Phrenetic-फ़्रिनॅट'-इ-क्-*adj.* frantic, mad. उन्मत्त, पागल ।

Phrenitis-फ़्रिनाइ'टिस्-*n.* an inflammation of the brain, attended with fever and delirium. मस्तिष्क की सूजन, सन्निपात ज्वर का उन्माद ।

Phrenological-फ़्रिनॅलॉजिकल्-*adj.* pertaining to phrenology. मस्तिष्कविज्ञान - सम्बन्धी ; **Phrenologically** (-अलि)*-adv.* according to phrenology. मस्तिष्क-विज्ञान के अनुसार ।

Phrenology-फ़्रिनॅ-लॅ-जि-*n.*study of the external structure of the head as an index to the position and development of the organs of thought. मस्तिष्क-विज्ञान ।

Phrenzy-फ़्रन्ज़ि-*n.* excited madness. उत्तेजना-पूर्ण पागलपन ।

Phthisical-टि-ज़िकल्-*adj.* pertaining to phthisis. राजयक्ष्मा-सम्बन्धी ।

Phthisis-थाइ' - (-टाइ) सिस् - *n.* pulmonary consumption, a wasting disease. राजयक्ष्मा, क्षयरोग ।

Phut-फ़ट्-*n. & adv.* the bursting up of a bladder. फड़ाका, गुब्बारे के फटने का शब्द ।

Phylarchy-फ़ाइ-लार्क्'-इ-*n.* government of a tribe. जाति द्वारा शासन या राज्य ।

Phyletic-फ़ाइ-लेंट्-इक्-*adj.* pertaining to a tribe. जाति-सम्बन्धी ।

Phyllo-फ़ि-ल्-ओं-*pref.* in sense of "leaf." "पत्ती" के अर्थ का उपसर्ग ।

Phylloid-फ़ि-लॉ-इड्-*adj.* like a leaf. पत्ती के आकार का ।

Phyllophagous-फ़ि-ल्-ॲ-फ़ॅगस्-*n.* leaf-eating. पत्ती खानेवाला ।

Phyllopod-फ़ि-ल्-ॲं-पॉड्-*adj.* with feet in the form of a leaf. पत्ती के आकार के पैरवाला ।

Physic-फ़िज़ि'-इक्-*n.* the art of healing, the medical profession. चिकित्सा, वैद्यविद्या;-*v.t.* to cure with medicine. औषधि द्वारा चिकित्सा करना ।

Physical-फ़िज़िकल् - *adj.* material, bodily, belonging to physics. स्थूल (जड़), शारीरिक, पदार्थविज्ञान-सम्बन्धी; **Physical exercise** (bodily exercise.) शारीरिक व्यायाम, कसरत; **Physical science** (the science of matter.) पदार्थविज्ञान; **Physical strength** (strength of the body.) शारीरिक बल; **Physical substance** (matter.) स्थूल द्रव्य; **Physically** (-अलि)-*adv.* in a physical manner. शारीरिक शक्ति द्वारा ।

Physician-फ़िज़िशन्-*n.* one who practises the art of healing. वैद्य, चिकित्सक ।

Physicist-फ़िज़िसिस्ट्-*n.* a student of physics. पदार्थविज्ञान का विद्यार्थी ।

Physics-फ़ि-ज़ि-क्स्-*n.* pl. used as *sing.* the science which treats of the properties of matter. भौतिक विज्ञान ।

Physiognomical-फ़िज़ि-ऑ-नॅ-मिकल्-*adj.* pertaining to physiognomy. मुखसामुद्रिक विद्या-सम्बन्धी; **Physiognomically** (-लि)-*adv.* मुख सामुद्रिक विद्या की विधि से ।

Physiognomist-फ़िज़िऑ - नॅमिस्ट् - *n.* one skilled in physiognomy. मुखसामुद्रिक ।

Physiognomy-फ़िज़िऑ'नॅमि-*n.* the art of discerning character from the feature of face. मुखसामुद्रिक, मुखलक्षण-निरूपण ।

Physiographer-फ़िज़िऑ-ग्रॅफ़र्-*n.* one who is versed in physiography. प्राकृतिक भूगोल में पण्डित ।

Physiographical-फ़िज़िऑ-ग्रॅफ़िकल्-*adj.* pertaining to physiography. प्राकृतिक भूगोल-सम्बन्धी ।

Physiography-फ़िज़ि-ऑ - ग्रफ़ि - *n.* physical geography. प्राकृतिक-भूगोल

Physiolatry-फ़िज़िऑ-लॅट्रि-*n.* nature-worship. प्रकृति-पूजन ।

Physiological-फ़िज़िॲ-लॅ-जिकल्-*adj.* pertaining to physiology. शरीर-विज्ञान शास्त्र सम्बन्धी; **Physiologically** (-लि)-*adv.* according to physiology. शरीर-विज्ञान के अनुसार ।

Physiologist-फ़िज़िऑ-लॅजिस्ट्-*n.* one versed in physiology. शरीर-धर्म विज्ञान में निपुण ।

Physiology-फ़िज़िऑ-लॅ-जि-*n.* the science of the properties and functions of living beings in normal condition. शरीर की स्वस्थ अवस्था के गुण-धर्म की विद्या ।

Physique-फ़िज़ीक्'-*n.* bodily structure, constitution. शरीर की बनावट, डील-डौल ।

Phytogeny-फ़ाइ-टॅ-जॅ-नि-*n.* the study of the generation of plants. वनस्पति की उत्पत्ति का अध्ययन ।

Phytoid-फ़ाइ'-टॉ-इड्-*adj.* plant-like. वनस्पति-तुल्य ।

Phytologist-फ़ाइटॅ-लॅ-जिस्ट-*n.* a botanist. वनस्पति-शास्त्रवेत्ता ।

Phytology-फ़ाइटॅलॅजि-*n.* study of plants, botany. वनस्पति-विज्ञान ।

Phytophagous-फ़ाइटॅ-फ़ॅगस्-*adj.* subsisting on plants. वनस्पति भक्षण करनेवाला ।

Phytotomy-फ़ाइ'-टॅ-टॅ-मि-*n.* dissection of plants. वनस्पतियों की चीर-फाड़ ।

Piacular-पाइॲक्यूलर्-*adj.* expiatory. पाप-नाशक ।

Pia mater-पाइ'-आ मेटर्-*n.* innermost membrane covering the brain. मस्तिष्क को ढाँकनेवाली सबसे भीतरी झिल्ली, मृदुतानिका ।

Pianino-पी-ऑ-नी'-नॅ-*n.* a small piano. छोटे प्रकार का पियानो बाजा ।

Pianist-पी'-अ-निस्ट्-*n.* one who plays on a piano. पियानो बाजा बजानेवाला ।

Piano-पि-ऑ'-नो, **Pianoforte** (-फ़ोर्ट्)-*n.* (*pl.* **Pianos.**) a musical instrument with metal strings which are struck by keys. पियानो नामक अंग्रेज़ी बाजा ।

Pica-पाइ'-क्-ॲ-*n.* a size of type. छापे का 'पाइका' नाप का अक्षर ।

Picador-पिका-डोर्' - *n.* a mounted bull fighter with a lance. साँड़ से लड़ने वाला बर्छीधारी घुड़सवार ।

Picaroon-पिका-रून्'-*n.* a pirate. समुद्री लुटेरा;

-*v. t.* to act as a pirate. समुद्री लुटेरे का कार्य करना।

Piccolo-पि-क्‌'-अ-लॅ-*n.* (*pl.* **Piccolos.**) a small flute. छोटी बाँसुरी।

Pice-पाइस् (*sing. & pl.*) an Indian coin out of circulation. भारतीय मुद्रा जो अब अप्रचलित है।

Pick-पिक्-*n.* a tool for breaking up hard ground, selection. फावड़ा (गैता), चुनाव; **Ear-pick** (an appliance for picking the ear.) कनखोदनी; **Tooth-pick** (an appliance for cleansing teeth.) दंतखोदनी।

Pick-पिक्-*v. t. & i.* to break the surface of, to make hole in, to probe, to cleanse, to strike with the bill, to select carefully, to open, to pull asunder. खोदना, छेदना, नोचना, इकट्ठा करना, चुभाना, साफ़ करना, चोंच मारना, चुनना, खोलना, फाड़ना; **Pick-a-back** (in the manner of carrying on shoulders.) पीठ पर लादने की रीति से।

Pickaxe-पिक्'-ऑक्स्-*n.* a kind of curved axe. कुदाली।

Picked-पिक्-ड्-*adj.* pointed, gathered. नुकीला, चुना हुआ; **Pick-me-up** (a kind of wine.) उत्तेजक शर्बत या मदिरा; **To pick holes in** (to find fault with.) दोष निकालना; **To Pick off** (to pluck off, to shoot persons &c. deliberately one by one.) नोचना, एक-एक करके गोली से मारना; **To pick-out** (to select, to take out.) निकालना, अलगाना; **To pick up** (to gather.) इकट्ठा करना।

Picker-पि-क-र्-*n.* one who picks, an instrument for separating. चुननेवाला, अलगाने का एक यन्त्र।

Pickerel-पिकरॅल्-*n.* a kind of fresh water fish. मीठे पानी की एक प्रकार की मछली।

Picket-पिकेट्-*n.* a sharp pointed stake, a body of troops, persons dissuading strikers. नोकदार छड़ (खूँटा), सेनादल, हड़तालियों को काम से रोकनेवाला दल;-*v. t.* (*p. t.* **Picketed.**) इस प्रकार धरना देना; **Picketing** (-इङ्ग्)-*n.* प्रवेश रोधन, धरना।

Pickle-पि-कल्-*n.* a liquid preserving vegetables &c., a solution of salt and water, a mischievous child. अचार या मुरब्बे के लिये अर्क, खारा जल, दुष्ट बालक;-*v. t.* to preserve in pickle. अचार या मुरब्बा बनाना।

Picklock-पिक्'-लॉक्-*n.* an appliance to open locks without a key. बिना ताली के ताला खोलने का एक औज़ार।

Pickpocket-पिक्-पॉकेट्-*n.* one who steals from the pocket of another. गिरहकट, ठग।

Pick-purse-पिक्'-पर्स्-*n.* one who steals the purse of another. दूसरे की रुपये-पैसे की थैली चुरानेवाला।

Picksome-पिक्-सम्-*adj.* fastidious. दुराराध्य, उपेक्षा करनेवाला।

Pickwick-पिक् - विक् - *n.* a kind of cheap cigar. एक प्रकार की सस्ती चुरुट।

Picnic-पिक्'-निक्-*n.* a pleasure party out of doors. वनभोजन, बाहरी जलसा;-*v. i.* (*p. t.* **Picnicked.**) to take part in a picnic. ऐसे विहार में भाग लेना; **Picnicker** (-अर्)-*n.* ऐसा जलसा करनेवाला।

Picot-पी-को'-*n.* a small loop in the edge of lace. फ़ीते के किनारे का छोटा फन्दा।

Picquet-पिकेट्-see **Piquet.**

Picric-पिक्'-रिक्-*adj.* (**Picric acid**-ॲसिड) a substance used in dyeing and explosives. एक पीला पदार्थ जो रँगने तथा पटाखा बनाने में प्रयुक्त होता है।

Pict-पिक्ट्-*n.* the former residents of N. E. of Scotland. स्काट्लैंड के पूर्वोत्तर प्रदेश के आदि निवासी।

Pictograph-पिक्-टॅ' - ग्राफ़् - *n.* a pictorial symbol. चित्र रूप का संकेत; **Pictographic** (-इक्)-*adj.* चित्र-संकेत-सम्बन्धी; **Pictography** (-इ)-*n.* symbolising pictures. चित्र-संकेत लिखना या बनाना।

Pictorial-पिक्टोरिअल्-*adj.* of pictures, illustrated. सचित्र (चित्र-लिखित), चित्रमय; **Pictorially** (-लि)-*adv.* in a pictorial manner. चित्ररूप में।

Picture-पिक्चर्-*n.* a painting or drawing of an object, a portrait, scene, a beautiful object. चित्र (तस्वीर), प्रतिमा, दृश्य, सुन्दर पदार्थ; -*v. t.* to describe vividly, to imagine to oneself. चित्रित करना, मन में विचारना; **Picture-book** (a book for children, full of pictures.) बच्चों के पढ़ने की चित्रपूर्ण पुस्तक; **Picture-gallery** (an apartment for the display of pictures.) चित्रावली, चित्रशाला; **Picture-house** (a cinema theatre.) सिनेमा का नाटकघर; **Picture-palace** (a cinema theatre.) चलते-फिरते चित्र दिखलाने का नाटकघर।

Picturesque-पिक्चरस्क्-*adj. & n.* like a picture, graphic, vivid, a striking picture, चित्र के सदृश, स्फुट, स्पष्ट, अपूर्व चित्र; **Picturesquely** (-लि)-*adv.* अपूर्वता से; **Picturesqueness** (-नेस्)-*n.* state of being picturesque, vividness. विचित्रता, सुन्दरता।

Piddle-पि-ड्ल्-*v. t.* to work in a trifling manner. तुच्छ ढंग या बेदिली से कार्य करना।

Pidgin-पि - ज्'-इ-न्-*n.* words of different languages muddled up. अनेक भाषाओं के शब्दों की खिचड़ी।

Pie-पाइ-*n.* the smallest copper coin. पाई, पैसा का तीसरा और एक आने का बारहवाँ हिस्सा।

Pie-पाइ-*n.* fruit crust covered with paste and baked, a magpie. कचौड़ी, समोसा, एक प्रकार की छोटी चिड़िया;-*v. t.* to mix types. टाइप की मिलावट करना।

Piebald-पाइ'-बॉल्ड्-*adj.* of black and white colours. मिले हुए काले और सफेद रंग का।

Piece-पीस्-*n.* a portion of a thing, a fragment, detached portion, example, literary or artistic composition, a picture, a single article. खण्ड, टुकड़ा, भाग, आदर्श, साहित्यिक लेख, चित्र, एक अदद;-*v. t.* to mix, to mend, to patch. मिलाना, जोड़ना, पैवन्द (पेवन) लगाना; **to break to pieces** (to make fragments.) टुकड़े-टुकड़े करना; **Piece of Poetry.** कविता, श्लोक; **Piece of work** (specimen.) कार्य; **Piece of water** (sheet of water.) जलाशय; **Of a piece** (of the same sort.) एक ही प्रकार का; **Piece-goods** (textile fabrics made in standard lengths.) बिने हुए कपड़े के थान।

Piecemeal-पीस्'-मील्-*adj.* made of pieces, little by little. अलग-अलग, टुकड़े-टुकड़े।

Pieceless-पीस्'-लेस्-*adj.* not made of pieces. अखण्ड, जिसके खण्ड या टुकड़े न किये गये हों।

Pied-पाइड्-*adj.* of several colours, variegated. चितकबरा, रंग-बिरंगा।

Pier-पिअर्-*n.* a structure in water used as a landing-stage, a break water. सेतुबन्ध, घाट।

Pierage-पिअरेज्-*n.* toll for using a pier. घाट का कर; **Pier-glass** (a large mirror.) बड़ा दर्पण।

Pierce-पिअर्स्-*v. t. & i.* to penetrate, to make hole in, to thrust into. प्रवेश करना, घुसना या घुसाना।

Pierceable-पियर्सेबल्-*adj.* able to be pierced. छेदने योग्य।

Pierced-पिअर्स्-ड्-*adj.* perforated with holes. छेदा हुआ।

Piercer-पिअर्स'-र्-*n.* he who pierces, a piercing tool. वेध करनेवाला (वेधनेवाला), छेद करने का शस्त्र।

Piercing-पिअर्स'-इङ्ग्-*adj.* penetrating with force, keen. भेदने (छेदने) वाला, तीखा; **Heart-piercing** (heart-rending, thrilling.) हृदयवेधी।

Piercingly-पिअर्स्-इङ्ग्-लि-*adv.* in a piercing manner. छेदते हुए।

Piercingness-पिअर्स्'-इङ्ग् - नेस् - *n.* piercing quality. भेद्यता, भेदनशीलता।

Pietism-पाइ-इट्-इज़्म्-*n.* principles of piety. पुण्यशीलता।

Pietist-पाइ-इट्' - इस्ट् - *n.* a pious person. धर्मात्मा मनुष्य।

Piety-पाइ-इ-टि-*n.* reverence for God, duty of reverence, the quality of being pious. धर्मनिष्ठा, ईश्वर-भक्ति, पुण्यात्मा होने का गुण।

Piezometer-पाइ-इज़ॉ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring pressure. दबाव नापने का यन्त्र।

Piffle-पि-फ़्ल्-*v. t.* to talk feebly. धीमे से बोलना।

Pig-पिग्-*n.* a swine, hog, a young boar or sow, molten metal. सुअर, सुअर का बच्चा, ढाली हुई धातु;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Pigged**) to bring forth pigs, to herd together like pigs. सुअर उत्पन्न करना, सुअरों की तरह झुण्ड में रहना; **Guineapig** (a greedy or obstinate person.) लालची या हठी मनुष्य; **Pig-headed** (obstinate.) हठी; **Pig-iron** (iron in pigs.) खान से निकला हुआ लोहा; **Pig-like** (resembling a pig.) सुअर की तरह का; **Pigling** (a small pig.) छोटा सुअर; **Pig-livered**-*adj.* (timid.) डरपोक; **Pig-eyed**-*adj.* (having small sunken eyes.) धँसी हुई छोटी आँखोंवाला; **Pigs might fly** (wonders might happen.) विलक्षण घटना हो सकती है।

Piggish-पि-गिश्-*adj.* pertaining to pigs. शूकरवत्; **Piggishly** (-लि)-*adv.* obstinately. हठ से; **Piggishness** (-नेस्)-*n.* obstinacy, poverty. हठ, दरिद्रता।

Pigeon-पिज्-अन्-*n.* a dove-like bird of several colours. कपोत, कबूतर;-*v. t.* to put into a pigeon-hole, to cheat (in gambling.) छोटे खानों में कागज इत्यादि रखना, (जुवे में) धोखा देना; **Carrier-pigeon** (a pigeon trained to carry messages.) समाचार ले जानेवाला कबूतर; **Pigeon-hearted** (timid, easily frightened.) भीरुहृदय, कातर; **Pigeon-hole** (set of compartments for paper &c.) अलमारी में कागज़ इत्यादि रखने के छोटे-छोटे खाने।

Pigeonry-पिजन्रि-*n.* pigeon-hole. कबूतर का दरबा।

Piggery-पिगरि-*n.* a place for pig-breeding,

a dirty place. सुअर पालने का स्थान, गंदी जगह।

Pigment-पिग्'-मेंन्ट्-*n.* a colouring matter used as a paint. रँगने का कोई पदार्थ, रंग; **Pigmental** (-अल्)- *adj.* pertaining to pigments. रंग सम्बन्धी; **Pigmentary** (-अर्-इ) -*adj.* of pigments. रंग रोग़न का।

Pigmy, Pygmy-पिग्मि-*ns.* a dwarf. वामन, बौना।

Pigsty-पिग्'-स्टि-*n.* a pen of pigs. सुअरबाड़ा।

Pigtail-पिग्-टेल्-*n.* a thin roll of tobacco, a plait of hair hanging on the back. तमाखू की बीड़ी, बालों की चोटी; **Pigtailed** (-ड्)-*adj.* चोटीदार।

Pike-पाइक्-*n.* a spike or lance, a spear, a kind of fish. बर्छी, भाला, एक प्रकार की मछली; -*v. t.* to thrust through. घुसाना, भोंकना;-*n.* a toll. चुङ्गी; **Piked** (-ड्)-*adj.* pointed. नोकदार; **Pikeman**-*n.* a soldier armed with a pike. बल्लमधारी; **Pikestaff** (-स्टाफ़्) -*n.* the shaft of a pike. बर्छी की डण्डी।

Pilaster-पिलॅस्टर्-*n.* a square pillar. चौकोर खम्भा

Pilch-पिल्च्-*n.* a small wrapper for infants. बच्चों की ओढ़नी।

Pilchard-पिल्चर्ड्-*n.* a kind of oat. एक प्रकार की जई।

Pile-पाइल्-*n.* a pointed post, a heap, bridge-supporter, of soft hair. नुकीला लट्ठा, ढेर, पुल का आधार, रोवाँ;-*v. t.* to lay in a heap. ढेर लगाना; **Funeral pile** (funeral pyre.) चिता; **Pile-driver** (a machine for driving in piles.) लट्ठा गाड़ने का यन्त्र; **Piler** (-अर्)-*n.* one who piles. ढेर लगानेवाला; **To pile on** (to heap on.) ढेर लगाना, इकट्ठा करना।

Pileate-पिलि-एट्-*adj.* of the form of a cap. टोपी के आकार का।

Piles-पाइल्ज़्-*n. pl.* a disease of the lower rectum, haemorrhoids. अर्श रोग, बवासीर।

Pilfer-पिल्'-फ़र्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Pilfered.**) to steal in small quantities. थोड़ा-थोड़ा करके चुराना।

Pilferage-पिल्फ़रेज्-*n.* stealth. चोरी।

Pilferer-पिल्फ़रर्-*n.* a thief. चोर, ठग।

Pilfering-पिल्फ़रिंग् - *n.* theft. ठगी, चोरी; **Pilferingly** (-लि) -*adv.* चोरी करते हुए।

Pilgarlic-पिल्गार्-लि-क्-*n.* a bald-headed person. चँदुला या गंजा मनुष्य।

Pilgrim-पिल्'-ग्रिम्-*n.* one who makes a journey to sacred places, a traveller. तीर्थ-सेवी, यात्री;-*v. t.* to wander like a pilgrim. तीर्थ-सेवी की तरह यात्रा करना।

Pilgrimage-पिल्'-ग्रिम्-एज्-*n.* a reverential journey. तीर्थयात्रा, तीर्थगमन;-*v. t.* to go on pilgrimage. तीर्थयात्रा करना; **Place of pilgrimage.** तीर्थस्थान।

Piliferous-पि'-लि-फ़रस् - *adj.* having hair. रोवेंदार।

Piliform-पि'-लि-फ़ॉर्म्-*adj.* full of hair. रोवें से पूर्ण, रोवेंदार।

Pill-पिल् -*n.* a medicine in the form of a little ball. गुटिका, गोली; -*v. t.* to plunder. लूटना।

Pillage-पि-लेज्-*n.* plunder. लूट;-*v.t.* to strip of money. लूटना, छीनना।

Pillager-पि-लेज्'-अर्-*n.* one who plunders. लूटनेवाला।

Pillar-पि-लर्-*n.* a post, a column, anything used as support. स्तम्भ, खम्भा, आधार; -*v. t.* to support with a pillar. स्तम्भ की तरह आश्रय देना; **Driven from pillar to post** (*i. e.* from one support to another.) एक आश्रय से दूसरे आश्रय को फेंका हुआ; **Pillar of faith** (support of belief.) श्रद्धा का सहारा या स्तम्भ; **Pillar of justice.** न्याय का आधार।

Pillion-पि-ल्यन्-*n.* a cushion attached to the back part of a saddle. काठी की पिछली ओर लगी हुई गद्दी।

Pillory-पिलॅरि-*n.* wooden frame with holes for inserting the head and hands of a criminal. लकड़ी का कटघरा जिसके छिद्र में अपराधी के मस्तक तथा हाथ जकड़ दिये जाते थे।

Pillow-पि-लो-*n.* a cushion used as a support for the head. उपधान, तकिया; -*v. t.* to lay for support. तकिया लगाना; **Pillow-case** (a pillow-slip.) तकिये की खोल; **To take counsel of one's pillow** (to take a night to reflect.) विचार करने के लिये रात भर का अवसर लेना।

Pilose-पाइ-लोस्-*adj.* covered with hair. रोवाँ भरा हुआ।

Pilosity-पाइलॉसिटि-*n.* hairiness. रोवाँपन।

Pilot-पाइलट्-*n.* one who steers a ship, one who navigates an aeroplane, a guide. नौका-वाहक (माँझी), हवाई जहाज चलानेवाला, कर्णधार; -*v. t.* (*p. t.* **Piloted**) to lead the way, to steer a ship. मार्ग दिखलाना (जहाज चलाना); **Pilotage** (-एज्)-*n.* fee of a pilot. माँझी का वेतन; **Pilot-balloon**-*n.* a balloon used for discovering the direction of the

wind. वायु की दिशा जानने के लिये उठा हुआ गुब्बारा; **Pilot-boat**-*n.* a boat used by pilots. नाविक द्वारा प्रयुक्त नाव; **Pilot-engined** (the leading engine of a train.) गाड़ी के आगे चलनेवाला इंजिन।

Pilotless-पाइलट्-लेस्-*adj.* without a pilot. बिना माँझी का।

Pilular-see **Pilule.**

Pilule-पिल्-यूल्-*n.* a small pill. छोटी गोली; **Pilular** (-यू-लर्), **Pilulous** (-लस्)-*adjs.* pertaining to pills. छोटी गोली का।

Pimp-पिम्प्-*n.* a pander. कुटना, दलाल।

Pimpernal-पिम्पर्नल्-*n.* a plant found on waste ground. एक जंगली पौधा।

Pimping-पिम्' - पिङ्ग् - *adj.* small, mean. छोटा, क्षुद्र, नीच।

Pimple-पिम्-पुल्-*n.* a small tumour on the skin. फुन्सी, डुँड़सा (मुहाँसा); **Pimpled** (-ड्), **Pimply** (-लि) -*adjs.* having pimples. फुन्सीदार मुहाँसों वाला।

Pin-*n.* thin wire with a sharp point on one end and a knob on the other, used for fastening paper, cloth &c., a peg of wood, a needle. आलपीन, खूँटी, सूई; -*v. t.* (*p. t.* **Pinned.**) to fasten with a pin. आलपीन लगाकर बाँधना; **Not to care a pin** (not to care a whit for.) कुछ भी चिन्ता न करना; **Pin cushion** (a small cushion for fixing pins.) आलपीन खोसने की गद्दी; **Pinhole** (a very small hole.) महीन छेद; **Pinmoney** (money allotted to wife for private expenses.) व्यक्तिगत व्ययों (निजी खर्चों) के लिये पत्नी (बीबी) के नाम अलग किया गया धन।

Pinafore-पिन्'-औं-फोर्-*n.*a cover for protecting a child's frock from dirt. बच्चे की ओढ़नी।

Pince-nez-पिन्स्'-नेंज्-*n. pl.* a pair of eye-glasses with springs to clip the nose. नाक पकड़ने की कमानीवाला चश्मा।

Pincers-पिन्-सर्ज् -*n. pl.* a gripping tool like pliers with short jaws. छोटे मुँह की पकड़ने की सँड़सी।

Pinch-पिन्श् -*v. t. & i.* to nip between tips of fingers and thumb, to extort money, to urge, to rob. चिकोटी काटना, धन छीनना, प्रेरणा करना, लूटना; -*n.* the act of pinching, a small portion taken between the tips of fingers. चिकोटी, चुटकीभर; **None but the wearer knows where the shoe pinches** (only those engaged in an enterprise know its difficulties.) जिसके तन पड़े वही जाने, जाके तन ना फटी बिवाई सो का जाने पीर पराई; **Pinch of snuff** (a small quantity of snuff.) एक चुटकी सुँघनी; **Pinching of shoes.** जूते का काटना।

Pinchfist-पिन्श्'-फ़िस्ट्-*n.* a miser. कृपण, कंजूस।

Pinchingly-पिन्श्'-इङ्ग्-लि-*adv.* in pinching manner. चिकोटी काटते हुए।

Pinder-पिन्' - डर् -*n.* one who puts stray animals into the pounder. भटकते हुए पशुओं को बाड़े में बन्द करनेवाला मनुष्य।

Pine-पाइन्-*n.* a genus of trees which yield turpentine. चीड़ का पेड़, देवदार; -*v. i.* to waste away from anxiety, distress &c. दुःख या शोक से सूख जाना।

Pine-apple-पाइन्'- ऐं - पुल् - *n.* a tropical plant and its fruit shaped like a pine-cone. अनानास का पौधा तथा इसका फल।

Pineal-पाइ-नित्रल् -*adj.* resembling a cone-pine. चीड़ के शंकु के सदृश।

Pinery-पाइन-रि-*n.* a place where pine-apples are grown. अनानास पैदा करने का स्थान।

Pinfold-पिन्-फ़ोल्ड्-*n.* a pound for shutting up stray cattle. घूमनेवाले पशुओं को बन्द करने का बाड़ा, काँजी हाउस।

Ping-पिङ्ग्-*n.* the ringing sound of a bullet. बंदूक की गोली का सन्-सन् शब्द; -*v. i.* to whistle like a bullet. बंदूक या तोप की गोली जैसा सन्-सन् शब्द करना।

Ping-pong-पिङ्ग्'-पाङ्ग्-*n.* table-tennis. एक प्रकार का टेबुल पर खेलने का गेंद का खेल।

Pinguid-पिंग्विड् -*adj.* oily, greasy. तेलमय, स्निग्ध, चिकना।

Pining-पाइन्-इङ्ग्-*n.* distress, anxiety. दुःख, चिन्ता।

Piningly-पाई'-निङ्ग्-लि-*adv.* in a languishing manner. मुरझाते हुए।

Pinion-पि'-न्य-न्-*n.* the end of a wing, a small wheel connected with a big one. डैने की नोक, बड़े पहिये से मिला हुआ छोटा पहिया; -*v.t.* to bind the wings of birds or the arm of a person. डैना बाँधना, मुसुक बाँधना।

Pink-पिङ्क् - *n.* a plant with fragrant flowers, light rosy colour. एक सुगन्धित फूल, गुलाबी रङ्ग;-*adj.* of rosy colour. गुलाबी रङ्ग का; -*v. t.* to pierce with sword, to adorn. तलवार भोंकना, आभूषित करना, सजाना।

Pinkish-पिङ्क्'-इश् -*adj.* somewhat pinky. थोड़ा या कुछ गुलाबी रंग का।

Pinkiness-पिङ्क्' - इ-नेंस् - *n.* rosy colour. गुलाबीपन।

Pinky-पिङ्कि'-इ-*adj*. of pink colour. गुलाबी रंग का।

Pinna-पिना - *n*. (*pl*. **Pinnae.**) the upper broad part of the external ear. कान का ऊपरी, चौड़ा भाग।

Pinnace-पिनेंस्-*n*. a warship's boat. लड़ाई के जहाज पर की नाव।

Pinnacle-पिन्-अ-कल्-*n*. an ornamental turret. अटारी, बुर्जी; -*v. t.* to set on pinnacle. बुर्जी लगाना।

Pinnate-पि-नेट्-*adj*. having leaves on each side of the stalk. डण्ठल के दोनों ओर पत्ती उगाने वाला; **Pinnated** (-ऐड्) -*adj*. pinnate. फैला हुआ; **Pinnately** (-लि)-*adv*. in a pinnate manner. फैले हुए ढंग से।

Pinner-पि-नर्-*n*. one who pins. आलपीन खोंसनेवाला।

Pinnule-पि-न्युल्-*n*. an organ like a small wing. छोटे डैने के सदृश अंग।

Pinny-पि-नि-*adj*. childish. बच्चे का या बच्चे जैसा।

Pint-पाइन्ट्-*n*. a measure of capacity for liquids, half a quart. प्रायः डेढ़ पाव की नाप।

Pintado - पिन्टाडॅ - *n*. a guinea-fowl. एक प्रकार का मुर्गा।

Pintle-पिन्'-ट्ल्-*n*. a bolt on which a part of a machine revolves. यंत्र का चूल जिस पर कोई पुर्जा घूमता है।

Piny-पाइनि-*adj*. of or like or full of pine trees. चीड़ या देवदार का, उसके समान या उससे पूर्ण।

Pollinate-पॉलिनेट्-*v. t.* to shed pollen upon. पराग झाड़ना, सेचन करना ; **Pollination** (पॉलिनेशन्)-*n.* fertilizing with pollen. परागन, सेचन; **Pollinic** (पॉलिनिक्) -*adj.* pertaining to pollen. पराग सम्बन्धी ।

Pollute-पॅ-ल्यूट्'-*v. t.* to make filthy, to destroy the purity of. मलिन करना, दूषित करना (भ्रष्ट करना); **Polluted** (-ऍड्)-*adj.* defiled. मलिन किया हुआ; **Pollutedly** (-ऍड्-लि) -*adv.* with defilement. भ्रष्टता से, मलिनता से; **Polluter** (-अर्)-*n.* a corrupter. दूषित करने वाला; **Pollution**(-शन्)-*n.* act of polluting, defilement. मालिन्य (कलङ्क), अपवित्रता (भ्रष्टता) ।

Polo-पो'-लो-*n.* a play like hockey which is played on horseback. घोड़े पर चढ़कर खेलने का गेंद का एक खेल; **Polo-stick.** लम्बे डण्डे की मुँगरी जिससे यह खेल खेला जाता है ।

Polonium-पॅ - लो'-नि-अम् - *n.* an element which is radio-active. एक विशेष तत्त्व जिसका प्रभाव रेडियो पर पड़ता है ।

Polt-foot-पोल्ट्'-फुट्-*adj.* club-footed. (झिल्ली से) बन्द पंजेवाला ।

Poltroon-पॉल्-ट्रून्'-*n.* a spiritless person, a coward. साहसहीन, डरपोक ; **Poltroonery** (-अर्-इ)-*n.*cowardice, want of spirit. भीरुता ।

Poly-पॉ-लि-*pref.* in the sense of 'many.' 'अनेक' अर्थ का उपसर्ग; **Polyacoustic** (-ऑ-काउस्टिक्)-*adj.* magnifying sound. ध्वनि को तीव्र करनेवाला ।

Polyandrian-पॉलिऑन्ड्रिअन् - *adj.* same as **Polyandrist.**

Polyandrist-पॉलिऑन्ड्रिस्ट्-*n.* a woman having many husbands. अनेक पतिवाली स्त्री ।

Polyandry-पॉलिऑन्ड्रि-*n.* the fact or state of having more than one living husband. एक से अधिक जीवित पति रखने की बात या अवस्था।

Polyarchy-पॉलिआर्कि - *n.* government by many. अनेक मनुष्यों से शासित राज्य; **Polyatomic** (-ऑ-टॅम-इक्)-*adj* having more than one atom. एक से अधिक परमाणुवाला; **Polycarpic** (-कार्पिक्)-*adj.* fruiting several times. अनेक बार फलनेवाला; **Polychromatic** (-क्रॅ-मैटिक) - *adj.* exhibiting a play of colours. अनेक रंगों को दिखलानेवाला; **Polychrome** (-क्रोम्)-*n. & adj.* printed in several colours, an artistic work of several colours. अनेक रंगों में छपा हुआ, अनेक रंग की कारीगरी का ; **Polychromic** (-क्रोमिक्)-*adj.* displaying play of colours.

बहुरंगा ; **Polychromy** (-क्रोमि)-*n.* the art of colouring. अनेक रंगों में छापने की कला; **Polycladous** (-क्लैडस्) -*adj.* with many branches. अनेक शाखाओं से युक्त; **Polyclinic** (-क्लिनिक्)-*n.* a general hospital. सब रोगों के लिए एक अस्पताल ; **Polycracy** (-क्रैसि)-*n.* government by many. अनेक व्यक्तियों से शासित राज्य ; **Polydactyl** (-डैक्टिल्)-*adj.* having more than five fingers or toes. हाथ या पैर में पाँच से अधिक अँगुलीवाला; **Polydemonism** (-डी-मॉनिज्म्)-*n.* worship of many gods. अनेक देवताओं का पूजन ; **Polydipsia** (-डिप्सिआ)-*n.* excessive thirst. अधिक प्यास लगने का रोग ; **Polygamic** (-गैमिक्)-*adj.* pertaining to polygamy. बहुपत्नीत्व सम्बन्धी; **Polygamist** (-गैमिस्ट्)-*n.* one who has more than one living wife. बहुपत्नीवान्; **Polygamous** (-गैमस्)-*adj.* having more than one wife. एक से अधिक पत्नीवाला; **Polygamy** (-गैमि) -*n.* the practice of having more than one living wife. अनेक पत्नियों से विवाह करने की प्रथा; **Polygastric** (-गैस्ट्रिक्)-*adj.* having many stomachs. अनेक उदरोंवाला; **Polygenous** (-जेनस्)-*adj.* consisting of several kinds. अनेक प्रकार का; **Polyglot** (-ग्लॉट्)-*n.* & *adj.* one who speaks or writes in several languages. बहुभाषी, अनेक भाषाएँ जाननेवाला; **Polyglottal,** (-ग्लॉट-ल्), **Polyglottic** (-टिक्) -*adjs.* बहुभाषी सम्बन्धी ; **Polyglottism** (-ग्लॉटिज्म्)-*n.* the knowledge of several languages. अनेक भाषाओं का ज्ञान; **Polygon** (-गॉन्)-*n.* a plane rectilineal figure having more than four sides and angles. बहुभुजक्षेत्र ; **Polygonal** (-गॉनल्) - *adj.* having many angles or sides. बहुभुजी आकृति का; **Polygonally** (-लि)-*adv.* बहुकोणों में; **Polygram** (-ग्रैम्) -*n.* a figure consisting of several lines. अनेक रेखाओं से बनी हुई आकृति; **Polygraph** (-ग्रैफ्)-*n.* a contrivance for multiplying copies of a writing. किसी लेख की अनेक प्रतिलिपियाँ छापने का यन्त्र; **Polygyny** (-जिनि)-*n.* plurality of wives. अनेक पत्नी रखने का गुण या स्थिति; **Polyhedron** (-हीड्रन्)-*n.* a figure of many sides. बहुभुजक्षेत्र ।

Polyhistor-पॉलि-हिस्टर् -*n.* a very learned man, a great scholar. बहुत बड़ा विद्वान् या पण्डित ।

Polymathy-पॉलिमैथि - *n.* the knowledge of several arts. बहुशास्त्र-ज्ञान ।

Polymorphic-पॉलिमॉर्फिक् - *adj.* pertaining to many shapes. अनेक आकृति सम्बन्धी ।

Polymorphous-पॉलिमॉर्फस्-*adj.* having many shapes. अनेक आकृति का ।

Polynomial - पॉलिनोमिअल्- *adj.* of many names. अनेक नामवाला ।

Polyonymous-पॉलिऑन्' - इमस् - *adj.* having many titles. अनेक उपाधियोंवाला ।

Polyopia-पॉलिऑपिआ-*n.* multiple vision. आँख का एक रोग जिसमें एक पदार्थ अनेक दिखलाई देता है ।

Polyophagous-पॉ-लि-ऑ-फे-गस् - *adj.* subsisting on several kinds of food. अनेक प्रकार का आहार करनेवाला ।

Polypetalous-पॉलिपेटलस्-*adj.* having several petals. अनेक पँखड़ियों वाला ।

Polyphone-पॉलि- फ़ोन् - *n.* one symbol or letter for several sounds. अनेक उच्चारणों के लिए एक चिह्न या अक्षर; **Polyphonic** (-फ़ॉनिक्) **Polyphonous** (-अस्)-*adjs.* having several sounds. अनेक स्वरोंवाला ।

Polyplastic-पॉलि - प्लैस्टिक् - *adj.* assuming several forms. अनेक रूप धारण करनेवाला ।

Polypod-पॉलि - पॉड् - *n.* an animal with several feet. अनेक पैरोंवाला जन्तु ।

Polypus-पॉलि-पस्-*n.* a tumour in the nose. नाकड़ा ।

Polyspermous (पॉलि-स्पर्मस्)-*adj.* containing several seeds. अनेक बीजोंवाला; **Polystome.** (-स्टोम्)-*n.* an animal with many mouths. अनेक मुँहवाला जन्तु ; **Polystyle** (-स्टाइल्) -*n.* a building of several columns. अनेक खंभों की इमारत; **Polysyllabic** (-सिलैबिक्) -*adj.* having many syllables. अनेक शब्दांशों का; **Polysyllabically** (-अलि)-*adv.* with many syllables. अनेक शब्दांशों में; **Polysyllable** (-सिलैब्-ल्) - *n.* a word of many syllables. अनेक शब्दांशों का शब्द; **Polytechnic** (-टेक्निक्) - *adj.* pertaining to various arts. अनेक कला सम्बन्धी;**Polytheism** (-थि'-इज़्म्)-*n.* a belief in more than one god. अनेक देवताओं में विश्वास; **Polytheist** (-थि'-इस्ट्)-*n.* one who believes in several gods. अनेक देव पूजक;**Polytheistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* बहुदेव पूजा सम्बन्धी ।

Pomaceous-पॅमेशस्-*adj.* pertaining to apple. सेब सम्बन्धी ।

Pomade-पॉमेड्'-*n.* a scented ointment for the hair. बालों में लगाने का सुगन्धित मलहम।

Pomandar-पोम्'-ऑन्डर्-*n.* a scented ball. सुगन्धित गोली।

Pomatum-पॉमेटम्-*n.* an ointment for the hair. बाल का रोगन।

Pomegranate-पॅम्ग्रॅनिट्-*n.* the fruit of a tree with golden rind and many seeds. दाड़िम, अनार, अनार का वृक्ष।

Pomfret-पॅम्'-फ्रेट्-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Pomiculture-पॅमिकल्चर्-*n.* fruit-growing. फलों की खेती।

Pomiform-पॅ-मि-फ़ॉर्म्-*adj.* like apple. सेब के आकार का।

Pommel-पॅमॅ-ल्-*n.* the knob on the hilt of a sword, the projecting part of a saddle. तलवार की मूठ की बुण्डी, काठी का उभड़ा हुआ भाग।

Pomology-पॅ-मॅ-लॉ-जि-*n.* the art of fruit-growing. फल उत्पन्न करने की कला।

Pomp-पॉम्प्-*n.* a splendid display, splendour. आडम्बर (वैभव), ठाटबाट।

Pompom-पॅम्'-पॅम्-*n.* a kind of quick-firing automatic gun. एक प्रकार की आपसे आप छूटनेवाली बंदूक।

Pomposity-पाम्पॉसिटि-*n.* ostentation, pompousness. आडम्बर।

Pompous-पॉम्पस्-*adj.* ostentatious, displaying pomp. आडम्बरी (अति प्रतापी), गर्वित; **Pompous style** (bombastic style.) अलङ्कारिक भाषा; **Pompously** (-लि)-*adv.* in a pompous manner. गर्व से, आडंबर से; **Pompousness** (-नॅस्)-*n.* the state of being pompous. आडंबर, प्रताप।

Pompier-पॉ-म्पि-अर्-*n.* a fireman's ladder. आग बुझानेवाले की सीढ़ी।

Pompon-पॉम्'-पॉन्-*n.* a bunch of ribbon attached to a hat or shoes. टोपी या जूते में लगाने का फ़ीते का गुच्छा।

Pond-पॉन्ड्-*n.* a small pool for water. पोखरा, तालाब;-*v. t.* to make a pond. पोखरा या तालाब बनाना; **Pondage** (-एज्)-*n.* the capacity of a pond. तालाब के जल का परिमाण।

Ponder-पॉन्डर्-*v. t.* to weigh in the mind, to think over. मन में तौलना, विचार करना; **Ponderability** (-ऍबिलिटि)-*n.* state of being ponderable. चिन्तन योग्यता; **Ponderable** (-ऍ-बल्)-*adj.* that may be thought over. चिन्तन योग्य; **Ponderance** (-ऑन्स्)-*n.* weight. भार; **Ponderer** (-अर्)-*n.* one who ponders. विचार करनेवाला; **Ponderingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with consideration. विचार करते हुए; **Ponderation** (-ए'-शन्) -*n.* thinking. चिन्तन, मनन; **Ponderosity** (-ऑस्-इटि) -*n.* weight, heaviness. भार, भारीपन; **Ponderous** (-अस्)-*adj.* heavy, laborious, tedious. बहुत भारी, परिश्रम का, कष्टकारक; **Ponderously** (-अस्-लि)-*adv.* in a heavy manner. भारपूर्ण ढंग से; **Ponderousness** (-अस्-नॅस्) -*n.* state of being ponderous. भारत्व।

Pone-पो-न्-*n.* bread of maize. मकई की रोटी।

Ponent-पोनॅन्ट्-*adj.* western. पश्चिमी।

Pongee-पॉ-न्'-जी-*n.* soft Chinese silk. चीन देश का कोमल रेशमी कपड़ा।

Poniard-पॅ-न्यर्ड्-*n.* a dagger. खंजर, कटार।

Pontage-पॉन्टे-ज्-*n.* a toll on a bridge. पुल पर जाने-आने का कर।

Pontiff-पान्'-टिफ्-*n.* the Pope, the chief priest. रोम का प्रधान पादरी, प्रधान पादरी।

Pontificate-पॅन्-टि-फि-केट्-*n.* the dignity of a pontiff. धर्माध्यक्ष का अधिकार।

Pontifice-पॉन्टि-फिस्-*n.* the structure of a bridge. पुल की रचना या बनावट।

Pont-levis-पॉन्ट्'-लॅ-विस्, (-पॅन्-लॅ-वि)-*n.* a draw-bridge. हटाया जानेवाला पुल।

Pontoon (**bridge**)-पॅ-न्-टून्' (-ब्रिज्)-*n.* a bridge of boats or hollow metal cylinders. नाव या पीपे का पुल; -*v. t.* to cross a river through a pontoon. पीपे के पुल द्वारा नदी पार करना।

Pony-पॉ'-नि-*n.*(*pl.* **Ponies.**) a breed of small horse. छोटा घोड़ा, टट्टू।

Poodle-पू'-ड्ल्-*n.* a kind of pet dog with clipped hair. बाल कतरा हुआ छोटा कुत्ता;-*v. t.* to clip dog's hair. कुत्ते के बाल काटना।

Pooh-पू-*interj.* expressing impatience and contempt. तिरस्कार तथा अधैर्य सूचक अव्यय।

Pooh-pooh-पू'-पू-*v. t.* to express contempt for. घृणा दिखलाना।

Pool-पूल्-*n.* small body of stagnant water. कुण्ड, छोटा तालाब; -*v. t.* to form a small pond. छोटा तालाब बनाना।

Poop-पूप्-*n.* the stern of a ship. जहाज का सबसे पिछला भाग;-*v. t.* to break over the stern of a ship. जहाज के पिछले भाग से टक्कर खाना।

Poor-पूअर्-*adj.* needy, deficient, trifling, scanty, insignificant, unproductive, mean, destitute of strength or dignity, dejected,

meagre, unfortunate. दरिद्र, धन-हीन, तुच्छ, न्यून, क्षुद्र, अनुपजाऊ, नीच, शक्ति या मर्यादा हीन, दुखी, दीन, अल्प, अभागा; **Poor-house** (a public work-house for the poor.) अनाथालय; **Poor-soil** (unfertile soil.) अनुपजाऊ भूमि; **Poor-spirited** (dejected, timid.) क्षुद्रमति, उदास, डरपोक।

Poorly-पूअर्-लि-*adj. & adv.* without wealth, meanly. दरिद्र के समान, दीनता से, नीचता से।

Poorness-पूअर्'-नेस्-*n.* poverty, the quality of being poor. दरिद्रता।

Pop-पॉप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Popped.**) to make a small explosive sound, to fire a gun, to put a question. तड़ाके का शब्द करना, बन्दूक छोड़ना, प्रश्न करना;-*n.* explosive sound. तड़ाका, धड़ाका; **Pop-gun** (a child's toy gun.) बच्चों के खेलने की बन्दूक; **To pop the question** (to propose for marriage.) विवाह का प्रस्ताव करना।

Pope-पोप्-*n.* the head of the Roman Catholic Church. रोम का बड़ा पादरी।

Pope's head-पोप्स्'-हेड्-*n.* a long-handled brush. लम्बे डण्डे की कूंची।

Popery-पोपरि-*n.* Roman Catholicism. पोप का धर्म।

Popish-पोपिश्-*adj.* pertaining to Pope. पोप सम्बन्धी।

Popinjay-पॅपिन्जे-*n.* a parrot, a conceited person. शुक, तोता, गर्व वाला मनुष्य।

Poplar-पॉप्लर्-*n.* a kind of straight long tree. चिनार का वृक्ष।

Poplin-पॉप्लिन्-*n.* a woven silk fabric. एक प्रकार का रेशमी वस्त्र, पापलीन।

Poplitic-पॉप्लिटिक्-*adj.* pertaining to the knee-joint. घुटने की चक्की का।

Poppet-पॉपेट्-*n.* a small person, the head of a lathe. छोटा नाटा मनुष्य, खराद का ऊपरी भाग।

Popping-पॉ-पिङ्ग्-*n.* the line within which a batsman must stand in cricket. क्रिकेट के खेल में क्रिकेट के आगे की लकीर जिसके भीतर बैट्समैन खड़ा होता है।

Popple-पॉ-पल्-*v. i.* to flow to and fro. इधर-उधर लहराना।

Poppy-पॉपि-*n.* a plant which yields opium. पोस्ता, खसखस; **Poppy-head** (head of poppy.) पोस्ते की ढोंढ़ी।

Populace-पॉप्युलेस्-*n.* the common people, mob or rabble. सामान्य जन, साधारण लोग।

Popular-पॉप्युलर्-*adj.* of the people, plain, public, adopted by ordinary people, easily comprehensible, familiar, pleasing to the people, prevailing. लौकिक, सर्वप्रिय, लोक-सम्मत, प्रसिद्ध, सहज में जानने योग्य, लोकप्रिय, प्रचलित; **Popular language** (language of the people.) प्रचलित भाषा; **Popular report** (rumour.) जनप्रवाद; **Popular scandal** (general slander or talk against one's reputation.) लोकापवाद; **Popular usage** (popular custom.) लोकाचार।

Popularity-पॉप्यु-लॅ-रि-टि-*n.* what is prevalent among people. लोकप्रियता, प्रसिद्धि।

Popularization-पॉप्युलराइज़ेशन्-*n.* the act of popularizing. लोक-प्रचार; **Popularize** (-आइज़्)-*v. t.* to spread among the people, to make popular. प्रचलित करना, प्रसिद्ध करना; **Popularly** (-लि)-*adv.* in a popular manner. लोकप्रियता से।

Populate-पॉ-प्यु-लेट्-*v. t. & i.* to supply with inhabitants. जनपूर्ण करना, बसाना; **Population** (-ले-शन्)-*n.* the number of people in a country. जनसंख्या, आबादी; **Populous** (-लस्)-*adj.* thickly inhabited. जनपूर्ण, घना बसा हुआ; **Populously** (-लि)-*adv.* with many inhabitants. घनी बस्ती के रूप में; **Populousness** (-नेस्)-*n.* the state of being populous. घनी बस्ती की स्थिति या हालत।

Porcelain-पॉर्सलिन्-*n.* glazed earthenware. चीनी मिट्टी का बर्तन; **Poreclainize** (-आइज़्)-*v. t.* to turn into porcelain. चीनी मिट्टी में परिवर्तन करना; **Porcelainous** (-अस्)-*adj.* resembling porecelain. चीनी मिट्टी के समान।

Porch-पोर्च्-*n.* a covered entrance to a building, a portico. ड्योढ़ी, ओसारा; **Porched** (-ड्)- *adj.* fitted with a porch. ओसारेदार; **Porchless** (-लस्)-*adj.* destitute of a porch. बिना ओसारे का।


Porch.

Porcine- पॉर्साइन्-*adj.* pertaining to or like swine. सुअर सम्बन्धी, सुअर का।

Porcupine-पॉर्'-क्यु-पाइन्-*n.* a quadruped whose body and tail are covered with sharp quills. शल्यक, साही; **Porcupinish,** (-इश्), **Porcupiny** (-इ)-*adjs.* pertaining to a porcupine. साही के समान।

Pore-पोर्-*n.* a minute opening in the skin, a very small hole through which fluids

may pass. रोमकूप (रोमछिद्र), रन्ध्र-*v. i & t.* to meditate, to be absorbed in. विचार करना, ध्यान में लीन होना।

Porer-पोरर् - *n.* one who studies diligently. परिश्रम से अध्ययन करनेवाला।

Porgy-पॉर्'-जि-*n.* a kind of salt water fish. एक प्रकार की खारे जल की मछली।

Porism-पोरिज़्म्-*n.* a corollary. उपसिद्धान्त; **Porismatic** (-ऑ-टिक्)-*adj.* pertaining to a corollary. उपसिद्धान्त सम्बन्धी।

Pork-पॉर्क्-*n.* flesh of swine used as food. सुअर का मांस; **Porker** (-अर्)-*n.* a young pig. सुअर का बच्चा; **Porkling** (-लिङ्ग)-*n.* a young pig. छोटा सुअर; **Porky** (-इ)-*adj.* like pork. सुअर के मांस की तरह का।

Pornography-पॅर्-नॅ-ग्रॅफि-*n.* licentious writing or painting. कामोद्दीपक लेख या चित्र।

Porosity-पॅ-रॉसिटि-*n.* porousness. छिद्र की बहुलता, छिद्रमयता।

Porous-पोरस्-*adj.* full of pores. छिद्रपूर्ण, झरझरा; **Porousness** (-नॅस्)-*n.* the state of being porous. झरझरापन।

Porphyry-पॉर्'-फिरि-*n.* a kind of precious stone. एक प्रकार का रत्न।

Porpoise-पोर्'-पस्-*n.* a mammal with a round snout. शिंशुमार, सुईस।

Porridge-पॅ-रिज्-*n.* a food made by mixing meal or cereal in boiling water. लप्सी, हलुवा; **Keep your breath to cool your porridge** (keep your advice to your own use.) अपनी सलाह अपने पास रक्खो।

Porrigo-पॉ-राइ-गॅ-*n.* an eruption of the scalp, dandruff. रूसी।

Porringer-पॅ-रिन्-जर्-*n.* a small basin of metal. प्याला, थाली, तसला।

Port-पोर्ट्-*n.* harbour, a town possessing a harbour, a gateway, the lefthand side of a ship, red wine, bearing, external appearance. पोताश्रय, बन्दरगाह, बन्दरगाह का नगर, द्वार, जहाज का बायाँ भाग, लाल रंग की मदिरा, चाल, ढंग;-*v.t.* to carry a rifle across the body, to turn helm to left side of the ship. फौजी कवायद में शरीर से लगाकर बन्दूक खड़े बल रखना, जहाज को बाईं ओर घुमाना।

Portability-see **Portable.**

Portable-पोर्-टॅबॅल्-*adj.* movable, to be carried easily. वहनीय (थोड़े भार का), सहज में ले जाने योग्य; **Portability** (-इटि), **Portableness** (-नॅस्)-*ns.* the quality of being portable. सहज ही में ले जाने योग्य गुण या अवस्था।

Portage-पोर्'-टॅज्-*n.* carrying, cost of carrying, an arch over a doorway. भारवाहन, (भार) ले जाने का भाड़ा, दरवाजे के ऊपर की मेहराब;-*v. t.* to convey boat &c. over a portage. किराया देकर नाव आदि ले जाना।

Portal-पोर्टल्-*n.* a gateway, a door. प्रवेशमार्ग, द्वार (दर्वाजा);-*adj.* pertaining to the vein that conveys blood to the liver. यकृत् में रुधिर ले जानेवाली शिरा सम्बन्धी।

Portative-पोर्-टॅटिव्-*adj.* serving to carry. ले जानेवाला।

Portcrayon-पोर्ट्क्रेअन्-*n.* a metallic handle for holding a crayon. रंगीन खड़िया रखने की छूछी।

Portcullis-पोर्ट्-कू-लिस्-*n.* a sliding door fitted over the gateway of a fortress. किले के फाटक में लगा हुआ ऊपर से नीचे उतरनेवाला दर्वाजा; **Portcullised** (-इ) -*adj.* fitted with a portcullis. खिसकने वाले द्वार से युक्त।

Porte-पोर्ट्-*pref.* meaning 'case.' 'आधार' या 'खाना' अर्थ का उपसर्ग।

Portend-पॅर्टेन्ड्-*v. t.* to foreshadow, to give warning of. शकुन बतलाना, पहिले से सूचना देना।

Portent-पोर्-टॅन्ट्-*n.* an omen, something marvellous. शकुन, अद्भुत घटना; **Portentous** (-अस्)-*adj.* ominous. अशुभ, अद्भुत; **Portentously** (-अस्-लि)-*adv.* in a portentous manner. अपशकुन-युक्त या अशुभ ढंग से।

Porter-पोर्टर् - *n.* (*fem.* **Portress**) a gatekeeper, a luggage-carrier. (प्रतिहारी) द्वारपाल, बोझ ढोनेवाला (मोटिया); **Porterage** (-एज्) -*n.* money paid for carrying luggage. ढुलाई की मजदूरी; **Porterhouse** (-हाउस) -*n.* a restaurant. भोजनालय; **Porterly** (-लि)-*adv.* coarse, vulgar. फूहड़, भद्दा।

Portfire-पोर्ट्-फायर्-*n.* a device for igniting explosives. बारूद में पलीता लगाने की विधि।

Portfolio-पोर्ट्-फ़ो'-लि-ओ-*n.* (*pl.* **Portfolios.**) a portable case for keeping loose sheet of paper, drawings &c., collection of papers connected with a state department, the office of a State Minister. खुले पत्र, नक़्शे इत्यादि बाँधकर रखने का बस्ता, सरकारी कागजात, राज्य के मन्त्री का पद।

Port-hole-पोर्ट्-होल्-*n.* a passage for steam. भाफ़ निकलने का छिद्र।

Portico-पोर्टिको-*n.* (*pl.* **Porticoes.**) a roof supported by pillars. बरामदा, ड्योढ़ी, बरसाती।

Portiere-पॅ-र्-टे-यर्-*n.* a curain over a door way. दरवाजे के ऊपर का पर्दा।

Portion-पोर्शन्-*n.* part, share, allotment, dowry, destiny. अंश, विभाग (बाँट), टुकड़ा, स्त्रीधन, भाग्य;-*v.t.* to divide. भाग करना, बाँटना; **Portioned**(-ड्)-*adj.* divided. विभक्त, बँटा हुआ; **Portionless** (-लेस्)-*adj.*having no portion. अविभक्त; **Portioner** (-अर्)-*n.* a portionist. विभाग करनेवाला; **Portioning** (-इङ्ग्)-*n.* division. विभाग; **Portionless** (-लेस्) -*adj.* shareless. अंशहीन।

Portliness-पोर्ट-लि-नेस्-*n.* the state of being portly. शरीर-गौरव, स्थूलता, गम्भीरता।

Portly-पोर्ट्'-लि-*adj.*bulky, corpulent, stately. स्थूल, मोटा, गम्भीर।

Portmanteau-पोर्ट्-मैन्ट्-ओ-*n.*(*pls.* **Portmanteaux, Portmanteauz.**) a leather bag to carry clothes. वस्त्र रखने का चमड़े का बेग।

Portrait-पोर्'-ट्रेट्-*n.*likeness of a living being made either by photographic process or by drawing. जीवित व्यक्तिका चित्र या तस्वीर; **Portraitist** (-इस्ट्)-*n.* a maker of portraits. चित्र खींचनेवाला;**Portraiture** (-पोर्-ट्रेचर्)-*n.* a portrait. चित्र।

Portray-पो-र्-ट्रे-*v.t.*(*p.t.* **Portrayed.**) to draw, to describe graphically. चित्र बनाना, सुन्दर रीति से वर्णन करना।

Portrayal-पॅ-र्'-ट्रे-अल्-*n.* act of portraying. चित्रलेखन, वर्णन।

Portrayer-पॅ-र्-ट्रे-अर्-*n.* one who paints. चित्रकार।

Portreeve-पोर्ट्-रीव्-*n.*the chief magistrate of a port town. बन्दरगाह के नगर का अध्यक्ष।

Portress-पोर्ट्रेस्-*n.* *fem.* a female porter. स्त्री-द्वारपाल।

Pory-पोरि-*adj.* full of pores. महीन छिद्रोंसे पूर्ण।

Pose-पोज़्-*v. t. & i.* to place in a pose, to puzzle, to bring to a stand, to assume an attitude. किसी विशिष्ट स्थिति में बैठना, व्यग्र करना, खड़ा कर देना, विशिष्ट आकृति धारण करना;-*n.* posture, position, attitude. स्थिति, ढङ्ग, रीति; **Poser** (-अर्)-*n.* a difficult question. कठिन प्रश्न; **Posing** (-इङ्ग्)-*adj.* puzzling. व्यग्र करनेवाला, घबड़ा देनेवाला; **Posingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a puzzling manner. व्यग्रता से, घबड़ा देनेवाले ढंग से।

Posit-पॉज़िट्-*v. t.* to put in position. किसी स्थिति में रखना;-*n.* attitude, situation. स्थिति।

Position-पोजिशन्-*n.* state of being placed, attitude, situation, status. स्थान, पदवी (अवस्था), गौरवपूर्ण स्थिति;-*v. t.* to place in a position. अवस्था या स्थान में रखना; **Out of position** (unnecessary, unfit.) अनावश्यक, अयोग्य **Positional** (-अल्)-*adj.* pertaining to a position. स्थानीय, अवस्था का।

Positive-पॉज़िटिव्-*adj.* explicit, certain, convinced, sure, confident, direct, absolute, downright, opposed to negative.स्पष्ट(स्थिर), निश्चित, निःसन्देह, अचूक, सुनिश्चित, अकपट, पूर्ण, सीधा, ऋण ध्रुव का विपरीत; **Positive degree** (simple state of adjective.) विशेषण का सामान्य रूप (जिसमें 'तरप्', 'तमप्' प्रत्यय जोड़े जाते हैं);**Positive electricity** (electricity excited on glass by rubbing it with silk.)धन बिजली जो शीशे के डण्डे पर रेशम रगड़ने से निकलती है;**Positive laws** (definite laws.) स्थिर नियम; **Positively** (-लि)-*adv.* in a positive manner. स्पष्ट रूप से, वस्तुतः; **Positiveness**; (-नेस्), **Positivity** (-इटि)-*ns.* the state of being positive. दृढ़ निश्चय, पूर्ण विश्वास।

Posology-पॅ-सॅ-लॅ-जि-*n.* the study of the quantity in which drugs are administered. औषधि की मात्रा के प्रयोग की विद्या।

Posse-पॅ-सि-*n.* a company of constables. सिपाहियों का जत्था।

Possess-पॅ-ज़ेस्'-*v. t.* to own, to have, to maintain, to occupy, to accomplish. अधिकार रखना, धारण करना, प्राप्त करना, पूर्ण करना; **Possessed** (-ड्)-*adj.* occupied. अधीन, प्राप्त; **Possessed by spirit** (attacked by a devil.) भूतग्रस्त;**Possession**(-ज़ेशन्)-*n.*a holding of property. अधिकार;**Possessions** (-ज़ेशन्स्) -*n. pl.* wealth, property.धन, सम्पत्ति;**To put in possession** (to have under control.) अधिकार में रखना; **To take possession of** (to own, to occupy.) अधिकार प्राप्त करना, अपनाना;**Possessive**(-इव्)-*adj.*pertaining to possession. अधिकार-सम्बन्धी; **Possessively** (-लि) -*adv.* having possession. अधिकार में रखते हुए; **Possessiveness** (-नेस्)-*n.* the state of being in possession. अधिकार, सम्बन्ध; **Possessor** (-अर्) - *n.* one who possesses, owner. स्वामी, अधिकारी।

Possibility-पॉसिबिलिटि-*n.* (*pl.* **Possibilities.**) the state of being possible. घटना, संभावना।

Possible-पॉ-सि-बल्-*adj.* that may come to pass, tolerable. सम्भव होने योग्य, शक्य; **As far as possible** (as far as can be done.) जहाँ तक सम्भव हो; **Possibly** (-लि) -*adv.* perhaps, may be. कदाचित्, सम्भव है कि।

Possum-पॉ-सम्-*n.* (same as **Opossum.**); **To play possum** (to pretend to be ill.) बीमार होने का बहाना करना।

Post-पोस्ट्-*n.* a strong pole, station, employment, a letter-carrier, letters dispatched, size of paper 26×20 inch, a kind of writing paper. खम्भा, पद, नियुक्ति, डाक ले जानेवाला, डाक में डाली गई चिट्ठी, २६×२० इंच कागज का तख्ता, चिट्ठी लिखने का कागज; -*v. t. & i.* to advertise, to appoint, to travel with speed, to put letters &c. into a post office or letter-box for transmission. प्रकाशित करना, विज्ञापन निकालना, नियुक्त करना, तेज़ी से यात्रा करना, डाकघर में चिट्ठी इत्यादि छोड़ना; used as a *pref.* in the sense of "after, behind." "बाद का" अर्थ-सूचक उपसर्ग।

Postable-पोस्टेबल् - *adj.* to be posted. डाक द्वारा भेजने योग्य।

Postage-पोस्टेज् - *n.* the charge for conveyance by post. डाक-महसूल।

Postal-पोस्टल्-*adj.* connected with the post. डाक का।

Post-bag-पोस्ट्-बैग् - *n.* mail-bag. डाक भेजने का थैला; **Post-box** (-बॉक्स्)-*n.* a letter-box. चिट्ठी छोड़ने का बक्स; **Post-boy** (-बॉय्)-*n.* a rider of post-horses. डाक ले जानेवाला घुड़सवार; **Post-card** (-कार्ड्) - *n.* a stamped card to be sent by post. पोस्ट-कार्ड; **Post-dated** (-डेटेड्) -*adj.* of an after-date. बाद की तारीख का; **Post-entry** (-ऍन्ट्रि) - *n.* a subsequent entry. बाद का प्रवेश (या लेख); **Post-free** (-फ़्री) - *adj.* delivered by the post without payment. बिना महसूल दिये डाक द्वारा भेजने योग्य; **Post-haste** (-हेस्ट्)-*n.* haste in travelling like that of a post. यात्रा में डाक जैसी शीघ्रता; - *adj.* speedy. वेगवान्; - *adv.* with speed in travelling. यात्रा में शीघ्रता के साथ; **Postman** (-मैन्)-*n.* one who delivers letters. डाकिया, चिट्ठीरसाँ; **Post-natal** (-नेन्टल्)- *adj.* occurring after birth. उत्पत्ति के बाद का।

Poster-पोस्टर्-*n.* one who posts, a large advertisement. हरकारा, बड़ा विज्ञापनपत्र।

Posterior-पॉस्टीरिअर् - *adj.* later in time or order. उत्तरकाल का, बाद का; **Posteriority** (इटि) - *n.* the state of being subsequent. बाद में होने की स्थिति; **Posteriorly** (-लि) -*adv.* subsequently. पश्चात्, बाद में।

Posterity-पॅ-स्टॅरिटि-*n.*descendant, succeeding generation. सन्तति (सन्तान), वंश।

Postern-पोस्टर्न्-*n.* back door. घर के पीछे के भाग का फाटक (चोर दर्वाजा); - *adj.* being behind. (गुप्त), पिछला।

Posthumous-पॅ-स्ट्'-यू-मॅस् -*adj.* born after the death of one's father, occurring after death. पिता के मरण के बाद उत्पन्न, मरण के बाद प्रकाशित; **Posthumously** (-लि)-*adv.* after death. मरण के बाद।

Postil-पॅ-स्'- टिल् -*n.* a marginal note, commentary. हाशिये पर की टिप्पणी, टीका।

Postillate-पॅ-स्'-टि-लेट्-*v. t. & i.* to expound a scripture. धार्मिक पुस्तक की व्याख्या करना।

Postillation-पॅ-स्टि-ले'-शन्-*n.* exposition of scripture. धार्मिक पुस्तक की व्याख्या।

Postillion-पॅ-स्टि-ल्'-य-न्-*n.*a rider of a coach-horse. गाड़ी में जुते हुए घोड़े पर का सवार।

Posting-पोस्ट्'-इ-ङ्ग्- *n.* the transferring of accounts to a ledger. खाता-बही में हिसाब लिखना।

Post-liminy-पोस्ट-लिम'-इ-नि-*n.*restoration of property taken in war or alliance. युद्ध में छीनी हुई सम्पत्ति की मेल हो जाने पर वापसी।

Postmaster-पोस्ट्'-मास्ट्-अर्-*n.* the superintendent of a post-office. पोस्ट आफिस का अध्यक्ष।

Postmark-पोस्ट्'-मार्क् - *n.* an official stamp. on letters &c. डाकघर की मुहर।

Postmeridian-पोस्ट्' - मॅरिडिअन् - *adj.* (*abbr.* **P. M.**) after midday. मध्याह्न, दोपहर के बाद।

Post-mortem-पोस्ट्' - मॉर्टम् - *adj.* medical examination after death. मृत्यु के बाद की (डाक्टरी परीक्षा)।

Post-nuptial-पोस्ट्'- नप्शल् - *adj.* happening after marriage.विवाह संस्कार के बाद होनेवाला।

Post-obit-पोस्ट्'-ऑबिट्- *adj.* happening after death. मृत्यु के बाद होनेवाला।

Post-office-पोस्ट्'-ऑफ़िस-*n.* a public department for conveyance of letters &c. डाकघर।

Post-paid-पोस्ट्'-पेड्-*adj.* on which postage has been paid. डाक-महसूल पहिले से दिया हुआ।

Postpone-पोस्ट्'-पोन्-*v. t. & i.* to put off, to delay. विलम्ब करना, टालना; **Postponement** (-मेन्ट्)-*n.* act of deferring. टालने का कार्य; **Postponer** (-अर्)-*n.* one who delays. देर करनेवाला, टालनेवाला।

Post-position-पोस्ट्'-पो-जिशन्- *n.* a particle or word placed after another. प्रत्यय या शब्दांश जो शब्दों में जोड़ा जाता है; **Post-positional** (-अल)-*adj.* pertaining to an affix. प्रत्यय-सम्बन्धी।

Post-positive-पोस्ट्'- पॉज़िटिव् - *adj.* placed after something else. किसी के बाद या पीछे रक्खा हुआ।

Postprandial-पोस्ट्'-प्रैन्-डि-अल्-*adj.* after-dinner. भोजन के बाद का।

Postscript-पोस्ट्'-स्क्रिप्ट्-*n.* (*abbr.* **P. S.**) a paragraph added to a letter after the signature. अनुलेख, लेख जो चिट्ठी समाप्त करने पर लिखा जावे।

Post-town-पोस्ट्-टाउन्-*n.* a town in which there is a post-office. वह नगर जिसमें डाकघर हो।

Postulant-पॉस्'-ट्यू-लन्ट्-*n.* one who offers to be a candidate for religious order. धार्मिक संस्था में प्रवेश करने का प्रार्थी।

Postulate-पॉस्'-ट्यु-लेट्-*n.* fundamental condition, a self-evident proposition, something taken for granted. स्वीकृत पक्ष, स्वयं सिद्ध प्रमाण; -*v. t. & i.* (-लेट्') to assume without proof. स्वयं सिद्ध मान लेना; **Postulation** (-शन्) -*n.* necessary assumption. स्वयं सिद्ध कल्पना; **Postulator** (-टर्) -*n.* one who makes an assumption. स्वीकार करनेवाला; **Postulatory** (-टरि) - *adj.* supplicatory, assumptive. प्रार्थनाकारी।

Postural-पॉस्'-चरल् - *adj.* relating to posture. हाव-भाव संबंधी।

Posture-पॉस्'-चर् - *n.* attitude, condition of body. स्थिति, आसन, स्थान, हावभाव;-*v. t. & i.* to dispose a person's limb in a particular way. किसी मुख्य स्थिति में शरीर को रखना या घुमाना; **Posture-maker**-*n.* (one who practises artificial postures of the body.) नट।

Post-war-पोस्ट्'-वॉर् - *adj.* since 1918. सन् १९१८ के बाद का, युद्ध के बाद का।

Posy-पो'-ज़ि-*n.* a short motto, a bouquet. कहावत, फूलों का गुच्छा।

Pot-पॉट्-*n.* a vessel of metal or earthenware, a jug, a size of paper measuring 15½×12½ inches. धातु या मिट्टी का पात्र या बर्तन, १५½×१२½ इंच नाप का कागज;- *v. t. & i.* (*p. t.* **Potted.**) to put in a vessel, to plant in a pot, to shoot. पात्र में रखना, गमलों में पेड़ लगाना, गोली मारना; **Big pot** (a famous person.) प्रसिद्ध व्यक्ति; **Flower pot** (a vessel to keep flowers.) गुलदान; **Inkpot** (a pot for holding ink.) दावात; **Pot-bellied** (a person with a protuberant belly.) तोंदीला मनुष्य; **Pot-boiler** (one who writes for a living.) जीविका के लिए ग्रन्थ बनानेवाला; **Potful** (-फुल) -*n.* as much as a pot can hold. पात्र भर; **Pot-house** (alehouse.) शराबखाना, कलवरिया; **To make the pot boil** (to make a living.) जीविका जुटाना; **Watering-pot** (a vessel for watering.) पौधों को सींचने का जलपात्र।

Potable-पो'-टे-बल्-*adj.* drinkable. पीने योग्य; **Potables** (-स्)-*n. pl.* articles for drinking. पीने के पदार्थ; **Potableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being drinkable पेयता, पीने की योग्यता।

Potamic-पॅ-टॅम्'-इक्-*adj.* pertaining to rivers. नदी सम्बन्धी।

Potamology-पॅटॅ-मॅ-लॅ-जि-*n.* the science of rivers. नदी-विज्ञान।

Potash-पॅट्'-ऑश्-*n.* an alkaline substance obtained from wood ashes. सज्जी (क्षार), पोटास।

Potassium-पॅ-टॅ-स्'-इ-अम् -*n.* the basic element of potash. पोटास का आधारभूत सत्त्व।

Potation-पो-टे'-शन्-*n.* drinking. पिलाई, पान।

Potato-पॅ-टे'-टो-*n.* (*pl.* **Potatoes.**) a plant whose tubers are used for food. आलू; **Quite the potato** (the proper thing.) योग्य वस्तु।

Potatory-पो-टे'-टरि - *adj.* drinkable. पीने योग्य।

Pot-boy-पॉट्-बॉय्-*n.* a boy employed in a public-house. कलवरिया में काम करनेवाला लड़का; **Pot-companion** -*n.* a companion in drinking. साथ शराब पीनेवाला।

Potency-पो'-टेन्सि-*n.* power, general capability. शक्ति, बल, सामर्थ्य।

Potent-पो'-टेन्ट् - *adj.* powerful, efficient, mighty. प्रबल, प्रभावयुक्त, बलवान्; **Potently** (-लि)-*adv.* बलपूर्वक, शक्ति से।

Potentate-पो'-टेन्-टेट् - *n.* a ruler or monarch. अधिकारी पुरुष, महाराजा।

Potential-पॅ-टेन्-शल्-*adj.* capable of existing, latent. सम्भावित, शक्य; **Potential mood** (subjunctive mood.) विधिलिङ्।

Potentiality-पॅ-टेन्शलिटि-*n.* possibility. सम्भाव्यता; **Potentialize** (-आइज़्)-*v. t.* to make potential. सम्भव करना; **Potentially** (-लि) -*adv.* in possibility. सम्भावना से; **Potentiate** (-एट्)-*v. i.* to make powerful, to make possible. शक्ति प्रदान करना, सम्भव करना।

Potently-पो'-टेन्ट्-लि -*adj.* powerfully. शक्ति या सामर्थ्य से।

Pother-पॉद्'-अर्-*n.*noise, bustle, din. शोर-गुल, हल्ला, हुल्लड़;-*v. t.* to harass, to trouble. कष्ट देना, पीड़ा देना।

Potion-पो-शन्-*n.* a dose or draught of medicine. पीने की औषध की एक मात्रा।

Potsherd-पॉट्'शर्ड्-*n.* a broken piece of a pot. बर्तन का टूटा हुआ टुकड़ा ।

Pott-पॉट्-same as **'Pot'** as applied to the special size of paper. कागज की एक नाप ।

Pottage-पॉ-ट्'-ऍ-ज्-*n.* meat soup. मांस का शोरबा या रसा ।

Potter-पॉ-ट्-अ-र्-*n.* one who makes earthenware vessels. कुम्हार;-*v. t.* to work in an indifferent manner, to loiter, to trifle. लापरवाही से काम करना, बेगारी करना, मटकना, ओछा काम करना; **Potter's wheel** (the wheel on which a potter makes pots &c.) कुम्हार की चाक ।

Pottery-पॉट्-अरि-*n.*earthenware, the business of a potter, a place where earthenware is prepared. मिट्टी के बर्तन, कुम्हार का व्यापार, कुम्हार का बर्तन बनाने का स्थान ।

Potting-पॉ-ट्'इ-ङ्ग्-*n.*drinking, planting in a pot. मदिरा पीना, गमले में पेड़ लगाना ।

Pottle-पॉ-ट्'-ल्-*n.* half-a-gallon, measure for liquids, a small wickerwork basket. तरल पदार्थ की प्रायः अढ़ाई सेर की नाप, बाँस की टोकरी ।

Potty-पॉ-ट्'-इ-*adj.* insignificant. तुच्छ ।

Potulent-पॉट्'-यु-लॅन्ट् -*adj.* tipsy. थोड़ी शराब पीये हुए ।

Pouch-पाउच्-*n.* a small bag or pocket, a bag-like cavity, protuberant belly. छोटी थली, थैली के आकार की वस्तु, तोंद;-*v. t. & i.* to keep in a pouch, to hang like a pouch. थैली में रखना, थैली की तरह लटकना; **Pouched** (-ड्) - *adj.* provided with a pouch. थैलीदार; **Pouchy** (-इ) -*adj.* having pouch. थैलीदार ।

Poudrette-पू-ड्रॅ-ट्-*n.* manure of night-soil. विष्ठा की खाद ।

Pouf-पूफ्-*n.* also (**Pouffe.**) a woman's pad of hair. स्त्रियों का ऊँचा जूड़ा ।

Poult-पोल्ट्-*n.* a young fowl. छोटा मुर्गा ।

Poulterer-पोल्ट्'-अरर्-*n.* one who deals in poultry. मुर्गा बेचनेवाला ।

Poultice-पो-ल्'-टि-स्-*n.*a soft mass of linseed &c. spread on cloth to be applied to tumours. पुल्टिस, प्रलेप; -*v. t.* to apply a poultice to. पुल्टिस लगाना ।

Poultry-पोल्ट्रि-*n.* domestic fowls. घरेलू मुर्गी, बत्तख इत्यादि ।

Pounce-पाउन्स्-*n.* a claw or talon of a bird of prey, fine powder dusted over perforated pattern for transferring it to cloth &c. शिकारी पक्षी का पंजा, महीन बुकनी जो छेदी हुई तस्वीर से रगड़कर कपड़े इत्यादि पर उतारी जाती है ;-*v. t. & i.* to make a sudden attack upon, to emboss with pumice or pounce, to sprinkle with pounce. आक्रमण करना, चमकाना, बुकनी छिड़ककर तस्वीर उतारना ।

Pound-पाउन्ड्-*n.* a measure of weight 16. oz. avoirdupois and 12 oz. troy (*abbr.* lb = *libra.*), a coin worth 20 shillings (written £.) आध सेर का वजन, सोने का अंग्रेजी सिक्का जिसका मूल्य प्रायः १५) रुपया होता है; -*v. t.* to test the weight of coins by weighing the number that ought to weigh a pound. सिक्के का वजन नापना; **Penny wise and pound foolish** (negligent in regard to large sums but careful in saving small ones.) छोटे-छोटे व्यय में किफ़ायत करना और बड़ी रकम उड़ाना (मुहरें लुटें और कोयले पर छाप लगे) ।

Pound-पाउन्ड्-*n.* an enclosure for animals, a place of confinement. पशुओं को बन्द करने का बाड़ा, बन्धन-स्थान;-*v. t. & i.* to confine in a pound, to crush or bruise with pestle. बाड़े में बन्द करना (घेरना), लोढ़े से कूचना, पीसना या बुकनी बनाना ।

Poundage-पाउन्ड्'-एँज्-*n.* so much allowance per pound. कमीशन फ़ी पाउण्ड ।

Pounder-पाउन्ड्'-अर्-*n.* a pestle. मूसल, लोढ़ा।

Pour-पोर्-*v. t. & i.* to cause to flow, to empty a thing out of any vessel, to run in a crowd, to issue in a stream, to discharge in a continuous flow. धार गिराना, उँडेलना, भीड़ मचाना, मूसलधार बरसना; - *n.* a heavy downpour of rain. मूसलाधार वृष्टि; **It never rains but it pours** (misfortunes always come together.) आपत्तियाँ एक साथ ही आती हैं; **To pour cold water on** (to discourage.) हताश करना;**To pour oil upon troubled waters** (to calm disturbance.) विघ्न शान्त करना; **To pour forth arrows** (to make continuous discharge of arrows.) लगातार तीर बरसाना ।

Poussette-पू-सेँट्'-*n.* a country dance in pairs. एक प्रकार का स्त्री-पुरुष के जोड़े का देहाती नाच ।

Pout-पाउट्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली;-*v. t. & i.* to thrust out lips as a sign of displeasure. क्रोध से ओंठ फुलाना;-*n.* sulkiness. उदासीनता ।

Pouter-पाउटर्-*n.* a kind of pigeon. एक प्रकार का कबूतर ।

Pouting-पाउ-टिङ्ग्-*n.* obstinacy of children. बच्चों का हठ ।

Poutingly-पाउ टिङ्ग् -लि-*adv.* with lips throbbing. ओंठ फड़काते हुए ।

Poverty-पॉवर्टि-*n* scarcity, need, indigence. दरिद्रता, निर्धनता, कमी, दीनता; **Reduced to poverty** (reduced to poorness.) दरिद्र बना दिया गया या बन गया हुआ; **Struck with poverty** (reduced to a state of poverty.) दरिद्रताग्रस्त ।

Powder-पाउ'-डर्-*n.* dry particles reduced to dust, gunpowder. चूर्ण, बुकनी, बारूद; -*v. t.* to reduce to dust, to pulverize. चूर्ण करना, बुकनी करना; **Not worth powder and shot** (not worthy of fighting.) युद्ध न करने योग्य; **To reduce to powder.** बुकनी बनाना; **Powder-box** (-बॉक्स्) -*n.* a box in which powder for the toilet is kept. सिंगार का पाउडर रखने की डिबिया; **Powder-cart** -*n.* a cart used for carrying powder and shot. गोली-बारूद ढोने की ठेला गाड़ी; **Powder-flask** (-फ्लास्क्)-*n.* a horn for gunpowder. बारूद की कुप्पी; **Powder magazine** (-मैगज़ीन्) - *n.* a place where gunpowder is stored. बारूद रखने का घर; **Powder-mill** (-मिल्)-*n.* a mill in which gunpowder is made. बारूद बनाने का कारखाना; **Powder-room** (-रूम्) - *n.* a room in a ship in which gunpowder is kept. जहाज़ में बारूद रखने की कोठरी; **Powdery** (-इ) -*adj.* resembling powder. बुकनी के समान ।

Power-पावर्-*n.* ability of performing an action, particular mental or bodily faculty, capacity, strength, energy, legal authority, a ruler, military force, dominion, government, influence, (*math.*) the product arising from the multiplication of a number by itself. कार्य करने की योग्यता, विशेष मानसिक या शारीरिक शक्ति, सामर्थ्य, विभव, वैध अधिकार, शासक, सेना, राज्य, शासन, प्रभाव (गणित में घात); **According to one's power** (as far as one can do.) यथाशक्ति; **Balance of power** (having no state greatly preponderant.) राज्यों की समशक्ति; **In one's power** (under one's control.) अपने अधीन; **Power-house (-station)**-*n.* the central station where electrical or other power is generated. यन्त्र द्वारा शक्ति उत्पन्न करने का स्थान; **Power-mill** (a mill run by mechanical powder.) इञ्जन से चलनेवाली चक्की; **Power of thinking** (thinking faculty.) विचार-शक्ति ; **The mechanical powers** (mechanical energy.) यन्त्र-बल; **To exercise power over** (to have sway over.) वश में करना, अधीन करना ।

Powerful-पावर्-फुल् - *adj.* intense, potent efficacious. बलवान्, शक्तिमान्, प्रबल, शूरवीर; **Powerfully** (-फुलि) -*adv.* in a powerful manner. शक्ति या सामर्थ्य से; **Powerfulness** (-फुल-नेस्)-*n.* the quality of being powerful. शक्ति, सामर्थ्य; **Powerless** (-लेस्) -*adj.* without power. शक्तिहीन, निर्बल ; **Powerlessly**(-लेस्-लि)-*adv.* in a powerless manner. निर्बलता से; **Powerlessness**(-लेस्-नेस्) -*n.* the state of being powerless. असामर्थ्य; **Power-loom** (-लूम्)-*n.* a loom which is moved by mechanical power. यन्त्र से चलनेवाला करघा ।

Pox-पॉक्स्-*n.* syphillis, a disease in which pustules appear on the body. उपदंश, गर्मी, दाना निकलने का रोग, चेचक ।

Practicability -see **Practicable.**

Practicable-प्रैक्टिकेब्ल् -*adj.* that can be done or performed, feasible. करणीय, (सुखसाध्य) करने योग्य; **Practicability** (-इटि), **Practicableness** (-नेस्) -*ns.* the state of being practicable. सम्भावना; **Practicably** (-केब्-लि) - *adv.* in a possible manner. सम्भाव्यता से ।

Practical-प्रैक्टिकल् - *adj.* concerned with practice, trained by practice, inclined to action. अभ्यासिक, व्यवहार में लाने योग्य; **Practical knowledge** (worldly knowledge.) व्यावहारिक ज्ञान ;**Practical scheme** (a scheme able to be used in practice.) व्यवहार के योग्य उपाय; **Practical teacher** (a teacher competent in teaching.) शिक्षा-प्रयोग में निपुण ।

Practicality-प्रैक्टिकैलिटि-*n.* the quality of being practical. व्यावहारिकता ।

Practically-प्रैक्टिकलि -*adv.* in a practical manner. व्यवहार से, कार्यदक्षता से ।

Practicalness-प्रैक्टिकल्नेस् -*n.* practicality. व्यवहार-कुशलता ।

Practice-प्रैक्टिस्-*n.* habitual action, custom, constant use in an art, professional work, an easy way of solving some arithmetical problems. सम्प्रदाय (रीति), अभ्यास (प्रयोग), आचरण, व्यवसाय, व्यवहार गणित; **Bad practice.** दुराचार; **Family practice** (custom peculiar in a family.) कुल परम्परा; **Practice of arms** (military practice.) शस्त्रों का अभ्यास; **To put into practice**(to carry out.) प्रवृत्त करना ।

Practician-प्रैक्टिशयन्-*n.* the working class. काम करनेवाले मनुष्य ।

Practise-प्रै-क्टिस् -*v. t. & i.* to perform

habitually, to pursue, to exercise as a profession or art. अभ्यास करना, उद्यम करना, जीविका चलाना; **Practised** (-ड्)-*adj.* skilled in practice अभ्यस्त।

Practising-प्रैक्टिसिङ्ग्-*adj.* engaged in employment. अभ्यास करनेवाला।

Practitioner - प्रैक्टिशनर् - *n.* a professional worker, one engaged in an art. व्यवसायी, व्यवहार में निपुण मनुष्य।

Praecocial-प्री-को'-शल्-*adj.* pertaining to birds whose young ones feed themselves as soon as they come out of eggs. ऐसे पक्षियों का जिनके बच्चे अंडे से निकलते ही स्वयं खाने लगते हैं।

Pragmatic, Pragmatical-प्रैग्मैटिक्, (-अल) -*adjs.* forward, meddling. धृष्ट, बिना अधिकार के विघ्न डालनेवाला; **Pragmaticality** (-अल्-इ-टि)-*n.* impertinence. धृष्टता; **Pragmatically** (-अलि)-*adv.* in a meddling manner. धृष्टता से; **Pragmaticalness** (-अल्-नेस्) -*n.* the quality of being pragmatical. धृष्टता।

Pragmatism-प्रैग्'- मॅ - टिज्म् - *n.* pedantry. पाण्डित्य का दर्प, दम्भ; **Pragmatist** (-टिस्ट्) -*adj.* meddlesome. अभिमानी, दम्भी; **Pragmatistic** (-टिस्ट्-इक्) - *adj.* pertaining to pedantry. दम्भ सम्बन्धी; **Pragmatize** (-टाइज़्) -*v. t.* to represent as real. सच्चा दरसाना।

Prairie-प्रे' - रि - *n.* grassland of North America. उत्तरी अमेरिका का घास का मैदान।

Praisable-प्रेज़्'-ऍ-बल्-*adj.* deserving praise. प्रशंसनीय, प्रशंसा के योग्य।

Praise-प्रेज़्-*v. t.* to glorify, to extol the merits of, to applaud. प्रशंसा करना, स्तुति करना, बड़ाई करना, सराहना ;-*n.* commendation, approbation. प्रशंसा, स्तुति, बड़ाई।

Praiser-प्रेज़र्-*n.* one who extols. स्तुति करनेवाला।

Praiseful-प्रेज़्'-फ़ुल्-*adj.* glorious. प्रशंसापूर्ण; **Praisefulness** (-नेस्)-*n.* the state of being praiseful. स्तुतिपूर्णता; **Praiseless** (-लेस्) -*adj.* without praise. प्रशंसाहीन; **Praiseworthily** (-वर्दि-लि)-*adv.* in a praiseworthy manner. प्रशंसनीय ढंग से; **Praise-worthiness** (-वर्दि-नेस्)-*n.* the state of being praiseworthy. स्तुति, प्रशंसनीयता, सराहनीयता।

Praiseworthy-प्रेज़्-वर्दि-*adj.* laudable, worthy of praise. स्तुति योग्य, सराहने योग्य।

Praline-प्रा'-लीन्-*n.* a kind of sweetmeat. एक प्रकार की मिठाई (गरी की बर्फी)।

Pram-प्रैम्-*n.* perambulator a milk man's hand-cart. बच्चों को घुमाने की गाड़ी, ग्वाले की ठेलागाड़ी।

Prance-प्रैन्स्-*v. t. & i.* to spring on hind legs, to behave in an arrogant manner. (घोड़ेका) पिछले पैरों पर उछलना, धृष्टता से व्यवहार करना; -*n.* a prancing movement. उछल-कूद, छलाँग।

Prancing-प्रैन्सिङ्ग्-*n.* a springing or bounding movement. उछल-कूद ; **Prancingly** (-लि)-*adv.* in a prancing manner. उछल-कूद करते हुए।

Prandial-प्रैन्डिअल्-*adj.* pertaining to dinner. भोजन सम्बन्धी।

Prank-प्रैङ्क्-*n.* a practical joke, a frolic. (क्रीड़ा) हाथापाई, खेल-कूद ;-*v. t.* to decorate, to adorn in a showy manner. साजना, सजाना; **Idle prank** (mad frolic.) वानर-क्रीड़ा; **Mischievous prank** (an erratic action.) बदमाशी; **Prankful** (-फ़ुल्)-*adj.* full of gambol. चपलतापूर्ण; **Prankish** (-इश्)-*adj.* full of pranks. खेल-कूद सम्बन्धी ; **Prankishness** (- इश्-नेस्) - *n.* frolicsomeness. चपलता।

Prate-प्रेट्-*v. t. & i.* to chatter, to talk idly. बड़बड़ करना, वृथा बकवाद करना; -*n.* useless talk. बकवाद करना।

Prater-प्रेटर्-*n.* one who prates. बकवादी।

Prating-प्रेटिङ्ग्-*n.* an idle talk. बकवाद।

Pratincole-प्रैं-ट्'-इन्को-ल्-*n.* a swallow-like bird. पपीहे के प्रकार की एक चिड़िया।

Pratique-प्रैटिक्-*n.* licence to hold trade after quarantine. जहाज़ शुद्ध करने के बाद व्यापार करने की आज्ञा।

Prattle-प्रॉ-ट्ल्-*v. i. & t.* to talk in a childish manner, to talk idly. बालकों की तरह बड़-बड़ाना, प्रलाप करना;-*n.* an idle talk. बड़बड़; **Prattler** (-अर्)-*n.* one who prattles. बड़बड़िया मनुष्य; **Prattling** (-इङ्ग्)-*adj.* talking idly बकवादी, बड़बड़िया।

Pravity-प्रैविटि-*n.* corruptness, depravity. भ्रष्टता, नीचता।

Prawn-प्रॉन्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Praxis-प्रैक्सिस्-*n.* an accepted practice or custom. अभ्यास, आदत।

Pray-प्रे-*v. t. & i.* (*p. t* **Prayed.**) to beseech earnestly, to entreat, to petition, to beg. स्तुति (आराधना) करना, प्रार्थना करना, विनती करना।

Prayer-प्रेअर्-*n.* solemn address to God asking for favour. प्रार्थना (स्तोत्र), उपासना,

बिनती; **Prayer-book** (a book containing prayers.) भजन की पुस्तक; **Prayerful** (-फ़ुल्) *-adj.* devotional. आराधनापूर्ण; **Prayerfully** (-फ़ुलि) *- adv.* in a prayerful manner. आराधनापूर्ण ढंग से; **Prayerfulness** (-फ़ुल्-नस्)*-n.* the state of being prayerful. स्तोत्र-पूर्णता; **Prayerless** (-लेस्)*-adj.* neglecting prayers. आराधनाहीन ; **Prayerlessness** (-लेस्-नेस्)*-n.* the state of being prayerless. स्तुतिहीनता ।

Praying-प्रे-इङ्ग्*-n.* prayer, request. स्तुति, प्रार्थना ।

Pre-प्रि*-pref.* in sense of 'before.' 'पूर्व' अर्थ का उपसर्ग ।

Preach-प्रीच्*-v. i. & t.* to deliver a sermon publicly, to give moral advice, to proclaim. धर्म का उपदेश देना, धर्म सम्बन्धी शिक्षा देना; **To preach down** (to put down by preaching.) उपदेश देकर नीचा दिखलाना; **To preach up** (to praise, to extol.) प्रशंसा करना; **Preachable** (-ऍ-बुल्) *- adj.* worth preaching. उपदेश देने योग्य; **Preacher** (-अर्) *-n* .one who discusses on religious matters. उपदेशक, धर्मशासक; **Preachership** (-शिप्)*-n.* the office of a preacher. उपदेशक का पद ।

Preachify-प्रीच्चि-फ़ाइ*-v. i.* to preach tediously. अरुचिकर उपदेश देना ।

Preaching-प्रीचिङ्ग्*-n.* instruction. उपदेश, शिक्षा ।

Preacquaintance-प्री-ऑक्वेन्टन्स्*-n.* previous acquaintance. पूर्व-परिचय, पहले की जान-पहचान ।

Preacquainted-प्री-ऑक्वेन्टेड्*-adj* acquainted previously. पहिले का परिचित ।

Preadministration - प्री - ऑड्मिनिस्ट्रेशन् *- n.* previous administration. पूर्व शासन ।

Preadmonition-प्री'-ऑड्-मॉ -निशन्*-n.* previous warning. पूर्वसूचना या चेतावनी ।

Preamble-प्री-ऑम्बुल्*-n.* preliminary statement, introduction, preface. प्रस्तावना, भूमिका;*-v. i.* to make a preface. भूमिका लिखना ।

Preambulate - प्री - ऑम्बुलेट् *- v. i.* to walk before. आगे-आगे जाना; **Preambulation** (-लेशन्) *- n.* walking before. अग्रगमन; **Preambulatory** (-लेटरि)*-adj.* preceding, of a preface. आगे का, प्रस्तावना संबंधी ।

Preappoint-प्री-अ-पॉयेन्ट्'*-v. t.* to appoint previously. पहिले से नियुक्ति करना; **Preappointment** (-मेन्ट्) *- n.* previous appointment. पूर्वनियुक्ति ।

Preapprehension-प्री-ऑप्रि-हेन्शन्*-n.* opinion which is formed before examination. परीक्षा करने के पहिले स्थिर की हुई धारणा ।

Prebend-प्रे-बेन्ड्*-n.* a part of the revenue of a church or cathedral granted to a clergyman. पादरी को दी हुई वृत्ति; **Prebendal** (-अल्)*-adj.* pertaining to a prebend. याजक-वृत्ति संबंधी ; **Prebendary***-n.* a prebend-holder. याजक-वृत्ति-धारी ।

Precarious-प्रि-के-रि-अस्*-adj.* dependent on chance, unsettled, uncertain, perilous सन्दिग्ध, अस्थिर, अनिश्चित, संकटपूर्ण; **Precariously** (-लि)*-adv.* in an unsettled manner. सन्दिग्धता से; **Precariousness** (-नेस्)*-n.* the state of being unsettled. सन्दिग्धता ।

Precative-प्रे'के टिव्*-adj.* expressing entreaty. प्रार्थनात्मक ।

Precatory - प्रेकेटरि *- adj.* making entreaty. प्रार्थनापूर्ण, विनती करनेवाला ।

Precaution-प्रि-कॉ'-शन्*-n.* caution beforehand, a preventive measure. पूर्वचिन्ता, निवारण का उपाय;*-v. t.* to warn beforehand. पहिले से सावधान करना ; **Precautionary** (-अरि)*-adj.* of the nature of precaution. पूर्वविचार सम्बन्धी ।

Precautious-प्रि-कॉ'-शस्*-adj.* suggesting caution beforehand. पहिले से सचेत; **Precautiously** (-लि)*-adj.* with previous precaution. पहिले से सचेत होते हुए ।

Precede-प्री-सीड्'*-v. t. & i.* to go before in rank or importance. आगे जाना, पूर्व में होना; **Precedence** (- डन्स्) *- n.* the act of going before. अग्रगमन (प्रथमता) ।

Precedent-प्रि-सि-डेन्ट्*-n.* previous decision. पहिले का न्याय, नज़ीर; **Precedented** (-ऐड्) *-adj.* having a precedent. पूर्व दृष्टान्त से स्थिर; **Precedently** (-लि) *-adv.* serving as a precedent. पूर्व दृष्टान्त के रूप में ।

Preceding - प्रि - सीडिङ्ग् *- adj.* antecedent, going before. पूर्व का, पहिला ।

Precentor-प्रिसेन्टर्*-n.* one who leads the singing of a choir. मुख्य गायक, राग आरम्भ करनेवाला ; **Precentorship** (-शिप्)*-n.* the office of a precentory. मुख्य गायक का पद; **Precentrix**- प्रिसेन्ट्रिक्स् *- n. fem.* a female precentor. मुख्य गायिका ।

Precept-प्री'-सेप्ट्*-n.* a command, maxim, rule of action. आज्ञा, नियम (उपदेश), मर्यादा; **Moral precepts** (ethical maxims.) नीतिवचन ; **Preceptive** (-इव्) *- adj.* con-

sisting of precepts. नियमों से युक्त; **Preceptor** (-अर्) - *n.* an instructor, a teacher. उपदेशक, गुरु; **Preceptorial** (-टोरिअल्) *-adj.* pertaining to a preceptor. गुरु-सम्बन्धी; **Preceptory** (-टरि) - *adj.* giving precepts. अनुशासक; **Preceptress** (-ट्रेस्)-*n. fem.* a female teacher. गुरुआइन, अध्यापिका।

Precession - प्रिसेशन् - *n.* the act of going before. अग्रगमन; **Precession of the equinoxes** (the shifting of equinoctial points from east to west.) अयन गति, अयन चलन।

Precinct-प्री'-सिङ्क्ट्-*n.* the space enclosed by a boundary;-(*pl.*) environs of a district &c. सीमा, मेंड़, सिवाना; (ब० व०) सीमाप्रान्त।

Precious - प्रेशस् - *adj.* valuable, costly, of great value or worth. बहुमूल्य, उत्कृष्ट, अनमोल; **Precious metals** (gold, silver &c.) सोना चाँदी इत्यादि ; **Precious stone** (a gem.) रत्न, जवाहिरात ; **Preciously** (-लि) *-adv.* in a precious manner. बहुमूल्यता से; **Preciousness** (- नेस्) - *n.* valuableness. बहुमूल्यता।

Precipice-प्रेसिपिस्-*n.* the steep face of a rock or mountain, an abrupt descent. करारा, पर्वत या चट्टान की खड़ी दीवार।

Precipient-प्रे-सि-पिऍन्ट् - *adj.* commanding. शासक।

Precipitate-प्रे-सि-पि-टेट्-*n.* a deposit obtained from a solution, condensed moisture. तलछट, तरल पदार्थ; जमी हुई भाप।

Precipitability-प्रेसिपिटेबिलिटि - *n.* the state of being precipitable. जमाव, तलछट बैठ जाने की स्थिति।

Precipitable-प्रेसिपिटेबल् - *adj.* able to be precipitated. तलछट जमाने योग्य।

Precipitant-प्रे-सि-पि-टॅन्ट् -*n.* a body precipitated. नीचे जमा हुआ पदार्थ।

Precipitance-प्रे-सि-पि-टॅन्स् -*n.* precipitancy, rash, haste. साहस, शीघ्रता; **Precipitancy** (-टॅन्-सि), **Precipitateness** (-टेट्-नेस्) *-ns.* the quality of being precipitate. प्रबलता।

Precipitate-प्रे-सि - पिटेट् - *adj.* headlong, rapid, hasty. साहसी, प्रबल ;-*v. t.* to throw headlong, to hurl, to condense, to be deposited in a solid form. वेग से नीचे को गिराना, मारना, ठोस होना, पेंदी में बैठ जाना; **Precipitately** (-लि)-*adv.* in a rapid manner. प्रबलता से, साहस से; **Precipitation** (-टे-शन्) *-n.* the act of precipitating. अध:पतन, शीघ्रता ; **Precipitator** (- टेन्-टर्) -*n.* that which precipitates. तलछट बैठानेवाला।

Precipitous-प्र-सि-पिटस्-*adj.* steep, abrupt. बहुत खड़ा, करारे का; **Precipitously** (-लि) *-adv.* in a steep manner. खड़ेपन से; **Precipitousness** (-नेस्) - *n.* the state of being steep. करारापन, खड़ापन।

Precis-प्रे'-सी-*n.* a summary or abstract. सार, संक्षेप।

Precise--प्रि-साइस्'-*adj.* definite, exact, accurate. निश्चित, यथार्थ, विधिपूर्वक (ठीक); **Precisely** (-लि)-*adv.* in a precise manner. उचित रीति से, ठीक-ठीक; **Preciseness** (-नेस्)-*n.* the quality of being precise. यथार्थता, शुद्धता।

Precisian-प्रि-सिज़न्- *n.* one who is strictly precise and exact. नियमपूर्वक कार्य करनेवाला।

Range-रेन्ज्-*v. t.* & *i.* to arrange in a row, to run in a line, to extend, to wander, to go about, to be placed in order. पंक्ति में रखना, पांत में चलना, फैलाना, क्रम में रक्खा जाना;-*n.* a row, a line, series, wandering. scope. श्रेणी, पंक्ति, वर्ग, पर्यटन, फैलाव; **Ranging fancy** (inconstant affection.)अस्थिर प्रेम।

Range-finder-रेन्ज्'-फाइन्ड्-अर्-*n.* a device for ascertaining distance. निशाना लगाने की दूरी जानने का यन्त्र।

Ranger-रेन्जर्-*n.*the keeper of a park. बगीचे का रखवाला; **Rangers** (-स्)-*n. pl.* mounted riflemen trained to fight on foot. घुड़सवार सिपाही जिनको पैदल सिपाही की भाँति लड़ने की शिक्षा दी जाती है ;**Rangership** (-शिप्) -*n.* the post of a ranger. रखवाले का पद।

Ranine-रेनाइन्-*adj.* like a frog. मेढक के समान।

Rank-रैङ्क *n.* a row, line, division, number of soldiers in a line, order, array, dignity, excellence.श्रेणी, पंक्ति, विभाग, सेना की पंक्ति, क्रम, स्थिति, प्रबन्ध, मर्यादा, उत्तमता;-*v. t.* & *i.* to place in a line. पंक्ति - क्रम से रखना, कतार बाँधना;-*adj.* fertile, excessive, foul smelling. उपजाऊ, चतुर, उग्र गन्ध का; **A man of rank** (a man of high birth.) कुलीन मनुष्य।

Rankly-रैङ्क्'-लि-*adv.* in a rank manner. गन्दगी से; **Rankness** (-नेस्)-*n.* the quality of being rank. दुर्गन्ध।

Rankle-रैङ्क्'-कल् -*v. t.* & *i.* to fester, to give constant pain, to irritate. दूषित करना, निरन्तर कष्ट देना, भड़काना।

Ransack-रैन्'-सैक्-*v. t.* to make a thorough search, to pilfer, to plunder. छान बीन करना, ठगना, लूटना।

Ransom-रैन्सम्-*n.* release from prison on consideration of some money, the fine paid for pardon. निस्तार, मुक्ति, बन्दी को छुड़ाने के लिये दिया हुआ धन;-*v. t.* to redeem from bondage. धन देकर मुक्त करना; **Ransomer** (-अर्)-*n.* a redeemer. निस्तार करनेवाला।

Rant-रैन्ट्-*n.*empty talk. व्यर्थ की बकवाद;-*v.i.* & *t.* to talk in a boisterous manner. बकवाद करना, बड़बड़ाना; **Ranter** (-अर्)-*n.* a noisy prattler. बकवादी, बड़बड़िया; **Rantingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* talking boisterously. बड़बड़ करते हुए; **Ranty** (-इ) - *adj.* noisy, boisterous. कोलाहली, उपद्रवी।

Ranula-रैं'-न्युला -*n.* a swelling under the tongue. जीभ के नीचे की सूजन।

Ranunculus-रनन्क्यूलस्-*n.* a kind of plant with flowers. एक फूलनेवाला पौधा।

Rap-रैप्-*n.* a sharp blow, sound made by a knocker, a small bit. थप्पड़, दरवाजे की खड़खड़ाहट, छोटा टुकड़ा; - *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Rapped**.) to strike with a sharp blow, to utter sharply, to use a strong language. जोर से मारना, चिल्ला उठना, गाली देना।

Rapacious-र'-पे' - शस् - *adj.* voracious, greedy. लुटेरा, लालची; **Rapaciously** (-लि) -*adv.* in a rapacious manner. अतिलोभ से, लूटने की इच्छा से; **Rapaciousness** (-नेस्)-*n.* greediness. अति लोभ, लालच।

Rapacity-र-पॅ'-सि-टि-*n.* greediness, addictedness to plunder. लालच, लोभ, लुटेरापन।

Rape-रेप्-*v. t.* to take away by force, to ravish लूटना, बलात्कार करना;-*n.* the ravishing or violation of a woman, a carrying away by force. किसी स्त्री के साथ बलात्कार, बलपूर्वक ले जाना;-*n.* a kind of plant, refuse of grapes. एक प्रकार का पौधा, अंगूर का मदिरा बनाने के बाद का खूद।

Rapid-रैपिड्--*adj.* swift, fast, quick, acting in a very short time. वेगयुक्त, शीघ्र, तीव्र, जल्दी से करनेवाला;-*n.* a strong current of river, a water-fall. नदी की तीव्र धारा, झरना, प्रपात।

Rapidity-रैपिडिटि, **Rapidness** (-नेस्)-*ns.* swiftness. शीघ्रता, वेग।

Rapidly-रैपिड्लि-*adv.* in a rapid manner. शीघ्रता से, तेजी से।

Rapier-रे' - पि-अर् - *n.* small sword used for thrusting. भोंकने की छोटी तलवार।

Rapine-रैपाइन्-*n.* act of plundering, robbery. लूटने का कार्य, लुटेरापन।

Rappee-रैपी-*n.* a kind of snuff. एक प्रकार की सुँघनी।

Rapport-रैपॉर्ट् - *n.* relationship. सम्बन्ध, नातेदारी।

Rapscallion-रैप्स्-कै-ल्यन्-*n.* a rogue, a rascal. दुष्ट, शठ।

Rapt-रैप्ट्-*adj.* (*p. p* of **Rap.**) transported, carried away, absorbed. आनन्दित, भेजा हुआ, लीन, निमग्न।

Raptorial - रैप्टोरिअल् - *adj.* pertaining to birds of prey. शिकारी चिड़ियों का।

Rapture-रैप्चर्-*n.* extreme delight, ecstasy. अत्यन्त हर्ष, आनन्द।

Raptured-रैप्चर्ड् - *adj.* transported. हर्ष से उन्मत्त।

Rapturous-रैप्चरस् - *adj.* ravishing. अति प्रसन्न ; **Rapturously** (-लि) *-adv.* in a rapturous manner. आनन्दपूर्वक।

Raraavis-रे-र्'-अ-ए-विस्-*n.* rarity, a rare bird or obiect. दुर्लभता, दुर्लभ पक्षी या पदार्थ।

Rare-रेअर्-*adj.* not dense, unusual, uncommon, of uncommon excellence, very amusing. विरल, अपूर्व, अतुल्य, अनूठा, आनन्ददायक; **Rarely** (-लि) *adv.* seldom, not often. कभी-कभी, कदाचित्; **Rareness** (-नेस्) *-n.* the state of being rare. दुर्लभता, अपूर्वता।

Rarity-रेअरिटि-*n.* (*pl.* **Rarities.**) uncommon thing, rareness. अपूर्व वस्तु, अपूर्वता, चमत्कार।

Rascal-रैस्कल-*n.* a mean fellow, a rogue, a knave. दुर्जन (नीच), दुष्ट, पापी; **Rascalism** (-इज़्म्) - *n.* knavishness. दुष्टता, नीचता; **Rascality** (-इट्-इ) *-n.* villainy, baseness. शठता, नीचता; **Rascally** (-लि)*-adj.* vile, worthless. नीच, दुष्ट।

Rase-रेज़्-*v. t.* to wound slightly, to erase. घायल करना, मिटाना; see **Raze.**

Rash-रैश्-*n.*an eruption of skin in patches. ददोरा, चकत्ता; - *adj.* hasty, headstrong, reckless. उतावला, अविवेकी, अदूरदर्शी; **Raslhy** (-लि)*-adv.* hastily. उतावलेपन से; **Rashness**(-नेस्)*-n.* foolhardiness, rash action. अविवेक, अविचार (धृष्टता)।

Rasher-रैशर्-*n.* a slice of bacon. सुअर के मांस का टुकड़ा।

Rasorial - रै - सो - रिअल् - *adj.* scratching. खुरचता हुआ।

Rasp-रैस्प्-*n.* a scraper. मोटी रेती, चोसा;-*v. t.* *& i.* to scrape off, to make a grating sound. चोसे से रेतना, खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Raspatory-रैस्पेटॉरि-*n.* a surgeon's rasp. जर्राही में प्रयोग करने का चोसा।

Raspberry-रज़्'-बे - रि - *n.* a plant yielding small juicy berries. रसभरी, गुलाबजामुन; **Raspberry vinegar** (a preparation of raspberry and vinegar.) रसभरी और सिरके की चटनी।

Rasper-रैस्पर्-*n.* a scraper.खुरचने का औजार।

Rasure-रेज़र् - *n.* act of scraping. खुरचने का कार्य।

Rat-रैट्-*n.* a small rodent of the mouse kind, a deserter. मूषक, चूहा, साथ छोड़नेवाला; *-v. i.*(*p. t.* **Ratted.**) to catch or kill rats. चूहा फँसाना या मारना; **I smell a rat** (I see something suspicious.) मुझे कुछ शक हो रहा है; **Musk-rat** (musquash.) छछूँदर; **Rat-trap** (an apparatus for catching rats.) मुसदानी।

Rata-राटा-*n.* a kind of large tree. एक प्रकार का (सुन्दर) बड़ा वृक्ष।


Ratability-रेटे बिलिटि-*n.* proportion. क्रम।

Ratable-रे-टे-बुल् - *adj.* proportional, liable to taxation. क्रमिक, क्रमानुसार, महसूल लगाने योग्य; **Ratably** (-इ)*-adv.* proportionately. क्रम से।

Ratal-रेटल्-*n.* the amount on which a rate is fixed. प्रमाण, दर।

Ratan-रेटन्-*n.* a kind of cane. एक प्रकार की बेंत।

Ratchet-रैचेट्-*n.* a wheel with a toothed rim with a lock attached for moving in one direction. किरकिरा ; **Ratchet-drill** (a kind of boring tool.) लोहा इत्यादि छेदने का किरकिरा।



Ratchet-drill.

Rate-रेट्-*n.* proportion or standard, price fixed, settled allowance, relative speed, local cess, degree.प्रमाण या मान, नियत मूल्य, निश्चित भत्ता का दर, गति का प्रमाण, स्थानीय कर (टिकट), मौताद, मात्रा; - *v. t. & i.* to value, to estimate, to scold angrily, to reprove, to consider. मूल्य निर्णय करना, प्रमाण स्थिर करना, गाली देना, झिड़कना, विचारना; **At any rate** (somehow or other.) किसी न किसी प्रकार से; **Market rate** (market standard.) बाजार दर; **Rate of interest**

(amount of interest charged.) ब्याज की दर; **Rate payer** (one who pays rates.) महसूल (टिकट) देनेवाला।

Rater-रेटर्-*n.* a racing yacht. तेजी से दौड़ लगानेवाला जहाज।

Rather-रीदर् -*adv.* more truly or readily, to a greater extent, on the other hand, somewhat, slightly, to some extent, specially, by preference. वस्तुतः, प्रायः, किन्तु, थोड़ा, किंचित्, अपेक्षा, अथवा ; **Had rather** (preferably.) अच्छा होगा कि ; **The rather that** (so much, the more because.) अधिक, क्योंकि।

Ratification-रैटिफिकेशन्-*n.*the act of ratifying, confirmation. दृढ़ीकरण, निश्चय।

Ratifier-रैटिफ़ायर्-*n.* one who ratifies. स्थिर करनेवाला।

Ratify-रैटि-फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Ratified.**) to confirm, to make valid. स्थिर करना, दृढ़ करना, निश्चित करना, प्रमाणित करना।

Rating-रे-टिङ्ग् - *n.* amount of rate fixed by a municipality, angry reprimand. स्थिर किया हुआ महसूल, क्रोध के वचन।

Ratio-रे-शि-ओ-*n.* (*pl.* **Ratios**) relation between two similar quantities, proportion. सम्बन्ध, प्रमाण।

Ratiocinate-रैशि-ऑ-सिनेट्-*v.t.*to reason in a formal way. युक्तिपूर्वक तर्क करना; **Ratiocination** (-शन्) -*n.* act of reasoning. युक्तितर्क, विवाद; **Ratiocinative** (-टिव्)-*adj.* argumentative. युक्तिपूर्वक, विचारपूर्वक, विवाद की प्रवृत्तिवाला।


Ration-रैशन्-*n.* daily allowance of food fixed for a man or animal. प्रतिदिन के आहार का परिमाण, खुराक ; **Rations**-*n. pl.* provisions. (ब० व०) भोजन-सामग्री।

Rational-रैशनल्-*adj.*endowed with reason, intelligent, not absurd, judicious. विचार-युक्त, विवेकी, बुद्धिमान्, उचित, यथायोग्य; **A rational being** (a thinking being.) चेतन प्राणी; **Rationals** (-स्) -*n. pl.* light dress of women. (ब० व०) स्त्रियों का हलका वस्त्र।

Rationale-रैश्यनालि-*n.*fundamental reason, reasoned exposition. उपपत्ति, युक्ति-पूर्वक कथन।

Rationalism-रैशनलिज्म्-*n.*reasonable explanation. हेतुवाद; **Rationalist** (-इस्ट्)-*n.* one who is guided by reason. हेतुवादी; **Rationalistic**(-इक्)-*adj.* belonging to rationalism. हेतुवादी ; **Rationalistically** (- अलि) -*adv.* in a rationalistic manner. हेतुवाद के अनुसार; **Rationality** (-इट्-इ) - *n.* power of reasoning, reasonableness. ज्ञानशक्ति, विचार-शक्ति; **Rationalization** (-आइज़े-शन्) -*n.* act of rationalizing. युक्तिपूर्वक व्याख्या; **Rationalize** (-आइज़्)-*v. t.& i.* to explain a thing with reasons. प्रमाण-सहित किसी विषय को सिद्ध करना; **Rationally** (-अलि) -*adv.* in a rational manner, with reason. न्यायपूर्वक, बुद्धिमानी से; **Rationalness** (-नेस्) - *n.* the state of being rational. विवेक, विचार, बुद्धि।

Ratline-रॉट्'-लिन्-*n.* a rope-ladder used in ships. जहाज में रस्से की बनी हुई सीढ़ी।


Ratiline.

Ratoon-रैट्- ऊन्' -*n.* new shoots that spring up from the roots of a sugar-cane after harvesting. ऊख की फसल काट लेने पर इसकी जड़ में से उगे हुए अँखुए।

Rat-tail-रैट्'-टेल्-*adj.* narrow and tapering. पतला सूच्याकार (गावदुम)।

Rattan-रटैन्-*n.* the continuous beat of a drum. नगाड़े का लगातार ठेका।

Rat-tat-रैट्'-टैट्-*n.* a knocking sound. खट-खटाने का शब्द।

Ratteen-रैटीन्-*n.* a kind of woollen fabric. एक प्रकार का ऊनी वस्त्र।

Ratten-रै-ट्-न्-*v. t.* to injure the tools of a workman out of malice. ईर्ष्यावश किसी कारीगर के औजार को नष्ट कर देना।

Ratting-रै-टिङ्ग्-*n.* the act of deserting one's party. अपने समाज को त्यागने का काम।

Rattle-रै-ट्ल् - *v. i. & t.* to make a sharp sound rapidly, to clatter, to talk thoughtlessly. खड़खड़ाना, खड़खड़ाहट का शब्द करना, वृथा बकवाद करना;-*n.* a loud rapid sound, a toy which produces a rattling sound. खड़खड़ाहट का शब्द, बच्चों का खिलौना जिसमें से खड़खड़ाहट का शब्द निकले; **Rattle-brained** (thoughtless.) विचार शून्य; **To rattle along** (to move with a rattling sound.) खड़खड़ करते हुए चलना ; **To rattle the sword** (to frighten for war.) युद्ध करने के लिये डराना।

Rattler-रै-ट्लर्-*n.* a prattler,a noisy person. बकवादी।

Rattling-रैट्'-लिङ्ग्- *adj.* making a rapid sound. खड़खड़ाहट का शब्द करनेवाला; **Rattling-snake** (a poisonous snake having a number of hard, bony rings loosely joined at the end of the tail which makes

rattling noise.) एक प्रकार का सर्प जिसके चलने पर खड़खड़ाहट का शब्द उत्पन्न होता है।

Ratty-रै'-टि-*adj*. angry, irritated. क्रुद्ध।

Raucity-रॉ-सिटि-*n*. hoarseness of voice. कर्कश शब्द।

Raucous-रॉ-कस्-*adj*. harsh sounding. कर्कश शब्द करनेवाला ; **Raucously** (-लि) - *adv*. harshly. रूक्ष शब्द करते हुए।

Ravage-रै'-वे-ज्-*v. t. & i.* to lay waste to, to plunder, to make havoc. नाश करना, लूटना, उपद्रव करना;-*n*. waste, devastation. उपद्रव, लूटपाट, नाश; **Ravager** (-अर्)-*n*. a spoiler or plunderer. लुटेरा, डाकू।

Rave-रे'व्-*n*.the framework attached to a car to increase its capacity. पाखड़ी;-*v. t.& i.* to talk wildly, to howl. गरजना, चिल्लाना; - *n*. raving sound of wind. वायु की गड़गड़ाहट।

Ravel-रैव्-ल्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Ravelled.**) to complicate, to entangle, to perplex, to disentangle, to examine or enquire into a thing. जटिल करना, फँसाना, व्याकुल करना, सुलझाना, किसी वस्तु के विषय में जाँच-पड़ताल करना; -*n*. entanglement, a broken thread, a loose end. फँसावट, टूटा तागा, खुला या ढीला सिरा; **Ravelling** (-इङ्ग्)-*n*. act of the verb ravel,disentangled thread of woven fabric. 'ravel' क्रिया के सभी कार्य, बिने हुए कपड़े का सुलझा हुआ तागा; - *adj*. entangling. फँसानेवाला ; **Ravelment** (-मेन्ट्) -*n*. perplexity. व्याकुलता।

Ravelin-रैव्'-लिन्-*n*. an outwork outside a fort. गढ़ (किले) का बाहरी भाग।

Raven-रे'-व्न्-*n*.the black crow. काला (डोम) कौवा;रैं-व्-न्'-*v. i.& t*. to plunder, to obtain by violence, to eat rapaciously, to have a vehement appetite for. लूटना, बलपूर्वक छीन लेना, भुक्खड़ की तरह खाना, तीव्र अभिलाषा रखना;-*adj*. of shining black colour. चमकते काले रङ्ग का; **Ravener** (-अर्)-*n*. one who plunders. लुटेरा; **Ravening**(-इङ्ग्) -*n*. eagerness to plunder. लूटने की लालसा ; **Ravenous** (-अस्) - *adj*. rapacious, voracious. अति लोलुप, क्षुधातुर, पेटू ; **Ravenously** (-लि)-*adv*. in a ravenous manner. अति लोलुपता से; **Ravenousness** (-नेस्) -*n*. the state of being ravenous. मरभुक्खापन।

Raven-रॉ-व्-न्-*n*. gluttony. भुक्खड़पन।

Raver-रे'व्र्-*n*. one who is furious. क्रोधी मनुष्य।

Ravin-रैविन्-*n*. plunder, robbery, spoil or prey. डाका, लूट-पाट, शिकार।

Ravine-रैव़ीन्-*n*. a mountain cleft, a gorge. कन्दरा, खण्ड, दर्रा; **Ravined** (-ड्)-*adv*. with deep narrow gorge. कन्दरायुक्त।

Ravish-रैविश्-*v. t.* to carry away by violence, to violate, to commit rape upon a woman. बलपूर्वक उड़ा ले जाना, अपहरण करना, किसी स्त्री का सतीत्व भंग करना ; **Ravisher** (-अर्)-*n*. one who ravishes. अपहरण करनेवाला; **Ravishing** (-इङ्ग्)-*n*. seizing by violence. बलपूर्वक अपहरण ; **Ravishingly** (-लि)-*adv*. in a ravishing manner. बलपूर्वक; **Ravishment** (-मेन्ट्)-*n*. abduction, rapture. अपहरण, आनन्द का उन्माद।

Raw-रॉ-*adj*.uncooked,unroasted,unfinished, unripe, inexperienced, untried, untrained, crude, cold and damp. अपक्व, असिद्ध, अधूरा, कच्चा, अनुभव-रहित, अप्रौढ़, अशिक्षित, फूहड़, ठंढा और तर; -*n*. a sore place. कच्चा घाव या चमड़ा; **Raw cloth** (unfulled cloth.) बिना माँड़ी लगा वस्त्र,; **Raw edge** (an edge without frills.) बिना गोट या झालर का किनारा; **Raw head**-*n*. a spectre to frighten children. बच्चों को डराने का भूत; **Raw hide** (untanned leather.) बिना कमाया हुआ चमड़ा; **To touch on the raw** (to wound the feelings.) मर्म स्पर्श करना; **Rawish** (-इश्) -*adj*. somewhat raw. कुछ कच्चा; **Rawly** (-लि) -*adv*. in a raw manner. कच्चेपन से; **Rawness** (-नेस्)-*n*. unripe condition. कच्चापन, अप्रौढ़ता।

Ray-रे-*n*. (*pl*. **Rays.**) a single beam of light, a gleam of intellect, a glance, a radiating line, an array, a kind of large sea-fish. प्रकाश की किरण, बुद्धि का प्रकाश, दृष्टि, कटाक्ष, एक केन्द्र से निकलनेवाली रेखा, प्रबन्ध, अलङ्कार, सजावट, एक प्रकार की बड़ी समुद्री मछली; -*v. i.* (*p. t.* **Rayed.**) to shine forth. किरण की तरह चमकना; **Rayed** (-ड्) -*adj*. having rays. किरणयुक्त ; **Rayless** (-लेस्)-*adj*. not illuminated. बिना किरण का (अन्धकारमय); **Raylet** (-लेट्)-*n*. a small ray. छोटी किरण।

Raze, Rase-रेज़्-*v. t.* to erase, to throw out, to scratch out. मिटाना, फेंकना, खुरचना।

Razee-रा-ज़ी-*n*. a ship whose upper deck is removed. ऊपरी छत निकाला हुआ जहाज;-*v. i.* to turn into a razee. जहाज की ऊपरी छत निकालना।

Razor-रे'ज़र् - *n*. an instrument used for shaving hair. हजामत बनाने का उस्तरा या छुरा; -*v. t.* to shave with a razor. उस्तरे से हजामत बनाना; **Razor edge** (very keen.) उस्तरे की

धार के समान चोखा; **Razor strop** (a strop for sharpening a razor.) उस्तरा तेज करने का चमोटा; **Safety razor** (a kind of razor having guards to check the risk of cutting skin.) हजामत बनाते समय चमड़े में न धँसनेवाला उस्तरा।

Re-रे-*n.* the second note on the octave. सप्तक में दूसरा स्वर, 'ऋषभ'; (री)-*prep.* in the matter of. विषय में; -*pref.* in sense of 'again', 'away'. 'फिर से', 'दूर' अर्थ का उपसर्ग।

Reach-रीच्-*v. t.* & *i.* to stretch out, to attain to, to arrive at, to take without stretching hand, to comprehend, to make reaching motion. फैलाना, प्राप्त करना, पहुँचना, जानना, समझना; -*n.* the power of reaching, expanse, range, influence, mental power. पहुँच, विस्तार, प्रमाण, प्रभाव, मानसिक शक्ति; **Beyond reach** (impossible to attain.) शक्ति के बाहर (अगम्य); **Within the reach of** (obtainable.) प्राप्य, लभ्य।

Reachable-रीचेबल्-*adj.* able to be reached. पहुँच के योग्य।

Reacher-रीचर्-*n.* one who reaches. पहुँचनेवाला।

React-री-ऍक्ट्'-*v. i.* to act upon the doer, to act again, to respond to some stimulus. प्रतीकार करना, फिर से करना, प्रत्याघात करना।

Reaction-री-ऍक्शन् -*n.* reciprocal action, counteraction, action of one substance upon another, backward tendency of returning to previous condition, depression after excitement. प्रतिक्रिया, पलटा, विरुद्ध क्रिया, किसी पदार्थ का दूसरे पर कार्य करना, उत्तेजना के बाद की म्लानता; **Reactionary** (-अरि) -*adj.* implying reaction. प्रतिकार करनेवाला; **Reactive** (-टिव्) - *adj.* having power to react. प्रतिकार करनेवाला; **Reactively** (-टिव्-लि)-*adv.* by reaction. प्रतिकार में; **Reactivity** (-टिविटि)-*n.* the state of being reactive. प्रतिकार।

Read-रीड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Read**-रेंड) to express in words, to understand, to study, to reproduce mentally, to learn by observation, to search for, to explain, to perform the act of reading. पढ़ना, समझना, विचारना, अध्ययन करना, खोजना, व्याख्या करना; **To read a person's hand** (to study a person's hand as a palmist.) हस्तरेखा से फल कहना; **To read through** (to read from beginning to end.) आदि से अन्त तक पढ़ना; **To read through the lines** (to investigate secret objects.) गुप्त अर्थ की खोज करना; **Well-read** (वेल्'-रेंड्) learned, well-versed. अच्छा पढ़ा-लिखा, विद्वान्।

Readability-रीडेबिलिटि -*n.* readableness. पढ़ने की योग्यता; **Readable** (रीडेबु-ल्)-*adj.* worth reading. पढ़ने योग्य; **Readableness** (-नेस्) -*n.* the state of being readable. पठनीयता ; **Readably** (- लि) - *adv.* in a readable manner. पठनीय ढंग से।

Readdress-री-ऍ-ड्रेस् - *v. t.* to redirect a letter or parcel to another address. दूसरे पते पर चिट्ठी या पार्सल आदि भेजना।

Reader-रीडर् - *n.* a person employed to read and report, one who corrects proof-sheets of press, a reading-book, one who reads prayer in a church, a high grade university lecturer. पढ़कर सूचना या विवरण देनेवाला व्यक्ति, पुस्तक शुद्ध करनेवाला, पाठ्य (अध्ययन) पुस्तक, गिरजे में प्रार्थना पढ़नेवाला, विश्वविद्यालय का उच्च वर्ग का प्राध्यापक।

Readership-रीडर्-शिप्-*n.* the post of a reader. विश्वविद्यालय के शिक्षक का पद।

Readily-रेंडिलि-*adv.* promptly, cheerfully. इच्छापूर्वक, शीघ्र, बिना क्लेश के, सुख से।

Readiness-रें डि-नेंस्-*n.* willingness, promptitude. इच्छा, उत्साह, शीघ्रता।

Reading-रीडिङ्ग् - *n.* the act of reading, study of books. पाठ, अध्ययन; **Different reading.** पाठान्तर; **Reading-desk** (a lectern.) पढ़ने या पुस्तक रखने की मेज; **Reading-room** (a place for reading books, newspapers etc.) पुस्तक, अखबार इ० पढ़ने का स्थान।

Re-adjourn-री'-ऍड्-जर्न-*v. t.* to adjourn a second time. दुबारा स्थगित करना।

Re-adjust-री'-ऍड्-जस्ट्-*v.t.* to adjust or put in order again. फिर से क्रम में रखना; **Readjustment** (-मेंन्ट)-*n.* adjustment of a second time. दुबारा क्रमबद्ध करने का कार्य।

Re-admission-री-ऍड्-मिश्'-अन्' -*n.* act of admitting again. दुबारा भर्ती होना, पुनःप्रवेश।

Readmit-री'-ऍड्-मिट्'-*v.t.* (*p.t.* **Readmitted.**) to admit again. फिर से भर्ती करना।

Re-admittance-री-ऍड्-मिटन्स्- *n.* readmission. पुनःप्रवेश।

Re-adopt-री-अडॉप्ट्'-*v. t.* to take up again. फिर से ग्रहण करना; **Re-adoption** (-शन्)-*n.* the act of adopting again. दुबारा ग्रहण करना।

Re-adorn-रीअडोर्न्-*v. t.* to decorate again. फिर से सँवारना या सजाना।

Ready-रॅडि-*adj. & adv.* (*comp.* **Readier,** *sup.* **Readiest**) willing, prompt, present at hand, prepared, easily secured, with complete preparations. इच्छायुक्त (लीन), उद्यत, सत्वर, उपस्थित, प्रस्तुत, सहज में प्राप्त, पूरी तैयारी से; **Ready at hand** (immediately available.) तुरन्त पाने योग्य या प्राप्य; **Ready-made** -*adj.* (ready for immediate use.) पहिले से तैयार किया हुआ; **Ready money** (actual coin.) नकद रुपया; **Ready to go** (prepared to start.) जाने के लिए तयार; **Ready-witted** (quick in understanding.) विदग्ध, चतुर; **To make ready** (to provide and put in order.) प्रस्तुत करना, तैयार करना।

Re-affirm-री-अ फर्म्' -*v. t.* to affirm or settle again. फिर से स्थिर करना; **Reaffirmation** (-ए'-शन्) -*n.* act of reaffirming. दुबारा निश्चय।

Reagent-री-एँज्-ऍन्ट्-*n.* a substance which helps to detect the presence of another. वह पदार्थ जो किसी घोल में के अन्य पदार्थ की उपस्थिति ज्ञात करने में मदद करता है।

Real-री-अल्-*adj.* actual, genuine, free, sincere, authentic, consisting of immovable property. सत्य, वास्तविक, यथार्थ (अकल्पित), स्वतंत्र, अधिकारिक, अचल सम्पत्ति का; **Really** (-लि) -*adv.* actually. सचमुच, यथार्थ में।

Realgar-रिअलगर्-*n.* red orpiment used in fireworks. लाल हरताल जिसका व्यवहार आतिशबाजी में किया जाता है।

Realism-रीअलिज्म्-*n.* theory in regard to things in their true nature, freedom from prejudice. किसी पदार्थ के वास्तविक रूप का सिद्धान्त, पक्षपातहीनता; **Realistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* actual. सत्यरूप का; **Realistically** (-इस्ट्-इकलि)-*adv.* in a realistic manner. सत्य रूप में; **Reality** (-इटि) -*n.* actual existence, fact. सत्यता, यथार्थता; **In reality** (actually.) सचमुच, वास्तव में।

Realizable-रीअलाइज़ेबल्-*adj.* that may be realized. सिद्ध करने योग्य, प्राप्त (वसूल) करने योग्य; **Realization** (-शन्)-*n.* the act of realizing. साधन (सिद्धि), वसूली, प्रत्यक्षीकरण; **Realize** (-आइज़्) -*v. t. & i.* to convert into fact, to make realistic, to conceive as real, to gain as price. साधना, प्रत्यक्ष करना, सिद्ध करना, द्रव्य (मूल्य) पाना।

Re-alliance-री'-अलाऍन्स्-*n.* a renewed alliance. दुबारा मेल।

Realm-रॅल्म्-*n.* royal jurisdiction, kingdom, domain. राज्य, प्रदेश।

Realness-री'-अल्-नॅस्-*n.* actuality. सत्यता, यथार्थता।

Realty-री'-अल्टि-*n.* (*pl.* **Realties.**) real estate or property. अचल सम्पत्ति।

Ream-रीम्-*n.* twenty quires or 480 (often 500) sheets of paper. बीस जिस्ते कागज की गड्डी;-*v. t.* to enlarge a hole in metal by a reamer. टेकुए से धातु का छिद्र बढ़ाना; **Reamer** (-अर्) -*n.* a tool for enlarging a hole in metal. धातु में छेद फैलाने का औजार, टेकुआ।

Re-animate-री-ऍनिमेट्-*v. t.* to revive, to invigorate. उत्साहित करना, सजीव करना; **Reanimation** (-शन्) -*n.* the act of reanimating. सजीवीकरण।

Reannex-री'-अ-नॅक्स्-*v. i.* to reunite. फिर से मिला देना।

Reap-रीप्-*v.i.&t.* to cut the crop, to gather the harvest, to obtain the fruits of one's labour. अनाज की फसल काटना, लवना, अपने किये का फल भोगना; **As you sow, so you reap** (to be rewarded as fruits of your labour.) जैसी करनी वसी भरनी; **Reap where one has not sown** (to profit by other's labour.) दूसरे के परिश्रम का फल प्राप्त करना; **Reaper** (-अर्) -*n.* one who or that which reaps. लवनेवाला मनुष्य या यन्त्र; **Reaping** (-इङ्ग्) - *n.* harvesting. लवन, संचय; **Reaping-hook** - *n.* (a sickle.) खेत काटने का हँसुआ।

Reapparel-री'-आॅ-पॅ-रॅल् - *v. t.* to clothe again. फिर से वस्त्र पहिनाना।

Reappeal-री'-अ-पील्-*v. t.* to appeal again. फिर से अपील करना।

Reappear-री'-ऑ-पीअर्'-*v.t.* to appear again. फिर से प्रकट होना।

Reappearance-री ऑ-पीअरॅन्स्-*n.* a new appearance. फिर से प्रत्यक्ष होना।

Reapply-री'-ऑ प्लाइ -*v. t. & i.* to apply again. फिर से प्रार्थनापत्र भेजना।

Reappoint-री'-ऑ-पॉइन्ट् -*v. t.* to appoint again. फिर से नियुक्त करना; **Reappointment** (-मेंन्ट्) renewed appointment. पुनर्नियुक्ति।

Rear-रीअर्-*n.* the hindermost part, space behind, part of army which is behind.

सबसे पीछे का भाग, पिछला स्थान, सेना का पिछला भाग; **At the rear** (in the part behind.) पिछली ओर ; **Rear-admiral** -*n*. a flag-officer in the navy next to vice-admiral, one in command of the rear, a ship bearing a rear-admiral's flag. उप सेनापति के नीचे रहने वाला अंग्रेजी नौ-सेना का एक अधिकारी, पिछले भाग की नौ-सेना का सेनापति, उक्त अधिकारी के झंडे को ढोनेवाला जहाज; **Reararch** (an inward arch.) भीतरी मेहराब; **Rear-guard** (a part of the army in the rear.) पीछे की सेना ।

Rear-रीअर्-*v. t. & i.* to raise, to hold upwards, to build, to educate, to breed, to foster, to rise on hind legs. उठाना, उभाड़ना, बनाना, शिक्षा देना, पालन करना, पोषण करना, पिछले पैर के बल खड़े होना; **Rearer** (-अर्) -*n*. one who rears, a horse that has the habit of rearing. पालन या पोषण करनेवाला, पिछली टांगों पर खड़ा होने की आदतवाला घोड़ा ।

Reargue-री-आर्-ग्यु-*v. t. & i.* to argue a second time. दुबारा बहस करना; **Reargument** (-मेन्ट्) -*n*. the act of rearguing. दुबारा बहस करने का काम ।

Re-arise-री'-अ-राइज़्'-*v. t.* to rise again. फिर से उठना ।

Rear-line-री-अर्'-लाइन्-*n*. the line in the rear of an army. सेना के पीछे की पंक्ति ।

Rearmost-रीअर्-मोस्ट् - *adj*. farthest in the rear. सबसे पीछे का ।

Re-arrange-री'-अरेन्ज् -*v. i.* to put into a new order. नये क्रम में रखना; **Rearrangement** (-मेन्ट्) -*n*. act of arranging into a new order. नये क्रम में रखने का कार्य ।

Re-arouse-री-अराउज़्-*v. t.* to rouse again. फिर से उठाना या जगाना ।

Reascend-री-असेन्ड् -*v. i.* to mount again. फिर से चढ़ना ।

Re-ascension-री'-असेन्शन्-*n*.(also **Reascent.**) the act of reascending. दुबारा चढ़ाई ।

Reason-री'-ज़न्-*n*. the faculty of distinguishing good from bad, argument, cause, motive, the intellectual faculty, sensible conduct. विवेक-बुद्धि, विचार शक्ति, तर्क, हेतु, आशय (प्रयोजन), न्याय, युक्ति; -*v. t. & i.* to infer, to argue, to relate, to discuss. तर्क करना; **By reason of** (owing to.) हेतु से ; **For this reason** (owing to this.) इस कारण से; **For what reason** ? किस निमित्त ।

Reasonable-रीज़नेबल - *adj*. endowed with reason, rational, agreeable to reason, tolerable, just. विवेक-बुद्धि युक्त, विज्ञ, ज्ञानी, उचित, यथार्थ, युक्त, न्यायसिद्ध ; **Reasonableness** (-नेस्) -*n*. agreeableness. न्याय्यता, युक्ति ; **Reasonably** (-ब्लि) - *adv*. in a reasonable manner. युक्तिपूर्वक, यथोचित रीति से; **Reasoner** (-अर्)-*n*. one who argues. तार्किक, नैयायिक ; **Reasoning** (-इङ्ग्)-*n*. the faculty of reason, argumentations. विवेक, विचार; **Art of reasoning** (science of logic.) तर्कशास्त्र ; **Reasonless** (-लेस्) -*adj*. devoid of reasoning, irrational. निर्बुद्धि, ज्ञानहीन ।

Re-assemble-री'-असेम्बल्-*v. t.* to gather or sum up again. फिर से इकट्ठा करना ।

Re-assert-री'-असर्ट्-*v. t.* to assert again. पुनः स्थापित करना ।

Re-assess-री'-अ-सेस्'-*v. t.* to assess anew. फिर से महसूल इत्यादि स्थिर करना; **Reassessment** (-मेन्ट्)-*n*. act of assessing afresh महसूल का दुबारा स्थिर करना ।

Reassign-री'-अ-साइन्-*v. t.* to transfer to another. दूसरे को देना ।

Reassume- री' -ॲ -स्यूम् -*v. t.* to assume again. फिर से धारण करना ।

Reassurance-री-अश्यूअरेन्स् - *n*. a second assurance again. हानि का दुबारा बीमा ।

Reassure-री'-अश्योर्-*v. t.* to confirm one again in an honour or opinion or impression, to restore one to confidence again, to re-insure. किसी की मर्यादा या राय या विचार को पुनः पुष्ट करना, किसी को पुनः विश्वास दिलाना, पुनः बीमा करना ।

Reassuring-री-अ-श्यू-अर्'-इङ्ग्-*adj*. restoring again confidence or hope. पुनः विश्वास या आशा देनेवाला ।

Reattach-री-अ टैच्-*v. t.* to attach a second time. दुबारा मिलाना ।

Reaumur-रू'-मर् - *n*. special readings in a thermometer where the boiling point is represented by 80° and the freezing point by 0°. (थर्मामीटर्) तापमान नापने के यन्त्र के नाप में विशिष्ट चिह्न ।

Reave, Rieve-रीव्-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Reft.**) to commit ravage, to take by violence. अत्याचार करना, छीन लेना ; **Reaver** (-अर्) -*n*. snatching by force, a robber. हठपूर्वक छीनना, लुटेरा ।

Reavow-री-अ-व्राउ' -*v. i.* to avow again. दुबारा प्रतिज्ञा करना ।

Rebaptize-री'-बॅप्-टाइज़् -*v. t.* to baptize a second time. दुबारा बपतिस्मा का संस्कार करना।

Rebate-री-बेट्-*v.t.* to diminish the force of, to blunt, to reduce, to subtract, to allow reduction of payment, to lessen vigour, to stop reaction. शक्ति घटाना, भुथरा बनाना, कम करना, घटाना, छूट देना, शक्ति का बल कम करना, प्रतिक्रिया रोकना; -*n.* a deduction from the sum to be paid, discount. बट्टा (छूट), कमीशन; **Rebatement** (-मेंन्ट्) -*n.* diminution. कमी, छूट।

Rebec-री'-बेक्-*n.*(also **Rebeck.**) three-stringed musical instrument. तीनतारा (बाजा)।

Rebel-रेब्'-ल-*n.* one who refuses allegiance to and rises against the established government. राजा के शासन का उल्लंघन करनेवाला, राजद्रोही ; - *v. i.* (-रि-बेल्') (*p. t.* **Rebelled**) to revolt against authority. राजद्रोह करना; **Rebeller** (-अर्)-*n.* one who revolts. राजद्रोही, बलवाई।

Rebellion-रि-बेल्यन्-*n.* revolt. प्रजाक्षोभ, राजद्रोह।

Rebellious-रि-बे-लियस् -*adj.* engaged in a rebellion. राजद्रोही, उपद्रवी; **Rebelliously** (-लि) -*adv.* in a rebellious spirit. राजद्रोह से; **Rebelliousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being rebellious. राजद्रोह।

Rebellow-री-बे-लो -*v. i. & t.* to resound loudly. जोर से प्रतिध्वनि करना।

Rebind-री'-बाइन्ड-*v. t.* to bind again. फिर से बाँधना।

Rebirth-री'-बर्थ्-*n.* birth for a second time. पुनर्जन्म।

Rebloom-री-ब्लूम्' -*v. t.* to blossom again. फिर से मुकुलित होना या फूलना।

Reboil-री-बॉइल् -*v. t. & i.* to boil again. दुबारा उबालना।

Rebound-रि-बाउन्ड्' -*v. t.* to spring back. पीछे को उछलना या कूदना; -*n.* the act of flying back. उत्पतन, उछाल।

Rebrace-री-ब्रेस्' -*v. t.* to brace again. फिर से बाँधना।

Rebreathe-री-ब्रीद्-*v. t.* to breathe again. दुबारा साँस लेना।

Rebuff-रि-बफ़् -*n.* a sudden check, repulse, defeat, refusal. प्रतिघात, रोक, पराजय, अस्वीकृति; -*v. t.* to refuse, to check, to obstruct. अस्वीकार करना, हटाना, रोकना।

Rebuild-री-बिल्ड्'-*v. t.* (*p. t.* **Rebuilt**) to build up again, to renew. दुबारा बनाना, फिर से मरम्मत करना।

Rebukable-रिब्यूकेबल्-*adj.* worthy of reprimand. भर्त्सना के योग्य।

Rebuke-रि-ब्यूक्'-*v. t.* to reprove, to censure, to reprimand. निन्दा करना, झिड़कना, डपटना; -*n.* chiding, reprimand, reprobation. निन्दा, झिड़की, डांट-डपट; **Rebukeful** (-फुल्) -*adj.* full of rebukes. निन्दापूर्ण; **Rebuker**-(-अर्) -*n.* one who rebukes. डाँटनेवाला; **Rebukingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a rebuking manner. झिड़कते हुए।

Rebury-रि-बे-रि -*v. t.* (*p. t.* **Reburied.**) to inter again. दुबारा दफ़न करना।

Rebus-री बस्-*n.* a kind of enigma or riddle. एक प्रकार की बुझौवल या पहेली।

Rebut-री-बट्' -*v. t.* (*p. t.* **Rebutted.**) to refute, to force back, to disprove. खण्डन करना, पीछे को हटाना, असिद्ध करना।

Rebutment-री-बट्'-मेंन्ट्-*n.*refutation.खण्डन।

Rebuttable-रीबटेबल्-*adj.* able to be rebutted or refuted. खण्डन योग्य; **Rebuttal** (-टल्) -*n.* act of refuting. खण्डन।

Rebutter-रीबटर् -*n.* one who refutes. खण्डन करनेवाला, प्रतिवादी।

Recalcitrance-रि-कैल्सिट्रन्स् - *n.* refractoriness. हठ, जिद्द।

Recalcitrant-रि - कैलसिट्रन्ट -*adj.* refractory. अड़ियल।

Recalcitrate-रि-कैल्सिट्रेट्-*v. i.* to refuse to comply, to be refractory. आदेश पालन करने से इन्कार करना, हठ करना; **Recalcitration** (-शन्)-*n.* act of kicking back, refractoriness. अनिच्छा, हठ।

Recalesce-री-क-लेस् -*v. t.* to regain heat. फिर से उष्णता प्राप्त करना ; **Recalescence** (-सेन्स्)-*n.* the condition of regaining heat. पुन: उष्णी भवन।

Recall-रि-कॉल् -*v. t.* to summon back, to recollect, to revoke. वापस बुला लेना, स्मरण करना, चिन्तन करना; -*n.* revocation. खण्डन, दुबारा बुलाहट, पुनरावाहन।

Recallable-रिकॉलेबल् -*adj.* able to be recalled. स्मरण करने योग्य, वापस बुलाने योग्य।

Recant-रि-कैन्ट्-*v.t.* to retract, to withdraw. खण्डन करना, वापस लेना।

Recantation-रिकैन्टे-शन् -*n.* act of recanting. खण्डन, रुकावट।

Recapitulate-रि- कीं - पिट्यूलेट्-*v. t. & i.* to describe summarily, to make a detail again. संक्षेप में वर्णन करना, विवरण-सहित पुनः व्यवस्था करना; **Recapitulation** (-शन्)-*n.* the act of summarizing the principal points. संक्षिप्त पुनर्कथन या सारांश; **Recapitulatory** (-टरि) -*adj.* summarizing. संक्षेप में वर्णन करनेवाला।

Recaption-री-कैप्शन्-*n.* the act of retaking. पुनरुद्धरण, दुबारा ग्रहण करने का कार्य।

Recaptor-री-कैप्टर्-*n.* one who takes again. दुबारा ग्रहण करनेवाला।

Recapture-री-कैप्चर्-*v. t.* to capture again. फिर से पकड़ना ; -*n.* act of recapturing. पुनर्ग्रहण, पुनःप्राप्ति।

Recast-री'-कास्ट्-*v.t.* to make a new mould, to throw again, to compute a second time. नया साँचा बनाना, फिर से ढालना, दुबारा गणना करना।

Recede-रि-सीड्'-*v. i.* to shrink back, to retreat, to withdraw, to decline in value. पीछे को हटना, परावृत्त होना, मूल्य में कम होना।

Receipt-रि-सीट् - *n.* the act of receiving, amount of money received, a written acknowledgement of money received. प्राप्ति (स्वीकृति), भरपाई, रसीद , स्वीकारपत्र; -*v. t.* to give a receipt for. रसीद देना, रसीद लिखना।

Receivable-रिसीवेबल् - *adj.* that may be received. प्राप्त करने योग्य।

Receive-रि-सीव्-*v.t.* to accept, to take into possession, to admit, to hear, to encounter with, to welcome, to entertain, to meet. स्वीकार करना, अधिकार में लेना, मान लेना, सुनना, सामना करना, स्वागत करना, सत्कार करना, मिलना: **To receive company** (to welcome.) स्वागत करना।

Received-रि-सीव्'-ड्-*adj.* accepted. गृहीत, प्राप्त।

Receiver-रि-सीवर्-*n.* a vessel for containing gases, one who receives a person appointed by a court to administer property of a bankrupt or property under litigation, an officer who receives taxes. गैस भरने का पात्र, प्राप्त करनेवाला, कचहरी से नियुक्त किया हुआ अफ़सर जो दिवालिया का लहना वसूल करता है, कर वसूल करनेवाला अफ़सर; **Receivership** (-शिप्)-*n.* the office of a receiver. उक्त अफ़सर का पद।

Recency-री'-सेन्सि -*n.* a newness, lateness. नवीनता।

Recension-रिसेन्शन्-*n.* review, revised text. गुण-दोष-निरूपण, पाठान्तर, शुद्ध किया हुआ मूल ग्रन्थ।

Recent-री' - सेन्ट् - *adj.* of late, modern, fresh. नवीन, नया, हाल का।

Recently-री-सेन्ट्'-लि-*adv.* at a recent date. नवीनता से, हाल में; **Recentness** (-नेस्)-*n.* the state of being recent. अप्राचीनता, नवीनता।

Receptacle- रिसेप्टेकल्-*n.* that which contains a thing, a reservoir. रखने का स्थान, पात्र, बर्तन (आश्रय)।

Receptibility-रिसेप्टिबिलिटि-*n.* the possibility of receiving. प्राप्त करने की सम्भावना।

Reception-रिसेप्शन् - *n.* act of receiving, formal welcome, admission. स्वागत (सत्कार), अगवानी, प्रवेश; **Reception-room** (a room in which guests are received.) अतिथि के स्वागत करने का कमरा; **Warm reception** (ardent reception.) सत्कारपूर्वक स्वागत।

Receptive - रिसेप्टिव् - *adj.* able to receive ideas. चित्त में भावना उत्पन्न करने योग्य; **Receptively** (-लि)-*adv.* in a receptive manner. मन में भाव उत्पन्न करते हुए; **Receptiveness** (-नेस्), **Receptivity** (-इटि)-*ns.* the state or quality of being receptive. चित्त में भावना की उत्पत्ति।

Recess-री-सेस् -*n.* a niche, retreat, seclusion, temporary suspension of business, vacation. ताखा (आला), गुहा, गुप्तस्थान, अवकाश, अनध्याय;-*v.t.* to make a recess. छिद्र करना।

Recession--रिसेशन् - *n.* restoration, withdrawal. रुकावट, अवरोध; **Recessional** (-अल्) -*adj.* relating to recession. अवरोध-सम्बन्धी।

Recessive-रिसेसिव् - *adj.* receding. अवरोध करनेवाला।

Recharge-री-चार्ज्'-*v. t.* to charge again, to make a fresh attack. दुबारा दोष लगाना, नया धावा करना; - *n.* a renewed charge in a battle. लड़ाई में दूसरा ताज़ा हमला।

Rechargeable-री-चार्जेबल्-*adj.* able to be recharged. दुबारा दोष लगाने योग्य।

Recheat-रि-चीट्'-*v. t.* to whistle up. सीटी बजाना;-*n.* recalling dogs in hunting. शिकार में कुत्तों को लौटाने के लिये सीटी।

Rechoose-री-चूज़्-*v. t.* to choose again. फिर से चुन लेना।

Rechristen-री-क्रिश्चेन्-*v. t.* to convert to Christianity again. दुबारा ईसाई बनाना।

Recidivism-रिसिडिविज्म् - *n.* the habit of relapsing into a crime. दोबारा अपराध करने का अभ्यास।

Recidivist-रिसिडिविस्ट्-*n.* a habitual criminal. सर्वदा का अभ्यस्त अपराधी।

Recipe-रॅसिपि-*n.* (*pl.* **Recipes.**) direction for making a medicine, a medical prescription. औषधि बनाने की विधि, नुसखा।

Recipiency-रि-सिपिऍन्सि-*n.* a receiving. प्राप्ति।

Recipient-रि-सिपिऍन्ट्-*n. & adj.* one who receives, receptive. प्रतिग्राहक, प्राप्त करनेवाला।

Reciprocal-रिसि-प्रोकल्-*adj.* mutual, alternating, (*gram.*) reflexive. परस्पर आपस के सम्बन्ध का, (व्या०) परस्पर सम्बन्ध-सूचक; **Reciprocality** (-इटि), **Reciprocalness** (-नॅस्)-*ns.* the state of being reciprocal. परस्पर-सम्बन्ध; **Reciprocally** (-अलि)-*adv.* interchangeably, mutually. आपस में, परस्पर।

Reciprocate-रिसि-प्रॅकेट्-*v. t. & i.* to go with alternate motion, to interchange, to give and take mutually. आगे-पीछे चलना, अदल-बदल करना, आपस में बदलना या फेर-फार करना; **Reciprocating** (-इङ्ग्)-*adj.* moving backwards and forwards alternately. पारी-पारी से आगे-पीछे होनेवाला; **Reciprocation** (-शन्)-*n.* alternation, interchange. परिवर्तन, अदल-बदल, फेर-फार।

Reciprocity-रिसि-प्रॅ-सिटि-*n.* mutual action, interchange of obligation. परस्पर कार्य, अनुग्रह का फेर-फार या अदल-बदल।

Recision-रिसिझन्-*n.* the act of cutting off. काटने का कार्य।

Recital-रिसाइटल्-*n.* the act of reciting, a narrative. पठन, उच्चारण, कथा।

Recitation-रॅसि-टे-शन्'-*n.* rehearsal. कथन, वर्णन।

Recitative-रॅसि-टे'-टिव्-*adj.* reciting. उच्चारण या आवृत्ति करने या गानेवाला।

Recite-रि-साइट्'-*v. t. & i.* to repeat aloud, to rehearse, to relate in order. वर्णन करना, व्याख्या करना, पढ़ना, क्रम से वर्णन करना, चर्चा करना।

Reciter-रिसाइटर्-*n.* a narrator. अनुवादक, उच्चारक।

Recivilize-रीसिविलाइज्-*v. i.& t.* to civilize again. फिर से सभ्य बनना या बनाना।

Reck-रॅक्-*v. i. & t.* to pay heed to, to care about. ध्यान देना, चिन्ता करना; **Reckless** (-लॅस्)-*adj.* rash, heedless, careless. असावधान, धृष्ट, प्रमत्त; **Recklessly** (-लि)-*adv.* heedlessly, carelessly. असावधानी से, प्रमाद से; **Recklessness** (-नॅस्)-*n.* carelessness. असावधानी।

Reckon-रॅकन्'-*v. t. & i.* to calculate, to reason with oneself, to compute, to count, to believe, to esteem. गणना करना, हिसाब करना, मनन करना, गिनना, विश्वास करना, मानना; **To reckon upon** (to be dependent on.) आश्रित होना, भरोसा करना।

Reckoner-रॅकनर्-*n.* one who computes, a calculator. गिननेवाला, जोड़नेवाला; **Reckoning** (-इङ्ग्)-*n.* the act of calculating, settlement of account, estimation, value. गणना, लेखा, हिसाब-किताब।

Reclaim-रि-क्लेम्-*v. t. & i.* to recover, to win back, to tame, to bring into a state of cultivation. पुनः प्राप्त करना, सुधारना, पालना, उपजाना; **Reclaimable** (-ऍ-बल्)-*adj.* able to be reclaimed. सुधारने योग्य।

Reclaimant-रि-क्ले-मन्ट्-*n.* one who opposes. विरोध करनेवाला।

Reclamation-रॅ-क्लमेशन्-*n.* reclaiming, recovery. कुपथ का त्याग, पुनःप्राप्ति, पुनर्ग्रहण।

Reclinate-रॅक्लिनेट्-*adj.* bending downwards. नीचे को झुका हुआ; **Reclination** (-शन्)-*n.* the act of reclining. झुकाव।

Recline-रि-क्लाइन्-*v. t. & i.* to lie or lean on one side to rest, to rely. झुकना, सहारा लेना, विश्राम करना, आश्रित होना।

Reclose-री-क्लोज्'-*v. t.* to shut up again. फिर से बन्द करना।

Reclothe-री-क्लोद्'-*v. t.* to dress up again. फिर से वस्त्र पहिनाना।

Recluse-रि-क्लूस्'-*adj. & n.* living in retirement or isolation, a hermit or anchorite. निर्जन या एकान्तवासी, सन्यासी (वैरागी); **Reclusely** (-लि)-*adv.* in a recluse manner. एकान्तवास करते हुए, वैराग्य से; **Recluseness** (-नॅस्)-*n.* the state of being recluse. वैराग्य।

Reclusion-रिक्लूझन्-*n.* retirement from society. वैराग्य।

Reclusive-रि-क्लू'-सिव्-*adj.* affording retirement from society. वैराग्य-जनक।

Reclusory-रि-क्लू'-सरि-*n.* a hermitage. ऋषि का आश्रम।

Recoal-री'-कोल्-*v. t. & i.* to fill a ship with coal. जहाज में कोयला भरना।

Recoat-री-कोट्'-*v. i.* to lay a second coat. दूसरा अस्तर (या रंग) लगाना।

Recognition-रॅकॅग्निशन् *-n.* formal identification or acknowledgement. पहचान, मान्यता, स्वीकृति।

Recognitory-रिकॅग्निटरि *- adj.* pertaining to recoginition. पहचान या मान्यता सम्बन्धी।

Recognizability-रॅकॅग्नाइज़ॅबिलिटि*-n.* identification. पहचान, स्वीकृति; **Recognizably** (-ज़ॅब्-लि)*-adv.* in a recognizable manner. पहिचान में, प्रमाण से।

Recognizable-रॅकॅग्नाइज़ॅबॅल् *-adj.* that may be recognized. पहिचानने योग्य, प्रमाणित करने योग्य।

Recognizance-रॅकॅग्निज़न्स् *- n.* declaration of a bond, a legal obligation entered into before a magistrate not to do particular acts. अंगीकारपत्र, मुचलका।

Recognizant - रॅकॅग्निज़ॅन्ट् *- adj.* having consciousness of something. किसी पदार्थ का ज्ञान सूचित करनेवाला।

Recognization - रॅकॅग्नाइज़ेशन् *- n.* the act of recognizing. प्रामाणिकता।

Recognize -रॅकॅग्नाइज़्*-v. t.* to identify, to know again, to acknowledge validity of, to re-examine. पहिचानना, स्मरण करना, सत्यता स्वीकार करना, फिर से परीक्षा करना, प्रमाणित करना, निश्चित करना।

Recognizer-रॅकॅग्नाइज़र् *-n.* one who recognizes. पहिचान करनेवाला, जामिन।

Recoil- रि-काइल्'*-v. t. & i.* to beat back, to retire, to retreat, to shrink. पीछे हटाना, भाग जाना, टमकना, ठिठकना; *-n.* a falling back. पीछे की ओर हटाव, ठमक; **Recoiler** (-अर्) *- n.* one who falls back. ठिठकनेवाला; **Recoiling** (-इङ्ग्) *- adj.* starting back, receding. पीछे हटनेवाला; **Recoilingly** (-लि)*-adv.* with recoil. हटते हुए; **Recoilment** (-मॅन्ट्)*-n.* the act of recoiling. ठिठक।

Recoin-री-कॉइन्'*-v. t.* to coin afresh. फिर से सिक्का ढालना; **Recoinage**(-एॅज्)*-n.* the act of coining afresh, new coinage. फिर से सिक्का ढालने की क्रिया, नया सिक्का।

Recollect-रॅकलॅक्ट्*-v. t.* to recall in mind, to gather up again, to remember. मन में स्मरण करना, याद करना; **Recollection** (-शन्) *-n.* the power of recollecting. स्मरण-शक्ति, यादगार; **Recollective** (-इव्) *-adj.* having the power of recollecting. स्मरण या याद रखनेवाला।

Re-collect-री-कलॅ'-क्ट् *-v. t. & i.* to gather together again. दुबारा जमा या इकट्ठा करना या होना।

Recolour-री-कलर्*-v. t.* to colour again. फिर से रंगना।

Recombination-री-कम्बिनेशन्*-n.* combining a second time. दुबारा मिलाने का कार्य।

Recombine-री - कम्बाइन्*-v. t.* to combine again. फिर से मिलाना।

Recomfort-री-कम्फर्ट्*-v. t.* to pacify again, to give new strength. फिर से शांत करना, नया उत्साह देना।

Recommence-री-कमॅन्स्*-v.t.* to begin again. फिर से आरम्भ करना; **Recommencement** (-मॅन्ट्)*-n.* a new beginning. नया आरम्भ।

Recommend-रॅकमॅन्ड्'*-v. t.* to place in the care of, to suggest as fit for, to advise, to make acceptable to. सौंपना, योग्य बतलाना, संस्तुति करना, स्तुतिपूर्वक कहना; **Recommendable** (-एॅ-ब्ल्)*-adj.* worthy of recommendation. संस्तुति (सिफ़ारिश) के योग्य; **Recommendation** (-एॅ-शन्)*-n.* a letter of recommendation. संस्तुति-पत्र, गुण-वर्णन, प्रशंसा लेख; **Recommendatory** (-एॅ-टरि)*-adj.* worthy of recommendation. प्रशंसाकारी; **Recommender** (-अर्)*-n.* one who recommends. सिफारिश करनेवाला, संस्तोता।

Recommit-री-कमिट्'*-v. t.* (*p. t.* **Recommitted.**) to commit again, to refer a second time. फिर से सौंपना, दुबारा हवाले करना; **Recommittal** (-अल्)*-n.* a second committal. दुबारा हवाला करने का कार्य, पुनः समर्पण।

Recommunicate-री-कम्युनिकेट्*-v. t.* to communicate a second time. दुबारा सूचित करना।

Recompact-री-कॅम्पॅक्ट्'*-v. t.* to join afresh. फिर से मिला देना।

Recompense-रॅकम्पॅन्स्*-v. t.* to make amends for, to compensate, to requite. प्रतिफल देना, क्षति पूर्ति करना, पारितोषिक देना; *- n.* an equivalent returned for something, requital, reward, remuneration, repayment. बदला, पारितोषिक, प्रतिफल, निस्तार।

Recompilation-रीकम्पिलेशन्*-n.* the act of recompiling. दुबारा ग्रन्थ निर्माण करने का कार्य।

Recompile-री - कम्पाइल् *- v. t.* to compile again. नये सिरे से ग्रन्थ बनाना।

Recompose-री-कम्पोज़्*-v. t.* to form in a new way again, to quieten. नये सिरे से बनाना, शांत करना।

Recomposition-री-कम्पोज़िशन् *- n.* renewed composition. नये सिरे की बनावट या रचना।

Recompound-रीकम्पाउन्ड्'-*v. t.* to compound again. फिर से मिलाना या जोड़ना।

Reconcilable-रेकन्साइलेबल्-*adj.* able to be reconciled. सन्तुष्ट करने योग्य।

Reconcile-रेकन्साइल्-*v. t.* to settle a quarrel, to heal up, to conciliate, to bring to agreement, to harmonize. झगड़ा मिटाना, सन्धि कराना, सन्तुष्ट करना, एकता करना; **Reconcilability** (-ऐब्-इल्-इट्-इ), **Reconcilement** (-मन्ट्), **Reconciliation** (-सिलि-ए-शन्) -*ns.* the state of being reconciled. समाधान, विरोध की शान्ति; **Reconciliatory** (-सिलि-एट्'-अरि)-*adj.* tending to reconcile. विरोध शान्त करनेवाला, झगड़ा मिटानेवाला।

Recondense-रीकन्डेन्स्-*v. t.* to condense again. फिर से जमाना या ठोस करना।

Recondite-रेकन्डाइट्-*adj.* abstruse, hidden, obscure. गूढ़, गुप्त, छिपा हुआ; **Reconditely** (-लि)-*adv.* obscurely. गुप्त रीति से; **Reconditeness** (-नेस्)-*n.* the quality of being obscure. गूढ़ता।

Recondition-रीकन्डिशन्-*v. t.* to overhaul, to fit again. फिर से बैठाना या ठीक करना।

Reconditory-रीकॉन्डिटरि-*n.* a storehouse. भण्डारघर।

Reconduct-रीकन्डक्ट्-*v. t.* to conduct again. फिर से मार्ग दिखलाना।

Rconfirm-रीकन्फर्म्-*v. t.* to confirm again. फिर से स्थिर या पुष्ट करना।

Reconjoin-रीकन्जॉइन्-*v. t.* to join afresh. फिर से संयुक्त करना या जोड़ना।

Reconnaissance-रि-कॅ-नि-सन्स्-*n.* preliminary survey, military or naval examination of a tract. अनुसन्धान, किसी स्थान की सैनिक परीक्षा।

Reconnoitre-रॅ-कॅ-नॉयटर्-*v. t. & i.* to make a survey, to learn the condition. अन्वेषण, निरीक्षण या जाँच करना; **Reconnoitrer** (-अर्) -*n.* one who surveys निरीक्षण करनेवाला।

Reconquer-रीकॉङ्'-कर्-*v. t.* to regain, to conquer again. पुनः प्राप्त करना, फिर से जीतना।

Reconquest-री-कॉङ्'-क्वेस्ट्-*n.* conquest anew. नई जीत।

Reconsider-रीकन्सिडर्-*v.t.* to review. फिर से देखभाल करना; **Reconsideration** (-ए-शन्) -*n.* a second consideration. दुबारा देखभाल।

Reconstitute-रीकॅन्'-स्टि-ट्यूट्-*v. t.* to reconstruct. पुनर्निर्माण करना; **Reconstitution** (-शन्)-*n.* the act of constituting afresh. पुनर्निर्माण।

Reconstruct-रीकन्-स्ट्रक्ट्'-*v. t.* to rebuild. फिर से मरम्मत करना या बनाना; **Reconstruction** (-शन्)-*n.* act of constructing again. पुनर्निर्माण, दुबारा की बनावट; **Reconstructive** (-टिव्)-*adj* able to construct again. पुनर्निर्माण के योग्य।

Reconvene-रीकन्-वीन्'-*v.t.* to call together again. फिर से एकत्रित करना या बटोरना।

Reconversion-रीकन्वर्शन्-*n.* a second conversion. दुबारा का परिवर्तन।

Reconvert-रीकन्वर्ट्-*v. t.* to convert again. फिर से पलटना।

Reconvey-रीकन्वे'-*v.t.* (*p. t.* **Reconveyed.**) to convey back. फिर से ले जाना।

Reconveyance-रीकन्वेएन्स्-*n.* the act of reconveying. वापसी।

Record-रेकर्ड्-*n.* the state of being recorded, official report of proceedings, remembrance, a public document, facts known, the plate of gramophone. ज्ञात-प्रमाण, लेख-प्रमाण, यादगार, सरकारी कागज, ज्ञात तथ्य, ग्रामोफोन बाजे का तवा;-*v. t.* (रिकॉर्ड्) to register, to represent in a permanent form. रजिस्टर में लिखना, प्रमाणित करना।

Recordable-रिकॉर्डेबल्-*adj.* able to be recorded. प्रमाणित करने योग्य।

Recorder-रिकॉर्डर्-*n.* one who records. लेखक, दफ़्तर का कागज रखनेवाला।

Recount-रीकाउन्ट्'-*v. t.* to relate, to tell in detail, to count again. वर्णन करना, विस्तार सहित कहना, फिर से गिनना।

Recountal-रिकाउन्टल्-*n.* a narration. वर्णन, बयान।

Recoup-रि-कूप'-*v. t. & i.* to make a deduction, to make good, to compensate. कम करना, पूरा करना, हानि की पूर्ति करना।

Recoupment-रि-कूप'-मेन्ट्-*n.* the act of recouping. हानि की पूर्ति।

Recourse-रि-कोर्स्-*n.* resort to a possible help, thing resorted, helper, a flow or running-back, return, opportunity or passage to return. आश्रय, आलम्ब (सहायता), सहायक, पीछे की ओर बहाव या चाल, वापसी, वापस होने का मौका या रास्ता; **To have recourse to** (to adopt as helper.) सहारा लेना।

Re-cover-रीकवर्-*v. t.* to cover again. दुबारा ढाँकना।

Recover-रि-कवर्-*v. t. & i.* to regain possession of, to cure, to reclaim, to secure.

to regain health or consciousness, to get over. फिर से प्राप्त करना, रोग से विमुक्त होना, चंगा होना, सँभालना, पूर्व-स्थिति पर पहुँचना, होश में आना।

Recoverable-रिकवरेबल - *adj.* able to be recovered or restored. आरोग्य होने योग्य, पुनः प्राप्त करने योग्य; **Recoverableness** (-नेस्)-*n.* the state of being recoverable. पुनः प्राप्ति; **Recovery** (-इ)-*n.* the act of recovering, restoration from illness. पुनर्लाभ, आरोग्य-प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ।

Recreancy - रे - क्रिअन्सि - *n.* cowardliness. भीरुता।

Recreant-रे-क्रिअन्ट् - *adj. & n.* cowardly, apostate, false, a mean-spirited wretch. डरपोक, धर्मभ्रष्ट, झूठा, पतित, नीच; **Recreantly** (-लि)-*adv.* in a cowardly manner. डर से।

Recreate-रे-क्रिएट्-*v.i. & t.* to reanimate, to refresh, to amuse, to entertain, to occupy agreeably, to create again. सचेत करना, ताजा करना, आनन्द करना, मनोरञ्जन करना, सन्तुष्ट करना, फिर से उत्पन्न करना; **Recreation** (-एे-शन्)-*n.*refreshment after labour. विश्राम, मनोरंजन; **Recreative** (-इव्)-*adj.* tending to refresh. आनन्द देनेवाला, मनोरंजक; **Recreatively** (-इव्-लि)-*adv.* in a way to recreate. सन्तुष्ट करते हुए; **Recreativeness** (-इव्-नेस्) -*n.*the quality of being recreative. आश्वासन, सन्तोष, मनोरञ्जकता।

Recrement-रे - क्रि - मेन्ट्-*n.* waste product, refuse, fluid which is separated from the blood and is again absorbed in it. तलछट, खाद, पित्त, लार इत्यादि जो रुधिर से अलग होता तथा फिर इसमें मिल जाता है।

Recremental-रे-क्रिमेन्टल्-*adj.* (also **Recrementitious.**) pertaining to recrement. तलछट-सम्बन्धी।

Recriminate-रिक्रिमि-नेट् - *v. i.* to indulge in mutual charges, to accuse in return. उलटा दोष या कलंक लगाना, परस्पर अभियोग लगाना।

Recrimination-रिक्रिमिनेशन्-*n.* indulging in mutual charges. परस्पर दोष का आरोपण।

Recriminative-रिक्रिमिनेटिव् - *adj.* retortive. वादी का प्रतिवादी पर दोष लगाने का।

Recriminator-रिक्रिमिनेटर्-*n.* one who accuses an accuser with a like crime. दोष लगाने पर वही दोष दूसरे पर लगानेवाला व्यक्ति; **Recriminatory** (-टरि)-*adj.* retorting. वादी पर प्रतिवादी का दोष लगानेवाला।

Recross-री'-क्रॉस्-*v t.*to cross a second time, to cross-examine again. दुबारा पार करना, दुबारा जिरह करना।

Recrudesce-री-क्रु-डेस्-*v. i.* to break out again. फिर से उमड़ आना या निकल आना।

Recrudescence(y)-री-क्रु-डे-सेन्स (-इ)-*ns.* a state of becoming sore again. आरोग्य होकर फिर से रोगी होने की अवस्था।

Recrudescent-रीक्रु डे सेन्ट्-*adj.*breaking out again. फिर से उमड़नेवाला।

Recruit-रि-क्रूट्'-*n.* a newly enlisted soldier, a tiro. नया सिपाही, नवसिखुआ (रंगरूट);-*v. t. & i.* to enlist as a recruit, to recover in health, to re-invigorate, to refresh. नये सैनिक भर्ती करना, स्वस्थ होना, नया बल प्राप्त करना, ताज़ा करना; **Recruital** (-अल्) - *n.* enlistment. सेना में नई भर्ती करने का कार्य; **Recruiter** (-अर्)-*n.* one who recruits. नये सैनिक भर्ती करनेवाला ; **Recruiting** (-इङ्ग्); **Recruitment** (-मेन्ट्) -*ns.* the act of enlisting men in an army. रँगरूट की भर्ती।

Rectal-रेक्टल्-*adj.* pertaining to the rectum. गुदा-सम्बन्धी

Scarlet-स्कार्लेट्-*n.* & *adj.* bright red colour, of brilliant red colour. गहरा लाल रंग, अंगूरी रंग का; **Scarlet fever** (a kind of fever characterized by scarlet rash.) एक प्रकार का ज्वर जिसमें अंग में सर्वत्र लाल चकत्ते पड़ जाते हैं।

Scarp-स्कार्प्-*n.* the inner slope of a ditch, perpendicular slope. खाई की भीतरी दीवार, सीधी ढाल;-*v. t.* to make a perpendicular slope. खड़ी ढाल बनाना ; **Scarped** (-ड्)-*adj.* cut down. कटा हुआ।

Scarred-स्कार्ड्-*adj.* marked with scars. चिह्नों से अंकित।

Scarus-स्केरस्-*n.* a fish of bright hue. चमकीले रंग की एक प्रकार की मछली।

Scathe-स्केद्'-*v. t.* to injure, to damage. नष्ट करना, हानि करना; -*n.* injury. चोट, हानि ; **Scatheful** (-फ़ुल)-*adj.* injurious, harmful.

हानिकारक; **Scathefulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* injuriousness. हानि ; **Scatheless** (-लेस्) *adj.* without injury. हानि-रहित ।

Scathing-स्कें दिङ्ग्-*adj.* withering. नष्ट होता हुआ; Scathingly (-लि) -*adv.* in a scathing manner. हानि करते हुए ।

Scatology-स्कॉ-टॅ-लॅ - जि-*n.* study of filthy insects. गन्दगी के कीड़ों के अध्ययन का शास्त्र ।

Scatophagous-स्कॉ-टॅ-फॅ-गस्-*adj.* feeding on dung. मल या विष्ठा भोजन करनेवाला ।

Scatter-स्कॉ-टर्-*v. t. & i.* to throw here and there, to disperse, to spread. फलाना, छितराना, बिखेरना; **Scatter-brain** (a thoughtless person.) अव्यवस्थित पुरुष ; **Scatter-brained** (heedless, desultory.) लापरवाह ; **Scattered** (-ड्) -*adj.* strewn. छितराया हुआ ; **Scattering** (-इङ्ग्) -*adj.* strewing. छितराने वाला;**Scatteringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a scattering manner. छितराते हुए; **Scatterings** (-इङ्गज़्)-*n. pl.* things scattered. छितराई हुई वस्तुएँ ।

Scatterling-स्कॉटर्लिङ्ग्-*n.* a vagabond. घुमक्कड़ मनुष्य ।

Scaup-स्कॉप्-*n.* a kind of duck. एक प्रकार का बत्तख ।

Scauper-स्कॉपर्-*n.* an engraver's gouge. नक्काशगिर की गोलची ।

Scavenger-स्कॉ-वें-न्जर्-*n.* a person employed to keep the streets clean by removing refuse. मेहतर, सड़क का कूड़ा हटानेवाला; **Scavengery** (-इ) -*n.* the work of a scavenger. मेहतर का काम ।

Scena-सीना-*n.* portion of an opera. संगीत नाटक का अंग ।

Scenario-शे'-नारिओ-*n.* the plot of a play in which the order of scenes, story etc. are laid out. नाटक की कथा, अङ्क आदि के क्रम का विवरण ।

Scene-सीन्-*n.* stage of a theatre, place on which anything is exhibited, a dramatic representation, portion of a play, painted canvas of a theatre. रंगभूमि, प्रदर्शन-भूमि, नेपथ्य, स्थल, दृश्य, नाटक का अंक, नाटक का पर्दा ।

Scenery-सी-नरि-*n.* representation of a scene spectacle. दृश्य, भूमि, कृत्रिम रचना ।

Scenic-सी' (-से)-निक्-*adj.* of the stage, picturesque. नेपथ्य-सम्बन्धी, सुन्दर (बहारदार) ; **Scenically** (-अलि) -*adv.* in the form of a scene. नेपथ्य रूप में, सुन्दरता से ।

Scenografic-सीनॅ-ग्रॉ-फ़िक्-*adj.* drawn in perspective. उभाड़ दिखलाती हुई चित्रकारी का ।

Scenography-सीनॅ-ग्रॉ-फ़ि-*n.* representation in perspective. नाटक के पर्दे को ऐसा रँगना कि वह पर्दा न मालूम हो, सच्चा दृश्य जान पड़े ।

Scenographer-सी-नॅ-ग्रॉफ़' - अर्-*n.* one who paints in perspective. ऐसा दृश्य बनानेवाला जो सच्चा जान पड़े ।

Scenographic-सी-नॅ-ग्रॉफ' - इक्-*adj.* pertaining to scenography. ऐसा दृश्य सम्बन्धी जो सच्चा जान पड़े ।

Scenographically-सी-नॅ-ग्रॉफ़्'-इक् - अलि-*adv.* in perspective. उभाड़ दिखलानेवाली चित्रकारी में ।

Scent-सॅन्ट्-*n.* agreeable odour, perfume. सुगन्ध, महक;-*v.t. & i.* to smell, to perfume, to discover by smelling, to suspect the presence of. सूँघना, सुगन्धित करना, गन्ध द्वारा किसी का पता लगाना, सन्देह करना; **On the scent** (in search of, having a clue.) खोज में; **To put off the scent** (to deceive by false indication.) धोखा देना, छलना ; **Scent-box** (-बॉक्स्) -*n.* box for keeping perfumes. अतरदान ; Scented (-ऍड्) -*adj.* perfumed. सुगंधित ; Scented dames (cigarettes.) सिगरेट, चुरुट; Scentful (-फुल्) -*adj.* odorous. सुगन्धित, खुशबूदार ; Scentless (-लेस्) -*adj.* inodorous. गन्धहीन, बिना गन्ध का ।

Scapsis, Skepsis-स्कॅप्'-सिस्-*ns.* philosophic scepticism. तत्त्वज्ञानियों का अविश्वास ।

Sceptic-स्कॅप्-टिक्-*n.* one who has no faith in religious doctrines, an atheist. धार्मिक सिद्धान्तों में विश्वास न रखनेवाला, नास्तिक ; **Sceptical** (-अल्)-*adj.* incredulous, doubting. संशयात्मक, सच्ची बातों में भी सन्देह करनेवाला ; **Sceptically** (-अलि) -*adv.* in a sceptic manner. संशय (संदेह) से ; **Scepticism** (-सिज़्म्) -*n.* doubt, sceptical principle. सन्देह, अविश्वास ।

Sceptre-सॅप्टर्-*n.* a staff borne as emblem of sovereignty, royal power or authority. राजदण्ड, प्रभुत्व, राजाधिकार ; **Sceptred** (-ड्) -*adj.* bearing a sceptre, regal. दण्डधर, अधिकारयुक्त; **Sceptred king** (anointed king.) अभिषेक किया हुआ राजा, **Sceptreless** (-लेस्) -*adj.* without authority. बिना प्रभुत्व या अधिकारका ।

Schedule-शेड्'-यूल्-*n.* statement of details in tabular form, a list or inventory. परिसंख्या, नामावली, सूची;-*v. t.* to make a catalogue of. सूचीपत्र बनाना; **Scheduled time** (time stated in the time-table.) सूचीपत्र में का निर्धारित समय।

Schema-स्की'-मॉ-*n.* (*pl.* **Schemata.**) diagram, outline, essentiality. खाका, आकार मात्र, तत्व।

Schematic - स्किमॅटिक् - *adj.* diagramatic. आकार मात्र का; **Schematically** (-अलि) *adv.* diagramatically. आकार मात्र में।

Scheme-स्कीम्-*n.* a system of classification, plan for doing a thing, system, project, a diagram, artful design, contrivance. वर्गीकरण-प्रणाली, योजना, अनुसन्धान, व्यवस्था, कल्पना, चित्र, नक्शा, कपट-प्रबन्ध, उपाय ; -*v. i. & t.* to form a plan, to contrive. उपाय करना, कपट प्रबन्ध करना; **Schemer** (-अर्) -*n.* one who makes a scheme. उपाय रचनेवाला ; **Scheming** (-इङ्ग्) -*n.* the act of planning, intriguing. छल, कपट-प्रबन्ध ; **Schemingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* by way of scheming. कपट प्रबन्ध करते हुए।

Scheroma-स्के-रॅ'-मा-*n.* dryness of the eye. आँखों का सूखापन।

Schetic-स्के - टिक्-*adj.* constitutional. प्रकृति-सम्बन्धी।

Schism-सिज़्म्-*n.* the separation of a church, faction, गिर्जे का अलगाव, फूट।

Schismatic-सिज़्मॅटिक् - *adj.* pertaining to schism. भेदमूलक ; **Schismatically** (-अलि) -*adv.* in a schismatic manner. मतभेद से।

Schismatize-सिज़्मटाइज़् - *v. t.* to create schism. मतभेद या फूट उत्पन्न करना।

Schist-शिस्ट्-*n.* a rock splitting up in thin layers. पतली तहों में अलग होनेवाली चट्टान ; **Schistose** (-ओज़्)-*adj.* ऐसी चट्टान का।

Schizanthus-स्कि (-स्काइ)-ज़न्थस्-*n.* a kind of flowering plant. एक प्रकार का फूलदार पौधा।

Scholar-स्कॉलर्-*n.* one who learns, a pupil a learned person. विद्यार्थी, छात्र, विद्वान् ; **Scholarly** (-लि) -*adj.* like a scholar. पण्डितोचित, पंडित के समान; **Scholarship** (-शिप्) -*n.* erudition, learning, a money allowance given to a student. पाण्डित्य, विद्या, छात्रवृत्ति।

Scholastic-स्कॅ-लॅ-स्टिक्-*adj.* pertaining to a scholar or university, educational, pedantic, scholarlike, academic. विद्वान् या विश्वविद्यालय सम्बन्धी, विद्याविषयक, शास्त्रीय; -*n.* one who follows scholasticism. धर्माधिकारी; **Scholastically** (-अलि) -*adv.* in a scholastic manner. विद्यानुराग या पाण्डित्य से; **Scholasticism** (-सिज़्म्)-*n.* a scholastic philosophy or learning. विद्यानुराग, पांडित्य।

Scholiast-स्को'-लि - ऑस्ट्-*n.* a commentator, an annotator. भाष्यकार, टीकाकार; **Scholiastic** (-इक्) -*adj.* pertaining to a scholiast. भाष्य-सम्बन्धी।

Scholium-स्को'-लि-अम्-*n.* (*pl.* **Scholia.**) a marginal commentary. पुस्तक के किनारे पर लिखी हुई टीका।

School-स्कूल्-*n.* an educational institution for boys and girls, place of instruction, disciple of a teacher, branch of study, shoal of fish. विद्यालय, पाठशाला, सम्प्रदाय, शिक्षा की शाखा, मछलियों का झुण्ड ;-*v. t.* to instruct, to tutor. विद्या पढ़ाना (सिखलाना), अध्ययन कराना; **Boarding School** (a school in which pupils are lodged as well as taught.) पाठशाला जिसमें विद्यार्थियों के रहने तथा पढ़ाने का प्रबन्ध रहता है ; **High School** (a secondary school.) माध्यमिक विद्यालय ; **Higher Secondary school** (an intermediate college.) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ; **Primary School** (an elementary school.) प्रारम्भिक विद्यालय ; **Secondary School** (school in which pupils are prepared for the university.) जिस पाठशाला में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शिक्षा के लिये तयार किया जाता है, माध्यमिक विद्यालय ; **School-book** (a book used in school.) स्कूल में पढ़ाने की पुस्तक ; **Schoolboy** (a boy attending a school.) पाठशाला में पढ़नेवाला विद्यार्थी ; **School-fellow** (one taught at the same school.) सहाध्यायी।

Schoolable-स्कूलॅबल् - *adj.* of school age, liable by age to compulsory education. स्कूल में पढ़ने के लिये जाने योग्य।

Schooling-स्कूलिङ्ग् - *n.* instruction in a school. विद्यालय में शिक्षा।

Schoolman-स्कूल' - मॅन्-*n.* a philosopher. दार्शनिक, तत्ववेत्ता।

Schoolmaster-स्कूल'-मास्ट्-अर्-*n.* a teacher in school. पाठशाला का अध्यापक।

Schoolmate-स्कूल'-मेट्-*n.* a school fellow. पाठशाला का साथी।

Schoolmistress-स्कूल-मिस्' - ट्रॅस्-*n.* a female teacher. अध्यापिका।

Schoolteacher-स्कूल'-टीच्-अर्-*n.* one who teaches in a school. पाठशाला का अध्यापक।

Schooner-स्कू-नर्-*n.* a small sailing vessel with two or more masts. दो या दो से अधिक मस्तूल का छोटा जहाज।


Schooner.

Sciagram-साइऑग्राम्-*n.* X-ray picture. एक्स किरण से उतारा हुआ चित्र; **Sciagrammatic** (-ऑट्-इक्)-*adj.* pertaining to X-ray picture. ऐसे चित्र से संबंधित; **Sciagrammatically** (-अलि)-*adv.* in a sciagrammatic manner. एक्स्-रे की रीति से।

Sciagrapher-साइऑग्रेफ़र्-*n.* an X-ray photographer. एक्स-रे द्वारा चित्र उतारनेवाला।

Sciagraphy-साइऑग्रफ़ि-*n.* art of shading in drawings and sketches, X-ray photography, finding of time by the shadow of the sun. चित्र में छाया दरसाने की कला, एक्स-किरण द्वारा फ़ोटो उतारने की कला, सूर्य की छाया से समय का अनुमान करना।

Sciamachy-साइऑमकि-*n.* fighting with shadows. छाया से लड़ाई, छाया-युद्ध।

Sciamancy-साइ'ऑ-मॅन्-सि-*n.* divination by shadows. छाया से शकुन कथन।

Sciatic-साइऑटिक्-*adj.* of the hip. कूल्हे का; **Sciatically** (-अलि)-*adv.* in a sciatic manner. कूल्हे के रोग से; **Sciatica** (-आ)-*n.* a neuralgia affecting the hip or thigh. कूल्हे पर की अथवा घुटने पर की गठिया।

Science-साइ'-अन्स्-*n.* systematic knowledge. विज्ञान (विद्या) शास्त्र; **Applied science.** (science dealing with industrial processes.) उद्योग (व्यवसाय) में प्रयुक्त होनेवाला विज्ञान; **Natural science** (science dealing with natural phenomena.) प्राकृतिक विज्ञान; **Physical science** (science dealing with physical aspects of matter.) भूतत्व विज्ञान-यथा ज्योतिष, रसायन शास्त्र, विद्युतशास्त्र तथा यन्त्र-रचना शास्त्र, भौतिक विज्ञान; **Pure science.** (science apart from practical applications.) शुद्ध विज्ञान।

Scientific-साइ'-टिफ़िक्-*adj.* pertaining to science. शास्त्रीय विद्या सम्बन्धी, वैज्ञानिक; **Scientifically** (-अलि)-*adv.* in a scientific manner. विज्ञान के अनुसार।

Scientist-साइ'न्टिस्ट्-*n.* one who is versed in science. वैज्ञानिक।

Scilicet-साइ'-लि-सेट्-*adv.* (*abbr.* **Sc.**) namely, that is to say. अर्थात्।

Scimitar-सि-मिटर्-*n.* a short curved sword. खड्ग, टेढ़ी तलवार, कृपाण।


Scimitar.

Scintilla-सिन्टिला-*n.* a spark. स्फुलिंग, चिनगारी।

Scintillant-सिन्टिलन्ट्-*adj.* emitting sparks. चिनगारी फेंकनेवाला।

Scintillate-सिन्टिलेट्-*v. t.* to sparkle, to emit sparks. चमकना, चिनगारी फेंकना।

Scintillation-सिन्टिलेशन्-*n.* the act of sparkling. चिनगारी का फेंकाव।

Sciolism-साइ'-ॲ-लिज़्म्-*n.* little knowledge. अल्प ज्ञान; **Sciolist** (-लिस्ट्)-*n.* a pretender of knowledge, one who has a smattering knowledge of something. अल्पज्ञ, थोड़े ज्ञानवाला; **Sciolistic** (-लिस्ट्-इक्)-*adj.* pertaining to little knowledge. अल्प ज्ञान सम्बन्धी।

Scion-साइ-अन्-*n.* the shoot of a plant, a descendant. (नवपल्लव) अंकुर, वंशज, सन्तान।

Scioptics-साइ-ऑप्'-टिक्स्-*n.* the art of exhibiting through a hole in a dark room. अँधेरी कोठरी में छिद्र द्वारा चित्र-प्रदर्शन की कला।

Scirrhosity-सिरॉसिटि-*n.* knottiness. मांस-ग्रन्थि, गिल्टी।

Scirrhous-सि-रस्-*adj.* knotty. गाँठदार।

Scirrhus-सि-रस्-*n.* a hard tumour developing into a cancer. गिल्टी जो बढ़कर जहरबाद हो जाती है।

Scissel-सि-सें'-ल्-*n.* a metal plate from which disks have been cut out. चद्दर का टुकड़ा जिसमें से गोल टिकुलियाँ काट ली गई हों।

Scissile-सि-साइल्-*adj.* able to be divided into small pieces. गोल छोटे टुकड़ों में काटने योग्य।

Scission-सिशन्-*n.* the act of cutting. कटाव, फटन।

Scissor-सिज़र्-*v. t.* to cut off with scissors. कैंची से काटना; **Scissoring** (-इङ्ग्)-*n.* a thing cut with scissors. कैंची से काटी हुई वस्तु।

Scissors-सिज़-र्ज़्-*n. pl.* a cutting instrument consisting of two blades mounted on a

pin. करतनी, कैंची; **Lamp-scissors** (scissors for trimming the wick of lamps.) लम्प की बत्ती काटने की कैंची; **Nail-scissors** (scissors for trimming nails.) नख काटने की कैंची।

Sciurine-साइ'-युरि-राइन्-*adj.* like a squirrel. गिलहरी की तरह का, गिलहरी की जाति का।

Scleriasis-स्क्लि-राइ'-अ-सिस्-*n.* hardening of tissues. शरीर-तन्तुओं का कड़ा पड़ जाना।

Scleroid-स्क्ली'-रॉ-इड्-*adj.* hard in texture. कड़ी बनावट का।

Scleroma, Sclerosis-स्क्लिरोमा (-रोसिस)-*ns.* (*pl.* **Scleromata.**) hardening of cells or tissues. शरीर-कोशाओं या तन्तुओं का कड़ा होना या कड़ा पड़ जाना।

Sclerotic-स्क्लि-रॅ-टिक्-*adj.* hard. कड़ा;-*n.* firm outer membrane of the eye ball. आँख की पुतली की कड़ी, पुष्ट बाहरी परत, शुक्ल पटल।

Sclerous-स्क्ली-रस-*adj.* hardened. कड़ा किया हुआ।

Scobiform-स्को-बि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of saw-dust. लकड़ी के बुरादे के आकार का।

Scobs-स्कॉब्ज़्-*n.* raspings of ivory. हाथीदाँत का चूरा।

Scoff-स्कॉफ़्-*n.* taunt, object of ridicule. आक्षेप, तिरस्कार;-*v. i.* to mock at, to show contempt or scorn. आक्षेप करना, ताना मारना।

Scoffer-स्कॉफ़र्-*n.* one who scoffs. ताना मारनेवाला।

Scoffing-स्कॉफ़िङ्ग्-*n.* the act of mockery. उपहास, ठट्ठा; **Scoffingly** (-लि) -*adv.* in a mocking manner. ठट्ठा करते हुए, ताना मारते हुए।

Scold-स्कोल्ड्-*v. i. & t.* to find fault with, to rail, to chide, to rebuke. दोष निकालना, ताना मारना, झिड़कना, गाली देना; -*n.* scolding, a rude and clamorous woman. झिड़की (ताना), अशिष्ट तथा झगड़ालू स्त्री; **Scolder** (-अर्) -*n.* one who scolds. निन्दक, गाली देनेवाला; **Scolding** (-इङ्ग्) -*n.* railing language. निन्दा, गाली, झिड़की।

Scolex-स्को-लेॅक्स्-*n.* a tape-worm in its early stage. चिपटे केंचुवे का आदि रूप।

Scoliosis-स्कॅ-लि-ओ'-सिस्-*n.* curvature of spine. पीठ की रीढ़ का टेढ़ापन।

Scoliotic-स्कॅ-लि-ओ-टिक्-*adj.* pertaining to curvature of spine. पीठकी रीढ़ के झुकाव का।

Scolopendra-स्कॅलॅ-पेॅन्ड्रा-*n.* centipede. कनखजूरा, गोजर।

Scolopendrine-स्कॅलॅ-पेॅन्'-ड्राइन्-*adj.* similar to a centipede. गोजर के समान।

Scolopendrium-स्कॅलॅ-पेॅन्ड्रिअम्-*n.* a kind of fern. एक प्रकार की वनस्पति।

Scolytus-स्कॉ-लि-टस्-*n.* a beetle which is destructive to trees. वृक्ष में लगनेवाला कीड़ा।

Scomber-स्कॉम्'-बर्-*n.* (*pl.* **Scombri.**) a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Sconce-स्कॉन्स्-*n.* a candlestick to be attached to a wall, the crown of head, a fortification, judgment, discretion, punishment for breach of discipline. दीवार पर लगाने की मोमबत्ती, ललाट (मस्तक), गढ़ी, न्याय, आज्ञा-भंग करने का दण्ड;-*v. t.* to fortify, to fine. क़िलाबन्दी करना, जुर्माना करना।

Scone - स्कॉन् - *n.* soft bread of wheat or barley. जव या गेहूँ की मुलायम रोटी।

Scoop-स्कूप्-*n.* a deep shovel with short handle, a large dipping vessel for transferring liquids. छोटी डण्डी का पोला फरसा (फरवा), बड़ा चम्मच; -*v. t.* to empty, to make hollow, to dig out. खाली करना, गर्त बनाना, खोदना: **Scooper** (-अर्)-*n.* an engraver's tool. नकाशी करनेवाले का यंत्र; **Scoop-wheel** - *n.* a wheel with buckets for lifting water. पानी उठाने का रहट।

Scoot-स्कूट्-*v. i.* to run, to dart off. झपटना, दौड़ना।

Scooter-स्कूटर्-*n.* a kind of child's toy. लड़कों के खेलने का पहियादार तख्ता।

Scopa-स्को'-पा-*n.* (*pl.* **Scopae.**) brush-like hair on the feet of bees. मधुमक्खी के पैर पर के रोयें।

Scope-स्काप्-*n.* end, aim, intention, purpose, sphere, extent, opportunity. अभिप्राय, हेतु, तात्पर्य, अवधि, सीमा, अवसर।

Scope-स्कोप्-*pref.* in sense of "watching". "निरीक्षक" अथवा "अवधि" अर्थ का उपसर्ग।

Scopiform-स्को'-पि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of broom. झाड़ू के आकार का।

Scopiped-स्को'-पि-पेॅड्-*n.* a broom-footed insect. एक कीड़ा जिसके पैर झाड़ू के आकार के होते हैं।

Scopulous-स्को'-प्यु-लस्-*adj.* full of rocks. चट्टानों से परिपूर्ण।

Scorbutic-स्कॉर्ब्यू-टिक् - *adj.* affected with scurvy. रक्तस्राव रोग से ग्रस्त ; **Scorbutically** (-अलि)-*adv.* रक्तस्राव से पीड़ित दशा में ।

Scorch-स्कॉर्च - *v. t. & i.* to turn the surface of a thing, to parch by heat, to be dried up. किसी पदार्थ की ऊपरी तह जलाना, झुलसाना, सूख जाना; **Scorcher** (-अर्) -*n.* he who or that which scorches. झुलसाने या जलानेवाला; **Scorching** (-इङ्ग)-*adj.* burning. झुलसानेवाला, जलानेवाला; **Scorchingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a scorching manner. झुलसाते हुए ।

Score-स्कोर्-*n.* a notch, starting point of a race, account, a set of twenty, reckoning, number of points made by a player in certain games. दरार (फटन), दौड़ आरंभ करने का स्थान, हिसाब, कोड़ी, गणना, खेल के अंकों की गणना; -*v. t. & i.* to cut, to notch, to engrave, to set account. काटना (छीलना), चिह्नित करना, गणना करना; **On that score** (about that subject.) उस विषय में; **Score-book** (a book in which scores are registered.) गणना करने की पुस्तक; **Scores of people** (a large number of men.) मनुष्यों की अधिक संख्या; **To pay one's score** (to settle reckoning.) गिनती ठीक करना; **To score under** (to underline.) रेखांकित करना ।

Scorer-स्कोरर् - *n.* one who counts. गिनती करनेवाला ।

Scoria-स्कोरिआ-*n.* (*pl.* **Scoriae.**) fragment of lava. ज्वालामुखी पर्वत से फेंके हुए मलबे के अंश ।

Scorification-स्को - रि - फ़ि-के-शन्-*n.* the act of reducing to dross. मल में परिवर्तन ।

Scorify -स्को-रि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Scorified.**) to reduce to drossy matter. मल में बदलना, मलवा करना

Scorn-स्कॉर्न्-*v. t.* to hold in contempt, to despise, to slight. तिरस्कार करना, अपमान करना, धिक्कारना ; - *n.* extreme contempt, derision. तिरस्कार, घृणा; **Scorner** (-अर्)-*n.* one who scorns or derides. तिरस्कार या अपमान करनेवाला; **Scornful** (-फ़ुल्) -*adj.* disdainful. तिरस्कार-युक्त ; **Scornfully** (-फ़ुलि) -*adv.* disdainfully. तिरस्कार (उपेक्षा) से ; **Scornfulness** (-फ़ुल-नेस्)-*n.* the state of being scornful. निन्दा, तिरस्कार ।

Scorpio - स्कॉर्पि - ओ - *n.* the eighth sign of zodiac. वृश्चिक राशि ।

Scorpioid-स्कॉर्-पि-ऑ-इड्-*adj.* of the form of a scorpion's sting. बिच्छू के डंक की तरह किनारे पर मुड़ा हुआ ।

Scorpion-स्कॉर्पिअन्-*n.* one of the signs of the zodiac, a lobster-like reptile with poisoned sting at its tail. वृश्चिक, बिच्छू; **Scorpion-shell** (a kind of shell-fish.) एक प्रकार की सीपवाली मछली ।

Scot-स्कॉट्-*n.* a native of Scotland, payment of tax. स्कॉटलैंड देश का निवासी, कर, महसूल ।

Scotch-स्कॉच्-*n. & adj.* of Scotland, native of Scotland, its language. स्कॉटलैंड का, इस देश सम्बन्धी, यहाँ की भाषा; - *v. t.* to wound without killing, to prevent motion, to support on wheel. हलका घाव करना, रोकना, पहिये पर रखना; **Scotchman, Scotchwoman** (man or woman of Scotland.) इस देश का पुरुष या स्त्री; **Scot-free** (स्कॉट्-फ़्री)-*adj.* not having to pay anything, unhurt. बिना कर दिये, अविकल, बिना चोट लगे ।

Scotia-स्कोश्यिा - *n.* moulding at the bottom of a column, खम्भे की पेंदी पर का गोला ।

Scoto-स्कॉ-टॅ-*pref.* in sense of " darkness '. "अन्धकार" अर्थ का उपसर्ग ।

Scotograph-स्कॉ-टॅ-ग्रेफ़्-*n.* a writing instrument for the blind. अन्धों के लिखनेका यन्त्र ।

Scotomy-स्कॉ - टॅ - मि-*n.* dizziness of sight. दृष्टि भ्रम, धुँधली दृष्टि ।

Scotticism-स्कॉटि-सिज़्म्-*n.* use of Scotch words. स्कॉच् शब्दों का प्रयोग ।

Scottish-स्कॉ-टिश्-*adj.* pertaining to Scotland. स्कॉटलैंड देश-सम्बन्धी ।

Scoundrel-स्कॉउन्ड्रल्-*n.* a rogue, a rascal, a worthless fellow. नीच, दुरात्मा, दुष्ट ।

Scoundrelism - स्काउन्ड्रलिज़्म् - *n.* baseness, rascality. नीचता, दुष्टता ।

Scoundrelly - स्काउन्ड्रलि-*adv.* like a rascal. नीचता से ।

Scour-स्काउर्-*v. t. & i.* to cleanse by rubbing, to clear out, to polish, to hasten, to search rapidly. माँजना, स्वच्छ करना, चमकाना, शीघ्रता करना, जल्दी-जल्दी खोजना;-*n.* the act of cleansing or polishing. स्वच्छ करने या चमकाने की क्रिया; **Scourer** (-अर्)-*n.* one who scours. पालिश करनेवाला ।

Scourge-स्कर्ज-*n.* a lash for chastising some thing regarded as a means of bringing divine evil. कोड़ा (चाबुक), उत्पात;-*v. t.* to chastise, to punish severely. दण्ड देना, कष्ट देना; **The white scourge** (consumption).

क्षव रोग; **Scourger** (-अर्)-*n.* one who punishes. दण्ड देनेवाला मनुष्य।

Scout-स्काउट् -*n.* a man sent out to gather informations about enemy, a kind of small fast-going aeroplane. गुप्तचर, भेदिया, जासूस, एक प्रकार का छोटा तेज़ जानेवाला हवाई जहाज़;-*v. t. & i.* to act as a scout, to watch closely, to reject with scorn, to sneer at. जासूसी का काम करना, निरीक्षण करना, निन्दा करना, तिरस्कार करना; **Boy-scout** (member of an organization intended to develop manliness and self-reliance.) बालचर, लड़का जो जासूसी का काम सीखता हो; **Scoutmaster** (the officer directing boyscouts.) बालचरों का शिक्षक।

Scovel-स्कवेल्-*n.* a mop for sweeping ovens. तन्दूर साफ़ करने का झाड़ू।

Scow-स्काउ-*n.* a kind of flat-bottomed boat. एक प्रकार की चौड़ी पेंदी की नाव।

Scowl-स्काउल्-*v. i. & t.* to frown, to wear a sullen look. भौंह चढ़ाना, मुँह सिकोड़ना; -*n.* a frowning look. क्रोधपूर्ण आकृति; **To scowl down** (to overbear.) न सहना।

Scowling-स्काउलिङ्ग्-*adj.* frowning. भ्रुकुटी चढ़ाये; **Scowlingly** (-लि) -*adv.* frowningly. भौंह चढ़ाये हुए।

Scrabble-स्क्रॉबल्-*v. t. & i.* to scratch, to grope in the dark, to mark with irregular lines or letters. खुरचना (खसोटना), अँधेरे में टटोलना, टेढ़ी-मेढ़ी लकीर बनाना।

Scrag-स्क्रॅग् - *n.* a lean person, anything thin and lean. दुर्बल मनुष्य, पतली वस्तु;-*v. t.* (*p. t.* **Scragged.**) to hang, to throttle. फाँसी पर लटकाना, गर्दन ऐंठना।

Scraggily-स्क्रॅ - गि - लि - *adv.* in a scraggy manner. दुर्बलता से; **Scragginess** (-स्क्रॅगि-नेस्)-*n.* the state of being scraggy. दुर्बलता, खुरखुरापन; **Scraggy** (-स्क्रॅगि)-*adj.* lean and bony, uneven, rough. दुर्बल, रूक्ष, कर्कश।

Scramble-स्क्रॅम्बल्-*v. t. & i.* to take part in a struggle, to climb, to catch at a thing. युद्ध में भाग लेना, चढ़ना, झपटकर पकड़ना;-*n.* a climbing over rough ground, eager struggle for something. ऊँची-नीची भूमि पर चढ़ना, किसी पदार्थ को प्राप्त करने के लिये उत्कट प्रयत्न करना ; **Scrambling** (-इङ्ग्) -*n.* a climb over something. चढ़ान।

Scran-स्क्रॅन्-*n.* eatables. भोजन की सामग्री।

Scranch-स्क्रॅन्श्-*v. t.* to craunch, to grind with teeth. कुरकुर करके चबाना।

Scrannel-स्क्रॅनेल् - *adj.* weak or feeble (sound.) मन्द (शब्द)।

Scrap-स्क्रॅप्-*n.* a small piece, fragment of something. खण्ड, टुकड़ा; - *pl.* useless remains. (ब० व०) वृथा अंश, गूदड़; **Scrap of paper** (a small piece of paper.) कागज़ की चिट।

Scrap-book-स्क्रॅप्'-बुक् -*n.* a blank book for preserving cuttings of newspapers &c. सादी जिल्द जिसमें समाचारपत्रों से फाड़े हुए चित्र, लेख इत्यादि चिपकाये रहते हैं।

Scrape-स्क्रेप्-*v. t. & i.* to level the surface of a thing for polishing, to clean by rubbing or scraping. रगड़कर चमकाना, खुरचकर पालिश करना; **To scrape one's boots** (to remove dirt from the sole of shoes.) जूते के तल्ले की मिट्टी हटाना; **To scrape one's plate** (to leave no food in the dish.) कुल खा जाना, थाली में कुछ न छोड़ना; **Scrape-penny** (-पेन्-नि)-*n.* a miser. कंजूस, कृपण

Scraper-स्क्रेपर्-*n.* one who scrapes, a tool for scraping. खुरचनेवाला, खुरचने का औजार।

Scrap-heap-स्क्रॅप्-हीप्-*n.* a head of rubbish. घूर का ढेर।

Scraping-स्क्रेपिङ्ग्-*n.* anything scraped off. खुरचन।

Scrappily-स्क्रॅ' - पि-लि - *adv.* in a scrappy manner. उच्छिष्टता से; **Scrappiness** (-पि-नेस्)-*n.* the state of being scrappy. टुकड़ापन; **Scrappy** (-पि)-*adj.* fragmentary. टुकड़ेदार।

Scratch-स्क्रॅच् (-श्) -*v. t. & i.* to score with something pointed, to scrape. खुरचना, नोचना; -*n.* a slight wound, mark of scratching. हलका घाव, खरोंच।

Scratch-cat-स्क्रॅच्' - कैट्-*n.* a spiteful child or woman. ईर्ष्यालु बालक या स्त्री।

Scratches-स्क्रॅचेज़्-*n. pl.* a disease of horses. एक प्रकार का घोड़ों का रोग।

Scratchily-स्क्रॅचि - लि-*adv.* in a scratchy manner. लापरवाही से।

Scratchiness-स्क्रॅचि - नेस् - *n.* the state of being scratchy. रूक्षता, खरखराहट।

Scratchy-स्क्रॅचि - *adj.* done in a careless manner. लापरवाही से किया हुआ।

Scrawl-स्क्रॉल्-*v. t. & i.* to write clumsily, to scribble, to fill paper with bad writing. अस्पष्ट लिखना, घसीटना, घसीट लिखकर कागज़ भरना; - *n.* hasty bad writing. जल्दी की लिखावट, घसीट लिखावट।

Scrawler-स्क्रॉलर्-*n.* a hasty awkward writer. घसीट लिखनेवाला।

Scrawling-स्क्रॉलिङ्ग्-*n.* inelegant hand-writing. अस्पष्ट लेख।

Scray-स्क्रे-*n.* a kind of sea-bird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया।

Screak-स्क्रीक्-*n.* a screech. चीख, चिल्लाहट; -*v. t.* to utter a sharp sound. चीखना, चिल्लाना।

Scream-स्क्रीम्-*v. t. & i.* to utter a shrill cry, to whistle, to hoot, to laugh loudly. चिल्लाना, सीटी बजाना, चीखना, ठहाका मारकर हँसना; -*n.* a harsh shrill cry. चिल्लाहट, चिंघाड़; **Screamer** (-अर्)-*n.* one who screams, a genus of South American birds which make harsh cry. चिल्लानेवाला, एक प्रकार का तीव्र शब्द करनेवाला दक्षिण अमेरिका का पक्षी; **Screaminess** (-इ-नॅस्)-*n.* the state of screeching. चिल्लाहट; **Screaming** (-इङ्ग्)-*n.* a shrill cry. कर्कश शब्द, चिल्लाहट; **Screamingly** (-लि)-*adv.* in a screaming manner. चिल्लाते हुए।

Screamy-स्क्री-मी-*adj.* of shrill cry. कोलाहल सम्बन्धी।

Scree-स्क्री-*n.* a mountain slope covered with small stones. छोटे-छोटे पत्थरों से ढँकी हुई पहाड़ की ढाल।

Screech-स्क्रीच्-*v. t. & i.* to utter a shrill cry, to scream. चिल्लाना, चीख मारना; **Screech owl** (night howling owl.) रात को चीखनेवाला उल्लू।


Screed-स्क्रीड्-*n.* vehement address. तीव्र व्याख्यान, उत्कट भाषा।

Screen-स्क्रीन्-*n.* a partition, curtain, an object of shelter, projection sheet on which shadow of a magic lantern is thrown, a large sieve. टट्टी, पर्दा, आवरण, पर्दा जिस पर मैजिक लालटेन का अक्स पड़ता हो, बड़ी चलनी; -*v. t.* to give shelter to, to hide, to show object on a cinema screen. शरण देना, छिपाना, छाया डालकर चित्र दिखलाना।

Screw-स्क्रू-*n.* a piece of metal wire with spiral thread all round it, used for fastening pieces of wood or metal, a worn out horse, a miser. पेंच, थका घोड़ा, कंजूस; -*v. t. & i.* to fasten by a screw, to twist, to press, to squeeze. पेंच से बाँधना, ऐंठना, पुष्ट करना; **Archimedean screw** (an endless or perpetual screw.) ऐसी पेंच जो किसी पहिये को निरन्तर घुमाती है; **To have a screw loose** (a man whose brain is out of order.) मनुष्य जिसका मस्तिष्क ठीक काम नहीं करता; **To but the screw on** (to make full exertion.) पूरा प्रयत्न करना।

Screw-bolt-स्क्रू'-बोल्ट्-*n.* a screw fitted with a bolt. ढिबरीदार पेंच; **Screw-coupling** (-कप्-लिङ्ग्)-*n.* right and left screws for joining pipes &c. पेंचदार जोड़; **Screw-driver** (-ड्राइ-व़र्)-*n.* a tool similar to a blunt chisel used for tightening or loosening a screw. पेंचकस; **Screwed** (-ड्)-*adj.* fastened with screws. पेंच से कसा हुआ; **Screwer** (-अर्)-*n.* he who or that which screws. पेंच कसनेवाला, पेंच कसने का औजार; **Screw-hook** (-हुक्)-*n.* a screwed hook used for hanging things on. कपड़ा टाँगने का हुक; **Screw-jack** (-जैक्)-*n.* appliance for lifting motor car and railway carriage &c. मोटरगाड़ी, रेलगाड़ी इत्यादि को उठाने का यन्त्र; **Screw-pile** (-पाइल्)-*n.* pile with screw end. भूमि में गाड़ने का पेंचदार लट्ठा; **Screw-plate** (-प्लेट्)-*n.* plate with screw cutting dice. पेंच बनाने का बादिया; **Screw-press** (-प्रेस्)-*n.* a simple press used by printers and book-binders. पुस्तक या कागज दबाने का चाँप; **Screw-propeller** (-प्रॅ-पॅल्-लर्)-*n.* revolving shaft of an airship or ship. हवाई जहाज या पानी के जहाज की पंखी चलाने की पेंच।


Screw-driver.


Screw-press.

Scribacious-स्क्रि-बे'-शस्-*adj.* habituated to writing. लिखने का अभ्यस्त।

Scribal-स्क्राइब'ल्-*adj.* pertaining to a scribe. लेखक सम्बन्धी।

Scribble-स्क्रि-बल्-*v. t. & i.* to write hurriedly or in a careless manner, to scrawl. अस्पष्ट लिखना, घसीटना; -*n.* careless hasty writing. अस्पष्ट लेख, घसीट लिखावट।

Scribbler-स्क्रि'-ब्लर्-*n.* one who writes hurriedly. घसीट लिखनेवाला।

Scribbling-स्क्रि-ब्लिङ्ग्-*n.* careless writing. घसीट लिखावट; **Scribbling-paper** (rough

paper for scribbling on.) घसीट लिखने का रूखा कागज।

Scribe-स्क्राइब्-*n.* a writer, a clerk. लेखक, लिखनेवाला मुंशी।

Scriber-स्क्राइबर्-*n.* one who scribes, a kind of engraving instrument. लेखक, खुरचने का औजार।

Scrim-स्क्रिम्-*n.* a lining-cloth. अस्तर देने का कपड़ा।

Scrimmage-स्क्रिमेज्-*n.* a skirmish, confused struggle, brawl. हाथापाई, लड़ाई, झगड़ा।

Scrimp-स्क्रिम्प्-*v. t. & i.* to supply meagrely. अपूर्ण रूप में देना, कम देना; -*n.* a miser. कृपण, कंजूस; -*adj.* narrow. संकुचित, सँकरा; **Scrimpness** (-नेस्) -*n.* the state of being scanty. संकुचन; **Scrimpy** (-इ) - *adj.* (*comp.* **Scrimpier**, *sup.* **Scrimpiest.**) incomplete. अपूर्ण।

Scrimshaw-स्क्रिम्'-शॉ -*v. t. & i.* to adorn shells &c. घोंघा, सीप इत्यादि को सजाना।

Scrinium-स्क्रिनिअम्-*n.* a cylindrical box for rolled manuscripts. हस्तलिखित पुस्तकों के पुलिन्दे को रखने का चोगा।

Scrip-स्क्रिप्-*n.* a small bag, a wallet, a certificate of money for a bank, a share certificate. झोली, थैली, बंक के वास्ते पुर्जा, बीजक, हिस्सेदारी का प्रमाणपत्र।

Script-स्क्रिप्ट्-*n.* handwriting, a type resembling handwriting. हाथ की लिखावट, टाइप के अक्षर जो हाथ के लिखे अक्षर के अनुरूप हों।

Scriptorium-स्क्रिप्-टोरि - अम् - *n.* (*pl.* **Scriptoria.**) writing-room. लेखन गृह।

Scriptural-स्क्रिप्चरल्-*adj.* pertaining to scriptures. धर्म-पुस्तक-सम्बन्धी।

Scripturalist-स्क्रिप्चरलिस्ट् -*n.* one who is versed in scriptures. श्रुति में प्रवीण, श्रौत।

Scripturally-स्क्रिप्चरलि-*adv.* in a scriptural manner. श्रौत रूप से; **Scripturalness** (-नेस्) -*n.* the quality of being scriptural. श्रुति का गुण।

Scripture-स्क्रिप्चर् - *n.* sacred writing, the Bible. धर्मपुस्तक, वेद, इन्जील।

Scrivener-स्क्रिव्'-नर् -*n.* one who makes a draft of documents, a writer, a money-lender. मसविदे का लेखक, मुहर्रिर, महाजन।

Scrobiculate-स्क्रो-बिक्यु-लेट् -*adj.* furrowed, having depressions. दाँतेदार।

Scrofula-स्क्रॉ-फ्युला -*n.* a disease indicated by morbid glandular swellings on the neck tending to consumption. गण्डमाला रोग।

Scrofulous-स्क्राफ़्युलस् -*adj.* pertaining to scrofula. गण्डमाला-सम्बन्धी; **Scrofulously** (-लि) -*adv.* in a scrofulous manner. गण्डमाला रोग के समान; **Scrofulousness** (-नेस्) -*n.* the state of being scrofulous. गण्डमाला रोग की अवस्था।

Scroll-स्क्रोल्-*n.* a roll of parchment or paper, a schedule or list, an architectural ornament, a tracery or ribbon in a spiral form. लिपटे हुए कागज का मुट्ठा, सूचीपत्र, मकान की सजावट, इमारत में घूमे हुए फीते की नकाशी;-*v. t. & i.* to curl up like paper. कागज की तरह लपेटना; **Scroll-lathe** (-लेद्) -*n.* a screw-cutting lathe. लोहा पीतल आदि को घुमावा काटने का खराद।

Scroop-स्क्रूप्-*n.* a grating noise. घरघराहट का शब्द; -*v.i.* to make a grating sound. ऐसा शब्द करना।

Scrotal-see **Scrotum.**

Scrotiform-स्क्रो-टि-फ़ॉर्म् -*adj.* of the form of a purse. थैली के आकार का।

Scrotum-स्क्रो'-टम्-*n.* (*pl.* **Scrota.**) the bag which contains the testicles. अण्डकोष की थैली; **Scrotal** (-टल्) - *adj* pertaining to scrotum. अण्डकोष की थैली का।

Scrounge-स्क्राउन्ज् -*v. i. & t.* to appropriate things of others. दूसरे की वस्तु उड़ा लेना; **Scrounger** (-अर्) -*n.* a thief. ठग, चोर।

Scrub-स्क्रब्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Scrubbed.**) to rub hard for cleaning or brightening. कसकर रगड़ना, घिसना; -*n.* an apparatus for scrubbing, a stunted tree or brush or animal or person, a country covered with stunted trees or shrubs. रगड़ने या चमकाने का सामान या साधन; छोटे कद का पेड़, झाड़ी, जानवर या आदमी, छोटे वृक्षों या झाड़ियों से पूर्ण देश।

Scrubber-स्क्र-बर् -*n.* one who or that which scrubs. रगड़नेवाला कड़ा बुरुश।

Scrubbing-स्क्र-बिङ्ग्-*n.* a rubbing. रगड़ान, रगड़ने का कार्य।

Scrubby-स्क्र-बि -*adj.* of stunted growth. mean. ठरमराया हुआ, तुच्छ, निकृष्ट।

Scruff-स्क्रफ्-*n.* the back of the neck. गर्दन का पिछला भाग, टेंटुआ।

Scrumptious-स्क्रम्प्' - शस् - *adj.* delicious, delightful. स्वादिष्ट, आनन्ददायक।

Scruple-स्क्रू' - पूल् - *n.* moral considerations or feelings, feeling of doubt, hesitation, a weight of twenty grains. नैतिक विचार या भावनायें, संदेह (शंका), संशय, बीस ग्रेन की तौल (जो प्रायः एक माशे के लगभग होती है) ; - *v. t.* to doubt, to hesitate. सन्देह करना, शंका करना।

Scrupulize -स्क्रू -प्यु -लाइज़्'-*v. t.* to perplex with scruples. शंकाओं से व्यग्र करना।

Scrupulosity-स्क्रू-प्यु - लॉसिटि-*n.* scrupulousness, the quality of being scrupulous. शंका, संदेह, नैतिक विचारवाला होने का गुण।

Scrupulous-स्क्रू'-प्यु-लस्'-*adj.* doubtful, careful, cautious. शंकायुक्त, सावधान, सचेत ; **Scrupulously** (-लि) -*adv.* in a scrupulous manner. सन्देह से, नैतिक सतर्कता से; **Scrupulousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being scrupulous. सन्देह, शंका, नैतिक भावना।

Scrutable-स्क्रू-टे - बूल् -*adj.* discoverable by critical examination. सूक्ष्म परीक्षा से अन्वेषण करने योग्य।

Scrutator-स्क्रु-टे'-टर् -*n.* one who scrutinizes, a critic. छिद्रान्वेषी सूक्ष्म परीक्षा करनेवाला।

Scrutineer-स्क्रू' - टिनिअर् - *n.* one who examines the vote papers. वोट के कागजों की परीक्षा करनेवाला।

Scrutinize-स्क्रू'-टिनाइज़्-*v. t.* to examine in detail. सूक्ष्म निरीक्षण (अनुसन्धान) करना, जाँचना।

Scrutinizingly-स्क्रू - टि -नाइजिङ्ग् - लि -*adv.* with minute examination. सूक्ष्म परीक्षा करते हुए, जाँचते हुए।

Scrutiny-स्क्र'-टि-नि-*n.* (*pl.* **Scrutinies**) critical investigation, examination in detail, minute inquiry. सूक्ष्म परीक्षा, अनुसन्धान, छानबीन।

Scud-स्कड् - *v. i.* to run with quick easy motion, to run before the wind. वेग से चलना (भागना), हवा के रुख पर चलना; - *n.* vapoury clouds, a swift runner. वाष्पपूर्ण बादल, तेज दौड़नेवाला व्यक्ति।

Scuddle-स्कड्ल्-*v. i.* to run with haste. वेग से दौड़ लगाना।

Scuffle-स्क'फ़ल्-*v. t.* to engage in conflict. हाथापाई करना, झगड़ना; -*n.* a confused conflict. लड़ाई, हाथापाई।

Scug - स्कग् - *n.* an unmannerly spiritless person. उत्साहहीन अशिष्ट पुरुष।

Scull-स्कल्-*v. t. & i.* to propel a boat by one oar only. एक डाँड़ा (किलवारी) पर नाव चलाना; **Sculler** (-लर्) -*n.* one who sculls. नाव को किलवारी से चलानेवाला।

Scullery-स्कलरि-*n.* (*pl.* **Sculleries.**) a room for washing kitchen utensils. रसोई के बर्तनों के माँजने की कोठरी।

Scullion-स्कल्यन्-*n.* one who washes kitchen utensils. रसोई घर के बर्तन माँजनेवाला व्यक्ति।

Sculp-स्कल्प्-*v. t.* to carve, to engrave. नकाशी करना, खोदना।

Sculpin-स्कल्पिन्-*n.* a kind of seafish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Sulptor-स्कल्प्टर् - *n.* one who carves on wood or stone, an engraver. पत्थर या लकड़ी पर नकाशी करनेवाला, संगतराश।

Sculptress-स्कल्प्ट्रेस् - *n. fem.* a female sculptor. संगतराशिन।

Sculptural - स्कल्प्चरल् - *adj.* pertaining to sculpture. प्रतिमा-निर्माण-सम्बन्धी ; **Sculpturally** (- लि) - *adv.* by sculpture. संगतराशी द्वारा।

Sculpture-स्कल्प्चर्-*n.* the art of carving in relief on stone wood or clay. मूर्ति बनाने की विद्या; -*v. t. & i.* to carve, to fashion in relief. मूर्ति बनाना, संगतराशी का काम करना।

Scum-स्कम्-*n.* impurities which come to the surface of liquids in boiling or fermentation, refuse, dregs. फेन, झाग, मल;-*v.t. & i.* (*p.t.* **Scummed.**) to remove scum from. मैल हटाना।

Scumble-स्काम्बल्-*v. t.* to soften a painting by applying a thin coating of an opaque colour over it. चित्र के ऊपर पतला रंग चढ़ाकर इसको हलका करना।

Scumbling-स्कम्बिलङ्ग्-*n.* the act of rubbing semi-opaque colours in oil painting. तैल-चित्र में अर्ध पारदर्शक रंग पोतना।

Scummer-स्क-मर् - *n.* a skimmer. झाग हटाने की कलछी।

Scummy-स्क-मि-*adj.* full of scum. झागदार, झाग से भरा हुआ।

Scuncheon-स्कन्शन् - *n.* arches across the

angles of a tower. मीनार के कोने पर की मेहरावें।

Scunner-स्क-नर्-*v. t. & i.* to flinch with fear, to feel dislike. डर से पीछे हटना, घृणा की भावना रखना; -*n.* hatred. घृणा।

Scupper-स्क-पर्-*n.* a hole in the side of a ship to carry off water from deck. जहाज की छत पर का पानी बहने का छेद; - *v. t.* to surprise, to massacre, to sink a ship. चकित करना, हत्या करना, जहाज डुबाना।

Scurf-स्कर्फ़्-*n.* fine membranes or flakes cast off when the underskin develops, any scaly matter. रूसी, चोइयाँ, पपड़ी।

Scurfiness-स्कर्फ़िनेस्-*n.* the state of being scurfy. पपड़ीपन।

Scurfy-स्कर्फ़ि-*adj.* covered with scurf. रूसीदार, पपड़ीदार।

Scurril, Scurrile-स्क-रिल्-*adjs.* low, mean, indecent, obscene. नीच, दुष्ट, अशिष्ट, अधम।

Scurrility-स्करिलिटि -*n.* abuse. दुर्वचन, गाली-गलौज।

Scurrilous-स्करिलस् - *adj.* grossly abusive, indecent, vulgar. अश्लील, नीच, कटुभाषी; **Scurrilously** (-लि) - *adv.* in an indecent manner. अश्लीलता से; **Scurrilousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being scurrilous. अश्लीलता।

Scurry-स्क-रि - *v. i.* (*p. t.* **Scurried.**) to scamper. जल्दी-जल्दी दौड़ना; -*n.* (*pl.* **Scurries.**) a hurried walk. वेगयुक्त गमन।

Scurvied-स्कर्'-विड्-*adj.* pertaining to scurvy. रक्तस्राव रोग का।

Scurvily-स्कर्वि-लि--*adv.* meanly. नीचता से।

Scurviness-स्कर्वि-नेस्-*n.* the quality of being scurvy. नीचता, क्षुद्रता, ओछापन।

Scurvy-स्कर्वि-*adj. & n.* mean, contemptible, a disease of blood. कुत्सित, नीच, एक प्रकार का रक्तरोग।

Scut-स्कट्-*n.* a short tail of certain animals. कुछ पशुओं (यथा-खरहा, हरिण इत्यादि) की छोटी दुम।

Scutage-स्क्यू'-टेज - *n.* money paid for personal services. किसी मनुष्य की सेवा करने का पुरस्कार।

Scutal-स्क्यू'-टल्-*adj.* of the kneepan. घुटने की चक्की का।

Scutate-स्क्यू-टेट् - *adj.* of the form of a shield. ढाल की आकृति का।

Scutch-स्कच् (-श्)-*v. t.* to dress fibres by beating, to whip slightly. (सन-पटुआ इत्यादि को) पीटकर रेशा अलगाना, धीरे से चमोटी मारना; **Scutcher** (-अर्) - *n.* one who scutches. चाबुक से धीरे से पीटनेवाला व्यक्ति।

Scutcheon-स्कच्य-न्-*n.* cover of a keyhole, name-plate. ताले का मुखपान, नाम खोदने या लिखने का धातु का पत्र।

Scutellated -स्क्यूटें-लें टेड्, **Scutellar** (-लर्) -*adjs.* of the form of a small shield. छोटी ढाल के आकार का; **Scutellation** (-ले'-शन्) -*n.* construction in the form of a shield. इस आकार की रचना।

Scutellum-स्क्यू-टें-लम्-*n.* (*pl.* **Scutella.**) a small shield. छोटी ढाल

Scutiform-स्क्यू-टि-फ़ॉर्म्-*adj.* having the form of a shield. ढाल के आकार का।

Scuttle-स्क-ट्ल्-*n.* a shallow basket, a hatchway, a small opening with lid in the roof of a house, hurried gait. खँचिया, अँगीठी, छत पर का ढकनेदार छेद, तीव्र गति; - *v. t.* to pierce holes in the bottom of a ship, to run away. जहाज में (डुबाने के लिए) छेद करना, दौड़ या भाग जाना।

Scutum-स्क्यू-टम्-*n.* (*pl.* **Scuta.**) a shield-like plate in certain animals, the knee-pan. कछुआ, मगर इत्यादि प्राणियों के शरीर की ढाल की आकृति की उपरी त्वचा, घुटने की चक्की।

Scylla-सि-ल-ऑ-*n.* a mythological six-headed monster. एक पौराणिक छः मस्तक का दैत्य।

Scyphus-साइ'-फ़स्-*n.* (*pl.* **Scyphi.**) a kind of handled drinking-cup. एक प्रकार का मूठदार प्याला।

Scythe-साइद्-*n.* an instrument with a curved blade used for mowing and reaping. खेत या घास काटने की हँसिया; - *v. t.* to cut grass with a scythe. हँसुआ से घास काटना; **Scythed** (-ड्)-*adj.* mowed with a scythe. हँसुआ से काटा हुआ।

Sdeath-ज़्डेथ्-*interj.* expressing surprise or anger. आश्चर्य या क्रोधसूचक अव्यय।

Sea-सी-*n.* the large expanse of salt water covering the greater part of the earth's surface, the ocean, a large wave of the sea. समुद्र, सागर, समुद्र की बड़ी लहर ; **Sea-ape** (-ऍप्)-*n.* sea-otter. समुद्री सुइँस; **Seabat** (-बैट्)-*n.* a kind of flying fish. एक प्रकार की उड़नेवाली मछली; **Sea-bear** (-बेंअर्)-*n.* polar bear. ध्रुवीय भालू; **Sea-beaten** (-बी-ट्न्)

-*adj.* beaten by sea waves. समुद्र की लहरों से टकराया हुआ; **Sea-bird** (-बर्ड्)-*n.* a bird of the sea. समुद्री चिड़िया ; **Sea-board** (-बोर्ड्)-*n.* the seashore. समुद्र-तट; **Sea-boat** (-बोट्)-*n.* a boat that sails on the sea. समुद्र में चलनेवाली नाव; **Sea-born** (-बॉर्न्)-*adj.* born on the sea. समुद्र पर उत्पन्न; **Sea-borne** (-बोर्न्)-*adj.* carried on the sea. समुद्र तल पर लाया हुआ; **Sea-breeze** (-ब्रीज़्)-*n.* a breeze blowing towards land. सागरीय समीर; **Sea-calf** (-काफ़्)-*n.* seal. सुईस मछली; **Sea-captain** (-कैप्-टेन्) - *n.* the captain of a ship. जहाज़ का कप्तान; **Sea-card**(-कार्ड्)-*n.* the card of the mariner's compass. जहाज़ के कुतुबनुमा का कार्ड ; **Sea-coal** (-कोल्)-*n.* coal brought by sea. समुद्र से लाया हुआ पत्थर का कोयला ; **Sea-coast** (-कोस्ट्)-*n.* the shore of the sea. समुद्रतट, समुद्र का किनारा; **Sea-cob** (-कॉब्)-*n.* sea-gull. समुद्री चिड़िया; **Sea-cow** (-काउ)-*n.* walrus. दरियाई घोड़ा; **Sea-craft** (-क्रॉफ्ट्)-*n.* seamanship. नाविकविद्या; **Sea-dog** (-डॉग्) an old sailor. वृद्ध नाविक, बूढ़ा मल्लाह; **Seadragon** (-ड्रैगॉ-न्) -*n.* a marine monster. समुद्री दैत्य ; **Seafarer** (-फ़ेयर्-अर्)-*n.* a traveller by sea, a sailor. समुद्र-यात्रा करनेवाला, मल्लाह; **Seafaring** (-इङ्ग्)-*adj.* & *n.* travelling by sea, profession of a seaman. समुद्र-यात्रा करनेवाला, मल्लाह का पेशा; **Sea-fight** (-फ़ाइट्)-*n.* naval fight. समुद्री युद्ध; **Sea-fish** (-फ़िश्) -*n.* a fish that lives in the sea. समुद्री मछली; **Sea-front** (-फ्रन्ट्)-*n.* a building which faces the sea. समुद्र के किनारे की इमारत ; **Sea-girt** (-गर्ट्)-*adj.* surrounded by the sea. समुद्र से घिरा हुआ ; **Sea-going** (-गो-इङ्ग्)-*adj.* sailing on deep sea. गहरे समुद्र पर यात्रा करनेवाला ; **Sea-green** (-ग्रीन्) - *n.* faint blue colour. हलका नीला रंग ; **Sea-hog** (-हाग्)-*n.* a porpoise. सुईस ; **Sea-horse** (-हॉर्स्) - *n.* the hippopotamus. दरियाई घोड़ा; **Sea-level** (-लें वेल्) - *n.* the level or surface of the sea, generally the mean level between high and low water. समुद्र का धरातल; **Sea-line** (-लाइन)-*n.* the horizon. क्षितिज ; **Seaman** (-मीन्)-*n.* a sailor. मल्लाह; **Seamanship** (-मीन्-शिप्)-*n.* the work of a sailor. मल्लाह का काम; **Sea-monster** (-मॉन्-स्टर्) - *n.* a horrible strange animal of the sea. समुद्र का विलक्षण पशु; **Sea-ooze** (-ऊज़्)-*n.* soft mud under the sea. समुद्र के तल की मुलायम मिट्टी; **Sea-piece** (-पीस्) -*n.* a picture of the sea. समुद्र का चित्र ; **Seaplane** (-प्लेन्)-*n.* an aeroplane constructed to rise from the surface of water. जल पर दौड़कर उड़नेवाला हवाई जहाज़; **Seaport** (-पोर्ट्)-*n.* a harbour. बन्दरगाह; **Sea-risk** (-रिस्क्) - *n.* hazard of injury at sea समुद्री बीमा ; **sea-room** (-रूम्) ample space for a vessel to move in the sea. जहाज को सुरक्षित समुद्र में चलने के लिए पर्याप्त स्थान; **Sea-rover** (-रोवर्)-*n.* a pirate. समुद्री डाकू; **Sea-scape** (-स्केप्) - *n.* sea-piece. समुद्र का दृश्य ; **Sea-shore** (-शोर्) -*n.* the land adjacent to the sea coast. समुद्र-तट; **Seasick** (-सिक्)-*adj.* suffering from sea-sickness, weary of sea-travel. जहाज़ पर चलने की मचली से पीड़ित, समुद्र यात्रा से क्लान्त (थका हुआ); **Sea-side** (-साइड्) - *n.* land adjoining the sea. समुद्र-तट ; **Sea-wall** (-वॉल्)-*n.* an embankment to check the sea. समुद्र को रोकने की दीवार; **Seaward** (-वर्ड्)-*adj.* (*also* **Seawards.**) towards the seashore. समुद्र-तट की ओर; **Seaworthy** (-वर्दि)-*adj.* in a fit state to be put to sea. समुद्र में चलने योग्य (जहाज़) ;**Mistress of the seas** (the chief naval power.) प्रधान नौसेना शक्ति; **On the sea** (in a ship.) जहाज़ पर; **On the high seas** (in the open sea.) खुले समुद्र पर ; **Sea of blood** (great slaughter.) खूनखराबा; **Sea of trouble** (a great many troubles.) आपत्ति-सागर ; **Sea of worldly existence** (worldly ocean.) भवसागर ।

Seal-सील्-*n.* an aquatic flesh-eating mammal, an impression attached to a document, a similar impression made on paper, significant mark. मांसाहारी समुद्री स्तनधारी जन्तु, किसी प्रतिज्ञापत्र पर लगाई गई छाप या मुहर, विशिष्ट चिह्न, मुहर, मुद्रा;-*v. t.* to stamp with seal, to keep shut, मुहर या छापा लगाना, बन्द करना ; **His lips are sealed** (he must not speak.) उसका मुँह बन्द है; **To seal up** (to shut up.) बन्द कर देना।

Sealed-सीलड्-*adj.* certified by a seal. मुहर लगी हुई ।

Sealer-सीलर्-*n.* a sealing ship, seal-maker. सील मछली का शिकार करनेवाला जहाज, मुहर बनानेवाला।

Sealery-सीलरि-*n.* a seal-fishing station. सील मछली का शिकार करने का स्थान ।

Sealing-सीलिङ्ग्-*n.* the act of affixing a seal. मुहर करने का काम ; **Sealing-wax**

Hat हॅट् ; Hot हॉट् ; Measure मेझ़र्

(-वाक्स)-*n.* a resinous composition for receiving impressions. मुहर करने की लाह की छड़ी।

Seam-सीम्-*n.* the joining line of two pieces of cloth, a scar, line of separation. सन्धि, सियन, फाँक;-*v. t.* to sew, to unite, to scar. सीना, जोड़ना, चिह्न डालना ; **Seam-lace** (a lace for sewing upon.) टाँकने की लेस; **Seamless** (-लेस्) -*adj.* having no seam. बिना सियन का; **Seamster** (-स्टर्)-*n.* one who sews. सीनेवाला, दर्जी; **Seamstress** (-स्ट्रेस्)-*n. fem.* a needle-woman. सीनेवाली स्त्री, दर्जिन; **Seamy** (-इ)-*adj.* containing seams. सन्धि-युक्त, जोड़दार।

Seance-से'-आन्स्-*n.* sitting or session of a deliberative body, spiritual meeting. सभा (मण्डली), आध्यात्मिक विषय की सभा।

Sear-सिअर्-*adj.* dried up, withered. मुर्झाया हुआ, सूखा;-*v. t.* to wither, to scorch, to dry up, to make insensible. सुखाना, मुर्झाना, झुलसाना, अचेत करना; **Seared** (-इ)-*adj.* dried up. कड़ा किया हुआ।

Search-सर्च्-*n.* examination, prompt finding, inquiry. परीक्षा, जाँच, खोज;-*v. t. & i.* to seek out, to look for, to probe, to put to test to inquire after. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूँढ़ना, पता लगाना, परीक्षा करना; **To search into** (to examine.) परीक्षा करना; **To search out** (to investigate.) जाँच पड़ताल करना; **Searchable** (-एब्ल्) - *adj.* able to be searched. खोजने योग्य; **Searcher** (-अर्)-*n.* one who makes search. निरीक्षक, खोजनेवाला; **Searchful, Searching** (-इङ्ग्) *-adj. & n.* penetrating, investigating, examination, close enquiry. सूक्ष्म अन्वेषण का, अनुसन्धान या परीक्षा; **Searchingly** (-लि)-*adv.* in a searching manner. ढूँढ़ते हुए; **Searchingness** (-नेस्)-*n.* the quality of being searching. अनुसन्धान ; **Searchless** (-लेस्) *-adj.* unsearchable, inscrutable. बिना अनुसन्धान का;**Search-light** (-लाइट्)-*n.* an apparatus for projecting a strong light over long distances. बिजली की बड़ी तेज रोशनी का लम्प जिसका प्रयोग कर दूर की वस्तु स्पष्ट देखी जा सकती है।

Search-party-सर्च्-पार्टि-*n.* a party which makes investigations. किसी वस्तु या मनुष्य की खोज में जानेवाली मण्डली; **Search-warrant** (-वॉरन्ट) -*n.* a warrant authorizing search of stolen property. घर तलाशी का वारण्ट।

Sear-cloth-सिअर्'-क्लॉथ्-*n.* a cloth used to cover a sore. घाव पर बाँधने का कपड़ा।

Seared-सिअर्ड-*adj.* hardened. कड़ा किया हुआ।

Season-सीज़्'-ज़्न्-*n.* suitable opportunity, time of plenty, period of indefinite length, one of the four divisions of the year. उचित अवसर, समृद्ध-काल, अनिश्चित अवधि का काल, ऋतु, मौसिम; -*v. t.* to accustom, to mature, to give zest to, to imbue, to flavour. अभ्यस्त करना, परिपक्व करना, मधुर बनाना, तर करना, स्वादिष्ट बनाना; **Auspicious season** (lucky time.) शुभ मुहूर्त; **In season** (opportunely.) अच्छी अवस्था में; **In season and out of season** (at all times.) सब काल में; **Out of season** (in bad time.) अकाल में; **Season ticket** (a ticket issued at reduced rates, during holidays &c.) रेलवे इत्यादि का कुछ समय के लिए सस्ते दर पर टिकट।

Seasonable-सीज़्नेब्ल्-*adj.* opportune. उचित समय पर होनेवाला; **Seasonableness** (-नेस्) *-n.* the quality of being seasonable. काल की उचित अवस्था; **Seasonably** (-लि)-*adj.* in a seasonable manner. यथाकाल, काल के अनुसार; **Seasonal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a season. ऋतु सम्बन्धी ; **Seasoned** (-इ)-*adj.* accustomed. कालानुसार, समयोचित, ऋतु के अनुसार ; **Seasoner** (-अर्) - *n.* that which gives relish to food. भोजन-सामग्री को स्वादिष्ट बनानेवाला; **Seasoning** (-इङ्ग्)-*adj.* anything added in food to increase enjoyment. खाना स्वादिष्ट बनानेवाला पदार्थ; **Seasonless** (-लेस्) *-adj.* without proper time. बिना अवसर का; **Seasonally** (-अलि) - *adv.* in season. ऋतु में, यथाकाल।

Seat-सीट्-*n.* a thing to sit on, a chair, bench &c., occupation of a seat, station, throne, abode, residence, situation, part of a machine which supports another part, site, posture, abiding place. बैठने का आसन, पीठिका, कुर्सी, बेंच, सिंहासन, घर, वासस्थान, रहने का स्थान; स्थिति, किसी यन्त्र का भाग, अवस्थान, आसन, -*v. t.* to place on a seat, to settle, to establish, to fix, to set firm in a place. आसन पर बैठना, स्थापित करना, स्थिर करना, नियुक्त करना।

Seated-सीटेड्-*adj.* placed on a seat. बैठा हुआ; **Seat of justice.** धर्मासन, न्याय-पीठ।

Sebaceous-सि-बे'-शस्-*adj.* of fat, made of tallow. चर्बी का, चर्बी का बना हुआ।

Sebiferous-सिबिफ़रस-*adj.* producing matter like fat. चर्बी के समान द्रव्य उत्पन्न करनेवाला।

Secant-सी'-कन्ट्-*adj.* cutting. काटनेवाला; -*n.* the radius of a circle produced to meet a tangent. अर्धव्यास जो बढ़कर दूसरी रेखा में मिलता है, कोटिज्या, छेदन रेखा।

Secateur-सेकेटर्-*n.* a pair of pruning scissors. कतरनी, छाँटने की कैंची।

Seccotine-सेॅ-कॉ-टीन्-*n.* a kind of liquid glue. एक प्रकार का सरेस; -*v. t.* to apply this glue to something. किसी पदार्थ पर यह सरेस लगाना।

Secede-सिसीड्-*v. t.* to withdraw from membership. किसी मण्डली से हटना; **Seceder** (-अर्) -*n.* one who secedes. त्यागने (अलग होने) वाला।

Secern-सि-सर्न-*v. i.&t.* to secrete, to separate. रसना, बहना, अलगाना; **Secernent** (-ऍन्ट्)-*adj.* secreting. रसने या बहनेवाला; **Secernment** (-मेॅन्ट्) -*n.* a secretory duct. रसनेवाली नली।

Secession-सिसशन् -*n.* the act of seceding. अपगमन, धर्मत्याग; **Secessionist** (-इस्ट्)-*n.* a seceder. धर्मत्याग करनेवाला।

Seclude - सिक्लूड् - *v. t.* to separate from society, to keep aloof. समूह से अलगाना, पृथक् करना, अलग रखना।

Secluded-सिक्लूडेॅड् - *adj.* separated from society. निर्जन, एकान्त, अकेला; **Secludedly** (-लि)-*adv.* in a secluded manner. निर्जनता से; **Secludedness** (-नेॅस्) -*n.* seclusion from society. समाज से अलगाव, एकान्तता।

Seclusion-सि-क्लू'-ज़न्-*n.* privacy, retirement. एकान्तता, निर्जनता; **Seclusionist** (-इस्ट्) -*n.* one who passes a lonely life. अकेला रहनेवाला; **Seclusive** (-सिव्) - *adj.* that which secludes. छिपानेवाला।

Second-सेॅकन्ड् -*adj.* next after first. दूसरा; -*n.* one who follows another, additional, a supporter, next in place, rank or time, the sixtieth part of a minute. पीछा करनेवाला, द्वितीय, दूसरा, मिनट का साठवाँ भाग; -*v. t.* to follow, to support, to encourage. अनुमोदन करना, सहारा देना, साहस देना; **Second floor** (the floor above the ground floor.) घर इत्यादि का दूसरा खण्ड; **Second nature** (acquired tendency, habit.) अभ्यास, आदत; -*gram.* **Second person** (व्याकरण में) मध्यम पुरुष; **Second to none** (surpassed by none.) अद्वितीय, अपूर्व; **Second teeth** (teeth of adults.) दूध के दाँत टूटने पर निकलनेवाले स्थायी दाँत;

Serve-सर्व्-*n.* the act of serving the first stroke in tennis. सेवा, शुश्रूषा, टेनिस के खेल में गेंद को पहिली बार मारने की क्रिया; -*v. i. & t.* to be useful to, to be employed, to wait upon at the table, to labour, to obey, to accomplish an end, to meet the needs of, to perform. उपयोगी होना, काम में लगा रहना, सेवा करना, परोसना, श्रम करना, आज्ञा मानना, उद्देश्य पूर्ण करना, आवश्यकता की पूर्ति करना, कार्य करना; **It will serve** (it will suffice.) यह पर्याप्त होगा; **To serve a sentence** (to undergo sentence for full time.) पूरी अवधि तक दण्ड भोगना; **To serve one's time** (to hold office for normal

period.)उचित समयानुसार पद पर काम करना; **To serve out** (to distribute.) बाँटना; **To serve the devil** (to turn cruel.) निर्दयी बनना या बनाना; **To serve the purpose of** (to be useful.) उपयोग का होना; **To serve two masters** (to be divided between two diversified principles.) द्विधा भाव में रहना; **To serve with the same sauce** (to retaliate.) बदला लेना या देना।

Server-सर्व़र्-*n.* one who serves. चाकरी या नौकरी करनेवाला, परोसनेवाला।

Service-सर्व़िस्-*n.*the act of serving, servant's status, employment, use, assistance, meeting, congregation for worship, dishes required for serving meal. सेवा, उपयोग, दासवृत्ति, व्यवसाय (कार्य), सहायता, भेंट, उपासना (पूजा), परोसने का पात्र; **At his service** (ready to his orders.) उसके अधीन; **To take service with** (to be employed in service.) नौकरी करना; **Service book** -*n.* a prayer book for public worship. स्तोत्रसमुच्चय।

Serviceable-सर्व़िसेब्ल्-*adj.* useful, beneficial. उपयोगी, काम में आनेवाला; **Serviceably** (-लि) -*adv.* in a serviceable manner. उपयोगिता से; **Serviceableness** (-नेस्)-*n.* usefulness for a work. उपयोगिता।

Serviette-सर्व़िएट्-*n.* a table napkin. अँगौछा, तौलिया, रूमाल।

Servile-सर्व़ाइल्-*adj.* of a slave, slavish, mean-spirited, completely dependent, cringing. दास का, दास के उचित, नीच, अति अनुरोधी, चापलूस; **Servilely** (-लि) -*adv.* in a servile manner. दासवत्।

Servility-सर्व़िलिटि; **Servileness** (-नेस्)-*ns.* slavishness, flattery. भृत्यभाव, चापलूसी।

Servitor-सर्व़िटर्-*n.* a servant, an attendant. सेवक, भृत्य, नौकर; **Servitorship** (-शिप्) -*n.* the office of a servitor. सेवक का पद।

Servitude-सर्व़िच्यूड् -*n.* slavery, bondage, भृत्यभाव, दासत्व।

Sesame-सेसमि-*n.* an annual herbaceous tropical plant with oily seeds. तिल।

Sesamoid-सेस-मॅ-इड्-*adj.* of the form of sesame seeds. तिल के आकार का।

Seseli-सें-सें-लि-*n.*a perennial white flowered plant. एक बारहमासी सफेद फूल का पौधा।

Sesqui-सेस्'-क्वि-*pref.* in sense of "one and a half." "ड्योढ़ा" अर्थ का उपसर्ग।

Sesquipedalian- सेस्'-क्वि-पि-डे'-लि-अन्-*adj.* & *n.* of many syllables. कई पद-खण्डों वाला; a person or thing a foot & a half high or long. डेढ़ फुट लम्बा व्यक्ति या वस्तु।

Sessile-सें-साइल्, सें'-सिल-*adj.* without stalk बिना डण्ठल का, डण्ठल-रहित।

Session-सेशन्-*n.* the sitting of an assembly or court for transaction of business, period of such a meeting, university term. अदालत का सेशन, कार्य-काल, विश्वविद्यालय का नियम काल या सत्र।

Sessional-सेशनल् - *adj.* pertaining to a session. सेशन-सम्बन्धी।

Sesspool-सेस्'-पूल्-*n.* a cavity in the earth. चहबच्चा।

Sestet-सें-स्टेट्-*n.* the last six lines of a sonnet. गीत की अन्तिम छः पंक्तियाँ।

Sestina-सें-स्टि-ना-*n.* a poem of six lines. छः पंक्तियों की कविता।

Set-सेट्-*v. t.& i.* (*p.t.* & *p.p.* **Set**) to lay, to seat, to assign, to adjust, to join, to display, to fix, to determine, to settle, to perplex, to establish, to harden. रखना, बैठाना, निर्देश करना, ठीक करना, जोड़ना, दरसाना, जमाना, संकल्प करना, निर्धारित करना, घबड़ाना, स्थापित करना, कड़ा होना; **Set speech** (a speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान; **To set about** (to begin, to take in hand, to attack, to circulate a report.) आरम्भ करना, हाथ में लेना, हमला करना, समाचार फैलाना; **To set abroad** (to spread.) फैलाना; **To set against** (to assail.) हमला करना; **To set agoing** (to cause to move.) चलाना; **To set apart** (to separate from the rest.) अलगाना; **To set aside** (to reject). हटाना, अस्वीकार करना; **To set at defiance** (to challenge.) ललकारना; **To set at ease** (to tranquillize.) शान्त करना; **To set at liberty** (to release from bondage.) स्वतंत्र करना; **To set at naught** (to undervalue.) तिरस्कार करना; **To set at work** (to engage in a work.) काम में लगाना; **To set back** (to retreat, to check the progress of, to put a clock to an earlier time, to flow in the reverse direction.) पीछे हटना, उन्नति में बाधा डालना, घड़ी पीछे करना, उल्टी दिशा में बहना; **To set before** (to exhibit.) दरसाना; **To set by** (to set apart.) बचा रखना; **To set down** (to register.) लिख लेना; **To set forth** (to show, to declare, to praise, to publish, to start on a journey.) दिखाना, प्रकट करना, घोषणा करना, प्रशंसा करना, प्रका-

शित करना, यात्रा प्रारम्भ करना; **To set forward** (to advance.) उन्नति करना, आगे बढ़ना; **To set foot on** (to tread on.) पैर रखना; **To set fire to** (to ignite.) आग लगाना; **To set free from** (to release from bondage.) बन्धन से निर्मुक्त करना; **To set gems** (to fix gems.) नगीना बैठाना; **To set in order** (to put in order.) क्रम में रखना ; **To set heart on** (to aspire to.) मन लगाना; **To set in** (to begin.) आरम्भ करना; **To set in motion** (to start.) चालू करना; **To set off** (to mark, send or start off, to show in relief.) अंकित करना, भेज देना, यात्रा पर जाना, सुन्दर रूप में दिखाना; **To set on** (to incite, to move on, to set agoing, to start.) उसकाना, आगे बढ़ना, चलाना, रवाना होना; **To set one's hand** (to begin work.) कार्य आरम्भ करना; **To set on fire** (to ignite.) आग लगाना; **To set out** (to begin a journey, to fit out a ship for voyage, to equip for an expedition, to send out forces, to display wares for sale, to adorn, to arrange things or meal on a table, to begin a career.) प्रस्थान करना, समुद्री यात्रा के लिये जहाज़ को तैयार करना, साहसिक यात्रा की तैयारी करना, सेनायें बाहर भेजना, बिक्री का माल सजाकर दिखाना, सजाना, मेज़ पर चीजें या खाना सजाना, जीविका या व्यवसाय प्रारम्भ करना; **To set razor** (to give, a keen edge to a razor.) उस्तरा तेज़ करना; **To set right** (to put in order.) क्रम में रखना; **To set sail** (to start on a sea voyage.) जहाज़ की यात्रा आरम्भ करना; **To set table** (to make preparations for dinner.) भोजन के लिये तैयारी करना; **To set the watch** (to put the hands to right time.) घड़ी मिलाना; **To set up** (to erect, to hoist a flag or sail, to raise a cry, to display for sale or auction, to post up a notice-paper, to advertise, to raise to power, to put on throne.) खड़ा करना, झंडा या पाल खड़ा करना, चिल्लाना, बिक्री या नीलाम के लिये प्रदर्शित करना, इश्तिहार चपकाना, विज्ञापन निकालना, शक्तिशाली बनाना, गद्दी पर बिठाना; **To set upon** (to incite.) उत्तेजित करना ; **To set up type** (to compose.) टाइप बैठाना।

Set-सेट् - *n.* group, collection, accessories, setting of sun or day, last coat of plaster, deflection of saw teeth. दल, समूह, संग्रह, आवश्यक सामग्रियाँ, सूर्य का अस्त होना, पलस्तर की अंतिम परत, आरी के दाँतों का झुमाव ; **Set-down** (- डाउन्) - *n.* a humiliating rebuke. अपमानपूर्वक भर्त्सना; **Set-off** (-ऑफ्) -*n.* the sum deducted, decoration. मोजरा, छूट, सजावट; **Set-out** (-आउट्)-*n.* commencement. प्रारम्भ; **Set-up** (-अप्)-*n.* erectness. खड़ापन।


Setaceous-सि-टे'-शस् - *adj.* having bristle-like hair on the body. सुअर के कड़े बाल के समान बालवाला।

Setiferous-से टिफ्'-अर्-अस् - *adj.* producing bristles. सुअर के कड़े बाल के समान बाल पैदा करनेवाला।

Seton-सी' - टन् - *n.* a skein of thread on a wound to keep it open. घाव खुला रखने की बत्ती।

Set-speech-सेट्-स्पीच्-*n.* a speech prepared beforehand. पहिले से रचा हुआ व्याख्यान।

Set-squares-सेट्'-स्क्वेअर्स् - *n. pl.* triangular pieces of wood or other material having one of its angles a right angle, used in mechanical drawing. लकड़ी या कचकड़े के त्रिकोण टुकड़े जिनमें एक समकोण रहता है, जो नक़शा इत्यादि बनाने में उपयोग किये जाते हैं।


Set-squares

Sett-सेट्-*n.* same as **Set.**

Settee-से-टी - *n.* a long seat with a back, double arm-chair, a kind of ship. तकियादार बेंच, दोहरी आराम कुरसी, एक प्रकार का छोटा जहाज़।

Setter-सें'-टर् - *n.* a kind of hunting dog, one who sets. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता, बैठानेवाला।

Setting-सें-टिङ्ग् - *n.* the metal in which a gem is set, the act of setting, environment, accessories. जड़ाव, योजना, आरोपण, सामग्री; **Setting-rule** (a rule for setting types.) टाइप बैठाने की पटरी; **Setting-stick** (a stick used in setting types.) टाइप बैठाने की छड़।

Settle-सें'-ट्ल्-*n.* a seat with a high back. ऊँची पिछवई की बेंच या कुरसी।

Settle-सें-ट्ल् - *v. t. & i.* to establish, to cease from wandering, to fix, to decide, to colonize, to fix one's habitation, to appoint, to agree upon, to get clear.

स्थापित करना, स्थिर करना, व्यवस्था करना, निर्णय करना, ठहराना, बैठना, बसना, नियुक्त करना, चुकाना; **To settle a quarrel** (to subside a dispute.) झगड़ा निबटाना; **To settle up** (to settle accounts.) हिसाब तय करना।

Settlement-से'-ट्ल्-मेंन्ट्-*n.* the act of settling, a colony, adjustment, jointure. निर्णय (व्यवस्था), आबादी, निबटारा, स्त्रीधन; **Marriage settlement** (marriage jointure.) वह सम्पत्ति जो विवाह के समय पति द्वारा पत्नी के लिये सुरक्षित कर दी जाती है जिसका उपयोग वह पति के न रहने पर कर सके।

Settler-से' - ट्लर् - *n.* one who settles, a colonist. स्थिर करनेवाला, नया बसनेवाला।

Seven-सेव्' -न् - *n.* one more than six. सात; **Sevenfold** (-फ़ोल्ड) - *adj.* repeated seven times. सातगुना।

Seventeen-सेव्न्-टीन् - *adj. & n.* seven and ten. सत्रह।

Seventeenth-सेव्न् - टीन्थ् - *adj.* next after sixteenth. सत्रहवाँ।

Seventh-सेव्न्थ् - *adj.* next after sixth. सातवाँ; **In the seventh heaven** (in the greatest happiness.) परम सन्तोष और आनन्द से; **Seventh day** (Saturday.) शनिवार; **Seventhly** (-लि)-*adv.* in the seventh place. सातवें स्थान में।

Seventieth-सेव्न्टि-अथ् - *adj.* the ordinal of seventy. सत्तरवाँ।

Seventy-सेव्न्टि-*adj. & n.* ten times seven. सत्तर।

Sever-सेव्र् - *v. t. & i.* to part or divide, to disunite, to be disjoined. काटकर अलग करना, अलगाना, पृथक् होना।

Severable-सेव्रे-बूल - *adj.* separable. अलगाने योग्य।

Severance-सेव्-अर्-ऑन्स्-*n.* separation. वियोग, अलगाव।

Several-सेव्रल्-*adj.* separate, distinct, various, consisting of a number. पृथक्, भिन्न, अनेक, कई एक;-*n.* each, particular. प्रत्येक; **Severally** (-लि)-*adv.* separately apart from others. अलग-अलग, प्रत्येक (स्वयं); **Severalty** (-टि)-*n.* the state of separation. भिन्नता।

Severe-सि-व़ीअर्' - *adj.* strict, harsh, austere, extreme, violent, terse. तीक्ष्ण, कठोर, घोर, कष्टदायक, अत्यन्त।

Severity-सिवे - रिटि, **Severeness** (-नेंस्) -*ns.* harshness, rigour. कठोरता, तीव्रता।

Severely-सि-व़ीअर्'-लि-*adv.* sharply, painfully, rigorously. प्रचण्डता से, कठोरता से, निर्दयता से।

Severy-सें-व़रि - *n.* a partition in vaulted ceilling. मेहराबदार छत का भाग।

Sew-सो-*v.t. & i.* (*p. t.* **Sewed,** *p.p.* **Sewn.**) to fasten by thread with the help of a needle or awl. सीना।

Sew-स्यू-*v. t. & i.* to drain off, to ooze out. पानी बहाना या बहना, पानी का धीरे-धीरे निकलना।

Sewage-स्यू'-ऐज्-*n.* matter carried in sewers. मल, मैला, पायखाना; - *v. t.* to manure with sewage. मैले की खाद देना।

Sewel-स्यू-ऐल्-*n.* a scarecrow. विभीषिका।

Sewer-स्यू'-अर्-*n.* a channel for carrying off waste and filth, a public drain. नाली, मोरी, मलमार्ग; - *v. t.* to provide with drains. मोरियों का प्रबन्ध करना।

Sewerage-स्यू' - अरेज् - *n.* drainage. परनालियों का क्रम।

Sewing--सो'-इङ्ग्-*n. & adj.* occupation of using a needle. सियन, सीने का कार्य; **Sewing-machine** (a machine for sewing.) सीने की कल।

Sewn-सो'-न्-*adj.* joined by sewing. सिया गया।

Sex-सेंक्स् - *n.* the distinction between male or female. जाति, लिंग, स्त्री या पुरुष होना; **The fair sex** (women.) स्त्री जाति; **The male sex** (men.) पुरुष जाति।

Sex, Sexi-सेंक्स् (-इ) - *pref.* in sense of "six". "छः" अर्थ का उपसर्ग।

Sexagenarian-सेंक्सअजिनेरिअन् - *adj. & n.* a person of sixty years of age. साठ वर्ष की वय का मनुष्य।

Sexagenary-सेंक्सअजिनरि-*adj.* of sixty years. साठ वर्ष का।

Sexagesima - सेंक्सअजेसिमा -*n.* the second Sunday before Lent. ईसाइयों के लेन्ट त्योहार के पहिले का दूसरा रविवार।

Sexagesimal-सेंक्सअजेसिमल्-*adj.&n.* sixtieth, of sixty. साठवाँ, साठवें भाग का; **Sexagesimally** (-लि) *adv.* साठवें अंश में।

Sex-angle-सेंक्सैङ्गल् - *n.* a figure having six angles. छः कोणों की आकृति।

Sexangular-सेंक्सैङ्ग्युलर्-*adj.* of six angles. छः कोणोंवाला।

Sexdigitate-सेंक्स-डि-जिटेट्-*adj.* six fingered. छः अंगुलियों का।

Sexennial-सेक्सें निअल्-*adj*. occurring once in every six years. प्रत्येक छठे वर्ष पर होनेवाला।

Sexless-सेक्स्' - लेस्-*adj*. having no sex. न मादा (स्त्री) न नर (पुरुष)।

Sextain-सेक्स्'-टेन्-*n*. a stanza of six lines. छः पंक्तियों की कविता।

Sextan-सेक्स्'-ट-न्-*adj*. occurring every sixth day. प्रत्येक छठे दिन होनेवाला।

Sextant-सेक्स् - टेन्ट्-*n*. the sixth part of a circle, an instrument for measuring angular distances. वृत्त का छठा भाग, कोण की दूरी नापने का एक यन्त्र।

Sextant.

Sexto-सेक्स्'-टॅ-*n*. a book formed by folding paper into six folds. कागज की छः परत मोड़कर बनी हुई पुस्तक।

Sextodecimo-सेक्स्टॅ-डॅ-सिमॅ-*n*. (*abbr*. **16 mo.**) folding a sheet of paper in sixteen leaves. एक तख्ते कागज को सोलह पन्ने में मोड़ने की क्रिया।

Sexton-सेक्स्टन्-*n*. an officer of the church in charge of its property. गिर्जाघर की सामग्री संभालनेवाला अधिकारी।

Sextuple-सेक्स्'-ट्यु-पल्-*adj*. sixfold. छगुना।

Sexual-सेक्स्युअल्-*adj*. of the sex or sexes. स्त्री या पुरुष जाति-सम्बन्धी ; **Sexual affinity** (mutual attraction of two individuals of opposite sexes.) स्त्री-पुरुष का परस्पर आकर्षण; **Sexual appetite** (sexual indulgence.) कामुकता; **Sexual intercourse** (copulation.) मैथुन ; **Sexual organs** (the organs of generation.) जननेन्द्रियाँ।

Sexualist-सेक्स्युअलिस्ट्-*n*. one who classifies plants according to the differences of the sexes. पौधों का लिङ्ग के अनुसार विभाजन करनेवाला व्यक्ति।

Sexuality-सेक्स्युअलिटि-*n*. distinction by sex. लिङ्ग-भेद।

Sexualization-सेक्स्युअलाइजेशन्-*n*. the act of sexualizing. लिङ्ग-निर्णय।

Sexualize-सेक्स्युअलाइज्-*v. t.* to attribute sex to. लिङ्ग निर्धारित करना।

Sexually-सेक्स्युअलि-*adv*. in a sexual manner. स्त्री-पुरुष के सम्बन्ध के रूप में।

Shabbily-शॅ-बि-लि-*adv*. in a shabby manner. मलिनता से, कुत्सित रूप से।

Shabbiness-शॅ'-बि-नेस्-*n*. the state of being shabby. मलिनता।

Shabby-शॅ'-बि-*adj*. (*comp*. **Shabbier**, *sup*. **Shabbiest**.) threadbare, mean, paltry, dissipated. जर्जर (फटा पुराना), तुच्छ, अधम, कुत्सित।

Shabrack-शॅब्रॅक्-*n*. a saddle-cloth. काठी के नीचे का गद्दा।

Shack-शॅक्-*n*. a rough hut. फूहड़ झोपड़ी।

Shackle-शॅ-कुल्-*n*. staple, a link for connecting chains, a coupling link. बन्धन, जंजीर जोड़ने की दुमुँही कड़ी; -*pl*. fetters, obstruction. (ब० व०) बेड़ी, अवरोध-*v. t.* to fetter, to chain. जंजीर से बाँधना, बेड़ी लगाना।

Shad-शॅड्-*n*. a kind of fish. एक प्रकार की मोटी मछली।

Shade-शेड्-*n*. a place sheltered from the sun, shadow, obscurity, darkness, shelter, gradation of colour, ghost, soul after death, darker part in a picture. सूर्य से आड़ की जगह, छाया, अन्धकार, शरण, रङ्ग का उतार-चढ़ाव, प्रेत, मृत्यु के बाद की आत्मा, चित्र में गहरा रंग; -*pl*. darker part of a picture, darkness of night or evening. (ब० व०) चित्र में गहरे रङ्ग का अंश, रात्रि का अन्धकार; -*v. t. & i.* to screen from light or heat. रोशनी या घाम से बचाना, अँधेरा करना; **Lamp shade** (the chimney for lamp.) दूधिया चिमनी; **Shade meaning** (slight difference in meaning.) अर्थ का सूक्ष्म भेद; **To cast into shade** (to blame.) तिरस्कार करना।

Shadeless-शेड्'-लेस्-*adj*. without shade. छायारहित।

Shadily-शे डि-लि-*adv*. in a shady manner. छाया रूप में।

Shadiness-शे डि-नेस्-*n*. the state of being shady. छायापन, अन्धकार।

Shading-शे डिङ्ग् - *n*. the act of making shades in painting. चित्र में रंग गहरा करके छाया दरसाना।

Shadoof-शॅ-डूफ्-*n*. a series of buckets used to raise water. पानी उठाने की रहट की बालटियाँ।

Shadow-शॅडो-*n*. the shade cast by an object, faint representation, one's constant companion, reflected image, an unsubstantial thing, phantom, obscurity. छाया, परछाईं, प्रतिबिम्ब, तुच्छ पदार्थ, आभास, एकान्तता; -*v. t.*

to darken, to conceal. छाया (अन्धकार) करना, ढाँकना, छिपाना।

Shadowless-शॅडो-लॅस्-*adj.* without shadow. बिना छाया का।

Shadowy-शॅडोइ-*adj.* gloomy, dark. अन्धकारमय, छायादार।

Shady-शे-डि-*adj.* (*comp.* **Shadier,** *sup.* **Shadiest.**) giving shade, situated in shade. छाया देनेवाला, छाया में स्थित।

Shaft-शॉफ्ट्-*n.* a slender pole, stem (stalk), a long arrow, the rib of feather, long axle of a machine, the bar of a carriage to which a horse is harnessed, handle, access to a mine. पतला डण्डा, डण्ठल, तीर पर की लम्बी डण्डी, पंख के बीच की नस, मशीन का लम्बा धुरा, गाड़ी का बम, मुठिया, खान का मार्ग।

Shafting-शॉफ्टिङ्ग्-*n.* long shafts of machinery. यन्त्र के लम्बे धुरे।

Shag-शॅग्-*n.* rough growth of anything. किसी वस्तु की स्थूल रूप में उपज; -*n.* a kind of rough cloth. एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Shaggily-शॅ-गि-लि-*adv.* in a shaggy manner, रूक्षता से; **Shagginess** (-नॅस्) -*n.* the quality of being shaggy. खुरखुरापन, रूक्षता।

Shaggy-शॅगि-*adj.* (*comp.* **Shaggier,** *sup.* **Shaggiest.**) rough, coarse, rough haired, with a wild overgrowth. रूक्ष, खुरखुरा, मोटे रोवें का, जंगल के झाड़ की उपज से पूर्ण।

Shagreen-शॅ-ग्रीन्'-*n.* untanned leather usually dyed green. हरे रङ्ग का बिना कमाया हुआ चमड़ा।

Shah-शाह्-*n.* the king of Persia. ईरान (फारस) देश के राजा की उपाधि।

Shake-शेक्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Shook,** *p. p.* **Shaken.**) to move, to agitate, to cause to tremble, to shiver, to disturb, to weaken, to make tremulous. हिलाना, हलचल मचाना, कँपाना, काँपना, व्याकुल करना, मन्द करना, गिटकरी करना;-*n.* a rapid motion, agitation, clasp of hands. तीव्र कम्प, हलचल, हाथ मिलाकर हिलाना; **To shake about** (to agitate.) हिला देना, अस्थिर करना; **To shake down** (to send or bring by shaking.) हिलाकर भेजना या मँगाना ; **To shake in one's shoes** (to tremble with fear.) भय से काँपना ; **To shake off** (to get rid of, to be relieved.) मुक्त होना, छुटकारा पाना; **To shake off the dust from one's feet** (to sever all connections with.) सब सम्बन्ध त्याग देना; **To shake one's confidence** (to create doubts.) शंका-युक्त करना; **To shake out** (to empty a vessel of its contents.) बर्तन खाली करना; **To shake up** (to mix together.) मिश्रित करना।

Shakable-शे-कॅ-बल्-*adj.* capable of being shaken. हिलाने योग्य।

Shaker-शे-कर्-*n.* one who or that which shakes. हिलानेवाला।

Shakespearian-शेक्स्-पियरिअन्-*adj.* relating to Shakespeare or his works. महाकवि शेक्सपियर या इनकी रचनाओं से सम्बन्धित।

Shakily-शे-किलि-*adv.* in a shaky manner. अस्थिरता से; **Shakiness** (-नॅस्) -*n.* the state of being shaky. ढीलापन, अस्थिरता।

Shaking-शे-किङ्ग् - *n.* agitation, trembling. व्याकुलता, थर्राहट।

Shako-शॅ-को-*n.* a kind of military hat. एक प्रकार की फौजी टोपी।

Shaky-शे-कि - *adj.* uncertain, fickle. अस्थिर, चंचल, ढीला।

Shale-शेल्-*n.* a kind of stone which readily splits into thin plates. एक प्रकार का पत्थर जो सहज में परतों में टूट जाता है।

Shall-शॅल्-*v. aux.* (*p. t.* **Should.**) an auxiliary verb indicating future tense. भविष्य-काल-सूचक सहायक क्रिया—गा।

Shalloon-शलून्-*n.* a light woollen fabric for coat linings. कोट के अस्तर का हल्का ऊनी कपड़ा।

Shallop-शॅलप्-*n.* a kind of small boat. एक प्रकार की हलकी छोटी नाव।

Shallot-शलॉट्-*n.* a plant like onion. प्याज की तरह का एक पौधा।

Shallow-शॅ-लो-*adj.* having little depth, trivial, superficial, not wise. छिछला, तुच्छ, ओछा, मूर्ख; -*n.* a shoal, a place over which the water is not deep. मछलियों के टिकाव की जगह, छिछले जल का स्थान; **Shallow brained** (weak in intellect.) कम बुद्धि का।

Shallowly-शॅ-लो-लि-*adv.* with little depth. कम गहराई में; **Shallowness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being shallow. छिछलापन, तुच्छता।

Shalt-शॅल्ट्-*second pers. sing.* of **Shall.**

Shaly-शे-लि-*adj.* folding. परतदार।

Sham-शॅम्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Shammed.**) to make false pretences, to feign, to cheat,

झूठा बहाना करना, छलना, धोखा देना;-*n.* fraud, imposture, pretence. छल (कपट), पाखण्ड, बहाना;-*adj.* counterfeit, false, pretending. जाली, कपटी, झूठा बहाना करनेवाला।

Shamble-शैम्बल्-*v. i.* to walk or run in an awkward manner. भद्दी तरह से चलना या दौड़ना;-*n.* a shambling gait. भद्दी चाल, लचककर चलना।

Shambles-शैम्बल्ज़्-*n. pl.* a place where butchers kill animals, a slaughter-house. वधस्थान, कसाईखाना।

Shambling-शैम्-ब्लिङ्ग्-*adj.* moving in an awkward manner. भद्दी चाल से चलनेवाला।

Shame-शेम्-*n.* feeling of humiliation, disgrace, restraint caused by humiliation. लज्जा, अपमान (कलंक), अपमान द्वारा उत्पन्न संयम की भावना;-*v. i.&t.* to cause to blush, to be ashamed. सकुचाना (लज्जित होना), लज्जित करना; **To put to shame** (to disgrace.) लज्जित करना।

Shamefaced-शेम्' - फ़ेस्ड्-*adj.* shy, bashful, modest. लज्जित, लज्जायुक्त, संकोची; **Shamefacedly** (-लि)-*adv.* in a shameful manner. लज्जा से, संकोच से; **Shamefacedness** (-नेस्) -*n.* bashfulness. संकोच।

Shameful-शेम्-फ़ुल्-*adj.*causing shame, indecent. लज्जाकर, लज्जालु; **Shamefully** (-लि) -*adv.* in a shameful manner. लज्जा-सहित; **Shamefulness** (-नेस्) -*n.* the quality of being shameful. लज्जा।

Shameless-शेम् - लेस्-*adj.* wanting in modesty. निर्लज्ज; **Shamelessly** (-लि)-*adv.* in a shameless manner. लज्जा छोड़कर; **Shamelessness** (-नेस्)-*n.* the quality of being shameless. निर्लज्जता।

Shammer-शैमर्-*n.* an impostor. छली।

Shammy, Shamoy-शैमि (-मॉय्)-*ns.* a leather prepared from the skin of chamois. पहाड़ी बकरे (साबर) का कमाया हुआ चमड़ा।

Shampoo-शैम्पू - *v. t.* to rub, to massage and rub the body after hot bath, to wash the hair of the head. रगड़ना, मालिश करना, साबुन से मस्तक का बाल धोना;-*n.* a shampooing of the head. मस्तक धोने का कार्य।

Shampooer-शैम्पूअर्-*n.* one who massages the limbs. मालिश करनेवाला।

Shampooing-शैम्पू - इङ्ग् - *n.* the act of massaging. मालिश।

Shamrock-शैम्'-रॉक्-*n.* a kind of trefoil. एक प्रकार की तिनपतिया घास।

Shandrydan-शैन्ड्रि-डैन्-*n.* a kind of two wheeled vehicle. एक प्रकार की दोपहिया की गाड़ी।

Shank-शैङ्क्-*n.* the part of leg from knee to ankle, shin-bone, vertical part of a bird's foot, footstalk of flower, shaft of a tool, the middle part of the sole of shoes. टाँग की नली, पिण्डली, पक्षी के पर का खड़ा भाग, फूल के डंठल का निचला भाग, औजार की मूठ, जूते के तल्ले का मध्य भाग ; **Shanked** (-ड्) -*adj.* having a shank. डंठलदार।

Shanny-शैनि-*n.* a kind of fish found in Europe. एक प्रकार की यूरोप देश की मछली।

Shan't-शान्ट्-contracted form of '**Shall not**'. 'शैल्-नॉट्' का छोटा रूप।

Shanty-शैन्टि-*n.* (*pl.* **Shanties.**) a hut, a mean dwelling. कुटी, झोपड़ी, मड़ई।

Shapable-शेपे-बल्-*adj.* able to be moulded. ढालने या गढ़ने योग्य।

Shape-शेप्-*v.t.&i.*(*p.t.* **Shaped,** *p.p.***Shaped, Shapen.**) to construct, to mould, to form, to devise or regulate. आकार धारण करना, बनाना, ढालना, रचना, नियम पर चलना; -*n.* external form of a thing, appearance, sort, expression, proper condition. आकार, मूर्ति, प्रकार, रूप, उचित स्थिति।

Shapeless-शेप्'-लेस्-*adj.* devoid of regular form. निराकार, कुरूप; **Shapelessly** (-लि) -*adv.* निराकार रूप में; **Shapelessness** (-नेस्) -*n.* the quality of being shapeless. निराकार अवस्था या गुण।

Shapeliness-शेप्'-लि - नेस् -*n.* well shaped form. सुरूपता।

Shapely-शेप्'-लि-*adj.* (*comp.* **Shapelier,** *sup.* **Shapeliest.**) well-shaped, symmetrical. सुरूप, सुडौल।

Shaper-शेपर्-*n.* a turning machine. खरादने की कल।

Shard-शार्ड (**Sherd**-शर्ड)-*n.* a piece of cow-dung. गोबर का चोंथ।

Share-शेअर्-*n.* portion, part allotment, part which one gets, the blade of a plough. अंश, भाग, हिस्सा, हल का लोहे का फल (फार);-*v. t. & i.* to part among others in due proportion, to divide, to give away part of , to partake with others. विभाग करना बाँटना, हिस्सा देना, सहकारी होना; **Fair share** (equitable portion.) उचित अंश; **Lion's share**

(the largest portion.) सबसे अधिक भाग; **To share out** (to apportion.) बाँट देना।

Shareholder-शेअर्-होल्ड्-अर्-*n.* an owner of shares. अंशभागी, साझी, हिस्सेदार।

Sharer-शेअर्'-अर्-*n.* one who participates with another. अंशभागी, हिस्सेदार।

Shark-शार्क्-*n.* a kind of sea-fish, a swindler, a cheat. एक प्रकार की समुद्री मछली, छली मनुष्य, धूर्त;-*v. i. & t.* to cheat, to act with fraud. ठगना, कपट-व्यवहार करना; **Shark's mouth** (the opening in a mast.) मस्तूल में का छिद्र।

Sharking-शार्किङ्ग्-*n. & v. t.* gathering up by dishonest means, to swallow voraciously. कपट से धन एकत्रित करना, मरभुख की तरह गटकना।

Sharp-शार्प्-*adj.* having a fine edge or point, keen, acute, rugged, pungent, piercing, harsh, severe, clever, painful, sensitive, keen-witted. तीखा, चोखा, नुकीला, तीव्र, उग्र, ऊबड़-खाबड़, चरपरा, मर्मभेदी, कर्कश, कठोर, चतुर, पीड़ाकर, क्षिप्रग्राही, तीक्ष्णबुद्धि;-*n.* a fine pointed sewing needle, an acute or shrill sound. सीने की बड़ी नुकीली सूई, कर्कश शब्द; -*adv.* at the proper time. ठीक समय पर।

Sharp-cut-शार्प्'-कट्-*adj.* clearly defined. स्पष्ट रूप से निरूपित।

Sharpen-शार्-पन्-*v.t.* to make acute or sharp, to grow sharp. तीखा करना, तेज़ करना, सान रखना।

Sharpener-शार्-प्-नर्-*n.* one who sharpens or excites. चोखा करनेवाला, उत्तेजित करनेवाला।

Sharper-शार्पर्-*n.* a cheat. ठग, धूर्त।

Sharply-शार्प्'-लि-*adv.* in a sharp manner. तीक्ष्णता से, रूखेपन से; **Sharpness** (-नेस्) -*n.* the quality of being sharp. तीखापन, चोखापन।

Sharp-set-शार्प्'-सेट्-*adj.* eager in appetite. भूखा; **Sharpshooter** (-शूट्-अर्)-*n.* a rifleman who shoots with exactness. अच्छा निशाना लगानेवाला; **Sharp-sighted** (-साइट्-ऐड्)-*adj.* of quick sight. तीक्ष्ण दृष्टिवाला ; **Sharp-witted** (-विट्-टेड्)-*adj.* of acute discerning mind. तीक्ष्ण बुद्धिवाला।

Shatter-शॅ-टर्-*v. t. & i.* to break suddenly into pieces, to split, to derange, to destroy. टुकड़े-टुकड़े करना, छितराना, क्रम बिगाड़ देना, नष्ट करना।

Shatters-शॅ-टर्स्-*n. pl.* broken fragments. टूटे हुए अंश।

Shave-शेव्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Shaved,** *p.p.* **Shaved, Shaven.**) to remove hair with razor, to pare the surface of, to cut in thin slices. उस्तरे से मूँड़ना, छीलना, टुकड़े करना;-*n.* having one's beard shaved, trick, deception, hoax. हजामत, मुँड़ाई, दाढ़ी घोंटाई, छल, कपट, धोखा।

Shaveling-शेव्-लिङ्ग्-*n.* a shaven person, a monk or friar. सिर मुँड़ा हुआ मनुष्य, बैरागी।

Shaver-शेवर्-*n.* a barber, a youngster, a sharp or extortionate dealer. हजामत बनानेवाला, नाई, छोकरा, महँगा बेचनेवाला व्यापारी।

Shaving-शेविङ्ग्-*n.* the act of removing hair with razor, curled pieces of wood planed off. हजामत बनाने का काम, क्षौर कर्म, छीलन, कतरन ; **Shaving-brush** (a brush used in shaving.) हजामत बनाने की कूची।

Shaw-शॉ-*n.* a small thicket. झाड़ी, छोटा जंगल।

Shawl-शॉल्-*n.* a woollen cloth worn on the shoulders. शाल, दुशाला ; **Shawl pattern** (variegated design like that of oriental shawls.) दुशाले के समान बिनावट का।

Shawm-शॉम्-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

She-शी-*pron. & fem.* (*obj.* **Her,** *poss.* **Hers, Her,** *pl.* **They.**) the female. वह स्त्री, यह स्त्री; **She-ass** (a female ass.) गदही; **She-goat** (a female goat, filly.) बकरी; **She-sparrow** (a female sparrow.) गौरैया।

Sheaf-शीफ्-*n.* (*pl.* **Sheaves.**) a bundle of stalks tied together lengthwise. गट्ठा, पुलिन्दा;-*v.t.* to make sheaves of. पुलिन्दा या गट्ठर बनाकर बाँधना।

Shealing-शीलिङ्ग्-*n.* a small hut or a cottage. झोपड़ी, कुटी।

Shear-शिअर्-*v. t. & i.*(*p. t.* **Sheared, Shore,** *p.p.* **Sheared, Shorn.**) to cut with a sword or shears, to clip with scissors. तलवार से काटना, कैंची से काटना, कतरना।

Shear-bill-शिअर्'-बिल्-*n.* a kind of bird. एक प्रकार का पक्षी।

Shearer-शिअरर्-*n.* one who shears. रोवाँ या बाल काटनेवाला।

Shearling-शिअर्लिङ्ग्-*n.* a sheep once shorn. एक बार बाल कतरी हुई भेंड़।

Shears-शिअर्ज़्-*n. pl.* a cutting or clipping

instrument with a pair of blades, a strain produced by pressure. कतरनी, कैंची, किसी वस्तु पर दबाव का प्रभाव।

Sheat-fish-शीट्'-फ़िश्-*n.* a kind of large fresh-water fish. एक प्रकार की मीठे जल की बड़ी मछली।

Sheath-शीथ्-*n.* a close-fitting case for the blade of tools or weapons, a covering membrane of body. मियान, खोली, शरीर का कोश।

Sheathe-शीद्-*v. t.* to encase, to put into a sheath, to cover. ढाँकना, मियान में रखना, बन्द करना; **Sheathed** (-ड्)-*adj.* मियान में रक्खा हुआ; **Sheathing** (-इङ्ग्) -*n.* the act of encasing in a sheathe. मियान में रखने का कार्य।

Sheathless-शीथ्'-लेस्-*adj.* destitute of sheath. बिना कोष या ढकनी का।

Sheave-शीव्-*n.* the groove in a pulley. पहिये में की गड़ारी।

Sheaves-शीव़्ज़्-*n. pl.* of **Sheaf.**

Shebeen-शि-बीन्-*n.* a house in which unlicensed liquors are made and sold. वह मकान जहाँ बिना लाइसेंस की मदिरा बनती और बिकती है।

Shed-शेड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Shed.**) to part with, to throw off, to spread abroad, to give forth, to diffuse. निकालना, फेंकना, फैलाना, बहाना, बिखराना;-*n.* a one-storeyed building for storing goods, cattle, vehicles &c. एकमंजिला मालगोदाम या पशुशाला या गाड़ीखाना।

Shedder-शे-डर्-*n.* one who sheds. फैलानेवाला, गिरानेवाला।

Shedding-शे-डिङ्ग्-*n.* a shed. ओसारा, घर।

Sheen-शीन्-*n.* splendour, brightness, radiance. प्रभा, ज्योति, चमक।

Sheeny-शीनि-*adj.* bright, shining. चमकदार।

Sheep-शीप्-*n.* (*pl.* **Sheep.**) a woolly ruminant, timid animal (male called-**Ram,** female-**Ewe,** young one-**Lamb.**) मेष, भेड़; **Sheep without a shepherd** (a crowd without a leader.) बिना नेता की भीड़; **To cast sheep's eyes** (to glance amorously.) प्रेमदृष्टि डालना; **To follow like sheep** (to follow imitatively.) सर्वदा अनुसरण करना।

Sheep-cote-शीप्'-कोट्-*n.* an enclosure for sheep. भेड़ बन्द करने का बाड़ा; **Sheep-dog** (-डॉग्)-*n.* a dog trained to tend sheep. गड़ेरिये का कुत्ता; **Sheep-faced** (-फ़ेस्ड्) - *adj.* bashful. लज्जालू, लज्जावान्; **Sheep-farmer** (-फ़ार्मर्)-*n.* a shepherd. गड़ेरिया; **Sheep-fold** (-फ़ोल्ड्)-*n.* a place for confining sheep. भेड़ों का बाड़ा।

Sheepish-शीपिश्-*adj.* like sheep, timid, bashful. भेड़ के सदृश, लज्जालू, डरपोक; **Sheepishly** (-लि)-*adv.* like a sheep, bashfully. भेंड़ी की तरह, भेड़ के समान, लज्जा से ; **Sheepishness** (-नेस्)-*n.* bashfulness. भेड़पन, लज्जालुता।

Sheer-शिअर्-*adj. & adv.* mere, simple, absolute, outright, perpendicular. केवल, सामान्य, सादा, शुद्ध, निपट, सिधाई में, खड़े बल;-*n.* the curve of a ship's side. जहाज के तख्ते का झुकाव;-*v. i.* to move aside. घिसकना, अलग होना; **To sheer off** (to part company.) साथ छोड़ना।

Sheet-शीट्-*n.* a rectangular piece of linen used over a bed, a flat piece of any thin material, a wide expanse of water, snow &c., expanse, a piece of paper, a newspaper. शय्यावस्त्र, चादर (पत्तर), जल इत्यादि का विस्तार, कागज का तख्ता, पाल, समाचारपत्र; -*v. t.* to form into sheets, to cover with sheets. पाल लगाना, चादर से ढाँकना (कफ़नाना)।

Sheet-anchor-शीट्-ऐंकर्-*n.* the largest anchor of a ship, chief support. जहाज का सबसे बड़ा लंगर, मुख्य आधार।

Sheet-glass-शीट्'-ग्लास्-*n.* a thin glass-plate शीशे की पतली चद्दर।

Sheeting-शी-टिङ्ग्-*n.* material for sheets. चादर का कपड़ा।

Sheikh-शेख्-*n.* chief of Arab tribe. अरब जाति का अध्यक्ष।

Shekel-शेक्-ल्-*n.* an ancient Jewish coin. यहूदियों का एक प्राचीन सिक्का ; (-*pl.*) riches, money. (ब० व०) धन, दौलत।

Sheldrake-शेल्'-ड्रेक्-*n.* a kind of wild duck. एक प्रकार का जंगली बत्तख।

Shelf-शेल्फ़्-*n.* (*pl.* **Shelves.**) a slab of stone or board projecting from the wall or hung on it for keeping things, a projecting cliff. अलमारी (टाँड), उभड़ी हुई चट्टान।

Shelfful-शेल्फ़्'-फ़ुल्-*adj.* full of shelves. अलमारियों से भरा हुआ।

Shell-शेल्-*n.* the hard covering of anything, bomb, inner coffin, outline of a plan, a kind of light boat. छिलका (खोली), बम का गोला, भीतरी कफ़न, ढाँचा, एक प्रकार की नाव;

-*v. t. & i.* to remove from shell, to bombard. छिल्का उतारना, बम गोले से उड़ाना; **Shell-button** (a button made of a metal disk.) कपड़ा चढ़ा हुआ बटन; **Shell-proof** (प्रूफ़्)-*adj.* proof against projectiles. गोली के वार से बचानेवाला।

Shellac-शेॅ-लैक् - *n.* lac prepared in thin plates used in making varnish. चपड़ा, लाह; -*v.t.* to varnish with shellac. चपड़े की वार्निश लगाना।

Shelled-शेॅल्ड्-*adj.* having a shell. खोलीदार।

Shell-less-शेॅल्'-लेॅस्-*adj.* without shells. बिना खोली का।

Shelling-शेॅ-लिङ्ग्-*n.* the act of throwing shells. बम फेंकने का कार्य।

Shelter-शेॅल्टर्-*n.* refuge, protection, a place of safety, a defender. आश्रय, शरण, रक्षास्थान, शरण देनेवाला; -*v. t. & i.* to defend, to protect, to take shelter. रक्षा करना, आश्रय देना, शरण में जाना।

Shelterless-शेॅल्टर्-लेॅस् - *adj.* protectionless. निराश्रय।

Shelty-शेॅल्टि-*n.* a kind of pony, a rude hut. एक प्रकार का टट्टू, छोटी झोपड़ी, मड़ई।

Shelve-शेॅल्व्-*v. t.* to put on a shelf, to abandon or postpone. टाँड़ पर रखना, त्यागना या टालना; -*v. i.* to slope gently. धीरे-धीरे ढालुआँ होना।

Shelved - शेॅल्व्ड् - *adj.* fitted with shelves. तख्तेदार।

Shelving-शेॅल्विङ्ग्-*adj.* sloping. ढालुवाँ।

Shelvy-शेॅल्वि-*adj.* full of rocks, sloping, shallow. चट्टानों से पूर्ण, ढालुआँ, छिछला।

Shelves-शेॅल्व्ज़्-*n. pl.* of **Shelf.**

Sheol-शी'-ओॅ-ल्-*n.* the place of the departed spirits of the dead. प्रेतस्थान।

Shepherd-शेॅपर्ड्-*n.* (*fem.* **Shepherdess**-ऍस्) a man who tends sheep, a pastor. गड़ेरिया, चरवाहा;-*v. t.* to tend as a shepherd. गड़ेरिया की तरह भेड़ों की रखवाली करना।

Sheppy-शेॅ-पि-*n.* a cote for sheep. भेड़ रखने का स्थान।

Sherbet-शर्बत्-*n.* a cooling drink composed of water, sugar and lemon juice. शर्बत।

Sherd-शर्ड्-same as **Shard.**

Sherif (-**eef**)-शरीफ़् -*n.* the chief magistrate of Mecca. मक्का का प्रधान मजिस्ट्रेट।

Sheriff-शेॅरिफ़् -*n.* the chief officer of the crown in a country or shire who administers justice. ज़िले का प्रधान हाकिम।

Sheriffdom-शेॅरि-फ़्'-डम्, **Sheriffhood**(-हुड्), **Sheriffship** (-शिप्) -*ns.* the office of a sheriff. ज़िले के प्रधान हाकिम का पद।

Sherry-शेॅरि-*n.* white wine of Spain. स्पेन् देश की सफ़ेद मदिरा।

Show-शो-same as **Shew.**

Shibboleth-शिब्-ॲ-लेॅथ्-*n.* a test word, behaviour or watch-word of a party, old-fashioned doctrine. परीक्षा शब्द, किसी पन्थ का मुख्य व्यवहार, चिह्न इत्यादि, पुरानी रीति।

Shield-शील्ड् -*n.* an armour of defence, a protective part, one who protects, protection. ढाल, रक्षा करनेवाला भाग, आश्रय, शरण (आड़); -*v. t.* to protect. रक्षा करना, बचाना; **The other side of the shield** (less obvious aspect of a question.) प्रस्तुत विषय का अनावश्यक अंश।

Shieldless-शील्ड्'-लेॅस्-*adj.* destitute of protection. निराश्रय।

Shier, Shiest-शाइ'-अर् (-ऍस्ट्)-*comp. & sup.* of **Shy.**

Shift-शिफ़्ट् -*v. t. & i.* to change from one position to another, to transfer, to substitute, to change form, to manage, to contrive, to put off. (अवस्था या) स्थान बदलना, दूसरे स्थान को जाना, बदलना, प्रयत्न करना, प्रबन्ध करना;-*n.* change, recourse, rotation. टालना, परिवर्तन, साधन, चक्र; **To shift about** (to change positions.) एक जगह से दूसरी जगह जाना; **To shift one's ground** (to take up a new position.) नई स्थिति धारण करना।

Shifter-शिफ़्टर्-*n.* one who plays tricks. कपटी मनुष्य।

Shiftily-शिफ़्टि-लि-*adv.* deceitfully. कपट से, छल से; **Shiftiness** (-नेॅस्)-*n.* the state of being shifty, deceit. अस्थिरता, चंचलता, कपट, छल, धूर्तता; **Shifting** (-इङ्ग्)-*adj.* changing position. स्थान बदलनेवाला; **Shiftless** (-लेॅस्) -*adj.* devoid of means. साधनहीन, निरुपाय; **Shiftlessly** (-लेॅस्-लि) - *adv.* in a shiftless manner. बिना साधन के; **Shiftlessness** (-लेॅ-स्-नेॅस्)-*n.* the quality of being shiftless. साधनहीनता।

Shifty-शिफ़्ट-इ-*adj.* capable of shifts, tricky. परिवर्तनशील, कपटी।

Shilling-शि'-लिङ्ग्-*n.* a British silver coin worth twelve pence. इँग्लैण्ड का बारह पेंस का चाँदी का सिक्का, शिलिङ्ग।

Shilly-shall-शि-लि - शॅ-लि-*n.* inability to fix in the mind, vacillation. चित्त की अस्थिरता, डवाँडोल होना (आगा-पीछा); *-v. i.* to act in an irresolute manner. आगा-पीछा करना, डावाँडोल होना।

Shim-शिम्-*n.* a thin wedge of wood or metal used in machinery. लकड़ी या लोहे की फन्नी जो मशीनों में प्रयुक्त होती है।

Shimmer-शि-मर्-*v. i.* to shine with a quivering light. जगमगाना; *-n.* a faint gleam. जगमगाहट।

Shin-शिन्-*n.* the forepart of the leg below the knee. पिंडली, अग्रजंघा; *-v. i.* (*p. t.* **Shinned.**) to climb a tree. वृक्ष पर चढ़ना; **Shin-guard** (guard for the protection of shin.) पिंडली को आघात से बचाने का आवरण।

Shindy-शिन्डि-*n.* noise, uproar, disturbance. उपद्रव, शोर-गुल, बलवा।

Shine-शाइन्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Shone,** शोन्) to emit light, to reflect rays of light, to gleam, to be brilliant, to excel in something. प्रज्वलित होना, चमकाना, प्रकाशित करना, जगमगाना, महत्त्व प्राप्त करना; *-n.* light, brightness, lustre. प्रभा, चमक; **Shiner** (-अर्) *-n.* a new coin. चमकता हुआ (नया) सिक्का।

Shingle-शिङ्ग्'-ल्-*n.* a thin slip of wood, a round pebble lying on seashore. लकड़ी का पतला तख्ता, समुद्र के किनारे पर पड़ा हुआ चिकना पत्थर या कङ्कड़; *-v. t.* to cover with shingle, to cut the hair of the head very close. तख्ते जमाकर छत बनाना, सिर के बाल महीन काटना।

Shingles-शिङ्ग्'-ल्स-*n. pl.* a kind of skin disease. एक प्रकार का चर्मरोग, दाद।

Shining-शाइनिङ्ग्-*adj.* gleaming, brilliant. देदीप्यमान, कान्तियुक्त।

Shinto-शिन्टॅ-*n.* a religion of Japan. जापान देश का एक धर्म; **Shintoist** (-इस्ट्)-*n.* a follower of Shintoism. इस धर्म का अनुयायी।

Shiny-शाइनि - *adj.* (*com.* **Shinier,** *sup.* **Shiniest.**) bright, luminous. चमकीला, देदीप्यमान।

Ship-शिप्-*n.* a large vessel of three to five masts, any sea-going big vessel. (regarded as *fem.*) पोत, जहाज; *-v. t. & i.* (*p. t.* **Shipped.**) to embark, to put on board a ship. जहाज पर धरना; **Battleship** (a ship used in battle.) जंगी जहाज; **Ship of the desert** (the camel.) ऊँट; **To take ship** (to embark.) जहाज पर सवार होना।

-ship (-शिप्) *-suf.* forming abstract nouns. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय, यथा—**Kinship, Friendship.** इत्यादि।

Ship-breaker-शिप्-ब्रेक्र्-*n.* one who dismantles old ships. पुराने जहाजों को तोड़कर टुकड़े करनेवाला; **Ship-broker** (-ब्रोकर्) *-n.* marine insurance agent. पुराने जहाज का बीमा करानेवाला दलाल; **Shipless** (-लेस्) *-adj.* without a ship. बिना जहाज का; **Ship-load** (-लोड्) *-n.* something forming the cargo of a ship. जहाज पर ले जाने का माल; **Shipmate** (-मेट्) *-n.* a person sailing at the same time with another. जहाज पर का साथी; **Shipment**(-मेन्ट्)-*n.* embarkation. जहाज पर माल की लदाई; **Shipper** (-अर्) *-n.* one who sends goods by ships. व्यापारी (आयात-निर्यातकारी); **Shipping** (-पिङ्ग्) *-n.* ships collectively. जहाजों का समूह; **Shipshape** (-शेप्)-*adv.* in a nice manner. अच्छी रीति से; **Shipwreck** (-रेक्)-*n.* destruction of a ship. जहाज का टूटकर नष्ट होना; **Shipwright** (-राइट) *-n.* workman employed in building a ship. जहाज बनानेवाला; **Ship-yard** (-यार्ड्)-*n.* yard in which ships are built. जहाज की मरम्मत करने का स्थान।

-shire-शायर्-*suf.* country. देश का भाग, जिला, यथा-**Devonshire, Somersetshire.** इत्यादि।

Shirk-शर्क्-*v. t.* to avoid, to slink, to get out of. त्यागना, हटना, बचना, खसकना; *-n.* one who lives by tricks. ठगी की जीविका करनेवाला।

Shirker-शर्क्-अर्-*n.* one who evades duty. काम से हटनेवाला।

Shir, Shirr-शर्-*n.* an elastic thread woven in fabrics. कपड़े में बुना हुआ रबड़ का सूत।

Shirring-शरिङ्ग्-*n.* elastic construction. कपड़े में बुना हुआ रबड़ का सूत।

Shirt-शर्ट्-*n.* man's undergarment. कमीज, कुर्ता; **Shirted** (-ऍड्) *-adj.* wearing a shirt कमीज पहिने हुए; **Shirting** (-इङ्ग्)-*n.*material for making shirts. कमीज बनाने का कपड़ा;

Shirtless (-लैस्)-*adj.* without a shirt. बिना कमीज का।

Shit-शिट्-*v. i.* to evacuate bowels. मल त्यागना ; -*n.* abusive word. अपशब्द, गाली का शब्द ।

Shiver-शि-वर्-*v. i. & t.* to tremble, to shake, to break into small fragments, to shatter. काँपना, हिलाना, टुकड़े-टुकड़े करना, छितराना;-*n.* a fragment, part. खंड, टुकड़ा ।

Shivering-शिव्ररिङ्ग्-*adj.* trembling. काँपता हुआ ; **Shiveringly** (-लि) -*adv.* in a shivering manner. काँपते हुए ।

Shoal-शोल्-*n.* shallow water, a sandbank, multitude, crowd, a heap of fishes. छिछला जल, बलुआ किनारा, झुण्ड, भीड़-भाड़, मछलियों का समुदाय;-*v. t.* to get shallower. रेती पड़ना, छिछला होना; **Shoaliness** (-इ-नेस्)-*n.* shallowness. छिछलापन ; **Shoaly** (-इ) -*adj.* shallow. छिछला ।

Shock-शॉक्-*n.* a sudden collision, a concussion, violent onset, disturbing influence, sudden attack, violent emotion. हठात् आघात, धक्का, प्रचण्ड आक्रमण, हठात् आवेगकारी प्रभाव, टक्कर, उग्र संक्षोभ; -*v. t. & i.* to shake, to encounter, to horrify, to offend, to disgust. हिला देना, धक्का देना, मारना, टक्कर देना, भय दिखलाना, दुःखी करना, विरक्त करना ।

Shock-शॉक्-*n.* corn-sheaves, shaggy hair. अन्न का गट्ठर, गुँथे बाल;-*v. t.* to arrange corn in sheaves. अनाज का गट्ठर बाँधना ।

Shocker-शॉकर्-*n.* sensational cheap novel. उत्तेजित करनेवाला सस्ता उपन्यास ।

Shock-headed-शॉक् - हे - डेड्-*adj.* having rough hair on the head. माथे पर मोटे खुर-खुरे बालोंवाला ।

Shocking-शॉ-किङ्ग्-*adj.* offensive or disgusting. उद्वेगकारी ; **Shockingly** (-लि) -*adv.* in a shocking manner. उद्वेग से; **Shockingness** (-नेस्) -*n.* the state of being shocking. उद्वेग, उत्तेजना ।

Shod-शॉड्-*p. t. & p. p.* of **Shoe.**

Shoddy-शॉ-डि-*n.* a kind of inferior cloth. पुराने सूत का बना हुआ वस्त्र ;-*adj.* worthless, pretentious. निकम्मा, भ्रष्ट, बनावटी ।

Shoe-शू-*n.* the outer covering for the foot, the metal plate nailed to the hoof of a horse, anything of the shape of a shoe. जूता, घोड़े का नाल, जूते के आकार की कोई वस्तु ; -*v. t.* (*p. t.* **Shod.**) to furnish with shoes. जूता पहिनाना, नाल मढ़ना ।

Shoeblack-शू' - ब्लैक् - *n.* one who blackens shoes. जूते पालिश करनेवाला ।

Shoer-शू'-अर्-*n.* a ferrier. नालबन्द ।

Shoehorn-शू - हॉर्न् - *n.* an appliance for putting on shoes. जूता पहिनने का साधन ।

Shoe-lace-शू-लेस्-*n.* a string for shoes. जूते का फीता ; **To die in one's shoes** (to be hanged.) फाँसी पड़कर मरना ।

Shoemaker-शू - मेकर्-*n.* one who makes shoes. जूता बनानेवाला, मोची ।

Shog-शॉग्-*n.* a jog, a shock. टक्कर, धक्का; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Shogged.**) to shake, to move on. हिलाना, धक्का देना, हटना ।

Shone-शॉन्-*p. t.* of **Shine.** चमका ।

Shoo-शू-*interj.* begone ! भाग जाओ;-*v. i. & t.* to drive away. भाग जाना, भगाना ।

Shook-शुक्-*p. t.* of **Shake.** हिलाया, हिला ।

Shook-शुक्-*n.* staves of a barrel. पीपा बनाने की पट्टियाँ; -*v. t.* to make a barrel with staves. पट्टियों को मिलाकर पीपा बनाना ।

Shoot-शूट्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Shot.**) to drive with force, to propel, to kill by a bullet or arrow &c., to pass with swiftness, to send forth branches, to project, to move with velocity. ढकेलना, हटाना, गोली, तीर इत्यादि मारना, वेग से चढ़ना, उगना, फलना, वेग से हटाना; -*n.* a young branch, a shooting party. नई डाली, निशानेबाजों की मण्डली ।

Shooter-शूटर्-*n.* one who shoots. गोली चलानेवाला ।

Shooting-शूटिङ्ग्-*n.* the act of discharging arrows, shots &c., sensation of quick pain. तीर या गोली चलाना, तीव्र वेदना; **Shooting star** (a meteor.) टूटनेवाला तारा; **Shooting range**-*n.* a place for practice at shooting. निशानेबाजी का अभ्यास करने का स्थान ।

Shoeless- शू'- लेस्-*adj.* without shoes. बिना जूते का ।

Shop-शॉप्-*n.* a place for retail sale of some commodities. दूकान;-*v. t.* (*p. t.* **Shopped.**) to go to shop for the sake of making purchases. सौदा लेने के लिये दूकान पर जाना; **Shopkeeper** (-कीपर्) -*n.* a retailer of goods in a shop. दूकानदार ; **Shopping** (-इङ्ग्) -*n.* the act of purchasing. खरीद; **Workshop** (a factory, a place of manufacture.) उद्योगशाला, कारखाना ।

Shore-शोर्-*n.* the border of the sea, beam of a ship, support. समुद्र-तट, जहाज की शहतीर, आधार ; **Shoreless** (-लेस्) *-adj.* having no shore. बिना किनारे का ; **Shoreward** (-वर्ड्) *-adv.* towards the shore. किनारे की ओर ।

Shore, Shorn-*p. t. & p. p.* of **Shear.**

Short-शॉर्ट् - *adj.* measuring little in space or time, scanty, of small stature, insufficient, lacking. अल्प, थोड़ा, छोटा, कम, नाटा, अपूर्ण, हीन (रहित, कम) ; **A short cut** (an easy method, short route.) सरल विधि, छोटा मार्ग ; **In short** (in brief, briefly.) संक्षेप में, थोड़े में ।

Shortage-शॉर्टेज्-*n.* deficiency. न्यूनता, कमी; **Short circuit**--*n.* a passage of current into the earth by a path of low resistance. बिजली की धारा के प्रवाह की वह स्थिति जब धारा पृथ्वी में समा जाती है ।

Shortcoming- शॉर्ट्कमिङ्ग् - *n.* deficiency, failure in duty. न्यूनता, दोष ।

Shorten-शॉर्ट्न्-*v.t.&i.* to become or make short. कम होना, कम करना ।

Shorthand-शॉर्ट् - हॅन्ड्-*n.* an abbreviated method of writing. संक्षिप्त लिपि, सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखने की विधि ।

Short-lived-शॉर्ट्-लिव्ड्-*adj.* not living long. अल्पजीवी, अल्प आयुवाला ।

Shortly-शॉर्ट्'-लि-*adv.* in a short way, soon. शीघ्र, झट से ।

Shortness-शार्ट्'-नेस्-*n.* the state of being short. अल्पता, लघुता ।

Shorts-शॉर्ट्-स्-*n. pl.* short trousers. घुटने तक का पायजामा, जाँघिया ।

Short-sighted-शॉर्ट् -साइटेड्-*adj.* not able to see far. अल्प दृष्टिवाला, दूर के पदार्थ स्पष्ट न देखनेवाला; **Short-sightedly** (-लि)-*adv.* in a short-sighted manner. अल्प दृष्टि से; **Short-sightedness** (-नेस्)-*n.* the condition of being short-sighted. अदूरदर्शिता ।

Short-spoken-शॉर्ट् - स्पोकन् - *adj.* curt in speech. अल्पवक्ता ।

Short-temper-शार्ट्'-टेम् - पर्- *n.* self-control that is soon lost. जल्द नष्ट हो जानेवाला आत्मसंयम ।

Short-wind-शॉर्ट्'-विन्ड्-*adj.* easily exhausted. जल्दी से थकनेवाला ।

Short-witted-शॉर्ट्-विटेड्-*adj.* not very wise. कम बुद्धिवाला; **To come short** (to disappoint.) निराश करना; **To cut short** (to bring to an end, to finish soon.) संक्षेप करना, शीघ्र समाप्त करना; **To fall short** (to be insufficient.) कम होना ; **To run short** (to have too little left.) कम बच जाना ; **To stop short** (to stop suddenly.) एकाएक रुक जाना ; **To take short views** (to consider only of the present.) केवल वर्तमान का विचार करना ।

Shot-शॉट्-*n.* the act of shooting, a single missile for firearms, the discharge of a gun or cannon, a marksman, a try, an attempt to do something, an aim, reckoning. गोली मारने की क्रिया, बन्दूक या तोप की गोली (छर्रा), गोला छूटना, निशानेबाज, प्रयत्न, लक्ष्य, गणना; *-v. t.* to load with shots. गोली भरना ।

Shot-शॉट्-*p. t.* of **Shoot.** गोली मारा ।

Should-शुड्-*p. t.* of **Shall.** गा, चाहिये ।

Shoulder-शोल्डर् - *n.* the part of the body which joins the arm to the trunk, support. कन्धा, सहारा, आधार; - *v. t. & i.* to push with shoulder, to take upon the shoulder. धक्का देना, कन्धा लगाना, भार लेना; **Of broad shoulders** (strong.) बलवान्, पुष्ट; **Old head on young shoulders** (a wise young person.) अल्प वय का बुद्धिमान् मनुष्य ।

Shoulder-belt-शोल्डर् - बेल्ट्-*n.* a belt over shoulders. परतला; **Shoulderblade** (-ब्लेड्) *-n.* flat triangular bone of the shoulders. कन्धे पर की चिपटी तिकोनी हड्डी (पखुरा) ।

Shout-शाउट्-*v. i. & t.* to utter a loud cry, to speak loudly. कोलाहल करना, चिल्लाना ; *-n.* a loud cry. चिल्लाहट, कोलाहल; **To shout at** (to speak loudly to.) चिल्लाकर बोलना ।

Shouter-शाउटर्-*n.* one who shouts. चिल्लानेवाला ।

Shove-शव्-*v.t. & i.* to push with a sudden motion, to propel, to push off, to press against. ढकेलना, हटाना, धक्का देना, दबाना; *-n.* the act of pushing, a strong push. धक्का, झोंका; **To shove off** (to start from shore in a boat.) किनारे से नाव पर प्रस्थान करना ।

Shovel-शवल्-*n.* a kind of spade, with a hollowed blade used in shifting coal, earth, &c. फावड़ा, बेलचा;*-v. t.* (*p. t.* **Shovelled.**) to

remove with a shovel. फवाड़े से मिट्टी, कोयला इत्यादि हटाना ।

Shovel-board-शव्ल्'-बोर्ड्-*n.* a kind of game played on board a ship. जहाज की छत पर खेलने का एक खेल ।

Shovelful-शव्ल्' - फुल् - *n.* as much as a shovel can hold. फावड़ा भरकर ।

Shoveller-शव्-लर्-*n.* one who shovels, a genus of ducks with mandibles very broad at the end. फावड़ा चलानेवाला, चौड़ी चोंचवाला एक प्रकार का बत्तख ।

Show-शो-*n.* appearance, display, plausibility, pretence, an entertainment. दिखाव, प्रदर्शन, सम्भावना, बहाना, तमाशा, मनोरंजन ।

Show, Shew-शो-*v. t. & i.* (*p.t.* **Showed,** *p. p.* **Shown.**) to present to view, to inform, to prove, to appear, to make known. दरसाना, सूचित करना, सिद्ध करना, सम्मुख आना, जताना ; **To show forth** (to proclaim.) घोषित करना;**To show off** (to exhibit ostentatiously.) सँवारना, आडम्बर से दिखलाना; **Show-case** (-केस्) -*n.* a glass case for exhibition of articles to be sold. दूकानदार की शीशा लगी आलमारी जिसमें बिक्री का सामान सजाया रहता है ।

Shower-शॉवर्-*n.* a fall of rain, arrows, dust, bullets &c. वृष्टि, राधा, प्रवाह, बौछार, झड़ी; -*v. t. & i.* to rain in showers. झड़ी लगाकर बरसाना; **Showerbath** (a bath in which water is showered upon the bather.) फ़ौवारे का स्नान ।

Showeriness-शॉवरि - नेंस् - *n.* the state of being showery. बौछारपन ।

Showery-शॉवरि - *adj.* raining in showers. बौछार में बरसता हुआ ।

Showily-शो-इ-लि-*adv.* in a showy manner. दिखवा में ।

Showiness-शोइ-नेंस्-*n.* ostentation. दिखाव, आडंबर ।

Showman-शो'-मीन्-*n.* (*pl.* **Showmen.**) the exhibitor of a show. खेल दिखलानेवाला ।

Shown-शोन्-*p. p.* of **Show.** दिखाया गया ।

Showy-शो'-इ-*adj.* ostentatious. दिखावटी ।

Shrag-श्रॅग्-*n.* a lopped off twig. काट ली गई टहनी;-*v. t.* to lop, to prune. काटना, छाँटना ।

Shrank-श्रॅङ्क्-*p. t.* of **Shrink.** सिकुड़ा ।

Shrapnel-श्रॅप्'-नेंल्-*n.* the entrails of a bomb which scatter on explosion. बमगोले के भीतर के पदार्थ जो फूटने पर छितरा जाते हैं ।

Shred-श्रेड्-*n.* a fragment, broken piece,strip. टुकड़ा, टूटा भाग, चिथड़ा;-*v. t.* (*p. t.* **Shred, shredded.**) to cut into fragments. टुकड़े-टुकड़े करना ।

Shrew-श्रू-*n.* a peevish woman, a small mammal like a long-snouted mouse feeding on insects. कर्कशा (झगड़ालू स्त्री), छछूँदरी ।

Shrewd-श्रूड्-*adj.* peevish, sagacious, judicious. धूर्त, चतुर, निपुण; **Shrewdly** (-लि) -*adv.* in a shrewd manner. चतुराई से, धूर्तता से; **Shrewdness** (-नेंस्) -*n.* slyness, cunning, sagacity. धूर्तता, चतुराई ।

Shrewish-श्रू' - इश्-*adj.* ill-natured. कर्कश स्वभाववाली; **Shrewishly** (-लि)-*adv.* in a shrewish manner. कर्कश स्वभाव से; **Shrewishness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being shrewish. कर्कश स्वभाव ।

Shriek-श्रीक्'-*v. i. & t.* to utter a shrill cry, to screech, to laugh loudly. जोर से चिल्लाना चीखना,ठहाका मारकर हँसना; -*n.* a sharp shrill scream. कर्कश शब्द, चिल्लाहट ।

Shrift-श्रिफ्ट्-*n.* the confession of a crime before a priest.पादरी के सम्मुख पाप की स्वीकृति ।

Shrike-श्राइक्-*n.* the butcher-bird. एक प्रकार की चिड़िया जो अपने शिकार को काँटों में बन्द कर देती है ।

Shrill-श्रिल्'-*adj.* piercing, sharp, importunate. कर्कश, तीव्र, धृष्ट; -*v. t. & i.* to utter a piercing sound. कर्कश शब्द करना; **Shrillness** (-नेंस्) -*n.* acuteness of sound. कर्कशता; **Shrilly** (-लि) - *adv.* in a shrill manner. कर्कश शब्द में ।

Shrimp-श्रिम्प् - *n.* a kind of long-tailed saltwater crustacean with ten feet. दस पर का समुद्री केकड़ा;-*v. t.* to fish for shrimps. समुद्री केकड़े का शिकार करना; **Shrimper**- (-अर्)-*n.* one who catches shrimps. समुद्री केकड़े का शिकार करनेवाले ।

Shrine-श्राइन्-*n.* a casket for holding sacred relics, the tomb of a saint, a sacred place, a temple. पवित्र राख रखने की डिबिया, महात्मा की समाधि, तीर्थस्थान, पवित्र स्थान, मन्दिर ।

Shrink-श्रिङ्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Shrank,** *p. p.* **Shrunken, Shrunk.**) to decrease in dimensions, to grow small, to recoil, to flinch from, to contract. छोटा होना, सिकुड़ना, ठिकना, अङ्ग सिकोड़ना, सकुचाना, कम करना ।

Shrinkable-श्रिङ्केब्ल्-*adj.* able to contract. सिकुड़ने योग्य।

Shrinkage-श्रिङ्क्'-ऍज्-*n.* reduction in bulk. सिकुड़न।

Shrinking - श्रिङ्क् - इङ्ग् - *n.* contraction. सङ्कोच, सिकुड़न; **Shrinkingly** (- लि) -*adv.* in a shrinking manner. सिकुड़ते हुए।

Shrive-श्राइव्-*v. t.* (*p. t.* **Shrove,** *p.p.* **Shriven.**) to hear the confession of, to absolve. पाप की स्वीकृति सुनना, पाप से मुक्त करना।

Shrivel-श्रिवल्-*v. i.* (*p. t.* **Shrivelled.**) to contract into wrinkles or folds, to shrink. झुर्री पड़ना, सिकुड़ना; **Shrivelled** (-ड्) - *adj.* contracted, wrinkled. संकुचित, झुर्री पड़ा हुआ।

Shroud-श्राउड्-*n.* the winding sheet of a corpse, concealing object. शव लपेटने की चादर, कफ़न, ढक्कन;-*v.t.* to cover, to conceal, to dress for the grave. ढाँकना, छिपाना, कफ़नाना; **Shrouds** (-स्) - *n. pl.* a set of ropes to support masts. मस्तूल बाँधने के रस्से; **Shroudless** (-लॅस्) - *adj.* without a shroud. बिना कफ़न का।

Shrub-श्रब्-*n.* a small plant, a woody thorny plant, a kind of cordial. छोटा वृक्ष, झाड़ी, एक प्रकार की मदिरा।

Shrubbery-श्रबरि - *n.* plantation of shrubs. झाड़ी का जंगल।

Shrubby-श्र-बि-*adj.* full of shrubs. झाड़ीदार।

Shrug-श्रग्-*v. t. & i.* (*p.t.* **Shrugged**) to raise shoulders to express helplessness. बेवशी या लाचारी सूचित करने के लिये कन्धे सिकोड़ना या झटकारना;-*n.* shrugging motion of shoulders. इस प्रकार कन्धे की सिकुड़न।

Shrunken-श्रङ्-क्'-कन्-*p. p.* of **Shrink**;-*adj.* contracted. सिकुड़ा हुआ।

Shuck-शक्-*n.* husk or pod. छिलका, बोड़ी-*v. t.* to remove husk. छिलका या भूसी हटाना।

Shudder-श-डर्-*v.i.* to tremble, to quake, to feel repugnance. काँपना, थर्राना, घृणा दिखलाना;-*n.* shaking, tremor. स्फुरण, थर्राहट; **Shuddering** (-इङ्ग्)-*adj.* shaking with fear. भय से काँपता हुआ; **Shudderingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a shuddering manner. काँपते हुए।

Shuffle-श-फ़्ल्-*v. i .& t.* to move with a dragging motion, to change the position of cards in a pack, to evade, to confuse, to throw in disorder, to intermingle. घिसकते हुए चलना, ताश फेटना, टालना, गड़बड़ करना, पलटना, मिश्रित करना;-*n.* a general change of relative position, an evasion or artifice. हेराफेरी, जगह की अदला-बदली; **To shuffle the cards** (to turn a matter to one's advantage.) किसी बात को अपनी सुविधानुसार पलट देना; **Shuffler** (-अर्) - *n.* one who shuffles. फेरा-फेरी करनेवाला; **Shuffling** (-इङ्ग्) - *n.* shuffling movement, equivocation. संचालन, कपट; **Shufflingly**-*adv.* in a shuffling manner. संचालन से, कपट से।

Shun-शन्-*v. t.* (*p. t.* **Shunned.**) to avoid, to eschew, to try to keep clear. दूर रखना, त्यागना, छोड़ना, दूर करना, अलगाना।

Shunless-शन्-लॅस्-*adj.* inevitable, not to be avoided. आमन्त्रित करने योग्य, बिना त्याग का।

Shunt-शन्ट्-*v. t. & i.* to divert railway carriages, tram cars &c. to a side track, to keep aside. रेल, ट्रामगाड़ी इत्यादि का मार्ग बदलना, राह छोड़ना, हटाना; - *n.* a turning to one side or to another track, a diversion of an electric circuit from one wire to another. रेलगाड़ी का दूसरी लाइन पर गमन, बिजली की धारा के क्रम का परिवर्तन; **Shunter** (-अर्)-*n.* one who shunts. इस प्रकार की बदली करनेवाला।

Shut-शट्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Shut.**) to move so as to close, to confine, to become closed, to encircle, to separate, to desist, to imprison. बन्द करना, रोकना, बन्द होना, लपेटना, अलग करना, विरत होना, क़ैद करना; **To shut down** (to close firmly, to close a factory, to stop working, to be closed with a lid.) दृढ़तापूर्वक बन्द करना, कारखाना बन्द करना, काम बन्द करना, ढकने द्वारा बन्द किया जाना; **To shut off** (to check the flow, to exclude.) प्रवाह रोकना, अलग रखना; **To shut one's eyes** (to pretend not to see.) अनदेखी करना; **To shut out** (to exclude.) निकाल देना; **To shut the door upon** (to refuse to consider to make impossible.) विचार न करना, असम्भव करना।

Shutter-श-टर् - *n.* wooden panels or iron plates for closing a window, anything for shutting. कंडील, झिलमिली, बन्द करने का साधन (झाँप); **Camera-shutter** (the piece that opens and shuts a photographic lens.) फ़ोटो के कैमरा का ताल खुलने तथा बन्द होने का साधन; **To put up the shutters** (to stop business of the day.) दिन भर के लिये व्यवसाय बन्द करना।

Shuttle-शट्ल् -*n.* a weaving implement by which weft thread is carried across the warp threads, a small drawer in a shelf. ढरकी, बिनाई की नली, अलमारी का छोटा दराज; **Shuttlecock** (-कॉक्) -*n.* a piece of cork pierced with feathers usedin the game of badminton. पर लगा हुआ काग का टुकड़ा जो जालीदार रैकेट से गेंद की तरह खेला जाता है।


Shuttlecock.

Shy-शाइ-*adj.* (*comp.* **Shier,** *sup.* **Shiest.**) timid, bashful, coy, reserved in society. डरपोक, लज्जालू, भड़कनेवाला, समाज में अलग रहनेवाला; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Shied.**) to start suddenly with fear. लजाना, भड़कना।

Shyly-शाइ'-लि-*adv.* in a shy manner. लज्जा से ; **Shyness** (-नेस्) - *n.* timidity. भीरुता, लज्जा, भड़क।

Shylock-शाइ'-लॉक्-*n.* a cruel moneylender. निर्दय महाजन।

Si-सी - *n.* the seventh note in an octave. सप्तम स्वर "नि"।

Siamang-साइ-अमैङ्ग्-*n.* a kind of big ape. एक प्रकार का बड़ा वनमानुष।

Siamese-स्यामीज़-*n. & adj.* the native or language of Siam. स्याम देश के रहनेवाले या वहाँ की भाषा।

Siberian-साइ'-बी'-रि-अन्-*adj.* the inhabitant of Siberia. साइबीरिया देश का निवासी।

Sibilance-सिब्' -इ -ल - न्स् - *n.* a hissing sound. सिसकार का शब्द।

Sibiliant-सिब्'-इल्-अन्ट् -*adj. & n.* hissing, sounded by a hiss, a letter uttered with a hissing sound. सिसकार के उच्चारण का, ऊष्म वर्ण, इस उच्चारण का अक्षर 'स'।

Sibilate-सिबिलेट् - *v. t. & i.* to pronounce with a hissing sound. सिसकारते हुए उच्चारण करना ; **Sibilation** (- शन्) - *n.* hissing. सिसकार।

Sibyl-सिब्'-इल्-*n. fem.* a sorceress, a prophetess. जादूगरनी, भविष्य कहनेवाली।

Sibylline-सिबिलाइन्-*adj.* pertaining to sibyl. भविष्य कहनेवाली से संबंधित, जादूगरनी का।

Sic-सिक्-*adv.* so, thus. इस प्रकार से।

Siccation-सि-के-शन्-*n.* the act of drying. सुखाने का कार्य।

Siccative-सि-कें-टिव्-*adj.* having the property of drying. सूखनेवाली।

Sice-साइस्-*n.* the six at dice. पासे में का छक्का।

Sice, Syce-साइस्-*n.* a groom. साईस।

Sick-सिक्-*adj.* affected with a disease, ill, disturbed, disgusted, tired, inclined to vomit. रोगग्रस्त, अस्वस्थ, व्याकुल, विरक्त, पीड़ित, दुःखी, क्लान्त, जी मचलाता हुआ;-*v. t.* to urge a dog for killing a rat. चूहा मारने के लिए कुत्ते को ललकारना; **Sick-bed** (a bed of an invalid.) रोगी की शय्या; **Sick leave** (a leave of absence owing to ill-health.)" अस्वास्थ्य की छुट्टी; **Sick of fever** (suffering from fever.) ज्वर से पीड़ित; **Sick of love** (lovesick.) प्रेमातुर; **Sick of the world** (feeling dissatisfied with worldly affairs.) संसार से विरक्त; **Sick-room** (a room occupied by a sick person.) रोगी का कमरा; **To feel sick** (to feel nausea.) जी मचलाना।

Sicken-सिक्'-न्-*v. i. & t.* to grow ill, to show symptoms of illness, to grow weak and languid, to feel nausea, to feel disgust at. रोगी होना, व्यथित होना, दुर्बल होना, वमन करने की इच्छा करना, घृणा का अनुभव करना।

Sickener-सिक्नर्-*n.* the cause of disgust. घृणा का कारण।

Sickening-सिक्' - निङ्ग्-*adj.* making sick, disgusting. मचली पैदा करनेवाला, घृणा उत्पन्न करनेवाला; **Sickeningly** (-लि) -*adv.* in a sickening condition. मचली या घृणा पैदा करते हुए।

Sickle-सिक्'-ल्-*n.* a reaping hook. हँसिया, हँसुआ ; **Sickle-feather** (the long curved feather in cock's tail.) मुर्गे की दुम का बिचला बड़ा टेढ़ा पर।

Sickle.

Sickliness-सिक्'-लि-नेस्-*n.* the state of being sickly. अस्वास्थ्य।

Sickly-सिक्'-लि-*adj.* (*comp.* **Sicklier,** *sup.* **Sickliest.**) prone to be ill, not healthy weak, connected with nausea. रोगीवत्, अशक्त, दुर्बल, वान्ति या मचली सम्बन्धी।

Sickness-सिक्' - नेस्-*n.* the state of being sick, disease. रोग, व्याधि।

Side-साइड्-*n. & adj.* one of the surfaces of an object, visible surface, margin, bounding line of a figure, part of ribs, arm, party. किनारा, ओर (तरफ़, बगल), किसी आकृति

की परिधि, पसली का भाग, भुजा, पक्षपात, दल; -*v. i.* & *t.* to embrace the opinion of a party, to stand at the side of. पक्ष लेना, भाग लेना; -*adj.* lateral, of the opposite party. बगल का, दूसरे पक्ष का; **On all sides** (in all directions.) चारों ओर ; **On both sides.** दोनों ओर; **On the other side** (on the opposite side.) उस पार; **On the side of the grave** (in the world, in life.) संसार में, जीवन में; **Opposite side** (opposite party.) विपक्ष; **Outer side** (outer portion.) बाहरी भाग; **Side by side** (standing close together.) आसपास ; **Side-car** (-कार्) -*n.* a vehicle attached to a motor-cycle. मोटर साइकिल में हाँकनेवाले के अतिरिक्त दूसरे के बैठने की गद्दीदार कुरसी; **Side-issue** (-इश्-यू)-*n.* a distracting point. चित्त हटानेवाला विषय; **Side-line** (-लाइन्) - *n* a line running along one side of a thing or space, a branch railway-line, a rope used for securing an animal by tying the legs on one side, work &c. carried on apart from one's main work. किसी वस्तु या स्थान के एक ओर जानेवाली रेखा या पथ, शाखा रेल-पथ, जानवर के एक ओर की टाँगों को बाँधकर उसे फँसा रखने की रस्सी, अप्रधान व्यवसाय; **Side-long** (-लॉङ्ग्)-*adj.* oblique. तिर्छी; **Side-note** (-नोट्)-*n.* a marginal note. हाशिये पर की टीका; **Side-saddle** (-सॅड्-ल्)-*n.* a saddle for a woman rider. औरतों की घुड़सवारी की जीन; **Side-view** (oblique view.) एक ओर का चित्र; **Sideward (s)** (-वर्ड्-स्)-*adv.* towards the side. बगल की ओर; **Side-ways** (-वेज़्)-*adv.* obliquely. तिर्छी ओर; **To be on the side of** (to take the cause of.) पक्ष में होना; **To shake one's sides** (to laugh heartily.) ठहाका मारकर हँसना; **To take sides** (to take the cause of.) पक्षपात करना।

Sidereal-साइडीरिअल्-*adj.* of the stars, star-like, bright. तारा-सम्बन्धी, तारे के समान, चमकीला; **Sidereal year** (the period in which the earth makes one revolution in its orbit.) वह समय जिसमें पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक चक्कर लगाती है।

Siderographist-सिडरोग्रफ़िस्ट्-*n.* one who engraves on steel. पक्के लोहे पर नकाशी करनेवाला।

Siding-साइडिङ्ग्-*n.* a short track by the side of a railway line on which trains are shunted from the main line. रेल की लाइन का मोड़, बगल की लाइन।

Sidle-सि-ड्ल्-*v. t.* to walk obliquely. तिर्छे चलना।

Sidling-सिड्'-लिङ्ग्-*n.* oblique motion. तिर्छी गति।

Siege-सीज्-*n.* operation of besetting or surrender of a fortified place. अवरोध, घेरा; -*v. t.* to besiege. घेरा डालना; **To lay siege to** (to begin besieging.) घेरा डालना, प्रारम्भ करना; **To raise the seige** (to abandon attempt to take.) घेरा डालने की क्रिया छोड़ देना।

Sienna-सि-ऍनॅ-*n.* earth of brownish-yellow colour used as pigment. रंग बनाने के काम में आनेवाली भूरे-पीले रंग की मिट्टी।

Siesta-सिऍस्टॅ-*n.* a short sleep at mid-day in hot countries. गरम देशों में दोपहर की अल्प निद्रा।

Sieve-सीव्-*n.* a vessel with holes at the bottom for separating finer from coarser parts of anything. झरनी, चलनी;-*v. t.* to place in a sieve. चलनी में रखना।

Sift-सिफ़्ट्-*v. t.* & *i.* to separate into finer and coarser parts with a sieve, to examine in detail. चलनी से झारना या अलगाना, सूक्ष्म परीक्षा करना।

Sifter-सिफ़्टर्-*n.* one who or that which sifts. चालने या सूक्ष्म परीक्षा करनेवाला।

Sigh-साइ-*v. t.* & *i.* to draw a deep audible breath, to lament, to express grief by sighs, दीर्घ श्वास तथा निःश्वास लेना, आह भरना विलाप करना, आह लेकर दुःख प्रकट करना;-*n.* a deep respiration. गहरी साँस, आह; **Sighing** (-इङ्ग्)-*n.* the act of respiring. निःश्वास; **Sighingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a sighing manner. निःश्वास में।

Sight-साइट्-*n.* the act of seeing, view, spectacle, the faculty of vision, thing seen, show, the range within which one can see. दृष्टि, दर्शन, चमत्कार (कौतुक), दृष्टिविषय, नेत्रदृश्य, लीला, दृष्टिपथ;-*n. pl.* noteworthy features. (ब० व०) दर्शनीय दृश्य;-*v.t.* to adjust sight on fire-arms, to get sight of. निशाने पर निगाह लगाना, दृष्टिपथ में लाना; **At first sight** (prima facie.) देखते ही; **In sight of** (visibly.) प्रत्यक्ष, दृष्टिगोचर, निगाह में; **Out of sight.** परोक्ष में, ओझल, निगाह से बाहर; **Out**

of sight, out of mind (forgetting the absent.) अनुपस्थित को भूल जाना; **Payment at sight.** दर्शनी हुण्डी; **To know by sight.** देखते ही पहिचान लेना; **To put out of sight** (to hide.) छिपा देना; **Within sight** (visible.) दृष्टिगोचर; **Sight-bill** (a bill to be paid at a sight.) दर्शनी हुण्डी।

Sighted-साइटेड्-*adj.* aimed. निशाना लगाया हुआ।

Sightless-साइट्'-लेस् - *adj.* wanting sight, blind. दृष्टि हीन, अन्धा।

Sightliness-साइट्-लि'-नेस्-*n.* beauty. सुन्दरता, मनोहरता।

Sightly-साइट्'-लि-*adj.* pleasing to the eye, comely. देखने योग्य, सुन्दर (मनोहर)।

Sight-reading-साइट्-रीड् - इङ्ग् - *n.* reading shorthand &c. at first sight. सांकेतिक अक्षरों इ० को देखते ही पढ़ लेना; **Sight-seer** (-सी-अर्) -*n.* a view-hunter. दृश्यों का अवलोकन करनेवाला।

Sigil-सिजिल्-*n.* a seal. ठप्पा।

Sigillate-सिजि - लेट् - *adj.* with a stamped impression. ठप्पेदार।

Sigmate-सिग्मेट्-*adj.* of the shape of S. ऐस् अक्षर की आकृति का।

Sigmatic-सिग्मैटिक्-*adj.* of the form of S. एस् की आकृति का।

Sign-साइन्-*n.* a thing used as the representation of something, symbol, token, gesture, an omen. चिह्न, संकेत, लक्षण, सैन, इशारा, शकुन; - *v. t. & i.* to mark with a sign, to signify, to affix one's signtature to. अपने नाम के अक्षरों से अङ्कित करना, चिह्न करना, संकेत करना, हस्ताक्षर करना।

Signable-साइनें-बल्-*adj.* able to be signed. हस्ताक्षर योग्य; **Negative sign** (—) sign of subtraction (called *minus.*) ऋण चिह्न; **Positive sign** (+) sign of addition (called *plus.*) धन का चिह्न।

Signal-सिग्नल्-*n.* a sign conveying information or direction, a message made by such signs. संकेत, चिह्न; -*adj.* remarkable, conspicuous, noteworthy. विशेष, अपूर्व, असाधारण, स्मरण करने योग्य;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Signalled.**) to announce by signals. संकेत करना, सांकेतिक चिह्न द्वारा तार देना; **Signal-gun**-*n.* a gun fired as a signal. संकेत के लिये छोड़ी गई तोप।

Signalize-सिग्नलाइज्-*v. t.* to make remarkable. प्रसिद्ध करना, यश प्राप्त करना।

Signaller-सिग्न-ल-र्-*n.* one who works at railway signals. संकेत करनेवाला, तार का समाचार भेजनेवाला।

Signally-सि-ग्न-लि-*adv.* in a conspicuous manner. असाधारण रूप से।

Signatory-सिग्नेटरि-*n.* the party who has signed a contract or treaty. सन्धिपत्र इत्यादि पर हस्ताक्षर करनेवाला मनुष्य।

Signature-सिग्नें-चर्-*n.* a person's name written by himself. स्वनाम-लेखन, हस्ताक्षर।

Signboard-साइन्'-बोर्ड्-*n.* a board on which the name of a trader is put up. तख्ता जिस पर व्यापारी अपना नाम इत्यादि लिखकर अपने कार्यालय के बाहर टाँगता है, विज्ञापन-पट।

Signer-साइनर्-*n.* one who signs. हस्ताक्षर करनेवाला।

Signet-सि-ग्नेट्-*n.* a private seal. मुद्रा, मुहर; **The signet** (The Royal Seal.) राजकीय मुद्रा; **Signet-ring** (a finger-ring with a seal on it.) अँगूठी जिस पर मुहर खुदी हो।

Significance - सिग्निफ़िकन्स् - *n.* importance, impressiveness, import, meaning, force. गौरव, प्रतिष्ठा, अभिप्राय, अर्थ, शक्ति; **Significant** (-कॅन्ट्)-*adj.* expressive, suggestive, important, with a meaning. अर्थ-पूर्ण, चरितार्थ, आवश्यक, अभिप्रायपूर्ण; **Significantly** (-लि) -*adv.* in an expressive manner. अर्थपूर्णता से।

Signification-सिग्निफ़िकेशन्-*n.* act of signifying, exact sense, import. अर्थ, अभिप्राय, शब्दशक्ति।

Significative - सिग्निफ़िकेटिव् - *adj.* having signification or meaning. अर्थसूचक, अभिप्रायपूर्ण; **Signify** (सिग्नि-फ़ाइ)-*v. t. & i.* (*p. t.* **Signified.**) to declare, to have meaning, to intimate. सूचित करना, अर्थ बतलाना, प्रकट करना।

Sign-manual-साइन् - मैन्युअल् - *n.* signature made by a person's own hand, royal signature. स्वहस्ताक्षर, राजा का हस्ताक्षर।

Signor-सीन्'-यॅ-र्-*n.* (also **Signore**-सिन्योरे) an Italian title equal to Mr. महाशय।

Signpost-साइन्'-पोस्ट्-*n.* a post on which a sign is hung, a direction post. पताका का स्तम्भ, मार्ग-सूचक स्तम्भ।

Signora-सि-न्योरो-*n.* Mrs. महोदया।

Silence-साइ'-लॅन्स्-*n.* being silent, stillness, taciturnity, oblivion, secrecy. मौन (भाषण

न करना), शान्ति, चुप्पी, सन्नाटा, गुप्त भाव;-*v. t.* to make silent. चुप करना, मुख बन्द करना; *interj.* be silent ! चुप रहो ! **Silence** (order for being silent.) चुप रहने की आज्ञा ।

Silencer-साइ' - लेंन्सर् - *n.* an appliance for reducing sounds. यन्त्र में शब्द कम करने का साधन ।

Silent-साइ'-लेन्ट्-*adj.* not uttering a sound, mute, taciturn. निःशब्द (मूक), निरुत्तर, चुप; **Silently** (-लि) -*adv.* in a silent manner. मौन रहकर, चुपचाप ।

Silenus-साइ-ली'-नस्-*n.* a drunken old man. मदिरा पिया हुआ वृद्ध पुरुष ।

Silesia-साइलीशिया-*n.* a kind of thin cloth. अस्तर देने का महीन कपड़ा ।

Silhouette-सिलुएट्-*n.* the portrait of a person in outline only. केवल बाह्य रेखा दिखलानेवाला चित्र; -*v. t.* to represent in silhouette. इस प्रकार का चित्र बनाना ।


Silhouette.

Silica -सिलिका - *n.* a hard white mineral, a kind of quartz. एक प्रकार का कड़ा सफेद पत्थर, अग्नि-प्रस्तर ।

Silicate-सिलिकेट् - *n.* the combination of silica with a base. अग्नि-प्रस्तर का मिश्रण; **Silicated** (-टेड्)-*adj.* combined with silica. अग्नि प्रस्तर से मिला हुआ ।

Siliceous-सि-लिशस्-*adj.* containing silica. अग्नि-प्रस्तर से युक्त ।

Silicify-सि-लि-सि-फाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Silicified.**) to convert into silica. सफ़ेद पत्थर (अग्नि प्रस्तर) बन जाना या बनाना ।

Silicon-सिलिकन्-*n.* a non-metallic element. एक अधातु विशेष तत्त्व ।

Silk-सिल्क्-*n.* a fine soft thread produced in the cocoon by a silkworm, cloth made of this. रेशम, रेशमी कपड़ा;-*n. pl.* garments made of silk. (ब०व०) रेशमी पोशाक; **Silk-cotton** (-कॉटन्) - *n.* a silky fibre of various kinds produced by tropical trees of the genus Bombax and others. सेमल, शाल्मली ।

Silken-सिल्क्'-न्-*adj.* made of silk, soft, delicate. रेशमी, कोमल, चमकदार ।

Silkiness-सिल्किनेस्-*n.* the qualities of silk, softness. कोमलता, चिकनाहट ।

Silk-winder-सिल्क्'-वाइन्डर्-*n.* an appliance for unwinding silk from cocoons. रेशम उधेड़ने का चरखा ।

Silkworm-सिल्क्'-वर्म्-*n.* a caterpillar which produces silk. रेशम का कीड़ा ।

Silky-सिल्कि-*adj.* soft as silk, made of silk. रेशम के समान कोमल, रेशमी ।

Sill-सिल्-*n.* a slab of stone or wood at the foot of a door or window. देहली, दासा ।

Sillery-सि-लरि-*n.* a kind of sparkling wine. एक प्रकार की चमकदार मदिरा ।

Sillily-सि-लि-लि - *adv.* in a silly manner. भोलेपन से ।

Silliness-सि-लि-नेस्-*n.* the quality of being silly. भोलापन ।

Silly-सि-लि-*adj.* (*comp.* **Sillier**, *sup.* **Silliest.**) innocent, unwise, foolish, weak-minded. भोला, मतिहीन, निर्बुद्धि, अल्पमति ।

Silo-साइ-लो-*n.* a pit for storing green crops. हरी फसल इकट्ठा करने का गड्ढा ।

Silt-सिल्ट्-*n.* sediment deposited by running water. पानी की धारा से इकट्ठा की हुई मिट्टी या रेत;-*v. t. & i.* to obstruct with silt. मिट्टी या रेत से रास्ता बन्द करना ।

Silvan, Sylvan-सिल्वन्-*adjs.* of the woods, rural. जङ्गल का, जङ्गली; **Silvan goddess** (the goddess of woods.) वनदेवी; **Silvan scenery** (scenes of jungles.) वनशोभा ।

Silver-सिल्वर्-*n.* a white soft lustrous metal, a coin of silver. चाँदी (रूपा), चाँदी का सिक्का; -*v. t. & i.* to cover with silver, to provide a mirror-glass with backing of tin foil, mercury &c. चाँदी चढ़ाना, दर्पण बनाने के लिये शीशे पर पारा इत्यादि चढ़ाना; **Fulminating silver** (a kind of gunpowder.) एक प्रकार की बारूद; **Of silver tongue** (eloquent.) वाचाल, बातूनी ।

Silver-bath-सिल्वर् - बाथ् - *n.* a solution of silver nitrate. फ़ोटोग्राफ़ी का एक प्रकार का घोल ।

Silveriness-सिल्वरि-नेस्-*n.* the state of being silvery. सफ़ेदी, शुभ्रता ।

Silvering-सिल्वरिङ्ग्-*n.* a silver coating. चाँदी (या पारा) चढ़ाना ।

Silver-leaf-सिल्वर्-लीफ़्- *n.* a thin leaf of silver. चाँदी का तबक़ ।

Silver-paper-सिल्वर् - पे-पर्' - *n.* a kind of photographic paper. फ़ोटो का चित्र छापने का एक प्रकार का कागज़ ।

Silver-plate-सिल्'-वर्-प्लेट्-*n.* vessels made of silver. चाँदी के बर्तन ।

rhythm. एक ही सुर में अलाप; -*v. t.* to speak in a singsong manner. एक ही सुर में गाना।

Singular-सिंग्युलर् - *adj.* single, individual, unique, unusual, extraordinary. एक, अकेला, अद्भुत, अपूर्व (अनोखा), विलक्षण; **Singular number** (expressing one individual.) एकवचन।

Singularity-सिंग्युलरिटि-*n.*peculiarity. अपूर्वता, निरालापन, विशेषता।

Singularize-सिंग्युलराइज़्-*v. t.* to make singular. बहुवचन के प्रत्यय हटाना, एकवचन बनाना।

Singularly-सिंग्युलर्लि - *adv.* in a singular manner. अपूर्व रूप से, विशेष प्रकार से।

Sinister-सिनिस्टर्-*adj.* on the left hand side of a shield, unlucky, ill-looking, of evil omen, dishonest. ढाल के बाईं ओर का, अभागा, कुरूप, बेईमान; **Sinisterly** (-लि) -*adv.* in a sinister manner. बाईं ओर, कुटिलता से, अभाग्य से।

Sinistral-सिनिस्ट्रल्-*adj.* on the left, of the left. बाईं ओर, बायाँ; **Sinistrally** - *adv.* towards the left. बाईं ओर।

Sinistro-सिनिस्ट्रॅ-*pref.* in the sense of "left." "बायें" अर्थ का उपसर्ग।

Sinistrous-सिनिस्ट्रस्-*adj.* being on the left side, wrong, absurd. बाईं ओर का, भूला हुआ।

Sink-सिङ्क-*v. i. & t.* (*p. t.* **Sank,** *p. p.* **Sunk.**) to fall towards the bottom, to immerse, to fall down slowly, to diminish, to subside, to become lower, to decline. डुबाना, गिराना, धीरे-धीरे गिरना, कम करना, नीचे को बैठना, झुकना (घटना); - *n.* a place in which filthy liquid collects. परनाला, मोरी।

Sinkable-सिङ्कॅ-बल् -*adj.* able to be sunk. डूबने योग्य।

Sinker-सि-ङ्क-र्-*n.* a weight attached to a fishing-net. मछली पकड़ने के जाल में लगाने का भार।

Sinking-सिङ्किङ्ग् - *adj.* falling, subsiding. गिरने (डूबने) वाला, कम होनेवाला।

Sinless-सिन्'-लॅस्-*adj.* free from sin, pure. पापमुक्त, पवित्र; **Sinlessly** (-लि) -*adv.* in a sinless manner. पवित्रता से; **Sinlessness** (-नॅस्)-*n.* freedom from sin. पाप से निवृत्ति।

Sinner-सिनर्-*n.* one who sins. पातकी, पाप करनेवाला।

Sinologist-सिन्-ऑल्-ॲ-जिस्ट् - *n.* one who is versed in sinology. चीनी भाषा के ज्ञानवाला; **Sinologue** (-लॉग्) -*n.* a sinologist. चीनी भाषा का पण्डित; **Sinology** (-लॅ-जि) - *n.* knowledge of the Chinese language. चीनी भाषा का ज्ञान।

Sinter-सिन्टर् - *n.* a deposit of silica by springs. जलधारा से जमा की हुई मिट्टी।

Sinuate-सिन्यु-ऍट्-*adj.* of wavy border. लहरिया किनारे का; **Sinuately** (-लि) - *adv.* with a wavy border. लहरिया किनारे से।

Sinuation-सिन्यु-ऍ'-शन् - *n.* bending in and out. लहरिया (पन)।

Sinuosity-सिन्यु-ऑसि- टि- *n.* a bend in a road or river. नदी या सड़क का मोड़।

Sinuous-सिन्युअस् - *adj.* serpentine, wavy. ऐंठा हुआ, लहरदार; **Sinuously** (-लि) -*adv.* in a wavy manner. ऐंठन से, लहराते हुए।

Sinus-साइ'-नस्-*n.* (*pl.* **Sinuses.**) a fold, a cavity of bone or fissure, a hollow. तह, नाड़ी, नासूर।

-sion-शन्-*suf.* forming abstract nouns of fictions. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय।

Sip-सिप्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Sipped.**) to drink in small quantities. थोड़ा-थोड़ा करके पीना (चूसना);-*n.* a small draught taken with lips. अल्पपान, आचमन।

Siphon-साइ'-फन्-*n.* a bent tube with one leg larger than the other used in drawing off liquids. तरल पदार्थ निकालने के लिये मुड़ी हुई नली;-*v. t.* to draw liquor by a siphon. मुड़ी नलीद्वारा जल इत्यादि निकालना;**Siphonal** (-अल्) or **Siphonic** (-इक्) - *adjs.* pertaining to a siphon. मुड़ी हुई नली से सम्बन्धित।

Sippet-सि-पॅट्-*n.* a small piece of bread soaked in a liquid. किसी तरल पदार्थ में भिगाया हुआ रोटी का टुकड़ा।

Sir-सर्-*n.* (*fem.* **Madam.**) word used in addressing a master or superior, a title of address prefixed to the name of a knight or baronet. श्रीमान्, महाशय, हुजूर, जनाब; -*v. t. & i.* to address as 'sir.' 'सर्' कहकर पुकारना।

Sircar-सर्कार्-*n.* the Government of India. भारत-सरकार।

Sirdar-सर्दार्-*n.* an Indian chief, a leader. सर्दार, नेता।

Sire-सायर्-*n.* father, the male parent, a word

of respect for a king or prince. पिता, जनक, महाशय (महाराज, राजा साहब) ।

Siren-साइ'-रन्-*n.* a mermaid, a sweet singer, a temptress, an alluring woman. मत्स्यस्त्री, सुन्दर गानेवाली स्त्री, कुटनी, मोहिनी (वाराङ्गना); -*n.* an instrument for producing a loud sound. तीव्र शब्द उत्पन्न करने का यन्त्र ।

Sirgang-सर्'-गैंङ्ग्-*n.* the green jackdaw. नीलकण्ठ ।

Siriasis-सि-राइ'-अ-सिस्-*n.* exposure to the sun's rays as a means of prevention of certain diseases, sunstroke. रोग-निवृत्ति के लिये आतप (सूर्य की किरणों) का सेवन, लू ।

Sirius-सिरि-अस् - *n.* Dog Star. एक नक्षत्र (लुब्धक) ।

Sirrah-सिर्रा-*n.* Sir, used in a contemptuous sense. अरे, अबे, रे ।

Sirup-सि-रप्-*n.* a syrup. शर्बत ।

Siskin-सिस्किन्-*n.* a yellowish green song-bird. एक पीली हरी गानेवाली चिड़िया ।

Sister-सिस्टर्-*n.* (*mas.* **Brother.**) a daughter born of the same parents, a hospital-nurse, a woman of a religious community. भगिनी, बहिन, अस्पताल की दाई, धर्मभगिनी; **Sister-hood** (-हुड्)-*adj.* of one origin or model, एक ही बुनियाद या नमूने का; **Sister-in-law** (*pl.* **Sisters-in-law.**) a husband's or wife's sister, or a brother's wife. ननद, साली, भौजाई; **Sister's daughter** (niece.) भांजी; **Sister's husband** (brother-in-law.) बहनोई; **Sister's son** (nephew.) भांजा ।

Sister-hook-सिस्टर्-हुक् -*n.* double hook of the shape of figure 8 इस आकार की दुहरी कड़ी


Sister-hook.

Sisterless-सिस्टर्-लेस्-*adj.* without a sister. बिना बहिन का ।

Sisterliness-सिस्टर्लि-नेस्-*n.* the state of being sisterly. भगिनीत्व ।

Sisterly-सिस्टर्लि-*adj.* like a sister. भगिनी के तुल्य ।

Sister-ships-सिस्टर्-शिप्स् - *n. pl.* ships of similar form. समान आकृति के जहाज ।

Sistrum-सिस्ट्रम्-*n.* (*pl.* **Sistra.**) a kind of rattling instrument. एक प्रकार की झाँझ ।

Sit-सिट्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Sat.**) to take a position in which the body rests on the ground, to remain firmly in a position, to rest, to perch, to incubate, to hold a session. बैठना, स्थिर होना, आराम करना, अड्डे पर बैठना, अण्डा सेना, सभा करना; **Sit down** (take your seat.) (खड़े न रहकर) बैठ जाओ; **Sits the wind there ?** (is that the position.) ? क्या वही स्थिति है ? **Sits well** fits well.) ठीक बैठता है; **To sit at home** (to remain idle.) बेकार पड़े रहना; **To sit out** (to sit apart from others, to take no part in a game or matter, to sit in the open air.) दूसरों से अलग बैठना, खेल या मामले में भाग न लेना, खुली हवा में बैठना; **To sit up** (to remain awake at night till late, to keep the body in an upright position while sitting, to watch through the night.) रात में देर तक जागते रहना, सीधे बैठना, रात को जागकर पहरा देना ।

Site-साइट् -*n.* a place on which a building &c. stands, position, locality. स्थिति, स्थान, भूमि, जगह ।

Sith-सिथ्-*conj.* since. चूँकि ।

Sitology-साइ-टॅल्'-ॲ-जि-*n.* the science of regulation of the diet. पथ्य विधान ।

Sitter-सि-टर्-*n.* one who sits. बैठनेवाला ।

Sitting-सि-टिङ्ग्-*n.* holding a court. बैठक, इजलास ।

Situate, Situated-सिट्'-यु-एँट् (- एँड्) -*adjs.* having a specified situation, stationed. स्थित, स्थापित ।

Situation-सिट्-यु-ए-शन् - *n.* place, position, circumstance, condition, office. स्थान, स्थिति, दशा, पद, अधिकार ।

Siva-सिव़-*n.* the supreme god of destruction in Hindu mythology. शिव, महादेव; **Sivaite** (-आइट्) -*n.* a votary of Saivism. शिव-भक्त, शिवजी का उपासक ।

Six--*adj. & n.* three times two. छः; **At sixes and sevens** (in great perplexity.) बड़ी व्यग्रता में; **Sixfold** (-फ़ोल्ड्) -*adj.* six times as much. छःगुना; **Six-footer** (- फुट्-अर्)-*n.* a revolver carrying six cartridges. छः कारतूस की पिस्तौल; **Sixteen** (-टीन्) -*n.* ten and six. सोलह; **Sixteenth** (-टीन्थ्) -*adj. & -n.* ordinal of sixteen, of sixteen equal parts. सोलहवाँ, सोलहवाँ अंश ।

Sixth-सिक्सथ् - *adj.* ordinal of six. छठवाँ; **Sixthly** (-लि) -*adv.* in the sixth place. छठे स्थान में ।

Sixtieth-सिक्स्'-टि-अथ् - *adj. & n.* ordinal of sixty, one of sixty equal parts. साठवाँ, साठवाँ भाग।

Sixty-सिक्स्-टि - *n.* one more than fiftynine. साठ।

Sizable - साइ - जे़-बल् - *adj.* of considerable size. बड़े आकार का।

Sizar-साइज़ार्-*n.* a student at Cambridge who gets an allowance or scholarship to study. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का विद्यार्थी जो पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति पाता है।

Size-साइज़्-*n.* dimension, bulk, magnitude, a gelatinous solution. परिमाण, आकृति, आकार, सरेस (लासा); *-v. t. & i.* to group according to size, to glaze with size, to measure. नाप के अनुसार वर्गीकरण करना, सरेस लगाना, नापना।

Sized-साइज़्ड्-*adj.* of a particular size. नाप किया हुआ, सरेस लगा हुआ।

Sizer - साइज़र् - *n.* one who sizes. सरेस लगानेवाला।

Sizing-साइजिङ्ग्-*n.* the act of applying size, a kind of weak glue used in varnish. सरेस लगाने की क्रिया, एक प्रकार का वार्निश बनाने की सरेस।

Sizy-साइजि-*adj.* glutinous. चिपचिपा, लसदार।

Sizzle-सि-ज़ल्-*v. i.* to make a sputtering sound. छन्-छन् शब्द करना;-*n.* a sputtering sound. इस प्रकार का शब्द।

Skate-स्केट्-*n.* a kind of fish, a sliding shoe for moving on ice, an implement with rollers attached beneath boots enabling the wearer to glide on floor. एक प्रकार की मछली, बरफ पर या छत पर चलने या सरकनेवाला या पहियों पर चलनेवाला जूता ;-*v. i. & t.* to slide on skates. ऐसा जूता पहनकर चलना; **Skating-rink** (a place for skating.) इस प्रकार का जूता पहनकर चलने का स्थान।



Skate

Skean, Skene-स्कीन्-*ns.* a kind of dagger. एक प्रकार का कुठार या गँड़ासा।

Skedaddle-स्कि-डै-ड्ल्'-*v. i.* to run away in fight. लड़ाई में भाग जाना।

Skein-स्केन् - *n.* a bundle of yarn, thread or silk, a flock of wild geese. तागे का लच्छा (अण्टा), जङ्गली बतख़ का झुण्ड।

Skeletal-स्कें लिटल्-*adj.* pertaining to skeleton. कंकाल सम्बन्धी।

Skeleton-स्कें-लिटन् -*n.* the bony framework of the body, a general outline, the framework or essential part of anything, abstract. कंकाल, अस्थिपञ्जर, ठठरी, ढाँचा, सारांश।

Skeletonize-स्कें लिटनाइज़्-*v. t.* to make a skeleton of. कंकाल के रूप में लाना।

Skeleton-key-स्कें लिटन्-की-*n.* a master key. अनेक तालों में लगनेवाली एक ताली।

Skep-स्केप्-*n.* a kind of wicker-work basket, artificial beehive. खँचिया, मधुमक्खी का बनावटी छत्ता।

Skerry-स्के रि-*n.* a rock. चट्टान।

Sketch-स्केच्-*n.* an outline, a rough plan or general outline, a rough draft. स्थूल या संक्षिप्त वर्णन, खाका,ढाँचा, मसविदा;-*v. t.&i.* to draw outline or general view of, to make a plan of, to give the principal points of, to describe. नकशा खींचना, खाका बनाना, ढाँचा बनाना, स्थूल वर्णन करना; **Sketch-book** (-बुक्) -*n.* a book on which sketches are drawn. खाका बनाने की कापी; **Sketcher** (-अर्) -*n.* one who makes sketches. खाका बनानेवाला; **Sketch-map** (-मैप्)-*n.* a map in the form of a sketch. खाके का नक़शा ; **Sketch of a painting** (a painting in outline only.) चित्र का खाका ; **Sketchy** (-इ) -*adj.* containing an outline. खाके के रूप का।

Skew-स्क्यू-*adj.* oblique, slanting. टेढ़ा, तिर्छा; -*n.* the oblique end of a buttress. मुँडेरे का तिर्छा किनारा ; **Skew-bridge** (-ब्रिज्) -*n.* a bridge that crosses obliquely. तिर्छी मेहराब का पुल; **Skew-chisel** (-चिजेल्)-*n.* a chisel with an oblique blade. तिर्छी धार की रुखानी; **Skew-eyed** (-आइड्) -*adj.* squint-eyed. ऐंचा; **Skew-wheel** (-व्हील्) - *n.* a wheel with oblique teeth. तिर्छे दाँते का पहिया।

Skewer-स्क्यू'-अर् -*n.* a pin for holding meat while cooking. कबाब बनाने का सीकचा ; -*v. t.* to fasten with skewers. सीकचे में मांस पिरोना।

Ski-स्की - *n.* (*pl.* **Skis.**) runners of wood fastened under the feet for travelling over snow. बरफ़ पर चलने के लिए पैर में बाँधने का लकड़ी का तिर्छा पटरा।

Skid-स्किड् - *n.* a frame used as support, a contrivance for locking the revolution of a wheel. लकड़ी या तल्ला या बोदा, चलते हुए

पहिये को रोकने का साधन ; *-v. t. & i.* (*p. t.* **Skidded.**) to check with a skid. रुकावट डालना, रोकना।

Skiff-स्किफ़्-*n.* a kind of small light boat. एक प्रकार की छोटी हलकी नाव।

Skilful-स्किल्′-फुल-*adj.* having skill, expert, ingenious, dexterous. प्रवीण, कुशल, निपुण; **Skilfully** (-लि)-*adv.* in a skilful manner. चतुराई से, कुशलता से; **Skilfulness** (-नेस्) *-n.* the quality of being skilful. प्रवीणता, चतुराई।

Skill-स्किल् - *n.* dexterity, expertness, tact, practised ability. कौशल, प्रवीणता, चातुरी, युक्ति (उपाय)।

Skilled-स्किल्ड् - *adj.* familiarly acquainted with. चतुर, अभ्यस्त।

Skilless-स्किल्′-लेस्-*adj.* wanting in skill. युक्तिहीन।

Skillet-स्कि-लेट्-*n.* a small metal pot for cooking with handles or rings. कड़ेदार डेगची या बटुआ।

Skilly-स्कि-लि-*n.* a soup or gruel given to prisoners. कैदियों को खिलाने की दलिया।

Skim-स्किम्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Skimmed.**) to take off cream or scum, to take the best part of anything, to glide along in the air, to look superficially. फेन, झाग या मलाई हटाना, किसी पदार्थ का उत्तम तत्त्व ले लेना, हवा में घूमना, स्थूल दृष्टि से देखना ; **Skimmed** (-ड्)-*adj.* with cream removed. मलाई उतारा हुआ ; **Skimmer** (-अर्)-*n.* a scoop used for skimming. मलाई उतारने की करछी या झरनी।

Skimp-स्किम्प्-*v. t.* to give poor quantity of food. कम भोजन देना।

Skimping - स्किम्पिङ्ग् - *adj.* miserly. कृपण, मक्खीचूस।

Skimpy-स्किम्पि-*adj.* meagre. दरिद्र, भ्रष्ट।

Skin-स्किन्-*n.* the outer covering of animal body, the outer coating of plant, rind, hide, a vessel made of hide. चमड़ा, खाल, छिलका, झिल्ली, चमड़े का पात्र या बर्तन; *-v. t.* (**Skinned.**) to strip off the skin, to cover with skin. खाल खींचना, चमड़ा मढ़ना ; **Only skin and bone** (only skeleton.) कंकाल-मात्र; **To change one's skin** (to undergo impossible change.) असंभव परिवर्तन होना; **To save one's skin** (to get off safe.) सुरक्षित रहना; **Skin-deep** (-डीप्)-*adj.* superficial. बाहरी भाग का; **Skinflint** (-फ्लिन्ट्)-*n.* a niggardly person. कंजूस, कृपण; **Skin-grafting** (-ग्रॅफ़्ट्-इङ्ग्)-*n.* surgical substitution of skin cut from a sound part of the body for a damaged part. शरीर के अच्छे भाग की खाल निकालकर घाव पर चिपकाना; **Skinless** (-लेस्) *-adj.* having no skin. बिना चमड़े का; **Skinned** (-ड्) *-adj.* covered with skin. चमड़ा लगा हुआ; **Skinner** (-अर्)-*n.* one who deals in skins. चमड़ा बेचनेवाला; **Skinniness** (-नेस्)-*n.* the state of being skinny. खालपन; **Skinny** (-नि) *-adj.* consisting of skin only. चमड़ेदार।

Skink-स्किङ्क् - *n.* a kind of small lizard. एक प्रकार की छोटी छिपकली।

Skip-स्किप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Skipped.**) to leap, to jump, to move lightly from one foot to the other, to omit, to disappear, to shift from one subject to another. कूदना, पारी-पारी से एक पैर पर भार देकर चलना, त्यागना, लुप्त होना; एक विषय को छोड़कर दूसरा पकड़ना; *-n.* spring or bound, a college servant, a bucket in which men or materials are lowered and raised in mines, the omission of a part. कुदान की चाल, पाठशाला का सेवक, खान में असबाब या मनुष्यों को उतारने-चढ़ाने का झूला, छूट।

Skip-jack-स्किप्′ - जॅक् - *n.* a horse-dealer's boy, a jockey, a leaping fish, a springing beetle, hopping, a kind of skipping toy. घोड़े के व्यापारी का नौकर, घुड़दौड़ का सवार, उछलनेवाली मछली या कीड़ा या गुबरैला, उछाल, एक प्रकार का कूदनेवाला खिलौना।

Skipper-स्किप′-पर्-*n.* the master of a small trading vessel. छोटे व्यापारी जहाज का अधिकारी।

Skippet-स्किप्′-पेट्-*n.* a wooden box used to protect seals of documents. सरकारी बन्धक या कागज-पत्रों की मुहर को सुरक्षित रखने का लकड़ी का बक्स।

Skipping-स्किप्′ - इङ्ग्-*n.* leaping. कुदान ; **Skipping-rope** (a small rope used in skipping.) एक टुकड़ा रस्सा जिसके दोनों छोर हाथों में पकड़कर शरीर के चारों ओर घुमाते और कूदते हैं।

Skippingly-स्किपिङ्ग्-लि-*adv.* in a skipping manner. कुदान लगाते हुए।

Skirl-स्कर्ल्-*v. t.* to make a chirping sound, चींचीं शब्द करना; -*n.* a shrill sound. कर्कश शब्द ।

Skirmish-स्कर्मिश्-*n.* an irregular fighting, a contest, a witty argument. अव्यवस्थित-युद्ध, हल्की लड़ाई, भिड़न्त, शास्त्रार्थ;-*v. i.* to fight slightly. छोटी लड़ाई लड़ना; **Skirmisher** (-अर्) -*n.* one who skirmishes. छोटी लड़ाई लड़नेवाला ।

Skirret-स्किरिट् - *n.* a kind of parsnip. एक प्रकार का शाक (अजमोदा) ।

Skirt-स्कर्ट्-*n.* the hanging part of a garment, edge, border, a woman's outer garment. वस्त्र का लटकता हुआ भाग, किनारा, अंचल, स्त्रियों का घाघरा; -*v. t.* & *i.* to go along the edge, to border, to surround. किनारे-किनारे चलना, किनारा लगाना, घेरना ।

Skirted-स्कर्टेड्-*adj.* having skirts. किनारदार; **Skirtless** (-लेॅस्)-*adj.* without a skirt, बिना किनारे का ।

Skit-स्किट्-*n.* a lampoon, a burlesque. हँसी, व्यङ्ग ।

Skitter-स्कि-टर् - *v. i.* to go splashing in water. पानी छपछपाते चलना ।

Skittish-स्कि-टिश्-*adj.* playful, shy, excitable, capricious. खिलाड़ी, भड़कनेवाला, चंचल, चपल; **Skittishly** (-लि) - *adv.* wantonly. चंचलता से; **Skittishness** (-नेॅस्)-*n.* wantonness. चपलता चंचलता ।

Skittle-स्कि'-ट्ल्-*n.* the game of nine pins. एक प्रकार का खेल ।

Skive-स्काइव्-*v. t.* to split leather or rubber in slices or strips, to grind the surface of a gem. चमड़ा या रबड़ को पतले टुकड़ों या पत्तरों में फाड़ना, रत्न का पहल रगड़ना ।

Skiver-स्कि'-वर्-*n.* a knife for paring leather. चमड़ा फाड़ने का चाकू ।

Skulk-स्कल्क्-*v. i.* to keep oneself concealed, to stay away. छिपना, दबक रहना; **Skulker** (-अर्) - *n.* one who skulks. छिपनेवाला; **Skulkingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a skulking manner. छिपते हुए ।

Skull-स्कल्-*n.* the bony case of the brain, cranium. कपाल, खोपड़ी ।

Skullcap-स्कल्'-कैप्-*n.* a cap fitting closely on the head. सिर पर चपककर बैठनेवाली टोपी; **Skulled** (-ड)-*adj.* having a skull. माथे में चिपकी हुई टोपी पहिने हुए ।

Skunk-स्कङ्क् - *n.* a small American carnivorus animal, a contemptible fellow. अमेरिका देश का एक मांसभक्षी पशु, नीच मनुष्य ।

Skurry-स्करि -*n.* haste. शीघ्रता, जल्दी ।

Sky-स्काइ-*n.* (*pl.***Skies.**) the vault or arch of heaven, climate. (गगन, नभ), आकाश, ऋतु; -*v. t.* (*p. t.* **Skied.**) to throw high up in the air. गेंद इत्यादि को आकाश में फेंकना; **Sky-blue** (ब्लू)-*adj.* of the colour of the sky. नीलवर्ण का; **Sky-born** (-बॉर्न्) -*adj.* heaven-born. दैवी उत्पत्ति का ; **Sky-clad** (-क्लैड्) -*adj.* naked. नंगा ; **Skyey** (- इ) -*adj.* pertaining to the sky. आकाश सम्बन्धी ; **Skylark** (- लार्क्) - *n.* a singing lark. चकवा, अबाबील ; **Skyless** (-लेॅस्) -*adj.* without sky. आकाशहीन; **Skylight** (-लाइट्) -*n.* the window placed near the roof of a room. कमरे में छत के पास की खिड़की, झरोखा, रोशनदान;**Skyline**(-लाइन्)-*n.* horizon.क्षितिज; **Sky-rocket** (-रॉक्'-ऍट्)-*n.* a kind of firework. आकाश-बान; **Sky-scraper** (-स्क्रे'-पर्) -*n.* a very high building. अनेक खण्ड की बड़ी ऊँची इमारत; **Sky-touching** (-टच्-इङ्ग्)-*adj.* reaching the sky. गगनचुम्बी; **Skyward** (-वर्ड्), **Skywards** (-वर्ड्स्)-*advs.* towards the sky. आकाश की ओर ।

Slab-स्लैब्-*n.* a thin flat rectangular or square piece of stone or other hard material, outer cut or plank of a log. शिला-फलक, पत्थर की पटिया, तख्ता, कोरन; -*v. t.* (*p. t.* **Slabbed.**) to cut into slabs. परत अलगाना, तख्ते काटना; -*adj.* viscous, sticky. चिपचिपा, लसदार ।

Slabber-स्लैॅ-बर्-*n.* slaver, excessive saliva. थूक, अधिक लार; -*v. t.* to sup hastily. जल्दी-जल्दी भोजन करना ।

Slabberer-स्लैॅ-बरर्-*n.* one who slabbers. जल्दी-जल्दी भोजन करनेवाला ।

Slabby-स्लैॅ'-बि-*adj.* muddy, watery, viscous, dirty. कीचड़ या जलपूर्ण, चिपचिपा, मलिन ।

Slab-stone-स्लैब्-स्टोन्-*n.* a flagstone. परत-परत होनेवाला पत्थर ।

Slack-स्लैक्-*adj.* relaxed, loose, slow, sluggish, negligent.शिथिल, मन्द, ढीला,निर्बल,लापरवाह;-*n.* the loose part of a rope, coal-dust, a cleft between hills, a boggy place. रस्से का ढीला भाग, पत्थर के कोयले की धूर, पहाड़ियों

के बीच की दरार, दलदली जगह;-*n. pl.* trousers. (ब० व०) पायजामा; -*v. t. & i.* to make loose. ढीला करना;-*adv.* partially, insufficiently. आंशिकरूप में, अपर्याप्त रूप में; **slack-baked** (imperfectly baked.) भली भाँति न पका हुआ; **To slack off** (to abate strength.) शक्ति कम करना; **To slack up** (to reduce speed.) गति कम करना।

Slacken-स्लैक्'-न्-*v. t. & i.* to make slower, to abate, to mitigate. शिथिल करना, मन्द करना, कम करना।

Slacker-स्लैं-कर्-*n.* one who slackens. ढीला करनेवाला।

Slackness-स्लैक्नेस् -*n.* weakness, looseness, slowness. शिथिलता, ढीलापन।

Slacky-स्लैकि-*adj.* relaxed. शिथिल, मंद, ढीला।

Slade-स्लेड् -*n.* a small valley, a strip of boggy land. छोटी घाटी।

Slag-स्लैग्-*n.* dross separated from a metal, volcanic scoria. धातु का मल, ज्वालामुखी पहाड़ से निकला हुआ कीट।

Slaggy-स्लैं-गि -*adj.* pertaining to slag. धातु की मैल का।

Slag-wool-स्लैग्-वूल् -*n.* mineral wool. धातु के रेशे।

Slain-स्लेन्-*p. p.* of **Slay**. मार डाला गया।

Slake-स्लेक्-*v. t. & i.* to extinguish (fire), to appease (desire, thirst, hunger), to cool with water, to diminish one's efforts, to relax, to become less painful, to burn less strongly, to disintegrate lime by moistening. (आग) बुझाना, (इच्छा, प्यास, भूख) शान्त करना, जल द्वारा शीतल करना, अपनी कोशिश कम करना, ढीला पड़ जाना या कर देना, कम कष्टकर होना, कम तेजी से जलना, चूना के ढोंके को पानी छिड़क-कर या तर करके भड़काना।

Slam-स्लैम् -*v. t. & i.* (*p. t.* **Slammed.**) to shut with a loud noise, to hit, to hang. तेज आवाज के साथ बन्द करना, मारना, लटकना; -*n.* a violent sound, sound as of shutting a door. धड़ाके का शब्द।

Slander-स्लैन्डर्-*v. t.* to defame falsely, to injure by a false report. कलंक लगाना (अपयश फैलाना), दुर्नाम करना;-*n.* defamation, calumny. अपवाद, अपयश; **Slanderer** (-अर्) -*n.* one who defames. अपयश फैलानेवाला; **Slanderous** (-अस्)-*adj.* defamatory. मिथ्यानिन्दक, कलंकी; **Slanderously** (-अस्-लि)-*adv.* in a slanderous manner. कलंकित या बदनाम करते हुए; **Slanderousness** (-अस्-नेस्) -*n.* the quality of being slanderous. अपयश, अपवाद।

Slang-स्लैङ्ग्-*n.* words and phrases current in colloquial use but not used in literary language. अश्लील भाषण, गँवारू बोलचाल;-*v.t.* to abuse, to scold. अश्लील भाषण करना, गाली देना; **Slangily** (-लि) -*adv.* in a slangy manner. गँवारू भाषा में; **Slanginess**(-इ-नेस्) -*n.* slangy language. भाषा का गँवारपन; **Slangy** (-इ) -*adj.* of the nature of a slang. गँवारू।

Slant-स्लैन्ट् -*v. i. & t.* to slope, to turn obliquely. तिरछा (ढाल में) होना, तिरछा करना;-*adj.* sloping, inclined. ढलुआँ, तिरछा;-*n.* a slope, oblique position, ढार, तिरछी स्थिति; **Slantingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with a slope. तिरछेपन से; **Slantwise** (-वाइज़्) -*adv.* obliquely. तिरछी ओर में।

Slap-स्लैप् -*n.* a blow with the palm of the hand. थप्पड़, तमाचा;-*v. t.* (*p. t.* **Slapped.**) to give a slap to. थप्पड़ मारना; ;-*adv.* suddenly, effectively. तीव्रता से, वेग से;-*adj.* hasty, careless. जल्दीबाज़, लापरवाह।

Slap-dash-स्लैप्-डैश् -*adv.* boldly, rashly. साहस से, हड़बड़ाहट से।

Slash-स्लैश्-*v. i. & t.* to make sweeping cuts, to cut in long strips. to lash with a whip. लम्बी फाँक करना, लम्बे टुकड़े काटना, चाबुक से मारना; -*n.* a long cut. लम्बी फाँक; **Slashing** (-इङ्ग्) -*adj.* severe. तीक्ष्ण, मर्मभेदी।

Slat-स्लैट्-*n.* a thin narrow piece of metal or wood, a roofing slate, a thin stone slab for roofing. धातु या लकड़ी की पतली पट्टी, छत पाटने की स्लेट, छत पाटने की पतली पत्थर की पटिया; -*v. i. & t.* (*p. t.* **Slatted.**) to cover with slates, to furnish with slabs, to flap with wind. स्लेट से ढाँकना, पटियों से युक्त करना या पटिया लगाना, हवा के झोंके से फड़फड़ाना।

Slate-स्लेट् -*n.* a kind of grey rock which easily splits into thin smooth plates, such a slice used for writing. स्लेट पत्थर, सिलेट पट्टी; -*v. t.* to cover with slates, to abuse. सिलेट पत्थर बैठाना, गाली देना; **To clean the slate** (to renounce obligations.) एहसान छुड़ाना।

Slater-स्लेटर् *n.* one who prepares or fixes slates. सिलेट बनाने या बैठानेवाला।

Slattern-स्लैटर्न् -*n.* a woman who is careless of her dress. मैला-कुचैला वस्त्र पहिननेवाली स्त्री; **Slatternliness** (-लि-नेस्)-*n* slovenliness.

फूहड़पन; **Slatternly** (-लि) *adv.* untidily. फूहड़पन से ।

Slaty-स्लेटि-*adj.* of the colour of slate. सिलेट के रङ्ग का ।

Slaughter-स्लॉ-टर् -*n.* a massacre, slaying several persons or animals at once. संहार, हत्या (वध);-*v. t.* to kill. हत्या करना; **Slaughterer** (-अर्) -*n.* one who is engaged in slaughtering. हत्या करनेवाला; **Slaughter-house** (-हाउस्)-*n.* place for slaughtering beasts. वधस्थान, कसाई खाना; **Slaughterous** (अस्)-*adj.* murderous. हत्यारा; **Slaughterously** (-अस्-लि)-*adj.* in a slaughterous manner. हत्या करते हुए ।

Slav-स्लाव् -*n.* a member of a race inhabiting Eastern Europe comprising the Russians, Bulgarians, Poles, Czechs& Slovenes. पूर्वी यूरोप में बसनेवाली एक जाति का सदस्य ।

Slave-स्लेव्-*n.* a person in bondage, a serf, a helpless victim. दास, चाकर, अधीन व्यक्ति; **Slave-bangle** (a bangle worn above the elbow.) अनन्त; **Slave-born** (-बॉर्न्)-*n.* born in slavery. गर्भदास ; **Slaver** (-अर्)-*n.* a ship employed in salve-trade. दास का व्यापार करनेवाला जहाज; **Slave-hunter** (-हन्-टर्)-*n.* one who hunts for slaves, दास बेचनेवाला; **Slave-trade** (-ट्रेड्)-*n.* the trade of buying and selling slaves. दास खरीदने तथा बेचने का व्यवसाय ।

Slaver-स्लैव़र्-*v. i. & t.* to let spittle flow from the mouth. मुँह से थूक या लार गिराना; -*n.* dribbling of saliva from the mouth. लार की टपक ।

Slaverer-स्लैव़रर् -*n.* one who slavers, a servile flatterer. लार बहानेवाला, नीच चापलूस ।

Slavery-स्लेव़रि-*n.* the condition of a slave bondage. किंकरता, दासत्व, गुलामी ।

Slavey - स्लें-व़ि - *n.* a maid-servant. दासी, मजदूरनी ।

Slavish-स्ले-व़िश्-*adj.* servile, mean, base. दास-सम्बन्धी, तुच्छ, नीच ; **Slavishly** (-लि) -*adv.* in a slavish manner. दासत्व से, नीचता से; **Slavishness** (-नेस्)-*n.* the state of being slavish. दासत्व ।

Slay-स्ले- *v. t.* (*p. t.* **Slew,** *p. p.* **Slain.**) to put to death, to kill. हत्या (वध) करना, मार डालना ।

Slayer-स्ले-अर् -*n.* one who slays, a murderer. वध करनेवाला, हत्यारा ।

Sleave-स्लीव़्-*v. t.* to separate into threads. धागे को अलगाना ।

Sleazy-स्लीज़ि-*adj.* flimsy. असार, निर्बल ।

Sled-स्लेड्, **Sledge**-स्लेज्-*ns.* a vehicle with runners for conveyance on snow. बरफ़ पर सरकनेवाली बिना पहिये की गाड़ी;-*v. t.* to travel on a sledge. बिना पहिये की गाड़ी पर चढ़कर चलना ।

Sledge-hammer-स्लेज्'-हैं - मर् -*n.* a heavy hammer of the blacksmith. लुहार का भारी हथौड़ा, घन ।

Sleek-स्लीक्-*adj.* smooth, glossy. चिकना, चमकीला;-*v. t.* to make smooth by pressing or rubbing. दबाकर या रगड़कर चिकनाना; **Sleekly** (-लि) -*adv.* in a sleek manner. चिकनाहट से; **Sleekness** (-नेस्)-*n.* smoothness. चिकनाहट; **Sleeky** (-इ) -*adj.* smooth. चिकना ।

Sleep-स्लीप्-*n.* slumber, repose (rest), quiet, death. निद्रा, विश्राम, शान्ति, मृत्यु;-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Slept.**) to rest, to slumber, to be dead. विश्राम करना, सोना, मृत्यु को प्राप्त करना; **Broken sleep** (an unsound sleep.) उखड़ी नींद; **Death sleep** (death.) कालनिद्रा ।

Sleeper-स्लीपर् -*n.* one who sleeps, a lazy person, one of the timbers to which a line of rail is fixed. सोनेवाला, आलसी मनुष्य, लकड़ी की धरन जिस पर रेल की पटरी जड़ी होती है ।

Sleepiness-स्लीपिनेस्-*n.* inclination to sleep. निद्रा लेने की इच्छा ।

Sleeping-स्लीप्'-इङ्ग्-*adj.* reposing in sleep. निद्रा लेता हुआ; **Sleepless** (-लेस्)-*adj.* having no sleep, wakeful. निद्रा न लेता हुआ, जाग्रत; **Sleeplessly** (-लि) - *adv.* in a sleepless manner. जागते हुए ; **Sleeplessness** (-नेस्) -*n.* want of sleep. निद्रा का अभाव ; **Sleep-walker** (-वा-कर्)-*n.* a somnambulist. निद्रा की अवस्था में घूमने-फिरनेवाला रोगी ।

Sleeping-car-स्लीपिङ्ग-कार्-*n.* a compartment in a railway carriage in which there is accommodation of sleeping. रेल का डब्बा जिसमें यात्री के सोने का प्रबन्ध रहता है ।

Sleepy-स्लीपि-*adj.* inclined to sleep, drowsy. निद्रालु, निद्राग्रस्त ।

Sleet-स्लीट्-*n.* hail or snow falling with

rain. तुषार-वर्षा, ओले के साथ वर्षा;-*v. i.* to rain with sleet. ओले के साथ वर्षा होना।

Sleetiness-स्ली-टि-नेस्-*n.* the state of being sleety. तुषार-वर्षा की अवस्था।

Sleetly-स्लीट्'-लि-*adv.* in a sleety manner. तुषार-वर्षा के रूप में या ढंग से।

Sleeve-स्लीव्-*n.* the part of a garment which covers the arm. बहोली, आस्तीन; **To laugh in one's sleeve** (to laugh secretly.) छिपे हुए हँसना; **To roll up one's sleeves** (to prepare for a fight.) झगड़ा करने के लिए तैयार होना; **Sleeved** (-ड्) *-adj.* having sleeves. आस्तीनदार; **Sleeveless** (-लेस्)-*adj.* without sleeves. बिना आस्तीन का; **Sleeve-link** (-लिङ्क्) *n.* a stud used as a cuff-holder. आस्तीन का बटन।

Sleigh-स्ले-*n.* a sled. बरफ पर चलनेवाली बिना पहिये की गाड़ी।

Sleight-स्लाइट्-*n.* cunning, dexterity, artful trick. धूर्तता, छल (माया), नजरबन्दी; **Sleight of hand** (dexterity of the hand in juggling.) इन्द्रजाल, हाथ की सफाई।

Slender-स्लेन्डर्- *adj.* long aud thin, not stout, scanty, feeble. दुबला-पतला, दुर्बल, क्षीण, कृश; **Slenderly** (-लि)-*adv.* in a slender manner. दुर्बलता से; **Slenderness** (-नेस्) *n.* thinness, weakness. कृशता, दुर्बलता।

Slept-स्लेप्ट् -*p. t.* & *p. p.* of **Sleep.** सोया।

Slew-स्लू-*p. t.* of **Slay.** बध या हत्या किया।

Slew, Slue-स्लू-*v. i.* & *t.* to turn or swing round. घूमना, झूलना, घुमाना, झुलाना; -*n.* a turn, a swing. घुमान, मोड़, लटकन।

Sley-स्ले-*n.* a weaver's comb. जुलाहे की कंघी।

Slice-स्लाइस्-*n.* a thin broad piece cut off from meat bread &c., share, an instrument with a broad blade. मांस या रोटी का पतला, चौड़ा खण्ड (फाँक, टुकड़ा), भाग, हिस्सा, चौड़ी धार का हथियार; -*v. t.* & *i.* to cut into thin pieces. फाँक काटना, टुकड़ा करना।

Slick-स्लिक्-*adj.* simple, dexterous. सामान्य, चतुर;-*adv.* at once, effectually. तुरन्त, पूर्ण रूप से।

Slidable-स्लाइडे-बल्-*adj.* arranged for sliding. घिसकने योग्य बना हुआ।

Slide-स्लाइड्-*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Slid.**) to move along a smooth surface, to slip in, to glide over ice, to pass quietly & gradually, to lapse morally, to go wrong, to cause to slip. फिसलना, सरकना, बरफ पर घिसकना, धीरे-धीरे चुपचाप चलना, आचरण या चरित्र में चूक जाना, भूलकर बैठना, खिसकाना या फिसलाना;-*n.* the act of sliding, the part of a machine which slides, a polished slippery track, a glass strip for mounting microscopic objects, a picture for projection on a screen, a slipping lid, a gliding seat. सरकन, यन्त्र में सरकनेवाला भाग, चिकना मार्ग, खुर्दबीन से देखे जाने योग्य पदार्थों के रखने के लिये शीशे का पत्तर, पर्दे पर फेंककर दिखाया जानेवाला चित्र, खिसकनेवाला ढकना, खिसकनेवाली कुर्सी या चौकी; **To let things slide** (to be negligent.) जो हो सो होने देना।

Sliding-स्लाइड्'-इङ्ग्-*adj.* & *n.* slipping, the act of slipping. सरकनेवाला, सरकन।

Slight-स्लाइट्-*adj.* slender. weak, inadequate, not thorough. कृश, दुर्बल, थोड़ा, अपूर्ण;-*v. t.* to treat with neglect, to disregard, उपेक्षा करना, तिरस्कार करना;-*n.* moderate contempt. उपेक्षा, अनादर; **Slight blow** (a weak blow.) हल्की मार; **To a slight degree** (in a weak manner) अल्पमात्र।

Slightingly-स्लाइ-टिङ्ग्लि-*adv.* with neglect. उपेक्षा से।

Slightly-स्लाइट्' -लि-*adv.* in a slighting manner, only a small quantity. अनादर से, अल्पमात्र।

Slightess-स्लाइट्'- नेस्-*n.* disregard, slenderness, weekness. तिरस्कार, उपेक्षा, दुर्बलता।

Slim-स्लिम्-*adj.* of slender, shape. weak, crafty. दुबला-पतला, दुर्बल, धूर्त।

Slime-स्लाइम्-*n.* a glutinous substance, oozy mud, mucus, semen, finely crushed metallic ore in the form of mud. लिसलिसी मिट्टी, कीचड़, करेली मिट्टी, इन्द्रिय-मल या श्लेष्मा, वीर्य, कीचड़ के रूप पिसी हुई कच्ची धातु; -*v. t.* to cover with slime. चिपकनेवाली मिट्टी से ढाँपना।

Slimily-स्लाइमि-लि-*adv.* in a slimy manner. लसलसेपन से; **Sliminess** (-मि-नेस्)-*n.* the state of being slimy. चिपचिपाहट, लसलसाहट।

Slimly-स्लिम्' - लि - *adv.* with craftiness. धूर्तता से।

Slimmish-स्लि'-मिश्-*adj.* somewhat slim. कुछ पतला।

Slimness-स्लिम्'-नेस्-*n.* the quality of being slim. दुर्बलता।

Slimy-स्लाइमि-*adj.* full of slime, slippery. लिसलिसी मिट्टी भरी हुई, सरकनेवाली।

Sling-स्लिङ्ग्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Slung.**) to throw, to hurl. फेंकना, झटकारना, लोकाना, ढेलवाँस चलाना;-*n.* a rope used in throwing

stones, a looped support. ढेलवाँस, छिक्का, झलुआ।

Slink-स्लिङ्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Slunk.**) to go in an ashamed manner, to miscarry. लज्जित होकर जाना, गर्भ गिराना; -*n.* a bastard child. अविवाहित माता-पिता से जन्मी सन्तान।

Slip-स्लिप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Slipped.**) to slide unintentionally, to go with a sliding motion, to run away unobserved, to overlook, to make a careless mistake, to insert stealthily. बिना इच्छा के फिसल जाना, सरकना, अप्रत्यक्ष रूप में भाग जाना, ध्यान न देना, भूल करना, चोरी से रखना या दर्ज करना; -*n.* the act of slipping, a blunder, a kind of loose garment, a thin piece of wood. सरकन, दोष, अपराध (भ्रम), ढीला वस्त्र, लकड़ी की पतली पट्टी ;-*adj.* slipping. सरकनेवाली।

Slipper-स्लिपर्-*n.* a loose light indoor shoe, घर में पहिनने का ढीला जूता या चप्पल, स्लीपर, चट्टी; **Slippered** (-इ)-*adj.* wearing slippers, retarded by a brake. चट्टी पहिने हुए; ब्रेक लगाकर रोका गया; **Slipperiness** (-इ-नेंस) -*n.* the state of being slippery. फिसलन, चंचलता ; **Slipperingly** -*adv.* in a slippery manner. फिसलते हुए, अस्थिरता से; **Slippery** (-इ) -*adj.* smooth, unreliable, uncertain, shifty. चिकना, अस्थिर, अनिश्चित, चंचल।

Slippy-स्लि-पि-*adj.* slippery, nimble, sharp, quick. फिसलनेवाला, फुर्तीला, तेज़, शीघ्र।

Slipshod-स्लिप्'-शॉड्-*adj.* wearing slippers, careless. चप्पल पहिने हुए, असावधान।

Slit-स्लिट्-*v. t.&i.* (*p. t.* **Slitted.**) to cut lengthwise, to cut into thin strips. लम्बे बल काटना, पतली पट्टी काटना ; -*n.*a long cut, a narrow opening. लम्बी फटन, लम्बी दरार या छेद।

Sliver-स्लि'(-स्लाइ')-व़र्-*n.* a slice of wood cut from a timber, a splinter. लम्बा टुकड़ा, चैली, -*v. i. & t.* to cut into long thin pieces, to slice. लम्बे टुकड़े काटना, चैली निकालना।

Slobber-स्लॅबर्-*v. i. & t.* to run saliva from the mouth, to do a task badly. मुँह से फेचकुर या लार बहाना, गंदा काम करना; -*n.* running saliva. फेचकुर का बहाव।

Slobberiness-स्लॅ - बरि-नेंस् -*n.* the state of being slobbery. लार बहाने की दशा।

Slobbery-स्लॅबरि-*n.* worthless work. निकृष्ट कार्य।

Sloe-स्लो-*n.* a kind of wild plum. एक प्रकार का जङ्गली बेर, झरबेर का फल।

Slog-स्लॉग्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Slogged.**) to strike a hard blow, to walk doggedly. बड़े वेग से मारना, झपटकर चलना।

Slogan-स्लो'-गन्-*n.* a watchword, a party catch-word, a war-cry. किसी दल का विशिष्ट सांकेतिक शब्द, युद्ध का नारा।

Slogger-स्लॉ - गर् - *n.* a hard hitter. वेग से मारनेवाला।

Sloid-स्लॉइड्-*n.* Swedish system of manual training. स्वीडेन में प्रचलित लकड़ी का काम सिखलाने की विधि।

Sloop-स्लूप्-*n.* a small one-masted vessel. एक मस्तूल का छोटा जहाज़।

Slop-स्लॉप्-*n.* (*in pl.* sense only.) dirty water of a household, liquid food, ready made clothing for sailors. घर गृहस्थी का गंदा जल, तरल भोजन, मल्लाहों के लिये बनाया हुआ वस्त्र ; -*v. i. & t.* (*p. t.* **Slopped.**) to spoil by spilling, to flow over the edge of vessel. पानी छिड़ककर गँदला करना, बरतन में से उमड़कर गिरना; **Slop-basin** (a bowl for slops at table.) खाने की मेज़ पर गिरे जूठे भोजन के रखने का पात्र।

Slop-स्लॉप्-*n.* a policeman. पुलिस का आदमी।

Slope-स्लोप्-*n.* inclined position, declivity, uneven ground. निम्नता, ढाल, असम (ऊँची-नीची) भूमि;-*v. t. & i.* to incline, to take an oblique position. तिर्छा करना, ढालुआँ होना, झुकाना; **Slope-wise** (-वाइज़्) -*adv.* obliquely. ढाल के रूप में।

Sloping-स्लोपिङ्ग्-*adj.* oblique. ढालुआँ।

Slopingly-स्लोपिङ्ग्-लि-*adv.* in an oblique manner. ढालुआँ रीति से, ढालुआँ होते हुए।

Sloppily-स्लॉपि-लि-*adv.* in a sloppy manner. छिड़काव से; **Sloppiness** (-पि-नेंस्)-*n.* the state of being sloppy. भीगापन; **Sloppy** (-पि)-*adj.* wet with rain or by sprinkling water. (वर्षा या) पानी छिड़कने से भीगा हुआ।

Slops-स्लॉप्स् - *n. pl.* trousers, a loose lower garment. पायजामा, घाघरा।

Slot-स्लॉट्-*n.* a groove or slit of a machine, the trap-door of a stage, track of deer known by footsteps. किसी यन्त्र में का दरार, छेद या नाली, नाटकघर में रंगभूमि की खिड़की, हिरनी का मार्ग जो पैर के चिह्न से जाना जाय; -*v.t.* to provide with slots. दरार या छेद बनाना।

Sloth-स्लॉथ-*n.* laziness, sluggishness, a kind of American mammal which moves very slowly. मन्दता, आलस्य, अमेरिका देश

का एक चौपाया जो बहुत धीरे-धीरे चलता है; **Slothful** (-फुल्) - *adj.* sluggish, inactive. आलसी, सुस्त; **Slothfully** (- लि)-*adv.* in a slothful manner. आलस्य से; **Slothfulness** (-फुल्-नेस्) -*n.* laziness. आलस्यपूर्णता, सुस्ती।

Slouch-स्लाउच् -*v. i. & t.* to droop, to sit in a loose attitude, to bend one side of a hat while wearing it. झुकना, शरीर ढीला करके बैठना, टेढ़ी टोपी लगाना; -*n.* an awakward gait, broad brimmed hat. भद्दी चाल, टेढ़ी टोपी; **Slouchingly** (- इङ्ग् - लि) - *adv.* moving in a drooping manner. झुके हुए ढंग से चलते हुए।

Slough-स्लाउ-*n.* quagmire, swamp, hopelessness. कीचड़, दलदल, आशाहीन अवस्था।

Slough-स्लफ़्-*n.* a layer of dead tissue on a wound or sore, a snake's cast skin, the dead tissue or part of an animal which drops off. जख्म या घाव या फोड़े पर मरे हुए तन्तु या मवाद की तह, केंचुली, चोइयाँ; - *v. i. & t.* to remove slough from body. केंचुली छोड़ना; **Sloughy** (- इ) - *adj.* full of sloughs. केंचुलीदार।

Sloven - स्लवन् - *n.* (*fem.* **Slut.**) a dirty, careless or unmethodical person. मैला अथवा अव्यवस्थित पुरुष, फूहड़ मनुष्य; **Slovenliness** (- लि - नेस्) - *n.* negligence of dress, neglect of cleanness. गन्दगी, मलिनता।

Slow-स्लो-*adj. & adv.* not swift, deficient in speed, lingering, tardy, dull, tedious, inactive, not cautious, in a slow manner. धीमा, मन्दगतिवाला, विलम्ब करनेवाला, दीर्घसूत्री, सुस्त, क्लान्तिकर, निष्क्रिय, आलसी, असावधान, मन्दता से; -*v. i. & t.* to go slow. गति मन्द करना; **Slowly** (- लि) -*adv.* in a slow manner. धीरे से, मन्दता से; **Slowness** (-नेस्) -*n.* dullness, tardiness. मन्दता, आलस्य; **Slow-witted** (-विट्-टेड्)-*adj.* dullwitted, foolish. मोटी बुद्धि का, मूर्ख; **Slow-worm** (-वर्म्)-*n.* limbless lizard, blind worm. बिना हाथ पर का गिरगिट, अन्धा केंचुआ।

Sloyd-स्लॉयड्-*n.* Swedish system of wood-work-manual training. स्वीडेन की काष्ठ-कला शिक्षा-प्रणाली।

Slub-स्लब्-*n.* slightly twisted wool. थोड़ा-बटा हुआ ऊन; -*v. t.* (*p. t.* **Slubbed.**) to draw out and twist wool. ऊन को थोड़ा बटना।

Slubber-स्ल-बर्-*v.t. & i.* to do a thing carelessly and lazily, to slaver. धीमे-धीमे और लापरवाही से काम करना, मुँह से लार बहाना।

Sludge - स्लज् - *n.* sewage, thick mud. पङ्क, कीचड़ (मैला); **Sludgy** (-जि) - *adj.* muddy. पङ्कमय, गँदला, मैला।

Slug-स्लग् - *n.* a kind of shell-less snail destructive to plants, bullet of irregular shape, round lump of metal. बनस्पति को नष्ट करनेवाला एक प्रकार का बिना आवरण का घोंघा, बन्दूक की टेढ़ी-मेढ़ी गोली, धातु का ठोस थक्का; **Slug-abed** (-अ-बेड्) - *n.* one who indulges in lying abed. देर तक चारपाई पर पड़ा रहनेवाला मनुष्य।

Sluggard-स्लगर्ड्-*n.* a man who is habitually lazy and sluggish. मन्द, आलसी मनुष्य।

Sluggish-स्ल - गिश् - *adj.* indolent, slow-moving, inactive, slothful. आलसी, मन्दगति, सुस्त, धीमा; **Sluggishly** (- लि) -*adv.* in a sluggish manner. मन्द गति से, सुस्ती से; **Sluggishness** (- नेस्) - *n.* the quality of being sluggish. आलस्य, मन्दता।

Sluice- स्लूस् - *n.* a floodgate, an artificial water-channel. जलमार्ग, पानी निकालने का फाटक, नहर; - *v. t. & i.* to provide with sluice. पानी निकालने के लिये ऐसा फाटक बनाना।

Slum-स्लम्-*n.* a dirty galley or street. मैली कुचैली गली; - *v. t.* (*p. t.* **Slummed.**) to go about dirty streets. गन्दी गलियों में फिरना; **Slummer** (-मर्) - *n.* one who slums. गन्दी गलियों में चलनेवाला; **Slumber** (-बर्) -*n.* a short sleep, repose. झपकी (अल्पनिद्रा), ऊँघ; -*v. i. & t.* to sleep slightly, to doze. ऊँघना, झपकी लेना; **To slumber away** (to waste time in slumbering.) झपकी लेते हुए समय नष्ट करना; **Slumberer** (- अर्) - *n.* one who slumbers. झपकी लेनेवाला; **Slumberous** (-बर्-अस्)-*adj.* sleepy. निद्रालु, ऊँघता हुआ; **Slumberously** (-लि) -*adv.* in a sleeping manner. झपकी लेते हुए; **Slummock** (-मॉक्)-*v. t. & i.* to swallow greedily, to speak in an awkward way. भुक्खड़ की तरह खाना, फूहड़ की तरह बोलना।

Slump-स्लम्प्-*n.* a sudden fall in the price of a commodity. किसी पदार्थ के मूल्य में एकाएक कमी; -*v.i.* to collapse. मूल्य में एकाएक कमी होना।

Slung-स्लङ्ग्-*p. t.* of **Sling**-*adj.* suspended. लटकाया हुआ।

Slunk - स्लङ्क् (-*p. t.* of **Slink.**)-*adj.* (of calves) cast prematurely. (बछड़ों के बारे में) पूर्ण गर्भ से पहले उत्पन्न।

Slur-स्लर् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Slurred.**) to pronounce indistinctly, to conceal, to decrease, to insinuate against. अस्पष्ट उच्चारण करना, छिपाना, कम करना, कलङ्क लगाना; -*n.* disgrace, blame, a piece of slurring in handwriting. कलङ्क, अकीर्ति (का चिह्न), टेढ़ी-मेढ़ी लिखावट।

Slush-स्लश्-*n.* soft mud. कीचड़, नरम मिट्टी; **Slushy** (- इ) - *adj.* consisting of slush. कीचड़दार।

Slut-स्लट्-*n.* (*mas.* **Sloven.**) an untidy or slovenly woman. मैली-कुचैली या फूहड़ स्त्री, बदतमीज़ औरत।

Sluttery-स्लटरि-*n.* dirtiness, disorder. गन्दगी, अव्यवस्था।

Sluttish-स्ल-टिश्-*adj.* untidy and dirty. भ्रष्ट, मैली कुचैली; **Sluttishly**(-लि)-*adv.* in a sluttish manner. फूहड़पन से; **Sluttishness** (-नेॅस्)-*n.* disorderliness.अव्यवस्था, बदइन्तजामी, फूहड़पन।

Sly-स्लाइ - *adj.* (*comp.* **Slyer,** *sup.* **Slyest.**) cunning, witty, artful, done in secret, insinuating. धूर्त, चतुर, कपटी, एकान्त में किया हुआ, उत्तेजना उत्पन्न करनेवाला; **Slyly** (-लि) -*adv.* artfully, cunningly. धूर्तता से, कपट से; **Slyness** (-नेॅस्) - *n.* artfulness, cunningness. कपट, चतुराई।

Smack-स्मैक्-*n.* flavour, a small quantity. tinge, slap, loud kiss, slight sound, a kind of ship. सुगन्धयुक्त स्वाद, अल्प परिमाण, हल्का रंग, थप्पड़, सशब्द चुम्बन, मन्द शब्द, एक प्रकार का जहाज़; -*v. t. & i.* to have a slight taste, to taste slightly, to crack. हल्का स्वाद पाना, हल्का स्वाद लेना, चपचप शब्द करना; **Smacker** (- अर्) - *n.* a cracking sound, a loud kiss. तड़ाके का शब्द, सशब्द चुम्बन।

Small-स्मॉल-*adj.* of little size or strength, petty, unimportant, trifling, humble, poor, ungenerous. कम आकार या शक्तिवाला, थोड़ा, छोटा, महत्त्वहीन, क्षुद्र, नम्र, निर्बल, दीन, दरिद्र, दयावान, अनुदार; - *n.* the slender part of something. किसी वस्तु का पतला भाग; **Small gross** (ten dozen.) दस दर्जन; **To feel small** (to be humiliated.) दीन या हीन बनाया जाना।

Smallage - स्मॉ-लेॅज्-*n.* wild celery जंगली चौराई।

Smalt-स्मॉल्ट्-*n.* blue-coloured glass, blue pigment. नीले रंग का शीशा, नीला रङ्ग।

Smart-स्मार्ट्-*v. t. & i.* to give or feel acute pain. कड़ी पीड़ा देना या अनुभव करना;-*n.* quick pungent pain. तीव्र शारीरिक या मानसिक व्यथा, तीव्र वेदना; - *adj.* severe, sharp, pungent, lively, witty, clever. कठोर, कड़ा, तेज़ धारवाला, कड़ुवा, तीखा, तीव्र, तीक्ष्णबुद्धि, चतुर; **To smart for** (to endure consequences.) परिणाम सहना।

Smarten-स्मार्टन् -*v. t. & i.* to make or be smart. तीखा करना या होना।

Smartly-स्मार्ट्-लि - *adv.* keenly, in a smart manner, briskly. तीव्रता से, शीघ्रता से।

Smart-money-स्मार्ट्-मनि-*n.* money paid to sailors, soldiers or workmen in their disablement due to injuries, money paid for the discharge of an enlisted recruit in army,money paid for cancelling a bargain or agreement or recovering a lapsed privilege. चोट खाकर बेकाम हो जानेवाले माझियों या सैनिकों या कर्मचारियों को दिया गया भत्ता, सेना में भर्ती रंगरूट को छुड़ाने का दंड, सौदा या शर्त पूरा न करने या समाप्त सुविधा को पुनः पाने के लिए दिया गया हर्जाना।

Smartness-स्मार्ट्-नेॅस् - *n.* quickness, beauty. तीव्रता (तीक्ष्णता), शोभा।

Smash-स्मैश्-*v. t. & i.* to break into pieces, to shatter, to rout utterly, to hit with force, to come to grief. टुकड़े-टुकड़े करना, छितराना, तितर-बितर करना, वेग से मारना, दुःखी होना;-*n.* the act of smashing, violent fall, छितराव, उग्र या गहरा पतन या विनाश; **Smasher** (-अर्) -*n.* a smashing blow. टुकड़ा-टुकड़ा करनेवाली चोट।

Smatter-स्मैट्'-टर्-*v. i.* to talk uselessly. वृथा बकवाद करना; **Smatterer** (-अर्)-*n.* one who has slight superficial knowledge of a subject. किसी विषय के अल्प ज्ञानवाला ; **Smattering** (-इङ्ग्)-*n.* superficial knowledge. अल्प पाण्डित्य।

Smear-स्मिअर् -*v. t. & i.* to stain with some thing greasy, to blot, to soil. लीपना, पोतना, मलिन करना, गन्दा करना; - *n.* stain, लीपन, पोतन, दाग।

Smearing- स्मिअर्'-इङ्ग् -*n.* daubing. लिपान; **Smearingly** (-लि)-*adv.* in a smearing manner. मैला करते हुए; **Smeary** (-इ) -*adj.* adhesive. लसलसा।

Smectite-स्मेक्-टाइट्-*n.* a kind of white clay used in removing stains from cloth. रेह, सज्जी मिट्टी।

Smeech-स्मीच्-*n.* smell of smoke. धुवें की गन्ध।

Smeek-स्मीक्-*v. i. & t.* to emit smoke, to suffocate. धुवाँ निकालना, दम घोंटना।

Smegma-स्मेग्मी-*n.* a soapy secretion from skin under the prepuce. लिंग के चमड़े के नीचे का चिकना पसेव।

Smegmatic-स्मेग्मैटिक्-*adj.* soapy, cleansing. चिकना, पसेव को साफ़ करनेवाला।

Smell-स्मेल्-*n.* the perception of odour by the nose, odour, scent, bad odour. गन्ध ग्रहण की शक्ति, गन्ध, वास, दुर्गन्ध;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Smelled or Smelt.**) to have an odour, to excite sense of smell. गन्ध का अनुभव करना, सूँघना; **To smell a rat** (to be suspicious.) सन्देहयुक्त होना।

Smellable-स्मेॅ-लॅ-ब्ल्-*adj.* able to be smelt. सूँघने योग्य।

Smeller-स्मेॅ-लर्-*n.* one who smells, a severe blow on the nose. सूँघनेवाला, नाक पर का आघात।

Smelling-स्मेॅ-लिङ्ग्-*n. & adj.* the sense of perceiving odours, having or giving the smell of. गन्ध का ज्ञान, गन्ध रखने या देनेवाला; **Smelling salts** (perfumed ammonium carbonate.) नौसादर और चूने का घोल जिसके सूँघने से सिर की पीड़ा कम होती है।

Smell-less-स्मेल्'-लेॅस्-*adj.* devoid of smell. गन्धरहित।

Smelt-स्मेल्ट्-*v. t.* to extract metal from ore by melting. गलाकर धातु अलगाना;-*n.* a kind of small fish similar to salmon emitting cucumber-like smell. ककड़ी के समान गन्ध-वाली सामन जाति की एक प्रकार की मछली।

Smelter-स्मेल्टर्-*n.* one who smelts ores. धातु गलानेवाला।

Smew-स्म्यू-*n.* a kind of duck. एक प्रकार की बत्तख।

Smilax-स्माइ'-लैक्स्-*n.* a kind of climbing shrub. एक प्रकार की लता।

Smile-स्माइल्-*v. i. & t.* to look with bright aspect, to laugh slightly, to favour. मुस्कराना, हल्की हँसी हँसना, अनुग्रह करना; -*n.* the act of smiling. मन्दहास, मुस्कराहट; **Smiling** (-इङ्ग्)-*adj.* with a smile, happy. मुस्कराता हुआ, प्रसन्न; **Smilingly** (-लि)-*adv.* with a smile of pleasure. मुस्कराते हुए।

Smirch-स्मर्च्-*v. t.* to smear, to stain. मलिन करना, कलुषित करना।

Smirk-स्मर्क्-*v. i.* to smile in an affected manner. चोचला करते हुए हँसना;-*n.* a silly-smile. मूर्खता की हँसी, नखरे की मुस्कराहट।

Smite-स्माइट्-*v.t.* (*p.t.* **Smote,** *p. p.* **Smitten, Smit.**) to strike, to defeat utterly, to chastise, to infect with disease. मारना, हराना, पीड़ा देना, रोगग्रस्त करना।

Smiter-स्माइ-टर्-*n.* a hard hitter. तेज मारनेवाला।

Smith-स्मिथ्-*n.* one who works in metal. धातु का काम करनेवाला (यथा लुहार, सुनार, कसेरा आदि)।

Smithers-स्मि-दर्स् - *n. pl.* small fragements, अंश, छोटे टुकड़े।

Smithery-स्मिथरि-*n.* a smith's work, smithy. लुहार इत्यादि का कार्य या कारखाना।

Smithy-स्मि-दि-*n.* the workshop of a black-smith. लुहार का कारखाना।

Smitten-स्मिट्न्-*p. p.* of **Smite**;-*adj.* beaten, struck, defeated. पीटा या मारा या हटाया गया।

Smock-स्मॉक्-*n.* a chemise, a child's garment. जनानी कमीज, बच्चे का वस्त्र; **Smock frock** (coarse frock worn by labourers.) किसानों की अचकनें।

Smocking-स्मॉकिंग्-*n.* honey combing. कपड़े पर कसीदे की कढ़ाई।

Smoke-स्मोक्-*n.* visible vapour emitted by a burning substance. धूम्र, धुवाँ;-*v. i. & t.* to emit smoke, to darken, to suffocate, to inhale and exahale smoke. धुवाँ फेंकना, काला करना, गला घोंटना, धूम्रपान करना, तमाखू पीना; **From smoke into smother** (from one difficulty to anothet.) एक आपत्ति से दूसरी आपत्ति में पड़ना; **Smoke-bell** (-बेल्)-*n.* an inverted cup suspended over lamp. दीपक के ऊपर टाँगने की कटोरी; **Smoked** (-ऍड्)-*adj.* covered with smoke. धुवें से ढका हुआ; **Smokeless** (-लेॅस्)-*adj.* without smoke. बिना धुवें का; **Smokelessly** (-लि)-*adv.* in a smokeless form. धूमहीन दशा में; **Smokelessness**-*n.* the state of being smokeless. निधूमता; **Smoker** (-अर्)-*n.* one who smokes tobacco. तमाखू पीनेवाला; **Smokily** (-इ-लि) -*adv.* in a smoky manner. धुवें सहित; **Smokiness** (-इ-नेॅस्)-*n.* the state of being smoky. धुवाँपन; **Smoking** (-इङ्ग्) -*n.* the act of inhaling smoke. धूम्रपान; **Smoking-room**

(a room in which people smoke.) तमाखू पीने का कमरा; **Smoky** (-इ)-*adj.* emitting copious smoke, filled with smoke, having the colour of smoke, addicted to smoking, shrewd, sharp, suspicious. अधिक धुवाँ निकालनेवाला, धुवाँ से भरा हुआ, धुवें के रंग का, धूम्रपान की आदतवाला, चालाक, तेज, शक्की।

Smooth-स्मूद्-*adj.* of even surface, without undulations, glossy, free from harshness, polite, unruffled. चिकना, चौरस, चमकदार, अकर्कश, विनीत, शान्त;-*v. t. & i.* to make smooth,to free from impediments, to make easy. बराबर करना, चिकना करना, शान्त करना; -*n.* a smoothing touch. शान्ति देनेवाला स्पर्श; **Smooth-faced** (having a soft look.) मृदु आकृतिवाला; **Smoothing iron** (iron for smoothing clothes.) इस्त्री करने का लोहा; **Smoothing plane** (carpenter's plane used in smoothing work.) बढ़ई का छोटा रन्दा; **Smoothly** (-लि)-*adv.* in a smooth manner. सुख से, निर्विघ्नता से; **Smoothness** (-नेस्)-*n.* the quality of being smooth, softness. मृदुता, चिकनाहट, स्निग्धता; **Smooth-tongued** (flattering.) मीठा बोलनेवाला।

Smote-स्मोट्-*p. t.* of **Smite.** hit. मारा।

Smother-स्म-दर्-*n.* dense stifling smoke, fog or dust, slowly burning fire, a confusion, agitation of water. गला घोंटनेवाला घना धुवाँ, कुहरा या धूल, धीरे-धीरे सुलगनेवाली आग, घबड़ा देनेवाली पानी की हलचल या उपद्रव;-*v. t. & i.* to stifle, to suffocate, to overwhelm with kindness, to suppress, to conceal. श्वास रोकना, गला घोंटना, दया की भरमार करना, दबाना, छिपना; **Smothered** (-ड्)-*adj.* stifled. गला घोंटा हुआ।

Smothery-स्म-दरि-*adj.* tending to smother. रूँधनेवाला।

Smoulder-स्मो-ल्डर्-*v. i.* to burn in a suppressed manner without flame, to exist without visible effects. भीतर भीतर (बिना ज्वाला उठे) जलना, बिना प्रत्यक्ष प्रभाव के होना; -*n.* that which smoulders combustion, stifling smoke, smoky vapour, result of slow burning, a slow-burning fire. धुवाँ न निकालनेवाला मसाला, दम घोंटनेवाला धुवाँ, धुवें से भरी भाप, मन्द-मन्द जलने का फल, धीरे-धीरे सुलगनेवाली आग।

Smudge, Smutch-स्मज् (-च्)-*v. i. & t.* to smear, to make marks of dirt, to stain the reputation of. लीपापोती करना, गन्दा करना, यश में धब्बा लगाना;-*n.* a spot, a stain. मिट्टी का चिह्न।

Smudge-स्मज्-*n.* kindling of fire outside the house to drive away insects. कीड़े-फतिंगों को हटाने के लिये घर के बाहर आग जलाना।

Smudgily-स्म-जि-लि-*adv.* in a smudgy manner. गन्देपन से; **Smudginess** (-नेस्)-*n.* dirtiness. गँदलापन; **Smudgy** (-इ) -*adj.* smeared, blotted. चिह्नयुक्त, गँदला।

Smug-स्मग्-*adj.* of respectable appearance, nice, self-satisfied. शिष्ट आकृति का, सुन्दर, अपने ही में प्रसन्न।

Smugness-स्मग्'-नेस्-*n.*nicety of appearance. छैलापन।

Smuggle-स्म-ग्ल्-*v. t.* to import or export goods unlawfully. महसूली माल को चोरी से मँगाना या बाहर भेजना।

Smuggler-स्म-ग्लर्-*n.* one who smuggles, a vessel employed in smuggling. महसूली माल को चोरी से मँगाने या बाहर भेजनेवाला, चोरी से माल के व्यापार में लगा हुआ जहाज।

Smuggling-स्म-ग्लिङ्ग्-*n.* unlawfully importing or exporting prohibited goods. महसूली माल को चोरी से मँगाने या बाहर भेजने का काम।

Smut-स्मट्-*n.* a spot made with soot, foul matter, mildew, obscene talk. करखी या काजल का धब्बा, मैल, गेरुई, अश्लील (गन्दी) वार्ता (बातचीत);-*v. t. & i.* (*p. t.* **Smutted.**) to stain, to tarnish, to blacken, to affect grain with smut. धब्बा लगाना, मैला करना, काला करना, अनाज के दाने में गेरुई लगना; **Smuttily** (-इ-लि)-*adv.* in a smutty manner. मलिनता से; **Smuttiness** (-इ-नेस्) -*n.* the state of being smutty. अश्लीलता, मैलापन; **Smutty** (-टि)-*adj.* painted with mildew. गेरुई लगा हुआ।

Snack-स्नैक्-*n.* a share, a slight hurried repast. भाग, जलपान, अल्प भोजन।

Snaffle-स्नै'-फ़ल्-*n.* a bridle with plain bit. चिकनी लगाम; **Snaffled** (-ड्)-*adj.* with slender bit. चिकनी लगाम लगा हुआ; **To ride one on the snaffle** (to rule a person easily.) किसी मनुष्य पर आसानी से शासन करना।

Snag-स्नैग्-*n.* stump of branch, a projecting point, an irregular tooth, an obstacle, a piece of rough timber or rock embedded in the bottom of the sea or river impeding

navigation. ठूँठ, उभड़ा या बाहर निकला हुआ कोना, ऊभड़-खाभड़ निकला हुआ दाँत, अवरोध, नदी अथवा समुद्र में की उभड़ी हुई लकड़ी अथवा समुद्र या नदी में धँसी हुई चट्टान जो नाव आदि चलाने में रुकावट डालती है ; **Snagged** (-ड्) *-adj.* pointed. नोकीला ।

Snaggy-स्नैगि-*adj.* full of snags. ठूँठदार ।

Snail-स्नेल् *-n.* a slimy slow-creeping insect with spiral shell. शम्बूक, घोंघा;-*v. t. & i.* to hunt snails. घोंघे का शिकार करना; **Snail-like** (resembling a snail.) घोंघे की तरह का; **Snail's pace** (very slow movement.) अति मन्द गति; **Snail slow** (as slow as a snail.) घोंघे की तरह धीमा ।

Snake-स्नेक्'-*n.* serpent, treacherous person. साँप, नाग, सर्प, विश्वासघाती मनुष्य; **Snake in the grass** (secret enemy.) गुप्त शत्रु; **To raise snakes** (to make disturbance, to start a quarrel.) उपद्रव करना, झगड़ा उत्पन्न करना ; **Snake-charmer**-चार्मर्-*n.* a person who charms snakes specially by music. मदारी, सँपेरा; **Snake-lizard** (-लिजर्ड्)-*n.* a kind of lizard with no legs. एक प्रकार का बिना पैर का गिरगिट ।

Snakiness-स्नेकि-नेस्-*n.* guile, ingratitude. दुष्टता, कृतघ्नता ; **Snaky** (-स्नेक्'-इ) *-adj.* snakelike in appearance, full of snakes. सर्प के आकार की (लहरियादार), सर्पों से पूर्ण ।

Snap-स्नैप्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Snapped.**) to break with a sharp noise, to bite, to crack, to take instantaneous photograph. चटकाकर तोड़ना, काटना, टुकड़ा करना, चलती-फिरती चीज़ों की फ़ोटो लेना;-*n.* the act of snapping, a spring fastener. कड़कड़ाहट, खटका ; **To snap at** (to try to bite.) काटने का प्रयत्न करना; **To snap out** (to speak angrily.) क्रोध से बोलना; **To snap the fingers.** अँगुली चटकाना; **To snap teeth together** (to clatter teeth.) दाँत कड़कड़ाना ।

Snaphook - स्नैप्' - हुक् - *n.* a kind of hook in which cord can be admitted but does not come out. ऐसा खटका जिसमें डोरा जा सके परन्तु निकल न सके ; **Snap-lock** (-लॉक्)-*n.* lock which closes automatically. कमानी पर बन्द होनेवाला ताला; **Snappish** (-पिश्)-*adj.* angry. क्रोधी; **Snappishly** (-लि)-*adv.* angrily. रोष या क्रोध से; **Snappishness** (-पिश्-नेस्)-*n.* the state of being snappish. कुड़कुड़ाहट ; **Snappy** (-पि)-*adj.* cruel. दुःशील, कर्कश, निर्दय; **Snapshot** (-शॉट्)-*n.* a hasty shot, an instantaneous photograph. जल्दी का निशाना, शीघ्रता से खींची हुई फोटो ।

Snare-स्नेअर्-*n.* a trap for catching animals or birds, anything used for tempting. जाल, फन्दा, फुसलाने की विधि;-*v. t.* to catch with a snare. जाल में फँसाना; **Snarer** (-अर्) *-n.* one who lays a snare. फँसानेवाला; **Snary** (-रि)-*adj.* tending to snare. जाल लगानेवाला ।

Snarl-स्नार्ल्-*v. i. & t.* to growl, to complain, to speak roughly, to be entangled. गुर्राना, गरजना, कर्कश शब्द बोलना, फँसना, फँसाना; *-n.* a growling noise. गुर्राहट; **Snarler** (-अर्) *-n.* one who snarls. गुर्रानेवाला; **Snarlingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* in a snarling manner. गुर्राहट से ; **Snarly** (-इ) - *adj.* growling. गुर्रानेवाला ।

Snatch-स्नैच्-*v. t. & i.* to seize quickly or unexpectedly, to stretch hands for seizing. छीनना, झटके से पकड़ना, झपटना; *-n.* a hasty seizing. क्षणिक प्रवृत्ति, झपट; **By snatches** (in fragments.) टुकड़े-टुकड़े करके; **To snatch at** (to attempt at seizing.) पकड़ने के लिये प्रवृत्त होना; **To snatch off** (to steal.) चुरा लेना; **To snatch out** (to seize quickly.) खींच लेना ।

Snatchily-स्नैचिलि - *adv.* in a snatching manner. झपटते हुए; **Snatching** (-इङ्ग्)-*adj.* taking by force, avaricious. छीननेवाला, लालची ।

Sneak-स्नीक्-*v. i. & t.* to run away in a stealthy manner, to behave meanly. चोर की तरह भाग जाना, अधम व्यवहार करना; *-n.* a mean fellow. नीच, अधम पुरुष; **Sneak-thief** (-थीफ़्)-*n.* one who steals from open doors. छिछोरा ।

Sneaking-स्नीक्' - इङ्ग् *-adj.* mean, greedy. नीच, लालची; **Sneakingly** (-लि)-*adv.* in a sneaking manner. नीचता से ।

Sneck-स्नेक्-*n.* a latch. अगरी, कुलाबा ।

Sneer-स्निअर्-*v. i. & t.* to utter words ironically, to smile derisively, to show contempt by looks. बोली-ठिठोली बोलना, उपहास करना, तिरस्कार दिखलाना; **Sneerer** (-अर्)-*n.* one who sneers. उपहास करनेवाला; **Sneeringly** (-इङ्ग्'-लि)-*adv.* in a sneering manner. उपहास सहित ।

Sneeze - स्नीज़् - *v. i.* to make explosive sound while emitting air suddenly from

the nose. छींकना;-*n.* the act of sneezing. छींक, छींकने का शब्द ।

Snick-स्निक्-*v. t.* to make small cut in. छोटा कटाव निकालना; -*n.* a notch. छोटा चिप्पड़ ।

Snicker-स्निकर्-*v. i.* to whinny, to neigh. हिनहिनाना;-*n.* neigh. हिनहिनाहट ।

Snide-स्नाइड्-*adj.* counterfeit. कृत्रिम, बनावटी ।

Snider-स्नाइडर् - *n.* a rifle of old pattern. पुरानी बनावट की बन्दूक ।

Sniff-स्निफ्-*v. i. & i.* to draw up air in an audible manner. शब्द करते हुए नाक से हवा खींचना;-*n.* the act of sniffing. नाक से शब्द करना, नाक की फूँक; **To sniff at** (to show contempt for.) तिरस्कार दिखलाना ; **Sniffy** (-फि)-*adj.* contemptuous. तिरस्कारयुक्त ।

Snigger-स्नि-गर्- *v.i.* to laugh in a half-suppressed manner. अल्पहास करना ।

Snip-स्निप्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Snipped.**) to nip or cut with shears or scissors. कैंची से कतरना, छाँटना; -*n.* the act of cutting. कतरने की क्रिया ।

Snipe-स्नाइप्-*n.* a kind of game bird found in marshes. एक प्रकार की दलदल की चिड़िया, चाहा पक्षी; -*v. i. & t.* to shoot snipes, to fire shots from a hidden place specially at night into enemy's camp. चाहा पक्षी का शिकार करना, रात्रि में छिपी हुई जगह से शत्रु पर गोली चलाना ।

Sniper-स्नाइपर्-*n.* a sharp shooter. शत्रु पर अन्धकार में छिपी हुई जगह से आक्रमण करनेवाला ।

Snippet-स्नि-पेट्-*n.* a small fragment. छोटा कटाव, चिप्पड़ ।

Snippety-स्नि-पे टि-*adj.* fragmentary. कटाव या टुकड़े का ।

Snipping-स्नि' - पिङ्ग् - *n.* a cutting. कटाव, कतरन ।

Snivel-स्नि-व्ल - *v. i.* (*p. t.* **Snivelled.**) to run at the nose, to be lachrymose, to cry like a child. नाक बहना, नाक से कफ निकलना, बच्चे की तरह रोना ; -*n.* running mucus, crying. नाक बहना, रोना, चिल्लाहट; **Sniveller** (-लर्) - *n.* one who snivels. जिसकी नाक बहती हो; **Snivelling** (-लिङ्ग्) -*adj.* crying like a child. बच्चों की तरह चिल्लानेवाला ।

Snob-स्नॉब्-*n.* a vulgar person, a cobbler's man. गँवार मनुष्य, मोची का नौकर; **Snobbish** (-बिश्) - *adj.* resembling a snob. असभ्य के समान ; **Snobbishly** (-लि)-*adv.* in a snobbish manner. असभ्यता से;**Snobbishness** (-बिश्'-नेस्) -*n.* the quality of being snobbish. असभ्यता का गुण ।

Snood-स्नूड्-*n.* a fillet for hair. जूड़ा बाँधने का फीता ।

Snook-स्नूक्-*n.* a kind of fish, contemptuous gesture with the thumb at the tip of the nose and fingers spread out. एक प्रकार की मछली, नाक पर अँगूठा रखकर तिरस्कार सूचित करने का संकेत ।

Snooker-स्नूकर्-*n.* a game like billiards. एक प्रकार का गेंद का खेल जो टेबुल पर खेला जाता है ।

Snooze-स्नूज्-*v. i. & t.* to take short sleep during the day, to pass time lazily. दिन में झपकी लेना, आलस्य में समय बिताना ; -*n.* a short sleep or nap. झपकी ।

Snore-स्नोर्-*v. i. & t.* to breathe with a rough rattling hoarse noise during sleep. घर्राटा लेना, सोने में नाक से शब्द निकालना ।

Snorer-स्नोरर् - *n.* one who snores. घर्राटा लेनेवाला ।

Snoring-स्नोरिङ्ग्-*n.* a snoring noise. घर्राटे का शब्द ।

Snort-स्नॉर्ट्-*v. i. & t.* to force air through the nostrils making an explosive sound. नाक से शब्द निकालना, घर्घर शब्द करना ।

Snot-स्नॉट्-*n.* mucus from the nose. नाक का कफ ।

Snot-rag-स्नॉट्' - रैग्-*n.* handkerchief. नाक पोंछने का रूमाल ।

Snotty-स्नॉट्-टि-*adj.* foul with mucus. कफ निकलनेवाला ।

Snout-स्नाउट्-*n.* nozzle, the long projecting nose of a beast. थूथुन, नाक का आगे को उभड़ा हुआ भाग ।

Snow-स्नो-*n.* frozen atmospheric vapour that falls in white flakes. (हिम, तुषार, पाला), बरफ़;-*v. t.* to fall in snow, to play with snow balls. हिम की वर्षा होना (बरफ़ पड़ना), बरफ़ के गेंद से खेलना; **Snow-boots** (boots for walking on snow.) बरफ़ पर चलने का जूता; **Snow-capped** (having a summit of snow.) पर्वत जिसका शिखर बर्फ़ से ढका हो; **Snow-drop**

(a white-flowered plant.) सफेद फूल का एक पौधा; **Snow-flake** (a small mass of snowfall, a snow-bird, a garden plant with flowers like snow-drop, a method of weaving woollen cloth with knots formed on the right side.) हिमपात का एक खण्ड, हिम-पक्षी, हिम-गेंद के समान फूलोंवाला बाग का एक पौधा, दाहिनी ओर गाँठ बनाते हुए ऊनी कपड़े की बिनाई; **Snow-plough** (-प्लाउ) *-n.* an appliance for removing snow. बरफ काटकर हटाने का यन्त्र; **Snow-white** (-ह्वाइट) *-adj.* white as snow. बरफ के समान सफ़ेद।

Snowily-स्नो'-इ-लि- *adv.* in a snowy manner. बरफ़ीलेपन से; **Snowiness** (-इ-नेंस्) *-n.* the state of being snowy. बरफ़ीलापन; **Snowless** (-लेंस्) *-adj.* destitute of snow. बिना बरफ का।

Snowy-स्नो'-इ *-adj.* abounding with snow. बरफ़ीला, हिमपूर्ण।

Snub-स्नब्'-*v. t.* (*p. t.* **Snubbed.**) to humiliate, to reprove. नीचा बनाना, अनादर करना, झिड़कना; *-n.* rebuff. झिड़की, गाली; *-adj.* short or turned up. छोटी या ऊपर को मुड़ी हुई।

Snubbing-स्न-बिङ्ग् *-n.* reproof. झिड़की; **Snubbingly** (-लि) *-adv.* in a snubbing manner. झिड़कते हुए; **Snubnosed** (-नोज़्ड) *-adj.* of short turned-up nose. चिपटी छोटी नाकवाला।

Snuff-स्नफ़ *-n., v. i. & t.* powdered tobacco inhaled from nose, to smell, to trim the burning wick of a candle. सुँघनी, सुँघनी सूँघना, मोमबत्ती का गुल काटना; **To snuff out** (to extinguish candle.) मोमबत्ती बुझाना।

Snuffer-स्न-फ़र् *-n.* one who takes snuff. सुँघनी सूँघनेवाला।

Snuffers-स्न'-फ़र्ज़्-*n. pl.* tool for cropping the snuff of candle. मोमबत्ती का गुल काटने की कैंची।

Snuffer-tray-स्न'-फ़र्-ट्रे-*n.* a dish for holding snuffers. गुल-कतरनी रखने की रकाबी।

Snuffiness-स्न'-फ़ि-नेंस्-*n.* the state of being snuffy. मलिनता, गन्दगी।

Snuffle-स्न-फ़ल्-*v. i. & t.* to make a snuffing sound, to speak nasally. नकियाना, नाक से बोलना; *-n.* a snuffing sound. नकियाने का शब्द; **Snuffler** (-अर्) *-n.* one who snuffles. नकियाकर बोलनेवाला।

Snuffy-स्नफ़्'-फ़ि *-adj.* soiled with snuff. सुँघनी से मलिन किया हुआ।

Snug-स्नग् *-adj.* sheltered from weather, concealed, comfortable. जलवायु से सुरक्षित, गुप्त, सुख देनेवाला (हितकर)।

Snuggery-स्न-गरि *-n.* a small secret room. छोटा गुप्त घर।

Snuggle-स्न-गल्-*v. i. & t.* to lie close up for the sake of warmth, to cuddle. सटकर सोना, पास लेटना, बच्चे को शरीर से चिपकाना।

Snugly-स्नग्'-लि-*adv.* in a snug manner. सुख से, आनन्द से; **Snugness** (-नेंस्)-*n.* the state of being snug. आनन्द, स्वस्थता, सुख।

So-सो-*adv. & conj.* thus, in a like manner, similarly, accordingly, therefore. ऐसा, इस प्रकार से, तद्वत्, तदनुसार, इस कारण से; **Quite so** (exactly so.) हाँ, ठीक; **So and so** (an individual person.) अमुक, फ़लाँ; **So be it** (let it be so.) ऐसा ही हो; **So called** (called by this name.) इस नाम का; **So far** (up to this time or this point.) अब तक, यहाँ तक; **So forth and so on** (etcetera.) इत्यादि, वगैरह; **So long** (up to that time.) तब तक; **So long as** (with the proviso, on the condition that.) जब तक कि; **So many or much** (as many or much as is implied or mentioned.) इतना; **So-so** (only thus, only tolerably.) केवल इस प्रकार, ऐसे-वैसे; **So that** (therefore.) इसलिये कि, ताकि; **So to say or speak** (granting that.) मान लिया कि, कहने के लिये।

Soak-सोक्-*v. t. & i.* to suck in a liquid, to steep, to make wet, to drench. भिगोना, सोखना, जल से सींचना, तर करना, भीग जाना; **Soaked** (-ड्)-*adj.* steeped in water. जल में भिगोया हुआ।

Soaking-सोक्'-इङ्ग्-*n.* the act of sucking in a liquid, one who drinks much. भीगना, अधिक मदिरा पीनेवाला।

Soaker-सोक्'-अर्-*n.* one who or that which soaks, a hard drinker. सोखनेवाला, पियक्कड़।

Soap-सोप्-*n.* compound of fat and soda used in washing. साबुन; **Soap-berry (nut)** (-बेर्रि) (नट्)-*n.* a kind of tree. रीठी का वृक्ष; **Soap-bubble** (-बब्-बल्)-*n.* filmy sphere of soap water. साबुन का बुलबुला; **Soap-earth** (-अर्थ्)-*n* steatite. सज्जी; **Soapily** (-इ-लि)-*adv.* like soap. साबुन की तरह से; **Soapiness** (-इ-नेंस्)-*n.* the

state of being soapy. साबुनपन; **Soapless** (-लेस्)-*adj.* without soap. बिना साबुन का।

Soapy-सोपि - *adj.* having the qualities of soap, smeared with soap, containing soap in solution, soft & greasy like soap, resembling soap, ingratiating. साबुन लगाया या पोता हुआ, घोल के रूप में साबुन रखनेवाला, साबुन के समान नरम और चिकना, साबुन के समान, अनुग्रह के लिये संस्तुति करनेवाला।

Soar-सोर्-*v. i.* to fly aloft, to sail in the air without moving wings, to mount at a great height. ऊँचा उड़ना, आकाश में पर खोले हुए मँड़राना, बहुत ऊँचे चढ़ना; **Soarer** (-अर्)-*n.* one who soars. ऊपर चढ़नेवाला; **Soaring** (इङ्ग्) -*n.* the act of flying aloft. ऊपर का चढ़ाव; **Soaringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a soaring manner. ऊपर चढ़ते हुए।

Sob-सॉब्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Sobbed.**) to sigh in convulsive gasps. सिसकना; -*n.* convulsive drawing of breath specially in weeping. सिसकी; **Sobbing** (-बिङ्ग्)-*n.* the act of sighing in a convulsive manner. सिसकी; **Sobbingly** (-बिङ्ग्'-लि) -*adv.* in a sobbing manner. सिसकते हुए।

Sober-सो'-बर् -*adv.* not drunk, temperate, moderate, serious, quiet, not passionate. मदिरा न पिये हुए, संयमी, मर्यादायुक्त, गंभीर, शान्त, उद्वेग रहित; -*v. t. & i.* to make or become sober. शान्त करना, उन्माद हटना या हटाना।

Soberize-सो'-बराइज़् -*v. t.* to make sober. संयमी करना या बनाना।

Soberly-सो'-बर्-लि-*adv.* in a sober manner. गम्भीरता से, विचारपूर्वक; **Soberness** (-नेस्)-*n.* the state of being sober. उद्वेग-रहित अवस्था, शान्तिभाव, गंभीरता।

Sobriety-सॅ-ब्राइटि -*n.* the quality of being sober, calmness, gravity, seriousness, steadiness, saneness, moderation in drinks. गम्भीर होने का गुण, शान्ति, आकर्षण-शक्ति, गम्भीरता, स्थिरता, बुद्धिमत्ता, मदिरापान में संयम।

Sobriquet-सो'-ब्रि-के-*n.* an assumed name, a fanciful name, nickname. उपाधि, उपनाम, कृत्रिम नाम।

Socage, Soccage-सॅ-केंज्-*n.* feudal tenure of land. खिदमती आराजी।

Sociability-सोशबिलिटि -*n.* the quality of being sociable. मिलनसारी, सुशीलता, सुजनता;

Sociable (-ऐबल्)-*adj.* ready to converse, familiar, liking company; सबसे बोलनेवाला, सङ्गप्रिय, मिलनसार; -*n.* a kind of tricycle. दो मनुष्यों के अलग चढ़ने की तिनपहिया साइकिल; **Sociably** (-लि)-*adv.* in a sociable manner. मिलनसारी से।

Social-सो' शल् - *adj.* living in company, convivial, pertaining to society, interdependent. समाज में रहनेवाला, सामाजिक, सांसर्गिक, परस्पर निर्भर रहनेवाला; **Social democracy** (a political party aiming at improving social status of lower classes.) नीच जाति की सामाजिक स्थिति सुधारनेवाले राजनीतिज्ञ लोगों का वर्ग; **Social status** (social rank.) सामाजिक स्थिति; **Social plants** (plants growing in shrubs.) झाड़ियों में उगनेवाले पौधे; **The social evil** (prostitution.) वेश्यागमन।

Socialism-सो'शलिज़्म् -*n.* the principle that the freedom of the individual should be completely subordinate to the interest of the society. यह सिद्धान्त कि व्यक्तिगत स्वतन्त्रता सामाजिक कल्याण पर सब तरह से निर्भर होनी चाहिये, समाजवाद; **Socialist** (-स्ट्)-*n.* an advocate of socialism. समाजवादी; **Socialistic** (-स्टिक्)-*adj.* pertaining to socialism. समाजवाद का ; **Socialistically** (-स्टिकलि)-*adv.* in a socialistic manner. समाजवाद के अनुसार।

Sociality-सोलिटि-*n.* socialness. सामाजिकता।

Socialization-सोलाइज़ेशन् -*n.* the act of socializing. सामाजिक रचना।

Socialize-सोलाइज़् -*v. t.* to make social. सामाजिक बनाना।

Socially-सोलि -*adv.* in a social manner. सामाजिक रूप से।

Society-सॅ - साइ'- टि -*n.* (*pl.* **Societies.**) a social community, social mode of living, the upper class of a community, association of persons. समाज, सामाजिक जीवन, उच्च श्रेणी के लोग, जनसमूह (मंडली)।

Societary-सॅ-साइ'- टरि - *adj.* pertaining to society. सामाजिक।

Sociological-सोशिऑलॉजिकल्-*adj.* pertaining to sociology. समाजशास्त्र-सम्बन्धी; **Sociologically** (-लि) -*adj.* in a sociological manner. समाज शास्त्र से सम्बन्ध रखते हुए; **Sociologist** (-जिस्ट्)-*n.* one who is versed in sociology. समाजशास्त्र का अनुयायी;

Sociology (-जि) -*n.* the science of the development and laws of human society. समाज-शास्त्र ।

Sock-सॉक्-*n.* (*pl.* **Socks.**) a short stocking, inner sole of shoe, a kind of light shoe, the blow of a missile. छोटा मोजा, जूते का भीतरी तल्ला, हलका जूता, शस्त्र का आघात;- *v. t.* to fling at. पत्थर या गेंद फेंकना ।

Socker-सॉकर्-*n.* football play. फुटबॉल का खेल ।

Socket-सॉकेट्-*n.* a hollow in which anything is fitted, a candle-stick cavity, a cavity in the body of an animal or man in which a tooth, an eye or a bone is set. गर्त जिसमें कोई चीज बैठाई जाती है, मोमबत्ती बिठाने का गर्त, जन्तु या मनुष्य के शरीर में दाँत, आँख या हड्डी बिठाने का गर्त; **Socketed** (-टेड्) - *adj.* fitted with hollows. गर्त-युक्त ; **Socket of the eye** (the hollow in which the eye fits.) आँख का गड्ढा ; **Socket-pipe** (a hole for fitting pipes.) नली बैठाने का छिद्र ।

Socle-सॅक्ल्-*n.* rectangular block of pedestal. खम्भे के नीचे की चौकी ।

Sod-सॉड्-*n.* a turf, the upper layer of grass and piece of turf cut off. तृण-सहित भूमि का भाग, दूब लगी हुई भूमि की ऊपरी तह ।

Sod-सॉड्-*p. t.* of **Seethe.** boiled. उबाला ।

Soda-सो'-डा-*n.* a compound of sodium. खार, सोडा ; **Soda-water** (plain aerated water.) सोडा मिला हुआ जल, सोडा वाटर् ।

Sodality-सो-डैलिटि - *n.* an association of Roman Catholics. ईसाइयों के रोमन केथोलिक पन्थ की मण्डली ।

Sodden-सॉड्'-न्-*adj.* heavy and moist, seethed, stupid and dull. गीला और भारी, उबाला हुआ, मूर्ख और मन्द ;- *v. t.* & *i.* (*p. p.* of **Seethe.**) *adj.* become or mode moist. गीला बना हुआ ; **Soddenness** (-नेस्) - *n.* moisture, foolishness. गीलापन, मूर्खता ।

Soddy-सॉ-डि-*adj.* covered with sod. तृणमय भूमियुक्त ।

Sodic-सॉ'-डिक्-*adj.* pertaining to sodium. सोडिअम-सम्बन्धी ।

Sodium-सो-डि-अम्-*n.* a silver white metal. एक सफेद धातु जो सोडा में पाई जाती है ।

Sodomite-सॅ-डॅ-माइट्-*n.* one who is guilty of sodomy. पुरुषमैथुन करनेवाला, लौंडेबाज ।

Sodomy-सॅडॅमि-*n.* unnatural copulation between males. पुरुषमैथुन, गुदामैथुन, लौंडेबाजी ।

Soever-सँ'-एँव्र्-*suf.* having an indefinite meaning. अनिश्चित अर्थसूचक प्रत्यय - यथा; **Howsoever** (in any way.) कैसे भी; **Whosoever** (any body.) जो कोई इत्यादि ।

Sofa-सो'-फा-*n.* in Eastern countries a raissed part of the floor covered with carpets or cushions forming a bench, a long cushioned bench with back and arms, a kind of couch. पूर्वी देशों में कालीन या गद्दे से ढका फर्श का एक ओर को उठा हुआ ऊँचा चबूतरा जो बैठने के बेंच के रूप में प्रयुक्त होता है, गद्देदार ओठङ्गनेवाली लम्बी बेंच, एक प्रकार की पलंग या सेज ।

Soffit-सॉ-फ़िट्-*n.* lower part of an arch or balcony. मेहराब या बरामदे का निचला भाग ।

Soft-सॉफ्ट्-*adj.* not hard, plastic, smooth to the touch, delicate, malleable, gentle, mild, tender, courteous, of low tone, pleasing to the ear. मृदु, कोमल, चिकना, लचीला, सौम्य, सुकुमार, मधुर; *interj.* wait a moment ! hush ! जरा रुक जाओ ! चुप ! शान्त !; **Soft air** (air of rainy season.) वर्षाऋतु की वायु; **Soft colours** (colours that are not dazzling.) हलके रङ्ग ; **Soft goods** (textiles.) कपड़े ; **Soft-hearted** (compassionate.) कोमल हृदय का, दयालु, रहमदिल ; **Soft manners** (good temper or manners.) शिष्ट आचरण ; **Soft palate** (hinder part of palate.) तालु का पिछला भाग ; **Soft water** (water free from mineral salts.) ऐसा जल जिसमें क्षारीय पदार्थ तथा नमक का अंश न हो, नरम जल ।

Soften-सॉफ़न्-*v. i.* & *t.* to become or make soft, to mollify, to alleviate, to palliate. कोमल होना या करना, दयायुक्त होना या करना ।

Softener-सॉफ़्-नर्-*n.* he who or that which softens. कोमल करनेवाला ।

Softening-सॉफ़्निङ्ग्-*adj.* the act of making softer. शान्तिकर, शमन करनेवाला ।

Softiness-सॉ-फ़्टि-नेस् , **Softness** (-नेस्)-*n.* the quality of being soft. मृदुता, कोमलता ।

Softly-सॉफ़्ट्' - लि-*adv.* in a soft manner. कोमलता से, मृदुता से ।

Softy-सॉफ़्टि-*adj.* somewhat soft. कुछ कोमल ।

Sogginess-सॉ-गि-नेस्-*n.* the state of being soggy. गीलापन।

Soggy-सॉ-गि-*adj.* saturated, boggy. गीला किया हुआ, तर, दलदली, नरम।

Soho-सॅ-हो'-*interj.* used for quietening horse &c. घोड़े इत्यादि के शान्त करने का शब्द, चुमकार।

Soil-सॅ-इल्-*n.* the ground, the upper stratum of earth, land, stain, tarnish, defilement. भूमि (प्रदेश), पृथ्वी की ऊपरी परत, स्थल भाग, धब्बा, मैल का दाग या निशान, मलिनता;-*v. t.* & *i.* to make dirty, to stain, to defile, to feed cattle on green fodder. मैला करना, दूषित करना, कलङ्कित करना, पशुओं को हरा तृण खिलाना; **Fertile soil** (productive land.) उर्वरा (उपजाऊ) भूमि; **Native soil** (birthplace.) जन्म-भूमि; **Night-soil** विष्ठा, पायखाना; **Waste soil** (unproductive ground.) ऊसर भूमि।

Soilless-सॅइ-ल्'-लेस् - *adj.* destitute of soil. बिना उपजाऊ मिट्टी का, स्वच्छ, बिना धब्बे का।

Soiree-स्वा-रे-*n.* a social gathering especially in the evening. मित्रमण्डली का सन्ध्या का जमवट।

Sojourn-सॅ-जर्न्'-*v. i.* to dwell for a short time in a place. थोड़े समय के लिये कहीं पर ठहरना, डेरा डालना;-*n.* a temporary stay. अस्थायी (गैर मुस्तकिल) डेरा, प्रवास।

Sojourner-सॅजर्नर्-*n.* a temporary resident. प्रवासी, यात्री; **Sojourning** (-इङ्ग्) - *n.* staying for a short time. अल्पकाल के लिये निवास; **Sojournment** (-मेन्ट्) -*n.* temporary residence. थोड़े समय के लिये डेरा।

Sol-सॉल्-*n.* the fifth note of the octave. सप्तक का पाँचवाँ स्वर—"प"।

Sola-सो'-ला-*n.* a pithy-stemmed plant which grows in the marshes. खुखड़ी; **Sola topi**, **(hat)** hat made of pith. खुखड़ी की बनी हुई टोपी।

Solace - सॅ - लेस् - *n.* comfort in grief or disappointment. आश्वासन, धीरज, ढाढ़स; -*v. t.* to console, to comfort. सन्तुष्ट करना, आश्वासन (धीरज) देना; **Solacement** (-मेन्ट्) -*n.* **act of** solacing. सान्त्वना।

Solacious-सॅ-ले'-शस् -*adj.* giving pleasure. आनन्ददायक।

Solanum-सॅ-ल्'-अ-नम्- *n.* a potato or nightshade genus grown for medicinal purposes. दवा के काम के लिये उगाया गया आलू या धतूरे की जाति का पौधा।

Solar-सो'-लर्-*adj.* relating to or concerned with the sun. सौर, सूर्य-सम्बन्धी; **Solar eclipse** (eclipse of the sun.) सूर्यग्रहण; **Solar flower** (flower that remains open only for some hours in the day.) सूरजमुखी का फूल; **Solar month** (one twelfth of the year.) सौर मास; **Solar system** (the sun and heavenly bodies.) सौरमण्डल।

Solarism - सो' - लरिज़्म् - *n.* belief in solar myths. सूर्य-सम्बन्धी पौराणिक कथाओं में विश्वास; **Solarist**-(-इस्ट्)*n.* one who believes in solarism. सूर्य-सम्बन्धी पौराणिक कथाओं में विश्वास करनेवाला।

Solarium--सॅले'-रि-अम्-*n.* the place where sun's rays are utilized in the treatment of diseases. रोग-निवृत्ति के लिये सूर्य की किरणों के सेवन करने का स्थान या घर।

Solarization-सोलराइज़ेशन्-*n.* the act of solarizing. सूर्य की किरणों से नष्ट करने की क्रिया।

Solarize-सो'-लरा-इज़्-*v. t.* to spoil by sun's rays. सूर्य की किरणों से नष्ट करना।

Solatium-सॅ-ले-शि' - अम् - *n.* anything given for consolation. शान्त करने के लिये दिया हुआ पदार्थ।

Sold-सोल्ड्-*p.t.* & *p. p.* of **Sell**; -*adj.* disposed of by sale. बेच डाला गया।

Solder-सोल्डर्-*n.* a fusible alloy used for joining metals. धातु जोड़ने का टाँका;-*v. t.* to unite metals by solder. टाँका लगाना, टाँके से जोड़ना; **Hard solder** (solder which melts in very strong heat.) तेज़ आँच में गलनेवाला कड़ा टाँका; **Soft-solder** (solder which melts in moderate heat.) कम आँच में गलनेवाला टाँका; **Soldering-iron** (a tool for soldering.) टाँका लगाने की हथौड़ी।

Soldier-सोल्जर्-*n.* one who is engaged in military service, a brave warrior, the member of an army. सैनिक, योद्धा, फ़ौज का सिपाही;- *v. i.* to serve as a soldier. सैनिक का कार्य करना; **Every inch a soldier** (a true warrior.) सब प्रकार से (पूर्ण रूप से) सच्चा योद्धा; **Old soldier** (experienced person, empty bottle.) अनुभवी मनुष्य, छूछी बोतल; **Soldier of fortune** (ready to take

service anywhere.) कहीं भी युद्ध सेवा करने को तयार।

Soldiering-सोल्जरिङ्ग्-*n.* the business of a soldier. सैनिक वृत्ति।

Soldierly-सोल्जर्लि-*adj.* like a soldier, brave. सैनिक की तरह का, वीर; **Soldierlike** (-लाइक्) -*adj.* like a soldier. योद्धा की तरह; **Soldiership** (-शिप्) -*n.* military qualities. सैनिक के गुण; **Soldiery** (-इ)-*n.* the soldiers of a state. किसी राज्य का सैन्य दल।

Sole-सोल् - *n.* the lower surface of foot, bottom of shoe or boot, bottom of a thing. पैर का तलवा, जूते का तल्ला, पेंदी; **Soled** (-ड्) -*adj.* having soles. तल्लेदार ; **Sole-leather** (leather used in soles of shoes.) जूते के तल्ले का चमड़ा ; **Sole plate** (the main bottom-plate of machines.) यन्त्र (इञ्जिन इत्यादि) की पेंदी।

Solecism-सॅ-लि-सिज़्म् - *n.* blunder in speaking or writing. बोलने या लिखने में अशुद्ध प्रयोग, व्याकरण की अशुद्धि।

Solecist-सॅ-लि-सिस्ट् - *n.* one who commits solecism. बोलने या लिखने में अशुद्ध प्रयोग करनेवाला; **Solecistic** (-इक्), **Solecistical** (-इकल्)-*adjs.* of incorrect speech or writing. अशुद्ध वाणी या लेख सम्बन्धी।

Solely-सोल्'-लि - *adv.* alone, singly. अकेला, पृथक्।

Solemn-सॉलम् - *adj.* sacred, performed in due form, full of importance, grave, deliberate, pompous. पवित्र, विधि (संस्कार) पूर्ण, महत्त्वपूर्ण, गम्भीर, निश्चयपूर्वक, ऐश्वर्ययुक्त; **Solemnness** (-नॅस्) also **Solemness** - *n.* gravity. गम्भीरता; **Solemn occasion** (serious occasion, time of festivity.) महत्त्वपूर्ण अवसर, उत्सव का दिन ; **Solemn promise** (serious promise.) दृढ़ प्रतिज्ञा।

Solemnity-सॅ-लॅम्'-नि-टि-*n.* gravity, seriousness, a religious ceremony, impressiveness. गुरुता, गम्भीरता, धार्मिक क्रिया, प्रभावपूर्णता।

Solemnization-सॅ-लम्नाइज़ेशन्-*n.* the act of solemnizing. उत्सव, धूमधाम।

Solemnize-सॅ-लम्नाइज़्'-*v. t.* to make solemn, to celebrate. शास्त्र के अनुसार अनुष्ठान करना, उत्सव मनाना ; **Solemnizer** (-अर्)-*n.* one who performs a solemn rite. धार्मिक संस्कार करनेवाला।

Solemnly-सॉ-लम्-लि-*adv.* in a solemn manner. गम्भीरता से।

Solen-सो' - लॅन्- *n.* a kind of mollusc. एक प्रकार का घोंघा।

Solenoid-सॅ-लिनॉ -इड् - *n.* a magnet made by coiling a wire round a cylinder and passing electricity throught it. गड़ारी पर लपेटा हुआ तार जिसमें से बिजली की धार। दौड़ाने पर इसमें चुम्बक की शक्ति आ जाती है।

Solferino-सॅ- ल्फॅ - रीनॅ - *n.* a kind of red colour. एक प्रकार का लाल रङ्ग।

Solicit-सॉ-लि-सिट्-*v. t. & i.* (*p. t.* Solicited. to make request to, to importune, to try to obtain, to entice. सविनय प्रार्थना करना, माँगना, इच्छा करना, ललचाना।

Solicitant-सॉ-लि-सिटन्ट्-*n.* one who solicits. प्रार्थी, विनती करनेवाला।

Solicitation-सॉ - लि - सिटेशन् - *n.* earnest request. प्रार्थना, याचना, विनती।

Solicitor-सॉ-लि - सिटर् - *n.* a legal adviser. क़ानूनी सलाह देनेवाला, सालिसिटर्; **Solicitorship** (-शिप्) -*n.* the office of a solicitor. सालिसिटर का पद।

Solicitous-सॉ-लि-सि-टस्-*adj.* anxious, desirous. उत्सुक, उत्कण्ठित; **Solicitously** (-लि) -*adv.* in a solicitous manner. उत्कण्ठा सहित, व्यग्रता से।

Solicitude-सॉ-लि-सि-ट्यूड्-*n.* anxiety, carefulness. (उत्कण्ठा) चिन्ता, सावधानी।

Solid-सॉ-लिड् - *adj.* whole, compact, uninterrupted, firm, strong, valid, profound, substantial, undivided, reliable, genuine. समूचा, घना, ठोस, अबाध, बिना रुकावट का, दृढ़, पुष्ट, सप्रमाण, गम्भीर, तत्त्व-पूर्ण, अविभक्त, विश्वास के योग्य, सच्चा, शुद्ध, खरा;-*n.* a solid figure. ठोस आकृति; **Solid angle** (an angle formed by three or more plane angles in different planes meeting at one point.) ठोस कोना; **Solid contents** (compact matter.) घना या अविभक्त पदार्थ ; **Solid number** (integer with three prime factors, number concerned with solids.) पूर्णाङ्क।

Solidarity-सॉ-लिडॅ-रि - टि - *n.* consolidation of interests. रुचियों की घनिष्ठता।

Solidifiable-सॉ-लिडिफ़ाइ-अ-बल्- *adj.* able to be solidified. ठोस बनाने योग्य।

Solidification-सॉलिडिफ़िकेशन्-*n.* the act of solidifying. घनीकरण, ठोस बनाने का कार्य।

Solidify-सॉ-लिडि-फाइ- *v. t. & i.* (*p. t.* **Solidified**) to make or become solid. ठोस बनाना या होना ।

Solidity-सॉ-लिडि′-टि-*n.* compactness. घनता, ठोसपन ।

Solidly-सॉ-लिड्′-लि-*adv.* in a solid manner. घनता से, दृढ़ता से ।

Solidness-सॉ-लिड्-नेस् - *n.* solidity. ठोसपन ।

Solidungular-सॉलि-ड-ङ्-ग्यु-लर्, **Solidungulate** (-लेट्), **Solidungulous**(-लस्)-*adjs.* having uncloven hoofs. ठोस खुरवाला ।

Solifidian-सॅलिफ़िडिअन् - *n.* one who holds that faith alone suffices for justification. यह माननेवाला कि विश्वास से ही पाप से छुटकारा मिलता है ।

Soliloquize-सॅ-लिलॅ-क्वाइज़् - *v. i.* to utter soliloquies. स्वगत भाषण करना ।

Soliloquist-सॅ-लिलॅ-क्विस्ट्-*n.* one who soliloquizes. स्वगत-भाषण करनेवाला ।

Soliloquy-सॅ-लिलॅ′-क्वि-*n.* (*pl.* **Soliloquies.**) talking to oneself, with no regard to the presence of others. स्वगत भाषण, अपने आप बकना ।

Soliped-सॉल्′-इ - पेंड् - *adj. & n.* an animal with solid hoofs. ठोस खुरवाला पशु ।

Solipsism-सॉ-लिप्सिज़्म्-*n.* the doctrine that self alone is the object or source of real knowledge. यह सिद्धान्त कि आत्मा ही सच्चे ज्ञान की वस्तु या साधन है ।

Solitaire-सॉलिटेंअर् - *n.* ear-ring or stud of a shirt with only one gem. एक रत्न का कान इत्यादि का आभूषण ।

Solitarian - सॉलिटेंरिअन् - *n.* a hermit. यति, संन्यासी ।

Solitarily-सॉलिटरिलि - *adv.* in a solitary manner. निर्जनता से; **Solitariness** (-टरिनेस्) -*n.* the state of being solitary. निर्जनता, अकेलापन; **Solitary** (-टरि) - *adj.* lonely, secluded, single. निर्जन, एकान्त, असहाय (अकेला); **Solitary confinement** (isolation in a separate cell in prison.) बन्दीगृह में अकेले बन्द करना ।

Solitude-सॉलि-ट्यूड्-*n.* a lonely place, seclusion from society. निर्जनता, एकान्तवास, अकेलापन ।

Solivagant-सॅ-लिव्गन्ट्-*adj.* wandering alone. अकेला घूमनेवाला ।

Solo-सो′-लो-*n.* (*pl.* **Solos.**) a song sung by one person, a musical performance by one man. अकेले का गीत, अकेले बाजे का राग ।

Soloist-सो′-लॅ-इस्ट्-*n.* the performer of solo. अकेला गाने-बजानेवाला ।

Solo-flight-सो′-ल-फ़्लाइट्-*n.* flying alone in an aeroplane. हवाई जहाज़ पर अकेले उड़ना ।

Solon-सो′ - लॅन् - *n.* a wise legislator. बुद्धिमान न्यायाधीश ।

Solstice-सॉल्′-स्टिस्- *n.* the point at which the sun is farthest from the equator and appears to pause before receding. अयनान्त, अयनकाल; **Summer solstice.** उत्तरायण सूर्य, कर्क संक्रान्ति ; **Winter solstice.** दक्षिणायन सूर्य, मकर संक्रान्ति ।

Solstitial-सॉल्-स्टिश्′-अल्- *adj.* pertaining to solstice. अयनान्त-सम्बन्धी ।

Solubility-सॉल्युबिलिटि-*n.* solubleness. गलने की योग्यता, गलाव ।

Soluble-सॉ-ल्यु - बल् - *adj.* capable of being dissolved in some liquid. किसी द्रव में घुलने या घुलाने योग्य; **Solubleness** (-नेस्)-*n.* the state of being soluble. घुलने या घुलाने की योग्यता ।

Solus-सोलस्-*adj.* (*fem.* Sola.) alone. अकेला, बिना किसी दूसरे के साथ ।

Solution-सॅ-ल्यूशन् - *n.* the act of dissolving or being dissolved, separation, resolution, removal of doubt, explanation, method of solving a puzzle or question. घुलाव या घोल, अलगाव, साधन, संयोग, सन्देहनिवृत्ति, व्याख्या, उपपत्ति; **Chemical solution** (that involving change in chemical properties.) पिघलाव जिसमें रासायनिक परिवर्तन होता है ; **In solution** (in the act of dissolving.) घुलनशील अवस्था में ।

Solutive-सॉ-ल्यु-टिव्-*adj.* loosening, laxative. ढीला या मुलायम करनेवाला ।

Solvability - सॉल्वबिलिटि - *n.* solvableness. साधन योग्यता ।

Solvable-सॉल्वे-बल्-*adv.* that may be solved. व्याख्या करने योग्य, उत्तर निकालने योग्य ।

Solve-सॉल्व् - *v. t.* to dissolve, to loosen, to explain, to separate the parts, to find answer to a problem. घुलना, घुलाना, ढीला करना, व्याख्या करना, अंशों को अलगाना, साधना; **To solve a doubt** (to remove a doubt.) सन्देह दूर करना; **To solve a question** (to find an answer to a problem.) प्रश्न का उत्तर निकालना ।

Solvency-सॉल्वेंन्सि-*n.* the ability to pay all debts. सब ऋण चुकाने की योग्यता।

Solvent-सॉल्वेंन्ट्-*adj.* having the power of dissolving or forming a solution, having money enough to pay off debts or claims. घुलाने की शक्तिवाला, ऋण चुकाने के योग्य; -*n.* anything that dissolves another. द्रावक।

Solver-सॉल्वर्-*n.* one who solves. साधनेवाला।

Somatic-सॅमीटिक्-*adj.* physical, corporeal. शारीरिक (दैहिक), शरीर-सम्बन्धी।

Somato-सो'-मॉ-टॅ-*prf.* n sense of 'bodily. 'शारीरिक' अर्थ का उपसर्ग।

Somatogenic-सो'-मॉ-टॅ-जें'-निक् - *adj.* producing in the body. शरीर में उत्पन्न करनेवाला; **Somatology** (-लॅजि)-*n* the doctrine of material substance. भौतिक विज्ञान।

Sombre-सॉम्बर्-*adj.* dark, gloomy, dismal, melancholy. काला, अँधेरा, मलिन, उदासीन; -*v. t. & i.* to make gloomy and dark. उदासीन बनाना, अँधेरा करना; **Sombrely** (-लि)-*adv.* in a gloomy manner. मलिनता से; **Sombreness** (-नेंस्) -*n.* the state of being gloomy. श्यामता, अँधेरापन।

Sombrero-सॉम्ब्रे-रॅ-*n.* a kind of felt hat with broad rim. चौड़े किनारे की एक प्रकार की अँग्रेजी टोपी।

Sombrous-सॉम्' - ब्रस्-*adj.* gloomy. काला, धुँधला; **Sombrously** (-लि)-*adv.* in a sombrous manner. धुँधलेपन से; **Sombrousness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being gloomy. धुँधलापन।

-som,-some-सम्-*suf.* forming adjectives in the sense of "productive of." "उत्पन्न करनेवाला" अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय।

Some-सम्-*adj., pron. & adv.* a certain quantity or number, a little, about, a particular person or thing, to a certain extent, not quite. कुछ, थोड़ा, प्रायः, अमुक, कोई, अल्प; **Somebody** (-बॉडि)-*n.* an unknown person. कोई एक व्यक्ति; **Somehow** (-हाउ) - *adv.* one way or the other. किसी न किसी प्रकार से; **Somehow or other** (in some form.) किसी न किसी रीति से।

Somersault-समर्'-सॉल्ट्-*n.* a leap in which a person turns heels over head in the air. कुदान, कलैया; -*v. i.* to turn somersault. हवा में कलैया खाना; **Somerset** (-सेंट्)-*v. t.* to cause to somersault. हवा में कलैया खिलाना।

Something-सम्'-थिङ्ग्-*n.* an unknown event, an unknown substance, a portion. अज्ञात घटना, अज्ञात वस्तु, अंश;-*adv.* in some degree. कुछ, थोड़ा-सा; **Thinks himself something** (thinks highly of himself.) आत्माभिमान रखता है।

Sometime-सम्'-टाइम् -*adv.* once, for sometime formerly. एक बार, पूर्वकाल में, पहिले, किसी समय; **Sometimes** (-स्) -*adv.* now and then, at intervals. कभी-कभी, कदाचित्; **Somewhat** (-व्हाट्)-*adj. & n.* more or less, something. किञ्चित्, थोड़ा, किसी अंश में, कुछ; **Somewhere** (-व्हेंअर्)-*adv.* in some unknown place. कहीं पर।

Somite-सो' - माइट् - *n.* segment of animal body. जंतु के शरीर का अंश या भाग।

Somnambulate-सॉम् - नॅम्' - ब्यु-लेट्-*v. i.* to walk in sleep. नींद में चलना-फिरना; **Somnambulation** (-ले-शन्) -*n.* walking during sleep. निद्रा-भ्रमण, नींद में चलना-फिरना; **Somnambulator** (-ले-टर्)-*n.* a sleep-walker. निद्रा में घूमने-फिरनेवाला; **Somnambulism** (-लिज़्म्)-*n.* habit of walking during sleep निद्रा-भ्रमण की आदत, नींद में चलने-फिरने लगना; **Somnambulist** (-लिस्ट्)-*n.* one who has the habit of walking in sleep. नींद में चलने-फिरने की आदतवाला, स्वप्नचारी।

Somni - सॉम्'-नि - *pref.* in sense of 'sleep'. 'निद्रा' अर्थ का उपसर्ग; **Somniferous** (-फ़रस्) -*adj.* causing sleep. निद्राजनक, नींद लानेवाला; **Somnific** (-फ़िक्)-*adj.* tending to induce sleep. नींद लानेवाला; **Somniloquism** (-लॅ-क्विज़्म्) -*n.* habit of talking in sleep. नींद में बातें करने की आदत; **Somniloquist** (-लॅ-क्विस्ट्)-*n.* one who talks in sleep. निद्रा में बातें करनेवाला; **Somniloquy** (-लॅ-कि)-*n.* habit of talking in sleep. निद्रा में बातें करने की आदत; **Somnipathy** (-पॅ-थि)-*n.* hypnotic sleep. मनःप्रेरित निद्रा।

Somnolence-सॉम्' - नॅ - लॅन्स्-*n.* drowsiness. नींद, तन्द्रा; **Somnolent** (-लॅन्ट्)-*adj.* inducing sleep. निद्रा लानेवाला; **Somnolently** (-लॅन्ट्-लि)-*adv.* drowsily. झपकी या नींद में।

Son-सन्-*n.* (*fem.* **Daughter.**) male descendant. पुत्र, बेटा; **Son-in-law** (daughter's husband.) जामाता, दामाद; **Son of the soil** (inhabitant of a country.) देशनिवासी।

Sonancy-सोन् - शॅन् - सि-*n.* the quality of being sonant. उच्चारणत्व ।

Sonant-सो-नॅन्ट्-*adj. & n.* able to be continuously sounded, a sonant letter. उच्चारण करने योग्य, ऐसा अक्षर ।

Song-सॉङ्ग्-*n.* vocal music, singing, the musical cry of certain birds, a short rhymed poem. गायन, गीत (राग), पक्षियों का मधुर शब्द, अनुप्रासयुक्त कविता; **Song-craft** (-क्राफ़्ट्) -*n.* the art of song making. गाना बनाने की कला; **Songless** (-लॅस्)-*adj.* without song. बिना राग का; **Songster** (-स्टर्) -*n.* a singer, a poet. गानेवाला (गवैया), कवि; **Songstress** (-स्ट्रॅस्)-*n. fem.* a female singer. गानेवाली स्त्री ।

Soniferous-सॅ-नि-फ़रस्-*adj.*producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला ।

Sonless-सन्'-लॅस्-*adj.* devoid of sons. पुत्र-हीन, बिना सन्तान का ।

Sonnet-सॉनॅट्-*n.* a poem of fourteen lines, a short lyric. चौदह पंक्तियों का गीत (लघुकाव्य), गीत (गाथा); **Sonneteer** (-इ-अर्) -*n.* the composer of sonnets. चौदह पंक्तियों की कविता बनानेवाला ।

Sonny-स-नि-*n.* a familiar term for a boy. लड़के को पुकारने का शब्द, बेटा ।

Sonometer-सॅ-नॅ-मिटर् - *n.* an instrument for testing the hearing power of a deaf person. बहरे मनुष्य की श्रवण-शक्ति नापने का यन्त्र ।

Sonorific-सॅ-नो' - रिफ़िक्-*adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला ।

Sonority-सॅ-नो'-रिटि-*n.* melodious quality. सुरीलापन ।

Sonorous-सॅ-नो'-रस्-*adj.* resonant, producing sound when struck by something imposing. शब्द या ध्वनि करनेवाला, शब्द निकालनेवाला, स्पष्ट (मधुर); **Sonorously** (-लि) -*adv.* in a sonorous manner. ऊँचे स्वर से, स्पष्टता से; **Sonorousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being sonorous. स्पष्टता, मधुरता ।

Soon-सून्-*adv.* (*comp.* **Sooner,** *sup.* **Soonest.**) in a short time, not long after, quickly, easily. थोड़े समय में, झटपट, अभी, शीघ्र, तुरत, आसानी से; **No sooner than** (as soon as. ज्योंही; **Soon as** (shortly, immediately after.) ज्यों ही, शीघ्र ही; **Sooner or later** (early or late.) देर-सबेर, किसी न किसी समय **Too soon** (very soon.) अति शीघ्र ।

Soot-सूट्-*n.* the black substance rising in the smoke of wood, coal &c. in the process of combustion. काजल, कज्जली, कालिख;-*v. t.* to cover with soot. काजल से ढाँकना, काजल लगाना ।

Sooth-सूथ्-*n.* truth, fact. सत्य, यथार्थता; **In sooth** (truly.) वास्तव में, सचमुच ।

Soothe-सूद्-*v. t.* to calm, to mitigate, to please with soft words, to flatter. शान्त करना, (पीड़ा) कम करना, प्रसन्न करना, चापलूसी करना; **Soother** (-अर्)-*n.* one who pacifies, a rubber teat for soothing babies. शान्त करनेवाला, बच्चों के चूसने का रबड़; **Soothfast** (-फ़ास्ट्)-*adj.* steadfast, truthful. स्थिर, सच्चा; **Soothing** (-इङ्ग्) -*adj.* pacifying. शान्त करनेवाला; **Soothingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a soothing manner. शान्त करते हुए; **Soothsay** (-से) -*v. t.* to foretell. भविष्य कहना ; **Soothsayer** (-सेअर्)-*n.* one who foretells the future. दैवज्ञ, भविष्यवक्ता; **Soothsaying** (-से-इङ्ग्)-*n.* foretelling. भविष्य-कथन ।

Sootily-सूट्-इ - लि-*adv.* in a sooty manner. कालिख से; **Sootiness** (-नॅस्)-*n.* the state of being sooty. कालिख; **Sootless** (-लॅस्) -*adj.* devoid of soot. बिना कालिख का; **Sooty** (-इ) -*adj.* full of soot. कालिख से भरा हुआ ।

Sop-सॉप्-*n.* anything dipped in liquor, something given to pacify. भिगाई हुई वस्तु, शान्त करने के लिये दी हुई वस्तु; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Sopped.**) to steep in a liquid. गीला करना, भिगोना, तर होना ।

Soppy-सॉ-पि-*adj.* wet. गीला ।

Sophism-सॅ - फ़िज़्म्-*n.* a false argument or statement with a view to deceive. मिथ्या-वाद, वाक्छल, हेत्वाभास; **Sophist** (-इस्ट्)-*n.* a fallacious reasoner. मिथ्या हेतुवादी, वाक्छल करनेवाला ।

Sophister-सॉफ़िस्टर्-*n.* a senior student of some universities. कुछ विश्वविद्यालयों की उच्च कक्षा का विद्यार्थी ।

Sophistic-सॅ - फ़िस्टिक् - *adj.* pertaining to sophism. मिथ्यावाद-सम्बन्धी ।

Sophisticate-सॅ-फ़िस् - टि - केट्'-*v. t. & i.* to mislead, to corrupt, to adulterate, to tamper. छलना, बिगाड़ना, भ्रष्ट करना, मिलावट करना; **Sophistication** (-केशन्) -*n.* the act of debasing purity of something. कपट, छल, मिलावट ।

Sophistry-सॅ-फ़िस्ट्रि-*n.* fallacious reasoning. हेत्वाभास, मिथ्या वादानुवाद, सत्य का आभास।

Soporiferous-सोपॅरिफ़रस् - *adj.* tending to produce sleep. निद्राकारी।

Soporific-सोपॅरिफ़िक्-*adj.* sleep producing. निद्राजनक, नींद लानेवाली।

Sopranist-सॅ-प्रानिस्ट् -*n.* a soprano-singer. तीव्र स्वर का गायक।

Soprano-सॅ-प्रानो-*n.* (*pl.* **Sopranos, Soprani.**) the highest singing voice in women & boys, a music in highest voice. औरतों और लड़कों का गाने का सबसे ऊँचा गला या स्वर, सबसे ऊँचे सुर का गीत।

Sora-सो'-रॉ-*n.* a short-billed marshy bird. दलदल पर विचरनेवाली छोटी चोंच की चिड़िया।

Sorb-सॉर्ब्-*n.* an apple-like tree. सेब के समान एक वृक्ष।

Sorbefacient-सॉर्बिफ़ेशन्ट्-*adj.* & *n.* a medicine which tends to absorb. सोखनेवाली औषधि।

Sorcerer-सो'-सॅरर्-*n.* an enchanter, a wizard, a magician. ऐन्द्रजालिक, मायावी, जादूगर।

Sorceress-सो'-सॅरॅस्-*n.fem.* a female sorcerer. जादूगरनी, टोना करनेवाली स्त्री।

Sorcery-सो'-सॅरि-*n.* witchcraft. इन्द्रजाल, जादू, टोना।

Sordes-सॉ-र्डीज़्-*n.* foul matter, dregs. मलिन पदार्थ, गन्दगी।

Sordid-सॉर्-डिड् - *adj.* base, mean, dirty, impure, niggardly, squalid. नीच, अधम, मलिन, मैला, लालची, कंजूस; **Sordidly** (-लि)-*adv.* meanly, niggardly. मलिनता से, नीचता से; **Sordidness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being sordid, meanness, filthiness. नीचता, कंजूसी, मलिनता।

Sore-सोर् - *adj.* severe, distressing, painful. पीड़ायुक्त, क्लेशप्रद, दुःखदायी, कष्ट देनेवाला;-*n.* an ulcer, a boil. घाव, फोड़ा; -*adv.* severely, grievously. अत्यन्त कष्ट से, दुःख से; **Sorely** (-लि)- *adv.* severely. अत्यन्त (नितान्त), बहुत; **Soreness** (-नॅस्) -*n.* painfulness. पीड़ा, व्यथा, कष्ट।

Sorghum-सॉर्'-गम्-*n.* a kind of plant used as fodder. चारा, चरी।

Sorites-सॅ-राइ-टीज़् -*n.* a syllogism in the form of a chain leading to absurdity. मालाकार तर्क जो अशुद्ध बात स्थिर करता है।

Soritical-सॅ - राइ- टिकल् -*adj.* pertaining to **sorites.** मालाकार तर्क-सम्बन्धी।

Sorosis-सॅ-रो'-सिस्-*n.* fleshy soft fruit. मुलायम गुदगुदार फल।

Sorrel-सॉ-रॅ-ल्-*n.* a kind of shrub. एक प्रकार की वनस्पति, चुक्र, अम्लबेत; -*adj.* of a reddish brown colour. भूरे लाल रंग का।

Sorrily-सॉ-रि-लि-*adv.* in a sorry manner. उदासीनता से; **Sorriness** (-नॅस्) -*n.* the state of being sorry. उदासीनता।

Sorrow-सॉ-रॅ-*n.* grief or sadness caused by some loss, regret, trouble, misfortune. शोक, खेद, व्यथा, सन्ताप; -*v. i.* to feel sorrow to grieve. शोक करना, खेद करना।

Sorrower-सॉ-रॅ-अर्-*n.* one who grieves. दुःख करनेवाला।

Sorrowful-सॉ-रॅ-फ़ुल् - *adj.* full of sorrow दुःखी (उद्विग्न), उदास; **Sorrowfully** (-लि) -*adv.* in a sorrowful manner. उद्वेग या दुःख से; **Sorrowfulness** (-नॅस्)-*n.* the state of being sorrowful. उदासीनता।

Sorrowing-सॉ-रॅ-इङ्ग् -*adj.* grieving. दुःख करनेवाला।

Sorry-सॉ-रि-*adj.* regretful, melancholy, wretched, worthless, of poor quality. शोकाकुल, खिन्न, दुःखी, उदास, दीन; **In a sorry plight** (in a miserable condition.) शोचनीय अवस्था में।

Sort-सॉर्ट्-*n.* kind, species, manner. प्रकार (भेद, जाति), ढंग (रीति);-*v. t.* & *i.* to separate into classes, to select. क्रम में अलगाना, चुनना (मेल मिलाना); **A sort of animal** (an unknown species of creature.) प्राणी विशेष; **Out of sorts** (out of order, unwell.) अस्वस्थ, बीमार।

Sortie-सॉर्टि-*n.* a sally of troops. धावा, आक्रमण।

Sortition-सॉर्टिशन्-*n.* casting of lots. चिट्ठी डालकर स्थिर करना।

Sorus-सो-र-स्-*n.* (*pl.* **Sori.**) a cluster or heap. गुच्छा।

Sot-सॉट्-*n.* a fool, one stupefied by drinking, a habitual drunkard. मूर्ख व्यक्ति, शराब पीकर अचेत पड़ा हुआ व्यक्ति, मदोन्मत्त (मतवाला), पियक्कड़; **Sottish** (-इश्)-*adj.* given to drinking. मदिरा पीने की आदत या व्यसनवाला; **Sottishly** (-लि) -*adv.* in a sottish manner. मदोन्मत्तता से; **Sottishness** (-इश्-नस्) -*n.* stupidity from intoxication. मद्य पीकर मूढ़ता या मूर्खता।

Sou-सू (*pl.* Sous.) -*n.* a French coin. एक फ्रांसीसी सिक्का

Souffle-सू-फ़्ल्-*n.* a low sound heard in some parts of the body. शरीर के कुछ अंशों में का मन्द शब्द ।

Sough-साउ, सफ़्-*n.* a whistling sound made by wind. वायु की सनसनाहट;-*v. i.* to sigh as wind. सन्-सन् शब्द करना ।

Sought-सॉट्-*p. t. & p. p.* of **Seek.** *adj.* searched for, desired. ढूँढ़ा गया, इच्छित ।

Soul-सोल्-*n.* the immaterial part of man, intellect, vital principle, essential part, a person, a pattern. शरीरात्मा (प्राण, जीव),बुद्धि, तेज, बल, सार, व्यक्ति, आदर्श; **Animating soul** (immaterial part of man.) जीवात्मा; **Departed soul** (soul of the dead.) प्रेत ; **Heart and soul** (all and all, completely, with one's entire energy.) सर्वस्व, पूर्ण रूप से, अपनी पूरी शक्ति या ताकत से; **Souled** (-ड्)-*adj.* furnished with a soul. आत्मा-युक्त;**Supreme soul** (Immortal Soul.) परमात्मा, ब्रह्म।

Soulful-सोल्-फ़ुल - *adj.* appealing to higher emotions. भावपूर्ण; **Soulfully** (-लि)-*adv.* in a soulful manner. भावपूर्णता से; **Soulfulness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being soulful. भावपूर्णता ; **Soulless** (-लेंस्) - *adj.* devoid of soul. उत्साहहीन; **Soullessly** (-लेंस्-लि) -*adv.* spiritlessly. तेजहीनता से; **Soullessness** (-लेंस्-नेंस्)-*n.* spiritlessness. सारहीनता ।

Sound-साउन्ड्-*adj.* whole, entire, perfect, healthy, solid, right, stout, not deranged. पूर्ण, अखण्ड (समूचा), ठीक, स्वस्थ, ठोस, सत्य, भला-चङ्गा ; **Confused sound** (tumult.) कोलाहल ; **Sound argument** (valid argument.) दृढ़ तर्क ; **Sound flogging** (stout flogging.) गहरी मार; **Sound sleep** (unbroken sleep.) गाढ़ (गहरी) निद्रा; **Sound views** (right opinions.) सच्चे सिद्धान्त ।

Sound-साउन्ड्-*n.* the sensation perceived by the ear, noise, articulate utterance. शब्द, ध्वनि, कोलाहल, साथक शब्द; - *v. t. & i.* to cause to make a noise, to utter audibly, to play on, to make sign by a sound, to publish. कोलाहल करना, बोलना, बजाना, शब्दों से संकेत करना, प्रकाशित करना ।

Sound-साउन्ड्-*n.* a shallow sea. छिछला समुद्र; -*v. t. & i.* to test the depth of the sea, to test, to examine the depth of wound. समुद्र की गहराई नापना, परीक्षा करना, घाव की गहराई नापना।

Sounder-साउन्डर्-*n.* a young wildbear, telegraphic receiving instrument, a sounding apparatus. जङ्गली सूअर का बच्चा, तारबर्की का यन्त्र ।

Sounding-साउन्डिङ्ग्-*adj.* making a noise. शोर करनेवाला;-*n.* ascertaining the depth of the sea. समुद्र की गहराई नापना; **Sounding-line** (a line for sounding seas.) समुद्र की गहराई नापने का रस्सा ।

Soundings-साउन्ड्'-इङ्ग्ज़् - *n. pl.* the place in the sea which can be sounded. समुद्र का वह भाग जहाँ की थाह लग सके ।

Soundless-साउन्ड्'-लेंस् - *adj.* incapable of being sounded, unfathomable. थाह न लगाने योग्य; **Soundly** (-लि) -*adv.* heartily, truly. सुख से, सचाई से, दृढ़ता से; **Soundness** (-नेंस्) -*n.* the state of being healthy. आरोग्य, स्वास्थ्य ।

Soup-सूप् -*n.* a liquid food prepared from flesh, fish or vegetables. जूस, झोल; **Soup-house or kitchen** (an establishment for supplying soup to the poor.) गरीबों को बिना मूल्य भोजन देने का कार्यालय; **Soupy** (-इ)-*adj.* like soup. जूसदार ।

Sour-सा-व-र् - *adj.* of acid taste, pungent, peevish, harsh. खट्टा, चटपटा, चिड़चिड़ा, रूक्ष; -*v. i. & t.* to make acid, to make harsh, to turn peevish. खट्टा करना, कर्कश करना, खट्टा होना, चिड़चिड़ा होना ।

Source-सोर्स्-*n.* a spring or fountain-head, a place from which something is got, origin, first cause. सोता, उद्गमस्थान, मूल कारण, आदि कारण ।

Sourdine-सू-र्डीन्-*n.* the stop of a harmonium. हारमोनियम बाजे का शब्द धीमा करने की कुन्जी ।

Sourish-सा-व-रिश् - *adj.* somewhat sour. कुछ खट्टा; **Sourly** (-लि)- *adv.* acidly, discontentedly. खट्टेपन से, रुखाई से ।

Sourness-सावर् - नेंस् -*n.* tartness. खट्टापन, रुखाई ।

Souse-साउस्-*n.*a pickle prepared with salt, a dip or plunge. नमकीन अँचार, पानी की डुबकी; -*v. t. & i.* to steep in pickle. अँचार में डालना, डुबकी लगाना;-*adv.* headlong. आगे की ओर ।

Soutache-सु-टॅश्-*n.* a braid used for sewing tenon fabrics. कपड़े में सीने की झालर ।

South- साउथ्-*n.* one of the cardinal points opposite to the north. दक्षिण, दक्खिन;-*adj.* situated or looking towards the south. दक्खिन की ओर, दक्षिण दिशा में; **South-east** (the direction between South and East.)

पूर्व दक्षिण का कोण, आग्नेय दिशा; **South-west** (the direction equally distant from the south and west.) दक्षिण-पश्चिम का कोण, नैर्ऋत्य दिशा; **Southern** (सदर्न्), **Southernly** (-लि)-*adjs.* belonging to the south. दक्षिण दिशा का; **Southernmost** (-मोस्ट्)-*adj.* farthest south. सुदूर दक्षिण भाग में।

Southward (s)-साउथ्-वर्ड् (स्) towards the south. दक्षिण दिशा में।

Souvenir-सूवनीर्-*n.* a thing given or kept as a memento, keepsake. स्मारक पदार्थ, यादगार के लिए दी हुई या रक्खी हुई वस्तु।

Sovereign-सॅव्'-रॅन्-*adj.* possessing supreme power, lofty, chief, predominant. विशिष्ट गुण का, प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य;-*n.* a supreme ruler, a monarch, an English gold coin worth one pound. राजा, सम्राट्, महाराज, इँगलैंड की सुवर्णमुद्रा, पाउण्ड; **Sovereign authority** (supreme domain.) श्रेष्ठ अधिकार; **Sovereign medicine** (the most effectual medicine.) परम प्रभावकारी औषधि।

Sovereignly-सॅव्-रॅन्-लि-*adv.* supremely. विशिष्ट रूप से, श्रेष्ठता से।

Sovereignty-सॅव्-रॅन्-टि-*n.* supreme power, dominion. प्रभुत्व (श्रेष्ठत्व), साम्राज्य।

Soviet-सोविएँट्-*n.* one of the party of revolutionaries in Russia. रूस देश के क्रान्तिकारी दल का एक सदस्य।

Sow-सो-*v. t.* (*p. t.* **Sowed,** *p. p.* **Sown.**) to scatter seeds on earth for growing, to plant by sowing, to spread. बीज बोना या जमाना, फैलाना।

Sow-सौ-*n.* a female hog (*mas.* **Boar.**) शूकरी, सुअरी।

Sowback-सौ'-बैक्-*n.* low sandy bank. बालू का नीचा किनारा।

Sower-सो'-अर्-*n.* one who scatters seeds for sowing. बीज बोनेवाला।

Sowing-सो'-इङ्ग्-*n.* the act of sowing seeds. बीजों की बुआई।

Soy-सॉय्-*n.* (also **Soya.**) a kind of sauce made from soya-bean. सोये से बना हुआ झोल।

Spa-स्पा-*n.* place of mineral spring. खनिज जल की धारा (स्रोत) निकलने का स्थान।

Space-स्पेस्-*n.* distance, interval between points, blank between types or words, interval in time. दूरी, स्थान (अन्तर), टाइप या शब्दों के बीच का स्थान, अवकाश; -*v. t. & i.* to arrange intervals between, to put spaces between. अन्तर लगाना, बीच-बीच में खाली स्थान रखना; **Infinite space** (infinite sky.) अनन्त आकाश; **Intervening space** (middle space.) बीच का स्थान; **Pervading all space** (filling all around.) सब दिशाओं में व्यापक; **Space of time** (interval of time.) कालान्तर, अवधि; **To space out** (to expand space.) अधिक स्थान फैलाना।

Spacer-स्पेसर्-*n.* a device for spacing words in printing, a piece of metal for making a space, one who spaces. छपाई में शब्दों के बीच स्थान या दूरी छोड़ने का साधन या धातु का टुकड़ा, इस प्रकार दूरी छोड़नेवाला।

Spaceless-स्पेस्-लॅस्-*adj.* without space. बिना अन्तर का।

Spacial-स्पेशल्-*adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spacious-स्पे-शस्-*adj.* extensive, enclosing a large space. विस्तीर्ण (विशाल); **Spaciously** (-लि) -*adv.* extensively. विस्तीर्ण रूप में, फैलावट से; **Spaciousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being spacious. विस्तार, फैलावट।

Spaddle-स्पॅ-इल्-*n.* a small spade. छोटा फरसा।

Spade-स्पेड्-*n.* a shovel, a tool for digging ground, a suit of cards shaped like a heart with a small handle. फावड़ा, कुदाली, ताश में हुकुम का रंग; -*v. t.* to dig with a shovel. कुदाली से खोदना; **To call a spade a spade** (to speak very plainly.) स्पष्ट बोलना।

Spadeful-स्पेड्-फुल्-*adj.* as much as a spade can hold. कुदाली भरकर।

Spadework-स्पेड्-वर्क्-*n.* hard labour. कठिन परिश्रम।

Spadille-स्पॅ'-डिल्-*n.* the ace of spades. हुकुम की एक्की।

Spadix-स्पे'-डिक्स्-*n.* (*pl.* **Spadices.**) a fleshy spike of flowers. कँटीले गुच्छों में जमे हुए फूल।

Spado-स्पे-डॅ-*n.* a eunuch. क्लीब, हिजड़ा।

Spake-स्पेक्-*p. t.* (*arch.*) of **Speak.** बोला।

Spalder-स्पॅल्डर्-*n.* one who clips. चिप्पड़ उखाड़नेवाला।

Spall-स्पॉल्-*v. t. & i.* to clip. चिप्पड़ निकालना; -*n.* clippings. चिप्पड़।

Span-स्पॅन्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Spanned.**) to stretch from one side to the other, to ex-

tend across, to bridge. बित्ते से नापना, फैलाना, मेहराब लगाना, पुल बाँधना ; -*n.* full extent, short distance, measure of nine inches, space from end of thumb to the end of little finger when extended, the spread of an arch. विस्तार, फैलाव, नौ इञ्च की लम्बाई, बित्ता, मेहराब की चौड़ाई; **Span of life** (the full extent of life.) जीवन की अवधि।

Span-स्पैन्-*p. t. & p. p.* of **Spin,** काता।

Spanless-स्पैन् - लेस् - *adj.* without extent. संकुचित, बिना विस्तार का।

Spangle-स्पैङ्ग्'-ल् -*n.* a small piece of anything sparkling. चमकती हुई वस्तु का टुकड़ा; -*v. t.* to adorn with spangles. चमकीली वस्तु से आभूषित करना ; **Spangly** (- लि) - *adj.* bright. चमकीला।

Spaniard-स्पैन्यर्ड्-*n.* a native of Spain. स्पेन देश का निवासी।


Spaniel-स्पैन्यल्-*n.* a kind of dog with long hairs and ears. एक प्रकार का झबरा कुत्ता।

Spanish-स्पैं-निश्-*adj. & n.* of Spain, language of Spain. स्पेन देश का, इस देश की भाषा।

Spank-स्पैङ्क्-*v. t. & i.* to strike with open hand on buttocks. चूतड़ पर थप्पड़ मारना; -*n.* a blow. थप्पड़।

Spanker-स्पैङ्कर् - *n.* a fast-going horse. तेज दौड़नेवाला घोड़ा ; **Spanking** (-इङ्ग्) -*adj.* dashing. पीट-पाटकर आगे बढ़ता हुआ।

Spanner - स्पैं - नर् - *n.* one who spans, an instrument for turning nuts on screws. नापनेवाला, हथकल, ढिबरी कसने या खोलने का औजार या यंत्र।



Spanners.

Spar-स्पार्-*n.* a crystalline of mineral, a rafter, a stout pole, a boxing match, cockfight. स्फटिक के सदृश एक खनिज पदार्थ, जहाज का मस्तूल, धरन, बल्ला, मुक्केबाजी, मुरगे की लड़ाई; -*v. t.* (*p. t.* **Sparred.**) to fit with spars, to box, to dispute. मस्तूल लगाना, मुक्की लड़ना, झगड़ा करना ; **Spar-deck** (-डेक्)-*n.* upper deck of a ship. जहाज की ऊपरी छत; **Sparring** (-रिङ्ग्)-*n.* preliminary strokes in boxing. मुक्केबाजी, मुठभेड़; **Sparry** (- रि) -*adj.* abounding in spar. स्फटिक के सदृश खनिज पदार्थसे पूर्ण।

Sparable-स्पैरेब्ल्-*n.* (also **Sparrow-bill.**) a headless nail used in the soles and heels of shoes and boots. जूते के तल्ले में जड़ने की बिना माथे की कील।

Spare-स्पेअर्-*adj. & n.* scanty, frugal, lean. अल्प (थोड़ा), अल्पव्ययी, दुर्बल; -*n.* a small part, a slit at the top of a skirt. अल्प भाग, घाघरे के ऊपरी भाग की दरार।

Spare-स्पेअर् - *v. t. & i.* to be frugal, to abstain from hurting or killing, to save, to forgive, to forbear. अल्प व्यय करना, रक्षा करना, बचाना, क्षमा करना, सहन करना।

Sparely-स्पेअर्-लि-*adv.* sparingly. अल्प व्यय से।

Spareness-स्पेअर्-नेस् - *n.* leanness. अल्पता, दुर्बलता।

Sparger-स्पार्जर्-*n.* an apparatus for sprinkling. छिड़कने का यन्त्र।

Sparing-स्पेअरिङ्ग्-*adj.* not plentiful, scanty. अल्पव्ययी, परिमित व्यय करनेवाला; **Sparingness** (-नेस्)-*n.* the quality of being sparing. क्षीणता, कृशता।

Spark-स्पार्क्-*n.* a particle of fire thrown off from a burning substance, a small bright object. अग्निकण, चिनगारी, चमकीला छोटा पदार्थ ; -*v. t.* to emit sparks. चिनगारी निकालना।

Spark-स्पार्क्-*n.* a gay fellow, a lover, a woman of great beauty. बाँका छैला, प्रेमी, बहुत सुन्दर स्त्री; -*v. i.* to play the gallant or lover. प्रेमी की तरह व्यवहार करना।

Sparkful-स्पार्क्-फुल्-*adj.* lively, brisk, gay. तीव्र, फुर्तीला, आनन्दपूर्ण।

Sparking-स्पार्किङ्ग्-*adj.* generating sparks. चिनगारी निकलनेवाला; **Sparking plug** (an appliance for generating electric sparks.) बिजली की चिनगारी निकालने का यन्त्र ; **Sparking wit** (keen intelligence.) स्फूर्तिमान् बुद्धि।

Sparkish-स्पार्-कि-श्-*adj.* showy, gay. दिखौवा, भड़कीला।

Sparkle - स्पार्क्ल् - *v. i.* to emit sparks, to glitter. चिनगारी फेंकना, चमकना; - *n.* a spark. प्रभा, चमक।

Sparkless-स्पार्क्-लेस्-*adj.* without sparks. बिना चिनगारी का।

Sparkler-स्पार्क-लर्-*n.* a luminous particle. चमकनेवाला कण।

Sparklet-स्पार्क्' - लेट्-*n.* a small sparkle, a charge of carbonic acid. छोटी चिनगारी, कार्बोनिक एसिड भरी हुई गोली।

Sparkling-स्पार्क्लिङ्ग्-*adj.* shining, glittering with sparks. चमकता या जगमगाता हुआ ; **Sparklingly** (-लि) -*adv.* in a sparkling manner. चमकते हुए ढंग से।

Sparks-स्पार्क्-स्-*n.* a wireless operator. बेतार के तारबर्की के यन्त्र को चलानेवाला; **Fairy sparks** (phosphorescent light.) हड्डी इत्यादि से निकलनेवाला प्रकाश-कण।

Sparrow - स्पॅ रॅ - *n.* a kind of small bird. चटक, गौरैया; **House sparrow** (domestic sparrow.) घरेलू गौरैया; **Sparrow-hawk** (a kind of small hawk.) गौरैया का शिकार करनेवाला बाज़ पक्षी।

Sparse-स्पार्स्-*adj.* thin, scattered, not dense. पतला, विरल, दूर-दूर पर का; **Sparsely** (-लि) -*adv.* in a scattered manner. विरलता से; **Sparseness, sparsity** (-नॅस्, - इ -टि)-*ns.* thinness. विरलता, छरहरापन।

Spartan-स्पार्टन् - *adj.* pertaining to Sparta, brave and hardy. स्पार्टा नगर-सम्बन्धी, वीर, साहसी।

Spasm-स्पॅज़्म्-*n.* strain, a sudden fit, excessive muscular contraction. सङ्कोच, मरोड़, ऐंठन; **Functional spasm** (nervous disorder caused by occupation.) किसी व्यवसाय के कारण नाड़ियों में ऐंठन आ जाना।

Spasmodical-स्पॅज़्मॅडिकल्-*adj.* relating to spasm, convulsive. मरोड़ या ऐंठन-सम्बन्धी, अङ्ग-सङ्कोच करनेवाला, ऐंठने (अकड़ने) वाला; **Spasmodically** (-लि) -*adv.* in a spasmodic manner. सङ्कोच से, ऐंठन से।

Spasmology - स्पॅज़्मॅलॅजि - *n.* a treatise on convulsions. ऐंठन के रोग का शास्त्र।

Spat-स्पॅट्-*n.* the egg of fish or oyster. मछली या घोंघे का अण्डा।

Spat-स्पाट्-*p. t. & p. p.* of **Spit.** थूका।

Spatchcock-स्पॅच्-कॉक्-*v. t. & n.* to insert words in a telegram hastily, fowl killed and cooked hastily. जल्दी से तार की खबर में शब्द भरना, जल्दी से मारकर पकाया हुआ मुर्गा।

Spate-स्पे ट्-*n.* a flood in a river. नदी का बाढ़।

Spatial-स्पे-शल्-*adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spatiality-स्पेशलिटि-*n.* spaciousness. विस्तार, फैलाव।

Spatially-स्पेशलि-*adv.* in a spacious manner. विस्तृत ढंग से।

Spatter-स्पॅ'-टर्-*v. t. & i.* to splash, to scatter in small drops. छितराना, छिड़कना; -*n.* splashing. छितराव, छिड़कन।

Spatula-स्पॅ-चु-लॅ-*n.* an instrument with broad blade for spreading pigments, plaster &c., an instrument for pressing tongue. रङ्ग, मलहम इत्यादि फैलाने का औजार, जीभ दबाने का यन्त्र।

Spatular-स्पॅचुलर्-*adj.* of the shape of a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatulate-स्पॅचुलेट्-*adj.* shaped like a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatule-स्पॅट्' - यूल्-*n.* broad spoon-shaped formation. चम्मच की तरह का चौड़ा आकार।

Spavin-स्पॅ-विन्-*n.* a disease in horses. घोड़ों का एक रोग, हड्डा।

Spawn-स्पॉन्-*n.* eggs of fish or frog, (in contempt.) human offspring. मछली या मेढक का अण्डा, (तिरस्कार में) मनुष्य का बच्चा; -*v. t. & i.* to produce eggs, to generate. अण्डा देना, बच्चा जनना ; **Spawner** (-अर्)-*n.* a female fish or frog. मादा मछली या मेढक।

Spay-स्पे - *v. t.* to castrate, to remove the ovaries. बधिया करना (आख्ता करना), स्त्रियों का डिम्बकोष या पुरुषों का अण्डकोष हटाना।

Speak-स्पीक्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Spoke, Spake;** *p.p.* **Spoken.**) to utter words, to hold conversation (with a person about something), to deliver speech, to pronounce, to make known. बोलना (कहना), वार्तालाप करना, व्याख्यान देना, उच्चारण करना, जताना; **So to speak** (to speak in the way as.) यदि ऐसा प्रयोग किया जा सके ; **To speak fair** (to speak in a fair language.) शिष्ट भाषा का प्रयोग करना; **To speak for** (to speak for another.) किसी के लिये बोलना; **To speak ill of** (to abuse.) निन्दा करना; **To speak one's mind** (to express one's thoughts.) अपना विचार प्रकट करना; **To speak out** (to proclaim.) घोषित करना, स्पष्ट रूप से करना; **To speak up** (to speak loudly.) जोर से बोलना।

Speaker-स्पीकर्-*n.* one who makes discourse, the president of a deliberative assembly. बोलनेवाला (व्याख्यान देनेवाला), सभापति; **Speakership** (-शिप्) -*n.* the office of a speaker. वक्ता का पद

Speaking-स्पीकिङ्ग्-*n. & adj.* act of expressing ideas in words, discourse, seeming

to speak. भाषण (उक्ति), बातचीत, बोलती हुई; **Speaking trumpet** (a magaphone.) दूर तक शब्द फेंकनेवाली तुरही ; **Speaking tube** (a pipe for speaking through.) बोलने की नली जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक शब्द पहुँच सकता है ।

Spear-स्पिअर् - *n.* a long pointed hurling weapon, a lance. बरछी, भाला ; **Spearman** (-मॅन्)-*n.* one armed with a spear. भाला धारण करनेवाला सिपाही; -*v. i. & t.* to kill with a spear. भाला या बरछी से मारना ।

Spec-स्पॅक्-*n.* speculation, enterprise. कल्पना, विचार, युक्ति ।

Special-स्पॅ'-शल्-*adj.* particular, not general, peculiar, extraordinary, chief in excellence, uncommon. विशेष, असाधारण, विचित्र, असामान्य, प्रधान, अनोखा; -*n.* something specially appointed. असाधारण या विशिष्ट वस्तु; **Special characteristics** (distinctive quality.) विशिष्ट धर्म ।

Specialism-स्पॅशॅ'-लिज़्म् - *n.* devotion to a special branch of study. विशेष-विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति ।

Specialist-स्पॅशॅ'- लिस्ट्-*n.* one who devotes himself to a special branch of knowledge. किसी व्यवसाय या शास्त्र के मुख्य अङ्ग में प्रवीण व्यक्ति **Specialistic** (-इक्) -*adj.* pertaining to specialism. विशेष विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति से सम्बन्धित ।

Speciality-स्पॅशॅ'-लि-टि- *n.* particular talent, a special contract, a special pursuit. विशेष धर्म, विशिष्टता, विशेष या साधारण शर्तें, विशिष्ट नियम-पत्र ।

Specialization-स्पॅशलाइज़ेशन्-*n.* the act of specializing. विशिष्टीकरण ।

Specialize-स्पॅशॅ'-लाइज़् - *v. t. & i.* to make specific, to limit, to differentiate, to be a specialist. सीमा बाँधना, अलगाना, विशिष्ट करना, विशेषज्ञ बनना ।

Specially-स्पॅशॅ-लि-*adv.* in a special manner. विशेष रूपसे ।

Specie-स्पी-शी-*n.* money in form of coins. नगद रुपया, सिक्का ।

Species-स्पी'-शीज़्-*n.* (*sing. & pl.*) kind, sort, class. जाति, प्रकार, भेद, वर्ग; **A species of animal** (a class of animal.) प्राणि-विशेष; **Of the same species** (of similar class.) एक जाति का ।

Specifiable-स्पॅसिफ़ाइ- अबल्-*adj.* able to be specified. विशिष्ट वर्णन करने योग्य ।

Specific - स्पॅसिफ़िक् - *adj.* definite, distinct, possessing the qualities which characterize a species, peculiar. विशिष्ट, असामान्य, विशेष जाति का, विलक्षण; **Specific character** (distinct character.) विशेष लक्षण ; **Specific gravity** (specific weight.) विशिष्ट गुरुत्व ; **Specific medicine** (medicine having distinct effect in curing a particular disease.) किसी रोग के हटाने की विशिष्ट औषधि ।

Specifically-स्पॅ - सि - फ़िक्-लि-*adv.* in a specific manner. विशेष रूप से ।

Specification-स्पॅ-सि-फ़ि-के-शन् -*n.* the act of specifying, detailed description of anything. विशेष वर्णन, किसी पदार्थ की विस्तारपूर्वक व्याख्या ।

Specificness-स्पॅ-सि-फ़िक्-नॅस्-*n.* distinctness. विशेषता ।

Specified-स्पॅसिफ़ाइड् - *adj.* specially designated. निर्दिष्ट किया हुआ ।

Specify-स्पॅ-सि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Specified.**) to mention definitely, to name particularly. विशेष रूप से कहना, एक-एक करके वर्णन करना ।

Specimen-स्पॅसिमॅन् - *n.* sample, pattern. आदर्श, प्रतिरूप, नमूना, बानगी ।

Speciological-स्पी'-शिऑ- लॅजिकल्-*adj.* pertaining to speciology. जाति मूल शास्त्र सम्बन्धी ।

Speciology-स्पी'शिऑ-लॅजि - *n.* the science of species. जाति के मूल का शास्त्र ।

Speciosity-स्पी'शिऑसिटि-*n.* good appearance. सुन्दर आकृति ।

Specious-स्पी' - शस् - *adj.* obvious, showy, plausible, of good appearance, fair on the surface. स्पष्ट, दिखौवा, सदृश, देखाव में सुन्दर, अच्छी आकृति का; **Speciously** (-लि) -*adv.* in a specious manner. सुन्दर आकृति से ।

Speciousness (-नॅस्)-*n.* plausible appearance. दिखावटी सुन्दरता ।

Speck-स्पॅक्-*n.* a small spot, stain, dot, mark of rottenness. सूक्ष्म बिन्दु, चिह्न, कलंक, बिन्दु, (फल में) सड़ाहट का चिह्न ।

Speckle-स्पॅकल् - *n.* a small spot or speck. बिन्दु, चित्ती, धब्बा;-*v. t.* to cover with specks. धब्बा डालना ।

Speckled-स्पॅकल्'-ड्-*adj.* spotted, variegated. चितकबरा चित्तीदार ।

Speckless-स्पॅक्-लॅस् -*adj.* spotless. बिना धब्बे का, स्वच्छ ।

Specs-स्पॅक्स्-*n. pl.* pair of spectacles. उपनेत्र, चश्मा ।

Spectacle-स्पे॑-क्ट्-कुल् *-n.* public show or exhibition. प्रदर्शनी, कौतुक (चमत्कार), तमाशा।

Spectacled-स्पे॑ - क्ट् - कुल् - ड् - *adj.* wearing spectacles. चश्मा पहिने हुए।

Spectacles-स्पे॑-क्ट्-कुल्-स्-*n. pl.* pair of lenses set in a frame used for defective vision. उपनेत्र, चश्मा, ऐनक।

Spectacular-स्पे॑क्टॅक्युलर् *-adj.* pertaining to shows. प्रदर्शनी या कौतुक सम्बन्धी; **Spectacularly** (-लि) *-adv.* in a spectacular manner. चमत्कार से, प्रदर्शन करते हुए।

Spectator-स्पे॑क्टेटर्-*n.* (*fem.* **Spectatress**-ट्रेस्) a looker-on, a beholder. प्रेक्षक, देखनेवाला, तमाशबीन।

Spectral-स्पे॑-क्ट्-रल्-*adj.* like a ghost, of ghost, resembling a spectre. प्रेत-तुल्य, भूत-प्रेत से सम्बन्ध रखनेवाला, भूत-प्रेत के समान; **Spectrally** (-लि)-*adv.* in a spectral manner. प्रेतवत्।

Spectre-स्पे॑क्ट्-अर्-*n.* an apparition, a ghost. भूत, पिशाच (वेताल)।

Spectro-स्पे॑क्ट्रॅ-*pref.* in sense of "spectrum". उपसर्ग जिसका अर्थ "दृश्य-सम्बन्धी" होता है; **Spectrograph** (-ग्रॉफ़)-*n.* an apparatus for photographing the spectrum. दृश्य रूप का छायाचित्र खींचने का यन्त्र; **Spectroscope** (-स्कोप्) *-n.* an instrument for analysing the rays reflected by a spectrum. किरण के दृश्य-रूप को पृथक्-पृथक् देखने का यन्त्र; **Spectroscopic** (-स्कॉप्-इक्), **Spectroscopical** (-स्कॉप्-इकल्) *-adjs.* pertaining to spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र सम्बन्धी; **Spectroscopically** (-स्कॉप्-इकलि) *-adv.* by means of spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र द्वारा विवरण करते हुए ; **Spectroscopist** (-स्कॉ-पिस्ट) *-n.* one who works with a spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र का व्यवहार करनेवाला।

Spectrum-स्पे॑क्ट्रम् *-n.* (*pl.* **Spectra.**) an image of something presented to the eyes when the eyes are closed or turned away, an image formed by the rays of light, the seven coloured band formed by passing a light through a glass prism. आँख बन्द करने या फेर लेने पर जो रूप किसी पदार्थ का आँख में अंकित रह जाता है, प्रकाश की किरणों से बना हुआ आकार जो प्रकाश के न्यूनाधिक होने से गहरा या हलका देख पड़ता है, शीशे की त्रिभुजाकृति के बीच से सूर्य-किरण के जाने पर उसकी सतरंगी विश्लेषित पट्टी।

Specular-स्पे॑क्युलर्-*adj.* having the qualities of a mirror. दर्पण के गुणवाला।

Speculate-स्पे॑-क्यु-लेट्-*v. i.* to make an enquiry, to meditate, to form an opinion, to make investment, to make a purchase in expectation of a rise in value. विचार करना, सोचना, कल्पना करना, लाभ की आशा से व्यवसाय में धन लगाना या बेंचा-बिक्री करना।

Speculation-स्पे॑-क्यु-ले-शन्-*n.* contemplation, mental view, theory. विचार, कल्पना, सिद्धान्त।

Speculative-स्पे॑क्युलेटिव्-*adj.* contemplative. काल्पनिक, विचारवान्, विचार योग्य; **Speculatively** (-लि)-*adv.* theoretically. काल्पनिक रूप से; **Speculativeness** (-नेस्) *-n.* the state of being speculative. कल्पना, विचार; **Speculator** (-अर्)-*n.* one who speculates. कल्पना करनेवाला, विचार करनेवाला।

Speculum-स्पे॑-क्यु-लम् *-n.* (*pl.* **Specula.**) a surgical mirror. शरीर के भीतर का भाग देखने का दर्पण।

Sped-स्पे॑ड् *-p. t.* & *p. p.* of **Speed.** went quickly. शीघ्रता से गया।

Speech-स्पीच् *-n.* the faculty of speaking, anything said, a particular language, public address, an oration. वाणी, वचन, भाषा, बोल-चाल, व्याख्यान; **Eloquence of speech** (beautiful language.) पदलालित्य; **Figure of speech** (rhetorical abnormal expression.) अलंकार; **Maiden speech** (the first speech of an orator.) व्याख्यानदाता का पहिला भाषण; **Part of speech** (grammatical division of words.) शब्द-भेद; **Set speech** (speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान।

Speechifier-स्पी-चि-फ़ाइ' - अर् *-n.* one who speechifies. व्याख्यान देनेवाला।

Speechify-स्पी-चि-फ़ाइ-*v. t.* to make a speech. व्याख्यान देना।

Speechless-स्पीच्' - लेस् *-adj.* deprived of speech, dumb. अवाक्, गूँगा; **Speechlessly** (-लि)-*adv.* mutely. मूकता से, बिना बोले हुए; **Speechlessness** (-नेस्) - *n.* muteness, dumbness. मूकता, गूँगापन।

Speed-स्पीड् *-n.* rapidity or quickness of movement, success. वेग, शीघ्रता, गति, ऐश्वर्य, सफलता; *-v. t.* & *i.* (*p. t.* **Sped.**) to go fast, to hasten, to make success, to aid. तेज चलना, जल्दी करना, सफल होना, सहायता देना; **God speed** (may God give prosperity.) ईश्वर मार्ग में कल्याण करे।

Speeder-स्पी-डर् - *n.* that which speeds motion. यन्त्र की गति बढ़ाने का साधन; **Speedily** (-इ-लि)-*adv.* with speed. झट, बिना बिलम्ब के; **Speedometer** (स्पीडॉ'-मिटर्) -*n.* speed indicator. किसी यन्त्र की गति बतलानेवाला यन्त्र या साधन।

Speedy-स्पी-डि-*adj.* rapid, prompt. शीघ्र गति का, वेगवान्।

Spelaean-स्पि-ली-अन्-*adj.* pertaining to caves, dwelling in caves. गुफ़ा-सम्बन्धी, गुफ़ा में रहनेवाला।

Spell-स्पेल्-*n.* words used as a charm, fascination, attraction. यन्त्र (टोना, जादू), मोहन, आकर्षण; -*v. t.* to charm. मन्त्र द्वारा वशीभूत करना।

Spell-स्पेल्-*v. t.* (*p. t. & p.p.* **Spelled, Spelt.**) to write or name the letters that form a word, to take the place of. किसी शब्द के अक्षरों को यथास्थान बतलाना, शब्द-विन्यास करना, पारी से काम करना; **To spell backwards** (to change meaning.) अर्थ बदलना; **To spell out** (to make out words letter by letter.) हिज्जे करना, शब्द-विन्यास बताना।

Spell-bound-स्पेल्'-बाउन्ड् -*adj.* fascinated. अभिमन्त्रित, मन्त्र द्वारा रोका हुआ।

Speller-स्पेलर् -*n.* one who is skilled in spellng. शब्द में अक्षरों को यथास्थान बतलानेवाला।

Spelling-स्पेलिङ्ग्-*n.* the act of naming the letters of a word. शब्द-विन्यास, हिज्जे; **Double spelling** (two forms of a word.) शब्द का दो रूप; **Spelling book** (a book for teaching children to spell and read.) बच्चों को शब्दों का हिज्जे करना तथा पढ़ना सिखलाने की पुस्तक; **Variation in spelling** (different spellings.) शब्द-विन्यास का अन्तर।

Spelt-स्पेल्ट्-*p. p.* of **Spell.** हिज्जे बताया गया।

Spelt-स्पेल्ट्-*n.* German wheat. जर्मनी का गेहूँ।

Spelter-स्पेल्टर्-*n.* zinc. जस्ता।

Spencer-स्पेन्सर्-*n.* a short overcoat for men or women. पुरुष या स्त्री का छोटा ऊपरी कोट।

Spend-स्पेन्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p.p.* **Spent.**) to pay for a purchase, to lay out, to consume, to wear out, to waste. व्यय करना, लगाना, उपयोग करना (उड़ाना), लुटाना, क्षय करना; **Spent with toil** (exhausted owing to labour.) परिश्रम से थका हुआ।

Spendable-स्पेन्डे-बल्-*adj.* able to be spent. व्यय करने योग्य।

Spender-स्पेन्डर् -*n.* one who spends. व्यय करनेवाला।

Spending-स्पेन्डिङ्ग्-*n.* expense, waste. व्यय, त्याग।

Spendthrift-स्पेन्ड्'-थ्रिफ़्ट्-*n.* one who spends lavishly. अतिव्ययी, मुक्तहस्त, धन उड़ानेवाला।

Spent-स्पेन्ट्-*p. t. & p. p.* of **Spend.** व्यय किया।

Sperm-स्पर्म -*n.* the male generative cell, spermaceti. शुक्राणु, वीर्य, मछली के सिर में से निकाली हुई चर्बी।

Spermaceti-स्पर्-मी-सें टि-*n.* a white fatty substance obtained from the head of sperm, whale &c. शुक्राणु या ह्वेल मछली के सिर का तेल।

Spermary-स्पर्मरि -*n.* the gland which contains sperm. शुक्राशय।

Spermatic-स्पर्-मॅ-टिक् - *adj.* pertaining to sperm. शुक्राणु या शुक्र सम्बन्धी।

Spermato-स्पर्मॅ-टॅ-*pref.* in sense of 'sperm'. 'शुक्र' अर्थ का उपसर्ग; **Spermatology** (-लॅ-जि) -*n.* the study of sperm. शुक्र के अध्ययन का शास्त्र; **Spermatorrhoea** (-रि-आ) -*n.* involuntary emission of semen. अज्ञात में शुक्रपात; **Spermatozoa** (-ज़ो-आ) -*n. pl.* (*sing.* **Spermatozoon.**) sperm-cells. शुक्राणु।

Spermo-स्पर्-मॅ-*pref.* in sense of 'seed'. 'बीज' अर्थ का उपसर्ग।

Spew, Spu-स्प्यू-*v. t. & i.* to vomit, to droop very quickly. वमन करना, जल्दी से गिरना।

Sphagnum-स्फॅग्नम्-*n.* (*pl.* **Sphagna.**) a kind of moss which grows in marshes. दलदल में उगनेवाली एक प्रकार की सेवार।

Sphenoid-स्फी-नॉ-इड्-*adj.* of the shape of a wedge. फन्नी के आकार की।

Sphenoidal-स्फी-नॉ-इ-ड्-अल् -*adj.* of a form of a sphenoid. फन्नी की आकृति का।

Sphere-स्फ़ि-अर् -*n.* ball, globe, the heavens, a heavenly body, province, one's field of action. गेंद, पोलक, आकाश, ग्रह, अधिकार (पद), कार्य, स्थिति; -*v. t.* to form into roundness. मण्डल के आकार का बनाना, चक्र में लपेटना; **Celestial sphere** (heavenly body.) ग्रह मण्डल।

Spheric-स्फ़ें-रिक्-*adj.* celestial, of the heavens. आकाश-सम्बन्धी, दैवी; **Spherical** (-अल्) -*adj.* globular, shaped like a sphere. वर्तुल, गोल, गोलाकार; **Spherically** (-लि) -*adv.* in a spherical manner. गोलाकार रूप में।

Sphericity-स्फ़ें रिसिटि-*n.* rotundity. गोलाई।

Spherograph-स्फि-रॅ-ग्राफ़-*n.* an instrument for projecting the relative positions of the earth on a disk. किसी गोल वस्तु पर पृथ्वी का छायाचित्र बनाना।

Spheroid-स्फ़ि-रॉ-इड्-*n.* a sphere-like solid. उपगोल, अण्डाकार आकृति; **Spheroidical** (-इ-कल्)-*adj.* in the form of a spheroid. अण्डाकार आकृति के रूप में।

Spherometer-स्फ़ि (-स्फ़ॅ)-रॅ-मिटर्-*n.* an instrument for finding out the radius of a sphere. गोलक का अर्धव्यास ठीक-ठीक नापने का यन्त्र।

Spherular-स्फ़ॅ र्युलर् - *adj.* pertaining to a spherule. छोटे गोलक का।

Spherule-स्फ़ॅ र्-युल्-*n.* a small sphere. छोटा गोलक।

Sphery-स्फ़ी-अ-रि-*adj.* spherical. गोलाकार।

Sphinx - स्फ़िङ्क्स् - *n.* (*pl.* **Sphinxes.**) a fabulous monster with a woman's head and a lion's body. एक कल्पित दैत्य जिसका कपाल स्त्री का तथा शरीर सिंहका माना जाता था।



Sphinx.

Sphygmograph-स्फ़िग्'-मॅ-ग्रैफ़-*n.* an instrument for recording the beatings of pulse. नाड़ी की गति अङ्कित करने का यन्त्र।

Spice-स्पाइस्-*n.* an aromatic vegetable substance used for flavouring food. सुगन्धित द्रव्य, मसाला; -*v. t.* to season with spice मसालेदार बनाना।

Spicery-स्पाइसरि-*n.* spices in general, a room for keeping spices. गरम मसाले, मसाला रखने की कोठरी।

Spicily-स्पाइस्-इलि-*adv.* in a fragrant form. सुगन्धयुक्त; **Spiciness** (-इ-नॅस्)-*n.* the state of being spicy. मसालापन।

Spick-स्पिक्'-*adj.* quite new. बिलकुल नवीन।

Spicular-स्पिक्युलर्, **Spiculate**-स्पिक्यु-लेट्-*adjs.* having sharp points. काँटेदार, नोकदार।

Spicule-स्पि-क्यू-ल्-*n.* a small spike, a sharp-pointed body. नोकदार वस्तु।

Spider-स्पाइ-डर्-*n.* an eight-legged insect of many varieties which spin webs. मर्कटक, मकड़ा; **Spiderlike** (-लाइक्)-*adj.* like a spider. मकड़े की तरह का; **Spiderline** (the thread of a spider's web.) मकड़े के जाले का सूत्र।

Spidery-स्पाइ-डर्-इ-*adj.* full of spiders. मकड़ों से पूर्ण।

Spigot-स्पिगॅट्-*n.* a plug for inserting into the hole of a cask or pipe. नली या पीपे के छेद में लगाने का डट्टा।

Spike-स्पाइक्-*n.* a pointed nail, a large railway nail, ear of corn. नुकीला काँटा, बड़ी काँटी, अन्न की बाल;-*v. t.* to fasten with spikes. खूँटा ठोंकना।

Spikelet-स्पाइक्'-लेट्-*n.* a small spike. छोटी खूँटी।

Spikenard-स्पाइक्-नर्ड-*n.* a perennial highly aromatic plant, an aromatic ointment made from this herb. जटामासी, बालछड़, इससे बना हुआ सुगंधित मलहम।

Spikewise-स्पाइक्-वाइज़्*adj.* like a spike. खूँटे या कील की तरह।

Spiky-स्पाइकि-*adj.* having a sharp point. काँटेदार।

Spile-स्पाइल्-*n.* a wooden peg. लकड़ी का खूँटा; -*v. t.* to pierce hole in a barrel. पीपे में छेद करना।

Spiling-स्पाइलिङ्ग्-*n.* a row of spiles. खूँटियों की पंक्ति।

Spill-स्पिल्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Spilled, Spilt.**) to allow a liquid &c., to fall or run out of a vessel, to shed, to waste, to throw away. गिराना, बहाना, छिड़कना, नष्ट करना, फेंकना;-*n.* a fall or a throw, a thin strip of wood for lighting candles. गिरान, बहाव, मोमबत्ती जलाने का टुकड़ा; **To spill blood** (to shed blood, to murder.) रुधिर बहाना, हत्या करना।

Spilt-स्पिल्ट्-*p. t.* of **Spill.**

Spin-स्पिन्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Span,** *p. p.* **Spun)** to draw out and twist into threads, to twist, to prolong. सूत कातना, चक्कर देना या चक्कर खाना, बढ़ाना; -*n.* a whirl, a revolving motion. चक्कर, घुमाव; **Spun gold** (gold-thread.) कलाबत्तू; **To spin out** (to spend.) व्यय करना।

Spinach, Spinage - स्पिनॅिक्, - स्पिनॅज् - *ns.* a garden vegetable. पालक साग।

Spinaceous-स्पि-नें-शस्-*adj.* pertaining to spinach. पालक शाक-सम्बन्धी।

Spinal-स्पाइनल्-*adj.* of the spine or back-bone. पीठ की रीढ़-सम्बन्धी; **Spinal column** (the backbone.) पृष्ठवंश, पीठ की रीढ़; **Spinal cord** (cerebro-spinal axis.) पृष्ठवंश के भीतर की नाड़ी; सुषुम्ना।

Spindle-स्पिन्ड्ल्-*n.* the pin in the spinning wheel used for twisting thread and winding it, a pin on which something revolves, a slender thing. टेकुई, धुरा, दुर्बल पदार्थ; **Spindle-shanked**-*adj.* (with long thin legs.) पतली टाँगवाला।

Spindly-स्पिन्डलि-*adj.* thin and long. पतला और लम्बा।

Spindrift-स्पिन्'-ड्रिफ्ट्-*n.* the spray of the sea waves. समुद्र की लहरों की बौछार।

Spine-स्पाइन्-*n.* the backbone, the series of vertebrae forming the backbone, a sharp projection. पृष्ठवंश, पीठ की रीढ़, बड़ा काँटा।

Spined-स्पाइन्ड्-*adj.* having a backbone. रीढ़दार।

Spinel-स्पि-नेल्'-*n.* a kind of mineral. एक खनिज पदार्थ।

Spineless-स्पाइन्'-लेस्-*n.* devoid of spine, very weak. बिना पीठ की रीढ़ का, अति दुर्बल।

Spinet-स्पिनेट्-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बीन।

Spiniferous-स्पि-निफ़रस्-*adj.* bearing spines. पृष्ठवंशवाला।

Spinnaker-स्पिन्-अ-कर्-*n.* the large sail of a racing ship. दौड़ लगानेवाले जहाज़ का बड़ा पाल।

Spinner-स्पिनर्-*n.* one who spins, a thread-spinning machine. सूत कातनेवाला, सूत कातने की मशीन।

Spinneret-स्पिन्'-अ-रेट्-*n.* the spinning organ in spider or silkworm. मकड़ा या रेशम के कीड़े का कातनेवाला अंग।

Spinning-स्पिनिङ्ग्-*n.* the act of twisting thread. कताई का काम; **Spinning-jenny** (a machine in which several threads can be spun at a time.) अनेक तागों को एक साथ कातने की मशीन; **Spinning-wheel** (a wheel for spinning wool, cotton &c.) सूत या ऊन कातने का चरखा।

Spinney-स्पिन्-नि-*n.* a small thicket. छोटी झाड़ी।

Spinous-स्पाइनस्-*adj.* thorny. काँटेदार।

Spinster-स्पिन्-स्टर्-*n.* an unmarried elderly woman. अधिक वय की कुँवारी स्त्री; **Spinsterhood** (-हुड्)-*n.* the office of a spinster. ऐसी स्त्री का पद।

Spinthariscope-स्पिन्थरिस्कोप्-*n.* an instrument which shows the perpetual sparks emitted by radium. रेडियम धातु में से निरन्तर निकलनेवाली चिनगारियों को दिखलाने का यन्त्र।

Spinule-स्पि-न्यूल्-*n.* a small spine. पतली छोटी रीढ़।

Spinuliferous-स्पिन्-यूलिफ़रस्-*adj.* having spines. रीढ़दार।

Spiny-स्पाइनि-*adj.* (*comp.* **Spinier**, *sup.* **Spiniest.**) full of spines, prickly. रीढ़दार, नोंकदार।

Spiracle-स्पाइ-रॅ-क्ल्-*n.* a breathing hole. साँस लेने का छिद्र, वायुमार्ग।

Spiracular-स्पि-रॅक्युलर्-*adj.* pertaining to spiracle. वायुमार्गवाला।

Spiral-स्पाइरल्-*adj.* coiled, winding like a screw. चक्राकार, पेंचदार, घुमौआ; -*n.* spiral curve. चक्कर; **Spirality** (-इ-टि)-*n.* the stage of being windy. वर्तुलता; **Spirally** (-लि) -*adv.* in a spiral form. चक्राकार ढंग से; **Spiral-balance** (-बॅल्-ऑन्स्)-*n.* a handy instrument with spiral spring used for weighing. कमानी का तराजू।


Spiral balance.

Spirant-स्पाइरन्ट्-*n.* the pronunciation of a consonant. व्यञ्जन का उच्चारण।

Spire-स्पायर्-*n.* a tapering structure, coil, spiral, a steeple. आवर्त, लपेट, मीनार, शिखर।

Spired-स्पायर्ड्-*adj.* having a spire. कलशदार, शिखर वाला; **Spiry**-रि-*adj.* like a spire, tapering. कलशवत्, सूच्याकार, नोकदार।

Spirit-स्पिरिट्-*n.* the soul, mental disposition, rational being, a person of exceptional intelligence, energy, courage, liveliness, mood, real meaning, animating principle, essence, strong liquor. आत्मा, प्रवृत्ति, मनुष्य, अपूर्व बुद्धि का मनुष्य, तेज, प्रभाव, उत्साह, प्रसन्नता, स्वभाव, शुद्ध अर्थ, जीवन-सत्त्व, तीव्र मदिरा; **Spirits** (-स्)-*n. pl.* alcoholic liquors. मदिरा, शराब; -*v. t.* to cheer, to animate, to excite, to convey away secretly. प्रसन्न करना, साहस देना, उत्तेजित करना, गुप्त रीति से शीघ्र ले जाना; **Departed-spirit** (spirit of the dead.) प्रेतात्मा; **Evil-spirit** (a devil, one without enthusiasm.) राक्षस, उत्साहहीन मनुष्य; **Gentle spirit** (gentility.) स्वभाव की सुजनता; **In good spirits** (in happy mood.) प्रसन्नता पूर्ण; **In high spirits** (with enthusiasm.) उत्साह-सहित; **Spirit-lamp** (a lamp in which spirit is burnt for heating.) स्पिरिट से जलनेवाला लम्प; **Spirit-level** (an instrument for deter-

mining exact horizontal line.) समतल नापने का यन्त्र; **Supreme Spirit** (God.) परमात्मा; **The Spirit of the age** (or **times.**) mental or moral tendency of the times. समय की प्रचलित मानसिक अथवा नैतिक गति।

Spirited-स्पिरिटेड्-*adj*. full of spirit, animated, brisk, lively. तेजस्वी, वीर्यवान्, तीव्र, उत्कट; **Spiritedly** (-लि)-*adv*. in a spirited manner. उत्साह-सहित; **Spiritedness** (-नेस्)-*n*. the state of being spirited. साहस, उत्साह; **Spiritless** (-लेस्)-*adj*. without spirit. निस्तेज, नीरस; **Spiritlessly** (-लि)-*adv*. in a spiritless manner. नीरसता या उत्साहहीनता से।

Staring-स्टेअरिङ्ग्-*adj.* of a fixed look. स्थिर दृष्टि का; **Staringly** (-लि)-*adv.* in a staring manner. स्थिर दृष्टि से ।

Stark-स्टार्क्-*adj.* stiff, strong, rigid, resolute. कठोर, कड़ा, पुष्ट, दृढ़ ; -*adv.* quite, mere, wholly. बिलकुल, केवल, पूर्ण रूप से ।

Starless-स्टार्' - लेस्-*adj.* having no stars visible. बिना तारे का; **Starlight** (-लाइट्)-*n.* the light proceeding from the stars. तारों का प्रकाश; **Starlike** (-लाइक्)-*adj.* resembling a star. तारे के सदृश ।

Starling-स्टार्लिङ्ग्-*n.* a black-plumed bird of great imitative powers, protective piles round a bridge. सारिका, मैना, पुल की रक्षा करने के लिये उसके अगल-बगल का कङ्कड़-पत्थर का ढेर ।

Starlit-स्टार्'-लिट्-*adj.* lighted by stars. तारों से प्रकाशित ।

Starry-स्टारि-*adj.* full of stars. तारों से पूर्ण ।

Start-स्टार्ट्-*v. i. & t.* to make a sudden movement, to set out, to give way, to make a beginning, to rise suddenly, to set going, to excite, to loosen, to empty, to pour out. चौंक पड़ना, प्रस्थान करना, चलना, आरम्भ करना, चकित होना, एकाएक उठना, चालू करना, भड़कना, ढीला करना, खाली करना, बहाना; -*n.* a sudden motion, beginning of a journey, a sally, a fit. चौंक, प्रस्थान का आरम्भ, शोर-गुल, एकाएक गति, चमक; **By fits and starts** (with intermittent movements.) आकस्मिक प्रयत्न से; **Gave a sudden start** (started suddenly.) यकायक चौंक गया); **To get a start of** (to gain advantage.) सुविधा पाना; **To get the start, To start with** (in the first place.) आरम्भ करने के लिये, आरम्भ में; **To give a start** (to make a sign to advance.) दौड़ के लिये संकेत देना; **To start aside** (to set aside from a position.) स्थान से विचलित होना; **To start back** (to turn at once.) एकाएक घूम जाना; **To start in** (to commence.) आरम्भ करना; **To start up** (to startle, to rise suddenly.) चौंक उठना (जागना), चालू करना; **With a start** (with a sudden movement.) चौंककर ।

Starter-स्टार्टर्-*n.* one who starts. (दौड़ में) प्रस्थान करनेवाला; **Starting** (-इङ्ग्) - *n.* departure. प्रस्थान; **Starting-post** (a post from which the competitors start in a race.) जिस खम्भे से घुड़दौड़ इत्यादि का आरम्भ होता है ।

Startle-स्टार्ट्ल्-*v. t.* to surprise, to cause to start. चकित करना, चौंकाना; **Startler** (-लर्) -*n.* one who startles. चौंकानेवाला; **Startling** (-लिङ्ग्)-*adj.* impressing with fear. चौंकानेवाला ; **Startlingly** (-लिङ्ग्-लि) -*adv.* in a startling manner. चौंकाते हुए ।

Starts-स्टार्ट्स्-*n. pl.* spasmodic movements. (ब० व०) चौंकने की अवस्थाएँ ।

Starvation-स्टार्वेशन्-*n.* the act of starving. अनशन, उपवास ।

Starve-स्टार्व्-*v. i. & t.* to die of hunger, to suffer from extreme poverty, to suffer from cold, to suffer want, to deprive of food, to cause to perish. भूखों मरना, दरिद्रता से पीड़ित होना, ठंढ से कष्ट उठाना, पीड़ित करना, उपवास करना, नाश करना; **To starve oneself** (to stop eating.) आहार त्याग देना ।

Starveling-स्टार्व्-लिङ्ग्-*n. & adj.* a starving person or animal, hungry. भूखा प्राणी, बिना आहार किये हुए ।

Starving-स्टार्विङ्ग्-*adj.* without eating anything. क्षुधा से पीड़ित, निराहार ।

Stasis-स्टे-सिस् - *n.* stoppage of any of the bodily fluids. शरीर की रुधिर इत्यादि धातुओं की गति की रुकावट ।

State - स्टेट् - *n.* condition, a body-politic, rank, dignity, mode of existence, nation, pomp, commonwealth. अवस्था (दशा), राज्य, पद, अधिकार, जीवन-रीति, गौरव, राष्ट्र; -*v. t.* to express clearly in writing or speech, to fix, to narrate, to specify. प्रकट करना, वर्णन करना, स्थिर करना, कहना;-*adj.* belonging to the state, royal. राजकीय, राज-सम्बन्धी, सरकारी; **Chair of State** (a throne.) राजसिंहासन; **In state** (in grandeur.) वैभव में ।

State-affairs-स्टेट्-अफ़् - फ़ेअर्स्-*n. pl.* matters concerning a state. राजकार्य; **State-carriage**

(-कीर् रेंज)-*n.* a carriage for state occasions. राजकीय (शाही) सवारी; **State-craft** (-क्रॉफ़्ट) -*n.* the art of managing state affairs, statesmanship. राज-कार्य पद्धति, राजनीति; **State criminal** (-क्रिम्'-इ-नल्) -*n.* one imprisoned for political reasons. राजनीतिक कैदी; **State-monger** (-मॉङ्ग्-गर्)-*n.* one who is versed in politics. राजनीति में प्रवीण; **State-sevant** (-सर्-वेन्ट्) -*n.* a servant of the state. राजसेवक; **State of life** (condition of life.) जीवन-वृत्ति ।

Stated-स्टे - टेड् - *adj.* established, regular. निर्दिष्ट, नियमित ।

Stateliness-स्टेट्'-लि-नेस् -*n.* dignity. गौरव, महत्त्व ।

Stately-स्टेट्-लि -*adj.* grand, majestic. वैभव-युक्त, महत्त्व का, उज्ज्वल ।

Statement-स्टेट्'-मेंन्ट् -*n.* the act of stating, announcement. वर्णन (निवेदन), कथन (उक्ति), विज्ञापन ।

Statesman-स्टेट्स्-मन्-*n.* one who is skilled in the management of state affairs, a politician. राजकार्य में कुशल, राजनीतिज्ञ; **Statesmanlike** (-लाइक्)-*adj.* having the qualities of a statesman. राजनीतिज्ञ के सदृश; **Statesmanly** (-लि) -*adj.* pertaining to statesmanship. राजनीति-सम्बन्धी; **Statesmanship** (-शिप्)-*n.* the quality of being a statesman. राजनीतिज्ञता ।

Statical-स्टैटिकल् -*adj* . pertaining to bodies in rest. स्थिर पदार्थ-सम्बन्धी; **Statically** (-लि) -*adv.* in a statical manner. स्थिरता से ।

Statics-स्टैटिक्स् -*n. pl.* the science of bodies at rest. पदार्थ के भार-परिमाण का शास्त्र, जिस शास्त्र में पदार्थ की गुरुता का विचार रहता है ।

Station-स्टे'-शन् -*n.* the place where a thing rests or stands for a particular purpose, position, rank, a stopping place for railway trains, status in life. स्थान, स्थिति, दशा (ठिकाना, पद, अवस्था), रेलगाड़ी के ठहरने का स्थान, अधिकार, पदवी; -*v. t.* to fix in a certain place, assign station to. स्थापित करना (ठिकाना, बैठाना), ठहराना; **High station** (high rank.) उत्तम पद; **Naval station** (a port.) जहाजी बन्दरगाह; **Police-station** (a police office.) थाना, चौकी; **Station calendar** (a railway time-table.) रेल का टाइमटेबुल; **Station-master** (one in charge of a railway station.) रेलवे स्टेशन का प्रधान अधिकारी ।

Stationary-स्टे - शन्-अरि -*adj.* not moving, remaining. स्थिर, निश्चल, अचल, स्थायी, एक ही स्थान में ठहरा हुआ; **Stationary air** (air which is not moving.) स्थिर वायु ।

Stationer-स्टेशनर् -*n.* a merchant who sells writing materials. लेखन-सामग्री (यथा कागज, कलम, रोशनाई, पेन्सिल इत्यादि) बेचनेवाला; **Stationer's Hall** (-सं-हॉल) -*n.* the hall of the Stationer's Company in London, at which books are registered for purposes of copyright. लन्दन में पुस्तक की रजिस्ट्री का कार्यालय; **Stationery** (-रि) -*n.* writing articles sold by stationers. लिखने की सामग्री ।

Statism-स्टे टिज़्म् -*n.* the art of government. राज्य-शासन-कला ।

Statist-स्टैटिस्ट् -*n.* one dealing with statistics. क्रमबद्ध संख्यापत्रों का व्यवहार करनेवाला ।

Statistical-स्टै-टिस्टिकल् -*adj.* pertaining to statistics. परिगणन विद्या-सम्बन्धी; **Statistically** (-लि) -*adv.* by means of statistics. ऐसी गणना द्वारा ।

Statistician-स्टैटिस्टिश्यन् -*n.* a person versed in statistics. क्रमबद्ध गणना करने में निपुण व्यक्ति ।

Statistics-स्टै - टिस्टिक्स् -*n. pl.* the collection of facts and figures regarding the condition of a people, the science which treats of such facts. किसी देश के निवासियों की सब प्रकार की अवस्थाओं की क्रमबद्ध गणना, वह विद्या जिसमें इनका परिगणन होता है ।

Statoscope-स्टैटॅस्-कोप् -*n.* a barometer for showing the minute variations of pressure. वायु के दबाव का सूक्ष्म अन्तर बतलानेवाला यन्त्र ।

Statuary-स्टैट् - यु - अरि - *adj.* pertaining to statues. मूर्ति-सम्बन्धी; -*n.* a sculptor. मूर्ति बनानेवाला, मूर्तिकार ।

Statue-स्टैट् - यू - *n.* a sculptured or cast image of a person or an animal. ढालकर या खोदकर बनी हुई मूर्ति, प्रतिमा ।

Statued-स्टैट्'-ट्यूड् - *adj.* furnished with statues. मूर्तियुक्त, प्रतिमामय ।

Statuesque-स्टैट्-यु-ऍस्क्-*adj.* in the style of a statue. मूर्तिवत्, मूर्ति के समान; **Statuesquely** (-लि) -*adj.* like a statue. मूर्ति की तरह; **Statuesqueness** (-नेस्) -*n.* मूर्तिवत् रचना ।

Statuette-स्टैट्-यु-ऍट् -*n.* a small statue. छोटी मूर्ति ।

Stature-स्टे चर् -*n.* the natural height of the body. शरीर की ऊँचाई, डीलडौल; **Of dwarfish**

stature (of the height of a dwarf.) बौने की आकृतिवाला; Of low stature (of low height.) नाटा; Of short stature (of small height.) नाटे कद का।

Statured-स्टेच्यर्ड् *-adj.* arrived at full stature. पूरी ऊँचाई का।

Status-स्टे-टस् *- n.* social position, rank, relative importance. सामाजिक स्थिति, अवस्था, वस्तुस्थिति।

Statutable-स्टैट्'-युटेब्ल्-*adj.* conformable to statute. अवस्था (कानून) के अनुसार; **Statutably** (-इ) - *adj.* according to statute. व्यवस्थानुसार।

Statute-स्टैट्'-यूट् *-n.* a written law of the legislature, a law. नियम, व्यवस्था, कानून; **Statute-book** (-बुक्)-*n.* a book containing statute law. कानून की पुस्तक।

Statutory-स्टैट् - यु - टरि *- adj.* enacted by statute. व्यवस्था से स्थापित, क़ानून से स्थिर किया हुआ।

Staunch-स्टॉन्श्, **Stanch**-स्टान्श् *- adjs.* trustworthy, watertight or airtight. विश्वासी, जल या वायु का अप्रवेश्य।

Staunchly-स्टॉन्श्-लि *-adv.* in a trustworthy manner. विश्वास से; **Staunchness** (-नेंस्)-*n.* the state of being staunch. विश्वस्तता।

Stave-स्टेव्-*n.* one of the curved pieces of wood which forms a cask, rung of a ladder, a stanza of a verse. पीपे की पटरी, लकड़ी की सीढ़ी का डण्डा, कविता का चरण;-*v. t.* (*p. t.* **Staved** *or* **Stove.**) to break a hole in, to furnish with staves, to crush out. छेद करना, पट्टी लगाना, कुचलना; **To stave in** (to crush out of shape.) कुचलकर टेढ़ा-मेढ़ा करना; **To stave off** (to ward off.) हटा देना।

Stay-स्टे *-v. t. & i.* (*p. t.* **Stayed.**) to stop, to restrain, to remain, to postpone, to prop, to dwell, to wait. रोकना, थामना, टालना (विलम्ब करना), सहारा देना, ठहरना, टिकना राह देखना; *-n.* remaining in a place, stand, stop, prop, support. ठहराव, रुकाव, प्रतिबन्ध, सहारा, आधार; **Stayless** (-लेंस्) *-adj.* without support. बिना सहारे का; **Stay order** (ऑर्डर्) *-n.* suspension of judgment for a time. न्याय-निर्णय का कुछ काल के लिये निलम्बन; **Stays** (-ज़्')-*n. pl.* a corset. (ब० व०) अँगिया, चोली; **To stay progress** (to stop advance.) उन्नति रोक देना।

Stead-स्टेड् *-n.* place. स्थान, भूमि; **Instead of** (in place of.) वास्ते, लिये, बदले में; **To stand in good stead** (to be serviceable.) लाभदायक होना, सुविधा का होना।

Steadfast-स्टेड्' - फ़ास्ट् *- adj.* constant, firm, resolute. निश्चल, स्थिर (अचल), अटल; **Steadfastly** (-लि) *-adv.* in a firm manner. स्थिरता से, दृढ़ता से; **Steadfastness** (-नेंस्) *-n.* firmness. स्थिरता, दृढ़ता।

Steadily-स्टे-डि-लि-*adv.* firmly, fixedly. स्थिरता या दृढ़ता से; **Steadiness** (-नेंस्)-*n.* firmness, constancy. स्थिरता, नित्यता।

Steading-स्टे-डिङ्ग्-*n.* a farmyard. खलिहान।

Steady-स्टे-डि-*adj.* (*comp.* **Steadier,** *sup.* **Steadiest.**) firmly fixed, constant, not changing, regular, uniform, sober, industrious. दृढ़, सतत, स्थिर, अचल, नियमित, बराबर, शान्त, उद्यमी; *-v. t.* to make steady. स्थिर करना (सँभालना)।

Steak-स्टेक्-*n.* a slice of meat cut for broiling. भूनने के लिये काटी हुई मांस की बोटी।

Steal-स्टील् *- v. t. & i.* (*p. t.* **Stole,** *p. p.* **Stolen.**) to take away secretly without permission, to move secretly or silently, to slip away, to win. चोरी करना (चुराना), खिसक जाना, हृदय लुभाना; **Stealer** (-अर्) *-n.* one who steals, a thief. तस्कर, चोर, हरण करनेवाला; **Stealing** (-इङ्ग्) *-n.* the act of thieving. चोर कर्म।

Stealth-स्टेल्थ्-*n.* the act of stealing, secrecy. (अपहरण) चोरी, गुप्त कार्य; **Stealthily** (-इ-लि)-*adv.* by way of theft. चोरी से, गुप्त रीति से; **Stealthiness** (-इ-नेंस्) *-n.* act of stealing. चोरी का कार्य; **Stealthy** (-इ)-*adj.* done by stealth. गूढ़, गुप्त, अप्रकाशित।

Steam-स्टीम्-*n.* the vapour of boiling water, energy, vigour. वाष्प (भाफ़), शक्ति, उत्साह; *-v. t. & i.* to cook by steam, to emit steam, to move by steam. भाफ़ से पकाना, भाफ़ उठाना या निकालना, भाफ़ से चलना; **Steam-boat** (-बोट्) *-n.* a vessel propelled through water by steam. भाफ़ से चलनेवाली नाव; **Steam-boiler** (- बॉय्'-लर्) *- n.* a vessel in which water is converted into steam. पानी से भाफ़ बनाने का पात्र; **Steam-engine** (-ऍन्-जिन्)-*n.* an engine propelled by steam. भाफ़ से चलनेवाला इन्जन।

Steamer-स्टी' - मर् *- n.* a vessel moved by steam. भाफ़ से चलनेवाला जहाज़।

Steamy-स्टी-मि-*adj.* full of vapour. वाष्पपूर्ण।

Stearin-स्टी-अरिन्-*n.* the chief ingredient of tallow used in the manufacture of candles. चर्बी जिसकी मोमबत्ती बनाई जाती है; **Stearinery** (-अरि) -*n.* a factory in which candles are made. मोमबत्ती बनाने का कारखाना।

Steed-स्टीड्-*n.* a horse, a warhorse. (अश्व) घोड़ा, लड़ाई का घोड़ा; **Steedless** (-लेस्) -*adj.* without a steed. बिना अश्व का।

Steel-स्टील्-*n.* an alloy of iron and carbon used for making tools, a rod or sword. लौहसार (फ़ौलाद, इस्पात), पक्के लोहे का छड़, तलवार; -*v. t.* to harden. पक्का करना, दृढ़ करना; **Cold-steel** (sword &c. as opposed to firearms.) बारूद के हथियार से भिन्न अस्त्र (यथा—तलवार, बर्छा इत्यादि); **Steel-cap** (a helmet.) लोहे का टोप, कवच; **Steel-clad** (clad in armour.) कवच पहिने हुए; **Steel-hearted** (hard-hearted.) कठोरहृदय।

Steeliness-स्टी-लि-नेस् - *n.* the quality of being steely. कठोरता।

Steely-स्टीलि'-*adj.* made of steel, hard, firm, steel-like. फ़ौलाद का बना हुआ, पुष्ट, दृढ़, कठोर, फ़ौलाद के समान।

Steelyard-स्टील्'-यार्ड् -*n.* a kind of balance for weighing things. तुलादण्ड, एक प्रकार का (भूसा, लकड़ी इत्यादि) तौलने का यन्त्र।

Steening-स्टीन्-इङ्ग्-*n.* the stone lining of a wall. दीवार में पत्थर लगाना।

Steep-स्टीप् - *adj.* precipitous, exaggerated, not reasonable. बहुत ढालुआँ (खड़ा), बढ़ा कर कहा हुआ, अनुचित, तर्कहीन; -*n.* a slope, a precipitous place or ascent, a precipice, process of steeping. ढार, टीला, करारा, तर करने की विधि;-*v. t.* to soak in liquid. जल इत्यादि में तर करना या भिगाना।

Steepen-स्टीप्'न् - *v. i. & t.* to make or become steep. ढालुआँ होना या बनाना।

Steeper-स्टीपर्-*n.* a vessel in which things are steeped. पदार्थों को भिगाने का पात्र।

Steeple-स्टी'-पल्-*n.* the tower rising above the roof of a church, a spire. गिरजाघर की छत पर की मीनार, धरहरा; **Steeplechase** (-चेस्)-*n.* a horse race in which ditches &c. are jumped over. खाँई इत्यादि डकाने की घुड़दौड़; **Steepled**(-ड्)-*adj.* with a spire. मीनारदार; **Steeple-jack** (-जैक्)-*n.* a man who works on steeples. मीनार पर चढ़कर मरम्मत करनेवाला।

Steeply-स्टीप्-लि-*adv.* in a steepy manner. ढालुआँ तरह से।

Steepness-स्टीप-नेस्-*n.* the state of being steep. ढालुआँपन।

Steepy-स्टीप-इ-*adj.* having declivity. ढालुआँ।

Steer-स्टिअर् -*n.*(*fem.* **Heifer.**) a young ox. जवान साँड़;-*v.t. & i.* to guide a vessel, motor-car, airship, bicycle &c., to pursue a course of action, to direct one's course in a specified direction. जहाज़, नाव, हवाई जहाज़, मोटर बाइसिकिल इत्यादि चलाना, मार्ग दिखलाना, मार्ग निश्चित करना; **To steer one's course** (to be engaged in one's work.) अपने कार्य में लग जाना; **Steerable** (-एब्‌ल्) - *adj.* able to be steered. चलाने योग्य; **Steerage** (- एज्) -*n.* the act of steering, the part of a ship allotted to inferior passengers. जहाज़ का खेना, जहाज़ के आगे का कमरा जिसमें सामान्य यात्री रहते हैं; **Steerer** (-अर्) -*n.* one who steers a ship. जहाज़ चलानेवाला।

Steersman-स्टिअर्ज़्'-मैन्-*n.* (*pl.* **Steersmen.**) a helmsman.जहाज़ चलानेवाला माझी, मल्लाह; **Steersmanship** (-शिप्)-*n.* skill in steering a ship. जहाज़ चलाने की विद्या।

Steganography-स्टेग्-अॉ-नॅग्'- रॅ-फि -*n.* the art of writing secret characters. सांकेतिक अक्षरों में लिखने की कला।

Steinbock-स्टाइन्'-बॉक्-*n.* a kind of wild goat. एक प्रकार का जंगली बकरा।

Stele-स्टी-लि-*n.* an upright slab put on a grave. कब्र के ऊपर लगाने का खड़े बल का पत्थर।

Stellar-स्टे-लर्-*adj.* pertaining to stars. तारा-सम्बन्धी।

Stellate-स्टे-लेट्-*adj.* resembling a star. तारा की आकृति का।

Stelliform-स्टे लिफ़ॉर्म-*adj.* in the form of a star. तारा के आकृति का।

Stellular-स्टेल्'-यूलर्-*adj.* shaped like small stars. छोटे तारों की आकृति का।

Stem-स्टेम्-*n.* the stalk of a plant or tree, the branch of a family, the prow of a ship, the back part of a tobacco-pipe, origin, the root of word. पेड़ का तना (डंठल), सन्तान (वंश), जहाज़ (या नाव)

का अगला भाग, गुड़गुड़ी की नली का भाग, उत्पत्ति-स्थान, शब्द का आदि रूप; *-v. t.* (*p. t.* **Stemmed.**) to check, to stop. रोकना, प्रतिबन्ध करना; **From stem to stern** (from one side of a ship to the other, completely, throughout.) एक ओर से दूसरी ओर तक, पूर्ण रूप से।

Stemma-स्टॅमीं-*n.* (*pl.* **Stemmata.**) family descent. वंशवृक्ष, कुरसीनामा।

Stench-स्टॅन्च्-*n.* an offensive smell. दुर्गन्ध, बदबू; **Stench-trap** (-ट्रॅप्)-*n.* a contrivance to stop offensive smell. परनाली का दुर्गन्ध रोकने का साधन।

Stencil-स्टॅन्सिल्-*n.* a thin plate of metal or a piece of waxed paper in which patterns are cut out to be transferred by brush and ink to some other material. पतली धातु की चद्दर या मोमी कागज जिस पर का कटा हुआ अक्षर, चित्र इत्यादि बुरुस तथा रोशनाई से दूसरे पदार्थ पर उतारा जाता है; *-v. t.* (*p. t.* **Stencilled.**) to decorate with stencils. इस प्रकार की चद्दर द्वारा चित्र बनाना; **Stenciller** (-लर्)-*n.* one who prepares stencils. ऐसी आकृतिबनानेवाला।

Steno-स्टॅनें-*pref.* in the sense of "narrow" "सिकुड़ा" अर्थ का उपसर्ग; **Stenochromy** (-क्रॉमि)-*n.* the art of printing several colours. अनेक रंग में छापने की विधि।

Stenograph-स्टॅन्-ऑ-ग्राफ्-*n.* writing in short hand, a machine for such writing. सांकेतिक चिन्ह में लिखने की विधि, ऐसा लिखने का यन्त्र; **Stenographer** (-अर्)-*n.* a shorthand writer. सांकेतिक चिह्न में लिखनेवाला; **Stenographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to stenography. सांकेतिक चिह्न से सम्बन्धित; **Stenographically** (-इकलि)-*adv.* in stenographical manner. सांकेतिक चिह्न की विधि से।

Stentor-स्टॅन्-टर्-*n.* a person with a loud voice. तेज बोलनेवाला मनुष्य; **Stentorian** (-इ-अन्)-*adj.* speaking very loudly. उच्च स्वर से बोलनेवाला।

Step-स्टॅप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Stepped.**) to move with alternate feet, to walk slowly, to advance, to proceed, to fix a mast in its place. डग बढ़ाना, धीरे-धीरे चलना, आगे बढ़ना, आगे कदम बढ़ाना, मस्तूल लगाना; **To step aside** (to remove, oneself.) अलग होना; **To step back** (to retreat.) पीछे को हटना; **To step forward** (to advance.) आगे को बढ़ना; **To step in** (to enter a house, to intervene, to hinder.) घर में प्रवेश करना, बीच में आ जाना, विघ्न डालना; **To step up** (to ascend.) ऊपर चढ़ना।

Step-स्टॅप्-*n.* a mark left by foot on the ground, pace, manner of walking, degree, the rung of a ladder, advance from one stage to the other. पद, डग, क्रम, चाल, सीढ़ी का डंडा, उद्योग, परिपाटी; **By steps** (by degrees.) क्रम-क्रम से; **Flight of steps** (tread of staircase.) सीढ़ी के डण्डे; **Step by step** (gradually.) क्रम से, धीरे-धीरे, पद पद पर; **The first step** (beginning.) आरम्भ।

Step-स्टॅप्-*n.* a prefix to express nominal relationship. नाम मात्र का सम्बन्ध सूचक उपसर्ग; **Step-brother** (born of different mothers but same father.) सौतेला भाई; **Step-child, Step-daughter, Step-father, Step-mother, Step-son** &c. सौतेला बालक, कन्या, माता, पिता इत्यादि।

Stepney-स्टॅप्'-नि-*n.* a substitute wheel for a motor-car. मोटर गाड़ी का फालतू पहिया।

Steppe-स्टॅप्-*n.* a level uncultivated grass-land. बिना जोता-बोया हुआ घास का मदान।

Stepping-stone-स्टॅपिङ्ग्'-स्टोन्-*n.* a stone to raise the feet above water in walking, a means of progress. जल के ऊपर पर रखने का पत्थर, उन्नति का मार्ग।

-ster-स्टर्-*suf.* forming agent. "वाला" अर्थ का प्रत्यय।

Stereo-स्टिअर्-इ-ऑ-*n.*(*pl.* **Stereos.**)stereotype. ढले हुए टाइप की तख्ती; *-pref.* in sense of 'solid.' 'ठोस' अर्थ का उपसर्ग; **Stereobate** (-बेट्)-*n.* the solid platform on which a building is constructed. ठोस चबूतरा जिस पर मकान आदि बनाया जाता है; **Stereography** (-ग्रैफि)-*n.* the delineation of solid bodies on a plane surface. ठोस आकृति का चित्र कागज पर बनाने की विधि; **Stereometer** (-मि-टर्)-*n.* an instrument for determining specfic gravity of solid bodies. ठोस पदार्थों का आपेक्षिक घनत्व जानने का यन्त्र; **Stereoscope** (-स्कोप्)-*n.* an instrument for com-

bining two views into a single solid one. एक प्रकार के दुहरे ताल द्वारा चित्रों के देखने की दूरबीन; **Stereotype** (-टाइप्)-*n.* a block of fixed solid type used in printing. छापने का ठोस सीसे का तख्ता जिसमें उभड़े हुए टाइप ढालकर बनाये जाते हैं; -*v. t.* to cast in stereotype. इस प्रकार के टाइप के प्लेट्ट से छापना; **Stereotyped** (-टाइप्ड्) -*adj.* unchanging, monotonous. दृढ़, बिना परिवर्तन का; **Stereotyper** (-टाइपर्) -*n.* one who prepares stereotype plates. छापे का प्लेट बनानेवाला ; **Stereotypist** (-टाइपिस्ट्) -*n.* one who stereotypes. छापे का प्लेट ढालनेवाला।

Sterile-स्टे॑राइल्-*adj.* unproductive, barren, unfruitful. बाँझ, ऊसर, निष्फल।

Sterility-स्टे॑रिलिटि-*n.* barrenness, unfruitfulness. बन्ध्यता, बाँझपन, ऊसरपन।

Sterlization-स्टे॑रिलाइज़ेशन्-*n.* the act of sterilizing. कीटाणु हनन, बन्ध्या करण।

Sterilize-स्टे॑रिलाइज़्-*v. t.* to destroy bacteria, to wash with an anticeptic. कीटाणु को मार डालना तथा इस प्रकार से पदार्थ को शुद्ध करना; **Sterilizer** (-अर्) -*n.* that which sterilizes. कीटाणु को मारकर शुद्ध करने का साधन।

Sterling-स्टर्लिङ्ग् -*adj.* genuine, pure, of standard value, not showy. वास्तविक, शुद्ध, खरा (सच्चा), अकृत्रिम; -*n.* the standard gold coin of England worth twenty shillings. अंग्रेजी सोने का सिक्का जो बीस शिलिंग का होता है।

Stern-स्टर्न्-*adj.* severe, rigid, strict, harsh, cruel. निष्ठुर, दृढ़, कठोर, कर्कश, निर्दय।

Stern-स्टर्न्-*n.* the hind part of a ship or boat, the buttocks. जहाज या नाव का पीछे का भाग, चूतड़; **From stem to stern** (from one end of a ship to the other.) जहाज के एक कोने से दूसरे कोने तक ; **Stern-foremost** (-फ़ोर्-मोस्ट्) -*adj.* moving backwards. पीछे की ओर जानेवाला; **Stern-post** (-पोस्ट्)-*n.* the central timber bearing the rudder. पतवार लगाने का बीच का बल्ला; **Sternward** (-वर्ड्) -*adv.* towards the stern. जहाज के पीछे की ओर; **Sternway** (-वे)-*adj.* backwards. पीछे की ओर का।

Sternal-स्टर्नल्-*adj.* pertaining to sternum. उरास्थि (सीने की हड्डी) से सम्बन्धित।

Sternly-स्टर्न्-लि-*adv.* in a stern manner, strictly, severely. रूक्षता से, कठोरता से।

Sternness-स्टर्न्-नेस्-*n.* strictness, rigidness. कठोरता, निर्दयता।


Sternum-स्टर्नम्-*n.* (*pl.* Sterna.) the bone running from neck to stomach, breastbone. गर्दन से पेट तक की हड्डी, उरास्थि।

Sternutation - स्टर्न्यूटेशन् - *n.* the act of sneezing. छींक ; **Sternutative** (- टे-टिव्), **Sternutatory** (-टरि) -*adjs.* provocating, sneezing. उत्तेजक, छींक सम्बन्धी, छींक लानेवाली।

Stertorous-स्टर्टरस् - *adj.* snoring. घरघराहट का शब्द करनेवाला; **Stertorously** (-लि)-*adv.* snoringly. घर्राटा लेते हुए; **Stertorousness** (-नेस्) -*n.* a snoring sound. घर्राटे का शब्द।

Stet-स्टेट्-*n.* a proof-correcting direction. प्रूफ शुद्ध करने का एक संकेत; -*v. t.* to cancel correction of. काटी अशुद्धि रद्द करना।

Stethoscope-स्टेथस्कोप्-*n.* an instrument used for the auscultation of the heart or lungs. यन्त्र जिससे डाक्टर लोग हृदय अथवा फेफड़े की अवस्था शब्द सुनकर जान लेते हैं, हृद्वीक्षण यंत्र ; -*v. t.* to examine lungs by a stethoscope. इस यन्त्र से फेफड़े या हृदय की परीक्षा करना; **Stethoscopic** (- इक्) - *adj.* pertaining to a stethoscope. इस यन्त्र से संबंधित; **Stethoscopically** (-इकलि) *adv.* by means of a stethoscope. इस यन्त्र से परीक्षा करते हुए; **Stethoscopist** (-इस्ट्)-*n.* one who examines lungs by a stethoscope. हृद्वीक्षण यंत्र से परीक्षा करनेवाला मनुष्य।


Stethoscope.

Stevedore-स्टीव्डोर्-*n.* a man who loads and unloads the cargo of a ship. जहाज पर का माल उतारने-चढ़ानेवाला।

Stew-स्ट्यू-*n.* a house of ill-fame, meat or fruit stewed, mental agitation, worry, pond for keeping fish. व्यभिचार का स्थान, मन्द आँच में पकी हुई तरकारी या मांस, मानसिक अव्यवस्था, कष्ट मछली पालने का कुण्ड; -*v. t. & i.* to cook by continued simmering in a closed vessel, to be oppressed by heat.

धीमी अग्नि में पकाना या उबालना, गरमी से पीड़ित होना; **To stew in one's own juice** (to look after one's own interests.) अपना स्वार्थ देखना, सहायता न करना।

Steward-स्ट्यू-अर्ड्-*n.* (*fem.* **Stewardess.**) a person employed to manage another's property or estate, a passenger's attendant on board in a ship. (परिचारक) कारिन्दा, जहाज़ पर यात्रियों का सेवक; **Stewardess** (-ऍस्) -*n.* a female steward. भण्डारिन; **Stewardless** (-लॅस्)-*adj.* without a steward. बिना सेवक का; **Stewardship** (-शिप्)-*n.* the office of a steward. परिचारक का पद।

Stew-pan-स्ट्यू-पॅन्-*n.* a pan for stewing. छिछली कड़ाही।

Sthenic-स्थॅनिक्-*adj.* of diseased vitality of the heart or arteries. धमनी या हृदय की असामान्य अस्वस्थ गति सम्बन्धी।

Stibium-स्टिबि-अम्-*n.* antimony. स्रोतांजन, सुरमा।

Sticcado - स्टिका-डॅ-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का तार का बाजा।

Stichomyth, Stichomythia - स्टिकॅ-मिथ्, (-इ-आ)-*ns.* a dialogue in alternate lines of poetry. कविता के प्रत्येक चरण में प्रश्नोत्तर।

Stick-स्टिक्-*n.* the shoot of a tree, a walking-cane, a staff, a twig, a slender piece of anything, a frame for composing types. डंडा, टहनी, छड़ी, अंकुर, लकड़ी, टाइप कम्पोज करने की तख्ती।

Stick-स्टिक्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Stuck.**) to pierce a pointed thing into, to fix, to stab, to thrust, to fasten, to protrude, भोंकना, बैठाना, चुभाना, खोंसना, चपकाना, साटना, आगे निकला रहना; **Stick in the mud** (unable to improve.) उन्नति न करनेवाला; **Stuck up** (conceited.) धृष्ट; **To stick in** (to adhere to.) चपकाना; **To stick in the throat** (to be thrust into the throat.) गले में फँसना, निगलने में कष्ट होना; **To stick out** (to expand.) फैलाना; **To stick to a point** (to be firm on one's principle.) अपने सिद्धान्त पर दृढ़ रहना; **To stick pen behind one's ear** (to place pen on the ear.) कान पर कलम खोंसना; **To stick up** (to erect, to perplex.) खड़ा करना, घबड़ाना।

Sticker-स्टिकर्-*n.* one who sticks or stabs, one who kills swine, a stabbing weapon or a long knife, a fishing spear, one who remains constant in his purpose. डण्डे से या छुरे से मारनेवाला, सूअर को मारनेवाला, लंबा छुरा, मछली मारने का भाला, अपने इरादे पर अटल रहनेवाला व्यक्ति।

Stickful-स्टिक्'फ़ुल्-*n.* composing stick which is full. टाइप कम्पोज़ करके भरी हुई तख्ती।

Stickiness-स्टिक्-इ-नॅस्-*n.* adhesiveness. चिपचिपाहट, लसलसाहट।

Sticking-plaster-स्टिक्'-इङ्ग्-प्लॅस्-टर्-*n.* an adhesive plaster for wounds. फोड़े पर चपकाने की पट्टी।

Stickleback-स्टिक्'-कुल्-बॅक्-*n.* a small fish with a sharp backbone. एक प्रकार की छोटी मछली।

Stickler-स्टिक्'-लर्-*n.* an insisting contender. हठी, झगड़ालू।

Sticky-स्टिकि-*adj.* (*comp.* **Stickier,** *sup.* **Stickiest.**) tending to stick, glutinous. चिपचिपा, लसलसा।

Stiff-स्टिफ़्-*adj.* rigid, unbending, strong, obstinate. कठोर, न मुड़नेवाला, दृढ़, रूखा, हठी।

Stiffen-स्टिफ़्'-न्-*v. t.* to make stiff, to tighten. कठोर करना, ठोस करना; **Stiffener** (-अर्)-*n.* one who stiffens. कड़ा करनेवाला; **Stiff-hearted** (-हार्ट्-ऍड्)-*adj.* stubborn. हठी।

Stiff-market-स्टिफ़-मार्केट्-*n.* when prices remain firm. स्थिर भाव; **Stiff-neck** (-नॅक्) -*n.* a rheumatic affection of the neck. गर्दन की गठिया; **Stiff-necked** (-ऍड्) -*adj.* obstinate. हठी; **Stiffness** (-नॅस्) -*n.* the state of being stiff. कठोरता; **Stiff-price** (-प्राइस्)-*adj.* high price. ऊँचा दाम; **Stiffy** (-इ) -*adj.* hard. कड़ा, कठोर।

Stifle-स्टि'-फ़ल्-*v. t.* to suppress, to choke, to smother. दबाना, गला घोंटना, गला घोंटकर मारना; -*n.* a horse's joint between hock and hip, a disease of horse's knee-pan. घोड़े के पैर की गुमची, इस स्थान का रोग।

Stifled-स्टिफ़ल्-ड्-*adj.* with stifled joint. गुमची के रोगवाला।

Stifling-स्टिफ़्लिङ्ग्-*adj.* choking. गला घोंटनेवाला; **Stiflingly** (-लि)-*adv.* in a choking manner. गला घोंटता हुआ।

Stigma-स्टिग्मा-*n.* (*pl.* **Stigmas, Stigmata.**) a mark branded on a criminal, a mark of infamy, a stain on one's reputation, a spot, a mark on skin, characteristics of a disease, the top of pistil. बन्दी या दास के शरीर पर छापा हुआ कलंक का चिह्न, लाञ्छन, धब्बा, चिह्न, किसी रोग का विशेष चिह्न, पुष्प के जायाङ्ग का अग्रभाग, योनि-छत्र, कुक्षि; **Stigmatic** (-टिक्) *-adj.* pertaining to stigma. छाप या चिह्न-सम्बन्धी; **Stigmatist** (-टिस्ट्) *-n.* one who brands with a stigma. चिह्न लगानेवाला।

Stigmatization-स्टिग्म - टाइ- जेशन् - *n.* use of abusive terms. निन्दा, गाली।

Stigmatize-स्टिग्म-टाइज़् *-v. t.* to use abusive language, to mark with a stigma. गाली देना, निन्दित करना, शरीर पर छाप लगाना।

Stile-स्टाइल्-*n.* provision made for enabling passenger (excluding cattle) to get over or through a fence, vertical piece in a frame. बाड़े या टट्टी के बीच से यात्रियों के जाने का मार्ग, दरवाजे के फ्रेम का लम्बा टुकड़ा।

Stiletto-स्टिलेटो-*n.* (*pl.* **Stilettos, Stilettoes.**) a small dagger, an instrument for making eyelets. छोटा कटार या खंजर, छेद करने का यन्त्र।

Still-स्टिल्-*adj.* motionless, without sound, silent, peaceful. निश्चल, मौन, चुपचाप, शान्त; *-n.* deep silence. गहरी शान्ति ; - *v. t. & i.* to quiet, to silence, to appease, to fish on boat lying at anchor. शान्त करना या होना, निःशब्द (चुपचाप) करना, स्थिर करना, लङ्गर पर खड़ी हुई नाव पर से मछली फँसाना; - *adv.* habitually, always, for all that, now and then, nevertheless. सर्वदा, सदा, अब भी, कभी-कभी, तो भी।


Still-birth-स्टिल् - बर्थ् - *n.* birth of a lifeless child. मरे बच्चे का जन्म।

Still-lake-स्टिल्-लेक्-*n.* a lake in which water is motionless. बिना लहर की झील।

Still-life-स्टिल्'-लाइफ़्-*n.* a picture of a lifeless object. निर्जीव वस्तु का चित्र।

Stillness-स्टिल्'- नेस् - *n.* absence of movement. शान्ति, मौनता।

Still-स्टिल्-*n.* a distilling apparatus. बकयन्त्र, भभका, अर्क खींचने का ढेग ; - *v. t.* to distil. अर्क उतारना; **Still - room** (a room for distilling liquors.) शराब बनाने या अर्क खींचने का घर।


Still.

Stillage-स्टिल्'-एज-*n.* a bench or frame for storing articles. सामग्री रखने की चौकी।

Stilling-स्टि-लिङ्ग्, **Stillion** - स्टिल्' - यन्-*ns.* a support for casks. पीपा रखने का आधार।

Stilly-स्टि-लि - *adj.* quiet, still. स्थिर, शान्त, अचल; quietly, calmly. शान्तिपूर्वक, स्थिरता से, चुपचाप।

Stilt-स्टिल्ट्-*n.* one of a pair of poles with foot-rest used to walk on. चढ़कर चलने योग्य पावदान लगा हुआ डण्डा।


Stilt.

Stiltpetrel-स्टिल्ट्-पिट्रल् *-n.* a bird with long legs. लम्बे पैर की एक प्रकार की चिड़िया।

Stilted-स्टिल्-टेड्-*adj.* magnificent, splendid, bombastic. लम्बा-चौड़ा, ऐश्वर्ययुक्त, असार; **Stiltedly** (-लि)-*adv.* splendidly. महत्त्व से; **Stiltedness** (-नेस्)-*n.* magnificence. महत्त्व।

Stilton-स्टिल्'-टन्-*n.* a kind of cheese. एक प्रकार का पनीर।

Stimulant-स्टिम्युलन्ट्-*adj.* producing increase of vitality, inciting, provocative. शक्ति बढ़ानेवाला, उत्तेजक, प्रोत्साहक;-*n.* a stimulating drug. शक्ति बढ़ानेवाली दवा (विशेषकर मदिरा) ; **He never takes stimulants** (he never takes alcoholic drinks.) वह मदिरा-पान कभी नहीं करता।

Stimulate-स्टिम्'-यु-लेट्-*v. t.* to apply stimulus to, to excite, to animate, to instigate, to spur on. उत्तेजित करना, उसकाना, प्रोत्साहित करना, एँड़ लगाना; **Stimulation** (-शन्) - *n.* the act of exciting. प्रोत्साहन, उत्तेजना, उसकाव; **Stimulating** (-इङ्ग्)-*adj.* exciting. उत्तेजक, उभाड़नेवाला; **Stimulative** (-इव्)-*adj.* tending to excite. उत्तेजनापूर्ण प्रवृत्तिवाला;

Stimulator (-अर्)-*n.* he who excites. प्रवृत्त करने (उभाड़ने) वाला ।

Stimulus-स्टिम्-यु-लुस्-*n.* (*pl.* **Stimuli.**) that which excites or rouses energy, effect of exciting. उत्तेजना, उभाड़ (उसकाव) ।

Sting-स्टिङ्ग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Stung.**) to pierce with a point darted out, to affect with acute pain. डंक मारना, अत्यन्त पीड़ा देना (मर्म छेदना) ; - *n.* a sharp-pointed weapon in insects and some animals &c. for defence, poisonous fang of a snake, infliction of wound, keenness. डंक, सर्प का जहर का दाँत, घाव, कंटक, मर्म ।

Stinger-स्टिङ्गर्-*n.* a painful blow. गहरी मार ।

Stingily-स्टिन्'-जि-लि-*adv.* miserly, greedily. कृपणता से, लोभ से ।

Stinginess-स्टिन्- जि - नेंस् - *n.* miserliness, greed. कृपणता, लोभ ।

Stinging-स्टिङ्ग' - इङ्ग् - *adj.* piercing with sting. डँसनेवाला, मर्मभेदी; **Stingingly** (-लि) *-adv.* in a stinging manner. डंक मारते हुए, कष्ट देते हुए ।

Stingless-स्टिङ्ग्'-लेंस्-*adj.* devoid of stings. बिना डंक का ।

Stingo-स्टिङ्गो - *n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा ।

Stingy-स्टिन्'-जि-*adj.* (*comp.* **Stingier,** *sup.* **Stingiest.**) meanly, miserly, greedy. नीच, कृपण (लोभी) ।

Stink-स्टिङ्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Stank.** *p. p.* **Stunk.**) to emit an offensive smell. दुर्गन्ध निकलना; *-n.* a disagreeable smell. दुर्गन्ध, बदबू ।

Stinkard-स्टिंकर्ड् - *n.* a stinking person or animal. दुर्गन्ध-युक्त मनुष्य या पशु ।

Stinking-स्टिङ्किङ्ग्-*adj.* emitting an offensive smell. दुर्गन्ध-युक्त; **Stinkingly** (- लि) - *adv.* disgustingly. दुर्गन्धता से ।

Stink-trap-स्टिङ्क्'-ट्रैप् - *n.* a trap to stop offensive smell. दुर्गन्ध रोकने का ढकना ।

Stint-स्टिन्ट्-*v. t.* to restrain, to keep on short allowance, to supply in a grudging manner. बाँधना (रोकना), परिमित भोजन देना, अनिच्छा से देना ; - *n.* restraint, limitation. नियम, मर्यादा, अटकाव, रोक ।

Stintingly-स्टिन्टिङ्ग्-लि-*adv.* with restraint, unwillingly. नियम से, अनिच्छा से ।

Stintless-स्टिन्ट्'-लेंस्-*adj.* without stint. बिना रुकाव का, बिना मर्यादा का ।

Stipate-स्टि-पेंट् - *adj.* closely set. सटा हुआ, सटकर बना हुआ ।

Stipe-स्टाइप् - *n.* the stem of a plant. किसी पौधे की डण्ठी, डण्ठल ।

Stipel-स्टि'-पूल-*n.* a secondary leaflet. पौधे की नीचे की पत्ती ।

Stipellate-स्टिप्'-लेंट्- *adj.* having secondary leaves. नीचे की पत्ती से युक्त ।

Stipend-स्टाइ-पेंन्ड्-*n.* a fixed pay for service, salary or allowance. वेतन, वृत्ति, मजदूरी ।

Stipendiary-स्टाइपेंन्डिअरि-*n. & adj.* one who receives a stipend, receiving salary in return for services. वृत्ति पानेवाला, वैतनिक ।

Stipple-स्टि-पल्-*v. t. & i.* to engrave in dots instead of lines. बिन्दु रीति से धातु इत्यादि पर खोदना ; - *n.* dotted engraving. इस प्रकार की खुदाई ।

Stippler-स्टिप्-लर्-*n.* one who stipples. बिन्दु रीति से खोदनेवाला ।

Stipular-स्टिप्युलर्-*adj.* pertaining to a stipule. पौधे के डंठल के नीचे की पत्ती से सम्बन्धित ।

Stipulate-स्टिप्' -यु-लेंट्-*v. i. & t.* to make a demand, to demand as part of an agreement, to make a contract. किसी वस्तु की माँग करना, प्रतिज्ञा करना, बन्धेज करना ।

Stipulated-स्टिप्-यु-लेंट्'-एड् - *adj.* agreed or settled. नियत (निर्दिष्ट), प्रतिज्ञा किया हुआ ।

Stipulation- स्टिप् - यु- लें-शन्-*n.* a contract. प्रतिज्ञा (नियम, होड़) ।

Stipulator-स्टिप्-यु-लें-टर्-*n.* one who makes a contract. प्रतिज्ञा करनेवाला ।

Stipule-स्टिप्'-यूल्-*n.* a small leaf at the base of the stem of a plant. पौधे के डंठल के नीचे की पत्ती, अनुपत्र, निपत्र ।

Stir-स्टर्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Stirred.**) to set in motion, to incite, to move, to move spoon &c. for mixing, to excite, to be busy. हिलाना, उसकाना, चलाना, मंथन करना, उत्तेजित करना, व्यस्त या मशगूल होना; *-n.* agitation, excitement, disturbance, commotion. विप्लव, संक्षोभ, उपद्रव (हलचल), हड़बड़ी; **To stir abroad** (to go out of the house.) घर के बाहर जाना; **To stir one's blood** (to increase excitement.) उत्साह बढ़ाना ; **To**

stir the fire (to use a poker in burning fire.) आग सुलगाने के लिये सींखचे का प्रयोग करना; To stir up (to excite.) उत्तेजित करना, मिलाना।

Stirless-स्टर्'-लेस् - *adj.* motionless. निश्चल, गतिहीन।

Stirpiculture-स्टर्पि- कल्चर् - *n.* the breeding of a special stock. किसी विशेष जाति के पशु इत्यादि की नस्ल की उत्पत्ति या वृद्धि का कार्य।

Stirps-स्टर्-प्स्-*n.* a generation or race, progenitor. जाति (वंश), किसी जाति का आदिपुरुष।

Stirrer-स्ट-रर्-*n.* he who or that which stirs. उत्तेजित करनेवाला, हिलानेवाला।

Stirring-स्ट-रिङ्ग् - *adj.* animating, rousing. उद्दीपक (उत्तेजक), क्रोध दिखलानेवाला; **Stirringly** (-लि) -*adv.* by way of stirring. उत्तेजित करते हुए।

Stirrup-स्टरप्-*n.* an iron ring suspended by a rope or strap from the saddle for resting a horseman's foot. पादधारिणी, रेकाब; **Stirrup-leather** (a piece of leather in which a stirrup is hung.) रेकाब लटकाने का चमड़ा; **Stirrup-piece** (a hanging support.) लटकाने का आधार।

Stitch-स्टिच्-*n.* acute pain in the side, a single pass of needle in sewing. पसली की पीड़ा, सियन, टाँका ;-*v. t. & i.* to unite by stitching, to sew. सीना, टाँका लगाना ; **A stitch in time saves nine** (even a small attempt in due time saves various difficulties.) समय पर किया हुआ थोड़ा-सा यत्न भी बड़े लाभ का होता है ; **Stitching** (-इङ्ग्)-*n.* सियन, टाँका; **Stitching-horse** (the clamp of a harness-maker.) साज बनानेवाले मोची की बाँक; **To drop a stitch** (to let a loop fall off in stitching.) सियन की बनावट काटकर रोक देना ; **To put stitch** (to sew up a wound.) घाव में टाँका लगाना।

Stithy-स्टि - दि - *n.* a smith's shop, anvil, forge. लुहार की दूकान, निहाई, भाथी।

Stiver-स्टाइ-वर्-*n.* even the smallest coin. छोटे से छोटा सिक्का भी।

Stoat-स्टोट्-*n.* an animal of the weasel tribe. एक प्रकार का रोवेंदार चौपाया ;-*v. t.* to sew. कपड़ा सीना।

Stock-स्टॉक्-*n.* the main trunk or stem of a plant or tree, body-piece of a machine, lineage, raw material, store, capital, a kind of flower, cattle, object of ridicule. वृक्षस्तंभ, तना, यन्त्र का आधार, कुटुम्ब, सामग्री, संचय, मूलधन, एक प्रकार का फूल, पशु, निन्दा का पात्र; - *v. t. & i.* to fit with stock, to confine in stocks, to provide with goods. इकट्ठा करना, काठ में बन्द करना, ढेर लगाना, बटोरना; **Dead-stock** (inanimate objects.) निर्जीव पदार्थ ; **Laughing-stock** (an object of ridicule.) तिरस्कार का पात्र; **Live-stock** (a herd of cattle.) पशुसमुदाय; **On the stocks** (public funds.) सार्वजनिक कोष; **Stock-argument** (a fixed argument.) स्थिर तर्क; **Stock of anvil** (a base on which an anvil rests.) निहाई की चौकी ; **Stocks of bit** (a brace.) बरमी की डाँस ; **Stocks** (स्टॉक्स्) - *n.* (a frame of wood in which criminals were formerly confined, public funds.) अपराधी के हाथ-पर बाँधने की धरन, सरकारी नोट; **Stock and stones** (lifeless objects, lethargic persons.) निर्जीव पदार्थ, उत्साहहीन मनुष्य; **To have in stock** (to have in store.) भंडार में होना।

Stockade-स्टॉ-केड्' -*n.* a kind of fortification, an enclosure of upright staves. खम्भों की पंक्ति, कटघरा, बाड़ा ;-*v. t.* to fortify with stockade. बाड़े से मजबूत घेरा बनाना।

Stock-book-स्टॉक्'-बुक्-*n.* a book showing account of goods. सामग्री के हिसाब-किताब की बही।

Stock-broker-स्टाक्'-ब्रोक्-अर् -*n.* broker of the stock exchange. हुंडी इत्यादि का दलाल, सरकारी कागज़ बेचने या खरीदने में सहायता देनेवाला दलाल।

Stock-exchange-स्टॉक्' - ऍक्स् - चेन्ज्-*n.* the place where stocks and shares are bought and sold. सरकारी हुन्डी बेचने या खरीदने का स्थान।

Stock-farmer-स्टॉक्'-फ़ार्मर्-*n.* he who breeds live-stock. पशुओं की सन्तति बढ़ानेवाला किसान।

Stockily-स्टॉक्-इ-लि-*adv.* in a thick manner. गठीलेपन से।

Stockiness-स्टॉकि-नेस्-*n.* the quality of being stocky. गठीलापन।

Stockinet-स्टॉ-किनेट्'-*n.* a kind of material for underclothing. भीतरी वस्त्र बनाने का एक प्रकार का कपड़ा।

Stocking-स्टॉक्'-इङ्ग्-*n.* a close-fitting knit-

ted covering for the legs or feet. पैर का मोजा ; **Stocking-loom, Stocking-machine** (a knitting machine.) मोजा बुनने का यन्त्र ।

Stock-jobber-स्टॉक्'-जॉबर्-*n.* one who deals in stocks and shares. लाभ के निमित्त सरकारी हुंडी खरीदने या बेचनेवाला ।

Stockless-स्टॉक्'-लेस्-*adj.* without stock. बिना पशु या वृक्ष-स्तम्भ या कुटुम्ब या सामग्री का ।

Stock-pot-स्टॉक्'-पॉट् - *n.* a pot in which soup is prepared. झोल या तरकारी बनाने का बड़ा पात्र ।

Stocks & dies-स्टॉक्स्'-ॲन्ड्-डाइज़्-*n.* instruments for making threads on bolts and in nuts. छड़ तथा ढिबरी में पेंच बनाने का यन्त्र ।



Stocks & dies.

Stock-still-स्टॉक्'-स्टिल्-*adj.* motionless. स्थिर, निश्चल, अचल ।

Stock-yard-स्टॉक्'-यार्ड्-*n.* a pen for cattle. पशुओं को बन्द करने का बाड़ा ।

Stocky-स्टॉकि-*adj.* strongly built. नाटा, गठीले शरीर का ।

Stodge-स्टॉज्-*n.* a heavy food, one who eats greedily. भारी भोजन, भुक्खड़ मनुष्य;-*v. t.* to eat greedily, to stuff. भुक्खड़ की तरह खाना, भकोसना ।

Stodginess-स्टॉजि-नेस्-*n.* the state of being stodgy. फुलाहट, परिपूर्णता ।

Stodgy-स्टॉजि-*adj.* indigestible, bulging out. न पचनेवाला, फूला हुआ, परिपूर्ण ।

Stoic-स्टो'-इक्-*n.* a disciple of the philosopher Zeno of Athens, one who has control over his passions and to whom pleasure and pain are indifferent. तत्ववेत्ता ज़ीनो का शिष्य, जितेन्द्रिय, सुख-दुःख को समान समझने वाला (निःस्पृह, उदासी), वैरागी ।

Stoical-स्टो'- इकल् - *adj.* pertaining to the doctrine of Stoics. उदासीन (निःस्पृह), सम-बुद्धि; **Stoically** (-लि) - *adv.* in a stoical manner. उदासीनता या वैराग्य से ।

Stoicism-स्टो' - इ -सिज़्म् - *n.* indifference to pleasure or pain. आत्मसंयम, सुख-दुःख की समता ।

Stoke-स्टोक्-*v. t. & i.* to feed the fire of an engine. इंजन में कोयला झोंकना ।

Stoke-hole-स्टोक्' - होल् -*n.* the part of a ship's hold containing the boilers. जहाज़ का वह स्थान जहाँ वाष्प-यन्त्र रहते हैं ।

Stoker-स्टोकर्-*n.* one who manages a furnace. इञ्जन की भट्ठी में कोयला झोंकनेवाला ।

Stole-स्टोल् - *n.* a hanging garment. ओढ़नी, उपरना; **Stoled** (-ड्) -*adj.* wearing a stole. ओढ़नी ओढ़े हुए ।

Stole-स्टोल्, **Stolen**-स्टोलन्-*p. t. & p. p.* of Steal. चुराया, चुराया गया ।

Stolid-स्टॉलिड् -*adj.* phlegmatic, obstinate, not easily agitated, foolish. कफ निकलने वाला, हठी, शीघ्र उत्तेजित न होनेवाला, मूर्ख ।

Stolidity-स्टॉ-लि-डि-टि-*n.* dullness. मूर्खता ।

Stolidly-स्टॉ-लिड्'-लि-*adv.* in a dull manner. हठ से, मूर्खता से ।

Stolon-स्टो'-लॅन्, **Stole**- स्टोल् - *ns.* prostrate branch of some trees that strikes root and develops into a new plant. विरोह ।

Stoloniferous-स्टोलॅनिफ़रस्-*adj.* putting forth stolons. विरोह उत्पन्न करने वाले ।

Stoma-स्टोमा-*n.* (*pl.* **Stomata.**) a minute hole on the epidermis of a leaf. पत्ररंध्र ।

Stomach-स्टमक् -*n.* the internal cavity of an animal trunk in which there are the chief organs of digestion, belly, abdomen, appetite for a thing. पक्वाशय, जठर, पेट (आमाशय), इच्छा (कामना); -*v. t.* to eat with relish, to put up with resentment. स्वाद से भोजन करना, क्रोध से सहन करना; **High stomach** (haughtiness.) दृढ़ता, हठ, दर्प ; **Stomachache** (-ऐक्') -*n.* pain in the stomach. पेट का दर्द, उदरशूल; **Stomachal** (-अल्)-*adj.* pertaining to the stomach. उदर-सम्बन्धी; **Stomacher** (-अर्)-*n.* a kind of female dress covering stomach and breast. अँगिया, चोली; **Stomachful** (-फुल्)-*n.* the stomach being full, angry, haughty, spirited, bold. पेटभर, क्रोधी, घमंडी, उत्साही, साहसी; **Stomachless** (-लेस्) -*adj.* having no appetite. बिना क्षुधा का; **Stomach-tooth**(-टूथ्)-*n.* a lower canine milk tooth in infants. बच्चों के नीचे का सुआ दाँत ।

Stomachic-स्टोमक्- इक्-*adj.* of the stomach, increasing appetite. उदर-सम्बन्धी, अग्निवर्धक, भूख बढ़ानेवाला;-*n.* a medicine that stimulates appetite. अग्निवर्धक औषधि ।

Stomato-स्टॅ-मॉ-टॅ-*pref.* meaning "mouth." "मुख" अर्थ का उपसर्ग ; **Stomato-gastric** (-गॅस्'-ट्रिक्)-*adj.* pertaining to the mouth and stomach. मुख तथा उदर-सम्बन्धी ।

Stone-स्टोन्-*n.* a piece of rock, a gem, anything hard and brittle, calculus in the bladder of kidney, a hard seed of fruits, a weight of 14 lbs. (शिला) पत्थर, रत्न, ढेला (ढोंका), अश्मरी (पथरी जो मूत्राशय में पड़ जाती है), फलों की गुठली, सात सेर की तौल; -*v. t.* to face with stones, to obstruct, to pelt with stones. पत्थर बैठाना, रोकना, पत्थर के टुकड़े से मारना; **A heart of stone** (extremely cruel.) कठोरहृदय, वज्रहृदय; **The stone age** (the period of stone implements.) पाषाण काल या वह युग जिसमें मनुष्य पत्थर के शस्त्रों का व्यवहार करते थे; **Grindstone** (a revolving circular stone for grinding tools.) सान; **Stones will cry out** (a wrong so great as to move even inanimate objects.) ऐसी निर्दयता जो प्राणहीन को भी हिला देती है; **To free from stones** (to remove stones from fruits.) फलों में से गुठली अलगाना ; **To give a stone for bread** (to offer mocking help.) दिखावटी सहायता करना; **To kill two birds with one stone** (to try every possible means.) एक पन्थ दो काज; **To leave no stone unturned** (to spare no pains.) सब प्रकार के उपाय करना; **To stone to death** (to pelt by stone to death.) ढेलों से मार डालना ।

Stone-blind - स्टोन्' - ब्लाइन्ड् - *adj.* blind as a stone. पूरी तरह से अन्धा; **Stone-butter** (-बट्र्)-*n.* a kind of alum. एक प्रकार की फिटकिरी ; **Stone-cutter** (-कट्र्) -*n.* one who hews stone by profession. पत्थर गढ़नेवाला, संगतराश; **Stone-deaf** (-डॅफ्) -*adj.* perfectly deaf. बिलकुल बहिरा ; **Stoned** (-ड्) -*adj.* made of stone. पत्थर लगा हुआ; **Stone-fruit** (-फ्रूट्)-*n.* a fruit with a hard stone. गुठलीदार फल; **Stone-hearted** (-हार्ट्-ऍड्)-*adj.* cruel. निर्दयी; **Stoneless** (-लॅस्)-*adj.* devoid of stone. बिना पत्थर का; **Stonemason** (-मे'-सन्)-*n.* a worker in stone. संगतराश; **Stone-mill** (-मिल्)-*n.* a machine for breaking stone. जाँता, पत्थर तोड़ने की चक्की ; **Stone-pit** (-पिट्)-*n.* a stone mine. पत्थर की खान; **Stoneware** (-वेॅअर्)-*n.* articles made of stone. पत्थर के पात्र ।

Stonily-स्टोनिलि-*adv.* in a stony manner. कठोरता से; **Stoniness** (-नॅस्) -*n.* hardness of heart. कठोरता, निर्दयता; **Stony** (-इ)-*adj.* (*comp.* **Stonier,** *sup.* **Stoniest.**) full of stones, hard, rigid. शिलामय, पथरीला, पत्थरों से भरा हुआ ।

Stood-स्टुड्-*p. t.* & *p. p.* of **Stand.** खड़ा हुआ ।

Stook-स्टूक्-*n.* a stock of bundles of stalks. अनाज की डंठलों के गाँठों का ढेर ।

Stool-स्टूल-*n.* a seat without back, windowsill, place for evacuation of bowels, faeces. तिपाई, मचिया, खिड़की की देहली, मल-मूत्र त्यागने का स्थान, विष्ठा;-*v. i.* & *t.* to evacuate bowels, to throw up shoots from a root. विष्ठा करना, जड़ में अँखुआ फूटना; **To go to stool.** पायखाना फिरने जाना ।

Stoop-स्टूप्-*v. t.* & *i.* to bend down so as to bring the head near the ground, to submit, to condescend, to incline, to swoop. शरीर आगे को झुकाना, नवना, निहुरना, अधीन होना, झपटना; -*n.* a swoop of the body. शरीर का झुकाव ।

Stooping-स्टूपिङ्ग्-*n.* bending. नमन; **Stoopingly** (-लि)-*adv.* in a stooping manner. मस्तक झुकाकर ।

Stop-स्टॉप्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Stopped.**) to put a stop to, to prevent passage through, to obstruct, to close, to suspend, to put an end to, to decline permission, to cease from motion. डट्टा लगाना, अवरोध करना, रोकना, बन्द करना, रुकावट डालना, समाप्त करना, बाधा डालना (ठहराना, रुकना) गति बन्द करना; **To stop a bullet** (to be shot.) गोली खाना; **To stop down** (to decrease the apperture of a photographic camera.) फ़ोटो के केमरा के ताल का छिद्र कम करना; **To stop one's ears** (to refuse to listen.) कान बन्द करना, बातें न सुनना; **To stop one's mouth** (to induce by bribery, to remain silent.) घूस देना, मुख बन्द करना; **To stop out** (to cover up.) ढाँक रखना; **To stop short** (to stop all of a sudden.) एकाएक रुक जाना; **To stop up** (to remain awake.) जागते रहना

Stop-स्टॉप्-*n.* cessation of motion, check, punctuation mark. प्रतिबन्ध, रुकावट, विश्राम, विराम के चिह्न; **Full-stop** (the punctuation mark (.) पूर्ण विराम का चिह्न (.); **Stopcylinder** (a kind of printing-press.) एक प्रकार की छापे की कल; **To put a full-stop to** (to finish speaking.) वाक्य समाप्त करना।

Stop-cock-स्टॉप्'-कॉक्-*n.* the tap of a pipe for letting liquids flow. पानी निकलने की टोंटी।

Stop-cock.

Stopless-स्टॉप्-लेस्-*adj.* devoid of any check. बिना रुकावट का।

Stop-motion-स्टॉप्'-मो-शन्-*n.* an appliance for stopping motion. गति रोकने का साधन।

Stoppage-स्टॉपेज्-*n.* obstruction. अवरोध, रुकावट।

Stopper-स्टॉ-पर्-*n.* anything that stops a piece of rope for fastening anchor. रोकनेवाला डट्टा, लंगर इत्यादि बाँधने का रस्सा।

Stopping-स्टॉ-पिङ्ग्-*n.* something that stops. बन्द करने का साधन।

Stopple-स्टॉ-पल्-*n.* the stopper of a bottle, a plug. बोतल का डट्टा;-*v. t.* to close with a stopper. डट्टा लगाना।

Stop-press-स्टॉप्'-प्रेस्-*n.* news inserted in a paper after the printing has begun. समाचारपत्र के छपते-छपते समय का समाचार।

Stop-valve-स्टॉप्-वॉल्व्-*n.* a plug closing the passage of a pipe. तरल पदार्थ के रोकने का डट्टा।

Storable-स्टोरेबल्-*adj.* able to be stored. इकट्ठा या जमा करने योग्य।

Storage-स्टोरेज्-*n.* the safe storing of goods, charges paid for this. सामग्री का भण्डार में संग्रह या संचय, भराई का भाड़ा या कर; **Cold-storage** (storing in ice.) बरफ़ में सुरक्षण।

Storax-स्टोरैक्स्-*n.* a resinous balsam used in medicine. शिलाजीत।

Store-स्टोर्-*n.* a great quantity or number, abundance, plenty, a place where things are kept, warehouse, commercial establishment. सञ्चय, सामग्री, अधिकता, भण्डार, कोठी, कारखाना;-*v. t.* to furnish with some thing, to lay up in store. संग्रह (इकट्ठा) करना, भण्डार में रखना (बटोरना), ढेर लगाना; **In store** (ready.) प्रस्तुत, तैयार।

Store-clothes-स्टोर्'-क्लोद्स्-*n.* prepared clothes. तैयार (बने हुए) कपड़े।

Stored-स्टोर्ड्-*adj.* laid in store. इकट्ठा किया हुआ, सञ्चय किया हुआ।

Store-house-स्टोर्'-हाउस्-*n.* a house in which stores are kept. भण्डारघर, कोष।

Store-keeper-स्टोर्'-कीपर्-*n.* one who is in charge of stores. भण्डार का अध्यक्ष, भण्डारी।

Store-room-स्टोर्'-रूम्-*n.* a room in which articles are stored. घर में भण्डार का कमरा।

Stores-स्टोर्स-*n. pl.* a shop with many departments, articles of a particular sort. कारखाना, विशेष प्रकार की सामग्री।

Storey, story-स्टोरि-*n.* (*pl.* **Storeys, Stories.**) the horizontal divisions of a building, the rooms &c. in one floor. मकान का खण्ड, मंजिल।

Storeyed, Storied-स्टोरिड्-*adj.* having several storeys. अनेक खण्डों या मंजिलोंवाला।

Storge-स्टार्ज्-*adj.* love for one's progeny, parental affection. पैतृक स्नेह, माता-पिता का बच्चों पर प्यार।

Storiated-स्टोरिएटेड्-*adj.* with elaborate embellishments. चित्र इत्यादि से सुशोभित किया हुआ।

Storied-स्टोरीड्-*adj.* celebrated in stories, told in legends. कथा में वर्णन किया हुआ, ऐतिहासिक कथाओं का।

Storiologist-स्टोरिऑलॅजिस्ट्-*n.* a student of folklore. ग्रामीण गाथा का अध्ययन करनेवाला।

Stork-स्टॉर्क्-*n.* a tall wading bird similar to a heron. क्रौञ्च पक्षी, सारस।

Storm-स्टॉर्म्-*n.* a violent tempest, great excitement, tumult, commotion, agitation, violent attack, a shower of missiles. प्रचण्ड वायु, आँधी या तूफान, संक्षोभ, बलवा, झगड़ा, भयङ्कर आक्रमण (धावा), शस्त्रों की बौछार; -*v. i. & t.* to be violent, to talk furiously, to scold, to bluster. झकोरा होना, क्रोध से बोलना, गाली देना, क्रोध करना; **Storm-belt** (-बेल्ट्)-*n.* the track in which storms are frequent. भूमण्डल पर के वे स्थान जहाँ प्रचण्ड वायु चला करती है; **Storm-bound** (-बाउन्ड्)-*adj.* prevented from leaving

port. आँधी के कारण रुका हुआ जहाज; **Storm-cloud** (- क्लाउड्) *-n.* disturbing affairs. विप्लव करनेवाली घटना; **Storm-door** (- डोर्) *-n.* additional outer door for protection from bad weather. आँधी से बचाव के लिये खिड़की का दुहरा पल्ला ; **Stormer** (- अर्) *-n.* one who assaults. आक्रमण करनेवाला ; **Stormful** (- फ़ुल्) *-adj.* full of storms. आँधी से पूर्ण ; **Stormfulness** (-फ़ुल-नेंस्) *-n.* the state of being stormful. आँधी से पूर्णता ; **Stormily** (- इ-लि) *- adv.* angrily. तीव्रता से, क्रोध से; **Storminess** (- इ-नेंस्) *-n.* tumultuousness. प्रचण्डता ; **Storming party** (-इङ्ग्-पार्टि) *- n.* the party which leads an assault on a fortified place. किले पर आक्रमण करनेवाली सेना; **Stormless** (-लेंस्) *-adj.* devoid of storm. बिना आँधी का ; **Storm-proof** (-प्रूफ़्) *- n.* protecting from storm. आँधी से बचाव करनेवाला साधन; **Stormy** (-इ) *-adj.* tempestuous, vehement, violent, boisterous. प्रचण्ड वायु का, क्रोधी, तीव्र, उद्दण्ड ।

Story-स्टोरि *-n.* (*pl.* **Stories.**) a place between two floors, the history of one's life, the account of an incident, a short narrative, tale, the loft of a house, the plot of a drama. मकान का खंड; जीवनी, कथा, वृत्तान्त, कहानी, घर का ऊपरी भाग कथानक, नाटक की कथा का आधार या ढाँचा; **Historical story.** ऐतिहासिक कथा; **Quite another story** (quite a different narrative.) दूसरा ही वृत्तान्त; **Story-book** (- बुक्) *- n.* a book containing short tales or stories. कथा-कहानी की पुस्तक; **The story goes** (it is said.) ऐसा कहा जाता है ; **Story-teller** (-टेंलर्)*-n.* a historian, one who narrates stories. कथा कहनेवाला ।

Stoup-स्टूप्*-n.* a vessel for holy waters, a kind of drinking pot. पवित्र जल का पात्र, पानी पीने का बर्तन ।

Stout-स्टाउट् *-adj.* strong, resolute, brave, sturdy, strongly built.स्थूल शरीर का, पुष्ट, दृढ़, वीर, प्रबल ; **Stout-hearted** (-हार्टेड्) *- adj.* brave. वीर हृदय का; **Stout-heartedly** (-लि) *-adv.* bravely. वीर हृदयता से; **Stout-heartedness** (-हार्टेड्-नेंस) *-n.* the state of being brave. वीरहृदयता ; **Stoutish** (-इश्) *-adj.* somewhat stout. थोड़ा पुष्ट; **Stoutly** (-लि) *-adv.* boldly. साहस से; **Stoutness** (-नेंस्) *-n.* fortitude, boldness. प्रबलता, वीरता, साहस ।

Stove-स्टोव्*-n.* an apparatus for heating, a hot-house, a cooking apparatus. अँगीठी, पौधों को गरम रखने का कमरा, चूल्हा, भट्ठी; **Stove-pipe** (- पाइप्) *- n.* a pipe that conducts smoke from a stove. अँगीठी से धुवाँकश तक धुवाँ ले जानेवाली नली ।

Stover-स्टोवर्*-n.* fodder for cattle. पशुओं का चारा ।

Stow-स्टो*-v. t.* to pack goods in a compact form, to fill things in a well-arranged manner. कसकर माल बाँधना, ठिकाने से सामग्री रखना ; **To stow things away** (to place things where they may not intrude.) ऐसे प्रकार से सामग्री रखना जिसमें किसी प्रकार का विघ्न न हो ।

Stowage-स्टो-ऍज् *- n.* a room for stowing things. सामग्री रखने का स्थान ।

Stowaway-स्टो'-अ-वे*-n.* one who hides himself in a ship for the sake of securing a free passage. वह जो बिना महसूल दिये यात्रा करने के लिये जहाज पर अपने को छिपा लेता है ।

Strabismic-स्ट्रे-बिज़्मिक्*-adj.* squinting. ऐंचा ।

Strabismus-स्ट्रे-बिज़्मस्*-n.* a squinting person. ऐंची आँख का मनुष्य ।

Strabotomy-स्ट्रॅ-बॅटमि *- n.* the operation of the eyes for removing squinting. आँख की ऐंचन हटाने के लिये इसकी जर्राही ।

Straddle-स्ट्रॅ'-ड्ल्*-v. i. & t.* to stand or sit with legs wide apart, to part one's legs widely. पैर फैलाकर बैठना या खड़े होना, पैर दूर-दूर करना; *-n.* पैर का फैलाव ।

Stradivarius-स्ट्रॅडिवेॅरिअस् *- n.* a kind of stringed instrument. एक प्रकार की वीणा या सारङ्गी ।

Srafe-स्ट्रा'-फ़्*-v. t.* to thrash, to abuse, to attack, to punish. पीटना, गाली देना, हमला करना, दण्ड देना ; *- n.* abusive language. गाली-गलौज ।

Straggle-स्ट्रॅ-ग्ल् *- v. i.* to be scattered, to get dispersed. छितराना, अलग होना ।

Straggler-स्ट्रॅ-ग्लर्*-n.* one who straggles, a rover or wanderer, a vagabond. भ्रमण-

शील, घुमक्कड़, छितरानेवाला ; **Straggling** (-ग्लिङ्ग्) - *adj.* wandering. घूमनेवाला ; **Stragglingly** (-ग्लिङ्ग्'-लि)-*adv.* in a straggling manner. घूमते हुए, छितराते हुए।

Straight - स्ट्रेट् - *adj.* without bend, not crooked, extending in one direction, without curves, honest, candid. बिना मोड़ का, अकुटिल, सीधा (खड़ा), सादा, सरल, ईमानदार।

Straightaway-स्ट्रेट् -अ - वे -*adj.* straight-for ward. स्पष्टवक्ता।

Straight-cut-स्ट्रेट्'-कट्-*adv.* cut lengthwise. खड़े बल में काटा हुआ।

Straighten-स्ट्रेट्'-न्-*v. t.* to make straight. सीधा करना; **Straightener** (-नर्) - *n.* he who or that which straightens. फैलाने या सीधा करनेवाला।

Straightforth-स्ट्रेट्'-फोर्थ्-*adv.* henceforth. अब से आगे; **Straightforward** (-फॉर्'-वर्ड्)-*adj.* upright, open. सरल, सरल प्रकृति का; **Straightforwardly** (-फॉर्'-वर्ड्-लि)-*adv.* in a straightforward manner. सीधे-सीधे, स्पष्ट रूप से; **Straightforwardness** (-फॉर्-वर्ड्-नेस्) -*n.* uprightness, openness. खरापन, सीधापन; **Straightly** (-लि)-*adv.* in a right line. सीधी रेखा में; **Straightness** (-नेस्)-*n.* the quality of being straight. सीधापन।

Straight off-स्ट्रेट्'-ऑफ्-*adv.* without a hitch. बिना हिचक के।

Straight-thinking-स्ट्रेट्'-थिङ्किङ्ग्-*n.* candid thought. न्यायपूर्वक विचार।

Straightway - स्ट्रेट्' - वे - *adv.* immediately. तुरत, झटपट।

Strain-स्ट्रेन् - *v. t. & i.* to stretch to the utmost, to stretch tightly, to sprain, to distort the meaning, to do one's utmost, to constrain, to pass through a sieve. तानना, कसकर फैलाना, ऐंठना, खींच-खींचकर अर्थ निकालना, अधिक प्रयत्न करना, शोधना (विमल करना), छानना, निचोड़ना; -*n.* a violent effort, tension, music. श्रम, तनाव, तीव्र उद्योग, झुकाव, ऐंठन, गीत; **In another strain** (in a different tune.) दूसरे लय में; **To strain a point** (to go beyond limit.) सीमा से बाहर जाना।

Strainable-स्ट्रेनेबल्-*adj.* able to be strained. तानने या छानने योग्य; **Strained** (-न्ड्) - *adj.* artificial, constrained. कृत्रिम, खिंचा हुआ, तना हुआ; **Strainer** (-नर्)-*n.* an instrument for filtering. छानने का यन्त्र ; **Straining** (-निङ्ग्)-*n.* pressure, difficulty. दबाव, कठिनाई।

Strait-स्ट्रेट्-*adj.* narrow, confined, strict. संकुचित, सँकरा, कठिन;-*n.* a narrow pass of water, difficulty. जलडमरूमध्य, आबनाय, संकुचित मार्ग, सङ्कट (आपत्ति, दुर्दशा) ; **Straits** (- स्) -*n. pl.* a difficult position. (ब० व०) संकट की अवस्था।

Straiten-स्ट्रेट्'-न्-*v. t.* to make narrow, to distress. संकुचित करना (कष्ट देना), व्याकुल करना; **Straitened circumstances** (times of distress.) दुर्गति, कठिन अवस्था।

Straitly-स्ट्रेट् - लि - *adv.* narrowly. संकुचित रूप से।

Straiteness-स्ट्रेट्'-नेस्-*n.* a distress, want. आपत्ति, कष्ट, अभाव।

Strake-स्ट्रेक्-*n.* the iron band of a wheel. पहिये की लोहे की हाल।

Stramineous-स्ट्रॉ - मिनि - अस् - *adj.* chaffy, similar to straw. भूसा भरा हुआ, भूसे के समान।

Stramonium-स्ट्रॉ-मो' - नि - अम् - *n.* a plant whose seeds are used in medicine. एक प्रकार का धतूरा।

Strand-स्ट्रॅन्ड्-*n.* the margin of sea or lake, beach, one of the component strings of a rope. तीर, किनारा, रस्से का बल (भाँज) ; -*v. t. & i.* to drift on shore, to run aground, to break up a rope in strands. रेती या घाट पर लगाना, भूमि पर लग जाना, रस्से की भाँज अलगाना।

Stranded-स्ट्रॅन्ड्'-ऐड्-*adj.* without resources. निःसहाय।

Strange-स्ट्रेन्ज् - *adj.* foreign, unfamiliar, new, wonderful, peculiar, surprising, queer. अपूर्व, परदेशी, अपरिचित, विचित्र, अद्भुत, अनोखा (अलौकिक), असम्भव; **Strangely** (-लि)-*adv.* in a peculiar manner. विलक्षण प्रकार से; **Strangeness** (-नेस्)-*n.* the state of being peculiar. विलक्षणता, विचित्रता।

Stranger-स्ट्रेन्जर्-*n.* an unknown person,

a foreigner, a guest. अज्ञात, परदेशी, अनजान (पराया), अतिथि; **The little stranger** (a new-born babe.) नवजात शिशु।

Strangle-स्ट्रैङ्ग्'-ल्-*v. t.* to kill by pressing the neck, to suppress, to suffocate. गला ऐंठकर या दबाकर मार डालना, दबाना, गला घोंटना।

Strangler-स्ट्रैङ्ग्'-लर्-*n.* one who strangles. गला घोंटनेवाला।

Strangles - स्ट्रैङ्ग्' - ल्ज़् - *n.* an infectious disease in cattle. पशुओं का एक संक्रामक रोग।

Strangulate-स्ट्रैङ्ग्यु - लेट्-*v. t.* to strangle, to stop circulation of blood by compression. गला घोंटना, अङ्ग बाँधकर रुधिर की गति रोकना।

Strangulation-स्ट्रैङ्ग्यु-ले'- शन्-*n.* constriction of the throat. गला घोंटने का काम।

Strangurious-see **Strangury.**

Strangury - स्ट्रैङ्' - ग्यू- रि -*n.* a disease in which urine passes with difficulty or in drops. अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र, बूँद-बूँद करके कष्ट से पेशाब होने का रोग ; **Strangurious** (-अस्) -*adj.* pertaining to strangury. अश्मरी या मूत्र-कृच्छ्र रोग से संबंधित।

Strap-स्ट्रैप्-*n.* a long narrow strip of leather, cloth or other flexible material used for binding. चर्मपट, पट्टी, तस्मा; -*v. t.* (*p. t.* **Strapped.**) to fasten with a strap, to sharpen razor on a strap. तस्मे से बाँधना, चमोटे पर उस्तरा तेज करना ; **The strap** (chastisement with a strap.) चमड़े के तस्मे की मार द्वारा दण्ड।

Strappado-स्ट्रै - पे - (-पा)-डॅ-*n.* a kind of torture. एक प्रकार का दुर्दशा का दण्ड।

Strapper-स्ट्रै - पर्-*n.* one who strikes with a strap. चाबुक से मारनेवाला।

Strapping-स्ट्रै-पिङ्ग्-*n.* flogging with a strap. तस्मे (चाबुक) की मार।

Strap-work-स्ट्रैप - वर्क् - *n.* work of plaited straps. पट्टे की गूँथन।

Strata-स्ट्रे-टॅ-*n.* (*pl.* of **Stratum.**) layers. तहें।

Stratagem-स्ट्रैट्'-अ-जॅम्-*n.* an artifice, a trick, a means of deceiving an ememy. युक्ति, छल, कपट (षड्यन्त्र), शत्रु को ठगने का उपाय।

Stratal-स्ट्रे -टल् - *adj.* pertaining to stratum. परत का।

Strategic-स्ट्रै-ट्रै जिक् - *adj.* pertaining to a stratagem. युद्ध की कूटनीति से संबंधित; **Strategical** (-अल्)-*adj.* pertaining to strategy. कपट उपाय का; **Strategically** (-लि) -*adv.* in a strategic manner. कपट-रचना से; **Strategics** (-स्) - *n.* strategical science. कपट विद्या ; **Strategist** (-जिस्ट्) -*n.* one who is skilled in military science. युद्धविद्या में निपुण।

Strategy-स्ट्रै-टि'-जि-*n.* (*pl.* **Strategies.**) the art of war, the science of military tactics. युद्धकौशल, व्यूह-रचना।

Strath-स्ट्रैथ्-*n.* a broad mountain valley, a stretch of flat land by the river side. पहाड़ की चौड़ी घाटी (दर्रा), नदी के किनारे का समतल क्षेत्र।

Straticulate-स्ट्रै-टिक्यु-लें-ट्-*adj.* having thin layers. पतली तहवाला।

Stratification-स्ट्रैटि -फ़ि-के' - शन्-*n.* process of stratifying. तहों का अलगाव।

Stratified-स्ट्रैटि - फ़ाइड् - *adj.* arranged in layers. परतों में व्यवस्थित।

Stratiform-स्ट्रैटि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of strata. तहों के रूप का।

Stratify-स्ट्रैटि'-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Stratified.**) to arrange in layers. तह या परत लगाना।

Stratigraphy-स्ट्रै-टि-ग्रै-फ़ि-*n.* the science of the geological arrangement of strata. भूतत्व विज्ञान का वह भाग जिसमें भूमि की तहों के क्रम का वर्णन रहता है।

Stratocracy-स्ट्रै-टॅ-क्रसि-*n.* military despotism. सैनिक प्रबन्ध।

Stratography-स्ट्रै-टॅ - ग्रैफ़ि-*n.* description of an army. सेना का वर्णन।

Stratonic-स्ट्रै-टॅ-निक् - *adj.* pertaining to an army. सेना-सम्बन्धी।

Stratotic-स्ट्रैटॅ-टिक्-*adj.* military. सैनिक, सेना सम्बन्धी।

Stratum-स्ट्रे-टम् -*n.* a bed of sedimentary rock. तहदार चट्टान की एक परत।

Stratus-स्ट्रेटस्-*n.* (*pl.* **Strati.**) a continuous expanse of cloud. फैला हुआ बादल।

Straw-स्ट्रॉ-*n.* the dry stalks or stems of certain kinds of grain. भूसा, पुआल, सूखी घास, तिनका, फूस ;-*v. t.* to strew. छितराना, बिखेरना; **Man of straw** (a person without substantial means.) तृणमूर्ति, निःसत्त्व मनुष्य; **To catch at a straw** (to resort to an inadequate expedient.) शक्तिहीन वस्तु का सहारा लेना ; **To make a straw of** (to consider of no value.) तृण-समान जानना।

Strawberry-स्ट्रॉ'-बे-रि-*n.* (*pl.* **Strawberries.**) a kind of perennial plant. एक प्रकार की झरबेर।

Strawboard-स्ट्रॉ-बोर्ड्-*n.* a thick paper made of straw. कागज की रूखी दफ्ती।

Straw-coloured-स्ट्रॉ-कलर्ड्-*adj.* of the colour of straw. पीले रङ्गका।

Strawcutter-स्ट्रॉ'-कटर्-*n.* an instrument for cutting fodder. चारा काटने की कल।

Strawy-स्ट्रॉ'-इ-*adj.* full of straw. तिनके से पूर्ण।

Stray-स्ट्रे-*v. i.* (*p. t.* **Strayed.**) to wander without aim, to ramble, to lose one's ways. विचरना, भटकना, रास्ता भूल जाना ; -*n.* strayed animal. भटका हुआ पशु ; -*adj.* scattered, meeting now and then. बिखरा हुआ, कभी-कभी भेंट करनेवाला।

Strayed-स्ट्रे-ड्-*adj.* losing one's way. पथ-भ्रष्ट, भटका हुआ।

Streak-स्ट्रीक्-*n.* a long narrow irregular line or strip of colour. लकीर, रेखा, धारी;-*v. t.* to mark with streaks, to stripe. धारी डालना, रेखा से चिह्नित करना, लकीर करना ; **Streaked** (-ड्) - *adj.* variegated, with stripes of various colours. अनेक रङ्गों की रेखाओं से चिह्नित; **Streakily** (-लि) -*adv.* by way of streaks. धारी के रूप में।

Streakiness-स्ट्रीक्'-इ-नेस्-*n.* the state of being streaked. धारीपन ; **Streak of lightning** (a flash of lightning.) विद्युत्-रेखा, बिजली की चमक।

Streaky-स्ट्रीकि-इ-*adj.* streaked. धारीदार।

Stream-स्ट्रीम्-*n.* a body of running water, a current, flowing, direction of flow. स्रोत, धारा, नदी (नाला), प्रवाह, प्रवाह की दिशा; -*v. i. & t.* to flow like a stream, to send forth, to emit a stream. धारा में बहना, निकलना या निकालना, फेंकना।

Streamer-स्ट्रीमर्-*n.* a flag, a ribbon attached at one end with the other end waving in the air, a beam of light. पताका, फीता जिसका एक छोर बँधा हो तथा दूसरा छोर वायु में फहराता हो, प्रकाश की किरण।

Streamless-स्ट्रीम्'-लेस्-*adj.* without streams. बिना धारा का।

Streamlet-स्ट्रीम्'-लेट्-*n.* a small stream. छोटी धारा।

Streamy-स्ट्रीमि'-*adj.* abounding in streams, flowing in a stream. धारायुक्त, धारा में बहने-वाला।

Street-स्ट्रीट्-*n.* a paved way in a town or village. (सड़क) गली, पथ; **The man in the street** (a man of ordinary intelligence.) सामान्य मनुष्य; **On the street** (living by prostitution.) वेश्यावृत्तिवाली स्त्री; **Royal street** (a public road, main road.) राज-मार्ग, बड़ी सड़क ; **Street door** (a door opening towards the street.) सड़क की ओर खुलनेवाला दरवाजा; **Street-sweeper** (-स्वीप्-अर्)-*n.* he who sweeps the streets. सड़क पर झाड़ू देनेवाला।

Street-walker-स्ट्रीट्' - वॉकर्-*n.* a prostitute. वेश्या; **Street-ward** (-वर्ड्) -*adv.* towards the street. सड़क की ओर।

Strength-स्ट्रेन्'थ् - *n.* vigour, power, that which makes strong, force, that which is encouraged by argument, robustness. शक्ति, बल (पुष्टता), भरोसा, प्रभाव (पराक्रम); **On the strength of** (encouraged by, relying on.) प्रोत्साहन से, अवलम्बन कर के ; **Strength of mind** (intellectual strength.) बुद्धि की शक्ति (ताकत)।

Strengthen-स्ट्रेन्'-थ्-न्- *v. t. & i.* to make or grow strong, to confirm. प्रबल (दृढ़) करना, पुष्ट करना, पक्का करना; **Strengthener** (-अर्)-*n.* that which increases strength. शक्तिवर्धक औषध आदि; **Strengthening** (-इङ्ग्)-*adj.* increasing strength. शक्तिवर्धक, बलकारक; **Strengthless** (-लेस्)-*adj.* wanting in strength. दुर्बल, शक्तिहीन।

Strenuous-स्ट्रे-न्यु-अस्-*adj.* energetic, earnest, persistent. अति उत्साही, उद्योगी, हठी (दृढ़); **Strenuously** (-लि)-*adv.* ardently, zealously. उत्साह से, प्रयत्न से; **Strenuousness** (-नेस्) -*n.* eagerness. उद्योग, उत्साह।

Strepent-स्ट्रे-पे-न्ट्-*adj.* noisy. कोलाहली।

Streperous-स्ट्रेपरस्-*adj.* boisterous. कोलाहल करनेवाला।

Strephon-स्ट्रे'-फ़न्-*n.* a love-sick farmer or shepherd. प्रेमासक्त कृषक (किसान) या गड़ेरिया।

Stress-स्ट्रेस्-*n.* pressure, urgency, impelling force, weight, effort, importance, emphasis on a syllable or word, the force exerted on a body. दबाव, बल, भार, प्रयत्न, गुरुत्व, किसी शब्द या अक्षर पर भार देना (जोर डालना), प्रभाव ; -*v. t.* to lay stress on, to lay emphasis on. प्रभाव डालना, जोर देना ;

Stressless (-लेस्) *-adj.* without stress. बिना दबाव का ।

Stretch-स्ट्रेच्-*v. t. & i.* to straighten, to lengthen, to spread, to tighten, to extend, to exert to the utmost. सीधा करना, लम्बा करना, फलाना, कसना, बढ़ाना, तानना, सबसे अधिक श्रम करना; *-n.* stretching or being stretched, effort, struggle, extension. फैलाव, प्रयत्न, संघर्ष, विस्तार, वृद्धि; **To stretch one on the ground** (to knock a man sprawling.) मारकर भूमि पर लिटा देना; **To stretch out** (to expand.) फैलाना, पसारना; **To stretch the truth** (to exaggerate.) अत्युक्ति (अतिशयोक्ति) करना ।

Stretcher-स्ट्रेचर् *-n.* an appliance for carrying the sick and disabled persons. डोली, टिकठी ।

Stretchiness-स्ट्रे चि-नेस *-n.* extent, expanse. विस्तार, फलावट ।

Stretchy-स्ट्रे चि-*adj.* liable to stretch. फैलनेवाला ।

Strew-स्ट्रू *-v. t.* (*p. t.* **Strewed**, *p. p.* **Strewn.**) to scatter on surface, to cover with small objects. छितराना (फैलाना), बिखेरना; **Strewing** (-इङ्ग्)*-n.* act of scattering or spreading. छितराने या फैलाने का कार्य ।

Stria-स्ट्राइ-ऑ *-n.* (*pl.* **Striae.**) the mark of lines on a surface, a slight furrow. समतल पर डोरी (लकीर) के चिह्न, हलकी लीक ।

Striate-स्ट्राइ'-एट्-*adj.* striated. डोरीदार; **Striately** (-लि) *-adv.* in a striated manner. लकीरपन से ; **Striation** (-शन्) *- n.* the state of being striated. डोरी पड़ने की अवस्था ।

Stricken-स्ट्रिक्'- न् - *p. p.* of **Strike**;*-adj.* wounded in the chase, afflicted with a disease, struck with a blow. शिकार में जख्मी, रोगग्रस्त, चोट खाये हुए ।

Strict-स्ट्रिक्ट् *- adj.* accurate, tense, severe, rigid, requiring exact performance. नियत, दृढ़, कठोर, तीक्ष्ण, अलंघनीय, निपुण; **Strictly** (-लि) *-adv.* exactly, literally. ठीक-ठीक, दृढ़ता से, वस्तुत: ; **Strictness** (-नेस) *-n.* harshness. कठोरता, दृढ़ता ।

Stricture - स्ट्रिक्चर् *- n.* a critical remark, censure, morbid contraction of any duct in the body. गुण-दोष की व्याख्या, निन्दा, शरीर के किसी स्रोत का अवरोध; **Strictured** (-ड्)*-adj.* censured, obstructed. निन्दा किया हुआ, स्रोत का अवरोध किया हुआ ।

Stride-स्ट्राइड् *-v. i. & t.* (*p. t.* **Strode,** *p. p.* **Stridden, Strid.**) to walk with long steps, to bestride. लंबे-लंबे डग से चलना, लाँघना, डाँकना; *-n.* a single long step. लंबा डग, (डकान) छलाँग ।

Strident-स्ट्राइ-डेन्ट्-*adj.* loud in sound. तेज शब्द का, ककश; **Stridently** (-लि) *-adv.* with a loud sound. चिल्लाहट से ।

Stridulant-स्ट्रिड्यूलन्ट्-*adj.* making a shrill cry. कर्कश शब्द निकालनेवाला ।

Stridulate-स्ट्रिड्'-यू-लेट्-*v.i.* to make a shrill cry by rubbing the parts of the body. शरीर के अङ्ग को रगड़कर झनझन शब्द निकालना; **Stridulation** (-लेशन्) *-n.* the act of stridulating. झनझन शब्द ; **Stridulator** (-लेट्-अर्)*-n.* one who makes a shrill cry. झनझन शब्द करनेवाला; **Stridulous** (स्ट्रिड्'-यु-लस्) *-adj.* making a harsh sound. कर्कश शब्द करनेवाला ।

Strife-स्ट्राइफ् *- n.* a struggle, contention, discord. कलह (विवाद, झगड़ा), राड़, विरोध; **Strifeful** (-फुल) *-adj.* contentious. विरोध करनेवाला ।

Strigil-स्ट्रिजिल् *-n.* an appliance for scraping the skin at the bath. स्नान करते समय शरीर को रगड़ने का झावाँ ।

Strigose-स्ट्राइ-गॅ-स् , (**Strigous**-गस्)*-adjs.* having short stiff hair. छोटे कड़े बालोंवाला ।

Strike-स्ट्राइक् *- v. t. & i.* (*p. t.* **Struck,** *p. p.* **Struck, Stricken.**) to hit, to deliver a blow, to dash against, to punish, to bring into specified condition by striking, to stamp, to arrest attention of, to lower, to find, to refuse to work unless some demands are accepted, to notify by sound. मारना, पीटना, धक्का देना, पटकना, टकराना, दण्ड देना, पीट कर निश्चित दशा पर लाना, छापना, चित्त आकर्षित करना, नीचा करना, पता लगाना, माँगों की स्वीकृति न होने तक हड़ताल करना, शब्द द्वारा सूचित करना; **A stricken heart** (greatly worried heart.) चिन्ताग्रस्त चित्त ; **Stricken with fever** (suffering from fever.) ज्वरग्रस्त; **Struck with wonder** (greatly astonished.) विस्मित, चकित; **The clock strikes.** घड़ी बजती है; **The hour has struck** (the clock has

struck.) घण्टा बजा, समय आ गया; **The plant strikes roots** (the plant grows.) पौधा जड़ फेंकता है; **To strike accounts** (to make accounts.) हिसाब करना; **To strike a match** (to light a match.) दियासलाई जलाना; **To strike at** (to threaten by the fist.) मुक्का तानना; **To strike at the root of** (to destroy completely.) जड़ से नष्ट करना; **To strike back** (to return blows.) मुक्के का बदला चुकाना; **To strike balance** (to take out balance.) रोकड़ निकालना; **To strike bargain** (to make bargain.) सौदा करना; **To strike blind** (to make blind.) अन्धा करना; **To strike fear in the mind** (to create fear in the mind.) चित्त में भय उत्पन्न करना; **To strike for** (to depart.) प्रस्थान करना; **To strike in** (to enter suddenly.) बीच में आना; **To strike off** (to remove, to erase.) हटाना, काटना, मिटाना; **To strike off head** (to sever head from body.) सिर काट लेना; **To strike one's flag** (to surrender a fortress or ship to an enemy) किला या जहाज शत्रु के अर्पण करना; **To strike out** (to throw up hands and feet.) हाथ-पैर फेंकना; **To strike out plan** (to devise.) तदबीर दिखलाना; **To strike sail** (to spread sail.) पाल फैलाना; **To strike tents** (to pitch camps.) खेमा गाड़ना; **To strike through** (to remove by cutting off.) काटकर निकाल देना; **To strike up acquaintance** (to start acquaintance readily.) जल्दी से जान-पहिचान करना; **To strike up a tune** (to start playing a tune.) राग निकालना; **To strike upon a plan** (to occur luckily.) विधि सूझ जाना; **To strike while the iron is hot** (to work when there is energy in the mind and body, to make an effort on getting a chance.) उत्साह के समय काम करना, मौका पाकर प्रयत्न करना।

Strike-स्ट्राइक् *-n.* a refusal of employees to work unless their grievances are remedied. हड़ताल; **General strike** (complete cessation from work.) किसी सामान्य लक्ष्य से सभी व्यवसाय में पूरी हड़ताल; **Strike-breakers** (those who work and do not follow the strikers.) हड़तालियों में से काम करनेवाले; **Sympathetic strike** (a strike in token of sympathy.) सहानुभूति दिखलाने के लिये हड़ताल।

Striker-स्ट्राइकर् *-n.* one who strikes. हड़ताल करनेवाला।

Striking-स्ट्राइकिङ्ग्*-adj.* wonderful, peculiar, impressive. विचित्र, आश्चर्यजनक, अद्भुत, चित्त को आकर्षित करनेवाला; **Strikingly** (-लि) *-adv.* in a striking manner. विचित्रता से, विलक्षणता से; **Strikingness** (-नेस्)*-n.* peculiarity. विलक्षणता, अनोखापन।

String-स्ट्रिङ्ग् *-n.* a slender rope or fine cord used for tying, stretched piece of wire, catgut &c., objects strung together. रस्सी, डोरी, ताँत, तार, सुतली, पंक्ति, माला (श्रेणी); *-v. t. & i.* to furnish with strings, to put on a string, to thread pearls &c. in a string. ताँत लगाना, डोरी लगाना, तार चढ़ाना, तागे में गूँथना या पिरोना; **Second string** (a dependent person.) आश्रयभूत मनुष्य; **String alphabet** (an appliance with special knots for teaching the blind.) अन्धे को अक्षर सिखलाने की भिन्न-भिन्न आकार की ग्रन्थियाँ; **String of pearls** (pearls strung together to form a rosary.) मोती की माला; **To harp on one (the same) string** (to dwell on a single subject.) एक ही विषय में लीन होना, एक धुन में लगे रहना; **To have two strings to one's bow** (to have two expedients.) दुहरा लाभ उठाना; **To pull the strings** (to be the chief actuator.) किसी कार्य का प्रधान उत्तेजक होना; **To touch the strings** (to begin playing.) सारङ्गी बजाना आरम्भ करना।

Stringed-स्ट्रिङ्ग्-ड्*-adj.* having strings. ताँत या तारवाला, तन्तुयुक्त।

Stringency-स्ट्रिन्-जेन्-सि*-n.* severe pressure. कठोरता; **Stringent** (-जेन्ट्)*-adj.* severe, strict, urgent, tight, hard to operate. कठोर, दृढ़, आवश्यक, कसा हुआ, अशिथिल; **Stringently** (-जेन्ट्-लि) *-adv.* in a strict manner. कठोरता से।

Stringer-स्ट्रिङ्ग्'-अर्*-n.* a supporting timber in which the steps of a staircase are set. धरन जिसमें सीढ़ी के डण्डे लगाये जाते हैं।

Stringiness-स्ट्रिङ्गि-नेस्*-n.* the state of being stringy. रेशापन।

Stringless-स्ट्रिङ्ग्'-लेस्*-adj.* without strings. बिना तार या ताँत का।

Stringy-स्ट्रिङ्गि *- adj.* like a string, fibrous. तार के समान, सूतदार (रेशेदार)।

Strip-स्ट्रिप्*-v. t. & i.* (*p. t.* **Stripped.**) to lay bare, to deprive of covering &c., to

remove the bark, to tear off, to undress. नङ्गा करना, खाल उधेड़ना, कपड़ा उतारना, छिलका उतारना, छाल हटाना; *-n.* a long narrow piece of anything. धज्जी, पट्टी; **Stripped** (-ड्) *-adj.* naked. नङ्गा; **To strip a cow** (to press out all milk from a cow.) गाय का सब दूध दुह लेना; **To strip off** (to remove all clothes from.) सब कपड़े उतारना।

Stripe-स्ट्राइप्-*n.* a long narrow band generally of equal breadth attached to a surface of a different colour, a mark made by a lash. पट्टी (धारी, लकीर), कोड़े की मार का चिह्न; *-v. t.* to make stripes on. लकीर या रेखा डालना; **Striped** (-ड्) *-adj.* having stripes. लकीरदार, धारीदार।

Stripling-स्ट्रिप्-लिङ्ग्-*n.* a lad, a young man. शिशु, बालक, किशोर।

Stripper-स्ट्रि-पर्-*n.* one who strips. छिलका उतारनेवाला, खाल उधेड़नेवाला।

Stripy-स्ट्राइपि-*adj.* resembling a stripe. पट्टी की तरह का।

Strive-स्ट्राइव्-*v. i.* (*p. t.* **Strove,** *p. p.* **Striven.**)to endeavour, to try hard, to struggle, to contend. प्रयत्न करना, उद्यम करना, कलह करना, झगड़ना; **to strive against** (to struggle against an enemy.) झगड़ा करना, कलह करना।

Striver-स्ट्राइ-वर्-*n.* one who makes bodily or mental efforts. शारीरिक या मानसिक परिश्रम करनेवाला।

Striving-स्ट्राइ-विङ्ग् - *n.* contention. झगड़ा, कलह; **Strivingly** (-लि) *-adv.* with great effort. अधिक परिश्रम से।

Strobiliform-स्ट्रॉबिलिफ़ॉर्म् *-adj.* (also **Strobiline** or **Strobiloid**) cone-shaped. शंकु की आकृति का।

Strocal-स्ट्रोकल्-*n.* a shovel used by glass-makers. काँच बनानेवालों का फरसा।

Strode-स्ट्रोड्-*p. t.* of **Stride.** लम्बे लम्बे डग से चला।

Stroke-स्ट्रोक्-*n.* a blow, a sudden attack, a single performance, a successful attempt, calamity, an original idea, a mark made by a pen of brush, the sound made by the striking of a clock. आघात, प्रहार, चोट, आकस्मिक आक्रमण, कृति, सफल प्रयत्न, विपत्ति,अनोखा, विचार, कलम या बुरुस से बनी हुई लकीर, घड़ी के बजने का शब्द; **Finishing strokes** (finishing touches.) अन्तिम सुधार; **On the stroke** (at the right time.) ठीक समय पर; **Stroke of business** (a profitable transaction.) लाभ का व्यापार; **Stroke of policy** (diplomacy.) नीति की निपुणता; **Stroke of thunderbolt** (a stroke of lightning.) वज्रपात; **Sunstroke** (prostration caused by exposure to excessive heat of the sun.) लू लग जाना।

Stroke-स्ट्रोक् *-v. t.* to pass the hand gently in one direction. थपथपाना (सहलाना), एक ओर हाथ फेरना;*-n.* the act of stroking. थपथपाहट; **To stroke one down** (to pacify.) शान्त करना, ठण्डा करना; **To stroke one's hair the wrong way** (to irritate.) उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Stroker-स्ट्रोकर्-*n.* one who strokes. सहलानेवाला।

Strokingly-स्ट्रोक्'-इङ्ग्-लि-*adv.* in a stroking manner. थपथपाते हुए।

Stroll-स्ट्रोल्-*v. i. & t.* to ramble, to saunter, to walk leisurely, to wander on foot. विचरना, घूमना, इधर-उधर भटकना, पैदल घूमना;*-n.* a rambling saunter, a leisurely walk. परिभ्रमण, घूमना, टहलान।

Stroller-स्ट्रोलर् - *n.* a wanderer, a vagrant. इच्छानुसार घूमनेवाला, घुमक्कड़।

Stroma-स्ट्रो'-मॉ-*n.* (*pl.* **Stromata.**) the framework of an organ. किसी अंग का ढाँचा।

Stromatic-स्ट्रो-मॉ-टिक्-*adj.* (also **Stromal.**) miscellaneous. भिन्न आकार का।

Strombuliform-स्ट्रॉम्'-ब्यू-लि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a top. लट्टू के आकार का।

Strong-स्ट्रॉङ्ग्-*adj.* having physical power to endure, energetic, tough, healthy, firm, effective, vigorous, vivid, muscular, fortified, forcible, full of spirit, stout, zealous. समर्थ, प्रबल, पुष्ट, चिमड़ा, स्वस्थ, दृढ़, प्रभावकारी, उत्तेजक, स्पष्ट, मांसल (दृढ़ अङ्गवाला), किलेबन्द, शक्तिशाली, तीव्र, उत्साही, बलवान्; **A company of 500 strong** (a company composed of five hundred soldiers.) पाँच सौ सिपाहियों का रिसाला; **Of strong smell** (bitter-smelling.) उग्र गन्ध का; **Of strong mind** (capable of strong reasoning.) तीक्ष्ण बुद्धिवाला; **Strong character** (sound character.) दृढ़ चरित्र; **Strong drink** (very intoxicating liquor.) तीखी मदिरा; **Strong fortress** (an unconquerable fortress.) अजेय दुर्ग; **Strong inclination** (a keen desire.) उत्कट इच्छा; **Strong market** (a rising market.) भाव बढ़ने का बाजार; **Strong**

meat (solid food.) ठोस भोजन; **Strong medicine** (an effective medicine.) गुणकारी औषध; **Strong-minded** (having a sound mind.) मनस्वी; **Strong support** (support with full power.) पूर्णरूप की सहायता; **Strong style** (forcible expression.) प्रभावशाली लेख; **Strong verbs** (verbs forming inflexion by change of vowel within the stem and not by suffixes.) वह क्रिया जिसका भूतकाल का रूप शब्द के भीतरी स्वर के बदलने से बनता है; **Strong voice** (a harsh voice.) तेज बोली; **To grow-strong** (to be powerful.) प्रबल होना।

Stronghold-स्ट्रॉङ्ग्'-होल्ड्-*n.* a fortress. क़िला, गढ़, दुर्ग।

Strongly-स्ट्रॉङ्ग्' -लि *adv.* forcibly, firmly, दृढ़ता से, कठोरता से।

Strong-room-स्ट्रॉङ्ग्'-रूम्-*n.* a strong room in which valuables are kept. बहुमूल्य पदार्थों के रखने का मजबूत कमरा।

Strong-set-स्ट्रॉङ्ग्'-सेट् - *adj.* firmly fixed. कसकर लगाया हुआ।

Strontia-स्ट्रॉन्'-शी-*n.* an ingredient of fireworks. आतिशबाजी बनाने का एक मसाला।

Strontium-स्ट्रॉन्'-शम् -*n.* a kind of yellow metal. एक प्रकार के पीले रंग की धातु।

Strop-स्ट्रॉप्-*n.* a strip of leather on which razors &c. are sharpened. उस्तरा तेज़ करने का चमोटा; -*v. t.* (*p. t.* **Stropped.**) to sharpen on a strop. चमोटे पर रगड़कर तेज़ करना।

Strophe-स्ट्रो'-फ़ि-*n.* a stanza. श्लोक, छन्द।

Strophiolate-स्ट्रॉ'-फ़ि-ऑ-लेट्, **Strophiolated** (-ऍड्)-*adjs.* furnished with a garland. माला पहिनाया हुआ।

Strophulus-स्ट्रॉफ़्'-यु-लस्-*n.* tooth-rash. बच्चों का मसूढ़ा फूलने का रोग।

Strove-स्ट्रोव्-*p. t.* of **Strive.** प्रयत्न किया।

Struck-स्ट्रक्-*p. t.* of **Strike.** मारा।

Structural-स्ट्रक्चरल्-*adj.* pertaining to structure. बनावट का, रचना-सम्बन्धी; **Structurally** (-लि) -*adv.* by way of structure. बनावट के रूप में।

Structure-स्ट्रक्चर् - *n.* the manner in which anything is constructed, supporting framework of something, construction, form, building. निर्माण (रचना), ढंग, ढाँचा, आकार, बनावट, भवन, गृह।

Structured-स्ट्रक्चर्ड्-*adj.* constructed. निर्माण किया हुआ।

Structureless-स्ट्रक्चर्-लेस्-*adj.* without organization. बिना व्यवस्थित रचना का।

Struggle-स्ट्र-गल्-*v. i.* to make a violent effort, to contend with, to strive hard. अधिक परिश्रम करना, संघर्ष करना, उद्योग करना;-*n.* a violent effort, hard contest, strife, effort under difficulties. परिश्रम, संघर्ष, प्रयत्न, कलह, लड़ाई-झगड़ा; **Struggler** (-अर्) -*n.* one who struggles or strives. संघर्ष करनेवाला, झगड़ालू; **Strugglingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a struggling manner. संघर्ष करते हुए, झगड़ते हुए।

Strum-स्ट्रम्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Strummed.**) to twang the strings of a musical instrument. बीन, सितार इत्यादि के तारों को झनकारना;-*n.* the sound made by strumming. झनकार।

Struma-स्ट्रू-मॉ -*n.* (*pl.* **Strumae.**) scrofula. गण्डमाला।

Strumous-स्ट्रू'मस् - *adj.* scrofulous. गण्डमाला-सम्बन्धी।

Strumpet-स्ट्रम्पेट्-*n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी, पतुरिया।

Strung-स्ट्रङ्ग् -*p. t. & p. p.* of **String.**

Strut-स्ट्रट् *v. i.* (*p. t.* **Strutted.**) to walk with a pompous gait. गर्व से (अकड़कर) चलना; -*n.* an affected gait. अकड़ की चाल; **Strutter** (-टर्) -*n.* one who struts. अकड़कर चलनेवाला।

Struthious-स्ट्रू'-थि-अस्-*adj.* pertaining to or like the ostrich. शुतुरमुर्ग की तरह का।

Struttingly-स्ट्र-टिङ्ग्-लि -*adv.* in a strutting manner. अकड़कर चलते हुए।

Strychnia-स्ट्रिक्' -नि-आ, **Strychnine** -स्ट्रिक्'-नीन्-*ns.* a poisonous alkaloid obtained from certain plants. वत्सनाभ (बच्छनाग)।

Strychnic-स्ट्रिक्' -निक् - *adj.* pertaining to strychnia. वत्सनाभ सम्बन्धी।

Stub-स्टब्-*n.* the stump of a tree, tooth &c., remannt of cigar, pencil &c. ठूँठा, बचा हुआ छोटा टुकड़ा; -*v. t.* (*p. t.* **Stubbed.**) to clear land of stubs. भूमि में से ठूँठ हटाना।

Stubble-स्ट-बल् -*n.* a stalk of grain, cropped hair. अन्न के पौधे की खूँटी, कटा हुआ बाल।

Stubbly-स्टब्-लि-*adj.* stubbled. खूँटीदार।

Stubborn-स्टबर्न् - *adj.* obstinate, inflexible,

refractory, not yielding. हठी, दुर्दान्त, अड़ियल ; **Stubbornly** (- लि) - *adv.* in a refractory manner. हठ से; **Subbornness** (-नेस्)-*n.* obstinacy. हठ, ज़िद्द ।

Stubby-स्टबि - *adj.* abounding with stubs. ठूँठदार ।

Stub-nail-स्टब्'-नेल्-*n.* a short thick nail. छोटी मोटी काँटी ।

Stucco-स्ट - कों - *n.* (*pl.* **Stuccoes.**) a fine plaster or cement. महीन चूना या सिलिमट; -*v. t.* to coat with stucco. महीन चूने या सीमेन्ट की दीवार इत्यादि पर पलस्तर लगाना ।

Stuck-स्टक्-*p. t.* of **Stick.** चिपकाया, चिपका ।

Stud-स्टड्-*n.* a nail with a large knob, rivet, a two-headed button, a small post, horses and mares kept for breeding or hunting. बड़े माथे का काँटा, कील, खूँटा, दुहरे सिरे का बटन, थूनी, प्रजनन या शिकार के लिये पाले गये घोड़े-घोड़ियों का झुण्ड; -*v.t.* (*p.t.* **Studded.**) to adorn with studs. खूँटा लगाना, फूलदार काँटा जड़ना; **Collar-stud** (a collar-button.) कालर में लगाने का बटन; **Studded** (-डेड्) -*adj.* thickly set. घना जड़ा हुआ, छितराया हुआ; **Studded with stars** (ornamented with stars.) तारे जड़े हुए ।

Studbolt-स्टड्' - बोल्ट् - *n.* a bolt which is threaded at both ends. दोनों ओर पेंच बनी हुई लोहे की छड़ ।

Stud-farm-स्टड्-फ़ार्म्-*n.* a place where horses are bred. घोड़ा पालने का स्थान ।

Stud-horse-स्टड्-हॉर्स्-*n.* a stallion. साँड़, घोड़ा ।

Student-स्ट्यू'-डेन्ट्-*n.* a person who studies for some occupation, one who studies some branch of learning, a scholar. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी, विश्वविद्यालय का छात्र; **Studentship** (-शिप्) - *n.* scholarship. विद्यार्थी का पद ।

Studied-स्ट'-डिड् - *adj.* carefully examined, pre-planned, deliberate, intentional. सावधानी से परीक्षा किया हुआ, अध्ययन किया हुआ, पूर्व-कल्पित या नियोजित, भली भाँति विचारा या समझा हुआ, इच्छानुरूप; **Studiedly** (-लि) -*adv.* in a studied manner. अध्ययन किये हुए ।

Studier-स्ट-डि-अर्-*n.* one who studies, a student. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी ।

Studio-स्ट्यू'-डि-ओ - *n.* (*pl.* **Studios.**) the working room of an artist or photographer. चित्रकार या फ़ोटो खींचनेवाले का काम करने का कमरा ।

Studious-स्ट्यू'-डि-अस्-*adj.* given to study, diligent, anxious, deliberate, painstaking. अध्ययनपरायण, व्यवसायी, उत्सुक (विद्याभ्यासी), अति कष्ट करनेवाला; **Studiously** (-लि) -*adv.* in a studious manner. परिश्रम से, अभ्यास से; **Studiousness** (-नेस्)-*n.* the habit of study. परिश्रम, अध्ययन में आसक्ति ।

Studwork-स्टड्'-वर्क्-*n.* brickwork between the intermediate posts of a partition. अलगाव की दीवार के बीच की ईंटे की जुड़ाई ।

Study-स्ट-डि-*n.* (*pl.* **Studies.**) meditation, devotion of time and mind to books, pursuit of knowledge, investigation, sketch of a picture, a room used for study or for transacting any business. चिन्तन, अध्ययन, ज्ञानार्जन, अनुसन्धान, चित्र का खाका, कोई व्यवसाय करने या पढ़ने का कमरा; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Studied.**) to take pains for acquiring knowledge, to contemplate. परिश्रम से पढ़ना (अभ्यास करना), ध्यान देना (चिन्तन करना); **Close study** (persistent study.) निरन्तर अध्ययन; **In brown study** (intent on thoughts.) विचार में लीन; **To study for the bar** (to study law.) कानून पढ़ना; **To make a study of** (to make a thorough investigation.) भली भाँति अन्वेषण करना; **To study out** (to succeed in an investigation.) ध्यान देकर अन्वेषण करना; **To study up** (to prepare for an examination.) परीक्षा के लिये तयारी करना ।

Stuff-स्टफ्-*n.* the material of which any thing is made, a woven fabric, refuse, worthless matter, nonsense. सामग्री, पदार्थ, कूड़ा, वस्त्र, तुच्छ पदार्थ, अनर्थक बकवाद; - *v. t. & i.* to pack, to stop up, to fill up with something, to press, to eat greedily. भरना, रोकना, परिपूर्ण करना, दबाना, भकोसना; **A good stuff** (a good material.) अच्छा माल; **Doctor's stuff** (medicine.) औषध, दवा ।

Stuffer-स्ट-फ़र्-*n.* he who or that which stuffs. भरनेवाला ।

Stuffing-स्ट - फ़िङ्ग्-*n.* that which is used for filling anything. पूर्ति या भराव की वस्तु ।

Stuffing-box-स्ट - फ़िङ्ग् -बॉक्स्-*n.* a contrivance in an engine which prevents

leakage of air or water through the action of a moving part. यन्त्र (इंजन) में का वह भाग जो हवा या पानी को नहीं निकलने देता या रोके रहता है।

Stuffy-स्टफि - *adj.* packed up, difficult to breathe. भरा हुआ, गला घोंटनेवाली (वायु)।

Stultifier-स्टल्'-टि-फ़ाइ - अर्-*n.* one who befools another person. किसी मनुष्य को मूर्ख बनानेवाला।

Stultification - स्टल्टिफ़िकेशन् - *n.* the act of reducing to absurdity. मूर्ख आचरण, मूर्ख बनाने का काम, निरर्थक उद्योग।

Stultify-स्टल्टिफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Stultified.**) to reduce to absurdity, to make useless, to make foolish. मूर्खवत् आचरण करना, वृथा करना, मूर्ख बनाना।

Stultiloquy-स्टल्टि-लॅ-क्वि-*n.* a silly or foolish talk. मूर्खतापूर्ण बातचीत।

Stum-स्टम्-*n.* unfermented juice of grapes. अंगूर का ताजा रस; -*v. t.* (*p. t.* **Stummed.**) to prevent juice from fermentation. अंगूर के रस को सड़ने से रोकना, अरक न बनने देना।

Stumble-स्टम्'-बल्-*v. i. & t.* to lurch, to trip in walking, to have partial fall, to make mistakes, to come accidentally upon. ठमकना, ठोकर खाना, गिर पड़ना, अशुद्धि करना, चूक जाना; -*n.* the act of stumbling. ठोकर, भूल-चूक।

tumbler-स्टम्'-ब्लर्-*n.* one who stumbles. ठोकर खानेवाला।

Stumbling-block-स्टम्' - बिलङ्ग्-ब्लॉक्-*n.* an obstacle, cause of error. ठोकर, अशुद्धि का कारण; **Stumbling-block to all** (an obstacle or difficulty for all.) सबके लिये ठोकर, विघ्नस्थान।

Stumblingly - स्टम् - ब्लिङ्ग् - लि -*adv.* in a stumbling manner. ठोकर खाते हुए, भूल करते हुए ; **To stumble on** (**upon**) (to get by chance.) संयोगवश हाथ लगना।

Stumer-स्ट्यू-मर्-*n.* a counterfeit coin or cheque. बनावटी या जाली सिक्का या चेक।

Stump-स्टम्प्-*n.* the projecting part of a body, when the rest has been cut or has fallen away, broken branch of a tree, one of the sticks of a wicket, a cylinder of rolled paper for softening pencil-marks. किसी वस्तु का कटने पर बचा हुआ भाग, पेड़ का ठूँठ, वृक्ष की कटी हुई डाली, खूँटी, छोटा डंडा, पेंसिल का दाग हलका करने के लिये लपेटे हुए कागजों की बत्ती; -*pl.* legs. (ब० व०) पैर; -*v. i. & t.* to walk stiffly, to brag. डगमगाते हुए चलना, शेखी हाँकना, आत्मश्लाघा करना; **On the stump** (engaged in political lectures.) राजनीतिक विषय पर व्याख्यान देनेवाला।

Stumped-स्टम्प्'-इ-*adj.* full of stumps. ठूँठ से पूर्ण।

Stumper-स्टम्प्'-अर्-*n.* a staggerer, one who brags. डगमगाकर चलनेवाला, शेखी मारनेवाला।

Stumpily-स्टम्पि-लि-*adv.* in a stumpy manner. छोटेपन से; **Stumpiness** (-नेस्) -*n.* smallness. नाटापन, छोटापन।

Stump-orator-स्टम्प्' - ओरेटर् - *n.* a speaker who appeals to the passions of the mob. जनसमुदाय के चित्त को उत्तेजित करनेवाला व्याख्यानदाता; **Stump-oratory** (-इ) also **Stump-speech**(-स्पीच्)-*n.*जनोत्तेजक व्याख्यान।

Stumpy-स्टम्पि -*adj.* thick and small. छोटा और मोटा।

Stun-स्टन्-*v. i.* (*p. t.* **Stunned.**) to make senseless temporarily, to deafen, to overwhelm, to bewilder. अचेत करना, बहिरा करना, घबड़ा देना, मूर्छित करना।

Stunned-स्टन्'-इ-*adj.* deafened. बहिरा किया हुआ।

Stunner-स्ट'-नर्-*n.* one who stuns. मूर्छित करनेवाला।

Stunning-स्ट'-निङ्ग् - *adj.* making stunned, astonishing. कान झल्लानेवाला, आश्चर्यमय।

Stunningly-स्ट-निङ्ग्'-लि-*adv.* in a stunning manner. झन्नाते हुए, बहिरा करते हुए।

Stung-स्टङ्ग्-*p. t. & p. p.* of **Sting.**

Stunk-स्टङ्क्-*p. t.* of **Stink.**

Stunt-स्टन्ट्-*v. t.* to hinder the growth of, to dwarf. बढ़ने न देना, बौना (नाटा) करना; -*n.* a display of energy, special effort. बल प्रदर्शन, विशेष प्रयत्न।

Stunted-स्टन्टेड्-*adj.* dwarfed, with growth stopped. नाटे कद का, बढ़ाव रुका हुआ।

Stupe-स्ट्यूप्-*n.* fomenting with flannel steeped in hot water, a fool. गरम पानी में फ़लालीन तर करके सेंकना, मूर्ख मनुष्य; -*v. t.* to foment with warm water. गरम पानी से सेंकना।

Stupefacient-स्टुपिफ़ेश्यन्ट-*adj*. having stupefying power. मूर्छित करनेवाली (औषध)।

Stupefaction-स्ट्यू'-पि-फ़ैक्शन् - *n*. stupidity, insensibility. जड़ता, मूर्छा।

Stupefactive-स्टुपि - फ़ैक्टिव् - *adj*. narcotic. निद्रा लानेवाली।

Stupefier-स्टु-पि-फ़ाइ-अर्-*n*.one who stupefies. मति मन्द करनेवाला मनुष्य।

Stupefy-स्टुपि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Stupefied.**) to make stupid, to deprive of sensibility. मति मन्द करना, मूर्छित करना।

Stupendous-स्ट्यू-पेन्' - डस् - *adj*. amazing, wonderful, prodigious. अद्भुत, आश्चर्यजनक, अति विशाल ; **Stupendously** (- लि) *-adv*. wonderfully. आश्चर्य या विस्मय से; **Stupendousness** (-नेस्) - *n*. amazement. आश्चर्य, विस्मय।

Stupeous-स्ट्यू-पि-अस्-*adj*. with long scales. लम्बी झिल्लीवाला।

Stupid-स्टु-पिड्-*adj*. dull, slow-witted, sluggish, lacking in sensibility, not interesting. मन्द, जड़, मूर्ख, सुस्त, निर्बुद्धि, अरोचक ; **Stupidity** (- इटि) - *n*. foolishness, lack of intelligence मूर्खता (जड़ता), अज्ञानता; **Stupidly** (- लि)-*adv*. in a foolish manner. मूर्खता से, जड़ता से; **Stupidness** (-नेस्)-*n*. stupidity. मूर्खता, जड़ता।

Stupor-स्ट्यू'-पर्-*n*. torpidity, suspension of sensibility, helpless state. मूर्छा, व्यामोह, जड़ता।

Stuporous-स्ट्यू'- परस् - *adj*. torpid. जड़तासम्बन्धी।

Stupose-स्ट्यू'-पोस् -*adj*. with long tufts of hair. बालों के गुच्छेवाला।

Stuprate-स्टू-प्रेट् - *v. t.* to ravish. किसी स्त्री का सतीत्व नष्ट करना।

Stupration-स्टू-प्रे'-शन् - *n*. violation of a woman's chastity. बलात्कार।

Sturdily-स्टर्डि-लि -*adv*. in a sturdy manner. दृढ़ता से, हठ से, प्रबलता से; **Sturdiness** (स्टर्डिनेस्) - *n*. the state of being sturdy. प्रबलता, दृढ़ता।

Sturdy-स्टर्डि - *adj*. (*comp.* **Sturdier**, *sup.* **Sturdiest.**) robust, strongly built, hardy. प्रबल, पुष्ट, दृढ़ अंगवाला, दबंग।

Sturgeon-स्टर्जन् - *n*. a fish like shark. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Stutter-स्ट-टर्-*v. i.& t.* to stammer, to speak in a stammering way. रुक-रुककर बोलना, हकलाना;-*n*. hesitation in speech. हकलाहट; **Stutterer** (-अर्)-*n*. a stammerer. हकलाकर बोलनेवाला; **Stuttering** (-इङ्ग्)-*adj*. hesitating in speech. हकलाता हुआ।

Stutteringly-स्टटरिङ्गलि-*adv*. in a stuttering manner. हकलाकर बोलते हुए।

Sty-स्टाइ-*n*. (*pl.* **Sties.**) a pen or enclosure for keeping swine, a place of debauchery, a dirty room, an inflamed tumour on the edge of the eyelid. शूकरशाला,सुअर-बाड़ा,घृणित कर्म करने का स्थान, गन्दा कमरा, आँख की बिलनी।

Stye-स्टाइ-*n*. a swelling on the edge of the eyelid. आँख में बिलनी।

Stygian- स्टिजिअन् - *adj*. infernal, gloomy. पाताली, नरक-सम्बन्धी, अन्धकारमय।

Style-स्टाइल्-*n*. a small pointed rod used for scratching on a waxed plate, pen or pencil, manner of writing or speaking, designation of a thing, a kind of architecture, gnomon of sundial, an arrowed prolongation of a flower's ovary. मोमी पत्तर पर नकाशने की सलाई, लकड़ी की क़लम, लेखन या भाषण-शैली, वाग्-व्यापार, पदवी, एक प्रकार की इमारत की बनावट, सूरजघड़ी की सूई, कुक्षिवृन्त; *-v. t.* (*p. t.* **Styled.**) to entitle, to use a specified designation. पदवी देना, प्रधान पद का प्रयोग करना; **Stylish** (-इश्) - *adj*. fashionable. शिष्टाचार के अनुरूप, शिष्टजनसम्मत; **Stylishly** (- इश् - लि) - *adv*. in a stylish manner. शिष्टाचार के अनुसार; **Stylishness** (-इश्-नेस्)-*n*. the quality of being stylish. शिष्टाचार; **Stylist** (- इस्ट्)-*n*. one who aims at writing or speaking in a good literary style. साहित्यिक, सुन्दर शैली में लिखने या बोलनेवाला; **Stylistic** (-इक्)-*adj*. pertaining to literary style. साहित्यिक शैलीसम्बन्धी; **Stylistically** (-इस्ट्-इक्-अलि)-*adv*. in a fine style. साहित्यिक शैली के रूप में।

Stylet-स्टाइ-लेट्-*n*. a fine pointed instrument, (probe.) नुकीला हथियार।

Stylo-स्टाइलो- (*pl.* **Stylos.**) *abbr. for.* **Stylograph.** drawing made with a style. सलाई से खींचा हुआ चित्र।

Stylo-स्टाइलो -*n*. prefix meaning 'pillar'. 'खम्भा' के अर्थ का उपसर्ग; **Stylobate** (-बेट्)-*n*. a continuous base which supports a row of pillars. अनेक खम्भों का आधार।

Stylograph-स्टाइ-लॉ - ग्रॉफ़्- *n*. reservoir-pen with a tubular point for writing, a drawing made by such a pen. रोशनाई भरकर लिखने की कलम जिसमें निब के स्थानपर

नुकीली नली लम्बी होती है, ऐसी कलम से खींचा हुआ चित्र; **Stylographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a stylograph. ऐसी कलम-सम्बन्धी; **Stylographically** (- इक् - अलि) - *adv.* ऐसी क़लम की लिखावट से; **Stylography** (-इ)-*n.* a method of writing or drawing by means of a style. नुकीली सलाई से लिखने या रेखा खींचने की विधि।

Styptic-स्टिप्टिक् - *adj.* that which checks bleeding, an astringent. रुधिर के स्राव को बन्द करनेवाली; -*n.* the local application to a bleeding part. रुधिर स्तम्भन या अवरोध।

Styrax-स्टाइ-रॅक्स् - *n.* a gum-yielding tree. एक प्रकार का बबूल का वृक्ष।

Styx-स्टिक्स्-*n.* the river of Hell. वैतरणी नदी।

Suability-सूऍबिलिटि-*n.* liability to be sued. दावा करने की योग्यता।

Suable-सूऍब्ल् -*adj.* that can be sued. दावा करने योग्य।

Suasible-स्वे'-सि-बल-*adj.* easily persuaded. सहज में बहकाने योग्य।

Suasion- स्वे - जन् - *n.* persuasion, advice. उत्तेजना, उसकाव।

Suasive-स्वे सिव् -*adj.* agreeable. अनुकूल।

Suave-स्वेव्-*adj.* soothing, polite. शान्त करने वाला, विनीत, नम्र; **Suavely** (-लि) - *adv.* in a polite manner. नम्रता से, शान्ति से।

Suavity - स्वॅ-(स्वे) -वि - टि - *n.* taste, politeness. स्वादुता, मधुरता, नम्रता।

Sub-सब् - *pref.* in the sense of 'under', 'subordinate.' 'अधीन,' 'सहायक' अर्थ का उपसर्ग; **Subacid** (-ऍसि-इड्)-*adj.* slightly sour. कुछ खट्टा; **Subacidity** (-सिड्-इ-टि) -*n.* the state of being subacid. कुछ खट्टापन ; **Subacrid** (-ऍक्-रिड्) - *adj.* moderately pungent. कुछ तीखा।

Sub-agency - सब्-एज् - ऍन्-सि -*n.* a subordinate agency. अधीन एजेन्सी।

Sub-agent - सब्-ए-ज् - ऍन्ट् - *n.* an agent of an agent. किसी एजेन्ट का एजेन्ट।

Subaerial-सब्-ऍअर-इ-अल-*adj.* under the sky or in the open air. आकाश के नीचे, खुली हवा में।

Snbconscious-सब्-कॉन्'-शस्-*adj.* hardly conscious. प्राय: अचेत।

Subacute-सब्-ऍ-क्यूट्-*adj.* moderately acute. थोड़ा तीखा।

Subaltern-सब्'-ऑल्टर्न्-*adj.* & *n.* of inferior rank, an inferior officer below a captain. वशीभूत, अधीन, कप्तान के नीचे का अफ़सर।

Subalternate-सब्-ऑल्टर्'-नेट्-*adj.* succeeding by turns. क्रमानुसार, पारी-पारी से होनेवाला।

Subangular-सब्-ऍङ्ग्-ग्यु-लर् - *adj.* slightly angular. थोड़ा कोनेदार।

Subaquatic-सब्-ऍ-क्वॅटिक्-*adj.* of more or less aquatic nature. जल में कुछ काल तक रहने के अभ्यासवाला।

Subaqueous-सब् - ऍक्वि-अस् - *adj.* lying or living under water. जल के नीचे रहनेवाला।

Subarcuated - सब्-आर्क्यु-ए-टेड् - *adj.* of the shape of a bow, somewhat curved inward. धनुष के आकार का, भीतरी ओर कुछ मुड़ा हुआ।

Subastral-सब्-ऍस्ट्रल-*adj.* terrestrial. आकाश तल के नीचे का।

Subaudition-सब्-ऑ-डिशन्-*n.* understanding what is not expressed in words. छूटे हुए शब्दों की मन से ही भरती या पूर्ति, मानसिक ज्ञान या समझ।

Subcaudal-सब्-कॉ'-डल्-*adj.* beneath the tail. पूँछ के नीचे का।

Subcelestial-सब्-सिलेस्चल्-*adj.* beneath the heavens. स्वर्ग या आकाश के नीचे का।

Subcentral-सब्'-सेन्ट्रल्-*adj.* somewhat central. थोड़ा केन्द्र का, थोड़ा केन्द्रिय।

Sub-committee-सब्'-कॅम्-मिटि-*n.* a subordinate meeting. छोटी सभा, उपसमिति या सभा।

Subcontinuous-सब्'-कन्टिन्यु-अस्-*adj.* almost continuous. प्राय: क्रमिक।

Subcontract-सब्'-कॅन्ट्रैक्ट् - *v. t.* to make a contract under a contract. दर ठीका देना;-*n.* a contract under a contract. दर ठीका।

Subcordate-सब्-कॉर्डेट्-*adj.* somewhat like a heart. प्राय: हृदय के आकार का।

Subcostal-सब्-कॉस्टल-*adj* situated between the ribs. पसलियों के बीच का।

Subcutaneous-सब्'-क्यू-टे'-नि - अस्-*adj.* pertaining to the part under the skin. चमड़े के नीचे के भाग का, उपचर्म का।

Subdecuple-सब्-डेक्'-यू-पल्-*adj.* containing one part in ten. दस भाग में एक भाग का।

Subdivide-सब्'-डि-वाइड्'-*v. t.* to divide the parts of a thing. प्रतिभाग करना, हिस्सों का भाग करना; **Subdivisible** (-विज़िब्ल्)-*adj.* able to be subdivided. हिस्सों में विभक्त करने योग्य ; **Subdivision** (-विज़न्) -*n.* the part made by subdividing. अवयव, प्रतिशाखा।

Subdolous-सब्-डॅ-लस्-*adj.* crafty, cunning. धूर्त, कपटी।

Subduable-सब्-ड्यू'-ऍ-बुल् - *adj.* able to be subdued. अधीन करने योग्य।

Subdual-सब्-ड्यू-अल् -*n.* the act of subduing. दमन, संयमन, वशीकरण।

Subduce-सब्-ड्यूस्, **Subduct**-सब्-डक्ट्' -*vs.t.* to withdraw, to take away, to subtract. निकालना, ले लेना, घटाना।

Subdue-सब्-ड्यू -*v. t.* to conquer, to vanquish, to overcome, to bring under subjection, to captivate, to tame, to make gentle. जीतना, हराना, मोहित करना, वशीभूत करना, अधीन करना, वश में करना, पालतू बनाना, भला बनाना; **Subdued** (-ड्) -*adj.* overpowered. अधीन किया हुआ; **Subduer** (-अर्)-*n.* one who overpowers. विजय करनेवाला या वश में लानेवाला व्यक्ति; **Subduing** (-इङ्ग्)-*adj.* softening. दमन करनेवाला।

Subduple-सब्-ड्यू-पल्-*adj.* containing one part in two. दो राशि में से एक भाग का।

Sub-editor-सब्-ऍडिटर्-*n.* an assistant editor. सम्पादक का सहायक, उपसंपादक।

Subequal-सब्'-ई-क्वल्-*adj.* nearly equal. प्रायः तुल्य, प्रायः बराबर का।

Suberic-स्यूबरिक्, **Suberous**, स्यू'-बर्-अस् -*adjs.* like a cork, soft and elastic. काग (डट्टे) की तरह का, कोमल और लचीला।

Subfluvial-सब्-फ्लूविअल्-*adj.* under a stream. जल की धारा के नीचे का।

Subglobular-सब्-ग्लॅ-ब्यूलर्-*adj.* almost globular. प्रायः गोलाकार।

Subhuman-सब्-ह्यू'-मन्-*adj.* almost human. प्रायः मानुषी।

Subindicate-सब्-इन्-डि-केट्-*v. t.* to indicate by a hint. संकेत द्वारा सूचित करना।

Sub-inspector-सब्-इन्-स्पॅक्टर्-*n.* the assistant of an inspector. जाँच करनेवाले का सहायक; **Sub-inspector of Police.** थानेदार।

Subirrigation-सब् - इरिगेशन् - *n.* irrigation below the suface. भूतल के नीचे की सिंचाई।

Subjacent-सब्-जे'-सॅन्ट्-*adj.* situated below, underlying. नीचे का, अधोवर्ती, तल का।

Subject-सब्-जॅक्ट् -*adj.* subordinate, under government, liable, subservient, disposed, liable or prone to. अधीनस्थ, शासनाधीन, आश्रित, उपजीवी, विवश;-*n.* one who owes allegiance to a sovereign, that about which something is said, the mind, the conscious self, theme, the matter treated of, topic, occasion for action. प्रजा, कर्ता, मन, चेतन प्राणी, प्रकरण, विषय, कर्म-स्थान, आधार; -*v. t.* to subdue, to bring under, to make liable, to expose. वश में करना, अधीन करना, हराना, परवश करना; **Subject-heading** (a list of subjects.) विषय-सूची; **Subject in hand** (a theme or topic for consideration.) प्रस्तुत विषय; **Subject-matter** (a matter presented for consideration.) पुस्तक इत्यादि का विषय; **Subject to** (on condition that.) अधीन, शर्त पर; **To change the subject** (to talk on a different subject.) अन्य विषय पर बात करना।

Subjection-सब्-जॅक्शन् -*n.* control, subjugation. अधीनता, परवशता।

Subjective-सब्-जॅक्टिव् -*adj.* belonging to consciousness, of individual point of view. आत्म चेतना-सम्बन्धी, अधिकरण-सम्बन्धी; **Subjectively** (-लि) -*adv.* in a subjective manner. आत्म चेतना-सम्बन्ध से; **Subjectiveness** (-नॅस्)-*n.* the state of being subjective. आत्मीयता, आत्म चेतनता।

Subjectivism-सब्जॅक्टिविज़्म् -*n.* the theory that knowledge is purely subjective. यह सिद्धान्त कि ज्ञान केवल आत्म-चेतना-सम्बन्धी ही है, आत्मवाद; **Subjectivist** (-विस्ट्) -*n.* an adherent of subjectivism. आत्मवादी।

Subjectivity-सब्जेक्टिविटि -*n.* that which is subjective. आत्मीयता, आत्म चेतनता।

Subjectless-सब्-जॅक्ट्-लॅस्-*adj.* without subject. प्रजाहीन, बिना कर्ता का।

Teleological-टॅ लि-ऑलॉजिकल्-*adj.* pertaining to teleology. हेतुविद्या सम्बन्धी; **Teleologist** (-जिस्ट्) -*n.* one who advocates teleology. हेतुविद्या का अनुयायी।

Teleology-टॅ-लि-ऑ-लॅ-जि-*n.* the doctrine of the final cause of things. हेतुविद्या, मीमांसा।

Telepathy-टॅ लि'-पथि-*n.* thought transference. मानसिक संक्रमण, दूरस्थित एक मन का दूसरे पर प्रभाव।

Telephone-टॅ लि-फ़ोन्-*n.* an apparatus for transmitting sound to a distance by means of electricity. बिजली द्वारा शब्द को दूर भेजने का यन्त्र, टेलिफ़ोन; **Telephonic** (-फ़ॅन्-इक्) -*adj.* relating to the telephone. टेलिफ़ोन यन्त्र सम्बन्धी ; Tele-



Telephone.

phonically (-अलि)-*adv.* by means of a telephone. टेलिफ़ोन यन्त्र द्वारा; **Telephonist-** (-फ़ॅन्-इस्ट्)-*n.* one who works the telephone. टेलिफ़ोन पर काम करनेवाला; **Telephony** (-फ़ॅन्-इ)-*n.* the business of operating a telephone. टेलिफ़ोन पर काम करने का व्यवसाय; **Telephonograph** (-फ़ोन्-ओ-ग्राफ़) -*n.* an instrument for recording a telephonic message. टेलिफ़ोन के समाचार को अङ्कित करने का यन्त्र।

Telephotograph-टॅलिफ़ोटॅ-ग्रॉफ़्-*n.* a picture received by means of a telephone. टेलिफ़ोन द्वारा उतारा गया छायाचित्र; **Telephotography** (- इ) -*n.* photographing of distant objects. दूर के पदार्थों की फ़ोटो उतारने का यन्त्र।

Telescope-टॅलि-स्कोप्-*n.* an optical instrument for viewing distant objects. दूर दर्शक यन्त्र, दूरबीन; **Telescopic** (-इक्) -*adj.* pertaining to or like a telescope. दूरबीन-संबंधी, दूरबीन के सदृश, दूरबीन के आकार का; **Telescopically** (- इ - कलि) - *adv.* by means of the telescope. दूरबीन द्वारा।

Teleseme-टॅल्-इ-सीम्-*n* a kind of electric signal. बिजली द्वारा संकेत करने का एक प्रकार का यन्त्र।

Telesia-टॅ-लि-ज़ि'-आ -*n.* sapphire. नीलम।

Telesm-टॅ-ॅज़्म्-*n.* a kind of magical charm, a talisman. यन्त्र, जन्तर।

Telestich-टॅ लॅ-स्टिक्-*n.* a poem in which the final letters of the lines make a name or a word. छन्द जिसके अन्तिम अक्षरों से कोई नाम या शब्द बनता है।

Television-टॅलिविज़न् -*n.* the vision of a distant object on a screen by means of an electrical apparatus. बिजली के यन्त्र द्वारा दूर के पदार्थों के चित्र का पट पर दृश्य या प्रदर्शन।

Telic-टॅलिक्-*adj.* denoting a purpose. लक्ष्य-सूचक।

Tell-टल्-*v. t. & i.* (*p. t. & p.p.* **Told.**) to relate in words, to make known, to count, to produce effect, to determine, to distinguish. कहना, बतलाना, वर्णन करना, समाचार देना, प्रकट करना, गिनना, सूचित करना, निश्चय करना, भेद बताना।

Teller-टॅ-लर्-*n.* one who counts or communicates. गणना करनेवाला, बातचीत करनेवाला।

Telling-टॅलिङ्ग् - *adj.* having great effect. अधिक प्रभाववाला ; **Tellingly** (-लि)-*adv.* effectively. प्रभाव से।

Telltale-टॅल्'-टेल्-*n.* one who informs about the private affairs of men. मनुष्यों के गुप्त या घरेलू मामलों की सूचना फैलानेवाला, चुगलखोर।

Tellural-टॅल्युरल्-*adj.* pertaining to the earth. पृथ्वी सम्बन्धी।

Tellurion-टॅल्यूरिॲन् -*n.* an instrument for showing the causes which produce change of seasons, day and night &c. ऋतु-परिवर्तन, दिन-रात का होना इत्यादि सूचित करने का यन्त्र।

Tellurium-टॅ-ल्यु-रि-अम्-*n.* a rare metal like sulphur. गन्धक के प्रकार की एक अलभ्य धातु।

Telotype-टॅ-लॅ-टाइप् - *n.* printing electric telegraph. तार के समाचार को छापने का यन्त्र।

Temerarious-टॅमरॅरिअस् -*adj.* rash, headstrong. धृष्ट, हठी; **Temerariously**(-लि)-*adv.* rashly, boldly. धृष्टता से, साहस से।

Temerity-टिमॅरिटि - *n.* boldness, rashness. धृष्टता, साहस।

Tempean-टॅम्पिअन्-*adj.* delightful. प्रसन्न।

Temper-टॅम्पर्-*n.* disposition of mind, temperament, moderation, passion, condition of metal as to its hardness, irritation. शील स्वभाव, प्रकृति, मन की स्थिरता या शान्ति, उत्तेजना, हथियारों पर का पानी, क्रोध;-*v. t. & i.* to modify by mixture, to bring to proper hardness, to mitigate, to moderate. मिलाना, मृदु करना, पानी रखना, कम करना, मन को स्थिर या शान्त करना ; **Good temper** (good mood.) सुजनता; **Out of temper** (angry.) क्रुद्ध; **To lose temper** (to be (angry.) क्रुद्ध होना।

Temperament-टॅम्परॅमॅन्ट् - *n.* constitution, disposition. प्रकृति, स्वभाव; **Temperamental** (-अल्)-*adj.* constitutional. स्वभाव-सम्बन्धी।

Temperance-टॅम्परॅन्स्-*n.* self-restraint, moderation, sobriety, calmness, abstinence. संयम, परिमितता, अल्प आहार, शराब-बन्दी, मद्य-निषेध, नशा से परहेज़।

Temperate-टॅम्परॅट्-*adj.* moderate, self restrained ,calm, free from ardent passion. परिमित, संयमी, शान्त, उत्तेजना-रहित; **Temperate zone** (the part of the earth between the tropics and the poles.) सम शीतोष्ण कटिबन्ध (स्थान); **Temperately** (-लि) -*adv.* moderately. संयम से; **Temperateness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being moderate. समता।

Temperature-टॅम्परॅचर्-*n.* heat of air, condition of a body with regard to heat and cold. उष्णता का परिमाण (तापक्रम), गर्मी-सर्दी की स्थिति।

Tempest-टॅम्पेस्ट्-*n.* a violent storm of wind, violent tumult, perturbation. आँधी (तूफ़ान), विप्लव, उपद्रव (हलचल); **Tempestuous** (-ट्यु -अस्)-*adj.* stormy, turbulent. प्रचण्ड (आँधी का), विप्लवी; **Tempestuously** (-लि)-*adv.* with great violence. विप्लव से; **Tempestuousness** (-नेॅस्)-*n.* storminess. वायु की प्रचण्डता ।

Templar-टॅम्प्लर्-*n.* a student of law. क़ानून पढ़नेवाला विद्यार्थी ।

Template-टॅम्-प्लेट्-see **Templet.**

Temple-टॅम्पल्-*n.* an edifice erected for religious worship, the space between the ear and forehead. देवालय, मन्दिर, मठ, विहार, कनपटी; **Templed** (-ड्) -*adj.* enclosed in a temple. देवालय के भीतर स्थित या बन्द ।

Templet, Template-टॅम्-प्लॅट् (-प्लेट्)-*ns.* a support under a girder, a pattern used as guide in cutting or drilling. धरन के नीचे की थूनी काटने या छेद करने का साँचा ।

Temporal-टॅम्पॅरल्-*adj.* pertaining to time, pertaining to the time in this life or this world, secular, pertaining to the temples of the head. समय-सम्बन्धी, ऐहिक, इस जीवन या इस संसार में समय से सम्बन्धित, धार्मिक, कनपटी सम्बन्धी; **Temporality** (-इटि) -*n.* (*pl.* **Temporalities.**) secular possession. सांसारिक सम्पत्ति या अधिकार ; **Temporally** (-लि)-*adv.* with respect to this life. सांसारिक रूप में ।

Temporarily - टॅम्पॅररिलि -*adv.* for a time nly. थोड़े समय के लिये; **Temporariness** (-नेॅस्)-*n.* the state of being temporary. अचिरत्व, अनित्यता; **Temporary** (-इ) -*adj.* lasting for a time only. अल्पकालिक, अनित्य, अस्थायी, क्षणिक ।

Temporization-टॅम्पॅराइज़ेशन्-*n.* the act of temporizing. समयानुकूल व्यवहार ।

Temporize - टॅम्पॅराइज़्-*v. i.* to adopt some course for the time or occasion, to adopt one-self to time or circumstances, to postpone, to delay, to wait for more favourable moment, to discuss terms or to negotiate, to comply with requirements temporarily, to hesitate in deciding. समय या अवसर के अनुसार उपाय करना या रास्ता अपनाना, अपने को समय या परिस्थितियों के अनुसार रहने के योग्य बनाना, भविष्य के लिए टालना, देर करना, अधिक अनुकूल क्षण की प्रतीक्षा करना, किसी मामले की बात पर तर्क-वितर्क करना, यथाकाल व्यवहार करना, समयानुकूल करना, टालना, निर्णय देने में आगा-पीछा करना ; **Temporizer** (- अर्) -*n.* one who temporizes. उक्त क्रियाओं के कार्यों को करनेवाला व्यक्ति; **Temporizingly** (-इङ्ग् - लि) -*adv.* in a temporizing manner. यथाकाल व्यवहार करते हुए ।

Tempt-टॅम्(-प्)ट् -*v. t.* to entice, to try the resolution of, to make an attempt. प्रलोभन देना, ललचाना, प्रयत्न करना; **Temptable** (-एॅब्ल्)-*adj.* liable to be tempted. ललचाने योग्य; **Temptation** (-ए-शन्) enticement, inducement. प्रलोभन, लालच; **Tempter** (-अर्)-*n.* one who entices to evil. लुभानेवाला, मोहक; **Tempting** (-इङ्ग्)-*adj.* enticing. प्रलोभी, ललचानेवाला ; **Temptingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* enticingly. ललचाते हुए; **Temptress** (-रेॅस्) - *n. fem.* a woman who tempts. प्रलोभन देनेवाली स्त्री ।

Temulence-टॅम्युलॅन्स्-*n.* intoxication. मदिरापान, शराब पीने की क्रिया ; **Temulent** (-लॅन्ट्) -*adj.* intoxicated. मदिरापान किये हुए ।

Ten-टॅन्-*n.* two times five. दस ।

Tenability-टॅनॅबिलिटि, **Tenableness** (-बल् नेॅस्) -*ns.* the capability of being tenable. टिकाऊ होने की योग्यता, टिकाऊपन ।

Tenable-टॅनॅबल्-*adj.*that may be maintained or defended against. रक्षणीय, ठहराऊ, टिकाउ ।

Tenacious-टि-ने'-शस्-*adj.* holding fast or keeping firm hold of, adhesive, retentive. दृढ़ संकल्प का, चिपचिपा, संग्रही; **Tenaciously** (-लि)-*adv.* in a tenacious manner. चिपचिपे ढंग से या रूप में; **Tenaciousness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being adhesive. चिपचिपापन ।

Tenacity-टिनेसिटि-*n.* stickness, adhesiveness. लसलसाहट, चिपकाव ।

Tenaculum-टॅ-नॅक्यु-लम्-*n.*a surgical hook. जर्राही अँकुसी ।

Tenaille-टि-नेल्-*n.* a rampart raised in the main ditch. प्रधान खाई में उठाई गई किले की रक्षाभीत (दीवाल) ।

Tenancy-टॅनन्सि-*n.* the holding of a tenant. काश्तकारी ।

Tenant-टॅनन्ट्-*n.* one who holds land under a landlord, an occupant of a place. असामी, किरायेदार; **Tenant-farmer** (a farmer who is a tenant.) काश्तकार; **Tenant right** (right of tenancy.) काश्तकारी अधिकार ।

Tenantable-टेनन्टेबल्-*adj.* fit to be tenanted. किराये पर देने योग्य; **Tenanted** (-ऍड्) -*adj.* held by a tenant. काश्तकार द्वारा अधिकृत; **Tenantless** (-लेस्) -*adj.* without a tenant. बिना असामी का; **Tenantry** (-रि)- *n.* body of tenants. असामियों का समुदाय।

Tench-टेन्च्-*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी की मछली।

Tend-टेन्ड्-*v. i. & t.* to move in a certain direction, to be inclined, to watch, to guard, to look after, to take care of. किसी दिशा में चलना, झुकना, रक्षा करना, चौकसी करना ; **Tendance** (- ऑन्स्)-*n.* the act of tending. पालन, रक्षा।

Tendency-टेन्डेन्सि-*n.* (*pl.* **Tendencies.**) inclination, drift, direction or course. प्रवृत्ति (स्वभाव), झुकाव, अभिप्राय।

Tendentious-टेन्डेन्शस्- *n.* with inclination. प्रवृत्ति के साथ।

Tender-टेन्डर्-*n.* one who takes care of, a vessel attending on a larger one to supply her with stores, a truck attached to a locomotive, an officer to execute work at a fixed price, thing offered, an estimate for a piece of work. पालने-पोसनेवाला, यतन या रखवाली करनेवाला, जहाज इत्यादि के साथ की रसद देनेवाली छोटी नाव, इन्जन के साथ की कोयले-पानी की गाड़ी, निश्चित दर पर कोई काम करनेवाला अधिकारी, दी गई वस्तु, किसी काम के लिये अनुमित व्यय का ब्योरा, निविदा;-*v.t.* to offer in words, to present for acceptance. भेंट करना, निविदा देना, स्वीकार करने के लिये रखना;-*adj.* soft, gentle, mild, sensible to impression, compassionate, easily excited by pity. सुकुमार, कोमल, दयालु, करुणार्द्र ; **Of tender age** (immature.) बाल्य अवस्था का; **Tender-hearted** (-हार्ट्'-ऍड्) -*adj.* having great sensibility. कोमल हृदय का; **Tender-heartedness** (-हार्ट्-ऍड्-नेस्)-*n.* the quality of being tender-hearted. कोमल हृदयता।

Tenderling-टेन्डर्लिङ्ग्-*n.* a fondling. लाड़ला।

Tenderloin-टेन्डर्-लॉ-इ-न्-*n.* the tender part of flesh. माँस का कोमल भाग।

Tenderly-टेन्डर्'-लि-*adv.*in a tender manner. कोमलता से ; **Tenderness** (-नेस्) -*n.* kind attention, softness. कोमलता, दयालुता।

Tending-टेन्ड्'-इङ्ग्-*n.* the act of attending, a swing. परिचर्या, सेवा, पालन, रक्षा, झुकाव ; **Tending to fall** (liable to fall down.) पतनशील।

Tendinous-टेन्डिनस्-*adj.* full of tendons, sinewy. स्नायुमय, पुष्ट।

Tendon-टेन्डन्-*n.* a bundle of fibres by which a muscle is attached to a bone. स्नायु, पुट्ठा।

Tendril-टेन्ड्रिल्-*n.* a slender leafless shoot of a plant that winds round another body for support. तन्तु, लता।

Tendsome-टेन्ड्'-सम् - *adj.* requiring much attendance. अधिक परिचर्या की आवश्यकतावाला।

Tenebrific-टेनिब्रिफिक्-*adj.* causing darkness. अन्धकार उत्पन्न करनेवाला।

Tenebrose-टेनिब्रोस्-*adj.* dark and gloomy. अन्धकारमय।

Tenebrosity-टेनिब्रॉसिटि-*n.* darkness.अन्धकार।

Tenebrous-टेनि - ब्रस् - *adj.* dark, gloomy. अन्धकारपूर्ण, काला, अँधेरा ; **Tenebrousness** (-नेस्) - *n.* the quality of being gloomy. अन्धकारपूर्णता।

Tenement-टेनिमेन्ट्-*n.* a building for habitation, a kind of permanent property. भवन (गृह, घर), अचल (स्थावर) सम्पत्ति; **Tenemental** (-अल्), **Tenementary** (-अरि) -*adjs.* that may be held by tenants. असामियों के अधिकार में रहने योग्य।

Tenesmus-टिनेस्म-स्-*n.* straining effort in relieving the bowels. मलोत्सर्ग करने में ऐंठन होने की क्रिया।

Tenet-टेनेट्, - टिनेट्-*n.* principle, doctrine, dogma. मत, अभिप्राय, सिद्धान्त।

Tenfold-टेन्'-फ़ोल्ड् - *adj.* ten times more. दसगुना।

Tennis-टेनिस्-*n.* a game played by striking a rubber ball with a racket over a net. गेंद का एक प्रकार का खेल, टेनिस ; **Tennis court** (a court for playing tennis.) टेनिस खेलने की भूमि।

Tenon-टेनन्-*n.* the end piece of wood which is inserted in a mortise. लकड़ी की चूल जो छेद में बैठाई जाती है ; **Tenonsaw** (-सॉ)-*n.* a steel or brassbacked saw for cutting tenons. चूल काटने की आरी।

Tenor-टेनर् -*n.* a prevailing course, stamp, purport or drift, true intention, exact copy, highest male voice. प्रचलित रीति, भाव, अभिप्राय, तात्पर्य, क्रम, प्रतिलिपि, पुरुष का सबसे ऊँचा सुर।

Tenotomy-टें-नॅ-टॅ-मि-*n.* operation of dividing a tendon. स्नायु को चीरने की क्रिया।

Tense-टॅन्स्-*adj.* stretched, rigid. खींचा हुआ, कसा हुआ ;-*n.* a modification in verbs, to distinguish time of action. काल, समय ; **Tensely** (-लि) -*adv.* in a tense manner. खिंचाव से, तनाव से ; **Tenseness** (-नॅस्) -*n.* rigidity. खिंचाव, तनाव।

Tensibility-टॅन्सिबिलिटि-*n.* elasticity. लचीलापन।

Tensible-टॅन्सिबल्-*adj.* tensile. लचीला।

Tensile-टॅन्साइल् -*adj.* capable of being extended. फैलाने या तानने योग्य।

Tension-टॅन्शन् -*n.* the act of straining, intense effort, tenseness. खिंचाव, कसाव, तनाव।

Tensity-टॅन्सिटि-*n.* tension. तनाव।

Tensive-टॅन्सिव् - *adj.* pertaining to contraction or stiffness. कड़ाहट का।

Tensor-टॅन्सर्-*n.* the muscle that tightens a part. किसी भाग को कसनेवाला पुट्ठा।

Tent-टॅन्ट्-*n.* a portable pavilion or habitation of canvas, a roll of linen cloth &c. inserted in wound. तम्बू (डेरा), घाव में भरने की कपड़े की पट्टी; -*v. t. & i.* to pitch a tent, to live in a tent. तम्बू गाड़ना, तम्बू में रहना।

Tentacle-टॅन्टकुल्-*n.* the organ of feeling in insects. कीड़े-फतिङ्गों में स्पर्श का ज्ञान करानेवाला अङ्ग; **Tentacular** (-क्यू-लर्)-*adj.* pertaining to tentacle. कीड़ों के स्पर्श-ज्ञानाङ्ग सम्बन्धी।

Tentation-टॅन्टेशन् - *n.* temptation, trial. लालच, परीक्षा।

Tentative-टॅन्टेटिव्-*adj.* making trial, experimental. परीक्षा की रीति का, प्रयोग सम्बन्धी; **Tentatively** (- लि) -*adv.* experimentally. प्रयोग रीति से।

Tented-टॅन्ट्'-ऍड्-*adj* covered with tent. खेमों से ढँका हुआ।

Tenter-टॅन्'-टर् -*n.* a machine for stretching cloth. कपड़ा तानने का यन्त्र; -*v. t.* to hang on tenters. हुक पर तानना; **On the tenters** (in distress.) आपत्ति में।

Tenth-टॅन्थ्' -*adj.* ordinal of ten. दसवाँ ; **Tenthly**-टॅन्थ्'-लि -*adv.* in the tenth place. दसवीं बार।

Tentorium-टॅन्टोरिअम् -*n.* the membrane which separates the two portions of the brain. मस्तिष्क के दोनों विभागों को अलगानेवाली झिल्ली।

Tentory-टॅन्टरि-*n.* the awning of a tent. खेमे का सायबान।

Tenuity-टॅन्यू'-इ-टि-*n.* slenderness, thinness, simplicity. दुर्बलता, पतलापन, सरलता।

Tenuous-टॅन्यु-अस् -*adj.* not dense, thin, slender. दुर्बल, पतला, अविरल।

Tenure-टॅन्योर्-*n.* right of holding an estate, the manner of holding a tenancy. भूमि पर अधिकार का नियम, पट्टा।

Tepefaction - टॅपिफॅक्शन् -*n.* the act of making tepid. गुनगुना करने की क्रिया।

Tepefy-टॅ-पि-फाइ-*v. t. & i.* (*p.t.* **Tepefied.**) to make moderately warm. गुनगुना (कुछ गरम) करना या होना।

Tephromancy-टॅफ्रॅमॅन्सि -*n.* divination from the ashes of burnt offerings. आहुति के भस्म से शकुन बतलाने का कार्य।

Tepid-टॅ-पिड्-*adj.* slightly warm, luke-warm. मन्दोष्ण, गुनगुना ; **Tepidity** (-इ - टि), **Tepidness** (- नॅस्) -*ns.* the quality of being tepid. मन्दोष्णता, गुनगुनापन।

Tepor-टॅ-पॅर्-*n.* moderate warmth. गुनगुनापन।

Teramorphous-टॅर्'-अ-मॉर्-फस्-*adj.* monstrous. आसुरी।

Teraphim-टॅर्'-अफी-म्-*n. pl.* (*sing.* **Teraph.**) the household gods of the Hebrews. हिब्रू लोगों के गृह-देवता।

Terato-टॅरॅ-टॅ-*pref.* in sense of 'monster'. 'दैत्य' अर्थ का उपसर्ग।

Teratogeny-टॅरॅटॅजनि-*n.* the formation of monster. दैत्य की आकृति की रचना।

Teratology-टॅरॅटॅलॅजि -*n.* the science which treats of malformation of body. विलक्षण अङ्ग-रचना की विद्या।

Terce-टर्स् - *n.* a weight of about forty two gallons. प्रायः बयालीस गैलन की तौल।

Tercel-टर्-सल्-*n.* a male falcon. नर बाज पक्षी।

Terebene-टॅ-रॅ-बीन् - *n.* oil of turpentine. ताड़पीन का तेल।

Terebinth-टॅ-रॅ-बिन्थ्-*n.* a kind of turpentine. एक प्रकार का ताड़पीन।

Terebinthine-टॅरि-बिन्थिन् -*adj.* pertaining to terebene. ताड़पीन सम्बन्धी।

Terebrate-टॅरि-ब्रे-ट्-*v. t.* to bore. छेदना; **Terebration** (-शन्)-*n.* the act of boring. छेदने की क्रिया।

Tergal-टर्गल्-*adj.* pertaining to the back. पीठ का।

Tergiferous-टर्जिफ़ेरस्-*adj.* carrying on the back. अपनी पीठ पर रखकर ले जानेवाला।

Tergiversate-टर्जिवर्सेट्-*v. i.* to apostatize, to evade. वाक्छल करना, कपट करना; **Tergiversation** (-शन्)-*n.* a shifting. टालना, बहाना।

Term-टर्म्-*n.* a limit, boundary, period, limited time, an expression with determinate meaning, appointed day or period. सीमा, मर्यादा, अवधि, पद, शब्द, व्यवहार, नियत दिन;-*v. t.* to call, to name, to bring to an end or to conclude. कहना, नाम लेना, समाप्त करना, **On friendly terms** (in mutual friendship.) मित्र भाव से; **To come to terms** (to yield.) मान लेना, स्वीकार कर लेना।

Terms-टर्म्स् - *n. pl.* relation, condition. सम्बन्ध, शर्तें।

Termagancy-टर्मगन्सि - *n.* tumultuousness. झगड़ालूपन; **Termagant** (-गन्ट्) -*n. & adj.* a brawling woman, boisterous, quarrelsome. कर्कशा या झगड़ालू स्त्री, बखेड़िया, कलहप्रिय; **Termagantly** (-गन्ट्-लि) -*adv.* like a termagant. कर्कशावत्, झगड़ते हुए।

Terminable-टर्मिनेबल् -*adj.* that may be terminated, limitable. अन्त होने योग्य, सीमा योग्य; **Terminableness** (- नस्) - *n.* the quality of being terminable. समाप्त होने की योग्यता।

Terminal-टर्मिनल्-*adj.* relating to the end. अन्त का, अन्त सम्बन्धी; **Terminally** (-लि) -*adv.* in the end. अन्त में।

Terminate-टर्मिनेट्-*v. t. & i.* to complete, to limit, to put an end to. समाप्त करना, सीमा बाँधना, अन्त करना; **Termination** (-शन्) -*n.* the act of ending, limit, conclusion. परिणाम, अन्त, समाप्ति, फल; **Terminational** (-शनल्)-*adj.* pertaining to end. अन्त-सम्बन्धी; **Terminative** (-टिव्)-*adj.* serving to end. अन्त करनेवाला; **Terminator** (-टर्)-*n.* a person or thing that terminates. अन्त करनेवाला पुरुष या पदार्थ।

Terminer-टर्मिनर्-*n.* one who determines. स्थिर करनेवाला।

Terminist-टर्मिनिस्ट - *n.* one who holds that God has assigned to each person a time of repentance. वह व्यक्ति जिसका सिद्धान्त यह है कि ईश्वर ने प्रत्येक मनुष्य को पश्चात्ताप करने का समय नियत कर दिया है।

Terminological-टर्मिनॉलॅजिकल्-*adj.* pertaining to terminology. परिभाषा सम्बन्धी;

Terminology(-लॅजि) -*n.* terms peculiar to a particular science, technical terms. परिभाषा, पारिभाषिक शब्द।

Terminthus-टर्मिन्थस्-*n.* a kind of carbuncle. एक प्रकार का जहरबाद।

Terminus-टर्मिनस् - *n.* (*pl.* **Termini.**) a boundary mark, the station at the end of a railway line. सीमा, रेलवे लाइन के अन्त का स्टेशन।

Termitary-टर्मिटरि-*n.* (also **termitarium**) the mound of white ants. दीमक का घर।

Termite-टर्माइट्-*n.* white ant. दीमक।

Termly-टर्म्-लि-*adj. & adv.* occurring every term, term by term. क्रमिक, क्रम-क्रम से।

Tern-टर्न् - *n.* a fork-tailed sea-bird. लम्बी फटी पूँछ की समुद्री चिड़िया; - *adj.* of three. तीन का।

Ternary-टर्नरि - *adj.* composed of three. तिहरा, तिगुना।

Ternate-टर्नेट्-*adj.* having three leaflets. तिनपतिया।

Terra-टॅ-रॉ-*n.* the earth. पृथ्वी; **Terra-alba** (-ऑल्-बॉ) -*n.* pipe-clay. चिलम बनाने की मिट्टी; **Terra-firma** (-फ़र्-मॉ)-*n.* dry soil. सूखी मिट्टी।

Terrace-टॅरॅस्-*n.* a raised level space of earth, a balcony, raised beach, a flat roof. चबूतरा, बरामदा, चौरस छत।

Terra-cotta-टॅरॉ-कॉटॉ-*n.* a model or cast of baked earth. पकी हुई मिट्टी की मूर्ति।

Terrain-टॅ'-रेन्-*n.* a tract of land. भूमि-प्रदेश।

Terranean-टॅरॅनिअन्-*adj.* pertaining to land. भूमि सम्बन्धी।

Terraneous-टॅरॅनिअस्-*adj.* growing on land. भूमि पर उगनेवाला।

Terrapin-टॅ-रॉ-पिन्-*n.* a kind of tortoise. एक प्रकार का कछुआ।

Terraqueous-टेर्-ऐ'-क्विअस्-*adj.* comprising of land and water. जल थल का।

Terrene-टॅ-रीन्' - *adj.* terrestrial, earthly. पार्थिव, भूमि सम्बन्धी।

Terreplein-टॅर्'-अ-प्लेन्-*n.* the platform of a rampart on which guns are placed. धुस का ऊँचा भाग जिस पर तोप लगाई जाती है।

Terrestrial-टॅ-रॅस्ट्रिअल्-*adj.* pertaining to the earth or the world. लौकिक, सांसारिक, पृथ्वी-सम्बन्धी; **Terrestrially** (-लि) -*adv.* in an earthly manner. सांसारिक रीति से।

Terret-टें-रेट्-*n.* (also **Territ** इट्-) the ring in the harness through which rein passes. घोड़े के साज में की कड़ी जिसमें से रास जाती है।

Terrible-टॅरि-बल्-*adj.* awe-inspiring, frightful, formidable. कराल (विकट), भयंकर, डरावना; **Terribleness** (-नेस्)-*n.* dreadfulness. करालता; **Terribly** (-ब्लि)-*adv.* in a frightful manner. भयंकर रूप से।

Terricolous-टॅरिकॅलस् -*adj.* living on the earth. भूमि पर रहनेवाला।

Terrier-टॅ'-रि-अर्-*n.* a small hunting dog. छोटा शिकारी कुत्ता।

Terrific-टॅरिफ़िक् -*adj.* dreadful, causing terror. भयंकर, भय उत्पन्न करनेवाला ; **Terrifically** (-अलि) - *adv.* in a dreadful manner. भयंकर रूप से।

Terrified-टॅरि'-फ़ाइड्-*adj.* alarmed. डराया हुआ।

Terrify-टॅ-रि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Terrified.**) to alarm, to frighten. त्रास देना, डराना, भय दिखलाना; **Terrifying** (-इङ्ग्) -*adj.* frightening. डरानेवाला।

Terrigenous-टॅरिजिनस् -*adj.* produced by the earth. भूमि-जनित, पृथ्वी से उत्पन्न।

Terrine-टॅरीन्-*n.* earthenware untensil used in cookery. पकाने के मिट्टी के पात्र।

Territorial-टॅरिटोरिअल्-*adj.* pertaining to a territory. राष्ट्र सम्बन्धी, देशिक; **Territorially** (-लि) -*adv.* as regards territory. राष्ट्र के सम्बन्ध में।

Territory-टॅ-रि-टॅरि - *n.* (*pl.* **Territories.**) extent of land under a sovereign, large tract of land, dominion. राष्ट्र, प्रदेश, राज्य (भूमि अधिकार)।

Terror-टॅरर् -*n.* extreme fear, that which excites dread. त्रास (भयस्थान), डर; **Terror-struck, Terror-stricken** (terrified.) भय-त्रस्त, डरा हुआ।

Terrorism-टॅररिज़्म्-*n.* government by terror, state of fear. त्रास-द्वारा शासन, भय की अवस्था; **Terrorist** (-रिस्ट्)-*n.* one who uses terror inspiring methods in governing. त्रास देकर राज्य करनेवाला।

Terrorize-टॅरराइज़्-*v. t.* to coerce by terror. भय उत्पन्न करना, डराना।

Terrorless-टॅररलॅस्-*adj.* free from terror. निर्भय।

Terse-टर्स्-*adj.* concise, free from superfluity, neat, संक्षिप्त, सुन्दर, सुथरा; **Tersely** (-लि) -*adv.* in a terse manner. संक्षिप्त रूप में; **Terseness** (-नेस्)-*n.* the quality of being terse. लाघव, संक्षेप।

Tertian-टर्-शन् -*adj.* & *n.* occurring every other day, fever whose paroxysms occur every other day. तृतीयक या अँतरिया बुखार।

Tertiary-टर्शरि - *adj.* of third rank. तृतीय श्रेणी का, तीसरा ;-*n.* a member of the third order of monks, a stratum of the third system, third stage of syphilitic system. संन्यासियों के तीसरे वर्ग का सदस्य, तीसरी प्रणाली की तहदार चट्टान, गरमी के रोग की तीसरी अवस्था।

Tertiate-टर्शिएट्-*v. t.* to do something for the third time. तीसरी बार कोई कार्य करना।

Tertius-टर्शस्-*adj.* the third of the name. किसी नाम का तीसरा।

Tessellar-टॅ-सॅ-ल'-र्-*adj.* formed in squares. चतुर्भुजों से बना हुआ।

Tessellated-टॅ-सॅ-ले'-टॅड्-*adj.* formed in little squares. छोटे-छोटे चतुर्भुजों से निर्मित।

Tessera-टॅ-सॅ-रॅा-*n.* (*pl.* **Tesserae**-री) a small cubical tablet of wood, bone or ivory used as a token, ticket or label etc.; लकड़ी, हड्डी या हाथी दाँत का घनाकार टुकड़ा या पासा; **Tesseral** (-स-रल्)-*adj.* घनाकार।

Test-टॅस्ट्-*n.* a critical trial, a standard distinction, judgment, a vessel in which metals are melted for trial. परीक्षा, प्रमाण कसौटी, जाँच, धातु शोधने का पात्र ;-*v. t.* to make a trial of, to try. परीक्षा करना, शोधना, जाँच करना; **Test-tube** (-ट्यूब्)-*n.* a glass tube used for testing purposes. रसायनशाला में परीक्षा करने की काँच की नली, परखनली।



Test-tube.

Testable-टॅस्टे-बल्-*adj.* that may by given by will. मृत्यु-लेख (वसीयतनामा) द्वारा दिये जाने योग्य।

Testacea-टॅस्टे शिआ-*n. pl.* animals like shells. घोंघे के समान जन्तु ; **Testacean** (-शन्) -*adj.* having a shell. सीपदार।

Testacel-टॅस्टसिल्-*n.* a little shell. छोटा सीप या घोंघा।

Testaceous-टॅ-स्टे-शस् - *adj.* pertaining to shell. सीप-सम्बन्धी।

Testament-टॅस्ट-मॅन्ट्-*n.* a will. मृत्युलेख (इच्छा-पत्र, वसीयतनामा); **Testamentary** (-अरि)

adj. bequeathed by will. मृत्यु-लेख (वसीयतनामा) सम्बन्धी; **Testamentation** (-शन्) *-n.* the act of giving by will. मृत्युलेख द्वारा देने का काम।

Testate-टेस्टेट्-*adj. & n.* having made a will. वसीयतनामा (मृत्युलेख) किया हुआ; **Testation** (-शन्) *-n.* attestation, testimony, disposal of property by will. प्रमाणित करने का कार्य, साक्षी, गवाही, वसीयतनामे द्वारा सम्पत्ति का प्रबन्ध।

Testator-टेस्-टे'-टर्-*n.* a man who makes a will. मृत्युलेख करनेवाला पुरुष।

Testatrix-टेस्-टे'- ट्रिक्स् *-n. fem.* a woman who makes a will. मृत्युलेख करनेवाली स्त्री।

Tester-टेस्टर्-*n.* a canopy over a bed, one who tests, a device for testing. पलङ्ग के ऊपर की छतरी, परीक्षा करनेवाला, जाँच करने का साधन या यंत्र या तरीका।

Testes-टेस्टीज़्-*n.* (sing. **Testis.**) testicles. वृषण, अण्डकोष।

Testicle-टेस्टिक्ल -*n.* one of the glands which secretes male seminal fluid. अण्डकोष।

Testiculate-टेस्टिक्युलेट्-*adj.* of the shape of a testicle. अण्डकोष के आकार का।

Testification-टेस्टिफ़िकेशन् *-n.* the act of giving testimony. साक्षीकर्म, गवाही।

Testificator-टेस्टिफ़िकेटर् *-n.* one who testifies. गवाही देनेवाला व्यक्ति।

Testifier-टेस्टि-फ़ाइ-अर् *-n.* one who gives testimony. साक्षी (गवाही) देनेवाला।

Testify-टेस्टि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Testified.**) to affirm, to bear witness to, to give testimony. साक्षी देना, प्रमाणित करना।

Testily-टेस्टि-लि-*adv.* peevishly. चिड़चिड़ाते हुए।

Testimonial-टेस्टिमोनिअल् *-adj.* relating to testimony. प्रमाण सम्बन्धी।

Testimonialize-टेस्टिमॅनिअलाइज़् - *v. t.* to certify. प्रमाणपत्र देना।

Testimony-टेस्टिमनि-*n.* (*pl.* **Testimonies.**) evidence, solemn declaration, affirmation, a certificate of character, qualifications &c. साक्षी, प्रमाण (गवाही), प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र।

Testiness-टेस्टि-नेस् *-n.* peevishness. चिड़चिड़ापन।

Testing-टेस्टिङ्ग् *-n.* the act of trying for proof. प्रमाण के लिये परीक्षा।

Testudinal-टेस्ट्यू-डि-नल् *-adj.* resembling tortoise. कछुवे के सदृश।

Testudinate-टेस्ट्यू-डि-नेट् *-adj.* arched like the back of a tortoise. कछुए की पीठ के सदृश घूमा हुआ।

Testudo-टेस्ट्यू-डो-*n.* a genus of tortoise. कछुए की एक जाति।

Tetanic-टिटैनिक् - *adj. & n.* a medicine which acts on the muscles through nerves. नाड़ियों द्वारा पेशियों पर प्रभाव डालनेवाली औषधि।

Tetanus-टेटॅनस्-*n.* a spasm of the muscles of the jaw, lockjaw. दाढ़ का चपक जाना और न खुलना, धनुष्टङ्कार का रोग।

Tetchily-टेचिलि *-adv.* fretfully. चिड़चिड़ाहट से; **Tetchiness** (-नेस्)-*n.* fretfulness. चिड़चिड़ाहट; **Tetchy, Techy** (-इ) *-adj.* testy, peevish. चिड़चिड़ा।

Tete-a-tete-टेट्'-आ-टे-ट्' *adv., adj. & n.* together, in private, confidential, a private interview. एक साथ, गुप्त रूप में, रहस्यमय, गुप्त वार्तालाप।

Tether-टेदर्-*n.* a rope or chain by which an animal is tied while grazing. बन्धन-सूत्र, पगहा; *-v. t.* to tie with such a rope. पगहे से बाँधना।

Tetra-टेट्री-*pref.* in sense of "four". "चार" अर्थ का उपसर्ग; **Tetrad** (-ड्) *-n.* a group of four. चार का समुदाय; **Tetradactyl** (-डैक्'-टिल्) *-adj.* having four fingers and toes. हाथ या पैर की चार अँगुलियोंवाला;

Tetradactylous (-डैक्-टिलस्) *-adj.* having four fingers or toes. हाथ या पैर में चार अँगुलियोंवाला; **Tetradelphous** (-डेल्'-फ़स्) *-adj.* in four bundles. चार गट्ठरों में।

Tetradecapod-टेट्-री-डेक्-ऑ-पॉड्-*adj.* having fourteen feet. चौदह पैरोंवाला; **Tetragon** (-गॅन्)-*n.* a plane figure having four angles. चतुष्कोण समतलक्षेत्र; **Tetragram** (-ग्रैम्) *-n.* a word of four letters. चार अक्षरों का शब्द; **Tetrahedral** (-हीड्'-रल्) *-adj.* bounded by four equal and equilateral triangles. चार समान तथा समकोण त्रिभुजों से घिरा हुआ; **Tetrahedron** (-ही'ड्रन्) *-n.* a solid figure enclosed by four equilateral triangles. चार समकोण त्रिभुजों से बनी हुई ठोस आकृति; **Tetrameter** (-मिटर्) *-n.* a verse of four feet. चार पंक्तियों की कविता, चौपाई; **Tetrapod**

(-पॉड्) -n. an insect having only four perfect feet. केवल चार पूरे पैरोंवाला कीड़ा; **Tetrapteran** (-टर् - ऑन्) **Tetrapterous** (-टेॅरस्) -*adjs.* having four wings. चार पंखवाला; **Tetraspermous** (-स्पर्-मस्) -*adj.* having four seeds. चार बीजवाला।

Tetragonal-टेॅट्रॉगॅन - अल् -*adj.* having four angles. चार कोणों वाला।

Tetrastich-टेॅट्रॉ-स्टिक् -*n.* a stanza of four verses. चार पदों की कविता; **Tetrastyle** (-स्टाइल्) - *n.* a building with four columns in front. वह मकान जिसके सामने चार खंभे लगे हों।

Tetter-टेॅ'-टर् - *n.* a kind of cutaneous disease. एक प्रकार का चर्मरोग, दाद, खुजली; -*v. t.* to affect with this disease. यह रोग लगाना।

Teuton-ट्यू-टॅन् - *n.* the Teutonic race (comprising Germans, Scandinavians and the Dutch.) ट्यूटोनिक जाति; **Teutonic** (-इक्)-*adj.* इस जाति का।

Teutonism-ट्यू-टॅनिज़्म् -*n.* German idiom. जर्मन वाक्‌-पद्धति।

Tewel-ट्यू-ऍल्-*n.* a pipe or funnel. धुवाँकस की नली।

Text-टेॅक्स्ट् -*n.* the original, the original words of an author, passage of Scripture quoted as authority, subject of discourse, theme. मूल ग्रन्थ, किसी लेखक के मूल शब्द, मूल सूत्र, बातचीत का विषय, प्रकरण, निर्धारित विषय; **Text-book** (-बुक्)-*n.* a book containing the leading points of a science, a manual of instruction. सिद्धान्तों की पुस्तक, विद्यार्थियों की पाठ्य पुस्तक।

Textile-टेॅक्स्-टाइल्-*adj.* of weaving, capable of being woven. बुनाई का, बुनने योग्य।

Textorial-टेॅक्स्टोरिअल्; **Textrine** (टेॅक्स्ट्रिन्) -*adjs.* pertaining to weaving. बुनाई-सम्बन्धी।

Textual-टेॅक्स्ट्'-यु-अल् - *adj.* pertaining to the text, contained in the text, based on the text, well acquainted with texts or authors. पाठ्य पुस्तक सम्बन्धी, पाठ्य पुस्तक में वर्णित, पाठ्य पुस्तक पर आधारित, पाठ्य पुस्तकों या उनके लेखकों से परिचित; **Textually** (-लि) *adv.* in accordance with the text. मूलग्रन्थ के अनुसार।

Textuarist-टेॅक्सट्-यु-अ-रिस्ट् -*n.* one who is well versed in scriptures. श्रुति में पूर्ण पंडित, श्रोत।

Texture-टेॅक्स्चर् -*n.* a web, that which is woven, tissue, structure. जाल, बिनावट, रचना; **Textureless** (-लेॅस्)-*adj.* structureless. बिना रचना का।

Thalamus-थॅॅ-ल-मस् -*n.* an inner room, a woman's apartment. भीतरी कमरा, अन्तःपुर, जनानखाना।

Thalassic-थॅॅ-लॅॅ-सिक्-*adj.* pertaining to sea. समुद्र-विषयक।

Thalassography-थॅॅ-लॅॅ-सॅ-ग्रॉफि -*n.* the science of the sea. समुद्र-विज्ञान।

Thaler-था'-लर्-*n.* a German (silver) coin worth about 3 s. जर्मनी का (चाँदी का) एक सिक्का जो प्रायः तीन शिलिङ्ग के बराबर होता है।

Thallium-थॅॅल्'-इ-अम्-*n.* a soft white metallic lead like element. सीसे के समान एक सफ़ेद मुलायम धातु।

Thallus-थॅॅ-लस्-*n.* vegetation in which there is no difference in leaf, stem or root. ऐसी वनस्पति जिसकी पत्ती, डंठल तथा जड़ में कोई अन्तर नहीं रहता।

Than-दॅॅन् -*conj.* denoting comparison. अपेक्षा, से, अधिक।

Thanatoid-थॅॅनॅॅ-टॉ-इड्-*adj.* like death. मृतक के समान, मरण-तुल्य।

Thanatology-थॅॅनॅॅटॅलॅजि -*n.* the study of death. मृत्यु के विषय में अध्ययन।

Thane-थेन् - *n.* an old English title of dignity. अँगरेजों की एक प्राचीन पदवी।

Thanage-थेन् - ऍज्, **Thanedom** (-डम्), **Thanehood** (-हुड्) -*ns.* the office of a Thane. नवाब की प्राचीन पदवी।

Thank-थॅॅङ्क्-*v. t.* to express gratitude for a thing, to make acknowledgments for kindness, gift or service. कृतज्ञता दिखलाना, धन्यवाद देना; **Thanks**-*n. pl.* expression of gratitude. (ब० व०) धन्यवाद ; **Thankful** (-फ़ुल्) -*adj.* grateful. कृतज्ञ, उपकारी; **Thankfully** (-फ़ुलि)-*adv.* gratefully. कृतज्ञतापूर्वक; **Thankfulness** (-फ़ल-नेॅस्) - *n.* the state of being thankful. कृतज्ञता; **Thankless** (-लेॅस्) -*adj.* ungrateful. कृतघ्न; **Thanklessly** (-लेॅस्-लि)-*adv.* in a thankless manner. कृतघ्नता से; **Thanklessness** (-लेॅस्-नेॅस्) -*n.* the state of being thankless. कृतघ्नता; **Thanks** (-स्) -*n.* thank you. आपको धन्यवाद; **Thanksgiving** (-गिव्'-इङ्ग्)-*n.* the act of expressing favour. कृतज्ञता, धन्यवाद; **Thankworthy** (-वर्-दि) - *adj.* deserving thanks. धन्यवाद देने योग्य।

Tharm-थार्म्-*n.* twisted gut. तांत ।

That-दैट्-*adj.* not this but the other. वह, दूसरा; -*pron.* who, which. वह, जो; -*conj.* because. इस कारण से, कि, क्योंकि; **All that** (everything.) सब कुछ; **Like that** (similar to that.) उस प्रकार से; **That much.** उतना; **That is.** अर्थात् ।

Thatch-थैच्-*n.* a roof covering of straw, reeds, &c. छप्पर, फूस; -*v. t.* to cover with straw &c. छजना, छाना; **Thatcher** (-अर्) -*n.* one who covers with straw. छप्पर छानेवाला; **Thatching** (-इङ्ग्) -*n.* act of covering with straw, materials for covering a roof. छप्पर छाने की क्रिया, छप्पर छाने का सामान ।

Thaumaturge-थॉमटर्ज्-*n.* a worker of miracles. जादूगर; **Thaumaturgical** (-इ-कल्) -*adj.* exciting wonder. आश्चर्य दिखलानेवाला; **Thaumaturgist** (-इस्ट्) -*n.* one who deals in wonders. जादू का खेल दिखलानेवाला; **Thaumaturgy** (-इ) -*n.* the act of wonderful performance. किसी प्रकार का अद्भुत कार्य करना ।

Thaw-थॉ-*v. t. & i.* to pass into a liquid state, to melt or dissolve. द्रव होना, गलना, पिघलना, घुलना, पिघलाना; -*n.* the warmth of weather, the melting of ice or snow. ऋतु की गरमी, बरफ का पिघलाव (गलन) ।

Thawy-थॉ'-इ-*adj.* liable to melt. गलने योग्य ।

The-दी-(किसी दूसरे शब्द के साथ प्रयुक्त होने पर इसका उच्चारण 'द' हो जाता है) -*definite article or demonstrative pronoun,* denoting a certain person or thing. यह, वह, (यह शब्द पूर्व-कथित अथवा परिचित व्यक्ति के लिये प्रयुक्त होता है); -*adv.* in whatever degree, on that account, by so much, in that much. जिस हद तक भी, उस सबब से या के लिये, उतने से, उतने में; **The more he earns.** जितना ही अधिक वह कमाता है; **The sooner the better.** जितना ही शीघ्र हो उतना ही अच्छा ।

Theandric-थिआँन्ड्रिक्-*adj.* combining the divine and human nature. दैवी तथा मानुषी प्रकृति की मिलावट का ।

Theanthropic-थि-ऑन्-थ्रॉ-पिक्-*adj.* both divine and human. मानुषी तथा दैवी; **Theanthropism** (-पिज़्म्) -*n.* the state of being god and man, manifestation of God in man. देवता तथा मनुष्य के गुणों की मिली हुई अवस्था, मनुष्य में ईश्वर के गुणों का प्रकाशन ।

Thearchy-थी'-आर्कि-*n.* (*pl.* **Thearchies.**) the rule of gods. देवताओं का शासन ।

Theatre-थी-एँ-टर्-*n.* a building for dramatic performance, a play-house, a hall for lectures, field of operation. नाट्यशाला (नाटक-गृह), नाचघर, व्याख्यान मंदिर, प्रयोगशाला ।

Theatrical-थीऐट्रिकल्-*adj.* pertaining to the theatre, suitable for the stage. नाटक-गृह-सम्बन्धी, नाट्य-सम्बन्धी; **Theatrically** (-लि) -*adv.* in a manner suitable for the stage. नाटकीय रीति से; **Theatricals** (-स्) -*n. pl.* dramatic performances. नाटक के खेल या प्रदर्शन ।

Theban-थी'-बन्-*adj.* belonging to Thebes. थीब्ज़ देश सम्बन्धी ।

Thee-दी-*pron.*-*adj.* case *sing.* of **'Thou'.** तुझको, तुझे ।

Theft-थेफ़्ट्-*n.* stealing, thing stolen. चोरी, चोरी का माल ।

Theic-थी'-इक्-*n.* one who drinks tea to excess. अधिक चाय पीनेवाला ।

Theiform-थी'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* having the form of tea. चाय के प्रकार का ।

Their-देअर्-*pron.* possessive case of **'They'.** उनका, उन लोगों का, अपना ।

Theirs-देअर्ज़्-*pron.* possessive of **'They'.** उनका ।

Theism-थी-इज़्म्-*n.* a belief in the existence of the Supreme Being (God). ईश्वरवाद, आस्तिकता; **Theist** (-इस्ट्)-*n.* a believer in the existence of the Supreme Being (God). ईश्वरवादी, आस्तिक; **Theistical** (-इ-कल्)-*adj.* pertaining to theism. आस्तिकता सम्बन्धी ।

Them-देम्-*pron.* objective case of **'They'.** उन्हें, उन लोगों को, उनको ।

Thematic-थि-मैटिक्-*adj.* belonging to a theme. प्रकरण सम्बन्धी ।

Theme-थीम्-*n.* a subject on which one writes, speaks or thinks, an essay or composition. विषय, प्रकरण, प्रसङ्ग ।

Themselves-दम्'-सेल्व्ज़्-*pron.* emphatic and reciprocal form of *they* and *them.* वे आप, वे स्वयं, आपही ।

Then-देन्-*adv., conj. & adj.* at that time, afterwards, soon afterwards, in that case. तब, उस समय, अनन्तर, तो; **Now and then** (at one time or another.) कदाचित्, कभी-कभी; **So then.** तब तो; **What then ?** तब क्या ?

Thenal-थी'-नल्-*adj.* pertaining to the palm

of the hand or the sole of the foot. हाथ या पैर के तलवे का।

Thenar-थी'-नर्-*n.* the palm of the hand. हाथ का तलवा।

Thence-देन्स्-*adv.* from that place or time, for that reason. उस स्थान या समय से, उस कारण से; **Thenceforth** (-फ़ोर्थ्) -*adv.* from that time. उस समय से; **Thenceforward** (-फ़ॉर्-वर्ड्)-*adv.* from that time onward. उस समय से आगे।

Theo-थि-ऑ-*pref.* having the meaning of God. "ईश्वर" अर्थ का उपसर्ग; **Theocracy** (-क्रॉ-सि)-*n.* a constitution which is governed by God. ईश-तंत्र, धर्मराज्य; **Theocrasy** (-क्रॉ-सि) -*n.* the union of soul with God. आत्मा का ईश्वर से संयोग।

Theodolite-थि-ऑ-डॅ-लाइट्-*n.* an instrument for measuring horizontal and vertical angles. ऊँचाई तथा कोण नापने का यन्त्र।


Theodolite.

Theogonic-थि-ऑगॅनिक्-*adj.* pertaining to theogony. देवताओं की वंशावली सम्बन्धी; **Theogonist** (-निस्ट्) - *n.* one who is versed in the mythology of gods. देवताओं की वंशावली जाननेवाला।

Theogony-थि-ऑ-गॅ-नि-*n.* the genesis of the gods. देवताओं की वंशावली।

Theologian-थि-ऑ-लॅ-जि-अन्-*n.* one who is versed in theology. वेदान्ती, अध्यात्मवादी, ब्रह्मज्ञानी।

Theological-थि-ऑ-लॅ-जि-कल्-*adj.* pertaining to theology. अध्यात्मविद्या सम्बन्धी; **Theologically** (-लि)-*adv.* according to the principles of theology. ब्रह्मज्ञान के सिद्धान्त के अनुसार; **Theologist** (-जिस्ट्) - *n.* a theologian. अध्यात्मवादी, वेदान्ती।

Theologize-थि-ऑ-लॅजाइज़्-*v. t.* to render theological. अध्यात्म-सम्बन्धी बनाना; **Theologizer** (-अर्) -*n.* one who theologizes. वेदान्ती, अध्यात्मवादी; **Theology** (-जि)-*n.* the science of religion. ईश्वरज्ञान, पदार्थविद्या, अध्यात्मविद्या।

Theomachist-थी-ऑमकिस्ट्-*n.* one who fights against the gods. देवताओं के विपरीत युद्ध करनेवाला; **Theomachy** (-कि)-*n.* a fighting against the gods. देवताओं से विरोध।

Theomancy-थी'-ऑ-मैन्सि-*n.* divination by oracles. भविष्यवाणी से शकुन ज्ञान।

Theopathy-थि-ऑ-पॅ-थि-*n.* the feeling which arises from divine meditation. दैवी बल, अध्यात्म-बल।

Theophany-थीऑफ़नि - *n.* manifestation of God to man by His actual appearance. देवता का मनुष्य के सम्मुख प्रत्यक्ष होने की क्रिया।

Theorbo-थॅ-ऑर्' - बॅ-*n.* a kind of lute. एक प्रकार की बीन।

Theorem-थीऑ रॅ-म्-*n.* a proposition which is to be proved by reasoning. प्रमेय, उपपत्तिसूत्र; **Theorematic** (-मॅ-टिक्)-*adj.* pertaining to theorem. प्रमेय या सूत्र-सम्बन्धी।

Theoretical-थीऑ - रॅ - टिकल्-*adj.* depending on theory or speculation. कल्पना-सम्बन्धी, मानसिक; **Theoretically** (- लि) -*adv.* speculatively. कल्पनापूर्वक।

Theorist-थी'-ऑ - रिस्ट्-*n.* one who forms theories. सिद्धान्त बनाने (कल्पना करने) वाला।

Theorization-थी'-ऑराइज़ेशन् - *n.* the act of speculating. कल्पना करने की क्रिया।

Theorize-थी'-अराइज़्-*v. i.* to form a theory, to speculate. कल्पना करना, मत बनाना।

Theory-थी'- ऑरि-*n.* (*pl.* **Theories.**) an exposition of the general principles, abstract principles of a science, speculation. सिद्धान्त, कल्पना, उपपत्ति।

Theosophic-थीऑ-सॅ-फ़िक्- *adj.* pertaining to theosophy. ब्रह्मवाद-सम्बन्धी; **Theosophist** (-इस्ट्) -*n.* an adherent of theosophy. ब्रह्मवाद का अनुयायी; **Theosophy** (-फि) -*n.* a system of philosophy professing to attain intimate knowledge of God by spiritual ecstasy. ईश्वरज्ञान, ब्रह्मवाद।

Therapeutic-थॅ-रॅ-प्यू'-टिक्-*adj.* of the healing art, curative. रोगहर, चिकित्सा-सम्बन्धी; **Therapeutics** (-स्)-*n.* the branch of the medical science which treats of medicines and their action in diseases. भेषजशास्त्र, औषध विज्ञान; **Therapeutist**(-टिस्ट्)-*n.* one versed in therapeutics. औषधिशास्त्रवेत्ता, दवाओं का जानकार।

There-देअर्-*adv.* in that place, at that place, at that point. वहाँ, उस स्थान में, उस विषय में; -*n.* that place. वह स्थान; used merely as introductory. आरम्भिक अर्थ में प्रयुक्त होता है, यथा; **There was a king.** एक राजा था; **Here and there** (in one place or the other.) एक या दूसरे स्थान में।

Thereabout-देंअर्' -अ-बाउट् -*adv.* near that place. उस स्थान के पास, वहीं पर; **Thereabouts** (-स्)-*adv.* near that place, near that number or degree. उस स्थान के पास, उसी संख्या में; **Thereafter** (-आफ़्टर्)-*adv.* after that, accordingly. उसके बाद, तदनन्तर, तदनुसार; **Thereat** (-ऍट्)-*adv.* on that account. उसी कारण से; **Thereby** (-बाइ)-*adv.* by that means. उसके द्वारा, उस उपाय से; **Therefor** (-फ़ॉर्)-*adv.* for that purpose. उस निमित्त; **Therefore** (-फ़ॅर्)-*adv.* for that reason, consequently. इस कारण से, इस हेतु से; **Therefrom** (-फ़्रॉम्) -*adv.* from that place. उस स्थान से; **Therein** (-इन्)-*adv.* in that place or time. उस स्थान या समय में; **Thereinto** (-इन्टू)-*adv.* into that. उसमें; **Thereof** (-ऑव्)-*adv.* on that. उस पर; **Thereto** (-टू)-*adv.* up to that. उस तक; **Theretofore** (-टु-फ़ोर्)-*adv.* previously. पहिले से; **Thereupon** (-अ-पॅ-न्)-*adv.* in consequence of that, immediately. उस पर, तुरत; **Therewith** (-विद्) -*adv.* with that. उसमें; **Therewithal** (-वि-दॉल) -*adv.* over and above. सर्वोपरि, उस पर।

Theriac-थीरिॲक्-*n.* an antidote against poison. एक विषघ्न औषध; जहर दूर करनेवाली दवा।

Theriotomy-थीरिॲटॅमि-*n.* dissection of animals. पशुओं की चीरफाड़।

Therm-थर्म्-*n.* the unit of heat necessary to raise one pound of water to one degree Fahrenheit. अंग्रेजी तापमान की इकाई; **Thermal** (-अल्), **Thermic** (-इक्)-*adjs.* pertaining to heat, warm. उष्णता-सम्बन्धी, गरम।

Thermantidote-थरमॅन्टि-डोट्-*n.* an apparatus for driving current of cooled air into a room. चरखे का पंखा।

Therematology-थर्मेटॅलॅजि-*n.* medical treatment by means of hot springs. जल की गरम धारा से चिकित्सा।

Thermionic-थर्मिॲनिक्-*adj.* giving electric current by means of heat. उष्णता द्वारा बिजली की धारा उत्पन्न करनेवाला।

Thermo-थर्'-मॅ-*pref.* in the sense of 'warm, 'उष्ण' अर्थ का उपसर्ग; **Thermo-current** (-करॅन्ट्)-*n.* an electric current developed by heat. गरमी से उत्पन्न हुई बिजली की धारा; **Thermo-dynamics** (-डाइनॅमिक्स्)-*n.* the science of relations between heat and mechanical work. उष्णता तथा यन्त्र-क्रिया के सम्बन्ध का शास्त्र; **Thermo-motive** (-मोटिव्) -*adj.* of motion produced by heat. उष्णता से उत्पन्न गति के विषय का; **Thermometer** (-मिटर्)-*n.* an instrument for measuring temperature. ताप-मापक यन्त्र, गरमी-सरदी नापने का यन्त्र; **Thermometric** (-मॅ-ट्रिक्)-*adj.* pertaining to a thermometer. ताप-मापक यन्त्र-सम्बन्धी; **Thermometrically** (-मॅ ट्रिकलि)-*adv.* by means of a thermometer. ताप-मापक यन्त्र द्वारा; **Thermopile** (-पाइल्)-*n.* an electrical measure for heat. बिजली द्वारा गरमी की नाप।

Thermos- थर्मस्, (**Thermo-flask.**) - *ns.* a kind of vacuum flask. किसी पदार्थ को अधिक समय तक ठंडा या गरम रखनेवाली एक प्रकार की बोतल।

Theroid-थीरा -इ -ड् - *adj.* beast-like. पशु के समान; **Therology** (-थी-रॅ-लॅजि) -*n.* the science of mammals. पशुशास्त्र।

Thesaurus-थिसॉरस्-*n.* a treasury, a lexicon or cyclopaedia. खजाना, विश्वकोश।

These-दीज़्-*pron. pl.* of **This.** ये, इन।

Thesis-थी'-सिस्-*n.* (*pl.* **Theses**-सीज़्) a proposition which is to be maintained, a theme, an indpendent essay on a definite subject presented for a doctorate degree. पूर्वपक्ष (प्रतिज्ञा), शास्त्रार्थ का विषय, डॉक्टरी की उपाधि के लिये उपस्थित किया गया किसी निश्चित विषय पर स्वतंत्र निबन्ध।

Thesmothete-थेज़'-मॅ -थीट् -*n.* a law-giver. कानून बनानेवाला।

Thespian-थें-स्पि-अन्-*adj.* pertaining to dramatic acting. नाट्यशाला या नाटक-सम्बन्धी।

Theurgy-थी'-अर्जि-*n.* miraculously effective art, the art of magic. अलौकिक शक्ति, जादू।

Thewless-थ्यू - लॅस् - *adj.* lacking vigour. शक्तिहीन।

Thews-थ्यूज़्-*n. pl.* sinews, vigour. पुट्ठा, बल।

They-दे-*pron.* (*pl.* of **He, She or It**) persons or things. वे, वे लोग।

Thick-थिक्-*adj.* dense, compact, broad, not fine, crowded together, cloudy. घना, गाढ़ा, (स्थूल), चौड़ा, अस्पष्ट, मन्द, गदला;-*adv.* closely, deeply. निरन्तर, अविरल;-*n.* the thick part of anything. किसी वस्तु का घना या स्थूल भाग; **Through thick and thin** (under all circumstances.) सब स्थिति में।

Thicken-थिक्'-न्-*v. t. & i.* to make or become thick. घना होना या करना; **Thickening** (-इङ्ग्)-*n.* something which thickens. गाढ़ा करनेवाला।

Thicket-थिकेट्-*n.* a number of trees or bushes growing together. झाड़ी, जंगल, वन।

Thick-headed-थिक्'-हे डेड्-*adj.* dull, stupid. मन्दबुद्धि, मतिहीन, मूर्ख; **Thickish** (-इश्)-*adj.* somewhat thick. कुछ घना; **Thickly** (-लि) -*adv.* closely, deeply. गाढ़ेपन से, समीप से; **Thickness** (-नेस्)-*n.* the state of being thick. घनत्व, घनापन; **Thickset** (-सेट्)-*adj.* closely planted. घना जमाया हुआ; **Thick-skin** (-स्किन्)-*n.* blockhead. मूर्ख मनुष्य, लंठ; **Thick-skull** (-स्कल्)-*n.* a blockhead. मूर्ख मनुष्य।

Thief-थीफ्-*n.* (*pl.* **Thieves.**) who steals, one who is guilty of theft. चोर, तस्कर, चोट्टा।

Thieve-थीव्-*v. i. & t.* to practise theft. चुराना, मूसना; **Thievery** (-अरि)-*n.* the practice of stealing. चोरी; **Thievish**(-इश्)-*adj.* given to stealing, acting by stealth. चोरी की आदत वाला, चोरी से काम करनेवाला; **Thievishly** (-लि)-*adv.* in a thievish manner. चोरी से; **Thievishness** (-नेस्)-*n.* the quality of being thievish. ठगी।

Thig-थिग्-*v. i.* to beg, to live on alms. भीख माँगना, भीख पर जीवन बिताना; **Thigger** (-अर्)-*n.* one who obtains alms by means of threats. डरा-धमकाकर भिक्षा प्राप्त करनेवाला; **Thigging** (-गिङ्ग्)-*adj. & n.* begging. भीख माँगनेवाला या ऐसा करने का काम; **Thigging & sorning** (extortionate begging & sponging.) डरा-धमकाकर या सताकर भीख माँगने का काम।

Thigh-थाइ-*n.* the muscular portion of the leg between the hip and the knee. ऊरु, जंघा; **Thigh-bone** (-बोन्) femur.) जाँघ की हड्डी; **Thighboot** (-बूट) (a boot whose upper part reaches upto the thigh.) जाँघ तक का बूट जूता; **Thigh-piece** (-पीस्) (an armour for the thigh.) जाँघ का कवच।

Thigmotropic-थिग्'-मॅ-ट्रपिक्-*adj.* pertaining to response to stimulus of touch. स्पर्शजनित उत्तेजना की प्रतिक्रिया से सम्बन्धित; **Thigmotropism** (-इज़्म्)-*n.* response to stimulus of touch. स्पर्शजनित उत्तेजना की प्रतिक्रिया।

Thilk-दिल्क्-*adj. & pron.* the very or same (thing or person), this, that. वही (वस्तु या व्यक्ति), यह, वह।

Thill-थिल्-*n.* the floor or bed of a coal-seam, the shaft of a cart or carriage. कोयले की परत की तह, गाड़ी का बम।

Thiller-थि-लर्-*n.* a horse which goes between thills. बम में जोतने का घोड़ा।

Thimble-थिम्'-बल्-*n.* a metal cap worn on a finger for protection in sewing. दरजी की अँगुली में पहिनने की टोपी, अंगुलित्राण, अंगुस्ताना।

Thimble-berry-थिम्बल्-बे रि-*n.* the black-raspberry of America. अमरीकी काली रसभरी, बेर या जामुन।

Thimble-case-थिम्बल्-केस्-*n.* a very little amount. बहुत थोड़ी मात्रा।

Thimble-eye-थिम्बल्-आइ-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Thimbleful-थिम्'-बल्-फुल्'-*adj.* very little. बहुत थोड़ा-सा।

Thimble-rig-थिम्बल्-रिग्-*n.* a swindling game played with three thimbles & a pea. तीन अंगुस्तानों और एक मटर के दाने से खेला-जानेवाला धोखे का खेल; **Thimble-rigger** (-अर्)-*n.* a professional sharper. व्यावसायिक ठग।

Thin-थिन्-*adj.* (*comp.* **Thinner**, *sup.* **Thinnest.**) not dense or crowded, fine, slender, shallow, meagre. अविरल, सूक्ष्म, कृश (पतला), छिछला, दुबला (बारीक);-*v. t. & i.* to make less thick, to rarefy, to grow thin. पतला करना, विरल होना, पतला होना।

Thine-दाइन्-*pron.* belonging to thee. तेरा।

Thing-थिङ्ग्-*n.* a substance, an object of thought, an animal, an act, a particular article. वस्तु (द्रव्य), विषय (बात), पशु, काम, पदार्थ; **Things** (-ज़्)-*n. pl.* clothes. (ब० व०) वस्त्र।

Think-थिङ्क्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Thought.**) to consider, to fancy, to intend, to judge, to suppose, to be of opinion, to propose, to imagine. विचारना, सोचना, चिन्तन करना, अनुमान या कल्पना करना; **I think so** (I consider in this way.) मेरा ऐसा विचार है; **To think aloud** (to utter one's thoughts.) बोल उठना ; **To think much of** (to hold in esteem.) आदर करना; **To think nothing of** (to consider insignificant.) तुच्छ विचारना; **To think of** (to consider.) विचार करना; **To think on** (to meditate.) ध्यान करना, विचारना ; **To think out** (to devise a plan.) ढङ्ग निकालना; **To think over** (to reflect.) विचार करना।

Thinkable-थिङ्क्‌'-ऍ-बुल्‌ - *adj.* that can be thought. विचारणीय ।

Thinker-थिङ्क्‌' - अर्‌-*n.* one who thinks. विचार करनेवाला ।

Thinking-थिङ्क्‌'-इङ्ग्‌-*n.* imagination, thought, act of judging in mind. विचार करने की क्रिया; **Thinkingly** (-लि)-*adv.* with thought. विचारपूर्वक; **Thinking-part** (-पार्ट्‌) a dramatic part in which the actor has no word to speak & to think alone. नाटक का वह अभिनय जिसमें अभिनेता को कुछ न बोलकर केवल सोचने का अभिनय करना पड़ता है; **Think-so** (-सो) - *n.* a mere opinion. केवल राय मात्र, सिर्फ राय या मत ।

Thinly-थिन्‌'-लि-*adv.* in a thin manner. पतलेपन से; **Thinned** (-न्ड्‌) made thin. पतला बनाया गया; **Thinner** (-अर्‌)-*n.* (one who makes thin.) पतला बनानेवाला ; **Thinner** (-अर्‌) -*adj. comp.* more thin. अधिकतर पतला ; **Thinness**- (-नॅस्‌)-*n.* the quality of being thin. पतलापन; **Thinnish** (-निश्‌)-*adj.* somewhat thin. कुछ पतला ।

Thin-skinned-थिन्‌'-स्किन्ड्‌-*adj.* having a thin skin. पतले चमड़ेवाला ; **Thin-skinnedness** (-नॅस्‌) -thin-skinned condition. पतले चमड़े की अवस्था ; **Thin-sown** (-सोन्‌) sparsely sown. विरल रूप से या दूर-दूर या बीड़र बोया गया; **Thin-spun** (-स्पन्‌) drawn out fine. पतला (तागा) काता गया ; **Thin-walled** (-वाल्ड्‌) having a thin wall. पतली दीवालवाला ।

Thio-थाइ-ऑ- a prefix meaning 'sulphur'. 'गन्धक' के अर्थवाला उपसर्ग; **Thio-acid** (-ऍसिड्‌) an acid in which sulphur takes the place of oxygen. वह अम्ल (तेजाब) जिसमें गन्धक ऑक्सिजन का स्थान ग्रहण कर लेता है ; **Thio-camph** (-कैम्फ्‌) a compound of sulphur dioxide & camphor. गन्धक के भस्म और कपूर का यौगिक ; **Thio-carbonate** (-कार्‌'-बॅनेट्‌) a salt containing sulphur with a carbonate. गन्धकयुक्त कार्बनेट नमक ; **Thio-cynate** (-साइ-नेट्‌) a salt of thiocynic acid—HSCN. गन्धकयुक्त साइनिक अम्ल का लवण (नमक); **Thionaphthene** (-नैफ्थीन्‌) a colourless crystalline compound—$C_8 H_6 S$. रंगहीन दानेदार यौगिक ; **Thionine** (-नी-न्‌) a brownish black dye. भूरा काला रंग ; **Thiophene** (-फ़ीन्‌) a colourless liquid—$C_4 H_4 S$ with benzene-like odour. बेंजीन के समान गंधवाला रंगहीन द्रव ।

Third-थर्ड्‌'-*adj.* next after second. तीसरा; **Thirdly** (-लि)-*adv.* in the third place. तीसरे स्थान में ।

Third-rate-थर्ड्‌-रेट्‌-*adj.* inferior. घटिया, तुच्छ ।

Travelogue-ट्रैवॅलॅग्-*n.* an illustrated narrative of travels. यात्रा-विषयक सचित्र व्याख्यान।

Travels-ट्रैवॅल्स्-*n. pl.* account of journey. यात्रा का वर्णन।

Traversable-ट्रैवर्सेबॅल् - *adj.* able to be crossed. पार करने योग्य।

Traverse-ट्रैवर्स्-*adv.* crosswise. बेंड़े बल;-*adj.* lying across. आड़ा, तिरछा;-*n.* anything that crosses, the gallery of a church, a platform for shifting engine from one line to another. आड़ा, गिरजाघर का गलियारा, इञ्जन को एक लाइन पर से दूसरे लाइन पर ले जाने का चबूतरा;-*v. t. & i.* to thwart, to obstruct, to travel across, to wander over, to discuss. व्यग्र करना, रोकना, आरपार यात्रा करना, घूमना, शास्त्रार्थ करना।

Traverser-ट्रैवर्स्'- अर्-*n.* an appliance for turning a railway engine. रेल का इञ्जन घुमाने का यन्त्र।

Travesty-ट्रैवॅस्टि-*n.* ridiculous dress. हास्यजनक वस्त्र;-*v. t.* (*p. t.* **Travestied.**) to make ridiculous, to represent in a burlesque style. उपहास का विषय बनाना, हास्य-लेख में दरसाना।

Travis-ट्रैविस् -*n.* a partition in the stalls of a stable. अस्तबल में घोड़ों के अलगाने की टट्टी।

Trawl-ट्रॉल्-*n.* a drag-net for fishing at the bottom. जल में से मछली फँसाने का जाल;-*v. i.* to fish by dragging net along the bottom. बड़े जाल द्वारा मछली फँसाना; **Trawler** (-अर्) -*n.* a fishing ship. मछली फँसाने का जहाज;**Trawling** (-इङ्ग्)-*n.* fishing with a trawlet. बड़े जाल से मछली फँसाना।

Tray-ट्रे-*n.* a flat domestic vessel of wood or metal. छोटी छिछली थाली, तश्तरी; **Trayful** (-फुल्)-*n.* as much as a tray can hold. थाली भर।

Treacherous-ट्रेच्-अर्- अस् - *adj.* deceptive, perfidious, violating faith. कपटी, अधर्मी (दुष्ट), विश्वासघाती; **Treacherously** (-लि) -*adv.* faithlessly. विश्वासघात से; **Treacherousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being treacherous. दुष्टता, विश्वासघात; **Treachery** (-अरि)-*n.* a breach of trust, deception. प्रतिज्ञाभङ्ग, विश्वासघात।

Treacle-ट्री'- कल् -*n.* syrup got in refining sugar, molasses. गुड़, खाँड़, जूसी।

Tread-ट्रेड्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Trod,** *p. p.* **Trodden.**) to walk on, to set one's foot on, to trample, to follow the example. चलना, पग रखना, पैर से कुचलना, अनुकरण करना;-*n.* the manner of walking, gait. चलने का ढंग, टाप; **To tread away** (to trample.) पैर से कुचलना ; **To tread out** (to press out.) निचोड़ना; **To tread to death** (to kill by trampling.) पैर से कुचलकर मार डालना; **To tread under foot** (to treat with contempt.) तिरस्कार दिखलाना; **Treader** (-अर्)- *n.* one who treads. कुचलनेवाला।

Treadle-ट्रे-इल्-*n.* the lever of a machine which is moved by foot. यन्त्र का पैर से चलाने का भाग, पावदान; **Treadle machine** (a printing press worked by foot.) छापे इत्यादि की कल जो हाथ या इंजन से न चलाकर पैर से चलाई जाती है; **Treadler** (-अर्)-*n.* one who treadles. पैर से यन्त्र चलानेवाला।

Treason-ट्री'-ज़न्-*n.* the offence of violating allegiance to sovereign, disloyalty. राजद्रोह, राजविरोध ; **High treason** (treason to sovereign personally.) स्वयं राजा के प्रति विश्वासघात; **Misprison of treason** (concealment of treason.) राजद्रोह छिपाना; **Treasonable** (- ऍ- बूल्) -*adj.* involving treason. राजद्रोहात्मक; **Treasonableness** (-ऍब्ल्-नेस्)-*n.* the quality of being treasonable.राजद्रोहात्मकता;**Treasonably**(-एब्लि) -*adv.* in a treasonable manner. राजद्रोह से।

Treasure-ट्रे-ज़र्-*n.*accumulated wealth,valued object, great abundance, anything much valued. कोष (निधि, धन-संचय), दौलत, बहुमूल्य पदार्थ, बहुतायत, अति प्रिय वस्तु;-*v. t.* to hoard up , to regard as valuable. इकट्ठा करना, बटोरना, बहुमूल्य समझना; **Treasure house** (-हाउस्)-*n.* a place where treasures are kept. कोशगृह, खज़ाना; **Treasurer** (-अर्) -*n.* the person in charge of treasury or funds. कोषाध्यक्ष; **Treasurership** (-अर्-शिप्)-*n.* the office of a treasurer. कोषाध्यक्ष का पद;

Treasuress (-अर्-ऍस्) *-n. fem.* a woman in charge of treasure. कोषगृह की स्वामिनी; **Treasure-trove** (-ट्रोव्) *-n.* treasure found in the earth. पृथ्वी में का गड़ा हुआ धन; **Treasury** (-इ) *-n.* a place where treasure is deposited, a repository. कोषगृह, खजाना।

Treat-ट्रीट्-*v. i. & t.* to behave towards, to manage, to discourse on, to negotiate, to entertain with food or drink. व्यवहार करना, प्रबन्ध करना, शास्त्रार्थ करना, वर्णन करना, न्योता देना, खिलाना पिलाना;*-n.* a rich entertainment, feast. भोजन विशेष, न्योता; **To treat at length** (to consider in detail.) विस्तारपूर्वक विचार करना; **Treatable** (-ऍब्ल्) *-adj.* moderate. सामान्य, साधारण; **Treater** (-अर्)*-n.* one who discourses on a subject. किसी विषय पर विचार करनेवाला।

Treatise-ट्रीटिस्(-ज़्)*-n.* a literary composition on a definite subject. निबंध, लेख (पुस्तक)।

Treatment-ट्रीट-मॅन्ट्-*n.* behaviour, management, manner of applying remedies. आचरण (व्यवहार), प्रबन्ध, चिकित्सा; **Hospitable treatment** (entertainment of guests.) अतिथि-सत्कार; **Ill treatment** (bad behaviour.) दुर्व्यवहार, बदसलूक।

Treaty-ट्रीटि-*n.* (*pl.* **Treaties.**) a formal agreement between nations, a compact. संधि (नियम) पत्र, मेल।

Treble-ट्रॅ-बूल्-*adj.* threefold, multiplied by three, three times. त्रिगुण, त्रिगुणित, तिगुना*-v. t. & i.* to make or be threefold. तिगुना करना या होना; **Trebleness** (-नॅस्)*-n.* the state of being treble. त्रिगुणत्व; **Trebly** (-ब्लि) *-adv.* in a three fold manner. त्रिगुण रूप में।

Trebuchet-ट्रॅब्युशॅट् *-n.* an appliance for throwing large stones, a small balance. बड़े-बड़े पत्थर फेंकने का यन्त्र, छोटी तराजू।

Tred-wheel (-ट्रॅड्-ह्वील) *-n.* a vertical wheel which is worked by men or animals walking within its circumference. पशु या मनुष्य से चलाया जानेवाला यन्त्र का पहिया।

Tree-ट्री'*-n.* a perennial plant with a trunk and branches, a piece of wood, anything like a tree. वृक्ष (पादप), पेड़, लकड़ी का ढाँचा; **Treeless** (- लॅस्)- *adj.* without trees. वृक्षरहित; **Treenail** (-नेल्)*-n.* a wooden nail. लकड़ी की कील।

Trefoil-ट्रॅ-फॉइल्-*n.* a plant with three leaflets, an ornament of three cups in a circle. त्रिपत्र, त्रिदल, तिनपतिया, त्रिदल के आकार का गहना।



Trefoil.

Trek-ट्रॅक् - *v. i.* (*p. t.* **Trekked.**) to travel by bullock cart. बैलगाड़ी पर यात्रा करना; *-n.* a journey by bullockcart. बैलगाड़ी पर यात्रा।

Trellis-ट्रॅ-लिस्-*n.* a lattice work of wood, a frame work for supporting plants. लकड़ी की जाली, लता चढ़ाने का ढांचा; *-v. t.* to furnish with trellis. लता को ढाँचे पर चढ़ाना; **Trellis work** *-n.* lattice work. जाली का काम।

Tremble-ट्रॅम्' - बूल्-*v. i.* to shake involuntarily, to quake, to shiver. काँपना, हिलना, थर्राना; *-n.* the state of trembling. कंपन, हिलन; **Trembler** (-अर्)*-n.* one who trembles. काँपनेवाला; **Trembling** (-इङ्ग्)*-n.* the act of shaking. कम्पन ; **Tremblingly** (-इङ्ग्-लि)*-adv.* in a trembling manner. काँपते हुए।

Tremendous-ट्रिमन्डस्-*adj.* causing terror, awful, dreadful, considerable. भय उत्पन्न करनेवाला, भयंकर, डरावना, अत्यधिक; **Tremendously** (-लि) *-adv.* in a tremendous manner. भयंकर रूप से; **Tremendousness** (-नॅस्)*-n.* the state of being dreadful. भयंकरता।

Tremolo-ट्रॅ-मॅ-लॅ-*n.* a vibration in voice or instrumental music. काँपता हुआ शब्द,गिटकिरी।

Tremor-ट्रॅ (-ट्रि)-मर्-*n.* trembling, shaking. कँपकँपी, थरथराहट; **Tremorless** (-लॅस्)*-adj.* without tremor. बिना कम्प का।

Tremulant-ट्रॅम्युलॅन्ट्-*adj.* quivering, trembling. काँपता हुआ।

Tremulous-ट्रॅम्युलस् - *adj.* trembling, quivering, shivering. कम्पमान, चञ्चल, काँपता हुआ; **Tremulously** (-लि)*-adv.* with trembling. थर्राहट से, काँपते हुए; **Tremulousness** (-नॅस)*-n.* the state of being tremulous. थर्राहट।

Trench-ट्रॅन्श्-*n.* a long narrow cut in the earth, a ditch. परिखा, खाई ;*-v. t. & i.* to dig a ditch, to cut a groove, to fortify by

cutting a ditch. गड्ढा खोदना, खाई बनाना, खाई खोदकर किलाबन्दी करना; **To trench upon** (to make an attack.) आक्रमण करना; **Trenchancy** (-शॅन् - सि) *-n.* sharpness. तीखापन; **Trenchant** (-शॅन्ट्) *-adj.* sharp, keen, vigorous, severe. तीक्ष्ण, तीखा, तीव्र, चोखा; **Trenchantly** (-शॅन्ट्-लि) *- adv.* sharply. तीव्रता से, तीखेपन से; **Trencher** (-अर्)*-n.* one who digs a trench. खाई खोदनेवाला मनुष्य।

Trencher-ट्रेन्च्-अर्-*n.* a knife, a flat round wooden block or piece for cutting meat, a plate for serving meat, one who digs a trench. चाकू, मांस काटने के लिये गोल चिपटा लकड़ी का टुकड़ा, मांस परसने की तश्तरी, खाई खोदनेवाला आदमी; **Trencher cap** (-कॅप्)*-n.* a square college cap. विश्वविद्यालय की चौकोर टोपी; **Trencher companion** (one who eats at the same table.) सहभोजी; **Trencherfly** (-फ्लाइ)*-n.* a parasite. परजीवी; **Trencher friend** (-फ्रेन्ड्)*-n.* one who frequents other's tables. दूसरे के घर प्रायः भोजन करनेवाला; **Trencherman** (-मॅन्)*-n.* an eater, glutton. भोजन करनेवाला, मरभुक्खड़; **Trenchermate** (-मेट्)*-n.* a table companion. साथ भोजन करनेवाला।

Trenching-ट्रेन्शिङ्ग्-*n.* act of digging the earth very deep. भूमि को गहरा खोदने का कार्य।

Trench plough-ट्रेन्श्-प्लाउ-*n.* plough which opens land to a great depth. गहरा खोदनेवाला हल।

Trend-ट्रेन्ड्-*n.* tendency in a particular direction. झुकाव, लीनता ;-*v. i.* to tend in a particular direction, to incline. किसी ओर झुकना।

Trendle-ट्रेन्ड्ल्-*n.* anything round which is used for rolling. घुमाकर दबाने का कोई गोल पदार्थ।

Trepan-ट्रि-पॅन्'*-n.* a surgical saw for cutting bone of the skull, a snare. खोपड़ी की हड्डी काटने की जर्राही आरी, जाल; *-v. t.* to perforate with a trepan. खोपड़ी छेदकर एक टुकड़ा निकाल लेना; **Trepanner** (-नर्)*-n.* one who trepans. खोपड़ी की हड्डी के टुकड़े निकालनेवाला जर्राह; **Trepanning** (-निङ्ग्) *-n.* the operation of opening the skull by a trepan. आरी से खोपड़ी में का टुकड़ा काटकर निकालने की क्रिया।

Trephine-ट्रि-फीन्'*-n.* an improved form of trepan. खोपड़ी छेदने का एक नये प्रकार का अस्त्र।

Trepid-ट्रे - पिड् - *adj.* trembling, shaking. काँपता हुआ, थर्राता हुआ; **Trepidation** (-पॅशन्)*-n.* involuntary trembling of limbs, alarm, confused haste. शरीर का अनिच्छित कम्प, आतङ्क, आशंका, घबड़ाहट की शीघ्रता।

Trespass-ट्रेस्पॅस्-*v. t.* to make unlawful encroachment upon the rights of others, to go beyond, to intrude, to offend. अतिक्रम करना, सीमा के बाहर जाना, बिना अधिकार प्रवेश करना, विघ्न डालना, कष्ट देना;-*n.* a transgression of right, injury done to another person. अतिक्रम, अमर्यादा, अनधिकार प्रवेश; **Trespasser** (-अर्) *-n.* a transgressor, one who enters the land of others without permission. बिना अधिकार के प्रवेश करनेवाला।

Tress-ट्रेस्-*n.* the lock of human hair, a ringlet of hair. अलक, बालों का गुच्छा या लच्छा, जटा; **Tressed** (-ड्) *-adj.* having tresses. केशकला या गुच्छ युक्त।

Trestle-ट्रे-सल् - *n.* the supporting frame of a table, a movable frame for supporting anything. टेबुल का ढाँचा, गड़ारी पर चलनेवाली मेज या किसी चीज़ का ढाँचा।

Tret-ट्रेट् - *n.* an allowance of extra weight given to purchaser for waste or refuse matter. बाद, करदा, बट्टा।

Trevet-ट्रिविट्-*n.* a stool with three legs. तीन पाये की चौकी, तिपाई।

Trews-ट्रूज़्-*n. pl.* trousers. पाजामा।

Trey-ट्रे-*n.* a card with three spots. तिग्गी, तिड़ी।

Tri-ट्रि',-ट्राइ - *pref.* signifying 'three.' 'त्रि' या 'तीन' के अर्थ का उपसर्ग; **Triad** (-ॲड्) *-n.* a union of three, a composition of three subjects, trinity, a chord of three notes. तीन का योग, तीन विषयों पर संयुक्त रचना, त्रिमूर्ति, तीन सुरों के संयुक्त स्वर का गीत; **Triadic** (-ॲड्-इक्)*-adj.* pertaining to a trinity. त्रिक सम्बन्धी।

Triable-ट्रायॅब्ल् - *adj.* subjected to trial. परीक्षणीय; **Triableness** (-नॅस्)*-n.* ability to be tried. परीक्षा करने का कार्य।


Triacontahedral-ट्राइ'-अ-कन् - ट-ही'-ड्रल्*-adj.* having thirty sides. तीस भुजाओं की आकृतिवाला

Trial-ट्रायल्-*n.* the process of testing the strength &c. of things, experiment, examination, test, judicial examination, experience. परीक्षा, जाँच, विचार, मुकदमा, अनुभव; **On trial** (on approbation.) परीक्षा के निमित्त।

Trialism-ट्रायलिज़्म्-*n.* doctrine of the existence of body, soul and spirit. शरीर, आत्मा तथा ईश्वर के अस्तित्व का सिद्धान्त।

Trialogue-ट्राइ-अ-लॉग्-*n.* a conversation between three persons. तीन पुरुषों में परस्पर वार्तालाप।

Triangle-ट्राइ' ऍङ्ग्ल्-*n.* a plane figure bounded by three lines, a rod of polished steel bent in the form of a triangle, open at one end and sounded by a steel rod. त्रिकोण, त्रिभुज, बजाने की लोहे की तिकोनिया; **Triangled** (-ड्) *-adj.* having three angles. तीन कोने का।


Triangle.

Triangular-ट्राइ-आङ्ग्-यु-लर्-*adj.* three cornered, having three angles, in the form of a triangle. त्रिकोण, त्रिभुजाकार; **Triangularity** (-इटि)-*n.* three sidedness. तिकोनापन; **Triangularly** (-लि)-*adv.* in the form of a triangle. त्रिकोण रूप में; **Triangulate** (-लेट्) -*v. t.* to make triangular. तिकोना बनाना;-*adj.* marked with triangles. त्रिकोण से चिह्नित; **Triangulation** (-लें-शन्)-*n.* use of triangles in trigonometrical survey. त्रिकोणमिति की रीति से नापने में त्रिकोणों का प्रयोग; **Trianguloid** (-लॉयड्)-*adj.* almost of the shape of a triangle. प्राय: त्रिकोण के आकार का।

Triarchy-ट्राइ-आर्कि-*n.* government by three persons. तीन पुरुषों की सरकार।

Triarian-ट्रिएरि-अन्-*adj.* occupying the third post. तृतीय स्थान रखने वाला।

Triatomic-ट्राइऑटॅमिक्-*adj.* consisting of three atoms. तीन परमाणुओं का।

Triaxial-ट्राइ-ऑक्सि-अल्-*adj.* having three axes. तीन अक्ष या धुरी का।

Tribal-ट्राइ'-बल्-*adj.* pertaining to a tribe. जाति-सम्बन्धी; **Tribalism** (-इज़्म्)-*n.* tribal organization. जाति सङ्गठन।

Tribe-ट्राइब्-*n.* race, clan, distinct class of people. जाति, वर्ग, वर्ण; **Tribesman** (-ज़्-मॅन्) -*n.* the member of a tribe. किसी जाति का एक व्यक्ति।

Triblet-ट्रि-ब्लेट्-*n.* a goldsmith's tool for making rings. अँगूठी बनाने का सुनार का एक यन्त्र।

Tribometer-ट्राइ-बॅ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring friction. संघर्ष (रगड़) नापने का एक यन्त्र।

Tribulation-ट्रि-ब्यु-ले'-शन्-*n.* severe suffering, distress, vexation. दुःख, क्लेश, कष्ट।

Tribunal-ट्रि-ब्यू-नल्-*n.* a court of justice. न्यायालय, धर्मसभा।

Tribunary-ट्रि-ब्यूनरि-*adj.* pertaining to tribunes. न्यायालय-सम्बन्धी।

Tribune-ट्रि-ब्यून्-*n.* an officer chosen by the people to protect their liberty, platform from which speeches are delivered. प्रजा के अधिकार स्थापित रखने के लिये चुना हुआ अधिकारी, व्याख्यान देने का चबूतरा।

Tribuneship-ट्रि-ब्यून्-शिप्-*n.* office of a tribune. न्यायाधिकारी का पद।

Tributarily-ट्रि-ब्यूटरि-लि-*adv.* in a subordinate manner. सहायक रूप में; **Tributariness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being tributary. सहायकता; **Tributary** (-टरि) *-adj.* paying tribute, subordinate, auxiliary. कर देनेवाला, अमुख्य, सहायक; -*n.* (*pl.* **Tributaries.**) one who pays tribute, a small river or stream which flows into a big one. कर देनेवाला मनुष्य, सहायक नदी।

Tribute-ट्रि-ब्यूट्-*n.* the periodical payment made by one state to another, contribution. कर, शुल्क, उपहार।

Tricar-ट्राइ-कार्-*n.* a three wheeled motor car. तिपहिया मोटर गाड़ी।

Trice-ट्राइस्-*v. t.* to haul or tie up by a rope. उठाकर रस्से से बाँधना; -*n.* a very short time, moment. क्षण, अतिसूक्ष्म काल; **In a trice** (instantly.) तुरत, क्षण में, पलभर में।

Tricennial-ट्राइ-सिनिअल्-*adj.* occurring every thirty years. तीस-तीस वर्ष पर होनेवाला।

Tricephalous-ट्राइ-सेफ़लस्-*adj.* having three heads. तीन सिर का।

Triceps-ट्राइ-सेप्स्-*n.* a muscle with three heads. तीन शाखाओं वाली पेशी।

Trichiasis-ट्रि-कि'-ऍ-सिस्-*n.* introversion of the eye lashes. आँख की पलक के उलट जाने का रोग।

Trichina-ट्रि-कि'-नी-*n.* (*pl.* **Trichinae.**) a hair-like worm which infests man's body. शरीर में पड़नेवाला महीन कीड़ा।

Trichology-ट्रि-कॅ-लॅ-जि-*n.* the study of the hair. बालों का अध्ययन।

Trichord-ट्राइ-कॉर्ड् - *n.* lyre having three strings. तितारा बाजा।

Trichosis-ट्रिकोसिस-*n.* any disease of the hair. लोम रोग, बालों का एक रोग।

Trichotomy-ट्राइकॉ-टॅ-मि - *n.* division into three parts. तीन खण्डों या भागों में विभाजन।

Trichromatic-ट्राइक्रॅ-मैटिक्-*adj.* pertaining to three colours. तीन रंगों से सम्बन्धित।

Trick-ट्रिक् -*n.* artifice or deception, vicious habit or practice, a particular stratagem, feat of dexterity, prank, joke, छल, कपट, हस्तलाघव, लीला, खेल (माया, धोखा); -*v. t. & i.* to cheat, to deceive, to baffle. छलना, ठगना, धोखा देना; **To trick up, To trick out** (to dress, to decorate.) आभूषित करना, सजाना; **Tricker** (-अर्) -*n.* one who deceives. ठगनेवाला, छलनेवाला; **Trickery** (-अरि) -*n.* artifice, cheating. ठगी, छल; **Trickily** (-इ-लि)-*adv.* with deception. कपट से, छल से; **Trickiness** (-इ-नेस्) -*n.* artfulness, deception. छल, कपट; **Trickish** (-इश्) -*adj.* deceptive, artful. धोखेबाज, छली; **Trickishly** (-इश्-लि) -*adv.* in an artful manner. छल या कपट से; **Tricksome** (-सम्) -*adj.* artful, deceptive. कपटी, छली; **Trickster** (-स्टर्)-*n.* a cheat. ठग।

Trickle-ट्रिक्-ल् -*v. i.* to flow in drops. बूँद-बूँद करके बहना, टपकना, रसना; -*n.* a trickling stream. धीरे-धीरे बहनेवाली धारा।

Tricksy-ट्रिक्सि - *adj.* artful, full of tricks, मायावी, छली।

Trick-track-ट्रिक्'-ट्रैक् - *n.* a kind of game. एक प्रकार का खेल।

Tricky-ट्रिकि - *adj.* (*comp.* **Trickier**, *sup.* **Trickiest.**) crafty, skilful, adroit. छली, कपटी, धूर्त।

Triclinic-ट्राइ - क्लिनिक् -*adj.* having three unequal angles. तीन असम कोणों वाला।

Tricolour-ट्राइ-कलर् -*adj. & n.* of three colours, a national flag of three colours. तिरङ्गा, तिरङ्गा झण्डा; **Tricoloured** (-ड्) -*adj.* having three colours. तिरङ्गा।

Triconsonantal-ट्राइ-कॉन्सॅनॅन्टल् - *adj.* with three consonants. तीन व्यञ्जन अक्षरों वाला।

Tricorn-ट्राइ-कॉर्न् -*adj.* with three horns or corners. तीन सींगों या कोनों वाला।

Tricornute-ट्राइकॉर्न्यूट् - *adj.* having three horns. तीन सींगोंवाला।

Tricorporal-ट्राइ-कॉर्'-पॅ-रल् -*adj.* pertaining to three bodies. तीन शरीरों से सम्बन्धित।

Tricostate-ट्राइ - कॉस्टेट् - *adj.* having three ribs. तीन पसलियों वाला।

Tricot-ट्रि-कॅ - *n.* a kind of hand-woven woollen fabric. एक प्रकार का हाथ का बुना ऊनी वस्त्र।

Tricuspid-ट्राइकस्पिड् - *adj.* having three points. तीन नोकोंवाला।

Tricycle-ट्राइसिक्ल्-*n.* a three wheeled cycle. पैर से चलाने की तिनपहिया गाड़ी; -*v.i.* to ride on a tricycle. तिनपहिया गाड़ी पर सवार होकर चलना।

Trident-ट्राइ-डॅन्ट्-*n.* a three pronged instrument. त्रिशूल; - *adj.* having three prongs. तीन काँटोंवाला; **Tridentate** (-एट्)-*adj.* having three teeth. तीन दाँतोंवाला।

Tridigitate-ट्रिडिजिटेट् - *adj.* having three fingers or toes. हाथ या पैर में तीन अँगुलियों-वाला।

Triduan-ट्रिड्युअन् -*adj.* lasting for three days, happening every third day. तीन दिन तक रहने वाला, तीन दिन पर होनेवाला।

Triennial-ट्राइऍ-निअ-ल्-*adj.* lasting or happening every three years. त्रिवार्षिक, तीन-तीन बरस पर होनेवाला; **Triennially** (-लि) -*adv.* every three years. प्रत्येक तीसरे वर्ष।

Triennium-ट्राइ-ऍ-नि-अम् - *n.* a period of three years. तीन वर्ष का समय।

Trier-ट्राइ'-अर्-*n.* one who makes an experiment. प्रयोग करनेवाला।

Trifallow-ट्राइ'-फ़ैलो -*v. t.* to plough land a third time before sowing seeds. बीज बोने के पूर्व भूमि को तिबारा जोतना।

Trifarious-ट्राइफ़ॅरिअस् - *adj.* facing three ways. तीन पहलों वाला।

Trifid-ट्रि'-फ़िड् -*adj.* divided into three. तीन विभाग किया हुआ।

Trifle-ट्राइ-फ़्ल् -*n.* a thing of a slight value or importance, small amount of money, a dish of sweetmeats. अल्प मूल्य का पदार्थ, हल्की बात, अल्प धन, एक प्रकार की मिठाई;-*v. t.* to waste time, to act frivolously. समय नष्ट करना, खिलवाड़ करना (तुच्छ काम करना); **To trifle with** (to play the fool with.) तिरस्कार करना, चुटकियों में उड़ाना; **Trifler** (-अर्)-*n.* one who trifles. खिलवाड़ करनेवाला; **Trifling** (-इङ्ग)-*adj.* of little importance. निरर्थक, तुच्छ; **Triflingly** (-लि) -*adv.* in a

trifling manner. तुच्छ रीति से; **Triflingness** (-नेस्)-*n.* the state of being trifling. क्षुद्रता, तुच्छता।

Triflorous-ट्राइफ्लोरस्-*adj.* bearing three flowers. तीन फूलोंवाला।

Trifoliate-ट्राइ-फो'-लि-एंट्-*adj.* having three leaves. तीन पत्तियोंवाला, त्रिदल।

Triform-ट्राइ'-फ़ॉर्म्-*adj.* having a triple form. तिहरे आकार का।

Trifurcated-ट्राइफ़रकेंटेड्-*adj.* having three forks. तीन फाँकोंवाला।

Trig-ट्रिग्-*adj.* smart, trim, neat. सुन्दर, स्वच्छ, सुथरा ;-*v. t.* (*p. t.* **Trigged.**) to decorate, to make neat. सजाना, आभूषित करना; **To trig out** (to stop wheel with skid.) ओट लगाकर पहिया रोकना।

Trigamist-ट्रिगीं-मिस्ट्-*n.* one who is thrice married. तीन बार विवाह किया हुआ।

Trigamous-ट्रिगें-मस् - *adj.* thrice married, having three husbands or wives at the same time. तीन बार ब्याहा हुआ, तीन पतियों वाली या पत्नियोंवाला।

Trigamy-ट्रिगीं-मि-*n.* the condition of having three husbands or three wives at the same time. एक साथ तीन स्त्रियों का पति या तीन पतियों की स्त्री होना, त्रिपत्नित्व या त्रिपतित्व।

Trigger-ट्रि-गर् - *n.* a lever or catch for firing a gun. बन्दूक इत्यादि का घोड़ा।

Triglot-ट्राइ-ग्लॉट् - *adj.* in three languages. तीन भाषाओं में।

Trigon-ट्राइ -गॅन् - *n.* a triangle. त्रिकोण ; **Trigonal** (-अल्)-*adj.* triangular. तिकोना।

Trigonic-ट्राइ'-गॅनिक् - *adj.* pertaining to a trigon. त्रिकोण-सम्बन्धी।

Trigonometric-ट्रिगॅनॅमें ट्रिक्, **Trigonometrical**(-अल्)-*adjs.* pertaining to trigonometry. त्रिकोणमिति-सम्बन्धी ; **Trigonometrically** (-लि)-*adv.* according to trigonometry. त्रिकोणमिति द्वारा।

Trigonometry-ट्रिगॅनॅ में ट्रि-*n.* the science of measuring the sides and angles of a triangle by means of certain data. त्रिकोणमिति।

Trigonous-ट्राइ'- गॅ-नस् - *adj.* having three angles. तीन कोणों वाला।

Trigram-ट्राइग्रॅम्-*n.* three letters sounded as one. तीन अक्षरों का संयुक्त उच्चारण।

Trigrammatic, Trigrammic - ट्राइ - ग्रॅम्-मॅटिक्, (-इक्)-*adj.* containing three sets of letters. तीन संयुक्त अक्षरों वाला।

Trigraph-ट्राइ - ग्रॅफ्-*n.* a triphthong. तीन स्वरों के एक साथ निकलने की अवस्था।

Trihedral-ट्राइही-ड्रल्-*adj.* having three equal sides. तीन समान भुजाओंवाला।

Trihedron-ट्राइहीड्रन्-*n.* a figure having three equal sides. तीन समान भुजाओंवाली आकृति।

Trilabe-ट्राइ'-लेब्-*n.* a surgical instrument with three prongs. तीन फाँकोंवाला जर्राही औजार।

Trilabeate-ट्राइ-ले'-बि-एंट् - *adj.* with three lips. तीन ओठोंवाला।

Trilateral-ट्राइलॅटरल्-*adj.* having three sides. त्रिभुज, तीन भुजाओंवाला; **Trilaterally** (-लि) -*adv.* with three sides. तीन भुजाओं की स्थिति में।

Trilby-ट्रिल्'-बि-*n.* a kind of soft felt hat. एक प्रकार की अंग्रेजी टोपी।

Trilemma-ट्रि-लॅ'-मॉ - *n.* a choice between three alternatives. तीन पक्षों में से एक का चुनाव।

Trilinear-ट्राइलिनिअर्-*adj.* having three lines. तीन रेखाओं वाला।

Trilingual-ट्राइलिंग्वल् - *adj.* consisting of three languages. तीन भाषाओं का।

Triliteral-ट्राइलिटरल्-*adj.* consisting of three letters. तीन अक्षरों का।

Trill-ट्रिल्-*n.* a quavering sound. स्वर का कम्प, काँपता हुआ शब्द ; -*v. i. & t.* to shake, to trickle. हिलना (काँपना), टपकना (रसना)।

Trilling-ट्रि-लिङ्ग्-*n.* a crystal with three faces, each of three children born together. तीन पहलों का रत्न, एक साथ उत्पन्न हुए तीन बालकों में से एक।

Trillion-ट्रिल्यन्-*n.* the power of a million multiplied by itself three times. महाशंख, पद्म।

Trilogy-ट्रि-लॅ-जि-*n.* a set of three literary compositions on one subject, each complete in itself. किसी विषय पर तीन स्वतंत्र लेख जिनमें प्रत्येक स्वतः पूर्ण हो।

Triluminous- ट्रि - ल्यू' - मिनस् - *adj.* with three lights. तीन प्रकाशवाला।

Trim-ट्रिम्-*adj.* compact, in good order, tight, nice. सुगठित, परिष्कृत, सुन्दर, ठीक, सुरक्षित; -*n.* dress, fitness, condition, ornaments. वस्त्र, योग्यता, दशा, अवस्था, आभूषण ; -*v. t. & i.* (*pt.* **Trimmed.**) to make neat, to set in good order, to decorate, to clip, to

arrange, to rebuke sharply. परिष्कार करना, अच्छे क्रम से रखना, सजाना. छाँटना, क्रम ठीक करना, तीव्र झिड़की देना; **To trim up** (to dress, to arrange.) सँवारना, ठीक करना।

Trimensual - ट्राइमेंन्स्युअल् - *adj.* occurring every three months. हर तीसरे महीने होनेवाला।

Trimerous-ट्रि-मरस्-*adj.* having three pieces. तीन टुकड़ों वाला।

Trimly -ट्रिम्-लि -*adv.* neatly, nicely. स्वच्छता से, सुन्दर रूप से, अच्छी अवस्था में।

Trimmer-ट्रि-मर्-*n.* one who trims, one who stands neutral, a time server, a kind of instrument for clipping. सजानेवाला, उदासीन भाव में रहनेवाला, समयानुकूल चलनेवाला, कतरने का यन्त्र।

Trimming-ट्रि-मिङ्ग् - *n.* ornamentation of lace &c. शोभा का पदार्थ, किनारी, गोटा।

Trimness-ट्रिम्' - नेस् - *n.* neatness, cleanliness. सुथरापन, स्वच्छता।

Trimorphic-ट्राइमॉर्फिक्-*adj.* existing in three forms. तीन रूपों में रहनेवाला।

Trinal-ट्राइनल्, **Trinary**-ट्राइनरि -*adjs.* threefold. त्रिगुणित, तिगुना।

Trindle-ट्रिन्-ड्ल्-*v. i.* to trickle. रसकर चूना या बहना।

Trine-ट्राइन्-*adj.* triple, threefold. तिगुना;-*n.* the third part of a circle. वृत्त का तृतीयांश।

Tringle-ट्रिङ्गल्-*n.* the curtain rod of a bedstead. पलँग में मसहरी लगाने का डण्डा।

Trinitarian-ट्रिनि-टेरिअन्-*n.* one who believes in the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास करनेवाला; **Trinitarianism** (-इज्म्)-*n.* the doctrine of the Trinity. त्रिमूर्ति का सिद्धांत।

Trinity-ट्रिनिटि-*n.* (*pl.* **Trinities.**) a group of three, union of three God heads. तीन वस्तुओं का समूह, त्रिमूर्ति।

Trinket-ट्रिङ्क् - ऍट्-*n.* trifling ornament, a thing of little value. अल्प मूल्य का आभूषण, कम दाम की वस्तु।

Trinketer-ट्रिङ्कॅटर्-*n.* a secret petty dealer. चोरी से कम दाम की वस्तु बेचनेवाला।

Trinketry- ट्रिङ्कॅ ट्रि-*n.* ornaments of dress पोशाक के आभूषण।

Trinoctial - ट्राइनॉक्श्यल्-*adj.* lasting three nights. तीन रात रहनेवाला।

Trinodal - ट्राइनोडल् - *adj.* having three joints. तीन जोड़ों का।

Trinomial-ट्राइनोमिअल् - *adj.* having three names or terms. तीन नाम का, (त्रिपद) तीन अंकों का।

Trio-ट्री-ऑ, ट्राइ-ऑ -*n.* (*pl.* **Trios**) a piece of music for three united. त्रय, तीन शब्दों या बाजा का मेल।

Triode-ट्राइ-ऑड्-*n.* a kind of valve for wireless. बिना तार की तारबर्की का एक भाग।

Triolet-ट्राइऑ-लेट्-*n.* a poem of eight lines. आठ चरणों का पद्य।

Trional-ट्राइअनल्-*n.* an anaesthetic medicine. शरीर के किसी भाग को शून्य करनेवाली एक औषध।

Trip-ट्रिप्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Tripped.**) to skip, to dance with light tread, to strike the foot against something, to stumble and fall. धीरे-धीरे चलना, हलके-हलके पैरों से नाचना, ठोकर खाना, (गिरना) टक्कर खाकर गिर पड़ना; -*n.* a light short step, a short journey, slight error or mistake, an excursion. हलकी चाल या कदम, छोटी यात्रा, थोड़ी या हलकी भूल, पर्यटन।

Tripartient-ट्राइपार्श्यैन्ट - *adj.* divided into three equal parts. तीन बराबर भागों में विभक्त।

Tripartite-ट्राइ-पार्टाइट्-*adj.* divided into three parts. त्रिखण्ड, तीन टुकड़ों में विभक्त; **Tripartitely** (-लि) -*adv.* dividing into three parts. तीन भाग करते हुए; **Tripartition** (शन्)-*n.* a division into three parts. तीन अंशों में विभाजन।

Tripe-ट्राइप्-*n.* entrails, the stomach of ox &c. used as food. बैल या अन्य पशुओं की आँत, उदर, पेट जो खाने के लिये प्रयुक्त होता है।

Tripedal-ट्राइ'-पी-ड्ल्-*adj.* having three feet. त्रिपद, तीन पैरोंवाला।

Trip-hammer-ट्रिप्'-हॅ-मर्-*n.* tilt hammer. लुहार का बड़ा हथौड़ा।

Triphthong-ट्रिफ्'-थॉङ्ग्-*n.* a group of three vowels. तीन स्वरों का समुच्चय; **Triphthongal** (-अल्)-*adj.* consisting of triphthong. तीन स्वरों के समुच्चय का।

Triplane-ट्राइ - प्लेन्-*n.* an aeroplane with three planes. तीन पंखोंवाला हवाई जहाज।

Triple-ट्रि-प्ल्-*adj.* threefold, treble. तिगुना; -*v. t.* to treble. तिगुना करना; **Triple alliance** (-अॅल्'-लाइ-अॅन्स्)-*n.* an alliance between three kingdoms. तीन राज्यों की परस्पर सन्धि; **Triple crowned** (-क्राउन्ड्) -*adj.* having three crowns. तीन मुकुटोंवाला; **Triple headed** (-हॅड्-ऍड्)-*adj.* with three heads. तीन सिरोंवाला; **Triplet** (-ऍट्)-*n.* a

set of three things, one of three at a birth, three lines rhyming together. तीन पदार्थों का समुदाय, एक साथ उत्पन्न हुए तीन बच्चों में से एक, एक सुर या तुक वाली तीन पंक्तियों की कविता।

Triplex-ट्रिप-लेक्स-*n.* a composition in three parts. तीन अंशों में विभक्त रचना।

Triplicate-ट्रि-प्लि-केट्-*adj.* & *n.* made three at a time, each of a set of three at a time, each of a set of three copies. एक साथ तीन प्रतियों में किया हुआ, तीन प्रतिलिपियों में से एक;-*v.i.* to make three copies. तीन प्रतिलिपियाँ बनाना, तिहरा करना; **Triplication** (-शन्) -*n.* act of triplicating. तीन प्रतिलिपियाँ बनाने की क्रिया।

Triplicity-ट्रि-प्लिसि-टि-*n.* the state of being triple. तिगुनापन।

Tripod-ट्रि-(-ट्राइ)-पॉड्-*n.* a stool, table &c. resting on three legs. तिपाई; **Tripodal** (-अल्)-*adj.* having three feet. तीन पैरोंवाला।

Tripoli-ट्रिपॅलि-*n.* rotten stone, diatomite. कुरुन पत्थर।

Tripos-ट्राइ-पॅ-स्-*n.* the final university examination at Cambridge. केम्ब्रिज विश्वविद्यालय की अन्तिम उपाधि-परीक्षा।

Trippant-ट्रिपन्ट्-*adj.* trotting. टमकती चाल से चलता हुआ; **Tripper** (-अर्) -*n.* one who walks gently. धीरे-धीरे चलनेवाला; **Tripping** (-इङ्ग्)-*adj.* light-footed. तेज चलने वाला; **Trippingly** (-इङ्ग-लि) -*adv.* in a nimble manner. द्रुतगति या तेज चाल से।

Tripsis-ट्रिप्सिस-*n.* reducing something to powder. बुकनी करने का कार्य।

Triptote-ट्रिप्-टोट्-*n.* a noun which is used in three cases only. वह संज्ञा जो केवल तीन ही कारकों में प्रयुक्त होती है।

Tripudiate-ट्रि-प्यू'-डि-एट्-*v. t.* to dance in joy. आनन्द में नाचना।

Tripudiation-ट्रि-प्यू'-डि-ए'-शन्-*n.* the act of dancing. नृत्य, नाच।

Triradiated-ट्रि-रे-डि - एट्' - एड् - *adj.* having three rays. तीन किरणोंवाला।

Trireme-ट्राई-रीम्-*n.* ancient Greek warship. ग्रीस देश का प्राचीन युद्ध-पोत।

Trisect-ट्राइ-सेक्ट्'-*v. t.* to divide into three equal parts. तीन बराबर टुकड़े करना; **Trisection** (-शन्)-*n.* a division into three equal parts. तीन बराबर अंशों में विभाजन।

Trismus-ट्रिज़मस्-*n.* lockjaw. जबड़े के जकड़ जाने का रोग।

Trisoctahedron-ट्रिसॉक्टहीड्रन्-*n.* a solid of twentyfour equal faces. चौबीस बराबर भुजाओं की ठोस आकृति।

Trispaston-ट्रिस्पॅस्टन्-*n.* a machine with three pulleys used for raising heavy weights. भारी बोझ उठाने का यंत्र जिसमें तीन घिरनियाँ लगी रहती हैं।

Trist-ट्रिस्ट्-*adj.* sad, unhappy. दुःखी, अप्रसन्न।

Tristesse-ट्रि-स्टि-स्-*n.* sadness. दुःख

Tristful-ट्रिस्ट्'-फुल्-*adj.* sad. दुःखी; **Tristfully** (-लि)-*adv.* sadly. दुःख से।

Trisulcate-ट्राइसल्केट्-*adj.* having three forks. जिसमें तीन काँटे हों, त्रिशूल के आकार का।

Trisyllabic-ट्रिसिलॅबिक्-*adj.* of three syllables. तीन अक्षरों का।

Trisyllable-ट्रि-सिलॅबॅल्-*n.* a word of three syllables. त्र्यक्षर, त्रिक।

Trite-ट्राइट्-*adj.* commonplace, stale, hackneyed. जीर्ण, उच्छिष्ट, पुराना; **Tritely** (-लि) -*adv.* in a trite manner. जीर्णता से; **Triteness** (-नेस्)-*n.* the quality of being trite. जीर्णता।

Tritheism-ट्राइथीज़्म्-*n.* the doctrine of the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास का सिद्धान्त; **Tritheist** (-इस्ट्)-*n.* one who believes in the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास करनेवाला।

Triton-ट्राइटन्-*n.* a sea-god. समुद्र का एक देवता।

Triturable-ट्रि-ट्यूरॅबल् - *adj.* that may be triturated. महीन चूर्ण करने योग्य।

Triturate-ट्रि-ट्यु-रेट्-*v. t.* to grind or rub to a fine powder. खरल करना, महीन बुकनी करना; **Trituration** (-रे-शन्)-*n.* the act of reducing to a fine powder. पिसाई, बुकनी करने का कार्य।

Triturium-ट्रि-ट्यु-रि-अम्-*n.* a vessel used for separating liquors of different densities. भिन्न घनत्व के तरल पदार्थों को अलग करने का पात्र।

Triumph-ट्राइ-अ-म्फ्-*n.* the state of being victorious, joy for success, joy. विजय का उत्सव, विजय, प्रसन्नता, हर्ष;-*v. i.* to rejoice at victory, to obtain victory, to exult, to flourish. विजय का उत्सव मनाना, आनन्द मनाना, विजय करना; **Triumphal** (-अल्) -*adj.* pertaining to triumph. विजय-सम्बन्धी; **Triumphal arch** (an arch built to commemorate victory.) जय-स्तम्भ; **Triumphant** (-अन्ट्) -*adj.* celebrating victory, having achieved victoy. विजय का उत्सव

मनानेवाला, विजय प्राप्त करनेवाला; **Triumphantly** (-ऑन्ट्-लि)-*adv.* in a triumphant manner. विजय की घोषणा-सहित; **Triumpher** (-अर्)-*n.* one who enjoys victory. विजय का आनन्द करनेवाला ।

Triumvir-ट्राइअम्वर्-*n.* (*pl.* **Triumviri, Triumvirs**) one of the three men united in power. शासन करनेवाले तीन अधिकारियों में से एक; **Triumviral** (-अल्)-*adj.* pertaining to a triumvir. तीन शासकों में से एक से सम्बन्धित; **Triumvirate** (-एट्ट्)-*n.* government by three. तीन मनुष्यों से किया हुआ शासन।

Triune-ट्राइ-यून्-*n.* three in one. एक में तीन के रहने की स्थिति ।

Triunity-ट्राइ-यू-नि-टि-*n.* trinity. त्रिमूर्ति ।

Trivet-ट्रिवेट्-*n.* an iron tripod or stool for holding cooking pots. लोहे की तिपाई जिस पर पकाने के पात्र रखे जाते हैं; **Right As trivet** (in good health.) स्वस्थ अवस्था में।

Trivial-ट्रिविअल्-*adj.* of little importance, trifling, commonplace. अनावश्यक, तुच्छ, अधम (छोटा); **Trivialism** (-इज़्म्)-*n.* a trifling matter. तुच्छ या अनावश्यक विषय; **Triviality** (-इटि)-*n.* a matter of little importance. तुच्छ विषय; **Trivialize** (-आइज़्') -*v. t.* to render trivial. तुच्छ करना; **Trivially** (-लि)-*adv.* in a trivial manner. तुच्छ रीति से; **Trivialness** (-नेस्)-*n.* the state of being trivial. तुच्छता, अधमता ।

Trivium-ट्रि-वि-अम्-*n.* a place where three roads meet. तीन सड़कों के मिलने का स्थान, त्रिमुहानी ।

Tri-weekly-ट्राइवीक्लि-*adj.* three times a week or appearing or occurring once in three weeks. सप्ताह में तीन बार प्रकाशित होनेवाला या तीन सप्ताह में एक बार निकलने या होनेवाला ।

Trix-ट्रिक्स्-*suf.* forming feminine nouns. स्त्रीलिङ्ग बनाने का प्रत्यय ।

Troat-ट्रोट्-*v. i.* to make a rutting noise as a buck. हिरनी के समान कामोद्दीपक शब्द करना ।

Trocar-ट्रो-कर्-*n.* a surgical instrument for withdrawing fluid from the body. शरीर में से तरल पदार्थ निकालने का जर्राही यन्त्र ।

Trochal-ट्रो-कल्-*adj.* shaped like a wheel. पहिये के आकार का ।

Trochee-ट्रो'-कि-*n.* a foot of two syllables in which the first is long and the second short. कविता में दो अक्षरों का गण जिसमें पहिला गुरु तथा दूसरा लघु होता है ।

Trochilic-ट्र-किल्-इक्-*adj.* having the power to turn round. घुमाने की शक्तिवाला ।

Trochings-ट्रो'-किङ्गज़्-*n. pl.* small branches of a deer's horn. बारहसिंगे के सींग की महीन शाखायें ।

Trochlea-ट्रॉक्लिअी-*n.* (*pl.* **Trochleae.**) a pulley-like cartilage. पहिये के आकार की कोमलास्थि; **Trochlear** (-अर्) -*adj.* of the shape of a pulley. घिरनी के आकार का ।

Trochoid-ट्रो'-कॉ-इ-ड्-*n.* & *adj.* the curve traced by a fixed point in the plane of a rolling circle, wheellike. घूमनेवाले वृत्त के धरातल में निश्चित बिन्दु द्वारा अंकित वक्ररेखा, पहिये के समान; **Trochoidal** (-अल्) -*adj.* like a trochoid. वक्राकार ।

Trod, Trodden- *p. t.* & *p. p.* of **Tread.**

Troglodyte-ट्रॉग्लॅ-डाइट्-*n.* a cave-dweller of pre-historic times. प्राचीन समय का गुफा में रहनेवाला ।

Troglodytic-ट्रॉग्लॅडिटिक्-*adj.* pertaining to cave dweller. गुहा-निवासी से सम्बन्धित ।

Trojan-ट्रो-जन्-*n.* & *adj.* inhabitant of Troy, a warrior of Troy. ट्राय देश का निवासी, ट्राय देश का योद्धा ।

Troll-ट्रोल्-*v. t.* & *i.* to move circularly, to turn, to sing in succession, to roll, to turn about, to fish. चक्कर में घुमाना, घूमना, पारी से गाना, चक्कर खाना, मछली पकड़ना;-*n.* a song sung successively, a reel of fishing-rod, a giant. पारी-पारी से गाया हुआ गीत, मछली पकड़ने के डण्डे में लगा हुआ पहिया, दैत्य, राक्षस।

Trolley, Trolly-ट्रॉ-लि-*ns.* a small truck from which wheels can be easily removed, a power-pulley running overhead. छोटा ठेला गाड़ी जिसका पहिया सहज में हटाया जा सकता है, ऊपर से शक्ति देनेवाली घिरनी ।

Trollop-ट्रॉलप्-*n.* a slattern, prostitute. फूहड़ स्त्री, वेश्या; **Trollopish** (-इश्), **Trollopy** (-इ)-*adjs.* slatternly. दुष्ट, वेश्या के समान।

Trombone-ट्रॉम्-बोन्-*n.* a large trumpet-like musical instrument. एक प्रकार की तुरही, सिंहघा ।

Trommel-ट्रॉ-म-ल्-*n.* a kind of revolving sieve. एक प्रकार की घूमनेवाली चलनी।

Tromometer-ट्रॅ-मॅ-मि-टर्-*n.* an instrument for measuring slight shocks of earthquake.

भूकम्प के सामान्य कम्पन को नापने या अङ्कित करने का यन्त्र।

Troop-ट्रूप्-*n.* a multitude, a company of persons, body of soldiers. यूथ (समुदाय), दल, सेना;-*v. i. & t.* to assemble together, to move along in a troop. एकत्रित होना, दल बाँधकर चलना; **Troops** (-स्) -*n. pl.* soldiers. (ब० व०) सेना, दल।

Trooper-ट्रूपर्-*n.* a horse-soldier. अश्वारोही, घुड़सवार।

Troopship-ट्रूप्'-शिप् -*n.* a ship for carrying troops. सेना ले जाने का जहाज़।

Trope-ट्रोप्-*n.* the figurative use of a word or expression. शब्द का रूपक अलंकार में प्रयोग।

Trophesy-ट्रॉफ़िसि - *n.* deranged nutrition. बिगड़ी हुई पोषण-क्रिया।

Trophic-ट्रॉफ़िक्-*adj.* pertaining to nutrition. पोषण-सम्बन्धी।

Trophy-ट्रो'-फ़ि - *n.* (*pl.* **Trophies.**) arms taken from a vanquished army, memorial of victory, prize. पराजित सेना से छीना हुआ शस्त्र, विजयचिह्न, जय-स्मारक, उपहार।

Tropic-ट्रॉपिक्-*n.* the line drawn parallel to the equator 23° - 28′ north and south. अयनवृत्त, क्रान्तिमण्डल; **The tropics** (the region between these parallel lines) अयनवृत्तों के बीच के प्रदेश; **Tropical** (-अल्)-*adj.* pertaining to the tropics. अयनवृत्त-सम्बन्धी; **Tropically** (-लि)-*adv.* in a tropical manner. क्रान्ति-मण्डल के रूप में।

Tropological - ट्रॅपॅलॅजिकल् - *adj.* figurative. रूपक-सम्बन्धी।

Tropology-ट्रॅपॅलॅजि-*n.*a figurative language, a moral interpretation of the Bible. आलंकारिक भाषा, बाइबिल की नैतिक व्याख्या।

Trot-ट्रॉट्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Trotted.**) to walk in a steady manner, to run with short strides, to move fast, to walk so as to excite admiration. दुलकी चलना, ठुमककर चलना, तेज़ चलना, इतराते हुए चलना;-*n.* the trotting pace of a horse. घोड़े की दुलकी चाल; **Trotter** (-टर्)-*n.* a trotting horse. दुलकी चलनेवाला घोड़ा।

Troth-ट्रॉथ्-*n.* belief, faith, truth. विश्वास, श्रद्धा, सत्यता।

Trouble-ट्रबल्-*v. t. & i.* to disturb, to agitate, to vex, to worry. कष्ट देना, पीड़ा देना, दुःख देना, कष्ट होना, व्याकुल होना; - *n.* affliction, disturbance of mind, perplexity, vexation. मानसिक दुःख (पीड़ा), घबड़ाहट, परेशानी, कष्ट की अवस्था; **Troubles** (-स्)-*n. pl.* disease. व्याधि, रोग।

Troubler-ट्रब्लर्-*n.* one who disturbs. कष्ट देनेवाला।

Troublesome-ट्रबल्-सम्-*adj.* causing trouble, annoying, vexatious. कष्टकारक, पीड़ा देनेवाला, दुःखदायी; **Troublesomely** (-लि) -*adv.* in a troublesome manner. दुःखदायी ढंग से; **Troublesomeness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being troublesome. खेद, व्यथा, पीड़ा; **Troublous** (-ब्लस्) - *adj.* full of troubles, agitated, disturbed. कष्टकर, दुःखपूर्ण, घबड़ाया हुआ, व्यग्र।

Trough-ट्रफ़्-*n.* a long narrow vessel of wood or metal for holding water &c. माँद, कठौता; **Trough of the sea** (hollow between two high waves.) दो ऊँची लहरों के बीच का धँसा हुआ भाग।

Trounce-ट्राउन्स् - *v. i.* to beat severely, to punish, to harass, to trouble. कड़ी मार मारना, दण्ड देना, सताना, कष्ट देना; **Trouncing** (-इङ्ग्)-*n.* severe beating. बहुत जोर की पिटाई।

Troupe-ट्रूप्-*n.* a company of performers or actors. पहलवानों या नाटक खेलनेवालों की मण्डली।

Trousered-ट्राउ'-ज़र्ड्-*adj.* wearing trousers. पाजामा पहिने हुए; **Trousering** (-ज़रि-इङ्ग्) -*n.* cloth for trousers. पाजामा बनाने का कपड़ा; **Trousers** (-ज़र्ज़्) - *n. pl.* a garment extending from waist to ankles. पाजामा, पतलून।

Trousse-ट्रूस्-*n.* set of surgical instruments in a small case. छोटे बक्स में रक्खा हुआ जर्राही शस्त्रों का संग्रह।

Trousseau-ट्रू'-सॅ-*n.* the outfit of a bride. दुलहिन को सजाने का कुल सामान।

Trout-ट्राउट्-*n.* (*pl.* **Trout**) a kind of freshwater fish. नदी में की एक प्रकार की मछली-*v. i.* to fish trout. इस मछली को फँसाना।

Trout-coloured-ट्राउट्'-कलर्ड्-*adj.* white with variegated spots. चित्तीदार सफ़ेद रँग का।

Trouting-ट्राउ-टिङ्ग्-*n.* fishing for trout. ट्राउट नामक मछली का शिकार।

Trover-ट्रो'-वर्-*n.* gaining possession of a man's personal property. व्यक्तिगत सम्पत्ति पर अधिकार करने की क्रिया।

Trow-ट्रो-*v. t.* to believe, to think as true, to suppose. विश्वास करना, सत्य मानना।

Trowel-ट्रॉवेल् - *n.* a mason's tool for spreading mortar &c. कर्णी, करनी;-*v. t.* to apply mortar with a trowel. करनी से चूना लगाना।



Trowel.

Troy (Troy-weight)- ट्रॉय् (-वेट्) - *n.* the weight used for gold, silver and precious stones. सोना, चाँदी तथा बहुमूल्य रत्न तौलने का बटखरा।

Truancy-ट्रू'-औन्सि-*n.* the act of behaving like a truant. आलसी की तरह व्यवहार करने का कार्य।

Truant-ट्रू'-औन्ट्-*n.* one who idles away his time and shrinks from duty, a boy who stays away from school without taking leave. कार्य-पराङ्मुख (आलसी), विद्यार्थी जो बिना छुट्टी लिये पाठशाला से अनुपस्थित होता है; **Truantly** (-लि)-*adv.* like a truant. आलसी की तरह से; **Truantship** (-शिप्)-*n.* neglect of duty. कार्य-पराङ्मुखता।

Truce-ट्रूस्-*n.* a temporary cessation of hostilities. अस्थायी युद्ध-विश्राम, कुछ काल के लिये सन्धि; **Truce-breaker** (-ब्रे कू'-अर्)-*n.* one who violates a truce. सन्धि तोड़नेवाला; **Truceless** (-लेस्) - *adj.* without truce. बिना सन्धि का।

Trucidation-ट्रू-सिडेशन्-*n.* act of killing. हत्या करने का कार्य।

Truck-ट्रक्-*n.* exchange, barter, nonsense, a strong car for carrying heavy goods, open railway wagon. लेन-देन, व्यापार (अदल-बदल), वृथा बकवाद, छकड़ा, सगड़, भारी माल ढोने की मजबूत गाड़ी, रेलवे की बिना छत की गाड़ी;-*v. t. & i.* to exchange, to hawk about. व्यापार करना, बदलना, फेरी करके बेचना; **Truck system** (making payment of goods in place of money.) मजदूरी के बदले में माल देना; **Truckage** (-एज्)-*n.* the practice of bartering goods. व्यापार में माल की अदला-बदली; **Trucker** (-अर्)-*n.* one who makes an exchange of goods. सामग्री का अदल-बदल करनेवाला।

Truckle-ट्र-कुल-*n.* a small wheel or caster. छोटा पहिया या छोटी फिरकी;-*v. t.* to cringe, to submit to the will of another. चापलूसी करना, अधीन होना।

Truckler-ट्रक्लर् - *n.* a board on wheels. पहिया लगा हुआ चौड़ा पटरा।

Truckling-ट्रकिलङ्ग्-*adj.* cringing. चापलूसी करनेवाला।

Truculence-ट्रक्युलेन्स्-*n.* savageness, merciless nature, ferociousness. जंगलीपन, निर्दयता, निष्ठुरता, क्रूरता; **Truculent** (-लेन्ट्)-*adj.* fierce, cruel, savage. क्रूर, निर्दय, भयंकर (निष्ठुर); **Truculently** (-लि) -*adv.* in a cruel manner. निर्दयता से।

Trudge-ट्रज्-*v. i. & t.* to walk or move along laboriously. पाँव घसीटते हुए चलना;-*n.* such a walk. ऐसी गति।

Trudgen-ट्रजन्-*n.* swimming with alternate strokes of right and left arm. पारी-पारी से दाहिना और बायाँ हाथ पटकते हुए तैरना।

True-ट्रू-*adj.* conformable to fact, in accordance with reason, genuine, faithful, honest, sincere, real, accurate. सत्य, यथार्थ, अकृत्रिम, सच्चा, ईमानदार, प्रामाणिक, वास्तविक; -*adv.* truly, सचाई से ; - *v. t.* to make true. यथार्थ करना, साधना; **True-born** (-बॉर्न्)-*adj.* of genuine birth. औरस उत्पत्ति का; **True-bred** (-ब्रेड्) - *adj.* of genuine breeding. औरस पालन-पोषण का ; **True-hearted** (-हार्ट-एड्)-*adj.* of true heart, sincere, सच्चे हृदय का; **Trueness** (-नेस्)- *n.* the state of being true. सत्यता; **True-penny** (-प-नि) -*n.* an honest fellow. ईमानदार मनुष्य ; **True to one's Word** (faithful to one's words.) अपनी प्रतिज्ञा का सच्चा (पक्का); **True Wife** (a wife who is loyal to her husband.) सती, पतिव्रता स्त्री।

Truffle-ट्रफ़ल्-*n.* a kind of underground fungus. भूमिगत गुच्छी।

Trug-ट्रग्-*n.* a wooden tray or milkpan. कठौता, कठरा

Truism-ट्रू-इज़्म् - *n.* a self-evident truth. स्वतः सिद्ध वचन।

Trull-ट्रल्-*n.* a woman of loose habits, a prostitute. चरित्रहीन स्त्री, वेश्या।

Trullan-ट्रलन्-*adj.* pertaining to a dome. गुम्बज सम्बन्धी।

Trullisation-ट्रलिजेशन्-*n.* plastering with a trowel. करनी से पलस्तर की तह चढ़ाने का काम।

Truly-ट्रू'-लि-*adv.* honestly, in fact, in reality, sincerely, indeed. ईमानदारी से, वस्तुतः, सचमुच, यथार्थ में, प्रामाणिक रूप में, सचाई से।

Trump-ट्रम्प्-*n.* a trumpet, a card of the winning suit, a good fellow. तुरही,

रंगसर (का) ताश, सज्जन व्यक्ति;-*v. i. & t.* to play a trump, to defeat with a trump, रंगसर खेलना, रंगसर के ताश से जीतना; **To trump up** (to forge.) छल करना, उपाय निकालना; **To turn up trumps** (to achieve a better purpose.) लाभ उठाना।

Trumpery-ट्रम्परि-*n.* worthless finery, useless matter, rubbish. असार पदार्थ, तुच्छ वस्तु, कूड़ा-कर्कट।

Trumpet-ट्र-म्पॅ-ट् - *n.* a wind instrument with long bent tube. दुन्दुभी, तुरही;-*v.t. & i.* to proclaim by sound of trumpet, to sound a trumpet. तुरही बजाकर घोषणा करना, दुन्दुभी बजाना; **Trumpeter**(-अर्)-*n.* one who sounds a trumpet. तुरही बजानेवाला; **Trumpet-tongued**(-टङ्गड्)-*adj.* having a shrill voice. कर्कश शब्द बोलनेवाला।

Truncal-ट्रङ्कल्-*adj.* pertaining to trunk. धड़-सम्बन्धी।

Truncate-ट्रङ्क् टे -*v. t.* to lop off the top of a tree, to maim. वृक्ष की चोटी काटना, छाँटना, कलम करना; **Truncated** (-एँड्) -*adj.* cut short. कतरा हुआ, छाँटा हुआ; **Truncately** (-लि) -*adv.* in a lopping manner. छाँटते हुए; **Truncation** (-कें-शन्) -*n.* the state of being lopped off. काट-छाँट, कलम।

Truncheon-ट्रन्शन्-*n.* a club, a short staff or cudgel. डण्डा, गदका, सोंटा; **Truncheoneer** (-इअर्) -*n.* a person who is armed with a truncheon. सोंटा लिये हुए।

Trundle-ट्रन्-इल्-*n.* a little broad wheel, a low-wheeled truck. घिरनी, छोटा पहिया, नीचा सगड़ या छकड़ा;-*v. t. & i.* to roll, to twirl. लुढ़काना, लुढ़कना; **Trundle-head** (-हॅड्)-*n.* a wheel that turns a mill stone. चक्की को घुमानेवाला पहिया; **Trundle-tail** (-टेॅल्)-*n.* a curled tail. घूमी हुई पूँछ; **Trundler**(-अर्)-*n.* one who rolls. लुढ़कानेवाला।

Trunk-ट्रङ्क्-*n.* the main body of a tree, the body of an animal without limbs, main part of any structure, a box for clothes &c., proboscis of an elephant, the shaft of a column, the main line of a railway, canal, road, telegraph or telephone, a dead-body, a box-like cover for an evaporating salt-pan. पेड़ का धड़, पशु या जन्तु का बिना हाथ-पैर का धड़, किसी रचना का प्रधान भाग, कपड़े रखने का सन्दूक, हाथी की सूँड़, खम्भे का बिचला भाग, रेलपथ, नहर, सड़क, तार या टेलिफोन का प्रधान मार्ग, मुर्दा या शव, भाप बनकर उड़नेवाले नमक के घोल की कड़ाही का सन्दूकनुमा ढकना।

Trunk-call-ट्रङ्क्'-कॉल्-*n.* a telephone call on the main line. प्रधान लाइन पर टेलीफोन द्वारा बातचीत करना।

Trunk-hose-ट्रङ्क्'हौज़्-*n.* drawers reaching up to knee. जाँघिया।

Trunk-less-ट्रङ्क्-लॅस्-*adj.* without a trunk. बिना धड़ का।

Trunnion-ट्रन्यन्-*n.* the lateral support of a gun. तोप का बगली आधार।

Truss-ट्रस्-*n.* the framework which supports a roof or bridge, a bundle of hay weighing about 60 lbs, a bandage used in rupture. पुल या छत का आधार (टेक), तीस सेर का सूखी घास का गट्ठा, पट्टा, बन्धन, घाव की पट्टी; -*v. t.* to support with a truss, to make fast. टेक लगाना, कसकर बाँधना; **To truss up** (to make light.) कसकर बाँधना; **Trussed** (-ड्) -*adj.* supported by a truss. टेक लगाया हुआ।

Trust-ट्रस्ट्-*n.* firm belief, confidence, reliance, ground of confidence, credit combination of several firms for business purposes. विश्वास, प्रतीति, भरोसा (आशा), धरोहर, साख, अनेक व्यवसायियों का संघ ; -*v. t.* to rely on, to believe in, to have confidence in, to entrust, to hope. विश्वास करना, प्रतीति करना, आशा करना, धरोहर रखना; **On trust** (on credit.) साख पर; **Trustee** (-टी') -*n.* one who holds the management of property in trust. धरोहर रखनेवाला; **Trusteeship** (-शिप्) -*n.* the office of a trustee निक्षेपधारी का पद; **Truster**(-अर्)-*n.* one who trusts. विश्वास करनेवाला; **Trustful** (-फ़ुल्) -*adj.* full of trust, confiding. विश्वस्त, विश्वास के योग्य; **Trustfully** (-फ़ुलि) -*adv.* in a confident manner. विश्वास करते हुए या विश्वासपूर्ण ढंग से; **Trustfulness** (-फ़ुल्-नॅस्) -*n.* the quality of being trustful. विश्वस्तता; **Trustily** (-इ-लि) -*adv.* in a trusty manner. विश्वासपूर्वक; **Trustiness** (-इ-नस्) - *n.* honesty, faithfulness. सचाई, ईमानदारी; **Trusting** (-इङ्ग्)-*adj.* confident. विश्वस्त, विश्वास के योग्य; **Trustingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with trust or confidence. विश्वासपूर्वक; **Trustless** (-लॅस्)-*adj.* faithless. अविश्वस्त; **Trustlessness** (-लॅस्-नॅस)-*n.* the quality of being trustless. अविश्वस्तता; **Trust-money** money committed to one's care. न्यास

धरोहर; **Trustworthiness**(-वर्-दि-नेस्)-*n.* the quality of being reliable. विश्वस्तता; **Trustworthy** (-वर्-दि)-*adj.* worthy of confidence, reliable. विश्वसनीय (विश्वास योग्य), भरोसा करने योग्य; **Trusty** (-इ) -*adj.* (*comp.* **Trustier**, *sup.* **Trustiest.**) confident. विश्वास-योग्य।

Truth-ट्रूथ्-*n.* the quality or state of being true, fidelity, veracity, reality, virtue, honesty, sincerity, constancy. सत्यता, विश्वस्तता, सत्य-निष्ठा, वास्तविकता, साधुता, ईमानदारी, सचाई, स्थिरता; **In truth** (truly.) सचमुच, वास्तव में; **Truthful** (-फुल्)-*adj.* veracious, full of truth, reliable. सच्चा, सत्यवादी; **Truthfully** (-फुलि)-*adv.* in a truthful manner. सचमुच, सचाई से; **Truthfulness** (-फुल्-नस्)-*n.* the state of being truthful. सत्यता; **Truthless** (-लेस्) -*adj.* faithless. झूठा, असत्य, बेईमान; **Truthlessness** (-लस्-नेस्) -*n.* the state of being truthless. असत्यता, बेईमानी।

Try-ट्राइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Tried.**) to test by experiment, to make an effort, to settle by examination, to investigate, to examine judicially, to refine, to purify. जाँचना, परीक्षा करना, प्रयत्न करना, परखना, अन्वेषण करना, विचार करना, निश्चय करना, शुद्ध करना; -*n.* attempt, effort. उद्योग, प्रयत्न; -*adj.* choice, good. चुना हुआ, अच्छा; **To try for** (to aim at) लक्ष्य करना; **To try on** (to test the fitness of dress.) कपड़ा नापना; **To try out** (to purify metal, to put to test.) धातु को साफ़ करना, परीक्षा करना।

Trying-ट्रा-इङ्ग्-*adj.* putting to severe test, wearisome. कष्टकारी, पीड़ाकर; **Trying-plane** (-प्लेन्)-*n.* a carpenter's small smoothing instrument. बढ़ई का छोटा रन्दा; **Try (Trying) square** (स्क्वेअर्) -*n.* a carpenter's square for testing the straightness of angles. बढ़ई की गोनियाँ।

Try-square.

Tryst-ट्राइ(-ट्रि-)स्ट् -*n.* an appointed meeting, a secret assembly. गुप्त सभा, छिपकर मिलने का स्थान।

Tsar-ज़ार्-*n.* the title of the Emperor of Russia. रूस के सम्राट की उपाधि।

Tsetse-ट्सेट्-सि (-सीट्-सी)-*n.* an African horsefly. अफ्रीका देश की एक प्रकार की मक्खी जिसके काटने से घोड़े रोगी हो जाते हैं।

T-square-टी'-स्क्वेअर् see under T.

Tub-टब्-*n.* an open wooden vessel of staves held together by hoops, a small cask. नाँद, कठवत, छोटा पीपा; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Tubbed**) to plant in a tub. नाँद में पौधा लगाना; to bathe in a tub. टब में स्नान करना; **Tubful** (-फुल्)-*adj.* as much as a tub can hold. नाँद भर।

Tuba-ट्यू-बाँ-*n.* a kind of trumpet. एक प्रकार की तुरही।

Tubal, Tubar-ट्यूब्-अल्, (-अर्) -*adjs.* of the form of a tube. नली के आकार का।

Tubby-ट-बि-*adj.* shaped like a tub. कठरे की आकृति के समान।

Tube-ट्यूब्-*n.* a hollow long cylinder, a hollow tube-shaped organ, an underground electric railway. नाली, प्रणाली, नली, रेल की सुरङ्ग; **Tube-well** (-वल्)-*n.* a perforated iron pipe pointed at the end sunk deep in the earth for getting water from underground. नली का कुवाँ, नलकूप; **Tubing** (-इङ्ग्) -*n.* tubes collectively. नलियाँ।

Tuber-ट्यू'-बर्-*n.* the thickened portion of the stem of a plant, a morbid swelling or gland. कन्द, पौधे की जड़ के पास का मोटा भाग, सूजन या गाँठ।

Wry-राइ-*adj.* twisted, distorted. मोड़ा हुआ, ऐंठा हुआ; **Wryly** (-लि)-*adv.* in a wry manner. वक्रता से; **Wry-neck** (-नेक्) -*n.* a kind of woodpecker, distorted neck. एक प्रकार का कठफोड़वा, गर्दन की ऐंठन; **Wryness** (-नेस्) -*n.* crooked-ness. वक्रता, ऐंठन।

Wye-वाइ-*n.* a crutch. बैशाखी।

Wynd-वाइन्ड्-*n.* a narrow lane. पतली गली।

Wyvern-वाइ'-वर्न्-*n.* an imaginary winged & two-legged monster. एक प्रकार का परों तथा दो टाँगोंवाला कल्पित दैत्य।

X-एक्स्-the twenty-fourth letter of the English alphabet pronounced like 'z' at the beginning of a word and *ks.* elsewhere; as a Roman numeral it stands for 10, the first unknown quantity (x) in algebra. अंग्रेजी वर्णमाला का चौबीसवाँ अक्षर, शब्द के बाद में इस अक्षर का उच्चारण "ज़्" तथा अन्य स्थान में "क्स्" होता है, रोमन संख्या में यह १० के लिए प्रयुक्त होता है, बीजगणित में (x) पहिली अज्ञात संख्या के लिये यह प्रयुक्त होता है।

Xangti-ज़ाँङ्ग्'-टि-*n.* the Supreme Being of the Chinese mythology. चीन देश के पुराणों में परमेश्वर का नाम।

Xanthein, Xantheine-ज़ैन्-थि-इन् (-ईन्)-*ns.* the water-soluble yellow colouring matter of flowers. जल में घुल जानेवाला फूलों में का पीला रङ्ग।

Xanthian-ज़ैन्' - थि - अन्-*adj.* pertaining to Xanthus, the capital of Lycia in Asia. एशिया में लिशिया की राजधानी ज़ैन्थस्-सम्बन्धी।

Xanthic-ज़ैन्-थिक् - *adj.* pertaining to the yellow colour. बसन्ती या केसरिया रङ्ग का या उस रङ्ग से सम्बन्धित।

Xanthium-ज़ैन्'-थि-अम्-*n.* a flowering plant like aster. गेंदे के समान एक फूल।

Xanthochroia-ज़ैन-थँ-क्रो' - इ - आ-*n.* yellow discolouration of skin. चमड़े के रङ्ग के पीला पड़ जाने की क्रिया।

Xanthochroic-ज़ैन्'-थँ-क्रो'-इक्-*adj.* pertaining to men with smooth light-coloured hair and pale complexion. चिकने हल्के रंग के बालों और पीले रङ्ग के शरीर के मनुष्यों से सम्बन्धित।

Xanthoma-ज़ैन्-थँ-मा-*n* a disease of the skin in which yellow patches appear. एक प्रकार का चर्मरोग जिसमें शरीर में पीले चकत्ते पड़ जाते हैं; **Xanthomatous** (-टस्) -*adj.* pertaining to xanthoma. शरीर में पीले चकत्ते पड़ने के रोग से सम्बन्धित।

Xanthomelanous-ज़ैन्'-थँ-मेलि -ऑन्-अस्-*adj.* applied to a type of man having yellow skin and black hair. ऐसे मनुष्यों का जिनके चमड़े का रङ्ग पीला तथा बाल का रङ्ग काला होता है।

Xanthophyll-ज़ैन्-थँ-फ़िल्-*n.* certain yellow pigments found in autumn leaves. पतझड़ की पत्तियों में पाया जानेवाला पीलापन।

Xanthopsia, Xanthopsy-ज़ैन्' - थॅप् - शिआ (-सि)-*ns.* a kind of colour-blindness in which everything looks yellow. आँख का एक रोग जिसमें सब पदार्थ पीले देख पड़ते हैं, कामला रोग।

Xanthosia-ज़ैन्'-थँ-शि-आ-*n.* a kind of plant which is covered with yellow down. एक प्रकार का पौधा जिस पर पीले रोवें होते हैं।

Xanthosis-ज़ैन्-थँ' - सिस् - *n.* formation of yellow pigment. पीले रङ्ग की रचना।

Xanthous-ज़ैन्-थस्-*adj.* yellowish. पीत, पीले रङ्ग का।

Xanthoura-ज़ैन्-थूरा, **Xanthura** (-थुरा)-*ns.* a kind of small American bird with yellow tail. एक प्रकार की पीली दुमवाली अमरीकी चिड़िया।

Xantippe-ज़ैन्-टिप्'-पि-*n.* a shrew, a quarrelsome woman. कर्कशा, लड़ाकी स्त्री।

Xebec-ज़ी'-बेक्-*n.* a small three-masted square-rigged vessel. तीन मस्तूल का चौकोर पालों का छोटा जहाज।

Xebec.

Xema-ज़ी' - मॅ -*n.* a genus of forktailed bird. एक प्रकार की चिड़ियों का वर्ग जिनकी पूँछ दो भागों में फटी होती है; **Xeme**-ज़ीम्-*n.* a bird of the genus Xema. उक्त वर्ग का एक पक्षी।

Xenarthral-ज़ेन्'-आर्थ्-रॅल्-*adj.* joined like a vertebrae. पीठ की रीढ़ के सदृश जुटा हुआ।

Xenial-ज़ी'-नि-अल्-*adj.* pertaining to hospitality. आतिथेय-सम्बन्धी।

Xenium-ज़ी'-नि-अम्-*n.* (*pl.* **Xenia.**) a present made to a guest, a picture of still life. अतिथि को दिया हुआ उपहार, शान्त जीवन या निश्चल प्राणी का चित्र।

Xenodochium-ज़ें-नें-इ-डें-कि-अम् *n.* a room for guests. अतिथि के स्वागत करने का कमरा।

Xenodochy-ज़ें-नें-डें - कि - *n.* reception of guests. अतिथि का स्वागत।

Xenogamy-ज़ें-नेंग् - ऑ - मि-*n.* cross fertilization. दो विभिन्न वृक्षों में गर्भाधान क्रिया।

Xenogenesis-ज़ेन्-नें-जेन्-एँ-सिस्-*n.* production of heterogeneous generation. माता पिता से भिन्न सन्तति की उत्पत्ति।

Xenomania-ज़ो-नें-मेन्-इ-आ - *n.* undue attachment to foreign things. परदेशी वस्तुओं पर उत्कट प्रेम।

Xenomenia-ज़ेन्-नें-मी-नि-आ-*n.* supplemen-

tary menstruation. दो मासिक धर्मों के बीच में रजस्वला होना।

Xenomorphic-ज़ें' - नें - मॉर्फ़्' - इक्-*adj.* of abnormal and irregular shape. असाधारण तथा अनियमित आकृति (शकल) का।

Xenon-ज़ें'-नॅ-न्-*n.* a chemical element. एक धातु विशेष।

Xenops-ज़ें'-नॅ-प्स्-*n.* a kind of American creeper. अमेरिका देश की बुर्ज पर चढ़नेवाली एक प्रकार की लता।

Xerantic-ज़ि-रैन्'-टिक्-*adj.* drying. सुखनेवाला।

Xerasia-ज़ि-रे-सि-आ-*n.* a disease of the hair in which it becomes dry and does not grow. बालों का एक रोग जिससे यह सूख जाता है और बढ़ता नहीं है।

Xerochastic-ज़ी'-रॅ-कैस्'-टिक् - *adj.* opening when dried. सूखकर खुलनेवाला।

Xerocollyrium-ज़ी'-रॅ - कॉल-लिर्'- रि -अम्-*n.* dry collyrium. आँख में लगाने का सूखा अंजन।

Xeroderma-ज़ी'-रॅ-डर्'-मा-*n.* morbid dryness of skin. चमड़े के सूख जाने का एक रोग।

Xeromyrum- ज़ि-रॅ-मि-रम् - *n.* a dry ointment. सूखा मलहम।

Xerophagy-ज़ि-रॅफ़्'-अ-जि-*n.* the habit of living on dry and meagre diet. रूखा-सूखा तथा कम अन्न खाकर निर्वाह करने का अभ्यास।

Xerophilous-ज़ि-रॅफ़्' - इ - लस् -*adj.* loving dryness. सूखा चाहनेवाला।

Xerophthalmia-ज़ि-रॅफ़्'-थैल्'-मि-आ- *n.* dry red itching of the eyes. आँखों का सूखकर लाल होने तथा खुजलाने का रोग।

Xerophyte-ज़ी -रॅ-फ़ाइट् - *n.* a plant suitable for dry soil. सूखी भूमि का पौधा।

Xerophytic-ज़ी-रॅ-फ़िट्-इक्-*adj.* suitable for dry conditions. सूखी स्थिति के योग्य।

Xerosis-ज़ीरो' - सिस् - *n.* dryness of skin. चमड़े का सूखापन।

Xerostomia-ज़ि-रॅ-स्टो' - मि-आँ - *n.* dryness of the mouth. मुख सूखने का रोग।

Xerotes-ज़ी-रो'-टीज़्-*n.* the dry disposition of body. शरीर का सूखापन।

Xerotribia-ज़ी-रॅ-ट्रिब्-इ-आ - *n.* dry friction. रगड़।

Xiphias-ज़िफ़्-इ-अस्-*n.* the common sword-fish genus. तलवार की शकलवाली मछलियों का वर्ग।

Xiphioid-ज़िफ़्'-इ-ऑइड्-*adj.* pertaining to the sword fish. तलवार के आकार की मछली-सम्बन्धी।

Xiphoid-ज़िफ़्-ऑइड्-*adj.* pertaining to the cartilage under the breast bone. छाती की हड्डी के नीचे की कोमलास्थि-सम्बन्धी।

X-rays-ऍक्स्'-रेज़्-*n. pl.* the invisible rays (discovered by the German scientist Rontgen Wurzburg in 1895.) emitted by an electric current by which the interior of solids can be photographed. (सन् १८९५ ई० में जर्मन वैज्ञानिक रन्टजन वर्ज बर्ग द्वारा आविष्कृत बिजली की धारा की वे अदृश्य रश्मियाँ (किरणें) जिनकी सहायता से किसी ठोस पदार्थ के भीतर का चित्र खींचा जा सकता है, एक्स्-किरणें।

Xylanthrax-ज़ाइ-लैन् - थ्रक्स् - *n.* wood coal. लकड़ी का कोयला।

Xylem-ज़ाइ-ल्-ऍम्-*n.* woody tissue. वनस्पति की लकड़ी का भाग।

Xylocarp-ज़ाइ-लॅ-कार्प्-*n.* a hard and woody fruit. कड़ी लकड़ी के समान फल।

Xylograph-ज़ाइ-लॅ-ग्राफ़्-*n.* wood engraving. लकड़ी पर खुदाई का काम।

Xylographer-ज़ाइ-लॅ-ग्रॅफ़्'-अर्-*n.* one who engraves on wood. लकड़ी पर नक़्क़ाशी करनेवाला।

Xylographic-ज़ाइ-लॅ-ग्रैफ़्'-इक्-*adj.* pertaining to wood-engraving. लकड़ी की नक़्क़ाशी से सम्बन्धित।

Xylography-ज़ाइ-ल्-ऑ-ग्र-फि - *n.* the art of engraving on wood. लकड़ी पर खोदने या लकड़ी की मूर्ति बनाने की कला।

Xyloid-ज़ाइ-लॉ-इड्-*adj.* like wood. लकड़ी के सदृश।

Xyloidine-ज़ाइ-लॉ-इड्'-इन्-*n.* an explosive similar to gun-cotton. एक प्रकार का तेज पलीता।

Xylol-ज़ाइ-लॅ-ल्-*n.* wood-oil. लकड़ी से निकाला हुआ तेल।

Xylonite-ज़ाइ'-लॅ-न्-आइट् - *n.* a kind of celluloid. एक प्रकार का कचकड़ा।

Xylophagan-ज़ाइ-लॅ-फ़्'-अ-गन्-*n.* one of the xylophaga or wood-eating insects. दीमक वर्ग का एक कीड़ा।

Xylophagus-ज़ाइ-लॅ-फ़्'-अ-गस् - *adj.* feeding on or eating wood. लकड़ी खानेवाला।

Xylophilous-ज़ाइ-लॅ-फ़-इ-लस्-*adj.*feeding on wood. लकड़ी खाकर जीनेवाला (कृमि)।

Xylophone-ज़ाइ-लॅ-फ़ोन्-*n.* a musical instrument like harmonica in which glass silps are replaced by graduated hard bars of wood. एक प्रकार का जलतरंग जिसमें काँच की पट्टी के स्थान में कड़ी लकड़ी की पट्टियाँ लगी होती हैं।


Xylophone.

Xylopia-ज़ाइ-लॅ-पि-आ-*n.* a kind of American plant. एक प्रकार का अमेरिका देश का पौधा।

Xylopyrography-ज़ाइ-लॅ-पाइरॅ-ग्रॅफ़ि-*n.* the act of engraving on wood, poker-painting. लकड़ी पर नक़्क़ाशी करने की कला, एक प्रकार की चित्रकारी।

Xyst-ज़िस्ट्-*n.* an open or covered court for athletic exercises. कसरत करने की खुली या ढकी हुई दालान।

Xyster-ज़िस्-टर्-*n.* a surgical instrument for scraping bones. हड्डी खुरचने का एक जर्राही यन्त्र।

Xystos, Xystus-ज़िस्टस्-*ns.* (*pl.* **Xysti.**) a covered or open portico for athletic exercises. कसरत करने की खुली या ढकी हुई दालान।

Y-वाइ-the twenty-fifth letter of the English alphabet, a Roman numeral for 150, the letter is a vowel after a consonant and a consonant after a vowel. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पच्चीसवाँ अक्षर, रोमन् संख्या में १५० के लिये प्रयुक्त होता है, व्यञ्जन के बाद इसका उच्चारण स्वर का तथा स्वर के बाद इसका उच्चारण व्यञ्जन का होता है।

Yacca-यॅ-का-*n.* a kind of evergreen tree. एक प्रकार का सर्वदा हरा बना रहनेवाला वृक्ष।

Yacht-यॉट्-*n.* a fast-sailing pleasure-boat. केलिपोत, सैर करने की नाव; -*v. i.* to sail in a yacht. केलिपोत में यात्रा करना; **Yachter** (-अर्)-*n.* one who commands a yacht. केलिपोत का अधिकारी; **Yachting** (-इङ्ग्)-*n.* sailing a yacht. केलिपोत में यात्रा; **Yachtsman** (a sailor of a yacht.) केलिपोत का माझी।

Yaffle-यॅफ्'-फ़ल्-*n.* green wood-pecker. हरा कठफोड़वा।

Yager-येग्'-अर्-*n.* a German light infantryman. जर्मन पैदल सिपाही।

Yahoo-यँ'-हू-*n.* a rude brutish fellow. जंगली असभ्य मनुष्य।

Yak-यॅक्, याक्-*n.* a kind of Tibetan ox covered with long silky hair. तिब्बत देश का लम्बे रेशमी बालोंवाला एक प्रकार का साँड़।



Yak.

Yam-यॅम्-*n.* the root of a tropical plant. अरुई।

Yamun-या'-म-न्-*n.* a Chinese government office. चीन का सरकारी दफ़्तर।

Yank-यँङ्क्-*v. i.* to jerk. झटका देना।

Yankee-यँङ्की-*n.* an inhabitant of the United States of America. अमेरिका के संयुक्त-राज्य का निवासी।

Yanoloite-यॅ-नॅ-लॉइट्-*n.* a kind of crystalline mineral, axinite. एक प्रकार का दानेदार खनिज।

Yap-यॅप्-*v. i.* to bark like a dog. कुत्ते की तरह भूँकना।

Yapon-यॉपॅन्-*n.* a kind of tea. एक प्रकार की चाय।

Yapp-यॅप्-*n.* a kind of binding in which the cover of the book over-laps the edges. एक प्रकार की जिल्द-बन्दी जो पुस्तक के किनारे से उभड़ती रहती है।

Yard-यार्ड्-*n.* a measuring rod of thirty-six inches, a spar for spreading a sail, an enclosure, enclosed area adjoining a house. छत्तीस इन्च का गज, पाल फैलाने का डण्डा, पशुओं का बाड़ा या घेरा, आँगन, अहाता; -*v. t.* to confine cattle in a yard. बाड़े में पशु बन्द करना; **Yardman** (-मॅन्)-*n.* one in charge of a farmyard. खेत तथा उससे संबंधित भवनों या बाड़ों का निरीक्षक अधिकारी; **Yardmaster** (-मास्टर्)-*n.* the man in charge of a railway yard. रेलवे के बाड़े का निरीक्षक; **Yardstick** (-स्टिक्)-*n.* a stick three feet in length. तीन फ़ीट या एक गज लंबी छड़ी।

Yardarm-यार्ड्-आर्म्-*n.* the end of a ship's yard. पाल के डण्डे का सिरा।

Yare-येअर्-*adj.* quick, eager, dexterous. तीव्र, उत्सुक, निपुण; **Yarely** (-लि)-*adj.* dexterously, quickly. निपुणता से, तीव्रता से।

Yarn-यार्न्-*n.* spun thread, one of the threads of which a rope is made, a tale. सूत, तन्तु, सूत, तार, रस्से की लड़ी, कहानी; -*v. t.* to tell stories, to relate. कथा कहना, वर्णन करना।

Yarr-यार्-*v. i.* to growl, to snarl. गुर्राना, भूँकना।

Yarrish-यारिश्-*adj.* having a dry taste. सूखे स्वाद का।

Yarrow-यॅ-रो-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Yataghan-यॅट्-अ-गॅन्-*n.* a short curved sword. छोटी घुमी हुई तलवार, कटार।

Yate-येट्-*n.* a gate. फाटक।

Yaup-यॉप्-*v. i.* to cry like a child. बच्चे की तरह चिल्लाना।

Yaw-यॉ-*v. i.* to rise in blisters. फफोले उठना या पड़ना।

Yawl-यॉल्-*n.* a warship's boat, a fishing boat. लड़ाई के जहाज़ की या मछली पकड़ने की नाव।

Yawn-यॉन्-*v. i.* to gape, to open the mouth involuntarily, to open wide. (जृम्भा लेना) जँभाई लेना, उबासी लेना, चौंबाना; -*n.* a gape, opening of the mouth, a crack जँभाई, दर्रा; **Yawning** (-इङ्ग्)-*adj.* opening wide, dull. जँभाई लेनेवाला, मन्द; **Yawningly** (-लि) -*adv.* in a yawning manner. जँभाई लेते हुए।

Yaws-यॉज़्-*n.* cutaneous tumour. चमड़े पर पदा होनेवाली ग्रन्थि या गाँठ।

Yclad-इ-क्लैड्'-*adj.* clad. वस्त्र पहिने हुए।

Ycleped, Yclept-इ-क्लेप्ड्',-इक्लिप्ट्-*adjs.* named, called. नाम धारित, पुकारा जाता हुआ।

Ye-यी-*Pron.* nominative plural of "**Thou.**" तुम लोग, तुम, आप लोग।

Yea-यें-*adv.* yes, certainly. हाँ, अवश्य।

Yean-यीन्-*v. i.* to bring forth young, to yeen. बच्चा जनना, ब्याना; **Yeanling** (-लिङ्ग्)-*n.* the young of a sheep, lamb. भेड़ का बच्चा, मेमना।

Year-यीअर्-*n.* twelve months, calendar, (*pl.*) old age. वर्ष, साल, (बहु व०) वृद्धावस्था; **Current year** (the present year.) वर्त्तमान या चालू वर्ष; **Last year** (past year.) गत वर्ष; **Leap year** (the year occurring every fourth year in which February has twentynine days.) अंग्रेजी वर्ष जिसमें फ़रवरी महीने में उन्तीस दिन होते हैं; **Year after year** (every year.) प्रतिवर्ष; **Year-book** (-बुक्)-*n.* a book of up-to-date information published annually. वार्षिक सूचना पुस्तक; **Yearling** (-लिङ्ग्)-*adj.* & -*n.* an year old, a young beast one year old. एकवर्षीय, एक बरस का पशु का बच्चा; **Yearlong** (-लॉङ्ग्) -*adj.* lasting a year. वर्ष भर रहनेवाला; **Yearly** (-लि)-*adj.* & *adv.* annual, once a year. वार्षिक, प्रतिवर्ष होनेवाला, वर्ष में एक बार।

Yearn-यर्न्-*v. i.* & *t.* to have an earnest desire, to long, to be distressed, to grieve. उत्कण्ठा करना, इच्छा करना, उत्सुक होना, दुःखी होना; **Yearnful** (-फ़ुल्)-*adj.* distressing. कष्टकारक, कष्ट देनेवाला; **Yearning** (-इङ्ग्)-*n.* strong emotion, longing desire. उत्कण्ठा, इच्छा, अनुकम्पा; **Yearningly** (-इङ्ग-लि)-*adv.* with strong emotion. उत्कण्ठा-सहित।

Yeast-यीस्ट्-*n.* froth appearing in fermentation, harm, preparation used for raising dough. सुराभाण्ड, खमीर, फेन, उफान, झाग; **Yeastiness** (-इ-नेस्)-*n.* the state of being yeasty. झागपन; **Yeasty** (-इ)-*adj.* frothy, foamy. झागदार, फेनदार।

Yede, Yeed-यीड्-*v. i.* to go on, to proceed. आगे जाना या बढ़ना।

Yeldrin-येल्ड्रिन्-*n.* yellow bunting. पीले रंग का तोरण।

Yelk-येल्क्-*n.* the yellow part of an egg. अण्डे का पीला भाग।

Yell-येल्-*n.* a sharp outcry. चीत्कार, चिल्लाहट; -*v. i.* to cry aloud or scream. चिल्लाना, शोर मचाना; **Yelling** (-लिङ्ग्)-*n.* shrieking. चीत्कार, चिल्लाहट।

Yellow-यलो-*adj.* of the colour of gold. सुनहला पीला बसन्ती; -*n.* a bright golden colour. चमकीला बसन्ती या पीला रङ्ग-*v. i.* & *t.* to make yellow, to become yellow. पीला करना, पीला होना; **Yellow-blossomed** (of yellow flowers.) पीले फूलोंवाला; **Yellow boy** (gold coin.) गिन्नी, अशरफी; **Yellow earth** (yellow soil.) पीली मिट्टी; **Yellow fever** (a kind of fever attended with yellowness of skin.) एक प्रकार का ज्वर जिसमें शरीर पीला पड़ जाता है; **Yellowish** (-इश्)-*adj.* somewhat yellow. कुछ पीला; **Yellowishness** (-इश्-नेस्)-*n.* the state of being yellow. पीलापन; **Yellow-peril** (-पेर्-रिल्)-*n.* the fear that eastern races by imitating western civilization will predominate in the world. यह भय कि पश्चिमी सभ्यता को ग्रहण करके पूर्वीय जाति संसार में महत्त्व प्राप्त करेगी, पीत-आतंक।

Yelp-येल्प्-*n.* the cry of a dog when in pain. कुत्ते का पीड़ा से भूँकना; -*v. i.* to bark sharply. तेज भूँकना; **Yelper** (-अर्)-*n.* one who yelps. भूँकनेवाला पशु।

Yen-येन्-*n.* a Japanese coin worth about two shillings. प्रायः दो शिलिंग के मूल्य का जापानी सिक्का।

Yeoman-यो'-मन्-*n.* (*pl.* **Yeoman.**) a free holder, a gentleman farmer. क्षेत्रपाल, गृहपति, जमींदार, किसान; **Yeomanlike** (-लाइक्) -*adj.* like a yeoman. गृहपति के सदृश; **Yeomanly** (-लि)-*adj.* pertaining to a yeoman. क्षेत्रपाल-सम्बन्धी; **Yeoman of signals** an officer in a warship. लड़ाई के जहाज का एक नायक; **Yeoman of the guard** (the body-guard of a king.) राजा का शरीर-रक्षक; **Yeomanry** (-रि)-*n.* a body of small freeholdes. छोटे क्षेत्रपालों का वर्ग।

Yerk-यर्क्-*n.* a sudden quick motion. एकाएक तेज चाल या गति; -*v. t.* to strike suddenly. झटका देना।

Yer-nut-यर्'-नट्-*n.* the earth-nut. मूँगफली।

Yes-यस्-*adv.* expression of affirmation. स्वीकृति का शब्द, हाँ, हूँ।

Yest-येस्ट्-fermentation, froth, उफान।

Yester-येस्टर्-*adj.* last. बीता हुआ।

Yesterday-येस्'-टर्-डे-*n.* the day last past. गत दिवस, बीता हुआ दिन; **Yestern** (-अर्न्) -*adj.* relating to yesterday. गत दिवस सम्बन्धी; **Yesternight** (-नाइट्)-*n.* last night. गत रात्रि।

Yesty-येस्ट्-इ-*adj.* yeasty. फेनदार।

Yet-येट्-*adv.* besides, still, at this time, at least, after all. तथापि, अब भी, इस समय, तो भी;-*conj.* notwithstanding, nevertheless. तिस पर भी, तो भी।

Yew-यू-*n.* an evergreen tree. सर्वदा हरा रहनेवाला एक वृक्ष ; **Yewen** (-एँन्) - *adj.* made of yew. इस वृक्ष का बना हुआ।

Yex-येक्स्-*n.* hiccup, a sob. हिक्का, हिचकी, सिसकी।

Yiddish-यिडिश्-*n.* the language of foreign Jews. परदेशी यहूदियों की भाषा।

Yield-यील्ड्-*v. t. & i.* to produce, to give in return for, to give, to allow, to admit, to grant, to submit. उत्पन्न करना, बदले में देना, देना, हवाले करना, स्वीकार करना, अधीन होना, मान लेना; **Yieldableness** (-ऍ-बूल्-नेस्)-*n.* disposition to yield. अनुकूल प्रकृति ; **Yieldance** (-अँन्स्) -*n.* the act of yielding. स्वीकृति; **Yielder** (-अर्)-*n.* one who yields. स्वीकार करनेवाला; **Yielding** (-इङ्ग्)-*adj. & n.* inclined to comply, submission. अनुकूल, अनुरोधी, समर्पण; **Yieldingly** (-इङ्ग-लि) -*adv.* with compliance. अनुरोध से, समर्पण करते हुए; **Yieldingness** (- इङ्ग् - नेस) - *n.* a disposition to comply. अनुरोध, अनुकूलता।

Ylang-ylang-ई-लाँङ्ग्-ई-लाँङ्ग्-*n.* a plant of Malaya Peninsula with greennish-yellow fragrant flowers. मलय प्रायद्वीप का एक प्रकार का हरे-पीले सुगन्धित फूलों का वृक्ष।

Yoicks-यॉ-इक्स्-*interj.* a fox-hunting cry urging on the hounds. लोमड़ी के शिकार के लिये शिकारी कुत्तों को ललकारने का शब्द-'लहा', 'लहा'।

Yoke-योक्-*n.* a piece of wood placed on the necks of oxen, a mark of servitude, bond of connection, slavery, a pair or couple. जुआ, दासत्व का चिह्न, सन्धि, चाकरी, युगल (जोड़ा); -*v.t.* to put yoke on, to join, to enslave. जुआ रखना, जोड़ना, जोतना, दास बनाना, बाँधना; **Under the yoke of** (under the bondage of another.) परवश; **Yokefellow** (-फ़ेल्-लो) -*n* an associate in some common work. साथ-साथ काम करनेवाला; **Yokemate** (-मेट्) -*n.* a mate. साथी, साथ काम करनेवाला।

Yokel-यो'-कुल्-*n.* an ignorant rustic fellow. अज्ञानी, देहाती या ग्रामीण पुरुष।

Yolk-योक्-*n.* the yellow part of an egg. अण्डमध्य, अण्डे का पीला भाग।

Yon-यॉन्-*adv.* yonder. सामने का।

Yond-यॉन्ड्-*adj.* furious, mad. अतिक्रुद्ध, पागल।

Yonder-यॉन्डर्-*adv.* being at a distance, within view. सामने का, दृष्टिगोचर।

Yonker-यॉङ्कर्-*n.* a young fellow. युवा मनुष्य।

Yore-योर्-*n.* old time, long ago. बहुत दिन बीते, प्राचीन।

You-यू, - यु - *pron.* (*sing.* **Thou.**) second person, plural, nominative as well as objective. तुम, तुम लोग, आप, आप लोग, तुम लोगों को, तुमको।

Young-यङ्ग्-*adj.* not long born, in the prime of life, not old, not experienced, vigorous, relating to youth, the younger of two persons having the same name. युवा, तरुण, कुमार, बिना अनुभव का, शक्तिशाली, यौवन सम्बन्धी, एक ही नाम के दो मनुष्यों में जो व्यक्ति कम अवस्था का हो; -*n.* the offspring of animals. पशु-शावक, पशु का बच्चा; **With Young** (pregnant.) गर्भवती; **Young-blood** (-ब्लड्) -*n.* free accession of strength. युवावस्था का (उमंग) पराक्रम; **Youngish** (-इश्)-*adj.* somewhat young. कुछ तरुण ; **Youngling** (-लिङ्ग्)-*n.* a young animal, a young person. युवा पशु, युवा मनुष्य; **Youngster** (-स्टर्)-*n.* a lad, a young boy. लड़का, छोकरा, नवयुवक।

Younker-यङ्क्'- अर् - *n.* a young fellow. छोकरा, लड़का।

Your-योर्-*pron. sing. & pl.* belonging to you. तुम्हारा, तुम लोगों का, आप लोगों का ; **Yours** (-स्) -*pron.* belonging to you. तुम लोगों का; **You're** (-यूर्) contraction for 'you are.' 'यू आर्' का छोटा रूप; **Yourself** (-सेल्फ़्)-*pron.* (*pl.* **Yourselves.**) emphatic and reciprocal form of **'You'.** आप ही, तुम ही, तुम स्वयं, तुम्हारे तईं।

Youth-यूथ्-*n.* the state of being young, a young man, young person collectively. यौवन, तरुण अवस्था, युवावस्था, जवान , युवा-पुरुष, युवा लोग ; **Youthful** (-फ़ुल्)-*adj.* young, pertaining to youth, suitable to youth, fresh, vigorous. युवा, यौवन-सम्बन्धी, युवावस्था के योग्य, ताजा, शक्तिशाली, **Youthfully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* in youthful manner. युवा रूप से ; **Youthfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the state of being youthful. यौवन, जवानी; **Youthsome** (-सम्) - *adj.* youthful. युवा, यौवन-सम्बन्धी, यौवनपूर्ण।

Yowl-याउल्-*v. i.* to bark, to cry like a dog.

भूँकना, कुत्ते की तरह चिल्लाना ; **Yowling** (-इङ्ग्)-*n.* a howling. चीत्कार, भौंक

Yucca-यक्का-*n.* a plant of the lily family. कुमुदिनी (कोईं) के प्रकार की एक वनस्पति ।

Yuck-यक्'-*v.i.* to itch. खुजली होना, खुजलाना ।

Yucker-यक्'-अर् - *n.* the golden winged wood-pecker of America. अमेरिका देश का सुनहले पंखवाला कठफोड़वा ।

Yuft-यफ़्ट्-*n.* Russian leather. रूसी चमड़ा ।

Yuga-युगा-*n.* one of the Hindu ages of the world. पुराणों के अनुसार काल का एक दीर्घ परिमाण (ये संख्या में चार माने गये हैं यथा सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग) ।

Yulan-यू'-लॅन्-*n.* a beautiful flowering tree. एक प्रकारका फूलनेवाला सुन्दर वृक्ष ।

Yule-यूल्-*n.* an old name for the festival of Christmas. ईसाइयों के त्योहार क्रिसमस (बड़े दिन) का प्राचीन नाम ; **Yule-log** (-लॉग)-*n.* log of wood cut down in the forest, then dragged to the house and set alight in celebration of Christmas. लकड़ी का लट्ठा जो जङ्गल में से काटकर घर पर लाया जाता है और क्रिसमस के उत्सव पर जलाया जाता है; **Yuletide** (-टाइड्)-*n.* the time of Christmas. क्रिसमस के त्योहार का समय ।

Yunx-यङ्क्स्-*n.* a kind of bird. एक प्रकार की चिड़िया ।

Yurt-यर्ट्-*n.* a tent of the people of the Arctic region. ध्रुव देश के निवासियों के रहने का खेमा

Z-ज़ेड्-the twenty-sixth and the last letter of the English alphabet, it has the sound of *s*, *z* or *sh*. अंग्रेजी वर्णमाला का छब्बीसवाँ तथा अन्तिम अक्षर, इसका उच्चारण 'स', 'ज़' तथा 'श' होता है।

Zabra-ज़ा-ब्रा-*n.* a small vessel of the Spanish coast. स्पेन देश के किनारे का छोटा जहाज।

Zabrus-ज़ी-ब्रस्-*n.* a kind of large beetle. एक प्रकार का बड़ा झींगुर या गुबरैला।

Zaccho-ज़ैक्-कॅ-*n.* the lowest part of a column. खम्भे का सबसे बड़ा नीचे का भाग।

Zadkiel-ज़ैड्किअल्-*n.* a popular astronomical almanac of this name. इस नाम का प्रसिद्ध ज्योतिष पञ्चाङ्ग।

Zaffre-ज़ैफ़र्-*n.* impure oxide of cobalt. एक प्रकार का खनिज विशेष।

Zalacca-ज़ी-लैक्-का-*n.* a palm of the Malayan Peninsula. मलय प्रायद्वीप का ताड़।

Zambo-ज़ैं-म्बॅ-*n.* the child of an American Indian and a Negro. अमेरिका देश की जङ्गली जाति तथा हबशी से उत्पन्न बालक।

Zambomba-ज़ैम्'-बॉम्बा-*n.* a kind of Spanish musical instrument. स्पेन देश का एक प्रकार का बाजा।

Zamia-ज़ें-मि-आ-*n.* a kind of palm tree. एक प्रकार का ताड़ का वृक्ष।

Zamouse-ज़ॉ-मुस्'-*n.* a short-horned bush cow. एक प्रकार की छोटे सींग की जङ्गली गाय।

Zampogna-सा-म्पो'-न्या-*n.* an Italian bagpipe. इटली देश का मशक बाजा।

Zanella-ज़नेला-*n.* a fabric for covering umbrellas. छाते का कपड़ा।

Zany-ज़ें-नि-*n.* a merry-andrew, a buffoon. मसखरा, ठिठोलिया; -*v. t.* to play the buffoon, to mimic. मसखरे का काम करना, हँसी उड़ाना।

Zanyism-ज़ें-नि-इज़म्-*n.* the character of buffoonery. मसखरापन, भाँड़ का गुण।

Zaphara-ज़ैफ़ारा-*n.* a mineral used by potters. कुम्हारों का नीला रङ्ग।

Zapote-ज़ैपोट्-*n.* a round fruit with a hard stone. कड़ी गुठली का एक गोल फल।

Zariba-ज़रीबा-*n.* In Sudan an enclosure of thorn-bushes against wild beasts. सुडान में जंगली जन्तुओं से बचने के लिये कँटीली झाड़ियों का घेरा।

Zarf-ज़ार्फ़्-*n.* an ornamental coffee-cup. कहवा पीने का सुन्दर पात्र।

Zax-ज़ैक्स्-*n.* a slate-cutter's tool. स्लेट काटने का औज़ार।

Zayat-ज़ायट्-*n.* a Burmese public hall for meetings. बर्मा का बड़ा सभा भवन।

Zea-ज़ीआ-*n.* Indian corn, maize. एक प्रकार का भुट्टा।

Zeal-ज़ील्-*n.* passionate ardour for anything, enthusiasm. उत्साह (उद्योग, व्यग्रता), उत्ताप, जोश्; **Zealful** (फ़ुल)-*adj.* fervent, ardent, enthusiastic. उत्साहयुक्त, उत्साही, लवलीन; **Zealless** (-लेस्)-*adj.* wanting zeal. उत्साहहीन; **Zealot** (ज़ेलॅट्)-*n.* a fanatic, an enthusiast. अति व्यग्र, अति उत्साही, झक्की मनुष्य; **Zealotical** (-ऑटिक्-अल्)-*adj.* ardently zealous. अति उत्साही; **Zealotism** (-इज़्म्)-*n.* fanaticism. झक; **Zealotry** (-रि)-*n.* fanaticism. झक; **Zealous** (-ज़ेलस्)-*adj.* ardent, enthusiastic. लवलीन, उत्साही; **Zealously** (-अस्-लि)-*adj.* with eagerness. उत्साह से; **Zealousness** (-अस्-नेस्)-*n.* the quality of being zealous. व्यग्रता, उत्साह।

Zebra-ज़ेब्रा-*n.* a striped South African mammal like horse. बनगर्दभ, गोरखर; **Zebrine** (-ब्राइन)-*adj.* pertaining to zebra. गोरखर सम्बन्धी।



Zebra.

Zebu-ज़ी'-ब्यू-*n.* a humped domestic ox. पलुआ साँड़।

Zed-ज़ेड्-*n.* a bar of metal in the form of the letter 'Z'. ज़ेड् अक्षर के रूप का लोहे का डण्डा।

Zedoary-ज़ेडॅ-अ-रि-*n.* a medicinal root used as a tonic. आँबाहल्दी, करकचूर, कचर।

Zein-ज़ी'-इन्-*n.* the protein of maize. भुट्टे का सार या प्रोटीन।

Zend-ज़ेन्ड्-*n.* the dialect in which the sacred books of the Parsees are written. पारसियों की धार्मिक पुस्तकों के लिखने की प्रचलित भाषा।

Zenith-ज़े-निथ्-*n.* the point in the heavens which is immediately over head (opposite of nadir.) खमध्य, शिरोबिन्दु; **Zenithal** (-अल्)-*adj.* pertaining to zenith. खमध्य-सम्बन्धी।

Zeolite-ज़ी'-ॲ-लाइट्-*n.* a kind of mineral. एक प्रकार की धातु; **Zeolitic** (-लिट्-क्)-*adj.* pertaining to zeolite. इस धातु से सम्बन्धित।

Zephyr-ज़े-फ़र्-*n.* the west wind, soft breeze. पश्चिमी वायु, मन्दवायु।

Zeppelin-ज़े-पे-लिन्-*n.* a cigar-shaped airship. बेलन के आकार का हवाई जहाज।

Zero-ज़ी-रो-*n.* (*pl.* **Zeroes.**) cypher, nothing. शून्य, बिन्दु।

Zest-ज़ेस्ट्-*n.* orange or lemon peel, relish, something that gives taste. नारङ्गी या नीबू का छिल्का, स्वाद, स्वाददायक पदार्थ;-*v. t.* to give relish to. स्वादिष्ट बनाना।

Zeta-ज़ी'-टा-*n.* a small parlour. छोटा कमरा।

Zetetic-ज़िटे टिक्-*adj.* proceeding from inquiry. अन्वेषण से निकलनेवाला;-*n.* a seeker. अन्वेषण करनेवाला, खोजनेवाला।

Zeticula-ज़े-टिक्युला-*n.* a small retiring room. आराम करने का छोटा कमरा।

Zeugma-ज़्युग्मा-*n.* a figure in which an adjective or verb agreeing with a nearer word also refers to a remote one. एक अलङ्कार जिसमें समीप के शब्द से सम्बन्ध रखनेवाली क्रिया या विशेषण दूर के शब्द से भी सम्बन्ध रखती है।

Zeus-ज़्यूस्-*n.* the greatest divinity of Greece. ग्रीस देश-निवासियों का सबसे बड़ा देवता।

Zeuxite-ज़्यूक्साइट्-*n.* a brown mineral. भूरे रंग की एक धातु।

Ziganka-ज़ि-गाँङ्की-*n.* a Russian dance. एक प्रकार का रूसी नाच।

Zigzag-ज़िग्-ज़ैग्-*n.* something that has a sharp turn. तिरछी या टेढ़ी लकीर;-*adj.* having short sharp turns. वक्र, कुटिल, मोड़दार;-*v. t.* (*p. t.* **Zigzagged.**) to turn sharply backwards and forwards. शीघ्र आगे-पीछे करना; **Zigzagged** (-ड्)-*adj.* formed with short turns. मोड़ा हुआ, टेढ़ा किया हुआ।

Zimb-ज़िम्ब्-*n.* an Abyssinian insect. एक प्रकार की अबीसीनिया देश की मक्खी।

Zinc-ज़िङ्क्-*n.* a white metal resembling tin. जस्ता; **Zinciferous** (-इफ्-एर्-अस्)-*adj.* containing zinc. जस्ते से युक्त; **Zincite** (-काइट्)-*n.* oxide of zinc. सफ़ेदा; **Zincky** (-इ)-*adj.* pertaining to zinc. जस्ता-सम्बन्धी; **Zincode** (-ओड्)-*n.* the positive pyle of a galvanic battery. बिजली की बैटरी का जस्तेवाला छोर; **Zincograph** (-अ-ग्रॅफ़्)-*n.* block or print from zincography. जस्ते के प्लेट की छाप; **Zincographer** (-ऑ-ग्रॅफ़्-अर्)-*n.* one who makes zincographic plates. जस्ते का ठप्पा बनानेवाला; **Zincographical** (-ऑ-ग्रॅफ़्-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to zincography. जस्ते के ठप्पे से सम्बन्धित; **Zincography** (-ऑ-ग्रॅफ़्-इ)-*n.* the art of printing from plates of zinc. जस्ते के ठप्पे से छापने की कला; **Zincoid** (-आइड्)-*adj.* resembling zinc. जस्ते के सदृश; **Zincous** (-अस्)-*n.* having the characteristics of zinc. जस्ते के गुणोंवाला।

Zingel-ज़िङ्ग्-गॅल्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Zinke-ज़िङ्कि (सिङ्कि)-*n.* a wind instrument like cornet. एक प्रकार का तुरही बाजा।

Zip-ज़िप्-*n.* the sound made by a bullet as it passes or strikes anything. बन्दूक की गोली की सरसराहट का शब्द।

Zirconium-ज़र्कों-नि-अम्-*n.* a kind of metal. एक प्रकार की धातु।

Zither-ज़िथर्-*n.* a stringed musical instrument. एक प्रकार का सितार।

Zizania-ज़ि-ज़े-निआ-*n.* a kind of aquatic grass. एक प्रकार की सेवार, जल की घास।

Zizel-ज़िज़ल्-*n.* a kind of European squirrel. एक प्रकार की यूरोप देश की गिलहरी।

Zoanthropy-ज़ॅ-अन्-थ्रॅ-पि-*n.* a monomania in which a man believes himself to be a beast. एक प्रकार का मनोविकार (पागलपन) जिसमें मनुष्य अपने को पशु समझने लगता है।

Zobo-ज़ो-बॅ-*n.* an ox-like beast of burden. बोझा ढोने का बैल के प्रकार का एक पशु।

Zocle-ज़ॉक्-ल्-*n.* the square base of a column. खम्भे की चौखूँटी पेंदी।

Zodiac-ज़ो'-डि-ऑक्-*n.* an imaginary broad circle in the heavens containing the twelve constellations called the signs of Zodiac. राशि-चक्र, राशि-माला; **Sign of Zodiac.** राशि; **Zodiacal** (-अल्) -*adj.* pertaining to the Zodiac. राशि-चक्र-सम्बन्धी।

Zoetrope-ज़ो'-इ-ट्रॅप्-*n.* a scientific toy in which pictures are seen moving. एक खिलौना जिसमें तसवीर चलती देख पड़ती है।

Zoiatria-ज़ो-इ-आट्रिआ-*n.* veterinary surgery. पशु-चिकित्सा।

Zoic-ज़ो'-इक्-*adj.* pertaining to animals. पशु-सम्बन्धी।

Zoilism-ज़ो' - इलिज़्म् - *n.* unjust criticism. अन्यायपूर्ण छिद्रान्वेषण।

Zoisite-ज़ो'-इ-साइट्-*n.* a kind of grey lime. एक प्रकार का भूरा चूना।

Zoll-ज़ॉल्-*n.* customs duty. कर, चुङ्गी।

Zonal-ज़ोनल*adj.* pertaining to zones. कटिबन्धों से सम्बन्धित।

Zonate-ज़ॅ-नेट्-*adj.* having dark belt in the form of a horse shoe. घोड़े की नाल के सदृश पट्टेवाला (फल)।

Zone-ज़ोन्-*n.* a belt, a girdle, a division of earth in respect to temperature of different

latitudes, circumference. मण्डल, मेखला, घेरा, भूकटिबन्ध, परिधि; **Zoned** (-ड्) -*adv.* having zones. मण्डलावृत, घेरा हुआ; **Zoneless** (-लेस्) - *adj.* without zone. बिना मेखला का।

Zonula-जोन्यु'-ला, **Zonule**-ज़ोन्'-युल् - *ns.* a small girdle. छोटी मेखला।

Zonure-जो'-न्यूर्-*n.* a spliked lizard. काँटेदार छिपकली।

Zoo-जू-*n.* a zoological garden. पशु-वाटिका, जानवरों के रखने का बगीचा।

Zoochemical-जो-ॲ - कॅ मि-कल्-*adj.* pertaining to animal chemistry. पशु-रसायन-सम्बन्धी।

Zoochemy-जो-ऑक्'-ऍ-मि-*n.* animal chemistry. पशु-रसायन-विद्या।

Zoodynamics-ज़ो-ॲ-डाइ' - नॅ - मिक्स् - *n.* the science which treats of the vital powers of animals. पशुओं की आन्तरिक शक्ति की विद्या।

Zoogeny-जो-जॅ-ॲ -नि - *n.* the science of the origination of living beings. प्राणि-तत्त्व विद्या।

Zoograft-जो-ॲ-ग्रॅफ्ट्-*n.* a piece of animal tissue grafted in human body. पशु के शरीर का अङ्ग जो मनुष्य के अङ्ग में बैठाया जाता है।

Zoographer-जो-ऑग्'-रॅफ्-अर्-*n.* one who describes animals. प्राणिवर्ग विद्या का वर्णन करनेवाला।

Zoographical-जो-ऑग् - राफ्' - इक् - अल् - *adj.* pertaining to animal life. प्राणि-वर्णन-सम्बन्धी।

Zoography-जो-ऑग्-रॅफ्-इ-*n.* the description. of animal forms. प्राणि वर्णन, पशु-विद्या।

Zooide-ज़ो'-ऑ-इड्-*adj.* having the nature of animal life. जीवित प्राणि की आकृति का।

Zoolatry-जो-ऑल्-अ-ट्रि-*n.* the worship of animals. पशु-पूजा।

Zoolite-जो-ऑल्-आइट्-*n.* fossil animal. पृथ्वी के नीचे से निकाला हुआ पशु का प्राचीन ढाँचा।

Zoological-जो-ऑल्-ऑज-इक्-अल्-*adj.* pertaining to zoology. प्राणि-विद्या-सम्बन्धी; **Zoologically** (-अल्-लि)-*adv.* according to the principles of zoology. प्राणिविद्या के सिद्धान्त के अनुसार; **Zoologist** (-जिस्ट्)-*n.* a student of zoology. प्राणिविद्या का अध्ययन करनेवाला; **Zoology** (-जि)-*n.* the science of animal life. प्राणिविद्या, प्राणिविज्ञान, जन्तु-विज्ञान।

Zoomagnetism-जो - ॲ - मॅग्' - नॅट् - इज़्म् -*ns.* magnetism in animals. पशुओं के शरीर की चुम्बकीय शक्ति।

Zoometry - जू - ऑम्' - ऍ - ट्रि - *n.* comparative measurements of animals. पशुओं की तुलनात्मक नाप।

Zoomorphic-जो-ॲ - मॉर्' - फ़िक्-*adj.* after an animal form, representing animals in art. पशुओं के रूप में या कला में पशुओं की आकृति दिखलानेवाला।

Zoomorphism-जो-ॲ-मॉर्फ़्' - इज़्म् - *n.* representation of a god or man in animal form. देवता या मनुष्य को पशु रूप में दिखाने की कला।

Zoon-ज़ो'-ऑन्-*n.* the total product of a fertilized ovum. गर्भ में प्राणी का पूर्ण रूप।

Zoonic-ज़ो'-ऑन्-इक्-*adj.* pertaining to animals. पशु-सम्बन्धी।

Zoonite-ज़ो'-ऑन्-आइट्-*n.* one of the segments of an articulated animal. पशु के अङ्ग का भाग।

Zoonomy-जो - ऑन्' - ॲ - मि - *n.* the laws of animal life. प्राणी-जीवन के नियम।

Zoonosis-जो-ऑन्'-ॲ-सिस्-*n.* a disease which is cummunicated to man from lower animals. मनुष्यों में कीड़े-फतिङ्गों से आया हुआ रोग।

Zoopathology-जो'-ॲ-पॅ-थल्' - लॅ - जि-*n.* the science of the diseases of animals. पशुओं के रोगों की विद्या।

Zoophagan-जो-ऑफ्-अ-गन्-*n.* (*p.*, **Zoophaga**) an animal that feeds on others. मांस-भक्षक पशु; **Zoophagous** (-गस्)-*adj.* feeding on animals. दूसरे का मांस खानेवाला।

Zoophilist-जो-ऑफ्'-इल्-इस्ट्-*n.* a lover of animals. पशुओं का प्रेमी; **Zoophily** (-लि)-*n.* fondness of animals. पशुओं का प्रेम।

Zoophoric-ज़ो'-ॲ-फ़र्'-इक्-*adj.* pertaining to a column supported on the figure of man or animal. पशु अथवा मनुष्य की आकृति पर धरे हुए खम्भे से सम्बन्धित।

Zoophysics-जो - ॲ - फ़िज़्' - इक्स् - *n.* study of physics in relation to animal anatomy. पशु के शरीर से सम्बन्धित भौतिक विज्ञान का अध्ययन।

Zoophysiology-जो-ॲ-फ़िज़्'-इ - ऑल् - ॲ-जि-*n.* animal physiology. पशु-शरीर-रचना शास्त्र; **Zoophysiological** (-कल्)-*adj.* pertaining to Zoophysiology. पशु-शरीर-रचना-सम्बन्धी।

Zoophyte-जो - ॲ - फ़ाइट् - *n.* organization which partakes of the nature of animal and plant life. जन्तु तथा उद्भिद् दोनों का गुण रखनेवाला तत्त्व।

Zoophytic-जो-अ-फ़िट्'-इक्-*adj.* pertaining to Zoophytes. प्राणि तत्त्व-सम्बन्धी।

Zoopsychology-ज़ो-ऑ-साइ-कॉल्-ऑजि-*n.* animal psychology. जन्तु-विषयक मानस शास्त्र।

Zooscopy-ज़ो-ऑ-स्-क-पि-*n.* mental delusion in which peculiar animals are seen. मानसिक विकार जिसमें नाना प्रकार के जन्तु देख पड़ते हैं।

Zoosperm-ज़ो-ऑ-स्पर्म्-*n.* the male seed-cell. नर बीजांश कोशिका।

Zootaxy-ज़ो-ऑ-टैक्'-सि-*n.* scientific classification of animals. जन्तुओं का वर्गीकरण।

Zootechny-ज़ो-ऑ-टेक्-नि-*n.* the science of breeding and domesticating animals. जन्तुओं को पालने की विद्या।

Zootomical-ज़ो-ऑ-ट्-ऑ-म्'-इ-कल्-*adj.* pertaining to zootomy. जन्तुओं की चीरफाड़ से सम्बन्धित।

Zootomist-ज़ो-ऑ-ट्'-ऑ-म्-इस्ट्-*n.* one who dissects the body of animals. पशुओं के शरीर का चीर-फाड़ करनेवाला।

Zootomy-ज़ो-ऑ-ट्'-ऑ-मि-*n.* the dissection of animals. पशुओं के शरीर की चीर-फाड़।

Zootrophic-ज़ो-ऑ-ट्रॅ-फ्'-इक्-*adj.* pertaining to the nourishment of animals. पशुओं के पालन-पोषण से संबंधित।

Zoozoo-ज़ू-ज़ू'-*n.* a wood pigeon. जंगली कबूतर, हारील।

Zopilote-सोलो'-पि-लो-ट्-*n.* a small American vulture. अमेरिका देश का छोटा गिद्ध।

Zoroastrian-ज़ॅ-र्-ऑ-ऐस्'-ट्रि-अन्-*n.* a follower of Parsee religion. पारसी धर्म का अनुयायी; **Zoroastrianism** (-इज़्म्) - *n.* the religion of the Parsees. पारसी धर्म।

Zoster-ज़ॉस्'-टर्-*n.* a kind of skin disease. एक प्रकार का चर्मरोग।

Zotheca-ज़ै-थी-का-*n.* an alcove. उठने-बैठने का कमरा।

Zounds-ज़ाउन्ड्ज़्-*interj.* an exclamation of anger, contracted form of "God's wounds". आश्चर्य तथा क्रोधसूचक अव्यय।

Zuffolo-सू'-फ़ो-लो-*n.* a kind of flute. एक प्रकार की बाँसुरी।

Zulu-ज़ू-लू-*n.* a south African tribe. दक्षिणी अफ्रिका की एक जाति।

Zumbooruk-ज़म्-बू'-रुक्-*n.* a small cannon mounted on the back of a camel. ऊँट की पीठ पर लदी हुई तोप।

Zuna-ज़ू-ना-*n.* a kind of sheep. एक प्रकार की भेड़।

Zwieback-स्वी-बैक्-*n.* a kind of sweet biscuit. एक प्रकार का मीठा बिस्कुट।

Zygal-ज़ाइ-गल्-*adj.* formed like the letter 'H'. 'एच्' अक्षर के आकार का।

Zygocardiac-ज़ाई-गॅ-कार्डिअक्-*adj.* of a yoke-like heart. जुए की शकल के हृदय का।

Zygodont-ज़ि-गॅ-डॉन्ट्-*adj.* pertaining to molar teeth. दाढ़ (चव) सम्बन्धी।

Zygomatic-ज़ि-गॅ-मैट्-इक्-*adj.* pertaining to the cheek bone. गाल की हड्डी का।

Zygon-ज़ाइ'-गॅ-न्-*n.* a connecting bar. जोड़नेवाला डण्डा।

Zygophyllum-ज़ाइ-गॅ-फाइ-लम्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Zygopleural-ज़ाइ-गॅ-प्लू'-रल्-*adj.* bilaterally symmetrical in shape. खड़े बल में समान आकार का।

Zylonite-ज़ाइ-लॅ'-नाइट्-*n.* celluloid. कचकड़ा।

Zymic-ज़ाइ'-मिक्-*adj.* relating to fermentation. झाग (उफान) से सम्बन्धित।

Zymogen-ज़ाइ'-मॅ-जॅन्-*n.* that which causes fermentation. उफान लानेवाला पदार्थ।

Zymoid-ज़ाइ'-मॉइड्-*adj.* of the nature of a ferment. उफान के सदृश।

Zymological-ज़ाइ-मॅ-लॅ-जिकल्-*adj.* pertaining to zymology. उफान के अध्ययन से सम्बन्धित; **Zymology** (-जि)-*n.* a study of fermentation. पदार्थों में उफान आने का अध्ययन, मद्य बनाने की विद्या।

Zymome-ज़ाइ'-मोम्-*n.* the protein of wheat which is not soluble in alcohol. गेहूँ का वह तत्व जो मद्यसार में नहीं गलता।

Zymometer-ज़ाइमॅ-मिटर्-*n.* an instrument for ascertaining the degree of fermentation. मद्य में उफान का परिमाण नापने का यन्त्र।

Zymosis-ज़ाइ-मो-सिस्-*n.* fermentation, an epidemic due to living germs. खमीर की क्रिया, जीवित अणुओं से प्राप्त एक संक्रामक रोग का प्रसार।

Zymotic-ज़ाइ-मॅ-टिक्-*adj.* pertaining to fermentation. उफान-सम्बन्धी

Zymurgy-ज़ाइ-मर्जि-*n.* chemistry of fermentation. आसव बनाने का रसायन।

Zythepsary-ज़ाइ-थॅ-प्स-रि-*n.* a brewery. मद्य-बनाने का स्थान।

Zythum-ज़ाइ-थम्-*n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा।

SUPPLEMENT

Containing Recent Words and New Usages. pp. 1097—1118

APPENDICES

Supplement
Containing Recent Words and New Usages

A

A. B. C. D. Powers-ए'-बी'-सी'-डी'-पावर्स्-*n.* America, Britain, China and Dutch East Indies fighting against Fascism. साम्यवाद तथा समाजवाद विरोधी राष्ट्रों के विरुद्ध लड़नेवाले उपर्युक्त चारों राष्ट्र ।

Accelerometer- ऍक्'-सिल्- अर्-ऑम्'-इ-टर्-*n.* an instrument for measuring the acceleration of airships. हवाई जहाजों की चाल की वृद्धि नापने का यन्त्र ।

Acoustic mines- अ-कूस्ट्' - इक्- माइन्स्-*n. pl.* submarine mines that can be exploded under water by sound waves transmitted under water.पानी के भीतर स्वर लहरियों (तरङ्गों) के धक्कों से विस्फोटित होनेवाली पनडुब्बी सुरंग ।

Actino-therapy- ऍक्-टिन्' - ओ- थॅर्'-अ-पि-*n.* the treatment of diseases by sunshine. सूर्यकिरणों द्वारा रोगों की चिकित्सा ।

Adamsite-अड-ऑम्'-साइट्-*n.* a kind of poisonous gas used in chemical warfare. रासायनिक युद्ध में व्यवहृत होनेवाली विषैली गैस ।

Advance guard-ऑड्'-वान्स्-गार्ड्-*n.* detachment of an army to go forward to get informations. सूचनाएँ प्राप्त करने के लिये आगे जानेवाला सेना का एक भाग ।

Aerial torpedo- ऍ- ईरि - अल् टॉर्-पी-डो *n.* a powerful bomb discharged from aircraft. हवाई जहाज से छोड़ा जानेवाला तेज बम का गोला; **Aerial warfare** (-वार्-फेयॅर्)-*n.* हवाई युद्ध ।

Aerobatics-ऍअर्'-ओ-बॅट्'-इक्स्-*n. pl.* evolution of aircraft. हवाई जहाज का विकास ।

Aerobomb- ऍअर्'- ओ- बॉम् -*n.* a bomb for dropping from aircraft. हवाई जहाज से फेंकने का बमगोला ।

Aerodart- ऍअर्'- ओ- डार्ट्-*n.* a shell missile dropped from an airship. हवाई जहाज से फेंका हुआ अस्त्र या गोला ।

Aerodrome-ऍअर्'-ओ-ड्रोम्-*n.* a landing place for airships. हवाई जहाजों के उतरने का स्थान, हवाई अड्डा ।

Aerodynamics- ऍअर्'-ओ-डाइन्'-ऑ- मिक्स-*n.* the science of air in motion. गति-शील वायु का विज्ञान ।

Aerofoil-ऍअर्'-ओ-फॉइल् -*n.* the wing of an aeroplane. हवाई जहाज की पंखी ।

Aerogram-ऍअर्'-ओ- ग्रॅम् -*n.* a message sent by wireless telegraphy. बेतार के तार द्वारा भेजा हुआ सन्देश ।

Aero-motor- ऍअर्'-ओ-मो-टर्-*n.* an engine of an aeroplane. हवाई जहाज का इन्जन ।

Aeroplane-base-ऍअर्'-ओ-प्लेन्-बेस्-*n.* a place from which airships start for aerial warfare and return afterwards. वह स्थान जहाँ से हवाई जहाज आक्रमण करने के लिये भेजे जाते हैं और आक्रमण करके लौट आते हैं ।

Aggression-ऑ-ग्रॅश्'- अन्-*n.* the waging of war on a country without cause. किसी देश पर अकारण आक्रमण; **Aggressor** (-ग्रॅस्-अर्) -*n.* बिना कारण ऐसा आक्रमण करने वाला ।

Aileron-ऍल्'-ऍ- रॅन्-*n.* the steering part of an aeroplane. हवाई जहाज की पतवार ।

Air-arm- ऍअर्'- आर्म् -*n.* the steering part of an army. सेना का एक अंग बनानेवाले हवाई जहाज ।

Air-base- ऍअर्' - बेस् -*n.* a place used for housing aircrafts. हवाई जहाजों के रखने का स्थान ।

Air-council-ऍअर्' - काउन् - सिल् -*n.* British Council of Air Force. बृटिश वायुसेना-परिषद् या समिति ।

Aircraft-ऍअर्'-क्रॉफ़्ट्-*n.* airships of different forms and sizes used for special purposes. विशेष कार्यों के लिये प्रयुक्त विभिन्न आकृतियों तथा आकारों के वायुयान या हवाई जहाज ।

Aircraft carrier-ऍअर्'-क्रॉफ़्ट्-कॅर्- रि-अर्-*n.* a large ship which carries about five dozen aeroplanes and whose deck is wide enough for an aeroplane to make a start and fly up. प्रायः पाँच दर्जन हवाई जहाजों को ले जानेवाला जहाज जिसकी चौरस लम्बी छत पर से हवाई जहाज दौड़ लगाकर उड़ सकता है ।

Air Defence- ऍअर्'- डि- फ़ेन्स् -*n.* protection against attacks of aeroplanes. हवाई हमलों से बचाव ।

Air-force-ऍअर्'- फ़ोर्स्-*n.* a nation's strength in aircraft. किसी राष्ट्र की हवाई शक्ति ।

Air-intake- ऍअर्' - इन्- टेक्-*n.* an inlet for admitting air in a mine. खान में वायु के आवागमन का मार्ग ।

Air-log- ऍअर्'- लॉग् -*n.* an instrument for recording the linear movement of an

airship. हवाई जहाज की रखिक या सीधी गति नापने का यन्त्र ।

Airmanship- ऍयर्'- मॅन्- शिप् -*n.* the art of handling an airship. हवाई जहाज चलाने तथा मरम्मत इत्यादि करने की कला ।

Air Marshal-ऍअर्'- मार्-शॅल्-*n.* a Royal Air Force Officer of the highest rank. शाही हवाई सेना का सबसे बड़ा अधिकारी ।

Air-mechanic - ऍअर्- मेके' -ऑन्- इक्- *n.* a mechanic of the Royal Air Force. शाही हवाई सेना का मिस्त्री ।

Air-officer-ऍअर्'-ऑफ़-फिस्-अर् -*n.* an officer of the general rank of the R. A. F. शाही हवाई सेना का सामान्य अफ़सर ।

Air-power-ऍअर्'-पा-वर्-*n.* Air Force. हवाई शक्ति ।

Air-raid- ऍअर्'-रेड् -*n.* an attack by bombs thrown from airships. शत्रु के वायुयानों द्वारा किसी नगर पर बम फेंक कर हवाई हमला; **Air-raid alarm** (-ॲ-लार्म्) -*n.* an alarm given to people at the time of air raid. हवाई हमले के समय नगरवासियों को सचेत हो जाने की सूचना; **Air-raid precautions** (-प्रि-कॉ-शन्स्) -*n. pl.* हवाई हमले से बचने के उपाय; **Air-raid shelter** (-शेल्-टर्)-*n.* a place for the protection of citizens during an air raid. हवाई हमले के समय नागरिकों के लिये रक्षा-स्थान ।

Albacore-ॲल्'-बॅ-कोर्-*n.* an English airship with collapsible wings. इस नाम का अंग्रेजी हवाई जहाज़ जिसके पंख मुड़ जाते हैं ।

Alclad-ॲल्'-क्लॅड्-*n.* aluminium alloy used in the construction of aeroplanes. हवाई जहाज़ बनाने के उपयोग में आनेवाली अल्यूमिनियम मिश्रित एक धातु ।

Alexia-ॲल्-ऍक्स्'-इ- ॲ-*n.* loss of power to read. पढ़ने की शक्ति का लोप ।

Alienist- ए'- लि-यन्- इस्ट् -*n.* one skilled in the treatment of mental diseases. मानसिक रोगों का चिकित्सक ।

Alpha-rays- ऑल्'- फॅ -रेज़्-*n. pl.* streams of particles given off by radium. रेडियम धातु से निकलनेवाली कणों की धाराएँ ।

Altimeter- ऑल्- टिम्'- इट्-अर्- *n.* an instrument used to indicate the height of an aircraft. हवाई जहाज की उड़ान की ऊँचाई नापने का एक यन्त्र ।

Ambulance- car ॲम्' -ब्यु -लॅन्स्-कार् -*n.* a car to carry the wounded soldiers of an army. युद्ध के घायल सिपाहियों को ले जाने की गाड़ी; **Ambulance corps** (-कोर्)-*n.* सिपाहियों की परिचर्या करनेवालों का संघ; **Ambulanceship** (-शिप्) घायल सिपाहियों को ले जानेवाला जहाज़; **Ambulance train** (-ट्रेन्) -*n.* घायल सिपाहियों को ले जानेवाली रेलगाड़ी ।

Amissible-ॲ-मिस्'-सि-बल्-*adj.* liable to be lost. खो जाने योग्य ।

Amphibian Aircraft- ॲम्- फिबि-अन् - ऍअर्-क्रॉफ्ट्-*n.* one that lands on land as well as on water. थल जल दोनों ही पर उतरनेवाला वायुयान ।

Ampule-ॲम्-प्यूल-*n.* a small phial. दवा रखने की नन्हीं-सी शीशी ।

Andion-ॲन्'-डि-अन्-*n.* an instrument for amplifying sound. शब्द तीव्र करने का एक यन्त्र ।

Angaria-ॲङ्ग्-गेअर्'-इ-आ-*n.* the destruction or seizure by a belligerent state of the property belonging to a neutral state. तटस्थ राज्य की सम्पत्ति का युद्ध-निरत राज्य द्वारा अपहरण या विनष्टीकरण ।

Annexation-अ-नेक्स्-ए'-शन्-*n.* act of taking possession of a territory. किसी देश के भाग को अधिकार में लेने का कार्य ।

Anschluss-ॲन्श्'-लस्-*n.*same as Annexation

Anti-aircraft Barrage-ॲन्'-टि-ऍअर्' -क्रॉफ्ट्-बॅर्-रेज्-*n.* obstruction to protect the attack of aircrafts. हवाई हमले से बचने का अवरोध; **Anti-aircraft gun**-*n.* हवाई जहाजों को गोला मारकर भूमि पर गिरानेवाली तोप; **Anti-aircraft ship.** वह जहाज़ जिस पर उपर्युक्त प्रकार की तोप लगी होती है ।

Antifact-ॲन्'-टि-फ़ॅक्ट्-*n.* a thing shaped by man not by nature. प्रकृति द्वारा नहीं मनुष्य द्वारा रचित या निर्मित वस्तु ।

Anti-gas mask-ॲन्-टि-गॅस्-मास्क्-*n.* a mask used for protection agaist poisonous gas. विषैली गैस से बचने के लिये सिर पर पहिना हुआ कवच (बुरका); **Anti-magnetic belt** (-मॅग्-न-टिक्-बेल्ट्)-*n.* चुम्बकीय समुद्री सुरंग से बचने के लिये जहाज की पेंदी के चारों ओर लपेटी हुई बिजली के तार की पेटी; **Anti-tank gun** (-टॅङ्क्-गन्)-*n.* टङ्क को नष्ट करने के लिये प्रयोग में आनेवाली तोप; **Anti-tank mines** (माइन्स्) -*n.* भूमि में गड़ी हुई सुरंगें जो इस पर से जानेवाले टङ्क के बोझ से विस्फोट उत्पन्न करती और उसे नष्ट करती हैं ।

Anti-personel bomb-ॲन्'-टि-पर्'-स-नॅल्-बॉम्-*n.* a bomb which explodes unexpectedly. अनजान में फूटनेवाला बम ।

Apologia- ॲ- पॉल्'- ओ- जि-आ-*n.* a formal defence. नियमानुरूप प्रतिवाद ।

Arc-lamp-आर्क्-लैम्प्-*n.* an electric lamp in which carbon poles are used. कार्बन के सलाकोंवाला बिजली का लैम्प।

Armed merchantman-आर्मड्'-मर्-चेन्ट्-मॅन् -*n.* armoured merchantship. शस्त्रों से सुरक्षित व्यापारी जहाज।

Armoured-आर्-मर्ड्-*adj.* protected by armour. शस्त्रों से सुरक्षित; **Armoured-car** (-कार्) -*n.* अस्त्र-शस्त्रों (तोप, मशीन गन् इ०) से सुरक्षित अतिपुष्ट मोटर गाड़ी ; **Armoured crusier** (-क्रूज़्'-अर्)-*n.* इस प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों से सुरक्षित छोटा जहाज; **Armoured train** (-ट्रेन्) -*n.* इस प्रकार से सुरक्षित रेलगाड़ी।

Artillery-train-आर् - टिल्'-लरि-ट्रेन्-*n.* heavy weapons of war mounted on carriages furnished and ready for action. युद्ध के उपयोग में लाने के लिये गाड़ियों पर लदे हुए भारी-भारी अस्त्र-शस्त्र।

Atlantic Charter-ॲट्'-लॅन्ट्-इक्-चार्टर्-*n.* a charter formulated to clear up the war aims of the allies. It was agreed upon between Churchill, the Prime Minister of England and Roosevelt, the President of America in 1941 that there should be freedom for every nation, equal opportunities for trade, unrestricted sea-routes and disarmament for permanent world peace. सन् १९४१ का घोषणापत्र जिसमें इङ्गलैण्ड के प्रधान मंत्री, चर्चिल तथा अमेरिका के राष्ट्रपति, रूजवेल्ट ने सब राष्ट्रों की स्वतन्त्रता, व्यापार की सुविधा तथा भविष्य में संसार में शान्ति स्थापन इत्यादि विषयों पर मन्तव्य दिया था।

Atom-bomb-ॲट्'-अम्-बॉम्-*n.* a highly explosive bomb based on the atomic fission of uranium. परमाणु बम।

Attache-case-ॲ-टॅच्'-इ-केस्-*n.* a small bag for carrying paper &c. कागजात इत्यादि ले जाने का हाथ का छोटा बक्स।

Attrition policy-ॲट्'-ट्रि-शन् - पॉ - लिस्-इ - *n.* the policy of wearing out an opponent. युद्ध में शत्रु को थकानेवाली नीति।

Autarchy-ऑ- टार्क्' - इ-*n.* reliance on one's resources. अपनी शक्ति, सामग्री इत्यादि पर निर्भर रहने का आत्मबल।

Authoritarianism-ऑ-थॉर्-इ-टॅर्'-इ-ॲन्-इज़्म् -*n.* the supreme power of a state invested in a single dictator. किसी देश के सब शासन-प्रबन्ध का एक ही व्यक्ति को पूर्ण अधिकारवाद।

Autogyro-ऑट्'-ओजायर्-ओ-*n.* an aeroplane which rises up in the air without running. एक प्रकार का हवाई जहाज जो बिना दौड़ लगाये सीधे ऊपर को चढ़कर उड़ने लगता है।

Automatic-gun-see **Machine-gun.**

Automobillist-ऑ-टो-मो'-बि-लिस्ट्-*n.* one who uses a motor car. मोटर गाड़ी का उपयोग करनेवाला।

Autopsia-ऑ-टॉप्'-सि-आ-*n.* a critical examination. सूक्ष्म परीक्षा।

Avion-ए' - वि - अन्-*n.* an aeroplane. हवाई जहाज।

Axial-wire-ॲक्स्'-इ - अल् - वायर्-*n.* a wire running from bow to stern of an airship. हवाई जहाज में आगे से पीछे तक लगा हुआ तार।

Axis-powers-ॲक्'-सिस्-पावर्स्-*n. pl.* धुरी राष्ट्र (इटली तथा जर्मनी)।

B

B 2 (Tank)-बी-टू - टैङ्क् - *n.* a radio controlled German tank which goes to a certain distance, discharges gun and returns finally to its destination. जर्मनी का आविष्कार किया हुआ एक टैङ्क जो रेडियो की शक्ति द्वारा चालित होता है और आक्रमण करके वापस आ जाता है।

Bacterial-bombs-बॅक्' -टीरि - अल्- बॉम्स् -*n.* bombs impregnated with disease germs. रोगाणुपूर्ण बम जो फूटने पर वायु में रोगाणु फैला देते हैं।

Ballistite-बॅल्-लिस्' - टाइट्-*n.* an improved form of gunpowder. एक उत्तम प्रकार की बारूद।

Balloon-barrage-बॅ - लून्' -बॅर् - रेज् - *n.* a screen made of balloons tied together with strong steel wires, the lower ends being pegged to the ground for protection against air-raids. गुब्बारों से बना हुआ जाल जो पक्के लोहों से गुथा होता है और भूमि पर खूँटों में बँधा होता है जिससे हवाई हमले में रक्षा होती है।

Balloon-tyre-बॅ-लून्'-टायर्-*n.* a low pressure tyre used in motor cars, aeroplanes &c. मोटर गाड़ी, वायुयान इत्यादि की पहियों का टायर जिसमें हवा कसकर भरी नहीं होती।

Bangalore Torpedo-बॅङ्ग्'-ॲ-लोर्-टॉर्'-पी-डो-*n.* a torpedo used in destroying the barbed wire screens. काँटेदार तारों की जाली तोड़ने का टारपीडो अस्त्र।

Bank-बॅङ्क्-*n.* the tilting of an aeroplane

sharply. हवाई जहाज़ का एक ओर को तीव्र झुकाव।

Barrage-बॅर्'-रेंज्-*n.* an offensive or defensive screen of artillery fire. आक्रमण करने या बचाने के लिए गोलियों के बौछार की दीवार।

Base-बेस्-*n.* the area in the rear of an army from which operations begin. सेना के पिछले भाग का वह स्थान (अड्डा) जहाँ से सैनिक कार्यवाही आरम्भ होती है।

Battle-cruiser-बैट्'-ट्ल-क्रूज़्'-अर्-*n.* a warship of high speed with heavy guns. बड़ी-बड़ी तोपोंवाला तेज़ चलनेवाला लड़ाई का जहाज़।

Battle-plane-बैट्'-ट्ल-प्लेन्-*n.* a large fighting aeroplane. लड़ाई का बड़ा हवाई जहाज; **Battleship** (-शिप्)-*n.* a man of war. लड़ाई का बड़ा जहाज़।

B. B. C. (British Broadcasting Corporation) -*n.* a British organization to broadcast news to the people of the world. इँगलैण्ड की वह संस्था जिसके प्रबन्ध से संपूर्ण संसार में रेडियो द्वारा समाचार इत्यादि सुनाया जाता है।

B. E. F. (British Expeditionary Force) -*n.* troops sent from England to fight in foreign lands. दूर देशों में लड़ने के लिए भेजी हुई इङ्गलैण्ड की सेना।

Belligerency-बेलि-लिज्-अर्' - ऍन्-सि - *n.* the waging of regular war as recognized by the law of nations. अन्तर्राष्ट्रीय नियमानुसार युद्ध में प्रवृत्ति; **Belligerents** (-एन्ट्स्)-*n. pl.* इन नियमों के अनुसार युद्ध करनेवाले।

Berthon-boat-बर्' - थॉन् - बोट्-*n.* a kind of collapsible boat. एक प्रकार की मोड़नेवाली नाव।

Big-Bertha-बिग्' - बर् - था-*n.* a long-range German gun. जर्मनी की बहुत दूर तक गोला फेंकनेवाली तोप।

Bilateral-बाइ-लॅट्' - अर् - अल् -*adj.* existing between two parties or nations. दो दलों या राष्ट्रों में परस्पर सम्बन्ध रखनेवाला।

Billetting-बिल्'-लॅट्-इङ्ग्-*n.* accommodating soldiers in private houses during war. युद्ध-काल में फ़ौजी सिपाहियों को नागरिकों के घरों में ठहराने का कार्य।

Biplane-बाइ-प्लेन्-*n.* an aircraft with two wings. दो पंखे का वायुयान।

